Ancient-एन्'-शॅन्ट् -*adj.* belonging to past times, former. प्राचीन, पुराना; To ancients (civilized nations of old.) प्राचीन सभ्य


जातियाँ; **Anciently** (-लि) -*adv.* in ancient times. प्राचीन काल में; **Ancientry** (-रि)-*n.* antiquity. प्राचीन विधि या रीति।

Ancillary-ऑन्'-सिल्-लॅ-रि-*adj.* subordinate, auxiliary. अधीनस्थ, सहायक।

Ancon-ऑङ्कॉन्-*n.* elbow. केहुनी।

And-ऍन्ड् *conj.* connecting words, clauses and sentences. और, तथा; **And so forth.** (and so on.) इत्यादि; **And then.** तब तो; **And yet.** तथापि, तो भी।

Andiron-ऍन्ड्'-आइरन्-*n.* an iron frame for supporting fire on hearth. अँगीठी में के लोहे के सीकचे।


Andiron.

Androphagi-ऍन्-ड्रॉफ्'-ऍ-जि- *n. pl.* cannibals. नर-भक्षक लोग।

Anear-ऍ-नियर्'-*prep.* near. निकट।

Anecdote-ऍन्'-इक्-डोट्-*n.* narrative, story. कथा (छोटी कहानी), उपाख्यान; **Anecdotal** (-अल्)-*adj.* pertaining to anecdote. कथा-सम्बन्धी; **Anecdotist** (-इस्ट्)-*n.* one who tells an anecdote. कथा कहनेवाला मनुष्य।

Anemograph-ऍ-नेम्'-ओ-ग्रॅफ्-*n.* an instrument for recording the force of wind. वायु का वेग अङ्कित करने का यंत्र।

Anemometer-ऍन्-ऍ-मॉम्'-इट्-अर्-*n.* an instrument for measuring the force of wind. वायु की शक्ति नापने का यंत्र।

Anemometer.

Aneroid-ऍन्'-ऍ-रॉ-इड्-*n.* a kind of box barometer. एक प्रकार का वायु-भार-मापक यन्त्र।

Anethol-ऑन्'-इ-थॉल्-*n.* oil of anise. सौंफ़ का तेल।

Ainew-ऍन्यू'-*adv.* newly, again, once more, in a different way. पुनः, फिर से, नई तरह से, भिन्न प्रकार से।


Anfractuous-ऍन्-फ्रॉक्-ट्यु-अस्-*adj.* intricate, circuitous. पेंचीला, चक्करदार।

Angel-एन्'-जल्-*n.* a divine messenger, a lovely or innocent person. देवदूत (अप्सरा), सुन्दर या अबोध मनुष्य; **To entertain an angel unawares.** (serving one who proves to be an important person.) अनजान में किसी बड़े महान् व्यक्ति की सेवा करना; **Angel of death.** (messenger of death.) यमदूत; **Angelic** (-इक्), **Angelical** (-अल्)-*adjs.* resembling or of the nature of an angel. देवदूत सदृश, दिव्य; **Angelically** (-अल्-लि)-*adv.* like an angel. देवदूत की भाँति; **Angelolatry** (ओ-ल-ट्रि)-*n.* the worship of an angel. देवदूत-पूजन।

Anger-ऍङ्ग्'-गर्-*v. t.* to make angry. कुपित करना, क्रुद्ध करना;-*n.* rage, wrath. कोप, क्रोध; **To be flushed with anger.** क्रोध से लाल-पीला होना।

Angina-ऍन्-जि'-ना-*n.* quinsy. गला सूजने का रोग, गण्डमाला।

Angle-ऍङ्ग्'-गल्-*n.* a point where two lines meet, a corner. कोण, कोना; **Angled** (-इ)-*adj.* having angles. कोण-युक्त, कोणवाला; **Anglewise** (angularly.) कोण के अनुरूप।


Angles.

Angle-ऍङ्ग्'-गल्-*n.* & *v. t.* a fishhook, to fish with a hook. मछली पकड़ने की बंसी, बंसी से मछली फँसाना।

Angler-ऍङ्ग्'-ग्लर्-*n.* one who fishes with an angle. मछली पकड़नेवाला; **Angling** (-ग्लिङ्ग्)-*n.* fishing with a rod and line. मछली पकड़ने की क्रिया।

Anglican-ऍङ्ग्-ग्लिक्'-अन्-*adj.* English. अँगरेजी; **Anglicism** (-ग्लिस्-इज़्म्)-*n.* an English idiom. अँगरेजी भाषा का मुहावरा; **Anglicize** (-ग्लिस्-आइज़्)-*v. t.* to render in English form. आकृति में अँगरेजी ढंग का बनाना।

Angling-आङ्ग्'-ग्लिङ्ग्'*n.* see **Angler.**

Anglo-ऍङ्'-ग्लो-*pref.* meaning English. उपसर्ग जो "अँगरेजी" अर्थ में प्रयुक्त होता है; *e. g.* **Anglo-Indian** (an Englishman born or living in India.) हिन्दुस्तान में उत्पन्न अँगरेज।

Anglomania-ऍङ्'-ग्लो-मे-नि-या-*n.* great admiration of English manners and customs. अँगरेजी आचरण तथा व्यवहार की अति प्रशंसा।

Anglo-Saxon-ऍङ्'-ग्लो-सॅक्स्-अन्-*n.* & *adj.* an Englishman, old English. अँगरेज, प्राचीन अँगरेजी जाति का।

Angrily-ऍङ्ग्'-ग्रि-लि-*adv.* in an angry manner. क्रोध से।

Angriness-ऍङ्ग्'-ग्रि-नेस्-*n.* the state of being annoyed. क्रोधावस्था।

Angry-ऍङ्ग्'-ग्रि-*adj.* wrathful, enraged. क्रुद्ध, कुपित।

Anguine-ऑङ्ग्'-ग्विन्-*adj.* pertaining to or like a serpent. सर्प के सदृश।

Anguish-ऑङ्ग्'-ग्विश्-*n.* extreme mental or physical pain. शारीरिक अथवा मानसिक तीव्र वेदना (दुःख, सन्ताप)।

Angular-ऑङ्ग्-ग्यू - लर् -*adj.* having angles or corners. कोणवाला; **Angularity** (-लॅर्-इ-टि)-*n.* कोण की स्थिति।

Angulate-ऑङ्ग्'-ग्यु-लेट्-*adj.* formed with angles. कोण से बना हुआ; - *v. t.* to make angular. नोकदार बनाना; **Angulated** (-एॅड्)-*adj.* नोकदार।

Anigh-ॲ-नाइ'-*adv. prep.* near to, at hand. समीप, पास में।

Anil-ऑन्-इल्'-*n.* indigo shrub and dye. नील का पौधा और इसका रङ्ग।

Anile-ऑन्'-आइल्-*adj.* doting from age like an old woman. बुढ़िया के समान।

Aniline-ऑन्'-इल्-इन्-*n.* the source of chemical dyes. रङ्गों का रासायनिक आधार।

Anility-ॲ-निल्'-इ-टि-*n.* imbecility, dotage. वृद्धावस्था, बुढ़ापा।

Animadversion-ऑन्-इ - मॅड् - व़र् - शन् -*n.* criticism, censure or reproof. गुण-दोष-निरूपण, निन्दा।

Animadvert-ऑन्'-इ-मॅड्-व़र्ट्-*v. t.* to criticise, censure or reprove. दोष निकालना, तिरस्कार करना।

Animal-ऑन्-इ-मल्-*n. & adj.* an organised being endowed with life and voluntary movement, a quadruped, belonging to animals. जन्तु (प्राणी, पशु, जीवधारी), पशु-सम्बन्धी; **Animal food.** मांसाहार; **Animal kingdom.** प्राणिवर्ग; **Animal passion.** इन्द्रियों का उद्वेग; **Animal pleasures.** विषय-सुख।

Animalcule-ऑन्-इ-मल्'-क्यूल् -*n*, an animal seen only with a microscope. अति सूक्ष्म जन्तु या प्राणी जो सूक्ष्म-दर्शक यन्त्र से ही देख पड़ता हो।

Animalism-ऑन्-इ-मल्'-इज़्म्-*n.* brutishness, animal activity, sensuality. पाशविक चरित्र, इन्द्रिय-लोलुपता।

Animality-ऑन्-इ-मल्-इ-टि-*n.* the qualities distinctive of an animal nature. पाशविक प्रकृति; **Animalize** (-आइज़्)-*v. t.* to convert into animal substance. पशुवत् बनाना।

Animate-ऑन्'-इ-मेट् - *v. t.* to give life to, to inspirit. जीवित करना, उत्तेजित करना, सचेत करना, ढाढ़स देना; **Animating** (-इङ्ग्) -*adj.* life-giving. जीवन देनेवाला; **Animated** (-एॅड्)-*adj.* possessing life, vigorous, lively, जीवित, चेतन, प्रफुल्ल।

Animation-ऑन्-इ-मे' - शन् - *n.* act of animating, enlivenment. जीव-प्रदान, प्रोत्साहन (हुलास); **Animator** (-टर्) - *n.* something that animates, vivacity. प्रोत्साहक, उत्साह देनेवाला।

Animism-ऑन्'-इ-मिज़्म् - *n.* spiritualism as opposed to materialism. ब्रह्मवाद।

Animosity-ऑन्-इ-मॉस्'-इ-टि-*n.* bitter hatred, enmity. अति घृणा, शत्रुता।

Animus - ऑन्'-इ-मस् - *n.* hostile spirit or intention. द्वेष, विरोधपूर्ण भावना या इच्छा।

Anise-ऑन्'-इस् - *n.* a plant with aromatic seeds. सौंफ का पौधा।

Aniseed-ऑन्'-इ-सीड्-*n.* the seeds of anise plant. सौंफ के बीज।

Ankle (Ancle)-ऑङ्'-कल्-*ns.* the joint which connects the foot with the leg. नली।

Anklet-ऑङ्क्'-लेट्- *n.* an ornament for the ankle. नूपुर, पायजेब।

Anna-ऑन्'-नॉ-*n.* a coin worth one sixteenth of a rupee. एक आना।

Annals-ऑन्'-नॅल्स् - *n. pl.* yearly narrative, historical records generally. वार्षिक वृत्तान्त, पूर्वकथा (इतिहास)।

Annalist-ऑन्'-नॅल्-इस्ट्-*n.* a writer of annals. इतिहास-लेखक।

Anneal-ऑन्-नील्'-*v. t.* to toughen by heat, to temper. अग्नि द्वारा पक्का करना (कड़ा करना), पानी रखना (ताव देना); **Annealing** (-इङ्ग्)-*n.* the art of tempering metals. धातु पर पानी चढ़ाने की कला।

Annectant-ॲ-नॅक्ट्'-ॲन्ट् - *adj.* connecting. जोड़नेवाला, संयोजक।

Annex-अन्-नॅक्स-*v. t.* to connect, to append, to attach, to affix. जोड़ना, संयुक्त करना, मिलाना, लगाना; **Annexable** (-ॲ-ब्ल्) -*adj.* able to be annexed. संयुक्त करने या मिलाने योग्य।

Annex (-e)-अन्-नॅक्स्'-*n.* an addition. किसी लेख का अनुबंध; **Annexation** (-ए' -शन्) - *n.* union. संयोजन, लगाव।

Annihilate-ॲनिहिलेट्'-*v. t.* to put out of existence, to abrogate. लोप करना, उन्मूलन करना, मिटा देना; **Annihilation** (-ए' शन्)-*n.* total destruction. पूर्ण क्षय या विनाश।

Anniversary-ॲन्'-नि-वर्स्-अ-रि'-*n.* an yearly celebration of an event. वार्षिकोत्सव; - *adj.* annual. वार्षिक; **Anniversary of birth.** जन्म-

गाँठ ; Anniversary of death. मृत्यु का वार्षिकोत्सव ।

Anno Domini-ऑन्-नो'-डॉम्-इ-नि- *n.* in the year of our Lord. (*abbr.* A. D.) ईसा मसीह के जन्म के पश्चात् का समय ।

Annotate-ऑन्-नो-टेट् - *v. i. & t.* to furnish with explanations, to make notes on. व्याख्या करना (भाष्य लिखना), टीका करना; **Annotation** (-टे'-शन्)-*n.* a note in explanation, comment. टीका, टिप्पणी, व्याख्या, भाष्य; **Annotator** (-टे -टर्) - *n.* one who writes a commentary. टीकाकार, भाष्यकार ।

Announce-ऑन्-नाउन्स्' - *v. t.* to proclaim, to make known. घोषणा करना, प्रकट करना, प्रकाशित करना; **Announcement** (-मेन्ट्)-*n.* proclamation. घोषणा, निवेदन, विज्ञापन; **Announcer** (-अर्)-*n.* one who announces. घोषणा करनेवाला, प्रकाशक ।

Annoy-ऑन्-नॉय'-*v. t.* to harass, to injure, to irritate. दुःख देना, कष्ट देना, चिढ़ाना, तंग करना; **Annoyance** (-ऑन्स्) - *n.* act of harassing or irritating. दुःख, छेड़छाड़; **Annoyer** (-अर्)-*n.* कष्ट देनेवाला, चिढ़ानेवाला; **Annoying** (-इङ्ग्)-*adj.* causing vexation. दुःखप्रद, कष्टकर ।

Annual-ऑ'-न्यू-अल्-*adj. & n.* yearly, lasting for one year, a book published every year. वार्षिक, एक वर्ष रहनेवाली,वर्ष में एक बार छपनेवाली पुस्तक या पत्रिका; **Annually** (-लि)-*adv.* every year. वर्ष में एक बार, प्रतिवर्ष ।

Annuitant - ऑन्-न्यु'-इ-टॅन्ट् - *n.* one who receives an annuity. वार्षिक वेतन या वृत्ति पानेवाला मनुष्य ।

Annuity-ऑन्-न्यु' - इ-टि -*n.* an yearly grant. वार्षिक वेतन या भत्ता; **Perpetual annuity** (annuity ceasing at the death of the investor.) वार्षिक पुरस्कार जो देनेवाले की मृत्यु होने पर बन्द हो जाता है ।

Annul-ऑन्-नल'-*v. t.* to abolish, to cancel, to annihilate. अन्त करना, मिटा देना, काट देना; **Annulment** (-मेन्ट्)-*n.* annihilation. लोप ।

Annular-ऑन्'-न्यु - लर् - *adj.* round like a ring. गोल; **Annularly** (-लि) -*adv.* in the manner of a ring. चक्र की भाँति से; **Annulated** (-लेट्'-ऍड्)-*adj.* divided into rings. चक्र-चिह्नित ।

Annulet-ऑ'-न्यु-लॅट् - *n.* a small ring. छोटी अँगूठी या मुँदरी ।

Annunciate-ऑन्-अन्'-शि -एट् - *v. t.* to proclaim. घोषणा करना, सूचित करना; **Annunciation** (-ए'-शन्) - *n.* घोषणा; **Annunciator** (-ए'टर्) - *n.* announcer. घोषणा करनेवाला मनुष्य ।

Anode-ऑन्'-ओड्-*n.* the positive pole in an electric cell. बिजली की बॅटरी में का वह छोर जिसमें से निकलकर बिजली दूसरे छोर पर जाती है ।

Anodyne-ऑन्'-ओ-डाइन्- *n. & adj.* a soothing medicine, allaying pain. शूल हटानेवाली औषधि, पीड़ानाशक ।

Anoint-ऑ-नॉयन्ट्'-*v. t.* to apply or rub oil to, to consecrate. तेल लगाना, राज्याभिषेक करना; **Anointing** (-इङ्ग्)-*n.* anointment. अभिषेक; **Anointer** (-अर्)-*n.*अभिषेक करनेवाला ।

Anomalism-ऑ-नॉम्'- ऑ - लिज्म् - *n.* irregularity. अव्यवस्था, व्यतिक्रम ।

Anomalous-*adj.* see **Anomaly.**

Anomaly-ऑ-नॉम्'-ऑ-लि-*n.* (*pl.* **Anomalies**) irregularity, uneveness. अनियमितता, अव्यवस्था;**Anomalous** (-लस्)-*adj.* irregular. अनियमित; **Anomalously** (-लस्-लि) - *adv.* irregularly. अनियमित रूप से ।

Anon-ऑ-नॉन्'-*adv.* quickly, soon, presently, then again. शीघ्र, अभी (तुरत), फिर से; **Ever and anon** (every now and then.) कभी-कभी ।

Anonym-ऑन्'-ऑ-निम् - *n.* one whose name is unknown, a nameless person. जिस मनुष्य का नाम ज्ञात न हो ।

Anonymity-ऑ-नॉन-इम्'-इट्-इ - *n.* the condition of being anonymous. अज्ञात होने की अवस्था ।

Anonymous-ऑ-नॉन्'-इ- मस् - *adj.* of name unknown नामरहित, गुमनाम ; **Anonymously** (-मस्-लि)-*adv.* without a name. नाम न बतलाते हुए ।

Anosmia-ऑन्-ऑस्'-मि-या - *n.* loss of the sense of smell. घ्राणशक्ति का नाश, सूँघने की शक्ति का अभाव ।

Another-ऑन्-अद्'-अर्-(*pl.* **Others**) *pron.* an additional one. दूसरा पदार्थ या व्यक्ति; - *adj.* not the same, one more, any other. अन्य, दूसरा, दूसरा कोई ।

Anourous-ऑ-नू-रस्-*adj.* tailless. पुच्छहीन, बिना पूँछ का ।

Anserine-ऑन्'-सॅर् - आइन् - *adj.* gooselike, foolish. बतख के सदृश, मूर्ख ।

Answer-आन्' - सर् - *n.* anything done in return, reply, a solution. बदले में किया गया कार्य, उत्तर, समाधान ; - *v. t.* to make a reply, to respond to, to refute. उत्तर देना, प्रतिपादन करना, खंडन करना; **To answer for** (to be responsible for.) उत्तर-

दायी होना; To answer to (to accord.) समान होना; Answerable (-ऍ - बृल्)-*adj.* what may be replied to, responsible, accountable. उत्तर देने योग्य, उत्तरदायी, विवरण देने योग्य।

Ant-ऑन्ट्-*n.* a small insect. चींटी, पिपीलिका; **Ant-hill** (a little tumulus thrown up by ants.) वल्मीक, बाँबी; **White ant** (insect which eats up wood.) दीमक।

Ant-ऑन्ट्-*pref.* same as Anti.

Antacid-ऑन्ट्-ऑस्'-इड्-*adj.* & *n.* removing acidity.खट्टापन हटानेवाला, अम्लत्व-नाशक पदार्थ।

Antagonism-ऑन्-टॅग्-ॲ-निज़्म्-*n.* opposition. विरोध, वैर, शत्रुता; **Antagonist** (-ॲन्-इस्ट्)-*n.* an enemy, a foe. शत्रु, वैरी, प्रतिपक्षी; **Antagonistic** (-निस्ट्-इक्) *-adj.* contending against. विपक्षी, विरोधी; **Antagonistically** (-अल्-लि)-*adv.* विरोधभाव से; **Antagonize** (-आइज़्)-*v. t.* विरोध करना, शत्रुता करना।

Antalkali-ऑन्ट्-ऑल्'-कॅ-लि-*n.* a substance that neutralizes the action of alkalies. क्षारत्व (खारापन) दूर करनेवाला पदार्थ या औषधि।

Antaphrodisiac-ऑन्ट्-ऑफ्-रो-डिज़्' - इ - ऑक् -*n.* a medicine which is preventive of sexual desire. कामशक्ति को रोकनेवाली औषधि।

Antarctic-ऑन्ट्-आर्क्' - टिक् - *adj.* southern, pertaining to the South Pole. दक्षिणी, दक्षिणी ध्रुववाली।

Ante-ऑन्'-टि-*pref.* in the sense of 'before'. "पूर्व" अर्थ का उपसर्ग।

Antecede-ऑन्'-टि-सीड्'-*v.t.* to go before or happen before time. समय से पूर्व घटित होना।

Antecedence-ऑन्-टि-सीड्' - ऍन्स् - *n.* precedence, priority. अगलापन, पूर्वत्व।

Antecedent-ऑन्-टि-सीड्' - ऍन्ट्-*adj.* previous, preceding. पूर्वगामी, पहिले का;-*n.* that which goes before. पूर्वगामी शब्द; (*pl.*) past history. पूर्व चरित्र या वृत्तांत; **Antecedently** (-ऍन्ट्-लि)-*adv.* previously. पूर्व स्थिति से।

Antechamber-ऑन्'-टि-चेम्-बर्-*n.* an outer room, a room leading to the inner chamber. बाहरी दालान (डेवढ़ी), घर के भीतर जाने की कोठरी।

Antedate-ऑन्'-टि-डेट्-*n.* a date before the exact time. स्थिर काल से पूर्व का समय; - *v. t.* to assign an earlier date to an event or document, to anticipate, to precede in time. किसी घटना या लेख पर पूर्व की मिति डालना, पूर्वविचार करना, समय से पूर्व घटित होना।

Antediluvian-ऑन्-टि - डि-ल्यू' - वि- यन् - *adj.* happening before the great flood; -*n.* an old-fashioned person, a very old man. विश्व प्रलय के पूर्व का, पुरानी चाल-ढाल का मनुष्य, अति वृद्ध व्यक्ति।

Antelope-ऑन्'-टि-लोप्-*n.* a genus of deer-like ruminant. एक प्रकार का हिरन या मृग।

Antelucan-ऑन्'-टि-ल्यू' - कॅन् - *adj.* before daylight. सूर्योदय के पूर्व का।

Antemeridian-ऑन्'- टि - मि - रिड्' - इ - अन् -*adj.* time between midnight and noon. आधी रात से दोपहर तक का समय।

Antemundane-ऑन्' - टि - मन्' - डेन् - *adj.* existing before the creation of the world. सृष्टि होने से पूर्व का।

Antenatal-ऑन्'-टि-ने' - टॅल् - *adj.* previous to birth. उत्पत्ति के पूर्व का।

Antenna-ऑन्'-टॅन्'-ना (*pl.* **Antennae**-नी)-*n.* feelers of insects. कीड़े - फ़तिंगों के स्पर्शज्ञान करानेवाले बाल।

Antenuptial-ऑन्'-टि-नप्'-शल् - *adj.* before nuptials, occurring before marriage. विवाह से पूर्व होनेवाला।

Anteprandial-ऑन्'-टि- प्रॅन्' - डि - अल् - *adj.* before dinner. प्रधान भोजन के पूर्व का।

Anterior-ऑन्-टीरि-अर्-*adj.* former, prior. पूर्वकाल का, पहिले का; **Anteriority** (-इ-टि) -*n.* पूर्वत्व; **Anteriorly** (-लि) - *adv.* previously. पूर्व से।

Anteroom-ऑन्'-टि-रूम्- *n.* room leading to a chief apartment. गलियारा, कोठरी में का मार्ग।

Anthelion-ऑन्थीलियन् - *n.* a luminous ring on clouds. बादलों के चारों ओर प्रकाश का मण्डल।

Anthelmintic-ऑन्-थॅल्-मिन्'-टिक्-*n.* & *adj.* medicine used to extricate worms from intestines. आँत के कीड़े निकालने की औषधि, ऐसी औषधि-सम्बन्धी।

Anthem-ऑन्'-थॅम् - *n.* a hymn or song, sacred song sung in praise of God. ईश्वर-स्तुति, स्तुतिरूप गायन, भजन।

Anther-ऑन्'-थर्-*n.* part of a flower containing pollen. परागकेशर रखनेवाला फूल का भाग।

Ant-hill-*n.* see Ant.

Anthoid-ऑन्'-थॉएड्-*adj.* flower-like. पुष्प-सदृश, फूल के समान।

Anthologist-*n.* see **Anthology**.

Anthology-ऑन्-थॉल्'-ॲ-जि-*n.* a collection of literary extracts or choice poems. गद्यावली या पद्यावली; **Anthologist** (-जिस्ट्) - *n.* कविता संग्रहकर्ता।

Anthropoid-ऑन्'-थ्रो-पॉयड्-*adj.* resembling man in form only. केवल आकार में मनुष्य के सदृश; **Anthropology** (-पॉल् -ऑज्-इ)-*n.* science of mankind studied as an animal. मनुष्य-शरीर-रचना-शास्त्र; **Anthropomorphism** (-पो-मॉर्फ़िज़्म्) - *n.* ascribing human form to deity. ईश्वर को मनुष्य के आकार का मानने का सिद्धान्त।

Anti-ऑन्'-टि-*pref.* in the sense of "against, in place of." उपसर्ग जिसका अर्थ "विपरीत स्थान में" होता है।

Anti-air-craft-ऑन्-टि-एअर्-क्रॉफ़्ट् - *n.* contrivance to destroy the airships of the enemy. शत्रु के वायुयान को नष्ट करने का यन्त्र; **Anti-air-craft gun.** इस उपयोग में आनेवाली बन्दूक।

Antic-ऑन्-टिक्-*adj.* odd, grotesque. विलक्षण, अद्भुत;-*n.* a clown, buffoon. भाँड़, हँसानेवाला, ठिठोलिया।

Anticardium-ऑन्'-टि-कार्-डि-अम्- *n.* the pit of the stomach. नाभि, ढोंढ़ी।

Antichrist-ऑन्'-टि-क्राइस्ट्-*n.* the enemy of Jesus Christ.ईसा मसीह का शत्रु; **Antichristian** (-क्रिस्ट्'-यन्) - *adj.* opposing Christian faith. क्रिस्तानी (मत या) धर्म के विरुद्ध।

Anticipate-ऑन्-टिस्'-इ-पेट्-*v. t.* to see or know beforehand, to expect. पूर्व से देख लेना या जानना, आशा करना; **Anticipation** (-सि-पे'-शन्) - *n.* expectation, knowing beforehand. पूर्वज्ञान; **Anticipator** (-टिस्'-इ-पे -टर्) -*n.* one who anticipates. पहिले से जाननेवाला।

Anticlimax-ऑन्'-टि-क्लाइ -मॅक्स्-*n.* addition of adjunct which weakens the effect, bathos. (साहित्य में) प्रभाव को न्यून करनेवाला विशेषण का प्रयोग।

Anticyclone-ऑन्-टि-साइ'-क्लोन् - *n.* rotatory outward flow of wind. वायु का बाहरी ओर का झोंका, प्रति चक्रवात वायु।

Antidotal-*adj.* see **Antidote.**

Antidote-ऑन्'-टि-डोट्-*n.* a medicine that counteracts poison. विषघ्न, विषहर; **Antidotal** (-डो-टल्) - *adj.* विष-नाशक, विषहर; **Antifebrile** (-फ़ॅब्राइल्)-*adj.* allaying fever. ज्वरनाशक।

Antilogous-ऑन्-टिल्'-ऑ-गस् - *adj.* contradictory. विपरीत, भिन्न।

Antilogy-ऑन्-टिल्'-अज्-इ - *n.* a contradiction in terms. विरोधाभास।

Antimonarchical - ऑन्-टि-मॉन्-ऑर्के'-इक्-अल् -*adj.* opposed to monarchy. राजा के शासन के प्रतिकूल या विरुद्ध।

Antimony - ऑन्' - टि - मॅन् - इ - *n.* a brittle metallic substance. स्रोतोञ्जन, सुरमा।

Anti-national-ऑन्'-टि - नॅश् - अन् - अल्-*adj.* hostile to one's nation. देशद्रोही।

Antinomy-ऑन्'-टि-नॉ - मि-*n.* a conflict of authority. अधिकार-विरोध।

Antipathetic-ऑन्' - टि - पॅ - थॅट्' - इक् - *adj.* opposed in nature. विरुद्ध स्वभाव का।

Antipathic-ऑन्-टि-पॅथ्' - इक् - *adj.* contrary in effect, opposite. विभिन्न प्रभाव की, विपरीत, विरुद्ध।

Antipathy-ऑन्-टिप्' - अॅ - थि - *n.* aversion, natural dislike. घृणा, अनिच्छा।

Antiphlogistic-ऑन्'-टि-फ़्लॉ-जिस्'-टिक् - *adj.* reducing or counteracting inflammation. सूजन घटानेवाली (दवा)।

Antiphonal - ऑन्टि - फ़ोनल् - *adj.* sung alternately. पारी-पारी से गाया हुआ।

Antiphony - ऑन्टि - फ़ॅनि - *n.* echo, response. प्रतिध्वनि, प्रतिगान।

Antipodal -*adj.* see **Antipodes.**

Antipodes-ऑन्-टि-पॅडी-ज़्-*n. pl.* those who live on opposite sides of the globe. भूमण्डल के विपरीत सिरों पर रहनेवाले, प्रतिलोम; **Antipodal** (-डल्)-*adj.* प्रतिलोम-सम्बन्धी।

Antipyretic-ऑन्-टि-पाइ-रॅट्' - इक् - *adj.* preventing fever; -*n.* a febrifuge. ज्वरघ्न, ज्वर हटानेवाली औषधि।

Antiquarian - ऑन् - टि - क्वे - रिअन् - *n.* one who collects ancient things. प्राचीन पदार्थों का संग्रह करनेवाला; - *adj.* pertaining to antiquities. पौराणिक।

Antiquary-ऑन्टि'-क्वॅ रि-*n.* one who studies old things. प्राचीन पदार्थों का अध्ययन करनेवाला।

Antiquate - ऑन् - टि - क्वेट् - *v. t.* to make obsolete or old. प्राचीन बनाना; **Antiquated** (-एड्)-*adj.* old fashioned, obsolete. प्राचीन, अप्रचलित।

Antique-ऑन्-टीक्-*adj.* ancient, old fashioned. पुराना, प्राचीन ढंग का।

Antiquities -*n. pl.* see **Antiquity.**

Antiquity-ऑन्-टि-क्'-वि-टि-*n.* old times, the ancients. प्राचीन समय, पुरातन पुरुष; **Antiquities** (-टीज़्)-*n. pl.* customs or relics of ancient times. पुरानी रीति, पुराने समय का पदार्थ।

Antiseptic-ऑन्-टि-सॅप्'-टिक्-*adj.* preventing decay. अपवित्रता-नाशक, गंदगी हटानेवाली तथा सड़ना रोकनेवाली।

Antisocial-ऐन्-टि-सो'-शल् - *adj.* opposed to the principles of society. सामाजिक सिद्धांतों के विरुद्ध ।

Antitheist-ऐन् - टि - थी'-इस्ट् - *n.* one who does not believe in God's existence. नास्तिक, अनीश्वरवादी; **Antitheism** (-इज़्म्) -*n.* नास्तिकता ।

Antithesis-ऐन्-टिथ्'-इस्-इस् - *n.* (*pl.* **Antitheses**) an opposition or contrast between two things. विरुद्ध अलंकार, अर्थ की विपरीतता; **Antithetic** (-टि-थिट्'-इक्) -*adj.* contrasted. विपरीत भाव किया हुआ; **Antithetically** (-अल्-लि)-*adv.* विपरीत भाव से ।

Antitoxin-ऐन्-टि-टॉक्'-सिन्-*n.* serum which neutralizes the action of bacterial poisons. रोग के विष को हटानेवाला रुधिर का एक तत्त्व ।

Antitype-ऐन्'-टि-टाइप्-*n.* (*adj.* **Antitypical** -इक्-अल्) that which a symbol represents मूल मूर्त्ति, आदर्श ।


Antler-ऐन्ट्'-लर् -*n.* branched horn of a stag. बारहसिंगे की शाखादार सींग ।

Antonym-ऐन्'-टॉन्-इम् -*n.* a word having its meaning contrary to another (*as high-low.*) विपरीत अर्थ का शब्द ।

Antrum-ऐन्'-ट्रम्-*n.* a cave, a den, a large cavity. गुहा, कन्दरा ।

Anus-ए'-नस् -*n.* the lower opening of the bowels. गुदा, अपान, मलद्वार ।

Anvil-ऐन्'-विल्-*n.* an iron block on which smith works. निहाई, स्थूणा; **To be on the anvil** (to be in a state of preparation or formation) निर्माण की अवस्था में, बनता हुआ ।


Anvil.

Anxiety-ऐङ्क्-ज़ा - इ-टि - *n.* uneasiness of mind, solicitous desire for a thing. चिन्ता (व्यग्रता), आकुलता ।

Anxious-ऐङ्क्-शस् -*adj.* troubled, disturbed, uneasy. व्याकुल, उद्विग्न, चिन्तित; **Anxiously** (-लि) -*adv.* उद्वेग से ।

Any-एन्'-नि-*pron. & adj.* one, some. कोई, किसी, कैसा ही;-*adv.* at all. किंचित्, थोड़ा, कुछ; **At any time** कदाचित्; **Anybody** (any person.) कोई मनुष्य; **Anyhow** (in any way.) किसी प्रकार से, जैसे-तैसे; **Any one** (any body.) कोई व्यक्ति; **Anything** (a thing of any kind.) कोई भी वस्तु; **Anyway**(anyhow.) किसी न किसी प्रकार से; **Anywhere** (at any place.) किसी न किसी स्थान में; **Anywise** (in any manner.) किसी भाँति; **At any rate** (at all events.) किसी भी स्थिति में ।

Aorist-ए-ओ'-रिस्ट्-*n.* an indefinite past tense (with no limitation.) अनिश्चित काल-सूचक भूतकालिक क्रिया ।

Aorta-ए - ऑर्टा -*n.* the great artery of the heart. हृदय की सबसे बड़ी धमनी, महा धमनी; **Aortal** (-अल्)-*adj.* महा धमनी का ।

Apace-ऑ-पेस्-*adv.* swiftly, hastily, quickly. शीघ्रता से, जल्दी से ।

Apanage (**Appanage**) - ऐप्'-ऐन्-एज् -*n.* provision for younger sons of kings. राजा के युवराज से छोटे पुत्रों के पोषण की व्यवस्था ।

Apart-ऍ' - पार्ट् -*adv.* independently, separately. पृथक् (अलग), भिन्न; **To set apart** (to separate, to reserve.) अलगाना, बचा रखना ।

Apartment-ऍ - पार्ट्' - मेन्ट् -*n.* a room of a house. मकान का एक कमरा; **Inner apartment** (harem.) अन्तःपुर ।

Apathetic-ऐप्-ऑ-थेट्-इक् - *adj.* indifferent. उदासीन, निरुत्साह ।

Apathy-ऐप्'-ऑ-थि -*n.* insensibility, mental indolence, want of feeling. जड़ता, अनुभव-शून्यता, उदासीनता, रुचिशून्यता ।

Ape-एप् -*n.* a tailless monkey, an imitator. पुच्छहीन या छोटी पूँछवाला बन्दर, अनुकरण करनेवाला; -*v. i.* to imitate. अनुकरण करना ; **Apish** (एप्-इश्) -*adj.* servilely imitative. दास की तरह अनुकरण करनेवाला; **Apishly** (-इश्'-लि) -*adv.* बन्दर की भाँति; **Apishness** (-इश्'-नेस्) -*n.* बन्दरपन, मूर्खता; **Apery** (-अर्-इ) -*n.* mimicry, apish performance, apehouse. अनुकरण, बन्दर-सा कार्य, बन्दर का पिंजड़ा ।

Apeak-ऍ-पीक्'-*adv.* vertically, on peak. सीधा (खड़ा), शिखर पर ।

Apepsy-ऑ-पेप्'-सि, **Apepsia** (-सि-आ) -*ns.* weakness of digestion. पाचन-शक्ति की दुर्बलता या न्यूनता ।

Aperient-ऑ - पीर्' - इ - एन्ट् -*n*. *adj. & a* laxative medicine. मल को ढीला करनेवाली (रेचक) औषधि; **Aperitive** (-पर्-इट्'-इव्) -*adj.* laxative. मल लानेवाली ।

Aperture-ऐप्'-अर्-चर् - *n.* an opening or gap, a hole. छेद, मोखा, झरी ।

Apery-ऐप्-अर्-इ-*n.* see **Ape**.

Apetalous-ऑ-पेट्' - ऑ - लस् -*adj.* without petals. दलहीन, निष्पत्र ।

Apex-ऍ'-पेक्स्-*n.* [*pls.* **Apices**-ऍप्-ऍ-सीज़् or **Apexes** (-ऍज़्)] a peak, vertex, summit. (पर्वत आदि की) चोटी, शिखर, नोक (मस्तक)।

Aphasia-ऑ-फ़े' - ज़ि-या *-n.* loss of speech. बोली बन्द होना, वाग्रोध।

Aphelion-ऑ - फ़ी'-लिअन्-*n.* (*pl.* **Aphelia**) a planet's point farthest from the sun. किसी ग्रह का सूर्य से सबसे दूर का स्थान।

Aphonia-ऑ-फ़ो'-नि-या-*n.* वाग्रोध।

Aphorism-ऍफ़्'-ऑ-रिज़्म्-*n.* adage, maxim, definition. कहावत (सूत्र), वचन, परिभाषा; **Aphoristic** (-रिस्'-टिक्) *-adj.* सूत्र रूप का; **Aphoristically** (-अल् - लि) *-adv.* like a maxim. सूत्रवत्।

Aphrodisiac-ऍफ़्-ऍर्-डिज़्'-इ-ऍक् *-n. & adj.* a medicine producing sexual desire. कामोद्दीपक औषधि।

Apiary-ए'-पिय-रि *-n.* a place for keeping bees. मधुमक्खियों के पालने का स्थान।

Apical-ऍप्'-इकल *-adj.* belonging to apex. शिखर-सम्बन्धी।

Apiculture-ए'-पि-कल्'-चर् *-n.* bee-keeping. मधुमक्खियों का पोसना।

Apiece-ऍ-पीस्-*adv.* individually, each. पृथक्-पृथक्, एक-एक करके।

Apish, Apishly-see Ape.

Apnoea-ऍप्'-नीया *-n.* stoppage of breathing. साँस की रुकावट, श्वासावरोध।

Apocryphal-ऑ - पोक्रिफ़ल - *adj.* doubtful, sham, false. शङ्कायुक्त (सन्देहजनक), झूठा, असत्य।

Apogee-ऍप्'-ओ-जी-*n.* the point in the orbit of a planet farthest from earth. किसी ग्रह के ग्रह-पथ में पृथ्वी से सबसे दूर का स्थान।

Apollo-ऑ-पो'-लो *-n.* the Greek sun-god. यूनान के सूर्यनारायण या सूर्य देवता।

Apollyon-ऑ-पॉलियन् *-n.* Satan, the devil. दैत्य, राक्षस।

Apologetic-ऑ-पॉल्-ऑ-जेट्'-इक् *-adj.* excusing. क्षमा योग्य, प्रार्थना योग्य; **Apologetical** (-अल्) *-adj.* said or written in defence. क्षमाशील; **Apologetically** (-अल्-लि) *-adv.* क्षमापूर्वक, क्षमा की भावना से।

Apologist-ऑ-पॉल् - ऑ - जिस्ट् *-n.* one who pleads in apology or defence. क्षमा की प्रार्थना करनेवाला।

Apologize-ऑ-पॉल्'-ऑ-जाइज़्-*v. t.* to beg to be excused, to make apology. अपना दोष मानकर क्षमा माँगना।

Apologue-ऍप्'-ऑ-लॉग् *-n.* fable, parable or a moral story, a tale. उपदेशपूर्ण कहानी, उपाख्यान।

Apology-ऑ पॉल्-ऑ -जि *-n.* (*pl.* **Apologies**) regretful acknowledgment of offence खेदसूचक क्षमा-प्रार्थना।

Apophthegm-ऍप्'-ओ - थेम्-*n.* a terse pithy maxim. सूत्र, नीतिवचन।

Apoplectic *-adj.* see Apoplexy.

Apoplexy-ऍप्'-ओ-प्लेक्स्'-इ-*n.* a disease in which powers of sense and motion are stopped. मूर्छा, मिरगी का रोग; **Apoplectic**- (-प्लेक्'-टिक्) *-adj.* pertaining to apoplexy. मूर्छा-रोग-सम्बन्धी।

Apostacy(-sy)-ऑ-पॉस्'-टी - सि - *n.* abandonment of one's faith. स्वधर्मत्याग।

Apostate-ऑ-पॉस्'-टेट्-*n.* one who abandons his religious faith. स्वधर्म-त्यागी;*-adj.* false. विधर्मी।

Apostatize-ऑ-पॉस्-टी-टाइज़् *-v. t.* to forsake one's faith or principles. अपना धर्म त्यागना, परधर्म ग्रहण करना।

Aposteriori-ए-पॉस्-टी-रि-ओ-राइ *-adj.* reasoning from effect to cause. कार्य से कारण का अनुमान करना।

Apostle-ऑ-पॉस्'-सल्-*n.* a messenger sent to teach the Gospel, a devoted person. धर्म की शिक्षा देने के लिए ईश्वर का भेजा हुआ दूत, भक्त।

Apostolic-ऍप्-ऑस्-टॉल्'-इक्-*adj.* pertaining to apostles. देवदूत-सम्बन्धी।

Apostrophe-ऑ - पॉस्' -ट्रॅ - फ़ि - *n.* sign of omission of a letter or letters ('), an exclamatory address in poems or speech. सम्बन्ध कारक का चिह्न, कविता में या भाषण में किसी व्यक्ति-विशेष की ओर सम्बोधन का वाक्य।

Apostrophiz (s)e-ऑ-पॉस्'-ट्रॉ-फ़ाइज़् *-v. t.* to deliver an exclamatory address. किसी व्यक्ति-विशेष की ओर इङ्गित करके व्याख्यान देना।

Apothecary-ऑ-पॉथ्'-इ-क- रि *-n.* one who sells medicines, a druggist. दवा बेचनेवाला, औषधि-विक्रेता, अत्तार।

Apotheosis-ऍप्-ओ-थि-ओ' - सिस् *-n.* making god-like. देवता-तुल्य निर्माण।

Appal-ऍप्-पॉल्-*v. t.* to dismay, to terrify व्याकुल करना, डराना; **Appalling** (-इङ्ग्) *-adj.* shocking. भय उत्पन्न करनेवाला; **Appallingly** (-इङ्ग्-लि) *-adv.* with dismay. भय या व्याकुलता से।

Apparatus-ऍप्-पॅ-रे' - टस् - *n.* mechanical appliance, instruments or requisites. प्रयोग करने का यन्त्र या साधन।

Apparel-ऑप्'-पीर्-र्ल-*n* dress, clothing. वस्त्र (पोशाक), कपड़ा;-*v. t.* to dress, to attire, to adorn. वस्त्र धारण कराना, कपड़ा पहिनाना, सजाना ।

Apparent-ऑप्' - पीर्' - रेन्ट् - *adj.* obvious, visible, clear, seeming. प्रकट, प्रत्यक्ष, स्पष्ट, दिखौवा ; **Heir apparent** (one who is entitled to succeed to the throne by right.) राज्य का उत्तराधिकारी ; **Apparently** (-लि) -*adv.* evidently, clearly. प्रत्यक्ष या स्पष्ट रूप से।

Apparition-ऑप्'-पीं-रिश'-अन् -*n.* a phantom or ghost. पिशाच, प्रेत ।

Appeal-ऑप्'-पील्-*v. t.* to call for decision to a higher judge, to call attention, to make an earnest request. उच्चतर न्यायालय से पुनर्विचार की प्रार्थना करना (अपील करना), चित्त आकर्षित करना, सच्ची प्रार्थना करना; - *n.* the act or right of appealing. पुनर्विचार की प्रार्थना का कार्य या अधिकार; **Appealable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* पुनर्विचार के योग्य ; **Appealing** (-इङ्ग्)-*adj.* attractive, imploring. चित्ता-कर्षक ।

Appear-ऑप्' - पियर् - *v. i.* to be visible, to seem, to be manifest. दृष्टिगोचर होना, प्रकाशित होना, जान पड़ना, देख पड़ना, स्पष्ट होना; **Appearance** (-ऑन्स्) -*n.* the thing seen, semblance, aspect. दृष्टिगोचर पदार्थ, आकार (आकृति, रूप), सम्भावना, दिखावट।

Appeasable-*adj.* see **Appease.**

Appease-ऑप्'-पीज़्'-*v. t.* to soothe, to satisfy, to quiet. सान्त्वना देना, मनाना, शान्त करना; **Appeasable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* मनाने के योग्य।

Appellant - ऑप्' - पेॅल्' - लॅन्ट्-*n.* one who appeals. पुनर्विचार की प्रार्थना करनेवाला; **Appellate** (-लेॅट्)-*adj.* pertaining to appeals. पुनर्विचार की प्रार्थना सम्बन्धी ।

Appellation-ऑप्'-पल्'-लें - शन् - *n.* name, title, specific name. नाम, विशिष्ट नाम, पदवी, अभिधान; **Appellative** (-लें - टिव्) - *adj.* common, general. सामान्य।

Append-ऑप्-पेॅन्ड्'-*v. t.* to add, to annex, to attach. जोड़ना, मिलाना, लगाना; **Appendage** (-ऍज्)-*n.* anything attached, accompaniment. जोड़ा हुआ पदार्थ, उपकरण; **Appendant** (-ऑन्ट्) - *adj.* annexed, attached, consequent. मिलाया हुआ, जोड़ा हुआ, अनुवर्ती।

Appendix-ऑप्'-पेॅन्ड्-इक्स् - *n.* (*pl.* **Appendices**-इ-सीज़्) anything added in the end. परिशिष्ट, शेष संग्रह ।

Appendicitis-ऑ-पेॅन्' - डि - साइ' - टिस् - *n.* a disease of the intestines. आँत में एक प्रकार का फोड़ा ।

Apperception - ऑप्' -पर् - सेॅप्' - शन् -*n.* the mind's perception of itself, mental perception. चित्त का आत्मज्ञान ।

Appertain-ऑप्'-पर्-टेॅन्' - *v. i.* to belong to, to relate, to be appropriate to. सम्बन्ध होना; समान होना, वर्णन करना ।

Appetence-ऑप्-पि-टेॅन्स्-*n.* desire, longing. अभिलाषा, इच्छा; **Appetent** (-टेॅन्ट्) - *adj.* desiring. अति उत्सुक ।

Appetite-ऑपि-टाइट् - *n.* desire, inclination, hunger or craving. अभिलाषा, इच्छा (रुचि), भूख ।

Appetize-ऑप्-पिट् - आइज़्' - *v. t.* to create appetite. बुभुक्षित करना, भूख जगाना; **Appetizer** (-अर्)-*n.* something creating appetite. भूख लगानेवाला पदार्थ।

Applaud-ऑप्'-प्लॉड्'-*v. i & t.* to express approbation or praise by clapping hands, to praise. प्रशंसा करना, ताली बजाना, स्तुति करना या सराहना ।

Applause-ऑप्-प्लॉज़्' - *n.* approval, praise. प्रशंसा, स्तुति; **Applausive** (-प्लॉज़्'-इव्)-*adj.* स्तुतिमय ।

Apple-ऑप्'-प्ल्-*n.* a fleshy fruit. सेब; **Apple of the eye** (the pupil.) आँखों का तारा या पुतली; **Adam's apple** (outer protruding part of throat.) कण्ठ का उभाड़, टेंटुआ ।

Appliance-ऑप् - प्लाऍन्स् -*n.* act of applying, thing applied. उपाय, तदबीर, सामग्री (नियुक्त पदार्थ) ।

Applicability-*n.* see **Applicable.**

Applicable-ऑप्'-प्लि-कें'-ब्ल् - *adj.* suitable, appropriate. उचित (अनुकूल), सम्बद्ध; **Applicability** (-बिल्-इट्-इ)-*n.* अनुकूलता ।

Applicant-ऑप्'-प्लि-कॉन्ट्-*n.* one who applies. प्रार्थी, प्रार्थना करनेवाला।

Application-ऑप्'-प्लि - कें'-शन् - *n.* petition or request. प्रार्थनापत्र ।

Apply-ऑप्-प्लाइ'-*v. t.* to lay or put on, to employ, to address to, to devote. लगाना, नियुक्त करना, आरूढ़ होना, सूचित करना।

Appoint - ऑप्' - पॉयन्ट्' -*v. t.* to fix time or place, to employ, to nominate. समय या स्थान निर्धारित करना, नियुक्त करना, मनोनीत करना, स्थापित करना; **Appointment** (-मेॅन्ट्) -*n.* settlement, engagement, ordinance, designation to office. निर्णय, मिलने का नियुक्त समय, नियम, आज्ञा, नियुक्ति (स्थापना); **To break an appointment** (to fail to

appear at fixed place or time.) नियत समय या स्थान पर उपस्थित न होना।

Apportion - ऑप्' - पोर्शन् - *v. t.* to portion out, to distribute. भाग करना, बाँटना; **Apportionment** (-मेन्ट्)-*n.* a division into just shares. उचित भागों में बँटवारा, बाँट (फाँट)।

Apposite-ऑप्'-पो-जिट्-*adj.* proper, well put, suitable, appropriate. योग्य, सङ्गत (यथार्थ); **Appositely** (- लि) - *adv.* suitably. उचित रीति से।

Apposition-ऑप्' -पो-जिशन्-*n.* placing side by side, a public examination. समानाधिकरण, एकान्वय, सार्वजनिक परीक्षा; **Appositional** (-अल्) - *adj.* placed in apposition. समानाधिकृत।

Appraise-ऑप्'-प्रेज़्'-*v. t.* to fix the price of. मूल्य ठहराना; **Appraiser** (-अर्)-*n.* one who fixes the value of goods. वस्तुओं का मूल्य आँकनेवाला।

Appreciable-आप्'-प्री'-शि-ऍ-बल्-*adj.* noticeable, perceptible. जानने योग्य, प्रशंसा करने योग्य।

Appreciate- ऑप्'- प्री - शि-ऍट्'-*v. t. & i.* to estimate, to esteem highly, to rise in value. गुण जानना, मान करना, दाम बढ़ना; **Appreciation** (-ए' - शन्) - *n.* recognition, estimation, judgment. गुणागुणज्ञान, मूल्यांकन, गुणग्रहण; **Appreciative** (-टिव्)-*adj.* गुणग्राही; **Appreciator** (-ए'-टर्)-*n.* गुणग्राहक।

Apprehend- ऑप्रि-हॅन्ड्' - *v. t.* to perceive, to understand, to fear. विचारना, सोचना, शङ्का करना।

Apprehensible- ऑप्' - प्रि - हॅन्'-सि- बल्-*adj.* capable of being apprehended or grasped. परामर्श के योग्य, समझने योग्य, शंका के योग्य।

Apprehension-ऑप्'-प्रि - हॅन्' - शन्-*n.* arrest, understanding, dread. पकड़, बुद्धि, भय; **Apprehensive** (- सिव्) - *adj.* intelligent, perceptive, fearful. बुद्धिमान, विचारवान्, शङ्कित; **Apprehensiveness** (-सिव्-नॅस्)-*n.* doubt, fear. शङ्का, भय।

Apprentice-ऑप्'- प्रॅन्'- टिस् - *n.* a novice, a tiro. शिल्पविद्या का शिष्य (चेला), नवसिखुआ; -*v. t.* to bind as an apprentice. नवसिखुआ नियुक्त करना; **Apprenticeship** (- शिप्) - *n.* the terms for which a person is bound to serve. शिक्षार्थी का प्रशिक्षण-काल।

Apprise - ऑप्' - प्राइज़्' - *v. t.* to inform, to give notice of. सूचना देना, बतलाना।

Apprize-ऑप्' - प्राइज़्' - *v. t.* to appreciate, to value. गुण जानना, मूल्य आँकना।

Approach-ऑप्'-प्रो-अच्'-*v. t. & i.* to come, near to, to make proposals to, to resemble. समीप जाना, मूल्य लगाना, समान होना; -*n.* act of approaching, access. उपस्थिति, प्रवेश (रास्ता); **Approachable** (-ऍ-बल्) -*adj.* accessible. उपगम्य, प्रवेश योग्य।

Approbate-ऑप्'-प्रो-बॅट्-*v. t.* to approve, to sanction. अनुमोदन करना, स्वीकार करना।

Approbation-ऑप्'-प्रो'- बे - शन् -*n.* sanction, approval. स्वीकृति (स्वीकार), अनुमोदन।

Appropriate-ऑप्' - प्रो' - प्रि - एट्-*v. t.* to take possession of, to devote to special purpose, to assign. अपनाना, विशिष्ट कार्य में लगाना, निर्दिष्ट करना - *adj.* suitable, proper. उचित (संगत), योग्य (ठीक); **Appropriation** (-ए'-शन्)-*n.* स्वायत्तीकरण, अपनाने का कार्य।

Approval - ऑप्'-प्रू व्' - अल्-*n* approbation, sanction. अनुमोदन, स्वीकृति।

Approve- ऑप्'-प्रूव्'-*v. t.* to be pleased with, to sanction, to commend. प्रसन्न होना, अनुमोदन करना, प्रशंसा करना; **Approver** (-अर्) - *n.* king's witness. सरकारी गवाह; **Approved** (-ड्) -*adj.* proved, tried. सिद्ध, परीक्षित।

Approximate-ऑप्'-प्रॉक्स्' - इ - मेट्-*adj.* very near, almost correct, closely resembling. अति समीप, प्रायः शुद्ध, अति समान; - *v. t. & i.* (-मेट्') to bring near, to come near to. समीप लाना, सन्निकट होना; **Approximately** (-लि) - *adv.* almost correctly. प्रायः शुद्ध रूप से; **Approximation** (-मे' - शन्) -*n.* a drawing near. समीपता, पहुँच।

Appurtenance-ऑप्- पर्-टि- नॅन्स् - *n.* belonging, an accessory. सम्पत्ति का स्वामित्व, लगाव; **Appurtenant** (-ऑन्ट्) -*adj.* appertaining. सम्बन्धित।

Apricot- ए'- प्रि- कॉट् -*n.* a kind of orange coloured fruit allied to plum. खूबानी का (वृक्ष या) फल।

April-ऍ-प्रिल्-*n.* the fourth month of the year. अंग्रेजी वर्ष का चौथा महीना; **April-fool** (sportive)-*n.* ठिठोलीबाज, मसखरा; **April fool day** (April 1.) अप्रैल मास का पहिला दिन।

Apriori-ऍ-प्राइ-ओ-राइ-*n.* reasoning (deductive.) from cause to effect. कारण से कार्य का तर्क।

Apron-ए'- प्रन्-*n.* a garment worn on the forepart of body to protect clothes. ऊपरी वस्त्र की रक्षा का पहिनावा;-*v.t.* ऐसा वस्त्र पहिनाना।

Apropos-आप्-रो-पो - *adv.* to the purpose,

appropriately. अनुरूप, अनुसार।

Apse-ऑप्स्-*n.* a semi-circular recess. अर्धवृत्ताकार आला या झरोखा; **Apsidal** (ऑप्-सिडल्)-*adj.* semicircular. अर्धवृत्ताकार।

Apt-ऑप्ट्-*adj.* appropriate, proper, suitable, ready. उचित, ठीक, योग्य, उद्यत, तत्पर; **Aptitude** (-इ-ट्यूड्)-*n.* ability, fitness. योग्यता, पात्रता, कौशल; **Aptly** (-लि) -*adv.* in a fit manner. योग्य रूप में; **Aptness** (-नेस्)-*n.* tendency. प्रवृत्ति।

Aqua-ऑक्-वा-*n.* a liquid solution, water. तरल घोल, जल।

Aquarium-ऑ-क्वे'र्-इ-अम् - *n.* pond in which living aquatic plants or animals are kept. जल के पौधों या जन्तुओं के पालने का जलाशय।

Aquarius-ऑ-क्वेर्-इ-अस्-*n.* the 11th sign of zodiac. कुम्भ राशि।

Aquatic-ऑ-क्वॉट्' - इक् - *adj.* growing or living in water. जल में उत्पन्न होने या जल में रहनेवाला (जन्तु)।

Aqueduct-ऑक्' - वि - डक्ट्-*n.* an artificial channel. कृत्रिम जलमार्ग, नहर।

Aqueous-एँ-क्वि-अस् - *adj.* consisting of or containing water. जलीय, जल-युक्त।

Aquiline-ऑक्'-वि-लिन्-*adj.* eagle-like, hooked. गरुड़वत्, मुड़ा हुआ।

Arab-ऑर्'-अब् - *n.* a native of Arabia. अरब देशवासी।

Arabian-ऑ-रे'- बि - यन्-*adj.* pertaining to Arabia. अरब देश का।

Arabic-ऑर्'-अ-बिक्-*n.* the language of the Arabians. अरव देश की भाषा;-*adj.* of Arabia. अरब देश सम्बन्धी।

Arable-ऑ-रें-ब्ल्-*adj.* land fit for ploughing or tillage. जोतने-बोने योग्य भूमि।

Arbiter-आर्'-बि-टर्-*n.* a judge, an umpire. मध्यस्थ (निर्णय करनेवाला), पञ्च (प्रमाणपुरुष); **Arbitral** (-ट्रल्)-*adj.* belonging to arbitration. पञ्चायती।

Arbitrary-आर्'-बि-ट्रे-रि - *adj.* not bound by rules, absolute, uncertain. स्वेच्छाचारी, स्वच्छन्द, अविहित।

Arbitrate-आर्'-बि-ट्रेट्- *v. t.* to decide as an arbitrator. पञ्चायत करना; **Arbitration** (-ट्रे'-शन्)-*n.* settlement of a dispute by an arbiter. पञ्चायत से झगड़े का निर्णय; **Arbitrator** (-ट्रे-टर्) -*n.* (*fem.* **Arbitratrix**-ट्रिक्स्) पञ्च।


Arbor-आर्-बर्-*n.* a bower of trees. लतागृह, कुंज; **Arboraceous** (-बोर्' - एँशस) -*adj.* tree-like. वृक्षवत्।

Arboreal-आर्-बोरिअल, **Arboreous**-आर-बोरिअस् -*adjs.* pertaining to taees. वृक्ष सम्बन्धी **Arboretum** (-रीँ'-टम्)-*n.* a botanical tree garden. वृक्षों का बगीचा; **Arboriculture** (-इ-कल्चर्)-*n.* cultivation of trees. (*esp.* timber trees.) वृक्षों के उपजाने तथा बढ़ाने की विद्या।

Arbour-*n.* same as **Arbor.**

Arc-आर्क्-*n.* part of the circumference of a circle or other curve. वृत्तखण्ड, चाप, कमान।

Arcade-आर्'- केड्'-*n.* row of arches supported on columns. खम्भों पर बनी हुई मेहरावें।


Arcade.

Arcadia आर् - केंड्'-इ-ऑ, **Arcady**-आर्क्'-एँ-डि -*ns.* rustic paradise. देहाती स्वर्ग; **Arcadian** (-कें-डि-अन्) -*adj.* ideally rural. आदर्श रूप से ग्रामीण।

Arch-आर्च्-*n.* a curved structure, a vault. वृत्तखण्ड, मेहराव;-*v. t.* to form into an arch. मण्डल करना, मेहराव बनाना;-*adj.* prominent, cunning, clever. मुख्य (प्रधान), धूर्त, चतुर।

Archaeological, Archaeologist-see **Archaeology.**

Archaeology-आर् - कि - ऑल्'- जे - जि-*n.* the study of antiquities. पुरातत्त्व, प्राचीन वस्तुओं की विद्या; **Archaeological** (-लॉज्'-इक्-अल्) -*adj.* pertaining to antiquities. पुरातत्त्व-सम्बन्धी; **Archaeologist** (-लॉ-जिस्ट्)-*n.* one versed in archaeology. पुरातत्त्ववेत्ता।

Archaic-आर् - कें'- इक्- *adj.* primitive, old. आदिकाल का, प्राचीन, पुराना; **Archaism** (-इज़्म्)-*n.* obsolete expression. प्राचीनतावाद, प्राचीनता का अनुसरण; **Archaist** (-इस्ट्)-*n.* one who follows archaism. प्राचीनता का अनुसरण करनेवाला।

Archangel-आर्क्' -एन्-ज्ल्-*n.* an angel of the highest order. सर्वश्रेष्ठ देवदूत।

Archbishop-आर्च्'-बिश् -ॲप्-*n.* chief bishop. प्रधान धर्माध्यक्ष।

Arch-enemy-आर्च्'- एँनिमि-*n.* chief enemy, Satan. प्रधान शत्रु, शैतान, यम; **Archfiend** (-फ़ीन्ड्) -*n.* प्रधान प्रेत।

Archer-आर्च' - अर् -*n.* (*fem.* -ess) one who shoots with a bow and arrows. धनुर्धारी, धनुष से बाण चलानेवाला; **Archery** (-इ)-*n.* the art of shooting with bow and arrows, धनुर्विद्या, बाणविद्या।

Archetype-आर्क्' - इ-टाइप् - *n.* an original model. मूल रूप आदर्श ।

Archipelago-आर्कि'-इ-पॅल्'- ऑ-गो-*n.* a group of islands. टापुओं का समुदाय ।

Architect-आर्कि'-इ-टॅक्ट् -*n.* one skilled in planning and erecting buildings. शिल्पकार; **Architectural** (-टॅक्चरल्)-*adj.* pertaining to architecture. शिल्पविद्या-सम्बन्धी; **Architecture** (-टॅक्चर्) -*n.* the science of the construction of buildings. गृह-निर्माण-विद्या, घर बनाने की विद्या ।

Archives-आर्'-काइव्ज़् - *n.* (*usu. pl.*) a place where public records are stored. जिस घर में प्राचीन ग्रन्थ, लेख इत्यादि रखे जाते हैं, ग्रन्थरक्षा गृह ।

Archlike-आर्च्'-लाइक्-*adj.* built like an arch. मेहराव के सदृश बना हुआ ।

Archway-आर्च्'-वे-*n.* passage under an arch. मेहराव के नीचे का मार्ग ।

Arctic-आर्क्'-टिक् -*adj.* northern, pertaining to region round the North Pole. उत्तरी, उत्तरी-ध्रुव प्रदेश सम्बन्धी ।

Arcuate(-d)-आर्क्'-यू-एट् (-ऍड्)-*adj.* bent as a bow. धनुष के आकार का ।

Ardent-आर्'- डेन्ट् - *adj.* red-hot, burning, intense, eager. लाल गरम, प्रज्वलित, उत्तम, प्रचण्ड, उत्कट, उत्साही; **Ardently** (-लि)-*adv.* eagerly. उत्साह सहित ।

Ardour-आर्'-डर्-*n.* heat, warmth of affection, zeal. उष्णता, उत्कण्ठा, उत्सुकता, व्यग्रता (ललक) ।

Arduous-आर्ड्' - यू - अस् - *adj.* laborious, energetic, difficult. परिश्रमी, उद्योगी, दुष्कर, दुःसाध्य, कठिन; **Arduously** (-लि) - *adv.* laboriously. श्रम या उद्योग से, उत्कण्ठा से, उत्सुकता से ।

Are-आर्-the plural of the present tense of the verb *to be*. हैं ।

Area-ए'रिया-*n.* superficial extent, a level surface, region. क्षेत्रफल, समतल (चौरस भूमि), प्रदेश ।

Areca-ऑ-र्'-इ-का-*n.* betel-nut palm. सुपारी का वृक्ष ।

Arefaction-ऑर्-रि - फ़ॅक्' - शन् - *n.* act of drying. सुखाने का कार्य ।

Arefy-ऑरि'-फ़ाइ-*v. t.* to dry. सुखाना ।

Arena-ऑ-री'-ना-*adj.* the central part of an amphitheatre, a place of conflict. रङ्गभूमि, मल्लभूमि, अखाड़ा ।

Arenaceous-ऑरि-ने'- शस्-*adj.* sandy. बालू के समान, बालुकामय ।

Argent-आर्' - जॅन्ट् -*n.* & *adj.* silver, silvery. चाँदी, चाँदी के रंग का ; **Argentine** (-जॅन्-टाइन्)-*adj.* silvery, like silver. चाँदी का, रुपहला ।

Argil-आर्'-जिल्-*n.* potter's clay, alumina. कुम्हार की मिट्टी, एल्यूमिना ।

Argle-bargle-आर्'-ग्ल्-बार्'-ग्ल्-*n.* a furious debate. तीव्र वाद-विवाद ।

Arguable-*adj.* see. **Argue**.

Argue-आर्-ग्यू-*v.t.* & *i.* to prove, to discuss, to maintain by reasons. सिद्ध करना, विवाद करना, तर्क से सिद्ध करना; **Arguable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* विवाद योग्य; **Arguer** (-अर्)-*n.* one who argues. (वादी) शास्त्रार्थ करनेवाला ; **Argufy** (-फ़ाइ)-*v. t.* to argue without reason. प्रमाण न रहते हुए विवाद करना, कुतर्क करना ।

Arguing-आर्'- ग्यु-इङ्ग्-*n.* reasoning. तर्क ।

Argument-आर्-ग्यू-मॅन्ट्-*n.*reasoning, debate. तर्क-वितर्क, शास्त्रार्थ ; **Argumentation** (-मॅन्-टे-शन्)-*n.* act of reasoning. तर्क, विवाद ; **Argumentative** (-मॅन्ट्'-ए-टिव्)-*adj.* consisting of argument. विवादपूर्ण; **Argumentatively** (-ऑ-टिव्'-लि)-*adv.* तर्क से ।

Argute-आर्-ग्यूट्'-*adj.* sharp, shrill. तीखा, कर्कश (शब्द) ।

Arid-ऑर्-रिड्-*adj.* parched with heat. गरमी से झुलसा हुआ; **Arid soil** (barren ground.) मरुस्थल, मरुभूमि, ऊसर ।

Aries-ए'-रि-ईज़्-*n.* the Ram. मेष राशि ।

Aright-ऍ-राइट् - *adv.* rightly, without mistake, to the right side. उचित रीति से, ठीक, दाहिनी ओर ।

Arise-ऍ - राइज़्' - *v. i.* (*p. t.* Arose, *p. p.* Arisen.) to get up, to result, to go up in name and fame. उठना (उदय होना), जागना, परिणाम होना, नाम तथा ख्याति प्राप्त करना ।

Arista-ऑ-रिस्'-टा-*n.* the beard of certain grains. अन्न या घास की बाल; **Aristate** (-टेट्) -*adj.* bearded. बालवाला ।

Aristocracy-ऑर्-इस्-टॉक्'-रॅ-सि-*n.* government by nobles, nobles in a state. शिष्ट-जन-सत्तात्मक राज्य, शिष्टजन ।

Aristocrat-ऑ-रिस्'-टो-क्रैट्-*n.* one of good birth. शिष्ट मनुष्य, रईस; **Aristocratic** (-क्रैट्'-इक्)-*adj.* grand, of eminent style. कुलीन, ठाटबाटवाला ।

Aristophanic-ऑर्'-इस् - टॉ' - फ़ॅन्' - इक् -*adj.* witty, shrewd. हँसमुख, चतुर ।

Arithmetic-ऑ-रिथ्'-मॅ-टिक्-*n.* the science of numbers. अंकविद्या, अंकगणित; **Arithmetical** (-मॅट्'-इक्-अल्)-*adj.* अंकगणित-सम्बन्धी; **Arithmetically** (-अल्-लि) -*adv.* अंकगणित की रीति से; **Arithmetician**(-टिश्'-ऑन्)-*n.* अंकगणित में निपुण, गणितज्ञ; **Arithmometer** (-मॉमि-टर्) -*n.* a kind of computing machine. गणित करने का एक प्रकार का यन्त्र।

Ark-आर्क्'-*n.* a chest, a box, a large boat. तिजोरी, बक्स, बड़ी नाव।

Arm-आर्म्-*n.* (*pl.* Arms) the upper limb of man from shoulder to hand, branch, power. बाहु (भुजा), शाखा, शक्ति;-*v. t. & i.* to furnish with arm, to take arms. शस्त्रों से सज्जित करना, शस्त्र उठाना; **Arm-chair.** बाँहदार कुर्सी; **Arm in arm** (with arms interlinked.) हाथ में हाथ दिये हुए; **Armpit**(hollow under shoulder.) बगल, कोख; **Forearm** (front part of arm.) अग्रबाहु; **Infant in arms** (baby unable to walk.) गोदी का बच्चा; **To keep at arm's length** (to avoid familiarity.) अति परिचय न करना, दूर-दूर रहना; **With open arms** (cordially.) अनुरागपूर्वक।

Armament-आर्'-मॉ-मेंन्ट् - *n.* force, military equipment. शक्ति, बल, युद्ध करने की सामग्री।

Armature-आर्'-मॅ-चर्-*n.*a defensive covering, an important portion of a dynamo. रक्षा-सामग्री, बिजली पैदा करनेवाले यन्त्र का एक प्रधान भाग।

Armistice-आर्'-मिस्-टिस्-*n.* a short truce. युद्ध-विराम, कुछ काल के लिए संधि।

Armless-आर्म्-लॅस् - *adj.* destitute of arms. शस्त्र (युद्ध-सामग्री) से रहित।

Armlet-आर्म्'-लॅट् - *n.* an ornament worn round the arm, a small inlet of sea. जोशन (बाजूबन्द), समुद्र की शाखा।

Armorial-आर्-मो'-रि-अल्-*adj.* pertaining to armour. कवच-सम्बन्धी।

Armour-आर्म्-अर् -*n.* a defensive covering worn in fighting. कवच, तनुत्राण;-*v. t.* to furnish with armour. कवच से सुसज्जित करना; **Armour-bearer** (one who carries the armour of another.) दूसरे का कवच ढोनेवाला; **Armourer** (-अर्)-*n.* maker of arms or armour. अस्त्रकार, शस्त्रास्त्र तथा कवच का निर्माता; **Armoury** (-इ) -*n.* arsenal. शस्त्र-शाला, हथियारघर; **Armour clad** (furnished with armour.) कवच पहिने हुए; **Armour for the head** (helmet.) शिरस्त्राण।

Arms-आर्म्ज़्-*n. pl.* weapons. शस्त्र, हथियार; **Coat of arms** (heraldic devices.) युद्ध-चिह्न, **Fire-arms** (those requiring explosives.) बारूदवाले अस्त्र; **Under arms** (in battle array.) युद्ध की सज-धज में।

Army-आर्-मि-*n.* (*pl.* Armies.) a large body of men armed for war, a host. सैन्य, सेना, अधिक संख्या में, समूह।

Aroma-ऑ-रो'-मा-*n.* sweet smell, fragrance odour. मधुर गन्ध, सुगन्ध; **Aromatic** (-टिक्) -*adj.* fragrant. सुगन्धित; **Aromatize** (-टाइज़्) -*v. t.* to impregnate with aroma. सुवासित (सुगन्ध-युक्त) करना।

Arose-ऑ-रोज़्'-*p. t.* of Arise. उठा।

Around-ऍ - राउण्ड्'- *prep. & adv.* in every direction, about, along, near. चारों ओर, बाहरी ओर, आगे, समीप।

Arouse-ऍ-राउज़्'-*v. t.* to awaken, to stir up, to excite. जागृत करना (जगाना), उत्तेजित करना (भड़काना)।

Arow-ऍ-रो'-*adv.* in a row. पंक्ति में।

A.R.P. (Air Raid Precaution.) वायुयानके आक्रमण से रक्षा।

Arraign-अर्-रेन्'-*v.t.* to accuse, to find fault with, to impeach. अपराधी ठहराना, दोष लगाना, कलंक लगाना; **Arraignment** (-मॅन्ट्) -*n.* अपराध, आक्षेप।

Arrange-अर्'-रॅन्ज्'-*v. t.* to put in order, to settle, to give instructions. क्रम में रखना (प्रबन्ध करना, ठीक करना), स्थिर करना, आज्ञा देना।

Arrangement-अर्-रॅन्ज्'-मॅन्ट्-*n.* settlement, adjustment, classification. ठीक रखने का कार्य, प्रबन्ध, क्रम से स्थापन (रचना)।

Arrant-ऑर्'-रॅन्ट्-*adj.* notorious, downright. कुख्यात, अत्यन्त (निपट); **Arrantly** (-लि)-*adv.* notoriously, infamously. दुष्टता से, अप्रसिद्धि से।

Arras-ऑर्' - रॅस् - *n.* tapestry, a hanging screen. लटकता हुआ परदा।

Array-अर्-रे-*v. t. & i.* to adorn, to put in order, to dress oneself. अलंकृत करना, क्रम से रखना, सजाना, सजना; -*n.* a military force, imposing range of persons. व्यूह-रचना, वेश-भूषा।

Arrear-ऍर्-रि'-अर्-*n.* outstanding or unpaid debts or work. बिना चुकाया हुआ ऋण, अधूरा कार्य; **Arrearage** (-रिअर्'-एज्) -*n* unpaid debts. बिना चुकाया हुआ ऋण, बकाया।

Arrect-ऑर्-रॅक्ट्'-*adj.* with ears erect, alert. कानखड़े किये हुए, सचेत।

Arrest-अ-रेस्ट्'-*v. t.* to stop, to seize by legal authority, to catch attention of. रोकना, बन्दी करना, अनन्यचित्त करना ; -*n.* check, hindrance, imprisonment. रोक, बन्दीकरण; **Arrester** (-अर्)-*n.* बन्दी करनेवाला ।

Arride-ऍराइड्'-*v. t.* to laugh scornfully at a person, to gratify. किसी की हँसी उड़ाना, संतुष्ट करना ।

Arris-ऑर्'-इस्-*n.* a sharp edge formed by two planes. दो धरातलों से निर्मित तीखा कोना ।

Arrival-ॲर्-राइव्'-अल् -*n.* act of coming to a destination, appearance. आगमन (पहुँच), उपस्थिति ।

Arrive-ॲर्'-राइव्-*v. i.* to come to a destination, to reach a place, to come about. पहुँचना, आ जाना, पा लेना ।

Arrogance-ऑर्'-रो - गॅन्स् - *n.* presumption, haughtiness. गर्व (अभिमान), उद्दण्डता (मद) ।

Arrogant-ऑर्'-रो-गॅन्ट्-*adj.* full of assumption. अहंकारी, हठी ; **Arrogantly** (-लि) -*adv.* haughtily. उद्दण्डता से ।

Arrogate-ऑर्-रो-गेट्-*v. t.* to claim a thing unduly. किसी की वस्तु पर अन्याय से अपना अधिकार प्रकट करना; **Arrogation** (-गे'-शन्) -*n.* undue claim. अन्यायपूर्वक अधिकार-ज्ञापन ।

Arrow-ऍर्'-रो-*n.* a pointed stick shot from a bow. बाण, तीर; **Arrowroot** (a nutritious plant.) आरारूट; **Arrowy** (-इ) -*adj.* formed or moving like an arrow. बाणवत्, बाणाकार ।

Arse-आर्स्-*n.* buttocks or hind part of man. चूतड़, कटिपश्चाद्भाग, नितम्ब ।

Arsenal - आर्सिनल् - *n.* a place where weapons of war are prepared or stored. शस्त्रास्त्र-भंडार, हथियारघर ।

Arsenic-आर्-सॅन्' - इक् -*n.* a semi-metallic violent poison. संखिया, विष; **Arsenical** (-अल्), **Arsenious** (सी'-नि-अस्) -*adjs.* विषमय, विषयुक्त ।

Arson-आर'-सन्-*n.* wilfully burning a house जानबूझकर किसी के घर में आग लगाना (घर जलाने का अपराध) ।

Art - आर्ट् - the second person, singular, present tense, indicative mood of the verb *to be.* है ।

Art-आर्ट्-*n.* skill, practical knowledge of a subject. कौशल (चातुरी), शिल्प, कला; **Arts** (आर्ट्स्)-*n. pl.* branches of learning. विद्या के भेद ; **Black art** (magic, jugglery.) जादूगरी ।

Arterial-आर् - टीरियल् - *adj.* pertaining to an artery. धमनी-सम्बन्धी ;**Arterialize** (-ऑल्-आइज़्)-*v. t.* to convert venous blood into arterial blood. शिरा के रक्त को धमनी के रक्त में बदलना ।

Arteriotomy-आर्-टीरिओट्' - ऑ - मि - *n.* the opening or dissection of an artery. धमनी को काटने की क्रिया ।

Artery - आर्टरि - *n.* the tube which carries pure blood from the heart to the various parts of the body. धमनी, शुद्ध रक्तवाहिनी नलिका ।

Artful-आर्ट-फुल् - *adj.* crafty. चतुर, धूर्त ; **Artfully** (-लि)-*adv.* craftily. धूर्तता से; **Artless** (-लॅस्)-*adj.* simple, sincere. सरल, अकृत्रिम; **Artlessness** (-लॅस्-नॅस्) - *n.* simplicity. सरलता ।

Arthritis-आर्-थ्राइ'-टिस्-*n.* gout, inflammation of joints. जोड़ों की सूजन ।

Artichoke--आर्-टि-चोक्-*n.* a kind of edible plant. चुकन्दर, हाथी चक ।

Boil-बॉइल्-*n.* a hard tumour, boiling point. व्रण (फोड़ा), उबाल;-*v. i. & t.* to bubble up, to cook by boiling, to be hot, to be agitated. उबालना, पकाना, खौलना, खौलाना; **To boil away** (to reduce to vapour.) भाप में बदलना; **To boil over** (to flow over by boiling.) उबलकर बहना; **To keep the pot boiling** (to obtain livelihood.) जीविका प्राप्त करना; **Boiler** (-अर्)-*n.* a vessel in which anything is boiled. उवालने का बर्तन, डेगची, पतीली; **Boiling point** (temperature at which a liquid boils.) द्रव के उबलने का तापक्रम, क्वथनाङ्क; **Boiling spring** (a geyser.) खौलते पानी का सोता।

Boisterous-बाइस्'-टर्-अस्-*adj.* violent, rough, stormy. प्रचण्ड, उत्कट, प्रबल ; **Boisterous noise** (uproar.) कोलाहल ; **Boisterous laugh** (violent laugh.) ठहाके की हँसी; **Boisterously** (-लि) - *adv.* प्रचण्डता से; **Boisterousness** (-नॅस्)-*n.* violence. प्रबलता।


Bold-बोल्ड्-*adj.* brave, courageous, daring, immodest, rude. शूर, साहसी, धृष्ट, निर्लज्ज; **Bold-faced**-*adj.* धृष्ट ; **Boldly** (-लि) - *adv.* साहस से; **Boldness** (-नॅस्)-*n.* साहस, धृष्टता; **Boldspirited** -*adj.* साहसी वीर; **He made bold to say** (he fearlessly said.) निडर होकर उसने कहा।

Bole-बोल्-*n.* a trunk of a tree. वृक्ष-स्कन्ध, पेड़ का धड़ या तना।

Bolshevik-बॉल्'-शॅ - विक्- *n.* revolutionary, a communist. क्रान्तिकारी मनुष्य, साम्यवादी; **Bolshevism** (-विज़्म्) -*n.* (communism.) क्रान्तिकारी सिद्धान्त, साम्यवाद।

Bolster-बोल्'-स्टर् -*n.* a round long stuffed pillow. गोल तकिया, मसनद ;-*v.t.* to support with prop or soft pad. खम्भे के भरोसे ठहराना, टेक लगाना।

Bolt-बोल्ट्-*n.* a short arrow, quarrel, discharge of lightning, screwed metal pin with head and nut, a door fastener, sudden start. तीर, झगड़ा, बिजली की चमक, ढिबरी, अर्गला, सिटकिनी, उछाल; -*v. t. & i.* to dart off, to fasten, to investigate, to sift, to separate bran from flour. एकाएक छलाँग मारना, बाँधना, पता लगाना, आटा चालना, आटे से चोकर अलग करना; - *adv.* quite. पूर्णरूप से।


Bolts.

Bolter-बोल्ट्'-अर्-*n.* a sieve. चलनी।

Bolting-बोल्ट्'- इङ्ग् - *n.* a sudden start, fastening with a bolt, sifting. चिहुँक, ढिबरी से कसना, सिटकिनी से बन्द करना, चलनी से चालना।

Bolus-बो-लस्-*n.* a large pill. बड़ी गोली।

Bomb-बॉम्-*n.* a hollow sphere filled with explosives. बमगोला; -*v. t.* to throw bombs. बम फेंकना; **Bomb chest** -*n.* बारूद भरी हुई पेटी; **Bombproof**-*adj.* बम जिसको न भेद सके; **Bomb shell**-*n.* किसी प्रकार का बम।

Bombard-बॉम्-बार्ड् - *v. t.* to batter with bombs. बम से लड़ना या आक्रमण करना। **Bombardment** (-मॅन्ट्) - *n.* an artillery attack, an attack with bombs. बम द्वारा उड़ाने की क्रिया, गोलाबारी, बमबाजी।

Bombast-बॉम्'-बास्ट् - *n.* language inflated with high-sounding words. अतिशयोक्ति, निरर्थक बड़े-बड़े शब्दों का प्रयोग; **Bombastic** (-इक्) - *adj.* inflated with diction, high sounding. असार, बड़े-बड़े शब्दों से पूर्ण; **Bombastically** (-अल् - लि) - *adv.* in a turgid language. अतिशयोक्ति से।

Bomber-बॉम्-अर् -*n.* a kind of aeroplane used for throwing bombs. बम फेंकने वाला हवाई जहाज या वायुयान।

Bon(Bonne)-बॉन्-*adj.* good. अच्छा।

Bonafide-बोना-फ़ाइड्-*adj. & adv.* with good faith, genuine. विश्वसनीय, यथार्थ, वस्तुतः, सचमुच; **Bona Vacantia** (*i*) (unclaimed goods.) लावारिसी सामान ।

Bonbon-बॉन्-बॉन्-*n.* sugar confectionery, sweetmeat. मिठाई ।

Bond-बॉन्ड्-*n.* anything that binds, restraining force, agreement, link or connection, obligation in writing, method of brick-laying, a security, league, confinement, imprisonment. बन्धन, अवरोध, तमस्सुक, संबंध सट्टा, ईंटों की टिपकारी, प्रतिभू, संघ, बन्धन, दासत्व; -*v. t.* to bind together. बाँधना;-*adj.* not free. अस्वतन्त्र, पराधीन; **Bonded** (-ऍड्) -*adj.* under a bond. सट्टा किया हुआ ।

Bondage-बॉन्ड्-ऍज्-*n.* slavery. दासत्व ।

Bondman-बॉन्ड्'-मॅन्-*n.* a man-slave. दास; **Bondwoman** -*n. fem.* (a woman slave.) दासी ।

Bondslave-बॉन्ड्'-स्लेव्-*n.* a person in a state of slavery. बँधुआ ।

Bondsman-बॉन्ड्ज़्'-मॅन्-*n.* serf or slave, a surety. दास, जमानतदार ।

Bone-बोन्-*n.* a white hard substance which constitutes the skeleton of a body. अस्थि, हड्डी, (*pl.* **Bones.**) the body. शरीर;-*v. t.* to take out the bones. हड्डी निकालना; **Bone of contention** (cause of dispute.) झगड़े की जड़; **Bone dry** (quite dry.) बिलकुल सूखा; **Bonehead** (a blockhead) मूर्ख;**Boneless** (-लॅस्)-*adj.* without bones. बिना हड्डी का; **Bone-setter** -*n.* हड्डी बैठानेवाला; **Bony** (बो'-नि)-*adj.* full of bones. हड्डीवाला, हड्डी से भरा हुआ; **Flesh and bone** (thin person.) अति दुर्बल मनुष्य ।

Bonfire-बॉन्-फ़ायर्-*n.* a large fire in the open air serving as a sign of rejoicing. जय-सूचक अग्नि, होलिका, आतिशबाज़ी ।

Boniface-बॉन्'-इ-फ़ेस्-*n.* a generic name for an innkeeper. भठियारा ।

Bonne-बॉन्-*n.* a nursemaid. दासी ।

Bonne bouche-बॉन्'- बूश् - *n.* a delicious morsel. स्वादिष्ठ ग्रास या कवर ।

Bonnet-बॉन्-निट्-*n.* woman's headdress, a protective cap. स्त्रियों की टोपी, ढाँकने की टोपी;-*v. t.* to put bonnet on a person. टोपी पहिनाना (टोपी से मुख ढाँकना); **Bonneted** (-ऍड्)-*adj.* covered with a bonnet. टोपी पहने हुए, ढाँका हुआ ।

Bonnilass-बॉन्'-नि-लॅस्-*n.* a beautiful girl. सुन्दर कन्या (लड़की) ।

Bonny- बॉन्' - नि - *adj.* comely, healthy looking, beautiful. हृष्ट-पुष्ट, सुन्दर ।

Bonten-बॉन्'-टॅन् - *n.* a narrow woollen fabric. ऊनी कपड़े की पट्टी ।

Bonus-बो'नस्-*n.* something given by way of bargain, extra dividend given to shareholders. पारितोषिक, बढ़ोत्तरी ।

Bony-बोनि-*adj.* see **Bone.**

Boo-बू-*v. t.* to make sound of disapproval. असन्तोषजनक शब्द करना ।

Booby-बूब्' - इ - *n.* a silly fool, a stupid person. मन्दबुद्धि, मूढ़ ।

Boodle-बू'-ड्ल्-*n.* money acquired by fraud or bribery, crowd, capital. छल या घूस से प्राप्त धन, भीड़, पूँजी ।

Boohoo-बू-हू'-*n.* sound of noisy weeping. चिल्लाकर रोने का शब्द ।

Book-बुक्-*n.* a literary composition, the Bible, division of a poem. पुस्तक (पोथी, ग्रन्थ), इन्जील, (कविता का) सर्ग;-*v.t.* to enter in a book, to take railway ticket. पुस्तक में लिख लेना, रेल का टिकट खरीदना; **To bring to book** (to require to give an exact reckoning.) उत्तरदायी करना; **Without book** (by memory.) स्मरण से ।

Book-binder-बुक्'-बाइन्ड्-अर्-*n.* one who binds books. जिल्दसाज़ ।

Book-case-बुक्'-केस्-*n.* a case for books. पुस्तक रखने की आलमारी ।

Booking-बुक्'-इङ्ग् - *n.* selling numbered tickets. टिकट बेचना; **Booking clerk** (the clerk who issues tickets.) टिकट बेचनेवाला मुंशी; **Booking office** (where tickets are issued for a journey.) टिकट घर ।

Bookish-बुक्-इश्-*adj.* fond of or familiar with books only, not experienced in worldly affairs. केवल किताबों का शौकीन या ज्ञाता, अव्यवहारी, दुनियादारी न जाननेवाला ।

Book-keeper-बुक्'-कीप्- अर्-*n.* a keeper of accounts. मुनीम, हिसाब करनेवाला ।

Book-keeping-बुक्'-कीप्'-इङ्ग्-*n.*art of keeping accounts. बहीखाते की विद्या, मुनीमी ।

Book-learning-बुक् - लर्न्' - इङ्ग् - *n.* book knowledge. पुस्तकस्थ विद्या, किताबी इल्म ।

Booklet-बुक्'-लॅट्-*n.* a small book. छोटे आकार की पुस्तक ।

Book-maker-बुक्- मेक्' - अर् - *n.* one who compiles books. पुस्तक का संकलनकर्ता ।

Book-mark-बुक्'-मार्क्-*n.* a card for marking

a page in a book. पुस्तक में पृष्ठ-संकेत के रखने का कार्ड।

Book-mate-बुक्'-मेट्-*n.* a school fellow. सहाध्यायी, साथ का पढ़नेवाला।

Book-post-बुक्'-पोस्ट्-*n.* printed matter which is sent by post at a lower charge. डाक द्वारा कम महसूल पर भेजी गई छपी पुस्तक इत्यादि।

Book-seller-बुक्-सेॅल्-अर्-*n.* one who sells books. पुस्तक बेचनेवाला।

Book-stall-बुक्'-स्टॉल्-*n.* a stall for retailing books. पुस्तकों की दूकान।

Book-worm-बुक्'-वर्म्-*n.* an indiscriminate reader of books. किताबों का कीड़ा (सदा पुस्तक पढ़नेवाला)।

Boom-बूम्-*n.* a long spar which extends to the bottom of a sail. पाल फैलाने का डंडा;-*v.t.* to hum, to buzz, to show sudden activity. भनभनाना, गड़बड़ाना, झपटकर कोई काम करना।

Boomerang- बूम्'-अर्-ऍङ्ग्-*n.* a curved wooden missile used by the aborigines of Australia. एक प्रकार का लकड़ी का टेढ़ा तीर जो फेंकने पर फिर से वापस आ जाता है।

Boon-बून्-*n.* request, gift, present, favour, blessing. प्रार्थना, उपहार, वर, अनुग्रह, प्रसाद, आशीर्वाद, वरदान; -*adj.* genial, benign, jovial. उदार, दयालु, प्रसन्न।

Boor-बु-अर्-*n.* a peasant, a rude fellow. किसान (देहाती), गँवार; **Boorish** (-इश्)-*adj.* rude in manners, illiterate. असभ्य, अशिक्षित; **Boorishly** (-बूर्'-इश्-लि) -*adv.* rudely. असभ्यता से; **Boorishness** (-इश्-नेॅस्)-*n.* rudeness of manners. असभ्यता।

Boost-बूस्ट्-*v. t.* to lift or raise by pushing. धक्का देकर उठाना; **Booster** (-अर्)-*n.* a machine for raising voltage. बिजली की शक्ति बढ़ाने का यन्त्र।

Boosy-बू'-जि-*adj.* a little intoxicated. थोड़ा नशा पिये हुए।

Boot-बूट्-*n.* a covering for the foot, profit, advantage. जूता, लाभ, सुविधा; **To get the boot** (to be dismissed.) नौकरी से हटा दिया जाना।

Booth-बूथ्-*n.* temporary shelter, a tent in a fair. छानी, छप्पर, मेले की दूकान।

Boot-lace-बूट्'-लेॅस्-*n.* lace for tying shoes. जूते का फ़ीता।

Boot-last (**Boot-tree**) -बूट्'-लास्ट् (ट्री) -*ns.* appliance for preparing boots (or keeping them in shape.) जूता बनाने का फरमा।

Bootless-बूट्'-लेॅस्-*adj.* without boots, useless, unavailing. बिना जूते का, नंगे पैर, निरर्थक, अकारथ, बेकार।

Boot-maker-बूट्'-मेक्-अर्-*n.* maker of boots. चर्मकार, मोची।

Booty-बूट्'-इ-*n.* a spoil taken by force. लूट का माल।

Booze-बूज़्-*v. i.* to drink deeply. अधिक मदिरा पीना; **Boozy** (-इ)-*adj.* addicted to drink. पियक्कड़।

Bo-peep-बो'-पीप्-*n.* a game of hide and seek. आँखमुदौवल का खेल।

Boracic-बो-रैस्'-इक्-*adj.* pertaining to borax. सोहागे का।

Borax-बोर्'-रैक्स्-*n.* a kind of mineral salt, borate of soda. सोहागा।

Border-बॉर्ड्र्-*n.* the outer edge, bounbary. किनारा, छोर, परिधि;-*v. t.* to put on border. किनारी लगाना; **Borderer** (-अर्)-*n.* one who dwells on the border of a country. सीमा प्रान्त का रहनेवाला; **Bordering** (-इङ्ग्) -*adj.* समीप का, किनारे पर का।

Bore-बोर्-*p. t.* of Bear. सहा, ढोया।

Bore-बोर्-*n.* a great tide-wave, a nuisance, a tiresome person, hollow of a gun-barrel, deep hole in earth. ज्वार की लहर, कष्ट देनेवाला पुरुष, बन्दूक की नली का छेद, पृथ्वी में का गहरा छिद्र;-*v. t.* to make hole, to weary out by tedious talk. छेद करना, यन्त्र से किसी पदार्थ को छेदना, वृथा बकवाद से थकाना।

Boreal-बोर्'-इ-अल्-*adj.* pertaining to North wind. उत्तरी वायु-सम्बन्धी।

Borer-बोर्-अर्-*n.* a boring instrument. छेदने का यन्त्र।

Boric-बोर्'-इक्-*adj.* pertaining to borax. सोहागे के क्षार-सम्बन्धी।

Boring-बोर्-इङ्ग्-*adj.* tedious. विनोदहीन।

Born-बॉर्न्-(*p. p.* of Bear.) brought forth. जन्मा हुआ, पैदा हुआ; **Born rich** (rich from birth.) जन्म का धनी; **Born with a silver spoon in one's mouth** (born to a fortune.) शुभ मुहूर्त्त में उत्पन्न हुआ, अच्छी सायत में पैदा हुआ, भाग्य का पोढ़ा।

Borne-बॉर्न्-(*p. p.* of Bear.) *adj.* carried, supported, defrayed. लाया हुआ, आश्रय दिया हुआ, व्यय किया हुआ।

Borough-बर्'-रो-*n.* a town sending members to Parliament. वह नगर जहाँ से पार्लियामेन्ट के सभासद होते हैं।

Borrow-बॉर्-रो-*v.t.* to get as loan, to imitate ऋण लेना (उधार लेना), अनुकरण करना; **Borrowed light** (inner window of a room.) कमरे की भीतरी खिड़की; **Borrower**

(-अर्) - *n.* उधार लेनेवाला; **Borrowing** (-इङ्ग्)-*n.* taking of loan. उधार ग्रहण।

Bort-बॉर्ट्-*n.* fragments or dust of diamond. हीरे की कनी।

Bosh-बॉश्-*n.* foolish talk, nonsense. वृथा वार्ता, व्यर्थ बकवाद।

Bosket-बॉस्क्'-ऍट्-*n.* a grove, a small wood. कुञ्ज, छोटा जङ्गल।

Bosky-बॉस्क्'-इ-*adj.* wooded. झाड़ीदार।

Bosom-बूज़्' - अम् - *n.* the breast of man, interior parts. वक्षःस्थल (छाती), हृदय, मन (चित्त), भीतरी भाग; **Bosom friend** (intimate friend.) प्रिय सुहृद, विश्वासी मित्र, सच्चा दोस्त।

Boss - बॉस् - *n.* protuberance, projection, person in authority. उभाड़, गाँठ, मालिक; **Bossed** (-ड्)-*adj.* in relief. उभड़ा हुआ; **Bossy** (-बॉस्-इ)-*adj.* ornamented with bosses. गाँठदार।

Botanic, Botanical-बॉटॅन्'-इक् (-अल्) -*adjs.* pertaining to botany. वनस्पति शास्त्र-सम्बन्धी।

Botanist-बॉट्' - ऍन् - इस्ट्-*n.* one skilled in botany. वनस्पति शास्त्र का पण्डित; **Botanize** (-आइज़्)-*v. t.* to study plants. वनस्पति शास्त्र का अध्ययन करना।

Botany-बॉट्'-ऍ-नि-*n.* the science of plants, fine wool. वनस्पति विज्ञान, महीन ऊन।

Botch-बॉच्-*v. t. & n.* to repair badly, a clumsy patch, an eruptive swelling on skin. पैवन्द लगाना, पैवन्द, फोड़ा (फफोला); **Botcher** (-अर्)-*n.* one who makes patches. पैवन्द लगानेवाला; **Botchery** (-अर्-रि)-*n.* patch-work. पैवन्द का काम।

Botchy-बॉच्-इ-*adj.* full of botches. पैवन्द से भरा हुआ।

Bote-बोट्-*n.* compensation. प्रतिफल, बदला।

Both-बोथ्-*adj., pron. & adv.* the two, the one and the other, equally. दोनों, उभय, बराबर से।

Bother-बॉद्'-अर्-*v. t. & i.* to worry, to trouble oneself. कष्ट देना (दिक करना, खिजलाना), कष्ट उठाना;-*n.* worry, fuss. कष्ट, दिक्कत; **Botheration** (-ए-शन्)-*n.* trouble, worry. झंझट, तरद्दुद; **Bothersome** (-सम्')-*adj.* causing trouble. कष्ट देनेवाला।

Bottle-बॉट्-ट्ल-*n.* a narrow necked glass vessel for holding liquids, bundle of hay. बोतल, सूखी घास का गट्ठा;-*v. t.* to store in bottle. बोतल में भरना; **Bottle-nosed** (having a large thick nose, with a short snout.) फूली हुई नाकवाला; **Brought up on a bottle** (fed up from a feeding bottle.) शीशी से दूध पिलाकर पोसा हुआ (बच्चा); **Over a bottle** (while drinking.) शराब पीते समय।

Bottler-बॉट्'-लर्-*n.* one who bottles liquors. बोतलों में शराब भरनेवाला।

Bottom-बॉट्'-टम्-*n.* the lowest part, ground under water, low land, inmost point, keel, basis, foundation. तल (अधोभाग), जल के नीचे का तल, नीची भूमि, सबसे भीतरी स्थान, जहाज़ की पेंदी, आधार, नींव;-*adj.* lowest. सबसे नीचा;-*v. t.* to put to bottom. पेंदी में रखना; **Bottom up** (inverted.) उलटा, नीचे पेंदी ऊपर सिरा; **From the bottom of the heart** (earnestly.) सहृदय; **To be at the bottom of** (to be the root cause of.) प्रवर्तक होना; **To send to the bottom** (to sink.) डुबाना; **Bottomless** (-लॅस्)-*adj.* fathomless. अगाध, अथाह।

Boudoir-बूड्वार्-*n.* a ladys' small private room. स्त्रियों का गुप्त कमरा।

Bough-बाउ-*n.* the branch of a tree, the bow of a ship, the gallows. शाखा (डाल), जहाज़ का दोनों ओर का भाग, फाँसी की रस्सी या तख्ता।

Bought-बॉट्-*p. t. & p. p.* of **Buy.** खरीदा।

Bougie-बू'-जी-*n.* wax candle. मोमबत्ती।

Boulder-बोल्' - डर्-*n.* a large waterworn rounded stone. पानी से घिसा हुआ चिकना बड़ा गोल पत्थर।

Bounce-बाउन्स्-*v. i. & t.* to bound, to boast, to burst noisily, to knock, to beat. उछल पड़ना, श्लाघा करना, चिल्लाना, खटखटाना, पीटना;-*n.* a boast. आत्मश्लाघा, शेखी या घमंड; -*adv.* suddenly. एकाएक; **To bounce out** (to boast.) श्लाघा करना, शेखी या घमंड करना।

Bouncer-बाउन्'-सर्-*n.* a boaster, a bully, a liar. शेखीबाज़ या घमंडी, झूठा।

Bouncing-बाउन्-सिङ्ग्-*adj.* stout, strong, heavy. पुष्ट, दृढ़, भारी

Bound-बाउन्ड् -*n.* limit, boundary, a spring. सीमा, किनारा (मर्यादा), उछाल;-*v. t. & i.* to limit, to bounce. सीमा बाँधना, उछलना; -*adj.* ready to start. प्रस्थान करने को तैयार; (*p. p.* of **Bind**) confined. बँधा हुआ, परवश; **Boundless** (-लॅस्)-*adj.* without limit. अनन्त, असीम, अवधि-रहित।

Boundary-बाउन्ड्'-ऑ-रि-*n.* a limit or border. सीमा, मर्यादा, अवधि।

Bounden-बाउन्ड्-ऍन्-*adj.* morally binding, obligatory. कर्तव्यार्धीन, बाध्यकारी।

Boundless-*adj.* see **Bound.** असीम।

Bounds-बाउन्ड्ज़्-*n.* boundary. सीमा, मर्यादा।

Bounteous-बाउन्'-टि-अस्-*adj.* liberal. उदार; **Bounteously** (-लि) -*adv.* liberally, largely. उदारता से।

Bountiful-बाउन्'-टि-फुल्- *adj.* munificent, generous, liberal. दानशील, उदार, दयालु; **Bountifully** (-टि-फुल्-लि)-*adv.* liberally. उदारता से।

Bounty-बाउन्'-टि-*n.* liberality, gift. उदारता, पारितोषिक (अनुग्रह, कृपा)।

Bouquet-बू-के'-*n.* a bunch of flowers, nosegay. फूलों का गुच्छा, गुलदस्ता।

Bourn - बूर्न् - *n.* a small stream or brook. छोटी नदी, नाला।

Bourse-बूर्स्-*n.* rialto, money market. हाट, बाजार, फड़।

Bout-बाउट्-*n.* a turn at work, fit of illness, trial of strength. काम की पारी, बीमारी का दौरा, शक्ति-परीक्षा।

Bovine-बो'-वाइन्-*adj.* like an ox, dull. गाय, बैल के सदृश, मन्दबुद्धि।


Bovril-बॉव्'-रिल्-*n.* extract of beef. गोमांस का सत्व, गाय के गोश्त का काढ़ा।

Bow-बो-*n.* a curve, weapon for shooting arrows, fore-end of a ship, rainbow. घुमाव, कमान (धनुष), जहाज का अगला भाग, इन्द्रधनुष; **Bow-man**-*n.* an archer. धनुर्धारी; **Bow-shot** (distance to which an arrow can be sent.) वह दूरी जहाँ तक तीर फेंका जा सकता है; **Bow-string** (the string used in a bow.) प्रत्यञ्चा, चिल्ला, धनुष की डोरी; **Bowyer** (-अर्) -*n.* he who makes bows. धनुष बनानेवाला; **To draw the long bow** (to exaggerate.) बढ़ा चढ़ाकर कहना।

Bow-बाउ-*n.* respect, consent. प्रणाम (नमस्कार), स्वीकृति; -*v. t.* to bend knee and incline head in saluting, to stoop. नमस्कार करना, प्रणाम करना, चरण पर गिरना; **Bowing acquaintance.** साहब सलामत, परिचय मात्र।

Bow-compasses - बो - कम्-पॅस्-सेज़्-*n.* a kind of compasses. एक प्रकार का छोटा परकाल।

Bowel - बॉवॅल - *n.* the lower part of the stomach. आँत, अँतड़ी; (*pl.*) entrails, tender feeling. अन्तर्भाग, दया (मृदुता)।


Bow-compasses.

Bower-बॉवर्-*n.* arbour, a shady recess in a garden, the private room of a lady, knave in card-game. कुन्ज (कुटी), पर्णशाला, स्त्री की गुप्त कोठरी, ताश के खेल में गुलाम का पत्ता; **Bowery** (-इ)-*adj.* containing bowers, shady. कुन्जवत्, छायादार; -*v. t. & i.* to make a bower, to enclose, to lodge. कुन्ज या झाड़ी बनाना, बन्द करना, रहने का स्थान देना, बसाना।

Bowl-बोल्-*n.* a hollow round basin. प्याला, कटोरा; -*v. t.* to play at bowls, to roll. गेंद से खेलना, लुढ़काना; **Bowlful** (-फुल्) -*n.* as much as a bowl can hold. प्यालाभर।

Bowler-बोल्'-अर्-*n.* one who throws a ball. गेंद फेंकनेवाला; **Bowling** (-इङ्ग्) - *n.* delivering ball at the wicket in cricket. क्रिकेट का गेंद फेंकना।

Bow-saw - बो - सॉ - *n.* a saw for cutting curves. वक्राकार काटने की आरी।

Bowse-बौज़्-*v. i.* to pull or haul a boat. नाव को खींचना।

Bow-shot-बो-शॉट्-*n.* see Bow.

Bow-string-बो'-स्ट्रिङ्ग्-see-Bow.

Bow-wow-बाउ-वाउ-*n.* the barking of a dog. कुत्ते की भूँक।

Box-बॉक्स्-*n.* a chest, a driver's seat, compartment in a theatre, a slap on the head or ear with the hand, an iron ring at the centre of a wheel. सन्दूक, कोचबक्स, थियेटर की सीट, तमाचा, पहिये का आँवन; -*v. t.* to put into a box, to slap on a person's ears. बक्स में रखना, कान पर थप्पड़ मारना; **Box-office** (office for booking theatre seats.) नाटकघर के टिकट मिलने का स्थान; **Witness box** (the place where witnesses stand in a court.) अदालत में गवाहों के खड़े होने का कटघरा।

Boxer-बॉक्स्'-अर्-*n.* one who fights with his fists. मुक्की लड़नेवाला।

Boxing-बॉक्स्-इङ्ग्-*n.* the act of fighting with fists. मुक्की; **Boxing-day** (the first week-day after Christmas.) क्रिसमस या बड़ा दिन के बाद सप्ताह का पहिला दिन।

Boy-बॉय्-*n.* (*fem.* Girl.) a male child. बालक, शिशु, कुमार, लड़का।


Boycott-बॉय्-कॉट्-*v. t.* (*p. t.* Boycotted) *& n.* to punish by systematic refusal of social or commercial relations. बहिष्कार करना, बहिष्कार।

Boyhood-बॉय्'-हुड्-*n.* boyish age, state of being a boy. लड़कपन।

Boyish-बॉय्'-इश्-*adj.* like a boy, puerile. बालकोपयोगी, बालक सदृश, **Boyishly** (-इश्-लि)-*adv.* लड़कपन से।

Brabble-ब्रॅब्'-बूल्--*n.* a broil, quarrel. हुज्जत, लड़ाई-झगड़ा।

Brace-ब्रेस्-*n.* a couple, a thing that tightens, (*pl.*) trouser suspenders, connecting mark in printing (⁀), a pair, boring instrument used by carpenters. युगल (जोड़ा), बन्धन, (ब०व०) पतलून लटकाने का पट्टा, छापने में घेरने की लकीर (⁀), जोड़ा, बढ़ई का बरमा; -*v. t.* to fasten tightly, to support. कसकर बाँधना, सम्हालना; **Bracing**-ब्रेस्' - इङ्ग्-*adj* giving strength. शक्ति देनेवाला।


Brace & bit.

Bracelet-ब्रेस्-लिट्-*n.* an ornament for the wrist. पहुँची, कंगन, बाजू।

Bracer-ब्रे'-सर्-*n.* a tonic medicine. शक्ति-वर्धिनी औषधि।

Brach-ब्रॅच्-*n.* a hunting bitch, bitch-hound. शिकारी कुतिया।

Brachial-ब्रे कियल् - *adj.* belonging to the arm. बाहु-सम्बन्धी।

Bracing-ब्रेस् - इङ्ग् - *adj.* giving strength. पुष्टिकर, शक्तिवर्धक।

Bracket-ब्रॅक्'-इट्-*n.* a wooden or metallic angular support, pairs of marks used in writing or printing. ( ) [ ] { } दीवारगीर, कोष्ठक के चिन्ह;-*v. t.* to enclose in brackets. ऐसे चिन्हों से घेरना।


Bracket.

Brackish - ब्रॅक्' - इश्- *adj.* saltish. खारा।

Bradawl-ब्रॅड्'-ऑल्-*n.* a boring tool. छेदने का शस्त्र (बरमा)।

Bradshaw-ब्रॅड्'-शा-*n.* a detailed railway guide. रेल की विवरण सहित समय इत्यादि सूचक बड़ी पुस्तक।

Brag-ब्रॅग्-*v. i.* (*p. t.* **Bragged.**) to boast. आत्मश्लाघा करना, वृथा स्तुति करना; **Braggart** (-गॅर्ट्)-*n.* a boaster, a vain fellow. दम्भी, आत्मश्लाघी; **Bragging** (-गिङ्ग्) -*n.* दम्भ, घमंड।


Brahmin-ब्रॅह्' - मिन्-*n.* a member of the Hindu priestly caste. ब्राह्मण; **Brahminic** (-इक्) -*adj.* ब्राह्मण सम्बन्धी; **Brahminism** (-इज़्म्) -*n.* religion of Brahmins. ब्राह्मणों का धर्म।

Braid-ब्रेड्-*n.* a plait of hair, a kind of lace. बालों का जूड़ा, गोटा, लेस;-*v. t.* to interweave, to entwine, to plait. गूँथना, बटना।

Brail-ब्रेल्-*n.* piece of leather by which a hawk's wing is tied. बाज़ का पर बाँधने का चमड़े का पट्टा।

Braille-ब्रेल्-*n.* printing in relief (letters for the blind.) अन्धों के लिये उभड़े अक्षरों में छपी पुस्तक।

Brain-ब्रेन्-*n.* nervous substance in skull. seat of intellect and understanding. मस्तिष्क, भेजा, मति, बुद्धि; **Brainfag** (nervous exhaustion.) मस्तिष्क की थकावट; **Brainless** (-लेस्) -*adj.* silly, thoughtless. निर्बुद्धि, बुद्धिहीन; **Brain sauce** (intelligence.) बुद्धि; **Brain sick** (deranged) पागल; **Brainy** (-इ)-*adj.* clever, quick of thought. चतुर, बुद्धिमान्।


Brain.

Brake - ब्रेक् - *n.* thicket, apparatus for checking wheel's motion, a railway carriage, heavy harrow. झाड़ी, रेलगाड़ी आदि में पहियों के रोकने का यन्त्र, वह गाड़ी जिसमें यह यन्त्र रहता है, हेंगी;-*v. t.* to crush by beating, to use a brake. कूँचना, रोक लगाना; **Brakesman** (one who is in charge of brakes.) पहिया रोकने पर नियुक्त पुरुष।

Bramble-ब्रॅम्'-बूल्-*n.* a wild prickly shrub. कँटीला पौधा, गोखरू।

Bran-ब्रॅन्-*n.* husks of ground corn. धान्य-त्वचा, भूसी, चोकर।

Branch-ब्रान्च् - *n.* limb of a tree, part or division of a thing, section, line of descent, subject of knowledge. शाखा (डाली, टहनी), भाग, अङ्ग, सन्तान, ज्ञान-विषय; -*v. t.* & *i.* to spring out, to spread forth, to divide into branches. उगना, फैलाना, शाखाओं में विभक्त होना; **Branched** (-ड्)-*adj.* शाखा-दार; **Branchless** (-लेस्)-*adj.* destitute of branches. बिना शाखा की; **Branchlet** (-लेट्) -*n.* a small branch. छोटी शाखा; **Branchy** (-इ) -*adj.* full of branches. अनेक शाखा वाली।

Brand-ब्रॅन्ड्--*n.* a piece of burning or partly burnt wood, mark made by hot iron, trade mark, a sword. अधजली या जलती हुई लकड़ी (लुआठी), तपे लोहे का चिह्न, व्यापारिक चिह्न, तलवार;-*v. t.* to burn with hot iron, to fix a mark of infamy. तपे लोहे से दागना, बदनामी का दाग लगाना; **Brand new** (quite fresh.) बिलकुल नया ।

Brandish- ब्रॅन्ड्' - इश् -*v. t.* to wave about. घुमाना, भाँजना, चक्कर देना ।

Brandreth-Brandrith-ब्रॅन्ड्'-रॅथ् (- रिथ्)-*ns.* a wooden stand for cask, a railing round a well. पीपे की बैठकी, कुएँ के चारों ओर का बेड़ा ।

Brandy -ब्रॅन्- डि-*n.* a strong spirit distilled from wine. आसव, सुरा, शराब ।

Brangle-ब्रॅङ्ग्-ग्ल् -*v. t.* to quarrel. कलह करना, झगड़ना ।

Branny- ब्रॅन् - नि -*adj.* like bran. चोकर के समान ।

Brasier - ब्रेज़्' - यर्-*n.* a worker in brass. पीतल के पात्र आदि बनानेवाला, ठठेरा ।

Brass-ब्रास्-*n.* an alloy of copper and zinc. ताँबे और जस्ते का मिश्रण या मेल, पीतल ; **The brass** (brass instruments.) पीतल के यन्त्र; -*adj.* made of brass. पीतल का बना हुआ ।

Brassy-ब्रास्'-सि-*adj.* like brass, impudent. पीतल के रंग का, धृष्ट, ढीठ ।

Brat-ब्रॅट् - *n.* a contemptuous name for a child, an apron. कच्चा बच्चा, छोकरा, लबादा ।

Bravado- ब्रॅ -व्रा' - डो-*n.* show of courage, boast. शेखी, भबकी, धमकी, डींग ।

Brave-ब्रेव्-*adj.* courageous, fearless,valiant, finely dressed, honest, showy. वीर (साहसी), निडर, सुघर, ईमानदार, दिखौवा;-*v. t.* to defy, to dare. ललकारना, साहस करना ; **Bravely** (-लि) -*adv.* in a brave manner. वीरता से ; **Bravery** (अर्-इ)-*n.* courage. पराक्रम, साहस ।

Bravo-ब्रॅ-व्रो' -*n.* & *interj.* (*pl.* **Bravoes, Bravos** ब्रॅ'- व्रोज़्) a bandit, cry of approval. लुटेरा, वाह-वाह, धन्य-धन्य ।

Brawl-ब्रॉल्-*v. i.* & *n.* to engage in a noisy quarrel, murmur. कलह करना, विवाद (झगड़ा); **Brawling** (-इङ्ग) -*adj.* quarrelsome. झगड़ालू ।

Brawn- ब्रॉन् - *n.* a boar's flesh, a muscle. सुअर का मांस, पुट्ठा ; **Brawny** (-इ) - *adj.* strong. पुष्ट, मांसल ।

Bray-ब्रे -*n.* & *v. i.* the cry of an ass, to cry like an ass. गदहे का स्वर, रेंकना ; -*v. t.* -to pound. खरल में कूटना ।

Braze-ब्रेज़्-*v. t.* to colour like brass. पीतल के समान रंग करना;-*v. t.* to solder with brass. पीतल का पक्का जोड़ लगाना ।

Brazen-ब्रे - ज़न्- *adj.* made of brass, impudent. पीतल का बना हुआ, धृष्ट ; **Brazen age** (third stage in human deterioration.) मनुष्य के पतन की तृतीय अवस्था; **Brazen-faced** (shameless.) निर्लज्ज, लज्जाहीन ।

Brazier-ब्रे ज़्-यर्-*n.* brass-worker, burning coal-pan. ठठेरा, बोरसी ।

Breach-ब्रीच्-*n.* a break, neglect of contract, violation of law, a quarrel, injury, gap. छिद्र, नियमभङ्ग, अतिक्रम, झगड़ा, आघात, दरार; -*v.t.* to break through. तोड़ना, दरार करना, सेंध लगाना; **Breach of the peace** (riot, affray.) बलवा, विद्रोह, क्रान्ति, उपद्रव; **Breach of promise** (breaking of promise.) प्रतिज्ञाभङ्ग ।

Bread- ब्रेड्-*n.* baked food, livelihood. रोटी (अन्न, आहार), जीवनवृत्ति ; **Bread and butter** (means of living.) जीवनवृत्ति ; **Bread and cheese** (simple food.) सामान्य भोजन; **To take bread from one's mouth** (to snatch away one's living.) जीवनवृत्ति छीन लेना; **To make one's bread** (to earn one's living.) जीविका के लिये उद्योग करना ; **To eat the bread of idleness** (to be idle.) हराम की रोटी खाना ; **Bread-winner** (person who supports one's family.) परिवार का पोषण करनेवाला ।

Breadth--ब्रे ड्थ्-*n.* broadness, width. विस्तार, चौड़ाई; **To a hair's breadth** (exactly, definitely) ठीक ठीक; **Of full breadth** (of full extent.) पूरे विस्तार का; **Breadthwise, Breadthways** (across the width.) चौड़ाई बल में, चौड़ाई में ।

Break- ब्रेक्-*n.* a breach, an interruption, the dawn, a strongly built carriage. टूटन, अवरोध (विघ्न), अरुणोदय, पुष्ट बनी हुई या मजबूत गाड़ी ; - *v. t.* & *i.* to divide into parts, to disperse, to decline in health, तोड़ना (खण्डन या चूर्ण करना), रास्ता करना, तितर-बितर होना, दुर्बल होना; **To break a horse** (to train a horse for riding or carriage.) घोड़ा निकालना; **To break away** (to escape from prison, to scatter.) कैद से भाग जाना, तितर-बितर हो जाना; **To break bread with** (to be entertained by.) नेवता पाना; **To break down** (to destroy.) नाश

करना; **To break ground** (to till, to begin siege.) जोतना, घेर लेना ; **To break heart** (to make disappointed.) निराश करना; **To break in** (to enter.) प्रवेश करना ; **To break off** (to cease, to abandon.) समाप्त करना, त्यागना; **To break open** (to penetrate by breaking.) तोड़कर घुसना; **To break out** (to proclaim.) घोषणा करना; **To break small** (to become lean.) दुर्बल होना ; **To break the ice** (to overcome the first difficulties.) आरम्भ की कठिनाइयों को सुलभ करना ; **To break up** (to dissolve, to lay open.) टुकड़े-टुकड़े करना, विघटित करना,खोलना; **To break with** (to part in enmity.) शत्रुता करके अलग होना ।

Breakable-ब्रेकें'-ब्ल् *-adj.* able to be broken. तोड़ने योग्य ।

Breakage-ब्रेक्-एज्-*n.* allowance for things broken accidentally, act of breaking. वस्तु के अनायास टूटने की छूट, टूटन ।

Breakdown-ब्रेक्'-डाउन्-*n.* failure of health or power, collapse. स्वास्थ्य नष्ट होना, नाड़ी का चलना रुक जाना ।

Breaker- ब्रेक्' - अर् -*n.* a large wave of the sea. समुद्र की बड़ी लहर ।

Breakfast-ब्रेक्-फ़ास्ट्-*n.* the first meal of the day. सवेरे का भोजन, कलेवा;-*v. t.* to take or supply breakfast. कलेवा करना या कराना ।

Breakneck- ब्रेक्' - नेक् - *n.* a steep place, a great fall. करारा, गिराव; - *adj.* hazardous. आपत्तिजनक ।

Breakwater-ब्रेक्'-वॉ - टर्-*n.* a dam to break the force of waves. बाँध ।

Breast--ब्रेस्ट्-*n.* milk-secreting organ, upper front of body or dress, heart. स्तन (पयोधर), वक्षःस्थल, पोशाक का अगला भाग, अन्तःकरण; -*v. t.* to face. सामना करना; **Breasted**(-एड्) -*adj.* with a fine voice. सुरीली आवाज़ का; **Breast-plate** (armour for breast.) कवच, सीनावन्द; **To make a clean breast of** (to expose secrets, to confess one's fault.) भेद (रहस्य) खोलना, दोष स्वीकार करना ।

Breast-bone- ब्रेस्ट्-बोन्-*n.* the sternum. हृदय पर की बीच की हड्डी ।

Breast-deep-ब्रेस्ट्'-डीप्-*adj.* deep up to the breast. छाती तक गहरा ।

Breath- ब्रेथ्-*n.* slight movement of air, air inhaled and exhaled, breeze, life. वायु की मन्द गति, मन्द पवन, जीवन, श्वास, साँस (दम); **Below one's breath** (muttering.) धीरे-धीरे बोलना; **In the same breath** (simultaneously) एक ही साथ ; **To draw breath** (to live.) जीवित रहना; **To keep breath to cool porridge** (to abstain from conversation.) बात करने से रुकना ; **To take breath** (to pause, to rest.) ठहरना, दम लेना; **To waste breath** (to talk uselessly.) वृथा बकवाद करना ।

Breathe-ब्रीद्-*v. i. & t.* to live, to take breath, to utter softly, to inhale. जीना, श्वास लेना, धीरे से बोलना, साँस खींचना ; **To breathe again** (to recover from fear.) भय से मुक्त होना; **To breathe one's last** (to die, to take the last breath.) मृत्यु को प्राप्त होना, मरना, अन्तिम श्वास छोड़ना ।

Breathing-ब्रीद्'-इङ्ग् *-n. & adj.* respiration, life-like. श्वास, जीवित; **Breathing space** (a short interval of rest.) श्वास लेने का अवकाश ।

Breathless - ब्रेथ्'-लेस् - *adj.* out of breath, panting. हाँफता हुआ ।

Bred-ब्रेड्-*p. t. & p. p.* of **Breed**.

Breech-ब्रीच्-*n.* lower part of the body, the hinder part of a gun. नितम्ब, चूतड़, तोप या बन्दूक का पिछला भाग; (*pl.* **Breeches** ब्रीच्'-एज़्) trousers. जाँघिया (पायजामा); **Breeched** (- ड्)-*adj.* जाँघिया पहिने हुए ; **Breechless** (लेस्)-*adj.* बिना जाँघिया का ।

Breed-ब्रीड्-*n.* race, family. वंश, कुल;-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Bred**) to bear, to generate, to bring forth young, to cherish, to propagate, to train up. पैदा करना, उत्पन्न करना, पोसना, बढ़ाना, सिखलाना; **Ill-bred** (uncivil, impolite.) अशिष्ट; **Well-bred** (noble, polite.) सदाचारी, विनीत; **What is bred in the bone** (hereditary traits.) पूर्वजों के चिह्न ।

Breeder- ब्रीड्'- अर् -*n.* one who breeds or brings up. पोसनेवाला ।

Breeding-ब्रीड्'-इङ्ग् -*n.* act of generating, training, good manners, behaviour. पालन, शिक्षण, सभ्यता, अच्छा व्यवहार; **Breeding season** (season of production.) उत्पत्ति-समय, जनन-काल ।

Breeze-ब्रीज़्-*n.* gentle wind. मन्द पवन, हलकी बहती हुई वायु; **Breezeless** (-लेस्)-*adj.* destitute of breeze. वायु रहित; **Breezy** (इ)-*adj.* windy, lively. हवादार, प्रसन्न;**Land breeze** (breeze blowing from the land.) भूमि की ओर से बहनेवाली वायु, स्थलीय समीर ; **Sea**

breeze (breeze blowing from the sea.) समुद्र की ओर से बहनेवाली वायु।

Brethren-ब्रेद्'-रन्-*pl.* of Brother.

Breve-ब्रीव्-*n.* sign for a short vowel sound, a letter of the pope. लघु स्वर का (˘) चिह्न, पादरी का पत्र।

Breviary-ब्री-वि-य-रि-*n.* a book containing prayers. स्तोत्र-संग्रह।

Brevier-ब्री-विअर्-*n.* a small printing type of 8 points. आठ पॉइन्ट का विशेष टाइप।

Brevity-ब्रेव्-इ-टि-*n.* shortness, conciseness. संक्षेप, कमी, छोटापन।

Brew-ब्रू-*v. t.* to make beer, to bring about, to gather forces, to mingle. शराब बनाना, उत्पन्न करना, सेना इकट्ठा करना, मिलाना; **Brewer** (-अर्)-*n.* one whose trade is brewing. शराब खींचनेवाला; **Brewery** (-अर्-इ) -*n.* a building used for brewing. शराब बनाने का स्थान; **Brewing** (-इङ्ग्)-*n.* the process of preparing liquors from malt. शराब बनाने की क्रिया।

Bribe-ब्राइब्-*n.* an illegal reward given to someone. उत्कोच, घूस, रिश्वत;-*v. t.* to give bribe. घूस देना, मुट्ठी गरम करना; **Briber** (-अर्)-*n.* one who gives bribe. घूस देने वाला; **Bribery** (-अर्'-इ)-*n.* act of taking or giving bribes. घूस देने या लेने का कार्य।

Brick-ब्रिक्-*n.* clay moulded, shaped and baked. ईंटा ;-*v. t.* to block up with bricks. ईंट से चुन देना; **Brickbat** (fragment of a brick.) ईंट का टुकड़ा; **Brickfield** (-kiln) -*n.* place where bricks are made. आवाँ, भट्टा; **Bricky** (-इ) -*adj.* full of bricks or formed of bricks. ईंटों से पूर्ण, ईंटों का बना हुआ; **Brickwork** (building of bricks.) ईंटों से बनी हुई इमारत।

Bridal-ब्राइडल् - *adj. & n.* belonging to bride or marriage, a wedding feast. दुलहिन संबंधी, वैवाहिक, विवाह सम्बन्धी उत्सव।

Bride-ब्राइड्-*n.* a woman recently married or going to be married. कुमारी, नववधू, दुलहिन; **Bride's maid** (female attendant of a bride.) दुलहिन की सहेली; **Bride's man** (bridegroom's attendant.) दुलहा का सहचर।

Bridegroom-ब्राइड्'-ग्रूम्-*n.* (*fem.* Bride) a man recently married or going to be married. दुलहा, वर।


Bridge-ब्रिज्-*n.* a structure built across a stream, a kind of card-game. सेतु, पुल, एक प्रकार का ताश का खेल;-*v. t.* to build a bridge over. नदी, सड़क आदि पर पुल बाँधना।

Bridle-ब्रि'-इल्-*n.* the head-gear of a horse's harness, restraint. लगाम, संयम; - *v. t.* to put a bridle on horse, to bring under control. लगाम लगाना, वशीभूत करना।

Brief-ब्रीफ़्-*n.* a summary of law points. कानूनी बहस के लिये तैयार किया गया संक्षिप्त विवरण;-*v. t.* to reduce to a brief. संक्षेप करना;-*adj.* concise, short. अल्प (क्षणिक), संक्षिप्त; **Brief bag** (a small leather handbag.) चमड़े का छोटा हाथ का बेग; **In brief** (in a few words.) संक्षेप में; **To be brief** (to tell or write in short.) संक्षेप में कहना या लिखना; **Briefless** (-लेस्)-*adj.* (without a brief.) बिना संक्षेप का; **Briefly** (- लि) - *adv.* in short. संक्षेप में; **Briefness** (-नेस्)-*n.* संक्षेप।

Brier (Briar) - ब्रायर्-*n.* a prickly bush. काँटेदार झाड़ी, गोखरू ; **Briery** (-इ) -*adj.* full of briers. काँटेदार।

Brig-ब्रिग्-*n.* a two masted square-rigged vessel. दो मस्तूल का जहाज़।


Brig.

Brigade-ब्रि-गेड्'-*n.* a sub-division of an army. सेना का भाग, सैन्य-दल, छोटी पलटन;-*v. t.* to join a brigade. पलटन में भरती होना।

Brigadier- ब्रिग्'-ए-डिअर्' - *n.* the officer of an army commanding a brigade. छोटी पलटन का अफसर।

Brigand-ब्रिग्'-ऑन्ड्-*n.* a robber or free-booter. लुटेरा, डाकू।

Bright - ब्राइट्- *adj.* shining, vivid, clear, illustrious, quick-witted. उज्ज्वल, निर्मल, चमकीला, स्पष्ट, प्रसिद्ध, तीव्र बुद्धिवाला।

Brighten-ब्राइट्-एन्-*v. t.* to make bright, to make gay or cheerful. प्रदीप्त करना, विमल करना, प्रसन्न करना; **Brightly** (-लि) - *adv.* in a bright manner. स्पष्ट रूप से, उज्ज्वलता से; **Brightness** (-नेस्) - *n.* the state of being bright. चमकीलापन।

Brilliance, Brilliancy-see **Brilliant.**

Brilliant-ब्रिल्'-यन्ट्-*adj.* bright, splendid, showy, shining. देदीप्यमान, भड़कीला, दिखौवा, चमकदार ;-*n.* a diamond of the finest cut. चमकदार, पहलदार हीरा; **Brilliantly**

(-लि)-*adv*. in a brilliant manner. चमकीले-पन से; **Brilliance**(-यॅन्स्), **Brilliancy** (-यॅन्-सि)-*ns*. brightness. चमक-दमक।

Brilliantine-ब्रिल्'-यॅन्-टिन्-*n*. a preparation (cosmetic) for the hair. बाल चमकाने का मसाला।

Brills-ब्रिल्ज़्-*n*. the hair on the eyelids of a horse. घोड़े की बरौनी का बाल।

Brim-ब्रिम्-*n*. the upper edge of anything. कंठ, मुख, किनारा;-*v. t. & i.* (*p. t.* **Brimmed**.) to fill to the top, to be full to the top. मुँह तक भरना, भरा होना; **Brimful** (-फ़ुल) -*adj*. completely full. ऊपर तक भरा हुआ; **Brimless** (-लॅस्) -*adj*. having no brim. बिना किनारे का; **Brimmed** (-ड)-*adj*. with a brim. किनारेदार।

Brimmer-ब्रिम्'-मर्-*n*. a bowl full to the top. मुख तक भरा हुआ प्याला।

Brimstone-ब्रिम्'-स्टोन्-*n*.sulphur. गन्धक;-*adj*. pertaining to sulphur. गन्धक-संबंधी।

Brindle (d)-ब्रिन'-ड्ल (-ड) - *adjs*. tawny, brownish. भूरा, चितकबरा।

Brine-ब्राइन्- *n*. salt water, the sea, tears. खारा पानी, समुद्र, आँसू; -*v. t.* to wet with brine. समुद्र के जल से भिगोना।

Bring-ब्रिङ्ग्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Brought**-ब्रॉट्)to cause to come, to fetch, to prefer, to adduce. लाना (ले जाना), प्रस्तुत करना, सम्मुख रखना; **To bring about** (to effect.) होना; **To bring forth** (to give birth to.) बच्चा जनना; **To bring forward**(to continue from a preceding page.) पहिले पृ॰ से आगे लाना; **To bring home to** (to convince.) प्रतीत कराना; **To bring in** (to import.) बाहर से माल लाना; **To bring into play** (to cause to do.) कार्य में परिणत करना; **To bring into world** (to give birth.) उत्पन्न करना; **To bring to** (to obstruct.) गति रोकना; **To bring to bear** (to influence.) प्रभाव डालना; **To bring to mind** (to recollect.) याद करना, स्मरण करना; **To bring out** (to introduce.) परिचय देना, उपस्थित करना; **To bring up** (to nurse, to educate.) पालना-पोसना, शिक्षा देना।

Brinish-ब्राइन्'-इश्-*adj*. saltish. नमकीन।

Brinjal-ब्रिन्'-जॉल्-*n*. fruit of egg-plant, egg-apple. बैंगन, भंटा।

Brink-ब्रिङ्क्-*n*. edge, border. तट, किनारा; **On the brink of death or grave** (dying.) मरणासन्न, शीघ्र मरनेवाला।

Briny-ब्राइन्'-इ-*adj*. salty. नमकीन।

Brisk-ब्रिस्क्-*adj*. active, lively, full of spirit. तीव्र, चपल;-*v.i*.to brisk up.तीव्र होना; **Briskly** (-लि)-*adv*. in a brisk manner. तीव्रता से, शीघ्र; **Briskness** (-नॅस्)-*n*. agility. तीव्रता, तेज़ी।

Brisket, Briskit - ब्रिस्क्' - एट् (- इट्) -*ns*. breast of animals. पशुओं की छाती।

Bristle-ब्रिस्'-सल्-*n*. the stiff hair of swine. सुअर के कड़े बाल;- *v. i.* to cause hair to stand. रोमांचित होना, पुलकित हाना, रोवाँ खड़ा होना; **To set up one's bristle** (to agitate, to rouse temper.) क्रोध भड़काना।

Bristling-ब्रिस्ट्'- लिङ्ग्-*n*. a kind of small fish. एक प्रकार की छोटी मछली।

Britain-ब्रि-टॅन्-*n*. England, Wales and Scotland. विलायत का राज्य।

British-ब्रिट्-इश्-*adj*. pertaining to England, of British Empire. आँग्लदेशीय, अंग्रेजी; **Britisher** (ब्रिट्'-इश्-अर्)-*n*. one who is born in England. इँगलैंड में उत्पन्न पुरुष।

Briton-ब्रिट्'-ऑन्-*n*. an inhabitant of Great Britain. ग्रेट ब्रिटेन का निवासी।

Brittle-ब्रिट्'-ट्ल-*adj*. apt to break,not tough, fragile. कुड़कीला, कुरकुरा, सहज में टूटने योग्य; **Brittleness** (नॅस्)-*n*. the quality of being fragile or brittle. कुड़कीलापन।

Broach- ब्रोच्-*n*. a boring bit. बरमे की डॉस;-*v. t.* to pierce, to open up, to begin discussion. छेदना, खोलना, शास्त्रार्थ करना; **Broacher** (-अर्)-*n*. the publisher of a new idea. किसी नवीन विचार का प्रकाशक।

Broad-ब्रॉड्-*adj*. vast, wide, large, extensive, clear, outspoken, explicit. चौड़ा, बड़ा, विस्तृत (विस्तीर्ण), स्पष्ट; **Broad awake** (full conscious or awake.) पूर्ण सचेत या जगा हुआ।

Broadcast-ब्रॉड्-कास्ट्' - *v. t.* to transmit news, music &c. by wireless. बिना तार की तारबर्की से गाना, समाचार इत्यादि दूर देश में भेजना; **Broadcasting Station**-*n*. the place for transmitting radio programmes. रेडियो के द्वारा खबर या समाचार, गायन इत्यादि भेजने का स्थान।

Broadcasting-ब्रॉड् -कास्ट्-इंग्-*n*.transmission of wireless news for general reception, diffusion. बिना तार का संवाद-प्रसारण, प्रसारण।

Broadcloth-ब्रॉड्-क्लाथ्--*n*. fine double-width woollen cloth. बनात।

Broaden-ब्रॉड्'-एॅन्-*v. t. & i.* to make or grow broad. चौड़ा करना या होना।

Broadly-ब्रॉड्-लि-*adv*. in a broad manner. चौड़ाई से; **Broadness**-नॅस -*n*. the quality of being broad. चौड़ाई ।

Broadside-ब्रॉड्'-साइड् -*n*. the side of a ship which is above water. जहाज का पानी के ऊपर का भाग ।

Broadways-ब्रॉड्'-वेज़् -*adv* (also **Broadwise**.) along the breadth, breadthwise. चौड़े बल ।

Brob-ब्रॉब् -*n*. a wooden wedge to tighten a tenon. चूल कसने की फन्नी ।

Brocade-ब्रो-केड् -*n*. fabric with raised pattern in gold-thread or silk. किमखाब, जरीदार या बूटेदार कपड़ा; -*v. t.* to make brocade. किमखाब बीनना ।

Broccoli-ब्रॉक्-ॲ-लि-*n*. cabbage with edible flower. फूलगोभी ।

Brochure-ब्रॉ- शूर् - *n*. a stitched booklet. सिली हुई छोटी पुस्तक ।

Brocket-ब्रॉक्-इट्-*n*. a stag which is two years old. दो साल का हिरन ।

Broider-ब्रॉइड्'-अर्-*v. t.* to adorn with needle work. कसीदा काढ़ना, बेल-बूटा बनाना; **Broidery** (-इ) -*n*. brocade, embroidery. किमखाब ।

Broil-ब्रॉयल्-*n*. quarrel, tumult, discord. झगड़ा, लड़ाई; -*v. t.* to cook on coal. सेंकना, आग पर भूनना; **Broiler** (-अर्)-*n*. a gridiron. दमचूल्हा ।

Brokage-ब्रोक्'-एॅज्-*n*. same as **Brokerage**.

Broke-ब्रोक्-*p. t.* of Break. तोड़ा ।

Broken-ब्रोक्-एॅन् - *adj*. crushed, humbled, tame, rough, ruined, incomplete. टूटा हुआ, विनीत, पालतू, रूक्ष, नष्ट, अपूर्ण; **Broken-English** (incorrect English.) अशुद्ध अँग्रेजी; **Broken-ground** (uneven ground.) ऊँची-नीची जमीन; **Broken-hearted** (full of sorrow.) विह्वल, दु:खी; **Brokenly** (with breaks, in a broken way.) झटके से, टूटे हुए ढंग से; **Broken-numbers** (fractional numbers.) अपूर्ण अङ्क ; **Broken-sleep** (intermittent sleep.) उचटी नींद ।

Broker-ब्रोक्'-अर्-*n*. a middleman in bargains. दलाल; **Brokerage** (-एज्)-*n*. commission. दलाली,दस्तूरी; **Brokering** (-इङ्ग्)-*n*. charge for a transaction. दलाली का व्यवसाय ।

Bromide-ब्रोम्'-आइड्-*n*. a compound of bromine with a base. एक अँग्रेजी दवा ।

Bromine-ब्रोम्-इन्-*n*. a non-metallic element. एक रासायनिक तत्त्व ।

Bronchus-ब्रॉङ्क'- स - *n*. (*pl*. **Bronchi**) one of the two main divisions of windpipe. वायु-प्रणाली के दो प्रधान कोष्ठों में से एक; **Bronchial** (-अल्)-*adj*. (also **Bronchic**.) pertaining to bronchi. इन कोष्ठों से सम्बन्ध रखनेवाला; **Bronchitis** (ब्रॉङ्-काइट्-इस)-*n*. inflammation of bronchi. फेफड़े की सूजन ।

Bronze-ब्रॉन्ज़्-*n*. & *adj*. brown alloy of copper and tin. काँसा, कसकुट का, काँसे का; -*v. t.* to make like bronze in appearance. कसकुट के रंग का बनाना; **Bronzy** (-इ)-*adj*. of bronze colour. कसकुट के रंग का ।

Brooch-ब्रोच्-*n*. an ornamental jewelled safety-pin. स्त्रियों के वस्त्र में लगाने की रत्नजटित सुरक्षित पिन; -*v. t.* to adorn with a brooch. पिन लगाकर सजाना ।

Brood-ब्रूड्-*n*. hatch of birds or animals, offspring. पशु या पक्षियों के बच्चे; -*v. i.* to sit on eggs, to meditate. अंडा सेना, ध्यान में लीन होना; **Brooding** (-इङ्ग्)-*adj*. pondering deeply. अधिक चिन्ता करते हुए; **Broody** (-इ)-*adj*. wishing to brood or incubate. अंडा सेने की इच्छावाली ।

Brook-ब्रुक्-*n*. a small stream. स्रोत, छोटी नदी; -*v. t.* to bear, to endure. सहना, क्षमा करना; **Brooklet** (-लॅट्) -*n*. a small brook. छोटा नाला ।

Broom-ब्रूम्-*n*. a sweeping implement. बढ़नी, झाड़ू, बुहारी; **New broom** (new sweeper.) नया मेहतर; **Broomstaff**, **Broom-stick** (the staff or handle of a broom.) झाड़ू की डंडी ।

Broth-ब्रॉथ्-*n*. water in which meat &c. has been boiled. रसा, शोरबा ।

Brothel-ब्रॉथ्' - थल् - *n*. house of ill-fame (prostitution). वेश्यालय, रंडी का घर ।

Brother-ब्रद्'-अर्-*n*. (*pl*. *abbr*. **Bros**.) son of same parents. भ्राता,भाई ;(*pl*. Brothers) sons of the same parents. सहोदर भाई; **Brethren** (ब्रॅद्'-रन्)-*n*. brothers, companions, members of the same family. भाई-बन्धु, साथी, भ्रातृगण; **Brotherhood** (-हुड्)-*n*. companionship, fraternity, an association. भ्रातृभाव, बन्धुता, समाज; **Brotherless** (-लॅस्) -*adj*. without a brother. बिना भाई का; **Brotherlike** (-लाइक्)-*adj*. like a brother. भाई के समान; **Brotherliness**(-लि-नॅस्)-*n*. the state of being brotherly. भाईचारा; **Brotherly** (-लि) -*adj*. as a brother. भाई सदृश, बिरादराना; **Uterine Brothers** (those who are born of the same mother.) एक ही माँ की

सन्तति; **Brother-in-law** (brother of a husband or wife, sister's husband.) साला, बहनोई, देवर, जेठ।

Brougham-ब्रूअम् -*n.* a carriage drawn by one horse. एक घोड़े की गाड़ी।

Brought-ब्रॉट्-*p. t. & p. p.* of **Bring.**

Brow-ब्राउ-*n.* arch of hair over eye, forehead, edge, projection. भौंह, ललाट, किनारा; **To knit one's brow** (to frown.) भृकुटी चढ़ाना।

Browbeat-ब्राउ'-बीट्-*v. t.* to scold with words or looks, to bully. डाँटना, कटाक्ष से देखना।

Brown-ब्राउन्-*adj.* of dusky colour. भूरा, खैर के रङ्ग का;-*n.* brown colour. भूरा रङ्ग;-*v. t.* to make brown. भूरा करना।

Brownie-ब्राउन्'-ई-*n.* a domestic elf. एक प्रकार की परी।

Brownie-ब्राउन्'-ई-*n.* a junior girl guide. छोटी स्वयं सेविका।

Browning-ब्राउन्'- इङ्ग्-*n.* a kind of automatic pistol, a process of imparting brown colour to iron. एक प्रकार की पिस्तौल, लोहे पर कत्थई रंग चढ़ाने की क्रिया।

Brownish-ब्राउन्'-इश्-*adj.* somewhat brown. कुछ भूरा; **Brownness** (-ब्राउन्'-नेंस्) -*n.* भूरापन।

Browse-ब्राउज़्-*n.* new leaves of trees. नई पत्तियाँ, पंखडी; -*v. t.* to feed on leaves, to read for enjoyment. पत्ती खाना, चरना, आनन्द लेने के लिये पढ़ना।

Bruise-ब्रूज़्-*n.* injury by blow. आघात, चोट; *v. t.* to injure by blow. आघात करना, कुचलना; **Bruiser** (-अर्) -*n.* one who bruises, a boxer. कुचलनेवाला, (इनाम के लिये) मुक्की लड़नेवाला।

Bruit-ब्रट् - *n.* report, rumour. सूचना (जनप्रवाद), झूठी खबर या झूठा समाचार; -*v. t.* to spread a false report. झूठी खबर या झूठा समाचार फैलाना।

Brumal-ब्रूमल्-*adj.* belonging to the winter. शीत ऋतु सम्बन्धी, जाड़े के मौसिम का।

Brumous-ब्रू'-मस्-*adj.* foggy, wintry. कुहरे से भरा हुआ, जाड़े का।

Brunette-ब्रू - नेंट्' -*n.* dark-skinned and brown-haired woman with dark eyes. श्यामा, श्यामवर्णा स्त्री।

Brunt-ब्रन्ट् -*n.* fierce shock or attack, blow. प्रहार, धक्का, चोट।

Brush-ब्रश्-*n.* an implement set with hairs or bristles for scrubbing or sweeping, a thicket. कूँची, बुरुस, बालों की बनी कलम, झाड़ी, झाड़ू;-*v.t.* to sweep, to put in order. झाड़ू देना, साफ़ या स्वच्छ करना, सँवारना, रगड़ना। **The brush** (painter's brush.) चित्र बनानेवाले की क़लम; **To brush aside** (to pass over, to injure.) ध्यान न देना, नष्ट करना; **To brush over** (to paint lightly.) हल्का रङ्ग लगाना; **To brush up** (to renew, to revive.) ताजा करना।

Brushwood-ब्रश्' - वुड् - *n.* close thicket, underwood. घनी झाड़ी।

Brusque-ब्रस्क्-*adj.* blunt, rude. फूहड़, असभ्य;

Brusqueness (-नेंस्) -*n.* bluntness of manner. फूहड़पन।

Brustle-ब्रस्-सल्-*v. i.* to rustle, to crackle. खड़खड़ाना।

Brutal-ब्रू'-टल् - *adj.* rude, savage, cruel. असभ्य, जङ्गली, क्रूर; **Brutalism** (-इज़्म्)-*n.* rude behaviour. असभ्य व्यवहार; **Brutality**-(-टॅलि-इट्-इ)-*n.* cruelty, rudeness. निर्दयता, असभ्यता; **Brutalize** (-आइज़्)-*v. t.* to make cruel. निर्दयी करना; **Brutally** (-लि) -*adv.* in a cruel manner. निर्दयता से।

Brute-ब्रूट्-*n.* a beast, a stupid, passionate or cruel person. पशु, मूर्ख, निर्दयी, कामी पुरुष, कठोर नर; -*adj.* irrational, unintelligent, rude. पाशविक, मूर्ख, असभ्य; **Brute force.** (lower nature in man.) पाशविक शक्ति, नीच प्रकृति।

Brutish-ब्रूट्'-इश्- *adj.* like a brute. पशु के समान; **Brutishly** (-लि)- *adv.* in a brutish manner. पशुवत्, पशु की तरह से।

Bubble-बब्'-ब्ल् -*n.* an air-filled cavity in water, an unsubstantial project or scheme. बुल्ला, बुलबुला, असार वस्तु या योजना;-*v. t. & i.* to give off or to rise in bubbles, to cheat. बुलबुला उठाना या उठना, धोखा देना।

Bubo-ब्यू' - बो - *n.* (*pl.*-es) an inflamed swelling in the armpit. कखौरी।

Bubonic-ब्यू-बॉन्'-इक्-*adj.* characterised by buboes. गाँठ सम्बन्धी (यथा प्लेग रोग में काँख आदि में गिल्टी निकलना)।

Buccal-बक्-कल्-*adj.* pertaining to the cheek. गाल सम्बन्धी।

Buccaneer-बुक्'औ-नियर्'-*n.* a pirate, a freebooter. जहाजी लुटेरा।

Buck-बक्-*n.* (*fem.* Doe.) male deer, chamois, a fob. हिरन, साबर, छैला; -*v. t.* to jump vertically. पैर समेटकर (घोड़े का) उछलना।

Bucket-बक्-इट् -*n.* a vessel for drawing or

carrying water. डोल, बालटी; **Bucketful** (-फुल्)-*n.* as much as a bucket will hold. बालटीभर ।

Buckle-बक्'-कल्-*n.* a hinged contrivance for fastening ribbon &c. बकसुआ ;-*v. t. & i.* to fasten with a buckle, to get to work, to wrinkle, to bend. बकसुये से बाँधना, काम करना, ऐंठना, झुकना ।

Buckler-बक्'-लर्-*n.* a small shield, protection. छोटी ढाल, रक्षा ।

Buckram - बक्' - रम्-*n.* a stiffened coarse cloth. चिमड़ा वस्त्र, बकरम ।

Buckshot-बक्'-शॉट्-*n.* a large size shot for gun. बन्दूक की बड़ी गोली ।

Buckwheat-बक्'-व्हीट्-*n.* a cereal which is used for horse. मोथी नामक अन्न ।

Bucolic-ब्यू-कॉल्'-इक् - *adj.* pastoral, rustic. ग्रामीण (गड़ेरिया सम्बन्धी), देहाती ।

Bud-बड्-*n.* first leaf, shoot or flower, anything undeveloped. कलिका,मुकुल,कली,अंकुर, कोंपल;-*v.i.&t.*(*p.t.***Budded.**)to spring forth as buds, to begin. कली निकलना, आरम्भ करना; **Budding** (-डिङ्ग्)-*adj.* opening as a bud. कली फेंकते हुए; **In bud.** कली की अवस्था में; **To nip in the bud** (to destroy in the process of growth.) बढ़ने की अवस्था में नष्ट करना ।

Budge-बज् -*v. i. & n.* to make the slightest movement, to give way, lambskin fur. सरकना, घिसकना, हिलना, मेमने का बाल ।

Budget-बज्-इट्-*n.* contents of a bag or bundle, a stock, annual estimate of accounts. कोष (संग्रह), पूँजी, आय-व्यय का वार्षिक अनुमान; -*v. i.* to provide for expenditure. व्यय के लिए पहिले से प्रबन्ध करना ।

Budless-बड्' - लॅस् - *adj.* without bud (unopened flower) बिना कली का ।

Budlet-बड्'लेट् -*n.* a small bud (unopened flower.) छोटी कली ।

Buff-बफ् - *n.* leather of buffalo or-oxhide, a blow. भैंस या बैल का चमड़ा, घूँसा;-*v. t.* to polish with buff, to burst out. ऐसे चमड़े के पहिये से किसी धातु पर पालिश करना, फूट पड़ना; **Buff-wheel** (a wheel for polishing.) चमड़ा चढ़ा हुआ पालिश करने का पहिया ।

Buffalo-बफ्'-फे -लो - *n.* (*pl.* **Buffaloes.**) a species of ox. भैंस;-*v. t.* to overawe, to bewilder. अधिक डरवाना, घबड़वाना ।

Buffer-बफ्'-फ़र् -*n.* an apparatus for deadening the force of concussion. धक्का या झटका रोकने का यन्त्र (जो रेल की दो गाड़ियों के बीच में लगा होता है); **Buffer state**-*n.* a small state between two large ones. दो बड़ी रियासतों के बीच की छोटी रियासत ।

Buffet-बफ्'-फ़िट्-*n. & v. t.* (*p. t.* **Buffeted.**) a slap, a blow, to knock, to slap, to hurt. थप्पड़, घूँसा मारना; **Buffet** (बुफ़्'-फे)-*n.* a sideboard, a refreshment-bar. सामान रखने की खुली आलमारी, एक साथ खड़े-खड़े जलपान करने की व्यवस्था ।


Buffoon-बफ़्'-फ़ून्-*n.* jester or mocker. विदूषक, भाँड़, ठिठोलिया; **Buffoonery** (फ़ून्'-अर्-इ)-*n.* jest of a buffoon. भँड़ई, हँसी, दिल्लगी ।

Bug-बग्-*n.* a blood-sucking insect infesting beds. मत्कुण, खटमल, उड़ुस ।

Bugbear-बग्-बॅअर्-*n.* a false terror, an idle phantom, an object of dread. झूठा भय, भय हेतु, हौआ; -*v. t.* to alarm with idle fear. झूठा भय उत्पन्न करके डेरवाना; *adj.* causing fear. डरानेवाला, भयानक ।

Buggy-बग्'-गि-*n.* a four-wheeled light carriage. पालकी गाड़ी, बग्घी ।

Bugle-ब्यू-गल्-*n.* a small trumpet of brass. बिगुल, सिंगी, तुरही;-*v. t.* to call on a bugle. बिगुल बजाकर पुकारना; **Bugler** (-अर्) -*n.* a man who sounds a bugle. बिगुल बजानेवाला ।


Bugle.

Buglet-ब्यूग्'-लेट् -*n.* a small trumpet or bugle. छोटा बिगुल ।

Buhl-बूल्-*n.* an inlaid work on brass or other metal. धातु पर 'बुली' से नकाशी किया हुआ काम ।

Carcase, Carcass-कार्-कॅस्, कार्'-कस् - *ns*. a dead body or corpse, worthless remains, a perforated bombshell. शव (लोथ, मुर्दा), निरर्थक पदार्थ, एक प्रकार का बम का गोला।

Card-कार्ड्-*v. t.* to cleanse wool or hemp. ऊन या पटुआ साफ करना, ऊन या रूई धुनना **Carding machine** (a machine for cleansing cotton, wool &c.) रूई या ऊन धुनने का यन्त्र।

Card-कार्ड् - *n*. a thick piece of stout paper used in playing, a piece of pasteboard. ताश, दफ़्ती; **House of cards** (insecure plan.) अरक्षित योजना ; **To show one's cards** (to expose one's plans.) अपनी योजना को प्रत्यक्ष करना; **Admission card**. प्रवेशपत्र; **Card-sharper**-*n*. ताश के खेल में धूर्तता से जीतने-वाला; **Visiting Card**. भेंट करने का कार्ड; **Cardboard** (pasteboard)मोटा कागज, दफ़्ती।

Cardamom - कार्ड - मम् - *n*. an aromatic pungent spice. एला, इलायची।

Cardiac, (al)-कार्' - डि - ॲक्, (ॲल) -*adjs*. pertaining to the heart. हृदय सम्बन्धी।

Cardialgia-कार्डि-ॲल्'-जि-ॲ- *n*. heart-burn. कलेजे का दाह।

Cardinal-कार्डिनल् - *n*. the chief of Roman Catholic Church. कैथोलिक धर्माध्यक्ष; -*adj*. fundamental, important. प्रधान(तत्त्व सम्बन्धी), मुख्य; **Cardinal number** (simple number.) गुणात्मक संख्या; **Cardinal points** (the four original points of the compass.) चार प्रधान दिशायें।

Cardiograph-कार्डि - ओ - ग्राफ् -*n*. an instrument for registering the beats of pulse नाड़ी की धमक जानने का यन्त्र।

Care-कॅअर्-*n*. anxiety, heed or caution, protection, attention. चिन्ता, सावधानी, रक्षा, ध्यान;-*v. i.* to feel concern for, to provide food for, to feel regard for. चिन्तित होना, भोजन इत्यादि का प्रबन्ध करना, विचार करना; **Care of** (C/o.) द्वारा, बरमकान; **Careworn** (full of anxiety, troubled with care.) चिन्ताग्रस्त; **To take care of** (to take charge of.) सँभालना; **To care not a pin** (not to take care in the least.) लेश मात्र भी चिन्ता न करना।

Careen-कॅ-रीन्'-*v.t.* to lay a ship on her side for repairing. मरम्मत करन के लिए जहाज को एक ओर झुकाना।

Career-कॅ-रि-अर्'-*n*. course of life, way of making a livelihood, a race. चरित्र, जीवन-वृत्ति, घुड़दौड़;-*v. i.* to go swiftly. तेजी से जाना।

Careful-कॅअर् -फुल् -*adj*. anxious, cautious. सचेत, सावधान; **Carefulness** (-फुल्-नॅस्)-*n*. cautiousness. सावधानी; **Carefully** (-फुल्-लि) -*adv*. with caution. सावधानी से।

Careless-कॅअर्-लॅस् -*adj*. heedless, thoughtless. असावधान, लापरवाह; **Carelessness** (-लॅस्-नॅस्)-*n*. heedlessness. असावधानी।

Caress-कॅअ-रॅस्-*v. t.* to fondle, to embrace. लाड़ करना, आलिंगन करना;-*n*. a fondling touch. आलिंगन, दुलार; **Caressing** (-इङ्ग्) -*adj*. treating with affection. दुलार दिखलाने-वाला।

Caret-कॅर्-एट् -*n* a mark (^) placed below a line to show that something is omitted छूटा हुआ शब्द दिखाने का यह (^) चिह्न, काकपद।

Cargo-कार्-गो-*n*. freight of a ship, a ship's load. जहाज़ का भाड़ा, जहाज का भार।

Caricature-कॅरिकॅचर्-*n*. a grotesque representation of a person or thing. हास्यजनक चित्र;-*v. t.* to ridicule. हँसी उड़ाना; **Caricaturist** (-इस्ट्) -*n*. one who caricatures. ऐसा चित्र बनानेवाला।

Caries-केॅअर्-इ-ईज़्-*n.* decay of bones or teeth. हड्डियों या दाँतों का सड़ना।

Carious-केरि-अस् -*adj.* rotten, ulcerated. सड़ा हुआ, गलित ।

Cark-कार्क्-*n.* care. चिन्ता;-*v. i.* to be careful. सचेत या सावधान होना।

Carking-कार्क्' - इङ्ग्-*adj.* distressing. कष्ट-कारक।

Carl-कार्ल् - *n.* a mean fellow, a rustic, a husbandman, a clown. नीच पुरुष, गँवार मनुष्य, किसान, खेतिहर, विदूषक, भाँड़ ।

Carline-कार्लिन् - *n. fem.* an old woman, a witch. बूढ़ी औरत, डाइन ।

Carman-कार्'-मॅन्-*n.* a man who drives a cart. बैलगाड़ी हाँकनेवाला।

Carminative-कार्-मिन्'-एट्-इव्-*n.* & *adj.*curing flatulence. शरीर की वायु या वात विकार या बादी हटाने की दवा।

Carmine-कार्'-माइन-*n.* red-colouring matter. लाल रंग।

Carnage-कार्-निज्-*n.* great slaughter of men. संहार, हत्याकाण्ड।

Carnal-कार्-नल्'-*adj.* sensual, fleshy, worldly, not spiritual. विषयी, शारीरिक, सांसारिक; **Carnal pleasures** (sensual pleasures.) विषय-सुख; **Carnal desires** (sensual appetites.) विषय-वासना।

Carnality-कार्-नॅल्-इट्-इ-*n.* carnal state of mind. विषयासक्ति, कामुकता; **Carnally** (-लि) *-adv.* in a carnal manner. कामुक की तरह।

Carnation-कार्ने '-शन्-*n.* flesh-colour, rosy-pink colour. मांस का रंग, लोहित वर्ण।

Carnival-कार्नि-व़ल् - *n.* a riotous festival, revelry. आनन्द उत्सव।

Carnivora-कार्निव़रा - *n. pl.* mammals that feed upon other's flesh. मांसभक्षी पशुओं की जाति; **Carnivore** (-व़ोर्)-*n.* flesh-eating animals. मांसाहारी पशु।

Carnivorous-कार्निव़ॅर्'-अस् - *adj.* feeding on flesh. मांसाहारी (पशु)।

Carol-कॅरॅल्'-*n.* joyous song. आनन्द का गीत, स्तोत्र;-*v. t.* to utter such songs. हर्ष के गीत गाना; **Caroller** (-अर्)-*n.* one who sings a joyous song. हर्ष के गीत गानेवाला।

Carousa -कॅ-राउज़्'-अल्-*n.* a noisy drinking-bout. मद्यपान का उत्सव।

Carouse-कॅ-राउज़्'-*v. t.* to drink deep. अधिक मदिरा पीना;-*n.* a drinking-bout. मद्यपान की मण्डली; **Carouser**(-अर्)-*n.* a reveller. मद्यपान करनेवाला।

Carp-कार्प्-*n.* a fresh-water fish. मीठे पानी की एक मछली;-*v. i.* to find fault. छिद्र खोजना, दोष निकालना।

Carpal-कार्-पल् - *adj.* pertaining to wrist. कलाई का।

Carpenter-कार्'- पॅन् - टर् - *n.* a worker in timber, a wood-worker. बढ़ई; **Carpentry** (-ट्रि)-*n.* working in wood. बढ़ईपन, बढ़ई का काम।

Carpet-कार्-पॅट्-*n.* a thick fabric for covering the floor. क़ालीन, ग़लीचा, दरी;-*v. t.* cover with a carpet. दरी बिछाना; **Carpet-bag** (a traveller's bag.) यात्री का झोला; **Carpet-knight** (a soldier who stays at home.) घरेलू शूर; **On the carpet** (under discussion, under reproof.) विचाराधीन (विषय), निन्दित।

Carping-कार्प्'-इङ्ग्-*n.* cavilling, fault-finding. निन्दा, दोष निकालना।

Carpus-कार्-पस्-*n.* the bones that make up the wrist, the wrist. कलाई की हड्डियाँ, कलाई।

Carriage-कॅर्-रिज्-*n.* transport, bearing, deportment, wheeled vehicle, cost of conveying. परिवहन, गाड़ीभाड़ा, चौपहिया गाड़ी, पहुँचाने का किराया; **Carriage-clock** (clock that can go in any position.) प्रत्येक स्थिति में चलनेवाली घड़ी; **Carriage-stand** (place where carriages stand.) गाड़ियों के ठहरने का स्थान; **Hackney-carriage** (carriage plied for hire.) भाड़े की गाड़ी।

Carriageable-कॅर्-रिज्' -ऍबल्-*adj.* able to be conveyed in carriages. गाड़ी में ले जाने योग्य।

Carrier-कॅर्'-रि-अर् -*n.* a person who plies for hire, part of a bicycle. किराया लेकर पहुँचानेवाला मनुष्य, बोझा ले जानेवाला, बाइसिकिल में बोझा ले जाने के लिए लगाया हुआ पटरा।

Carriole-कॅर् -रि-ओल्-*n.* a kind of small open carriage. छोटी खुली गाड़ी।

Carrion-कॅर्'-रि-ॲन्-*adj.* rotten, loathsome सड़ा हुआ, गन्दा;-*n.* dead putrefying flesh of an animal. सड़ा हुआ गन्दा मांस।

Carrot - कॅरॅट् - *n.* a plant with tapering red-coloured or yellow edible root. गाजर।

Carry-कॅर्-रि -*n.* range of gun, position of carrying. बन्दूक की गोली की पहुँच, ले जाने की स्थिति;-*v. t.* & *i.* (*p.t.* **Carried.**) to convey, to conduct, to extend, to transfer. ले जाना, मार्ग दिखलाना, बढ़ाना, बदलना; **To carry away** (to remove.) हटा ले जाना; **To**

carry fortress (to win fort, to capture.) किला जीतना; To carry forward (to carry accounts on another page.) हिसाब की रकम दूसरे पन्ने में ले जाना; To carry off (to remove.) हटाना ; To carry on (to manage.) प्रबन्ध करना; To carry one's point (to possess.) ले लेना; To carry oneself (to behave.) आचरण करना; To carry out (to accomplish.) पूर्ण करना, आज्ञा पालन करना; To carry the hay (to be victorious.) विजयी होना; To carry through (to complete.) पूर्ण करना; To carry weight (to be influential.) प्रभावशाली होना; To carry with one (to remember.) स्मरण करना, याद करना।

Cart-कार्ट् - *n.* a two-wheeled vehicle for carrying goods. सग्गड़, छकड़ा; *-v.t.* to convey on a cart. छकड़े पर सामग्री ले जाना; **Cartage.** गाड़ी भाड़ा ; **Cartload** (a large quantity of anything.) किसी पदार्थ का अधिक परिमाण; **Cart-road** (a rough road.) ऊँची-नीची सड़क; **Cartwright** (one who makes carts.) छकड़ा बनानेवाला; **To put the cart before the horse** (to reverse the order.) क्रम पलट देना।

Carte-de-visite-कार्ट-ड - विज़ीट् - *n.* a small photograph pasted on a card. कार्ड पर चिपकाया हुआ साढ़े तीन इञ्च लम्बा सवा दो इञ्च चौड़ा फोटो का चित्र।

Cartel-कार्टेल् - *n.* a written challenge to duel, an agreement for exchange of prisoners of war. द्वन्द्वयुद्ध करने के लिये ललकारनेवाला लिखित पत्र, युद्ध के कैदियों को बदलने का इकरारनामा।

Carter-कार्टर्-*n.* the man who drives a cart. गाड़ीवान्।

Cartilage-कार्टिलिज् -*n.* firm elastic tissue, gristle. कोमलास्थि, कड़ी लचीली हड्डी; **Cartilaginous** (ऍजिनस्) - *adj.* like a cartilage. कोमलास्थि के प्रकार का, लचीला।

Cartographer-कार्ट-ऑग्-रॅफ्-अर्-*n.* one who draws or makes maps. नकशा खींचने या बनानेवाला।

Cartography-कार्टो-ग्र-फि-*n.* map drawing. नकशा खींचने की कला।

Carton-कार्टन्-*n.* a cardboard (paste-board) box for holding goods. सामान रखने का दफ़्ती का बक्स।

Cartoon-कार्टून्-*n.* a drawing on stout paper, comic illustration. मोटे पुष्ट कागज पर बना हुआ चित्र, हँसी उत्पन्न करनेवाला (हास्यकर) चित्र, व्यंग चित्र।

Cartouche-कार्टूश्-*n.* a case for holding cartridges. कारतूस रखने का बक्स।

Cartridge-कार्ट्रिज् - *n.* an explosive for firearms. कारतूस; **Blank cartridge** (empty cartridge.) बिना गोली की कारतूस; **Cartridge-paper** (a kind of stout drawing paper.) चित्र खींचने का पुष्ट कागज।

Caruncle-कॅर्'-रङ्-कल्-*n.* a kind of soft fleshy tumour. मांसग्रन्थि।

Carve-कार्व्-*v. t.* to cut, to cover, to adorn, to cut up meat, to sculpture. काटना, ढाँकना, सजाना, मांस काटना, मूर्ति बनाना; **To carve out** (to cut into parts.) विभाग करना; **Carver** (-अर्)-*n.* खोदकर मूर्ति बनानेवाला; **Carvers** (-अर्स्) -*n. pl.* carving knife. भोजन के समय प्रयुक्त होनेवाली छुरी।

Carving-कार्व्'-इङ्ग्-*n.* the act or art of cutting figures. नकाशी का कार्य या कला।

Cascade-कॅस्कॅड्'-*n.* a small waterfall. वारि-प्रवाह, छोटा झरना।

Case-केस्-*n.* occurrence, position, condition, suit, (*gram.*) inflexion of nouns &c., box, outer covering, receptacle with compartments. घटना, स्थान, स्थिति, मुकदमा, (व्या०) संज्ञा के कारक, बक्स, बाहरी ढकना, गिलाफ़, खानेदार डिब्बा; **If such be the case** (if it happens.) यदि ऐसा हो; **In any case** (whatever may happen.) हर हालत में; **In case if** (lest.) ऐसा न हो कि, यदि; **In case of** (in the event of.) अवस्था में; **In the present case** (in existing circumstances.) प्रस्तुत विषय में; **This being the case** (in that circumstance.) ऐसा होते हुए; **Upper case** (English typecase for capital letters.) टाइप के बड़े अक्षर रखने का खाना।

Casein-के'-सि-इन्-*n.* the cheesy substance of milk. दूध में का ठोस भाग।

Casement-केस्-मेन्ट्-*n.* a hinged frame to hold windows. खिड़की का कब्जेदार पल्ला।

Caseous-के'-सि' - अस्-*adj.* having the qualities of cheese. पनीर के सदृश।

Cash-कॅश्-*n.* (*no plural*) ready money, species or bank notes. रोकड़, नगदी धन, कोष या बंक के नोट; **Cash-book** (account-book.) रोकड़ बही; **Cash payment** (payment in ready money.) नगद चुकौता; **Cash price** (ready money.) नगद दाम; **Cash-register** (an automatic machine that records the amount that is put into it.) एक यन्त्र जिसके द्वारा मुद्रा रक्खे जाने की संख्या का पता लगता है।

Cashier-कैशि'-इ-अर्-*n.* one who keeps accounts. रोकड़िया, खजाञ्ची; -*v. t.* to dismiss. नौकरी से हटाना ।

Cashmere-कैश्'-मिअर्-*n.* fine woollen shawl. पश्मीने का दुशाला ।

Casing-केस्'-इङ्ग्-*n.* a covering. ढप्पन, ढकना ।

Casino-की'-सी'-नो-*n.* a public music or dancing room. नाचघर ।

Cask-कास्क्'-*n.* a wooden vessel for holding liquors. पीपा, कठवत ।

Casket-कास्क्'-इट्-*n.* a small box used for keeping jewels, letter or cremated ashes. जवाहिरात, पत्र या शव की राख रखने का बक्स ।

Casque-कास्क्'-*n.* a helmet. फ़ौजी टोपी ।

Cassia-कैश्-या'-*n.* a coarser kind of cinnamon. मोटी दालचीनी, तेजपात ।

Cassock-कैसॅक्-*n.* a long close tunic. गाउन के नीचे पहिनने का वस्त्र, गंजी ।

Cast-कास्ट्-*n.* direction, a throw of dice, motion of the eye, guidance, chance. shape, mould, inclinatino. दिशा, पासे का फेंकना, आँख की चाल, निर्देश, अक्सर, आकृति, साँचा, रुचि, रुझान; -*v. t.* to throw, to fling, to give, to deposit, to mould, to calculate. फेंकना, देना, रखना, ढालना, गणना करना; **To cast a horoscope** (to prepare a hortoscope.) जन्मपत्री बनाना; **To cast an eye** (to glance.) नज़र डालना; **To cast aside** (to abandon.) त्याग देना; **To cast a spell** (to mystify.) जादू डालना; **To cast into prison** (to put into prison.) क़ैद करना; **To cast in one's teeth** (to upbraid.) गाली देना; **To cast lots** (to decide by lots.) चिट्ठी डालकर निर्णय करना; **With cast look** (with drooping eyes.) मुँह नीचा किये हुए; **To cast sloughs.** (सर्प का) केचुली छोड़ना ।

Castaway-कास्ट्'-अ-वे-*n.* a ship-wrecked person. जहाज़ डूब जाने पर बचा हुआ मनुष्य; -*adj.* useless. निरर्थक ।

Caste-कास्ट्-*n.* hereditary fixed class of society. वर्ण, जाति, कुल; **High caste** (high social status.) उच्च कुल; **Low caste** (low social status) हीन जाति; **Mixed caste** (hybrid.) वर्णसंकर, दोगला ।

Castellan-कैस्-टेॅल्-लीन्-*n.* the governor of a castle. दुर्ग का अधिपति ।


Castigate-कैस्-टिग्-एट्'-*v. t.* to chastise, to punish, to correct. ताड़ना देना, दण्ड देना; **Castigation** (-ए'-शन्)-*n.* chastisement. ताड़ना, दण्ड; **Castigator** (-एट् -अर्)-*n.* a chastiser. दण्ड देनेवाला ।

Casting-कास्ट्'-इङ्ग्-*n.* a moulding. धातु को गलाकर ढलाई; **Casting vote** (the vote of a president in case the votes are equal.) बराबर राय होने पर निर्णय के लिये सभापति के निजी मत (वोट) का प्रयोग ।

Cast-iron-कास्ट्'-आयरन्-*n.* iron melted and cast in moulds. कान्ती लोहा, ढला हुआ लोहा ।

Castle-कैस्'-ल्-*n.* a stronghold, a plece in chess, a large ship of war. किला (गढ़, कोट), शतरञ्ज के खेल का हाथी, बड़ा जंगी जहाज़; -*v. t.* to enclose with a castle, to cover the king with a castle in chess. किलेबन्दी करना, (शतरञ्ज में) फ़ील को बादशाह के सामने लाकर शह देना; **To build castles in the air** (to form a visionary project.) हवा में पुल बाँधना, मन के लड्डू खाना ।

Castor - कैस्ट्' - अॅर् -*n.* a substance obtained from beaver,condiment bottle, small wheel on legs of chair or table, an oil-seed. ऊदबिलाव से प्राप्त एक पदार्थ, मसाले की बोतल, कुरसी या टेबुल के पाये में लगा हुआ पहिया, रेंड़ी ।


Castor.

Castor-oil-कैस्ट्'-अॅर्-ऑयल्-*n.* oil extracted from castor. रेंड़ी का तेल ।

Castral-कैस्-ट्रल्-*adj.* pertaining or belonging to a camp. खेमे का ।

Castrate-कैस्-ट्रेट्-*v. t.* to geld, to remove testicles. अण्डकोष निकाल देना, बधिया करना; **Castrated** (-ऍड्)-*adj.* gelded. बधिया किया हुआ; **Castration** (-ट्रे'-शन्)-*n.* the act of castrating. पुंसत्व-हरण, बधिया करना ।

Casual-कैज़्'-यू-अल्-*adj.* accidental, occasional, happening by chance, irregular, careless. आकस्मिक, सामयिक, अकस्मात् होनेवाला, नियमविरुद्ध, लापरवाह; **Casual labourer** (one who works periodically.) समय समय पर काम करनेवाला; **Casually** (-लि)-*adv.* accidentally. दैवयोग से; **Casualty** (-टि)-*n.* accident, mishap. दुर्घटना,आपत्ति; **Casualties** (-टीज़्)-*pl.* list of men killed or wounded. युद्ध में मरे हुए या घायल मनुष्यों की संख्या ।

Casuist-कैज़्'-यू-इस्ट्-*n.* a sophist, a quibbler. धर्माधर्म-विचारक, प्रलाप ।

Cat-कैट्-*n.* a small carnivorous domestic animal, a spiteful woman. मार्जार, बिड़ाल, बिल्ली, ईर्ष्यालु स्त्री; **Cat-burglar**-*n.* मकान पर

चढ़कर चोरी करनेवाला; **Cat and dog life** (quarrelsome life.) कलहपूर्ण जीवन; **Cat's-eye** (a kind of gem.) लहसुनिया (रत्न); **See which away the cat jumps** (see what comes next.) देखो अब क्या परिवर्तन होता है ; **To bell the cat** (trying something impossible.) असम्भव को सम्भव करने का उद्योग; **Tom-cat** (male cat.) नर बिल्ली; **To rain cats and dogs** (to rain in heavy showers.) मूसलाधार वृष्टि होना ; **To turn cat in pan** (to change sides.) रुख बदलना।

Cata-कैट्' - ऑं-a *pref.* signifying 'back, against'. 'पीछे, विपरीत' अर्थ का उपसर्ग।

Cataclysm-कैट्'-ऑं-क्लिज़्म्-*n.* a great flood, deluge. प्रलय।

Catacomb-कैट्'-ऑं-कोम् - *n.* a subterranean place for burying the dead, a wine-cellar, मुर्दा रखने का तहखाना, शराब रखने का तहखाना।

Catalepsy-कैट्'-ऑं - लेॅप् - सि - *n.* a disease in which trances occur. अपस्मार, मिरगी रोग; **Cataleptic** (-लेॅप्ट्'-इक्)-*adj.* pertaining to catalepsy. अपस्मार् रोग (मिरगी) सम्बन्धी।

Catalogue-कैट्'-ऑं-लॉग्-*n.* an alphabetical list. वर्णक्रमानुसार सूचीपत्र; - *v. t.* to enumerate, to enter in a list. गणना करना, सूची में दर्ज करना।

Catamaran-कैट्'-मॉ-ऑं-रॅन्-*n.* a raft or float of logs. लट्ठों का बेड़ा।

Cataplasm-कैट्'-ऑं-प्लैज़्म्-*n.* a poultice.फोड़े आदि पर बाँधने की पुलटिस।

Catapult-कैट्'-ऑं-पल्ट्-*n.*a contrivance for discharging darts, stones &c. तीर, ढेला आदि को फेंकने का एक यन्त्र, ढेलवाँस।

Cataract-कैट्'-ऑं-रॅक्ट्-*n.* a great fall of water, an eye-complaint. जल का बड़ा प्रपात, मोतियाबिन्द नामक आँख का रोग।

Catarrh-कैट्-टार्' -*n.* inflammation of mucous membrane, cold. श्लेष्मा, सर्दी, जुकाम; **Catarrhal** (-अल्) - *adj.* pertaining to catarrh. कफ़ या जुकाम-सम्बन्धी।

Catastrophe-कैट्-ऑस्ट्'-र-फ़ि-*n.* disastrous ruin. बड़ी आपत्ति, दुर्गति;**Catastrophic** (-रॉफ़्'-इक्)-*adj.* pertaining to a sudden calamity. अकस्मात् आ जानेवाली विपत्ति संबंधी।

Catch-कैच्-*v. t.&i.* to capture, to ensnare, to overtake, to take hold, to be entangled. पकड़ना, फँसाना,दौड़ाकर पकड़ लेना, फँसना;-*n.* act of seizing,advantage,deception,a door-latch.पकड़, सुविधा, छल, चटखनी (बिलैया) ; **Catch me**(surprise.) आश्चर्य ! **Catchpenny** (a worthless thing.) भ्रष्ट पदार्थ; **To catch ball** (in a way that it may not touch earth.) पृथ्वी पर गिरे बिना गेंद को पकड़ लेना; **To catch cold** (to be affected with cold.)सर्दी लग जाना; **To catch fire** (to ignite, to be passionate or zealous.) आग लगना, कामुक होना, जोश से भर जाना;**To catch a glimpse of** (to have a momentary view of.) झलक पाना; **To catch one's breath** (to interrupt.) एकाएक रोकना; **To catch red-handed** (to catch hold of a person while committing a crime.) अपराध करते हुए पकड़ लेना: **To catch train** (to be in time for train.) रेलगाड़ी के समय से स्टेशन पर पहुँचना।

Catchable-कैच्-ऍ-ब्ल्-*adj.*able to be caught. पकड़ने योग्य; **Catcher** (-अर्)-*n.* one who catches. पकड़नेवाला।

Catching - कैच्' - इङ्ग् - *adj.* infectious, charming. संक्रामक (रोग), आकर्षक।

Catch-word-कैच्-वर्ड-*n.* a word to catch attention, a cue. ध्यान आकर्षित करने के लिये (लिखे हुए) शब्द (जैसे इस कोश में पृष्ठ के ऊपर छपे हैं),नाटक में किसी पात्र की उक्ति का अन्तिम शब्द।

Catchy-कैच्-इ-*adj.* attractive, deceptive. आकर्षक छलनेवाली।

Catechism-कैटि'-किज़्म्-*n.* instruction by question and answer. प्रश्नोत्तर रूपमें शिक्षा; **Catechismal** (-अल्)-*adj.* pertaining to catechism. प्रश्नोत्तर-सम्बन्धी, प्रश्नोत्तर रूप का।

Catechize-कैटि-काइज़्-*v. t.* to instruct by question and answer. प्रश्नोत्तर विधि से शिक्षा देने की प्रणाली।

Catechu-कैट्'-इ-चू-*n.* a substance extracted from a certain bark.खदिरसार, कत्था, खैर।

Categorical-कैटिगॅरिकल्-*adj.*absolute, explicit, positive, direct. पूर्ण, स्पष्टार्थ, नियत, सीधा; **Categorically** (-लि)-*adv.* in a categorical manner. स्पष्ट रूप से।

Category-कैटिगरि-*n.* equal class or rank, definite notion. समान वर्ग, (श्रेणी, पद) निश्चित विचार।

Catenate-कैटिनेट्-*v. t.* to connect like links. शृङ्खला (सिकड़ी) के समान बाँधना; **Catenation** (-ए'शन्) *n.* mutual connexion. परम्पर सम्बन्ध।

Cater-केॅ-टर् - *v. i.* to provide food or amusement.भोजन या मनोरंजन का प्रबंध करना; **Caterer** (अर्)-*n.* भण्डारी; **Cater-cousin** (-कज़िन्)--*n.* a remote relation. दूर का सम्बन्ध।

Caterpillar-कैट्'-अर्-पिल्-लर्-*n.* the larva of a moth or insect, a rapacious person. कीड़ा, झिनगा, लोभी आदमी।



Caterpillar

Cates-केट्स्-*n.pl.* delicious food, dainties. स्वादिष्ठ भोजन।

Catgut-कैट्'-गट् -*n.* twisted intestines of certain animals used as a string for instrument &c. ताँत, स्नायु।

Cathartic-कॅ-थार्टि-क् -*adj.* purgative. रेचक, दस्तावर (औषध)।

Cathedra-कॅ-थी'-ड्रा-*n.* throne of a bishop, a professor's chair. पादरी का सिंहासन, प्राध्यापक का आसन।

Cathedral-कॅ - थी' - ड्रल - *n.* the principal church. बड़ा गिरजाघर।

Catherine-wheel-कॅथ्'-ऍर्-इन्- व्हील्-*n.* firework rotating like a wheel. आतिशबाज़ी की चरखी।

Catheter-कॅ-थिट्-अर्-*n.* a tubular instrument for passing into bladder. पेशाब कराने की सलाई।

Cathode-कॅथ्-ओड्-*n.* the negative pole of an electric battery. बिजली की धारा का जस्ते के डंडे से निकला हुआ ऋणात्मक छोर।

Catholic-कॅथ्-ॲ-लिक्-*adj.* universal, broad-minded, liberal, tolerant. सर्व साधारण, सार्वभौमिक, उदारचित्त, सहिष्णु ; **Catholicity** (-लिस्-इ-टि)-*n.* freedom from prejudice. निष्पक्षपात।

Catling-कॅट्'-लिङ्ग्-*n.*a small cat,a surgeon's dismembering knife.छोटी बिल्ली,जर्राही छुरी।

Catoptric-कॅट्-ऑप-ट्रिक्-*adj.* pertaining to mirror or reflected image. दर्पण या प्रतिबिम्ब सम्बन्धी।

Cat's eye-कॅट्स्' - आइ-*n.* an opalescent quartz. लहसुनिया रत्न।

Cattle-कॅट्'-ट्ल्-*n.*livestock, beasts of pasture. गाय, बैल, चौपाया; **Cattle-keeper**-*n.* पशु-पालक; **Cattle-pound** (an enclosure for strayed animals.) काँजीहौस।

Caudal-कॉड्'-अल्-*adj.* pertaining to or like tail. पूँछ का, पूँछ के सदृश।

Caudle-कॉड्'-ल्-*n.* warm gruel for invalids or for women in childbed. अछवानी, हरीरा, गर्भिणी का पथ्य।

Caught-कॉट्-*p. t. & p. p.* of **Catch.** पकड़ा।

Caul-कॉल्- *n.* the membrane enclosing foetus, a kind of cap. खेड़ी, टोपी।

Cauldron-कॉल्' - ड्रन्' - *n.* a large boiling vessel. कड़ाही, डेगची।

Cauliflower-कॉल्'-लि - फ्लावर् - *n.* cabbage with large fleshy flowerhead. फूलगोभी।

Cauliform-कॉल्'-इ-फ़ॉर्म् - *adj.* having the form of a stalk. डंठल के आकार का।

Caulk-कॉक्-*v. t.* to stop up seams of a ship. जहाज़ की झरी या दरार बन्द करना।

Causal-कॉ' - ज़ल् - *adj.* expressing cause. हेतुक, कारण बतलानेवाला।

Causality-कॉज़्'-ॲल्-इट्-इ-*n.* the agency of a cause,relation of cause and effect.कारणत्व, कारण और परिणाम का परस्पर सम्बन्ध।

Causation-कॉज़्-ए'-शन् - *n.* act of causing, relation between cause and effect. कारण उपस्थित करने का कार्य, कारण तथा परिणाम या कार्य का सम्बन्ध।

Causative-कॉज़ें-टिव्-*adj.* expressing cause, productive of cause, (*gram.*) acting as cause. कारण सूचित करनेवाला, उत्पादक, व्याकरण में णिच् प्रयोग।

Cause-कॉज़्-*v.t.*to bring about, to produce. कोई कार्य कराना;-*n.* what produces an effect, ground, reason, motive for an action, lawsuit, occasion. कारण, हेतु, निमित्त, मूल (प्रयोजन), मुक़दमा, अवसर; **Cause of action.** वाद का कारण; **Cause list** (list of cases under decision.)विचाराधीन मुक़दमों की सूची; **Efficient cause** (cause which produces a thing.) मूल कारण; **Final cause** (the aim or purpose.) निमित्त; **First cause** (the Creator.);ब्रह्मा;**Formal cause** (definition.) परिभाषा; **Material cause** (cause out of which some matter is formed.) वह कारण जिससे कोई वस्तु पैदा होती है।

Causeless-कॉज़्'-लॅस् -*adj.* without a cause. अकारण, निष्कारण; **Causelessly** (-लॅस्'-लि)-*-adv.* without reason. निष्प्रयोजन, बिना कारण के।

Causerie-कोज़्'-अ-री-*n.* a short informal essay in a newspaper. समाचारपत्रों में विनोद के लेख का कॉलम या स्तम्भ।

Causeway-कॉज़्'-वे-*n.* a raised road over water or through a marsh. बाँध, पुल;-*v. t.* to pave. फ़र्श लगाना, रास्ता बनाना।

Caustic-कॉस्ट्'-इक् - *adj.* burning, biting, corroding, sarcastic. जलानेवाली, काटनेवाली, ताना मारनेवाली।

Cauterisation-कॉ-टर्'-आइज़्-एं'-शन्-*n.* act of burning or searing. दागने की क्रिया।

Cauterise-कॉ-टर्'-आइज़्-*v. t.* to scar with hot iron. तपे लोहे से दागना।

Caution-कॉ'-शन्-*n.* prudence, warning, avoidance of rashness. दक्षता, सावधानी, चौकसी; **Caution money** (money which is paid as security.) जमानत का रुपया।

Cautionary-कॉ'शनरि-*adj.* given as a pledge. पण के रूप में दिया हुआ।

Cautious-कॉ'-शस्-*adj.* careful. सचेत,सावधान; **Cautiously** (-शस्'-लि) - *adv.* carefully. सावधानी से; **Cautiousness** (-शस्-नेंस्) -*n.* watchfulness, prudence. सावधानी, दक्षता।

Cavalcade-कॅव्'-ॲल्-केंड्'-*n.* a company of persons on horseback. घुड़सवारों की पंक्ति या बारात।

Cavalier-कॅव्'-ॲ-लिअर्' -*n.* a horseman, a gallant. अश्वारोही, घुड़सवार ; - *adj.* brave, haughty. वीर, अभिमानी।

Cavalry-कॅव्'-ॲल् - रि -*n.* horse-soldiers. अश्वारोही सेना, घुड़सवार लोग।

Cavation-कॅ-वे'-शन्-*n.* digging of earth for the foundation of a building. इमारत बनाने के लिये नींव खोदना।

Cave-केव्-*n.* an underground place in earth, a den. गुफा,कन्दरा,खोह;-*v. t.* to hollow out, to withdraw opposition, to submit. पोला करना, विरोध छोड़ देना, आत्म समर्पण करना।

Cavern-कॅव्' -अर्न् - *n.* an underground hollow. कन्दरा; **Caverned** (-ड्) - *adj.* inhabiting a cavern. गुहा-निवासी; **Cavernous** (-अस्)-*adj.* full of caverns, hollow. गुहाओं से परिपूर्ण, खोखला।

Cavil-कॅव्'-इल् -*v. t.* to raise captious objection. झूठी निन्दा करना, दोष निकालना, झूठा झगड़ा करना; -*n.* a frivolous objection. झूठा आक्षेप।

Cavity-कॅव्'-इट्-इ-*n.* (*pl.* **Cavities.**) a hollow or empty space within a solid body. छेद, बिल, खोह।

Caw-कॉ-*n. & v. i.* the cry of a crow or raven, to cry like a rook. कौवे का शब्द, काँव-काँव करना।

Cayenne-के-येन्' -*n.* a very pungent red pepper. बहुत तीता लाल मिरचा।

Cease-सीस्-*v. i. & t.* to stop, to desist from, to come or bring to an end. रुकना, समाप्त होना या करना, रोकना; **To cease fire** (to stop firing.) बन्दूक चलाना बन्द करना।

Ceaseless-सीस्-लेंस्-*adj.* continuous. निरन्तर, लगातार; **Ceaselessly** (-लेंस्-लि)-*adv.* continuously. नित्य, निरन्तर; **Ceaselessness** (-लेंस्-नेंस्)-*n.* continuity. नित्यता।

Ceasing-सीस्'-इङ्ग्-*n.* pause. रुकावट।

Cecity-सी-सिट्-इ-*n.* loss of sight, blindness. अन्धता, अन्धापन।

Cedar-सी'-डर्-*n.* a kind of tree. देवदार का वृक्ष; **Cedarn** -*adj.* made of cedar. देवदार की लकड़ी का बना हुआ।

Cede-सीड्-*v. t.* to give up, to submit, to yield, to surrender. परित्याग करना, वश में लाना, सौंपना, आत्मसमर्पण करना।

Ceil-सील्'-*v. t.* to cover the roof of a room. कमरे की ऊपरी छत बनाना।

Ceiling-सील्'-इङ्ग्-*n.* the inner roof of a house. घर की भीतरी छत।

Celebrate-सेॅल्-इ-ब्रेट् - *v. t.* to praise, to publish, to make famous, to perform religious ceremony. प्रशंसा करना, प्रचलित करना,प्रसिद्ध करना,उत्सव मनाना; **Celebrated** (-एँड्) -*adj.* famous. प्रसिद्ध; **Celebration** (-ब्रे'-शन्)-*n.* कीर्तन, अनुष्ठान, प्रशंसा।

Celebrity-सि-लेॅब्'-रिट्-इ-*n.* fame, renown. कीर्ति, प्रसिद्धि, प्रशंसा, यश।

Celerity-सि-लेॅर्'-इट्-इ-*n.* speed, quickness. वेग (तीव्र गति), शीघ्रता।

Celeste-सि-लेॅस्ट्'-*adj.* sky-blue. आकाश के समान नीले रंग का।

Celestial-सि-लेॅस्ट्'-यॅल-*adj.* heavenly,divine, beautiful. दिव्य, स्वर्गीय, सुन्दर;-*n.* an inhabitant of heaven. स्वर्गवासी; **Celestial damsel** (a nymph.) अप्सरा, परी; **Celestial world** (heaven.) सुरलोक, स्वर्ग।

Celibacy-सेॅल्-इब्'-ॲस्-सि-*n.* unmarried life. अविवाहित जीवन, कुँआरापन, ब्रह्मचर्य।

Celibate-सेॅल'-इब्-एट्-*n.& adj.*an unmarried person, unmarried. अविवाहित व्यक्ति, कुँवारा, ब्रह्मचारी।

Cell-सेॅल्-*n.* a small room in a monastery or prison, compartment in a bee's comb, an electrical apparatus, enclosed cavity in an organism, underground room. मठ या कैदखाने की कोठरी, मधुमक्खी के छत्ते में का खाना, बिजली उत्पन्न करने का यन्त्र, जीवित पदार्थ का सूक्ष्म भाग, कोशिका, तहखाना।

Cellar-सेलर्-*n.* an underground room. भूमि के भीतर का घर, तहखाना।

Cellular-सेल्'-स्यू-लर् - *adj.* having small cavities. छोटे छिद्रवाला, जालीदार।

Celluloid-सेल्'-ल्यु - लॉइड्-*n.* an artificial substance like ivory. कचकड़ा।

Cellulose-सेल्' - ल्यु - लोस्-*adj.* containing cells. सेल (सूक्ष्म छिद्र) पूर्ण, कोशमय।

Cement-सि-मेन्ट्'-*n.* strong mortar of calcinated lime and clay, anything used for sticking things. सिलमिट, चिपकाने का पदार्थ; -*v. t.* to unite with cement. सिलमिट से जोड़ना, साटना; **Cementation** (-ए'-शन्) -*n.* the act of cementing. संयोग, जुटाव।

Cemetery-सेमिट्रि -*n* a place for burials. श्मशान, प्रेतभूमि, क़ब्रिस्तान।

Cenotaph-सेन्' - ओ - टॉफ़्-*n.* a monument erected in memory of a person who is buried elsewhere. अन्य स्थान पर मरे हुए व्यक्ति के स्मरणार्थ स्तम्भ इत्यादि का निर्माण।

Cense-सेन्स्-*v. t.* to perfume with burning incense. धूप देना।

Censor-सेन्-सर्-*n.* a vessel in which incense is burnt. धूपदानी, धूपपात्र।

Censor-सेन्-सर्-*n.* a licensing officer, a harsh critic. दोष-निरीक्षक, गुण-दोष-विवेचक; -*v. t.* to exercise such control. ऐसा निरीक्षण करना।

Censorial-सेन्-सोर'-इ-यल्-*adj.* critical, full of censure. निरीक्षक सम्बन्धी, निन्दायुक्त।

Censorious-सेन्-सोर्'-इ-अस्-*adj.* fault-finding. दोष निकालनेवाला।

Censorship-सेन्-सर्'-शिप्-*n.* the office of a censor. लाइसेन्स देनेवाले का पद।

Censual-सेन्-सु - अल - *adj.* pertaining to census. मनुष्य-गणना सम्बन्धी।

Censurable-सेन्-शर्-ए-बल्-*adj.* deserving of censure. निन्दनीय।

Censure-सेन् - शर् - *n.* expression of disapproval, reproof, reprimand. निन्दा, झिड़की, कलङ्क;-*v. t.* to blame, to reprove, to criticize. दोष लगाना, झिड़कना, निन्दा करना।

Census-सेन्'-सस्-*n.* an official numbering of population. जनगणना।

Cent-सेन्ट्-*n.* a hundred, a coin which is the hundredth part of a dollar. सौ, एक सिक्का; **Per cent** (rate by the hundred.) प्रति सैकड़ा।

Centaur-सेन्'-टॉर्-*n.* a mythological figure half-man and half-horse. एक पौराणिक प्राणी जिसका कमर से नीचे का भाग घोड़े का तथा ऊपरी भाग मनुष्य के समान माना जाता था।

Centenarian-सेण्टिनेरियन्-*n.* a man who is hundred years old. सौ वर्ष का वृद्ध पुरुष।

Centenary-से-ण्टिन-रि-*n.* commemoration after one hundred years. शतवर्षीय समारोह, शतवार्षिकी, सौ सालाना जलसा।

Centennial-सेन्ट्-एँ - नि - यल - *adj.* & n. occurring once in a hundred years, a hundredth anniversary. सौ वर्ष में एक बार आने या होनेवाला, सौवीं वर्षगाँठ।

Center-सेन्-टर्-*n.* a waist-belt. कमरबन्द, कमर की पेटी।

Centesimal-सेन्ट्-एस्-सिम्-अल्-*adj.* reckoned by hundredths. सौ सौ करके गिना हुआ; -*n.* hundredth part. सौवाँ हिस्सा।

Centigrade-सेन्ट्'-इ-ग्रेड्-*adj.* divided into a hundred degrees. सौ अंशों या भागों में विभाजित।

Centigramme-सेण्टिग्रैम्-*n.* weight which is the hundredth part of a gramme. एक ग्राम का सौवाँ भाग।

Centillion-सेन्-टि-लियन्-*n.* the hundredth power of a million. एक अरब की संख्या— १,०००,०००,०००।

Centipede-सेन्ट्-इ -पीड् -*n.* a many-footed crawling insect. गोजर, कनखजूरा।

Centipede.

Central-सेण्ट्रल्- *adj.* leading, principal. मध्य, केन्द्रीय, प्रधान; **Central Intelligence Bureau.** केन्द्रीय गुप्त वार्ता विभाग; **Centralization** (-आइज़्-ए-शन्)-*n.* act of bringing to the centre. केन्द्रीकरण।

Centralize-सेण्ट्रल-आइज़्-*v. t.* to draw to a centre. केन्द्र में करना।

Centre(Center) सेन्-टर्-*n.* the middle point, pivot, axis, source, organizer, leader. मध्य भाग, केन्द्र, धुरा, बीच, उद्गम, प्रचारक, नेता; -*v. t.* to place on a centre. केन्द्र पर रखना; **Centre bit** (a boring tool.) बरमे की डाँस; **Centre of attraction** (the point to which bodies tend by force of gravity.) आकर्षण-केन्द्र; **Centre-piece** (ornament for the middle of a table.) टेबुल के मध्यभाग की सजावट।

Centreless-सेन्-टर्-लेस्-*adj.* without centre. विना मध्य या केन्द्र का।

Centrifugal-सेन्-ट्रिफ़्'-यू-गॅल्-*adj.* tending to fly off from centre. केन्द्र से हट जानेवाली (प्रवृत्ति)

Centripetal-सेंण्ट्रिपिटल-*adj.* tending towards centre (*opp.* of centrifugal). केन्द्र की ओर जानेवाली।

Centuple-सेन्'-ट्यू-पल्-*n. & adj.* hundred-fold. सौगुना।

Century-सेँन्'-चु-रि-*n.* a hundred of something, one hundred successive years. सौ वर्ष, शताब्दी।

Cephalic-सें-फ़ॉल्'-इक्-*adj.* pertaining to the head. मस्तक सम्बन्धी; -*n.* a medicine for headache. सरदर्द की दवा।

Ceramics-सें-रॅम्-इक्स्-*n.* the art of pottery, objects made of clay. कुम्हारी विद्या, मिट्टी के पात्र।

Cerated-सीर्'-एट्-ऍड्-*adj.* covered with wax. मोम से ढँका हुआ।

Cereal-सिर्-इ-अल्-*adj.* of corn. अन्न सम्बन्धी। **Cereals**-*n. pl.* grains used as food. मनुष्य के खाने योग्य अन्न।

Cerebellum-सें रि-बेॅल्' - लम् - *n.* the little brain. छोटा मस्तिष्क (दिमाग)।

Cerebral-सेॅर् - रि - ब्रल् - *adj.* pertaining to cerebrum. प्रधान मस्तिष्क सम्बन्धी।

Cerebration-सेॅर्-रि-ब्रे'शन्-*n.* the action of cerebrum, working of the brain. प्रधान मस्तिष्क का कार्यक्रम।

Cerebrum-सें-रि-ब्रम्-*n.* the brain proper. मस्तिष्क का प्रधान भाग।

Ceremonial-सेॅर्-रि-मोन्' -इ-अल् -*adj.* with ceremony or ritual, formal. विधिपूर्वक, शिष्टाचार सहित, दिखौवा;-*n.* formality. रीति, विधि, चाल, शिष्टाचार, दिखाव।

Creremonious-सेॅर्'-रि-मोन्'-इ-अस्-*adj.* according to prescribed form, punctilious. व्यावहारिक,अति सभ्य; **Ceremoniously** (-लि)-*adv.* with formality. शिष्टाचार (आदर) से; **Ceremoniousness** (-नि-अस्-नेॅस्) -*n.* formality. शिष्टाचार, अति सौजन्य।

Ceremony-सें-रि-मनि -*n.* (*pl.* **Ceremonies**) a religious or solemn observance, formality. धार्मिक रीति, शिष्टाचार; **Occasional ceremony** (ordinary formality.) सामान्य शिष्टाचार; **Without ceremony** (without formality.) बिना शिष्टाचार के।

Ceres-सीर् -ईज़्-*n.* the Roman goddess of growth. रोम की उपज की देवी।

Cerography-सी- रॅ-ग्र - फ़ि -*n.* the art of engraving on wax. मोम पर खुदाई का काम करना।

Certain-सर्ट्न्-*adj.* settled, assured, reliable, sure, indisputable. स्थिर; निश्चित, विश्वस्त, अचूक, निर्विवाद; **A certain person** (any person.) कोई मनुष्य; **For certain** (certainly.) अवश्य, निश्चितरूप से।

Certainly-सर्ट्न्-लि-*adv.* confidently, admittedly. अवश्य, निःसन्देह

Certainty-सर्ट्न् - टि - *n.* undoubted fact, assurance. असंशय, निश्चय।

Certificate- सर्टिफ़िकेट् - *n.* testimony in writing, voucher, acquirement. प्रमाणपत्र, प्रशंसापत्र;-*v. t.* to give a certificate. प्रमाण पत्र देना।

Certifier-सर्'-टि-फ़ाइ'-अर्-*n.* one who certifies. प्रमाणित करनेवाला मनुष्य।

Certify-सर्'-टिफ़्-आइ -*v. t* (*p. t.* **Certified**) to attest formally, to assure. प्रमाण देना, प्रमाण सहित कहना।

Certiorari-सर्शि-ओ-रे'-राइ-*n.* a writ to remove a case from the lower court to a high court. उत्प्रेषण-आदेश, छोटी अदालत से ऊँची अदालत में मुकदमा हटाने का आदेश।

Certitude-सर्' -टि-ट्यूड् - *n.* assurance, certainty. दृढ़ निश्चय।

Cerumen-सि-रू'-मेॅन्-*n.* wax secreted by the ear. कान का खूँट।

Ceruse-सी-रूज़् - *n.* white lead, carbonate of lead. सफेदा।

Cervical-सर्-वा-इ-क्-अल् - *adj.* pertaining to the neck. ग्रीवा (गरदन) सम्बन्धी।

Cervine-सर्'-वाइन -*adj.* relating to or like deer. हरिण के समान।

Cess-सेॅस्-*n.* a local rate. उपकर, चुङ्गी; -*v. t.* to lay tax on. कर लगाना।

Cessation-सेॅस्-से'-शन् - *n.* ceasing, rest, pause. रुकावट (अवरोध), ठहराव।

Cession-सेॅशन्-*n.* giving up, yielding. परित्याग, समर्पण।

Cesspool-सेॅस् - पूल् - *n.* a well sunk for drainage. चहबच्चा, नाबदान।

Cestoid-सेॅस्ट्'-ऑएड्-*n.* a ribbon-like worm. चिपटा केंचुआ।

Chafe-चेफ़्-*v. t. & i.* to rub, to irritate, to make angry, to fret. रगड़ना, रगड़ जाना, उत्तेजित करना, क्रुद्ध करना, क्रुद्ध होना; -*n.* friction, state of irritation. रगड़, क्रोध।

Chaff-चाफ़्-*n.& v. t.* grain-husk, worthless stuff, to befool, to joke. भूसा (चोकर, छिलका),निरर्थक पदार्थ, मूर्ख बनाना, हँसी उड़ाना; **Caught with chaff** (one who is easily

deceived.) सहज में धोखा खानेवाला; **Chaff-cutter** or **chaff-engine**. भूसा काटने की कल; **Chaffy** (-इ) -*adj*. full of chaff. भूसा भरा हुआ।

Chaffer-चॅफ़-फ़र्-*v. i.* & *t.* to haggle about price, to bargain. मोल चाल करना, सौदा करना; **Chafferer** (-अर्) -*n*. one who makes a bargain. सौदा करनेवाला।

Chaffing-dish-चॅफ़'-इङ्ग्-डिश्-*n*. a vessel for cooking by burning coal. कोयले की अँगीठी पर पकाने की देगची।


Chagrin-शॅ-ग्रिन्'-*n*. vexation, acute disappointment. क्लेश, तीव्र निराशा;-*v. t.* to vex. खिजलाना, क्लेश देना।

Chain-चेन्-*n*. a connected series of links, fetters, necklace, a length of 66 feet. जंजीर (शृङ्खला), सिकड़ी, बेड़ी या हथकड़ी, गले की सिकड़ी, ६६ फ़ीट की, नाप;-*v. t.* to connect to enslave. बाँधना, जकड़ना, दास बनाना; **Chain-armour** (armour made of iron chains.) लोहे की जंजीर का बना हुआ कवच; **Chain-stitch** (a simple method of sewing.) सामान्य सिलाई।

Chainless-चेन्'-लॅस्-*adj*. without chain, free. जंजीर रहित, स्वतन्त्र।

Chainlet-चेन्'-लॅट् -*n*. a small chain. छोटी जंजीर या सिकड़ी।

Chain-wheel-चेन्'-ह्वील्-*n*. a toothed wheel on which a chain runs. दाँतेदार प्रहिया जिस पर जंजीर चलती हो।



Chainwheel.

Chair-चेॅअर् -*n*. a portable seat for one, professorship, office, a chairman. कुर्सी, अध्यापक का पद, सभापति; -*v. t.* to install in chair. पदाधिकारी बनाना; **Appeal to the chair** (protest against disorder.) व्यतिक्रम के लिए सभापति से प्रार्थना; **Easy-chair.** आराम कुरसी; **Take a chair** (asking to sit down.) बैठ जाइये; **To leave the chair** (to finish work.) कार्यक्रम समाप्त करना।

Chairman-चेॅअर्'-मॅन्-*n*. one who controls a committee सभापति; **Chairmanship**-*n*. the office of a chairman. सभापति का पद।

Chaise-शेॅज्-*n*. a pleasure-carriage. आनन्द की सवारी, गाड़ी।

Chalice-चॅलिस्'-इस्-*n*. goblet, a cup of bowl. प्याला, पात्र।

Chalk-चॉक्-*n*. a soft white earthy substance used for writing and drawing. खड़िया मिट्टी, सेतखली;-*v. t.* to mark, to draw, to write. चिन्ह करना, तसवीर खींचना, लिखना; **To chalk out** (to sketch, to plan.) खाका खींचना, योजना बनाना।

Chalky-चॉक्-इ-*adj*. similar to or like chalk. खड़िया के समान।

Challenge-चॅल्-लिन्ज्-*n*. summons to fight a duel, calling to account, demand for something. लड़ने के लिये ललकार, माँग, दावा; -*v. t.* to call to fight, to put a claim. ललकारना, दावा करना; **Challengeable** (एॅ-बूल्) -*adj*. that may be defied. ललकारने (सामना) के योग्य; **Challenger** (-अर्)-*n*. one who challenges to a combat. ललकारने-वाला, भिड़नेवाला।

Chamber-चेॅम्'-बर्-*n*. a room, judge's private room, bedroom, one of the houses of Parliament, enclosed space. कमरा,जज का गुप्त कमरा,शयनगृह, पार्लियामेण्ट का घर, बन्द स्थान; **Chambered** (-बर्ड)-*adj*. having chambers. कोठरियोंवाला; **Chamber-fellow** (one who sleeps in the same apartment.) एक ही कमरे में सोनेवाला; **Chamber-maid** (an inn-keeper.) भठियारिन;**Chamber-music** (music in a room of the house.) घर के कमरे में गायन; **Chamber of Commerce** (an assembly of traders.) व्यापारियों की सभा; **Chamber-counsellor.** वह वकील जो घर पर ही कानूनी सलाह देता है, कचहरी में जाकर वकालत नहीं करता; **Chamber-pot** (urinal.) पेशाब करने का बर्तन; **Chambers** (-बर्स्)-*n. pl.* a row of rooms. घर में कमरों की पंक्ति।

Chamberlain-चेॅम्'-बर्-लिन्-*n*. a high officer in a king's court. राजमहल का एक प्रधान कर्मचारी।

Chameleon-कॅ-मी'-लि-य-न्-*n*. a kind of long lizard, an inconstant person. गिरगिट, अस्थिर प्रकृति का पुरुष।

Chamfer-चॅम्'-फ़र्-*v. t.* to bevel or slope in a symmetrical manner. क्रम से तिरछा करना।

Chamois-शॅम्' -वा -*n*. a wild mountain antelope. जङ्गली पहाड़ी हिरन, साबर; -*n pl.* **Shammy.** (शॅम्'-मि) eather made from chamois skin. साबर का चमड़ा।

Champ-चॅम्प्-*v. t.* to munch in a noisy manner. मुँह बोलाकर चबाना; -*n*. field,

munching sound. खेत, मैदान, चबाकर खाने का शब्द ।

Champagne-शैम्-पेन्'-*n.* a kind of French wine. फ्रान्स देश की शराब ।

Champion-चैंम्'-पि-अन्-*n.* one who fights for another or for a cause, a hero. वीर, योद्धा;-*v. t.* to challenge, to defend, to support. ललकारना, रक्षा करना, सहारा देना, समर्थन करना; **Championship** (-शिप्')-*n.* the rank of a champion. अभिनेता का पद । (*also* **Championness.**)

Chance-चान्स् - *n.* fortune, opportunity, possibility, accident, risk, absence of design, course of events. दैवयोग, भाग्य, अवसर, सम्भावना, क्रमहीनता, घटनाक्रम; - *v. i.* & *t.* to happen. होना; **By chance** (accidentally.) संयोग से, अकस्मात्; **Chance-comer** (one who comes by chance.) संयोग से आया हुआ अतिथि; **On the chance** (on the possibility of.) सम्भावना से; **To stand a chance** (to hope.) आशा रखना; **To take one's chance** (to risk an undertaking.) प्रारब्ध जाँचना; **It chanced that** (it so happened.) ऐसा संयोग हुआ कि ।

Chancel-चान्'-सल्-*n.* the eastern part of a church. गिरजाघर का पूर्वी भाग ।

Chancellor-चान्'-सेलर् - *n.* state or law official, head of a university. प्रधान धर्माधिकारी, विश्वविद्यालय का प्रधान अध्यक्ष, कुलपति; **Vice-chancellor**-*n.* officer of a university next in rank to chancellor. विश्वविद्यालय का उपाध्यक्ष, उपकुलपति ; **Chancellorship** (-शिप्)-*n.* the office of a chancellor. कुलपति का पद ।

Chancery-चान्सरि-*n.* the highest court of justice. प्रधान न्यायालय, दीवानी की बड़ी अदालत ।

Chancy-चान्'-सि-*adj.* uncertain dubious. सन्दिग्ध, सन्देहजनक ।

Chandelier-शैन्- डि - लिअर्' -*n.* a kind of branched support for holding several lights. दीपवृक्ष, झाड़-फानूस ।



Chandler-चैन्ड्' - लर् - *n.* a candle-maker, a dealer in candles, soap, paint &c. मोमबत्ती बनानेवाला, साबुन, मोमबत्ती इत्यादि का बेचनेवाला ।

Chandelier.

Change-चेन्ज् - *n.* alteration, variation, variety, small coins given for a higher one. परिवर्तन, रूपान्तर, रेजगी; - *v. t.* & *i.* to resign, to get rid of, to alter, to get smaller coins, to go from one place to another, to become new. त्यागना, पलटना, छुटकारा पाना, रेजगी भजाना, स्थान-परिवर्तन करना, नया होना; **To change colour** (to turn pale, to blush.) पीला पड़ जाना, शर्मा जाना; **To change hands** (to pass to a different owner.) मालिक बदलना; **To change one's condition** (to marry.) विवाह करना; **To change one's mind** (to adopt a new method.) नई विधि ग्रहण करना; **To change places** (to be different, to change positions.) भिन्न होना, स्थान अदल-बदल करना; **To ring the changes** (to finish in every way.) कार्यक्रम का सब प्रकार से अन्त करना ।

Changeable- चेन्ज्' - एँ - बल् - *adj.* variable, fickle, unstable, inconstant. परिवर्तनशील, चपल, अधीर, अस्थिर; **Changeableness** (-नेस्)-*n.* the quality of being changeable. अस्थिरता ।

Changeful-चेन्ज्'-फुल्-*adj.* fickle, inconstant. चञ्चल, चपल, अस्थिर ।

Changeless-चेन्ज्'-लेस्-*adj.* without change, constant. बिना परिवर्तन का, चपलता-रहित, स्थिर ।

Changelling-चेन्ज्लिङ्ग-*n.* a child substituted for another, one apt to change. कृत्रिम पुत्र, परिवर्तनशील वस्तु ।

Changing-चेंजिङ्ग-*adj.* altering. बदलनेवाला ।

Channel-चैं' - नल् - *n.* a bed of running water, passage for liquids, a narrow sea between two continents, a groove or furrow, course, direction, agency. स्रोत, नाला, समुद्रस्रोत, परनाला, तरल पदार्थ का मार्ग, दिशा, द्वार;-*v. t.* (*p. t.* **Channelled**) to form a groove in. नाली बनाना ।

Chant-चैन्ट्-*n.* song. गीत, स्तोत्र, भजन;-*v. t.* & *i.* to sing musically. गाना, स्तोत्र पढ़ना; **To chant horse** (to sell by deception.) धोखा देकर बेचना ।

Chanter-चैन्ट्'-अर्-*n.* a male singer. गानेवाला पुरुष;-*fem.* **Chantress** (-ट्रेस्)-a female singer. गानेवाली स्त्री ।

Chanticleer-चान्ट्'-इ-क्लिअर्-*n.* a domestic cock. पाला हुआ मुर्गा ।

Chanty-शैन्'-टि - *n.* a sailor's song while hauling. बोझ उठाने के समय मल्लाहों का गाना ।

Chaos-कें'-ऑस्-*n.* formless void, utter confusion, disorder. विप्लव, उपद्रव (गोलमाल); **Chaotic** (-कें-ऑट्' - इक्) - *adj.* confused. सङ्कीर्ण, अस्तव्यस्त

Chap-चॅप्-*n.* a boy, a man, a crack, the jaw. छोकरा, मनुष्य, दरार (फटन), जबड़ा;-*pl.* jaws of beasts. पशुओं का दाढ़:-*v. i. & t.* to crack. फटना, फाड़ना, तड़काना; **Fat chaps** (a man with plump cheeks.) फूले गालों का मनुष्य ।

Chape-चॅप्-*n.* metal cap of scabbard, sliding loop or catch of a belt. मियान की टोपी, टोपी में का बन्द ।

Chapel-चॅप्'-ल्-*n.* a place of Christian worship. ईसाइयों का गिरजाघर ।

Chaperon-शॅ'-पॅरोन्-*n.* an elderly woman in charge of a girl, a kind of cap. कुँवारी कन्या की रक्षा करनेवाली स्त्री, एक प्रकार की टोपी।

Chaplain-चॅप्-लिन्-*n.* a clergyman in charge of a chapel. पादरी, पुरोहित; **Chaplainship** (शिप्)-*n.* the office of a chaplain. पादरी का पद; (also **Chaplaincy** or **Chaplainry.**) ।

Chaplet-चॅप्'-लिट्-*n.* a garland or wreath of flowers, a string of beads for counting prayers. फूलों की माला, जप करने की सुमिरनी ।

Chapman-चॅप्'-मॅन्-*n.* a pedlar. घूम-घूमकर बेचनेवाला व्यापारी (फेरीवाला) ।

Chappy-चॅप्'-पि-*adj.* full of chaps or clefts. दरारदार ।

Chapter-चॅप्-टर्-*n.* the main division of a book, body of clergymen. अध्याय (स्कन्ध खण्ड), पादरियों का संघ; -*v. t.* to put into chapters, to take to task. अध्यायों में बाँटना, डाँट-डपट करना, विवरण माँगना ।

Char-चार्-*v. t.* to burn until reduced to charcoal, to scorch, to do odd jobs, to accomplish, to do house-cleaning. जलाकर कोयला बनाना (झुलसाना), जलाना, छोटा-मोटा काम करना, काम पूरा करना, घर की सफाई करना ।

Character-कॅर्'-अक्-टर्-*n.* a distinctive mark, characteristics, a person's handwriting, style, moral strength, reputation, an actor. प्रकृति (प्रभाव), लक्षण (स्वभाव), हस्ताक्षर, ढङ्ग, चरित्र, कीर्ति (यश), नाटक का पात्र ।

Characterisation-कॅर्-अक्'-टर्-आइज-एॅ-शन्-*n.* act of characterising. नाम निर्धारण ।

Characterise-कॅर्-अक्'-टर् - आइज़् - *v. t.* to describe the character of. गुण-दोष बतलाना ।

Characteristic-कॅर्'-अक्'-टर्-इस्ट्'-इक्-*adj. & n.* typical, exhibiting peculiar qualities, that which distinguishes one person or thing from another. विलक्षण, विचित्र, अनोखा, विशिष्ट गुण; **Characteristically** (-अल्-लि) -*adv* in a distinguishing manner. विलक्षण रूप से ।

Characterless-कॅर्-अक्-टर्-लॅस्-*adj.* ordinary, without character. सामान्य, चरित्रहीन ।

Charade-शॅर्-राड्'-*n.* a game of guessing word from written clue, a riddle. शब्द अनुमान करने की पहेली ।

Charcoal-चार्'-कोल् - *n.* black residue of burnt wood. लकड़ी का कोयला ।

Charge-चार्ज्-*n.* load, weight, right quantity put into a thing, expense, duty, care, custody, thing entrusted, injunction duty, accusation, signal for attack. भार, उचित परिमाण, व्यय, कर्तव्य, रक्षण (अधिकार), अभियोग, दोषारोपण, आक्रमण की आशंका, सूचना या संकेत;-*v. t.* to load, to fill, to enjoin, to entrust, to command to do, to accuse, to attack. बारूद भरना, पूर्ण करना, सौंपना, काम करने की आज्ञा देना, दोष लगाना, आक्रमण करना; **Chargeable** (-एॅ-बल्)-*adj.* accusable, imputable. आरोपण करने योग्य, दोषी ठहराने योग्य; **Charge-sheet** (a list of offenders and their offences.) अपराधियों की नामावली तथा उनके पृथक् अपराधों के नाम ।

Charger-चार्ज्'-अर्-*n.* the horse of a military officer, a large strong dish. फ़ौजी अफ़सर का घोड़ा, बड़ी रकाबी ।

Chariot-चॅर्'-रि-अट्-*n.* a triumphal or state car. रथ; **Charioteer** (-इअर्')-*n.* the driver of a chariot. सारथी ।

Charitable-चॅर्'-रिट्-एॅ-बल् - *adj.* bountiful, liberal in giving to the poor. धर्मात्मा, दयालु (कृपालु); **Charitableness** (-नॅस्)-*n.* disposition to be charitable. उदारता; **Charitably** (-एॅब्-लि) -*adv.* in a charitable manner. दयालुता या उदारता से ।

Charity-चॅर्-रिट्' -इ - *n.* kindness, natural affection, leniency, beneficence, alms. कृपा, करुणा, दयालुता, (दया, दान), उदारता, भिक्षा; **Charity-boy** (a boy who is brought up in a poor house.) यतीम, अनाथ बालक ।

Charivari-शार्'-इ-व़ार्-इ-*n.* a confused sound, an uproar. शोर गुल ।

Charlatan-शार्'-ल-टन् - *n.* an impostor in medicine, a quack. मिथ्या चिकित्सक (नीम हकीम), मायावी, छली; **Charlatanish** (-इश्) -*adj.* quackish. छली, कपटी; **Charlatanism** (-इज़्म्)-*n.* quackery. कपट-व्यवहार; **Charlatanry**(-रि)-*n.* imposture, quackery. छल, माया ।

Charles's Wain - चार्लिजज़् - वेन् - *n.* Ursa Major. सप्त ऋषि के तारे ।

Charlock-चॅार्'-लक् - *n.* the wild mustard. जंगली सरसों ।

Charm-चार्म्-*n.* words or characters acting as a spell, amulet, attractiveness. मन्त्र, रक्षा-जन्त्र, आकर्षण;-*v. t.* to bewitch, to endow with magic power, to delight. मन्त्र से वश में करना, मोहित करना, प्रसन्न करना; **Charmer** (-अर्) -*n.* a magician, one who fascinates. जादूगर, ओझा, मोहित करनेवाला।

Charming-चार्म्-इङ्ग्-*adj.* delightful. रमणीय (मनोहर, सुहावना); **Charmingly** (-लि)-*adv.* with fascination. रमणीयता या मनोहरता से।

Charnel-house-चार-नॅल्-हाउस्-*n.* a mortuary, a sepulchre. कब्रिस्तान।

Chart-चार्ट्-*n.* a navigator's map, a tabulated sheet. समुद्र के आसपास के स्थान का नकशा, कोष्ठक;-*v. t.* to make a chart. नकशा बनाना।

Charter-चार्टर्-*n.* a written grant of privileges and rights by a sovereign. शासनपत्र, राजपत्र;-*v. t.* to give privilege. अधिकार देना; **Chartered** (-ड्)-*adj.* granted by charter. शासनपत्र द्वारा दिया हुआ; **Charterhouse** (an almshouse in London.) लन्दन नगर का दानालय; **Charter-party** (contract made between ship-owner and merchant for the hire of a ship &c.) जहाज़ के मालिक और व्यापारी का प्रतिज्ञापत्र।

Chartography-कार्टो-ग्रॅ-फ़ि-*n.* the art or business of map-making, cartography. नक़शा बनाने की विद्या।

Charwoman-चार्'-वोमन्-*n.* a woman hired by the day for house-work. गृहस्थी की दासी।

Chary-चॅरि-*adj.* careful, cautious, frugal. सावधान, मितव्ययी।

Chase-चेस्-*n.* pursuit, an open park, a hunted animal, an iron frame for holding composed types, part of a gun. अनुसरण, खुला वगीचा, शिकार, कम्पोज किये हुए टाइप कसने का फ्रेम, बन्दूक का कुन्दा; -*v. t.* to pursue, to engrave. अनुसरण करना, नकाशी करना।

Chasing-चेस्'-इङ्ग्-*n.* the art of engraving. नक़ाशी करने की कला।

Chasm-कॅज़्म् - *n.* a gap, a cleft, a void space, difference of feeling. दरार (फाँक), बिल (विवर), खाली स्थान, मनोवृत्ति का भेद।

Chassis-शॅ'सी-*n.* the base frame of gun-carriage or motor car. मोटर गाड़ी या तोप की गाड़ी के नीचे का ढाँचा।

Chaste-चेस्ट् - *adj.* virgin, pure, simple unadorned. सती, पवित्र, सादा, आडम्बर-रहित।

Chasten-चेस्' - न् - *v. t.* to correct, to purify. परिशोधित करना, पवित्र या स्वच्छ करना।

Chastise-चॅस्-टाइज़्' - *v. t.* to punish, to beat. दण्ड देना, पीटना; **Chastiser** (-अर्) -*n.* one who punishes. दण्ड देनेवाला; **Chastisement** (-टिज़्-मॅन्ट्) - *n.* punishment, correction. दण्ड, सुधार।

Chastity-चॅस्-टिट्-इ-*n.* virginity, purity of conduct. सतीत्व, शुद्धता।

Chat-चॅट्-*v. i.* to indulge in easy talk. आलाप करना, बकवाद करना;-*n.* an idle talk, a species of small birds. वृथा की बकवाद, गप, छोटे पक्षियों का एक वर्ग; **Chatty** (-इ)-*adj.* talkative. बकवादी।

Chateau - शॅ - टो - *n.* (*pl.* **Chateaux**- ज़्) a foreign country-house, a country seat. विदेश का घर, देहात का मकान।

Chattel-चॅट्-ट्ल्-*n.* (usu. *pl.*) movable possession, goods. चल संपत्ति, सामग्री (माल-असबाब)।

Chatter-चॅट'-ट्र्-*n.* an idle talk. कड़-कड़ का शब्द, वृथा की बकवाद; -*v. i.* to utter short notes, to talk quickly. टें-टें करना, बकवक करना; **Chatterbox** (-बॉक्स्) -*n.* an incessant talker. निरन्तर बकवादी; **Chatter of teeth** (rattling of teeth.) दाँतों का कटकटाना;

Chatterer (-अर्) -*n.* one who chatters. बकवादी, बकवक करनेवाला मनुष्य।

Chatty-चॅट्-टि-*adj.* very talkative. बड़ा बकवादी।

Chauffer-चॉफ़र्-*n.* a small portable furnace. छोटा उठौआ चूल्हा।

Chauffeur-शो'-फ़र्-*n.* a motor-car driver. मोटर हाँकनेवाला।

Cheap-चीप् -*adj.* inexpensive, low in price, worthless. अल्प मूल्य का, सस्ता; **To hold cheap** (to discard.) तिरस्कार करना।

Cheapen-चीप्'-ऍन्-*v. t.* to lessen the value of. सस्ता करना, भाव कम करना।

Cheaply-चीप्'-लि-*adj.* at a small price. सस्ते दाम में; **Cheapness** (-चीप्'-नॅस्)-*n.* inexpensiveness. सस्तापन।

Cheat-चीट्-*n.* trick, fraud, a deceiver. छल (कपट), धूर्त (कपटी, ठग, वंचक); -*v. t.* to deceive and defraud. धोखा देना, छल करना; **Cheatery** (-अर्-इ) -*n.* fraud. छल, कपट; **Cheating** (-इङ्ग्) -*adj.* deceptive, fraudulent. धोखा देनेवाला, ठगनेवाला।

Check-चॅक्-*n.* a sudden arrest, pause, rebuff, stoppage, cross-lined pattern. निग्रह, संयम,

अवरोध, रुकावट, (शतरंज के खेल में -) शह, चारखाना;-*v. t.* to stop or restrain, to rebuke, to revise and correct to verify. रोकना, झिड़की देना, दोहराकर संशोधन करना, यथार्थता प्रमाणित करना ; **To keep in check** (to keep under control.) अधिकार में रखना ।

Check-book-चेंक्'-बुक् - *n.* a cheque-book containing blank cheques. सादे (बिना लिखे) चेकों की पुस्तक ।

Checker-चेंक्'-अर्-*n.* a chess-board. शतरंज खेलने की बिसात ।

Checkmate-चेंक्-मेट्-*n.* final defeat in the game of chess. शतरंज के खेल की अन्तिम चाल जिससे हार होती है ।

Check-nut-चेंक्'-नट्-*n.* an appliance which is used for securing a nut. ढिबरी न गिर जाने का रुकाव; **Check-string** -*n.* a string for signalling the driver to stop. गाड़ी हाँकनेवाले को रोकने का संकेत देने की रस्सी ।

Cheek-चीक्-*n.* side of face below the eye. गाल;-*v. i.* to be insolent. धृष्ट होना; **Cheek-bone** (bone of the cheek.) गाल की हड्डी; **Cheek-tooth** (a molar tooth.) चर्वण दन्त ।

Cheekiness-चीक्'-इ-नेंस्-*n.* cool confidence. शान्तिपूर्वक विश्वास ।

Cheep-चीप्-*v. i.* to chirp or pipe like a young bird. चिड़िया के बच्चे की तरह चीं-चीं करना या सीटी बजाना ।

Cheer-चिअर्-*n.* entertainment, shout of joy or applause. भोजन, हर्ष दिखलाने का शब्द, जयध्वनि;-*v. t. & i.* to comfort, to gladden, to applaud, to encourage, to grow cheerful. ढाढ़स देना, प्रसन्न करना, प्रसन्न होना; **What cheer** (how are you) आपकी तबियत कैसी है; **To be of good cheer** (to be happy.) प्रसन्नवदन होना; **To cheer up** (to make cheerful.) प्रसन्न करना ।

Cheerful-चिअर्'-फुल-*adj.* pleasant, hopeful, gay, lively. प्रफुल्ल, प्रसन्न, आनन्दित; **Cheerfully** (-फुल्-लि)*adv.* in good spirits. आनन्द से; **Cheerfulness** (-नेंस्) - *n.* pleasure. आनन्द; **Cheeriness** (-इ-नेंस्) -*n.* state of being cheerful. आनन्द की अवस्था ।

Cheerless-चिअर्-लेंस्-*adj.* dull, sad, miserable. मन्द, दुखी, उदास ।

Cheerly-चिअर्'-लि-*adv.* heartily, in a cheery manner. प्रसन्नता से, खुशी से, सहृदयता से ।

Cheery-चिअर्' - इ-*adj.* cheerful, promoting cheerfulness. प्रसन्न, मगन ।

Cheese-चीज़्-*n.*food made of pressed curds. दही से बनी हुई मिठाई, पनीर, छेना; **Cheese-monger**-*n.* a seller of cheese. पनीर बेचनेवाला; **Cheese-plate** (the big button of a coat.) कोट का बड़ा बटन; **Green cheese** (undried cheese.) बिना सुखाई हुई पनीर; **The cheese** (correct thing.) सही बात ।

Cheesy-चीज़्' - इ - *adj.* having taste like cheese. पनीर के स्वाद की ।

Cheliform-कीली-फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of a claw. पंजे के आकार का ।

Chemical-कें मिकल् - *adj.* relating to chemistry. रासायनिक; **Chemically** (-लि) -*adv.* by chemical process. रासायनिक रीति से । **Chemicals** (-स्)-*n. pl.* chemical preparations. रसायन के पदार्थ ।

Chemise-शि-मीज़्-*n.* a woman's shirt or undergarment. स्त्री की भीतरी पोशाक, जनानी कुर्त्ती ।

Chemist-केंम्'-इस्ट्-*n.* a dealer in medical drugs, a person who is skilled in chemistry. दवा बेचनेवाला, रसायन शास्त्र जाननेवाला ।

Chemistry-केंम्'-इस्ट्-रि-*n.* the science which treats of the elements and their laws. रसायन शास्त्र।

Chenille-चेंनील्-*n.* a velvety cord used in dress. रेशमी डोरी ।

Cheque-चेंक्-*n.* a written order to banker for payment of money. हुंडी (रुक्का), चेक्; **Cheque-book** (book containing stamped bank cheques.) मुहर की हुई सादे चेकों की पुस्तक; **Chequer**(-चेंक्'-अर्),(**Checker**)-*ns.* a pattern made of squares, a treasury. चारखाना, खजाना;-*v. t.* to mark with squares of different colours, to deposit in a treasury. रङ्ग-बिरङ्गा चारखाना बनाना, खज़ाने में जमा करना ।

Cherish-चें'-रिश्-*v. t.* to foster, to nurse, to hold as dear. लालन-पालन करना,पोषण करना, प्रिय मानना; **Cherisher** (-अर्) -*n.* one who fosters. पोषक; **Cherishing** (-इङ्ग्) -*adj.* fostering, nursing. पालन-पोषण करनेवाला ।

Cheroot-शेरूट् - *n.* a kind of cigar not pointed at either end, root of the shaya tree grown in Madras. चुरुट, मद्रास के शाया नामक वृक्ष की जड़ ।

Cherry-चेंर्-रि-*n.* a small tree, its fruit. एक प्रकार का पहाड़ी वृक्ष, उसके फल; **To make two bites at a cherry** (to stop enterprise.) साहसिक काम करना रोक देना; **Cherry-ripe**

(the cry of a fruit-seller.) मेवाफ़रोश की चिल्लाहट।

Cherub-चेॅर्'-रब्-*n.* (*pl.* Cherubs, Cherubim.) a celestial being, a beautiful child. देवदूत, सुन्दर बालक।

Chess-चेॅस्-*n.* a game for two players played on board divided into sixty-four squares with pieces called 'chessmen'. चतुरंग, शतरंज का खेल जो ३२ मोहरों से खेला जाता है; **Chessboard**-*n.* board used in chess. शतरंज की बिसात; **Chessmen**-*n. pl.* pieces used in playing chess. शतरंज के मोहरे।

Chessel-चेॅस्'-सल्-*n.* a mould for making cheese. पनीर बनाने का साँचा।

Chest-चेॅस्ट्-*n.* a large box, the thorax, सन्दूक (पिटारा), वक्षःस्थल (छाती);-*v. t.* to deposit in a chest. बक्स में बन्द करना।

Chesterfield-चेॅस्ट्'-अर्-फ़ील्ड्-*n.* a kind of long overcoat, a long sofa. एक प्रकार का लम्बा लबादा, लंबी गद्दीदार चारपाई।

Chestnut-चेॅस्-नट्-*n.* a tree or its edible fruit. अखरोट का फल या वृक्ष।

Chest-protector-चेॅस्ट्-प्रोटेॅक्टर्-*n.* an inner garment of flannel. फ़लालीन की भीतरी पोशाक।

Chevalier-शेॅव्-अ-लिअर्-*n.* a knight, a gallant. महावीर, अश्वारोही।

Chevy-चेॅव्'-वि-*n.* a cry, shout. शोर-गुल, कोलाहल, चिल्लाहट।

Chew-चू-*v. t. & i.* to grind with teeth. दाँतों से चबाना; **Chewer** (-अर्) -*n.* one who chews or ponders. चबानेवाला, विचारनेवाला; **Chewing-gum** (-गम्)-*n.* एक प्रकार की चूसने की मिठाई; **To chew the cud** (to masticate a second time the food already swallowed and passed into the first stomach, to ruminate in thought, to think over a subject.) पागुर करना, किसी विषय पर विचार करना या मनन करना।

Chiaroscuro-क्यारो-स्कूरो-*n.* light and shade in painting. चित्र में प्रकाश और अन्धकार का प्रदर्शन।

Chic-शीक्-*n.* skill, style. चातुरी, ढङ्ग।

Chicane-शि-केन्-*v t.* to cheat. छल-कपट करना; **Chicanery** (-रि)-*n.* trickery, pettifogging, artifice. वाक्छल, झूठ बोलकर ठगना, फेरवट की बातचीत।

Chick-चिक्-*n* a young bird, the young of a hen, a hanging door-screen of laced bamboo slips. चिड़िया का बच्चा, मुर्गी का बच्चा, बाँस के सीकों का बीना हुआ दरवाज़े का परदा, चिक; **To count one's chicks before they are hatched** (to build castles in the air.) मन के लड्डू पकाना।

Chicken-चिक्'-एॅन्-*n.* (*pl.* Chicken or Chickens.) the young one of a fowl, child. मुर्गी का बच्चा, मनुष्य का बच्चा; **Chicken-hearted** (timid, cowardly.) कायर, डरपोक; **Chicken-pox** (a contagious pustulous disease.) छोटी चेचक।

Chide-चाइड्-*v. t.*(*p. t.* Chid., *p. p.* Chidden or Chid.) to make complaints, to rebuke, to scold. शिकायत करना, गाली देना, डाँटना; -*n.* murmur. गुर्राहट; **Chiding** (-इङ्ग्)-*adj.* scolding. डाँटता फटकारता हुआ।

Chief-चीफ़्-*n.* (*fem.* Chiefess-एॅस्) ruler, leader. प्रधान पुरुष, नायक, मुखिया;-*adj.* first in importance, prominent, principal, most important. प्रधान, मुख्य; **Chief Commissioner**-मुख्य आयुक्त; **Chief Election-Commissioner**-मुख्य निर्वाचन आयुक्त; **Chief Judge**-मुख्य न्यायाधिपति; **Chief Minister**-मुख्य मंत्री; **Chiefly** (-लि)-*adv.* principally, above all. विशेष करके, सर्वोपरि।

Chieftain-चीफ़्'-टेन्-*n.* a captain, the head of a tribe. सेनापति, मुखिया।

Chiffon-शीफ़ॉन्-*n.* thin gauzy material used in dress. बारीक कपड़ा; **Chiffonier** (-इअर्)-*n.* an ornamental sideboard. सजावटी आलमारी।

Chilblain-चिल्'-ब्लेन्-*n.* a painful inflammation of skin on hand or feet. हाथ या पैर की बेवाय।

Child-चाइल्ड्-*n.* (*pl.* Children चिल्-ड्रेॅन्) a new born human being, offspring, an infant. बालक (बच्चा), सन्तति; **Child-bed** (state of being with child.) प्रसव की अवस्था; **Childbirth** (birth of a child.) प्रसव; **Childhood** (-हुड्)-*n.* infancy. शैशव, बाल्यावस्था, लड़कपन; **Childish** (-इश्)-*adj.* puerile. बालक के समान; **Childishness**-*n.* the state of being childish. बचपन; **Childless** (-लेॅस्)-*adj.* without progeny. निर्वंश, पुत्ररहित; **Child-like** (-लाइक्)-*adj.* like a child, artless, simple. शिशुतुल्य, सरल; **Child's play** (easy work.) सरल कार्य; **Child wife** (a very young wife.) छोटी दुलहिन; **Second childhood** (dotage) बुढ़ौती का सिड़ीपन; **With child** (pregnant.) गर्भिणी; **A burnt child dreads the fire.** दूध का जला मट्ठा फूँककर पीता है।

Children-चिल्'-ड्रेन्-*n. pl.* of Child. 'चाइल्ड' शब्द का बहुवचन, बच्चे।

Chiliad-किल्-इ-ऑड्-*n.* a thousand years. एक हजार वर्ष का काल।

Chill-चिल्-*n.* cold sensation, coldness, depressing influence. ठंढक, शैत्य, उत्साहहीनता; -*adj.* feeling cold, unfeeling. शीतल (ठण्ढा), उदासीन ;-*v. t.* to make cold, to depress, to discourage. शीतल करना, उत्साहहीन करना; **To cast a chill over** (to show indifference.) उदासीन भाव दिखलाना।

Chilli-चिल्'-लि-*n.* dried pod of capsicum. सूखा लाल मिरचा।

Chilliness-चिल्'-लि-नेस्-*n.* the state of being chilly. शैत्य, ठंढ।

Chilly-चिल्'-लि - *adj.* feeling rather cold. स्पर्श में प्रायः ठण्ढा।

Chime-चाइम्-*v. t. & i.* to sound like a bell, to be in rhyme, to accord, to be in agreement, to agree. घण्टी के समान शब्द करना, सुर में होना, एक लय में होना;-*n.* harmonious sound of a musical instrument or bell, ebge or rim of a cask. बाजे या घंटी का सुरीला शब्द, पीपे का किनारा।

Chimera-किमीरा-*n* a faniful conception. असम्भव कल्पना, मनगढ़न्त।

Chimtical-किमेरिकल-*adj.* purfy imaginary काल्पनिक, अनूलक; (also **Chimeric**)।

Chimeny-चिम्'-नी-*n.*passage for carrying off smoke, a glass tude over lamp-flame. धुआँकश, चिमनी; **Chimney-pot** (a cylindrical earthen pipe the top o a chimney, a tall hat.) चिमनी के सिरे पर लगी हुई गिलासनुमा मिट्टी की नली, अंग्रेजी ऊँची टोपी ; **Chimney-sweep (-er)** - *n.* a boy who sweeps chimney. धुआँकश साफ़ करनेवाला बालक।

Chimpanzee-चिम्पञ्जी - *n.* an African ape resembling man. अफ्रीका देश का वनमानुष।

Chin-चिन्-*n.* the front part of lower jaw. चिबुक, ठुड्ढी ; **Chin-deep**-*adj* (greatly involved.) अति लीन।

China-चाइ'-ना-*n. & adj.* a country in the east of Asia, earthenware made of porcelain of China, Chinese. चीन देश, चीनी मिट्टी के बने बरतन, चीन देश का, चीनी।

Chine - चाइन् - *n.* an animal's backbone, ridge, a ravine. जानवर की रीढ़ की हड्डी, किनारा, दरार, दर्रा;-*v. t.* to break the back of. किसी की पीठ तोड़ देना।

Chinese-चाइ-नीज़्'-*n. & adj.* an inhabitant of China. चीन देशवासी, चीनी।

Chink-चिङ्क्-*n.* a crevice, a peephole, the sound of glasses or coins striking together. झरोखा, दरार, सिक्कों की झनकार (खनकार)।

Chintz-चिन्ट्स् - *n.* glazed printed cotton cloth. छींट।

Chip-चिप्-*n.* a thin piece cut off from wood or stone, slice of fruits, a wrestling trick, a piece of fried potato, a sovereign, a piece of dried cow-dung, a key of a musical organ. लकड़ी या पत्थर या फल का टुकड़ा, कुश्ती का दाँव, भुने आलू का टुकड़ा, राजा, प्रभु, उपली, बाजे की चाभी;-*v. t.* (*p. t.* **Chipped**) to cut into small pieces, to break, or crack. काटना, कतरना, टुकड़ा करना; **Chip of the old block** (a son resembling his father.) पिता के समान पुत्र; **Dry as a chip** (tasteless.) बेस्वाद; **To chip in** (to interrupt.) विघ्न डालना।

Chippy-चिप्'-पि-*adj.* full of chips, uninteresting. टुकड़ेदार, अरोचक।

Chips-चिप्स्-*n.* (*naut.*) a ship's carpenter. जहाज का बढ़ई।

Chirography-काइरो-ग्रॉ-फि-*n.* handwriting. हाथ की लिखावट।

Chirology-काइरो-लॅ-जि-*n.* the art of practice of talking with signs made by hands and fingers. हाथ और अँगुलियों के संकेत से बातचीत करने की कला या अभ्यास।

Chiromancer-काइ'-रो-मॅन्'-सर्-*n.* one who is skilled in chiromancy. हस्तरेखा की विद्या जाननेवाला।

Chiromancy-काइ'-रो-मॅन्- सि-*n.* palmistry. हस्त-सामुद्रिक, हस्तरेखा की विद्या।

Chirp-चर्प्-*v. i.* to make short notes like a bird, to talk merrily, to speak feebly. पक्षी की तरह चूँ चूँ करना, आनन्द से बात करजा, धीरे से बोलना;-*n.* the shrill sound of birds or insects. चिड़ियों या फतिंगों का कर्कश शब्द।

Chirpy-चर्पि-*adj.* lively, cheerful, chatty. आनन्दी, प्रसन्न, बकवादी।

Chirr-चर्-*v. t.* to make trilling sound, to chirp like a cricket. चर-चर का शब्द करना, झींगुर की तरह झनकारना।

Chisel-चिज़'-ल्-*n*. an iron or steel tool for shaping wood, stone or metal. रुखानी, छेनी, टाँकी; -*v. t.* (*p. t.*) **Chiselled.**) रुखानी से काटना; **Chiselled features** (clear cut features.) साफ़-सुथरी आकृति; **Cold chisel.** लोहा काटने की छेनी।


chisel.

Chit-चिट्-*n*. a young child, a young woman, a small piece of paper. छोटा बच्चा, युवा स्त्री, कागज का टुकड़ा।

Chitchat-चिट्'-चैट्-*n*. small talk, gossip, prattle. गपशप, बातचीत।

Chitty-चिट्'-टि-*adj*. like a babe, childish. बच्चे के समान।

Chivalric-शिव्'-ऑल्-रिक्-*adj*. worthy of a knight, courteous. शूर-वीर के योग्य, शिष्ट, विनीत।

Chivalrous-शिव्'-ऑल्-रस्-*adj*. characterized by knightly qualities. शूर-वीर के समान; **Chivalrously** (-रस्-लि)-*adv*. in a chivalrous spirit. वीरता से।

Chivalry-शिव्-अल्-रि-*n*. gallantry, a knight's characteristics. वीरता, शूरवीर के गुण।

Chloride-क्लोर्'-आइड्-*n*. a compound of chlorine. क्लोरीन मिश्रित एक यौगिक।

Chlorine-क्लोर्'-इन्-*n*. a suffocating gas. साँस घुटानेवाली एक गैस।

Chlorodyne-क्लोर्'-ओ-डाइन्-*n*. a narcotic and anodyne medicine. निद्राजनक तथा पीड़ानाशक एक पेटेन्ट दवा।

Chloroform-क्लोरो-फ़ॉर्म्-*n*. a liquid for producing insensibility. बेहोश करने की एक प्रसिद्ध तरल औषधि; -*v. t.* to apply chloroform to. बेहोशी की दवा का प्रयोग करना।

Chock-चॉक्-*n*. a block of wood. लकड़ी का टुकड़ा; -*v. t.* to make fast with chock. ओट लगाना; -*adv*. tightly, closely. (फन्नी से) कसकर।

Chocolate-चॉकॅलिट्-*n*. a kind of sweatmeat containing sugar, coco and flour. चीनी, कोको और मैदा की एक प्रकार की मिठाई; -*adj*. tasting like chocolate, having red-brown colour like chocolate. चोकोलेट के समान स्वादवाला, चोकोलेट के समान लाल-भूरा रंगवाला।

Choice-चॉइस्-*n*. act or power of choosing, the thing chosen, selection, alternative. चुनाव, चुनी हुई वस्तु, छँटाव; -*adj*. exquisite, appropriate. उत्तम, पसन्द के लायक; **Choicely** (-लि)-*adv*. carefully. सावधानी से; **To have no choice** (not to care.) परवाह न करना; **To take one's choice** (to decide, to settle.) निर्णय करना, स्थिर करना।

Choir-क्वॉयर्-*n*. a chorus or band of singers or dancers. गानेवालों या नाचनेवालों की मण्डली; -*v. i.* to sing in a choir. एक साथ मिलकर गाना।

Choke-चोक्-*v. t.* & *i.* to suffocate, to become speechless, to stifle, to block up. गला घोंटना, गूँगा बनना, अवरोध करना, रोकना; -*n*. stoppage of breath, a device for stopping the passage of electricity or gas, the middle part of artichoke. श्वासावरोध, बिजली या गैस की गति रोकने का उपाय; हार्थीचक फल का मध्य भाग; **To choke down** (to swallow food.) भोजन निगलना; **To choke off** (to give up an attempt.) प्रयत्न को छोड़ना।

Choker-चोक्-अर्-*n*. a high collar. (गला घोंटनेवाला) ऊँचा कॉलर या गले की पट्टी।

Choler-कॉल्-अर्-*n*. bile, biliousness, anger. पित्त, पित्त का प्रकोप, क्रोध, रोष।

Cholera-कॉलरा-*n*. an infectious disease with diarrhoea and vomiting. विसूचिका, हैज़ा; **Choleraic** (-रें-इक्)-*adj*. विसूचिका रोग सम्बन्धी।

Choleric-कॉलरिक्-*adj*. obtained from bile, angry. पित्तज, क्रुद्ध, क्रोधी।

Choose-चूज़्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Chose** चोज़्; *p. p.* **Chosen** चोज़न्) to select, to decide, to determine. चुन लेना, निर्णय करना, निश्चित करना; **Choosing** (-इङ्ग्)-*n*. a choice. चुनाव, छँटाव; **To pick and choose** (to select carefully.) सावधानी से चुन लेना; **Chooser** (-अर्)-*n*. one who selects. चुननेवाला मनुष्य।

Chop-चॉप्-*n*. a small slice of meat, a crack or cleft, an act of cutting into pieces, an exchange, a jaw, a person with fat cheeks, a seal. मांस का टुकड़ा, दरार, दर्रा, टुकड़े में काटने का काम, विनिमय, जबड़ा, मोटे गालोंवाला व्यक्ति, मुहर; -*v. t.* (*p. t.* **Chopped.**) to cut by a blow, to mince, to exchange. काटना, टुकड़ा करना, विनिमय करना; **To chop and change** (to change one's mind frequently.) बार-बार विचार बदलना; **Chop logic** (alkative argument.) कठहुज्जत; **Chopsticks** -*n. pl.* two small sticks used in China to eat with. चीन देश के भोजन करने में प्रयुक्त होनेवाली सलाइयाँ; **To chop back** (to

change one's direction.) मार्ग पलटना; To chop in (to interrupt in talk.) बात काटना; To chop up (to cut into small pieces.) छोटे-छोटे टुकड़े करना ।

Chopper-चॉप्-पर्-*n.* a butcher's cleaver, a short axe. कसाई की मांस काटने की छुरी, छोटी कुल्हाड़ी ।

Choppy-चॉप्-पि-*adj.* full of crags or clefts. दरारों से भरा हुआ ।

Choral-कोरल्-*adj.* pertaining to a chorus. मण्डली के एक साथ गाने से सम्बन्धित ।

Chord-कॉर्ड्-*n.* the string of a musical instrument, a straight line joining the ends of an arc. ताँत, चापकर्ण (वृत्त-खण्ड को जोड़नेवाली रेखा); **Chordal** (-अल्)-*adj.* pertaining to a chord. वृत्त के चापकर्ण से संबंधित ।

Chorion-कोरिअन्-*n.* the outer membraneous envelope of foetus. गर्भ की बाहरी झिल्ली ।

Chorister-कोरिस्टर्-*n.* the member of a band of singers. गानेवाली मण्डली का सदस्य ।

Choroid-को-रॉइड्-*n.* the membrane which lines the eye-ball. आँख की पुतली के भीतर की झिल्ली ।

Chortle-कॉर्ट्ल्-*v. t.* to chuckle in a loud manner. जोर से शब्द करना ।

Chorus-कोर्'-अस्-*n.* a band of dancers or singers, refrain of a song. गायकगण (गानेवालों की मण्डली), टेक (गीत का वह भाग जिसको सब मिलकर गावें); In chorus (all speaking or singing together.) सब लोगों का एक साथ बोलना या गाना ।

Chough-चफ्-*n.* a red-legged crow, a jackdaw. लाल पैर का कौवा, डोमकौवा ।

Chrism-क्रिज़्म्-*n.* an unguent, holy oil. मलहम, पवित्र तेल ।

Christ-क्राइस्ट्-*n.* The Anointed One, Saviour ईसा मसीह; **Christen** (-क्रिस्-न्)-*v. t.* to. administer baptism. नामकरण करना, बपतिस्मा करना; **Christendom** (क्रिस्-न्-डॅम्)-*n.* Christians, Christian countries. क्रिस्तानी लोग, क्रिस्तानी देश ।

Christian-क्रिस्ट्'-यन्-*n.* & *adj.* a believer in the religion of Christ. किरिस्तान, क्रिस्तानी; **Christian name** (name given at baptism.) बपतिस्मा के समय का रक्खा हुआ नाम; **Christianise** (-आइज़्)-*v. t.* to convert to Christianity. किरिस्तान बनाना; **Christianity** (-स्टयनिटि)-*n.* the Christian religion. ईसा मसीह का मत ।

Christmas-क्रिस्'-मस्-*n.* the festival of Christ's birth which falls on the 25th of December. ईसामसीह का जन्मदिन, बड़ा दिन, २५ दिसम्बर;-*adj.* pertaining to Christmas. बड़े दिन के त्योहार से सम्बन्धित ।

Chromatic-क्रो-मॅट्'-इक्-*adj.* full of bright colour. चमकीले रङ्ग से पूर्ण; **Chromatics** (-स्) -*n.* the science of colours. (विविध) रङ्ग की विद्या ।

Chrome-क्रोम्-*n.* a yellow pigment and colour. पीला रङ्ग ।

Chromium-क्रोम्'-इ-अम्-*n.* a metallic element. एक धातु-विशेष ।

Chromograph-क्रोम्'-ओ-ग्राफ्-*n.* & *v. t.* reproduction in colours. रङ्गीन चित्र छापना, ऐसा छापने की क्रिया ।

Chromo-lithograph-क्रोमो-लिथो-ग्राफ्-*n.* the coloured pictures printed from stone or zinc plate. लीथो के पत्थर या जस्ते के प्लेट पर से छापा हुआ रङ्गीन चित्र ।

Chronic-क्रॉन्'-इक्-*adj.* (*also* **Chronical**) lingering, (of diseases) constitutional. दीर्घस्थायी पुराना (रोग), स्वाभाविक ।

Chronicle-क्रॉन्-इ-कल्-*n.* a narrative, an account. इतिहास (वृत्तान्त), वर्णन; **Chronicler** (-इक्-लर्)-*n.* the writer of a chronicle. कथा-लेखक ।

Chronograph-क्रॉन्'-ओ-ग्राफ्-*n.* an instrument to record time with great accuracy. सूक्ष्म रीति से समय नापने का एक प्रकार यन्त्र ।

Chronologer-क्रॉनॉलॉजर्-*n.* one versed in the science of chronology. काल-निर्णय-विद्या में निपुण ।

Chronological-क्रॉनॉलाजिकल्-*adj.* according to the order of time. कालक्रम के अनुसार; **Chronologically** (-लि)-*adv.* in a chronological manner. कालानुसार, कालक्रम से ।

Chronologist-क्रॉनॉलॉजिस्ट्-*n.* one versed in chronology. घटनाओं को कालक्रम के अनुसार लिखनेवाला ।

Chronology-क्रॉनॉ-लॉ-जि-*n.* the science or method of computing dates. काल-निर्णय-विद्या ।

Chronometer-क्रॉनॉमिटर्-*n.* a time-piece or watch for recording exact time. ठीक-ठीक समय बतलानेवाली एक प्रकार की छोटी घड़ी ।

Chronometry-क्रॉनॉ-मॅट्रि-*n.* scientific measurement of time. वैज्ञानिक रीति से समय की नाप ।

Chronoscope-क्रॉन्'-ऑ-स्कोप्-*n.* an instrument for measuring velocities of time समय-गति-मापक-यन्त्र ।

Chrysalis-क्रिस्'-ऑ-लिस्-(*pl.* **Chrysalises**). form taken by insect between larva and butterfly. तितली, कीड़े इत्यादि की पर निकलने से पहिले की अवस्था।

Chrysanthemum-क्रिस्-ऑन्'-थें-मम्-*n.* a kind of flower. गुलदाउदी का फूल।


Chrysolite-क्रि'-सो-लाइट्-*n.* a kind of green or yellow gem. चन्द्रकान्त, एक प्रकार का हरा या पीला रत्न।

Chrysology-क्रिसोलॉजि - *n.* the branch of political economy which treats of production of wealth. अर्थशास्त्र का वह विभाग जिसमें धनोपार्जन का वर्णन होता है।

Chub-चब् -*n.* a coarse-fleshed river fish. नदी की मोटे चमड़े की एक मछली।

Chubby-चब्'-बि - *adj.* short and thick, plump, round faced. नाटा मोटा, फूले चेहरेवाला, गलफुल्ला।

Chuck-चक्-*n.* the call of a fowl, term of endearment, jerk under the chin, a contrivance in lathe. मुरगे की बोली, प्यार का नाम, दाढ़ी पर झटका, खरादने के यन्त्र का एक भाग; -*v. i.* to call as a hen. मुरगी के समान शब्द करना; To chuck away (to waste.) नाश करना; To chuck out (to turn out.) निकाल देना; To chuck up (to abandon.) त्यागना; To chuck up the sponge (to finish up struggle.) लड़ाई-झगड़ा खतम करना।


Chuck.

Chucker-out-चक्'-अर् - आउट् - *n.* a burly attendant at a theatre. नाटक में कोलाहल शान्त करनेवाला पहरेदार।

Chuckle-चक्'-कुल्-*v. i.* to laugh in a suppressed manner, to cackle, to show signs of glee. मुँह बन्द करके हँसना, प्रसन्नता के चिन्ह दिखलाना।

Chucklehead-चक्'- कुल - हेंड्-*n.* a stupid fellow, a booby. मूर्ख मनुष्य।

Chuckling-चक्'-लिङ्ग्-*adj.* pleasing, amusing. आनन्द दायक, मनोरंजक।

Chuffy-चफ्'-इ-*adj.* with swollen cheeks. फूले हुए गालोंवाला।

Chum-चम्-*n.* a familiar friend, a chamber fellow, a kind of fish. लँगोटिया यार, पुराना मित्र, एक प्रकार की मछली; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Chummed**) to become a chum, to accompany, to share a room or to mess with another. लँगोटिया यार बन जाना, साथ देना, दूसरे के साथ एक ही कमरे में रहना या एक साथ मिलकर अनेक मनुष्यों का भोजन करना।

Chump-चम्प्-*n.* a heavy piece of wood, the thick end, a blockhead. लकड़ी का कुन्दा, मोटा किनारा, मूर्ख मनुष्य।

Church-चर्च्-*n.* a building for public Christian worship, an organised Christian society, the clergy. गिरजाघर, धार्मिक संस्था, पादरी; -*v. t.* to have thanks offered for delivery of a child. पुत्र उत्पन्न होने पर गिरजाघर में जाकर ईश्वर को धन्यवाद देना; **Church-mouse**- (a poor man.) दरिद्र मनुष्य; **Churchyard** (ground adjoining a church in which the dead are buried.) गिरजाघर के मैदान में का कब्रिस्तान।

Churl-चर्ल्-*n.* an ill-bred fellow, a rustic. देहाती, गँवार मनुष्य; **Churlish** (-इश्)-*adj.* uncivil, ill-natured. अशिष्ट, दुष्ट; **Churlishly** (-इश्'-लि)-*adv.* in an uncivil manner. असभ्यता से; **Churlishness** (-नेंस्)-*n* the quality of being churlish. गँवारपन।

Churn-चर्न् -*n.* butter-making machine. मक्खन बनाने का यन्त्र; -*v. t.* to agitate in a churn. दूध या दही को मथना।

Churning-चर्न्-इङ्ग्-*n.* act of making butter, quantity of butter made at once. मथने का कार्य, एक बार मथकर निकाले गये मक्खन की मात्रा; **Churn-staff** (staff which is used in churning.) मथानी।

Chute-शूट् -*n.* a smooth rapid descent of water. वेग से जल का गिराव या उतार।

Chyle-काइल्-*n.* a milky fluid separated from the food in the small intestines. छोटी आँतों में से पृथक् होनेवाला माड़ के समान एक रस।

Chyme-काइम्-*n.* food converted into acid pulp. अम्लीय लेई में परिवर्तित पेट का भोजन।

Cicatrice-सिका'-ट्रिस्, **Cicatrix** (एं'-ट्रिक्स्) -*ns.* scar of healed wound, scar in the bark of a tree. पूज जानेवाले घाव का चिन्ह, पेड़ की छाल का दाग।

Cicatrize-सिक्'-ऑ-ट्राइज़् -*v. t.* to mark with scars, to heal over. घाव के चिन्ह लगाना, घाव का पूजना।

Cider-साइ'-डर् -*n.* a fermented drink from apple juice. सेब की शराब।

Cigar-सिगार् - *n.* a roll of tobacco leaf for smoking. चुरुट; **Cigarshaped** (of the shape of a cigar.) सिगार या बेलन के आकार का।

Cigarette-सिग्अरेट्' -*n*. tobacco which is rolled in paper for smoking. कागज में लपेटा हुआ तमाखू, सिगरेट।

Cilia-सिलिआ -*n. pl.* eye-lashes. बरौनी;

Ciliary (यीर्-इ) -*adj*. pertaining to the eye-lids. बरौनी सम्बन्धी।

Cilice-सिलिस् -*n*. a garment of hair-cloth. भेड़ बकरी के रोवें का बना वस्त्र।

Cimmerian-सिमीरिअन्-*adj*. extremely dark. घना अन्धकारमय।

Cinchona-सिन्-को'-ना-*n*. a tree from the bark of which quinine is extracted. कुनैन का पेड़।

Cincture-सिङ्क्चर्-*n*. a girdle border, belt. मेखला, किनारा, कमरपेटी; -*v. t.* to encircle. लपेटना।

Cinders-सिन्'-डर्स् -*n. pl.* ashes. भस्म।

Cindery-सिन्'-डर्-इ-*adj*. composed of cinders. अङ्गार या भस्म से पूर्ण।

Cinema-सिनिमा -*n*. a theatre of moving pictures. चलते-फिरते चित्र का प्रदर्शन; **Cinematograph** (-मॅट्-अॅ-ग्रॅफ्) -*n*. an apparatus for producing motion-pictures. गतिमान् (चलते-फिरते) चित्र दिखलाने का यन्त्र।

Cinerary-सिनररि -*adj*. pertaining to ashes. भस्म-सम्बन्धी।

Cinereous-सिनीरिअस्-*adj*. ashy grey. राख के समान भूरा।

Cingalese-सिङ्गालीज़्' -*n.* & -*adj*. a native of or belonging to Ceylon. सीलोन या लंका का निवासी अथवा सीलोन सम्बन्धी।

Cinnabar-सिन-बार् -*n*. vermilion. सिंगरिफ, सिन्दूर, सदुर।

Cinnamon-सिनमन् -*n*. the aromatic inner bark of a tree. दालचीनी, दारुसिता, दालचीनी का वृक्ष।

Cinque-सिङ्क् -*n*. the number five as at dice or cards. पासे या ताश की पंजी; **Cinquefoil** -*n*. a plant with five leaves. पँचपतिया (पाँच पत्तियों का) पौधा।

Cipher (Cypher)-साइ'-फर्-*n*. the symbol(0), person of no importance, secret writing. शून्य (बिन्दु), महत्त्व-हीन मनुष्य, गुप्त लिखावट; -*v. t.* to calculate. गणना करना, गणित करना।

Circa-सर्-का-*prep.* & *adv*. about, around. लगभग, चारों ओर।

Circle-सर्-क्ल् -*n*. a plane figure bounded by a curved line, a round body, orbit of planets, ring, period, cycle, complete series, sphere, number of persons connected together. वृत्त, घेरा, वर्तुल आकार, क्रम, मण्डल, पूर्ण चक्र, गोला, मण्डली; -*v. t.* to encompass, to move round, to encircle. घेरना, प्रदक्षिणा करना, चक्कर लगाना।

Circlet-सर्क्'-लेट्-*n*. a small circle, an orb. छोटा वृत्त, मण्डल।

Circuit-सर्'-किट् -*n*. the line enclosing a circle, roundabout journey, path of electric current. चक्कर, परिभ्रमण, बिजली की धारा का मण्डलाकार पथ; **Short circuit**. बिजली की धारा की रुकावट।

Circuitous-सर्-क्यु-इट्-अस् -*adj*. indirect, round about. कुटिल गतिवाला, चक्राकार, चक्करदार।

Circular-सर्'-क्यु-लर्-*adj*. in the shape of a circle, round ;-*n*. a letter or printed notice, a copy of which is sent to several persons. वर्तुलाकार, चक्राकार (घूमता हुआ) विज्ञापन का पत्र; **Circularly** (-लि) -*adv*. in a circular manner. चक्रवत्; **Circularize** (-आइज़्)-*v. t.* to popularize by circulars. विज्ञापन देकर प्रचार करना।

Circularity-सर्'-क्यु- लॅरि - टि-*n*. rotundity. वर्तुल अवस्था, गोलाई।

Circulate-सर्-क्यु-लेट्-*v. i.* to go round as in a circle, to move round. घूमना, चक्कर खाना; -*v. t.* to turn round, to spread, to give currency to. घुमाना, फैलाना, प्रचार करना; **Circulating** (-इङ्ग्)-*adj*. moving in a circle. चक्कर खाता हुआ; **Circulating library** (a library in which books are sent out to subscribers on loan.) पुस्तकालय जहाँ की पुस्तकें पढ़ने के लिए बाहर जाती हैं।

Circulation-सर्-क्यु-ले'-शन्-*n*. movement to and fro, a currency, diffusion. परिभ्रमण, प्रचार (चक्कर, घुमाव)।

Circulative-सर्-क्यु-लेट्'-इव्-*adj*. producing circulation. चक्कर देनेवाली।

Circulator-सर्-क्यु-ले-टर्-*n*. one who spreads news. खबर फैलानेवाला; **Circulatory** (टरि) -*adj*. circulating. परिभ्रमण-सम्बन्धी।

Circum-सर्'-कम्-*pref*. in the sense of 'round about'. 'चौओर, चारों ओर, चारों तरफ' अर्थ का उपसर्ग।

Circumambient-सर्-कम् - ॲम्'- बि-अन्ट्-*adj*. surrounding, going round about. घेरे हुए, चक्कर लगानेवाला।

Circumambulate-सर्-कम्-ॲम्'-ब्यु -लेट्-*v. t.* to walk around. परिक्रमा करना, परिभ्रमण करना; **Circumambulation** (ल '-शन्)- *n*. act of walking around. परिक्रमा, चक्कर;

Circumambulatory-(लें-ट-रि) - *adj.* going round. चक्कर खानेवाला, चक्करदार।

Circumbendibus-सर्-कम्-बेंन्'-डि-बस्-*n.* a roundabout method, circumlocution. फेरवट की विधि, हेरफेर का ढंग।

Circumcise-सर्'-कम्-साइज़् - *v. t.* to cut off the foreskin of the penis of males. मुसलमानी करना, लिंग की अग्रत्वचा को काट देना; **Circumcision** (-सिज़्'-अन्)-*n.* the act of circumcising. मुसलमानी करने की विधि।

Circumference-सर्-कम्'-फ़र्-ऍन्स्-*n.* the line encompassing a circle. परिधि, मण्डल, गिरदा; **Circumferential** (-ऍन्'-शल्)-*adj.* pertaining to circumference. परिधि सम्बन्धी।

Circumfluence-सर्-कम्'-फ़्लु-ऍन्स्-*n.* flowing round on all sides. जल का चौफेर बहाव।

Circumfluent-सर्-कम्'-फ़्लु-ऍन्ट्-*adj.* flowing round. चौफेर बहनेवाला।

Cicumfluous - सर् - कम्' - फ़्लु - अस् - *adj.* surrounded by water, circumfluent. जल से घिरा हुआ।

Circumlocution-सर्-कम्-लो-क्यू'-शन्-*n.* using many words for one, roundabout expression. वक्रोक्ति, फेरवट की बातचीत; **Circumlocutory** (-लोक्यूटरि)-*adj.* involving circumlocution. हेरफेर की बातों वाला।

Circumnavigate-सर्-कम्-नैव्-इग्-ऍट्-*v. t.* to sail round (esp. the globe or the world.) जहाज पर सवार होकर संसार के चारों ओर भ्रमण करना।

Circumoral-सर्-कमोरल्-*adj.* placed round the mouth. मुँह के चारों ओर रक्खा हुआ।

Circumrotation-सर्-कम्-रो-टे - शन् - *n.* the act of revolving. चक्कर काटने का कार्य।

Circumscribe-सर्-कम्-स्क्राइब्-*v. t.* to draw a line round, to confine, to restrict, to curtail. घेरना, परिमित करना, रोकना, छाँटना।

Circumscription-सर्-कम्-स्क्रिप'-शन्-*n.* marking of limits, definition. सीमाकरण, परिभाषा; **Circumscriptive** (-क्रिप्ट्-इव्) - *adj.* limiting. सीमा या परिधि निर्धारित करनेवाला।

Circumsolar-सर्-कम्-सोलर् - *adj.* revolving near or round the sun. सूर्य के पास या चारों ओर घूमनेवाला।

Circumspect-सर्'-कम्-स्पेक्ट् - *adj.* cautious, wary. सावधान, जाग्रत, चौकन्ना; **Circumspection** (-स्पेक्-शन्)-*n* a careful consideration beforehand, thoughtfulness. सावधानी; **Circumspectively**(-इव्-लि)-*advs.* thoughtfully. सावधानी से।

Circumstance-सर्-कम्-स्टैन्स्-*n.* event, incident, occurrence, situation, (*pl.*) state of things, event. घटना, दशा, अवस्था, (ब० व०) स्थिति, अवस्था।

Circumstantial-सर्' -कम् - स्टैन्' - शल्-*adj.* incidental, detailed, minute, not essential. अचानक, ब्योरेवार, विस्तीर्ण, अप्रत्यक्ष (प्रमाण)।

Circumvent-सर्-कम्-व्हेन्ट्-*v. t.* to entrap, to cheat. फँसाना, धोखा देना; **Circumvention** (-व्हेन्-शन्)-*n.* deception. छल, कपट, ठगी।

Circumvolution-सर्-कम्-व्हो-ल्यू'-शन् - *n.* the act of rolling round, a coil. चक्कर, घुमाव।

Circus-सर्-कस्- *n.* a travelling show of horses, riders &c., a circular space. सरकस, खेल का गोल मैदान।

Cirrus-सिर्'-रस्-*n.* (*pl.* Cirri) form of cloud like distended locks of hair, a tendril. बालों के गुच्छे की आकृति का बादल, पौधे का कोमल पेंचदार तन्तु।

Cist-सिस्ट्-*n.* a stone chest, a grave of prehistoric times. पत्थर का सन्दूक, प्राचीन काल की समाधि, कब्र।

Cistern-सिस्-टर्न्-*n.* a reservoir for storing or collecting water. जलकुण्ड, जलाशय, पानी का हौज़।

Citable-साइ - टेब्-ल्-*adj.* able to be cited or quoted. दृष्टान्त देने योग्य।

Citadel-सीट्-अ-डेल्-*n.* a fortress near a city. दुर्ग, किला।

Citation-साइ-टेशन्-*n.* quotation, reference. दृष्टांत, प्रमाण।

Cite-साइट्-*v. t.* to quote, to summon, to mention as example. प्रमाण देना, बुलाना, दृष्टान्त देना।

Citizen-सिट्'-इ-ज़्अन्-*n.* a townsman, an inhabitant of a state. नागरिक, किसी देश का निवासी; **Citizenship** (-शिप्)-*n.* the rank of a citizen. प्रजा का अधिकार, पौरत्व, नागरिकता।

Citric-सि-ट्रिक्-*adj.* pertaining to citron or lemon. नीबू की खटाई का।

Citrine-सि-ट्रिन्-*adj.* lemon coloured, yellow. निबुअई, पीला।

Citron-सि-ट्रन्-*n.* a kind of large lemon, जंभीरी नीबू, चकोतरा।

City-सिट्'-टि-*n.* (*pl.* Cities.) an important town. नगर, शहर; **City of God** (heaven.) स्वर्ग।

Civic-सिव्-इक्-*adj.* proper to citizens, of city, municipal, civil. नागरिकोचित, नगर

सम्बन्धी, नागरिक, दीवानी ; **Civic Guard.** अशान्ति के समय नगर की रक्षा करनेवाला सिपाही; **Civics**(-इक्स्)-*n. pl.* the science of municipal administration. नागरिक अधिकारों और कर्त्तव्यों की विद्या, नागरिक शास्त्र ।

Civil-सिव्'-इल्-*adj.* relating to people, becoming a citizen, political, polite, not criminal. जन-सम्बन्धी,नागरिकोचित,राजनैतिक, सभ्य (सुशील,) दीवानी (फौजदारी नहीं); **Civil Law** (law of the state of a country.) जाब्ता दीवानी; **Civil List** (list of officers.) हाकिमों की फ़िहरिस्त (सूची); **Civilian** (-इल'-यन्)-*n.* a civil officer. दीवानी का हाकिम; **Civility** (-इल-इट्-इ)-*n.* politeness, good breeding. नम्रता, शिष्टता, सभ्यता, भलमनसी ।

Civilization-सिव्लिज़ेशन्-*n.* act of civilizing or state of being civilized. सभ्यता, शिष्टता ।

Civilize-सिव्-इल-आइज़्'-*v. t.* to bring out of barbarism. to enlighten, to refine. शिष्ट करना (शिष्टाचार सिखलाना), सभ्य बनाना, सुधारना; **Civilized** (-ड्)-*adj.* refined, enlightened, cultured. शिष्ट, विनीत, सभ्य ।

Clack-क्लैक्-*n. & v. i.* a clattering noise, to make a sudden sharp noise. कर्कश शब्द, खड़खड़ाहट, एकाएक खड़खड़ाहट का शब्द करना ।

Clad-क्लैड्-*p. t. & p. p.* of **Clothe.** - *adj.* putting on clothes. कपड़े पहने हुए ।

Claim-क्लेम्-*v. t.* to demand as one's due, to profess to be. अपनी रकम माँगना, दृढ़तापूर्वक कहना:-*n.* right, title, thing claimed. स्वत्व, अधिकार, माँगी गई वस्तु; **Claimable** (-ऍ-बूल्) -*adj.* able to be claimed. अधिकृत करने के योग्य; **Claimant** (-क्लेम्'-ऑन्ट्)-*n.* one who claims. दावी, दावागीर, प्रार्थी, अर्थी ।

Clairvoyance-क्लेअर्-व़ॉय्'-ऑन्स्-*n.* the faculty of seeing mentally what is happening elsewhere. आंतरिक बल से दूर की घटना को देखने की शक्ति; **Clairvoyant** (-ऑन्ट्)-*n.* ऐसी शक्तिवाला या परोक्षदर्शी मनुष्य ।

Clamant-क्लेम्' - अन्ट्-*adj.* noisy, urgent. शब्द करनेवाला, आवश्यक ।


Clamber-क्लैम्'-बर्-*v. i.* to climb with difficulty. कठिनता से चढ़ना ।

Clamminess--क्लैम्-मि - नेस् - *n.* stickiness. लसलसाहट; **Clammy**-क्लैम्'-मि-*adj.* moist, sticky, viscous. तर, लसलसा या चिपचिपा ।

Clamorous-क्लैमरस्-*adj.* noisy. चिल्लानेवाला; **Clamorously** (-अस्-लि) -*adv.* in a noisy manner. चिल्लाते हुए, कोलाहल करते हुए ।

Clamour-क्लैमर्-*n.* shout, outcry, demand, complaint. रटन, चिल्लाहट, माँग, शिकायत; **To clamour down** (to silence.) चुप करना ।

Clamp-क्लैम्प्-*n.* a clasp or hand used to hold things together. पाहू, कोनिया, शिकंजा;-*v.t.* to strengthen or bind with clamps. पाहू जड़ कर पुष्ट करना ।


Clamp.

Clan-क्लैन्-*n.* a tribe, sect, clique, family. जाति, दल, वंश ।

Clandestine-क्लैन्-डेस्'-टिन् - *adj.* hidden, secret. छिपा हुआ, गूढ़, गुप्त; **Clandestinely** (-लि)-*adv.* in a secret manner. गुप्त रीति से ।

Clang-क्लैङ्ग्-*n.* a loud metallic sound. झन्झन् का शब्द; -*v. t.* to make a loud metallic sound. ठन्ठन् या झनझन शब्द करना ।

Clangour-क्लैङ्गर्-*n.* a succession of sharp harsh sounds. झनझनाहट का निरन्तर शब्द ।

Clank-क्लैङ्क्-*n.* a rattling sound with a clank. झन्झन् का शब्द ।

Clannish-क्लैनिश्-*adj.* pertaining to a clan. जाति का ।

Clanship-क्लैन्-शिप्-*n.* the state of union in a clan. गोत्रत्व, सजातीयता ।

Clansman-क्लैन्स्-मैन्-*n.* the member of a clan or tribe. सजातीय व्यक्ति ।

Clap-क्लैप्-*n.* a slap, pat. थप्पड़, थपथपाहट ; -*v. t.* to applaud by striking palms of hand together, to flap. ताली बजाना, फड़फड़ाना; **To clap a bargain** (to make a bargain hastily.) जल्दी से सौदा पटाना ।

Clapper-क्लैप्'-पर्-*n.* one who claps, the tongue of a bell. ताली बजानेवाला, घण्टे का लटकन ।

Clapperclaw-क्लैप्'-पर्-क्लॉ-*v. t.* to scratch and fight, to scold. बकोटना और लड़ना, बुरा भला कहना, झिड़कना ।

Claptrap-क्लैप्'-ट्रैप्-*n.* a language to catch applause or win favour. प्रसन्न करने के लिये शब्दों का प्रयोग ।

Clarence-क्लैर्'न्स्-*n.* a four-wheeled closed carriage. चौपहिया बन्द गाड़ी ।

Claret-क्लैर्-रेट्-*n.* a kind of French wine of light-red colour. एक प्रकार की फ्रान्स देश की लाल मदिरा ।

Clarification-*n.* स्पष्टीकरण ।

Clarify-क्लै-रि-फ़ाइ-*v. t. & i.* (*p. t.* **Clarified.**) to make clear, to free from im-

purities. शुद्ध करना (स्वच्छ करना), मैल हटाना ; **Clarification** (-फ़िकेशन्) -*n.* method of cleansing. मल साफ करने की विधि, स्पष्टीकरण ।

Clarinet-क्लैरिनेट् - *n.* (also **Clarionet.**) a wooden single reed musical instrument. शहनाई, अलगोजा ।

Clarity-क्लॅ-रिट्' - इ - *n.* purity, clearness. सफाई, स्वच्छता, शुद्धता ।

Clarionet.

Clash-क्लॅश्-*v. i. & t.* to make loud broken sound, to encounter, to conflict. टकराने का शब्द करना, झगड़ना, विरोध करना ; - *n.* encounter, disagreement. मुठभेड़, विरोध; **Clashing** (-इङ्ग्)-*adj.* opposing. विरोधी।

Clasp-क्लास्प्-*n.* a contrivance for fastening, embrace, reach. अँकुरा (बलकस), आलिङ्गन, पहुँच; -*v. t.* to fasten, to encircle, to embrace. बाँधना, लपेटना, आलिंगन करना; **To clasp hands** to shake hands.) हाथ मिलाना।

Class-क्लास्-*n.* a rank or order of society, a scientific division,a set of students taught together. वर्ग, श्रेणी या जाति, छात्र-समूह (कक्षा); -*v. t.* to place in a class. किसी श्रेणी या कक्षा में रखना;**Class-book** (book taught in a class.) कक्षा में पढ़ाई जानेवाली पुस्तक; **Class-fellow** -*n.* सहपाठी; **Of the same class.** एकवर्गी; **To take a class** to gain honours.) उत्तम श्रेणी में आना, प्रतिष्ठा प्राप्त करना ।

Classic-क्लॅ-सिक्-*adj.* of the first class, of standard, excellence; प्रथम श्रेणी का, अत्युत्तम; **Classics** (-स)-*n. pl.* classical studies. उच्च कोटि के ग्रन्थों का (अध्ययन); **Classical** (-अल्) -*adj.* of standard literature. उच्चकोटि के साहित्य का; **Classicalism** (-इज़्म्)-*n.* classical scholarship. शास्त्रीय पांडित्य; **Classicize** (-सि-साइज़्') -*v. t.* to imitate the classic style. उच्च कोटि की साहित्यिक रचना का अनुकरण करना ।

Classifiable-क्लॅसिफ़ायॅबल् - *adj.* capable of being classed or arranged in classes. वर्गीकरण के योग्य ।

Classification-क्लॅसिफ़िकेशन् - *n.* arrangement into classes. वर्गीकरण, श्रेणीविभाजन ।

Classify-क्लॅस्-इफ़्-आइ-*v. t.* (*p. t.* **Classified.**) to arrange in classes. क्रमबद्ध करना, श्रेणी में रखना ।

Clatter-क्लॅटर्-*v. i. & t.* to make a confused rattling sound, to talk fast and idly. झनझनाना, बकबक करना;-*n.* a noisy talk. बकबक; **To clatter down** (to fall with a clattering noise.) धड़धड़ाकर गिर पड़ना ।

Clatterer-क्लॅटरर् - *n.* a babbler बड़बड़िया, बकवादी ।

Clause-क्लॉज़् - *n.* subordinate sentence, a single act or article in law. (पद) उपवाक्य, कानून की धारा ।

Clavate-क्लॅ-व्रेट्-*adj.* shaped like a club. मुद्गर की आकृति का ।

Clavicle-क्लॅव्'-इ - कल्-*n.* the collar bone. हँसुली, हँसिया ।

Clavicular-क्लॅ-वि-क्यूलर्-*adj.* pertaining to the collar-bone. हँसिया का ।

Claviform-क्लॅव्'-इ-फ़ॉर्म्-*adj.* of the orm of a club. गदा के आकार का ।

Claw-क्लॉ-*n.* the thorny nail of a beast. नख, चङ्गुल, पञ्जा;-*v. t.* to scratch or seize by claw. पञ्जे से खरोंचना या पकड़ना; **Clawback** -*n.* (a flatterer.) चापलूस; **Claw-hammer** (a hammer used to draw out nails.) काँटी निकालने का हथौड़ा (जमूरा) ।

Clay-क्ले-*n.* tenacious earth, human body. मिट्टी, कीचड़, भौतिक देह; **Clayey** (-ई) -*adj.* consisting of or like clay. मिट्टीदार, मिट्टी के समान; **Claypipe** (a tobacco-pipe of clay.) हुक्का, गौरैया ।

Claymore - क्ले'-मोर्-*n.* a two-edged broad sword. दोधारी चौड़ी तलवार ।

Clean-क्लीन्-*adj.* free from dirt or blemish, clear, pure, guiltless, holy. निर्मल, निष्कलङ्क, स्वच्छ, शुद्ध, निर्दोष, पवित्र;-*adv.* quite, entirely. बिलकुल, पूर्णरूप से ;-*v. t.* to purify, to cleanse. पवित्र करना, शुद्ध करना, साफ करना ; **Clean-fingered** (without taking bribe.) बिना घूस लिये; **Cleanhanded** (innocent.) निर्दोष ; **To clean out** (to vacate.) खाली करना; **To show a clean pair of heels** (to run away quickly.) सरपट भागना; **Cleanable** (-ऍ-बल्) -*adj.* able to be cleansed. शुद्ध करने योग्य ; **Cleaner** (-अर्)-*n.* one who cleans. साफ करनेवाला; **Cleaning** (-इङ्ग्) - *n.* the act of making clean. शोधन, सफाई का काम; **Cleanly** (-लि)-*adj.* habitually clean. स्वभावतः स्वच्छ; **Cleanly** (-लि)-*adv.* in a clean way. शुद्धता से, सफाई से ।

Cleanse-क्लेन्ज़्-*v t.* to make clean, to purify. शुद्ध करना (निर्मल करना), साफ करना, पवित्र करना ; **Cleanser** (-अर्) - *n.* one who cleanses, a detergent. शोधक, शुद्ध करनेवाला पदार्थ ।

Clear-क्लिअर्-*adj. & adv.* unclouded, bright, lustrous, distinct, intelligible, manifest, decided, free, unobstructed, sharply, intelligent, quite. मेघहीन, चमकीला, स्पष्ट, प्रत्यक्ष, उज्ज्वल, निश्चित, मुक्त, अवरोध-रहित, तीक्ष्ण बुद्धिवाला, निःसन्देह (बिलकुल); *-v. t. & i.* to make bright, to remove, to free, to become clear. चमकाना, हटाना, मुक्त करना, स्पष्ट होना; **Clearcut** (clearly outlined.) साफ सुथरा बना हुआ; **Clear from debt** (free from debt.) ऋणमुक्त ; **The road is clear** (there is no one on the road.) सड़क पर कोई नहीं है; **To clear away** (to remove.) हटाना **To clear land** (to cut down trees.) जमीन पर के पेड़ काट देना ; **To clear one's throat** (*i. e.* by coughing) खाँसकर गला साफ करना; **To clear out** (to vacate, to empty.) खाली करना ; **To clear up** (to purify, to put things tidy.) स्वच्छ करना, शुद्ध करना, सजाना ।

Clearance-क्लिअरेंन्स्-*n.* making clear, removal of obstruction, a certificate of clearing a ship at the customs house. सफाई, रुकावट हटाना, जहाज खाली होने का प्रमाणपत्र; **Clearing**(-इङ्ग्)-*n.* act of making clear, a piece of land cleared of trees for cultivation, a method of changing cheques & drafts in a bank. सफाई का काम, पेड़ काटकर खेती के लिए साफ की गई भूमि, चेकों और हुण्डियों का बैंक में लेन-देन का भुगतान ; **Clearness** (-नेंस्)-*n.* brightness. निर्मलता, शुद्धता ।

Cleat-क्लीट्-*n.* a wedge or piece of wood for fastening. फन्नी, डट्टा ।

Cleavable- क्लीवें'-ब्ल् - *adj.* that may be broken up, divided or split. अलगाने या काटने योग्य ।

Cleave-क्लीव्-*v. t.* (*p. t.* Clove or Cleft. *p. p.* Cloven or Cleft.) to split, to break, to chop. फाड़ना, तोड़ना, चीरना ; *-v. i.* to stick fast. चिपकना ।

Cleft-क्लेफ्ट् *-n.* a fissure, a crack, a split. फाँक, फटन, दरार ।

Clemency-क्लेम्'-एन् - सि' *-n.* mildness of temper. नम्रता, सरलता; **Clement**-क्लम्'-एन्ट् *-adj.* mild. नम्र, सरल, कोमल ।

Clench- क्लेन्श्, **Clinch**-क्लिन्च् *-v. t.* to close tightly, to grasp firmly. मुट्ठी बाँधना, कसकर पकड़ना (जकड़ना) ।

Clergy-क्लर्'-जि - *n.* the clerical order, the ministers of Gospel. पादरी लोग; **Clergyman-s.** (a man in holy orders.) धर्मशासक, पादरी ।

Clerical-क्लॅ-रिकल्-*adj.* pertaining to a clergy, pertaining to a writer or transcriber. पादरियों का, लेखक-संबंधी ।

Clerk-क्लार्क् - *n.* an officer in charge of records, a secretary, a scribe. लेखक, मुन्शी, दफ्तर का बाबू; **Clerkship** (-शिप्)-*n.* office or situation of a clerk. लेखक या मुन्शी का पद ।

Clever-क्लॅव्'-अर्-*adj.* (*comp.* Cleverer, *sup.* Cleverest.) dexterous, skilful, ingenious. चतुर, कुशल, प्रवीण ; **Cleverly** (-लि) - *adv.* dexterously, skilfully. कुशलता से, प्रवीणता से; **Cleverness** (-नेंस्) *-n.* skill, dexterity. निपुणता, चतुराई ।

Clew - क्लू - *n.* a ball of thread or yarn, the corner of a sail. डोरे की रील या गोली, पाल का कोना; *-v. t.* to coil up into a ball, to tie up a sail to the yard. डोरे की गोली बनाना, पाल को बल्ले में बाँधना ।

Click-क्लिक् - *n.* a catch in machinery, a sharp short sound. खटका, चटखनी, खटके का शब्द ; *-v. i.* to make a slight sharp sound, to tick. खटके या चटचटाहट का शब्द करना ।

Client - क्लाइ'-एन्ट् - *n.* the employer of a lawyer, a customer. मोवक्किल, ग्राहक ।

Cliff-क्लिफ् - *n.* a steep rock. चट्टान ; **Cliffman** (one who climbs a cliff.) पहाड़ पर चढ़नेवाला मनुष्य ; **Cliffy** (-इ) - *adj.* full of cliffs, steep. चट्टानों से पूर्ण, खड़ी ढालवाला ।

Climate-क्लाइ'- मेट्-*n.* the condition of a region as regards temperature, dryness, wind &c. जलवायु, ऋतु; **Climatical** (-मेट्-इक्-अल्)-*adj.* pertaining to climate. जलवायु संबंधी; **Climatize** (-आइज़्) *-v. t.* to inure to a new climate. किसी स्थान की जलवायु का अभ्यास कराना ।

Climatology-क्लाइ-मे-टॅ-लॅ-जि-*n.* the science of climates, meteorology. जलवायु सम्बन्धी विद्या ।

Climax-क्लाइ'-मॅक्स् - *n.* culmination, apex, ascending series of ideas. उत्कर्ष, शिखर, चढ़ाव, विचार की उत्तरोत्तर वृद्धि ।

Climb-क्लाइम्ब्-*v. t.* to ascend, to mount. चढ़ना, ऊपर जाना ; **To climb down** (to descend.) उतरना ; **Climbable** (-ऍ-ब्ल्) *-adj.* able to be climbed. चढ़ने योग्य ; **Climber** (-अर्) *-n.* one who climbs, a creeper. चढ़नेवाला, लता ।

Clime-क्लाइम् - *n.* a tract or region of a country, climate. प्रदेश, देश, जलवायु ।

Clinch-क्लिन्च्-see **Clench.**

Clincher-क्लिन्च्-अर् -*n.* remark, argument. आक्षेप, वाद-विवाद ।

Cling-क्लिङ्ग्-*v. i.* (*p. t. & p. p.* Clung-क्लङ्ग्) to stick, to adhere to, to remain faithful to. चिपकना, लगना, वफ़ादार रहना ।

Clingy-क्लिङ्गि-*adj.* adhesive. चिपचिपा ।

Clinic-क्लिन्'-इक् -*n.* medical and surgical instruction at bed side. रोगी की शय्या के पास जाकर दी गई वैद्यक की शिक्षा; **Clinical** (-अल्) -*adj.* of the sick-bed. शय्याग्रस्त रोगी सम्बंधी; **Clinical-thermometer** (a thermometer for taking temperature of the body.) रोगी के शरीर का तापमान लेने का यन्त्र; **Clinically** (-अल्-लि)-*adv.* by the bed-side. रोगी के विस्तर के समीप ।

Clink-क्लिङ्क्-*n.* a sharp ringing sound, a prison. झन्झन् शब्द, कारागृह; -*v. t.* to cause to jingle. झनझनाना ।

Clip-क्लिप् *n.* the wool of a season's sheep, shearing, a device for gripping or clasping or holding things together. भेड़ के कटे हुये बाल, बाल की कटाई या छँटाई, पकड़ने या चिपकाने या चीजों को दबा रखने का साधन; -*v. t.* (*p. t.* Clipped) to cut with shears or scissors, to trim, to embrace, to encircle, to hold firmly. काटना, कतरना, छाँटना, कलम करना, गले लगाना, घेरना, कसकर पकड़ना ; **To clip one's wings** (to put a check on one's ambitious plans.) अभिलाषा पूर्ण होने में बाधा डालना; **Clipper** (-पर्)-*n.* one who or that which clips, a kind of boat, a small ship. बाल काटने की कैंची, छोटी नाव; **Clipping** (-पिङ्ग्) -*n.* a piece separated by cuttings. कतरन ।

Clique-क्लिक्-*n.* a small exclusive party or action, a gang. दल, विरोधी पक्षवालों की मण्डली ।

Cloak-क्लोक्-*n.* a loose upper garment, pretext. अँगरखा, बहाना; -*v. i.* to put on cloak. अँगरखा पहिनना ।

Clock-क्लॉक्-*n.* a time-measuring instrument, an ornamental silk embroidery work on the upper border of a stocking. घड़ी (धरमघड़ी); मोजे के ऊपरी किनारे पर रेशमी कढ़ाई का सुन्दर काम; **Clock-maker** (one who makes or repairs clocks.) घड़ीसाज़; **Clock-tower**-*n.* (a tower with a big clock set on its top.) घण्टाघर; **Clockwise**-*adv.* (in a way the hands of a clock revolve.) बाईं से दाहिनी ओर जाते हुए; **Like a clock-work** (like a machine, systematically.) नियम से, यंत्र की तरह ।

Clod-क्लॉड्-*n.* a lump of earth, a lout. मिट्टी का ढोंका, मूर्ख; **Cloddish** (-इश्)-*adj.* stupid. मूर्ख; **Cloddy** (-डि)-*adj.* earthly, gross. मिट्टी का, भद्दा ।

Clog-क्लॉग्-*n.* an impediment, a wooden-soled shoe. विघ्न, लकड़ी की एँड़ी का जूता; -*v. t.* (*p. t.* Clogged.) to burden, to impede, to obstruct. बोझ रखना, रोकना; **Clogginess** (the state of being cloggy.) चिपचिपाहट; **Cloggy** (-गि) -*adj.* knotty, sticky. गठीला, चिपचिपा, लसलसा ।

Cloister-क्लॉयस्ट्-अर्-*n.* a convent, a monastery, a covered walk, a nunnery. मठ, विहार (आश्रम), वृक्षों से ढका हुआ मार्ग; संन्यासिनियों का आश्रम; **Cloistered** (-अर्ड्)-*adj.* dwelling in cloisters. मठ-वासी ।

Close-क्लोज़्-*n.* conclusion, end. परिणाम, अन्त;-*v. t.* to shut, to end, to fill up, to unite, to bring nearer. बन्द करना, समाप्त करना, भरना, जोड़ना, समीप लाना;-*adj. & adv.* shut up, confined, narrow, covered, near, secretly, densely. बन्द, सीमित, संकुचित, ढका हुआ, पास, गुप्त, घना; **Close examination** (minute examination.) सूक्ष्म परीक्षा; **Close grained** (compact.) ठस बिना हुआ; **Close handed** -*adj.* stingy. कंजूस; **To come in close quarters** (to come in direct contact with an enemy.) शत्रु के अति समीप पहुँच जाना; **Close of day** (evening.) सन्ध्या; **To close in** (to come near.) पास आना; **To close one's days** (to die.) मर जाना; **To close up** (to stop the current of electricity.) बिजली की धारा बन्द करना ।

Closely-क्लोज़्'-लि-*adv.* secretly, attentively गुप्त रूप से, ध्यान लगाकर ।

Closeness-क्लोज़्-नेस्-*n.* the quality of being close. छिपाव, समीपता ।

Closet-क्लॉज़िट्-*n.* a private or small room. गुप्त कोठरी, छोटा कमरा;-*v. t.* to hold private cosultation, to conceal. गुप्त वार्ता करना, छिपाना ।

Closure-क्लो' -ज़र् -*n.* act of closing, the stopping of debate by vote. बन्द करने का कार्य, मत द्वारा किसी विषय को बहस को बन्द करना ।

Clot-क्लॉट्-*n.* a semi-solid lump. थक्का, पिण्ड, ढोंका;-*v.i.* to form into clots. पिंड बन जाना, थक्का होना; **Clot of hair** (locks of hair. जटा; **Clotted** (-टेड्)-*adj.* coagulated. घनीभूत

Cloth-क्लॉथ्-*n.* (*pl.* Cloths-क्लाथ्स्) woven stuffs. भिन्न प्रकार के वस्त्र; a woven stuff

used for dress. कपड़ा, वस्त्र; **To lay the cloth** (to prepare for feast.) भोज की तैयारी करना।

Clothe-क्लोद्-*v. t.* (*p. t.* **Clothed** or **Clad**) to furnish with clothes, to cover. वस्त्र-पहिनाना, ढाँकना; **Clothes** (-क्लोद्ज़्) -*n. pl.* articles of dress. पहिनने के वस्त्र, पोशाक; **Clothier** (यर्) -*n.* a dealer in clothes. वस्त्र-विक्रेता, बजाज; **Clothing** (-इङ्ग्) -*n.* garmento, dress. वस्त्र, परिधान।

Clotted-*adj.* coagulated. घनीभूत।

Cloud-क्लाउड्-*n.* condensed visible watery vapour. मेघ, बादल, घटा ;-*v. t. & i.* to overspread, to darken, to become gloomy. ढाँकना, अँधेरा करना, उदास होना; **Clouded** (-एँड्) -*adj.* gloomy, hidden by clouds. धुँधला, बादलों में छिपा हुआ; **Cloudless**(-लॅस्) -*adj.* clear. बिना बादल का, स्वच्छ; **Cloudy** (-डि) -*adj.* overcast with clouds, obscure. मेघाच्छन्न, अस्पष्ट; **In the clouds** (out of sight, false.) अदृश्य, मिथ्या।

Clough-क्लफ़्-*n.* a ravine. कन्दरा, गुफ़ा।

Clout-क्लाउट्-*n.* a piece of cloth or leather for mending, a rag, an iron plate, nails for shoe soles, centre of target, a knock. मरम्मत करने के लिए चिथड़ा या चमड़े का टुकड़ा, पेवन, लोहे का पत्तर, जूते के तलों में लगाये जानेवाले काँटे, लक्ष्य का केन्द्र, धक्का; -*v. t.* to patch, protect with iron nails or plate, to knock or hit. पेवन लगाना, लोहे की कीलें या पत्तर लगाकर रक्षा करना, धक्का देना या मारना।

Clove, Cloven-see **Cleave.**

Clove-क्लव्-*n.* a kind of pungent, aromatic spice. लवङ्ग।

Clover-क्लो'-व़र्-*n.* a kind of grass. तिनपतिया घास; **To live in clover** (to be in luxury.) ऐश्वर्य मे रहना।

Clown-क्लाउन्-*n.* a rustic, an ill-bred person, a buffoon. गवार; असभ्यजन, भाँड़, मसखरा; **Clownish** (-इश्) -*adj.* rustic, ill-bred बेढङ्गा, गँवार; **Clownishly** (-लि)-*adv.* in a clownish manner. गँवारपन से।

Cloy-क्लॉय्-*v. t. &i.* to overfeed, to disgust, to weary, to cause distaste, to become distasteful owing to excess. अति अधिक खिलाना, घृणा पैदा कर देना, थकाना, अरुचि पैदा करना, अधिकता के कारण अरुचिकर हो जाना।

Control-कण्ट्रोल्-*n.* command, check, device to bring under restraint. अधिकार, नियंत्रण, निग्रह, वश में रखने का उपाय;-*v. t.* (*p. t.* **Controlled.**) to restrain, to hold in check, to govern, to dominate. वश में करना, नियंत्रण करना, शासन करना, जीतना।

Controllable-कण्ट्रोलेबल् - *adj.* subject to control. वश में करने योग्य।

Controller - कण्ट्रोलर् - *n.* one who has authority to control, one who checks expenditure. अध्यक्ष,हिसाब-किताब जाँचनेवाला; **Controllership** (-अर्-शिप्)-*n.* the office of a controller. हिसाब जाँचनेवाले का पद।

Controversial- कॉण्ट्रवर्शल् - *n.* pertaining to points in dispute.विवाद-सम्बन्धी, तार्किक।

Controversy- कॉण्ट्रवर्सि - *n.* disputation, contest. प्रतिवाद,विवाद, वादानुवाद; **Beyond controversy** (certain) निःसन्देह, अवश्य।

Controvert-कॉण्ट्रवर्ट् - *v. t.* to deny, to dispute, to discuss. अस्वीकार करना, विवाद करना,झगड़ना;**Controvertist** (-इस्ट्)- *n.* one skilled in debate. विवादी (नैयायिक)।

Contumacious-कॉन्- ट्यू- मे' - शस्-*adj.* disobedient, insubordinate. अवज्ञाकारी, धृष्ट (प्रतिकूल), दुर्विनीत; **Contumaciously** (- लि) -*adv.* in a disobedient manner. अवज्ञा से ; **Contumaciousness** (-नेस्)-*n.* insubordination. धृष्टता, ढिठाई।

Contumacy-कन्-ट्यू-मी'-सि- *n.* perverseness. हठ, आग्रह, धृष्टता।

Contumelious-कॉन्-ट्यू-मी- लि-अस्-*adj.* insolent. ढीठ, धृष्ट; **Contumeliously** (- लि) -*adv.* in a haughty manner. घमण्ड से।

Contumely-काण्ट्यूमिलि - *n.* insolent language or treatment, disgrace. उद्धत (ढीठ) भाषा या व्यवहार, अपमान।

Contuse-कण्ट्यूज्-*v. t.* to injure without breaking skin, to beat and bruise. कुचलना, भीतरी घाव करना; **Contusion** (-ट्यू-जन्) -*n.* a bruise. घाव, भीतरी चोट।

Conundrum-कनण्ड्रम् -*n.* a riddle, a puzzle. प्रहेलिका, पहेली।

Convalesce-कॉन्-वॅल्-ऍस्' - *v. t.* to regain health. पुनः स्वस्थ होना, रोग का अपशमन होना; **Convalescence**(-सेन्स्)-*n.*gradual recovery of strength. क्रमशः बल की पुनर्प्राप्ति; **Convalescent** (-ऍन्ट्)-*adj.*recovering from sickness. पुनः स्वास्थ्यलाभोन्मुख।

Convection-कन्वेक्शन्-*n.* act of conveying heat or electricity.उष्णता या बिजली की शक्ति का एक स्थान से दूसरे स्थान को संवाहन; **Convective** (-टिव्)-*adj.* conveying. संवाहक।

Convenable-see **Convene.**

Convene-कन्वीन्-*v. t. & i.* to come together, to assemble, to summon.इकट्ठा होना,बटोरना, बुलाना;**Convenable**(-ऍ-बल्)-*adj.* able to be assembled.एकत्र होने योग्य; **Convener** (-अर्) -*n.* one who calls a meeting. सभा बुलानेवाला।

Convenience-कन्-वीन्'-इ -ऍन्स् -*n.* suitableness, comfort, advantage. योग्यता, आराम, सुविधा;-*v. t.* to accommodate. मदद करना, सुविधा देना; **At your convenience.** अपने सुविधानुसार, यथावसर।

Convenient-कन्-वीन्'-इ- ऍन्ट्- *adj.* suitable, commodious. उपयुक्त, सुविधायुक्त; **Conveniently** (-लि) - *adv.* in a suitable manner सुविधा से।

Convent-कॉन्'-वेन्ट्-*n.*a religious community, a nunnery, a monastery. मठ (विहार), धार्मिक संस्था।

Conventicle-कॉन्-वेन्ट्'-इ- कुल्-*n.* a religious assembly, a secret meeting. धर्मसभा (समाज), गूढ़ सभा।

Convention-कन्-वेन्'-शन्-*n.* a formal assembly, union, general consent, coalition or agreement. सभा, लोकसम्मति, प्रतिज्ञा; **Conventional** (-अल्)-*adj.* not natural. लौकिक, रूढ़; **Conventionalism** (-नलिज़्म्) -*n.* that which is established by tacit agreement,

आचारविधि; **Conventionally** (-अलि)-*adv.* by tacit agreement. लौकिक रीति से; **Conventionary** (-अरि)-*adj.* acting according to convention. लौकिक रीति के अनुसार कार्य करनेवाला।

Conventual-कॉन्'-वेन्ट्'-यु-अल्-*adj.* belonging to a convent. मठ-सम्बन्धी।

Converge-कन्वर्ज्-*v. i.* to tend to meet in a point. एक केन्द्र में मिलना; **Convergence** (-एन्स्)-*n.* tendency to meet at a point. एक केन्द्राभिमुखता; **Convergent** (-एन्ट्)-*adj.* tending to meet at a point. एक केन्द्र अथवा बिन्दु पर मिलनेवाला; **Converging** (-इङ्ग्)-*adj.* meeting in a point. एक केन्द्र पर मिलता हुआ।

Conversable-कन्वर्सेबल्-*adj* easy in conversation, fit for social intercourse. वार्ता करने योग्य, सम्भाषणप्रिय; **Conversableness** (-नेस्)-*n.* sociability. समाजप्रियता।

Conversance (-cy)-कन्वर्सेन्स (-सि)-*ns.* acquaintance, familiarity. परिचय, जान-पहचान, सुजनता।

Conversant-कन्वर्सेन्ट्-*adj.* well-acquainted, versed, proficient. परिचित, निपुण (कुशल)।

Conversation-कन्वर्सेशन्-*n.* a familiar talk. सम्भाषण, वार्तालाप, बातचीत; **Conversational** (-अल्)-*adj.* pertaining to conversation. सम्भाषण-सम्बन्धी; **Conversationist** (-इस्ट्)-*n.* one who exceeds in conversation, a talker. अधिक वाचाल, बहुत बोलनेवाला।

Converse-कन्वर्स्-*v.i.* to talk, to hold intercourse with. सम्भाषण करना, बोलना, वार्तालाप करना;-*adj.* & *n.* (कॉन्'-वर्स) opposite, contrary, inverted proposition. व्यतिक्रम, विपर्यय, विलोम; **Conversely** (-लि)-*adv.* in an inverted order. विपरीत रूप से, उलटी तरह से।

Conversion-कन्वर्शन्-*n.* change of one state to another, change of religion. रूपान्तर, धर्म-परिवर्तन।

Convert - कन्वर्ट्' - *v. t.* to change one's religion, to cause to turn. बदलना, धर्म पलटना;-*n.*(कॉन्-वर्ट्) one who has changed his religion. अपना धर्म छोड़नेवाला (परधर्म ग्रहण करनेवाला); **Convertible** (-इ-बल)-*adj.* exchangeable. बदलने योग्य; **Convertibility** (-इब्-इल्'-इट्-इ)-*n.* capability of being converted. परिवर्तनीयता; **Convertibly** (-इब्-लि) -*adv.* reciprocally. बदलने के रूप में।

Convex-कॉन्'-वेक्स-*adj.* curved like the outer part of circle or sphere. कछुवे की पीठ के आकार का, उन्नतोदर; **Convexity** (-इट्-इ)-*n.* roundness. उभाड़, गोलाई।

Convey-कन्वे-*v. t.* to carry, to impart, to communicate. पहुँचाना, ले जाना, देना, प्रतिपादन करना; **Conveyable** (-एँ-बल्)-*adj.* able to be conveyed. ले जाने योग्य; **Conveyance** (-ऑन्स्)-*n.* act of carrying, transference of property, carriage or vehicles ले जाने की क्रिया, संपत्ति-समर्पण, यान, गाड़ी; **Conveyer** (-अर्)-*n.* he who or that which conveys. ले जानेवाला।

Convict-कॉन्'-विक्ट्-*n.* a condemned criminal. अपराधी, जिस पर दोष निर्धारित हो चुका हो; -*v. t.* to declare guilty, to impress with error. अपराधी स्थिर करना, दोषी ठहराना; **Convicted** (-एँड्)-*adj.* proved guilty. दोषसिद्ध, अभिशस्त, अपराधी प्रमाणित।

Conviction-कन्-विक्'-शन्-*n.* proving guilty, act of convincing. दोषसिद्धि, अभिशस्ति, दोष-निश्चय (अपराध-निर्णय), दृढ़ विश्वास।

Convince-कन्विन्स्-*v. t.* to assure firmly. प्रतीति कराना, निश्चय कराना; **Convincible** (-इ-बल्)-*adj.* capable of assurance. विश्वास योग्य; **Convincing** (-इङ्ग्)-*adj.* satisfying. निश्चय करनेवाला (निर्णयात्मक); **Convincingly** (-लि)-*adv.* in a convincing manner. दृढ़ता से, निश्चय से।

Convivial-कन्विविअल्-*adj.* befitting a feast, jovial. उत्सव-सम्बन्धी, प्रफुल्ल; **Convivialist** (-इस्ट्)-*n.* one of convivial habits. उत्सव मनानेवाला; **Convivially** (-लि)-*adv.* in a jovial manner. आनन्दपूर्वक।

Convocation-कॉन्-वो-के-शन् - *n.* a calling together, an assembly of clergy or members of a university. समागम, सभा (समाज), पादरियों का संघ, विश्वविद्यालय के सदस्यों की सभा, दीक्षान्त समारोह; **Convocational**-*adj.* pertaining to convocation. समागम-सम्बन्धी।

Convoke-कन्वोक्-*v. t.* to call together, to assemble. पुकारना, बुलाना, इकट्ठा करना।

Convolute-कॉन्वल्यूट्-*adj.* rolled together, coiled up लपेटा हुआ, चक्कर दिया हुआ; **Convoluted** (-ल्यूट्'-एड्) -*adj.* twisted. ऐंठा हुआ।

Convolution-कॉन्वल्यूशन्-*n.* a fold, coiling. तह, लपेट (ऐंठन)।

Convolve-कन्वॉल्व्-*v. t.* to roll or wind together. लपेटना।

Convoy-कॉन्-वॉय्-*v. t.* to escort, to conduct रक्षा के लिये साथ जाना, सुरक्षित ले जाना; -*n.* (कॉन्'-वॉय्) protection, escort, a fleet of ships for defence. रक्षा, पथरक्षक (सहचर), रक्षक जहाजी बेड़ा।

Convulse-कन्-वल्स्'-*v. t.* to shake violently, to draw or contract. वेग से हिलाना, संक्षुब्ध करना, सिकोड़ना, ऐंठना, खींचना; **Convulsion** (-वल्-शन्) - *n.* violent involuntary contraction of muscles, (*pl.*) fit of laughter, social or political agitation. चिहुँक, (ब०व०) हँसते-हँसते लोट जाना, सामाजिक अथवा राजनैतिक विप्लव; **Convulsive** (-इव्)-*adj.* producing spasms. ऐंठन उत्पन्न करनेवाला।

Cony-को'-नि-*n.* the rabbit or rabbit-skin. शशक, खरहा, खरहे की खाल; **Cony-catcher**-*n.* thief, a cheat. चोर, ठग, धोखेबाज।

Coo-कू - *v. t.* to make a soft murmuring sound like pigeons or doves. पेंडुकी या कबूतर की तरह गुटकना;-*n.* the sound of a dove or pigeon. पेंडुकी या कबूतर का कूजन या गुटरगूँ शब्द।

Cook-कुक् - *n.* one who prepares food for eating. पाचक, रसोईदार; - *v. t.* to prepare food, to utter the note of the cuckoo. भोजन पकाना, कोयल की बोली बोलना; **Too many cooks spoil the broth** (one director is better than many). अनेक की अपेक्षा एक ही प्रबन्धकर्ता अच्छा होता है, बहुतै योगी मठ उजाड़।

Cooker-कुकर् - *n.* a vessel in which food is cooked, a stove &c. भोजन बनाने का पात्र, चूल्हा; **Cookery** (-इ)-*n.* the art of cooking. पाकविद्या।

Cook-house-कुक्' - हाउस् - *n.* an outdoor kitchen. घर के बाहर की पाकशाला।

Cool-कूल्-*adj.* moderately cold, calm, unexcited, dispassionate, indifferent, wanting cordiality. शीतल, शान्त, उत्तेजनाहीन, शून्यहृदय, उदासीन;-*v. t. & i.* to become or make cool. शीतल करना, ठण्डा होना; **Cool-headed** (not easily excited.) स्थिरचित्त-वाला (मनुष्य); **To cool** (to pacify.) शीतल या शान्त करना, ठण्डा करना; **To cool one's heels** (to keep waiting.) राह देखना; **Coolly** (-लि)-*adv.* in an indifferent manner. उदासीनता से।

Coolie (Cooly)-कू'-लि-*ns.* a hired labourer, a carrier. मजदूर, मोटिया, कुली।

Coomb, Combe-कूम् - *ns.* a short valley. (पहाड़ पर की) छोटी घाटी।

Coop-कूप्-*n.* a basket placed over fowls, a fishing-basket. मुर्गों के ढाँकने की टोकरी, मछली फँसाने की टोकरी;-*v. t.* to confine in a coop. दरबे में रखना, पिंजड़े में बन्द करना।

Cooper-कूप्'-अर् - *n.* a maker or repairer of casks or tubs. पीपा या नाद बनानेवाला या मरम्मत करनेवाला ; **Cooperage** (-एज्)-*n.* a cooper's workshop or charges. पीपा बनानेवाले की दूकान या उसकी बनवाई।

Co-operant-को-ऑप्-अर्-ऐन्ट्-*adj.* co-operating. मिलकर काम करनेवाला।

Co-operate-को-ऑप्'-अर्- एट् - *v. t.* to work together. साथ-साथ काम करना; **Co-operation** (-ए-शन्) -*n.* working together to a common end. एक ही लक्ष्य पर काम करना (सहयोग, सहोद्योग); **Co-operative** (-एटिव्) -*adj.* tending to co-operation. सहकारी, मिलकर काम करनेवाला ; **Co-operative society** (a society for production of goods and distribution of profits among the members.) सहकारी संस्था, समवाय संस्था, साझे की पूँजी से व्यापार करनेवाली संस्था ; **Co-operator** (-अर्)-*n.* one who co-operates. सहयोगी, मिलकर काम करनेवाला।

Co-opt-को-ऑप्ट्'-*v. t.* to elect to membership by the votes of existing members. नियुक्त सदस्यों के मत से सदस्य चुनना।

Co-ordinate-को-ऑर्डिनेट्-*adj.* equal in rank of the same order. समान पद का, एक से क्रम का;-*v. t.* to bring parts into proper relation. भागों को उचित सम्बन्ध में लाना;-*n.* each of a system of magnitudes used to fix position of a point, line or plane. नियामक; **Co-ordinateness** (-नेस्) or **Co-ordination** (-ए'-शन्)-*ns.* the state or act of being co-ordinate. समपदस्थता या समपदीकरण; **Coordinative** (-इव्)-*adj.* indicating co-ordination. समपदस्थता सूचक।

Coot-कूट्-*n.* a water fowl, a stupid fellow जल-पक्षी, मूर्ख व्यक्ति।

Cop-कॉप् - *n.* a conical ball of thread. तागा लपेटा हुआ चोंगा।

Copal-को'-पॅल्-*n.* a kind of resin which is used in varnishes. वार्निश में प्रयोग की जानेवाली राल।

Coparcenary-कोपार्सनरि, **Co-parcener** (-अर्) -*n.* joint heir to an undivided property. अविभक्त जायदाद का संयुक्त उत्तराधिकारी।

Co-partner-को-पार्ट्-नर्-*n.* a partner, a sharer. अंशभागी, साझीदार ; **Copartnership** (-शिप्) -*n.* a joint concern in a business. पट्टीदारी, साझेदारी।

Cope-कोप्-*n.* a long cloak with hood worn by priests. पादरियों का लम्बा चोंगा;-*v. t. &*

i. to furnish with a cope, to contend evenly with, to encounter. चोंगा पहिनाना, स्पर्धा करना, झगड़ना या सामना करना।

Coper-कोप्'-अर्-*n.* a horse-dealer. घोड़े का सौदागर, घोड़े का व्यापारी।

Copier-कॉप्'-इ-अर्-*n.* one who copies. नक़ल करनेवाला, प्रतिलिपि लिखनेवाला।

Coping-कोप्'-इङ्ग्-*n.* the top course of a wall. मुँडेरा; **Coping-stone** (the summit of a building, top stone) घर का शिखर, चोटी का पत्थर।

Copious-को'-पि-अस् - *adj.* plentiful, profuse, prolific. प्रचुर, विपुल, बहुफलप्रद; **Copiously** (-लि)-*adv.* profusely. बहुतायत से; **Copiousness** (-नेस्)-*n.* abundance. प्रचुरता।

Copper-कॉप्' - पर् - *n.* a reddish malleable metal, coin, cooking boiler. (ताम्र) ताँबा, ताँबे का सिक्का, डेग; **Copper plate** (a polished plate of copper.) पालिश किया हुआ ताँबे का पत्तर; **Copper-smith** (one who makes copper utensils.) ठठेरा, कसेरा; **Coppery** (-इ)-*adj.* mixed with copper. ताम्रमय, ताँबे के रंग का।

Copperas-कॉपरॅस्-*n.* blue vitriol. तूतिया।

Coppice-कॉप्-पिस्-*n.* small trees grown for periodical cutting, a thicket. जंगल, झाड़ी (टट्टी)।

Copra-को'-प्रा-*n.* dried kernels of coconut. नारियल की गरी या गोला।

Coprology-कॉप्-रॉल्'-ऑ - जि - *n.* moral impurity in art and literature. कला-कौशल या साहित्य की अश्लीलता।

Copse-कॉप्स्-*n.* same as **Coppice.**

Copula-कॉप्'-यू'-लॅ-*n.* a word of predication in logic, a connecting part. न्याय में क्रियापद का चिह्न, संयोजक अवयव, बन्धनी।

Copulate-कॉप्'-यू-लेट्-*v. i.* to unite sexually. मैथुन करना; **Copulation** (-ले'-शन्)-*n.* act of copulating. मैथुन।

Copulative-कॉप्'-यु-लेट्-इव्-*adj.* & *n.* serving to connect, that which connects. संयोगकारी, संयोजक अव्यय।

Copy-कॉप्'-पि-*n.* (*pl.*Copies.) reproduction, imitation, transcript. प्रतिलेख, प्रतिलिपि, प्रतिकृति, अनुकरण, हस्तलिपि;-*v. t.* to transcribe from original. मूल की प्रतिलिपि लिखना (नकल करना); **Copy-book** (a book in which copies are written.) लिपि-पुस्तक; **Copy-book maxims** (trite maxims.) सामान्य उपदेश।

Copyhold-कॉप्' - पि-होल्ड् - *n.* a tenure by copy. पट्टा लिखाई हुई जमीन।

Copying-press-कॉप्'-इङ्ग्-प्रेस्-*n.* a machine for taking an exact copy of a manuscript. प्रतिलिपि छापने का यन्त्र।

Copyist-कॉप्' - इ - इस्ट्-*n.* one who copies. लेखक, प्रतिलिपि करनेवाला।

Copyright-कॉप्'-पि - राइट् - *n.* the exclusive legal right to author or publisher for a book. प्रतिलिप्यधिकार, कृतिस्वाम्य, किसी पुस्तक के मुद्रण का लेखक या मुद्रक को पूर्ण अधिकार।

Coquet-कॉ-कॅट्'-*adj.* coquettish. विलासवती, चोचला दिखानेवाली।

Coquet, Coquette-कॉ-कॅट्'-*v. i.* to flirt, to trifle. हावभाव दिखलाना, चोचला करना; -*n.* a woman who trifles with a man's affections. कामिनी, विलासवती स्त्री ; **Coquetry** (-रि) -*n.* attractive prettiness, trifling in love. नखरा, चोचला।

Coquettish-कॉ - कॅट्' - इश् - *adj.* practising coquetry. हावभाव या चोचला दिखलानेवाली; **Coquettishly** (-इश्-लि)-*adv.* in a coquettish manner. हावभाव से, चोचले से।

Coracle-कॉर्'-अ-क्ल्-*n.* a water-tight boat made of wicker-work. बाँस की बिनी हुई पनसुइया (छोटी नाव)।

Coral-कोरल्-*n.* a hard submarine substance secreted by many species of polyps. प्रवाल, मूँगा; -*adj.* like coral. मूँगे के सदृश ; **Coral-island** (an island formed of coral reefs.) मूँगे का टापू ; **Coral-reef** (a ridge of coral.) मूँगे की चट्टान।

Corbel-कॉर्'-बॅल् - *n.* a projection of stone, timber or iron in a building, a niche. घोड़िया, ताखा।

Cord-कॉर्ड्-*n.* a thin rope, thick string, a cord-like structure in animal body. डोरी, रस्सी, जन्तु शरीर के महीन तन्तु; - *v. t.* to bind with cord. रस्सी से बाँधना; **Cordage**-(कॉर्'डेज्)-*n.* cords or ropes in the rigging for a ship taken collectively. जहाज के रस्से इत्यादि; **Corded** (-ऍड्) -*adj.* bound with cords. रस्सी से बँधा हुआ।

Cordate-कॉर्'डेट्-*adj.* heart-shaped. हृदय (पान) के आकार का।

Cordial-कॉर्डिअल् - *n.* & *adj.* hearty, stimulating, sincere, warm, friendly, an exhilarating medicine. हार्दिक, दीपक (अग्निवर्धक), सुशील, उष्ण, पुष्टिदायक पदार्थ ; **Cordiality** (-अल्'-इट्-इ)-*n.* hearty goodwill. सुशीलता, सौजन्य, मित्रभाव, सचाई ; **Cordially** (-लि)

-*adv.* sincerely, heartily. हार्दिक से; Cordial-hearted-*adj.* affectionate. प्रेमी ।

Cordite-कॉर्डाइट्-*n.* a smokeless explosive. बिना धुवें की बारूद ।

Cordon-कॉर्डान् - *n.* a chain of military posts. स्थान-स्थान पर नियुक्त सैनिकों की पंक्ति ।

Core-कोर्-*n.* a horny capsule, the central part of anything, the heart. अन्तर्भाग, भीतरी हिस्सा (गुद्दा), हृदय ।

Co-regent-को-री-जेन्ट्-*n.* a joint ruler. संयुक्त शासक ।

Co-relation-को-रि-ले'शन्-*n.* corresponding connection. परस्पर सम्बन्ध ।

Co-relative-को-रि-लेट्टिव्-*adj.*mutually united. परस्पर सम्बन्धी ।

Co-religionist-को-रिलिज्निस्ट-*n.* an adherent of the same religion. एक ही धर्म का अनुयायी ।

Co-respondent-को-रेस्-पॉन्ड्'-एन्ट्-*n.* a joint respondent in a suit (*law.*) किसी मुकदमे में सहकारी मुद्दालेह ।

Corf-कॉर्फ्-*n.* a basket in which fishes are kept alive, a coal-miner's basket. जीती हुई मछली रखने की टोकरी, कोयले के खानवाले की टोकरी ।


Coriander-कॉर्-रि-ऑन्'-डर् - *n.* an annual plant whose fruits are aromatic and carminative. धनियाँ ।

Corinth-कॉर्' - रिन्थ - *n.* a small fruit, currant, a fine city of Greece, a prostitute house. किसमिस, मुनक्का, यूनान का सुन्दर नगर, वेश्यालय ।

Co-rival-को-राइ'-वल्-*n.* a fellow rival. संयुक्त प्रतिस्पर्धी; **Co-rivalry**(-रि)-*n.* संयुक्त प्रतिस्पर्धा ।

Cork-कॉर्क्-*n.* bark of cork-oak, a bottle-stopper. काग, बोतल का डट्टा-*v. t.* to stop with cork. डट्टा लगाकर बन्द करना; -*adj.* made of cork. काग का बना हुआ; **Corkage** (-ज्)-*n.* the corking or uncorking of bottles. बोतलों में डट्टा लगाना या बोतलों में से डट्टा हटाना; **Corked** (-ड्)-*adj.* fitted with a cork. डट्टा लगा हुआ; **Corky** (-इ)-*adj.* resembling cork in appearance. काग के सदृश ।

Cork-screw-कार्क्' - स्क्रू - *n.* a steel screw for drawing cork from bottle. बोतल का काग निकालने की पेंच ।


Cork-screw

Cormorant - कॉर्मरण्ट - *n.* a voracious sea-bird, a rapacious man. एक प्रकार की बड़ी समुद्री चिड़िया, पेटू मनुष्य, भुक्खड़ आदमी ।

Corn-कॉर्न्-*n.* grain, seed, a thorny tumour on feet. दाना, अन्न (धान्य), पैर पर का गोखरू; -*v. t.* preserve with salt. नमक डालकर अन्न को रक्षित करना; **Corn-flour** (flour of maize.) मकई का आटा; **Corn-flower** (plants which grow among corn.) अन्न के साथ उगनेवाले अनेक पौधे ।

Cornea-कॉर्निआ-*n.* the interior transparent membrane of the eye-ball. कनीनिका, आँखों की पुतली ।

Corneous-कॉर्न्'-इ-अस्-*adj.* horny, like horn, hard. सींगदार, कड़ा ।

Corner-कॉर्न्'-अर्-*n.* a place where two sides or edges meet, a projecting angle, a difficult position, a secret place. कोना, कोण, निकला हुआ भाग, कठिन स्थिति, गुप्त स्थान; -*v. t.* to set or drive in a corner. कोने में रखना ।

Cornet-कॉर्निट् - *n.* a brass wind musical instrument like trumpet, an ice-cream cone, a lady's head dress, a troop of cavalry, a cavalry officer. तुरही के प्रकार का एक बाजा, मलाई की कुल्फी, औरतों की कुल्फी-नुमा टोपी, घुड़सवार पल्टन, ऐसी पल्टन का अफसर ।

Cornice-कॉर्'-निस्-*n.* an ornamental moulding of a wall below the ceiling. कारनिस, दीवार का साज, छज्जा ।

Cornicle-कॉर्'-नि-कुल्-*n.* a little horn. छोटा सींग ।

Cornuted-कॉर्-न्यूट्'-एड्-*adj.* having horn-like projections, horn-shaped, a cuckold. सींग की तरह के उभाड़वाला, सींग के आकार का, लम्पट, पर स्त्री गामी, व्यभिचारी ।

Corny-कॉर्न्-इ-*adj.* pertaining to corn, producing corn, hard as horn, having corns on the feet or relating to such corns. अन्न-सम्बन्धी, अन्न-उत्पादक, सींग के समान कड़ा, पैरों के घट्ठोंवाला, ऐसे घट्ठों से सम्बन्धित ।

Corolla-कॅरॅला-*n.* the inner envelope of a flower composed of petals. फूल का भीतरी घेरा, दलपत्र चक्र ।

Corollary-कॅ-रॅ-ल-'-अरि-*n.* (*pl.* **Corollaries**) immediate deduction, conclusion. अनुमान, उपसिद्धान्त, परिणाम ।

Corona -कॉ-रो'-ना-*n.* (*pl.* **Coronae**) a small disk of light round the sun. moon or stars, round chandelier hung from the roof of a church, the stalk of a daffadil. सूर्य, चन्द्रमा या नक्षत्र के चारों ओर का प्रभामण्डल,

गिरजाघर की छत से लटकता हुआ गोल झाड़ या फानूस, नर्गिस के फूल का डंठल ।

Coronal-कॉर्-रॉ-नल्-*n.* a circlet for the head, a crown. किरीट, मुकुट;-*adj.* pertaining to the crown of head. कपाल-सम्बन्धी ।

Coronated-कॉर्-रॉन्-एट्'-एड् - *adj.* furnished with a crown-shaped ornament. मुकुट से सजा हुआ ।

Coronation-कॉर्'-रॉन्-ए'-शन् - *n.* the ceremony of crowning a king. राज्याभिषेक, राजगद्दी, राजतिलक ।

Coroner-कॉर्'-रॉन् - अर्-*n.* an officer who enquires into the causes of accidental or suspicious deaths. अपमृत्यु या सन्देह युक्त मृत्यु के कारण का अन्वेषण करनेवाला अफ़सर ।

Coronet-कॉर्'-अ-निट् - *n.* a small crown, a garland. छोटा मुकुट, माला; **Coroneted** (-एड्) -*adj.* wearing a coronet. छोटा मुकुट पहिने हुए ।

Coronoid-कॉर्-रो-नॉ-इड् - *adj.* curved like the beak of a crow. कौवे की चोंच के सदृश टेढ़ा ।

Corporal-कॉर्'-पॅ-रल्-*adj.* pertaining to the body, material. कायिक, शारीरिक, देह सम्बन्धी;-*n.* an officer in an army below a sergeant. फौज का एक छोटा अफसर, नायक; **Corporality**-(-इट्-इ)-*n.* material existence. देहत्व, शरीरत्व ।

Corporate-कॉर्-पॅ-रेट्-*adj.* forming a body, united. मिला हुआ, संयुक्त; **Corporately** (-लि) *adv.* in a corporate capacity. सामाजिक रूप में ।

Corporation-कॉर्-पॅर्'-ए-शन् - *n.* a united body of persons. समाज, मण्डली; **Corporative** (-ए-टिव्)*adj.* of a corporation. समाज-सम्बन्धी ।

Corporeal-कॉर्-पोर्' -इ - अल - *adj.* bodily, material. शारीरिक, शरीर सम्बन्धी (आत्मा से भिन्न); **Corporeally** (-लि)-*adv.* in a bodily form. शारीरिक रूप में ।

Corporeity-कॉर्'-पर्-इ-इट्-इ-*n.* the quality of being a material body, a bodily substance. शरीरत्व ।

Corps-कोर्-*n.* (*pl.* **Corps**-कोर्ज्) a division of an army, a body of troops. सेना का भाग, पलटन ।

Corpse-कॉर्प्स्-*n.* a dead body. (*usu.* of human being.) शव, मृतक शरीर, लोथ ।

Corpulence- कॉर्' - प्यू - लॅन्स, **Corpulency** (-लॅन्-सि)-*ns.* obesity. मोटापन ।

Corpulent-कॉर्-प्यु-लॅन्ट्-*adj.* bulky of body, fat. स्थूलकाय, मांसल, मोटा ।

Corpuscle-कॉर्-पस्'-सूल्-*n.* a minute body forming part of an organism. शरीर का जीवाणु; **Corpuscular** (-क्यु-लर्)-*adj.* pertaining to corpuscles. जीवाणु सम्बन्धी ।

Corral-कॉर्-रॉल्'-*n.* an enclosure in which wild animals are captured. जंगली पशुओं के पकड़ने का बाड़ा ।

Correct-करेक्ट् - *v. t.* to set right, to amend, to mark errors, to remove faults, to admonish, to punish. ठीक करना, सुधारना, शुद्ध करना, झिड़कना, दण्ड देना;-*adj.* true, right, accurate, proper. सत्य, शुद्ध, निर्दोष, यथार्थ ; **Correction** (-रॅक्'-शन्)-*n.* amendment, punishment. शोधन, सुधार, दण्ड; **Correctitude** (इट्-यूड्)-*n.* correctness of conduct. चरित्र की शुद्धता; **Corrective** (- व्) - *adj.* having the power to correct. शोधक; **Correctly** (-लि)-*adv.* in a correct manner. शुद्ध ढंग से; **Correctness** (-नॅस्)-*n.* the state of being correct. शुद्धता; **Corrector**-(-अर्)-*n.* a censor, a critic, one who gives punishment. शोधक, समालोचक, दण्ड देनेवाला ।

Correlate-कॉ-रिलेट् - *n.* things related to each other. परस्पर सम्बन्धी वस्तुएँ;-*v. i.* to have mutual relation. परस्पर सम्बन्ध होना; **Correlation** (-लें-शन्)-*n.* a reciprocal relation. परस्पर सम्बन्ध; **Correlative** (-कॉ-रिलें-टिव्) -*n.* & *adj.* analogous. परस्पर सम्बन्ध, परस्पर सम्बन्धी ; **Correlatively** (-इव्-लि)-*adv.* in a correlative manner. परस्पर सम्बन्ध से ।

Correspond-कॉर्-रस्-पॉन्ड् - *v. i.* to be in harmony with, to suit or agree, to be similar, to communicate by interchange of letters. अनुरूप होना, सदृश होना, परस्पर पत्र व्यवहार करना; **Correspondence** (-एन्स्) -*n.* an agreement, a communication by letters. अनुरूपता (सादृश्य), पत्र-व्यवहार; **Correspondent** (-एन्ट्)-*n.* one who writes letters to a person or newspapers. समाचार-लेखक, संवाददाता; **Corresponding** (-इङ्ग्) - *adj.* suiting, correspondent. तुल्य, युक्त, अनुरूप ।

Corridor-कॉर्-रिड्-ऑर्-*n.* the main passage in large buildings, an open gallery. बरामदा, दहलीज ।

Corrigendum-कॉर्-रि -जॅन्' - डम् -(*pl.* **corrigenda.**)-*n.* a thing to be corrected (*ust.* in print.) शुद्धिपत्र ।

Corrigible-कॉर्-रिज्'-इ-बल्-*adj.* capable of being corrected, open to correction. शुद्ध करने या सुधारने योग्य।

Corrival-कॉराइवल्-*n.* a co-rival, a competitor. प्रतिपक्षी, प्रतिस्पर्धी।

Corroborant-करॉबॅरण्ट् - *adj.* strengthening. शक्तिवर्धक (औषध)।

Corroborate- करॉबॅरेट् -*v. t.* to confirm by evidence, to strengthen. प्रमाणित करना, पुष्ट करना; -*adj.* tending to confirm. समर्थक; **Corroboration** (-ए'-शन्) - *n.* confirmation by evidence. प्रमाण द्वारा समर्थन; **Corroborative** (-ए-टिव्) - *adj.* tending to confirm. प्रमाणित करनेवाला; **Corroborator** (-ए-टर्) - *n.* one who corroborates. प्रमाणित करनेवाला व्यक्ति।

Corrode-करोड्-*v. i.* to wear away gradually, to rust. धीरे-धीरे क्षय होना, मुर्चा खा जाना।

Corrosion-करोझन् -*n.* the act of eating or wasting away. क्रम से क्षय, क्षय करण।

Corrosive-करोझिव्-*adj.* tending to corrode. (तीव्र नाशक) खानेवाला; **Corrosively** (-लि) *adv.* in a corrosive manner. क्षय या नष्ट करते हुए; **Corrosiveness** (-नेंस्)-*n.* quality of corroding. क्षयत्व।

Corrugate-कॉर्-रुग्-एट्-*v. t. & i.* to contract into folds. सिकोड़ना, झुर्री पड़ना (तह बन जाना);**Corrugation** (-ए'-शन्)-*n.* the act of corrugating. त्वचा का सिकुड़ना; **Corrugated** (-एड्)-*adj.* wrinkled, folded. झुर्रीदार, ऐंठा हुआ, पनारीदार; **Corrugator** (-ए'-टर्) -*n.* the muscle which contracts in frowning. पेशी जो भौंह चढ़ाने में सिकुड़ती है।

Corrupt-करप्ट्-*adj.* wicked, depraved, rotten. bribed. दुष्ट (भ्रष्ट), सड़ा हुआ, घूस दिया हुआ;-*v. t.* to defile, to debase, to bribe, to destroy purity of language. दूषित करना, भ्रष्ट करना, घूस देना, भाषा की शुद्धता नष्ट करना; **Corruptibility** (-इब्-इल'-इट्-इ) - *n.* possibility of being corrupted. भ्रष्ट होने की संभावना; **Corruptible** (-इ-ब्ल) - *adj.* perishable. दूषित होने योग्य, नश्वर; **Corruptibly** (-इब्-लि)-*adv.* in a corrupt manner. दूषित प्रकार से; **Corruption** (-रप्'-शन्) -*n.* moral deterioration, decomposition. नैतिक भ्रष्टाचार, दुर्जनता (खोटापन), सड़ना; **Corruptive** (-इव्)-*adj.* having the quality of corrupting. दूषित या विकृतिकर बनानेवाला; **Corruptly** (-लि) - *adv.* in a debased manner. दूषित रीति से; **Corruptness** (-नेंस्) -*n.* the state of being corrupt. भ्रष्टता।

Corsage-कॉर्सिज-*n.* a woman's bust-dress, a bodice. चोली।

Corsair-कॉर्'-सेअर्'-*n.* the vessel of a pirate, a pirate. समुद्री डाकू का जहाज, समुद्री डाकू।

Corset-कॉर्सिट् -*n.* a woman's inner close-fitting bodice. चोली, कंचुकी, अँगिया।

Corslet, Corselet-कॉर्स्'-लिट् -*ns.* a piece of armour coverning the breast. वक्षस्त्राण, कवच।

Cortage- कॉर्-टेज्'-*n.* a train of attendants. नौकर-चाकरों की श्रेणी।

Cortex-कॉर्-टेक्स्-*n.* (*pl.* **Cortices**-कॉर्टिसीज) the bark of a plant, the outer grey matter of brain. वृक्ष की छाल, मस्तिष्क (दिमाग) का बाहरी भाग।

Cortical-कॉर्टिकल् - *adj.* pertaining to the outer part of animal body. प्राणियों की बाह्य त्वचा-सम्बन्धी।

Corticate (-d) कॉर्टिकेट् (-एड्) -*adjs.* bark-like. छाल के सदृश।

Corvine-कॉर्वाइन्-*adj.* of the raven or crow. कौवा-सम्बन्धी।

Corydon-कॉरिडॉन् - *n.* the rustic, pastoral poetry. ग्रामीण, ग्रामीण गीत।

Coryza-कॉ-राइ'-ज़ा-*n.* catarrh, cold in the head. जुकाम, सर्दी।

Cosier-कोज़िअर्-*n.* a cobbler. मोची।

Cosignatory-को-सिग्नेटरि-*adj. & n.* signing jointly with other persons. दूसरों के साथ हस्ताक्षर करनेवाला (व्यक्ति)।

Cosily, Cosiness-see Cosy.

Cosine-को'-साइन्-*n.* the sine of the complement of a given angle. कोटिज्या।

Cosmetic-कॉज़्-मेट्'-इक् - *n.* a preparation used for beautifying the hair, skin or complexion. कान्तिवर्धक औषध, अंगराग, उबटन; - *adj.* beautifying the skin or hair. चमड़े या बाल को सुन्दर करनेवाला।

Cosmic-कॉज़्'-मिक् - *adj.* of the universe, rising or setting with the sun. जगत्-सम्बन्धी, सूर्य के साथ उदय या अस्त होनेवाली, ऐहिक ; **Cosmical** (-अल्)- *adj.* cosmic. लौकिक; **Cosmically** (-अलि) - *adv.* in a cosmic manner. जागतिक या ऐहिक ढंग से।

Cosmogony-कॉज़्-मॉग्'-ॲन्-इ - *n.* the theory of the origin or creation of the universe. विश्व की उत्पत्ति का सिद्धान्त, जगत् की सृष्टि का सिद्धान्त।

Cosmography-कॉज़मॉग्राफ़ि-*n.* a description of the general features of the universe

or earth. विश्व की रचना का वर्णन।

Cosmolatry-कॉज़्‌-मॉल्'-ऑट्-रि -*n.* the worship of the universe. विश्व-पूजन।

Cosmology-कॉज़्‌-मॉल्'-ॲ-जि-*n.* the science of the universe. विश्वविद्या।

Cosmopolitan-कॉज़्‌-मॉ-पॅल्'-इट्-अन्-*n.* & *adj.* a citizen of all the parts of the world. unprejudiced, free from national limitations. सारे विश्व का नागरिक, जातीय पक्षपात से रहित ; **Cosmopolitanism** (-इज़्म्) -*n.* citizenship of the world. विश्वमित्रत्व सिद्धान्त; **Cosmopolite** (-मॉप्-ओ -लाइट्)-*adj.* free from national prejudices. जातीयता के पक्षपात से विमुख, विश्ववासी, विश्वगृही।

Cosmos-कॉज़्'-मॉस् -*n.* the universe as an ordered or systematic whole. क्रम (नियम)-बद्ध संसार।

Cossack-कॉस्'-सॅक् - *n.* a Russian soldier. रूसी सिपाही।

Cosset-कॉसिट्-*n.* a pet lamb, a pet. पाला हुआ भेंड़ या बकरी का बच्चा, पालतू।

Cost-कॉस्ट्-*n.* the price paid for a thing, expense. मूल्य, दाम, व्यय;-*v. i.* to involve expenditure of, to result in the loss of, to fix prices. व्यय होना, हानि होना, दाम लगाना; (*pl.*) legal expenses. (ज़ाब्ते का) न्यायालय व्यय; **Cost price, prime cost** (price at which a thing is bought.) लागत या क्रय मूल्य, असली कीमत; **At the cost of** (involving a loss.) खोने (नाश होने) पर; **Cost him dear** (involving a heavy penalty for him.) बड़े कष्ट से प्राप्त हुआ, प्राप्त करने में दण्ड सहना पड़ा; **To a person's cost** (to his loss.) किसी व्यक्ति की हानि होने पर।

Costal-कॉस्ट'-अल्-*adj.* pertaining to ribs or side of body. पसली सम्बन्धी।

Costard-कॉस्'-टर्ड्-*n.* a kind of large apple. एक प्रकार का बड़ा सेब।

Costate- कॉस् - टेट् - *adj.* (*also* **Costated.**) ribbed, having ribs. पसलीवाला।

Coster-कॉस्'-टर्-*n.* (*also* **Coster-monger.**) a man who sells fruits &c. in wheeled barrows. ठेले पर लादकर घूम-घूमकर फल बेचनेवाला।

Costive-कॉस्ट्' -इव् - *adj.* constipated, with confined bowels. बद्धकोष्ठ, मल रोकनेवाला; **Costiveness** (-नॅस्) - *n.* constipation. मल का अवरोध, कब्ज।

Costliness-कॉस्ट्'-लि-नॅस्-*n.* dearness, expensiveness. महर्घता, महँगाई।

Costly-कॉस्ट्' - लि - *adj.* of great value expensive. बहुमूल्य (क़ीमती), महँगा।

Costume-कॉस्' - ट्यूम् - *n.* style, fashion of dress, fancy dress, complete set of outer garments. वेश, सुन्दर पहिनावा, पहिनने के वस्त्र;-*v. t.* to provide with costume. कपड़ा पहिनना या पहिनाना।

Costumier (**Costumer**)-कॉस्-ट्यूम्' - इ-अर् (-अर्)-*ns.* a maker or dealer in costumes, a dress-maker. पहिनने के वस्त्र बनाने अथवा बेचनेवाला।

Cosy (**Cozy**)-को-ज़ि-*adj.* snug, comfortable. आराम देनेवाला, सुखकर; **Cosily** (-ज़ि-लि)*adj* comfortably. सुखपूर्वक, आराम से; **Cosiness** (-नॅस्)-*n.* the state of being comfortable आराम, सुख।

Cot-कॉट्-*n.* a small erection for shelter, a cottage, a bed for children, a hospital bed, a small boat. झोपड़ी, खटोला, पालना, अस्पताली चारपाई, एक छोटी नाव।

Co-tangent-को-टॅन्'-जॅन्ट् - *n.* the tangent of the complement of an arc or angle. कोटि-स्पर्श रेखा।

Cote-कोट्-*n.* a shed, a shelter for animals. झोपड़ी, पशुओं के लिये घेरा, बाड़ा;-*v. i.* to pass by, to outstrip. गुज़र जाना, आगे बढ़ जाना।

Co-temporary-see **Contemporary.**

Co-tenant-को-टॅन्'-ऑन्ट् - *n.* a joint tenant, साझीदार काश्तकार।

Coterie-को'-टर् - ई - *n.* a social or literary gathering. सामाजिक संघ।

Cottage-कॉट्-टिज्-*n.* a villager's or labourer's small dwelling, a small country house, a hut. पर्णशाला, झोपड़ी, कुटी; **Cottager** (-अर्) -*n.* an inhabitant of a cottage. झोपड़ी में रहनेवाला।

Cotter-कॉ' - टर्, **Cotter-pin** (- पिन्)-*ns.* a bolt or wedge for fastening and tightening parts of machinery. यन्त्र के भागों को कस-कर बाँधने के लिये लगी हुई फन्नी या बोल्टू।

Cotton-कॉट्न्-*n.* a vegetable fibrous substance used for clothing, cloth made of cotton. कपास रुई, सूती कपड़ा ; **Cotton-plant** (the plant that yields cotton.) कपास का पौधा; **Cotton-seed** (the seed of the cotton-plant.) बिनौला; **Cottony** (इ) -*adj.* of cotton. कपास का।

Cotyloid-कॉटि -लॉइड् -*adj.* of the shape of a cup. प्याले के आकार का।

Couch-काउच्-*n.* bed, a lounge. खटिया, चार-

पाई (पलंग);-*v. i. & t.* to lie down, to bend, to remove cataract, to express, to conceal. लेटना, झुकना, मोतिया बिन्द निकालना, प्रगट करना, छिपाना; -*v. i.* to cause to lie down. लिटाना।

Couching-काउच्'-इङ्ग्-*n.* the act of stooping. झुकने का कार्य।

Cough-कॉफ़्-*n.* a diseased condition of respiratory organs. कास, खाँसी; -*v. i.* to expel air with violent effort and noise. खाँसना, खखारना; **To cough down** (to silence a speaker by coughing.) खाँसकर वक्ता को बोलने न देना; **To cough out, to cough up** (to speak by coughing.) खाँसकर बोलना।

Could-कुड्-*p. t.* of Can.

Couldst-कुड्स्ट्-second person singular of 'could'. 'कुड्' के मध्यम पुरुष का एकवचन।

Coulomb-कुलॉम्-*n.* an electrical unit, the quantity of electricity conveyed in one second by a current of one ampere. विद्युत् शक्ति की इकाई, बिजली का परिमाण जो एक सेकेंन्ड में एक ऍम्पियर धारा ले जाता है।

Coulter-कोल्'-टर्-*n.* the iron blade of a plough. हल का फार।

Council-काउन्'-सिल्-*n.* advisory or deliberative assembly, a body of men to assist a governor. सभा, परिषद्, विचार सभा; **Council Chamber** council house. विचारसभा की बैठक का स्थान; **Council of State.** राज्यपरिषद्; **Executive Council,** कार्यसम्पादनी सभा; **Legislative Council.** व्यवस्थापक सभा; **Privy Council** (a select council for advising a king in the administration of government.) इँगलैंड की प्रबन्धकारिणी सभा।

Councillor-काउन्-सिलर्-*n.* a member of a council. सभासद; **Councillorship** (-शिप्) -*n.* the post of a councillor. सभासद का पद।

Counsel-काउन्-सॅल्-*v.t.* (*p. t.* **Counselled**) to give advice. सम्मति देना;-*n.* consultation, advice, plan, design, purpose, a barrister. विचार, उपदेश, अनुशासन, लक्ष्य, वकील या बैरिस्टर; **Counsel to the crown** (government pleader.) सरकारी वकील; **To keep one's own counsel** (to keep secrets.) रहस्य को गुप्त रखना; **To take counsel** (to seek advice.) सम्मति लेना।

Counsellor-काउन्'-सॅलर्-*n.* an advising barrister. उपदेशक, बुद्धि-सहायक, मन्त्री, वकील।

Count-काउन्ट्-*n.*(*fem.* **Countess.**) reckoning, sum total, an English title. गणना, पूर्ण संख्या, एक अंग्रेजी पदवी; -*v. t. & i.* to sum up, to enumerate, to reckon up, to consider. जोड़ना, गणना करना, गिनना, विचारना; **Countable** (-ऍब्ल्) -*adj.* able to be numbered. जोड़ने योग्य; **To count for** (to be fit for.) योग्य होना; **To count up** (to find the sum of.) जोड़ना; **To count upon**(to hope earnestly.) दृढ़तापूर्वक आशा करना।

Countenance - काउण्टॅनन्स् - *n.* aspect, expression of face, the face, composure. आकृति, आकार, मुख, मुखड़ा;-*v. t.* to encourage, to favour, to support, to sanction. साहस देना; अनुग्रह करना, सहारा देना, स्वीकृति देना; **To keep one's countenance** (to maintain composure.)हँसी रोकना, गम्भीर भाव दिखलाना; **To be put out of countenance** (to be perplexed.) व्यग्र होना, घबड़ाना।

Counter-काउन्ट्'-अर् -*n.* a small piece of metal used for keeping accounts, a banker's table, the part of a horse's breast between shoulders and neck, curved part of stern, back part of shoe. गिनने का सिक्का, लेन-देन करने का टेबुल, घोड़े की छाती का भाग, जहाज का पिछला घूमा हुआ भाग, जूते का पिछला भाग;-*adj.* opposite, opposed. विपरीत, उल्टा; -*v. t.* to oppose, to contradict. विरोध करना, विरुद्ध बोलना; -*adv.* in the opposite direction. विपरीत दिशा में;-*pref.* in the sense, of 'opposition,match or substitute,' 'विपरीत' 'बराबर' अथवा 'स्थानापन्न' अर्थ में प्रयुक्त उपसर्ग।

Counteract-काउन्ट्-अर्-ॲक्ट्'-*v. t.* to hinder, to defeat, to neutralize. रोकना, हराना, निष्फल करना (विरोध करना); **Counteraction** (-ॲक्-शन्) -*n.* hindrance. प्रतिक्रिया, प्रतिकार; **Counteractive** (-इव्)-*adj.* opposing. विरोध करनेवाला, रोकनेवाला।

Counter-agent-काउन्ट्'-अर् - एज्' - ऍन्ट् -*n.* a counteracting force or agent. प्रतिकार करनेवाली शक्ति या करनेवाला व्यक्ति।

Counter-attraction-काउन्ट्'-अर्-ऑट्-ट्रॅक्'-शन् -*n.* attraction in an opposite direction. विपरीत आकर्षण।

Counterbalance-काउन्ट्'-अर्-बॅल्' - लॅन्स् -*n.* an equal weight balancing another. समतोलन, पसँघा;-*v. t.* to weigh against with an equal weight. तुल्य भार करना, धड़ा बाँधना।

Counterblast-काउन्ट्'-अर्-ब्लास्ट्-*n.* anything done or written in opposition to something else. किसी के विरुद्ध कार्य या लेख।

Counterchange - काउन्ट्' - अर्-चेन्ज्-*v. t.* to

exchange, to change places or parts. अदला बदली करना, स्थान या भागों को बदलना।

Countercharge-काउन्ट्'-अर्-चार्ज्-*n.* a charge brought against an accuser. अभियोक्ता (फ़रियादी) के विरुद्ध अभियोग या नालिश।

Countercheck-काउन्ट्'-अर्-चेक्'-*n.* a check, that opposes a thing, a rebuke. प्रतिबन्ध, प्रतिरोध, फटकार, तिरस्कार।

Counter-claim-काउन्ट्'-अर्-क्लेम्-*n.* a claim set up by a defendant in case. मुकदमे में प्रतिवादी की माँग।

Counterfeit-काउन्ट्'-अर्-फ़ीट्-*n.* & *adj.* anything made in imitation, not genuine, forged. नकली वस्तु, कृत्रिम (बनावटी), खोटा (जाली); -*v. t.* to imitate, to forge, to simulate. अनुकरण करना, जाल करना, कपट करना।

Counterfeiter-काउन्ट्'-अर-फ़ीटर्-*n.* a forger, a cheat. जालसाज, नकली सिक्का बनानेवाला, ठग।

Counterfoil-काउन्ट्'-अर्-फ़ॉइल्-*n.* the corresponding part of a bank cheque, receipt &c. retained by a drawer. चेक या रसीद का प्रतिरूप, नक़ल, मुसन्ना।

Countermand-काउन्ट्' - अर् - मॅन्ड् -*v. t.* to revoke, to cancel a previous order. प्रतिकूल आदेश देना, पहिली आज्ञा को काट देना; -*n.* revocation of a former command. प्रथम आज्ञा के विरुद्ध आदेश।

Countermark-काउन्ट्'अर्-मार्क् -*n.* an additional mark made on goods fixed for greater security. अधिक सुरक्षित करने के लिये माल पर विशेष प्रकार का चिह्न।

Countermine-काउन्ट्'-अर्-माइन् -*n.* a mine dug to destroy that of an enemy. शत्रु के खान को नष्ट करने वाली खान।

Counterpane-काउन्ट्'-अर्-पेन् -*n.* the outer covering of a bed, coverlet. बिछावन पर का चदरा, चाँदनी।

Counterpart-काउन्ट्'-अर्-पार्ट् -*n.* duplicate, the complementary part. प्रतिरूप (प्रतिमूर्ति), सहायक अङ्ग।

Counterplot-काउन्ट्' - अर् - प्लॉट् -*n.* a plot devised to defeat another. एक षड्यन्त्र को नष्ट करने के लिये दूसरा षड्यन्त्र।

Counterpoise-काउन्ट्' - अर्-पॉइज़् -*n.* equilibrium. पसँघा, समतोलन;- *v. t.* to compensate. बराबर करना।

Countersign-काउन्ट्'-अर्-साइन्-*v. t.* to add signature to a document which has been already signed. हस्ताक्षर किये हुए पत्र पर अपना प्रति-हस्ताक्षर करना;-*n.* a watch-word. सांकेतिक शब्द।

Countersink-काउन्ट्-अर्-सिङ्क्'-*v. t.* to sink the head of a screw in a hole which is bevelled off. फरक्का करना; -*n.* a drill for this purpose. फरक्का।





Countersink.

Countervail - काउन्ट्'-अर्-वेल्'-*v. t.* to be of equal value, to compensate. सम करना, क्षतिपूर्ति करना।

Counterwork-काउन्ट्'-अर्-वर्क्-*n.* an opposing work. शत्रु के विपरीत कार्य।

Countess-काउन्ट्-ऍस्-*n.* the wife of a Count or Earl. इँगलैंड के काउन्ट या अर्ल (उपाधिधारियों) की स्त्री, बेगम।

Counting-house-काउन्ट्'-इङ्ग्-हाउस् -*n.* the business office. कार्यालय, दफ़्तर।

Countless-काउन्ट्'-लेस्-*adj.* numberless, innumerable, too many to count. असंख्य, अनगिनती।

Country-कन्'-ट्रि-*n.* (*pl.* Countries) a region, rural districts. देश (गाँव), देहात; Native country (birth-place.) जन्मभूमि; Countryman (a rustic, an inhabitant of a village.) ग्रामीण, देहाती; Countryside -*n.* a rural district. देहात या जिला।

County-काउन्ट्-इ-*n.* a territorial division in Great Britain and Ireland. विलायत के देश का भाग या सूबा।

Coup-कू - *n.* a blow, a successful stroke. चोट, सच्चा आघात; **Coup'd'etat** (-ड्-ऍटा)-*n.* an illegal change in a government. राज्य-शासन में नियमविरुद्ध विप्लव; **Coup-de-grace** (ड्-ग्रेस्)-*n.* a finishing stroke. अन्तिम आघात; **Coup-de-main** (-ड्-मॅन्) -*n.* a vigorous attack. तीव्र आघात; **Coup-de-theatre** (ड्-थि-ऍ-टर्) -*n.* a dramatically sudden action. नाटक के सदृश आकस्मिक कार्य।

Coupe-कू-पे' -*n.* a kind of four-wheeled carriage for two persons. दो मनुष्यों के बैठने की एक प्रकार की चौपहिया गाड़ी।

Couple-कप्'-ल् -*n.* a pair, a man and wife. जोड़ा, युगल; -*v. t.* & *i.* to fasten or link together, to connect, to unite, to marry, to copulate, to associate together. बाँधना, मिलाना, जोड़ना, विवाह करना, मैथुन करना, सम्बद्ध करना; A married couple (a bride-groom and his bride.) वर-वधू, दुलहा-दुलहिन।

Couplet-कप्'-लेट्-*n.* two lines of a verse that

rhyme with each other. पद्य की दो पंक्तियाँ, श्लोक, सोरठा, दोहा।

Coupling-कप्'-लिङ्ग्-*n.* joining in couples, sexual union, a contrivance for coupling or connecting the parts of a machine. जोड़ों में संयोग, मैथुन-क्रिया, किसी यन्त्र के भागों को जोड़ने का साधन; **Coupling-pin**-*n.* a pin or bolt used for joining railway carriages. रेल की गाड़ियों को जोड़ने का साधन (फन्नी, ढिबरी आदि ।

Coupon-कू' -पन् - *n.* a detachable ticket entitling the holder to periodical payments. सामयिक भुगतान का पुर्जा, रसीद, चिट्ठी ।

Courage-कर्' - रिज् -*n.* bravery, boldness. पराक्रम,साहस, वीरता; **Courageous**(-अस्)-*adj.* brave, fearless, bold. शूरवीर, निडर, साहसी; **Courageously** (-लि)-*adv.* with courage. शूरता से, साहस के सहित; **Courageousness** (अस्-नेॅस्) -*n.* the quality of being courageous. पराक्रम, साहसिकता ।

Courier-कूर्'-इ-अर्-*n.* a servant employed to make arrangements for travelling, a messenger. यात्रा का प्रबन्ध करनेवाला नौकर, हरकारा, दूत।

Course-कोर्स्-*v. t. & i.* to hunt, to pursue, to cause to run about, to run quickly. शिकार करना, पीछा करना, पीछे दौड़ना;-*n.* a movement onward, pursuit of a game, voyage, conduct, direction. अग्रगति, शिकार का अनुसरण, यात्रा, आचरण, प्रगति;(*pl.*) behaviour, ground for race, a water-channel, career, series. व्यवहार, घुड़दौड़ का स्थान, जल-मार्ग, चरित्र, जीवनवृत्ति, श्रेणी; **Course of action** (line of work.) क्रियाविधि; **Course of study**. अध्ययन-क्रम; **In due course** (in proper time.) नियम से, समय पर; **In the course of** (during.) मध्य में, प्रसङ्ग में; **Matter of course** (natural happening.) स्वाभाविक घटना; **Of course** (certainly.) अवश्य ।

Courser-कोर्स्'-अर्-*n.* a swift horse, a runner, a chasing dog, a stone used in forming a course, a swift-running bird. तेज घोड़ा, दौड़नेवाला, पीछा करनेवाला कुत्ता, मार्ग बनाने का पत्थर, तेज दौड़नेवाला पक्षी ।

Court-कोर्ट्-*n.* a space enclosed by walls, a sovereign's residence, his retinue, state assembly, assembly of judges, a place of justice. आँगन, राजगृह, राजा के परिचारक, राजसभा, विचारपतियों का मण्डल, न्यायालय (कचहरी);-*v. t.* to solicit, to woo, to pay attention to, to make love to, to seek, to entice. आराधना करना, विवाह की प्रार्थना करना, ध्यान देना, प्रेम करना, खोज करना; ललचाना; **Court-card** (king, queen and knave.) ताश में राजा, रानी और गुलाम; **Court-guide** (a list of courtiers.) दरबारियों की सूची; **Court-house**-*n.* the room in which court is held. अदालत का कमरा; **Courtier** (-इयर्)-*n.* attendant of a court. दर्बारी; **Courting**(-इङ्ग्) -*n.* act of wooing. विवाह के लिए आराधना करना; **Court-martial** (-मार्'- शॅल्)-*n.* a court of military officers. फ़ौजी अफ़सरों की अदालत ।

Courteous-कर्टिअस्-(कोर्टिअस्)-*adj.* kind, well-bred, civil, polite. दयालु, विनीत(सभ्य), नम्र; **Courteously**(-इ-अस्-लि)-*adv.* in a courteous manner. विनय सहित ; **Courteousness** (-इ-अस्-नेॅस्) -*n.* politeness. शिष्टाचार ।

Courtesan (**Courtezan**) - कोर्टिज़न् - *n.* a prostitute. वेश्या, रण्डी ।

Courtesy - कर्टिसि - *n.* (*pl.* **Courtesies**) favourable disposition, civility. विनय, नम्रता; **Courtesy-title** (a title given by social custom.) सामाजिक उपाधि ।

Courtly-कोर्ट्लि -*adj.* polished in manners, flattering. सुशील, चापलूस ।

Courtship-कोर्ट्'-शिप्-*n.* the act of wooing with a view to marriage. विवाह के निमित्त आराधना ।

Courtyard - कोर्ट् - यार्ड् - *n.* an enclosure before a house. घर के बाहर का सहन ।

Cousin-कज़्' - इन् - *n.* (*common gender*) a child of one's uncle or aunt. चचेरा, ममेरा, मौसेरा अथवा फुफेरा भाई या बहिन; a title used by sovereigns in addressing another sovereign or nobleman. इस शब्द का प्रयोग एक राजा दूसरे के लिए अथवा नवाब आदि के लिए करता है; **Cousinhood** (-हुड्) -*n.* relationship. सम्बन्ध, रिश्तेदारी ।

Cove-कोव् -*n.* a small inlet of the sea, a bay or creek, a sheltered recess. छोटी खाड़ी या दर्रा, छायादार दर्रा ।

Covenant-कवनण्ट्-*n.* a compact, a bargain, a mutual agreement or contract. पारस्परिक स्वीकृति, पण, सौदा, सट्टा, ठीका;-*v. t. & i.* to agree सहमत होना, राजी होना ।

Cover-कव्'-अर्-*v.t.* to overspread, to overlay, to shelter, to extend over, to protect, to include, to comprise, to suffice, to conceal. ऊपर डालना, ढाँकना, शरण देना, फैलाना, बचाना, अन्तर्गत करना, पर्याप्त होना, छिपाना;-*n.* a lid, binding, shelter, a hiding place, pretence, envelope, a napkin for table. ढकना, जिल्द, आश्रय, छिपने की जगह, बहाना (माया, कपट),

बिछावन, टेबुल पर फैलाने की चादर।

Covering-कव्'-अर्-इङ्ग्-*n.* anything which covers, a cover. ढकना, ओढ़ना, चादरा।

Coverlet-कव् - अर् - लिट् - *n.* a covering, a bedcover. ओढ़ना, चदरा।

Covert-कव्रर्ट-*adj.* covered, secret, disguised. ढँका हुआ, गूढ़, गुप्त (प्रच्छन्न);-*n.* a shelter, a thicket, a hiding-place. आश्रयस्थान, झाड़ी, छिपने का स्थान; **Coverture** (-अर्-चर्)-*n.* a cover, a shelter, a defence. आच्छादन, शरणस्थान।

Covet-क-व्रि-ट्'-*v. t.* to desire eagerly. लोभ करना, लालच करना; **Covetable** (-एँ-बूल्) -*adj.* that may be coveted. लालच के योग्य; **Coveted** (-एँड्)-*adj.* earnestly desired. अति उत्सुक; **Covetous** (-अस्) - *adj.* very desirous, greedy. लोलुप, लालची; **Covetously** (- अस्- लि) - *adv.* greedily. लालच से; **Covetousness** (-अस् - नेॅस्) - *n.* greed, cupidity. लालच (लोभ), लालसा, कामुकता।

Covey-कवि-*n.* a brood or hatch of partridges. तीतरों का झुण्ड।

Cow-काउ-*n.* (*mas.* **Bull**, *pl.* **Cows** or **Kine.**) the female of bull. गाय, धेनु, गौ; **Cow-dung.** गोमय, गोबर; **Cow-herd** (one who tends cows.) अहीर, चरवाहा; **Cow-pen.** गोशाला।

Cow-काउ-*v. t.* to subdue, to impress with fear. त्रस्त करना, डराना।

Coward-काउअर्ड् - *adj.* timid, faint-hearted. भीरु (कातर), डरपोक; **Cowardice** (-इस) -*n.* want of courage, भीरुता, कातरता; **Cowardliness** (-लि-नेॅस्)-*n.* the state of being cowardly. भीरुता;**Cowardly**(-लि)-*adj.& adv.* without courage, timidly. कातर, भीरुता से।

Cow-catcher-काउ'-कैच्'-अर् -*n.* a triangular grating fitted in front of a locomotive to prevent an object passing under the wheels. रेल के इंजिन के आगे लगा हुआ साधन जो किसी वस्तु को उसके पहियों के नीचे जाने से रोकता है।

Cowed-काउ-ड्-*adj.* intimidated. त्रस्त।

Cower-काउ'-अर् - *v. i.* to stand in a bent position, to crouch from fear. दबकना, भय से सिकुड़ना।

Cowl-काउल् - *n.* a monk's hooded garment, hood-shaped covering, a tub for water. बैरागी का टोप, फन की आकृति का ढपना, पानी की कठवत; **Cowled** (-ड्) - *adj.* hooded. ढकनेदार।

Cow-pox-काउ'-पॉक्स् - *n.* a disease which appears on the udder of cows. गौ के थन पर निकलनेवाली शीतला।

Co-worker-को-वर्क्'-अर् - *n.* one who works with another. दूसरे के साथ काम करनेवाला।

Cowrie-काउ-रि - *n.* a shell used as money. कपर्दिका, कौड़ी।

Cowslip-काउ-स्लिप् - *n.* a wild plant which bears fragrant yellow flowers. पीले सुगन्धित पुष्प का पौधा, सेवती।

Coxcomb-कॉक्स्'-कोम्-*n.* a conceited showy person, a fop. दम्भी, आत्माभिमानी मनुष्य; **Coxcombry** (-रि) -*n.* vain show. दर्प, गर्व, घमण्ड।

Coy-कॉय्-*adj.* modest, bashful, shy, retiring विनीत, लज्जावान् (संकोची),अल्पभाषी;-*v. t. & i.* to caress, to disdain, to affect coyness लाड़ प्यार करना, घृणा करना, लज्जा का बहाना करना या लज्जा दिखाना; **Coyly** (-लि) - *adv.* in a shy manner. लज्जासहित; **Coyness** (-नेॅस्)-modesty. लज्जा।

Coze-कोज़्-*v. i.* to have a chat. बकबक करना, बकवाद करना।

Cozen-कज़्'-न् - *v. i.* to cheat, to defraud. धोखा देना (छलना), ठगना।

Cozy-को-ज़ि-comfortable. सुखकर।

Crab-क्रैब् -*n.* a kind of ten-footed crustacean, a zodiacal constellation, a machine for hoisting heavy weights, a wild bitter apple. (कर्कट) केकड़ा, कर्क राशि, भारी बोझ उठाने का यन्त्र, कड़ुआ जंगली सेव; **Crabbed** (-इ्)-*adj.* perverse, irritable, difficult, intricate. निष्ठुर (दुःशील), चिड़चिड़ा, कठिन, गूढ़ार्थ (दुर्ज्ञेय); **Crabbedly** (-बिड्'-लि) -*adv.* perversely. निष्ठुरता से; **Crabbedness**(-बिड्'-नेॅस्)-*n.* perversity. निष्ठुरता,दुःशीलता; **Crabby** (-बि)-*adj.* peevish, perplexing. निष्ठुर, घबड़ानेवाला।

Crack-क्रैक्-*n.* a sharp sudden noise, a sharp blow, a partial fracture; (*pl.*) news. कड़क, तेज धक्का, दर्रा या दरार, (ब० व०) समाचार; -*v. t.* to make a sharp noise, to split. कड़ाके का शब्द करना, फाड़ना; To crack a bottle (to drink out a bottle.) पीकर बोतल खाली करना; To crack a joke (to make a joke.) परिहास करना, दिल्लगी करना; To crack up (to go to pieces, to praise.) चूर-चूर हो जाना; प्रशंसा करना; **Cracked** (- ड्) - *adj.* rent, damaged, insane. नष्ट, फटा हुआ, पागल, झक्की; **Cracked sound.** कर्कश शब्द ; **Cracker** (-क्रैं-कर्)-*n.* a firework, exploding with a sharp sound. पटाखा;**Cracky** (-इ)-*adj.* having cracks. दरारदार।

Crackle-क्रैक्'-कूल-*v. t.* to make a cracking

sound. कड़ाके का शब्द करना; -*n.* cracking sound. कड़ाके का शब्द।

Cracknel-क्रैक्'-नेल् -*n.* a kind of crisp biscuit. कुरकुरा बिसकुट।

Cracksman-क्रैक्स्'-मैन्-*n.* a thief, a burglar. चोर, ठग, सेंध लगानेवाला।

Cradle-क्रे-इल्-*n.* a rocking bed or cot for infants. हिंडोला, झूला, पालना;-*v. t.* to rock in a cradle. झूला में झुलाना; **Cradled** (-इल्ड्')-*adj.* पालने पर झूलता हुआ; **From the cradle** (from childhood.) बचपन से; **A child in cradle.** दूध पीता हुआ बच्चा।

Cradling-क्रे'-इलिङ्ग् -*n.* a framework of wood or iron. लकड़ी या लोहे का ढाँचा।

Craft-क्राफ़्ट्-*n.* skill, cunning, art, trade, a boat, vessel. कौशल, धूर्तता, कला (शिल्प), व्यापार, नाव, जहाज; **Craftily** (-इल्'-इ)-*adv.* in a crafty manner. कपट से; **Craftiness** (-इ-नेस्) -*n.* cunning. धूर्तता; **Craftsman** (an artisan.) कारीगर; **Craftsmanship** (-शिप्)-*n.* finished art of a craftsman. दस्तकारी।

Crafty-क्रैफ़्'-टि-*adj.* cunning, artful, deceitful. धूर्त, कपटी।

Crag-क्रैग्-*n.* a steep or rugged rock. करारा दर्रा; **Cragged** (क्रैग्-इ), **Craggedness** (-ग्इ-नेस्), **Cragginess** (-गि-नेस्) -*ns.* ruggedness. ऊँचा-नीचापन; **Craggy** (-गि)-*adj.* rugged, rough, विषम, ऊँचा-नीचा।

Cram-क्रैम्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Crammed.**) to fill overfull, to learn, to get by heart, to stuff. मुँह तक भरना, ठूँसना, सीखना, कण्ठस्थ करना, ठूँसकर भोजन करना;-*n.* a crowd. भीड़; **Crammer** (-मर्)-*n.* one who crams. रटनेवाला; **Cramming** (-मिङ्ग्)-*n.* a learning by heart. रटना, कण्ठस्थ करना।

Crambo-क्रैम्'-बो-*n.* a game of rhyming. तुकबन्दी का खेल।

Cramp-क्रैम्प्-*n.* a contraction of muscles from chill, strain &c., a bent bar for fastening walls &c. सिकुड़न (ऐंठन), दीवार पुष्ट करने का लोहे का छड़;-*adj.* contracted. सिकुड़ा हुआ;-*v. t.* to affect with cramp, to confine. ऐंठन का रोग होना, सिकोड़ना, बाँधना; **Cramp-fish** (the electric ray.) बिजली की किरण।

Crampon-क्रैम्प्'-ऑन्-*n.* an iron plate which is used for walking on ice. बरफ पर चलने की लोहे की खड़ाऊँ।

Daisy-डे' - ज़ि - *n.* a small European wild flower growing in pastures. गुलबहार, एक प्रकार का विलायती फूल।

Dak-डाक् - *n.* transmitting letters &c. by post. डाक (विभाग)।

Dale-डेल्-*n.* a low valley. दर्रा, घाटी (पहाड़ों के बीच की नीची भूमि)।

Dalliance - डॅलियन्स् - *n.* dallying, trifling, interchange of embraces. क्रीड़ा, विलास, विहार, आलिङ्गनों का आदान-प्रदान।

Dally-डॅल्'-लि-*v. i.* (*p. t.* & *p. p.* **Dallied**) to amuse oneself, to play, to make sport, to loiter, to delay. आमोद करना, खेलना, क्रीड़ा करना, विचरना, विलम्ब करना, देर करना।

Dalmatian - डॅल् - मे'-श्यन्-*n.* a native of Dalmatia, an Austrian province. ऑस्ट्रिया के प्रान्त डाल्मेशिया का निवासी ; **Dalmatian dog**-a spotted dog kept to run with carriages.गाड़ी के साथ दौड़नेवाला चितकबरा कुत्ता।

Daltonism- डॉल्टनिज़्म्- *n.* colourblindness. एक प्रकार का नेत्र रोग जिसमें लाल और हरे रङ्ग में भेद नहीं जान पड़ता।

Dam-डॅम्-*n.* a barrier to hold back water; mother of beasts. (सेतु) बाँध, पशुओं की माँ; -*v. t.*(*p. t.* **Dammed**) to keep back water with a dam. बाँध से पानी रोकना, पानी बाँधना;

The devil and his dam(the powers of evil.) दुष्कर्म की शक्ति।

Damage-डॅम्'-इज् - *n.* harm, injury; *-pl.* money claimed in compensation for loss. हानि, नाश, घाटा, (ब० व०) हरजाना, तावान; *-v. t.* to injure, to defame. हानि करना, बदनाम करना।

Damask-डॅमस्क्-*n.* a figured woven material. बूटेदार कपड़ा, जामदानी-*adj.* coloured like damask. जामदानी के रङ्ग का;*-v. t.* to weave with figured designs. बेलबूटा बनाना।

Dame-डेम्-*n.* a lady-keeper of a boarding house, the wife of a knight or a baronet. स्त्री (महिला), गृहिणी, नवाबिन; **Old dame.** वृद्धा; **Dame-school** (an infant school kept by an old woman.) बच्चों की पाठशाला जिसमें वृद्धा पढ़ाती हो।

Damn-डॅम्-*v. t.* to condemn, to censure, to doom to hell. शाप देना (निन्दा करना), धिक्कारना, नरक में भेजना; **Not worth a damn** (a worthless object.) तुच्छ पदार्थ।

Damnable-डॅम्'-नें-बल्-*adj.* hateful, annoying. निन्दनीय, तिरस्कार के योग्य।

Damnation-डॅम्-ने'-शन्-*n.* eternal punishment in hell. नरक-दण्ड, नरक-यातना।

Damnatory-डॅम्नेंटरि-*adj.* causing censure. हतभाग्य, गर्हणीय।

Damned-डॅम्ड्-*adj.* infernal, unwelcome, hateful. नरक का, अस्वागत, घृणित।

Damnify-डॅम्'-नि-फ़ाइ-*v.t.* (*p.t.* **Damnified**) to cause injury to. कष्ट पहुँचाना, पीड़ा देना।

Damning-डॅमिङ्ग-*adj.* cursing. शाप देनेवाला।

Damp-डॅम्प्-*n.* moisture in air, chill, discouragement. तरी, ठण्ढक, उत्साहहीनता;*-adj.* slightly wet. नम, तर, गीला;*-v. t.* to moisten, to discourage. भिगाना, उत्साहहीन करना; **Dampness** (-नेंस्)-*n.* the state of being damp. नमी, तरी, सीड़; **Damp-proof**(keeping off dampness.) तरी रोकनेवाला।

Damsel-डॅम्'-ज़ल्-*n.* a young unmarried woman, a girl. कुमारी कन्या, युवती, कुमारी, बालिका, लड़की।

Damson-डॅम्'-ज़न्-*n.* a small dark-coloured plum. झरबेर, आलूचा।

Dance-डान्स्-*v. i. & t.* to move with rhythmical steps, to jump about, to skip, to perform. नाचना, आनन्द में कूदना, कुदाना, कार्य करना;*-n.* a dancing motion, a dancing party. नाच, नाचमण्डली; **To dance attendance** (to wait upon for gaining favour.) अनुग्रह पाने या कृपापात्र बनने के लिये हाजिरी बजाना; **To dance upon nothing** (to be hanged.) फाँसी पड़ना; **To lead a dance** (to entangle in a useless pursuit.) निरर्थक कार्य में लगना या लगाना।

Dancer-डान्स्'-अर् - *n.* one who practises dancing. नाचनेवाली, नर्तकी, रंडी; **Rope-dancer** (one who performs feats on a rope.) नट।

Dandelion--डाण्डिलायन्-*n.* a common yellow flowered plant. पीले फूल का एक प्रकार का पौधा।

Dandiacal-डॅन्'-डि-अ-कल्-*adj.* inclined to be dandy. ठाट-बाटवाला।

Dandie-डॅन्'-डि-*n.* a kind of terrier. एक प्रकार का छोटा कुत्ता।

Dandify-डॅन्'-डि-फ़ाइ-*v.t.* (*p. t.* **Dandified.**) see **Dandy.**

Dandle-डॅन्'-इल्-*v. t.* to fondle or toss a child on knee or arms, to pet, to play with. बच्चे को घुटनों पर या गोद में झुलाना, लाड़ करना।

Dandriff-डॅन्'-ड्रिफ़्-also **Dandruff** (-ड्रफ़्)-*ns.* scurf formed on the scalp among the hairs. बालों में की रूसी।

Dandy-डॅन्'-डि-*n.* (*pl.* **Dandies**) a person devoted to smartness of costume, a foppish fellow. तड़क-भड़क की पोशाक पहननेवाला, दम्भी, छैला, बाँका; **Dandiacal** (-डि'-ॲी-कल) *-adj.* inclined to be dandy. ठाटवाला; **Dandify** (-डि-फ़ाइ) *-v. t.* to make like a dandy. ठाट बनाना; **Dandification** (-डि-फ़ि-के'-शन् -*n.* छैलापन; **Dandy-cart** (a small cart.) छोटी ठेलागाड़ी।

Dane-डेन्-*n.* a native of Denmark. डेन्मार्क देश का निवासी।

Danger-डेन्'-जर्-*n.* liability to harm, hazard, peril, insecurity, position of railway signal directing caution. भय, शङ्का (खटका, आपत्ति), भयसूचक संकेत; **Dangerous** (-अस्)-*adj* threatening, perilous. भयङ्कर, डरावना, खतरनाक; **Dangerously** (-अस्-लि)-*adv.* so as to involve danger. भयपूर्वक, भयङ्कर रूप से; **Danger-signal** (a signal against danger ahead.) आपत्ति का पूर्वसंकेत।

Dangle-डॅङ्ग्'-गल्-*v.i. & t.* to be suspended and moved to and fro, to hold in temptation, to hover about a person, to make to dangle. लटकाना, झूलना (आगे-पीछे करना), ललचाना, पीछे-पीछे फिरना; **Dangler** (-अर्)-*n.* one who dangles. स्त्री को फुसलानेवाला।

Daniel-डॅन्'-यल्-*n.* an upright judge, a very wise man. सच्चा न्यायकर्ता, अद्वितीय बुद्धि का मनुष्य ।

Danish-डेन्'-इश्-*adj.* & *n.* of Danes, the language of Denmark. डेनमार्क-निवासियों (अथवा डेन् लोगों) का, इनकी भाषा ।

Dank-डॅङ्क्-*adj.* damp, oozy, moist. पानी रसता हुआ, तर, गीला ।

Dap-डॅप्-*v. i.* (*p. t.* **Dapped.**) to dip lightly, to bounce. जल में थोड़ा-सा डुबाना, कूदना ।

Dapper-डॅप्'-पर्-*adj.* neat, smart in appearance, quick. स्वच्छ, साफ़ और सुथरी आकृतिवाला, तेज़ ।

Dapple-डॅप्'-पल्-*v. t.* & *i.* to variegate, to be variegated with spots. चितकबरा होना, रङ्ग-बिरङ्गा करना;-*n.* dappled effect. चितकबरापन ।

Dare-डेॅअर्-*v. i.* (*p. t.* **Dared, Durst.**) to have the courage to, to attempt, to take risk of, to defy. साहस करना, प्रयत्न करना, धृष्टता करना, ललकारना (हिम्मत बाँधना); **dare swear** (I am perfectly sure.) मुझे पूरा निश्चय है; **I dare say** (I suppose, I am sure.) मैं अनुमान करता हूँ, मुझे विश्वास या यकीन है ।

Dare-devil - डेॅअर्'-डॅव्-इल् - *n.* a reckless person. असावधान मनुष्य ।

Daring-डेॅअर्'-इङ्ग्-*adj.* bold, adventurous. (निर्भीक) साहसी, शूरवीर;-*n.* courage. वीरता, साहस; **Daringly** (-लि)-*adv.* in a daring manner. साहस से; **Daringness** (-नॅस्)-*n.* a daring spirit. साहस, धृष्टता ।

Dark-डार्क्-*n.* absence of light. प्रकाश का अभाव;-*adj.* gloomy, with little light, more or less black, not fair, evil, cheerless, obscure, mysterious, of deep colour. अन्धकारमय, अँधेरा, काला, अस्पष्ट, दुष्ट, निन्द्य, गुप्त, गहरे रङ्ग का; **A leap in the dark** (a hazardous enterprise.) साहसिक कार्य; **Dark Ages** (the period of darkness.) अंधकार का युग; **Dark in soul** (of evil nature.) पापात्मा; **Dark-room** (an apartment in which photographs are developed.) फ़ोटोग्राफ़र की अँधेरी कोठरी; **Dark thoughts** (evil thoughts.) पाप के विचार; **In dark humour** (in a frown.) भौं चढ़ाये; **In the dark** (secret, unknown.) गुप्त, बे जाना हुआ; **To keep in dark** (to keep in secret.) छिपा रखना, छिपाना ।

Darken-डार्क्'-ऍन्-*v. t.* & *i.* to make dark, to perplex, to make foul, to grow dark. अँधेरा करना (काला करना), घबड़ाना, दूषित करना, अँधेरा होना ।

Darkish-डार्क्'-इश्-*adj.* somewhat dark. कुछ काला; **Darkly** (-लि)-*adv.* in the dark, not correctly. अँधेरे में, अव्यक्त रूप से; **Darkness** (-नॅस्)-*n.* the state of being dark. अँधेरा, अज्ञान ; **To darken counsel** (to make matters worse.) आपत्ति बढ़ा देना; **To darken one's door** (to go for paying a visit to someone, to enter one's house.) किसी के घर भेंट करने जाना, किसी के घर में घुस जाना ।

Darkle-डार्'-कल्-*v. i.* to lie concealed. छिपे रहना; **Darkling** *-adv.* & *adj.* in the dark, gloomy अँधेरे में, अँधेरा ।

Darksome-डार्क्'-सम् - *adj.* gloomy, dark. प्रभा-रहित, अन्धकारमय ।

Darling-डार्लिङ्ग्-*n.* & *adj.* dearly beloved, lovable. प्रियतम, स्नेहपात्र, प्यार करने योग्य ।

Darn-डार्न्-*v t.* to mend a hole by interweaving. कपड़े के छेद को तागे से भरना, रफ़ू करना; **Darning** (-इङ्ग्) - *n.* the act of mending. रफ़; **Darninglast** (a frame for darning.) रफ़ू करने का फ़रमा ; **Darner** (one who darns.) रफ़ू करनेवाला ।

Darnel-डार्'-नॅल्-*n.* a kind of grass which grows among corn. अनाज के पौधों में उगनेवाली एक प्रकार की घास ।

Dart-डार्ट्-*n.* a light javelin, a pointed missile, a rapid motion, the sting of a poisonous insect. बर्छी, शंकु, तीव्र गति, जहरीले कीड़े का डंक;-*v. t.* to throw a missile, to emit suddenly. बर्छी फेंकना, एकाएक आ पड़ना, झपटना; **Darter** (-अर्) -*n.* one who darts. झपटनेवाला ।

Dartle-डार्टल्-*v. t.* to keep on darting. बर्छी फेंकते रहना ।

Darwinism-डार्'-विन्-इज़्म्-*n.* a belief in the theory of Charles Darwin about the evolution of species, evolution. (तत्त्वज्ञानी) डार्विन का जाति-विकास का सिद्धान्त, विकास ।

Dash-डॅश् - *n.* a splash of water, a hasty stroke of pen, a horizontal stroke in writing or printing (—), rush, a sudden advance, a showy appearance. पानी का छींटा, घसीट, लिखावट, छापे या लिखने का (—) चिह्न, झटका, धावा, दिखावट;-*v. t.* & *i.* to break to pieces, to knock, to drive, to throw, to rush. चूर चूर करना, ढकेलना, पीटना,

फेंकना, दौड़ना, भागना; **Dash-board** (a mud-guard, a splash-board.) गाड़ियों में कीचड़ का उड़ना रोकने की पंखी; **To cut a dash** (to make a fine show.) सुन्दरता दिखलाना; **To dash one's hopes** (to discourage.) निराश करना।

Dasher-डॅशर्' - अर् - *n.* a contrivance for agitating cream in a churn. मथानी।

Dashing-डॅशि' - इङ्ग् - *adj.* bold, spirited, showy. साहसी, उत्साहपूर्ण, दिखावटी; **Dashingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a dashing manner. झटके से, वेग से।

Dastard-डॅस्टर्ड्-*n.* a cowardly fellow. भीरु, डरपोक मनुष्य; -*adj.* cowardly. डरपोक; **Dastardliness** (-लि-नॅस्)-*n.* cowardliness. भीरुता; **Dastardly** (-लि)-*adv.* cowardly. भीरुता से।

Data-डे'-टा-*n. pl.* of **Datum.**

Dataller, Daytaler-डे'-टॅ-लर्-*ns.* a workman who is engaged and paid by the day. रोजहा मज़दूर।

Date-डेट्-*n.* the date-palm or its fruit, a statement of time, time of happening, period, duration, age. खजूर का वृक्ष या फल, काल, तिथि (तारीख), समय या काल की अवधि, युग;-*v. t.* to mark with the date, to refer to a time. निर्दिष्ट तिथि लिखना, समय सूचित करना; **Date-line** (the line where the day begins and ends.) मध्याह्न रेखा जहाँ से पूर्व और पश्चिम में समय का अन्तर होता है, तिथि रेखा; **Out of date** (obsolete.) पुरातन, प्राचीन; **Up to date** (according to the latest requirements.) आधुनिक आवश्यकतानुसार; **Dateless**(-लॅस्)-*adj.* without date, endless. बिना मिति का, अनन्त।

Dative-डे'-टिव्-*adj.* the case in grammar which signifies the person or object to which something is given. सम्प्रदान कारक, चतुर्थी विभक्ति; **Datively** (-लि)-*adv.* in the dative case. सम्प्रदान कारक में।

Datum-डे' - टम् - *n.* (*pl.* **Data.**) things admitted, known or granted. स्वीकृत तत्त्व, निर्दिष्ट सिद्धान्त।

Daub-डॉब्-*v. t.* to coat with clay or plaster, to smear, to stain, to paint inartistically. लीपना, पोतना, छूहना, फूहड़पन से रँगना;-*n.* a badly painted picture. बुरी तरह से रँगा हुआ चित्र; **Dauber** (-अर्)-*n.* a coarse painter. रंग पोतनेवाला; **Daubery** (-अर्'-रि)-*n.* anything crudely artful. धूर्तता का कार्य;

Daubing (-इङ्ग्)-*n.* a coarse painting. भद्दी पोताई।


Daughter-डॉ' - टर्-*n.* a female child or descendant, woman (generally). कन्या, पुत्री, बेटी; **Daughter-in-law** (a son's wife.) पुत्र-वधू, पतोहू; **Daughterly** (-लि)-*adj.* in a daughter-like way. पुत्रीवत्; **Daughterhood** (-हुड्)-*n.* state of being daughterly. पुत्रीपन।

Daunt-डॉन्ट्-*v.t.* to discourage, to intimidate. उत्साहहीन करना, त्रासना, धमकाना; **Dauntless** (-लॅस्)-*adj.* intrepid, bold. निर्भय (अशङ्क), निडर; **Dauntlessly** (-लॅस्'-लि)-*adv.* in a dauntless manner. निर्भीकता से; **Dauntlessness** (-लॅस्'-नॅस्)-*n.* fearlessness, intrepidity. निर्भीकता।

Dauphin-डॉ'-फ़िन्-*n.* the eldest son of the king of France. फ्रान्स देश के राजा का सबसे बड़ा लड़का।

Davenport-डॅविन्पोर्ट्-*n.* (also **Devonport.**) a kind of ornamental desk with drawers. एक प्रकार की सुन्दर दराजदार मेज़।

Davit-डॅव्'-इट्-*n.* a crane for suspending a hip's boat. जहाज़ पर की नाव लटकाने का यन्त्र।


Davit.

Davy-Lamp - डे'-व्रि-लॅम्प्-*n.* the miner's safety-lamp. खान में ले जाने का सुरक्षित लैम्प।

Daw-डॉ-*n.* a species of crow, jackdaw. डोम कौवा, काला कौवा।

Dawdle-डॉ'-ड्ल्-*v. i.* to idle. विलम्ब करना; **To dawdle away** (to waste time.) समय नष्ट करना; **Dawdler** (-ड्लर्)-*n.* a trifler. समय गँवानेवाला।

Dawn-डॉन्-*n.* the first light, daybreak, rise of anything. दिनमुख, अरुणोदय (प्रभात, तड़का, भोर), किसी पदार्थ का उदय; -*v. i.* to begin to appear, to grow light, to become evident to mind. प्रकट होना, प्रातःकाल होना (पौ फटना), मन में उपजना; **To dawn upon** (to be visible.) देख पड़ना।

Dawning-डॉन्'-इङ्ग्-*n.* the time of dawn. अरुणोदय का समय, तड़का।

Day-डे-*n.* the time between the rise and setting of the sun. दिन, दिवस; **All day long** (throughout the day.) चौबीसों घण्टे;

All the day (continually.) लगातार, बराबर; **Birthday** (the day on which a person is born.) सालगिरह; **Day-blindness.** दिनौंधी (दिन में स्पष्ट न देख पड़ना); **Day-book** (a book of daily accounts.) प्रतिदिन के हिसाब की बही; **Day-break** (appearance of day-light.) अरुणोदय, पौ फटना, सबेरा; **Day by day** (everyday, daily.) प्रतिदिन; **Day-dream** (reverie, vain fancy.) तरंग, निरर्थक चिन्ता; **Day-light** (sun's light, openness, publicity.) सूर्य का प्रकाश, ईमानदारी, लोक-प्रसिद्धि; **Day-school** *-n.* स्कूल जिसमें छात्रों को केवल दिन में पढ़ाने का प्रबन्ध रहता है; **Men of the day** (famous men of the time.) समय के प्रसिद्ध लोग; **One day** (on a certain day.) किसी दिन; **On one's day** (on a good chance.) सुअवसर पर; **One's day** (one's life time.) मनुष्य का जीवन; **To keep one's day** (to be punctual.) समयानुकूल होना; **To lose the day** (to be defeated.) हारना; **To win the day** (to be victorious.) विजय प्राप्त करना।

Daze-डेज़्'*-v. t.* to stupefy, to stun, to dazzle. घबड़ा देना, व्यग्र करना, चौंधियाना; *-n.* bewilderment. घबड़ाहट; **Dazedly** (-ऍड्-लि) *adv.* in a bewildering manner. घबड़ाहट से।

Dazzle-डैज़्'-ज़ल्-*n.* glitter. चमक;*-v. t.* to bewilder with excess of light, to surprise. चौंधिआना, चकित करना;**Dazzle-lamp**(a lamp on a motor-car with a dazzling light.) मोटर गाड़ी की तेज़ रोशनी का लैंप; **Dazzlement** (-मॅन्ट्)*-n.* power of dazzling. चकाचौंध; **Dazzling** (-लिङ्ग्)*-adj.* very brilliant. बहुत चमकीला, चौंधियानेवाला।

Deacon-डी'-कन्-*n.* an order of clergy below bishop and priest. छोटा पादरी; (*fem.* **Deaconess**-ऍस्) पादरिन।

Dead-डॅड्-*n.* the time when things are most still, those deceased. अति शांति का काल, मृतक लोग;*-adv.* thoroughly. पूर्णरूप से; *-adj.* without life, motionless, useless, unprofitable, unreal, blank, tasteless, deep, spiritless. निर्जीव (मृत), निश्चल, निरर्थक, निःसार, सादा, स्वादरहित, गाढ़ा (गहरा), सत्त्वहीन; **Dead-alive** (spiritless.) निस्तेज; **Dead-ball** (a ball out of play.) खेल के केन्द्र के बाहर का गेंद; **Dead body**(a corpse.) शव, मुर्दा; **Dead drunk** (helpless with drink.) मदिरा पीकर बेसुध; **Dead language** (a language no longer spoken.) अप्रचलित भाषा; **Dead-lift** (a heavy weight.) भारी बोझ; **Dead march** (music played at the interment of the dead.) शव के साथ बजनेवाला बाजा; **Dead of night** (midnight.) आधीरात; **Dead-shot** (a good marksman.) अच्छा निशानेबाज़; **Dead-stock** (goods unfit to be sold.) बिक्री न होने योग्य सामान; **Dead-wall** (in which there are no openings.) बिना खिड़की की दीवार; **Dead-water** (where there is no current.) धारारहित जल।

Deaden-डॅड्-ऍन्-*v. t.* to diminish the force of, to deprive of vitality, to blunt, to remove gloss or brilliancy. शक्ति कम करना, शिथिल करना, मन्द करना, चमक हटाना।

Deadly-डॅड्'-लि-*adj.* (*comp.* **Deadlier**, *sup.* **Deadliest**) death-like, causing death or fatal injury, mortal, intense. मृतक के समान, प्राणनाशक, मारक, तीव्र; **Deadly enmity** (mortal enmity.) प्राण नाशक वैर; **Deadly poison** (fatal poison.) हलाहल या मारक विष।

Deaf-डॅफ्-*adj.* insensible to or dull of hearing, inattentive. बहिरा, ध्यान न देनेवाला; **To turn a deaf ear to** (to take no heed to one's words.) आनाकानी करना; **Deafen** (-ऍन्)*-v. t.* to deprive of hearing, to stun. बहिरा करना; **Deafly** (-लि)*-adv.* without sense of sounds. बहिरेपन से; **Deafness** (-नॅस्)*-n.* the state of being deaf. बहिरापन; **Deaf-nut** (a nut without a kernel.) बिना गरी का अखरोट आदि फल।

Deal-डील्-*n.* a considerable amount, a bargain, a fir or pine board. अधिक परिमाण, मुनाफा, चीड़ का तख्ता;*-v. t.* (*p. t. & p. p.* **Dealt**-डॅल्ट्) to distribute, to deliver as a share, to do business with, to behave. बाँटना (भाग करना), पृथक्-पृथक् देना, व्यापार करना, व्यवहार करना; **A good deal** (much, considerable.) प्रचुर, बहुत; **To deal cards** (to distribute cards.) ताश बाँटना।

Dealer-डील्'-अर्-*n.* a player at cards, a trader. ताश बाँटनेवाला, व्यापारी।

Dealing-डील्'-इङ्ग्-*n.* behaviour, trade. आचरण, व्यवहार (लेन-देन)।

Deambulation-डी-ऍम्'-ब्यू-ले' - शन्-*n.* the act of walking. टहलान।

Dean-डीन्-*n.* the head of a cathedral, the head of a faculty in a college. गिरजाघर या कालेज का अध्यक्ष; **Deanery** (-अर्-इ)*-n.* the house or office of a dean. डीन का घर या पद।

Dear-डिअर्-*adj.* beloved, precious, greatly, valued, costly. प्यारा (प्रिय), बहुमूल्य, महार्घ, महँगा;*-interj.* expressing surprise, sympathy &c. आश्चर्य, सहानुभूति इत्यादि सूचक अव्यय;

Dearly (-लि)-*adv*. at a high price, with great fondness. बहुमूल्यता से, अति प्रीति से; **Dearness** (-नेॅस्)-*n*. the quality of being dear, affection, expensiveness, costliness. प्रियता,बहुमूल्यता,प्यार,स्नेह, खर्चीलापन, महँगाई ।

Dearth-डर्थ्-*n*. scarcity of food, famine. दुष्काल, अकाल, दुर्भिक्ष ।

Death-डेॅथ्-*n*. end of life, want of spiritual life. annihilation. मरण, मृत्यु, नाश; **Death-bed** (the bed on which one dies.)मृत्युशय्या; **Death-blow** (a blow extinguishing life.) प्राण लेनेवाला आघात; **Deathless** (-लेॅस्)-*adj*. not subject to death. अमर, अनश्वर, चिरस्थायी; **Deathlessness** (-लेॅस्-नेॅस्)-*n*. immortality. अमरत्व; **Death-like** (-लाइक्)-*adj*. (resembling death.) मृत्यु सदृश;**Death-rate** (proportion of death.) प्रति वर्ष १००० मनुष्यों में की मरण-संख्या; **Death-rattle** (a rattling in the throat of a dying man.) मरते समय की हिचकी; **Death-roll** (a list of the dead.) मृतकों की सूची; **Death trap** (a place dangerous to life.)प्राण-संकट का स्थान;**Angel of death**. यमदूत; **At death's door** (ready to die.) मरणासन्न; **A violent death**. अपमृत्यु; **Sentenced to death** (ordered to be executed.) प्राणदण्ड की आज्ञा पाया हुआ ।

Debacle-डि-बाक्'-कुल्-*n*. a sudden rush of water. पानी का तोड़ ।

Debar-डि-बार्'- *v. t.* (*p. t.* Debarred). to prevent, to hinder, to obstruct, to exclude from admission. निषेध करना, रोकना, प्रवेश न होने देना ।

Debark-डि-बार्क्'-*v. i.* & *t.* to disembark. नाव या जहाज़ पर से उतरना या उतारना; **Debarkation** (-ए'-शन्) -*n*. a landing from boat or a ship. नाव या जहाज़ पर से उतार ।

Debase-डिबेॅस-*v. t.* to lower in quality or value, to adulterate, पदवी घटाना, मूल्य कम करना, मिलावट करना; **Debasement** (-मेॅन्ट्) -*n*. degradation. अधोगति, नीच स्थिति ।

Debatable-डि - बे - टेबूल् - *adj*. liable to be questioned,subject to discussion. सन्देहयुक्त, विवाद योग्य ।

Debate-डि-बेट्-*v. t.* to dispute about, to discuss, to ponder. झगड़ना, विवाद करना (तर्क करना), विचार करना; -*n*. discussion, public argument. विवाद, सार्वजनिक वितर्क; **Debater** (-अर्)-*n*. a disputant. वादी ।

Debauch-डि-बॉच्'-*v. i.* & *t.* to make intemperate, to seduce, to vitiate. दूषित करना, सतीत्व भ्रष्ट करना, नाश करना;-*n*. the habit of indulgence. विषयों का उपभोग, असंयम; **Debauchable** (-ऍ-बल्) -*adj*. able to be vitiated. दूषित करने योग्य; **Debauchee** (डेॅ-बॉशी)-*n*. viciously sensual person. विषयासक्त, दुराचारी, लम्पट; **Debauchery** (-अर्-इ)-*n*. habitual lewdness. विषयोपभोग (भ्रष्ट आचरण), व्यसन ।

Debel-डि-बेॅल्-*v. t.* (*p. t.* Debelled.) to conquer in war. युद्ध में जीतना ।

Debenture-डि-वेॅन्च-र्-*n*. a written note or bond acknowledging a sum on which interest is due, a bond. प्रतिज्ञापत्र, नियमपत्र ।

Debilitate-डि-बिल्'-इ-टेट्-*v. t.* to weaken, to enfeeble. शक्तिहीन बनाना, दुर्बल करना; **Debilitated** (-एड्)-*adj*. enfeebled. क्षीण, दुर्बल, अशक्त; **Debilitating** (-इङ्ग्)-*adj*. weakening. दुर्बल करनेवाला; **Debilitation** (-टे'-शन्) *n*. the act of weakening. दुर्बलीकरण ।

Debility-डेॅ-बिल्' - इ -ट् -इ -*n*. feebleness of health or purpose, langour. शक्तिहीनता (दुर्बलता), अशक्तता ।

Debit-डेॅब्'-इट्-*n*. an entry in accounts for sum due. (हिसाब की बही में) नामे की रकम (खर्च की मद);-*v. t.*(*p. t.* Debited) to charge with such a sum, to enter on the debtor side of an account. खर्चे में लिखना, किसी के नामे लिखना ।

Debonair-डेॅ'-ब-नेॅअर्-*adj*. genial, pleasant, well-bred. सुशील, विनीत ।

Debouch-डि-बूश्'-*v. i.* to come out of a wood or ravine. (सेना का) जंगल या कन्दरा से मैदान में निकल आना; **Debouchment**(-मेॅन्ट्) -*n*. act of debouching. ऊपर कही हुई क्रिया ।

Debris--डब्री-*n. sing.* & *pl.* scattered bits, refuse, wreckage. टूटे हुए टुकड़े, मलबा ।

Debt-डेॅट्-*n*. a sum owed to a person. ऋण, उधार; **Debt of honour** (dues in gambling.) जुए में का ऋण (जो कानूनन् वसूल नहीं हो सकता); **Debt of nature** (death.) मृत्यु; **Floating debt** (debt repayable on demand.) निर्धारित समय पर चुकाया जानेवाला ऋण;**National debt** (the debt of the state.)राष्ट्रीय ऋण;**Involved in debt** (to be indebted.) ऋणग्रस्त; **To run in debt, To incur debt** (to be indebted.) ऋणी होना ।

Debtless-डेॅट्'-लेॅस्-*adj*. free from debt. ऋण मुक्त, कर्ज़ से बरी ।

Debtor-डेॅटर्-*n*. one who owes a sum or duty. देनदार, ऋणी ।

Debus-डि-बस्'-*v. i. & t.* to unload from a lorry or motor vehicle. मोटर गाड़ी से उतरना या सामान उतारना।

Decade-डेक्'-एड्-*n.* a series of ten years. दस वर्ष का समय; **Decadic,** (-इक्), **Decadal** (-एँ-डल्)-*adjs.* consisting of ten years. दसवर्षीय।

Decadence-डिके'-डन्स्-*n.* condition of decay. क्षय, नाश; **Decadent** (-डन्ट्)-*adj.* falling away, declining. क्षय होनेवाला, अवनति का।

Decagon-डेकगॉन्-*n.* a plane figure bounded by ten lines. दसभुज; **Decagonal** (-अल्) *adj.* having ten sides. दस भुजवाला।

Decalcify-डी-कैल्'-सि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Decalcified**) to deprive (bone) of lime. (हड्डी में से) चूने का अंश निकाल देना।

Decalogue-डेक्'-लॉग्-*n.* the Ten Commandments of Christ. ईसा मसीह के दस (प्रधान) आदेश।

Decamp-डि-कैम्प्'-*v. t.* to leave camp, to abscond, to go away suddenly. डेरा छोड़ना, एकाएक भाग जाना, रफ़ू-चक्कर होना; **Decampment** (-मेन्ट्)-*n.* a marching off. भगाव, पलायन, कूच।

Decanal-डे कैनल्-*adj.* pertaining to a dean. पादरी-सम्बन्धी।

Decant-डि-कैन्ट्-*v. t.* to pour off liquid from a vessel without disturbing sediment. पसाना, निथारना।

Decanter-डि-कैन्ट्'-अर्-*n.* a stoppered ornamental glass-bottle for wine. डाट लगी हुई सुन्दर शीशे की मदिरा की बोतल।

Decapitate-डि-कैप्'-इ-टेट्-*v.t.* to cut off the head, to behead. सिर काटना; **Decapitation** (-इट्-एं'-शन्)-*n.* the act of beheading. शिरच्छेद, कत्ल।

Decapod-डेक'-अॅ-पॉड्-*n.* a shell-fish having ten feet. दस पैरवाला जलचर।

Decarbonize-डीकार्बनाइज़्-*v. t.* to deprive a thing of carbon. किसी पदार्थ से आलात अंश (कार्बन) हटाना।

Decay-डि-के-*v. i.* (*p. t.* **Decayed**) to deteriorate, to waste away, to rot. क्षय होना (गलना), सड़ना;-*n.* decline, decomposition, breaking up of health. ह्रास, नाश, सड़न, स्वास्थ्य की खराबी।

Decease-डि-सीस्'-*n.* death, departure from life. मरण, मृत्यु-*v. i.* to die. मृत्यु को प्राप्त होना, मरना; **Deceased** (-इ)-*adj.* dead. मृत, स्वर्गवासी

Deceit-डि-सीट्'-*n.* a trick, stratagem, fraud. कपट, छल, वंचना; **Deceitful** (-फुल्)-*adj.* full of deceit. धूर्त, कपटी, छली; **Deceitfully** (-फुल्-लि)-*adv.* in a deceitful manner. छल से, कपट से; **Deceitfulness** (-फ़ुल्-नेस्) -*n.* tendency to deceive. छल, कपट।

Deceivable-डिसीव्'बल् - *adj.* that may be deceived. छलने योग्य।

Deceive-डि-सीव्'-*v. t.* to mislead, to cheat. ठगना (मोहना), धोखा देना; **Deceiver** (-अर्)-*n.* one who deceives, an impostor, a cheat. वंचक, धूर्त, धोखेबाज।

December-डि-सेम्'-बर्-*n.* the last month of the English year. अंग्रेजी साल का अन्तिम महीना (दिसम्बर)।

Decency-डी'-सेन्'-सि-*n.* propriety of behaviour, respectability, modesty. मर्यादा, सुशीलता, विनय।

Decennary-डि-सेन-रि-*n.* a period of ten years. दस वर्ष का काल।

Decennial-डि-सेन्'-नि-अॅल्-*adj.* recurring or happening every ten years. प्रति दस वर्ष में होनेवाली।

Decent-डी'-सेन्ट्-*adj.* respectable, modest, seemly, proper, tolerable. सभ्य (शिष्ट), विनीत, उचित, सहनीय; **Decently** (-लि)-*adv.* in a decent manner. सभ्यता या शिष्टता से।

Decentralize-डी-सण्ट्-लाइज़्-*v. t.* to confer local government on. स्थानिक प्रबन्ध का अधिकार देना; **Decentralization** (-ए'-शन्) -*n.* transference of central government to a local one. स्थानिक अधिकार प्रदान।

Deception-डि-सेप्'शन्-*n.* a deceiving trick, a sham. कपट (छल), माया, धोखा।

Deceptive-डि-सेप्'-टिव्-*adj.* apt to deceive, misleading. (धूर्त, कपटी, मायावी) धोखा देनेवाला; **Deceptively** (-टिव्-लि)-*adv.* in a deceptive manner. छल से, धोखे से; **Deceptiveness** (-टिव्-नेस्)-*n.* a tendency to deceive, deception. धोखेबाज़ी।

Decern-डिसर्न्-*v.t. & i.* to judge, to decree. निर्णय करना, डिगरी करना।

Decidable-डि-साइडे-बल् - *adj.* able to be decided. निर्णय करने योग्य।

Decide-डि-साइड्-*v. t. & i.* to settle, to give judgement, to come to a resolution. स्थिर करना, निर्णय देना, निश्चित करना. **Decidable** (-एँ-बल्) -*adj.* that may be decided. निर्णय के योग्य; **Decided** (-एड्) -*adj.* definite. निश्चित; **Decidedly** (-एड्-लि)

-*adv*. in a decided manner. स्थिरता से, निश्चित रूप से; **Decider** (-अर्)-*n*. one who decides. स्थिर (निर्णय) करनेवाला।

Decidence-डि- सि - ड् - ऍन्स् -*n*. the act of falling off. गिरने का कार्य, पतन।

Deciduous-डि-सिड्' - यू-अस् -*adj*. shedding leaves, teeth &c. periodically. पतनशील, झड़नेवाला; **Deciduousness** (-नॅस्) -*n*. the quality of being deciduous. पतनशीलता।

Decigram - डॅ - सिग्राम् - *n*. one-tenth of a gramme. एक ग्राम का दशमांश।

Decillion-डिस्-सिल्यन्'-*n*. the tenth power of a million. दस लाख को इसी से दस बार गुणा करके बनी हुई संख्या।

Decimal-डॅस्'-सि - मल्-*adj*. & *n*. of tenths, proceeding by tens, a tenth. दशमिक, दशमलव, दशांश; **Decimal fraction**, दशमलव; **Decimalize** (-आइज़्)-*v. t.* to convert into decimals. दशमलव में परिणत करना; **Decimalization** (-आइज़् - ए'- शन्) -*n*. conversion into decimals. दशमलवीकरण; **Decimally** (-लि)-*adv*. by means of decimals. दशमलव के रूप में।

Decimate-डॅस्-सि - मेट् - *v. t.* to destroy a tenth part. दशम भाग नष्ट करना।

Decipher-डि - साइ' - फ़र्-*v. t.* to interpret hidden writings, to revel. गूढ़ाक्षरों को स्पष्ट करना, छिपे को खोलना ; **Decipherable** (-ऍ-बल्) -*adj*. what may be deciphered. स्पष्ट करने योग्य; **Decipherment** (-मॅन्ट्)-*n*. the act of deciphering. स्पष्टीकरण।

Decision-डि- सिज़्' - अन् - *n*. a settlement, judgment, conclusion, resolve. निर्णय, निश्चय, परिणाम, विचार।

Decisive-डि-साइ'-सिव्-*adj*. deciding, conclusive. निश्चित, असन्दिग्ध; **Decisively** (-लि) -*adv*. in a decisive manner. निश्चित रूप से, दृढ़ता से; **Decisiveness** (-नॅस्)-*n*. the state of being decisive. निश्चय, असन्दिग्धता।

Deck-डॅक्-*v. t.* to cover, to array, to adorn. ढाँकना, सजाना, अलंकृत करना; -*n*. the platform of a ship. जहाज़ की छत; **Deck-chair** (a folding chair.) मुड़नेवाली कुर्सी; **Deck-house** (a cabin on the deck of a ship.) जहाज़ की छत पर बना हुआ कमरा।

Deckle-डॅकल्-*n*. an implement for fixing the size of paper in paper-making machine. कागज़ बनाने के यन्त्र में कागज़ की नाप स्थिर करने का फ्रेम या साँचा।

Declaim-डि-क्लेम्'-*v. t.* to speak rhetorically. अलङ्कारिक भाषा में बातें करना ; **Declaimer** (-अर्) -*n*. (clamorous) speaker. बकवादी।

Declamation-डिक-ली-मे'-शन्-*n*. an impassioned speech, a harangue. शब्दपाण्डित्य, वाक्चातुर्य; **Declamatory** (-डि-क्लॅमॅटरि)-*adj*. noisy and rhetorical. तीव्र और आलङ्कारिक।

Declarant-डि-क्लेअर्'-ॲन्ट्-*n*. one who makes a legal declaration. कानूनी प्रतिज्ञा करनेवाला मनुष्य।

Declaration-डिक्-लॅर्-ए'-शन्-*n*. an announcement, assertion, proclamation. प्रकाशन, भाषण, उक्ति, घोषणा।

Declarative-डि - क्लॅ-रॅ'-टिव्-*adj*. making a declaration. प्रकाशक; **Declaratively** (-टिव्-लि) -*adv*. in a declarative manner. प्रतिज्ञापूर्वक; **Declaratory** (-टरि)-*adj*. explanatory, making a declaration, expressive. निवेदक, सूचक, ज्ञापक।

Declare-डि-क्लेअर्-*v. t.* to make known, to proclaim publicly, to reveal. प्रकाशित करना; (प्रगट करना), घोषणा करना, सूचित करना; **Declared** (-ड्)-*adj*. publicly announced. सर्वसाधारण को सूचित; **To declare oneself** (to expose one's intention,) अपनी इच्छा प्रकट करना ; **To declare off** (to quit openly.) सट्टा तोड़ना।

Declension-डि-क्लॅन्-शन्-*n*. decay, deterioration, a case-inflexion (*in gram.*) क्षय, नाश, (व्या०) विभक्ति का रूप।

Declinable-डि-क्लाइ'-नॅ-बल्-*adj*. see Decline. रूप चलाने योग्य।

Declination-डॅक्-लिन्-ए'-शन्-*n*. a downward bend. नीचे को झुकाव।

Decline-डि-क्लाइन्'-*v. t.* & *i.* to droop, (to bend), to draw to a close, to decrease, to refuse, to inflect. झुकना, अन्त होना, कम होना, अस्वीकार करना (क्षय होना, ध्वंस होना), शब्दों का रूप चलाना; -*n*. decay, deterioration, fall of price. नाश, क्षय, मूल्य में कमी; **Declinable** (-क्लाइ-नॅ-बल्) -*adj*. capable of inflexion (*in gram.*) व्याकरण में रूप चलाने योग्य।

Declinometer-डिक्लिनोमिटर-*n*. a contrivance for measuring magnetic declination of a needle. चुम्बकीय झुकाव नापने का यन्त्र।

Declivity-डि-क्लिव्'-इ-टि - *n*. a downward slope or inclination. ढार, उतार।

Declivous-डि-क्लिव्'-अस् - *adj*. bent downwards. नीचे को झुका हुआ।

Decoct-डि-कॉक्ट्'-*v. t.* to boil for extracting essence. काढ़ा बनाना, काढ़ा करके अर्क उतारना; **Decoction** (-कॉक्-शन्)-*n.* the act of boiling a substance in water. क्वाथ या काढ़ा बनाने का कार्य ।

Decollate-डी-कॉल्'-लेट्-*v. t.* to behead. सिर काट लेना ।

Decolorate-डी-कल्'-अर्-एट्- *v. t.* to remove colours. रंग हटाना ।

Decolourize-डी-कल्'-अर्-आइज़्-*v.t.*to deprive of colours. रंग हटाना;**Decolourization**(-ए-शन्) - *n.* the act of removing colour. रङ्ग हटाने की क्रिया, विवर्णीकरण ।

Decomplex-डी-कॉम्-प्लेक्स्-*adj.* doubly complex. दुबारा मिश्रित ।

Decompose-डी-कॉम्-पोज़्-*v.t.* to separate into original elements. मौलिक पदार्थों में पृथक् करना; **Decomposable** (-पो'-ज़ें-ब्ल्)-*adj.* that may be decomposed. तत्त्व अलगाने योग्य ; **Decomposition** (-पो-ज़ि-शन्)-*n.* the act of decomposing a substance. पृथक्करण, विश्लेषण ।

Decontrol-डी-कण्ट्रोल्'-*v. t.* to release from government control. सरकारी नियन्त्रण हटाना ।

Decorate-डॅकरेट्-*v. t.* to furnish with ornaments, to beautify. अलंकृत करना, सजाना, श्रृङ्गार करना; **Decoration** (-रे'-शन्)- ornamentation. अलंकरण, सजावट; **Decorative** (-रे-टिव्)-*adj.* adorning. विभूषित करने या सजाने योग्य; **Decorator** (-टर्)-*n.* one who decorates or embellishes. सजानेवाला ।

Decorous-डॅ-कोर्-अस्-*adj.*dignified and decent, suitable.विनीत, शिष्ट, योग्य; **Decorously** (-लि) -*adv.* in a dignified manner. शिष्टाचार से ।

Decorticate-डी-कॉर्'-टि-केट्-*v. t.* to strip off bark. छाल उतारना ।

Decorum-डि-कोर्'-अम्-*n.* etiquette, propriety, decency, beauty. मर्यादा, सभ्यता, सुरीति, शिष्टाचार, सुन्दरता ।

Decoy-डि-कॉय्'-*v. t.* to allure, to ensnare. लुभाना, फँसाना;-*n.* a bait, an enticement. चारा, प्रलोभन ।

Decrease-डि- क्रीज़्'-*v. t. & i.* to lessen, to diminish gradually. कम करना, घटना ; -*n.* (-डी'-क्रीस्) gradual diminution. न्यूनता, कमी; **Decreasingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a decreasing manner. घटते हुए ढंग से ।

Decree-डि-क्री'-*n.* an ordinance or edict, a decision of court, a judgment. राजा की आज्ञा, (व्यवस्था), डिग्री, निर्णय;-*v. t.* to ordain by a decree. आज्ञा देना, डिग्री करना; **Decree of God** (as ordained by Providence.) ईश्वरेच्छा ।

Decrement-डॅ- क्रिमॅन्ट् - *n.* decrease, waste. कमी, नाश ।

Decrepit-डि-क्रॅप्'-इट्-*adj.* worn out with age, broken down. जराग्रस्त (जीर्ण), निर्बल ; **Decrepitude** (-इ-ट्यूड्)- *n.* physical infirmity due to old age. बुढ़ापे की निर्बलता ।

Decrepitate-डि-क्रॅप्'- इ-टेट् - *v. i.* to crackle by heat. आँच से चटकना; **Decrepitation** (-इ'-टे'-शन्) - *n.* separation of parts caused by heat. अग्नि की सहायता से भागों का पृथक्करण ।

Decrescent-डिक्रॅसण्ट्-*adj.*decreasing, waning. क्षयमान, क्षयी ।

Decretal-डि-क्री'-टॅल्-*adj.* pertaining to a decree. डिग्री-सम्बन्धी ।

Decry-डि-क्राइ'-*v. t.* (*p. t.* **Decried**) to disparage, to cry down. निन्दा करना, आक्षेप करना (दोष देना) ।

Decumbent-डि-कम्'-बॅन्ट्-*adj.* lying along ground. पृथ्वी पर पड़ा हुआ ।

Decuple-डॅक्'-यू-प्ल्-*adj.* tenfold. दसगुना; -*v. t.* to multiply by ten. किसी अङ्क को दस से गुणा करना ।

Dedicate-डॅड्'-इ-केट्-*v.t.*to set apart for a holy purpose, to inscribe to any one. पवित्र कार्य के लिये अलग करना, किसी व्यक्ति के नाम उत्सर्ग करना; **Dedication** (-के'-शन्)-*n.* the act of dedicating. समर्पण, उत्सर्ग; **Dedicator** (-अर्)-*n.* a person who dedicates. उत्सर्गक; **Dedicatory** (-अरि)-*adj.* serving as a dedication. उत्सर्गिक ।

Deduce-डि-ड्यूस्'-*v. t.* to trace descent of, to draw from, to infer as a conclusion. वंश का अन्वेषण करना, तर्क द्वारा निर्णय करना; **Deducible** (-इ-ब्ल्) - *adj.* what may be inferred. तर्क द्वारा अनुमान करने योग्य ।

Deduct-डि-डक्ट्'-*v. t.* to take away, to subtract. हटाना (कम करना), घटाना; **Deduction** (-डक्'-शन्)-*n.* a deducing, inference from general to particular. (अनुमान) व्यापक से व्याप्य का तर्क; **Deductive** (-इव्)-*adj.* deducible. वियोजक; **Deductively** (-इव्-लि)-*adv.* by way of deductive inference. वियोजक रीति के अनुसार ।

Deed-डीड्-*n.* an actual fact, a performance, an exploit, a written or printed instrument for legal disposition. कृति, कार्य, चेष्टा, लेख-प्रमाण (दस्तावेज) ; **Deedless** (-लॅस्)-*adj.* not performing any deeds. कृति-रहित; **Sale-deed** (the instrument of a sale.) बयनामा; **Title deed** (a writing in evidence of declaring ownership of a real property.) किसी सम्पत्ति के विषय का अधिकारपत्र ।

Deem-डीम्-*v. i.* to believe, to consider, to determine, to judge. विश्वास करना, विचारना, इरादा करना, निर्णय करना।

Deep-डीप्-*n.* going far down from top, profound, absorbed, intense, extreme, hidden, secret. गहरा, गम्भीर, ध्यानमग्न, अगाध, गुप्त; **In deep water** (plunged into agony.) शोकाकुल; **Deepen** (-ऍन्) -*v. t.* to make deeper. घना करना, गम्भीर करना, गहरा करना; **Deeply** (-लि) -*adv.* profoundly, gravely. दीर्घता से, गंभीरतापूर्वक, नितान्त; **Deepness** (-नॅस्) -*n.* the state of being deep. गहराई; **Deep-read** (-रॅड्)-*adj.* deeply versed. सुशिक्षित; **Deep-sea** (-सी)-*n.* the ocean. महासागर; **The deep** (the sea.) समुद्र।

Deer-डिअर्-*n.* a ruminant quadruped with branching horns. मृग, कुरंग, हरिन; **Spotted-deer.** चितकबरा हरिन।



Spotted-deer.

Deface-डि-फ़ेस्'-*v. t.* to destroy the face, to obliterate. कुरूप बनाना, चेहरा बिगाड़ना, मिटाना; **Defaceable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* that may be defaced. कुरूप बनाने या बिगाड़ने योग्य; **Defacement** (-मॅन्ट्)-*n.* the act of defacing. विकरण, दूषण।

Defalcate-डि'-फ़ॉल्'-केट्-*v.t.* to misappropriate entrusted property. सौंपे हुए धन को अपनाना; **Defalcator** (-के'-टर्) - *n.* a defaulter, an embezzler. बाकीदार, गबन करनेवाला; **Defalcation** (-के'-शन्)-*n.* a misappropriation of funds, breach of trust. सौंपे हुए धन का अपहरण, गबन, विश्वासघात।

Defamable-डि-फ़ेम्'-ए-ब्ल् - *adj.* able to be defamed. अपमान करने योग्य।

Defamation-डॅ-फ़ॅ-मे'-शन्-*n.* act of defaming, calumny, slander. अपयश (निन्दा), मानहानि।

Defamatory-डि-फ़ॅ-मॅटरि-*adj.* injurious to reputation, calumnious. अपवादक, अपमान करनेवाला।

Defame-डि-फ़ेम्'-*v. t.* to destroy the reputation of, to speak ill of. निन्दा करना, आक्षेप करना, अपयश करना, बदनाम करना।

Defamer-डि-फ़ेम्'-अर्-*n.* a slanderer. बदनाम करनेवाला मनुष्य।

Defaming-डि - फ़ेम्' - इङ्ग्-*n.* defamation. अपयश, मानहानि, बदनामी।

Default-डि-फ़ॉल्ट्'-*n.* defect, neglect of duty, failure to act or appear. दोष, अपराध, अनुपस्थिति;-*v. i.* to fail to appear in court, not to meet call of money. अदालत में अनुपस्थित होना, वादे पर रुपया न चुकाना; **Defaulter** (-अर्)-*n.* one who is guilty of a default. दोषी, अपराधी।

Defeasance-डि-फ़ी'-जन्स्-*n.* rendering null. निष्फल करना; **Defeasible** (-ज़ि-ब्ल्)-*adj.* liable to forfeiture. ग्रहण (जब्त) करने योग्य; **Defeasibleness**(-ज़ि-ब्ल्-नॅस्)-*n.* the quality of being defeasible. जब्ती।

Defeat-डि-फ़ीट्'-*v.-t.* to frustrate, to ruin. पराजित करना, हराना;-*n.* ruin, overthrow, frustration. पराजय, हार; **Defeatism**-*n.* disposition to accept defeat. पराजय-वाद।

Defeature-डिफ़ीचर्-*v. t.* to make unrecognizable. न पहिचानने योग्य बनाना;-*n.* disguise. कपट वेश।

Defecate-डॅ-फ़िकेट्'-*v. t.* to clear from dregs or impurities. मैल हटाना; **Defecation** (-के'-शन्)-*n.* purification. शोधन, मलहरण।

Defect-डि-फ़ॅक्ट्'-*n.* deficiency, imperfection, error, blemish. न्यूनता (विकार), अपूर्णता, दोष, त्रुटि; **Defection** (-फ़ॅक्'-शन्)-*n.* a falling away from duty. धर्मत्याग, कर्त्तव्यच्युति; **Defective** (-इव्)-*adj.* incomplete, faulty, insufficient. अपूर्ण, दोषयुक्त, अपर्याप्त, न्यून; **Defectively** (-इव्-लि)-*adv.* in a defective manner. अपूर्णता से; **Defectiveness**(-इव्-नॅस्) -*n.* the state of being defective. न्यूनता।

Defence-डि-फ़ॅन्स्'-*n.* that which defends, protection, vindication, a defendant's plea. रक्षा, बचाव, प्रत्युत्तर, प्रतिवादी का उत्तर या दलील; **Defences** (-*n. pl.*) fortification. क़िलाबन्दी; **Defenceless** (-लॅस्)-*adj.* without defence. रक्षाहीन, निराश्रय; **Defencelessly** (-लॅस्-लि)-*adv.* in a defenceless manner निराश्रित ढंग से।

Defend-डि-फ़ॅन्ड्-*v. t. & i.* to guard, to protect, to speak in favour of. रक्षा करना, बचाना, मुक़दमे की जबाबदेही करना; **Defendant**, (-ऍन्ट्)-*n.* a person accused or sued. जिस पर मुकदमा चलाया जाता है, मुद्दालेह; **Defender** (-अर्)-*n.* one who defends. रक्षक, बचानेवाला।

Defensible-डि-फ़ॅन्स्'-इ-ब्ल्-*adj.* that can be easily defended. सहज में रक्षा होने योग्य; **Defensibly** (-इब्-लि)-*adv.* in a defensible manner. रक्षा करते हुए।

Defensive-डि-फ़ॅन्स्'-इव्-*adj.* serving in de-

fence, protective. रक्षक (निवारक), बचाने वाला; -*n.* a safeguard. रक्षा की स्थिति; **Defensively**(-लि)-*adv.* in a defensive manner. रक्षा के रूप में।

Defer-डे॑-फ़र्'-*v.t.* (*p.t.* **Deferred**) to put off, to postpone, to delay, to confer. टालना, विलम्ब, करना, देर करना, सौंपना;-*v. t.* to submit to the opinion of a person. किसी के मत को स्वीकार करना; **Deferrable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* लौटाने योग्य; **Deferred shares** (those payable only at fixed times.) अंश या भाग जो निश्चित समय से पहले नहीं मिलता।

Deference-डे॑फ़्'-अर्-ऍन्स् -*n.* regard, respect, submission. अनुरोध, आदर, श्रद्धा, स्वीकृति; **Deferential** (-ऍन्'-शृल्) -*adj.* expressing respect. श्रद्धासूचक; **Deferentially** (-ऍन्'-शॅल्-लि)-*adv.* with deference. आदरपूर्वक।

Defiance-डि-फ़ाइ'-ऑन्स्-*n.* act of defying, a challenge to fight, open disobedience. लड़ने के लिए ललकारना, आज्ञा न मानना, आज्ञा का उल्लंघन करना, अवज्ञा।

Defiant-डि-फ़ाइ'-ऑन्ट्-*adj.*openly disobedient, insolently bold. अवज्ञापूर्ण, निडर; **Defiantly** (-लि')-*adv.* in a defiant manner. निडर होकर।

Deficiency-डिफ़िशन्सि-*n.* want, lack, defect. न्यूनता, हीनता, कमी, अपूर्णता।

Deficient-डिफ़िशन्ट्-*adj.* incomplete, wanting, defective. अपूर्ण, न्यून, हीन; **Deficiently** (-लि)-*adv.* in a defective manner. न्यूनता से।

Deficit-डे॑फ़्'-इ-सिट् -*n.* deficiency (*esp.* of revenue), excess of liabilities over assets. कमी (न्यूनता), घाटा।

Defier-डि-फ़ाइ'-अर्-*n.* one who defies or challenges. अवज्ञाकारी, ललकारनेवाला।

Defile-डि-फ़ाइल् -*n.* a narrow way, a gorge. संकुचित मार्ग, दर्रा; -*v. i.* to march in files. पंक्ति में चलना;-*v. t.* to make dirty, to pollute. दूषित करना, अपवित्र करना, गन्दा करना; **Defilement** (-मॅन्ट्)-*n.* foulness, corruption, impurity. मालिन्य, कलंक, भ्रष्टता, अशुद्धता।

Definable-डि-फ़ाइन्'-ऍ-ब्ल्-*adj.* see **Define.**

Define-डि-फ़ाइन्-*v. t.* to lay down and fix the limits, to make clear, to declare the exact meaning. सीमा स्थिर करना, स्पष्ट करना (लक्षण बतलाना), स्पष्ट अर्थ कहना; **Definable** (-ऍ-ब्ल्) -*adj.* that may be defined. लक्षण निर्धारित करने योग्य।

Definite-डे॑फ़्'-इन्-इट् -*adj.* with exact limits, fixed, determinate, precise. निश्चित, निर्णीत, ठीक; **Definitely**(-लि)-*adv.* precisely. निश्चित रूप से; **Definiteness** (-नॅस्)-*n.* certainty, state of being definite. निश्चितता, स्थिरता।

Definition-डिफ़िनिशन्-*n.* description of a thing by its qualities, a brief explanation. लक्षण (निर्देश), परिभाषा, व्याख्या; **Definitive** (-इट्-इव्) -*adj.* decisive, positive, final. स्थिर, आवश्यक, अन्तिम; **Definitively** (-लि) -*adv.* in a definite manner. स्थिरतापूर्वक।

Deflagrate-डे॑फ़्ल' - ग्रेट् -*v. t.* to burn with sparkling flame. ज्वाला सहित जलाना; **Deflagration** (-ग्रेशन्)-*n.* combustion. ज्वलन (दाह); **Deflagrator** (-ग्र - टर्)-*n.* an electric battery. बिजली की बैटरी।

Deflate-डी-फ़्लेट्'-*v. t.* to let inflated air out. किसी पदार्थ में भरी हुई हवा को निकालना; **Deflation** (-फ़्ले-शन्) -*n.* act of turning out. भरी हुई वायु को निकालने की क्रिया।

Deflation - डि-फ़्ले'-शन्-*n.* reducing the value of paper money. (करेन्सी) नोट का मूल्य कम करना।

Deflect-डि-फ़्लेक्ट्-*v. t. & i.* to turn aside, to bend down, to deviate from the right path. हटाना, झुकाना (मोड़ना), बुरे मार्ग पर जाना; **Deflection**(**Deflexion**-शन्)-*ns.* downward bend, deviation. नीचे को झुकाव, विमार्ग गमन; **Deflector** (-अर्) -*n.* that which deflects. झुकानेवाला।

Deflorate-डी - फ़्लोर्' - एट् - *adj.* past the flowering state. अतीत पुष्पन, पुष्पनातीत; **Defloration** (-ए'-शन्)-*n.* the act of deflowering. फूलना बन्द होना, अपुष्पन।

Deflower-डिफ़्लावर्'-*v. t.* to ravage, to spoil, to deprive of flowers. चरित्र नष्ट करना, भ्रष्ट करना, फूलों से वञ्चित करना।

Defluent-डे॑फ़्लुअन्ट्-*adj.* flowing down. नीचे का बहने (या सरकने) वाला।

Defoliate-डि-फ़ो - लि - ऐट्' -*v. t.* to deprive of leaves. पत्तों से रहित करना।

Defoliation-डि-फ़ो'-लि-ए'-शन्-*n.* the time of the shedding of leaves. पतझड़ का समय।

Deform-डि-फ़ॉम्'-*v. t.* to make ugly, to put out of shape. कुरूप बनाना, बेढंगा करना, आकृति भ्रष्ट करना; **Deformation** (-ए'-शन्) -*n.* disfigurement. कुरूपता, विकृति; **Deformed** (-ड्)-*adj.* disfigured, mis-shapen. कुरूप, बेढंगा; **Deformity** (-इ-टि)-*n.* disfigurement. भद्दापन, कुरूपता।

Defraud-डि-फ़ॉड्'-*v. t.* to deprive by fraud, to cheat, to deceive. कपट करके हरना, छलना (ठगना)।

Defray-डिफ्रे'-*v. t.* (*p. t.* **Defrayed**) to discharge by payment, to pay. देना, अदा करना; **Defrayable** (-ऍ-बुल) -*adj.* that may be defrayed. अदा करने योग्य; **Defrayal** (-अल) -*n.* the act of defraying. देना, अदायगी।

Deft-डॅफ्ट्-*adj* skilful, clever, dexterous. कुशल, चतुर, निपुण; **Deftly** (-लि)-*adv.* in a skilful manner. चतुराई से; **Deftness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being dexterous. निपुणता।

Defunct-डि-फ़ङ्क्ट्' -*adj.* no longer existing, dead. अप्रचलित, प्राणरहित, मृतक; **Defunctive** (-इव्)-*adj.* pertaining to dead persons. मृतक सम्बन्धी।

Defy-डि-फ़ाइ-*v.t.* (*p.t.* **Defied**) to challenge, to resist openly, to disregard, to present obstacles. ललकारना, अनादर करना, तुच्छ जानना, विघ्न या उपद्रव उत्पन्न करना।

Degenerate-डि-जॅन्'-अर्-इट्-*adj.* having lost high quality of race, corrupt, base. नष्टधर्मी, कुलाचारभ्रष्ट; - *v. i.* to become degraded. पतित होना, भ्रष्ट होना; **Degeneration**(-ए-शन्) -*n.* deterioration. कुल की मर्यादा का त्याग।

Deglutinate-डि-ग्लू'-टिन्-एट्-*v. t.* to separate what is glued. चिपकाये हुए को अलग करना; **Deglutition** (-टि-शन्) - *n.* swallowing. निगलना।

Degradation-डॅग्-रॅ-डे'-शन्-*n.*see**Degrade.**

Degrade-डि-ग्रेड्-*v. t.* to lower in rank or dignity, to disgrace. पद नीचा करना, अपमान करना; **Degraded**(-ऍड्)-*adj.* reduced, mean. न्यून, तुच्छ; **Degradnig** (-इङ्ग्)-*adj.* disgraceful. अपमानजनक;**Degradation**(-डॅग्-रॅ-डे-शन्)-*n.* disgrace, degeneration, lowering in dignity. मानभंग, नीच अवस्था।

Degree-डि-ग्री'-*n.* row, stage, step, rank, relative condition, academic rank, 360 th part of a circle, 90th part of a right angle, unit of temperature. पंक्ति, दशा, स्थिति, उपाधि, परिभाग, भाग, अंश, अक्षांश, तापमान का अंश; **In the highest degree** (very much, exceedingly.)अति, अतिशय; **In some degree** (somewhat.)किंचित;**By degrees**(gradually.) क्रमशः, धीरे-धीरे।

Dehort-डिहॉर्ट्-*v. i.* to dissuade, to exhort. बहकाना; **Dehortation** (-ए'-शन्) -*n.* dissuasion. बहकाव।

Dehumanize-डी-ह्यू' -मन् -आइज् -*v. t.* to deprive of human characteristics. मनुष्यत्व के गुण से वंचित या रहित करना।

Dehydrate-डि-हाइ'-ड्रेट्-*v. t.* to extract water from. किसी पदार्थ में से जल निकाल देना।

Deiform-डी'-इ-फ़ॉर्म्-*adj.* god-like in form. देवता-सदृश, देवतुल्य।

Deify-डी'-इ-फ़ाइ -*v. t.* (*p. t.* **Deified**) to worship as a deity, to make god-like. देवता सदृश पूजा करना, देवता-तुल्य बनाना; **Deification** (-इफ़्-इ-के' -शन्) - *n.* act of deifying, a deified embodiment. देवतुल्य बनाने का कार्य, देवत्व प्राप्ति।

Deign-डेन्-*v. t. & i.* to condescend, to think fit, to favour. नम्रता दिखलाना, योग्य समझना, कृपा दिखलाना।

Deism-डी'-इज़्म्-*n.* a belief in the existence of God without accepting revelation. ईश्वरवाद, आस्तिकता।

Deist-डी'-इस्ट्-*n.* one who professes deism. ईश्वरवादी, आस्तिक।

Deity-डी'-इ-टि-*n.* divinity, a god or goddess. ईश्वर, देवता या देवी।

Deject-डि-जॅक्ट्'-*v.t.* to cast down, to depress. उदास करना, हतोत्साह करना; **Dejected** (-ऍड्) - *adj.* depressed. खिन्न, उदास; **Dejectedly**(-ऍड्-लि)-*adv.* in a dejected manner. खिन्नता से, उदासी से; **Dejectedness**(-ऍड्-नॅस्) -*n.* the state of being dejected. विषाद,उद्वेग, उदासी; **Dejection** (-जॅक्'-शन्) -*n.* lowness of spirits. खेद, खिन्नता, उदासी।

Dejecta-डि-जॅक्'-टा - *n. pl.* excrements or faeces of men or animals. पशु या मनुष्य की विष्ठा।

Delaine-डि-लेन्' -*n.* a light dress material. एक प्रकार का महीन कपड़ा।

Delate-डि-लेट्-*v. t.* to inform against, to charge with a crime. किसी के विरुद्ध सूचना देना, दोष लगाना।

Delay-डि-ले'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Delayed**) to postpone, to hinder, to linger, to put off time. विलम्ब करना समय, बिताना, देर करना; -*n.* waste of time, hindrance. कालक्षेप, विलम्ब (देरी); **Delayer** (-अर्) -*n.* one who delays. विलम्ब करनेवाला; **Delaying** (-इङ्ग्)-*adj.* lingering. विलम्बी; **Delayingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* lingeringly. विलम्ब करते हुए।

Dele-डी'-ली-*v.t.* to delete or remove a letter or passage(*abbr.* -*d* in printing direction.) प्रूफ़ शोधने में अक्षर या शब्द हटा दो।

Delectable-डि-लॅक्ट' -ऍ-बुल - *adj.* pleasing, delightful. आनंदकर, सुहावना; **Delectation**-(-लॅक्-टे'-शन्)-*n.* enjoyment, delight. हर्ष, आनन्द।

Delegacy-डॅलिगॅसि -*n.* appointment as a

delegate. प्रतिनिधि (डेलिगेट) के रूप में नियुक्ति।

Delegate-डॆ॓-लि-गेट् - *v. t.* to depute, to entrust, to send as a representative. नियुक्त करना, सौंपना, प्रतिनिधि भेजना;-*n.* an elected representative, a commissioner. प्रतिनिधि; **Delegation** (-गे'-शन्)-*n.* appointment of a delegate, persons delegated. प्रतिनिधि की नियुक्ति, प्रतिनिधि-मण्डल।

Delete-डि-लीट्'-*v. t.* to blot or strike out, to erase. हटाना, मिटाना।

Deleterious-डॆ॓लिटीरिअस् - *adj.* hurtful, poisonous. घातक, विषैला।

Delf-डॆ॓ल्फ़-*n.* ditch, a kind of earthenware. खाई, मिट्टी का पात्र।

Delibate-डॆ॓ल्'-इ-बेट्-*v. t.* to taste, to sip. स्वाद लेना, चूसना।

Deliberate-डि-लिब्'-अर्-एट्-*adj.* well considered, cautious, not hurried. विचारपूर्वक, सावधानी से किया हुआ, निश्चित;-*v. t. & i.* to consider, to think carefully, to consult, to debate. विचार करना, भली भाँति समझना, सलाह लेना, बहस करना; **Deliberately** (-लि) -*adv.* in a deliberate manner. विचारपूर्वक; **Deliberateness** (-नॆ॓स्) -*n.* the quality of being deliberate. सावधान बनने के गुण।

Deliberation-डॆ॓-लिब्'-अर्-ए'-शन्-*n.* a careful consideration, a weighing in mind. स्थिर विचार, वितर्क (विवेचन);**Deliberative**(-ऍ-टिव्) -*adj.* proceeding from deliberation. विचारशील; **Deliberatively** (-टिव्'- लि) -*adv.* by deliberation. विचारपूर्वक।

Delible-डॆ॓ल्'-इ-बल्-*adj.* that can be blotted out. मिटाने योग्य।

Delicacies-डॆ॓लिकेसिज़्-*n. pl.* objects delicate to taste. स्वादिष्ट भोजन।

Delicate-डॆ॓ल्'-इ-किट्-*adj.* dainty, luxurious, of fine texture, slender, liable to illness, sensitive. स्वादिष्ट, लम्पट, ललित, कोमल, सुकुमार, मृदु; **Delicately** (-लि) -*adv.* daintily, tenderly स्वाद से, मृदुता से, कोमलता से।

Delicacy-डॆ॓लिकेसि - *n.* (*pl.* **Delicacies.**) weakness, nicety, refinement, tenderness. शिष्टाचार, दुर्बलता, भद्रता, कोमलता।

Delicious- डि - लिश्' - अस् - *adj.* highly delightful to the senses. सुस्वादु, मधुर, रमणीय; **Deliciously** (-लि)-*adv.* in a delicious manner, luxuriously. मधुरता से, रमणीयता से; **Deliciousness** (-नॆ॓स्)-*n.* the quality of being delicious स्वादुता, मधुरता।

Delict-डि-लिक्ट्'-*n.* a violation of law, misdemeanour. नियमभंग, दुर्व्यवहार।

Delight-डि-लाइट्'-*v. t. & i.* to please highly, to have or take great pleasure. अति प्रसन्न करना, अति सुखी होना; - *n.* high pleasure. आनन्द, सुख; **Delighted** (-ऍड्) -*adj.* full of delight. आनन्दित; **Delightful** (-फ़ुल्) -*adj.* highly pleasing. रमणीय, आनन्द देनेवाला, हर्षजनक ; **Delightfully** (-फ़ुल्-लि)- *adv.* in a delightful manner. आनन्दपूर्वक; **Delightfulness** -*n.* the quality of being delightful. आनन्द दायक होने का गुण; **Delightless** (-लॆ॓स्)-*adj.* with no delight. आनन्दरहित; **Delightsome** (-सम्) -*adj.* very pleasing. आनन्दयुक्त।

Delimit-डिलिमिट्-*v. i.* to fix the boundary. सीमा स्थिर करना; **Delimitation**(-इ-टे'-शन्) -*n.* the fixing of boundaries. सीमा का स्थिरीकरण।

Delineable-डिलिनिएँबल् -*adj.* able to be depicted. वर्णनीय, वर्णन करने योग्य।

Delineate-डि-लिन्'-इ-एट्-*v.t.* to represent by a sketch, to depict, to portray. नकशा खींचना, वर्णन करना, चित्र बनाना; **Delineation** (-ए-शन्)-*n.* a sketch, a description. आलेखन, चित्रण, वर्णन ; **Delineator** (-टर्) -*n.* (one who delineates.) चित्रकार, वर्णन करनेवाला।

Delinquency-डि-लिन्' -क्वॆ॓न्-सि -*n.* a fault, a crime. दोष, अपराध (पाप)।

Delinquent-डि-लिन्'-क्वॆ॓न्ट्-*adj. & n.* defaulting, failing in duty, a criminal. पाप करनेवाला, कर्त्तव्य से चूकनेवाला, अपराधी।

Deliquesce-डॆ॓ल्-इ-क्वॆ॓स्-*v. i.* to melt, to become liquid. गलना, तरल होना; **Deliquescence** (-सॆ॓न्स्)-*n.* the quality of deliquescing. तरलता; **Deliquescent** (-क्वॆ॓स्-सन्ट्) - *adj.* liquefying in air. वायु में पिघलनेवाला।

Delirious-डि-लिर्'-इ-अस्-*adj.* in a state of delirium. भ्रान्तचित्त, चैतन्यरहित, बेसुध।

Delirium-डि-लिर्' -रि-अम् -*n.* a disordered state of the brain. चित्तभ्रम, ज्ञानशून्यता, मूर्छा।

Forcing-फ़ोर्स-इङ्ग्-*n.* the act of raising plants &c. at an earlier season by artificial heat. कृत्रिम रीति से ऋतु से पूर्व पौधों का उत्पादन।

Ford-फ़ोर्ड-*n.* the shallow part of a river which can be crossed by wading. नदी का छिछला भाग जो हेलकर पार किया जा सके;-*v. t.* to cross a river by wading. हेलकर नदी पार करना; Fordable (-ए-ब्ल्)-*adj.* that may be crossed by wading. हेलकर पार करने योग्य; Fordless (-लेस्)-*adj.* devoid of fords. बिना घाट का।

Fordo-फ़ॉ'-डू'-*v. t.* (*p. t.* **Fordid**) to kill, to destroy. मारना, नाश करना।

Fore-फ़ोर्-*adj.* (*comp.* **Former,** *sup.* **Foremost,** First) situated in front, former. सामने का, पहले का; -*adv.* & *prep.* in front, in the presence of. आगे, सामने, सम्मुख; a prefix signifying priority. 'पूर्व' अर्थ का उपसर्ग; To the fore (living, existing.) जीवित (हाल का), प्रस्तुत; Forearm (the arm from elbow to waist.) बाँह की कलाई; Forebow (-बो)-*n.* the fore-part of a saddle. काठी का अगला भाग; Foreman (-मॅन्)-*n.* principal workman. प्रधान कर्मचारी।

Forebode-फ़ोर्-बोड्'-*v. t.* to predict, to foretell, to portend. भविष्य बतलाना, शकुन कहना; Foreboder (-अर्) -*n.* one who predicts. भविष्यवक्ता; Foreboding (-इङ्ग्) -*n.* act of predicting. भविष्य-ज्ञान; Forebodingly (-लि)-*adv.* in a foreboding manner. भविष्य बताते हुए।

Forecast-फ़ोर्-कास्ट्'-*v. i.* & *t.* to conjecture. अनुमान करना, पहले ही से कल्पना करना, अन्दाज लेना; -*n.* foresight, prudence, prevision. पूर्वविचार, दूरदर्शिता।

Foreclose-फ़ोर्-क्लोज़्'-*v. t.* to preclude, to prevent, to stop. प्रतिबन्ध करना, मना करना, रोकना; Foreclosure (-अर्)-*n.* the act of foreclosing. प्रतिबन्ध, निषेध, रुकावट।

Foredo-फ़ोर्-डू'-*v. t.* (*p. t.* **Foredid,** *p. p.* **Foredone.**) to destroy. नष्ट करना।

Forefather-फ़ोर्'-फ़ा-दर्-*n.* an ancestor. पूर्वज, पुरखा, (*pl.*) पितर लोग।

Forefinger-फ़ोर्'-फ़िङ्ग-गर्-*n.* the finger next to the thumb. अँगूठे के पास की अँगुली, तर्जनी अँगुली।

Forefront-फ़ोर्'-फ़्रन्ट्-*n.* the foremost part. सबसे अगला भाग।

Forego-फ़ोर्'-गो'-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Forewent,** *p. p.* **Foregone.**) to precede in place of time, to give up. आगे होना, त्यागना (छोड़ना); Foregoer (-अर्)-*n.* one who goes before another. पूर्वगामी।

Foreground-फ़ोर्'-ग्राउन्ड्- *n.* the part of a picture or scene nearest to the observer. चित्र में का वह भाग जो दर्शक के अति समीप हो।

Forehead-फ़ेर्'इ-*n.* the front part of the face above the eyes, modesty, shamefulness, a leader. ललाट, मस्तक, नम्रता, लज्जा, नायक।

Foreign-फ़ॉरिन्-*adj.* belonging to others, alien, remote, dissimilar, inappropriate. परदेशी, विदेशी, भिन्न, अयोग्य; Foreignness (-नेस्) -*n.* the quality of being foreign. भिन्नता।

Foreigner-फ़ॉरिनर्-*n.* a native of a foreign country. विदेशी, अन्यदेशीय।

Fore-imagine-फ़ोर्'-इ-माजिन्-*v. t.* to think beforehand. पहिले से मन में विचार कर लेना।

Forejudge-फ़ोर्-जज्'-*v. t.* to judge before. पहिले ही से निर्णय कर लेना; **Forejudgment** (-मन्ट्)-*n.* a judgment previously formed. पूर्वनिर्णय।

Foreknow-फ़ोर्-नो'-*v. t.* (*p. t.* **Foreknew**, *p. p.* **Foreknown.**) to foresee, to know beforehand. पहले से अनुमान कर लेना या जान लेना; **Foreknowable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* that may be foreknown. पहिले से जानने योग्य; **Foreknowledge** (-नॉलॅज्)-*n.* previous knowledge of a thing, prescience. पूर्वज्ञान, भविष्य-ज्ञान।

Foreland-फ़ोर्'-लॅन्ड्-*n.* a cape or headland. अन्तरीप, खाड़ी।

Forelay-फ़ोर्-ले'-*v. t.* (*p. t.* **Forelaid**, *p. p.* **Forelain**) to lie in wait for. प्रतीक्षा करना, राह देखना।

Foreleg-फ़ोर्'-लॅग् -*n.* the front leg of an animal. पशु का अगला पैर।

Forelock-फ़ोर्'-लॉक्-*n.* the lock of hair that grows on the forehead. माथे के सामने के बाल; **To take time by the forelock** (not to abandon an opportunity.) अवसर न चूकना।

Foreman-फ़ोर्-मॅन् -*n.* the spokesman of a jury, the chief man, principal workman. पञ्चों का सरदार, चौधरी, प्रधान कर्मचारी।

Foremast- फ़ोर्-मास्ट्-*n.* the forward lower mast (near the bow of a ship.) जहाज़ का अगला निचला मस्तूल।

Foremost-फ़ोर्'-मोस्ट्-*adj.* & *adv.* (*sup. degree.*) best, chief, first in time, place, &c., in the first place. सर्वोत्तम, प्रधान, प्रथम, श्रेष्ठ, सबसे आगे।

Forenoon-फ़ोर्'-नून् -*n.* the time of day before noon. मध्याह्न के पहिले का समय।

Forensic-फ़रें'न्सिक्-*adj.* pertaining to law courts. अदालती।

Fore-ordain-फ़ोर्-ऑर्डेन्'-*v. t.* to appoint beforehand. पहिले से नियुक्त-करना या ठहराना।

Forereach-फ़ोर्-रीच्-*v. i.* & *i.* to shoot ahead. सामने तीर चलाना।

Forerun-फ़ोर्-रन्'-*v. t.* (*p. t.* & *p. p.* **Foreran.**) to precede, to foreshadow. आगे बढ़ना (अगवानी करना), अग्रगामी होना; **Forerunner** (-अर्) -*n.* a harbinger or messenger. अग्रवर्ती, हरकारा।

Foresay-फ़ोर्-से'-*v. t.* (*p. t.* **Foresaid**) to predict. भविष्य बतलाना।

Foresee-फ़ोर्-सी -*v. t.* (*p. t.* **Foresaw**, *p. p.* **Foreseen**, to see beforehand, to anticipate. आगे से विचार लेना, सोचना।

Foreshadow-फ़ोर्-शॅड'-ओ-*v. t.* to prefigure. पहिले से सूचित करना।

Foreshow-फ़ोर्-शो'-*v. t.* to foretell, to portend, to predict. पहिले से कहना, भविष्य बतलाना।

Foresight-फ़ोर्-साइट्-*n.* foreknowledge, prescience. दूरदर्शिता, पूर्वज्ञान।

Forespeak-फ़ोर्'-स्पीक्-*v. t.* (*p. t.* **Forespoke**, *p. p.* **Forespoken.**) to foretell, to predict. भविष्य बतलाना।

Forest-फ़ॉर्'-रॅस्ट्-*n.* a large tract of land covered with trees, an extensive wood. जङ्गल, वन।

Forestall-फ़ोर्-स्टॉल्'-*v. t.* to buy beforehand, to anticipate. पहिले से ग्रहण करना (या मोल लेना), अनुमान करना।

Forester-फ़ॉर्'रॅस्ट्-अर्-*n.* an officer who is in charge of a forest. जङ्गल का अफ़सर, वनचर।

Forestry-फ़ॉर्'रॅस्ट्रि-*n.* art of planting forests, wooded country. जङ्गल लगाने की कला, जङ्गली प्रदेश।

Foretaste-फ़ोर्-टेस्ट्'-*v. t.* to taste beforehand. पहले से चख लेना; -*n.* (फ़ोर्'-टेस्ट्) a taste beforehand, anticipation. पूर्वस्वाद, पूर्वानुभव।

Foretell-फ़ोर्-टॅल्'- *v. t.* (*p. t.* **Foretold.**) to predict, to presage. भविष्य कहना, आगम बतलाना; **Foreteller** (-अर्) -*n.* one who predicts. भावीदर्शक, भविष्य वक्ता।

Forethought-फ़ोर्'-थॉट्-*n.* deliberate intention, provident care. पूर्वविवेक, पूर्वचिन्ता (अति सावधानी)।

Foretime-फ़ोर्'- टाइम्-*n.* early days, old times. प्राचीन काल, पुराने दिन।

Foretoken-फ़ोर्-टो' - कन् -*v. t.* to portend. पहिले से सूचित करना; -*n.* preindication. पूर्व-लक्षण, भावी लक्षण।

Forewarn-फ़ोर्-वार्न्' -*v. t.* to warn or give notice beforehand. पहिले से सचेत करना; **Forewarning** (-इङ्ग्) -*n.* a warning beforehand. पूर्वसूचना, पूर्व चेतावनी।

Foreword-फ़ोर्-वर्ड् - *n.* a preface, introductory remarks on a book. भूमिका, प्रस्तावना, दीबाचा।

Forfeit-फ़र्फ़िट्-*n.* a penalty for breach of contract, the article surrendered, fine. एकरारनामा तोड़ने का दण्ड, जब्ती, अर्थदण्ड; -*v. t.* to lose right to, to pay as penalty for. अधिकार खो देना, दण्डरूप में देना; **Forfeitable**

(एँ-बल्)-*adj.* able to be forfeited. जब्त करने योग्य; **Forfeited** (-एँड्) - *adj.* surrendered. जब्त, दण्डित; **Forfeiture** (-चर्)-*n.* the act of forfeiting. दण्ड, जब्ती।

Forfend-फ़ॉर्-फ़न्ड्'-*v. t.* to keep off, to avert. अलग रखना।

Forgather-फ़र्-गैदर्-*v. i.* to meet together. परस्पर मिलना।

Forgave-फ़ॉर्-गेव्-*v. t.* (*p. t.*) pardoned. क्षमा किया।

Forge-फ़ोर्ज्-*n.* a smithy, furnace. भट्ठी, अँगीठी; -*v. t.* to shape by heating, to fabricate, to counterfeit. गढ़ना, बनाना, जाल (कपट) करना; **Forger** (-अर्)-*n.* one who forges. कूटकार, जाल करनेवाला, गढ़ने या बनानेवाला।

Forgery-फ़ोर्जे-रि-*n.* crime of forging. जाल-साजी, कूट-रचना; **Forging** (-इङ्ग्) - *n.* forgery. कूट-रचना, जाल।

Forget-फ़ॉर्-गेट्'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Forgot**, *p. p.* **Forgotten.**) to lose rememberance of, to neglect, to put out of mind. भूलना, विस्मृत होना, मन से उतरना; **Forgettable** (-टें-ब्ल्) -*adj.* neglectable. भूलने योग्य; **Forgetter** (-टर्)-*n.* one who forgets. भूलने-वाला, भुलक्कड़; **Forgetful** (-फ़ुल्)-*adj.* neglectful. भुलक्कड़; **Forgetfulness**(-नेस्)-*n.* neglect, oblivion. विस्मृति, स्मृति-लोप; **Forgetfully** (-फ़ुल्-लि)-*adv.* in a forgetful manner. भूलते हुए; **Forget-me-not**-*n.* the name of a flower. एक प्रसिद्ध नीले रङ्ग का फूल।

Forgive-फ़ॉर्-गिव्-*v. t.* (*p. t.* **Forgave**, *p. p.* **Forgiven.**) to pardon, to let off, to remit. क्षमा करना, छोड़ना, माफ करना; **Forgivable** (-एँ-ब्ल्)-*adj.* able to be forgiven or pardoned. क्षमा योग्य ; **Forgiveness** (-नेस्)-*n.* quality of forgiving. क्षमा, छुटकारा; **Forgiving** (-इङ्ग्)-*n.* pardon, remission. क्षमा, त्याग;-*adj.* merciful. दयालु।

Forgo-फ़ॉर्-गो' (-फ़र्गो)-*v. t.* (*p. t.* **Forwent**, *p. p.* **Forgone.**) to let go, to omit. जाने देना, त्याग देना।

Forgot-फ़ॉर्-गॉट्', **Forgotten**-फ़ॉर्-गॉटन् -see **Forget.**

Fork-फ़ॉर्क्-*n.* a two, three or four pronged instrument. काँटा, शूल;-*v. t.* to develop into branches. पत्ती फूटना; **Forked** (-ड्)-*adj.* opening with two points. दो नोकवाला।

Forlorn-फ़र्लॉर्न् - *adj.* hopeless, forsaken, deserted. अनाथ, अनाश्रित (निराधार), अशरण; **Forlorn hope** (desperate enterprise.) हठधारी उत्साह; **Forlornness** (-नेस्)-*n.* the state of being hopeless. निराश्रय।

Form-फ़ार्म्-*n.* eternal shape or appearance, model, beauty, behaviour, practice, ceremony, likeness, manner, a class, condition, part of a book disposed into pages. आकृति, नमूना, सौन्दर्य, व्यवहार, चाल, संस्कार, सादृश्य, रीति (क्रम), कक्षा, स्थिति, पुस्तक का फ़ार्म (जुज), -*v.t.* to fashion into shape, to settle, to contrive, to frame, to make, to construct. बनाना, निर्माण करना, उत्पादन करना; **Formed** (-ड्)-*adj.* produced, constructed. रचित, बना हुआ; **Formless** (-लेस्)-*adj.* without form. निराकार।

Formal-फ़ॉर्मल्-*adj.* according to established method, strictly ceremonious. नियमानुसार, बाह्याडम्बरपूर्ण ; **Formalism** (-इज़्म्) - *n.* conventional usage. नियमनिष्ठता; **Formalist** (-इस्ट्)-*v. t.* one who observes external forms. नियमनिष्ठ व्यक्ति; **Formally** (-लि) -*adv.* in a formal way. विधिवत्।

Formality-फ़ॉर्म्-ऐ-लिटि -*n.* precise observance of forms, established order. यथाविधि आचार, प्रचलित नियम; **Formalize** (-लाइज़्) -*v. i.* to affect formality. दिखौवा आचार करना।

Format-फ़ॉर्-माट्-*n.* the shape & size of a book. पुस्तक का फर्मा।

Formation-फ़ॉर्-में' - शन् - *n.* production, structure. कृति, रचना, ढाँचा।

Formative-फ़ॉर्मे'-टिव्-*adj.* having the power of giving a form. रूप देने या रचना करने की शक्तिवाला।

Former-फ़ॉर्म्'-अर्-*adj. & pron.* of the earlier period, foregoing. प्राचीन, अगला; **Formerly** (-लि) - *adv.* in a previous time. पूर्वकाल में, पहिले।

Formic-फ़ॉर्म्'-इक्-*adj.* pertaining to ants. चींटी-सम्बन्धी ; **Formicant** (- अॅन्ट्) - *adj* creeping like ants. चींटी की तरह रेंगनेवाला।

Formidable-फ़ार्म्'-इ-डे-बल्-*adj.* able to be dreaded. भयानक, भयंकर (घोर, उग्र) ; **Formidableness** (-नेस्)-*n.* dreadfulness. भीषणता, भयंकरता।

Formula-फ़ॉर्म्'-यू-ला-*n.*(*pl.* **Formulas, Formulae.**) a set rule, a formal statement. सूत्र, नियम, विधि, नुसखा; **Formulary** (-लॅ-रि)-*n.* a book of prescribed forms. सूत्र-समुदाय।

Formulate-फ़ॉर्'-म्यु'-लेट्, **Formulize**(-लाइज़्) -*vs. t.* to express in a formula. सूत्र रूप में वर्णन करना, सूत्र रूप में कहना; **Formulization** (-लाइज़्'-ए-शन्)-*n.* act of formulizing. व्यवस्थापन।

Fornicate-फ़ॉर्'-नि - केट् - *v. t.* to commit-

adultery. व्यभिचार करना; **Fornication** (-केशन्)-*n.* sexual intercourse between unmarried persons. अविवाहिता स्त्री या पुरुष से व्यभिचार।

Forsake-फ़ॅर्-सेक्'-*v. t.* (*p. t.* **Forsook**, *p. p.* **Forsaken**) to give up, to renounce, to withdraw, to abandon. त्यागना, हटाना, छोड़ना; **Forsaker** (-अर्)-*n.* one who tenounces. त्याग करनेवाला; **Forsaking** (-इङ्ग्)-*n.* the act of renouncing. परित्याग।

Forsooth-फ़ॅर्-सूथ्'-*adv.* in truth, no doubt, indeed, certainly. अवश्य, सचमुच, वस्तुतः।

Forspend-फ़ॅर्-स्पेन्ड्'-*v. t.* (*p. t.* **Forspent.**) to tire out. थकाना।

Forswear-फॅर्-स्वेअर्-*v. t.* (*p. t.* **Forswore,** *p. p.* **Forsworn.**) to abjure, to deny on oath. शपथपूर्वक त्यागना, मिथ्या सौगन्ध खाना।

Fort-फ़ोर्ट्-*n.* a fortified place, a castle. दुर्ग, कोट, किला, गढ़।

Forte-फ़ॉर्ट्-*n.* a person's strong point. व्यक्ति का विशिष्ट गुण, प्रधान गुण; (-फ़ॉर्'-टे)-*adv.* with loudness. तीव्र स्वर से।

Forth-फ़ोर्थ् - *adv. & prep.* backwards, in advance, onward. पीछे, आगे, सामने, बाहर; **And so forth** (et cetera.) इत्यादि; **So far forth** (to that extent.) उसी सीमा तक, यहाँ तक।

Forthcoming-फ़ोर्थ्'-कम्-इङ्ग्-*adj.* about to happen, approaching. भविष्य में होनेवाला, आगामी।

Forthwith-फ़ोर्थ्-विद्-*adv.* immediately, without delay तुरत, झट से।

Fortifiable-फ़ॉर्-टि-फ़ाइ-ऍ-बल्-*adj.* able to be fortified. दृढ़ करने योग्य।

Fortification-फ़ॉर्'-टि-फ़ि-केशन्-*n.* a place that may be fortified. दुर्ग, कोट, किलाबन्दी।

Fortifier-फ़ॉर्-टि-फ़ाइ'-अर्-*n.* one who fortifies. क़िलाबन्दी करनेवाला।

Fortify-फ़ॉर्टि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Fortified**) to strengthen by forts, to encourage with, to provide means of defence. क़िला बनाना, दृढ़ करना, उत्साहित करना, सुरक्षित करना।

Fortitude-फ़ॉर्' - टि - ट्यूड्-*n.* courage in adversity or pain, endurance. धैर्य, सहनशीलता।

Fortlet-फ़ोर्ट्'-लिट्-*n.* a little fort. छोटा गढ़ या क़िला।

Fortnight-फ़ॉर्ट्'-नाइट्-*n.* a period of two weeks. अर्धमास, पक्ष; **Fortnightly** (-लि) -*adj. & adv.* once in a fortnight. पाक्षिक, पक्ष में एक बार।

Fortress-फ़ोर्'-ट्रेस्-*n.* a fortifed place. गढ़ी, किला।

Fortuitous - फ़ॉर् - ट्यू' - इ - टस्-*adj.* casual, accidental. दैवाधीन, आकस्मिक।

Fortuitously-फ़ॉर्-ट्यू-इ-टस्'-लि-*adv.* accidentally, casually. अनायास।

Fortuitist-फ़ॉर् - ट्यू'-इट्-इस्ट्-*n.* one who depends on fate. भाग्य पर भरोसा करनेवाला मनुष्य, भाग्यवादी।

Fortuity-फ़ॉर्-ट्यू'-इ-टि-*n.* accident, chance, occurrence. दैवयोग, घटना।

Fortunate-फ़ॉर्'-चु-नेट्-*adj.* lucky, prosperous. भाग्यवान्, धन्य, भाग्यशाली; **Fortunately** (-लि) -*adv.* luckily, in a fortunate manner. दैवयोग से, भाग्यवश।

Fortune-फॉर्चून्-*n.* chance, luck, lot, success, wealth, riches. भाग्य, अदृष्ट, ऐश्वर्य, सम्पत्ति, धन; **Bad fortune** (misfortune.) दुर्भाग्य, अभाग्य; **Fortune-hunter** (one who is in search of a wealthy bride.) विवाह के लिये धनी कन्या को खोजनेवाला; **Fortune-teller** (an astrologer.) दैवज्ञ, ज्योतिषी; **To make fortune** (to be rich.) धनी होना; **To marry a fortune** (to marry a wealthy girl.) धनी लड़की से ब्याह करना; **To try one's fortune** (to test one's luck.) भाग्य की परीक्षा करना।

Fortieth-फ़ॉर्'-टि-यथ्-*adj.* next after thirty-ninth. चालीसवाँ।

Forty-फ़ॉर्'-टि-*n.* (*pl.* **Forties.**) four times ten. चालीस।

Forum-फ़ोरम्-*n.* a market-place, the law -courts. फ़ड़, बाजार, हाट, अदालत।

Forward-फ़ार्वर्ड्-*adj., adv. & n.* towards the front, onward, relating to future, well-advanced, prompt, ardent, bold, immodest. अग्रिम, भविष्य-सम्बन्धी, उद्यत, प्रस्तुत, साहसी, अविनीत;-*v. t.* to make progress, to advance. उन्नति करना, बढ़ना; **Forwardly** (-लि)-*adv.* towards the front. आगे की ओर; **Forward movement** (progress.) उन्नति; **Forwardness** (-नेस्)-*n.* promptness. उत्साह, उद्योग, धृष्टता, निर्लज्जता; **Forwards** (-स्)-*adv.* towards the future, continuously, onward. भविष्य में, लगातार, आगे को; **From this time forward** (from today onward.) आज से; **To come forward** (to be engaged in some work.) किसी कार्य के लिए प्रस्तुत होना; **To bring forward.** (to bring before the mind.) ध्यान दिलाना, याद करना।

Forwarding-फ़ॉर्वर्डिङ्ग्-*n.* act of sending

merchandise. माल-असबाब भेजने का कार्य;-*adj*. advancing. भेजने का, भेजनेवाला।

Fosse-फ़ॉस-*n*. a canal, ditch or moat. नहर, परिखा, खाई।

Fossil-फ़ॉस्'-सिल्-*adj*. *&* *n*. dug up from earth, petrified remains of animals under the earth. पृथ्वी में से खोदकर निकाला हुआ, पृथ्वी के भीतर गड़े हुए पथरीले अस्थिपञ्जर; **Fossilist**(-इस्ट्) -*n*. one who is versed in the science of fossils. उक्त अस्थिपञ्जर-विज्ञान का विशेषज्ञ।

Foster-फ़ॉस्-टर्-*n*. food. भोजन-*v. t*. to cherish, to promote the growth of, to encourage. पोषण करना, उपज बढ़ाना, उत्साहित करना; **Foster-brother** (a brother nursed at the same-breast.) एक ही धाय का दूध पीनेवाला भाई; **Foster-child** (a child reared by a nurse. धाय पालित संतान; **Foster-father** (one who takes the place of a father in feeding and educating.) प्रतिपोषक पिता; **Foster-mother** (nurse.) धात्री, उपमाता।

Fought-फ़ॉट्-*p. t. & p. p.* of **Fight**.

Foul-फ़ाउल्-*adj*. loathsome, dirty, impure, filthy, detestable, contrary to rules, choking. घृणाजनक, मलिन, अशुद्ध, अपवित्र, घृणित, अशिष्ट, श्वासरोधक; -*v. t*. to make dirty, to pollute, to dishonour. मलिन करना, अशुद्ध करना, अपमानित करना; **By foul means** (dishonestly.) बेईमानी से, छल से; **Through foul and fair** (in all circumstances.) सब स्थिति में।

Foully-फ़ॉउल्'-लि-*adv*. in a foul manner. अशिष्टता से, अपवित्रता से, मलिनता से; **Foulness** (-नेस्)-*n*. dirtiness, impurity. मलिनता, गन्दगी, अपवित्रता।

Found-फ़ाउन्ड्-*p. t. & p. p.* of **Find**.

Found-फ़ाउन्ड्-*v. t*. to begin building of, to set up or establish, to construct, to fix firmly, to cast a metal, to melt. भवन आरम्भ करना, स्थापित करना, बनाना, स्थिर करना, ढालना, गलाना।

Foundation-फ़ाउन्ड्'-ए' - शन्-*n*. the ground work, basis. आधार, नींव, मूल।

Founder-फ़ाउन्ड्'-अर्-*n*. one who founds, one who casts metal. संस्थापक, निर्माण करनेवाला, ढालनेवाला।

Founder-फ़ाउन्ड्'-अर्-*v. i*. to fall down, to be filled with water and sink. गिर पड़ना, पानी भरकर जहाज का डूबना।

Foundling-फ़ाउन्ड्'- लिङ्ग्- *n*. a deserted infant of unknown parents. माँ-बाप से त्यागा हुआ बच्चा, पितृहीन शिशु।

Foundry-फ़ाउन्ड्'-रि-*n*. a place where metals are cast. ढलाई करने का कारखाना।

Fount-फ़ॉउन्ट्-*n*. a spring, source, fountain set of types of the same style and size झरना (सोता), उद्गम, एक प्रकार तथा एक नाप के टाइप या छपाई के अक्षर।

Fountain-फ़ाउन्ट्' -एन् -*n*. a water spring, a jet of water, source. सोता, फ़ौवारा, उद्गम, **Fountain-pen** (a pen in which there is a reservoir of ink.) कलम जिसमें रोशनाई भरी होती है, धारा लेखनी।

Four-फ़ोर्-*adj*. *&* *n*. one more than three. चार; **Fourfold** (four times.) चौगुना; **Four-footed** (a quadruped.) चौपाया; **Fourscore** (eighty.) अस्सी; **Four-wheeler** (a four-wheeled carriage.) चौपहिया गाड़ी।

Fourteen-फ़ोर्'-टीन्-*adj*. next after thirteen. चौदह; **Fourteenth** (-टीन्थ्)-*adj*. *&* *n*. the ordinal of fourteen. चौदहवाँ।

Fourth-फ़ोर्थ्-*adj*. the ordinal of four. चौथा, चौथाई; **Fourthly** (-लि) -*adv*. in the fourth place. चौथे स्थान में।

Fovea-फ़ो'-वि-आ-*n*. a depression or pit in the body. शरीर में का गड्ढा।

Fowl-फ़ाउल्-*n*. a domestic cock or hen, poultry, its flesh used as food. मुर्गा, मुर्गी, खाने में प्रयुक्त होनेवाला इसका मांस;-*v. t*. to shoot, to snare. पक्षी को मारना या फँसाना।

Fowler-फ़ाउल्'-अर्-*n*. a one who catches wild fowl. बहेलिया।

Fowling-फ़ाउल्'-इङ्ग्-*n*. the art of shooting birds. पक्षिवध की कला; **Fowling-piece**-*n*. (a kind of small gun.) चिड़िया मारने की छोटी बन्दूक।

Fox-फ़ॉक्स्-*n*. (*fem*. Vixen.) a redfurred bushy tailed quadruped, a sly cunning fellow. लोमड़ी, धूर्त मनुष्य; **Foxhound** (**Foxterrier**)-*n*. a kind of dog. एक प्रकार का विलायती कुत्ता; **Foxlike**-*adj*. crafty, cunning. धूर्त, मायावी, कपटी; **Foxy** (-इ)-*adj*. like a fox. लोमड़ी की तरह का।

Frab-फ़्रैब्-*v. t*. (*p. t*. **Frabbed**.) to worry, कष्ट देना, दिक करना।

Fracas-फ़्रैका-*n*. (*pl. same*.) a noisy quarrel. शोरगुल, कोलाहल, उपद्रव, दंगा।

Fraction-फ़्रैक्शन्-*n*. a numerical quantity which is not an integer, a part, a fragment. भिन्न अंक, भाग, टुकड़ा; **Fractional** (-अल्)-*adj*. pertaining to a fraction. भिन्न अंक का; **Fractionary** (-अरि) -*adj*. fractional. भिन्न अंक का; **Fractionate** (-एट्') -*v. t*. to separate into parts. भागों में पृथक् करना;

Fractionize (-आइज़्)-*v. t.* to break up into fractions. अंशों में अलगाना।

Fractious-फ्रॉक्शस्-*adj.* apt to quarrel, unruly, peevish. कलहकारी, लड़ाका, अदम्य, चिड़चिड़ा।

Fracture-फ्रॉक्चर्-*n.* a breaking up of bone, separation. हड्डी का टूटना, अस्थि भंग, विदारण; -*v. t.* to break, to separate. तोड़ना, विदारण करना।

Fragile-फ्रॉज्'-इल्(-जाइल्)-*adj.* easily shattered, weak, perishable, delicate, brittle. भुरभुरा, मुलायम, भंगुर, मृदु; **Fragility** (फ्रॉ-जिल्'-इट्-टि), **Fragileness** (-नॅस्)-*ns.* brittleness, delicateness. भंगुरता, भुरभुरापन, कोमलता।

Fragment-फ्रॉग्'-मॅन्ट्-*n.* a detached portion, a broken part, an isolated part. खण्ड, अंश, टुकड़ा; **Fragmentary** (-अरि)-*adj.* composed of fragments. अपूर्ण, खण्डयुक्त, टूटा हुआ।

Fragrance-फ्रे'-ग्रन्स्, (cy-सि)-*ns.* sweetness of smell. सुगन्ध, खुशबू।

Fragrant-फ्रे' - ग्रॅन्ट् - *adj.* sweet-smelling, odorous. सुगन्धित, (सुवासित) खुशबूदार; **Fragrantly** (-लि)-*adv.* with sweet smell. सुगन्ध-सहित।

Frail-फ्रेल्-*adj.* fragile, weak, infirm, unchaste. भंगुर, दुर्बल, व्यभिचारिणी; **Frailty** (-टि) -*n.* fault, weakness, infirmity. दोष, निर्बलता।

Framable-फ्रे'-मॅ-ब्ल्-*adj.* able to be framed. निर्माण करने योग्य।

Frame-फ्रेम्-*v. t. & i.* to shape, to construct, to purpose, to contrive, to imagine, to put border round. निर्माण करना, रचना, बनाना, कल्पना करना, किनारा लगाना; -*n.* construction, form, shape, plan, system, temporary frame of mind, a skeleton. रचना, खाका, ढङ्ग, भावना, ढाँचा (बनावट); **To frame in the mind** (to form a mental picture.) मन में चिन्तन करना; **Framer** (-अर्) -*n.* one who frames, a contriver. रचना करनेवाला, बनानेवाला; **Framing** (-इङ्ग्) -*n.* structure. बनावट, रचना; **Frame-work** (-वर्क्)-*n.* that which supports a structure. ढाँचा।

Franc-फ्रॉङ्क्-*n.* a French coin worth about two pence फ्रान्स का दो पेन्स का सिक्का।

Franchise-फ्रॉन्'-चाइज़्-*n.* exemption from burden, privilege citizen's right of voting at public elections. भार से मुक्ति, विशेषाधिकार, सार्वजनिक चुनाव में नागरिक का मतदानाधिकार; -*v. t.* to set free. मुक्त करना; **Franchisement** (-मॅन्ट्) *n.* release from restriction. छुटकारा, मुक्ति।

Frangible-फ्रॉन्'-जि-ब्ल्-*adj.* easily breakable, fragile. सहज में टूटने योग्य; **Frangibility** (-इट्-इ) -*n.* quality of being frangible. कुड़कीलापन।

Frangipane-फ्रॉन्'-जि-पॅन्-*n.* perfume of red jasmine, a kind of almond cream. लाल चमेली का अतर, एक प्रकार की बादाम की मिठाई।

Frank-फ्रॉङ्क् - *adj.* generous, unrestrained, liberal, candid, undisguised, sincere. दयालु, अबाध, उदार, स्पष्टवक्ता, निष्कपट, सच्चा; -*v. t.* to exempt from payment. देने से मुक्त करना; **Frankly** (-लि) -*adv.* in a frank manner, candidly. निष्कपटता से; **Frankness** (-नॅस्) -*n.* the state of being frank, plainness of speech. वाक्य की स्पष्टता।

Frankenstein-फ्रॉङ्क्'-ऍन्-स्टीन् -*n.* the thing which becomes horrible to him who creates it. अपने ही लिये भयंकर हो जानेवाली अपनी बनाई हुई वस्तु।

Frankincense-फ्रॉङ्क्'-इन्-सॅन्स्-*n.* an aromatic gum, resin. लोहबान।

Franklin-फ्रॉङ्क्'-लिन्'-*n.* an old English freeholder. इङ्गलिस्तान का पूर्व समय का माफ़ीदार।

Frantic-फ्रॉन्'-टिक्-*adj.* excited, mad, uncontrolled, wild. उन्मत्त, पागल, उच्छृङ्खल; **Frantically** (-टि-क-लि) -*adv.* in a frantic manner. उन्मत्तता या पागलपन से।

Frap-फ्रॉप्-*v. t.* (*p. t.* **Frapped.**) to bind tightly (ropes &c.) जहाज के रस्से इत्यादि को कसकर बाँधना।

Fraternal-फ्रॉ-टर्नल्-*adj.* brotherly. भ्रातृ-सदृश, भाई के समान; **Fraternity** (-नि-टि) - *n.* brotherliness, guild. भाईचारा, बन्धुता; **Fraternization** (-आइज़्-ए'-शन्) -*n.* act of fraternizing. भ्रातृभाव का समागम या मेल; **Fraternize** (-नाइज़्)-*v. t.* to associate, to make friends. भ्रातृवत् संसर्ग या मैत्री करना।

Fratricidal-फ्रॉट्'-रि-सि-डल् - *adj.* pertaining to the killing of a brother or sister. भ्राता अथवा भगिनी के वध से सम्बन्धित।

Fratricide-फ्रॉट्'-रि-साइड्-*n.* brother or sister slayer, murder of a brother or sister. भाई या बहिन की हत्या करनेवाला, भाई या बहिन की हत्या।

Frau-फ्राउ-*n.* a woman, a wife. स्त्री, पत्नी, बीबी।

Fraud-फ्रॉड्-*n.* deceit, deceptive trick, stratagem. धोखा, धोखे की चाल, छल; **Religious fraud** (religious deception.) धार्मिक विश्वास बढ़ाने के लिये छल करना, पाखण्ड।

Fraudulence-फ्रॉड्'-यू-लॅन्स्-*n.* deceit, deception. छल, कपट-व्यवहार।

Fraudulent-फ्रॉ'-ड्यु-लेँन्ट्-*adj.* practising deception. कपटी, छली, धूर्त; **Fraudulently** (-लि) -*adv.* in a deceptive or fraudulent way. कपट से।

Fraught-फ्रॉट्-*adj.* stored, full of. भारयुक्त, परिपूर्ण; **Fraught with** (full of hope.) पूर्ण आशा रखता हुआ।

Fray-फ्रे-*n.* (*pl.* **Frays.**) noisy quarrel, broil, conflict. कलह, युद्ध, झगड़ा।

Frazil-फ्रे'ज़िल्-*n.* ice at the bottom of a stream. किसी जलाशय के तल में जमी हुई बरफ़।

Freak-फ्रीक्-*n.* whim, caprice, produce of sportive fancy. लहर, तरङ्ग, लीला; **Freaked** (-ड्)-*adj.* spotted. धब्बेदार; **Freakish** (-इश्) -*adj.* whimsical.झक्की,चञ्चलचित्त;**Freakishly** (-इश्'-लि)-*adv.* in a freakish manner. चपलता से; **Freakishness** (-इश्'-नेँस्)-*n.* the state of being freakish. चपलता।

Freckle-फ्रेँक्'-क्ल्-*n.* a light brown mark on the skin. शरीर पर का हलका भूरा धब्बा या चित्ती; -*v. t. & i.* to be spotted with freckles. धब्बे पड़ना या डालना।

Free-फ्री-*adj.* not in bondage, loose, not confined or imprisoned, unimpeded, unconnected, lavish, without obstruction, unforced, gratuitous, copious, generous, familiar, exempt from. स्वतन्त्र, ढीला, अबद्ध, बिना रुकावट का, अबाध, असम्बद्ध, उदार, बिना अवरोध का, मर्यादाहीन, अबाध्यकर, दानी, पर्याप्त, दयालु, परिचित, मुक्त;-*v. t.* to set at liberty, to release, to deliver. स्वतन्त्र या मुक्त करना; **Carriage free** (without charge for conveyance.) जाने या लाने के किराये से मुक्त; **Free-booter** (pirate.) डाकू, लुटेरा; **Freedom** (-डम्)-*n.* civil liberty, frankness, facility. स्वतन्त्रता, उदारता, स्पष्टता, सुविधा; **Freehand** (without the help of measurements or instrument.) बिना किसी नाप या यन्त्र के (तस्वीर खींचना); **Freehold** (-होल्ड्)-*n.* माफ़ी आराज़ी; **Freely** (-लि) - *adv.* in a free manner. स्वतन्त्रता से; **Free-minded** (free from care.) चिन्ता-रहित; **Freeness** (-नेँस्)-*n.* the quality of being free. मुक्तता, निर्विघ्नता; **Free-school** (a school where students have to pay no fee.) बिना फ़ीस का स्कूल, निःशुल्क विद्यालय; **Free-speaking** (expressing one's thoughts without reserve.) स्वतन्त्र मत प्रकटकारी; **Freethinker** (a rationalist.) स्वतंत्र धार्मिक विचारोंवाला; **Free-trade** (trade without import duty.) बिना कर का या कर मुक्त व्यापार।

Freemason-फ्री'-में-सन्-*n.* a skilled sculptor, a member of a loving fraternity. कुशल संगतराश, प्रेमपूर्ण भ्रातृसंघ का सदस्य।

Freeze-फ्रीज़्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Froze,** *p. p.* **Frozen.**) to convert into ice, to become chilled, to feel very cold, to cause to congeal, to preserve by refrigeration. बरफ़ में परिणत करना, ठण्ढा होना, ठण्ढा लगना, जमाना, कुल्फ़ी जमाना; **To freeze one's blood** (to terrify.) आतंकित करना; **To freeze out** (to remove from society.) समाज से अलगाना **Freezable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* able to be frozen. जमने योग्य; **Freezer** (-अर्)-*n.* a refrigerator. बरफ़ जमाने का यन्त्र।

Freezing-फ्रीज़्'-इङ्ग्-*adj.* chilling, congealing. ठण्ढा करनेवाला, जमानेवाला; **Freezing-point** -*n.* the temperature at which water freezes. जिस ताप पर पानी जम जाता है, हिमाङ्क।

Freight-फ्रेट्-*n.* hire of ship, transport of goods, cargo, burden. जहाज़ का भाड़ा, माल-परिवहन, माल, बोझ;-*v. t.* to load goods for transportation. माल ले जाने के लिये जहाज पर लादना; **Freightage** (-एज्)-*n.* hire of a ship. जहाज़ का भाड़ा; **Freighter** (-अर्)-*n.* one who freights a ship. जहाज़ पर माल लादनेवाला।

Fremescent-फ्रे'-मेँसन्ट्-*adj.* raging, riotous. लड़ाका, झगड़ालू।

French-फ्रेँन्च्-*adj.* of France or its people. फ़्रान्स देश अथवा इसके निवासियों का; -*n.* the language or people of France. फ़्रान्स देश की भाषा अथवा जनता; **Frenchify** (-इ-फ़ाइ)-*v. t.* to make French. (आकृति या रूप में) फ़्रेन्च के सदृश बनाना; **French leave** (leave without permission.) बिना सूचना की छुट्टी या अवकाश; **Frenchless** (-लेँस्)-*adj.* without knowing French. फ़्रेन्च् न जाननेवाला; **French polish** (a kind of polish for wood.) लकड़ी पर लगाने की एक प्रकार की पालिश।

Frenetic-फ्रेँ'नेँ'टिक्-*adj.* mad, frantic. पागल, झक्की।

Frenzy-फ्रेँन्ज़्'-इ-*n.* temporary insanity, delirious agitation. उन्माद, आवेश, पागलपन; -*v. t.* (*p. t.* **Frenzied**) to infuriate. उन्मत्त करना, क्रुद्ध करना।

Frequency-फ्री'-क्वेँन्-सि-*n.* frequent occurrence, rapidity. अविराम या समय-समय पर होनेवाली घटना, तीव्रता।

Frequent-फ्री'-क्वेँन्ट्-*adj.* numerous, abundant. occurring often. अनेक, अधिक, नित्य, बारम्बार होनेवाली, -*v. t.* (फ्री-क्वेँन्ट्') go too often, नित्य या बारम्बार जाना; **Frequentation** (-ए'-शन्)-*n.* habit of visiting often. बारम्बार

भेंट करने जाने का अभ्यास; **Frequentative**(-फ्रॅट्-इव्)-*adj.* of verbs (*in gram.*) signifying the frequent repetition of an action. किसी कार्य की पुनरावृत्ति दिखानेवाला, व्याकरण में ऐसा कार्य-सूचक क्रिया ; **Frequently** (-लि) -*adv.* commonly, often. बहुधा, बारम्बार ।

Fresco-फ्रॅस्'-को-*n.* (*pl.* **Ferscoes.**) a process of painting pictures on wall before plaster is dry. पलस्तर सूखने के पहिले दीवारों पर चित्र खींचने की एक विधि ।

Fresh-फ्रॅश्-*adj.* healthy and strong, new, not previously known, additional, different, raw, inexperienced, not salty, pure, bright. स्वस्थ एवं पुष्ट, नया, ताज़ा, अज्ञात, अतिरिक्त, भिन्न, कच्चा, अनुभवहीन, मीठा, शुद्ध, चमकीला; **Fresh complexion** (full youth.) पूर्ण यौवन, पूरी जवानी; **Freshen**-*v. t.* (to make fresh.) ताजा करना; **Fresh water** (sweet and palatable water.) मीठा स्वादिष्ट जल; **To break fresh ground** (to begin something new.) कोई नया कार्य आरम्भ करना ।

Fret-फ्रॅट्-*n.* an ornamental pattern made of straight lines. सीधी रेखाओं से बनी हुई चित्रकारी का काम;-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Fretted.**) to adorn with carved or embossed work, to torment, to annoy, to irritate. नकाशी के काम से सजाना; पीड़ा देना, उद्विग्न करना, चिढ़ाना;-*n.* annoyance, distress, a ridge for finger, stays in stringed instruments. उद्वेग, व्यथा, सितार इत्यादि तार के बाजों के परदे; **To fret and fume** (to show impatience through anger.) क्रोध के कारण अधीरता दिखलाना ।

Fretful-फ्रॅट्-फुल्-*adj.* peevish. शीघ्र कुपित होनेवाला (चिड़चिड़ा); **Fretfully** (-लि)-*adv.* peevishly. चिड़चिड़ेपन से; **Fretfulness** (-नॅस्) -*n* peevishness. चिड़चिड़ापन ।

Friable-फ्राइ'-अ-बल्-*adj.* easily reduced to powder. जल्दी से बुकनी हो जानेवाला ।

Friar-फ्राइ'-अर् - *n.* (*fem.* **Nun.**) a monk. संन्यासी, तपस्वी ।

Friary-फ्राइ'-अरि-*n.* a convent, a monastery. मठ, विहार ।

Fribble-फ्रिब्'-बल्-*v. i.* to trifle. हँसी उड़ाना; -*adj.* trifling. तुच्छ ।

Friction-फ्रिक्शन्-*n.* rubbing of two bodies, attrition, disagreement. रगड़, घिसाव, संघर्ष, बिगाड़; **Frictional** (-अल्)-*adj.* pertaining to friction. घर्षण या संघर्ष-सम्बन्धी; **Frictionless** (-लॅस्)-*adj.* devoid of friction, having no friction. बिना रगड़ या संघर्ष का ।

Friday-फ्राइ'-डे-*n.* the sixth day of the week. शुक्रवार; **Good Friday** (Friday before Easter.) ईस्टर के त्योहार के पूर्व का शुक्रवार ।

Friend-फ्रॅन्ड्-*n.* an intimate associate, a helper, patron, companion. मित्र, सहायक, संरक्षक, साथी, बन्धु;-*v. t.* to favour. कृपा दिखलाना; **A friend at court** (one of sufficient interest to help another.) ऐसा मनुष्य जिसके प्रभाव से अर्थ या कार्य सिद्धि हो सके ।

Friendless-फ्रॅन्ड्'-लॅस्-*adj.* without a friend. मित्रहीन, निःसहाय ।

Friendliness-फ्रॅन्ड्'-लि-नॅस्-*n.* the quality of being friendly. हितबुद्धि, मित्रत्व ।

Friendly-फ्रॅन्ड्'-लि-*adj.* kind, serviceable. दयालु, कल्याणकारी; **Friendly dispute** (dispute of a friendly nature.) प्रीति या सद्भाव सूचक कलह; **On friendly terms** (on terms of mutual friendship.) मित्रभाव से ।

Friendship-फ्रॅन्ड्'-शिप्-*n.* relation between friends. मित्रता ।

Frieze-फ्रीज़्-*n.* a coarse woollen cloth. मोटा ऊनी कपड़ा ।

Frigate-फ्रि-गेट्-*n.* a warship, cruiser. युद्ध-पोत, लड़ाई का जहाज़ ।

Fright-फ्राइट्-*n.* sudden fear, alarm. भय, शङ्का, उद्वेग, व्यग्रता ।

Frighten-फ्राइट'-ट्न्'-*v. t.* to terrify, to alarm. डराना **Frightened**(-न्ड्) -*adj.* terrified. भयभीत, शङ्कित ।

Frightful-फ्राइट्'-फुल्-*adj.* dreadful,shocking. भयङ्कर, डरावना; **Frightfully** (-फु-लि) - *adv.* dreadfully. भयंकर रूप से; **Frightfulnes** (-नॅस्)-*n.* dreadfulness. डरावनापन ।

Frigid-फ्रिज्'-इड् -*adj.* cold, chilling, dull, depressing. शीत, ठण्ढा, सुस्त, मन्द, निरुत्साह, स्नेहरहित; **Frigidity** (-इ-टि) -*n.* chilliness. ठण्डक;**Frigidly**(-लि)-*adv.* in a cold manner. शीतपूर्ण रूप में या से; **Frigidness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being chilly. ठण्ढापन ।

Frill-फ्रिल्-*n.* an ornamental edging, ruffle. झालर, मगजी; **Frilled** (-ड्) - *adj.* having ornamental edgings. झालरदार ।

Fringe-फ्रिन्ज्-*n.* border, edging, trimmings of hanging threads. किनारा, झालर, आँचल; **Fringeless** (-लॅस्) - *adj.* without fringe. बिना झालर का; **Fringy** (-इ) - *adj.* having fringes. झालरदार, मगजीदार ।

Frippery-फ्रि-प-रि-*n.* finery, vain display, trifles, old clothes. आडम्बर, दिखावट, निष्प्रयोजन वस्तु, पुराने वस्त्र ।

Frisette-फ़्रि-ज़ेट्'-*n.* artificial curls on fore -head. ललाटपर के बालों के कृत्रिम गुच्छे, काकुल।

Frisk-फ़्रिस्क्-*v. i.* to move sportively. क्रीड़ा करना, नाचना; -*n.* gambol. कुलेल, नाच; **Friskily** (-इ-लि)-*adv.* in a frisky manner. आनन्द से; **Friskiness**(-इ-नेस्)-*n.* the quality of being frolicsome. उछल-कूद; **Frisky** (-इ) -*adj.* frolicsome. प्रफुल्ल ।

Frit-फ़्रिट्'-*n.* a mixture of sand, flint &c. used in glass-making. काँच बनाने के लिए बालू और चकमक पत्थर आदि का योग ।

Fritter-फ़्रिट्'-टर्-*n.* a small pancake. टिकिया; -*v. t.* to divide into small fragments. छोटे-छोटे टुकड़े करना; **To fritter away** (to waste away.) समय नष्ट करना ।

Frivol-फ़्रि-व़्-ल्-*v. i.* to trifle, to act foolishly. मूर्खवत् कार्य करना, आडम्बर करना ।

Frivolity-फ़्रिव़्लिटि-*n.* levity. निरर्थक व्यापार (चपलता); **Frivolous** (-अ-लस्)-*adj.* trifling, futile, silly. तुच्छ (चपल), अनर्थक, ओछा; **Frivolously** (-असृ-लि) -*adv.* in a frivolous manner. ओछेपन से; **Frivolousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being trifling. चपल कर्म ।

Frizz- फ़्रिज़्-*v. t.* to form into small curls. लच्छे बनाना ।

Frizzle-फ़्रिज़्'-ज़्ल्-*v. i.* to make sputtering noise while boiling. खदबदाना ।

Fro-फ़्रो-*adv.* away. दूर (यहाँ से, वहाँ से), **To and fro** (here and there.) इधर-उधर, यहाँ-वहाँ।

Frock-फ़्रॉक्-*n.* a gown with loose sleeves. चोगा (बच्चों की ढीली बण्डी); **Frock-coat** (a long coat for men.) मर्दाना लम्बा कोट ।

Frog-फ़्रॉग्-*n.* a tailless amphibious creature, the attachment in a belt for supporting sword &c. मेढक, तलवार इत्यादि लटकाने की पेटी में का खलीता या फन्दा; **Frog in the throat** (hoarseness of voice.) गला बैठ जाना ।

Frolic-फ़्रॉल्-इक्-*n.* prank, merriment. क्रीड़ा, खेल, विहार;-*adj.* sportive. खिलाड़ी;-*v. i.* (*p.t.* **Frolicked.**) to play wild pranks. उपद्रवी खेल खेलना ।

Frolicsome-फ़्रॉल्' -इक्-सम् - *adj.* sportive. खिलाड़ी; **Frolicsomely** (-लि) -*adv.* in a sportive manner. क्रीड़ा से; **Frolicsomeness** (-नेस्) -*n.* merriment. क्रीड़ा ।

From-फ़्रॉम् -*prep.* expressing separation, starting point, inferior limit, source, motive. से, कारण से, आरम्भ करके, प्रायः, अनुसार; **From day to day** (everyday.) प्रतिदिन, दिनदिन; **From hence** (from this time.) अब से; **From within** (from the inside) अन्तःकरण से; **Painted from nature** (*i. e.* from actual model.) प्राकृतिक पदार्थ को देखकर खींचा हुआ चित्र ।

Frond-फ़्रॉन्ड्-*n.* a leaf-like organ in some flowering shrubs. फूलनेवाली कुछ झाड़ियों में पत्तियों के आकार का अंग ।

Front-फ़्रन्ट्-*n.* the forehead, face, line of battle towards the enemy. ललाट, अग्रभाग (मुख), युद्ध का मुख;-*v. i. & t.* to look in the face, to stand opposite to, to confront. सम्मुख होना, सामने होना, मुकाबला करना; **Front of army** (forepart of army.) सेना-मुख; **In front of** (before.) सामने, आगे; **In the front** (before.) सम्मुख, आगे; **To come to the front** (to be foremost.) विशिष्ट होना; **To go to the front** (to join the army.) सेना में सम्मिलित होना ।

Frontage-फ़्रन्ट्'-एज्-*n.* the front part of an edifice. घर का अग्रभाग ।

Frontal-फ़्रन्ट्-ल्-*adj.* pertaining to the front. ललाट सम्बन्धी ।

Frontispiece-फ़्रन्-टिस्-पीस-*n.* an illustration facing the title page of a book. पुस्तक के प्रथम पत्र में लगाया हुआ चित्र ।

Frontless-फ़्रन्ट्'-लेस् -*adj.* wanting shame or modesty. निर्लज्ज, अविनीत ।

Frontlet-फ़्रन्ट्'-लेट् -*n.* a fillet worn on the forehead. मुकुट, किरीट ।

Frontward-फ़्रन्ट्'-वर्ड्-*adv.* towards the front part. आगे की ओर ।

Frost-फ़्रॉस्ट्-*n.* frozen dew or vapour, chilling influence. तुषार, पाला, ठंढ; **Frostily** (-इ-लि) -*adv.* in a frosty manner. ठण्डेपन से; **Frostiness** (-इ-नेस्) -*n.* the quality of being frosty. पालापन; **Frostless** (-लेस्) - *adj* deprived of frost. तुषार रहित; **Frosty** (-इ) -*adj.* cold, chilling, frigid. शीत, ठण्डा, पालेदार ।

Froth-फ़्रॉथ्-*n.* foam, scum, idle talk. फेन, झाग, व्यर्थ बकवाद; **Frothily**(-इ-लि) -*adv.* with froth. फेन से; **Frothiness** (-इ-नेस्)-*n* frothy state. फेनपन; **Frothy** (-इ-)-*adj.* full of foam. फेनदार

Froward-फ़्रो'-वर्ड्-*adj.* perverse. ढीठ, हठी; **Frowardly**(-लि)-*adv.* in a froward manner. हठ से; **Frowardness** (-नेस्) -*n.* the state of being perverse. हठ ।

Frown-फ़्राउन् - *v. i.* to knit the brows in displeasure, to look gloomily. भ्रूभंग करना;

त्योरी चढ़ाना, व्यग्र देख पड़ना;-*n.* the knitting of the eye-brow in displeasure. भ्रूभेद, त्योरी; **Frowning** (-इङ्ग्)-*adj.* gloomy. भौंह चढ़ाये हुए या चढ़ानेवाला; **Frowningly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* with a look of displeasure. भृकुटी या त्योरी चढ़ाये हुए ढंग से या रूप में।

Frowzy-फ़्राउ' -ज़ि -*adj.* ill-smelling, dingy. दुर्गन्ध का, उग्र गन्ध का।

Frozen-फ़्रोज़्'-ज़्न्-*p. p.* of **Freeze.** जमा हुआ।

Fructification-फ़्रक्टि'-फ़ि-के'-शन्-*n.* the act or the process of fructifying. फल उपजाने की विधि।

Fructify-फ़्रक्'-टि-फ़ाइ-*v. i. & t.* (*p. t.* **Fructified.**) to bear fruit, to make fruitful. फल उत्पन्न करना, उपजाऊ बनाना।

Fructose-फ़्रक्'-टोस्-*n.* fruit sugar. फलों में से निकाली हुई चीनी।

Fructuous-फ़्रक्'ट्यू-अस्-*adj.* fruitful, fertile. फल उत्पन्न करनेवाला, उपजाऊ।

Frugal-फ़्रू'-गल्-*adj.* sparing, thrifty. economical. मितव्ययी, कमखर्च, किफ़ायती; **Frugality** (-गॅलि'-इ-टि)-*n.* the quality of being frugal, thrift. स्वल्प व्ययिता, कम खर्चीपन; **Frugally** (-लि) -*adv.* in a thrifty manner, with economy. कमखर्ची से।

Frugivorous-फ़्रू-जिवर -स् -*adj.* feeding on fruits. फलाहार करनेवाला।

Fruit-फ़्रूट्-*n.* the edible product of seed produced from a plant or tree, offspring, produce, result, profit. वृक्ष का फल, सन्तति, उपज, परिणाम, लाभ;-*v. i.* to produce fruit. फल उत्पन्न करना; **Fruit-tree** (-ट्री)-*n.* फल का वृक्ष।

Fruitage-फ़्रूट्'-एज्-*n.* product, fruits collectively. फलागम, फल-समुदाय।

Fruitarian-फ़्रूटे रिअन्-*n.* one who feeds on fruits. फलों का आहार करनेवाला, फलभोजी।

Fruiter-फ़्रूट्'-अर्-*n.* a fruitgrower, a fruitship. फल देनेवाला वृक्ष, फल ले जानेवाला जहाज।

Fruiterer-फ़्रूटरर्-*n.* one who sells fruits. फल बेचनेवाला।

Fruitful-फ़्रूट्'-फ़ुल् -*adj.* productive, fertile. सफल, उपजाऊ; **Fruitfully** (-लि)-*adv.* abundantly. बहुतायत से; **Fruitfulness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being fruitful. परिपूर्णता, उपजाऊपन।

Fruition-फ़्रू-इशन्-*n.* enjoyment, attainment. आनन्द, सुख, स्वाद।

Fruitless-फ़्रूट्'-लॅस्-*adj.* devoid of fruits, barren, useless. फलहीन, उजाड़, निरर्थक; **Fruitlessly** (-लि)-*adv.* in a useless manner. व्यर्थ, या निरर्थक ढंग से; **Fruitlessness** (-नॅस्) -*n.* barrenness, uselessness. अनुर्वरता, निरर्थकता।

Fruitlet-फ़्रूट्-लॅट्-*n.* a small fruit. छोटा फल।

Fruity-फ़्रूट्' -इ-*adj.* pertaining to or like fruits. फल-सम्बन्धी, फलवत्।

Frumenty-फ़्रू'-मॅन्-टि, **Furmety** (फ़र्म'ऍ-टि) -*ns.* a kind of food prepared from hulled wheat boiled in milk. दलिया, दूध में पका हुआ गेहूँ का भोजन।

Frump-फ़्रम्प् - *n.* a shabby old-fashioned woman. गन्दी पुराने ढंग की औरत।

Frustrate-फ़्रस्' -ट्रेट् - *v. t.* to baffle, to disappoint, to defeat. व्यग्र करना, निराश करना, हराना;-*adj.* vain. निरर्थक।

Frustration-फ़्रस्-ट्रे'-शन्-*n.* disappointment, defeat. नैराश्य, पराजय।

Frustrative-फ़्रस्ट्रे-टिव्-*adj.* tending to defeat. पराजयकारी।

Frustum-फ़्रस्ट-म्-*n.* the lower part of a solid formed by cutting it off parallel to the base. किसी ठोस पदार्थ का आधार के समानान्तर कटा हुआ निचला भाग।

Frutescent-फ़्रू-टॅस्'-ऍन्ट्-*adj.* of the nature of a shrub. झाड़ी के सदृश।

Frutex-फ़्रू'-टॅक्स्-*n.* a shrub. झाड़ी।

Fry-फ़्राइ-*n.* young fishes in large number, fried meat. छोटी मछलियों का समुदाय, पकाया हुआ मांस;-*v. t.* (*p. t.* **Fried.**) to roast or cook in fat. भूनना, तलना; **Fryer** (-अर्)-*n.* a frying-pan. पकाने की कड़ाही।

Frying-फ़्राइ' -इङ्ग् -*n.* a process of cooking. पकाना, भूनना; **Frying-pan** (a vessel for frying.) कड़ाही; **Out of the frying-pan into the fire** (out of one difficulty into another.) एक आपत्ति से निकल कर दूसरी आपत्ति में पड़ना।

Fubsy-फ़ब्'-सि-*adj.* fat. वसा या चरवी-युक्त।

Fucus-फ़्यू'-कस्-*n.* a kind of seaweed. एक प्रकार की समुद्री सेवार।

Fuddle-फ़'-ड्ल्-*v. t.* to intoxicate, to confuse. मदोन्मत्त करना, व्याकुल करना, घबड़ाना; -*n.* intoxication. नशा।

Fudge-फ़ज्-*n.* nonsense. अनर्थक वार्ता;-*v. t.* to patch up, to cheat. चिप्पड़ (पैबन्द) लगाना, पट्टी रखना, ठगना।

Fuel-फ़्यु'-ऍल्-*n.* material for burning, some thing that feeds passion. ईंधन (समिधा),

भड़कानेवाला पदार्थ;-*v. t.* (*p. t.* **Fuelled.**) to feed with fuel. इन्धन लगाना।

Fuff-फ़फ़्-*v. t.* to puff. फुलाना।

Fuffy-फ़फ़्-फ़ि-*adj.* soft and light. मुलायम और हलका।

Fug-फ़ग्-*n.* musty smell in a room. कमरे में की दुर्गन्ध (गुमस)।

Fugacious-फ़्यु-गे'-शस्-*adj.* fleeting, difficult, apt to flee. पलायनशील, कठिन, भागनेवाला।

Fugitive-फ़्यू'-जि-टिव्-*adj.* flying, fleeting, wandering, running away, occasional. भगेड़ू, भागनेवाला, चपल, अस्थिर ;-*n.* refugee, exile. भग्गू, निर्वासित शरणार्थी।

Fulcrum-फ़ल'-क्रम्-*n.* (*pls.* **Fulcra, Fulcrums.**) the prop or support on which a lever moves. आधार, आलम्ब, आश्रय।

Fulfil-फ़ुल्-फ़िल्'-*v. t.* (*p. t.* **Fulfilled.**) to carry out, to perform, to comply with, to bring to an end. परिपूर्ण करना, सफ़ल करना, निर्वाह करना, समाप्त करना; **Fulfiller** (-लर्) -*n.* one who fulfils. पूरक; **Fulfilment** (-मेंन्ट्)-*n.* accomplishment, completion. सिद्धि; **Fulfilment of desires** (accomplishment of desires.) इच्छापूर्ति।

Fulgent-फ़ु-ल्'-जेंन्ट्-*adj.* shining, brilliant, dazzling. उज्ज्वल, दीप्तिमान्, चमकता हुआ।

Fulgurate-फ़ुल्'-ग्यू-रेट्-*v. i.* to flash as lightning. बिजली की तरह चमक उठना।

Full-फ़ुल्-*adj.* filled up, complete, crowded, engrossed, abundant, copious, entire, perfect. परिपूर्ण, व्याप्त, जनपूर्ण, व्यस्त, पर्याप्त, मोटा, अखण्ड, संपूर्ण;-*v. i.* & *t.* to become or make full. इकट्ठा होना या करना;-*adv.* completely. पूर्ण रूप से; -*adv.* to the same degree. उसी स्थिति तक;-*n.* the whole. पूर्ण, पूरा; **At full length** (lying straight.) लम्बा पड़ा हुआ; **Full-blooded** -*adj.* (hearty.) सहृदय; **Full-blown** -*adj.* (fully expanded.) प्रफुल्ल, विकसित; **Full-brothers** (sons of the same parents.) एकही माँ-बाप के जन्मे भाई, सगे भाई; **Full-fed** (stout.) हृष्टपुष्ट; **Full growth** (development.) प्रौढ़ता; **Full-hearted**-*adj.* energetic. उमंग में भरा हुआ; **Full-moon** (*i. e.* when its whole disk is illuminated.) पूर्णचन्द्र; **To the full** (completely.) पूर्णरूप से।

Fuller-फ़ुल्'-अर्-*n.* one who cleanses clothes. कपड़ा साफ करनेवाला; **Fuller's earth** (hydrous silicate of alumina.) सज्जीखार, रेह।

Fulminant-फ़ुल्मिनॅन्ट्-*adj.* developing suddenly. एकाएक बढ़नेवाला; **Fulminate** (-नेट्) -*v. t.* to explode. फूटना; **Fulmination** (-ने'-शन्)-*n.* the act of fulminating. स्फूर्जन; **Fulminatory** (-नेटरि)-*adj.* sending forth fulmination, thundering. उमड़नेवाला, वज्रनादकारी।

Fulsome-फ़ुल्'(-फ़ल्)-सम्-*adj.* excessive, overfull. disgustive अति, बहुत, घृणित; **Fulsomeness** (-नॅस्)-*n.* disgustiveness. घृणा, गर्हता।

Fulvous-फ़ल्'-व्रस्-*adj.* reddish yellow. धूसर वर्ण का, भूरा।

Fumacious-फ़्यू-मे'-शस्-*adj.* smoky. धूम्रपूर्ण, धुएँ से भरा हुआ।

Fumble-फ़म्'-बल्-*v.i.* to use hand in an awkward manner, to grope about. फूहड़पन से काम करना, टटोलना; **Fumbler** (-ब्लर्)-*n.* one who fumbles. फूहड़पन से काम करनेवाला; **Fumbling** (-इङ्ग्)-*n.* awkwardness. फूहड़पन।

Fume-फ़्यूम्-*n.* smoke, vapour, fit of anger. धुवाँ, भाप, क्रोध का आवेग;-*v. i.* to smoke. धुवाँ उठना;-*v. t.* to perfume. सुगंन्धित करना; **Fumeless** (-लॅस्) -*adj.* free from fumes. धूम्र रहित, बिना धुवें का।

Fumid-फ़्यू'-मिड्, **Fumy** (-फ़्यू'-मि)-*adjs.* full of smoke, vaporous. धुवें से परिपूर्ण, वाष्पपूर्ण; **Fumidness** (-नॅस्)-*n.* smokiness. धुवाँपन।

Fumigate-फ़्यू'-मि-गेट्-*v. t.* to apply fumes to, to purify, to perfume. धूप देना, सुवासित करना, सुगन्धित करना; **Fumigation** (-गे'-शन्) -*n.* the act of fumigating. सुगन्धित करण; **Fumigator** (-अर्)-*n.* that which fumigates. धूप देनेवाला।

Fun-फ़न्-*n.* sport, amusement. खेल, क्रीड़ा; **In fun** (in joke.) हँसी में; **To make fun of** (to make sport of.) हँसी उड़ाना।

Funambulist-फ़्यू-नैम्'-ब्यु-लिस्ट्-*n.* a rope-walker. रस्सी पर चलनेवाला नट।

Function-फ़ङ्क् - शन् - *n.* performance, a social gathering, office, the use of any organ, power. कार्य संम्पादन, सामाजिक सम्मेलन, पद, कार्य, किसी अंग का उपयोग, शक्ति, अधिकार;-*v. t.* to fulfil. पूर्ण करना; **Functional** (-अल्)-*adj.* pertaining to function. कार्य-सम्बन्धी; **Functionary** (-अरि)-*n.* a public official. सार्वजनिक अधिकारी; **Functionless** (-लॅस्)-*adj.* without function or occupation. कार्य या अधिकार शून्य।

Fund - *n.* stock of something, (*pl.*) resources. सञ्चय, (ब० व०) मूलधन, माल; -*v. t.* to provide a fund. माल इकट्ठा करना, लागत लगाना।

Fundament-फ़न्' -डी -मेन्ट्-*n.* the buttocks. कटि-पश्चाद्भाग, चूतड़ ।

Fundamental-फ़न्' डी-मेन्टल्-*adj.* pertaining to the groundwork or root of matter, essential, primary, original. मूलाधार सम्बन्धी, प्रधान, सारभूत, प्रारम्भिक, मौलिक; -*n.* groundwork of a system. मूलाधार, सिद्धान्त; **Fundamentality** (-टलि-टि)-*n.* essentiality. मूलता, प्रधानता; **Fundamentally** (-लि) -*adv.* essentially. मूल रूप में ।

Funeral-फ़्यू' -न-रल्-*adj.* burial. उत्तर या अन्त्येष्टि क्रिया सम्बन्धी ;-*n.* the burial of the dead. अन्त्येष्टि क्रिया, श्राद्ध इत्यादि कर्म; **Funeral-pile**, (-pyre)-*n.* a pile of wood on which a corpse is burnt. चिता ।

Fungus-फ़ङ्ग्' -गस्-*n.* (*pls.* **Fungi, Funguses**) mushroom, a kind of spongy plant. मधुरिका, कुकुरमुत्ता ।


Fungus.

Funicular-फ़्यू - निक्' - यू-लर्-*adj.* worked by rope. रस्से से चलाया जानेवाला ।

Funicle-फ़्यू' -नि-कल्-*n.* a small cord, a fibre. छोटी डोरी, तन्तु, रेशा ।

Funk-फ़ङ्क्- *n.* an offensive smell, timidity, fear. दुर्गन्ध, भीरुता, भय ।

Funnel-फ़न्-नेल्-*n.* a truncated hollow cone and pipe, a metal chimney, the offspring of a horse & a she ass. चोंगा, कीप, धुवाँकश, घोड़े और गदही का बच्चा ।


Funnel.

Funny-फ़न्' -नि -*adj.* (*comp.* **Funnier**, *sup.* **Funniest.**) full of fun, sportive. खिलवाड़ी ।

Fur-फ़र् - *n.* short soft fine hair of certain animals. महीन रोवें; - *v. t.* (*p.t.* **Furred.**) to cover with furs. (कपड़ों में ऐसे) रोवें लगाना; **Furred** (-ड्) -*adj.* with furs, with a coating formed on the tongue. रोमयुक्त, जीभ पर उभड़ी हुई नुकीली तह-युक्त ।

Furbish फ़र्' -बिश् -*v. t.* to remove rust, to polish. मुरचा हटाना, चमक लाना (पालिश करना); **Furbished** (-ड्) -*adj.* brightened. चमकाया हुआ ।

Furcate-फ़र्' -केट् - *adj.* forked. फटे कोर का; -*v. i.* to fork. दो मुँहा करना, फाड़ना; **Furcated** (-ऐड्) -*adj.* forked. दो मुँहा किया हुआ ।

Furious-फ़्यू' -रि -अस् - *adj.* raging, violent. कोपाकुल, प्रचण्ड (तीव्र) ; **Furiously** (- लि)-*adv.* in a furious manner, violently. उद्वेग से; **Furiousness** (-नेस्) -*n.* violence. उग्रता, प्रचण्डता, तीव्रता ।

Furl-फ़ल् - *v. t.* to fold, to wrap up, to relinquish, to contract. मोड़ना, लपेटना, त्यागना, सिकोड़ना ।

Furlong-फ़र्' -लॉङ्ग् - *n.* the eighth part of a mile. एक मील का आठवाँ भाग अथवा दो सौ बीस गज़ ।

Furlough-फ़र्-लो-*n.* a leave of absence for a stated time. निश्चित काल की अनुपस्थिति या गैरहाजिरी की छुट्टी ।

Furnace-फ़र्' -नेस् - *n.* an apparatus for melting metals, a fireplace, severe test. अग्निकुण्ड, अँगीठी, भट्ठी, कठिन परीक्षा ।

Furnish-फ़र्न' -इश्-*v. t.* to provide, to afford, to supply, to equip. तैयार करना, जुहाना, देना, पूर्ति करना ।

Furniture-फ़र्' -निचर्-*n.* movable contents, chattels, outfit, equipage. चल सामग्री, सज्जा, असवाब; **Furniture of one's mind** (knowledge, imaginative faculty.) विद्या, ज्ञान ।

Furor-फ़्यू' -रॅर् - *n.* rage, excitement. क्रोध, उत्तेजना ।

Furrow-फ़र्' रो- *n.* the narrow trench made by plough, groove, track. हल की लकीर, सोता, नाली, मार्ग; **Furrowness** (-नेस्)-*n.* the state of being a furrow. नाली बनने की स्थिति ।

Further-फ़र्' -दर् -*adj.* additional, farther, more distant. अधिकतर दूर का, आगे का; -*adv.* to a great distance, in addition. दूर पर, आगे की ओर, और भी;-*v. t.* to promote. उन्नति देना, बढ़ाना; **Furtherance** (-एन्स्)-*n.* promotion. बढ़ती; **Furthermore** (-मोर्)-*adj.* moreover. और भी, अधिक; **Furthermost** (-मोस्ट्) -*adj.* remotest. सबसे आगे या दूर का ।

Furthest-फर्-दॅस्ट्-*adj.* & *adv.* most distant in time or place. समय या स्थान में सबसे दूर का ।

Furtive-फ़र्' -टिव्-*adj.* got by stealth, thievish. चुराया हुआ, चोरी किया हुआ; **Furtively**(-लि) -*adv.* by stealth. चोरी से; **Furtiveness** (-नेस) -*n.* the quality of being furtive. चोरी ।

Furuncle-फ़्यू' -रङ्-कल - *n.* a boil or tumour. फोड़ा, जहरबाद ।

Fury-फ़्यू' रि- *n.* wild anger, frenzy, rage. violence of weather. तीव्र कोप, क्रोध, सनक, ऋतु का उद्वेग ।

Furze-फ़र्ज़ - *n.* a thorny evergreen yellow-flowered shrub. भटकटैया।

Fuse-फ़्यूज़् - *v. t. & i.* to melt with great heat, to amalgamate. गलना, एकरूप होना।

Fusee-फ़्यू-ज़ी - *n.* the conical pulley or a wheel, a large-headed match. सूच्याकार घिरनी या पहिया, बड़े माथे की दियासलाई।

Fuselage-फ़्यूज़ि-लिज् (-फ़्यूज़्-लाज़्) - *n.* the frame-work of an aeroplane. हवाई जहाज़ का ढाँचा।

Fusibility-फ़्यू'-ज़ि-बिल्'-इ-टि - *n.* the quality of being fusible. द्रवशीलता।

Fusible-फ़्यू'-ज़ि-ब्ल्-*adj.* that may be melted. द्रवशील।

Fusiform-फ़्यू'-ज़ि-फ़ॉर्म् - *adj.* shaped like a spindle, tapering on both ends. सूच्याकार, टेकुए की शकल का, दोनों किनारों पर नोकीला।

Fusil-फ़्यू'-ज़िल्-*n.* a kind of light musket. एक प्रकार की छोटी बन्दूक; - *adj.* capable of being melted by heat. आग की सहायता से गलाने योग्य।

Fusillade-फ़्यू' - ज़ि - लेंड् - *n.* a continuous discharge of firearms. तोपों या बन्दूकों की गोली का लगातार निक्षेप या गोली की वर्षा।

Fusion-फ़्यू'-ज़न्-*n.* the operation of melting. द्रवत्व, एकरूपता, संयोग।

Fuss-फ़स्-*n.* bustle, tumult, abundance of detail. आडम्बर, कोलाहल, खलबली (गड़बड़ी); -*v. i.* to make a fuss. उपद्रव करना; **Fussily** (-इ-लि)-*adv.* in a fussy manner. आडम्बर से; **Fussiness** (-इ-नॅस्)-*n.* the quality of being fussy. आडम्बर; **Fussy** (-सि)-*adj.* making a fuss. उपद्रवी।

Hearty-हार्टि - *adj.* (*comp.* **Heartier** ; *sup.*

Hat हॅट् ; Hot हॉट् ; Measure मेंझर

Heartiest) genial, sincere, vigorous, open and free, abundant. स्नेहपूर्ण, निष्कपट, तीव्र, मुक्त, प्रचुर ।

Heat-हीट्-*n.* hotness, energy, inflamed state of body, anger, sexual excitement. ताप, वेग, गरमी, शरीर का तापमान, क्रोध, सम्भोग की इच्छा; -*v. t.* & *i.* to make hot, to agitate, to excite, to grow hot. गरम करना या होना, उत्तेजित करना, भड़काना, भड़कना; **Heater** (-अर्)-*n.* one who or that which heats. गरम करनेवाला; **Heating** (-इङ्ग्)-*n.* & *adj.* hot. गरम, तपन; **Heat of youth** (ardour of youth.) यौवन का उन्माद ।

Heath-हीथ्-*n.* a waste plot of land which is covered with shrubs. वनभूमि, झाड़ीदार मैदान ।

Heathen-ही'-दन्-*n.* a pagan, an unenlightened or barbarous person. मूर्तिपूजक, विकासहीन या अशिष्ट मनुष्य ।

Heathenish-ही'-दन्-इश्-*adj.* rude, barbarous. रूक्ष, जंगली ।

Heathenism-ही'-दन्-इज़्म्-*n.* idolatry. मूर्ति-पूजा ।

Heather-हेद्' - अर् - *n.* a kind of bush. एक प्रकार की झाड़ी ।

Heave-हीव् - *v. t.* & *i.* to lift, to throw, to rise, to sigh, to pant. उठाना, फेंकना, उठना, ठण्ढी साँस लेना, आह खींचना;-*n.* an upward effort, a swelling. निःश्वास, उभाड़, सूजन; **To heave in sight** (to become visible.) सामने आ जाना, दिखाई देना ।

Heaven-हेव्न्-*n.* sky, the habitation of God and His angels, God. आकाश, स्वर्ग, परमेश्वर; **Heavenborn** (born of heaven.) स्वर्गीय ।

Heavenly-हेव्'- न्- लि - *adj.* pertaining to heaven, supremely excellent. स्वर्गीय, दिव्य; **Heavenly bodies** (the sun, moon and stars etc.) सूर्य, चन्द्र तथा नक्षत्र इत्यादि; **Heavenly voice** (voice from Heaven.) आकाशवाणी ।

Heavily-हेव्'-इ-लि-*adv.* weightily, violently, sorrowfully. भार से, तीव्रता से, दुःख से ।

Heaviness-हेव्'-इ-नेस् - *n.* weight, sorrow. भारीपन, दुःख ।

Heavy-हेव्' - इ - *adj.* (*comp.* **Heavier**, *sup.* **Heaviest.**) weighty, ponderous, abundant, striking with force, dull, sad, gloomy, tedious. भारी, अधिक, प्रचण्ड, मन्द, दुःखी, अन्धकारमय, क्लिष्ट; **Heavy-hearted** (sorrowful.) दुःखी ।

Hebetate-हे' बिटेट्'-*v. t.* & *i.* to make or become dull. मन्द करना या होना ।

Hebraic-ही-ब्रे'-इक्-*adj.* pertaining to a Jew. यहूदी सम्बन्धी ।

Hebraism-ही-ब्रे'-इज़्म्-*n.* the conceptions or idioms of a Hebrew. यहूदियों की विचार-शैली ।

Hebraist-ही-ब्रे'-इस्ट्-*n.* one who is versed in the Hebrew language. यहूदी भाषा का विद्वान् ।

Hebrew-ही'-ब्रू-*n.* a Jew, the language of the ancient Hebrews. यहूदी, प्राचीन यहूदी भाषा ।

Hectic-हेक्'-टिक्-*adj.* pertaining to hectic fever, consumptive. क्षय-ज्वर -सम्बन्धी, क्षय रोग का ।

Hecto-हेक्'-टो-*pref.* in the sense of 'hundred'. 'सौ' का अर्थ सूचक उपसर्ग; यथा **Hectograph** इत्यादि ।

Hector-हेक्'-टर्-*n.* a bully, a blusterer. बकवादी, शेखीबाज़;-*v. t.* to bully, to torment. शेखी मारना या बघारना, कष्ट देना ।

Hedge-हेज्-*n.* a fence of bushes or shrubs. a barrier. झाड़ियों की टट्टी, मेड़;-*v. t.* to fence with a hedge. टट्टी से घेरना ।

Hedge-born-हेज्'-बॉर्न्-*adj.* of low birth. हीन जाति का ।

Hedgehog-हेज्- हॉग्-*n.* a kind of wild rat, a prickly fruit or its plant, a scornful or offensive person, a fortified defensive position. एक प्रकार का जंगली चूहा, काँटेदार फल या ऐसे फल का पौधा, घृणास्पद मनुष्य, किलेबन्द सुरक्षित स्थान ।

Hedonic-हीडनिक्-*adj.* pertaining to pleasure. आनन्द सम्बन्धी ।

Hedonism-ही-डन्-इज़्म्-*n.* the doctrine that happiness is the chief end of man. वह सिद्धान्त जिसके अनुसार आनन्द ही मनुष्य के सब कार्यों का अन्तिम लक्ष्य माना जाता है ।

Hedonist-ही-डन्'-इस्ट् - *n.* one who lives a life of pleasure. आनन्दजीवी ।

Heed-हीड्-*v. t.* to take notice of, to attend to. ध्यान देना, मन लगाना (सावधान होना); -*n.* careful attention. सावधानी ।

Heedful-हीड्'-फुल्-*adj.* cautious. सचेत, सावधान; **Heedfully** (-फुल्-लि)-*adv.* carefully. सावधानी से; **Heedfulness** (-फुल्-नेस्)-*n.* the state of being heedful, caution. सावधानी ।

Heedless-हीड्'-लेस्-*adj.* inattentive, thoughtless. असावधान; **Heedlessly** (-लेस्- लि)-*adv.* carelessly. असावधानी से ; **Heedlessness** (-लेस्-नेस्)-*n.* the state of being heedless, carelessness, inattention. असावधानी ।

Heehaw-ही'-हॉ-*v. i.* to bray like an ass. गदहे की तरह रेंकना ।

Heel-हील्-*n.* the hinder part of foot (ankle.), hind part, spur. एँड़ी, पिछला भाग, एँड़;-*v. t.* to dance, to furnish with a heel, to follow at the heels, to kick backwards, to lean over to one side. नाचना, एँड़ी लगाना, पीछा करना, एँड़ी से पीछे की ओर ठोकर मारना, एक ओर झुकना; **To be at one's heels** (to pursue closely.) पीछे-पीछे जाना; **To kick one's heels** (to lie in wait for.) आसरे में बैठना; **To take to one's heels** (to flee, to escape handle) चम्पत हो जाना, भाग जाना ।

Heft-हेफ्ट्-*n.* the handle of a tool, an effort. औजार की मूठ, प्रयत्न ।

Hefty-हेफ्ट्'-इ-*adj.* sturdy. पुष्ट, बलवान् ।

Heifer-हेफ्'-अर्-*n.* (*mas.* **Bullock, Ox.**) a young cow. बछिया ।

Heigh-हे or हाइ-*inter.* expressing encouragement. उत्साह-सूचक अव्यय, ललकार का शब्द ।

Heigh-ho-हे'-हो -*interj.* of surprise or weariness. आश्चर्य या थकावट सूचक अव्यय ।

Height-हाइट्-*n.* the top, elevation, high point. चोटी, ऊँचाई, शिखर ।

Heighten-हाइट्'-ट्न्-*v. t.* to make higher. ऊँचा करना ।

Heinous-हीन्'-अस् -*adj.* extremely wicked, atrocious, hateful. अति दुष्ट, अति निन्द्य, घृणित; **Heinously** (-लि)-*adv.* in a wicked manner. अति नीचता से; **Heinousness** (-नेस्)-*n.* the quality of being wicked. दुष्टता, नीचता ।

Heir-ऐअर्-*n.* a person who inherits a successor. उत्तराधिकारी, वारिस, अंशभागी; **Heir-apparent** (one who is certain to succeed to an estate.) निश्चित उत्तराधिकारी, युवराज ।

Heiress-ऐअर्' - ऐस् - *n. fem.* female heir. उत्तराधिकारिणी, राजपुत्री ।

Heirloom-ऐअर्'-लूम्-*n.* furniture, movable chattel which descends to the heir. जंगम द्रव्य, उत्तराधिकारी को मिलनेवाली चल सम्पत्ति ।

Heirless-ऐअर्-लेस्-*adj.* destitute of an heir. बिना उत्तराधिकारी का, लावारिस ।

Heirship-ऐअर्'-शिप्-*n.* the rights of an heir. धनाधिकारित्व, उत्तराधिकार, विरासत ।

Held- हेल्ड् -*p. t. & p. p.* of **Hold.** kept in, restrained. रोक लिया गया ।

Helianthus-ही'-लि-ऐन्-थस्-*n.* the sunflower. सूरजमुखी का फूल ।

Helical-हेल्'-इ-कल्-*adj.* spiral. घुमौवा ।

Helio-ही'-लि'-ओ-*pref.* in the sense of 'concentric', 'with the sun as centre'. 'सूर्य को केन्द्र में रखकर या (सौर)' अर्थ का उपसर्ग ।

Heliosis-ही'-लि-ओ'-सिस्-*n.* exposure to the sun. धूप से प्रभावित होने की क्रिया ।

Heliotrope-ही'-लि - ओ - ट्रोप् -*n.* a kind of flower. सूर्य-कमल ।

Helix-ही'-लिक्स्-*n.* a spiral. (घड़ी की कमानी के सदृश) घुमौवा पदार्थ ।

Hell-हेल्-*n.* the abode of condemned spirits. यमलोक, नरक, पाताल ।

Hell-cat-हेल्'-कैट्-*n.* hell-hag. कर्कशा स्त्री ।

Hellish- हेलिश् -*adj.* pertaining to hell, extremely wicked. नरक-सम्बन्धी, उत्पाती; **Hellishly** (-लि)-*adv.* in a hellish manner नीचता से; **Hellishness** (-नेस्)-*n.* the quality of being hellish. अति नीचता ।

Helm-हेल्म्-*n.* cloud over mountain during storm, the wheel by which a rudder is manipulated. आँधी के समय पहाड़ पर के बादल, पतवार; **Helmsman** (-हेल्म्ज़्'-मॅन्)-*n.* a steersman. कर्णधार (मल्लाह जो पतवार पर बैठता है), पतवरिया ।

Helmet - हेल्' - मेट् - *n.* a defensive covering for the head. शिरस्त्राण, लोहे का टोप, कवच; **Helmeted** (-ऐड्)-*adj.* furnished with a helmet. ऐसा टोप धारण किये हुए ।


Helmet.

Helot-हेलट्-*n.* a serf of ancient Sparta. प्राचीन स्पार्टा का दास ।

Help-हेल्प्-*n.* assistance, aid, remedy, support. सहायता, उपकार, उपचार, उपाय, आश्रय; -*v. t.* to aid, to assist, to remedy. सहायता देना, अनुग्रह करना, बचाना ।

Helper-हेल्प्'-अर्-*n.* one who helps. सहायक (उपचारक), सहायता देनेवाला ।

Helpful-हेल्प्'-फुल्-*adj.* useful, serviceable. उपयोगी, उपकारक ।

Helpless-हेल्प्'-लेस्-*adj.* wanting help. अनाथ, निराश्रय, असहाय; **Helplessly** (-लि) *adv.* without assistance. असहायता से; **Helplessness** (-नेस्)-*n.* the quality of being helpless. असहायता ।

Helpmate-हेल्प्'-मेट्-*n.* a wife, a helpful companion. पत्नी, बीबी, सहायक, साथी ।

Helter-skelter-हेल्'-टर्-स्केल्' - टर् - *adv.* in a

disordered state, in a hurry. अव्यवस्थित अवस्था में, जल्दी में।

Helve-हेल्व्-*n.* the handle of a cutting tool. किसी हथियार की मूठ।

Hem-हेम्-*n.* the edge of a garment, the border of a garment made by turning in edge and sewing. कपड़े का किनारा (अञ्चल), मगजी (गोट); -*v. t.* (*p. t.* Hemmed.) to form an edge on. मगजी या गोट लगाना।

Hemi-हेम्'-इ-*pref.* in the sense of 'half'. 'अर्ध' या 'आधा' अर्थ का उपसर्ग, यथा Hemisphere. अर्धगोल या गोलार्द्ध।

Hemicrania-हेमिकेनिआ-*n.* headache confined to one part of the head. अधकपारी, आधासीसी।

Hemicycle-हेम्'-इ-साइ-कृल्-*n.* a semi-circle. अर्धवृत्त।

Hemiopia-हेमिओपिआ-*n.* blindness of half the field of vision. आँख का रोग जिसमें किसी पदार्थ का आधा ही भाग देख पड़ता है।

Hemiplegia - हेमिप्लीजिआ - *n.* paralysis of one side of the face or body. पक्षाघात, आधे शरीर या मुख का लकवा।

Hemisphere-हेमि-स्फि - अर् - *n.* half of the globe. गोलार्ध, अर्धगोल।

Hemispheric-हेमि-स्फे-रिक्, **Hemispherical** (-रि-कल्)-*adjs.* pertaining to or resembling half a sphere. गोलार्ध सम्बन्धी या गोलार्ध के समान।

Hemistich-हेम्'-इ-स्टिक्-*n.* half the line of a verse. आधा श्लोक।

Hemlock-हेम्'-लॉक्-*n.* a poisonous plant. एक विषैली बनस्पति, धतूरा।

Hemmer-हेम्'-मर्-*n.* one who hems, an appliance for hemming attached to a sewing machine. गोट लगानेवाला, सिलाई की मशीन में किनारा मोड़ने का साधन।

Hemorrhage-हेम'-रिज्-see Haemorrhage.

Hemp-हेम्प्-*n.* a plant of India whose fibres are used for rope-making &c. पटुआ।

Hempen-हेम्प्'-एन्-*adj.* made of hemp. पटुवे का बना हुआ।

Hem-stitch-हेम्'-स्टिच्-*v. t.* to form an edge on. सञ्जाफ या मगजी या गोट लगाना।

Hen- हेन् -*n.* (*mas.* Cock.) the female of cock. मुर्गी।

Henbane-हेन्'-बेन्-*n.* a poisonous plant. एक जहरीला पौधा।

Hence-हेन्स्-*adv.* from here, from this time, therefore. यहाँ से, अब से, इसलिये;-*interj.* go away! हट जाओ!, चले जाओ!; Go hence (die.) मर जाओ!; **Henceforth** (from this time onward.) अब से, इसके बाद; **Henceforward** (henceforth.) इस समय से, आगे; **Two years hence** (in two year's time. from now.) आज से दो बरस बाद।

Henchman-हन्च्'-मॅन्-*n.* a boy-servant, a chief attendant, a reliable follower. बालक-भृत्य, प्रधान सेवक, विश्वस्त अनुचर।

Hendecagon-हेन्-डेक्'-अॅ-गॅन्-*n.* a plane figure of eleven sides. ग्यारह भुज की आकृति।

Henpecked-हेन्'-पेक्ड्-*adj.* governed by one's wife. भार्या-शासित।

Hepatic-हि-पैट्'-इक्-*adj.* pertaining to liver, liver-coloured, good for liver. यकृत् सम्बन्धी, यकृत् के रंग का, यकृत् के लिये हितकर; -*n.* a medicine useful for liver. यकृत् के लिये हितकर दवा।

Hepta-हेप्टा-*pref.* meaning 'seven', उपसर्ग जिसका अर्थ 'सात' होता है।

Heptad-हेप्'-टैड्-*n.* a group of seven. सात का समुदाय।

Her-हर्-*pron.* objective or possessive case of 'She'. उस स्त्री का, उस स्त्री को

Herald-हेरल्ड्-*n.* a state-officer who makes proclamations and bears messages, a proclaimer, a messenger, a forerunner. राजदूत, एलची, अग्रदूत;-*v. t.* to proclaim. घोषणा करना।

Heraldry-हेरल्ड्रि-*n.* the art or office of a herald, armorial bearings. राजदूत विद्या, वंशावली-चिह्न।

Herb-हर्ब्-*n.* a plant with slender stems whose leaves &c. are used as food or for medicine. भोजन या औषध की जड़ी-बूटी।

Herbaceous-हर्-बे'-शस्-*adj.* pertaining to herbs. जड़ी बूटी-सम्बन्धी।

Herbage-हर्ब्'-एज्-*n.* herbs collectively. घास-पात, जड़ी-बूटी का समुदाय।

Herbal-हर्ब्'-अल्-*adj.* pertaining to herbs. जड़ी-बूटी सम्बन्धी।

Herbalist-हर्बलिस्ट्-*n.* one who is versed in the science of plants. वनस्पति-विज्ञान में निपुण।

Herbarium - हर-बेरिअम् - *n.* a collection of specimens of plants. बनस्पतियों का संग्रह।

Herbivorous - हर्बिवॅरस - *adj.* subsisting on plants. शाकाहारी।

Herby-हर्ब-इ-*adj.* herbous. जड़ी-बूटी से परिपूर्ण।

Herculean-हर्-क्यू'-लि-अन्-*adj.* strong, very difficult, of extraordinary strength. पुष्ट, कठिन, अत्यन्त बलवान्; **Herculean task** (a work of extraordinary strength.) भगीरथ प्रयत्न, असाधारण बल का कार्य।

Herd-हर्ड्-*n.* a company of cattle assembled together, a large number of people, a keeper of herds. पशु-समूह, झुण्ड, पशु-रक्षक; -*v. i.* to form into a herd. समूह में एकत्रित होना।

Herdsman-हर्ड्ज़्'-मॅन्-*n.* one who tends herds of cattle. चरवाहा, गड़ेरिया।

Here-हिअर्-*adv.* in this place, in this life, at this point, in this matter. इस स्थान में, इस जीवन में, इस सम्बन्ध में, इस विषय में, यहाँ; **Here and there** (in different places.) भिन्न-भिन्न स्थानों में, इधर-उधर, यहाँ-वहाँ।

Hereabouts-हिअर्'-अ-बाउट्स्-*adv.* near here. यहाँ पास में।

Hereafter-हिअर्-आफ़्ट्'-अर्-*adv.* after this, in some future time or state. इसके बाद, किसी भविष्य काल या दशा में।

Hereat-हिअर्'-ऑट्-*adv.* at this place. इस स्थान पर।

Hereby-हिअर्'-बाइ-*adv.* not far off, by this. निकट ही, इस रीति से।

Hereditable- हिरॅड्'-इटॅबुल्-*adj.* that may be inherited. वंशपरम्परा से प्राप्त होने योग्य।

Hereditary-हिरॅड्'-इटरि-*adj.* transmitted from one generation to another. परम्परा द्वारा-प्राप्त, पैतृक; **Hereditary disease** (disease which is transmitted from parents to offspring.) संचारी (पैतृक) रोग, पुश्तैनी या खान्दानी बीमारी; **Hereditary succession** (ancestral transmission.) वंशगत उत्तराधिकार, खान्दानी विरासत।

Heredity-हिर्-रॅड्'-इट्-इ-*n.* the tendency of transmitting qualities from parents to offsprings. वंशपरम्परा-गत गुण, खान्दानी या पुश्तैनी गुण।

Heresy-हॅर्'-इसि-*n.* an opinion contrary to the orthodox doctrine of a subject. पाखण्ड धर्म, नास्तिकता।

Heretic-हॅ-रॅ-टिक्-*n.* a person who holds an unorthodox opinion. पाखण्डी, नास्तिक; **Heretical** (-अल्)-*adj.* contrary to orthodox belief. धर्म-विरुद्ध; **Heretically** (-अलि)-*adv.* in a heretic manner. नास्तिकता से।

Heritable-हॅरिटेबल्-*adj.* capable of being inherited. वंशपरम्परा से प्राप्त होने योग्य।

Heritage-हॅ-रिट्-एज्-*n.* that which is inherited. बपौती, विरासत।

Heritor-हॅरिटर्-*n.* one who inherits. पूर्वजों की सम्पत्ति पानेवाला।

Hermaphrodite-हर्-मॉफ़्'-रॅ-डाइट्-*n.* a being in which characteristics of both the sexes are combined. स्त्री तथा पुरुष दोनों के लक्षणों से युक्त प्राणी, उभयलिङ्गी।

Hermetic, Hermetical-हर्-मॅट्'-इक्, (-अल्) -*adjs.* belonging to alchemy, magical, perfectly closed. कीमियागिरी-सम्बन्धी, जादू का, भली भाँति बन्द किया हुआ; **Hermetically sealed** (perfectly closed and airtight.) दृढ़ता से बन्द किया हुआ जिसमें वायु प्रवेश न कर सके।

Hermit-हर् - मिट् -*n.* a person living in solitude, a recluse. तपस्वी, संन्यासी, फ़कीर।

Hermitage-हर-मिट्'-एज्-*n.* a hermit's dwelling or cell, a solitary abode. आश्रय, कुटी।

Hernia-हर्'-नि-आ-*n.* rupture. अण्डकोष में आँत उतरने का रोग; **Hernial** (-अल्)-*adj.* pertaining to hernia. इस रोग से सम्बन्धित।

Hero-ही'-रो-*n.* (*pl.* **Heroes.**) a man of superhuman power, a demi-god, a very brave man, the chief person in a play. पराक्रमी पुरुष, अर्ध देवता, महावीर, नाटक का नायक (कथापुरुष); **Hero-worship** (worship of heroes.) महात्माओं का पूजन।

Heroic-ही'-रो-इक्-*adj.* worthy of a hero. वीरता का (पराक्रम-युक्त); **Heroically** (-अलि) -*adv.* in the manner of a hero. वीरता से।

Heroify-ही-रों'-इ-फ़ाइ, **Heroize** (-आइज़्)-*v. i.* to make a hero of. वीर बनाना।

Heroine-ही'-रो-इन्-*n. fem.* a female hero, principal female actor. वीराङ्गना, नायिका, अभिनेत्री।

Heroism-ही'-रो-इज़्म्-*n.* the qualities of a hero. शूरत्व, पराक्रम।

Heron-हॅरन्-*n.* a long-legged wading bird. सारस, बगुला; **Heronry** (-रि)-*n.* a place where herons breed. सारसों के बच्चा देने का स्थान।

Herpes-हर'-पीज़्-*n.* a disease of the skin characterised by patches, nettlerash. जुलपित्ती नामक रोग।

Herring-हॅ'-रिङ्ग्-*n.* a small sea-fish much used for food. एक प्रकार की खाई जानेवाली समुद्री मछली; **Herringbone stitch** (a kind of cross-stitching.) नीचे-ऊपर की सिलाई।

Hers-हर्ज़्-*pron.* possessive case of 'she' used

after auxiliary verbs; *-adj.* उस स्त्री का, इसका प्रयोग क्रिया इत्यादि के बाद में किया जाता है; यथा—It is hers. इत्यादि।

Herself-हर्'-सेल्फ़-*pron.* reflexive form of she and her. स्वयं स्त्री का, स्वयं स्त्री ने; **She is not herself** (she is not in her normal state of body or mind.) वह स्त्री आपे में नहीं है।

Hesitant-हेज़्-इट्'-ऑन्ट्-*adj.* hesitating. हिचकिचाता हुआ, हिचकनेवाला।

Hesitate-हेज़्'-इट्-एट्-*v. i.* to speak or act with indecision, to waver, to be doubtful. हिचकिचाना, आगा-पीछा करना।

Hesitating-हेज़्'-इट्-एट्'-इङ्ग्-*adj.* irresolute. द्विविधा का, अनिश्चित, सन्देह-पूर्ण; **Hesitatingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a hestitating manner. आगा-पीछा करते हुए (सन्देह में)।

Hesitation-हेज़्'-इट्-ए-शन्-*n.* the act of hesitating. सन्देह, संशय, द्विविधा।

Hesitative-हेज़िटे टिव्-*adj.* showing hesitation. सन्देह दिखलाता हुआ या दिखलानेवाला।

Hesitator-हेज़िटेटर्-*n.* one who hesitates. आगा-पीछा करनेवाला मनुष्य।

Hesperian-हेस्पीरिअन्-*adj.* western. पाश्चात्य।

Hesperus-हेस्परस-*n.* the Evening Star. सन्ध्या का तारा।

Hessian-हे-सि-अन्-*n.* a strong coarse cloth of hemp or jute. सन या पटुवे का बना हुआ टाट।

Hest-हेस्ट्-*n.* a behest or command. आज्ञा, हुक्म।

Hetero-हेटरो-*pref.* in the sense of other, different. 'विपरीत या भिन्न' अर्थ सूचक उपसर्ग;

Heterodox-हेटरो-डॉक्स्'-*adj.* not orthodox. धर्म-विरुद्ध, नास्तिक।

Heterodoxy-हेट्'-अर्-ओ-डॉक्-सि-*n.* a doctrine contrary to orthodox. नास्तिकता।

Heterogeneous-हेट्-टर्-ओ-जीन्'-इ-अस्-*adj.* of diverse character. भिन्न अथवा विरुद्ध जाति का (बेमेल); **Heterogeneity** (-इट-इ), **Heterogeneousness**, (-नेस्)-*ns.* the state of being heterogeneous. भिन्नता, विपर्यय; **Heterogeneously**-हेट-टर्-ओ-जीन्'-नि-अस्-लि-*adv.* in a heterogeneous manner. भिन्नता से।

Heterogenesis-हेट-टर्-ओ-जेन्'-इस्-इस्-*n.* production of offspring different from the parents. माता-पिता से भिन्न संतति की उत्पत्ति।

Heteronym-हेटरो-निम्-*n.* a word spelt like another but with a different sound and meaning. एक ही अक्षर-विन्यास का परन्तु भिन्न उच्चारण व अर्थ का शब्द।

Heugh-ह्यू-*n.* a ravine. दर्रा।

Heuristic-ह्यू-रिस्ट्'-इक्-*adj.* serving to find out. अन्वेषण करनेवाला, पता लगानेवाला।

Hew-ह्यू-*v. t. & i.* (*p. t.* **Hewed**, *p. p.* **Hewn**) to cut or chop with an axe or sword, to deal cuts. काटना, गढ़ना, टुकड़े करना। **Hewer** (-अर्)-*n.* one who hews. काटनेवाला।

Hexa-हेक्सा'-*pref.* in sense of 'six'. उपसर्ग जिसका अर्थ 'छः' होता है।

Hexagon-हेक्सा-गॅ-न्-*n.* a figure of six angles and sides. षट्कोण, षड्भुज; **Hexagonal** (-अल्)-*adj.* having six sides. छः पहल का।

Hexameter-हेक्सामिटर्-*n.* a verse which consists of six metrical feet. षट्पदी श्लोक या कविता।

Hey-हे-*interj.* expressive of joy. आनन्द-सूचक, अव्यय अहाहा!

Heyday-हे'-डे-*interj.* of frolic or wonder. हर्ष या आश्चर्य-सूचक अव्यय; **Heyday of youth** (vigour of youth.) नवयौवन; **Heydey** (-डे)-*n.* full bloom or vigour. पूर्ण विकसित अवस्था।

Hi-हाइ-*interj.* used to call attention. ध्यान आकृष्ट करने के लिये प्रयुक्त अव्यय।

Hiatus-हाइ-एट्'-अस्-*n.* a break in continuity, an opening, a gap or chasm. भंग (फटन, भेद), छेद, दरार।

Hiccup-हिक्'-अप्-*n.* an involuntary contraction of diaphragm with sudden closure of glottis. हिक्का, हिचकी; **Hiccough** (-अप्)-*n.* a hiccup. हिचकी।

Hickory-हिकरि-*n.* an American tree allied to walnut. अखरोट की जाति का अमेरिका का एक वृक्ष।

Hid-हिड्-*p. t. & p. p.* of Hide.

Hidden-हिड्'-इन्-*p. p.* of Hide; *-adj.* concealed. छिपा हुआ।

Hide-हाइड्-*n.* the skin of an animal. पशु का चमड़ा, खाल।

Hide-हाइड्-*v. t.* (*p. t.* **Hid**, *p. p.* **Hidden**, **Hid**) to keep out of sight, to conceal, to keep secret. गुप्त रखना, छिपाना; **Hide and seek** (a kind of children's game.) बच्चों का आँखमुँदौअल का खेल; **Hidebound** (preventing movement.) गति रोकनेवाला; **Hider** (-अर्) -*n.* one who conceals. छिपानेवाला; **Hiding** (-इङ्ग्) -*n.* act of concealing. छिपाने का कार्य।

Hideous-हिड्'-इ-अस्-*adj.* repulsive, frightful. भयंकर, डरावना; **Hideously** (-लि) -*adv.* in a frightful manner. विकराल रूप से; **Hideousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being frightful. उग्रता, करालता।

Hie-हाइ-*v. i.* to go quickly, to hasten. जल्दी से भागना।

Hiemal-हाइ' -ऍमल् - *adj.* wintry, pertaining to winter. शीत ऋतु-सम्बन्धी।

Hierarch-हाइ'-अरार्क्-*n.* a chief priest, a ruler in holy matters. प्रधान पुरोहित, धर्म-शासक।

Hierarchical-हाइ'-अरार्किकल्-*adj.* pertaining to hierarch. प्रधान पुरोहित-सम्बन्धी।

Hierarchy-हायर्' -आर्क् - इ -*n.* the order of angels, priestly government. देवदूतों का समूह, पुरोहितों का शासन।

Hiero-हाइ'-अर्-ओ-*pref.* in sense of priestly. 'पुरोहित-सम्बन्धी' अर्थ का उपसर्ग।

Hieroglyph-हाइ-अर् -ओ -ग्लिफ् - *n.* a sacred symbol, a picture-writing. बीजाक्षरों के लिये चित्र की लिखावट; **Hieroglyphic** (-ग्लिफ्'-इक्)-*adj.* & *n.* written in such symbols. गूढ़ाक्षरों में लिखित, बीजाक्षर-सम्बन्धी।

Higgle- हिग्' - गल् -*v. i.* to dispute about terms, to chaffer. सौदे के विषय में झगड़ना, फेरी करके बेचना।

Higgledy-piggledy- हिगल्डि- पिगल्डि-*n.* an utter confusion. गोलमाल, गड़बड़ी; -*adv.* in confusion. व्यग्रता में।

High-हाइ-*adj.* (*comp.* **Higher**,*sup.* **Highest.**) -*n.* an elevated place. ऊँचा स्थान ; -*adj.* powerful, strong, intense, lofty, tall, loud, honourable, dear in price, elevated in rank, arrogant. शक्तिमान्, पुष्ट, तीव्र, ऊँचा, लम्बा, तेज, प्रतिष्ठित, श्रेष्ठ, महँगा, उच्च कोटि का, धृष्ट, ढीठ;-*adv.* far up, eminently. बहुत ऊपर से, उच्चता से;**Of high family** (of noble birth.) उच्च कुल का, कुलीन; **Highnoon** (mid-day.) ठीक दोपहर; **High and low** (people of all ranks.) सब जाति के लोग; **From on high** (from the sky.) आकाश से।

High-born-हाइ'-बॉर्न् - *adj.* of noble birth. उच्च कुल का।

High-bred-हाइ'-ब्रेड्-*adj.* refined. कुलीन, शिष्ट।

High-coloured - हाइ' - कलर्ड् - *adj.* with a glaring colour. तेज रंग का।

High-day-हाइ'-डे-*n.* a holiday. उत्सव का दिन।

High-fed-हाइ' - फ़ेड् -*adj.* fed luxuriously. उत्तम् भोजन से पोषित।

High-flier-हाइ'-फ़्लाइ-अर्-*n.* an adventurous person. साहसी पुरुष।

High-flown-हाइ'-फ़्लोन्-*adj.* proud, turgid. गर्वी, उन्नत।

High-handed-हाइ'- हॅण्ड् -ऍड्- *adj.* violent. उच्छृङ्खल, उद्धत।

High-hearted-हाइ'-हार्टॅड्-*adj.* courageous. साहसी।

Highland- हाइ- लॅन्ड् -*n.* a hilly country. पहाड़ी प्रदेश; **Highlander** (-अर्) -*n.* पर्वती प्रदेश का निवासी।

Highly-हाइ'- लि-*adv.* in a high manner. बहुत, अति, परम।

High-minded-हाइ'-माइन्ड्-ऍड् - *adj.* magnanimous. उदारचित्त, महात्मा।

Highness- हाइ' - नेस् -*n.* loftiness, a title of honour given to princes and kings. ऊँचाई, राजपुत्रों तथा राजाओं की उपाधि, महाराज।

High-priest- हाइ- प्रीस्ट् - *n.* a chief priest. प्रधान पुरोहित।

High-sounding - हाइ'- साउण्ड्' - इङ्ग् -*adj.* pompous. आडम्बरी, दिखौवा।

High-spirited-हाइ'- स्पिर्-रिट- ऍड्-*adj.* rash, adventurous. उद्दण्ड, वीर, साहसी।

High-time-हाइ'- टाइम्-*n.* a full time, proper time. पूर्ण काल या समय, उचित समय।

High-water-हाइ'-वॉ-टर्-*n.* high tide. बाढ़ में जहाँ तक जल ऊपर होता है।

Highway- हाइ'- वे-*n.* a public (much frequented) road. सर्वसामान्य के आने-जाने का मार्ग, प्रधान सड़क; **Highwayman** (-मॅन्)-*n.* one who robs on the public road. दिन दहाड़े डाका डालनेवाला ठग, डाकू, लुटेरा।

Hilarious- हिल - लें - रि - अस् -*adj.* merry, mirthful. आनन्दमय, आनन्दपूर्ण, खुशदिल; **Hilariously** (-लि)-*adv.* joyfully. आनन्द से, प्रसन्नता से, खुशी से।

Hilarity-हि-लॅर्-इट्- इ-*n.* merriment, mirthfulness. आनन्द, प्रसन्नता, खुशी।

Hill-हिल्-*n.* an elevation of the earth's surface, a small mountain, a mound. उच्च भूमि, पहाड़ी, टीला।

Hillock-हिल्'-लॉक्-*n.* a small hill. छोटी पहाड़ी।

Hilly- हिल' - लि-*adj.* abounding with hills पहाड़ियों से पूर्ण।

Hilt-हिल्ट् -*n.* the handle of a sword or dagger. तलवार या कटार की मुठिया, मूठ।

Him- हिम्- *pron.* objective case of '**He**'.

उस (पुरुष) को; **Himself** (-सेल्फ्)- *pron.* reflexive form of 'He'. वह स्वयं, वह आपही; **By himself** (alone.) एकाकी, अकेला ।

Hind-हाइन्-इ-*n.* a steward, a rustic fellow, female of stag. दास, देहाती, हिरनी; -*adj.* situated at the back. पिछला; **Hinder** (-अर्) -*comp. deg.*, **Hindmost** (-मोस्ट्), **Hindermost** (-अर्-मोस्ट्)-*sup. deg.* furthest behind. सबसे पिछला ।

Hinder- हिन्' - डर् - *v. t.* to obstruct, to prevent, to retard. रोकना, अटकाना, विघ्न डालना; **Hinderer** (-अर्) -*n.* he who or that which hinders. प्रतिबन्धक, रोकनेवाला ।

Hindmost- हाइन्ड्'- मोस्ट् - *adj.* -*sup. deg.* of **Hind.** सबसे पिछला ।

Hindrance-हिन्-ड्रेन्स्-*n.* obstruction. बाधा, विघ्न, अवरोध, रुकावट ।

Hindu- हिन्डू' - *n.* a member or race of Hindustan. हिन्दू ।

Hinge-हिन्ज् -*n.* the movable joint of a door, a main principle. कब्जा (चूल), सिद्धान्त; -*v. t. & i.* to furnish with hinges, to turn on hinge. चूल या कब्जा लगाना, चूल पर घूमना; **Off the hinges** (to be in a state of disorder.) मानसिक तथा शारीरिक घबड़ाहट में ।

Hinny-हिन्'- नि -*n.* an offspring of she-ass by a horse. खच्चर ।

Hint-हिन्ट्-*n.* a slight indication, suggestion. सूचना, संकेत; -*v. t.* to bring to mind, to imply, to allude to. याद दिलाना, इशारा करना, संकेत करना ।

Hip-हिप्-*n.* the thigh-joint. चूतर, कूल्हा;-*v. t.* (*p t.* **Hipped.**) to make low-spirited. उत्साहहीन बनाना ; **Hipbath** (a bath by dipping up to hip only.) केवल कमर डुबाकर जल में स्नान; **To have a person on the hip** (to have advantage over a person.) किसी मनुष्य पर अधिकार पाना ।


Hip-hip-hurrah-हिप्' - हिप्-हूर्-रा'-*interj.* an exclamation of joy. एक साथ मिलकर आनन्द का यह शब्द बोलना, हर्ष, हर्ष, हर्ष; जय, जय, जय ।

Hippiatric-हिप-पि-ऐट्- रिक् -*adj.* pertaining to the treatment of the diseases of horses. घोड़ों की चिकित्सा सम्बन्धी ।

Hippodrome- हिप्'-पॅ-ड्रोम् -*n.* a race course for chariots and horses. रथ या घोड़ों की दौड़ का मैदान ।

Hippology- हि- पॅ- लॅ- जि-*n.* knowledge or science of horses. अश्वविद्या, शालिहोत्र ।

Hippopotamus - हि-पॅ'-पॅ-टॅ - मस्-*n.* the riverhorse. दरियायी घोड़ा, करियाद ।


Hippopotamus.

Hircine-हर्'-साइन् -*adj.* goatlike. अजवत्, बकरे के समान ।

Hire-हायर्-*n.* payment for use of a thing, wages. किराया भाड़ा; - *v. t.* to employ for wages. भाड़े पर रखना ।

Hireable-हायर्'-ऍ - ब्ल्-*adj.* that may be hired. किराया के योग्य ।

Hireling-हायर्' -लिङ्ग् -*n.* one engaged on hire. भाड़े का आदमी ।

Hirer-हायर्-अर्-*n.* one who hires or lets on hire. किराये पर देने या लेनेवाला ।

Hirsute-हर्'-स्यूट्-*adj.* hairy, rough with hair. रोयें से भरा हुआ, रूखा ।

His-हिज्-*pron.* possessive case of 'He'. उस (मनुष्य) का ।

Hisk-हिस्क्-*v. i.* to breathe with difficulty. कठिनता से साँस लेना ।

Hiss-हिस्-*v. i.* to make a sharp hissing sound. फुफकारना सिसकारना - *n.* a hissing noise. फूत्कार; **To hiss off** (to condemn by hissing.) सी-सी करके असन्तोष प्रकट करना ।

Hist- हिस्ट् -*interj.* demanding silence and attention. चुप कराकर ध्यान आकृष्ट करने का अव्यय, शान्त होकर सुनो ।

Historian- हिस्- टोर्- इ - अन्-*n.* a writer of history. इतिहास लिखनेवाला ।

Historic-हिस्-टॉर्'-इक्, **Historical** (-रिक्-अल्) -*adjs.* pertaining to history. इतिहास-सम्बन्धी, ऐतिहासिक; **Historically**(-लि)-*adv.* according to history. ऐतिहासिक रीति से ।

Historicity-हिस्'-टॉ - रि-सि - टि-*n.* inclination towards history. ऐतिहासिक प्रवृत्ति ।

Historiographer - हिस्टोरिऑ' - ग्रॅफ़र् - *n.* an official historian. सरकारी इतिहास-लेखक ।

History- हिस्टरि -*n.* (*pl.* **Histories.**) a continuous narrative of public events, events connected with persons or things, past events, narration of facts. इतिहास, चरित्र-वर्णन, प्राचीन कथा ।

Histrion- हिस्' - ट्रि - ॲ न्-*n.* a stage-player.

नाटक-पात्र ; **Histrionic** (-आन् - इक्)-*adj.* pertaining to theatre or actors. नाटक-सम्बन्धी, नाटक के पात्र का।

Hit-हिट्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* Hit.) to strike, to deliver a blow at, to get at, to fall in with. मारना, पीटना, पहुँचना, भिड़ जाना ; -*n.* a blow, a stroke of good luck, chance. प्रहार, टक्कर, संयोग, घटना; **Hitter** (-टर्) -*n.* one who hits. मारनेवाला।

Hitch-हिच्-*v. t. & i.* to move with jerk, to fasten with a loop, to become fastened. झटके से हटाना, फन्दा बाँधना, इस प्रकार बँध जाना; -*n.* an impediment. बन्धन, रुकावट ; **To hitch up** (to fasten horses in carriage.) गाड़ी में घोड़ा जोतना।

Hither-हिद्'-अर्-*adv.* towards this place. इधर, इस ओर; **Hither and thither** (to this place and that, in all directions.) सर्वत्र, सब दिशाओं में।

Hithermost हिद्'-अर्'-मोस्ट्--*adj.* on this side, nearest. इस ओर, सब से समीप।

Hitherto- हिथ्'- अर्-टु-*adv.* till now. अब तक, यहाँ तक।

Hive-हाइव्-*n.* the habitation of bees. मधुकोष, मधुमक्खी का छत्ता;-*v. t.* to reside in a body (collectively.) मधुमक्खी की तरह झुककर रहना।

Ho-हो-*interj.* expressing surprise, admiration. &c. अरे ! अहा।

Hoar-होर्-*adj. & n.* grey-haired, white with age, hoariness. सफेद बालोंवाला, बुड्ढा, सफेदी; **Hoar-frost** (white particles of dew.) तुषार; **Hoariness**(-इ-नेॅस्) -*n.* greyness of hair. बालों की सफेदी ; **Hoary** (-इ) -*adj.* white with age.बुढ़ौती से श्वेत, वयोवृद्ध, ज़ईफ़।

Hoard-होर्ड्-*n.* a store, a treasure. संग्रह (ढेर), खजाना;-*v. t.* to amass, to treasure up.संचय करना, इकट्ठा करना।

Hoarse-होर्स् - *adj.* rough, having a harsh sound. रूक्ष, कर्कश शब्द का; **Hoarsely** (-लि) -*adv.* in a hoarse manner. रूक्ष स्वर से; **Hoarseness** (-नेॅस्)-*n.* the state of being hoarse, harshness. रूक्षता, स्वरभंग।

Hoax-होक्स्-*v. t.* to deceive in joke. हँसी में छलना; -*n.* a deceptive trick. हँसी का धोखा, दिल्लगी।

Hob-हॉब्-*n.* a projection on the side of a fireplace, a rustic. अँगीठी का उभाड़, देहाती; **Hobnail**(-नेॅल) -*n.* a nail used in heavy boots. जूते की एँड़ी में ठोंकने की काँटी।

Hobble-हॉब्'-ब्ल् -*v. i.* to walk limpingly, to tie the legs of animals so that they may not run away. लँगड़ाकर चलना, पशुओं का भागना रोकने के लिये टाँग बाँधना; -*n.* an awkward situation, difficulty. भद्दी अवस्था, कठिनाई।

Hobbledehoy-हॉब्ल्'-डि-हॉय्-*n.* an awkward youth. भद्दा युवा पुरुष।

Hobby-हॉब्'-बि-*n.* (*pl.* **Hobbies.**) a favourite occupation apart from one's main business, a small, active horse, an early form of bicycle, a small falcon. प्रिय व्यापार, छोटा, फुर्तीला या तेज़ घोड़ा, प्राचीन काल की पैरगाड़ी, एक छोटा बाज़ पक्षी; **Hobbyhorse** (a wooden horse used by children to rid e on.) बच्चों के खेल में सवारी करने का लकड़ी का घोड़ा।

Hobgoblin-हॉब्-गॉब्'-लिन्-*n.* a bugbear, an apparition. भूत, राक्षस।

Hobnob-हॉब्-नॉब्-*v. i.* to drink together, to have familiar intercourse. एक साथ मदिरा पीना, संग-साथ करना; -*n.* a friendly conversation. मित्रों की तरह बातचीत।

Hock-हॉक्-*n.* joint of a quadruped's hinder leg.चौपाये या चतुष्पद जन्तु के पिछले पैर का जोड़।

Hockey-हॉक्'-कि-*n.* a game played with a ball and sticks curved at one end. एक सिरे पर टेढ़े डण्डे से खेला जानेवाला गेंद का एक प्रसिद्ध खेल।

Hocus-हॉ'-कस्-*v. t.* (*p. t.* **Hocussed.**) to stupefy a man with drugs. दवा देकर किसी को बेहोश करना।

Hocus-pocus-हो'-कस्-पो'-कस्-*n.* a deception, a jugglery. मन्त्र-तन्त्र, इन्द्रजाल; - *v. t.* to cheat. धोखा देना।

Hod-हॉड्-*n.* a trough for carrying mortar &c. मसाला ढोने की कड़ाही।

Hodman-हॉड्-मैन्-*n.* a man who carries a hod. सुरखी चूना ढोनेवाला आदमी।

Hodge-podge-हाज्'-पॉज्-*n.* a confused mass. अनेक द्रव्यों का मिश्रण, खिचड़ी।

Hoe-हो-*n.* a tool for loosening soil. कुदाली, फावड़ा; -*v. t.* to dig with a hoe. कुदाली से खोदना।

Hog-हॉग्-*n.* a swine, a castrated boar. शूकर, (सुअर), बधिया किया हुआ सुअर; -*v. t.* (*p. t.* **Hogged.**) to cut hair short, to bend. बाल छोटा करना, घुमाना।

Hoggish-हॉग्'-गिश् -*adj.* like a hog, filthy, सुअर के समान, गन्दा।

Hogshead-हॉग्ज्'-हेॅड्-*n.* a liquid measure or

52 gallons, a large cask. ५२ गैलन तरल वस्तु की नाप, एक बड़ा पीपा।

Hoick, Hoik-हॉ'-इक्-*vs. t. & i.* to turn an aeroplane upwards. हवाई जहाज को ऊपर की ओर उठाना।

Hoiden-हॉय्'-डन्-*n.* a rude bold girl, romp. धृष्ट कन्या।

Hoist-हॉ-इस्ट्'-*v. t.* to lift, to raise aloft, to elevate, to heave. ऊपर को उठाना, उभाड़ना।

Hoky-poky, Hokey-pokey-होक्'-इ - पोक्-इ-*n.* cheap icecream sold by street-vendors. सस्ती बरफ की कुल्फी जो फेरीवाले बेचते हैं।

Hold-होल्ड्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Held.**) to keep fast, to grasp, to contain, to occupy, to engross, to consider, to celebrate, to believe, to convene. पकड़ना, थामना, रखना, धरना, ग्रस्त होना, विचारना, उत्सव मनाना, विश्वास करना (प्रचलित करना), सभा करना या बुलाना;-*n.* a grasp, custody, interior cavity of a ship. पकड़, बन्धन, जहाज का भीतरी भाग; **Hold** -*interj.* (stop !) ठहरो! **Hold your tongue** (stop talking.) चुप रहो; **To hold back** (to stop.) ठमकना, रुकना; **To hold by** (to accept.) स्वीकार करना, मानना; **To hold dear** (to regard with affection.) प्रेम से मानना; **To hold forth** (to offer, to speak publicly.) समर्पण करना, सबके सामने बोलना; **To hold him of no value** (to think him worthless.) उसको निकम्मा समझना; **To hold in** (to restrain.) रोकना; **To hold in esteem** (to respect.) आदर करना; **To hold it good** (to think advisable.) उचित विचारना; **To hold one's head high** (to show pride.) गर्व दिखलाना; **To hold out** (to stretch.) फैलाना; **To hold over** (to postpone.) टालना, स्थगित करना; **To hold up** (to sustain.) सहारा देना।

Hold-all-होल्ड्'-ऑल्-*n.* a canvas bag with pockets to hold bedding &c. बिस्तरा आदि बाँधने का किर्मिच का बस्ता।

Holder-होल्ड्' -अर् - *n.* one who holds, a tenant, a pen with contrivance to hold a nib. पकड़नेवाला, असामी, काश्तकार, निब लगा कर लिखने की कलम।

Holding-होल्ड्'-इङ्ग् -*n.* a tenure of land. खेतीबारी, ठीके की जमीन।

Holdback-होल्ड्-बैक्-*n.* hindrance, check. अवरोध, रुकावट।

Holdfast-होल्ड्'-फास्ट्-*n.* a contrivance for securing nail &c. काँटी, बोल्टू इत्यादि कसने का साधन।

Hole-होल्-*n.* a hollow place, an excavation, an animal's burrow, a pit, a mean abode. गर्त, गुहा, बिल, जानवर की माँद, गड्ढा, तुच्छ गृह; -*v.t.* to make holes in. छेद करना; **To pick holes in** (to find fault with.) दोष खोजना; **Hole and corner** (secret.) रहस्य, गुप्त बात।

Holiday-हॉ-लि-डे'-*n.* (*pl.* **Holidays.**) a day of recreation or festival, vacation. उत्सव, त्योहार, अनध्याय का दिन, छुट्टी का दिन।

Holily, Holiness-see **Holy.**

Holla-हॉल्'-ला-*interj.* same as **Hollo.** अरे।

Holland-हॉल्'-लन्ड्-*n.* a kind of linen. एक प्रकार का मलमल।

Hollo-हॉल्-लॉ-*v. t. & i.* to shout, to call. चिल्लाना, पुकारना, ललकारना।

Hollow-हॉ-लो-*adj.* excavated, empty, vacant, false, insincere. पोला, खोखला, छूछा (निःसार), खाली, झूठा, बेईमान; -*n.* a cavity or depression, hole or den. पोला स्थान, पेड़ का खोड़र, गड्ढा;-*v. t.* to excavate. खोदना, गड्ढा करना; -*adv.* completely. पूर्ण रूप से; **Hollow-hearted** (insincere.) बेईमान; **Hollowness** (-नेस्) -*n.* insincerity. शून्यता, असत्यता, बेईमानी; **Hollow-ware**(- वेयर्) -*n.* cooking pots &c. पकाने के पात्र।

Holly-हॉल्-लि-*n.* an evergreen shrub with prickly leaves. सर्वदा हरी रहनेवाली एक काँटेदार झाड़ी।

Hom-होम्-*n.* an inlet in a river. नदी के बीच का टापू।

Holocaust-हॉलो-कॉस्ट् - *n.* a wholly burnt sacrifice, a disastrous fire. पूर्ण आहुति, प्रचण्ड अग्नि।

Holster-होल्'-स्टर्-*n.* a leather case for pistol fixed to saddle. पिस्तौल रखने की चमड़े की जेब जो घोड़े की काठी में लगी होती है।

Holt-होल्ट्-*n.* a wood, a wooded hill. जङ्गल, जङ्गल लगी हुई पहाड़ी।

Holy-हो'-लि-*adj.* (*comp.* **Holier,** *sup.* **Holiest,**) sacred, pious, free from sin, perfect, devoted to God. पवित्र, धार्मिक, पापरहित; शुद्ध; **Holily**(-इ-लि)-*adv.* in a holy manner. पवित्रता से; **Holiness** (-नेस्) -*n.* piety, devotedness. पवित्रता, धार्मिकता; **Holy Land** (a sacred place.) पुण्यभूमि ; **Holy place** (a place of pilgrimage.) तीर्थस्थान; **Holy study** (a study of sacred texts.) वेदों का

अध्ययन; **Holy wisdom** (a knowledge about self.) ब्रह्मज्ञान; **Holy writings** (sacred writings.) वेद, श्रुति।

Homage-होम्'-एज्-*n.* acknowledgement of allegiance, dutiful reverence. पूजा, उपासना (सेवा), प्रभुभक्ति।

Home-होम्' - *n.* a dwelling-place, a fixed residence or household, a native land, a place of rest. घर, वासस्थान, जन्मभूमि, आश्रय-स्थान; -*v. t. & i.* to come home. घर आना; -*adv.* closely. पूर्ण रूप से; **Home Charges** (expenses defrayed in Great Britain from India's income.) भारत के रुपये से इँगलैंड में होनेवाला खर्च; **Home industry** (industry carried on in one's own country.) देश का व्यापार; **Homeless** (-लेस्) -*adj.* without a home. गृहहीन, बिनाघर का, निराश्रय; **Homely** (-लि) - *adj.* domestic. गृहस्थी-सम्बन्धी; **Home Member** (Home Secretary.) गृह-सचिव; **Home office** (department of the Secretary of State for home affairs.) गृह-सचिव का घरेलू कार्य के विषय का कार्यालय; **Home Rule** (self- government.) प्रजातन्त्र राज्य, स्वराज्य; **Homesick** (sorry for being absent from home.) घर से वाहर रहने से खिन्न; **Homespun** (cloth spun at home.) खद्दर, घर का बना वस्त्र; **Homestead** (a building with outhouses.) बड़ी इमारत; **Homeward** (-s) (towards home.) घर की ओर, घर की तरफ; **At home** (free as at one's own home.) अपने घर की भाँति स्वतंत्र; **The thrust went home** (*i. e.* exactly to the point aimed at.) निशाना ठीक लगा; **Words went home to his heart** (*i. e.* were piercing.) बातें उसके दिल में बैठ गईं।

Homeopath (also **Hemoeopath**) होमिओ-पैथ्-*n.* one who practises homeopathy. होमियोपैथी चिकित्सक: **Homeopathically** (-इक-लि)-*adv.* in a homeopathic manner. होमियोपैथिक रीति से; **Homeopathist** (-इस्ट्) -*n.* one who practises homeopathy. इस विधि का चिकित्सक; **Homeopathy** (-इ)-*n.* Hahnemann's system of curing diseases by minute doses of drugs. होमियोपैथिक चिकित्सा।

Homicidal-*adj.* see **Homicide.**

Homicide-हॉम्'-इस्-साइड्-*n.* man slaughter, one who kills a human being. मनुष्य की हत्या, मनुष्य-घातक; **Homicidal** (-सिडल)-*adj.* pertaining to homicide. मनुष्य-वध-सम्बन्धी।

Homily-हॉम्'-इल्-इ-*n.* a sermon, a moralising discourse. धार्मिक उपदेश, धर्मवाक्य।

Hominy-हॉम्'-इन् - इ-*n.* maize hulled and boiled in water. दलिया, महेरा।

Homo-हॉ-मो-*pref.* in the sense of, the same, common. 'सदृश अथवा सामान्य' अर्थ का उपसर्ग।

Homogeneal-हॉ-मो-जीन्'-इ-अल्, **Homogeneous**-हॉ-मो-जीन्'-इ-अस्-*adjs.* of the same kind. समान जाति का, एक ही प्रकार का।

Homologous-हॉ-मोल्'-ॲ - गस् - *adj.* having the same relation or relative position. तुल्य परिमाण का।

Homonym-हॉ-मो-निम्-*n.* words of the same form but differing in sense. एक ही रूप किन्तु भिन्न अर्थवाले शब्द।

Homonymic-हॉ-मो-निम्'-इक्, **Homonymous** (-अस्)-*adjs.* equivocal. अनेकार्थ शब्द-सम्बन्धी।

Homy-होम्'-इ-*adj.* home-like. गृहवत्, घर के समान।

Hone-होन्-*n.* a whetstone. सान, सिल्ली; -*v. t.* to sharpen on a hone. सिल्ली पर हथियार तेज करना।

Honest-ऑन्'-ऍस्ट्-*adj.* fair and upright in dealings, sincere, faithful. निष्कपट, ईमानदार, सच्चरित्र, सच्चा; **Honestly** (-लि) -*adv.* in an honest manner. ईमानदारी से, सचाई से।

Honesty-ऑन्'-ऍस्ट्'-इ-*n.* uprightness, integrity. सत्यता, खरापन, ईमानदारी; **Honesty is the best policy** (maxim of self-interested morality.) सत्यता या ईमानदारी ही सबसे उत्तम मार्ग है।

Honey-हन्'-इ-*n.* the sweet fluid collected by bees, sweetness. मधु (शहद), मधुरता; **Honey-bee** (a bee that gathers honey.) मधुमक्खी।

Honeycomb-हन्'-इ-कोम्-*n.* the hexagonal cells of wax in which bees collect honey and lay eggs. मधुकोष, शहद की मक्खी का छत्ता।


Honeycomb.

Honeymoon-हन्' - इ-मून् - *n.* a month's holiday spent by newly married couple after marriage. विवाह के बाद दम्पति का आनन्द पूर्णमिलन-मास।

Honeysuckle-हन्'-इ-सक् - कल्-*n.* name of sweet-scented flower of clover. तिनपतिया के सुगन्धित फूल का नाम।

Hat हॅट्; Hot हॉट्; Measure मेझ़र

Honk-हॉङ्क्-*n*. the cry of a wild goose, sound of a motor-horn. जंगली बतख का शब्द, मोटर के भोंपे का शब्द।

Honorarium-ऑनरेरिअम्-*n*. the fee paid for professional services. किसी व्यवसाय का शुल्क या पारिश्रमिक, शुकराना।

Honorary - ऑनररि - *adj*. conferred as an honour, serving without pay, holding a title without performing any services. सम्मानार्थ प्रदत्त, अवैतनिक, बिना तनख्वाह का, बिना किसी सेवा के ही पदवी धारण करनेवाला।

Honorific- ऑनरिफ़िक् - *adj*. implying or conferring respect. मान या प्रतिष्ठा सूचक।

Honour-ऑन्'-अर्- *n*. dignity, high respect, good name, reverence, nobleness of mind, chastity. सम्मान, आदर, प्रतिष्ठा (सत्कार), कीर्ति, उदारता, सच्चरित्रता;-*v. t.* to venerate, to respect, to accept and pay (draft &c.) when due, to confer honour. प्रतिष्ठा करना, हुन्डी आदि सकारना, उपाधि देना; **Your honour, His honour.** श्रीमान्।

Honourable-ऑनरेबूल-*adj*. worthy of honour, illustrious, upright. माननीय, आदरणीय, सच्चरित्र ; **Honourably** (-ऍब्-लि)-*adv*. in an honourable manner. मानपूर्वक, न्यायपूर्वक, इज्जत के साथ।

Hood-हुड्-*n*. a covering for the head, cowl, a badge worn over a university gown. सिर ढाँकने का वस्त्र (कंटोप), विश्वविद्यालय के उपाधि-सूचक महावस्त्र के ऊपर का विशेष अलङ्कार;-*v. t.* to cover with a hood. ढँकना लगाना, ढाँकना; **Hooded** (-ऍड्) -*adj*. covered with a hood. ढकना लगा हुआ।

Hoodwink-हुड्-विङ्क्'-*v. t.*to blind by covering the eyes, to deceive. आँखों को वस्त्र से ढाँकना, धोखा देना।

Hoof-हूफ्-*n*. (*pl*. **Hoofs,Hooves.**) the horny part of a beast's foot. खुर;-*v. i.* to walk as cattle. खुर मारना, पशु की तरह चलना; **Hoof-pad** (a pad for the hoof of horses.) घोड़े के पैर में बाँधने की गद्दी।

Hook-हुक् - *n*. a bent piece of metal, bent wire used for catching fishes, a snare. कुलावा, काँटा, मछली फँसाने की बंसी, जाल; -*v. t. & i.* to catch with a hook, to bend. कँटिया में फँसाना (मछली पकड़ना), झुकाना; **By hook or by crook** (by right or wrong means.) किसी भी उपाय से; **To hook on** (to draw as with a hook.) कँटिया से फँसाना।

Hooked-हुक्ड, **Hookt**-हुक्ट्-*adj*. shaped like a hook. ऐंठा, टेढ़ा।

Hooker-हूक्'-अर्-*n*. a kind of sailing ship एक प्रकार का छोटा जहाज़।

Hooligan-हू-लिगन्-*n*. a cruel ruffian. गुण्डा, बदमाश।

Hoop-हूप्-*n*. a circular band of metal, a wooden or iron circle. चक्कर, घेरा, गोल पट्टा;-*v. t.* to encircle. ऐसे पट्टे से बाँधना।

Hoop-हूप्-*v. i. & n.* to utter a hooping sound. हू-हू का शब्द करना, ऐसा शब्द; **Hooping cough** (a kind of cough in which the patient whoops.) कुक्कुरखाँसी, सूखी खाँसी।

Hoot-हूट्-*v. i.* to make a loud sound especially in contempt, to drive away by hooting. घृणा से धिक्कारना, छी-छी करना;-*n*. a sharp cry, a shout in contempt. कर्कश शब्द, असन्तोष का शब्द।

Hooter-हूट्'-अर्-*n*. one who hoots, a steam-whistle. चिल्लानेवाला, भाफ़ से बजनेवाली सीटी (जो कारखानों में काम आरम्भ या समाप्त करने के लिए बजाई जाती है)।

Hop-हॉप् - *n*. a kind of perennial creeper, hopping, spring, dance. एक प्रकार की चिर-स्थायी लता, कूदफाँद, उछाल, नाच;-*v. i.* (*p. t.* **Hopped.**) to spring on one leg, to spring on all fours, to depart suddenly. एक पैर के बल या चारों पैरों से कूदना, तुरत प्रस्थान करना; **Hop-o'my-thumb** (a man of small stature.) नाटा, छोटा मनुष्य, बौना।

Hope-होप् *n*. a desire combined with expectation, anticipation. आशा (इच्छा), मनोरथ (भरोसा);-*v. t. & i.* to look with expectation, to expect and desire. आशा करना, भरोसा करना।

Hopeful - होप्' - फुल् - *adj*. full of hope, encouraging. आशायुक्त, आशाजनक (होनहार); **Hopefully** (-फु-लि) -*adv*. in an encouraging manner. आशा से; **Hopefulness** (-फुल्-नेंस्)-*n*. the quality of being hopeful आशापूर्णता।

Hopeless-होप्' - लेंस् - *adj*. devoid of hope. आशाहीन; **Hopelessly** (-लि)-*adv*. without hope. निराशा से; **Hopelessness** (-नस्)-*n*. despair. निराशा, लाचारी।

Hopple-हॉप् - प्ल्-*v. t.* to tie together the legs of a horse. घोड़े के पैरों को एक साथ बाँधना।

Horary-हो'-ररि-*adj*.hourly, occurring every hour. प्रति घण्टे का, घण्टे-घण्टे पर होनेवाला।

Horde-होर्ड्-*n*. a band of nomads, a gang, multitude. घुमक्कड़ों का जत्था, संघ, झुण्ड।

Horizon-हॉराइजन्-*n*. the line at which the earth and the sky seem to meet, experience, limit. क्षितिज, अनुभव, परिधि ।

Horizontal-हॉराइजण्टल्-*adj*. parallel to the horizon, at right angles to the vertical level. क्षितिज के समानान्तर, समतल; **Horizontally** (-लि)-*adv*. in a horizontal direction. क्षितिज की दिशा में, पड़े बल से ।

Hormone-हॉर्'-मोन्-*n*. a chemical secretion from certain glands of the body. शरीर के भीतर का एक पुष्टिकर रासायनिक तत्त्व, न्यासर्ग ।

Horn-हॉर्न्-*n*. a hard and pointed substance on the head of cattle usually in pairs, a drinking vessel, a powder flask, a kind of wind instrument, antennae of insects. सींग, प्याला, बारूद रखने का डिब्बा, सिंगा (भोंपा), फतिंगों की मूँछ;-*v. t.* to furnish with horns. सींग लगाना ।

Horner-हार्न्'-अर्-*n*. one who deals in horns. सींग के पदार्थ बनाने और बेचनेवाला ।

Hornet-हार्न्'-एट्-*n*. a large wasp. बर्रे की जाति का एक कीड़ा, हड्डा ।

Hornless-हार्न्-लेस्-*adj*. destitute of horns. बिना सींग का ।

Horny-हार्न्'-इ-*adj*. callous, hard as horn. सींग की तरह कड़ा ।

Horologe-हॉर' - अ - लॉज्-*n*. a timepiece or clock. छोटी या बड़ी घड़ी ।

Horology-हॉर'-अ-लॅ-जि-*n*. the art of making clocks. घड़ी बनाने की विद्या ।

Horoscope - हॉर'-अ-स्कोप्-*n*. observation of planets at a person's birth. जन्मपत्रिका; **To cast a horoscope** (to prepare a horoscope.) जन्मपत्रिका बनाना ।

Horoscopical-हॉर्'-स्कोपिकल्-*adj*. pertaining to a horoscope. जन्मपत्री सम्बन्धी ।

Horrible-हॉ-रि'-बल्-*adj*. fit to excite horror, dreadful, unpleasant, hideous. भयानक, विकराल, डरावना ।

Horribly-हॉ - रिब्' - लि - *adv*. in a dreadful manner. भयङ्कर रूप से ।

Horribleness-हॉ-रि-बल्-नेस्-*n*. the state of being horrible, dreadfulness. भयंकरता, डरावनापन ।

Horrid-हॉ-रिड्-*adj*. terrible, horrible, frightful. भयङ्कर, विकट, डरावना; **Horridly** (-लि) *adv*. in a terrible manner. विकट रूप से;

Horridness (-नेस्)-*n*. the quality of being horrible, frightfulness. भयङ्कर रूप ।

Horrific-हॉ-रिफ्'-इक् -*adj*. causing horror. भयङ्कर, डरानेवाला ।

Horrify-हॉ-रि'-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Horrified**) to excite terror. डराना ।

Horripilation-हॉरिपिलेशन्-*n*. a bristling of the hairs of the body. शरीर भर के रोएँ खड़े होना, रोमाञ्च ।

Horror-हॉरर्-*n*. a dreadful shivering, shuddering, great dislike. कँपकँपी (भय), अति घृणा ।

Horse-हॉर्स्-*n*. a solid-hoofed quadruped used as a beast of burden or for riding, cavalry. अश्व, घोड़ा, घुड़सवार;-*v. i.* to mount on a horse. घोड़े पर सवार होना; **Horse-breaker** (one who trains a horse.) अश्व-शिक्षक, घोड़ा फेरनेवाला; **Horsechestnut** (a kind of tree.) एक प्रकार का अखरोट; **Horse-cloth** (a cloth for covering a horse.) घोड़े का ओहार; **Horse-fly** (a fly that stings horses.) किलनी; **Horse-laugh** (a loud boisterous laugh.) ठट्ठा, ठहाके की हँसी ; **Light horse** (artillery with light guns.) हलके शस्त्र धारण किये हुए घुड़सवार ; **Pack-horse** (a horse of burden.) लद्दू घोड़ा ; **To horse** (to ride on a horse.) घोड़े पर सवारी करना ।

Hortative-हॉर्टे टिव् -*adj*. serving to exhort. उत्साह दिलानेवाला ।

Horticultural-हॉर्टिकल्चरल्-*adj*. pertaining to the culture of gardens. उद्यानविद्या (बाग-बानी) सम्बन्धी ।

Horticulture-हॉर्टिकल्चर् -*n*. the art of cultivating gardens. उद्यानविद्या, बागबानी; **Horticulturist** (-इस्ट्) -*n*. one skilled in the art of horticulture. बागबानी में निपुण ।

Hose-होज़्-*n*. (*pl.* **Hose**) stockings, a flexible tube for watering plants. मोजा, पौधों पर पानी छिड़कने की नली ।

Hosier-होज़्'-यर्-*n*. one who deals in hosiery. मोजे का व्यापारी; **Hosiery** (-इ)-*n*. a manufactory of hoses &c. सूई से बीने हुए वस्त्र ।

Hospice-हॉस्'-पिस्-*n*. a home for the sick, a house of rest for travellers. बीमारों के रहने का स्थान, सराय ।

Hospitable - हॉस्पिटेबल् - *adj*. disposed to entertain strangers. आतिथ्यकारी, अतिथि-सत्कार करनेवाला; **Hospitably** (-ब्लि)-*adv*. with kindness to strangers. आदर-सहित, सत्कार-सहित ।

Hospital-हॉस्पिटल्-*n*. an institution for the

care of the sick and wounded, an alms-house. आरोग्यशाला, चिकित्सालय, अस्पताल।

Hospitality-हॉस्पिटीलिटि-*n.* kindness to strangers, a friendly reception of strangers and guests. आतिथ्य, अतिथि-सत्कार।

Host-होस्ट्-*n.* a large number, an army, one who entertains or lodges another, an inn-keeper. समुदाय, सेना, आतिथ्य करनेवाला, यजमान, आतिथेय, मेजबान।

Hostage-होस्ट्'-एज्-*n.* a person delivered as a pledge to the enemy. प्रतिभू (जमानत) के रूप में शत्रु को प्रदत्त व्यक्ति।

Hostel-हॉस्टल्-*n.* an inn, a house for the residence of students. सराय, विद्यार्थियों के रहने का स्थान, छात्रावास; **Hostelry** (-रि)-*n.* an inn. धर्मशाला, सराय।

Hostess-होस्ट्'-ऍस्-*n. fem.* a female host. अतिथि-सत्कार करनेवाली स्त्री।

Hostile-हॉस्'-टाइल्-*adj.* unfriendly, opposed, adverse. विरुद्ध, वैरी, विपरीत; **Hostilely** (-लि)-*adv.* in a hostile manner, adversely. विरुद्धता से।

Hostility-हॉस्टिलिटि-*n.* enmity, opposition. शत्रुता, विरोध।

Hostler-ऑस्'-लर्-same as **Ostler.**

Hot-हॉट्-*adj.* (*comp.* **Hotter,** *sup.* **Hottest.**) very warm, feeling heat, eager, pungent, passionate, violent, angry, exciting. उत्तप्त (बहुत गरम), गरमी का अनुभव करनेवाला, उत्सुक, तीता, कामातुर, उग्र, क्रुद्ध, उत्तेजक;-*adv.* eagerly, angrily. उत्साहपूर्वक, क्रोध से; **Give it him hot** (to punish.) दण्ड देना; **Hot-bed** (a manured field.) खाद डालकर तैयार की हुई जमीन; **Hot-blooded** (excitable.) प्रचंड, साहसी; **Hot-house** (a glass-house for sheltering tender plants.) कोमल वनस्पतियों को गरम रखने का शीशे का मकान; **Hotpress** (a machine for pressing paper.) कागज इत्यादि को दबाने का चौंप कल।

Hotly-हॉट्'-लि-*adv.* in a hot manner. प्रचंडता से, क्रोध से।

Hotness-हॉट्'-नॅस्-*n.* the quality of being hot. उष्णता, उग्रता, तीक्ष्णता।

Hotchpot-हॉच्'-पॉट्-*n.* a mixture of ingredients. मिलाव, मिश्रण।

Hotchpotch-हॉच्'-पॉच्-*n.* a confused mass of ingredients mixed together. खिचड़ी, गड़बड़झाला।

Hotel-हो-टॅल्'-*n.* an inn, a house for travellers. सराय (धर्मशाला), भोजनालय, होटल।

Hottentot-हॉ-ट्न्-टॉट्-*n.* one of a native race of South Africa. दक्षिणी अफ्रिका की एक जाति।

Hough-हॉक्-*n.* the joint of the hind leg of an animal, the ham. पशु की जंघास्थि।

Hound-हाउन्ड्-*n.* a dog of chase. शिकारी कुत्ता;-*v. t.* to hunt. शिकार करना।

Hour-अवर्-*n.* a duration of 60 minutes, a short time, an occasion. घंटा, घड़ी, अवसर; **At all hours** (always.) सर्वदा; **At the eleventh hour** (at the last stage.) अन्तिम क्षण में; **Hour-glass** (an instrument for measuring intervals of time by running sand through a narrow neck.) बालूघड़ी; **Hour-hand** (the hand which shows the hour on a clock or watch.) घड़ी की घंटा दिखाने वाली छोटी सूई।

Houri-हू'-रि-*n.* a nymph, an extremely beautiful woman. स्वर्ग कन्या (अप्सरा), दिव्य स्त्री।

Hourly-अवर्'-लि-*adv.* every hour. प्रति घण्टे; **In a good hour** (on a good occasion.) शुभअवसर में; **In an evil hour** (in bad time.) अशुभ काल में; **The question of the hour** (the question of the time.) इस समय का प्रश्न, प्रस्तुत विषय।

Lunar-लूनर्-*adj.* pertaining to the moon. चन्द्रमा-सम्बन्धी; **Lunarian** (-नें रिअन्)-*n.* an astronomer who devotes special attention to moon, an inhabitant of the moon. चन्द्रमा के विषय में अधिक ज्ञान रखनेवाला ज्योतिषी, चन्द्रलोक का निवासी; **Lunar day.** तिथि; **Lunar eclipse** (eclipse of the moon.) चन्द्रग्रहण; **Lunar month** (the time in which the moon makes a complete revolution about the earth. चान्द्रमास; **Lunar politics** (useless question.) निरर्थक प्रश्न; **Lunar race.** सोमवंश ।

Lunate-ल्यू' - नेंट् - *adj.* of the shape of a crescent. अर्धचन्द्र के आकार का ।

Lunatic-लूनटिक् - *adj.* insane, affected by lunacy, mad, foolish, eccentric. उन्मत्त, हतबुद्धि, पागल, झक्की ; **Lunatic asylum** (hospital for insane people.) पागलखाना ।

Lunation-ल्यु-नें-शन्-*n.* the time from one new moon to the next. एक चन्द्रोदय से दूसरे चन्द्रोदय तक का समय ।

Lunch, Luncheon-लन्च् (-न्श्यन्)-*ns.* light refreshment between breakfast and dinner. सवेरे के जलपान तथा दोपहर के भोजन के बीच में का थोड़ा भोजन; -*v. i.* to take lunch. इस प्रकार का भोजन करना ।

Lunette-लु-नेंट्-*n.* a hole or crescent-shaped space in a ceiling or dome. गुम्बद या छत में का चन्द्राकार छिद्र या ताखा ।

Lung-लङ्ग्-*n.* one of the organs of respiration. फुप्फुस, फेफड़ा; **Lungless** (-लॅस्) -*adj.* devoid of lung. बिना फेफड़े का; **Lung-power** (power of voice.) बोलने की शक्ति ।

Lunge-लन्ज्-*n.* a horse-breaker's long rope. घोड़ा फेरनेवाले की लम्बी बागडोर; -*v. t.* to exercise a horse at the end of a long rope. घोड़े को चक्कर देना; -*v. i.* to thrust with a sword. तलवार भोंकना ।

Luniform-लू'-नि-फ़ॉर्म् -*adj.* crescent-shaped. चन्द्राकार ।

Lunisolar-लू'-नि-सो' - लर्-*adj.* of the sun and moon. सूर्य तथा चन्द्र सम्बन्धी ।

Lupine-लू'-पिन्-*n.* a kind of garden plant. शमीधान्य, एक प्रकार का पौधा; -*adj.* pertaining to wolf, wolf-like. भेड़िया-सम्बन्धी, भेड़िये के सदृश ।

Lupous-see **Lupus.**

Lupus-लू'-पस्-*n.* a disease of the skin. एक प्रकार का चर्मरोग; **Lupous** -*adj.* pertaining to such a disease. चर्म रोग से संबंधित ।

Lurch-लर्च्-*n.* a sudden leaning to one side, a forlorn state. जहाज़ की एक ओर को यकायक झुकाव, आपत्ति की दशा; **To leave in the lurch** (to leave in difficulty.) आपत्ति में छोड़ना ।

Lurcher-लर्चर्-*n.* a swindler, a kind of dog. चोर, एक प्रकार का कुत्ता

Lure-ल्योर्-*n.* anything used as an enticement. प्रलोभन, ललचाने का पदार्थ; -*v. t.* to attract. लुभाना, फुसलाना ।

Lurid-लू' - रिड् - *adj.* ghastly, gloomy, unnatural, terrible. घोररूप, अन्धकारमय, अप्राकृतिक, भयङ्कर; **Luridly** (-लि) -*adv.* in a lurid manner. भयङ्करता से; **Luridness** (-नेंस्) -*n.* fearfulness. भयङ्करता ।

Lurk-लर्क्-*v. i.* to be hidden in, to escape notice, to lie in wait. छिपे रहना, दबकना, घात में रहना; -*n.* a swindle, a gross fraud. धोखा, दगा, कपट, छल ।

Lurker-लर्कर्-*n.* one who hides himself. अपने को छिपानेवाला मनुष्य ।

Lurking-लर्किङ्ग्-*n.& adj.* hiding. छिपा रहना, छिपे हुए; **Lurking place** (a hiding place.) छिपने का स्थान; **To be on the lurk** (to be on the alert.) सँभले रहना, सावधान रहना ।

Luscious-लशस्-*adj.* richly sweet, delicious. अति मधुर, स्वादिष्ट; **Lusciously** (-लि ; -*adv.* in a luscious manner. मधुरता से) **Lusciousness** (-नेंस्) -*n.* deliciousness. माधुर्य, मधुरता ।

Lush-लश्-*adj.* luxuriant, juicy. रसीला, रस भरा हुआ;-*n.* liquor, drink. मदिरा, शराब;-*v. t.* to drink. शराब पीना ; **Lushy** (-इ) -*adj.* intoxicated. मदिरा पिये हुए ।

Lust-लस्ट्-*n.* desire for sexual indulgence, eager desire. स्त्री संभोग की इच्छा, तीव्र लालसा; -*v. t.* to have carnal desire. मैथुन की इच्छा करना ।

Lustful-लस्ट्'-फ़ुल्-*adj.* having lust. कामातुर; **Lustfully** (-फ़ुल्-लि) -*adv.* in a lustful manner. कामुक की तरह; **Lustfulness** (-नेंस्) -*n.* the state of being lustful. कामातुरता ।

Lustihood-लस्टि - हुड्-*n.* vigour of body. शरीर का बल, दृढ़ता ।

Lustily-लस्टि'- लि - *adv.* in a lusty manner. बल से, लालसा से, कामुकता से।

Lustiness-लस्टि - नेॅस् - *n.* pleasure, delight, vigour, lustfulness. सुख, सन्तोष, आनन्द, शक्ति, कामुकता।

Lustral-लस्ट्रल-*adj.* purifying. शुद्धिकर।

Lustrate-लस्ट्रे ट्-*v. t.* to purify by sacrifices &c. यज्ञ, होम इत्यादि से शुद्ध करना।

Lustration-लस्ट्रे शन-*n.* the act of purifying. होम आदि से शुद्धिकरण।

Lustre-लस्टर्-*n.* gloss, brightness, brilliance, fame, radiant beauty, splendour. चमक, प्रकाश, प्रभा, यश, शोभा, कान्ति; **Lustreless** (-लॅस्)-*adj.* devoid of lustre. प्रकाशहीन।

Lustrous-लस्ट्रस् - *adj.* luminous, shining, bright. दीप्तिमान्, चमकीला, प्रभापूर्ण।

Lute-ल्यूट्-*n.* a musical instrument like guitar. सितार, वीणा; -*v. i.* to play on a lute, to sound like a lute. सितार बजाना, सितार के समान स्वर निकालना।

Lutenist-ल्यू'- टिनिस्ट्-*n.* (also **Lutanist.**) one who plays on the lute. वीणा या सितार बजानेवाला मनुष्य।



Lute.

Luteous-ल्यू'-टि-अस्-*adj.* of deep orange colour. गहरे नारङ्गी रङ्ग का।

Lutestring-ल्यूट्'-स्ट्रिङ्ग्-*n.* a string of a lute, a kind of glossy silk. वीणा का तार, एक प्रकार का चमकीला रेशमी कपड़ा।

Lutose-ल्यू' - टोस् - *adj.* covered with mud. कीचड़ से ढका हुआ।

Luxate-लक्सेट् -*v. t.* to dislocate a joint, to displace. जोड़ या सन्धि हटाना, स्थान से हटाना।

Luxation-लक्सेशन्-*n.* dislocation. सन्धि-च्युति, स्थान-च्युति।

Luxuriance-लग्-ज़्यू-रि- अन्स् -*n.* exuberance. समृद्धि, बहुतायत।

Luxuriant-लग्-ज़्यू'-रि-अन्ट्-*adj.* profuse, abundant, exuberant. अत्यन्त, प्रचुर, अति समृद्ध।

Luxuriate-लग्-ज़्य'- रि-ऐट्'- *v. i.* to feed or live luxuriously. आनन्द मचाना, चैन करना।

Luxurious-लग्-ज़्यू'- रि-अस् - *adj.* indulging in luxury. सुखभोगी, विलासी; **Luxuriously** (-लि) - *adv.* in a luxurious manner. अति सुख से, विलासपूर्वक; **Luxuriousness** (-नॅस्) -*n.* the state or quality of being luxurious. विलासिता।

Luxurist-लक्श'-रिस्ट्, लक्सुरिस्ट्-*n.* one given to luxury. विलासी मनुष्य।

Luxury-लक्शरि-*n.* (*pl.* **Luxuries**) habitual use of rich food, dress &c., delicacy. विशिष्ट भोजन, वस्त्र इ० का प्रयोग, विलास, विषय-सुख।

Lycanthropy-लाइ-कॅन्'-थ्रॉ-पि-*n.* madness in which the patient thinks himself to be a beast. पागलपन जिसमें रोगी अपने को पशु समझता है।

Lychnis-लिक्'-निस् -*n.* a genus of plants. एक प्रकार के पौधे।

Lycopod, Lycopodium-लाइ'- कॅ-पॉड्, (- पोडि - अम्) - *ns.* a kind of clubmoss. एक प्रकार की सेवार।

Lydian-लिडिअन्-*adj.* soft, effiminate. मृदुल, कोमल, जनाने ढंग का।

Lye-लाइ-*n.* a mixture of vegetable ashes and water. क्षारपूर्ण जल, सज्जीखार का घोल।

Lying-लाइङ्ग् -*n.* telling lies, *present participle* of "lie." झूठ बोलना, पड़े हुए; **Lyingly** (-लि) -*adv.* falsely, without truth. झूठ बोलते हुए।

Lyke-wake-लाइक्'-वेॅक्-*n.* watching a dead body at night. शव को रात्रि में अगोरना।

Lymph-लिम्फ़्-*n.* a colourless fluid in the tissues of animal body. शरीर में का पंछा।

Lymphatic- - लिम्फॅटिक् -*adj.* pertaining to lymph. शरीर के पंछे से सम्बन्धित।

Lyncean-लिन्सिअन्-*adj.* keen-sighted. तीव्र दृष्टिवाला।

Lynch-लिन्श्-*v. t.* to inflict punishment illegally. अन्याय युक्त दंड देना; - *n.* mob rule. मनमाना राज्य।

Lynx-लिङ्क्स्-*n.* a wild quadruped of the cat family. बिल्ली के कुल का एक जङ्गली पशु।

Lyrate-लाइ-रेट्-*adj.* of the form of a lyre. वीणा के आकार का।

Lyre-लायर्-*n.* a stringed musical instrument. वीणा, बीन।

Lyric-लिरिक्-*adj.* of the lyre, meant to be sung. वीणा का, गायन-सम्बन्धी; **Lyrically** (-अ-लि)-*adv.* in a lyric manner. गाने के रूप में; **Lyricism** (-रि-सिज़्म्)-*n.* a lyric composition. गायनरूप की कविता।

Hat हॅट्; Hot हॉट्; Measure मेॅज़र

M-एम्-the thirteenth letter of the English alphabet, in Roman notation used for 1000. अंग्रेजी भाषा का तेरहवाँ अक्षर, रोमन अङ्कमाला में १००० के लिए प्रयुक्त अङ्क।

Ma-मा-*n.* childish contraction for 'Mamma'. 'Mamma' का छोटा रूप, मा, अम्मा।

Ma'am-मॅम् (मम्)-*n.* a contracted form of 'Madam.' 'मॅडम्' का छोटा रूप, महोदया।

Mab-मॅब्-*n.* the queen of the fairies. परियों की रानी।

Mac-मॅक्-*n. pref.* used in names meaning 'son of.' नामों में "पुत्र" अर्थ का उपसर्ग।

Macabre-मकाबर्-*adj.* horrible. भयंकर।

Macadamize-मॅकॅडमाइज़् - *v. t.* to cover a road with small pieces of broken granite. पत्थर के टुकड़ों को पीटकर सड़क बनाना; **Macadamization** (-ए'-शन्)-*n.* preparing road by this method. गिट्टी से सड़क बनाने का कार्य।

Macaque-मॅ-काक्'-*n.* an African ape. अफ्रीका का लंगूर।

Macaroni-मॅकरो'-नि-*n.* (*pl.* **Macaronies**) a wheaten paste in long tubes dried for food. खाने के लिये मैदे की लेई की सुखाई गई बत्ती, सेवई।

Macaronic-मॅकरॉनिक् - *n. pl.* a mixture of languages अनेक भाषाओं का मिश्रण।

Macaroon-मॅकरू-रून्'-*n.* a sweet cake of almond, egg and sugar. बादाम, अण्डा तथा चीनी की एक प्रकार की मिठाई।

Macassar-oil-मकॅसर् - ऑइल् - *n.* a kind of scented hair-oil from Macassar town in Celebes Island. सिलिबीज़ द्वीप के मकासर नगर का एक प्रसिद्ध सुगन्धित तैल।

Macaw-मकॉ-*n.* a kind of parrot, a kind of palm. एक प्रकार का तोता, एक प्रकार का नारियल।

Mace-मेस्-*n.* a heavy club, the outer covering of nutmeg. भारी गदा, जावित्री; **Mace-bearer** (one who carries a mace.) गदाधारी।

Macerate-मॅसरेट्-*v. t. & i.* to soften by steeping in water, to be reduced by fasting. भिगोकर मुलायम करना, व्रत करके दुर्बल होना; **Maceration** (-ए'-शन्) -*n.* act of softening by steeping in water. जल में भिगोकर मुलायम करने का कार्य।

Machiavel-मॅकिअवॅल्-*n.* a cunning statesman. धूर्त राजनीतिज्ञ; **Machiavellism** (-इज़्म्) -*n.* cunning statesmanship. कूटनीति।

Machinal-मॅ-शीनल्-*adj.* pertaining to machines. यन्त्र सम्बन्धी।

Machinate-मॅकिनेट्-*v.t.* to form an intrigue, to lay plots. कपट प्रबन्ध करना, षड्यन्त्र रचना।

Machination-मॅकिनेशन्-*n.* the act of scheming. कूट प्रबन्ध; **Machinator** (-ए'-टर्)-*n.* one who plans a scheme. कपट-प्रबन्ध रचनेवाला, षड्यन्त्र करनेवाला मनुष्य।

Machine-म-शीन्'-*n.* an apparatus for applying mechanical energy, one who acts without intelligence. यन्त्र, साधन, बिना बुद्धि के काम करनेवाला;-*v. t.* to work with a machine. यन्त्र द्वारा काम करना; **Machine-gun** (gun which keeps up continuous firing.) लगातार गोला छोड़नेवाली बन्दूक; **Simple machine** (a machine composed of a few simple parts.) यन्त्र जिसमें कम भाग या पुर्ज़े हों।

Machiner-मशीनर्-*n.* a horse that drives a machine, one who works a machine. यन्त्र (मशीन) को चलानेवाला घोड़ा, यन्त्र को चलानेवाला मनुष्य।

Machinery-मशीनरि-*n.* (*pl.* **Machineries**) the work of a machine, machines in general. यन्त्र का कार्य, यन्त्रों का समूह।

Machinist-मशीनिस्ट्-*n.* one who prepares or operates a machine. यन्त्र बनाने या चलानेवाला व्यक्ति।

Mackerel-मॅकरल्-*n.* a kind of sea-fish. एक प्रकार की समुद्री मछली।

Mackintosh-मॅकिन्टॉश्-*n.* a waterproof cloth. बरसाती कपड़ा।

Macle-मॅ - कल् - *n.* a twin crystal. जुड़वाँ बिल्लौर का टुकड़ा।

Macrame-मक्रा - मि - *n.* a fringe of knotted thread. गाँठ दी हुई झालर।

Macrocosm-मॅ-क्रो'-कॉज़्म्-*n.* the entire universe. सम्पूर्ण संसार, त्रिभुवन।

Macrology-मॅ-क्रो'-लॉ-जि-*n.* verbosity. वाचालता, बड़बड़ाहट।

Macron-मॅक्'-रॅ-न्-*n.* a mark over a vowel to show that it is long. अंग्रेज़ी स्वर पर दीर्घ का चिह्न, यथाः-ā,ē,ī,ō,ū.

Macrurous-मॅक्रूरस्-*adj.* having a long tail. लम्बी पूँछवाला।

Macula-मॅक्'-यू - ला-(*pl.* **Maculae**) *n.* the dark spot in the Sun, permanent mark on skin. सूर्य का कलङ्क, धब्बा, लाञ्छन; **Macular** (-लर्)-*adj.* spotted. कलङ्क-युक्त, धब्बेदार।

Maculate-मॅक्यूलेट्-*v. i.* to spot, to stain. धब्बा लगाना, कलंङ्कित करना; -*adj.* spotted, stained. धब्बेदार।

Maculation-मॅक्यूलेशन्-*n.* spotting. लाञ्छन।

Mad-मॅड्-*adj.*(*comp.* Madder, *sup.* Maddest) insane, crazed, wildly excited, disordered in intellect. उन्मत्त, भ्रान्तचित्त, पागल, विकृत बुद्धिवाला;--*v. t.* & *i.* to make or become mad. पागल करना या होना; **To go mad** (to turn insane.) उन्मत्त होना।

Madam-मॅडम्-*n.* a polite form of address for a mistress or lady. महाशया, साहिबा, बीबी।

Madcap-मॅड'-कॅप्-*n.* an eccentric person. झक्की मनुष्य।

Madden-मॅ-इन्-*v.t.* & *i.* to make or become mad. उन्मत्त करना या पागल होना; **Maddening** (-इङ्ग्)--*adj.* causing madness, raging. पागलपन लानेवाला, भयङ्कर।

Madder-मॅ-डर्-*n.* a climbing plant. कालमेशी, मजीठ, छबीला।

Made-मेड्-*p. t.* & *p. p.* of Make.

Mademoiselle-मॅड्म्व-ज़ॅल्-*n.* an unmarried woman. कुमारी कन्या।

Madhouse-मॅड्'-हाउस्-*n.* a lunatic asylum. पागलखाना।

Madia-मॅ'-डि-आ-*n.* a plant similar to sunflower. सूरजमुखी के प्रकार का पौधा।

Madly-मॅड्'-लि-*adv.* in a mad way. उन्मत्तता से, पागलपन से।

Madness-मॅड्'-नॅस्-*n.* the quality of being mad. पागलपन।

Madrigal-मॅड्रिगल् - *n.* a pastoral song. देहाती गीत (कजली, आल्हा); **Madrigalian** (-अन्)-*adj* pertaining to a pastoral song. ग्रामीण (देहाती) गायन-सम्बन्धी।

Maffick-मॅ-फ़िक्-*v.i.* to exult or rejoice in a riotous manner. उन्मत्त की तरह आनन्द मचाना

Mag-मॅग्-*n.* a half penny. अधेला।

Magazine-मॅगज़ीन्'-*n.* a place for storing arms, ammunition, provisions &c., a periodical publication. शस्त्र, बारूद, सामान इत्यादि का गोदाम, नाना विषय की पुस्तक या पत्रिका; **Magazine-gun** (a rifle which contains a supply of cartridges.) बन्दूक जिसमें अनेक कारतूस भरे होते हैं और पारी-पारी छूटते जाते हैं।

Mage-मेज्-*n.* a magician, a learned man. जादूगर, पण्डित।

Maggot-मॅगॅट्-*n.* larva of a worm, whimsical fancy, whim. कृमि (कीड़ा), मौज (झक)।

Maggoty-मॅगॅ-टि - *adj.* full of maggots. (कीटपूर्ण) कीड़ों से भरा हुआ।

Magi-मेजाइ-*n. pl.* of Magus, a magician or a wise man of the East. प्राच्य (पूर्व) देशों का जादूगर या विद्वान्।

Magic - मॅजिक् - *n.* witchcraft, sorcery, enchantment. मन्त्र, इन्द्रजाल, जादूगरी; **Magic lantern** (see under Lantern.)

Magic square-मॅजिक्-स्क्वेअर्-*n.* a big square divided into smaller ones, each square contains a number and they are so placed that the sums of them vertically, horizontally and diagonally are the same. अङ्कयंत्र।

8	1	6
3	5	7
4	9	2

Magic square.

Magical-मॅजिकल्-*adj.* pertaining to magic. ऐन्द्रजालिक, जादू का ; **Magically** (-लि)-*adv.* in a magical way. जादूगरी से।

Magician-मॅजिशन्-*n.* a wizard, one skilled in magic. जादूगर।

Magisterial-मॅजिस्टीरिअल्-*adj.* pertaining to a magistrate. मैजिस्ट्रेट-सम्बन्धी, शासन का ; **Magisterially** (-लि)-*adv.* in a magisterial manner. शासन के रूप से या में।

Magistracy-मॅजिस्ट्रे-सि - *n.* the office or dignity of a magistrate. मैजिस्ट्रेट का पद, इनका समूह।

Magistrate-मॅजिस्ट्रेट् - *n.* a civil officer of the government invested with executive powers. जनपदाधीश, न्यायाध्यक्ष, मैजिस्ट्रेट; **Magistrateship** (-शिप्)-*n.* the office of a magistrate. मैजिस्ट्रेट का पद।

Magna Charta-मॅग्ना कार्टा-*n.* the Great English Charter of 1215. सन् १२१५ का इङ्गलैण्ड देश का प्रसिद्ध राजकीय आज्ञापत्र।

Magnanimity-मॅगननिमिटि - *n.* greatness of mind, nobility. उदारता, महानुभावता।

Magnanimous - मॅग्ननिमस् - *adj.* having greatness of mind, highsouled, high-minded. महानुभाव, उदारचरित ; **Magnanimously** (-लि)-*adv.* in a magnanimous manner. दानशीलता या महिमा से।


Magnate-मॅग्-नेट्-*n.* a wealthy or eminent personage. उच्चपदाधिकारी मनुष्य, रईस।

Magnesia-मॅग्-नी-शि-आ-*n.* a white alkaline earth used in medicines. एक प्रकार की दवा में पड़नेवाली क्षार-युक्त सफेद मिट्टी।

Magnesium -मॅग्-नीजि-अम् - *n.* a metallic

element. एक विशेष धातु जो जलाने से तीव्र प्रकाश देती है।

Magnet-मॅग्‌-नेट्‌-*n.* a piece of iron which has the property of attracting small bits of iron. लोहकान्तमणि, चुम्बक।


Magnet

Magnetic - मॅग्नेटिक् -*adj.* having the properties of a magnet, produced by magnetism. आकर्षक, खींचने की शक्तिवाला;-*n. pl.* science of magnetism. आकर्षणविद्या ; **Magnetic needle** (the light bar in mariner's compass which, being magnetised, points always to the north.) कुतुबनुमा की चुम्बकीय सूई जो उत्तर की दिशा दिखाती है ; **Magnetically** (-अलि) -*adv.* by magnetism. चुम्बकीय आकर्षण द्वारा।

Magnetism-मॅग्नेटिज़्म्-*n.* the natural agency producing attraction. आकर्षणशक्ति; **Terrestrial magnetism** (attractive force of the earth.) पृथ्वी की आकर्षणशक्ति।

Magnetization - मॅग्नेटाइज़ेशन् - *n.* the act of magnetizing, the state of being magnetized. आकर्षण संस्कार

Magnetize-मॅग्नेटाइज़्-*v. t.* to turn iron into a magnet. लोहे में आकर्षण-शक्ति उत्पन्न करना।

Magneto - मॅग् - नी' - टॅ-*n.* a generator of electric current. बिजली की शक्ति उत्पन्न करने का यन्त्र।

Magnifiable-मॅग्निफ़ाइ-ऍ-ब्ल् - *adj.* able to be magnified, worthy of being extolled. बढ़ाने योग्य।

Magnification-मॅग्निफ़िकेशन् - *n.* the act of magnifying. बृहत्तरकरण।

Magnificence-मॅग्-निफ़िसॅन्स् - *n.* grandeur or splendour of appearance. तेज, महिमा, प्रताप, ऐश्वर्य।


Magnificent-मॅग्-निफ़िसॅन्ट् - *adj.* splendid, pompous, stately, excellent. शोभमान, तेजस्वी, महाप्रतापी, देदीप्यमान; **Magnificently** (-लि) - *adv.* in a stately or magnificent manner. प्रताप (ऐश्वर्य) के साथ।

Magnifico-मॅग्निफ़िको-*n.* a grandee. यशस्वी, रईस।

Magnifier-मॅग्' - नि-फ़ायर् - *n.* one who magnifies. बढ़ाकर दिखलानेवाला।

Magnify-मॅग्'-नि-फ़ाइ-*v. t.*(*p. t.* **Magnified**) to exaggerate, to increase the size of, to extol. बढ़ाना, अधिक करना, अतिशय वर्णन करना।

Magnifying glass - मॅग्निफ़ाइङ् - ग्लास् - *n.* a convex lens, the objects seen through which have their apparent dimensions increased. बृंहणयन्त्र, आतशी शीशा, ताल।


Magnifying glass.

Magniloquence - मॅग्निलॅ - क्वॅन्स् - *n.* a pompous speech. प्रौढ़ भाषण।

Magniloquent-मॅग्निलॅ-क्वॅन्ट्-*adj.* bragging, speaking pompously, boastful. धृष्ट वाक्यवाला, शेखीबाज़; **Magniloquently** (-लि) -*adv.* in a boastful manner. प्रगल्भ वाणी से।

Magnitude-मॅग्'-निट्-यूड्-*n.* largeness, bulk, size, importance. परिमाण, मात्रा, आकार, महत्त्व; **Of the first magnitude** (of the greatest importance.) सबसे अधिक महत्त्व का।

Magnolia-मॅग्-नो'-लि-आ-*n.* a kind of large flowering tree. बड़े फूलवाला एक प्रकार का वृक्ष।

Magnum-मॅग्'-नम्-*n.* a bottle containing about eighty ounces of liquid. अस्सी आउन्स तरल पदार्थ रखने का बोतल।

Magnum bonum-मॅग्-नम्-बो'-नम्-*n.* a kind of large plum or potato. एक प्रकार की बड़ी बेर या आलू।

Magpie-मॅग्'-पाइ-*n.* a chattering bird with long tail and black and white plumes. नीलकण्ठ पक्षी।

Magus-मे'-गस्-*n.* an Eastern magician or wise man. पूर्वी देशों का जादूगर या विद्वान्।

Mahl-stick-माल्'-स्टिक्-*n.* a painter's hand-rest. चित्रकार की हाथ टेकने की तख्ती।

Mahogany-महॅग - नि - *n.* an American tree much used for furniture. महोगनी वृक्ष।

Maid-मेड्-*n.* (*mas.* **Bachelor**) a young unmarried woman, a girl, a female servant. कन्या, कुमारी, अविवाहिता युवती, दासी; **Maid of Honour** (a female attendant upon a queen.) रानी या राजकुमारी की सेविका या दासी।

Maiden-मेड्-इन्-*n. & adj.* a virgin, a maid, unused, fresh, new. युवती बालिका, कुमारी, कन्या, ताज़ी, नई, **Maidenhead** (virginity.) तारुण्य ; **Maiden-hood** (-हुड)-*n.* virginity. तरुणता ; **Maidenly** (-लि)-*adj.* like a maid, modest, gentle. कुमारी के समान, विनीत, नम्र; **Maiden name** (surname of a girl before marriage) स्त्री का विवाह के पहिले का नाम ; **Maiden speech** (the first speech of an orator.) वक्ता का पहिला व्याख्यान।

Mail-मेल्-*n.* an armour of chainwork, a bag for the conveyance of letters, the postal system, rent, payment, a protective covering of an animal, a spot caused by ironing cloth, a tribute paid to free booters, a person or carriage carrying letters. शरीर-त्राण, कवच, डाक का थैला, डाक विभाग, किराया, भुगतान, पशुओं का रक्षाआवरण, कपड़े पर इस्त्री का दाग, डाकुओं को घूस या कर, डाकिया या डाकगाड़ी; -*v. t.* to send letters &c. by post. डाक द्वारा चिट्ठी इत्यादि भेजना ।

Mailable-मेलेब्ल्-*adj.* able to be mailed. डाक से भेजने योग्य ।

Mailcoach-मेल्-कोच्-*n.* (also **Mail-drag** or **gig** or **Van.**) a coach for carrying mail. डाक ले जाने की गाड़ी ।

Mail-train-मेल्'-ट्रेन्-*n.* a train that carries the mail. डाकगाड़ी ।

Maim-मेम्-*v. t.* to cripple, to mutilate. अङ्गहीन करना, काटना; -*n.* mutilation. हीनाङ्गता; **Maimed** (-ड्) -*adj.* crippled. हीनाङ्ग ।

Main-मेन्-*n.* physical force, the ocean, a chief gas or water pipe or cable of electric current. शारीरिक बल, महासागर, गैस या पानी की प्रधान नली या बिजली की धारा ले जाने-वाला प्रधान तार ; -*adj.* principal, chief, most important. मुख्य, प्रधान, सबसे अधिक महत्त्व-पूर्ण; **In the main** (chiefly.) प्रधान रूप से; **Mainland** (principal land.) महाद्वीप, महादेश; **Mainly** (-लि) -*adv.* principally, chiefly. प्रधान रूप से, विशेष करके; **Main mast** (the principal mast of a ship.) जहाज का प्रधान मस्तूल; **Main spring** (the principal spring of a watch or clock.) घड़ी की बड़ी कमानी; **Mainstay** (the principal support.) प्रधान आश्रय; **Main stock** (capital.) मूलधन; **With might and main** with full force.) सम्पूर्ण बल से ।

Maintain-मेन्-टेन्-*v t.* to keep up, to hold, to support, to continue, to furnish, to uphold, to defend, to assert as true. अवलम्बन करना, प्रतिपादन करना, निर्वाह करना, सँभालना, धारण करना, रक्षा करना, किसी सिद्धान्त को स्वीकार करना ।

Maintainable-मेन्-टे-नें-बल्-*adj.* that may be supported. प्रतिपादन करने (सँभालने) योग्य ।

Maintenance-मेन्टि-नेन्स्-*n.* subsistence, means of support. जीविका, रक्षा, निर्वाह ।

Maize-मेज्-*n.* Indian corn. मक्का, भुट्टा ।

Maizena-मेजीना-*n.* maize starch. भुट्टे का आटा ।

Majestic-मॉ-जेस्टिक्, **Majestical** (-अल्) -*adj.* splendid, sublime, stately. प्रभावशाली, ऐश्वर्यपूर्ण; **Majestically** (-अ-लि) -*adv.* in a majestic manner. गौरव के साथ, ऐश्वर्य से ।

Majesty-मॉ-जें-स्टि (*pl.* **Majesties**) stateliness, sovereign power, greatness, grandeur, dignity. वैभव, राजप्रताप, गौरव, महिमा; **Your Majesty.** महाराज ।

Major-मेंजर्-*n.* an officer in rank above a captain, a chief, a person of full age. सैन्यदल का अध्यक्ष, प्रमुख, वयस्क, (बालिग); -*adj.* greater, more important. अधिक बड़ा या आवश्यक ।

Majority-मेंजॉ-रि-टि-*n.* greater number, full age. अधिक संख्या, बहुमत, वयस्कता ।

Majuscular-see **Majuscule.**

Majuscule-मॉ-जस्-क्यूल्-*n.* a capital letter. बड़ा अक्षर; **Majuscular** (-लर्)-*adj.* pertaining to majuscule. बड़े अक्षर-से संबंधित ।

Make-मेक्-*v. t.* (*p. t. & p.p.* **Made.**) to construct, to frame, to draw up, to perform, to compose, to execute, to establish, to collect, to prepare, to compel, to reach. बनाना, गढ़ना, मसौदा बनाना, सम्पन्न करना, रचना करना, सम्पादन करना, स्थापित करना, इकट्ठा करना, तैयार करना, बाध्य करना, पहुँचना; -*n.* shape, structure. आकार, बनावट; **A selfmade man** (a person who has risen by his own exertions.) अपने बाहुबल से धन उपार्जन करनेवाला मनुष्य; **To make account of** (to esteem.) प्रतिष्ठा करना; **To make after** (to follow.) अनुकरण करना; **To make amends** (to compensate.) घाटा पूरा करना; **To make anything of** (to find a meaning of.) मतलब निकालना; **To make away** (to run away.) भाग जाना ; **To make fire** (to light fire.) आग सुलगाना; **To make for** (to be fit for.) योग्य होना; **To make friends** (to form friendship.) मित्रता करना; **To make fun of** (to trifle with.) दिल्लगी करना; **To make light of** (to think of no importance.) तुच्छ समझना; **To make merry** (to feast.) उत्सव मनाना ; **To make off** (to run away.) भाग जाना; **To make out** (to understand clearly.) समझना, पता लगाना; **To make over** (to transfer title of.) सौंपना; **To make room** (to give place.) जगह करना; **To make up** (to reconcile.) पूरा करना; **To make up one's mind** (to determine.) संकल्प करना; **To make way** (to improve.) उन्नति करना ।

Make-believe-मेक्' - बि-लीव्-*n.* a pretence. बहाना; -*adj.* sham. बनावटी, झूठा ।

Make-peace-मेंक्' - पीस्-*n.* a peacemaker. शांति स्थापन करनेवाला।

Maker-मेकर्-*n.* one who makes. रचनेवाला, बनानेवाला, कर्ता; **Maker of pots** (a potter.) कुम्हार।

Makeshift-मेंक्' - शिफ़्ट्-*adj.* temporary, expedient. क्षणिक, आवश्यक।

Make-up-मेंक्'-अप्-*n.* the part out of which a thing is made, arrangement of galleys of types into pages, one's character, temperament, mental qualities, painting and dressing of an actor or actress, outer appearance of a book. टुकड़ा जिससे कोई पूरी वस्तु बनती है, गेली के टाइप को यथास्थान रखकर पेज बाँधना, मनुष्य का चरित्र, प्रकृति, मानसिक योग्यता, अभिनेता या अभिनेत्री का साज, पुस्तक की बाहरी आकृति।

Makeweight-मेंक्'-वेट्-*n.* that which is kept in the pan of a scale to make up the weight. पसँघा, धड़ा।

Making-मे किंग्-*n.* workmanship, material. विधान, रचना, बनावट।

Mal-मॉल्-*pref.* in sense of 'bad'. उपसर्ग जिसका अर्थ 'बुरा' है, यथा-Maladdress, Maltreatment. इत्यादि।

Malacca-मलाका-*n.* a town in Malaya Peninsula, dark brown cane of Malacca palm. मलाया प्रदेश का एक नगर, इस नगर की बेंत।

Maladjustment-मॉल्' - ऑड्- जस्ट्'-मेन्ट्-*n.* a faulty adjustment. बुरा प्रबन्ध।

Maladministration-मॉल्-ऑड् -मिनि-स्ट्रेशन्-*n.* a bad management. कुशासन, बुरा प्रबन्ध।

Maladroit-मॉल्-ॲ-ड्रॉइट्'-*adj.* clumsy. भद्दा, फूहड़; **Maladroitly** (-लि) -*adv.* clumsily. भद्देपन से; **Maladroitness** (-नेस्)-*n.* भद्दापन।

Malady-मॉलडि-*n.* (*pl.* **Maladies.**) sickness, disease. रोग, व्याधि।

Malaise-मॉल - एज़् -*n.* bodily discomfort. शारीरिक क्लेश।

Malapert-मॉल्-अपर्ट- *adj.* impudent, saucy. अविनीत, ढीठ; **Malapertly** (-लि)-*adv.* impudently. ढिठाई से; **Malapertness** (-नेस्))-*n.* impudence. धृष्टता।

Malaprop, Malapropism-मॉल्-ॲ-प्रॉप्,(-इज़्म) -*ns.* misusing a word in a ludicrous manner. भद्दी तरह से शब्द का प्रयोग करना; **Malapropian** (-इ-अन्)-*n.* ऐसा प्रयोग करनेवाला मनुष्य।

Malapropos-मॉलॅ-प्रॉ'-पो-*adv.* inopportunately, out of place. बुरे अवसर में, असमय में।

Malar-मेलर्-*adj.* pertaining to the cheek. गाल (की हड्डी) सम्बन्धी।

Malaria-मले रिआ-*n.* a kind of fever caused by the bite of certain mosquitoes. एक प्रकार का ज्वर जो विषैले मच्छड़ों के काटने से उत्पन्न होता है; **Malarial** (-अल), **Malarious** (-अस्) -*adjs.* pertaining to malaria. मलेरिया सम्बंधी।

Malcontent-मॉल्-कन्टेन्ट् - *n. & adj.* a discontented person, rebellious. असन्तुष्ट मनुष्य, अतृप्त; **Malcontentedly** (-एॅड्-लि)-*adv.* with discontent. असन्तोष से।

Male-मेल्-*n.* (*fem.* **Female.**) a male animal or plant. नर पशु या वनस्पति;-*adj.* pertaining to men or male animals, masculine. पुरुष-सम्बन्धी, पुँलिंग; **Male child** (a boy.) बालक, पुत्र; **Male species** (species of masculine sex.) पुरुष जाति।

Malediction -मॉलिडिक्शन्-*n.* a curse, evil-speaking. शाप, दुर्वचन; **Maledictory** (-टरि) -*adj.* of evil speaking. अभिशापक, दुर्वचन का।

Malefaction-मॉलिफ़ॅक्शन्-*n.* a curse. शाप, पाप

Malefactor-मॉलिफ़ॅक्टर्-*n.*(*fem.*Malefactress) an evil-doer, a criminal. पापी, अपराधी, कुकर्मी।

Malefic-मॉ-लि - फ़िक्-*adj.* harmful. हानिकर, नुक़सान पहुँचानेवाला।

Maleficence-मॉ-लि-फि - सन्स्-*n.* evil-doing, ill-will. अपकार।

Maleficent-मॉ-लि - फि - सेंन्ट्-*adj.* harmful, injurious. अपकारी।

Malevolence-मॉ-लें-व्र-लन्स्-*n.* ill-will, spitefulness. द्रोह, दुष्ट भाव।

Malevolent-मॉ- लें - व्रलॅन्ट् - *adj.* spiteful, envious. द्रोही, कुबुद्धि; **Malevolently** (-लि) -*adv.* spitefully. अहित की इच्छा से।

Malformation-मॉल्-फ़ॉर्म्'-ए-शन्-*n.*bad formation. भ्रष्ट रचना, बुरी बनावट; **Malformed** (-ड्)-*adj.* badly formed. भद्दी बनावट का।

Malice-मॉ-लिस्-*n.* ill-will, wrongful intention, spite. द्वेष, ईर्ष्या, डाह।

Malicious-मॉ-लि-शस्-*adj.* spiteful. द्रोही, पापात्मा; **Maliciously** (-लि)-*adv.* with ill-will, ईर्ष्या से, द्रोह से; **Maliciousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being malicious. ईर्ष्या, द्वेष।

Malign-मॉ-लाइन्'-*v. t.* to speak ill of, to defame, to regard with hatred. कलङ्कित करना, बदनाम करना, दूषित करना, घृणा करना; -*adj.* injurious, malicious. घातक, ईर्ष्यालु।

Malignancy-मॅलिग्नन्सि-*n.* unfavourable-ness. द्रोह, कपट।

Malignant-मॅलिग्नन्ट्-*adj.* harmful to life, malicious, showing ill-will. दुराशय, द्रोही, कपटी; **Malignantly** (-लि) *-adv.* द्रोह से, कपट से।

Malignity-मॅलिग्निटि-*n.* extreme ill-will or malice. बहुत बड़ा द्वेष या ईर्ष्या।

Malignly-म-लाइन्'-लि-*adv.* with malice or ill-will. ईर्ष्या से, द्रोह से।

Malingerer-मलिङ्गरर्-*n.* one who pretends illness to escape from duty. काम से भागने के लिये रोग का बहाना करनेवाला।

Malism-मॅलिज़्म्-*n.* the belief that there is more evil than good in this world. यह विश्वास कि संसार में भलाई की अपेक्षा बुराई अधिक है।

Malison-मॅ-लि-सन्-*n.* a curse. शाप।

Mall-मॉल्-*n.* a sheltered walk. टहलने का छायादार मार्ग, ठण्डी सड़क।


Mallard-मॅलर्ड्-*n.* the common wild duck. जङ्गली बत्तख।

Malleability-मॅलिऍबिलिटि, **Malleableness** (-नॅस्)-*ns.* the quality of being malleable. बढ़ने की योग्यता, आघात वर्द्धनीयता, लचीलापन।

Malleable - मॅलिऍबल् - *adj.* that can be extended by hammering without returning to its previous condition. पीटकर बढ़ाने योग्य, लचीला, आघात वर्द्धनीय।

Malleate-मॅलिएट् - *v. t.* to extend a plate by hammering. हथौड़े से पीटकर चद्दर को बढ़ाना।

Mallet-मॅ-लॅट्-*n.* a wooden hammer. लकड़ी का हथौड़ा, मुँगरी।



Mallet.

Malleus-मॅ-लि-अस्-*n.* the bone of the ear. कान में की हड्डी।

Mallow-मॅ-लो-*n.* a wild plant. एक प्रकार का जङ्गली पौधा।

Malm-माम्-*n.* soft chalky rock. मुलायम खड़िया मिट्टी की चट्टान।

Malnutrition-मॅल् - न्यू - ट्रिशन् - *n.* insufficient or unsuitable feeding or diet. अपर्याप्त पोषण।

Malodorous-मॅल्-ओ'-डर-स्-*adj.* foulsmelling. दुर्गन्धयुक्त, बदबूदार।

Malpractice-मॅल्-प्रॅक्टिस् - *n.* evil practice, wrong doing, illegal practice. दुराचार, कुचरित्र, बुरी चाल।

Malt-मॉल्ट्-*n.* steeped barley or other grain prepared for brewing. भिगाया हुआ जव या दूसरा अन्न जो मदिरा बनाने के लिये तैयार किया जाता है; *-v. t.* to make into malt. जव का सत्व बनाना; **Malt-liquor** (liquor prepared from fermented malt.) जव की मदिरा।

Maltha-मॅल्था-*n.* a kind of cement. एक प्रकार का जोड़ने का मसाला।

Maltose - मॉल्ट्' - ओस् - *n.* sugar which is obtained from starch. स्टार्च से निकाली हुई चीनी।

Maltreat-मॅल्-ट्रीट्' - *v. t.* to treat badly, to abuse. बुरा व्यवहार करना, गाली देना; **Maltreatment** (-मेन्ट्)-*n.* ill-treatment. अपकार, दुराचार, दुर्व्यवहार।

Malversation-मॅल्वर्स्-ए-शन् - *n.* fraudulent artifice, corrupt behaviour. दुष्ट व्यवहार, शठता, खोटा कार्य।

Mamma-म-मा-*n.* (also **Mama**) a familiar name for mother. माता, अम्मा; (मॅम्'-अ) *-n.* milkgland, breast. स्तन।

Mammal-मॅ-मल्-*n.* animal that suckles its young. अपने बच्चों को दूध पिलानेवाला प्राणी, स्तनीयजन्तु।

Mammalia-मॅमॅलिआ - *n. pl.* the highest form of vertebrates. अपने बच्चों के दूध पिलानेवाले पशुओं में श्रेष्ठ प्राणी।

Mammary-मॅमरि-*adj.* pertaining to the breast. स्तन-सम्बन्धी।

Mammilla-मॅ-मिला-*n.* the nipple of female breast. चूचुक, चूची ; **Mammillary** (-रि) *-adj.* pertaining to the nipples. चूचुक-सम्बन्धी ; **Mammillated** (-लॅ-टॅड्) *-adj.* of the form of a nipple, endowed with breast. चूचुकवत्, चूचुक-युक्त।

Mammon-मॅमन्-*n.* riches, wealth, god of wealth. धन, लक्ष्मी, कुबेर ; **Mammonish** (-इश्)*-adj.* absorbed in the pursuit of riches. धनपरायण; **Mammonism** (-इज़्म्) *-n.* the pursuit of wealth. धनपरायणता।

Mammoth-मॅ-मथ्-*adj.* huge, very large. बहुत बड़ा, महान्।

Man-मॅन्-*n.* (*pl.* **Men**, *fem.* **Woman.**) a human being, male person, human race, male sex, male servant, adult, male individual, husband. मनुष्य, पुरुष, मनुष्यजाति, पुँलिङ्ग, नौकर, प्रौढ़, नर, पति; *-v. t.* (*p. t.* **Manned**) to furnish with men, to fill, to fortify. सेना से भरना, पूरित करना, पुष्ट करना; **All to a man** (every individual.)

प्रत्येक व्यक्ति; Little man (a small boy.) छोटा लड़का; Man and wife (husband and wife.) पति और पत्नी; Man-at-arms (a soldier.) योद्धा, सिपाही; Man-hole (a hole through which a man may enter a drain.) नाली में मनुष्यों के उतरने का छिद्र; Man in the street (the average man.) सामान्य मनुष्य; Man of letters (a scholar.) विद्वान् मनुष्य; Man of straw (an unreliable person.) अविश्वासी मनुष्य; Man-of-war (a ship of war.) लड़ाई का जहाज।

Manacle-मॅनक्ल् -*n.* a shackle for the hands, fetters. हथकड़ी; -*v. t.* to shackle. हथकड़ी पहिनाना।

Manage-मॅन्'-एॅज् -*v. t. & i.* to guide by the hand, to conduct carefully, to handle, to contrive. प्रबन्ध करना, व्यवस्था करना, चलाना, साधना।

Manageability-मॅनेॅ-जॅ-विलिटि-*n.* the quality of being manageable. शासनीयता, व्यवस्था, प्रबन्ध।

Manageable-मॅनॅ जेॅब्ल्-*adj.* easy to be managed. प्रबन्ध करने योग्य; **Manageableness** (-नेॅस्)-*n.* the quality of being manageable. प्रबन्ध करने की योग्यता।

Management-मॅन्' - एॅज्' - मॅन्ट् - *n.* dealing, administration. अनुशासन, प्रबन्ध।

Manager-मॅ-नॅ-जर्-*n.* one who manages. प्रबन्धकर्ता, प्रबन्धक, कारिन्दा।

Manageress-मॅनॅजरेॅस् - *n. fem.* a female manager. प्रबन्धकर्त्री।

Managerial-मॅनॅजीरिअल् -*adj.* pertaining to management. प्रबन्ध-सम्बन्धी।

Manciple-मॅन्'-सि-प्ल् - *n.* one who buys provisions for an inn. धर्मशाला या सराय के लिये सामान खरीदनेवाला।

Mandarin, Mandarine-मॅन्'-डी-रिन्,-रीन्-*n.* a small flat orange, orange-colour, a civil or military Chinese officer. एक प्रकार की छोटी चिपटी नारंगी, नारंगी रंग, चीन का दीवानी हाकिम या सेनाधिकारी।

Mandatary-मॅन् - डॅटरि - *n.* one to whom mandate is given. वह जिसे आज्ञापत्र दिया जाय।

Mandate-मॅन्'-डेॅट्-*n.* a judicial command or order. आदेश, आज्ञापत्र।

Mandatory-मॅन्-डॅटरि - *adj.* conveying a command. आज्ञा-सूचक, आदेशात्मक।

Mandible-मॅन्'-डि-ब्ल्-*n.* the lower jaw in mammals. दूधपिलानेवाले जानवरों का नीचे का जबड़ा।

Mandola, Mandoline-मॅन्'-डो-लॉ,(-लिन्)-*ns.* a kind of stringed musical instrument. सारङ्गी की तरह का एक बाजा।

Mandragora-मॅन्ड्रॅगॅरा-*n.* a kind of poisonous plant. एक प्रकार का विषैला पौधा।

Mandrake-मॅन्'-ड्रेक्-*n.* a poisonous plant. एक विषैला पौधा।

Mandrel, Mandrill - मॅन्ड्रॅल, (-ड्रिल) - *ns.* the axis in a lathe to which work is fixed. खराद का धुरा।

Mane-मेॅन्-*n.* the long hair on the neck of certain animals. पशुओं की गर्दन पर के लम्बे बाल, अयाल; **Maned** (-ड्) - *adj.* having a mane. अयालदार; **Maneless** (-लॅस्) - *adj.* devoid of mane. बिना अयाल का।

Manege-मॉ-नेॅज्-*n.* art of training horses, a riding school. घोड़ों को सिखाने की कला, अश्वारोहण-शिक्षालय, घुड़सवारी का स्कूल।

Manes-मे-नीज्-*n. pl.* souls of the departed ancestors. पितरों की आत्मायें।

Manganese-मॅङ्ग-नीज -*n.* a black mineral. सुरमे के प्रकार की एक धातु।

Mange-मेॅन्ज्-*n.* a skin disease of animals. पशुओं का खुजली का रोग।

Manger-मेॅन्जर् - *n.* a trough to feed horses or cattle. घोड़े या चौपायों को खिलाने की नाँद।

Mangle-मॅङ्ग्'-ल्-*v. t.* to cut and hack, to mutilate. खण्ड-खण्ड करना, नष्ट करना, वध करना (बोटी-बोटी करना); **Mangler** (-लर्) -*n.* one who mangles. वध करनेवाला।

Mango-मॅङ्गो - *n.* (*pl.* Mangoes.) an Indian tree with sweet fleshy fruit. आम्र, आम।

Mangy-मेॅन्-जि-*adj.* shabby, squalid. रूक्ष, रूखा।

Mania-मे निआ - *n.* mental derangement, unreasonable or vehement desire for a thing. उन्माद, सनक, पागलपन, झक।

Maniac-मे-नि-अक् - *n.* a mad man. पागल मनुष्य; **Maniacal** (-अल्)-*adj.* affected with madness. उन्मत्त, झक्की; **Maniacally** (-अलि) -*adv.* with mania. झक में।

Manicure-मॅ-नि-क्योर्-*n.* the treatment of hands and finger-nails. हाथ तथा नखों की चिकित्सा;-*v. t.* to treat the finger-nails and hands. हाथ तथा नखों की चिकित्सा करना।

Manifest-मॅ-नि-फॅस्ट् -*adj.* clear or evident,

obvious, plain. स्पष्ट, प्रत्यक्ष, प्रकट; *-n.* the list of a ship's cargo. जहाज के माल की सूची; *-v. t. & i.* to show plainly, to reveal. प्रकाशित करना, स्पष्ट करना, प्रकट करना; **Manifestable** (-ऍ-ब्ल्)*-adj.* able to be made evident. स्पष्ट (प्रकट) करने योग्य; **Manifestation** (-ए'-शन्)*-n.* revelation, disclosing. प्रकाशन, स्पष्टता; **Manifestative** (-ए'-टिव्) *-adj.* revealing. प्रकाशन करनेवाला; **Manifestly** (-लि) *-adj.* in an obvious manner. स्पष्ट रूप से।

Manifesto-मॅनिफ़ॅस्टो*-n.* (*pl.* **Manifestos**) a public declaration by a sovereign or a state. राजा या राज्य की सार्वजनिक घोषणा।

Manifold-मॅनि-फ़ोल्ड्*-adj.* of various forms or kinds, complicated. अनेक रूप तथा आकार का, पेचीला; **Manifold writer** (a contrivance for taking several copies of a letter &c.) अनेक प्रतिलिपि करने का साधन या यन्त्र; *-v. t.* to make several copies of letters etc. पत्र इत्यादि की अनेक प्रतिलिपि बनाना।

Manifoldly-मॅनि- फ़ोल्ड्-लि*-adv.* in a manifold manner. पेचीदगी से; **Manifoldness** (-नॅस्)*-n.* the state of being manifold, multiplicity. पेचीदगी।

Manikin- मॅन्' - इ- किन् *-n.* a little man, a pigmy, a dwarf, anatomical model of the human body. छोटा मनुष्य, नाटा आदमी, बौना, मनुष्य की छोटी मूर्ति।

Manila, Manilla - मनिला *- n.* a kind of fibrous material of which ropes, mats &c. are made. एक प्रकार का सन जिसके रस्से, टाट इत्यादि बनाये जाते हैं।

Manipulate-मॅनिप्यूलेट्*-v. t.* to handle with skill, to manage skilfully. कुशलता से हाथ से करना, चालाकी से करना।

Manipulation - मॅनिप्यूलेशन् *- n.* the act of manipulating, skilful use of the hands. हस्तव्यापार, दस्तकारी।

Manipulative-मॅनिप्यूलेटिव्*-adj.* tending to manipulate. दक्षता से करने की प्रवृत्तिवाला।

Manipulator-मॅनिप्यूलेटर्*-n* one who manipulates. कुशलता से कार्य करनेवाला।

Manna-मॅना*-n.* spiritual food, a purgative medicine. देवताओं का भोजन, एक प्रकार की मधुर रेचक औषधि।

Mannequin - मॅनिकिन्*-n.* a person who is employed to wear costumes. वस्त्र पहिनानेवाला नौकर।

Manner - मॅ-नर् *- n.* form, mode of life. method, style, outward bearing. प्रकार, रीति, ढंग, चाल, बाह्य आचरण; **Manners** (-अर्स्)*-n. pl.* modes of life, outward bearing, behaviour, morals, character. आचार, व्यवहार, चरित्र, नैतिक रीतियाँ; **Mannered** (-ड) *-adj.* having good manners. भले आचरण का; **Mannerism** (-इज़्म्)*-n.* a trick of style. ऐसी रीति का सेवन; **Mannerless** (-लेस्) *- adj.* without manners, rude. अशिष्ट; **Mannerliness** (-लि - नॅस्)*-n.* the quality of being mannerly. शिष्टाचार; **Mannerly** (-लि) *-adj.* polite, respectful. शिष्ट, सुशील।

Mannikin-same as **Manikin.**

Manoeuvre-मॅनूव़र्*-n.* dexterous movement of troops, ships &c., skilful plan, stratagem. युद्धरीति, कुशलता, कपट प्रयोग; *- v. i. & t.* to move the position of troops or of ships, to manage with art, to employ artifice. सेना अथवा जहाज़ों का स्थान बदलना, चतुराई के साथ प्रबन्ध करना, छल करना; **Manoeuvrer** (-अर्)*-n.* one who manoeuvres. कपट प्रयोग करनेवाला।

Manometer-मॅ- नॉमिटर्*-n.* an instrument for estimating the elastic force of gases. वायुरूप पदार्थों का लचीलापन नापने का यन्त्र।

Manor- मॅ- नर् *-n.* the territory of a lord. जागीर, जमींदारी; **Lord of the manor** (a person having rights of a manor.) ग्रामपति; **Manor-house** (the mansion of a manor.) जागीरदार का घर।

Manorial- मॅनोरिअल् *-adj.* pertaining to a manor. जमींदारी के सम्बन्ध का।

Manse-मॅन्स्'*-n.* a parsonage. पादरियों का घर।

Mansion-मॅन्शन्*-n.* a large residential house, a manor house, a large house. भवन, गृह, महल।

Mansuetude- मॅन्- स्वी'- ट्यूड्*-n.* meekness, gentleness, tameness. विनीतता, भलमनसी, सीधापन।

Mantel - मॅन्टल् *-n.* a structure around a fireplace (now *mantel-piece.*) अग्निपिधान, अँगीठी के चारों ओर की लकड़ी इत्यादि की बनावट; **Mantelpiece** (-पीस्) *-n.* ornamental shelf over a fireplace. अँगीठी के ऊपर की सजावटी टाँड़; **Mantelshelf** (the shelf in a mantel.) ऐसी बनावट में लगी हुई टाँड़।

Mantelet - मॅन्टलेट् *-n.* a shelf for defence. बन्दूक की गोली न लगने योग्य पर्दा।

Mantilla-मॅन्टिला *- n.* a large veil, a small mantle. बड़ी ओढ़नी, बुरका, छोटा लबादा।

Mantis- मैन्ट्' - इस् -*n.* a kind of insect. एक प्रकार का कीड़ा।

Mantissa-मैन्टिसा-*n.* the decimal part of a logarithm. लघुगणक का दशमांश।

Mantle-मैन्'-ट्ल्-*n.* a covering, a woman's cloak, a covering fixed round a gas jet, a cover. ढकना, ओढ़नी, गैसबत्ती के ऊपर की जाली; -*v. t. & i.* to disguise, to be coated, to be suffused. छिपाना, ढकना लगाना, ढाँकना, ओढ़ाना; **Mantlet** (-एँट्) -*n.* a small mantle. छोटी ओढ़नी।

Manual-मॉन्' - यु- अल् -*adj.* pertaining to or done with the hands. हस्त-सम्बन्धी, हाथ से किया हुआ;-*n.* a small handy book. संक्षिप्त ग्रन्थ, छोटी पुस्तक; **Manual art.** कला, कौशल; **Manual dexterity** (skill of hands.) हस्तकला; **Manual exercise** (exercise of the body and arms.) व्यायाम, कसरत; **Sign-manual** (signature of person.) स्वहस्ताक्षर।

Manually- मैं-न्युअलि -*adv.* doing with the hand. हाथ से करते हुए।

Manufactory - मैंन्यूफ़ैक्टरि - *n.* a factory. निर्माणशाला, कारखाना।

Manufacture-मैंन्यूफ़ैक्चर्-*n.* preparation of things by hand or machinery on a large scale. शिल्पकर्म, दस्तकारी, कारीगरी; -*v. t.* to make from raw materials. दस्तकारी करना, शिल्प से बनाना।

Manufacturer - मैंन्यूफ़ैक्चरर् -*n.* one who manufactures. शिल्पकार, कारीगर।

Manumission- मैंन्-यु-मि- शन्-*n.* liberation of a slave. गुलाम का मोक्ष, गुलामी से छुटकारा।

Manumit- मैंन्-यु- मिट्' -*v. t.* to set a slave free. दास को स्वतन्त्र करना।

Manure- मैंन्योर् -*n.* anything spread over soil for fertilizing it. खाद;-*v. t.* to fertilize by manuring. खाद देकर उपजाऊ बनाना।

Manurial - मैंन्योरिअल् - *adj.* pertaining to manure. खाद-सम्बन्धी।

Manuscript-मान्'-यु-स्क्रिप्ट्-*n.* (*abbr.* Mss.) a book or document written by hand. हस्तलेख, हाथ से लिखी हुई पुस्तक, हस्तलिपि।

Many-मेनि -*adj.* (*comp.* More, *sup.* Most.) numerous. बहुत, अनेक; -*n.* many people. बहुजन; **A good many** (a large number.) अधिक संख्या; **How many** ? कितने ? **In many places** (in several places.) अनेक स्थानों में; **Many a time and oft** (often.) बहुधा; **Many-sided** (of different qualities.) नाना प्रकार का, अनेक गुणों का; **Of many kinds** (of different kinds.) नाना प्रकार के; **The many** (several.) बहुतेरे।

Map - मैप्-*n.* a drawing or representation of the earth's surface or part of it. आलेख्य-पत्र, नक़शा (खाका);-*v. t.* (*p. t.* Mapped) to draw on a map. नक़शा बनाना, खाका बनाना; **To map out** (to describe in detail.) विस्तार-पूर्वक प्रकट करना।

Maple-मे'-पुल्-*n.* a kind of shady tree. एक प्रकार का छायादार वृक्ष।

Mar-मार्-*v. t.* (*p. t.* Marred.) to impair, to injure, to blemish, to ruin. न करना, दूषित करना, हानि करना, बिगाड़ना।

Marasmic - मरॅज़्मिक् - *adj.* pertaining to marasmus. शरीरक्षय-सम्बन्धी।

Marasmus-मरॅज़्मस्-*n.* wasting away of the body, emaciation. शरीर का क्षय होना।

Maraud-मरॉड्-*v. i. & t.* to make plundering attacks, to plunder. लूटने के निमित्त आक्रमण करना, लूटना; **Marauder** (-अर्) -*n.* a plunderer. लुटेरा।

Marble-मार्ब्ल्-*n.* any compact hard limestone capable of taking polish, a small ball of clay, glass &c. used by children in play. सङ्गमरमर, लड़कों के खेलने की गोली; **Marble-hearted** (hard-hearted.) निर्दय, क्रूर, कठोर हृदय।

Marcel-मार्'-सेॅल्-*n.* the artificial curling of hairs. कृत्रिम रूप से बालों को घुँघराला करने का कार्य।

Marcescence - मार्-सेॅ-सेॅन्स् - *n.* withering. मुर्झाना।

Marcescent-मार्- सेॅ-सेॅन्ट् -*adj.* withering (of plants.) मुर्झानेवाला।

March-मार्च-*n.* the third month of the English year. अंग्रेज़ी साल का तीसरा महीना, मार्च; the movement of troops in order. सेना की नियमित गति; -*v. i.* to walk away. प्रस्थान करना, कूच करना; **Marches** (-एँज़्)-*n. pl.* boundary between two countries. दो देशों के बीच की सीमा; **To march against** (to go against.) विमुख जाना।

Marchioness-मार्शनेॅस्-*n. fem.* the wife of a marquis. मार्क्विस् (अंग्रेज़ी नवाब) की पत्नी।

Marchpane- मार्च् - पेॅन् - *n.* sweet paste of pounded almond. बादाम का मीठा हलुआ।

Marconigram - मार्कोनिग्राम् - *n.* a message sent by wireless on Marconi's system. बिना तार के समाचार भेजने की विधि।

Mare-मेॅअर्-*n.* the female of a horse. घोड़ी।

Margarine-मार्गरिन्-*n.* imitation butter. बनावटी या नकली मक्खन।

Margay- मार्'-गे-*n.* tiger-cat. एक प्रकार की जङ्गली बिल्ली।

Margin-मार्'-जि-न्-*n.* border, the space on a page between the edge & written matter, reserved amount. किनारा, पृष्ठ का अलिखित प्रान्त, हाशिया, सुरक्षित अंश;-*v. t.* to furnish with a margin. किनारा या प्रान्त या हाशिया बनाना।

Marginal-मार्'-जि-नल्-*adj.* pertaining to the margin. हाशिये या प्रान्त पर का, किनारे पर लिखा हुआ; **Marginalia** (नॅ-लिआ)-*n. pl.* marginal notes. पुस्तक के पत्र के किनारे पर लिखी हुई टीकाटिप्पणी।

Marginally-मार्'-जि-नलि-*adv.* in the margin. किनारे या हाशिये या प्रान्त पर।

Marginate-मार्'-जि-नेट्, **Marginated** (-ऐड्) -*adj.* having a margin. सीमा-युक्त, हाशियेदार।

Margosa-मार्गोसा-*n.* the Indian Neem tree. नीम का वृक्ष।

Margrave-मार्'-ग्रे-व्-*n.* a German governor. जर्मनी का शासक।

Margravine-मार्'-ग्रौ-व़ीन्-*n.fem.* the wife of a Margrave. मारग्रेव् की पत्नी।

Marigold-मॅरि-गोल्ड्-*n.* a plant with golden flowers. गेंदा, गेंदे का फूल।

Marinade-मॅरिनेड्'-*n.* a kind of pickle. एक प्रकार का अचार।

Marine-मॅरीन्'-*adj.* pertaining to the sea, naval. समुद्रीय, जहाजी; **Marine fight** (sea-fight.) जल-युद्ध।

Mariner-मॅ-रि-नर्-*n.* a sailor. नाविक, जहाजी मल्लाह।

Marinorama-मॅ-रि-नॅ-रामा-*n.* seaview. समुद्र का दृश्य।

Marionette-मॅरिअनॅट्-*n.* a puppet worked by string. तागे से हिलने-डोलनेवाली कठपुतली।

Marital-मॅरिटल्-*adj.* pertaining to a husband, of marriage. पतिविषयक, विवाह सम्बन्धी; **Maritally** (-लि)-*adv.* in a marital manner. वैवाहिक रूप में या से।

Maritime-मॅरिटाइम्-*adj.* connected with the sea, situated near the sea. समुद्रीय, समुद्र-तट पर स्थित।

Marjoram-मार्जरॅम्-*n.* a kind of aromatic, herb. एक प्रकार की सुगन्धित वनस्पति, कुठरा।

Mark-मार्क्-*n.* a target, a desired object, token, sign, seal, a written symbol, distinction, indication, numerical award assigned in an examination, conspicuous character. निशाना, लक्ष्य, लक्षण, चिह्न, मोहर, रेखा, अङ्क;-*v. t.* to make marks on, to note or observe. मोहर करना, निशान लगाना, लक्ष्य करना; **Beyond the mark** (not to the point.) अप्रस्तुत; **Person of mark** (an illustrious person.) प्रसिद्ध मनुष्य; **To mark off** (to separate.) अलगाना; **To mark out** (to trace out boundaries.) सीमा निश्चित करना; **Up to the mark** (up to the standard.) आदर्श के अनुकूल।

Marked-मार्क्ड्-*adj.* distinguished. चिह्नित, लक्ष्य किया हुआ; **Markedly** (-लि)-*adv.* in an unmistakable manner. विशेष रूप से; **Markedness** (-नॅस्)-*n.* peculiarity. विशिष्टता।

Marker-मार्कर् -*n.* one who marks. चिह्न लगानेवाला, गिननेवाला।

Market-मार्किट्-*n.* a place for purchase and sale. क्रय-विक्रय-स्थान, हाट, बाजार;-*v. t. & i.* to trade in a market. हाट में बिक्री-बट्टा करना; **Market-day** (a day of public market.) हाट का दिन; **Market-place** (a place where goods are sold.) बाजार; **Market-price** (current price.) बाजार दर; **To put on the market** (to put for sale.) बिक्री के लिए सामग्री रखना।

Marketable-मार्-कॅ-टेबल्-*adj.* saleable. बिक्री के योग्य; **Marketably** (- ब्लि) -*adv.* saleably. बिक्री में।

Marking-मार्क्'-इङ्ग्-*n.* colouring of feathers. परों की रँगाई; **Marking-ink** (ink for marking clothes.) कपड़ों पर पक्का निशान लगाने की रोशनाई।

Marksman-मार्क्स्'- मॅन् -*n.* one skilled in shooting. लक्ष्यभेदी, निशानेबाज; **Marksmanship** (- शिप्) - *n.* skill in shooting. निशानेबाजी।

Marl-मार्ल्-*n.* a kind of soil. चिकनी मिट्टी; **Marlite** (-आइट्)-*n.* a variety of marl. चिकनी मिट्टी जिस पर वायु का प्रभाव नहीं पड़ता।

Marmalade-मार्म-लेड्-*n.* a preserve of oranges and other fruits. नारंगी या अन्य फलों का मुरब्बा।

Marmoreal-मार्मो-रि-अल्-*adj.* made of marble, like marble. संगमरमर का बना हुआ, इसके सदृश।

Marmot-मार्मट्- *n.* a kind of squirrel. एक प्रकार की गिलहरी।

Maroon-मॅ-रून्'-*n.* crimson colour, firework. लाल रंग, पटाखा, आतशबाजी; -*v. t.* to leave a person on a desolate shore. (जहाज पर से उतारकर) मनुष्य को निर्जन स्थान में छोड़ देना।

Marplot-मार्'-प्लॉट्-*n.* one who destroys a design or plot. कार्यघातक, विघ्न उत्पन्न

करनेवाला।

Marquee-मार्की-*n.* a kind of large tent. एक प्रकार का बड़ा खेमा।

Marquis-मार्क्विस्-*n.* (*fem.* Marchioness-शि-ऑन्-ऍस्) a title of nobility. इंग्लैंड के अमीरों की एक पदवी।

Marquois-मार्'-क्वॉ-इज़्-*n.* (Mathematical scale) an apparatus for drawing equidistant parallel lines. समानान्तर रेखाओं के खींचने का एक प्रकार का यन्त्र।

Marriage-मैरिज्-*n.* the ceremony by which a man and woman become husband and wife, matrimony, wedlock. पति पत्नी सम्बन्ध, पाणिग्रहण, विवाह; **Civil marriage** (a marriage without religious rites.) बिना शास्त्रीय विधि का विवाह।

Marriageable-मैरिजेब्ल् - *adj.* fit to be married. विवाह करने योग्य।

Marrow-मॅरो-*n.* the soft fatty substance in the cavity of bones, essential part. (मज्जा) हड्डी के भीतर का गुद्दा, सार, तत्त्व; **Vegetable marrow** (a kind of cucumber.) एक प्रकार की ककड़ी या खीरा।

Marrowless-मॅरो-लॅस्-*adj.* devoid of marrow. मज्जाहीन; **Marrowy** (-इ)-*adj.* full of marrow. सारपूर्ण।

Marry-मॅरि-*v. t. & i.* (*p. t.* **Married.**) to join persons in wedlock, to enter into the connubial state. विवाह करना, पाणिग्रहण करना।

Mars-माज़्'-*n.* the god of war, a planet. लड़ाई का देवता, मंगल ग्रह।

Marsh-मार्श्-*n.* a tract of low wet land, a swamp. कच्छ भूमि, दलदल।

Marshiness-मार्श्-इ-नॅस्-*n.* swampiness. दलदली स्थिति।

Marshy-मार्श्'-इ-*adj.* boggy. दलदली।

Marshal-मार्शल्-*n.* an officer of the highest military rank. सेना का प्रधान अधिकारी;-*v. t.* (*p. t.* **Marshalled**) to arrange in a suitable manner. सजाना, क्रम में रखना; **Knight-marshal** (an officer of royal household.) राजा की गृहस्थी का सबसे बड़ा अफ़सर; **Marshal of the air** (an officer of air force.) हवाई सेना का प्रधान अध्यक्ष; **Marshalship** (-शिप्) -*n.* the rank of a marshal. सेनापति का पद।

Mart-मार्ट्-*n.* a market-place, a place of trade. हाट, बाजार।

Marten-मार्टन्-*n.* a kind of weasel. एक प्रकार का नेवला।

Martial-मार्शल-*adj.* military, warlike. सेना-सम्बन्धी फ़ौजी, ; **Martial Law** (military government by which ordinary law is suspended.) फ़ौजी कानून, सामरिक विधान; **Martial music** (music played at the time of war.) रणवाद्य, फ़ौजी बाजा।

Martian-मार्श्यन्-*n.* an inhabitant of mars. मंगल ग्रह का निवासी।

Martin-मार्-टिन्-*n.* a kind of swallow. एक प्रकार की अबाबील चिड़िया।

Martinet-मार्-टिन्'-ऍट्-*n.* a strict disciplinarian. तीक्ष्ण शासक, नियम का बड़ा पक्का व्यक्ति।

Martingale-मार्' टिङ्ग्-गेल्-*n.* a strap fastened to a horse's girth. घोड़े का अधोबन्धन, ज़ेरबन्द।

Martini- मार्- टि'- नि -*n.* (*also.* **Martini-Henry.**) a kind of rifle. एक प्रकार की बन्दूक।

Martlet-मार्ट्'-लॅट्--*n.* a footless bird. बिना पैर की एक प्रकार की चिड़िया।

Martyr-मार्टर्-*n.* one who undergoes death for his cause. अपने सत्य या धर्म के लिये प्राण त्यागनेवाला, हुतात्मा, शहीद;- *v. t.* to put to death for one's belief. धर्म के लिये प्राण लेना; **Martyrdom** (-डम्)- *n.* the death of a martyr. इस प्रकार प्राणत्याग; **Martyrize** (-आइज़्) -*v. t.* to put to death for one's cause. इस प्रकार प्राणोत्सर्ग कराना ; **Martyry** (-इ) *n.* a shrine erected in honour of a martyr. इस प्रकार के प्राणत्यागी के लिए बनाया गया स्मारक।

Marvel-मार्'-वॅल्- *n.* a wonderful thing, a miracle. (कौतुक) आश्चर्यजनक वस्तु, अचम्भा; -*v. i.* (*p. t.* **Marvelled.**) to wonder. चकित (आश्चर्ययुक्त) होना।

Marvellous-मार्वॅलस्-*adj.* exciting wonder, astonishing. आश्चर्यजनक, अद्भुत; **Marvellously** (-लि) -*adv.* in a marvellous manner. आश्चर्य से ; **Marvellousness** (-नॅस्) -*n.* wonderfulness. विचित्रता, विलक्षणता।

Mascot-मॅस्कट्-*n.* something that brings good luck, a talisman. सौभाग्य लानेवाला पदार्थ, यन्त्र, जन्तर, ताबीज।

Masculine-मॅस्'-क्यु-लिन्-*adj.* of the male sex, manly, strong, vigorous. पुरुषजाति का, मर्दाना, वीरता का, पुष्ट; **Masculine gender.** पुंलिङ्ग; **Masculineness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being masculine. पुरुषत्व।

Mash-मॅश्-*n.* a mixture of boiled grain and bran for horses and cattle, a confused mixture. दलिया, (महेला) खिचड़ी;-*v. t.* to crush into a mixture. कुचलना, मिलाना।

Masher-मॅशर्-*n.* a dandy. छैला।

Mask-मास्क्-*n.* a covering for concealing the face, a disguise, a pretence, a dramatic performance. घूँघट (नक़ाब), बनावटी वेश का नाटक, बहाना; -*v. t. & i.* to hide or conceal, to be concealed. छिपाना, छिपना; To throw off the mask (to remove concealment.) प्रकट होना।

Masked-मास्क्ड्-*adj.* disguised. कपट वेश धारण किये हुए, गुप्त।

Masker-मास्क्'-अर्-*n.* one who wears a mask. नक़ाब डाले हुए।

Mason-मे-सन्-*n.* a builder in stone, a freemason. थवई, राजमिस्त्री, राजगीर।

Masonic-मे-सनि-क् -*adj.* pertaining to freemasonry. राजमिस्त्री के कार्य से सम्बन्धित।

Masonry-मे-सन्-रि-*n.* the art of a mason. राजगीरी।

Masque-मास्क्-*n.* an entertainment in dumb show, a dramatic composition for this. कठपुतली का तमाशा।

Masquerade-मास्करे'ड्-*n.* a masked ball, a false show, pretence. छद्म-वेशी नृत्य, स्वाँग का जलसा, बहाना;-*v. i.* to join in a masquerade. स्वाँग बनना।

Mass-मास्-*n.* a lump of matter, a large number, unbroken expanse, a Roman Catholic service, assembly of people. पिंड, बड़ी संख्या, ढेर, पुंज, ईसाइयों का धर्मसमाज, जनसंघ;-*v. t.* to collect in a heap. ढेर लगाना, इकट्ठा करना; A mass meeting (a large gathering.) एक बहुत बड़ी सभा।

Massacre-मॅस'-कर्-*n.* a general slaughter of human beings, carnage. मनुष्य-संहार, खूनखराबा; -*v. t.* to murder with cruelty. निर्दयता से प्राण लेना (क़त्लआम करना)।

Massage-मॅसाज्-*n.* stroking or pressing the limbs for the relief of morbid conditions. बदन में मालिश करने का कार्य, अंगमर्दन।

Masseur-मॅसर् - *n.* (*fem.* Masseuse-इज़्) -*n.* a massagist. मालिश करनेवाला मनुष्य।

Massive-मासिव्-*adj.* heavy, bulky. ठोस, भारी, बहुत बड़ा; **Massively** (-सिव्'-लि)-*adv.* heavily. स्थूलता से; **Massiveness** (-सिव्'-नेस्)-*n.* hugeness. बड़ा भार, स्थूलता।

Massy-मासि-*adj.* massive. ठोस, भारी।

Mast-मास्ट्-*n.* the long pole of a ship for supporting the sails. कूपदण्ड, जहाज आदि का मस्तूल।

Master-मास्टर्-*n.* owner, employer, the head of a family, a teacher, a skilled workman, the holder of a high university degree, title for a young gentleman. प्रभु, स्वामी, गृहपति, गुरु कारीगर, विश्वविद्यालय की एक बड़ी उपाधिवाला, महाशय;-*v.t.* to defeat, to acquire complete knowledge. अधीन करना (वश में लाना), पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना; I am not master of myself (my body is not under my control.) मेरे अङ्ग मेरे अधिकार में नहीं हैं; One's own master (free to do as one likes.) स्वाधीन, स्वतन्त्र; To be master of (to have at one's disposal.) प्रभुत्व प्राप्त करना; Master-artist (a great artist.) बहुत बड़ा कारीगर; Masterdom (-डम्)-*n.* rule. राज्य; Master-hand (an expert.) कारीगर; Master-key (a key which opens several locks.) अनेक तालों को खोलने और बन्द करनेवाली ताली; Master-piece (a piece of the highest workmanship.) अति उत्तम रचना; Master-stroke (an act of the greatest skill.) बड़ी कारीगरी का काम; Master-workman (a chief workman.) मुख्य कारीगर।

Masterly-मास्टर्लि-*adj.* very skilful अद्वितीय, अत्युत्तम।

Mastership-मास्टर्-शिप्-*n.* the office of a master. प्रभुत्व, ऐश्वर्य।

Mastery-मास्टरि-*n.* pre-eminence, victory. अधिकार (श्रेष्ठता), विजय।

Mastic-मॅस्टिक्-*n.* gum which is obtained from the bark of certain trees. गोंद, लासा।

Masticable-मॅस्टिकेब्ल् - *adj.* able to be chewed. चबाने योग्य; **Masticability** (बिल्'-इ-टि) -*n.* चबाने की योग्यता।

Mastication-मॅस्टिकेशन्-*n.* the act of chewing. चबाने का कार्य।

Masticate-मॅस्टिकेट्-*v. t.* to chew or grind food with teeth. चबाना, दाँतों से कूचना।

Masticator-मॅस्टिकेटर्-*n.* a mincing appliance. कूचने का साधन; **Masticatory** (-टरि) -*adj.* adapted for masticating. चबाने योग्य।

Mastiff-मॅस्टिफ़्-*n.* a kind of large dog. एक प्रकार का बड़ा कुत्ता।

Mastitis-मॅस्टाइटिस्-*n.* a disease of the female breast. स्तन की सूजन।

Mastoid-मॅस्' - टॉ - इड् -*adj.* shaped like a breast. स्त्री के स्तन के आकार का।

Mastology-मास्टॅ-लॅ-जि-*n.* natural history of mammals. स्तनपान करानेवाले जन्तुओं का प्राकृतिक इतिहास।

Masturbate-मास्टर्बेट् -*v.t.* to practise self-pollution. अप्राकृतिक रूप से वीर्यपात करना, हस्तमैथुन करना, सरका कूटना; **Masturbation** (बे'-शन्) -*n.* self-abuse. हस्तमैथुन।

Mat-मॅट्-*n.* a coarse fabric of rushes, straw &c. (frosted groundwork) चटाई, आसन, रूखी सतह; -*v. t.* (*p. t.* **Matted.**) to cover with mats, to make surface dull. चटाई बनाना, रूखा करना;-*adj.* of dull colour. धूमिल।

Match-मॅच्-*n.* a person equal to another in some quality, of exact similarity, a contest of skill, matrimonial alliance, a piece of wood that burns when rubbed. समान गुण-वाला व्यक्ति, बराबर बलवाला, प्रतिद्वन्दी, विवाह सम्बन्ध, दियासलाई;-*v. t. & i.* to be united in marriage, to correspond. विवाह करना, बराबर होना; **Cricket match** (a play at cricket.) क्रिकेट का खेल; **Match-box** (a box for holding matches.) दियासलाई की डिबिया; **Match-maker** (one who brings about a marriage.) विवाह स्थिर करानेवाला; **Match-wood** (wood from which matches are-made.) सलाई बनाने की लकड़ी।

Matchable-मॅचेबल्-*adj.* fit to be matched, suitable. अनुरूप, योग्य।

Matchless-मॅच्-लॅस्-*adj.* peerless, having no equal. अद्वितीय, अनुपम, बेजोड़; **Matchlessly** (-लि)-*adv.* in a matchless manner. अनुपम रीति से ; **Matchlessness** (-नॅस्)-*n.* the equality of being matchless. अनुपमता।

Mate-मेट्-*n.* an associate, a companion, a partner, a comrade, an officer in a ship, an assistant. सहायक, मित्र, संगी (पति, भार्या) जहाज़ पर का एक अफ़सर, सहायक;-*v. t.*to join in marriage, to checkmate. विवाह करना, शतरञ्ज के खेल में शह देना; **Mateless** (-लॅस्)-*adj.* having no companion. बिना साथी का।

Material-मॅटीरिअल् - *adj.* concerned with matter, corporeal, concerned with bodily comfort, important. भौतिक (प्राकृतिक), स्थूल (जड़), शरीर-सुख-सम्बन्धी;-*n.* matter of which a thing is made. पदार्थ, वस्तु, द्रव्य।

Materialism-मॅटीरिअलिज़्म् - *n.* the theory which refers spiritual phenomena to material organization. अनात्मवाद, जड़वाद।

Materialist-मॅटीरिअलिस्ट्-*n.* one who holds materialistic theory. अनात्मवादी, जड़वादी; **Materialistic** (-इस्ट्'-इक्)-*adj.* imbued with materialism. अनात्मवाद सम्बन्धी; **Materialistically** (-अ-लि)-*adv.* in a materialistic manner. ऐसे सिद्धान्त से।

Materiality-मॅटीरिअलिटि-*n.*material existence. भौतिकत्व।

Materially-मॅटीरिअलि-*adv.* in a material manner. वस्तुतः, प्राकृतिक रूप में।

Materialization-मॅटीरिअलाइज़ेशन्-*n.* act of materializing. भौतिक बनाने की क्रिया, भौतिकी-करण।

Materialize-मॅटीरिअलाइज़्-*v. t.* to render materialistic. भौतिक बनाना

Materia-medica - मॅटीरिआमॅडिका - *n.* the science of substances which are used in medical practice. चिकित्सा-विज्ञान।

Maternal-मॅ-टर्नल्-*adj.* motherly, relating to a mother. मातृक, माता-सम्बन्धी; **Maternal affection** (motherly love.) माता का प्रेम; **Maternal aunt** (the wife of mother's brother, mother's sister.) मामी, मौसी; **Maternally** (-लि)-*adv.* in a maternal manner, मातृवत्; **Maternal uncle** (mother's brother, the husband of mother's sister.) मामा, मौसा।

Maternity-मॅटर्निटि-*n. & adj.* according to the rules of motherhood. मातृत्व, पुत्रजन्म-सम्बन्धी।

Mathematical-मॅथ्-इ-मॅट्'-इ-कल्-*adj.* pertaining to or according to the rules of mathematics. गणित-सम्बन्धी ; **Mathematically** (-लि)-*adv.* in a mathematical manner. गणित-रूप में।

Mathematician-मॅथ्-इ-मॅ-टिश्यन्-*n.*one who is versed in mathematics. गणित-शास्त्रज्ञ।

Mathematics-मॅथ्-इ-मॅट्'- इक्स्-*n. sing.* the science of space and number. गणित-शास्त्र, गणित-विद्या।

Matin-मॅट्'-इन्-*n.* morning. प्रातःकाल;-*n. pl.* morning prayer, morning song of birds. प्रातःकालिक प्रार्थना, चिड़ियों का प्रातःकाल का गाना।

Matinee-मॅटिने-*n.* a musical performance in the afternoon. तीसरे पहर के नाटक इत्यादि का गायन।

Matriarchal - मॅट्रिआर्कल् - *adj.* reckoning relationship to the female side only. केवल मातृपक्ष का सम्बन्ध जोड़नेवाला।

Matriarchy-मॅट्रिआर्कि-*n.* a society in which the mother is the head of the family. समाज जिसमें माता गृहस्थी की स्वामिनी समझी जाती है।

Matricidal-मॅ-ट्रि-साइडल्-*adj.* pertaining to matricide (killing of mother). मातृहत्या-सम्बन्धी।

Matricide-मॅट्रि-साइड' -*n.* the killing of one's mother. मातृहत्या ।

Matriculate-मॅ-ट्रिक्-यु-लेट्- *v. i.* to enrol as member of a college. प्रवेशिका परीक्षा उत्तीर्ण कर कालेज में प्रविष्ट होना ; **Matriculation** (-ले'-शन्) -*n.* the act of matriculating. विश्वविद्यालय में प्रवेश; **Matriculatory** (-टरि) -*adj.* pertaining to matriculation. विद्यालय प्रवेश-सम्बन्धी ।

Matrimonial-मॅट्रिमोनिअल् - *adj.* pertaining to or connected with marriage. विवाह-सम्बन्धी ; **Matrimonially** (-लि)-*adv.* in a matrimonial connection. विवाह रूप में ।

Matrimony-मॉट्'-रि-मनि-*n.* the rite of marriage. विवाह-संस्कार ।

Matrix-मे'-ट्रिक्स् (-मॅट्'-रिक्स्)-*n.* (*pl.* **Matrixes** or **Matrices**) the womb, the place where a thing develops, a mould in which a type is cast. गर्भ, टाइप ढालने का साँचा ।

Matron--मे'-ट्रन्-*n.* a married woman, a house-keeper, an elderly woman, the woman superintendent of a hospital. विवाहिता स्त्री, गृहिणी, कुटुम्बिनी, बुढ़िया, अस्पताल की निरीक्षिका; **Matronage** (-एज्)-*n.* matronhood. घरनी का पद ; **Matronal** (-अल्)-*adj.* pertaining to a matron. मालकिन-सम्बन्धी; **Matronhood** (-हुड्)-*n.* a condition of being a matron. घरनी का पद; **Matronly**(-लि)-*adj.* befitting a matron. गृहिणी के योग्य ।

Matted-मॅ-टेड्-*adj.* entangled. उलझा हुआ; **Matted hair** (entangled locks of hair.) जटाजूट, उलझे हुए बाल ।

Matter-मॅ-टर्-*n.* a substance from which anything physical is prepared, subject, material, pus. घन पदार्थ, वस्तु, द्रव्य, विषय, पीब ;-*v.i.* to be of importance. आवश्यक होना; **An important matter** (an important subject.) महत्त्वपूर्ण विषय; **Dead matter** (a useless subject.) निरर्थक विषय ;**In the matter of** (as regards.) विषय में; **Matter in hand** (a subject under discussion.) प्रस्तुत विषय; **Matter of course** (natural order of event.) घटना का स्वाभाविक क्रम; **Matter of dispute** (a subject under discussion.) विवाद विषय ;**Of no matter** (useless.) निरर्थक; **Postal matter** all that may be sent by post.) डाक से भेजा गया पत्र, पार्सल इत्यादि ।

Matting-मॅ-टिङ्ग्-*n.* a fabric made of hemp or grass. चटाई ।

Mattins-मॉट्'-टिन्स्-*n.* *pl.* See Matin.

Mattock--मॅटक् - *n.* a kind of pick-axe. कुल्हाड़ी, फावड़ा ।

Mattoid-मॅटॉइड्-*n.* an eccentric person. झक्की आदमी ।

Mattress-मॅ-ट्रेस्-*n.* a quilted bed. तोशक, गद्दा, बिछावन ।

Maturate--मॅच्युर्-एट्'-*v.i.* to suppurate. परिपक्व होना, प्रौढ़ होना ; **Maturation** (-ए-शन्) -*n.* the process of ripening. फोड़े इत्यादि का पकना; **Maturative** (-एटिव्)-*adj.* conducing to ripeness. पकने का ।

Mature-मॅ-च्योर्-*adj.* ripe, fully developed, due, completed, ready. परिपक्व, सिद्ध, प्रौढ़, तैयार,सम्पन्न ;-*v. t. & i.* to ripen, to develop. सिद्ध होना, पकाना, तैयार होना, प्रौढ़ होना ; **Matureness** (-नेस्)-*n.* development. प्रौढ़ता ।

Maturity-मॅच्योरि-टि-*n.* the state of being mature, matureness.प्रौढ़ता (परिपक्वता),सिद्धि।

Matutinal-मॅट्यूटिनल्-*adj.* occurring in the morning. प्रातःकाल में होनेवाला ।

Maudlin-मॉड्'लिन् - *adj. & n.* mawkish. उन्मत्त, मत्तप्राय ।

Maul, Mall-मॉल्-*n.* a kind of wooden hammer. एक प्रकार की लकड़ी की मुँगरी;-*v. t.* to beat with a maul. मुँगरी से मारना या कूँचना; **Maul-stick**(-स्टिक्)-*n.* a stick used by painters to steady the hand in painting. छड़ी जिस पर चित्रकार सहारा लेकर रँगता है ।

Maund-मॉन्ड्-*n.* an Indian weight of forty seers, a basket. चालीस सेर की एक भारतीय तौल, मन, टोकरी ; -*v. t. & i.* to beg. भीख माँगना ।

Maunder-मॉन्'-डर्-*v. i.* to move carelessly, to talk ramblingly, to mutter. लापरवाही से घूमना, बकना, बरबराना ;-*n.* a beggar. भिखारी ।

Mauser-माउज़र्-*n.* a kind of revolver. एक प्रकार की पिस्तौल ।

Mausoleum-मॉ-सो-ली'-अम्-*n.* a big stately tomb. समाधि, कब्र, मकबरा ।

Mauve-मॉव्'-*n.* a bright purple dye.चमकीला गुलाबी रङ्ग ।

Maw-मॉ-*n.* the stomach, the crop of birds, a sea-bird, a card-game. उदर, पेट, पोटा, समुद्री पक्षी, ताश का एक खेल ।

Mawkish-मॉक्'-इश्-*adj.* disgusting, of faint flavour. नीरस, निःसत्त्व, फीका; **Mawkishly** (-लि)-*adv.* in a disgusting manner. घृणा से, **Mawkishness** (-नेस्)-*n.* the quality of being mawkish. निःसत्त्वता ।

Mawseed-मॉ'-सीड्-*n*. seed of opium, poppy. पोस्ते का दाना।

Maxilla-मॅक्सिला -*n*. (*pl.* **Maxillae**) the upper jawbone. ऊपर के दाढ़ की हड्डी; **Maxillary** (-लरि)-*adj*. pertaining to the jawbone. दाढ़ की हड्डी का।

Maxilliform-मॅक्सिलिफ़ॉर्म्-*adj*. of the form of a jawbone. दाढ़ की हड्डी के आकार का।

Maxim-मॅक्सिम् - *n*. a general principle drawn from experience, a proverb, a rule of conduct, an axiom, an aphorism, a kind of gun. कहावत, नियम, सिद्धान्त, सूत्र-वाक्य, एक प्रकार की बन्दूक; **Moral maxim** (rules of morality.) नीतिवाक्य।

Maximalist-मॅक्सिमलिस्ट् - *n*. a member of a revolutionary party. विप्लववादी, जो मनुष्य बिना अधिक से अधिक लिये सुलह नहीं करता।

Maximization-मॅक्सिमाइज़ेशन-*n*. maximum increase. परम वृद्धि या बढ़ती।

Maximize-मॅक्सिमाइज़् -*v. t.* to increase to the utmost. परम संख्या तक बढ़ाना।

Maximum-मॅक्सि-मम्-*n*. (*pl.* **Maxima**) the highest possible quantity or number. परम संख्या, अधिक परिमाण।

May-में-*v. aux.* (*p. t.* **Might**) to be able or possible, to be allowed. सम्भव होना, सकना, आज्ञा पाना;-*n*. the fifth month of the English year. अंग्रेज़ी वर्ष का पाँचवाँ महीना, मई; **May be** (perhaps.) कदाचित्; **Mayday** (the first day of May.) मई मास का पहला दिन; **May-pole** (the pole to dance round on the Mayday.) फूल से सजाया हुआ डण्डा जिसकी चारों ओर अंग्रेज़ लोग मई के उत्सव में नाचते हैं।

Mayor-मेंअर्-*n*. (*fem.* **Mayoress.**) the head of a municipal corporation of a city. महापालिकाध्यक्ष; **Mayoral** (-अल्)-*adj*. pertaining to a mayor. महापालिकाध्यक्ष-सम्बन्धी; **Mayoralty** (-अल्टि)-*n*. the office of a mayor. महापालिकाध्यक्ष का पद।

Mayst-मेंस्ट् -*v. i.* second person singular of "May". "मे" धातु के मध्यम पुरुष के एक-वचन का रूप।

Mazarine-मॅज़रीन्'-*adj*. of deep blue colour. गहरे नीले रङ्ग का।

Maze-मेंज़्-*n*. network, labyrinth, confusion. कुटिल मार्ग, दुर्गम स्थान, भूलभुलैया; -*v. t.* to confuse, to disturb. घबड़ाना, भटकाना, हैरान करना।

Mazily-में'-ज़ि-लि-*adj*. in a mazy manner. घबड़ाहट से।

Maziness-में-ज़ि-नेस्-*n*. the state of being mazy. घबड़ाहट, व्यग्रता।

Me-मी-*pron*.(*pl.* **Us**) objective case of "I". मुझे, मुझको; **Ah me!** (alas!) ओफ़् ओह!

Mead-मीड्-*n*. a fermented liquor of honey and water, a meadow. मधु-पानीय, शहद की मदिरा, चरागाह।

Meadow-मेंडो - *n*. a piece of flat grass land, a pasture land. घास लगा हुआ चौरस मैदान, चरागाह; **Meadowy** (-इ)-*adj*. containing meadows. घास से (चरागाह से) भरा हुआ।

Meagre-मी'-गर्-*adj*. lean, thin, barren, poor, scanty. दुर्बल, क्षीण, असार, अपूर्ण, थोड़ा; **Meagrely** (-लि)-*adv*. poorly, thinly. अपूर्णता से; **Meagreness** (-नेंस्) -*n*. barrenness. दुर्बलता, स्वल्पता।

Meal-मील्-*n*. the eatable part of a grain ground into powder, food taken at a time, customary time of taking food, quantity of milk given by a cow at a time. आटा, पिसान, भोजन, आहार का समय, जितना दूध गाय एक बार देती हैं;-*v. i.* to take meal. भोजन करना; **A square meal** (satisfactory meal.) पर्याप्त भोजन।

Mealie-मी'-ली-*n*. a kind of African maize. अफ़्रीका देश का जुआर (भुट्टा)।

Mealiness-see **Mealy.**

Mealy-मीलि-*adj*.of meal, covered with meal, dry and whitish. आटे का, आटे से ढँका हुआ, सूखा और सफेद या श्वेत; **Mealy-mouthed** (soft speaking.) मृदुभाषी, मीठा बोलनेवाला; **Mealiness** (-इ-नेंस्)-*n*. the quality of being mealy. मृदुभाषिता।

Mean-मीन्-*adj*. low in rank or birth, base, sordid, of little value, contemptible, poor. अधम, नीच, क्षुद्र, तुच्छ, कम मूल्य का, कुत्सित, दीन; **Meanly** (-लि)-*adv*. ignobly, in a mean manner. नीचता से; **Meanness** (-नेंस्) -*n*. baseness. नीचता।

Mean-मीन्-*adj*.middle, moderate.मध्यम, मध्य परिमाण (औसत) का;-*n*. the middle point or degree, intervening time, a quantity having an intermediate value between several others. मध्यबिन्दु, मध्यकाल, मध्यमान।

Mean-मीन्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* & *p. p.* **Meant** -मेंन्ट्) to intend, to purpose, to have in mind, to design, to signify, to have

meaning. इच्छा करना, उद्देश्य करना, विचारना, नियुक्त करना, सूचित करना, अर्थ रखना; What do you mean by it? (how do you account for it?) इससे आपका क्या तात्पर्य है?

Meander-मि-ऍन्डर्-*n.* wandering of a river, (*pl.*) windings, maze. नदी का कुटिल मार्ग, (ब०व०) घुमौवा रास्ता, भूलभुलैया; -*v. i. & t.* to loiter, to flow round. भटकते फिरना, घूमकर बहना।

Meandrine-मि-ऍन्'-ड्रिन्-*adj.* full of windings. विषम गति का, चक्करदार।

Meaning-मीनिङ्ग्-*n.* intention, aim, signification. अभिप्राय, अर्थ, आशय; -*adj.* significant, expressive. चरितार्थ, पूर्णार्थ; **Hidden meaning** (secret meaning.) गुप्तार्थ; **Literal meaning** (exact meaning.) शब्दार्थ; **Meaningless** (-लॅस्)-*adj.* having no meaning. निरर्थक।

Meaningly-मीनिङ्ग्'-लि-*adv.* significantly. अर्थ (अभिप्राय) सहित।

Meanly, Meanness-see **Mean.**

Means-मीन्स्-*n. pl.* instrumentality, method, resources. साधन, विधि (हेतु), उपाय, आय; **By all means** (in every possible way, without fail.) हर प्रकार से, निश्चय करके; **By any means** (somehow or other.) किसी न किसी प्रकार से; **By no means** (in no way, not at all.) किसी प्रकार से नहीं, कदापि नहीं; **Lives beyond means** (spends more than his income.) आय से अधिक व्यय करता है; **Means of subsistence** (ways of livelihood.) जीवन उपाय; **Moderate means** (ordinary income.) सामान्य आय, मामूली आमदनी।

Meant-मेंन्ट्-*p. t. & p. p.* of **Mean.**

Measles-मीज़्-लज़्-*n. pl.* an eruptive infectious disease. शीतला रोग, चेचक; **Measled** (-इ)-*adj.* infected with measles. शीतला रोग से ग्रस्त।

Measurable-मॅझरॅ-बल्-*adj.* that may be measured. नापने योग्य; **Measurably** (-ऍब्लि)-*adj.* in a limited degree. नाप में।

Measure-मॅझर्-*n.* size, limit, degree, quantity, unit of capacity, means to end, a proposal, time in music. मान, मर्यादा, सीमा, परिमाण, नाप, लक्ष्य, लय (ताल); (*pl.*) means, end. (ब० व०) उपाय, लक्ष्य; -*v. t.* to estimate, to ascertain size &c. कूतना, अनुमान करना; **Beyond measure** (too much, excessively.) अत्यधिक; **Greatest common measure** (the greatest measure that divides given quantities without remainder.) महत्तम समापवर्तक; **In some measure** (partly.) आंशिक रूप में; **Made to measure** (in accordance with measurement.) नाप से बना हुआ; **Measure of capacity** (unit of capacity.) प्रमाण, मात्रा; **Tape-measure** (a tape for measuring.) नापने का फ़ीता; **To tread a measure** (to dance.) लय में नाचना।

Measured-मॅझर्ड्-*adj.* uniform, limited. परिमित, नपा हुआ।

Measureless-मॅझर्-लॅस्-*adj.* boundless. बिना सीमा का, असीम।

Measurement-मॅझर्-मॅन्ट्-*n.* act or result of measuring. परिमित प्रमाण, नाप।

Meat-मीट्-*n.* animal flesh used as food. मांस; **Green meat** (vegetables.) शाक, भाजी; **Meatless** (-लॅस्)-*adj.* devoid of meat. बिना मांस का; **Meatsafe** (a cupboard of wire-gauze for storing meat.) मांस रखने की जालीदार अलमारी; **Meaty** (-इ)-*adj.* fleshy. मांसपूर्ण।

Meatus-मि-ए'-टस्-*n.* a passage in the body. शरीर के भीतर का मार्ग।

Mechanic-मिकॅनिक्-*n.* a skilled workman. शिल्पकार, कारीगर; **Mechanics** (-स्)-*n. sing.* the science of machinery. यन्त्रविद्या, यन्त्र-गतिशास्त्र।

Mechanical-मिकानिकल्-*adj.* pertaining to machines, unintelligent. यन्त्र-सम्बन्धी, बुद्धि-रहित; **Mechanical drawing** (a drawing made with instruments.) परकाल तथा रूलर की सहायता से बना हुआ चित्र; **Mechanically** (-लि)-*adv.* in a mechanical manner. यन्त्र की तरह।

Mechanician-मॅकनिशन्-*n.* he who is skilled in constructing machines. यन्त्र बनाने में कुशल।

Mechanism-मॅकॅनिज़्म्-*n.* the construction of a machine. यन्त्ररचना (यन्त्रकला), कल-पुर्जे की बनावट।

Mechanist-मॅकॅनिस्ट्-*n.* one who prepares machines. यन्त्र बनानेवाला।

Mechanization-मॅकनाइज़ेशन्-*n.* the act of making mechanical. यन्त्रीकरण, यन्त्रवत् बनाने का कार्य।

Mechanize-मॅकनाइज़्-*v. t.* to make mechanical. यन्त्र के सदृश करना।

Meconic-मिकॉनिक्-*adj.* obtained from opium. अफीम से निकाला हुआ (सत्त्व)।

Meconium-मिकोनिअम्-*n.* the juice of poppy. पोस्ते का रस।

Medal-मेड्'-ल्-*n.* a piece of metal with inscirptions. मुद्रा, तमगा, पदक; **Medalled** (-ड्)-*adj.* made into a medal. मुद्रा या पदक बना हुआ।

Medallic-मिडॉलिक्-*adj.* pertaining to medals. तमगा या पदक-सम्बन्धी।

Medallion - मिडॉल्यन् - *n.* antique medal. प्राचीन तमगा या पदक।

Medallist-मेड्'-लिस्ट्-*n.* one who engraves medals, one who has been awarded a medal. पदक पर नक्काशी करनेवाला, पदक खोदक, पदक प्राप्त व्यक्ति।

Meddle-मेड्ल्-*v. t.* to interfere, to interpose. हस्तक्षेप करना, विघ्न करना।

Meddler-मेड्लर्-*n.* one who interposes. विघ्न डालनेवाला।

Meddlesome-मेड्ल्'-सम्-*adj.* given to meddling. हस्तक्षेप करनेवाला; **Meddlesomeness** (-नेस्)-*n.* interference. विघ्न, हस्तक्षेप।

Meddling-मेड्'-लिङ्ग्-*adj.* interfering in other's affairs. दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप करनेवाला; **Meddlingly** (-लि)-*adv.* in a meddlesome manner. हस्तक्षेप करते हुए ढंग से।

Media - मीडिआ - *n. pl.* (*sing.* **Medium**) agency. साधन, हेतु।

Medieval, Mediaeval-मेडि-ई'-व़ल्-*adj.* pertaining to the Middle Ages. मध्यकाल (युग) सम्बन्धी; **Medievalism** (-इज़्म्)-*n.* medieval spirit. मध्य काल की प्रचलित रीतियाँ; **Medievally** (-लि)-*adv.* in a medieval manner. मध्य युग की प्रचलित रीति से।

Medial-मीडिअल्-*adj.* situated in the middle. बीच में का, औसत दर्जे का; **Medially** (-लि) -*adv.* in a medial manner. मध्यरूप में, औसत दरजे से।

Median- मी' - डि- अन् -*adj.* placed in the middle. मध्य में रक्खा हुआ, माध्यिक।

Mediate-मी'-डि-एट्-*v. i. & t.* to intervene, to intercede, to halve. मध्यस्थ होना, बीच में पड़ना, आधा करना;-*adj.* between two extremes, of the middle. मध्यवर्ती, बीच का; **Mediately** (-लि) -*adv.* in a mediate way. दूसरे के द्वारा; **Mediation** (-ए'-शन्)-*n.* interposition. मध्यस्थता, बिचवई।

Mediatization-मी-डि-ऍट्-आइज़्-ए'-शन्-*n.* the act of mediating. छोटे राज्य का बड़े राज्य में मिलाव।

Mediatize-मी'-डि- ऍट्- आइज़्-*v. t.* to annex a small state to a large one. छोटे प्रदेश को बड़े राज्य में मिला देना।

Mediator- मी- डि - एटर् - *n.* one who mediates. मध्यस्थ,बीच-बिचाव करनेवाला; **Mediatorial** (-इ-अल्), **Mediatory** (-इ) -*adjs.* pertaining to mediation. मध्यस्थ-सम्बन्धी।

Mediatress, Mediatrix-मी-डि-ए-ट्रस् (-ए'-ट्रिक्स्)-*n. fems.* a female mediator. मध्यस्थ स्त्री।

Medicable- मेडिकेबल् -*adj.* that may be cured. (औषधि से) चिकित्सा करने योग्य।

Medical-मेडिकल् - *adj.* of the art of healing, of medicine tending to cure. वैद्यक या औषधि-सम्बन्धी, चिकित्सा सम्बन्धी; **Medical jurisprudence** (the principles of medicine as applied in law.) वैद्यक का क़ानूनी ज्ञान; **Medical science** (the science of medicine.) वैद्यकशास्त्र, आयुर्वेद।

Medically-मेडिकलि -*adv.* according to the rules of medicine. चिकित्सा विज्ञान के अनुसार।

Medicament - मेडिकमेन्ट् - *n.* a substance used in healing diseases. रोग हटानेवाली औषधि।

Medicaster- मेडिकॉस्टर् -*n.* a quack doctor. ढोंगी वैद्य, कूट चिकित्सक।

Medicate- मेडिकेट्-*v. t.* to treat medically. औषधि देना, औषधि मिलाना; **Medication** (-ए'-शन्)-*n.* the use of medicine. औषधि-प्रयोग; **Medicative** (-ए- टिव़्) *adj.* curing. आरोग्यकर।

Medicinal - मेडिसिनल् - *adj.* pertaining to medicine. औषधि-सम्बन्धी; **Medicinally** (-अ-लि)-*adv.* in the manner of medicine. औषधि रूप से।

Medicine-मेडिसिन्-*n.* the art of healing, a substance used internally with this end. वैद्यकशास्त्र, औषधि; -*v. t.* to cure with a medicine. दवा देकर आरोग्य करना।

Medico-मे-डि-को-*pref.* for "doctor". "डाक्टर" सूचक उपसर्ग; -*n.* a doctor. वैद्य, डाक्टर।

Mediocre-मी-डि-ओ-कर् - *adj.* of moderate degree, indifferent. सामान्य, मध्यम श्रेणी का, उदासीन।

Mediocrity-मीडिऑक्रिटि-*n.* moderation, temperance. सामान्यता, उदासीनता।

Meditate-मे-डि-टेट् -*v. t. & i.* to design, to think, to contemplate. प्रगाढ़ (गहरी) चिन्ता करना, विचारना, सोचना।

Meditation-मे-डि-टे-शन्-*n.* the act of meditating. ध्यान, प्रगाढ़ (गहरी) चिन्ता।

Meditative-मे-डि-टे'-टिव़्-*adj.* addicted to meditating. प्रगाढ़ (गहरी) चिन्ताशील, ध्यानतत्पर।

Meditator-मेडिटेटर्-*n.* a thinker. ध्यान करनेवाला या प्रगाढ़ चिन्ताशील व्यक्ति।

Mediterranean-मेडिटरेनियन-*adj.* surrounded by land, inland. भूमि से चारों ओर घिरा हुआ, आभ्यन्तरिक।

Medium-मी'-डि-अम्-*n.*(*pl.*Media,Mediums) the middle place or quantity, intervening substance, agent, means, agency, environment, instrument. मध्य स्थान या परिमाण, बीच का पदार्थ, मध्यस्थ, साधन, स्थिति, प्रेरणा;-*adj.* moderate, average. सामान्य, औसत दर्जे का।

Medley-मेड्'-लि - *n.* a mixture of different things, a miscellany. अनेक भिन्न द्रव्यों का मिश्रण;-*adj.* miscellaneous. मिलाया हुआ, मिश्र; -*v. t.* to intermix. मिश्रित करना, मिलाना।

Medulla-मेँ-ड्युला, मिडलीं-*n.* marrow of the spine. रीढ़ की हड्डी के भीतर की गुद्दी।

Meed-मीड् - *n.* reward, recompense. पारितोषिक, इनाम, प्रतिफल, पूर्त्ति।

Meek-मीक्-*adj.* gentle, humble, submissive. विनीत, नम्र, निरहङ्कार; **Meekly** (-लि)-*adv.* in a meek manner. विनय (नम्रता) सहित; **Meekness** (-नेँस्)-*n.* the quality of being meek. नम्रता, विनय।

Meet-मीट्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* Met.) to encounter, to assemble, to go to receive, to find, to satisfy, to come face to face, to unite. सम्मुख आना, इकट्ठा होना, भेंट करना, सन्तुष्ट करना, भिड़ना, एकत्र होना; -*adj.* fit, proper, suitable. उचित, योग्य; **Not easy to meet with** (difficult to meet.) दुर्लभ; **To meet the eye** (to be visible.) देख पड़ना।

Meeting-मीटिङ्ग्-*n.* an assembly, an interview. सभा (समाज), भेंट; **Meeting place** (a place appointed for meeting.) भेंट होने या सभा का स्थान; **Member of a meeting** (the member of a society.) किसी समाज का सभासद या सदस्य।

Meetness-मीट्' - नेँस्-*n.* suitableness, propriety. योग्यता।

Megaphone-मेँग्-अ-फोन्-*n.* an instrument for carrying sound to a large distance. दूर तक शब्द ले जाने का एक प्रकार का यन्त्र।

Megass-मेँ - गैस्' - *n.* residue which is left after extracting juice from sugarcane. ऊख की सीठी।

Megrim-मी-ग्रिम्-*n.* half headache, whim, a kind of fish. अर्द्ध शिरोव्यथा, अधकपारी, झक, एक प्रकार की मछली।

Melancholia - मेँलन्कोलिआ - *n.* a form of insanity. खिन्नता का रोग, झक।

Melancholic-मलन्कॅलिक् - *adj.* depressed in spirits. विषादपूर्ण।

Melancholy-मेँलन्कॅ - लि-*n. & adj.* mental depression, sad, gloomy, depressing. उदासीनता, वैमनस्य, खिन्न, चिन्ताकुल, उदास।

Melanism-मेँलॅनिज़्म्-*n.* blackness of colour. चमड़े का कालापन।

Melee-मेँ लें-*n.* a confused fight, skirmish. संकुल संग्राम, भिड़न्त की लड़ाई।

Melic-मेँलिक्-*adj.* fit to be sung. गाने योग्य (कविता);-*n.* a kind of grass. एक प्रकार की घास।

Meliorate-मीलिअरेँट्-*v. t.* to improve. उन्नति करना, सुधारना; **Melioration** (-एँ'-शन्) -*n.* improvement. सुधार, उन्नति।

Meliorism-मीलिअरिज़्म्-*n.* the doctrine that the world may be improved by men. यह सिद्धान्त कि संसार मनुष्य द्वारा उन्नति प्राप्त कर सकता है; **Meliorist** (-इस्ट्)-*n.* a person holding such a doctrine. ऐसे सिद्धान्तवाला मनुष्य।

Melliferous - मेँ लिफ़रस् - *adj.* producing honey. मधु (शहद) उत्पन्न करनेवाला।

Mellifluence-मेँ लि-फ्लु-अन्स्-*n.* a sweet flow. मधुरता, मीठापन।

Mellifluent-मेँ-लि'-फ्लु-अन्ट्, **Mellifluous**-(-फ्लु-अस्)-*adjs.* sweetly flowing, smooth. मधुराक्षर (मधुर वाणी का), स्निग्ध।

Mellivorous-मेँ-लिवॅ-रस् - *adj.* eating honey. मधु खानेवाला, मधुभक्षी।

Mellow-मेँ - लो - *adj.* soft, juicy, jovial, ripe, intoxicated. कोमल, रसदार, आनन्द पूर्ण, परिपक्व, मतवाला;-*v.t.* to sweeten. मधुर करना; **Mellowly** (-लि) -*adv.* in a mellow manner. मधुरता से; **Mellowness** (- नेँस्) -*n.* softness, sweetness. कोमलता, मधुरता।

Melodic-मिलॅडिक्-*adj.* containing melody. सुरीला।

Melodious-मेँलॅ-डि-अस्-*adj.* sweet sounding. मधुर स्वर का, सुरीला; **Melodiously** (-लि)-*adv.* in a melodious manner. मधुर स्वर में; **Melodiousness** (-नेँस्) -*n.* the quality of being sweet sounding or melodious. सुरीलापन।

Melodist-मेँलॅ-डिस्ट्-*n.* a singer of melodies. सुरीला गाना गानेवाला।

Melodize-मेँ-लॅ-डाइज़् -*v. t.* to make melodious. सुरीला करना।

Melodrama-मेँ - लो - ड्रामा - *n.* a sensational drama with music. भावों को जागृत करनेवाला नाटक; **Melodramatic** (- ड्रॅमैटिक्) - *adj.* pertaining to melodrama. ऐसा नाटक-

सम्बन्धी; **Melodramatically** (-ल-लि)-*adv.* in a melodramatic manner. ऐसे नाटक की रचना से; **Melodramatist** (-टिस्ट्) -*n.* one who writes such a drama. ऐसा नाटक बनानेवाला; **Melodramatize** (-टाइज़्) -*v. t.* to compose a melodrama. इस प्रकार का नाटक बनाना।

Melody-मेॅलॅ'-अ-डि-*n.* (*pl.* **Melodies**.-डीज़्) musical arrangement of words, sweet music. स्वर की मधुरता, लय, राग।

Melon-मेॅलॅन् - *n.* a kind of gourd. तरबूज़, फूट ; **Musk melon** खरबूज़ा।

Melt-मेॅल्ट्-*v. i. & t.* (*p. p.* **Melted, Molten**) to become liquid, to pass into liquid condition, to soften. द्रवीभूत होना, गलाना, घुलाना, मुलायम करना, पिघलाना ; **Melting** (-इङ्ग्) -*adj.* dissolving. गलता हुआ ; **To go to the melting-pot** (to be revolutionized.) बदल जाना ; **To melt away** (to disappear after melting.) गलकर लुप्त या गायब हो जाना।

Member-मेॅ-म्बर्-*n.* a limb or organ of the body, portion of a structure, one of a society. अंग, अवयव, सदस्य (सभासद) ; **Membered** (- बर्ड्) - *adj.* having limbs. अंगी, अवयवी ; **Memberless** (-लॅस्) - *adj.* without limbs. अवयवरहित, **Membership** (-शिप्) -*n.* community, state of being a member. सदस्य का पद ; **Unruly member** (the tongue.) जिह्वा, जीभ।

Membral-मेॅ-म्ब्रल् - *adj.* pertaining to the limbs. अंग संबंधी।

Membrane-मेॅम्ब्रे न् -*n.* a thin fibrous layer in an animal body. झिल्ली, खाल; **Membranaceous**,(-ए'-शस्),**Membraneous** (-ब्रे'-नि-अस्) -*adjs.* of membrane. झिल्ली का।

Memento - मिमेॅन्टो - *n.* (*pl.* **Mementos, Mementoes.**) something which serves as a warning. स्मारक, यादगार, चेतावनी।

Memo-मेॅ'- मो-*n.* a memorandum. स्मारक, यादगार।

Memoir-मेॅम्-वॉर्-*n.* an account of events written from personal knowledge or from reliable information, biography. चरित्र-रचना, इतिहास, किसी विषय पर प्रधान लेख।

Memorable - मेॅमरेॅबल् - *adj.* worthy to be remembered. स्मरण करने योग्य ; **Memorability** (-बि-लि-टि) -*n.* memorableness. यादगारी ; **Memorably** (-ऍब्-लि) - *adv.* in a memorable manner. यादगार के रूप में।

Memorandum-मेॅमरॅन्डम् - *n.* (*pl.* **Memoranda, Memorandums.**) a note for helping the memory, a document in which terms of contract are recorded. स्मारक पत्र, स्मरण लेख।

Memorial-मेॅ(-मि)-मो-रिअल्-*adj.& n.* commemorative, serving to preserve memory, a petition or written representation, monumental record. स्मारक, स्मरण-चिह्न, प्रार्थना-पत्र ; **Memorialist** (-इस्ट्) - *n.* one who writes a memorial. प्रार्थना-पत्र लिखनेवाला; **Memorialize** (-आइज़्)-*v. t.* to commemorate. निवेदन-पत्र द्वारा प्रार्थना करना।

Memoria technica - मेॅमोरिआ-टेॅक्-नि-का-*n.* a scientific method of assisting memory. स्मरण-शक्ति बढ़ाने की शास्त्रीय विधि।

Memorize-मेॅ-मॅ-राइज़् - *v. t.* to commit to memory. याद करना।

Memory - मेॅमरि - *n.* (*pl.* **Memories.**) the faculty in a man to remember, recollection, remembrance. स्मरण-शक्ति, धारणा, यादगार; **To commit to memory** (to learn by heart.) कण्ठस्थ करना, रटना।

Men-मेॅन्-*n. pl.* of **Man.**

Menace-मेॅ-नेॅ-स् - *v. t.* to threaten. डराना, धमकाना;-*n.* a threat. धमकी ; **Menacingly** (-ऍस्'-इङ्ग्-लि)-*adv.* with a threat. धमकी से।

Menage-मेॅनाज़्-*n.* household management. गृहस्थी का प्रबन्ध।

Menagerie-मेॅनीजरि-*n.* a collection of wild animals in cages &c. जङ्गली पशुओं का पिंजड़ों में संग्रह।

Mend-मेॅन्ड्-*v. t. & i.* to repair, to regain health, to correct, to improve, to grow better. मरम्मत करना, स्वास्थ्य सुधारना, संशोधन करना, उन्नति करना,उत्तमतर बनाना;**Mendable** (-ऍ-ब्ल्)-*adj.* capable of being mended. सुधारने योग्य ; **Mender** (-अर्)-*n.* one who mends. मरम्मत करनेवाला; **Mending** (-इङ्ग्) -*n.* the act of repairing. मरम्मत।

Mendacious-मेॅन्-डे' -शस् - *adj.* untruthful. false. मिथ्या, झूठ; **Mendaciously** (-लि)-*adv.* falsely. असत्यता से।

Mendacity-मेॅन्डॅसिटि - *n.* falsehood. मिथ्या-भाषण, झूठ।

Mendicancy-मेॅन्डिकन्सि - *n.* beggary. भिक्षा-वृत्ति, भिखारीपन।

Mendicant-मेॅ न्डिकन्ट्-*n.* a beggar, one who subsists on alms. भिक्षुक, भिखारी; **Mendicity** (-डि-सि-टि) -*n.* the life of a beggar. भिक्षुक-जीवन।

Menial-मीनिअल्-*adj.* low, servile, mean. नीच, दास-सम्बन्धी, ओछा; -*n.* a domestic servant, one doing servile work. दास, नौकर; **Menially** (-लि) -*adv.* in a servile manner. दासत्व से, नीचता से।

Meningitis-मीनिन्जाइटिस् - *n.* inflammation of the membrances of the brain. मस्तिष्क की नाड़ियों की सूजन।

Meniscus-मि-निस्क्'-अस्-*n.* a crescent shaped lens. अर्धचन्द्राकार ताल।

Menology-मीनॉलॅजि-*n.* a monthly calendar. मास-पत्रिका, महीनेवारी जन्त्री।

Mensal-मॅन्सल्-*adj.* monthly. मासिक, माहवारी।

Menses-मॅन्'-सीज़्-*n. pl.* the monthly discharge of blood from the outer layer of uterus. स्त्रियों का मासिक धर्म, आतव, रजस्वला होना।

Menshevik-मॅन्'-शॅ-विक्-*n.* a member of the Russian socialist party (*Cf.* **Bolshevik**). रूस की सामाजिक सुधार-सभा का सभासद।

Menstrual-मॅन्स्ट्रु - अल् - *adj.* pertaining to menses. मासिक धर्म-सम्बन्धी।

Menstruate-मॅन्-स्ट्रु-एट्-*v. i.* to discharge menses. रजस्वला होना; **Menstruation**(-एं'-शन्) -*n.* the act of menstruating. ऋतुस्राव, आर्तव।

Menstruous-मॅन्'-स्ट्रु-अस्-*adj.* pertaining to menses. मासिक धर्म-सम्बन्धी।

Menstruum-मॅन्'-स्ट्र-अम्-*n.* (*pl.* **Menstrua** -आ) a dissolving fluid, solvent. द्रावक (घुलानेवाला) पदार्थ।

Mensurable-मॅन्शरॅबल् - *adj.* that can be measured. नापने योग्य; **Mensural** (-अल्) -*adj.* pertaining to measure. नाप-सम्बन्धी।

Mensuration-मॅन्सुरॅशन्-*n.* the art of mathematical measuring. क्षेत्रमिति, गणित में नाप-विद्या।

-ment-मॅन्ट्-*suf.* in sense of "result of." "परिणाम" अर्थ का प्रत्यय।

Mental-मॅन्टल्-*adj.* of the mind, intellectual. मानसिक, बुद्धि-सम्बन्धी; **Mentality** (-टॅल्'-इ-टि) -*n.* intellectuality. मानसिक शक्ति या अवस्था; **Mentally** -*adv.* (-लि)in the mind. मन में या से।

Menthol-मॅन्-थॅल्-*n.* a solid substance similar to peppermint. पिपरमिन्ट के प्रकार की एक ठोस औषधि।

Mention-मॅन्शन्-*n.* naming, a brief notice, suggestion. कथन, निर्देश, चर्चा; -*v. t.* to refer to, to name. निर्देश करना, चर्चा करना;

Mentionable (-ए-बल्) -*adj.* that may be mentioned. निर्देश करने योग्य; **Not to mention** (not to refer.) चर्चा न करना; **To mention by name** (to call by name.) नाम लेना।

Mentioned-मॅन्शन्ड्-*adj.* referred. कहा हुआ, निर्दिष्ट; **Abovementioned** (referred to above.) ऊपर कहा हुआ, उपर्युक्त।

Mentor-मॅन्टर् - *n.* a trustworthy adviser. विश्वसनीय मन्त्री।

Menu-मॅन्यु-*n.* bill of fare. किराए या भोजन का पुर्जा।

Mephitic-मॅ-फ़ि-टिक्, **Mephitical** (-अल्)-*adjs.* foul, noxious, of offensive smell. दुर्गन्धपूर्ण।

Mephitis-मॅ-फ़ाइ-टिस्-*n.* offensive emanation from earth. पृथ्वी से निकलती हुई दुर्गन्ध।

Mercantile-मर्कन्टाइल् - *adj.* commercial. व्यवसायी।

Mercenary-मर्सिनरि-*adj.* working simply for money, selfish, hired. केवल धन के लिए काम करनेवाला, स्वार्थी, भाड़े पर काम करनेवाला।

Mercer-मर्सर्-*n.* one who deals in silk. रेशमी कपड़े बेचनेवाला; **Mercerize** (-आइज़)-*v. t.* to prepare cotton goods with silky gloss. रसायनिक क्रिया से सूत पर रेशम की चमक लाना।

Mercery-मर्सरि-*n.* the trade of a mercer. रेशमी वस्त्र का व्यापार।

Merchandise-मर्चन्डाइज़्-*n.* commodities or goods dealt in by merchants. व्यापारी माल।

Merchant-मर्चन्ट्-*n.* a trader, an exporter or importer of goods. व्यापारी, सौदागर; -*adj.* pertaining to trade. व्यवसाय-सम्बन्धी, सौदागरी; **Merchantable** (-एं-बल्) -*adj.* fit for market. सौदागरी के योग्य; **Merchant-like** (-लाइक्)-*adj.* like a merchant. व्यापारी सदृश; **Merchant prince** (a wealthy merchant.) बड़ा धनिक व्यापारी; **Merchantship**, (a ship conveying merchandise.) व्यापारी जहाज।

Merciful-मर्सिफ़ुल्-*adj.* having mercy, compassionate. दयापूर्ण; **Mercifully** (-फ़ु -लि) -*adv.* with pity. दयासे; **Mercifulness**(-नॅस्) -*n.* the quality of being merciful. दयालुता

Merciless-मर्सि -लॅस - *adj.* cruel. दयाशून्य, निर्दय; **Mercilessly** (-लि)-*adv.* in a merciless manner. क्रूरता से; **Mercilessness** (-नॅस्) -*n.* want of mercy. निष्ठुरता।

Mercurial-मर्क्यूरिअल् - *adj.* pertaining to

quicksilver, fickle, active, changeful. पारद का, चंचल, फुर्तीला, अस्थिर।

Mercuric-मर्क्युरिक्, **Mercurous** (-अस्)-*adjs.* containing mercury, pertaining to the planet Mercury. पारे का, बुध ग्रह-सम्बन्धी।

Mercury-मर्'-क्यु-रि (मर्करि) -*n.* quicksilver, name of a planet. पारा, बुध (ग्रह)।

Mercy-मर्सि-*n.* pity, compassionateness. दया (कृपा), दयालुता।

Mere-मिअर्' (मीर्)-*n.* a lake. झील;-*adj.* this or that, only. केवल, मात्र; **Merely** (-लि) -*adv.* simply, in this way, alone. केवल, इसी प्रकार से।

Meretricious-मॅरिट्रिशस्-*adj.* artitficial, of a showy nature. बनावटी, बनावटी शोभा का; **Meretriciously** (-लि)-*adv.* in a meretricious manner. मिथ्या शोभा से; **Meretriciousness** (-नॅस्)-*n.* deceitful allurement. कपट शोभा, छलयुक्त प्रलोभन।

Merge-मर्ज्-*v. t. & i.* to dip, to combine, to be mixed up. डुबाना, मिलाना, निगल जाना, मिलना; **Mergence** (-ऍन्स्)-*n.* the quality of merging. विलयन, मिलावट; **Merger** (-अर्)-*n.* combination. मिलावट, विलयन, मेल।

Meridian-मॅरिडिअन् - *n.* a conventional circle passing through Celestial Poles and Zenith, the point at which a celestial body attains the highest altitude, full splendour, midday. देशान्तर रेखा, जिस स्थान पर सूर्य या अन्य नक्षत्र सबसे ऊँचाई पर पहुँचता है, पराकाष्ठा, मध्याह्न;-*adj.* pertaining to midday. मध्याह्न-सम्बन्धी; **Meridional** (-अल्)-*adj.* pertaining to meridian. देशान्तर रेखा-सम्बन्धी।

Merino-मॅ-री'-नो-*n.* a kind of sheep, fine woollen yarn. एक प्रकार की भेड़, सुन्दर ऊनी वस्त्र।

Merit-मॅरिट् -*n.* worth, value, excellence. गुण, योग्यता, श्रेष्ठता; (*pl.*) question at issue. गुण-दोष; -*v. t.* (*p. t.* **Merited.**) to deserve. योग्य होना; **Merited** (-ऍड्)-*adj.* deserved. योग्य, उचित।

Meritorious-मॅरिटोरिअस् - *adj.* deserving, praiseworthy. गुणसम्पन्न (पुण्यात्मा), प्रशंसा के योग्य; **Meritoriously** (-लि)-*adv.* so as to deserve reward. प्रशंसा पूर्वक; **Meritoriousness** (-नॅस्) -*n.* the state of deserving reward. योग्यता।

Merle-मर्ल्-*n.* blackbird. कोयल, भुजङ्गा, काला पक्षी।

Merlin-मर्लिन्-*n.* a kind of falcon. एक प्रकार का बाज़।

Mermaid-मर्'-मेड्-*n.* a being with the head and trunk of a woman and the tail of a fish. मत्स्याँगना, मत्स्य स्त्री।



Mermaid.

Merman-मर्'-मॅन् -*n.* male of a mermaid. दरियाई मर्द।

Merrily-मॅ-रि-लि -*adv.* with mirth, jovially. आनन्द से।

Merriment-मॅ-रि-मॅन्ट्-*n.* gaiety, mirth, hilarity, jollity, fun with laughter and noise. आनन्द, विनोद, उत्सव, क्रीड़ा।

Merriness-मॅ-रि-नॅस्-*n.* merriment. आनन्द, प्रसन्नता।

Merry-मॅ-रि - *adj.* (*comp.* **Merrier,** *sup.* **Merriest.**) joyous, gay, jovial, mirthful. प्रमुदित, आनन्दित, मगन, हँसमुख; **Merry-andrew** (a buffoon.) मसखरा, भाँड़; **Merry-go-round** (a revolving machine with wooden horses.) चक्कर देनेवाला हिंडोला; **Merry making** (a festival.) उत्सव; **To make merry** (to feast with mirth.) उत्सव मनाना; **To make merry over** (to make fun of.) हँसी उड़ाना।

Mesdames-मेडेम्'-*pl.* of **Madam.** श्रीमती, महाशया।

Meseems-मि-सीम्ज़्'-*v. i.* it seems to me. मुझे ऐसा प्रतीत होता है, जान पड़ता है।

Mesenterial or **Mesenteric**-मिसेन्टीरिअल या मिसेन्टरिक्-*adj.* pertaining to intestinal canal. अंत्रपेशी-सम्बन्धी (आँतों के पुट्ठों की)।

Mesentery-मिसॅन्टरि - *n.* a fold in the intestinal canal. अन्त्रपेशी, आँत का पुट्ठा।

Mesh-मॅश्-*n.* space between interstices of a net, network. जालरन्ध्र, जाली में का छेद (झँझरी); -*v.* . *& i.* to ensnare or catch in a net. जाल में फँसना या फँसाना; **Meshwork** (-वर्क)-*n.* a network. जाल; **Meshy** (-इ) -*adj.* formed like network जालरूप, जाल के आकार का।

Mesial-मीजिअल् -*adj.* of the middle of a body. शरीर के मध्य का; **Mesially** (-लि)-*adv.* in the middle part of the body. शरीर के मध्य में।

Mesmerise, Mesmerize-मॅज़्-मॅ-राइज़् - *v. t.* to bring to a hypnotic state, to bring a

patient into a trance. मूर्छित करना, रोगी को अचेत करना।

Mesmerism-मेॅ -ज़्र् -मेॅ -रिज़्म्-*n.* hypnotism. मूर्छित करने की विधि।

Mesmerist-मेॅ-ज़्र्-मेॅ-रिस्ट्-*n.* one who mesmerizes. मूर्छित करनेवाला।

Mesmerization-मेॅ-ज़्र्-मेॅ-राइज़ेॅशन्-*n.* the act of mesmerizing. मूर्छित करने का कार्य।

Mesne-मीन् -*adj.* intermediate. बीच का, मध्य का; **Mesne process** (the process that comes between the beginning and end of a suit.) मुकद्दमे के बीच की कार्रवाई।

Mess-मेॅस्-*n.* mixed food, medley, untidy state of things, group of men taking meal together. सहभोजन, मिश्रण, गन्दगी, अनेक मनुष्यों का एक साथ भोजन, पङ्गत; -*v. i.* to eat together as in a mess. एक साथ भोजन करना; **Messmate** (table companion.) सहभोजी, साथ भोजन करनेवाला।

Message-मेॅ-सेॅ-ज्-*n.* communication sent by one person to another. सन्देश, समाचार;-*v. i.* to send as a message. सन्देश भेजना; **Message bearer** (one who carries a message.) दूत, सन्देश ले जानेवाला मनुष्य।

Messenger-मेॅ-सेॅन्-जर्-*n.* one who carries a message. दूत, सन्देश ले जानेवाला, हरकारा।

Messiah-मेॅस्-आइ-आ-*n.* deliverer of the oppressed, the Saviour. दुःखियों का मुक्तिदाता, ईसा मसीह।

Messianic-मेॅस्-इ-ऑनिक्-*adj.* relating to the Messiah. मुक्तिदाता-सम्बन्धी।

Messieurs-मेॅसर्ये -*n.pl.* of Monsieur. महाशय लोग, सभ्यगण।

Messuage-म-स्वि-ज् - *n.* a dwelling house with ground attached to it. गृहवाटिका, निवास-गृह।

Met-मेॅट्, **Meta**-मेॅ-टी, **Meth**-मेॅथ्-*pref.* in sense of "among, with." "बीच में, साथ" अर्थ का उपसर्ग।

Metabolic-मेॅटॉबेॅलिक्-*adj.* capable of change. परिवर्तनशील, चयापचयशील।

Metabolism-मेॅटॉबेॅलिज़्म्-*n.* the process in an organism by which food is built up into living matter. शरीर में की वह क्रिया जिससे भोजन जीवित पदार्थों में बदल जाता है, चयापचय।

Metabolize-मेॅ-टी-बेॅला-इज़्-*v.t.* to alter by metabolism. जीवाणु में परिवर्तित करना या बदलना, चयापचय करना।

Metacarpus-मटीकार्पस्-*n.* the palm of the hand. हाथ की हथेली।

Metachronism-मेॅ-टीक्रॉनिज़्म्-*n.* the placing of an event after its real time. न्यूनकाल निरूपण, किसी घटना का कालान्तर निरूपण।

Metachrosis-मेॅट-क्रो'-सिस्-*n.*ability to change colour in animals. पशुओं में रंग बदलने की योग्यता।

Metage-मी-टेॅ-ज्-*n.* duty paid for load of coal. कोयले के बोझ पर चुंगी।

Metal-मेॅट्ल्-*n.* a substance as gold, silver, copper &c. धातु, (*pl.*) (ब० व०) rails of a railway line. रेलगाड़ी की लाइन; -*v. t.* (*p. t.* Metalled.) to furnish with metal, to pave road with broken stones. धातु लगाना, पक्की सड़क बनाना; **Inferior metals** (metals other than gold and silver.) उपधातु, सस्ती धातुएँ।

Metallic-मेॅट्लिक् (**-line**-लाइन्)-*adjs.*pertaining to or like a metal. धातु-सम्बन्धी, धातुरूप।

Metallist-मेॅट्-लिस्ट्-*n.* a worker in metals. धातु का काम बनाने या करनेवाला, धातु-कर्म-कार।

Metallization-मेॅट्लाइज़ेॅशन् - *n.* the act of metallizing. धातुरूप करने की क्रिया।

Metallize-मेॅट्लाइज़्-*v. t.* to form into a metal. धातुरूप बनाना।

Metallography-मेॅट्लॅग्राफ़ि-*n.* description of the structure of metals. धातुशास्त्र, धातुविद्या।

Metalloid-मेॅट्लॉइड् - *n.* a non-metallic element. धातु के रूप-रंग का एक अधातु पदार्थ।

Metallurgic-मेॅट्लर्जिक् - *adj.* pertaining to metallurgy. धातु-शोधन-सम्बन्धी; **Metallurgist** (-जिस्ट्)-*n.* one who works in metals. धातुशोधन करनेवाला।

Metallurgy-मेॅट्लर्जि-*n.* the art of separating metals from the ore. धातुशोधन, धातुओं को साफ़ करने की कला।

Metalogical-मेॅट्लॉजिकल्-*adj.* beyond the scope of logic. न्याय-विरुद्ध, तर्कशास्त्र से भिन्न।

Metameric-मेॅटॉमरिक्-*adj.* having similarity of weight &c. but different chemical properties. भार इत्यादि समान होते हुए रासायनिक गुणों की भिन्नता रखनेवाला।

Metamorphic-मेॅटमॉर्फिक्-*adj.* of transformations. रूपान्तर का, परिवर्तन का; **Metamorphism** (-इज़्म्)-*n.* the state of being metamorphic. रूपान्तर, परिवर्तन।

Metamorphose-मेॅटमॉर्फ़ोज़्-*v. t.* to change form. रूप बदलना।

Metamorphosis-मेॅटमॉर्-फॅ-सिस्-*n.*(*pl.* Meta-

morphoses-फोसीज़) changed form, transformation. भेद, रूपान्तर ।

Metaphor-मेट्' -अ-फ़र्-*n.* application of name &c. to an inanimate object. रूपक, लक्षणा ।

Metaphorical-मेट्' -अफ़रिकल्-*adj.* figurative. लाक्षणिक; **Metaphorically**(-लि) -*adv.* in a metaphorical manner. लाक्षणिक रूप में ।

Metaphrase-मेट्' -अ-फ़्रेज़्-*n.* a word for word translation. अक्षरशः अनुवाद ।

Metaphrastic-मेट्-अफ़्रॅ-स्टिक् - *adj.* literal in translating. अक्षरशः अनुवाद-सम्बन्धी ।

Metaphysical-मेटॅ-फ़िज़िकल्-*adj.* pertaining to metaphysics. आध्यात्मिक, आत्मविषयक; **Metaphysically** (-लि)-*adv.* in a metaphysical manner. अध्यात्मविद्या के अनुसार ।

Metaphysician-मेटॅ-फ़ि-ज़िशन् -*n.* one who is versed in metaphysics. तत्त्वज्ञानवेत्ता, तत्त्वज्ञानी ।

Metaphysics-मेटॅफ़िज़िक्स्-*n.* the philosophy of being and knowing. अध्यात्मविद्या, आत्मतत्त्वज्ञान ।

Metastasis-मॅ-टॅस्ट-सिस्-*n.* transferring of disease from one part of the body to another. रोग का अंग के एक भाग से दूसरे भाग में स्थान परिवर्तन ।

Metatarsal-see **Metatarsus.**

Metatarsus-मॅ-टॅटार्सस्-*n.* the five long bones of the foot. पैर के पंजे की पाँचों लम्बी हड्डियाँ; **Metatarsal** (-सल्) -*adj.* belonging to metatarsus. इन हड्डियों के सम्बन्ध का ।

Metathesis-मॅ-टॅ-थॅ-सिस्-*n.* transformation of the sounds of letters in a word. अक्षर विपर्यास, शब्द में अक्षरों के उच्चारण का अदल-बदल ।

Mete-मीट्-*n.* limit, boundary. सीमा, परिधि; -*v. t* to measure. नापना; **By metes and bounds** (limited in boundary.) सीमा घेरे हुए ।

Metempiric-मॅटॅम्पिरिक्-*n.* philosophy of things beyond human experience. मनुष्य के अनुभव के बाहर के पदार्थों का तत्वज्ञान; **Metempirical** (-अल्)-*adj.* pertaining to metempiricism. ऐसे तत्वज्ञान से सम्बन्धित ।

Metempsychosis-मॅट्-एॅम्' - सिको - सिस् -*n.* transmigration of soul after death. पुनर्जन्म ।

Meteor-मी' -टिअर्-*n.* a shooting star, luminous body in the sky. उल्कापात, टूटता तारा; **Meteoric** (-अरि - क्)-*adj.* pertaining to meteors. उल्का से उत्पन्न ।

Meteorite-मीटिॲराइट्-*n.* an aerolite. टूटा हुआ तारा ।

Meteoroid-मीटिॲरॉइड्-*n.* particle of matter which forms a meteor. उल्का के परमाणु ।

Meteorograph-मीटिॲ-रॅ-ग्राफ़्-*n.* an instrument for recording shooting of meteor. उल्कापात चित्रित करने का यंत्र ।

Meteorolite-मीटिॲरोलाइट् -*n.* a meteoric stone. उल्का ।

Meteorological-मीटिॲरोलॉजिकल्-*adj.* pertaining to meteorology. अन्तरिक्ष विद्या-सम्बन्धी; **Meteorologically** (-लि)-*adv.* with reference to meteorology. अन्तरिक्ष विद्या के सम्बन्ध में ।

Meteorologist-मीटिॲ-रॅ-लॉजिस्ट्-*n.* one who is skilled in meteorology. अन्तरिक्ष विद्या का पण्डित ।

Meteorology-मीटिॲ-रॅ-लॅ-जि-*n.* the science of the motions and phenomena of atmosphere. अन्तरिक्ष विद्या, वायु तथा आकाश-विषयक विद्या ।

Meter-मी' -टर्-*n.* an instrument for measuring, a measurer. पैमाना नापने का यंत्र या साधन, नापनेवाला ।

Methinks-मि-थिङ्क्स्' -*v. i.*(*pt.*Methought.) it seems to me. मुझे जान पड़ता है, मैं समझता हूँ ।

Method-मॅथड्- *n.* orderly or regular arrangement, system, scheme. रीति (प्रकार), विधि, ढंग ।

Methodical-मिथॉडिकल्-*adj.* systematic. विधिपूर्वक, यथाक्रम; **Methodically** (-लि) -*adv.* in systematical manner. क्रम से, नियम से ।

Methodist-मॅथडिस्ट्-*n.* a strict observer of method. नियम के अनुसार सर्वदा कार्य करनेवाला ।

Methodize-मॅथडाइज़्-*v.t.* to arrange properly. क्रम में करना, व्यवस्था करना ।

Methyl-मॅथिल्-*n.* base of woodspirit. वनस्पति जिसका मद्य बनता है; **Methylate** (-एट्) *v. t.* to mix with methyl. मद्य को न पीने योग्य बनाना; **Methylated spirit** (rectified spirit mixed with naphtha.) जलानेवाला मद्यसार जिसमें यह पदार्थ मिला रहता है ।

Metonymical-मॅटनिमिकल्-*adj.* pertaining to metonymy. किसी पदार्थ के लिये नाम तथा गुण कहने के अलङ्कार का; **Metonymically** (-लि) -*adv.* in a metonymical manner. इस अलंकार के रूप में ।

Metonymy -मिटॅनिमि -*n.* substitution of a name or an attribute for the thing itself.

अलङ्कार जिसमें किसी पदार्थ के लिए उनका नाम या गुण ही कहा जाता है।

Metre-मी'-टर्-*n.* poetic rhythm, measure of a verse. छन्द, वृत्त;-*n.* length of about 39½ inches. प्राय: ३९॥ इन्च की नाप।

Metric-मॅट्'-रिक्-*adj.* pertaining to the decimal measuring system. दशमलव मापन विधि के अनुसार।

Metrical-मॅट्रिकल्-*adj.* involving poetic-measure. छन्दोवद्ध, छन्द:रूप; **Metrically** (-लि) -*adv.* in a metrical manner. छन्द:रूप में।

Metrify-मॅट्रि'-फ़ाइ-*v. i.* (*p. t.* **Metrified**) to versify. कविता बनाना।

Metrological-मॅट्रॅ-लॉजिकल्-*adj.* relating to metrology. माप-विद्या-सम्बन्धी।

Metrology-मॅट्रॅ-लॉजि-*n.* the science of weights. माप-विद्या।

Metronome-मॅट्रॅ-नोम्-*n.* an instrument for measuring time in music. ताल-मापनी, गाने में ताल (का समय) नापने का एक प्रकार का यन्त्र।

Metropolis-मिट्रॉपलिस्-*n.*(*pl.* **Metropolises**) chief city, capital. किसी देश का मुख्य नगर, राजधानी।

Metropolitan-मॅट्रॅपॉलिटन्-*adj.* of a capital. राजधानी-सम्बन्धी;-*n.* a bishop, inhabitant of the chief city. प्रधान पादरी, मुख्य नगर या राजधानी का निवासी।

Mettle-मॅ-ट्ल्-*n.* natural ardour, spirit, disposition. तेज, उत्साह, प्रकृति; **Mettled** (-ड्), **Mettlesome** (-सम्) -*adjs.* high-spirited. साहसी, वीर।

Mew-म्यू-*n.* the sound of a cat, a hawk, a cage for hawks. बिल्ली की बोली, बाज पक्षी, बाज का पिंजड़ा;-*v. t.* to cry as a cat. म्यों-म्यों करना, बिल्ली की तरह बोलना।

Mewl-म्यूल्-*v. t.* to cry feebly. बच्चे की तरह रोना; **Mewler** (-अर्) -*n.* a crying child. रोता हुआ बच्चा।

Mews-म्यूज्-*n.* a horse-stable. अश्वशाला, घुड़साल।

Mezzanine-मॅजनीन्-*n.* the floor beneath a stage. (नाटकगृह के) रङ्गभूमि के नीचे की छत।

Mi-मी-*n.* the third note. तीसरा स्वर "ग"

Miasma-मि (माइ)-ऑज़्मा-*n.* (*pl.* **Miasmata, Miasmas**) an infectious exhalation. रोगकर दूषित वाष्प; **Miasmal** (-ल), **Miasmatic** (-टिक्)-*adjs.* pertaining to miasmata. रोगकर दूषित वाष्प-सम्बन्धी।

Mica-माइका-*n.* a glittering mineral. अभ्रक, अबरक।

Mice--*n. pl.* of **Mouse.** चूहे, चूहियाँ।

Mickle-मि-कल्-*adj. & n.* much, great, large amount. बहुत,बड़ा, अधिक मात्रा; **Many a little (pickle) makes a mickle** (a collection of small things which makes something great.) बूँद-बूँद करके घड़ा भर जाता है।

Micro-माइ'-क्रो-*pref.* in sense of 'small or millionth part.' 'अल्पार्थक अथवा दस लाखवाँ भाग' सूचक उपसर्ग।

Microbe-माइ'-क्रोब्-*n.* a minute living organism. सूक्ष्म जीव, जीवाणु; **Microbial** (-इ-अल्) -*adj.* relating to microbes. सूक्ष्म जीवधारी सम्बन्धी; **Microbiology** (-बायोलॉजि) -*n.* a description of the microbes. जीवाणु-विषयक शास्त्र।

Microcosm-माइ' - क्रॅ - कॉज़्म्-*n.* miniature representation of man or the universe. संसार या मनुष्य का सूक्ष्म दर्शन; **Microcosmic** (-क्रॉज़्म्-इक्)-*adj.* pertaining to the microcosm. सूक्ष्म जगत्-सम्बन्धी।

Microphone-माइ'-क्रॅ-फ़ोन्-*n.* an instrument for intensifying feeble sounds. धीमे स्वर को तीव्र करने का एक प्रकार का यन्त्र।

Microscope-माइ'-क्रॅ-स्कोप्-*n.* an optical instrument for magnifying objects. सूक्ष्मदर्शक (अणुवीक्षण) यन्त्र, छोटी वस्तु को बड़ी देखने का यन्त्र, खुर्दबीन।

Microscopic-माइ'-क्रॅ-स्कॅप्'-इक्, **Microscopical** (-अल्) -*adjs.* pertaining to a microscope. अणुवीक्षण यन्त्र सम्बन्धी; **Microscopically** (-लि)-*adv.* in a magnifying manner. छोटी वस्तु को बड़ी दिखाते हुए।


Microscope.

Microscopist-माइ' - क्रॅस-कॅप्-इस्ट्-*n.* one who is skilled in microscopy. सूक्ष्मदर्शक यन्त्र का भली भाँति व्यवहार करनेवाला।

Microscopy-माइ'-क्रॅस्-कॅप्-इ-*n.* the use of a microscope. अणुवीक्षण यन्त्र (खुर्दबीन) का प्रयोग।

Micturition-मिक्-ट्यू-रि-शन् - *n.* frequent desire to make water. बारम्बार पेशाब करने की इच्छा।

Mid-मिड्-*adj.* middle, medium, intervening. मध्य का, बिचला, बीच का; **Midcourse** (the middle course.) मध्यभाग; **Midday** (noon.)

मध्याह्न; **Midland** (land in the interior of a country.) मध्यदेश; **Midnight** (middle of night.) आधी रात; **Midsummer** (middle of summer.) ग्रीष्मऋतु का मध्य; **Midway** (half way.) आधे रास्ते में; **Midwife** (a woman who assists in childbirth.) प्रसवकारिणी, दाई; **Midwifery** (the art of assisting a woman in childbirth.) प्रसव विद्या।

Middle-मि-इल्-*adj.* equidistant from two extremities, intermediate. मध्य भाग का, बिचला;-*n.* the centre. मध्य, बीच; **Middle age** (the period between youth and old age.) मध्य (जवानी और बुढ़ापे के बीच की) अवस्था; **Middle-aged** (of such age.) अधेड़ अवस्था का; **Middle ages** (time between 1000-1400 A. D.) मध्य युग (प्राय: १००० ईस्वी से १४०० ईस्वी तक का समय); **Middle class** (the class of society between upper and lower.) मध्यम श्रेणी के लोग; **Middle-man**-*n.* an intermediary. मध्यस्थ, पञ्च; **Middlemost** (-मोस्ट्)-*adj.* सबसे बिचला।

Middling-मिड्'-लिङ्ग्-*adj.* of the middle rank. मध्य गुण या स्थिति का।

Midge-मिज्-*n.* a small insect or person. छोटा कीड़ा या मनुष्य।

Midget-मिजेंट्-*n.* a miniature photograph, dwarf. बहुत छोटा चित्र, बहुत छोटा मनुष्य, बौना।

Midst-मिड्स्ट्-*adv.* in the middle. बीच में; **In the midst of the talk** (during a conversation.) बात करते हुए, बातचीत में।

Mien-मीन्-*n.* aspect, bearing, deportment. आकृति, ढङ्ग, छवि।

Miff-मिफ्-*n.* a petty quarrel. मुँहाचाही;-*v.t.* to quarrel. झगड़ा करना।

Might-माइट्-*v. aux.* (*p.t.* of May) सका;-*n.* bodily strength, force, power. शक्ति, बल, पराक्रम, सामर्थ्य; **Mightily** (-इ-लि)-*adv.* vigorously. पराक्रम से, बल से; **Mightiness** (-नेस्)-*n.* power, greatness. प्रभाव, सामर्थ्य; **Mighty** (-इ)-*adj.* powerful. प्रबल, शक्तिमान्; **With all his might** (as far as possible.) यथाशक्ति; **With might and main** (with full vigour.) पूरी शक्ति या बल से।

Mignonette-मिन्यनेट्-*n.* a plant with sweet smelling flowers. सुगन्धित फूलोंवाला एक पौधा।

Migrant-माइ'-ग्रॅन्ट्-*n.* a migratory animal. स्थान बदलकर रहनेवाला पशु।

Migrate-माइ-ग्रेट्-*v. i.* to move from one place to the other. देशान्तर गमन करना, एक स्थान से दूसरे स्थान को जान।

Migration-माइ-ग्रे'-शन्-*n.* the act of migrating. देशान्तरगमन।

Migratory-माइ-ग्रे'-टरि-*adj.* wandering from one place to another, wandering. एक देश से दूसरे देश में जानेवाला, घूमनेवाला, भ्रमणकारी।

Mikado-मि-का'-डो-*n.* the title of the Emperor of Japan. जापान के सम्राट की उपाधि।

Mike-माइक्-*v. i.* to shrink from work. काम से ठिठकना;-*n.* short form of microphone & microscope. 'माइक्रोफोन' या 'माइक्रॉस्कोप' का छोटा रूप।

Milch-मिल्श्-*adj.* giving milk. दूध देनेवाली; **Milch cow** (milk-yielding cow.) दुधार गाय।

Mild-माइल्ड्-*adj.* gentle, placid, moderate, not strong, tame, feeble. कोमल, मृदु, दयालु, सुकुमार; **Mildly** (-लि)-*adv.* in a mild manner. कोमलता से; **Mildness** (-नस्)-*n.* gentleness, softness. दयालुता, कोमलता।

Mildew-मिल्'-ड्यू-*n.* a destructive growth on plants &c. वृक्षों का एक रोग, गेरुई;-*v. t.* & *i.* to taint or to be affected by mildew. ऐसा रोग लगना; **Mildewy** (-इ)-*adj.* resembling mildew. ऐसे रोग का।

Mile-माइल्-*n.* a lineal measure of 1760 yards. मील, आधा कोस।

Mileage-माइल्-एज्-*n.* distance travelled, expenses per mile. चली हुई दूरी, प्रति मील खर्च।

Milestone-माइल्'-स्टोन्-*n.* stone which is fixed to mark miles. सड़क पर लगा हुआ मील सूचित करने का पत्थर।

Milfoil-मिल्'-फ़ॉइल्-*n.* a kind of plant. एक प्रकार का पौधा।

Militancy-मिलिटॅन्सि-*n.* militarism. लड़ाकापन।

Militant-मिलिटन्ट्-*adj.* engaged in warfare. युद्ध में लगा हुआ।

Militantly-मिलिटन्ट्लि-*adv.* in a militant manner. युद्ध-रत अवस्था में।

Militarism-मिलिटरिज़्म्-*n.* an excess of military spirit, military government. सैनिक प्रवृत्ति, सैनिक शासन।

Militarist-मिलिटरिस्ट्-*n.* a student of warlike policy. सैनिक, युद्ध-विद्या का अध्ययन करनेवाला।

Militarize-मिलिटराइज़्-*v. t.* to make one of military spirit. (किसी को) सैनिक प्रवृत्ति का बनाना।

Military-मिलिटरि-*adj.* befitting soldiers, martial. संग्रामिक, युद्ध-सम्बन्धी, फ़ौजी;-*n.* the army, soldiery. सेना, फ़ौज; **Military caste.** सैनिक जाति; **Military duty** duty of a

soldier.) सैनिक कर्तव्य ; **Military man** (a soldier.) सैनिक, योद्धा; **Military preparations** (preparations of war.) युद्ध की तैयारी **Military profession** (the profession of a warrior.) सैनिक का व्यवसाय; **Military science** (the science of war.) युद्धशास्त्र ।

Militate-मिलिटेट्-*v. i.* to fight in war. युद्ध में भाग लेना या लड़ना ।

Militia-मि-लिश्या-*n.* body of men enrolled and drilled as soldiers. देशरक्षक सेना, रक्षक योद्धा; **Militiaman** (soldier of a militia.) देश रक्षक सेना का सिपाही ।

Milk-मिल्क्-*n.* a white fluid secreted by female mammals for nourishing their young ones. दूध;-*v. t.* to draw milk from cow&c. दूध दुहना ; **Coagulated milk** (curd.) दही; **Milk and Honey** (abundant means of enjoyment.) सुख के प्रचुर साधन; **Milker** (-अर्) -*n.* a man who milks. दूध दुहनेवाला; **Milk-livered** (cowardly.) कायर ; **Milkmaid** (a woman who milks, a dairymaid.)अहीरिन; **Milkman** (one who sells milk.) अहीर, दूधवाला; **Milk of human kindness** (goodness of heart.) प्राकृतिक दयालुता ; **Milk-pan** (a pot for keeping milk.) दूध रखने का पात्र; **Milk-porridge** (meal baked with milk.) दूध का हलुआ; **Milksop** (a piece of bread soaked in milk, a feeble-minded person.) दूध में भिगोई रोटी का टुकड़ा, दुर्बल मन का मनुष्य; **To milk the ram** (to do useless work.) निष्प्रयोजन कार्य करना ।

Milkiness-मिल्कि'-इ-नेस्-*n.*softness.दूधियापन, मृदुता, कोमलता ।

Milky-मिल्कि-*adj.* of or like milk. दूध का बना हुआ, दुधिया; **Milky way** (the galaxy, a luminous band of heavenly stars.) आकाश-गङ्गा, असंख्य तारों की चमकती हुई पंक्ति ।

Mill-मिल्-*n.* an apparatus for grinding, fitted with machinery, a manufactory. चक्की, जाँता, कारखाना;-*v. t.* (*p. t.* **Milled.**) to full as cloth, to grind, to stamp, to make raised edges of a coin. कपड़े में माँड़ी लगाना, चक्की में पीसना, ठप्पा करना, सिक्के के किनारे पर धारी बनाना; **Mill-board** (board for book-binding.) कागज की मजबूत दफ्ती; **Mill-bomb** (a kind of bomb shell.) एक प्रकार का बम ;**Mill-hand** (a factory worker.) शिल्प-शाला का कर्मचारी; **Millstone** (a stone used for grinding grain.) चक्की का पाट; **Millwright** (one who constructs a mill.) चक्की या कारखाना बनाने वाला ।

Millenarian-मिलिनेरिअन्, **Millenial** (-अल) -*adjs.* of the age of a thousand years. हजार वर्ष का; **Millenary** (-नरि) -*n.* a thousand years, a thousandth anniversary.हजार वर्ष, सहस्र वर्षी जन्म गाँठ ।

Millennium-मिलिनिअम् - *n.* a period of a thousand years. एक हजार वर्ष का काल ।

Millepede-मिलि-पीड्-*n.* an insect with numerous legs. अनेक पैरों का कीड़ा, गोजर ।

Miller-मि-लर्-*n.* the owner of a mill. चक्की या कारखाने का मालिक ।

Millesimal-मिलेसिमल्-*adj.* & *n.* a thousandth (part.). हजारवाँ (भाग) ।

Millet-मि-लेट्-*n.* an Indian plant which bears grains. जोंधरी, बाजरा, जुआर ।

Milliner-मिलिनर्-*n.* one who makes up women's hats. मेमों की टोपी बनानेवाला ; **Millinery** (-इ)-*n.* articles made and sold by a milliner. मेमों की टोपी या इनकी पोशाक ।

Million-मिलिअन् (मिल्यन्)-*n.* a thousand thousands. दस लाख; **Millionfold** (-फ़ोल्ड) -*adj.* a million times. दस लाख गुना;**Millionth** (-थ्)-*adj.* one of a million parts.दस लाखवाँ ।

Millionaire-मिल्यनेंअर्-*n.*a very rich person. लक्षाधीश, लखपति ।

Milt-मिल्ट्-*n.* an organ like spleen in fishes. मछली का पित्ता ।

Milter-मिल्ट्'-अर्-*n.* (*fem.* Spawner) a male fish. मच्छ ।

Miltonic, Miltonican-मिल्- टॅन्'-इक्, (-अन्) -*adjs.* of the style of Milton. इङ्गलैंड के प्रसिद्ध कवि मिल्टन की कविता के सदृश ।

Mimesis-माइ-मी-सिस्-*n.* imitation of the voice or gestures of another person. किसी मनुष्य की आकृति या शब्द का अनुकरण ।

Mimetic-माइम्-ऐट्'इक् - *adj.* imitative. अनुकरण करनेवाली ; **Mimetically** (-अलि)-*adv.* in an imitative manner. अनुकरण रूप में ।


Mimic-मिम्'-इक्-*n.* & *adj.* one who is apt to imitate, a buffoon. अनुकरण करनेवाला ; हँसानेवाला, भाँड़, बहुरूपिया ; - *v. t.* to imitate like a fool. अनुकरण करना, विडम्बना करना ।

Mimicry-मिमिक्रि-*n.* a ludicrous imitation. उपहास-सहित अनुकरण, विडम्बना, स्वाँग, भँड़ई ।

Mimosa-मिमोज़ा-*n.* a sensitive plant. लजाधुर या छुई मूई का पौधा ।

Minacious-मि-ने-शस्-*adj.* threatening. डराने वाला; **Minaciously** (-लि)-*adv.* in a threatening manner. डराते हुए ।

Minaret-मिन्'-ऑ-रॅट्-*n.* a mosque tower. मसजिद की मीनार, धरहरा।


Minaret.

Minatory-मिन्-ऑ-टरि -*adj.* threatening. भय उत्पन्न करनेवाला।

Mince-मिन्स्-*v.t.* to cut or chop into small pieces, to speak in an affected manner. छोटे-छोटे टुकड़े या बोटी-बोटी करना (कतरना), बनाकर बोलना; -*n.* minced meat. टुकड़ा किया हुआ मांस; **To mince matters** (to minimize the unpleasantness of things.) विषय खंडित करना (स्पष्ट रूप से न कहना); **Mincingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a mincing manner. भिन्न गति से, भिन्न स्वर से।

Mind-माइन्ड्-*n.* memory, thought, intellect, commemoration, disposition, opinion, purpose. स्मरण शक्ति, विचार, बुद्धि, अभिप्राय, स्मृति-उत्सव, मन, मत, लक्ष्य, ध्येय;-*v.t.* & *i.* to give heed to, to attend, to take care of, to remember, to mark. चित्त लगाना, ध्यान देना, यत्न करना, याद करना, लक्ष्य रखना; **According to one's mind** (according to one's desire.) इच्छानुसार; **Mind your own business** (leave other people alone.) अपना काम देखो; **Mind's eye** (mental view.) मानसिक विचार; **Never mind** (it does not matter.) कुछ चिन्ता नहीं; **Of low mind** (mean.) नीच बुद्धि का; **To be of one mind** (to be of one opinion, to agree.) एक राय होना; **To call to mind** (to remember.) स्मरण करना; **To give mind to** (to be attentive to.) चित्त लगाना; **To go out of one's mind** (to forget.) भूल जाना; **To keep in mind** (to remember.) ध्यान में रखना; **To make up one's mind** (to resolve.) दृढ़ निश्चय करना; **To my mind** (to my thinking.) मेरे विचार में।

Minded-माइन्ड्'एँड्-*adj.* inclined. प्रवृत्त, लीन; **Worldly-minded**-*n.* संसारी,लौकिक, दुनियादार।

Mindful-माइन्ड्'फ़ुल-*adj.* attentive. सावधान, सचेत; **Mindfully** (-फ़ु-लि)-*adv.* attentively. सावधानी से; **Mindfulness** (-नेस्)-*n.* attentiveness, heedfulness. सावधानी।

Mine-माइन्-*poss. pron.* used after a noun. अपना, मेरा, यथा-this book is *mine,* friend of *mine.* इत्यादि।

Mine-माइन्-*n.* an excavation in the earth from which coal, salt, metals &c. are taken out, great source, a subterranean passage. खान, सुरङ्ग, आकर, खाई;-*v.t.* to dig a mine in the earth, to undermine. सुरङ्ग या खान खोदना, पता लगाना ; **Miner** (-अर्)-*n.* one who works in a mine. खान में काम करनेवाला; **To lay mine** (to dig mines.) सुरङ्ग बनाना या खोदना।

Mineral-मिनरल्-*n.* an inorganic substance. खनिज पदार्थ धातु;-*adj.* pertaining to minerals. धातु-सम्बन्धी; **Mineralization** (-आइज़्-ए'-शन्)-*n.* the act of mineralizing. धातु का रूप देने की क्रिया; **Mineralize** (-आइज़्)-*v. t.* to convert into a mineral. धातु के रूप में बदलना; **Mineralogical** (-ऑज़्-इ-कल्)-*adj.* pertaining to minerals. धातु-सम्बन्धी; **Mineralogist** (-ऑ-जिस्ट्)-*n.* one versed in the study of minerals. धातु विद्या में निपुण; **Mineralogy** (-ऑजि)-*n.* the study of minerals. धातुपरीक्षण शास्त्र, धातुविद्या; **Mineral water** (water impregnated with minerals.) धातु कण मिश्रित जल, सोडा वाटर इत्यादि।

Minerva-मिनर्वा-*n.* the goddess of Wisdom. सरस्वती, विद्या की देवी।

Mingle-मिङ्ग्-ल्-*v. t.* & *i.* to mix, to unite, to blend, to be united. संयुक्त होना (मिलना), आपस में मिलना, एकत्र होना ; **Mingled** (-ड्) *adj.* mixed. मिश्रित; **Mingler** (-ग्लर्)-*n.* one who mingles. मिश्रण करनेवाला।

Miniate-मिनि-एँट्-*v. t.* to paint with vermilion. सिन्दूर से रँगना।

Miniature-मिनिएँचर्-*n.* a small sized picture or portrait. सूक्ष्म आकार का चित्र ; - *v. t.* to make a miniature picture. सूक्ष्म रूप का चित्र बनाना;**In miniature** (in a very small size.) सूक्ष्म रूप में; **Miniaturist** (-इस्ट्)-*n.* a painter of miniatures. छोटे-छोटे चित्र बनानेवाला।

Minify-मिनिफ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Minified.**) to make small in size, to lessen in importance, to diminish. छोटा करना, न्यून करना, महत्त्व घटाना।

Minim-मिनिम्-*n.* a creature of the smallest size, the sixtieth part of a dram. अत्यल्प आकार का प्राणी, एक ड्राम का साठवाँ भाग (एक बूँद)।

Minimal-मिनिमल्-*adj.* extremely small. अति सूक्ष्म।

Minimalist-मिनिमलिस्ट्-*n.* one who is ready to accept the minimum salary. न्यूनतम वेतन स्वीकार करनेवाला मनुष्य।

Minimization-see **Minimize.**

Minimize-मिनिमाइज़्-*v. t.* to reduce to the smallest amount or degree. छोटा से छोटा बनाना; **Minimization** (-ए'-शन्)-*n.* the act of minimizing. अल्पीकरण, छोटा करने का कार्य।

Minimum-मिनिमम् -*n.* (*pl.* **Minima.**) the least quantity or amount. न्यूनतम परिमाण या संख्या।

Minimus-मिनिमस्-*n.* the youngest of the same name. एक ही नाम के अनेक विद्यार्थियों में सबसे छोटा।

Minion-मिन्यन्-*n.* a favourite, a servant, a small printing type. प्रिय (प्यारा), भृत्य, छोटा टाइप।

Minister-मिनिस्टर्-*n.* (*fem.* **Ministress**) a person administering state affairs, political agent, a clergyman. मन्त्री (अधिकारी), राजदूत, पुरोहित;-*v. i. & t.* to afford supplies, to render help, to contribute, to perform. पूर्ति करना, सहायता देना, चन्दा या दान देना, प्रबन्ध करना; **Prime Minister** (the chief minister of a nation.) प्रधान मन्त्री।

Ministerial-मिनिस्टीरिअल्-*adj.* pertaining to a minister, official. मन्त्री-सम्बन्धी, राजकीय ; **Ministerially** (-लि)-*adv.* in a ministerial manner. मन्त्री के ढंग से या रूप में।

Ministration-मिनिस्ट्रेशन्-*n.* ministering of matters. कार्य सम्पादन, कर्त्तव्य कर्म साधन।

Ministrative-मिनिस्ट्रेटिव़-*adj.* ministering. प्रबन्ध करनेवाला।

Ministress-मिनिस्ट्रेस्-*n. fem.* a woman who ministers. प्रबन्धकर्त्री।

Ministry - मिनिस्ट्रि - *n.* (*pl.* **Ministries**) agency, body of ministers. मन्त्रित्व, मन्त्रि-गण, मन्त्रिमण्डल।

Mink-मिङ्क्-*n.* a kind of furred animal. एक प्रकार का ऊदबिलाव।

Minnow-मि'-नो-*n.* a kind of fresh-water fish. एक प्रकार की नदी में रहनेवाली मछली।

Minor-माइनर्-*adj. & n.* lesser, unimportant, of under age. छोटा, अमुख्य, अल्पवयस्क, नाबालिग; **Minor consideration** (unimportant consideration.) क्षुद्र या महत्त्वहीन विचार।

Minority-माइनॉरिटि-*n.* (*pl.* **Minorities.**) of under age, of small party. अल्पवयस्कता, अल्प पक्ष या संख्या।

Minotaur-मिनॅटॉर्-*n.* a fabled monster half man and half bull. नरवृषभ, एक कल्पित प्राणी जो आधा मनुष्य तथा आधा बैल हो।

Minster-मिन्स्टर्-*n.* a cathedral, a large church. बड़ा गिर्जाघर।

Minstrel-मिनस्ट्रल्-*n.* a singer or musician गवैया, बन्दी, भाट; **Celestial minstrel** (heavenly muse.) गन्धर्व ; **Minstrelsy** (-सि) -*n.* the occupation of a minstrel, a collection of songs. गन्धर्ववृत्ति, गायन संग्रह।

Mint-मिन्ट्-*n.* the place where money is coined, an aromatic plant. टकसाल, रुपया बनाने का कारखाना, पुदीना;-*v. t.* to make coins, to imagine. सिक्का ढालना, अनुमान करना।

Mintage-मिन्ट्-एज्'-*n.* that which is coined. मुद्रित द्रव्य या सिक्का।

Minuet-मिन्'-यू-एट्'-*n.* a kind of dance. एक प्रकार का नाच।

Minus-माइ'-नस्-*n.* deduction, the sign of subtraction. (—) कमी, न्यूनता, घटाव, ऋण का चिह्न (—)।

Minute-मिनिट्-*n.* the sixtieth part of an hour, the sixtieth part of a degree, instant, memorandum. मिनट, एक डिग्री (अंश) का साठवाँ भाग, क्षण, स्मरणार्थ लेख;-*v. t.* to draft. स्मरणार्थ लिखना; **Minutes** (-स्)-*n. pl.* a short summary of the proceedings of a committee, assembly &c. किसी सभा की कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण; **Minute-book** (the book in which proceedings of a meeting are recorded.) सभा की कार्यवाही के विवरण की पुस्तक; **Minutehand** (the long hand of a clock or watch.) घड़ी की बड़ी सुई; **Minutely** (-लि)-*adj.* happening once a minute. मिनट में एक बार होनेवाला।

Minute-माइ-न्यूट्'-*adj.* very small, trifling, exact, accurate. सूक्ष्म, क्षुद्र, ब्योरेवार; **Minutely** (-लि)-*adv.* in a minute manner. सूक्ष्म विचार से ; **Minuteness** (-नेस्)-*n.* extreme smallness. सूक्ष्मता, छोटापन।

Minutia-मि-न्यू'-शि-आ-*n.* (*pl.* **Minutiae** -ई) precise detail. सूक्ष्म विवेचन या विचार।

Minx-मिङ्क्स्-*n.* a pert girl, a flirt. ढीठ लड़की, अविनीत स्त्री।

Miracle-मिरकल्-*n.* a supernatural event, a remarkable occurrence, a wonder. अद्भुत कार्य, चमत्कार, आश्चर्य; **To a miracle** (surprisingly well.) आश्चर्यरूप में, सुन्दरता से किया हुआ।

Miraculous-मिर्-ऐक्'-यु-लस् - *adj.* supernatural, wonderful, extraordinary. अद्भुत, चमत्कारी; **Miraculously** (-लि)-*adv.* by a miracle. दिव्य शक्ति से; **Miraculousness**

(-नेस्)-*n.* the state of being miraculous. अद्भुतता, अलौकिकता।

Mirage-मि-राझ़-*n.* an illusive atmospheric appearance of water in a sandy desert. मृगतृष्णा, मरुस्थल में जल का आभास।

Mire-मायर्-*n.* swamp, deep mud-bog. कीचड़, दलदल (चहला); **Miry** (-इ)-*adj.* boggy, कीचड़-युक्त, गँदला; **To get into the mire** (to fall into difficulty.) कठिनाई में पड़ जाना।

Mirk-मर्क्-*adj.* dark, gloomy. अँधेरा; -*n.* gloom. अन्धकार।

Mirror-मिरर्-*n.* a looking glass. दर्पण, आइना; *v t.* to reflect as in a mirror. दर्पण में प्रतिबिम्बित होना।

Mirth-मर्थ्-*n.* merriment, glee, gladness. आनन्द, प्रमोद (हँसी)।

Mirthful-मर्थ्'-फुल् -*adj.* jovial. आनन्दित; **Mirthfulness** (-नेस्)-*n.* mirth. आनन्द; **Mirthfully** (-लि)-*adv.* in a merry manner. आनन्द से।

Mirthless-मर्थ्' - लेस् - *adj.* without mirth. आनन्दरहित; **Mirthlessly** (-लि) -*adv.* in a mirthless manner. बिना आनन्द के।

Mis-मिस्-*pref.* in sense of 'badly' 'wrongly.' 'बुरी तरह से', 'अशुद्धता से' अर्थ का उपसर्ग।

Misadventure-मिस्-ऑड्वेन्चर्-*n.* misfortune, mischance. अभाग्य, दुर्गति; **Misadventurous** (-अस्)-*adj.* disastrous. दुर्गतियुक्त, अभाग्यपूर्ण।

Misadvised - मिस्' - ऑड् - वाइज़्ड् - *adj.* ill-directed. बुरी सलाह पाया हुआ, असदुपदिष्ट।

Misalliance-मिस्-ऑलायन्स्-*n.* an improper marriage. अयोग्य वैवाहिक सम्बन्ध।

Misanthrope-मिस्'-ऑन्-थ्रोप्-*n.* a hater of mankind. मनुष्यद्रोही, विश्ववैरी, लोकशत्रु; **Misanthropic** (-थ्रॉप्'-इक्), **Misanthropical** (-इक्-अल्)-*adjs.* hating mankind. नरद्रोही; **Misanthropist** (-थ्रॉ-पिस्ट्)-*n.* a hater of mankind. विश्वशत्रु।

Misapplication-मिस्'-ऑप्लिकेशन्-*n.* a wrong application. कुप्रयोग, बुरा प्रयोग।

Misapply-मिस्-ऑप्लाइ-*v. t.* (*p. t.* Misapplied). to apply wrongly. मिथ्या प्रयोग करना, अनुचित कार्य में लगाना।

Misapprehend-मिस्-ऑप्रि-हेन्ड्'-*v.t.*to misunderstand. मिथ्या ग्रहण करना, उलटा समझना।

Misapprehension-मिस्'-ऑप्रिहेन्शन्-*n.* misconception. मिथ्या-ग्रहण, भ्रम।

Misapprehensive-मिस्'-ऑप्रिहेन्सिव्-*adj.* misconceiving भ्रमपूर्ण; **Misapprehensiveness** (-नेस्)-*n.* misconception. विभ्रमता।

Misappropriate-मिस्'-ऑप्-प्रो'-प्रि-एट्-*v. t.* to put to wrong use, to take dishonestly. दुरुपयोग करना, दूसरे का माल खा जाना; **Misappropriation** (-ए'-शन्)-*n.* a wrong or dishonest use. दुरुपयोग, गबन।

Misarrange-मिस्'-अरेन्ज्-*v.t.* to arrange in a wrong order. व्यतिक्रम से रखना, बेसिलसिले रखना; **Misarrangement** (-मेन्ट्)-*n.* bad arrangement. व्यतिक्रम, बुरा प्रबन्ध।

Misascribe-मिस्'-ऑस्-क्राइब्'-*v. t.* to ascribe wrongly. मिथ्यारोपण करना।

Misbecome-मिस्'-बिकम्'-*v. t.* to be unbecoming. अयोग्य (अनुपयुक्त) होना।

Misbegotten-मिस्-बि-गॉट्-न्-*adj.*ill-begotten, bastard. जारज, दोगला।

Misbehave-मिस्-बि-हेव्'-*v. t.* to behave in an improper way. अयुक्त आचरण करना, दुराचार करना।

Misbehaviour-मिस्-बि-हेवि-यर्-*n.* improper behaviour, misconduct. दुष्ट वृत्ति, दुराचार।

Misbelief-मिस्-बि-लीफ्'-*n.* a false or erroneous belief. मिथ्या विश्वास।

Misbelieve-मिस्-बि-लीव्'-*v. t.* to hold a wrong religious belief, to have a false opinion. मिथ्या विश्वास करना, अधर्म मानना; **Misbeliever** (-अर्)-*n.* one who falsely believes. मिथ्या विश्वास करनेवाला।

Misbelieving-मिस्-बि-लीव्'-इङ्ग्-*n.* a false belief. मिथ्या विश्वास।

Miscalculate-मिस्-कॅल्' -क्यू- लेट् - *v. t.* to calculate wrongly. मिथ्या गणना करना; **Miscalculation** (-ले'-शन्)-*n.* wrong calculation. मिथ्या गणना।

Miscall-मिस्-कॉल्'-*v. t.* to call by a wrong name. झूठे नाम से पुकारना।

Miscarriage-मिस्-कॅ'-रेज्-*n.* misbehaviour, mismanagement, premature birth, abortion, failure: असदाचरण, कुप्रबन्ध, अकाल प्रसव, गर्भपात।

Miscarry-मिस्-कॅ-रि-*v. i.*(*p. t.* Miscarried.) to be unsuccessful, to deliver a child prematurely. विफल होना, अकाल प्रसव करना।

Miscasting-मिस्-कास्ट्' - इङ्ग् - *n.* a wrong addition. अशुद्ध योग-करण।

Miscellanea - मिस् - लेनिआ - *n. pl.* literary jumbling. अनेक वस्तुओं का संग्रह, अनेक विषयों की खिचड़ी।

Miscellaneous-मिस्-ले'-नि-अस् *adj.* of mixed character, of several kinds, mingled.

मिश्रित ढंग का, अनेक जाति का, पँचमेल; **Miscellaneously** (-लि)-*adv.* with mixed character. मिश्रण युक्त, मिलावट सहित; **Miscellaneousness**(-नेस्)-*n.* mixture. मिलावट।

Miscellany-मिसेॅलनि-*n.* a mixture, a collection of different subjects in one volume. मिश्रण, नाना विषय संग्रह।

Mischance-मिस्-चान्स्'-*n.* bad luck, misfortune. दुर्भाग्य, अभाग्य।

Mischief-मिस्' - चिफ् -*n.* (*pl.* **Mischiefs.**) harm, injury, damage, distress, evil. अपकार, अनिष्ट, हानि, क्षति, संकट, बुराई; **Mischief-maker** (one who sets people to a quarrel.) दुर्जन, उपद्रवी; **Mischief-making** (exciting enmity.) शत्रुता उत्पन्न करना ; **To make mischief** (to create discord.) विवाद या विरोध उत्पन्न करना।

Mischievous - मिस्चिवस् - *adj.* inclined to mischief. अपकारी, दुष्ट, उपद्रवी; **Mischievously** (-लि) -*adv.* with evil intentions. दुष्ट बुद्धि से ; **Mischievousness** (-नेस्) - *n.* harmfulness. अपकारशीलता, दुष्ट-बुद्धि।

Miscibility-see **Miscible.**

Miscible-मि-सि-बल्-*adj.* able to be mixed. मिलाने योग्य ; **Miscibility** (-बिलिटि) - *n.* the state of being mixed. मिलावट।

Miscite-मिस्-साइट्'-*v.t.* to quote erroneously or wrongly. मिथ्या उद्धरण देना।

Misclaim-मिस्-क्लेम्'-*n.* a mistaken claim. अनुचित अधिकार।

Miscompute-मिस्-कम्प्यूट् - *v. t.* to reckon wrongly. मिथ्या गणना करना।

Misconceive-मिस्कन्सीव् -*v. i. & t.* to have a wrong notion of, to misunderstand. मिथ्या विचार करना, उलटा समझना।

Misconception-मिस्कन्सेॅप्शन् - *n.* misapprehension. मिथ्या बुद्धि, भ्रम।

Misconduct-मिस्कॉन्डक्ट्-*n.* improper conduct, ill-behaviour. दुराचार, दुश्चरित्र; - *v. t.* (-डक्ट्') to conduct badly. बुरा आचरण करना

Misconjecture - मिस्कन्जेॅक्चर् - *n.* a wrong guess or conjecture. मिथ्या तर्क, झूठा अनुमान;-*v. t.* to make a wrong guess. मिथ्या अनुमान करना।

Misconstruction-मिसकन्स्ट्रक्शन्-*n.* a wrong interpretation of words. शब्दों का विपरीत बोध।

Misconstrue-मिस्-कॉन् -स्ट्रू -*v. t.* to make a mistake, to interpret wrongly. भूलकरना, अशुद्ध अर्थ करना, अर्थ ठीक न लगाना।

Miscounsel-मिस्-काउन्'-सेॅल्-*v. t.* to advise wrongly. बुरी सलाह देना।

Miscount - मिस् - काउन्ट्' - *v. t.* to count wrongly. अशुद्ध गिनती करना।

Miscreant-मिस्क्रिअन्ट्-*n.& adj.*a vile, wretch, an infidel, depraved. दुरात्मा, दुष्ट, पापी, नास्तिक, कुकर्मी।

Miscreated-मिस्-क्रि-एट्'-एॅड्-*adj.* improperly formed, mis-shapen. कु-गठित; **Miscreation** (-एॅ-शन्) -*n.* unnatural creation. अप्राकृतिक उत्पत्ति या रचना।

Misdate-मिस्-डेट्'-*v. t.* to date wrongly. अशुद्ध तिथि (तारीख) डालना।

Misdeal-मिस्-डील्'-*v. t.* (*p. t.* **Misdealt.**) to make a mistake in dealing cards. ताश बाँटने में गलती करना।

Misdeed-मिस्-डीड्-*n.* an evil deed, a crime. कुकर्म, दुराचार, पाप।

Misdeem-मिस्'-डीम्-*v.t.&i.* to have a wrong opinion, to judge wrongly. अशुद्ध विचार करना, झूठा अनुमान करना।

Misdemean-मिस्-डि-मीन्' - *v. t.* to behave badly. बुरा व्यवहार करना।

Misdemeanant-मिस्डिमिनन्ट् - *n.* a person guilty of misconduct. दुर्व्यवहार करने का अपराधी।

Misdemeanour-मिस्डिमीनर्-*n.* offence, evil conduct. दुष्कर्म, अपराध, दुराचार।

Misdirect-मिस्-डि-रेॅक्ट्-*v. t.* to direct in a wrong way. बुरा मार्ग दिखलाना, अशुद्ध पता देना; **Misdirection** (-डिरेॅक्शन्) -*n.* wrong direction. मिथ्या अथवा अशुद्ध उपदेश।

Misdo-मिस्-डू'- *v. t.* (*p. t.* **Misdid,** *p. p.* **Misdone.**) to commit a crime. अपराध करना। **Misdoing** (-इङ्ग्) - *n.* a wrong deed, a fault. दुराचार, कुकर्म; **Misdoer** (-अर्) *n.* one who does wrong. पापात्मा, दुष्ट।

Misdoubt-मिस्-डाउट्-*v. t.* to suspect. शङ्का करना, सन्देह करना;-*n.* suspicion, irresolution. आशङ्का, सन्देह।

Misemploy-मिस्-एॅम्-प्लॉय्'-*v. t.* to employ in a wrong manner or for a wrong purpose. अशुद्ध रूप से प्रयोग करना; **Misemployment** (-मेॅन्ट्)-*n.* an act of misemploying. दुरुपयोग।

Miser-माइ'-ज़र् - *n.* a greedy person. लोभी व्यक्ति, कृपण, कंजूस।

Miserable-मिज़रेॅबल्-*adj.*unhappy, wretched, despicable, worthless contemptible. दुःखी

अभागा, तुच्छ, घृणास्पद; Miserably (-ऍब्लि) -*adv*. wretchedly. अभाग्य से।

Miserliness-माइ'-ज़र्-लि-नॅस्-*n*. the state of beeig miserly. कृपणता, कंजूसी।

Miserly-माइ'-ज़र् - लि - *adj*. greedy, close-fisted, like a miser. लालची, कृपण, कंजूस के सदृश।

Misery-मिज़रि-*n*. (*pl*. **Miseries**) wretchedness, calamity. दुर्गति (दुःख, कष्ट), अभाग्य।

Misfire-मिस्- फ़ायर्'-*v. i*. to fail to ignite. आग न पकड़ना; -*n*. failure to explode. (बन्दूक इत्यादि का) न दगना।

Misfit-मिस्-फ़िट्'-*n*. a garment not fitting the person for whom it is made. बने हुए वस्त्र का शरीर पर ठीक न बैठना; -*v. t*. (*p. t*. **Misfitted**.) to make a garment of a wrong size, to supply with something that does not fit. गलत नाप का वस्त्र बनाना, ठीक न बैठनेवाली वस्तु से पूर्ति करना।

Misform-मिस्-फ़ॉर्म्'-*v. t*. to put into a bad shape. कुरूप बनाना; **Misformation** (-ए'-शन्) -*n*. bad formation. बुरी रचना या बनावट।

Misfortune-मिस्-फ़ॉर्'-चून्-*n*. ill fortune, bad luck, mishap. अभाग्य, दुर्गति; **Misfortunes never come singly** (calamities attack in heaps.) आपत्तियाँ अकेले कभी नहीं आती हैं, गरीबी में आटा गीला।

Misgive-मिस्-गिव्'-*v. t*. & *i*. (*p. t*. **Misgave**, *p. p*. **Misgiven**.) to feel mistrust, to fill with doubt. सन्देह करना (अविश्वास करना), धोखा देना।

Misgiving-मिस् - गिव्' - इङ्ग्-*n*. disbelief, mistrust. अविश्वास, सन्देह।

Misgovern-मिस्-गव्'-अर्न्-*v. t*. to govern or manage badly. अन्यायपूर्वक राज्य करना; **Misgovernment** (-मॅन्ट्) -*n*. disorder, bad government. बुरा शासन।

Misguide-मिस्-गाइड्'-*v. t*.to mislead, to lead into an error. कुपथ में ले जाना, बहकाना; **Misguided** (-ऍड्)-*adj*. led astray. मार्गभ्रष्ट, कुमार्ग में ले जाया गया; **Misguidedly** (-ऍड्-लि)-*adv*. in a misguided manner. कुमार्ग में।

Mishandle-मिस् - हॅन्' - ड्ल्-*v. t*. to handle roughly, to ill-treat. रूक्षता से व्यवहार करना, बुरा व्यवहार करना।

Mishap-मिस्-हॅप्-*n*. an unlucky chance or accident, misfortune. अभाग्य, आपत्ति, दुर्दैव।

Mishappen-मिस्-हॅ-पन्-*v. t*. to happen ill. बुरा होना।

Mishear-मिस्-हीअर्'-*v.t*.(*p. t*. **Misheard**.) to hear wrongly. ठीक ठीक (पूरी तरह से) न सुनना।

Mishmash-मिश्'-मॅश्-*n*. confusion, medley. गड़बड़ी, उपद्रव।

Misinfer-मिस्-इन्-फ़र्'-*v. t*. to draw a wrong inference. असत्य अनुमान करना।

Misinform-मिस्-इन्-फ़ॉर्म्'-*v.t*. to give wrong information. झूठा समाचार देना; **Misinformation** (-ए'-शन्)-*n*. a wrong information. झूठा समाचार, झूठी खबर।

Misinterpret-मिस्-इन्-टर्'-प्रॅट्-*v. t*. to interpret in a wrong manner. झूठा अर्थ लगाना; **Misinterpretation** (-ए'-शन्) -*n*. wrong interpretation अशुद्ध अर्थ, अनुमान।

Misjudge-मिस्-जज्'-*v. t*. & *i*. to judge wrongly or erroneously, to have a wrong opinion of. अन्याय करना, मिथ्या विचार करना।

Mislay-मिस्-ले'-*v. t*. (*p. t*. **Mislaid**) to put something in a wrong place. किसी वस्तु को बे ठेकाने रखना

Mislead-मिस्-लीड्'-*v.t*.(*p.t*. **Misled**.) to lead astray, to cause to go wrong, to deceive. कुमार्ग में ले जाना, धोखा देना, बहकाना।

Mislike-मिस्-लाइक्'-*v. t*. to dislike. अप्रिय होना, अच्छा न लगना।

Mismanage-मिस्-मॅन्'-ऍज्-*v. t*. to manage badly, to conduct badly बुरा प्रबन्ध करना, अशुद्ध व्यवहार करना; **Mismanagement**(-मेन्ट्) -*n*. bad management. अव्यवस्था, कुप्रबन्ध।

Misname-मिस्-नेम्'-*v. t*. to call by a wrong name. मिथ्या नाम (दूसरे नाम) से पुकारना।

Misnomer-मिस्-नो'-मर्-*n*. a wrong use of a name or term. मिथ्या नाम या संज्ञा का प्रयोग।

Misogamist - मिसॉगमिस्ट् - *n*. a hater of marrriage. विवाह का द्वेष करनेवाला।

Misogamy-मिसॉगमि-*n*. hatred of marriage. विवाह-निन्दा, विवाह करने से द्वेष।

Misogynist - मिसॅजिनिस्ट् - *n*. a hater of women. स्त्री जाति से द्वेष करनेवाला।

Misplace-मिस्-प्लेस्'-*v. t*. to put in a wrong place. अस्थान (कुठौर) में रखना; **Misplacement** (-मॅन्ट्)-*n*. the act of misplacing. बेठेकाने स्थापन।

Misplead-मिस्-प्लीड्'-*v. t*. to make an error in pleading. बहस में अशुद्धि करना।

Misprint-मिस्-प्रिन्ट्'-*n*. a mistake in printing. छापने की अशुद्धि;-*v. t*. to make a mistake in printing. छापने में अशुद्धि करना।

Misprise-मिस्-प्राइज़्'-*v. t*. to make a mistake. अशुद्धि करना।

Misprize-मिस् - प्राइज़्'-*v. t.* to undervalue, to scorn, to slight. मूल्य कम आँकना, घृणा करना, नीचा समझना।

Mispronounce-मिस्-प्रॅ-नाउन्स्'-*v. t.* to pronounce wrongly. अशुद्ध उच्चारण करना।

Mispronunciation-मिस्प्रॅनन्सिएॅशन् -*n.* wrong pronunciation. अशुद्ध उच्चारण।

Misquotation-मिस्-को-टे'-शन् -*n.* a wrong quotation. अशुद्ध उद्धरण।

Misquote-मिस्-क्वोट्'-*v. t.* to quote wrongly. अशुद्ध उद्धरण देना।

Misread-मिस्-रीड्'-*v.t.*(*p.t.*Misread. मिस्-रॅड्) to read something wrongly. अशुद्ध पढ़ना।

Misreckon-मिस्-रॅक्'-न्-*v. t.* to reckon wrongly. अशुद्ध गणना करना।

Misrelate-मिस्-रि-लेट्-*v.t.*to relate wrongly. अशुद्ध वर्णन करना।

Misrelation-मिस्-रि-लेशन् -*n.* a wrong relation. अशुद्ध वर्णन।

Misremember-मिस्- रिमॅम्बर्-*v. t.* to make a mistake in remembering. स्मरण करने में भूल करना।

Misreport-मिस्-रिपोर्ट्-*v. t.* to report erroneously. मिथ्या समाचार देना;-*n.* an erroneous report. झूठा संवाद।

Misrepresent-मिस्रॅ प्रॅ जॅन्ट्-*v. t.* to represent wrongly, to give a wrong account of. असत्य निवेदन करना, मिथ्या वर्णन करना; **Misrepresentation** (-ए'-शन्)-*n.* wrong representation. असत्य कथन, मिथ्या वर्णन।

Misrule-मिस्-रूल्'-*n.* bad government. कुशासन, बुरा राज्य;-*v. t.* to rule badly. बुरा शासन करना।

Miss-मिस्-*n.* an unmarried girl, lack, loss, failure to attain. कुमारी कन्या, कमी, क्षति, पाने में असफलता;-*v. t. & i.* to fail to hit or obtain, to feel the want of, to omit, to go without. निशाना चूकना, विफल होना, कमी अनुभव करना, छोड़ना, अभाव में रहना; **Missing** (-इङ्ग्)-*adj.* absent. अनुपस्थित, लुप्त; **To miss one's way** (to deviate from the right path.) रास्ता भूल जाना।

Missel-मि-सॅल्-*n.* a kind of thrush. एक प्रकार का भुजङ्गा पक्षी।

Mis-shapen-मिस्-शॅप्'-प्न्-*adj.* deformed, ill-shapen. कुरूप, भद्दा।

Missile-मि'-सि-(साइ)-ल्-*n.* a weapon to be thrown, a machine. फेंककर मारने का अस्त्र, यन्त्र।

Mission-मिशन्-*n.* the act of sending forth, commission, errand, embassy. दूत-कर्म, प्रेरित जन-समुदाय, नियोग, नियुक्त व्यक्ति।

Missionary-मिशनरि-*n. & adj.* a person sent to propagate religion, pertaining to a mission. धर्मप्रचार के निमित्त भेजा हुआ मनुष्य, धर्मार्थ कार्य सम्बन्धी।

Missis, Missus-मिसिस् (-सस्)-*ns.* corrupt forms of mistress. मिसट्रॅस्' शब्द का अशुद्ध रूप, मालकिन।

Mis-spell-मिस्-स्पॅल्'-*v.t.*(*p.t.* Mis-spelt.)to spell wrongly. अशुद्ध अक्षर-विन्यास बतलाना, गलत हिज्जे करना; **Misspelling** (-लिङ्ग्)-*n.* wrong spelling. गलत हिज्जे, अशुद्ध वर्ण-विन्यास।

Mis-spend-मिस्-स्पॅन्ड्'-*v. t.* to squander, to waste. अपव्यय करना, बुरी तरह से खर्च करना।

Mis-state-मिस्-स्टेट्'-*v. t.* to state falsely. मिथ्या (अशुद्ध) वर्णन करना; **Misstatement** (-मॅन्ट्)-*n.* झूठा वर्णन।

Missy-मि - सि -*n.* a pet name for 'Miss' दुलारी, प्यारी बेटी।

Mist-मिस्ट्-*n.* rain in very fine drops, filmy appearance before eyes. कुहरा, आँखों के सामने धुन्ध; **Mistful** (-फुल्)-*adj.* full of mist. कुहरे से भरा हुआ; **Mistlike** (-लाइक्)-*adj.* like mist. कुहरे के समान; **Misty** (-इ)-*adj.* gloomy, obscure. अस्पष्ट, (धूमिल) धुँधला।

Mistakable-मिस् - टे कॅ - ब्ल् -*adj.* able to be mistaken. अशुद्ध होने योग्य।

Mistake-मिस्-टेक्'-*n.* misconception, error, fault. भ्रम, प्रमाद, दोष, भूल; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Mistook**, *p. p.* **Mistaken.**) to misunderstand, to make error. अशुद्धि करना, भ्रम होना, सन्देह में पड़ना।

Mistaken-मिस्-टेक्'- न् - *adj.* wrong. भ्रान्त अशुद्ध; **Mistakenly** (-लि)-*adj.* erroneously अशुद्धि से, भूल से; **Mistakenness** (-नॅस्) -*n.* error. अशुद्धि।

Mister-मिस्टर्-*n.* (*abbr.* **Mr.**) a title of courtesy prefixed to a man's name. महाशय।

Mistime-मिस्-टाइम्' -*v. t.* to do something out of time. कुसमय कोई व्यापार करना या बोलना।

Mistletoe-मि-सुल्टो-*n.*parasitic plant growing on some fruit trees. तरुरोहिणी, बण्डा।

Mistranslate-मिस्'-ट्रॅान्स्-लेट्'-*v. t.* to translate incorrectly. अशुद्ध अनुवाद करना; **Mistranslation** (-ले'-शन्)-*n.* a wrong translation. अशुद्ध अनुवाद।

Mistress-मिस्'- ट्रॅस्- *n. fem.* (*mas.* **Mister.**) the female head of a household, a woman loved by, a concubine, the female

Hat हॅट् ; Hot हॉट् ; Measure मॅझर

teacher of a school. शिक्षिका (स्वामिनी), प्रेमिका, रखनी, अध्यापिका (गुरुआइन)।

Mistrust-मिस्-ट्रस्ट्'-*v. t.* to suspect, to have no confidence in. अविश्वास करना, शंका करना;-*n.* want of trust or confidence. अविश्वास, सन्देह; **Mistrustful** (-फुल्) -*adj.* doubting. अविश्वासी; **Mistrustfully** (-फुल्-लि)-*adv.* with want of confidence. अविश्वास से; **Mistrustfulness** (-नेस्)-*n.* want of trust. विश्वास का अभाव, आशंका, सन्देह।

Mistune-मिस्- ट्यून्'-*v. t.* to tune wrongly. बेसुरा बनाना।

Misturn-मिस् - टर्न्' -*v. t.* to pervert. उलट देना, विपरीत करना।

Misunderstand-मिस्' - अन्- डर्- स्टॅन्ड्'-*v. t.* (*p. t.* **Misunderstood.**) to misinterpret, to be taken in a wrong sense. गलत या भूल समझना, मिथ्या जानना; **Misunderstanding** (-इङ्ग्)-*n.* misconception. मिथ्याबोध, भ्रम।

Misusage-मिस्-यू- सेज् -*n.* ill-usage. दुर्व्यवहार, बुरा आचरण।

Misuse-मिस्'-यूस्-*n.* bad treatment, wrong use. दुर्व्यवहार, कुप्रयोग;-*v. t.* (-यूज़्') to treat badly, to misapply. अनुचित व्यवहार करना, बुरी तरह काम में लाना।

Mite-माइट्-*n.* a small insect, a small coin, anything very small. घुन, छोटा सिक्का, अल्प मात्रा।

Mithridate-मिथ्रिडेट्-*n.* an antidote for poison. विषनाशक पदार्थ, जहरमोहरा; **Mithridatic** (-रि-डॅट्'-इक्)-*adj.* विषहर; **Mithridatize** (-आइज़्) -*v. t.* to use antidote for poison. विषनाशक औषधि का प्रयोग करना।

Mitigable-मिटिगे-बल् -*adj.* able to be mitigated or appeased. शान्त करने योग्य।

Mitigant-मिटिगॅन्ट्-*adj.* softening. मृदु करनेवाला।

Mitigate-मिटि-गेट्-*v. t.* to soothe, to appease, to alleviate. शान्त करना, कम करना, धीमा करना।

Mitigation-मिटि-गे-शन्-*n.* abatement. शमन, शान्ति।

Mitigatory-मिटि-गेटरि-*adj.* one who abates. शान्त करनेवाला।

Mitral-माइ - ट्रल्-*adj.* like a mitre. पादरी की टोपी के आकार का।

Mitre-माइ'-टर्-*n.* a bishop's cap. पादरी की टोपी;-*v. i.* to wear a mitre, to join an angle of 45°. पादरी की टोपी पहिनना, कोनिया जोड़ना; **Mitred** (-टर्ड्)-*adj.* cut or joined. कटा या जुटा हुआ।

Mitten, Mitt-मिट्ट -न्, (मिट्)-*ns.* a kind of glove. एक प्रकार का दस्ताना (हाथ का मोजा); Get the mitten (dismiss a lover.) प्रेमी को त्यागना।

Mix-मिक्स्-*v. t. & i.* to put together, to mingle, to join or be mixed, to associate. मिलाना, मिलना, संयुक्त करना, एक करना, परस्पर संसर्ग करना; **Mixable** (-एँ-बल्)-*adj.* able to be mixed. मिलने या मिलाने योग्य; **Mixed** (-ड्) -*adj.* mingled. संयुक्त, मिश्रित; **Mixedness** (-ड्-नेस्)-*n.* the state of being mixed. मेल, सम्बद्धता।

Mixture-मिक्स्' - चर्-*n.* a mixed mass, the act of mixing. अनेक द्रव्यों का समुदाय, मिश्रण, मिलाव, मिश्रीकरण।

Mizen, Mizzen-मिज़्न्-*ns.* the lowest mast in a ship. जहाज में सबसे नीचे का मस्तूल।

Mizzle-मि-ज़्ल्-*n.* a fine shower. तुषारवर्षा, पानी की फूही।

Mnemonic-निमॉनिक् -*adj.* designed to aid the memory. स्मृति सहायक, स्मरणशक्ति बढ़ानेवाली; **Mnemonics** (-स्) -*n. pl.* the art of memory. स्मृति-विज्ञान; **Mnemonist** (-मॉनिस्ट्)-*n.* one who is proficient in mnemonics. स्मृति-विज्ञान में कुशल।

Moan-मोन्-*n.* a low murmur of suffering, lamentation. विलाप, सिसकन; -*v. i. & t.* to lament. विलाप करना, कराहना।

Moanful-मोन्'-फुल्-*adj.* expressing sorrow. शोकयुक्त ; **Moanfully** (- फुल् - लि) - *adv.* sorrowfully. विलाप से।

Moat-मोट्-*n.* a deep ditch round a castle or fort. परिखा, खाईं ;-*v. t.* to surround with a ditch. खाईं से घेरना।

Mob-मॉब्-*n.* the low people, a disorderly crowd. नीच मनुष्य लोग, कोलाहल करनेवालों की भीड़;-*v. t.* (*p. t.* **Mobbed.**) to make a disorderly attack. कोलाहल करना, आक्रमण करना।

Mobile-मो' - बिल्-*adj.* movable, changing. अस्थिर, चंचल, चलनशील, हिलने-डोलनेवाली।

Mobility-मो-बिलि'-टि-*n.* fickleness, changeability, the populace. अस्थिरता, चंचलता, परिवर्तनीयता, सर्वसामान्य जनता।

Mobilizable-मो-बि-लि-ज़ेबल्-*adj.* capable of mobilization. युद्ध-कार्य के योग्य; **Mobilization** (-एँ'-शन्) -*n.* the act of mobilizing. युद्ध-कार्य में प्रवृत्ति-करण।

Mobilize-मोबिलाइज़् - *v. t.* to bring into

circulation, to prepare for active service in war. गतिमान् करना, सेना को युद्ध के काम में प्रवृत्त करना या लगाना।

Mocha-मो'-का-*n.* a kind of good coffee. एक प्रकार का सुन्दर कहवा।

Mock-मॉक्-*n.* imitation, derision. अनुकरण, तिरस्कार (विडम्बना); -*adj.* false, counterfeit. बनावटी, झूठा; -*v. t.* to ridicule, to treat with contempt. विडम्बना करना, हँसी उड़ाना (चिढ़ाना); **Mocker** (-अर्) -*n.* one who mocks, an impostor. विडम्बना (हँसी) करनेवाला, ठिठोलिया; **Mockery** (-अर्-इ) -*n* derision, ridicule. विडम्बना, तिरस्कार (हँसी, नकल)।

Modal-मोड'-ल्-*adj.* of mode or form. रूप-विषयक।

Mode-मोड्-*n.* way, manner, custom, style. रीति, प्रकार, विधि, क्रम।

Model-मॉड्-ल्-*n.* a representation, a plan or design, a pattern, a figure in clay &c., a perfect ideal. प्रतिरूप, प्रतिमा, आदर्श, नमूना; -*v. t.* to work after a model. नमूने के अनुसार बनाना; **Modeller** (-लर्)-*n.* one who models. नमूना बनानेवाला; **Modelling** (-लिङ्)-*n.* a model. नमूने की बनावट।

Modena-मॉडिना-*n.* a deep purple colour. गहरा लाल और नीला (मिश्रित) रङ्ग।

Moderate-मॉडरेट्-*adj.* not excessive, temperate, avoiding extremes. परिमित, मध्य श्रेणी का, थोड़ा (हलका); -*v. t. & i.* (-एट्') to restrain, to render less intense. रोकना, कम करना, हलका करना; **Moderate in desires** (satisfied with moderate things.) अल्प वस्तु से सन्तुष्ट होनेवाला; **Moderate in eating** (eating in small quantity.) स्वल्पाहारी; **Moderate in speech** (not speaking too much.) थोड़ा बोलनेवाला।

Moderately-मॉ-डरेट्-लि-*adv.* in a moderate manner. परिमित रूप से।

Moderateness-मॉडरेट् - नेस् -*n.* quality of being moderate. हल्कापन।

Moderation-मॉ-डरे-शन्-*n.* the act of moderating, temperance. संयम, समभाव, क्षमा, किफायत।

Moderator-मॉ-डरे-टर्-*n.* a mediator, a presiding officer. मध्यस्थ, सभापति; **Moderatorship** (-शिप्)-*n.* the office of a moderator. मध्यस्थ अथवा सभापति का पद।

Modern-मॉडर्न्'-*adj.* of the present times, not ancient. आधुनिक (अर्वाचीन), नवीन (नया); -*n. pl.* people of modern times. आजकल के लोग; **Modernity** (-इट्-इ), **Modernness** (-नेस्) -*ns.* newness. नवीनता।

Modernism-मॉडर्निज़्म् - *n.* something of modern manner. आधुनिक प्रथा या व्यवहार या ढङ्ग।

Modernist-मॉ-डर्न्' - इस्ट्-*n.* a supporter of modernism. आधुनिक रीति का समर्थक।

Modernization-मॉड्-अर्न्-आइज़्-ऍ-शन् -*n.* act of modernizing. नवीनीकरण; **Modernize** (-आइज़्)-*v. t.* to make modern. आधुनिक समय के अनुसार बनाना, नवीनीकरण करना।

Modernly-मॉडर्न्-लि-*adv.* according to modern times. आधुनिक समय (आजकल) के अनुसार।

Modest-मॉ-डॅस्ट्-*adj.* bashful, humble, not excessive, chaste, unstylish. लज्जावान्, विनीत, परिमित, साध्वी, शुद्ध, आडम्बरहीन; **Modestly** (-लि)-*adv.* in a modest manner. विनय से, लज्जा या संकोच से, नम्रता से।

Modesty-मॉडे-स्टि -*n.* chastity, moderation विशुद्धता, विनय, नम्रता, मर्यादा, परिमितता।

Modicum-मॉडिकम्-*n.* a small quantity of food. भोजन की थोड़ी मात्रा।

Modifiable-मॉड्-इ-फ़ाइ-ऍ-ब्ल्-*adj.* able to be modified. रूप बदलने योग्य, परिवर्तनीय।

Modificatory-मॉडिफ़िकेटरि - *adj.* modifying. रूपान्तर करनेवाला।

Modification-मॉडिफ़िकेशन् -*n.* the act of modifying, the state of being modified. रूप-भेद, रूपान्तरण, परिवर्तनीय सुधार।

Modify-मॉडि-फ़ाइ-*v. t.* (*p.t.* **Modified.**) to make less severe, to qualify, to moderate. रूप बदलना, सुधारना, परिमित बनाना।

Modish-मोडिश्-*adj.* fashionable. शिष्ट रीति के अनुकूल; **Modishly** (-लि)-*adv.* in a modish manner. चलने के अनुसार; **Modishness** (नेस्) -*n.* the state of being modish. प्रचलित रीति।

Modulate-मॉड्युलेट् -*v. t.* to regulate, to adjust, to vary the tone of voice. आवश्यकतानुसार घटाना-बढ़ाना, स्वर ऊँचा-नीचा करना; **Modulation** (-यु-लें-शन्) -*n.* the act of modulating, melody. आवश्यकतानुसार परिवर्तन, लय, उतार-चढ़ाव।

Modulator-मॉड्'-यु-लें-टर्-*n.* one who modulates. न्यूनाधिक करनेवाला।

Modulus-मोड्'-यु-लस्-*n.* a constant multiplier. गुणा करने की स्थिर संख्या, मापांक।

Modus-मोड्'-अस्-*pref.* in sense of 'method way.' 'प्रकार' अर्थ का उपसर्ग; **Modus oper-**

andi (the way of working.) मनुष्य में कार्य करने का ढंग; **Modus vivendi** (manner of living.) जीवन का ढंग।

Mohair-मो'-हॅअर्-*n.* fine wool. महीन चिकना ऊन।

Mohammedan-मो-हॅम्'-ऍ-डन् -*n. & adj.* a follower of Mohammed, pertaining to Mohammed or his religion. मुसलमान, मुहम्मद या उनके धर्म से सम्बन्धित; **Mohammedanism** (-इज़्म्) -*n.* the religion of Mohammed. मुसलमानी धर्म; **Mohammedanize** (-आइज़्) - *v. t.* to convert into Mohammedanism. मुसलमान बनाना।

Moider-मॉइ'-डर्-*v. t.* to confuse. व्यग्र करना, घबड़ाना।

Moiety-मॉइ'-ऍ-टि-*n.* the half, a half share. अर्धांश, आधा भाग।

Moil-मॉइल्-*v. t. & i.* to drudge. परिश्रम से कार्य करना, थकाना या थकना।

Moist-मॉइस्ट्-*adj.* damp, slightly wet. कुछ भीगा हुआ, नम, तर।

Moisten-मॉइस्'-न् -*v. t.* to make damp or moist. तर करना, भिगोना।

Moistness-मॉइस्ट्'-नॅस्-*n.* dampness. नमी, तरी।

Moisture-मॉइस्चर्-*n.* moistness, slight wetness. आर्द्रता, गीलापन; **Moistureless** (-लॅस्) -*adj.* devoid of moisture. बिना तरी का, सूखा।

Moko-मो'-को -*n.* a method of tattooing. गोदना-गोदने की एक विधि।

Molar-मो'-लर्-*adj.* grinding. पीसनेवाला; **Molar teeth** (grinding teeth.) चबाने के दाँत, चव।

Molasses-मो - लॅसॅज़् -*n.* the thick syrup drained from sugar in the process of refining, treacle. खाँड़, गुड़, जूसी।

Mole-मोल्-*n.* a small burrowing animal, an artificial harbour, a spot on human skin. छछूँदर, कृत्रिम बन्दरगाह, तिल, मस्सा; **Blind as a mole** (almost blind.) अन्धप्राय; **Mole-eyed** (having small eyes.) छोटे नेत्रोंवाला; **Mole-hill** (a little hillock made by moles.) वल्मीक, छछूँदर की लगाई हुई मिट्टी का ढेर, बाँबी; **To make a mountain out of a mole-hill** (to make exaggerations.) राई का पर्वत बनाना।

Molecular-मॉलिक्युलर् - *adj.* pertaining to molecules. परमाणु सम्बन्धी; **Molecularity** (-लरि-टि) -*n.* the state of being molecular. कणत्व, परमाणु होने की अवस्था।

Molecule-मॉलि-क्यूल्-*n.* a minute particle. परमाणु, कण।

Molest-मॅ-लॅस्ट्'-*v. t.* to annoy, to tease, to trouble. कष्ट देना, सताना, छेड़ना, पीड़ा देना, दिक करना; **Molestation** (-ए'-शन्)-*n.* the act of molesting, annoyance. बाधा, पीड़ा; **Molester** (-अर्)-*n.* one who molests. पीड़ा देनेवाला व्यक्ति।

Mollification-मॉ-लि-फ़ि-कें-शन्-*n.* mitigation. शमन, सान्त्वना।

Mollifier-मॉ-लि-फ़ाइअर्-*n.* a mitigator. शमन करनेवाला व्यक्ति।

Mollify-मॉ-लि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Mollified.**) to appease, to soften. शमन (शान्त) करना, मुलायम करना।

Molly-मॉ-लि-*n.* an effeminate man, a prostitute. नपुंसक, जनखा, वेश्या, रण्डी।

Molten-मोल्ट्न्-*adj.* melted. पिघला हुआ, गला हुआ।

Moly-मो'-लि-*n.* a magic herb. एक प्रकार की जादू की वनस्पति।

Moment-मो'-मॅन्ट्-*n.* a very short time, an instant, importance. क्षण, पल, आवश्यकता; **Auspicious moment** (lucky time.) शुभ लग्न; **Go there this moment** (*i. e.* instantly.) अभी तुरन्त वहाँ जाओ; **Men of the moment** (famous men.) प्रसिद्ध लोग; **Of the little moment** (base.) क्षुद्र, नीच।

Momentarily-मो'-मॅन्ट्-रि-लि-*adv.* for a moment. क्षण भर के लिए।

Momentariness-मो-मॅन्ट-रि-नॅस्-*n.* instantaneousness. क्षणिकता।

Momentary-मो-मॅन्टरि - *adj.* instantaneous. क्षणिक, अस्थायी।

Momently-मो-मॅन्ट्-लि-*adv.* momentarily, in a moment. क्षण भर में।

Momentous-मो-मॅन्' - टस् -*adj.* important. महत्त्व का; **Momentously** (-लि)-*adv.* with importance. महत्त्व से; **Momentousness** (-नॅस्)-*n.* weightiness. महत्व।

Momentum-मो-मॅन्'-टम् -*n.*(*pl.* **Momenta.**) impetus gained by a body in motion. वेग, गति, चाल।

Momus-मो'-मस्-*n.* a fault-finder. दोष खोजने वाला।

Monachal-मॉनकल् -*adj.* of a monastery. मठ-सम्बन्धी।

Monachism-मॉनकिज़्म्-*n.* a monastic living. मठावास।

Monad-मॅ-नॅड्-*n.* an indivisible or ultimate atom, the number one. अभेद्य वस्तु, इकाई।

Monandry-मॅनॅन्'-ड्रि-*n.* the custom of having

one husband. एक ही पति करने की रीति।

Monarch-मॉनर्क् -*n.* sovereign, supreme ruler. सम्राट्, राजा; **Monarchal** (-अल्), **Monarchic** (-इक्), **Monarchical** (-इकल्) -*adjs.* pertaining to a monarch or monarchy. राजकीय, सम्राट् के अधीन; **Monarchally**(-अ-लि) -*adv.* by way of a monarch. राज्य-क्रम से।

Monarchist-मॉनर्किस्ट् - *n.* an advocate of monarchy. राजा के शासन का पक्षपाती।

Monarchy-मॉनर्कि-*n.* a kingdom, an empire. राजतन्त्र देश, राज्य, साम्राज्य।

Monastery-मॉनस्टरि (-स्ट्रि)-*n.* (*pl.* **Monasteries.**) residence for men who lead a retired life, an abbey, a convent. मठ, आश्रम।

Monastic-मॉनस्टिक्-*adj.* of monastery or monks. आश्रमसम्बन्धी, वैरागियों का; **Monasticism** (-टिसइज़्म्)-*n.* monastic life. वैराग्य।

Monday-मन्'-डे-*n.* the second day of the week. सोमवार, चन्द्रवार।

Monde-मों'-न्ड् -*n.* the fashionable society. शिष्ट समाज।

Monetary-मॉनिटरि-*adj.* pertaining to coinage or money द्रव्य अथवा मुद्रा-सम्बन्धी।

Monetization - मॉनिटिज़ेशन् - *n.* the act of monetizing. मुद्रा-निर्माण-विधि।

Monetize-मॉनिटाइज़्-*v. t.* to prepare coins. धातु के सिक्के बनाना।

Money-मनि-*n.* wealth, current coin, bank or government notes, (*pl.*) coins. धन, द्रव्य, मुद्रा, सरकारी या बैंक के नोट, (ब० व०) सिक्के; **Moneylender** (one who lends money. साहूकार, महाजन ; **Moneyless** (-लॅस्)-*adj.* devoid of moeny. धनहीन; **Money-making** (realizing money or large profits.) धन-सञ्चय; **Moneymarket** (the market or field for the investment of money.) सराफ़ा; **Money-order** (an order for money deposited at one post-office and payable at another.) डाक द्वारा रुपया भेजने का चालान; **To make money** (to acquire wealth.) धन कमाना।

Mongoose, Mungoose-मॉन्' (-मन्)-गूस्-*ns.* the Indian ichneumon. नकुल, नेवला।

Mongrel-मङ्ग्रल्-*n. & adj.* a hybrid dog, not of pure breed. दोगला कुत्ता, सङ्कर जाति का (पशु); **Mongrelize** (-आइज़्) -*v. t.* to render mongrel. सङ्कर जाति का बनाना।

Monism-मॉनिज़्म्-*n.* the doctrine that only one being exists. ब्रह्मवाद, वेदान्त।

Monist-मॉनिस्ट्-*n.* onewho believes in the identity of mind and matter वेदान्ती ब्रह्मवादी; **Monistic** (-इस्ट्'-इक्)-*adj.* pertaining to monism. ब्रह्मवाद-सम्बन्धी।

Monition-मॉनिशन् -*n.* a warning of danger. an instruction. भय-सूचना, चेतावनी, निर्देश।

Monitor-मॉनिटर्-*n.* (*fem.* **Monitress.**) a senior pupil in a school or class, an instructor, a lizard. विद्यालय या कक्षा का श्रेष्ठ छात्र या सर्दार, उपगुरु, निर्देशक, छिपकली, गिरगिट; **Monitorial** (-टोरिअल्)-*adj.* relating to monitor. उपगुरु-सम्बन्धी; **Monitory** (-इ) -*adj.* giving admonition. प्रबोधक, निर्देशक।

Monk-मङ्क्-*n. mas.* (*fem.* **Nun.**) a recluse. संन्यासी, योगी, मुनि, उदासी; **Monkery** (-अरि) -*n.* monastic life. मठजीवन, संन्यासी का जीवन; **Monkhood** (-हुड्), **Monkship** (-शिप्)-*ns.* the character of a monk. योगीत्व; **Monkish** (-इश्) -*adj.* like a monk. मुनि के समान।

Monkey-मङ्कि-*n.* (*pl.* **Monkeys.**) an ape. वानर, बन्दर; **Monkey-jacket** (close fitting dress of sailors.) मल्लाहों का चुस्त कुर्ता; **To put his monkey up** (to make him angry.) क्रुद्ध करना।

Mono, Mon - मॉ'-नॉ, (-मॉन्) -*prefs.* in the sense of 'alone, single.' 'अकेले' अर्थ के उपसर्ग; **Monocardian** (-कार्डिअन्) -*adj.* having a single heart. केवल एक हृदयवाला; **Monocarpous** (-कार्पस्)-*adj.* bearing only one fruit from one flower. एक फूल से एक ही फल पैदा करनेवाला ; **Monocephalous** (-सॅफ़लस्)-*adj.* with only one head. केवल एक मस्तकवाला; **Monoceros** (-स्-ऍ-रॅस्)-*n.* a one-horned animal. एक सींगवाला पशु ; **Monochord** (-कॉर्ड्)-*n.* a musical instrument with one string. एकतारा बाजा

Monochromatic-मॅ-नॅ-क्रॅ-मॅट्'-इक्-*adj.* presenting one colour only, completely colour-blind. एकरंगा, जिसमें केवल एक ही रंग हो, पूर्ण रूप से रंग-ज्ञान की दृष्टि से रहित।

Monochrome-मॅ-न-ॲ-क्रोम्-*n.* a painting in one colour only. (हलके तथा गहरे) एक ही रंग में छपा हुआ चित्र।

Monocle-मॅ-नॅ-कुल्-*n.* a single eye-glass. एक ताल का चश्मा ; **Monocular** (-क्युलर्) or **Monoculous** (-क्युलस्)-*adj.* with one eye only. एक आँख का।

Monocracy - मॅ-नॅ-क्रॅ-सि-*n.* government by a single person. एक व्यक्ति से शासित राज्य।

Monocrat-मॅ-नॅ-अ-क्रॅट्-*n.* one who governs alone. अनन्य शासक।

Monodic-मॉ-नॅ-डिक्-*adj.* pertaining to monody. एक मनुष्य से गाये हुए गीत का।

Monodist-मॉ-नॅ-डिस्ट्-*n.* one who writes a monody. एक ही मनुष्य से गाये जाने योग्य गीत बनानेवाला मनुष्य।

Monodrama-म-नॅ-ड्रामा-*n.* a dramatic performance by one person. एक मनुष्य द्वारा खेला हुआ नाटक।

Monody-मॉ-न्'-अ-डि-*n.* (*pl.* **Monodies.**) an ode sung by a single person. एक मनुष्य द्वारा गाया हुआ गीत।

Monogamist-मॅ-नॅ'-गॅ'-मिस्ट्-*n.* a man who has only one wife. एक पत्नीवाला मनुष्य।

Monogamy-मॅ-नॅ-गॅ-मि-*n.* the practice of marrying once only. एक ही बार विवाह करने की प्रथा।

Monogram-मॅ-नॅ'-ग्रैम्-*n.* a cypher of two or more letters interwoven into one. दो या अधिक अक्षरों के मेल से बना हुआ एक संयुक्त अक्षर; **Monogrammatic** (-मॅ-टिक्)-*adj.* pertaining to a monogram. ऐसे संयुक्त अक्षर से सम्बन्धित।



Monogram.

Monograph-मॅ-नॅ'-ग्राफ्-*n.* a treatise written on a single subject. किसी एक विषय पर लेख; -*v. t.* to write a monograph on. ऐसा लेख लिखना; **Monographer** (-अर्), **Monographist** (-इस्ट्)-*ns.* the writer of a monograph. एक विषय पर लेख लिखनेवाला; **Monographic** (-इक्)-*adj.* pertaining to a monograph. ऐसे लेख से सम्बन्धित; **Monographically** (-इक्-अल्-लि)-*adv.* in a monographic manner. एक विषय पर लेख लिखते हुए।

Monolith-मॅ-नॅ-लिथ्-*n.* a single block of stone shaped into a pillar. एक ही ठोस पत्थर का बना हुआ खम्भा; **Monolithic** (-इक्) -*adj.* of a pillar of one single stone. इस प्रकार के खम्भे का।

Monological-मॅ-नॅ'-लॅ-जिकल्-*adj.* pertaining to soliloquy. स्वगत भाषण-सम्बन्धी; **Monologist** (-जिस्ट्)-*n.* one who soliloquizes. स्वगत-भाषण करनेवाला; **Monologize** (-आइज़्) -*v. i.* to soliloquize. स्वगत भाषण करना।

Monologue-मॅ-नॅ'-लॉग्-*n.* a soliloquy. स्वगत भाषण, नाटक में किसी पात्र का आपही आप कथन।

Monomania-मॅ-नॅ-मे निआ-*n.* derangement with reference to a particular subject. किसी विशेष बात की झक; **Monomaniac** (-ऍक्)-*adj.* affected by monomania. ऐसे रोग से ग्रस्त, एकोन्मादी; -*n.* an insane person. झक्की मनुष्य।

Monomial-मॉनोमिअल्-*adj.* consisting of only one term in Algebra. बीजगणित में एक ही संख्या का अंक रखनेवाला।

Monopathy-मॅ-नॅ-पॅथि-*n.* derangement of only one organ of the body. शरीर के किसी एक अंग का रोग।

Monophobia-मॅ-नॅ-फोबिआ-*n.* morbid dread of being left alone. अकेले रहने का भय।

Monoplane-मॅ-न-प्लेन्-*n.* an aeroplane with only one plane or wing. एक पंख का हवाई जहाज़।

Monopolist-मॅ-नॅ'-पॅ-लिस्ट्-*n.* one who has a monopoly. एकाधिकार रखनेवाला मनुष्य।

Monopolization-मॅ-नॅ'-पॅ-लाइज़ेशन्-*n.* the act of monopolizing. स्वायत्तीकरण; **Monopolize** (-लाइज़्)-*v. t.* to obtain monopoly of. सब अधिकार अपना करना; **Monopolizer** (-अर्)-*n.* one who monopolizes. एकाधिकार रखनेवाला पुरुष।

Monopoly-मॅन्'-ऑ-पॅ-लि-*n.* (*pl.* **Monopolies.**) exclusive or sole possession of some commodity or the exclusive right of selling it. एकाधिकार, किसी वस्तु के क्रय-विक्रय का अकेला (स्वतन्त्र) अधिकार।

Monorail-मॅ-नॅ'-रेल्-*n.* a railway of one rail एक ही पटरी का रेलमार्ग।

Monosyllabic-मॅ-नॅ'-सिलॅ-बिक्-*adj.* of one syllable. एक पदांश का; **Monosyllabic roots** (roots of one syllable only.) एक पदांश की धातु।

Monosyllable-मॅ-नॅ'-सिलॅबॅल्-*n.* a word of one syllable. एक पदांश का शब्द।

Monotheism-मॅ-नॅ'-थि'-इज़्म्-*n.* the belief that there is only one God. अद्वैतवाद, एक ही ईश्वर में विश्वास; **Monotheist** (-इस्ट)-*n.* a believer in one God. अद्वैतवादी; **Monotheistic** (-इस्ट्-इक्)-*adj.* pertaining to monotheism. अद्वैतवाद (एक ही ईश्वर में विश्वास) सम्बन्धी।

Monotone-मॅ-नॅ'-टोन्-*n.* an utterance in the same tone of voice. एक ही लय में उच्चारण; **Monotonic** (-टन्-इक्)-*adj.* monotonous एकसुरा।

Monotonous-मॅ-नॅ'-टॅ-नस्-*adj.* in the same tone, without variation, wearisome. अभिन्न स्वर का, एक लय का, थकानेवाला; **Monotonously** (-लि)-*adv.* with one uniform tone. एक स्वर या लय में; **Monotonousness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being monotonous. एकस्वरता।

Monotony-मॅ-नॅ'-टॅ-नि-*n.* uniformity of tone. एकस्वरता।

Monotype-मॉ-नॅ' - टाइप -*n.* a type casting and setting machine. टाइप (छापे के अक्षर) ढालने के साथ-साथ कम्पोज़ करने (बिठाने) का एक प्रकार का यन्त्र ।

Monsieur-मॅ-स्-यो (मॅ-स्-यॅ)-*n.* Sir, Mr., a Frenchman. महाशय, फ्रांसीसी ।

Monsoon-मॉन्-सून्' - *n.* a seasonal wind which blows before the rainy season. वर्षाकालिक पवन, ऋतु-पवन ।

Monster-मॉन्'-स्टर्-*n.* a mal-formed plant or animal, an inhuman animal, an animal of huge size. विकटाकार वनस्पति या प्राणी, राक्षस, दानव, बहुत बड़े आकार का अद्भुत पशु ।

Monstrosity-मॉन्-स्ट्रॉस्'-इ-टि-*n.*an outrageous object. राक्षसपन, भयंकरता ।

Monstrous-मॉन्'-स्ट्रस्-*adj.* huge, enormous, atrocious, horrible. अद्भुत, विलक्षण, राक्षसी, विकट; **Monstrously** (-लि)- *adv.* horribly. अति विकट रूप में ; **Monstrousness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being monstrous. घोरता, भयंकरता ।

Montane-मॉन्-टेन्'-*adj.* inhabiting a mountainous country. पहाड़ी देश-निवासी ।

Montanic-मॉन्टॅनिक्-*adj.*pertaining to or consisting of mountains. पर्वत-सम्बन्धी, पर्वतपूर्ण ।

Montessori-मॉन्-टॅसरि-*n.* a form of infant education बच्चों को सहज में पढ़ना - लिखना सिखलाने की एक शैली: **Montessorian** (-सोरि -अन्)-*adj.* pertaining to this system of education. इस विधि से पढ़ाने की शैली से सम्बन्धित ।

Month-मन्थ्-*n.* any of the twelve portions of a year. मास, महीना; **Bright half of the month** (the second half of a month.) शुक्लपक्ष; **Dark half of the month** (the first half of a month.) कृष्णपक्ष; **Half month** (a fortnight.) पक्ष, पाख; **Lunar month** (the time in which the moon completes a revolution round the earth.) चान्द्रमास ; **This day month** (exactly a month after this day.) आज दिन से ठीक एक महीने बाद ।

Monthly-मन्थ्' - लि - *adj. & n.* recurring once a month, a magazine published each month. मासिक (प्रतिमास), मासिक पत्रिका ; **Monthly allowance** (an allowance paid every month.) माहवारी तनखाह ।

Monticle-मॉन्ट्' - इ - कुल् - *n.* a small hill, hillock. छोटी पहाड़ी ।

Monument-मॉन्'-यु-मॅन्ट् - *n.* a memorial, a written record. स्मारक चिह्न (कीर्ति-स्तम्भ, समाधि), यादगार; **Monumental** (-मॅन्ट्'-अल्) -*adj.* serving as a memorial. स्मरणार्थ, याद दिलानेवाला; **Monumentalize** (-आइज़्)-*v. t.* to commemorate as with a monument. स्मरण दिलाने के लिए कोई स्मारक बनाना ।

Moo-मू-*v. i.* to make a cry like an ox or cow. गाय या बैल की तरह शब्द करना ।

Mood-मूड्-*n.* disposition of mind, state of feeling, variations in the inflexions of a verb, mode. चित्तवृत्ति, भाव, क्रियापद की अवस्था बतलानेवाले रूप ; **Moodily** (-इ-लि) -*adv.* in a moody manner. चित्तवृत्ति से ।

Moody-मूडि-*adj.* angry, sullen, gloomy, fretful. क्रुद्ध, उदासीन, चिड़चिड़ा ।

Moon-मून्-*n.*the satellite of the earth revolving round it. शशि, चन्द्रमा;-*v. t.* to look listlessly. विक्षिप्त की तरह देखना; **Full moon** (*i. e.* when the disk of the moon is entirely illuminated.) पूर्णिमा का चन्द्रमा; **Moonbeam**-*n.* light from the moon. चन्द्रिका, चाँदनी; **Moonet** (मून्'-ऍट्)-*n.* a small moon. छोटा चन्द्रमा; **Moonface** (full round face.) फूला हुआ मुखड़ा; **Moonlight** (light of the moon.) चाँदनी, ज्योत्स्ना; **Moonlighting** -*n.* performance of an attack or illicit action by night.रात में किया गया आक्रमण या अवैध कार्य; **Moonshine** (visionary ideas.) मनगढ़न्त; **Moon-stone** (felspar.) चन्द्रकान्तमणि; **Moon struck** (deranged in mind.) विक्षिप्त, पागल; **Moony** (-इ)-*adj.* dreamy, listless. काल्पनिक, विक्षिप्त; **Orb of the moon** (a lighted disk about the moon.) चन्द्रबिम्ब ।

Moonling- मून् '- लिङ्ग् - *n.* a simpleton, a foolish person. मूर्ख मनुष्य ।

Moor-मूर्-*n.* an open waste ground, a heath, a negro. कच्छ देश, दलदल, हब्शी; - *v. t.* to secure a boat on the coast. घाट पर नाव बाँधना; **Moorage**(-एज्)-*n.* a place for mooring. घाट; **Mooring** (-इङ्ग्)-*n* fastening a ship to keep it in a given position. निर्धारित स्थान में जहाज़ रखने के लिये बाँधना; **Moorish** (-इश्),**Moory** (-इ) - *adjs.* boggy. दलदलवाला; **Moorland** (heath land.) कच्छ प्रदेश, दलदली भूमि ।

Moose-मूस्-*n.* an American elk. एक प्रकार का अमरीकी बारहसिंगा ।

Moot-मूट्-*n.* an assembly of law students कानून के छात्रों की मण्डली; - *adj.* debatable. शास्त्रार्थ के योग्य ; -*v. t.* to debate, to raise discussions. तर्क या शास्त्रार्थ करना ।

Mop-मॉप्-*n.*an implement for cleaning floors &c. कूँची, झाड़ू ; - *v. t.* (*p. t.* **Mopped**)

to wipe or rub with a mop. झाड़ू से साफ करना;-*v. i.* to make grimaces. मुँह बनाना, चिढ़ाना; **Mop-head** (a person having thick hairs on the head like a mop.) कड़े बालों की खोपड़ीवाला मनुष्य।

Mope-मोप्-*v. t.* to be listless, to be drowsy. उद्विग्न (उदास) होना, औंघाना;-*n.* one who mopes, a stupid person. ऊँघनेवाला, मूर्ख मनुष्य; **Mope-eyed**-*adj.* short-sighted. अल्प दृष्टिवाला।

Mopish-मोपिश्-*adj.* gloomy, spiritless. तेजहीन, उत्साहहीन; **Mopishly** (-लि)-*adv.* in a dull manner. सुस्ती या मन्दता से; **Mopishness**(-नेस्) -*n.* dullness. मन्दता, उत्साहहीनता।

Moppet-मॉ-पेट् - puppet made of cloth. कपड़े की गुड़िया।

Moquette-मॅ-केट्'-*n.* wool, hemp &c. for making carpets. गलीचा बनाने का ऊन, सन इत्यादि।

Moraine-मॅ-रेन्'-*n.* debris carried down by glaciers. बरफ़ की नदियों या हिमसरिताओं से लाया हुआ कतवार (कूड़ा-करकट)।

Moral-मॉरल्-*n. & adj.* relating to the distinction between right and wrong, ethical, virtuous, just, conformity with moral rules, lesson taught by a fable. गुण - दोष-भेद-ज्ञान-सम्बन्धी, नतिक, धर्मानुरूप, पुण्यात्मा, न्यायानुसारी, नीतिमान्, उपदेश (शिक्षा); (*pl.*) moral habits, duties of life. (ब० व०) नैतिक आचरण, जीवन के कर्तव्य; **Good morals** (moral conduct.) सदाचार; **Moral courage** (courage to encounter odium &c.) आन्तरिक बल; **Moral duties** (duties in regard to virtue.) सदाचार; **Moral freedom** (freedom of will.) चित्त की स्वतन्त्रता; **Moral instructions** (ethical instruction.) धार्मिक उपदेश; **Moral science** (philosophy.) नीतिशास्त्र; **Moral sense** (sense of distinguishing between right and wrong.) गुण-दोष पहिचानने की आन्तरिक शक्ति।

Morale-मॅरेल्-*n.* mental or moral condition. मानसिक या नैतिक अवस्था।

Moralist-मॉरलिस्ट्-*n.* one versed in ethics. नीतिज्ञ, नीति-उपदेशक।

Morality-मॅ-रॅल्'-इट्-इ-*n.* practice of moral duties. नीति विद्या, सद्व्यवहार, पुण्यशीलता।

Moralization-मॉरलाइज़ेशन् -*n.* moral reflection. नीति उपदेश।

Moralize-मॉरलाइज़् -*v. t.* to explain moral duties. धर्मोपदेश करना।

Morally-मॉ-रलि-*adv.* ethically, in a moral manner. धर्म से, न्याय से, नतिकता से।

Morass-मॅ-रास् *n.* a marsh, bog, a swamp. दलदल, कीचड़।

Morbid-मॉर्'-बिड्-*adj.* sickly, unwholesome, unhealthy, diseased. अस्वस्थ, रोगी, दूषित, विकृत; **Morbidly** (-लि)-*adv.* in an unhealthy manner. अस्वस्थता से; **Morbidness** (-नेस्) -*n.* state of being morbid. अस्वस्थता।

Morbific-मॉर्बिफ़िक्-*adj.* producing disease. रोग उत्पन्न करनेवाला।

Morbose-मॉर्बोस्-*adj.* unsound. अस्वस्थ।

Mordacious - मार् - डे' - शस् -*adj.* biting, sarcastic. काटनेवाला, तीव्र; **Mordacity** (-डॅसिटि) -*n.* a biting state, pungency. तीव्रता, कटुता; **Mordancy** (-डॅन्-सि) -*n.* pungency. चरपरापन, तीखापन।

Mordant-मॉर्डन्ट्-*adj.* biting, caustic. चुभनेवाला, चरपरा।

Mordicant-मॉर्डिकेन्ट्-*adj.* biting, acid. तीखा, चरपरा।

More-मोर्-*adj.* (*comp.* of **Much**) of greater quantity or amount, additional. अपेक्षाकृत अधिक मात्रा का; -*adv.* in greater degree. अधिकता से; **More and more** (with continued increase.) निरन्तर बढ़कर; **More or less** (in greater or less degree, about.) न्यूनाधिक, प्राय:; **No more** (nothing in addition.) बस; **Something more.** और कुछ; **To be no more** (to die.) मर जाना।

Moreen-मॅ-रीन्-*n.* a coarse stuff for making curtains. पर्दा बनाने का मोटा टाट या कपड़ा।

Morel-मॉर्-एॅल्'-*n.* a kind of edible fungus. एक प्रकार की खाने की गुच्छी।

Moreover-मोर्-ओ-व़र्-*adv.* besides, in addition to. इससे अधिक, सिवाय।

Morgue-मॉर्ग्-*n.* haughty temper or demeanour. क्रोधी प्रकृति।

Moribund-मॉर्'-इ-बन्ड्-*adj.* in a dying condition. मरणासन्न।

Morion-मॉरिअन्-*n.* a helmet without visor. बिना छज्जे का शिरस्त्राण।

Morn-मॉर्न्-*n.* poetical form of the word '*morning.*' प्रात:काल (यह शब्द कविता में प्रयुक्त होता है)।

Morning-मॉर्निङ्ग्-*n.* the first part of the day, forenoon. प्रात:काल, सबेरा; **Good morning** (a form of salutation.) आपका प्रात:काल शुभ हो, प्रात:काल का नमस्कार; **Morning devotion** (the prayer of the morning.) प्रात:काल की उपासना; **Morning-star** (a planet which precedes sunrise.) प्रात:काल उगनेवाला (प्रभात का)

तारा; **Morning-twilight** प्रातःकाल की सन्धि का समय, अरुणोदय।

Morocco-मॅ-रॅ-क्‌-को'-*n.* leather prepared from goatskin. बकरी की खाल से बनाया हुआ चमड़ा।

Morone-म-रोन्' -*n.* a deep crimson colour. गहरा लाल रङ्ग।

Morose-मॅ-रोस्'-*adj.* sullen, gloomy, austere, of a sour temper, ill-humoured. विषाद-ग्रस्त, विषण्ण, कठोर, रूक्ष, चिड़चिड़ा; **Morosely** (-लि) - *adv.* in a sullen manner. रूक्षता से; **Moroseness** (-नॅस्) - *n.* the quality of being sullen. रूक्षता, चिड़चिड़ापन।

Morpheus-मॉर्फ्यूस्-*n.* Greek god of dreams or sleep. यूनान के निद्रा-देवता।

Morphia-मॉर्फ़िआ - *n.* an extract of opium. अफीम का सत्त्व; **Morphine** (-फ़ीन्)-*n.* same as morphia. अफ़ीम का सत्त्व।

Morphological-मॉर्-फ़-लॅ-जिकल-*adj.* belonging to morphology. जन्तु-शरीर रचना-शास्त्र सम्बन्धी; **Morphologically** (-लि)-*adv.* in a morphological manner. शरीर-रचना शास्त्रानुसार; **Morphologist** (-जिस्ट्)-*n.* one versed in morphology. शरीर-गठन-शास्त्र तत्त्व-वेत्ता।

Morphology-मॉर्-फ़ - लॅ - जि - *n.* the study of the organic form of animals, the study of the form of words. पशुओं का आकार अध्ययन करने का शास्त्र, शब्दों का आकार अध्ययन करने की विद्या।

Morris-मॉ-रिस्-*n.* a kind of dance. एक प्रकार का (रंग-बिरंगे वस्त्र पहिनकर) नाच।

Morrow-मॅ-र्'-ओ-*n.* the following day. उत्तर दिवस, आनेवाला दिन; on the morrow (on the following day.) अगले आनेवाले दिन।

Morse-मॉर्स् - *n.* the sea-horse, walrus. समुद्री घोड़ा, दरियाई घोड़ा; - *n.* a code in telegraphy in which letters are represented by dots and dashes. तार देने का एक प्रकार का संकेत।

Morsel-मॉर्सेल् - *n.* a small piece, mouthful. खण्ड (टुकड़ा), कौर (ग्रास)।

Mortal-मॉर्टल्-*adj.* subject to death, fatal, deadly. मर्त्य (मरनेवाला, अनित्य), विनाशी, प्राणघातक; **A mortal** (a human being.) मर्त्य, मनुष्य।

Mortality-मॉर-टल' -इ-टि-*n.* death, destruction. मरण, मृत्यु, नाश।

Mortalize-मॉर्टल-आइज़्-*v. t.* to make mortal. मर्त्य बनाना।

Mortally-मॉर्टलि-*adv.* causing death. प्राणघातक।

Mortar-मॉर्टर्-*n.* a mixture of lime, sand, water &c. for joining stones or bricks, a strong vessel in which substances are pounded with a pestle. गारा, चूना, ओखली (खरल)।

Mortgage-मॉर् - गॅज् - *n.* property laid by a debtor as security. बन्धक, गिरवी; - *v. t.* to pledge. बन्धक रखना, रेहन करना; **Mortgagee** (-ई) - *n.* a person to whom an estate is mortgaged. जिसके पास संपत्ति गिरवी रक्खीजाय; **Mortgagor**(-अर्), **Mortgager** (-अर्)-*ns.* one who mortgages. बंधक (रेहन) रखनेवाला।

Mortification-मॉर्टिफ़िकेशन् - *n.* the act of humiliating, penance, the death of one part of an animal body, gangrene. मानहानि, संयम (तपस्या, वैराग्य), चेतनता का नाश, हड्डी, मांस आदि का सड़ना।

Mortified-मॉर्टिफ़ाइड् - *adj.* brought under subjection, humiliated. संयमित, अवनमित।

Mortify-मॉर्टिफ़ाइ-*v. t. & i.* (*p. t.* Mortified) to humble, to bring into subjection by self-denial or discipline, to feel humiliated, to destroy the vital functions of. अवनमित करना, वश में करना (दबाना), इन्द्रियों को वश में करना, अपमानित होना, किसी अंग को निर्जीव कर देना; **Mortifying** (-इङ्ग्)-*adj.* humiliating. अवनमनकारी, अपमानकारी।

Mortise, Mortice-मॉर्टिस् - *ns.* a hole fitting in a tenon. लकड़ी में का छेद जिसमें चूल पहनाई जाती है; -*v. t.* to cut holes in, to join by a tenon and mortise. छेद करना, सालाना; **Mortise-chisel** (a chisel for making holes.) छेद करने की रुखानी।

Mortuary-मॉर्ट्यु अरि-*n. & adj.* a burial-place, belonging to burial. मरघट, क़ब्रिस्तान, श्मशान-सम्बन्धी।

Mosaic-मॅ-ज़े'-इक्-*n. & adj.* an artistic work in which small pieces of stone, glass &c. of various colours are joined together to form a picture. पच्चीकारी का काम; -*v. t.* to adorn with mosaic. जड़ाव या पच्चीकारी करना। **Mosaic gold** (artificial gold.) बनावटी (कृत्रिम) सोना।

Mosaicist-मॅ-ज़े'-इसिस्ट्-*n.* one who makes mosaic work. पच्चीकारी का काम बनानेवाला कारीगर।

Moslem, Muslim-मॉज़्' -लॅम् , (मुस'-लिम्)-*n. & adj.* Mohammedan. मुसल्मान, मुसल्मानी; **Moslemism** (-इज़्म्)-*n.* Mohammedanism. मुसलमानी धर्म।

Mosque-मॉस्क् - *n.* a Mohammedan place of worship. मस्जिद।

Mosquito-मॉस्-की'-टो-*n.* (*pl.* Mosquitoes)

a stinging gnat. मच्छर, मशक, मसा; **Mosquitocraft** (small vessels of war.) लड़ाई के छोटे जहाज; **Mosquito-net** (a fine gauze hanging round a bed.) मशहरी ।

Moss-मॉस्-*n.* wet soil, bog, an aquatic plant. कीचड़, दलदल, काई, सेवार; - *v. t.* to cover with moss. काई से ढाँपना; **A rolling stone gathers no moss** (one who constantly changes his employment does not grow rich.) सर्वदा व्यवसाय बदलनेवाला कभी धनी नहीं होता; **Mossiness**-*n.* (the state of being mossy.) काईपन; **Mossy** (-सि)-*adj.* full of moss. काईदार ।

Most-मोस्ट्-*adj. & adv.* (*sup.* of **Much.**) existing in the greatest degree. अधिकतम, सबसे अधिक; **At the most** (to the utmost extent.) अधिकतम; **For the most part**(almost.) अधिकतर, प्रायः ; **To make the most of** (to reap the highest advantage.) सबसे अधिक सुविधा का प्रयोग करना ।

-most-मोस्ट - used as suffix. प्रत्यय की तरह प्रयुक्त होता है, यथा-**Foremost, Inmost, Uppermost.** इत्यादि ।

Mostly-मोस्ट्'-लि-*adv.* (also **Mostwhat.**) for the greatest part, अत्यन्त, बहुधा, विशेष करके; also used as suffix in this sense. इन अर्थों का प्रत्यय ।

Mot-मॉट् (*pl.* **Mots**-मॉट्स्)-*n.* a witty saying. कहावत, चुटकुला ।

Mote-मोट्-*n.* a speck, a small particle of dust. धूलि का कण ।

Moth-मॉथ् - *n.* a winged insect. कीट, पतंग, फतिङ्गा; **Mothy** (-इ) - *adj.* full of moths. फतिङ्गों से पूर्ण ।

Mother-मदर्-*n. fem.* (*mas.* **Father.**) a female parent, producer, source. जननी, माता, उत्पादक, उद्गमस्थान; - *v. t.* to beget. उत्पन्न करना; **Mother-country** (the country by which a colony is founded.) मातृभूमि; **Motherhood** (-हुड्)-*n.* मातृभाव, मातापन; **Mothering**-*n.* the state of being a mother, acting as a mother. मातृवत् आचरण; **Mother-in-law** (*pl.* **Mothers-in-law.**) mother of husband or wife. सास; **Mother-land** (native land.) मातृभूमि; **Motherless** (-लॅस्) -*adj.* without a mother. बिना माता का; **Motherlike** (-लाइक्), **Motherly** (-लि) -*adj.* like a mother, tender. माता-सदृश, दयावान्; **Mother of pearl** (hard shell of oysters.) मोती का सीप ; **Mother-tongue** (one's native tongue.) मनुष्य की मातृभाषा ।

Mother-wit-मदर् - विट्' -*n.* common sense. सामान्य बुद्धि ।

Motif-मो'-टीफ़्-*n.* predominating feature or idea. प्रधान चेष्टा या विचार ।

Motile-मो'-टाइ (-टि) ल् - *adj.* capable of motion. गतियोग्य (वनस्पति) ।

Motion-मो'-शन्-*n.*change of place, tendency, impulse, gesture, proposal, legal application in court, movement, evacuation of bowels. गति, चेष्टा, आकृति, व्यापार, अदालत की आज्ञा के लिए प्रार्थना, मलत्याग; - *v. t.* to make proposals, to direct by sign or gesture संकेत करना, इशारा करना; **To set in motion.** गतियुक्त करना; **Motion pictures** (cinema films.) चलती-फिरती तस्वीरें ।

Motional-मो'-शनल् - *adj.* characterised by motions. गति युक्त ।

Motionless-मो-शन्-लॅस् - *adj.* being at rest, stagnant. गतिहीन ।

Motive-मो-टिव्-*adj.* causing movement, that which moves the will. कारणभूत, प्रेरक; निमित्त, कारण;-*n.* that which incites प्रवृत्ति, -*v. t.* to supply motive to. कारण होना; **Motiveless** (-लॅस्)-*adj.* aimless. बिना निमित्त का ।

Motley-मॉट्'-लि - *adj. & n.* speckled, variegated in colours, an incongruous mixture विचित्र रंग का, रंग-बिरंगा, मिश्रण (खिचड़ी) ।

Motor-मो' - टर् - *n. & adj.* a machine that gives motion. anything which imparts motion. गति देनेवाला यन्त्र, मोटरगाड़ी; - *v. t.* to travel by a motor-car. मोटरगाड़ी द्वारा यात्रा करना; **Motor-bicycle** (a mechanically propelled bicycle.) यन्त्र से चलनेवाली बाइसिकिल; **Motor-boat**-*n.* मोटर (शक्ति) से चलनेवाली नाव; **Motor-car** (a carriage propelled by gas steam or petrol.) मोटर गाड़ी; **Motorist** (-इस्ट्) - *n.* habitual user of a motor-car. मोटरगाड़ीवाला; **Motory** (-इ)-*adj.* causing motion. गति देनेवाला ।

Mottle-मॉ-ट्ल - *n.* the arrangement of coloured spots. धब्बों का क्रम में होना; - *v. t.* to variegate with spots. धब्बेदार बनाना; **Mottled** (-ड्)-*adj.* marked with spots of different colours. चितकबरा, रंग-बिरंगा ।

Motto-मो-टो-*n.* (*pl.* **Mottoes.**) maxim, a quotation, a suggestive sentence, phrase or word. आदर्श वाक्य, कहावत, मसला ।

Moujik, Muzhik-मू'- झिक् - *ns.* a Russian peasant. रूसी किसान ।

Mould-मोल्ड् - *n.* loose earth, a pattern, a case or matrix. चूर की हुई मिट्टी, आकृति (रूप

नमूना), साँचा; *-v. t.* to form into shape, to cover with mould.रचना करना, साँचा बनाना, ढालना; **Moulder** (-अर्)*-n.* one who moulds or casts. साँचा बनानेवाला, ढालनेवाला; **Moulding** (-इङ्ग्) *-n.* something cast in a mould. साँचे में ढालकर बनाई हुई वस्तु, सजावट, कारनिस इत्यादि ; **Mouldy** (-इ)*-adj.* overgrown with moulds. कीचड़दार, मलिन, गन्दा ।

Moulder- मोल्ड्'- अर् *-v. i.* to rot, to crumble, to waste. सड़ना, भ्रष्ट होना, नष्ट होना ।

Moult- मोल्ट्' *-v. t. & i.* to shed feathers, hair &c. पर या रोआँ गिरना; **Moulting** (-इङ्ग्) *-n.* a shedding of feathers, hair &c. पर्णपतन, रोआँ गिरना ।

Mound - माउन्ड् *-n.* an elevation of earth, a hillock. मिट्टी का टीला, ढूहा, छोटी पहाड़ी ।

Mount- माउन्ट् *-n.* a mountain, a hill, border of a picture, a board on which pictures are mounted, a horse for personal riding. पर्वत, पहाड़ी, तस्वीर का चौखटा, चित्र चिपकाने की दफ़्ती, व्यक्तिगत सवारी का घोड़ा;*-v. t.* to ascend, to climb, to get on a horse for the purpose of riding, to raise guns to position, to set gem &c. ऊपर उठना, चढ़ना, घुड़सवारी करना, तोप लगाना, रत्न जड़ना ।

Mountable- माउन्टेबॅल् - *adj.* able to be ascended. चढ़ने योग्य ।

Mountain-माउन्टेन्*-n.* a very high hill. पर्वत, पहाड़;*-adj.* pertaining to a mountain, vast. पर्वतीय, पहाड़ी, बृहत् ; **Mountain-chain** (a series of mountains.) पर्वतों की पंक्ति; **Mountaineer** (-इअर्)*-n.* an inhabitant of a mountainous region. पर्वत निवासी; **Mountaineering** (-इङ्ग्) *-n.* mountain climbing. पर्वत पर चढ़ाई; **Mountainhigh** (very high.) बहुत ही ऊँचा ; **Mountainous** (-अस्) *-adj.* huge, full of mountains, inhabiting mountains. बड़ा, पहाड़ों से पूर्ण, पर्वत-निवासी ।

Mountebank-माउन्टि-बैङ्क्*-n.* a quack doctor, a charlatan, a pretender. ढोंगी वैद्य, धन्नेवाज, नीमहकीम; **Mountebankery** (-अर् -इ) *-n.* quackery. ढोंगीपन, नीमहकीमी ।

Mounted-माउन्ट्'-एड्*-adj.* riding on horseback, raised upon a support. घुड़सवार, बैठकी पर जड़ा हुआ ।

Mourn-मोर्न्'*-v. i. & t.* to regret, to be sorrowful, to lament, to show signs of grief बिलाप करना, रोना, दुःख के चिह्न दिखाना; **Mourner** (- अर्) *-n.* one who mourns. बिलाप करनेवाला ।

Mournful- मोर्न्'-फुल *-adj.* sad, sorrowful. शोकाकुल, दुःखी, **Mournfully** (-लि) *-adv* sorrowfully. शोक-सहित ; **Mournfulness** (-नॅस्)*-n.* the act of mourning. शोक ।

Mourning- मोर्निङ्ग् *-n.* lamentation, wearing black dress of sorrow. शोक (विलाप), मातम का काला वस्त्र पहनना ; **Mourning-dress** (black clothes as sign of mourning.) अमंगल-सूचक काला वस्त्र ।

Mouse- माउस्- *n.* (*pl.* **Mice**) a small rodent animal. चूहा, मूस ; *-v. i.* to catch mice. चूहे पकड़ना ।

Mouser- माउज़र् *-n.* a cat good at catching mouse, one who makes an industrious search. चूहा पकड़ने में चालाक बिल्ली, परिश्रम से खोज करनेवाला ।

Mouse-trap - माउस्-ट्रैप् *-n.* an appliance for catching mice. मुसदानी, चूहे पकड़ने का पिंजड़ा ।

Moustache-मुस्-टैश्'*-n.* (also **Mustachio**) hair on both sides of a man's upper lip. श्मश्रु, मूँछ ।

Mouth- माउथ् *-n.* the opening in the front part of the head of an animal for eating and vocal utterance, entrance to something. मुख, छिद्र, मुहाना, मार्ग;*-v. t.* to utter, to chew, to devour, to seize with the mouth. स्पष्ट बोलना, मुँह से पकड़ना या खाना; **Horse of hard mouth** (a horse which is not ready to obey.) जोरावर मुँह का घोड़ा ; **Put words in his mouth** (tell him what to say.) उसको बताओ वह क्या कहे; **To make a wry mouth** (to make grimaces.) मुँह चिढ़ाना ।

Mouthful- माउथ्' -फ़ुल् *-n.* as much as the mouth contains at once. मुख में रखने भर भोजन, कौर, ग्रास ।

Mouthless- माउथ्' - लॅस् *- adj.* destitute of mouth. मुखहीन ।

Mouthy- माउथि *-adj* bombastic. बड़े बड़े शब्दों का ।

Mouth-organ - माउथ्' - ऑर्गन् - *n.* a musical instrument played with lips. मुँह से बजाने का बाजा ।

Mouthpiece-माउथ्'-पीस् *-n.* the mouth of a wind instrument, one who delivers the opinions of others. बाजे (या हुक्के) की मुँहनाल, दूसरे की ओर से बातें करनेवाला ।

Movability-मूवॅ बिलिटि*--n.* the state of being movable. चलायमान अवस्था, हिलने-डोलने की स्थिति, चलनशीलता ।

Movable-मूव्' -एं-बल्-*adj*. that can be moved. चलन-चलायमान, हटाने या चलाने-फिराने योग्य, चलन-शील; (*pl.*) personal property. मनुष्य की सम्पत्ति, माल-असबाब ; **Movableness** (-नेंस्) -*n*. mobility. गमनशीलता; **Movable property** (property not fixed.) अस्थावर या चल सम्पत्ति।

Move-मूव् -*n*. changing of the position of a piece in chess, the act of moving, movement, step. शतरंज में किसी मोहरे की चाल, गति, पग, कदम ; -*v. t. & i.* to change position, to put in motion, to stir, to excite into action, to provoke, to go, to pass, to make formal application to a court. स्थान बदलना, चलाना, चेष्टा करना, चलना, कार्य के लिए प्रेरित करना, भड़काना, जाना, गुजरना, अदालत में बाकायदे अर्जी या दर्खास्त देना; **On the move** (in motion.) हिलता-डोलता; **To be moved** (to be provoked to pity.) दया से प्रेरित होना; **To move about** (to loiter.) इधर-उधर चक्कर लगाना; **To move heaven and earth** (to make attempts in all possible ways.) सब प्रकार से प्रयत्न करना; **To move off** (to remove oneself.) हट जाना; **To move on** (to proceed.) आगे की ओर बढ़ना।

Movement-मूव्' - मेन्ट्-*n*. motion, excitement, agitation, wheel-work of a clock or watch. व्यापार, चाल, चेष्टा, घड़ी के पहिया की गति।

Mover- मूवर् - *n*. he who or that which moves or impels to action. चलानेवाला, प्रस्ताव करनेवाला।

Movies-मूवीज़्-*n. pl.* cinematograph pictures. सिनेमा की चलती-फिरती तस्वीरें।

Moving-मूविङ्ग्-*n. & adj*. urging motion, pathetic. गतियुक्त, करुणामय; **Movingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv*. in a moving manner. मर्मस्पर्शकरते हुए।

Mow- माउ- *n*. a pile of hay. सूखी घास का ढेर; (-मो)-*v. t.* (*p. t.* **Mowed**, *p. p.* **Mown.**) to cut grass with a scythe. हँसुए से घास काटना।

Mower-मो' - अर्-*n*. a mowing-machine. घास काटने का यन्त्र।

Mowing-मो' - इङ्ग् -*n*. act of cutting with a scythe. हँसुए से (खेत की) कटाई या लवाई।

Moya- मो - या -*n*. volcanic mud. ज्वालामुखी पर्वत से निकला हुआ कीचड़।

Mr., Mrs.-*abbrs*. of Mister and Mistress.

Much- मच्- *adj. & adv*. (*comp*.**More**, *sup*. **Most.**) great in quantity or amount, existing in great quantity. प्रचुर, बहुत, अत्यन्त; **As much as** (an equal quantity.) उतना ही; **How much ?** कितना ! **Much of a size** (about the same size.) प्रायः एक ही परिमाण का; **Talking much** (prattling.) बकवादी; **This much** (so much.) इतना; **Too much** (an excessive quantity.) अत्यधिक,बहुत ज्यादा।

Muchness-मच् - नेंस् -*n*. the state of being much. बहुतायत, अधिकता।

Mucid-म्यू- सिड् -*adj*. musty, slimy. चिपचिपा **Mucidness** (- नेंस)-*n*. the state of being mucid. चिपचिपाहट।

Mucilage-म्यू' -सि-लेंज्-*n*. a slimy fluid, mucus, gum. लसदार पदार्थ (लासा), कफ, गोंद ; **Mucilaginous** (-लें-जिनस्) -*adj*. pertaining to mucilage, slimy. श्लेष्मपूर्ण, चिपचिपा।

Muck-मक्-*n*. farm-yard manure, dirt. खेत के लिये गोबर की खाद, कूड़ा-करकट;-*v. t.* to make a mess of, to make filthy. भ्रष्ट करना, गन्दा करना ; **Muck-rake** (a rake for collecting muck.) कूड़ा-करकट बटोरने की ठेलागाड़ी; **Mucky** (-इ) -*adj*. nasty, filthy. गन्दा, भ्रष्ट।

Mucous- म्यू' -कस्- *adj*. covered with mucus. श्लेष्मा (कफ़ इत्यादि से) युक्त।

Mucus-म्यू' -कस्-*n*. a slimy substance secreted by an organ of the body. इन्द्रिय का मल,श्लेष्मा।

Mud-मड्-*n*. wet earth, mire. कीचड़, गीलीमिट्टी; -*v. t.* to bury under mud, to besmear with mud. मिट्टी में गाड़ना, मिट्टी पोतना; **Mud-guard** (a shield above wheels to prevent the throwing up of mud.) बाइसिकिल, गाड़ी इत्यादि में कीचड़ रोकने की पंखी; **Muddily** (-डि-लि) -*adv*. turbidly. कीचड़ से; **Muddiness** (-डि-नेंस्)-*n*. turbidness. कीचड़पन ; **Muddy** (-डि) -*adj*. turbid, impure. पङ्किल, गँदला, कीचड़दार।

Muddle-म-ड्ल्-*v. t.* to bewilder, to stupefy, to confuse, to mix disorderly. गड़बड़ करना, व्याकुल करना, बिना क्रम से मिलाना ; -*n*. confusion. गड़बड़ी; **Muddle-headed** (stupid.) जड़ बुद्धिवाला।

Muff-मफ़्-*n*. a fur-cover to warm hands, an awkward person. रोवें का दस्ताना या मोजा, भद्दा मनुष्य; **Foot-muff** (a kind of socks.) एक प्रकार का पर का मोज़ा (पायतावा)।

Muffin- म -फ़िन् -*n*. a kind of light cake. हलकी रोटी या टिकिया।

Muffle- म - फ़्ल् - *n*. the upper thick lip of animals, a plate placed within a furnace. पशुओं का ऊपरी ओंठ, तन्दूर के भीतर की चद्दर ; -*v. t.* to wrap for warmth to deaden sound. गरम रखने के लिये या शब्द कम करने के लिये (ढोल इत्यादि को) ढाँकना।

Muffler-मफ्लर् -*n*. a cover for the neck, a wrapper. गुलूबन्द, ओढ़ना।

Mug-मग्-*n*. a drinking vessel. जलपात्र (लोटा, गड़ुआ)।

Mugginess-म- गि- नेस् - *n*. dampness. तरी, गीलापन।

Muggins-म-गिन्स्-*n*. a simpleton. सीधा-सादा मनुष्य।

Muggy-म-गि-*adj*. damp. सूखा तथा तर।

Mulatto-म्यु-लॅ-टो-*n*. offspring of black and white parents. काले तथा गोरे माता-पिता की सन्तति;-*adj*. tawny. चितकबरे रंग का।

Mulberry- मल्बरि-*n*. a tropical fruit-tree whose leaves are used for feeding silk-worms. शहतूत।

Mulch-मल्श्-*n*. wet straw, leaves &c. used to protect roots of newly planted trees. गीली घास, पत्ती इत्यादि का ढेर जो नये लगाये हुए पौधों की रक्षार्थ काम में लाया जाता है;-*v. t.* to cover with mulch. उक्त वस्तुओं से पौधों को ढाँकना।

Mulct-मल्क्ट्-*n*. a fine. अर्थदंड, जुर्माना;-*v. t.* to fine. दण्ड देना, जुर्माना करना।

Mule-म्यूल्-*n*. the offspring of a horse and a she-ass, a stupid obstinate person. खच्चर, मूर्ख हठी मनुष्य।

Muleteer-म्यू-ल-टिअर्'-*n*. a mule driver. खच्चर हाँकनेवाला।

Mulish-म्यूलिश्-*adj*. sullen, stubborn. मूर्ख, हठी; **Mulishly** (-इश्'-लि)-*adv*. in a mulish manner. मूर्खता से; **Mulishness** (-इश्'-नेस्) -*n*. the state of being mulish. मूर्खता।

Mull-मल्-*v. t.* to make hot with spices. मसालेदार बनाना।

Muller-म-लर्-*n*. a flat-bottomed stone used for grinding. पीसने का लोढ़ा, बट्टा।

Mullion-म-ल्यन्-*n*. the vertical bar of a window. खिड़की का डेंड़हरा (उतरन); **Mullioned** (-ड्)-*adj*. fitted with mullions. डेंड़हरा लगी हुई।

Mullock-मलक्-*n*. refuse, dirt, rubbish. कूड़ा, खूद, गर्दा।

Multangular-मल्टैंग्गुलर्-*adj*. having several angles. अनेक कोणों का।

Multeity-मल्टी-इटि-*n*. manifoldness. अनेक तहों से युक्त अवस्था।

Multi-मल्-टि-*pref*.in sense of 'having several'. 'अनेक' अर्थ का उपसर्ग; **Multicavous** (-कव्'-अस्)-*adj*. having many cavities. अनेक गर्तों-वाला; **Multicipital** (-सिपिटल्)-*adj*. having several heads. अनेक सिरोंवाला।

Multifarious-मल्टिफ़ेरिअस्-*adj*. of great variety. अनेक रूप-रंग का, रंगबिरंगा; **Multifariously** (-लि)-*adv*. with great variety. अनेक रूप में; **Multifariousness**(-नेस्)-*n*.multiplied diversity. बहुरूपता।

Multifold-मल्टि-फ़ोल्ड्-*adj*. many times doubled. अनेक गुना, बहुगुना।

Multiform-मल्टि-फ़ॉर्म्-*adj*. of many shapes. नाना रूप का, अनेक आकार का; **Multiformity** (-फ़ॉर्मिटि)-*n*. diversity of forms. अनेकरूपता।

Multilateral-मल्टिलैटरल्-*adj*. having many sides. अनेक भुजाओं वाला, बहुभुजी।

Multilineal-मल्टि-लि-निअल्-*adj*.(also **Multilinear**.) having many lines. अनेक रेखाओं का।

Multimillionaire-मल्टि -मिल्यनेअर् - *n*. one having ten millions. करोड़पति।

Multinomial-मल्टि-नो - मिअल् - *adj*. having many names. अनेक नामों वाला।

Multiple-मल्टि-प्ल्-*adj*. & *n*. several parts or components, a number that divides another without a remainder. अपवर्त्य, ऐसी संख्या जो बिना शेष छोड़े दूसरी संख्या द्वारा भाग दी जा सकती है; **Lowest common multiple** (the lowest multiple that will contain two or more numbers exactly.) लघुत्तम समापवर्त्य।

Multiplex-मल्टि-प्लेक्स्-*adj*. of several elements. अनेक तत्त्वों का।

Multipliable-मल्'-टि-प्लाय-ब्ल्-*adj*. that may be multiplied. गुणन करने योग्य।

Multiplicable-मल्टि-प्लिक - ब्ल्-*adj*. multipliable. गुणन करने योग्य।

Multiplicand-मल्टि-प्लिकन्ड् -*n*. a quantity to be multiplied. गुण्य, जिसको किसी संख्या से गुणा किया जाय।

Multiplication-मल्टि-प्लि-केशन्-*n*. the act or process of multiplying. गुणन-क्रिया; **Cross-multiplication**. वज्रगुणन; **Sign of multiplication** ('×' called 'into') गुणन-चिह्न।

Multiplicity-मल्टि-प्लिसिटि - *n*. many of the same kind. बहुतायत।

Multiplier-मल्टि-प्लायर्-*n*. the number that multiplies. गुणक, गुणा करनेवाली संख्या।

Multiply-मल्टि-प्लाइ-*v. t.* (*p. t.* **Multiplied**.) to increase in number, to propagate, to add a given number to itself several times. गुणा करना, बढ़ाना।

Multipresence-मल्टि-प्रे-ज़ेन्स्-*n*. the spiritual power of being present at several places simultaneously. एक ही समय अनेक स्थानों में उपस्थित होने की आध्यात्मिक शक्ति।

Multitude-मल्टि-ट्यूड्-*n*. a great number, a

large gathering, a crowd. समूह (समुदाय), समाज, झुण्ड, भीड़ ।

Multitudinism-मल्टिट्यूडिनिज़्म्-*n.* the principle of preference for the interests of the multitude to those of individuals. व्यक्तिगत कल्याण की अपेक्षा समाज का कल्याण अधिक मानने का सिद्धान्त ; **Multitudinist** (-निस्ट्)-*n.* one who holds this theory. बहुजन कल्याणवादी ।

Multure-मल्चर् -*n.* the toll of grain or flour given to a mill-owner. पीसनेवाले को दी जानेवाली अनाज या आटे की झरी ।

Mum-मम्-*interj.* silence ! चुप ! खामोश !;-*n.* a kind of beer. एक प्रकार की मदिरा ;-*v. t.* (*p. t.* **Mummed.**) to act in dumb show. मुँह बन्द करके तमाशा करना ।

Mumble-मम्'-बूल् - *v. i. & t.* to mutter, to speak indistinctly, to bite, to chew. अस्पष्ट बोलना, दाँत से चबाना या कुतरना;-*n.* an indistinct utterance. अस्पष्ट बोली ।

Mumm-मम्-*v. t.* to mask, to make diversion with a mask on. चेहरा लगाना, चेहरा लगाकर खेल करना; **Mummer** (-मर्) - *n.* an actor who wears a mask. चेहरा लगाकर तमाशा करनेवाला ।

Mummery-ममरि-*n.* a performance of mummers, masquerading. छद्मवेष, स्वाँग ।

Mummification-ममिफ़िकेशन् - *n.* the act of making into a mummy. मृतक शरीर रक्षाकरण ; **Mummify** (-फ़ाइ)-*v. t.* to make into a mummy. मृत शरीर रक्षित करना ।

Mummy-ममि-*n.* (*pl.* **Mummies.**) an embalmed human body for burial. रक्षित मृतक शरीर, मसाला लगाकर सुरक्षित किया हुआ मृतक शरीर ।

Mump-मम्प्-*v. i.* to utter indistinctly, to be silent, to go about begging. अस्पष्ट बोलना, चुप रहना, भीख माँगते फिरना; **Mumps** (*n. pl.*) a contagious disease of the salivary glands. कण्ठमाला का रोग ।

Munch-मन्च्-*v. t. & i.* to eat food with much chewing and making sound with the mouth. चपर-चपर शब्द करते हुए खाना ।

Mundane-मन्'-डन् - *adj.* earthly, worldly. संसारी, इस लोक का; **Mundane existence** (wordly existence.) सांसारिक जीवन; **Mundanely** (-लि)-*adv.* in a worldly manner. सांसारिक गति से; **Mundaneness** (-नेस्) or **Mundanity** (-अनिटि)-*n.* worldliness. संसारी जीवन ।

Mundatory-मन्डेटरि - *adj.* cleansing. साफ़ करनेवाला ।

Municipal-म्यूनिसिपल्-*adj.* pertaining to the local self-government of a town. नगर के स्थानीय स्वायत्त-शासन से सम्बन्धित; **Municipality** (-ऑ-लिटि)-*n.* a district with municipal rights. नगर पालिका सभा (ऐसी संस्था का नगर); **Municipally** (-लि) -*adv.* with regard to municipal affairs. नगर पालिका के कार्यों के सम्बन्ध में ।

Munificence-म्यू - निफ़ि - सेन्स्-*n.* liberality, bounty, generosity. दानशीलता, उदारता ।

Munificent-म्यूनिफ़िसेन्ट्-*adj.* bountiful, generous. उदार, दानी, दाता ; **Munificently** (-लि)-*adv.* liberally. उदारता से ।

Muniment-म्यू'-नि-मेन्ट्-*n.* a document of rights. अधिकार-पत्र ।

Munition-म्यू-निशन्-*n.* military weapons, implements of war. युद्ध-सामग्री, लड़ाई के सामान ; **Munitioner** (-अर्) -*n.* one who works in munition factory. युद्ध-सामग्री बनाने के कार्यालय में काम-करनेवाला ।

Murage-म्यूरेज्-*n.* a tax levied for building the walls of a town. नगर की दीवार बनाने के लिए कर ।

Mural-म्यू-रल्-*adj.* of or on a wall. भीत-सम्बन्धी, भीत पर का ।

Murder-मर्डर्-*n.* unlawfully killing a human being with malice. वध, हत्या, हिंसा;-*v. t.* to kill unlawfully, to spoil. हत्या करना (मार डालना), नष्ट करना ; **Murder will out** (murder will be disclosed.) हत्या प्रकट हो जायगी; **The murder is out** (the secret has been disclosed.) रहस्य खुल गया ।

Murderer-मर्डरर् - *n.* one who commits a murder. हत्यारा, घातक; **Murderess** (-एस्)-*n. fem.* a female murderer. हत्यारिन ।

Murderous-मर्डरस्-*adj.* guilty of murder. घातक, हत्यारा; **Murderously** (-लि)-*adv.* in a murderous manner. घातकरूप से, हत्यारेपन से ।

Mure-म्योर्-*v. t.* to confine or shut up in a prison. बन्द करना, कैद करना;-*n.* wall. दीवाल ।

Muriatic-म्यू-रि-ऐट्-इक् - *adj.* hydrochloric. नमक के तेजाब या लवणाम्ल का ।

Murk-मर्क्-*adj.* dark, misty, gloomy. अँधेरा, धुँधला; **Murkily** (-इ-लि)-*adv.* in a murky manner. धुँधलेपन से; **Murkiness** (-इ-नेस्) -*n.* the state of being murky. अन्धकार, धुँधलापन; **Murky** (-इ)-*adj.* dark, misty, gloomy. अन्धकारपूर्ण ।

Murmur-मर्'-मर्-*n.* a low indistinct sound, suppressed sound. मन्द ध्वनि (कलकल

शब्द), बड़बड़ाहट; . *t.* to complain in low tones. असन्तोष प्रकट करना, कुड़बुड़ाना; **Murmurer** (-अर्)-*n.* one who grumbles. असन्तोष प्रकट करनेवाला मनुष्य; **Murmuring** (इ-इग्)-*adj.* complaining. गुर्राते हुए, शिकायत करते हुए ; **Murmurous** (-अस्)-*adj.* murmuring. बड़बड़ाहट का ; **Murmurously** (-लि)-*adv.* असन्तोष की ध्वनि से।

Murrain-मरेन् -*n.* an infectious disease in cattle. पशुओं की महामारी।

Murrey-मरि - *adj.* of purple-red colour. शहतूत के रंग का।

Murrhine-म-रिन् -*n.* a delicate ware. चीनी मिट्टी का कमजोर पात्र।

Muscadine-मस्क-डिन् (-डाइन्)-*n.* a kind of grape. कस्तूरी की गंध का अंगूर।

Muscle-म-सल्-*n.* the fleshy fibre that produces movement in a body. मांसपेशी, पुट्ठा।

Muscovite-मस्'-कॅ-व़ाइट्-*n.* common mica. सामान्य अभ्रक।

Muscular-मस्'-क्यु-लर्-*adj.* of the muscles, well developed. स्नायु सम्बन्धी, (मांसल) पुष्ट; **Muscularity** (-ऑरिटि) - *n.* the state of being muscular. मांसलता, पुष्टता; **Musculature** (-एचर्)-*n.* formation of muscles. शरीर की मांसल रचना।

Muse-म्यूज़्-*n.* one of the nine goddesses of poetry, music and other liberal arts, a deep thought, a poet's genius. काव्य, संगीत इत्यादि कलाओं की देवी, गंभीर विचार, कवित्व-शक्ति ;-*v. i.* to reflect, to ponder. चिन्ता करना, विचार करना; **Museful** (-फ़ुल्) -*adj.* thoughtful. विचारवान्; **Museless** (-लॅस्)-*adj.* not appreciative of poetry. कविता के सौन्दर्य का गुण न समझनेवाला; **Muser** (-अर्)-*n.* one given to musing. ध्यान करनेवाला।

Musette-म्युज़्'-ऍट्-*n.* a kind of bagpipe. एक प्रकार का मसक बाजा।

Museum-म्यु-ज़ि-अम्-*n.* a building used for storing curiosities in nature or art. कौतुक-भण्डार, अजायबघर।

Mush-मश्-*n.* a soft pulp. मुलायम पदार्थ, गूदा; **Mushiness**(-इ'-नॅस्)-*n.* sponginess. गूदापन।

Mushroom-मश्'-रूम्-*n.* a kind of plant, fungus. छत्रक, गगन-धूलि, कुकुरमुत्ता।



Mushroom.

Mushy-मशि-*adj.*pulpy. गूदेदार।

Music-म्यू'-ज़िक् -*n.* the art and science of harmonious sounds, rhythmic order, pleasant sound. सङ्गीत, गानविद्या, राग, सुर, सुरीला शब्द; **Instrumental music** (music arising from instruments.) वाद्य संगीत; **Music-hall** (a hall in which variety shows are given.) सङ्गीतशाला; **Rough music** (noisy uproar.) शोरगुल ; **To set to music** (to provide with music.) ताल-सुर में लाना; **Vocal music** (music made by the voice.) सङ्गीत गायन

Musical-म्यूज़िकल्-*adj.* harmonious, melodious. सुरीला; **Musical-box** (a box in which tunes are mechanically played.) यन्त्र से बजानेवाले बाजे का बक्स ; **Musical entertainment** (an entertainment accompanied by music.) गानोत्सव; **Musical instruments** (instruments for music.) अनेक प्रकार के बाजे।

Musically-म्यूज़िकलि - *adv.* in a musical manner. संगीतशास्त्र के अनुसार, सुर से।

Musician-म्यू-ज़ि-शन्-*n.* one who sings or plays on musical instrument. गाने-बजानेवाला, संगीतज्ञ।

Musk-मस्क् - *n.* the strong scented substance which is secreted by male musk-deer. मृगमद, कस्तूरी; **Musk-deer** (the deer that yields musk.) कस्तूरी मृग; **Musk-melon** (a kind of sweet melon.) खरबूज,सरदा; **Musk-rat** (musquash.) छछूँदर ; **Musky** (-इ) -*adj.* having the odour of musk. कस्तूरी की गन्ध की।

Musket - मस्' - कॅट् - *n.* a hand-gun. फ़ौजी सिपाही की बन्दूक; **Musketeer** (-इअर्')-*n.* a soldier armed with a musket. ऐसी बन्दूक लिए हुए सिपाही; **Musketry** (-रि) - *n.* the theory and practice of rifle-shooting. बन्दूक चलाने की विद्या और कला।

Muslim-मुस्'-लिम्-*adj.* & *n.* same as Moslem. मुसलमानी, मुसलमान।

Muslin-मज़्'-लिन्-*n.* a kind of fine thin cotton fabric. मलमल, तंजेब; **Muslined** (-इ)-*adj.* made of muslin. मलमल का बना हुआ; **Muslinet** (-ऍट्)-*n.* a kind of coarse muslin. मोटा मलमल।

Muss-मस्-*n.* disorder, confusion. उपद्रव, गड़बड़ी;-*v. t.* to disarrange, to confuse. गड़बड़ी करना।

Must-मस्ट्-*v. aux.* to be obliged, to be certain to. अवश्य चाहिए, होना;-*n.* unfermented wine of grapes. द्राक्षासव, मदिरा।

Mustang-मस'-टैङ्ग् - *n.* the wild horse of America. अमेरिका देश का जङ्गली घोड़ा।

Mustard-मस्टर्ड्-*n.* a plant with oily pungent seeds. सरसों।

Muster-मस्टर्-*n.* a gathering of men, collection or act of collecting. संग्रह (सङ्गम), जमाव;-*v. t. & i.* to collect for inspection. एकत्रित होना, इकट्ठा करना; **Muster-roll** (a roll of troops.) सेना की नामावली; **To muster up** (to make preparations.) तैयार होना या करना।

Mustiness-see **Musty.**

Musty-मस्टि-*adj.* mouldy, of bad taste or smell. सड़ा, दुर्गन्धित; **Mustiness** (-टि-नेंस्) -*n.* the quality of being musty. सड़ापन।

Mutability, Mutation-See **Mutable.**

Mutable-म्यू-टे-ब्ल्-*adj.* subject to change, fickle. अस्थिर, चंचल; **Mutability** (-बिल्'-इ-टि)-*n.* mutableness. चंचलता।

Mutation-म्यू-टे-शन्-*n.* action of changing, alteration, succession. परिवर्तन-करण, स्थिति-भेद, उत्तराधिकार।

Mute-म्यूट्-*adj.* silent, not speaking anything. मूक, मौन, चुपचाप;-*n.* a dumb person. गूँगा मनुष्य;-*v. t.* to deaden the sound. शब्द मन्द करना; **Mutely** (-लि)-*adv.* in a mute manner. मूकवत, गूँगे की तरह; **Muteness** (-नेंस्)-*n.* the state of being mute. मूकता, मौन भाव; **Mute-show** (a dumb show of puppets, marionettes.) कठपुतली का तमाशा; **Mute with wonder** (silent owing to astonishment.) आश्चर्य से अवाक्।

Mutilate-म्यू'-टि-लेट्-*v. t.* to separate a limb or organ, to maim, to make imperfect. अङ्ग-भङ्ग करना, विकलित करना (छाँटना), अपूर्ण करना; **Mutilation** (-ले'-शन्)-*n.* the act of mutilating. खण्डन, अङ्ग का कटाव; **Mutilator** (-ले'-टर्)-*n.* one who mutilates. काटनेवाला मनुष्य।

Mutineer-म्यू-टि-निअर्-*n.* a rebel, one who joins in a mutiny. विद्रोही, बलवाई, बलवा करने में सहायक।

Muting-म्यू-टिङ्ग्-*n.* the dung of birds. चिड़ियों की बीट।

Mutinous-म्यू-टिनस्-*adj.* rebellious. विद्रोही, बलवाई; **Mutinously** (-लि)-*adv.* in a seditious manner. द्रोह से, बलवे से।

Mutiny-म्यू-टिनि-*n.* a revolt against legal authority, insurrection of soldiers. बलवा, गदर, सैन्य-विद्रोह; -*v. i.* (*p. t.* **Mutinied.**) to revolt. विद्रोह करना, बलवा करना।

Mutter-मटर्-*v. i. & t.* to speak in a low voice, to grumble, to murmur. बड़बड़ करना, गुर्राना, धीरे से कहना; -*n.* obscure utterance, अस्पष्ट उच्चारण, बड़बड़ाहट; **Mutterer** (-अर्) -*n.* a grumbler. अस्पष्ट बोलनेवाला मनुष्य; **Muttering** (-इङ्ग्)-*n.* a murmur. अव्यक्त उच्चारण, बड़बड़ाहट; **Mutteringly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in an indistinct voice. अस्पष्ट शब्दों में।

Mutton-मट्न्-*n.* flesh of sheep used as food. भेड़ का मांस जो खाया जाता है; **Mutton-chop** (mutton for frying.) भूनने के लिए भेड़ का मांस; **Muttony** (-इ)-*adj.* resembling mutton. भेड़ के मांस के समान; **To rat one's mutton** (to eat together.) एक साथ भोजन करना।

Mutual-म्यूचुअल्-*adj.* done towards each other, reciprocal, given and received. परस्पर, अन्योन्य (आपस का); **Mutual help** (help done by one towards the other.) आपसी सहायता: **Mutuality** (-अलिटि)-*n.* reciprocation. परस्पर व्यवहार; **Mutually** (-लि)-*adv.* reciprocally. परस्पर, आपस में।

Mutualism-म्यूचुअलिज्म्-*n.* the doctrine that mutual dependence is necessary for well-being. पारस्परिक आश्रय का सिद्धान्त; **Mutualist** (-इस्ट्)-*n.* one who holds the doctrine of mutualism. पारस्परिक आश्रय के सिद्धान्त को माननेवाला।

Muzzle-मज़्'-ल्-*n.* the projecting part of an animal's mouth, the open end of a fire-arm, a net or guard fixed to an animal's mouth. पशु के मुख का नुकीला भाग (थूथुन), बन्दूक का मुँह, पशु के मुँह में लगाने की जाली;-*v.t.* to fasten the mouth for preventing biting. जाली बाँधना; **Muzzle-loading gun** (a gun which is loaded through the muzzle.) छेद या नली में से गोली भरने की बन्दूक)

Muzzily- Muzziness-see **Muzzy.**

Muzzy-म-ज़ि-*adj.* spiritless, bewildered. तेजहीन, घबड़ाया हुआ; **Muzzily** (-लि)-*adv.* in a bewildered manner. घबड़ाहट से; **Muzziness** (-नेंस्)-*n.* bewilderment. व्यग्रता, घबड़ाहट।

My-माइ-*pron.* (*pl.* **Our.**) belonging to me. मेरा, अपना; **Myself** (-सेल्फ़) अपना, मैं स्वयम्।

Myalgia-माइ-ऑल्'-जि-आ-*n.* the rheumatism of muscles. वातरोग, पुट्ठों का गठिया।

Myalism-माइ'-अलिज्म्-*n.* a kind of sorcery. एक प्रकार का जादू।

Mycetoma-माइसीटोमा-*n.* a fungoid disease of the hands or feet. फफूदियों द्वारा उत्पन्न पैर अथवा हाथ का एक रोग।

Myelitis-माइ-एँ-लाइ-टिस्-*n.* inflammation of the spinal cord. सुषुम्ना की सूजन।

Myography-माइ-ऑ-ग्रॅफ़ि-*n.* a description of muscles. पेशियों का वर्णन।

Myology-माइ-ऑ-लॅ-जि-*n.* the study of muscles. पेशियों के अध्ययन का शास्त्र।

Myope-माइ'-ओप्-*n.* a short-sighted person. अल्पदृष्टिवाला मनुष्य।

Myopia-माइ-ओपिया-*n.* short-sightedness. अल्पदृष्टित्व, चौंधापन।

Myosis-माइ-ओ'-सिस्-*n.* contraction of the pupil of the eye. आँखों की पुतली का सङ्कुचन।

Myriad-मिरिअड्-*n.* ten thousand, a very large number. दस हजार, हजारों, बहुत बड़ी संख्या।

Myriapod-मिरि-अ-पॉड्-*n.* a centipede. सैकड़ों पैरोंवाला कीड़ा, गोजर।

Myriorama-मि-रि-ऑ-रॉ-मा-*n.* an entertainment of a series of views. क्रमिक चित्रपट द्वारा मनोरञ्जन।

Myrmidon-मर्मिडन्-*n.* a base servant. नीच नौकर; **Myrmidon of the law** (a policeman.) पुलिस का सिपाही।

Myrobalan-माइ-रॅ'-बल-न्-*n.* a plum-like fruit. आँवला, हर्रा।

Myrrh-मर्-*n.* an aromatic gum. बोल, लोहबान।

Myrtle-म-र्ट्-ल्-*n.* a kind of evergreen shrub. मेंहदी, हिना।

Mystagogical-see **Mystagogue.**

Mystagogue-मिस्टगॉग्-*n.* a teacher of mystical doctrines. गूढ़विद्या का उपदेशक; **Mystagogical** (-जि-कल्)-*adj.* connected with mystagogy. गूढ़विद्या-सम्बन्धी।

Mysterious-मिस्टीरिअस्-*adj.* full of mystery, obscure, secret, incomprehensible. दुर्बोध (गहन), गूढ़ार्थ, गुप्त, अस्पष्ट; **Mysteriously** (-लि)-*adv.* in a hidden manner. गुप्त रीति से; **Mysteriousness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being myterious, obscurity. गूढ़ता।

Mystery-मिस्टरि-*n.* (*pl.* **Mysteries.**) hidden matter, secret, obscurity, anything beyond human reason, an enigma. गुप्त बात, रहस्य, मनुष्य के विचार के बाहर की बात, पहेली, गूढ़ प्रश्न।

Mystic-मिस्टिक्-*adj.* of hidden meaning, occult. अप्रकट, गहन, गुप्त।

Mystical-मिस्टिकल्-*adj.* mystic. गुप्त; **Mystically** (-अलि)-*adv.* in a mystical manner. गुप्त रूप से।

Mysticism-मिस्टिसिज़्म्-*n.* profession of spiritual things. गूढ़ विद्या, अध्यात्म विद्या, गुप्त विद्या।

Mystification-मिस्टिफ़िकेशन्-*n.* the act of mystifying. गूढ़ करने की क्रिया।

Mystify-मिस्-टि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Mystified.**) to bewilder, to puzzle. घबराना, व्यग्र करना।

Myth-मिथ्-*n.* a fictitious story involving supernatural agency, a creation of the mind. पुराण-कथा, कल्पित कथा, गप्प।

Mythical-मिथिकल्-*adj.* fabulous. काल्पनिक; **Mythically** (-इ)-*adv.* in a mythical manner. पौराणिक कथा के रूप में।

Mythicism-मिथ्'-इ-सिज़्म्-*n.* a mythical description. काल्पनिक या पौराणिक कथा का वर्णन।

Mythicist-मिथ्-इ-सिस्ट्-*n.* one who relates mythical stories. पौराणिक रीति से कथा वर्णन करनेवाला।

Mythicize-मिथ्'-इ-साइज़्-*v. t.* to treat a story in a mythical way, to interpret mythically. किसी कथा का पौराणिक रीति से वर्णन करना।

Mythologer-मिथॅ-लॉजर्-*n.* one who writes mythological stories. पौराणिक कथालेखक।

Mythological-मिथॅ-लॅजिकल्-*adj.* pertaining to mythology. पौराणिक, ऐतिहासिक; **Mythologically** (-इ)-*adv.* by the use of myths. पौराणिक कथा-रूप से।

Mythologist-मिथॅ-लॉजिस्ट्-*n.* one versed in mythology. पौराणिक कथा जाननेवाला मनुष्य।

Mythologize-मिथलॅ-जाइज़्-*v. t.* to relate mythologically. पौराणिक कथा बनाना अथवा इनको समझाना; **Mythologue** (-लॉग)-*n.* a mythological composition. पौराणिक कथा की रचना।

Mythology-मिथॅ-लॅ-जि-*n.* a body of myths relating to heathen deities. पौराणिक कथा, देवी-देवताओं की कहानियाँ।

Mythonomy-मिथॅ-नॅ-मि-*n.* the laws which govern the evolution of myths. पुराण शास्त्र।

Mythoplasm-मिथॅप्लाज़्म्-*n.* the narration of a fable. कथा-कहानी कथन।

Mythus-माइ-थस्-*n.* a fictitious story involving supernatural agency. देवताओं की काल्पनिक कथा।

Myxoedema-मिक्सी-डीमा-*n.* a diseased condition of adults in which the subcutaneous tissues of the face are thickened. युवावस्था का एक रोग जिसमें शरीर भर में शिथिलता आ जाती है तथा चेहरा फूल जाता है।

N-एन्-the fourteenth letter of the English alphabet, (in Chemistry) symbol for nitrogen, an indefinite number in mathematics, (in printing) a measurement equal to half em. अंग्रेज़ी भाषा का चौदहवाँ अक्षर, (रसायनशास्त्र में) नाइट्रोजन द्रव्य के लिये संकेत, गणित में अज्ञात संख्या, (छापे में) एक परिमाण जो 'एम्' का आधा होता है ।

Nab-नैब्-*v. t.* to catch suddenly, to arrest. एकाएक पकड़ना, झपटना ।

Nabob-नें'-बॉब्-*n.* a nawab. नवाब ।

Nacarat-नैक-रैट्-*n.* a bright orange-red colour, a fabric so coloured. चमकीला नारङ्गी रंग, इस रंग का कपड़ा ।

Nacelle-नें-सेल्'-*n.* the chamber of an air-ship. हवाई जहाज का डिब्बा ।

Nadir-नें'-डीर्-*n.* the lowest point under the feet of the observer. (opposite to Zenith.) अधोविन्दु (ऊर्ध्व विन्दु का उलटा), सबसे नीचे का स्थान ।

Nag-नैग्-*n.* a pony, a small horse. टट्टू; -*v. i.* & *t.* (*p. t.* **Nagged.**) to find fault, to annoy. दोष निकालना, कष्ट देना; **Nagging** (-गिङ्ग्)-*adj.* fault-finding. दोष निकालनेवाला; **Naggy** (-गि)-*adj.* quarrelsome. झगड़ालू ।

Naiad-नाइ' (-नें) ऐड् -*n.* a water-nymph. जलदेवता, अप्सरा, जल में रहनेवाली परी ।

Nail-नेल्-*n.* horny covering on the ends of human fingers and toes, a claw, a small pointed iron spike. नख, नह, पञ्जा, कील;-*v. t.* to fasten with a nail, to make certain. कील जड़ना या ठोंकना, स्थिर करना; **Nailer** (-अर्) -*n.* the maker of nails. कील-काँटा बनानेवाला, लुहार; **Nailing** (-इङ्ग्) -*n.* the act of making or fastening nail. काँटी बनाना या जड़ना; **Nailless** (-लेस्) -*adj.* without nails. बिना कील-काँटे का; **Nailed up drama** (a badly constructed drama.) भद्दी तरह से रचा हुआ नाटक; **On the nail** (at once.) शीघ्र; **To draw a nail** (to pierce a nail.) कील ठोंकना; **To hit a nail on the head** (to describe correctly.) सच्ची व्याख्या करना ।

Naive-नें-ईव्' - *adj.* artless, not affected, simple. अकृत्रिम, सरल, सीधा-सादा; **Naively** (-लि) -*adv.* artlessly. सरलता से; **Naivete** (-टे), **Naivety** (-टि)-*ns.* unaffectedness, simplicity. सरलता ।

Naked-नें - केड्-*adj.* unclothed, uncovered, open to view, bare, nude, undisguised, plain, defenceless. वस्त्रहीन, नग्न, नंगा, अभूषित, स्पष्ट, अरक्षित; with the naked eye (without wearing spectacles.) बिना चश्मा (या दूरबीन) लगाये; **Nakedly** (-लि)-*adv.* without covering, simply. नंगे रूप या वेश में केवल; **Nakedness** (-नेस्)-*n.* the state of being naked. नग्न अवस्था, नंगापन, वस्त्रहीनता ।

Name-नेम्-*n.* a word by which a thing is spoken of, a person known, fame, reputation. नाम, संज्ञा, लक्षण, कीर्ति, प्रतिष्ठा, प्रसिद्धि; -*v. t.* to give a name, to mention, to designate, to nominate. नाम देना, नाम से पुकारना, नियुक्त करना; **Bad name** (bad reputation.) अपकीर्ति; **Family name** (name of progenitor.) उपनाम, कुलनाम; **Good name** (renown.) सुयश; **He has made a name** (he has gained a reputation.) उसने प्रतिष्ठा प्राप्त की है; **In the name of** (bearing witness.) साक्षी देकर ; **Known by name** (known individually.) व्यक्तिगत विख्यात; **Nameless** (-लेस्) -*adj.* without a name, unknown, obscure. नामहीन, अप्रसिद्ध, गुप्त; **Namely** (-लि)-*adv.* for example, that is to say, by such name. यथा, अर्थात्, अमुक नाम के; **Name-plate** -*n.* plate fixed on the door of a house bearing the name of the occupant. घर के द्वार पर लगी हुई मकान मालिक के नाम की तख्ती या पट्टी; **Namesake** (-सेक्)-*n.* one having the same name. एक ही नाम का, नामराशि; **Name the day** (to fix a day especially for a marriage.) विशेषतः ब्याह का दिन स्थिर करना; **Tell in my name** (*i. e.* mentioning my name.) मेरा नाम लेकर कहो; **To win a name** (to be illustrious.) यश प्राप्त करना ।

Nankeen-नैन्-कीन्' - *n.* a kind of cotton cloth. एक प्रकार का सूती रंगीन वस्त्र ।

Nanny-नैं-नि-*n. fem* (*mas.* **Billy.**) a female goat. बकरी ।

Nap-नैप्-*n.* a short sleep, smooth hairy surface of cloth. अल्पनिन्द्रा (झपकी), कपड़े पर का रोवाँ;-*v. i.* (*p. t.* **Napped.**) to have a short sleep. झपकी लेना, ऊँघना; **Napless** (-लेस्)-*adj.* without a nap. बिना रोवें का; **Nappy** (-पि)-*adj.* sleepy, drowsy, shaggy. तन्द्रा लेनेवाला, झपकी लेनेवाला, कोमल पंखों या बालोंवाला ।

Nape-नेप्-*n.* the back or hind part of the neck. गर्दन का पिछला भाग ।

Napery-नें'-परि -*n.* household table linen. घर गृहस्थी की मेज का ढकना या वस्त्र ।

Naphtha-नैफ्-था (प्था)-*n.* a kind of inflammable rock oil. शीघ्र ज्वलनशील खनिज तेल विशेष।

Naphthalene, Naphthaline-नैफ्-थलीन्-*n.* a white crystalline substance used as disinfectant. एक सफ़ेद दानेदार परिशोधक पदार्थ।

Napkin-नैप्'-किन्-*n.* a square cloth used for wiping hands &c. अंगौछा, रूमाल, छोटी तौलिया।

Napoleonic-नें पोल्यनिक्-*adj.* of or like Napoleon I. प्रसिद्ध राजा नेपोलियन प्रथम के समान; **Napoleonism** (-इज़्म्)-*n.* despotism of Napoleon. नेपोलियन की कूटनीति; **Napoleonist** (-इस्ट्)-*n.* a follower of Napoleonism. नेपोलियन की कूटनीति का अनुयायी।

Narceine-नर्सिइन्-*n.* an extract of opium. अफ़ीम का सत्त्व।

Narcissus-नर्सिसस्-*n.* (*pl.* **Narcissuses.**) a plant bearing sweet-scented flowers. नरगिस का फूल।

Narcosis-नार्को-सिस्-*n.* state of insensibility. मूर्छा, बेहोशी।

Narcotic-नार्-कॉट्'-इक्-*adj.* & *n.* inducing sleep. निद्राकारी, बेहोश करनेवाली दवा।

Narcotize-नार्-कॅ-टाइज़्-*v.t.* to make narcotic. नशीला करना या बनाना।

Nard-नार्ड्-*n.* an aromatic plant, spikenard. जटामासी, बालछड़।

Nariform-नें'-रि-फ़ॉर्म्-*adj.* like nostrils. नथुने के आकार का।

Narrate-न-रेट्'-*v. t.* to relate (as a story), to recite. वर्णन करना, कहना; **Narration** (-रे'-शन्)-*n.* the act of relating. वर्णन, कहानी।

Narrative-नरें-टिव्-*n.* a narration, a story. कथा, वृत्तान्त, चरित्र; **Narratively** (-लि)-*adv.* कथा-रूप में; वर्णन करते हुए।

Narrator-नरेटर्-*n.* one who narrates. वर्णन करने (कथा कहने) वाला।

Narrow-नॅ-रो-*adj.* of small width, not liberal; constricted. अविस्तीर्ण, अनुदार, संकुचित, सँकरा;-*v. t.* & *i.* to lessen, to contract. कम करना, सिकोड़ना, सिकुड़ना; **A narrow pass** (a small passage.) संकीर्ण मार्ग; **In narrow circumstances** (in poverty.) दरिद्र अवस्था में; **Narrow gauge** (rails placed 4 ft. 8 inches apart.) रेल की छोटी लाइन; **Narrow goods** (ribbons &c.) फीता, किनारी इत्यादि; **Narrow-minded** (prejudiced.) संकीर्ण बुद्धि-वाला, पक्षपाती; **Narrow-mindedly** (-लि) -*adv.* illiberally. ओछेपन से; **Narrow-mindedness** (-नेस्)-*n.* illiberality. ओछापन; **The narrow bed** (grave.) क़ब्र।

Narrowish-नॅ-रो-इश्-*adj.* somewhat narrow. कुछ-कुछ सँकरा।

Narrowly-नॅ-रो-लि-*adv.* in a narrow manner, with difficulty. संकुचित रीति से, कष्ट से, संकट से, अच्छी तरह जाँचकर।

Narrowness-नॅ-रो-नेस्-*n.* the state of being narrow. अल्प विस्तार, सङ्कोच।

Nasal-नेज़ल्-*adj.* pertaining to the nose. नासिका-सम्बन्धी, अनुनासिक, अनुस्वार सहित; **Nasalization** (-आइ-जे-शन्)-*n.* nasal tone (or letters.) अनुनासिक स्वर; **Nasalize** (-आइज़्)-*v. t.* to speak through the nose. नाक से बोलना; **Nasally** (-लि)-*adv.* through the nose. नाक से।

Nascency-नॅ'-स्-ऍ-न्सि-*n.* beginning of production. उत्पादन का आरम्भ।

Nascent-नॅ'-स्-ऍ-न्ट्-*adj.* growing, just beginning to increase. उगनेवाला, जननोन्मुख, बढ़नेवाला।

Nasiform-नें'-ज़ि-फ़ॉर्म्-*adj.* of the shape of nose. नाक के आकार का।

Nasturtium-नॅस्टर्शम्-*n.* a kind of trailing plant. एक प्रकार की रेंगनेवाली या ज़मीन पर फैलनेवाली लता।

Nastily, Nastiness-see **Nasty.**

Nasty-नॅस्टि-*adj.* (*comp.* **Nastier,** *sup.* **Nastiest**) dirty, filthy, foul, obscene. मलिन, अपवित्र, गन्दा, निर्लज्ज; **Nastily** (-लि)-*adv.* filthily. मलिनता से; **Nastiness** (-नेस्)-*n.* filthiness, obscenity. अपवित्रता, मलिनता, गन्दगी।

Natal-नेटल्-*adj.* pertaining to birth. जन्म-सम्बन्धी; **Natal country** (place of birth.) जन्मभूमि; **Natality** (-इ-टि)-*n.* birthrate. उत्पत्ति-क्रम।

Natation-नॅटेशन्-*n.* swimming. तैरना; **Natatorial** (-टॅरिअल), **Natatory** (-टरि)-*adjs.* of swimming, enabling to swim. तैरने का, तैरने योग्य।

Nates-नेटीज़्'-*n. pl.* buttocks. चूतड़, नितम्ब।

Nation-नें'-शन्-*n.* a distinct race, people living under one government. जाति (प्रजा), एक देश या राज्य के लोग, राष्ट्र।

National-नॅश्नल्-*adj.* pertaining to or peculiar to a nation. देशीय, राष्ट्रीय, जातीय। **National anthem** (the patriotic song of a nation.) राष्ट्रीय गीत; **National custom** (the custom of a nation.) देशाचार; **National law** (law of the nation.) देश धर्म;

National movement. राष्ट्रीय आन्दोलन ।

Nationalism-नॅशनलिज़्म्-*n.* policy of national independence. राष्ट्रीय स्वतन्त्रता की नीति ।

Nationality-नॅशनॅलिटि-*n.* patriotic sentiment. स्वदेशाभिमान, देशभक्ति (जातीयता) ।

Nationalize-नॅशनलाइज़्-*v. t.* to make into a nation. एक जाति बनाना, राष्ट्रीय बनाना ।

Nationally-नॅशनलि-*adv.* as a nation. राष्ट्रवत्, राष्ट्र के समान ।

Native-ने'-टिव्-*n.* one domiciled in a place, anything indigenous. देशवासी, देश की उत्पन्न वस्तु;-*adj.* innate, inborn, original, natural, inherent. सहज, स्वाभाविक, प्राकृतिक, प्राथमिक, पैदाइशी; **Natively** (-लि)-*adv.* naturally. स्वाभाविक रूप में; **Nativeness** (-नॅस्)-*n.* the state of being native. स्वाभाविकता; **Native name** (name given at the time of birth.) जन्मनाम ।

Nativity-नॅटिविटि-*n.* the birth of Christ, a horoscope. ईसा मसीह की उत्पत्ति, जन्मपत्रिका; **To cast one's nativity** (to prepare one's horoscope.) जन्मकुण्डली या पत्रिका बनाना ।

Natron-नेट्रन्-*n.* native carbonate of soda. सज्जी-खार ।

Nattily-नॅ-टि-लि-*adv.* in a tidy manner. स्वच्छता से, कुशलता से ।

Nattiness-नॅ-टि-नॅस्-*n.* the state of being tidy. कुशलता, स्वच्छता ।

Natty-नॅ-टि-*adj.* trim, tidy, deft-handed. कुशल, सुघड़, चालाक ।

Natural-नॅचुरल - *adj.* instinctive, normal, inherent, regular, illegitimate, unassumed, unaffected. स्वाभाविक, सामान्य, नैसर्गिक, यथार्थ, प्राकृतिक, सहज; **Natural death** (death by age or diseaes.) यथाकाल अथवा रोग से मरण; **Natural disposition** (inherent nature.) स्वभाव; **Natural enemy** (having enmity by nature.) प्राकृतिक शत्रु ; **Natural history** (zoology.) पशुजीवनशास्त्र; **Natural philosophy** (physics.) पदार्थ विज्ञान ।

Naturalism-नॅचुरलिज़्म्-*n.* actions based on natural instincts. प्राकृतिक नियमों के सिद्धान्त ।

Naturalist-नॅचुरलिस्ट्-*n.* one who believes in naturalism, a zoologist, a dealer in live pets. पदार्थशास्त्रज्ञ, प्राणिविद्या अध्ययन करनेवाला, चिड़िया, कुत्ता इत्यादि बेचनेवाला; **Naturalistic** (-इस्टिक्)-*adj.* pertaining to natural history. पशुजीवनशास्त्र-सम्बन्धी ।

Naturalization-नॅचुरलाइज़ेशन्-*n.* act or fact of becoming naturalized. अभ्यस्तीकरण ।

Naturalize-नॅचुरलाइज़्-*v.t.* to adopt oneself to, to make natural. अभ्यस्त कराना, प्राकृतिक बनाना ।

Naturally-नॅचुरलि-*adv.* according to nature, spontaneously. स्वभाव से, स्वतः, अवश्य ।

Naturalness-नॅचुरल-नॅस्-*n.* conformity to nature. यथार्थता ।

Nature-नेचर्-*n.* innate character, essential qualities, general characteristics, disposition, kind, sort, vital, physical character, the universe. प्रकृति, स्वभाव, आदि शक्ति, गुण, धर्म, प्रकार, भूमण्डल; **Against nature** (unnatural, miraculous. प्रकृति के विरुद्ध; **Blind by nature** (blind from birth.) जन्म का अन्धा; **Call of nature** (desire to pass urine or stool.) मल-मूत्र त्यागने की इच्छा; **Contrary to nature** (use or power of the organs of the body.) प्रकृति के विरुद्ध ; **Good nature** (kind disposition.) सुशीलता; **Nature-study** -*n.* the study of natural history in the field.) मैदान में प्राकृतिक पदार्थ का अध्ययन; **To pay debt of nature** (to die.) मरना ।

Naught-नॉट्-*n.* nothing, a cipher. कुछ नहीं, शून्य;-*adj.* worthless. तुच्छ रूप, कुछ भी नहीं; -*adv.* in no degree. किसी प्रकार से नहीं; **To set at naught** (to consider worthless.) तिरस्कार करना, तृणवत् मानना ।

Naughtily-नॉ' - टि - लि - *adv.* in a wicked manner. दुष्टता से ।

Naughtiness-नॉ'-टि-नॅस्-*n.* misbehaviour दुष्टता, उपद्रव ।

Naughty-नॉ'-टि-*adj.* (*comp.* **Naughtier**, *sup* **Naughtiest.**) badly behaved, mischievous, wicked, indecent. उपद्रवी, दुष्ट, नटखट ।

Nausea-नॉ'-शिआ-*n.* feeling of sickness, loathing. वमन की इच्छा, जी मचलाहट, घृणा ।

Nauseate-नॉशिएट्-*v. i. & t.* to be affected with disgust, to reject food with loathing. वमन होना (जी मचलाना), वमन करना; **Nauseating** (-एटिङ्ग) -*adj.* feeling nausea. जी मचलाता हुआ ।

Nauseous-नॉश्'-अस्-*adj.* disgusting, loathsome, causing nausea. घृणाजनक, कुत्सित, ओकाई लानेवाला; **Nauseously** (-लि)-*adv.* loathsomely. घृणा से, जी मचलाते हुए; **Nauseousness** (-नस्)-*n.* loathsomeness, disgust. ओकाई, वमन की इच्छा, जी मचलाना ।

Nautch-नॉच्-*n.* an Indian dance. नाच) **Nautch-girl.** वेश्या, नाचनेवाली ।

Nautical-नॉ-टिकल्-*adj.* pertaining to sailors,

maritime, naval. नाविक, जहाज़ी, समुद्री; **Nautically**(-लि)-*adv.* in a nautical manner. जहाज़ीपन से।

Naval-नें'-वल् - *adj.* of ships, martime. जहाज़-सम्बन्धी, समुद्री, जहाज़ी ; **Navalism** (-इज़्म्)-*n.* doctrine of sea power. समुद्री बल का सिद्धान्त; **Navally** (-लि)-*adv.* in a naval manner. समुद्री या जहाज़ी रूप में।

Nave-नेंव्-*n.* the central block of a wheel, main body of a church. पहिये की नाभि (मध्यभाग), गिरजाघर का मध्य भाग।

Navel-नें'-वुल् - *n.* the depression in the middle part of the abdomen, the central part of anything. नाभि, तोंद, मध्यभाग; **Navelstring** (the umbilical cord.) नाल, नाभिनाल।

Navicular-नीं-व्रि-क्युलर्-*adj.* of the shape of a boat. नाव के प्रकार का।

Navigability-see **Navigable.**

Navigable-नीं-व्रिगें-बुल्-*adj.* affording passage by ships or boats. जहाज़ या नाव ले जाने योग्य; **Navigability** (-गें-ब्-इल्'-इ-टि)-*n.* the state of being navigable. नौगम्यता, नाव से किसी स्थान में ले जाने की योग्यता।

Navigate-नीं-व्रि-गेंट्-*v. i. & t.* to make a voyage through water, to sail. समुद्र से यात्रा करना, जहाज़ चलाना।

Navigation-नीं-व्रि-गें-शन्-*n.* the art of navigating. नौविद्या, जहाज़ी विद्या।

Navigator-नीं-व्रि-गेंटर्-*n.* a sea explorer, one who is skilled in the art of navigation. नाविक, माँझी, मल्लाह।

Navvy-नीं-व्रि-*n.* a labourer employed in excavation or cutting canal. भूमि खोदनेवाला या नहर खोदनेवाला मजदूर।

Navy-नें-व्रि-*n.* (*pl.* **Navies.**) a fleet of ships, a state's ship of war. (नौका-समूह) जहाज़ों का बेड़ा, किसी राज्य के युद्ध के जहाज़; **Navy-blue** (deep blue colour.) गाढ़ा नीला रङ्ग।

Nawab-नवाब्-*n.* a Mohammedan ruler in India. नवाब।

Nay-नें-*adv.* no, not only so. नहीं, न केवल ; **To say nay** (to express negation.) अस्वीकार करना, नहीं कहना।

Naze-नेंज़्-*n.* headland. अन्तरीप।

-nd-न्ड्-*suf.* forming adjectives. विशेषण अर्थ का प्रत्यय।

Neap-नीप्-*adj.* of the lowest. सबसे नीचे का; **Neap-tide** (the tide at the lowest stage.) धारा का उतार, भाटा।

Near-नियर्-*adj., prep. & adv.* (*Comp.* **Nearer,** *sup.* **Nearest.**) at short distance, within easy access, closely related, almost. समीप, निकट, प्राय:, पास में;-*v.t.& i.* to approach to, to come near. पास पहुँचना ; **A near guess** (one almost hitting the mark.) ठीक अनुमान; **Far and near** (everywhere.) सर्वत्र ; **Near at hand** (within easy reach.) पास में ; **Nearby** (not far off.) पास में; **Near friend** (an intimate friend.) प्रिय मित्र ; **Nearly** (-लि)-*adv.* closely, almost. लगभग, प्राय:। **Nearness** (-नस्)-*n.* closeness. समीपता, दृढ़ संसर्ग ; **Near one's side.** बग़ल में ; **Near-sighted** (short-sighted.) अल्प दृष्टिवाला ; **To examine nearly** (to make a close examination.) भली भाँति परीक्षा करना; **Very near** (not far distant.) बहुत पास, समीप में।

Neat-नीट्-*adj.* nice, elegant, clean, trim, pure, clear, dextrous. सुन्दर, साफ़, सुघर, स्वच्छ, शुद्ध, कुशल (प्रवीण);-*n.* cattle. चौपाये; **Neatly** (-लि)-*adv.* tidily. शुद्ध प्रकार से; **Neatness** (-नेंस्)-*n.* cleanliness. निर्मलता, शुद्धता ; **Neat-handed** -*adj.* (skilful and quick.) सुघड़ और फुर्तीला; **Neat-house** (a shed for cattle.) चौपायों का घर ; **Neat's leather** (leather of cow or ox.) बैल या गाय का चमड़ा।

Neath-नीथ्-*prep.* poetical form of 'beneath', 'नीचे' अर्थ का यह शब्द कविता में प्रयुक्त होता है।

Neb-नेंब्-*n.* nose, snout, bill, a beak. नाक थूथुन, चोंच।

Nebula-नेंब्'-यु-ला-*n.* (*pl.* **Nebulae.**) a cloud-like appearance before the eyes, a cluster of stars. आँखों के आगे धुन्ध, नीहारिका; **Nebular** (-लर्)-*adj.* pertaining to nebulae नीहारिका-सम्बन्धी ; **Nebulous** (-लस्)-*adj.* like a nebula, formless. नीहारिका के सदृश, बिना विशिष्ट आकार का; **Nebuly** (-लि)-*adj.* ornamented with many lines. लहरियादार किनारे का।

Necessarian-नें-सेंसरिअन्-*n.* an advocate of the doctrine of necessity. दैववादी, भाग्य पर भरोसा करनेवाला मनुष्य; **Necessarianism** (-इज़्म्)-*n.* the doctrine of necessity. भाग्यवाद, दैववाद, अदृष्टवाद।

Necessary-नें सेंसरि-*adj.* requisite, indispensable, essential, inevitable. आवश्यक, अनिवार्य, भवितव्य;-*n.* something that is necessary or inevitable. आवश्यक पदार्थ ; **Necessaries** (-रिज़्)-*n. pl.* articles that are essential. आवश्यक वस्तु, असबाब; **Necessarily** (-इ-लि)

-*adv*. by necessity, essentially. अवश्य करके, आवश्यक रूप में।

Necessitarian-नें सें सिटें रिअन्-*n*. a fatalist. भाग्यवादी, भाग्य पर भरोसा करनेवाला।

Necessitate-नें सेसिटेट्-*v.t.*to force, to render necessary, to compel. विवश करना, बेबस करना।

Necessitous-नें-सें-सिटस्-*adj*. in necessity, poor. दीन, दरिद्र।

Necessitude-नें-सें सिट्यू इ-*n*. need, poverty. आवश्यकता, दरिद्रता।

Necessity-नें-सें-सिटि -*n*. (*pl.* **Necessities.**) compulsion, imperative need, want,hardship. आवश्यकता, लाचारी, दरिद्रता, कष्ट।

Neck-नेंक्-*n*. the part of body which connects the head with the trunk, a long narrow tract of land. ग्रीवा (कण्ठ, गर्दन), भूडमरुमध्य ; **Neckcloth** (a piece of cloth which is worn on the neck.) गुलेबन्द, गर्दन पर बाँधने का वस्त्र; **Necked** (-ड्)-*adj*. (having a neck.) गर्दनवाला; **Necklace** (a string of beads &c. which is worn round the neck.) कण्ठाभरण, हार ; **Necklet** (-लेंट्) - *n*. a fur necktie. रोवें का गुलबन्द : **Necktie** (a tie for the neck.) गले में बाँधने की कपड़े की पट्टी।

Necrolatry-नेंक्रॅलॅट्रि - *n*. worship of the dead. पितरों की पूजा।

Necrology-नें-क्र -लॅ - जि -*n*. a register of deaths. मृत्यु-लेख।

Necromancer-नें-क्रॅ -मॅन्सर् - *n*. one who practises magic. ओझा, जादूगर।

Necromancy-नेंक्रॅमॅन्सि-*n*. a communication with the dead, magic. पिशाच-विद्या, भूत-विद्या, जादू।

Necromantic-नेंक्रॅ-मॅन्टिक् - *adj*. pertaining to magic. जादू सम्बन्धी।

Necrophagous-नेंक्रॅ-फॅ-गस्-*adj*. eating carrion. शव (मुर्दा) खानेवाला।

Necrophobia-नेंक्रॅ-फ़ो'-बि-आ-*n*. horror of death. मृत्यु का भय।

Necrosis-नें-क्रॅ'-सिस् - *n*. mortification of bones. हड्डी का निर्जीव होना ; **Necrotic** (-टिक्)-*adj*. pertaining to necrosis. निर्जीव हड्डी-सम्बन्धी ; **Necrotize** (-टाइज़्)-*v. t*. to mortify bones. हड्डियों को निर्जीव करना।

Nectar-नेंक्टर्-*n*. the drink of the gods, a very pleasant thing. अमृत (सुधा), अपूर्व वस्तु; **Nectar of flowers** (sweet essence of flowers.) पुष्पासव; **Nectareal** (-टे रिअल्), **Nectarean** (-टे रिअन्), **Nectareous** (-टे-रिअस)-*adj*. resembling nectar. अमृतमय, सुधारूप; **Nectary** (-इ)-*n*. the honey gland contained in a flower. फूल का वह भाग जिससे मधु निकलता है।

Neddy-नें-डि-*n*. a donkey. खच्चर, गदहा।

Need-नीड्-*n*. want, emergency, necessity, time of difficulty, lack, poverty. अभाव, विशेष आकस्मिक प्रयोजन, आवश्यकता, आपत्ति-काल, कमी, दरिद्रता, गरीबी ; - *v. t.* & *i.* to want, to be necessary. इच्छा करना, आवश्यक होना; **If need be** (if necessary.) यदि आवश्यकता हो; **Good at need** (helping in necessity.) आवश्यकता में सहायता देनेवाला।

Needful-नीड्'-फुल्-*adj*. requisite, necessary. आवश्यक, प्रयोजनीय ; **Needfulness** (-नेंस्) -*n*. want. आवश्यकता।

Needily-नी-डि-लि-*adv*.necessitously. आवश्यकता से।

Neediness-नी-डि-नेंस्-*n*. necessity, want. आवश्यकता।

Needle-नी'-ड्ल्-*n*. small pointed pierced round wire of steel used in sewing, the magnet of a compass, any pointed instrument. सूई, कुतुबनुमा का काँटा, नोकदार औजार; **Needle-case** (a case for holding needles.) सूई रखने की डिबिया; **Needle-point** (piercing point.) तीखी नोक; **Needle-woman** -*n*. (*fem*. a seamstress. दरजिन; **Needlework** (embroidery.) जरदोज़ी का काम ; **Sharp as a needle** (very piercing.) तीखा, चोखा।

Needless-नीड्'-लॅस्-*adj*. unnecessary. निरर्थक, निष्प्रयोजन; **Needlessly** (-लि)-*adv*. uselessly. व्यर्थ।

Needments-नीड्'-मॅन्ट्स्-*n*. *pl*. necessaries for a journey. यात्रा के सामान।

Needs-नीड्स् - *adv*. of necessity. आवश्यक; **Needs must do** (must necessarily perform.) करना अनिवार्य होगा, अवश्य करना होगा।

Needy-नीडि-*adj*. necessitous, very poor. दरिद्र, दीन।

Ne'er-नेंअर - *adv*. contraction for 'Never.' 'नेवर्' शब्द का छोटा रूप, कभी नहीं।

Nefarious-नि-फ़े-रिअस् - *adj*. wicked, villainous. अति दुष्ट, पापी, अधर्मी; **Nefariously** (-लि)--*adv*. wickedly. नीचता से; **Nefariousness** (-नेंस्)-*n*. wickedness. अधर्मीपन, दुष्टता।

Negate-नि-गेट्'-*v. t*. to imply non-existence of, to deny. अस्तित्व अस्वीकार करना,

Age एज् ; Edge ऐंज् ; Pen पेंन् ; Pain पेंन्

नहीं करना; **Negation** (-गे'-शन्) -*n.* denial, refusal. निषेध, अस्वीकृति; **Negationist** (-इस्ट्) -*n.* one who denies accepted beliefs without proposing substitutes. प्रचलित मत को स्वीकार न करनेवाला ; **Negatory** (-टरि) - *adj.* pertaining to refusal. अस्वीकार करने का ।

Negative-निग-टिव्-*adj.* implying negation or denial, implying absence. निषेधार्थक, अस्वीकार अर्थ का, अनुपस्थिति या अभाव सूचक; -*n.* a word that denies, a photographic plate in which the shade and light of an object is reversed. निषेधार्थक शब्द, फोटो उतारने की शीशे की टट्टी जिस पर उलटा चित्र छपता है ; -*v. t.* to negate, to veto, to refuse to accept, to disprove, to contradict. निषेध करना, न मानना, अस्वीकार करना, अशुद्ध प्रमाणित करना, प्रतिवाद करना; **Negative answer** (an answer of refusal.) अस्वीकारपूर्ण या 'न' कारात्मक उत्तर ; **A Negative quantity** (a minus quantity in Algebra.) क्षयराशि यथा (—a) ; **Negatively** (-लि) -*adv.* in a negative manner. अस्वीकार करते हुए; **Negativeness** (-नेंस्) - *n.* quality of being negative. निषेधार्थकता ।

Neglect- नेंग्- लेंक्ट्'*v. t.* not to pay attention to, to leave uncared for, to disregard. उपेक्षा करना, सुध न लेना, तिरस्कार करना; -*n.* omission, inattention, negligence. उपेक्षा, असावधानी, त्याग; **Neglectable** (-एँ-बूल्) -*adj.* that may be neglected. उपेक्षा करने योग्य; **Neglected** (-एँड्) -*adj.* omitted to be done. भूलनेवाला, उपेक्षा किया हुआ; **Neglector** (-अर्) -*n.* one who neglects. उपेक्षा करनेवाला ।

Neglectful-नेंग्-लेंक्ट्'-फुल् -*adj.* inattentive, heedless. ध्यानरहित, मनोयोगहीन, उपेक्षा करनेवाला; **Neglectfully** (-फ़ु_ल्- लि)-*adv.* with neglect. उपेक्षा करते हुए; **Neglectfulness** (-फुल्- नेंस्) -*n.* inattentiveness. ध्यान या मनोयोग-हीनता ।

Negligence-नें ग्लिजेंन्स्-*n.* carelessness, want of proper attention. उपेक्षा, असावधानी ।

Negligent-नें ग्लिजेंन्ट्-*adj.* careless, heedless. असावधान, लापरवाह; **Negligently**(-लि)-*adv.* carelessly. असावधानी से, प्रमाद से ।

Negligible-नें ग्लिजिबूल् - *adj.* that may be neglected. उपेक्षा करने योग्य ।

Negotiable - निगोशिएँबूल - *adj.* transferable by assignment. बेचा-विक्री करने योग्य ; **Negotiable instrument** (a document like bills, cheques &c.) हुण्डी, पुर्जा इत्यादि ।

Negotiate-नि-गो-शि-एँट्-*v. t.* to transact business, to transfer bill to another person, to confer for mutual agreement in some matter. व्यापार करना, पुर्जा देना, किसी विषय को आपस में तय करने के लिये बातचीत करना ।

Negotiation-नि-गो'-शि-एँ'-शन्-*n.* the transacting of business. व्यवहार, व्यवसाय, सौदा ।

Negotiator- नि-गो'- शि-एँ'- टर्-*n.* one who negotiates. व्यापार करनेवाला, मध्यस्थ; **Negotiatress** (-एँ - ट्रेंस्), **Negotiatrix** (-एँ-ट्रिक्स) -*ns. fem.* a female negotiator. मध्यस्थ स्त्री ।

Negress -नी- ग्रेंस्-*n.* female Negro. हबशिन्, हबशी की स्त्री ।

Negro-नी'-ग्रो-*n.* (*pl.* Negroes.) a black-skinned native of Africa. कृष्णांग, हबशी ; **Negro-head** (-हेंड्)-*n.* a kind of tobacco. पीने का तमाखू ; **Negroland** (part of Africa inhabited by Negroes.) अफ्रीका में हबशियों का निवासस्थान ।

Negus- नी'- गस् -*n.* a kind of fermented drink. एक प्रकार की मदिरा ।

Neigh-नें-*v. i.* to utter the cry as of a horse. घोड़े का हिनहिनाना; **Neighing** (-इङ्ग्)-*n.* the cry of a horse. घोड़े की हिनहिनाहट ।

Neighbour- नें- बर् -*n.* one who lives in the adjacent house in the same lane. समीप में रहनेवाला, पड़ोसी; **Neighbour-hood** (-हुड्) -*n.* a place near, adjoining place. पड़ोस, समीपता, निकटता; **Neighbouring** (-इङ्ग्)-*adj.* living near. निकट का, पास का; **Neighbourless**(-लेंस्)-*adj.* not adjoining. बिना पड़ोस का; **Neighbourliness** (-लि-नेंस्)-*n.* the state of being near, closeness. समीपता, निकटता ; **Neighbourly** (-लि)-*adj.* state of being a neighbour, kind. पार्श्ववर्ती, मित्रभाव का, उदार (दयालु); **Neighbourship** (-शिप्) - *n.* the state of being neighbourly. पड़ोसपन ।

Neighing-*n.* see **Neigh.**

Neither-नाइ'-दर् (नी'-दर्)-*adv., conj. & prep.* not either, not the one or the other. न तो, न वह न यह (दोनों में से कोई भी नहीं), नहीं ।

Nematoid- नमटॉइड - *adj.* similar to thread. तागे की तरह का ।

Nemesis- नें मिसिस् -*n.* retributive justice Greek goddess of retribution. बदला लेने का न्याय, यूनान की प्रतिशोध की देवी ।

Nenuphar- नेंन्'-यु-फ़र् -*n.* a water-lily. कमलिनी, कोईं ।

Neo-नी-ओ-*prep.* in sense of 'new'. 'नवीन' या 'आधुनिक' अर्थ का उपसर्ग ।

Neocracy - नीओक्रसि - *n.* government by new men. नवीन मनुष्यों का राज्य (या शासन) ।

Neogamist- नी-ऑ-गमि-इस्ट्-*n.* a person who is lately married. नव विवाहित, जिस मनुष्य का तुरंत विवाह हुआ हो ।

Neolithic-नीओलिथिक्- *adj.* of the stone age. उस युग का जिसमें लोग पत्थर के शस्त्रों का प्रयोग करते थे, पाषाण युग का।

Neologism-नीओलॉजिज्म् *-n.* a new doctrine. नया सिद्धान्त।

Neologist - नीओलॉजिस्ट् - *n.* one who introduces new doctrines. नूतन मतावलम्बी, नये मत का प्रचारक।

Neologize - नीओलॅजाइज् - *v. i.* to introduce a new doctrine. नये धर्म का प्रचार करना।

Neology - नीओलॅ - जि *-n.* a system of new words, adoption of novel religious views. नवीन शब्दों का प्रयोग, नूतन मत, विलक्षण मत।

Neon- नी' - अन्*-n.* a newly discovered gas. एक नया आविष्कार किया हुआ वायुरूप तीव्र तत्त्व (गैस)।

Neophron- नी'- ओ- फ्रॅन्*-n.* white Egyptian vulture. मिस्र देश का सफेद गिद्ध।

Neophyte-नी'-ओ-फ़ाइट् *-n.* a religious novice, a beginner, a new convert. नया शिष्य, नया चेला, नया मत ग्रहण करनेवाला।

Neoplastic-नी-ओ-प्लॅस्-टिक्*-adj.* newly formed. नया तैयार किया हुआ, नवनिर्मित या रचित।

Neoteric- नी- ओ- टरिक्*-adj.* modern, recent. नवीन (आधुनिक), नया।

Nepenthes-नि-पॅन्'-थीज्*-n.* a medicine which produces forgetfulness of grief, दुःख-शामक औषधि, दुःख भुला देनेवाली दवा।

Nephew- नफ्'- यू*-n.* (*fem.* Niece.) the son of a brother or sister. (भ्रातृपुत्र) भतीजा, (भागिनेय) भानजा।

Nephology-नॅ फॅ-लॅ- जि*-n.* the science of the study of clouds. मेघ-अध्ययन-शास्त्र।

Nephritic - नॅ फ्रिटिक् - *adj.* of the kidneys, renal. वृक्क (गुर्दा) सम्बन्धी; **Nephritis** (- राइट' - इस) - *n.* inflammation of the kidneys. गुर्दे की सूजन।

Nepotism- नॅ पॉटिज्म्*-n.* undue favour shown to relations. कुल पक्षपात, सम्बन्धियों के प्रति पक्षपात; **Nepotist** (-टिस्ट) *-n.* one who practises nepotism. कुल-पक्षपाती।

Neptune-नॅप्'-च्यून्*-n.* the god of the sea, the name of a planet. समुद्र-देवता, नक्षत्र (वरुण तारा)।

Nereid -नीरिइड्*-n.* a sea-nymph. समुद्र की परी।

Neroli - नॅ'- रॅ - लि - *n.* the essential oil of orange flowers. नारङ्गी के फूल का सत्त्व या इत्र।

Nervate-नर्व'- एट् *-adj.* pertaining to leaves that have ribs. रेशेदार पत्ती का; **Nervation** (-ए-शन्) - *n.* venation of leaves. पत्ती का रेशेदार होना।

Nerve-नर्व्*-n.* the organ of sensation and motion in animals sinew, energy, vigur, strengtin, fortitude, nervus fibre, courge. ज्ञान तन्तु, नस, नाड़ी, ऊर्जा, तेज, शक्ति, बल, नाड़ी तन्तु, साहस; *-v. t.* to give vigour to to prepare oneself to face danger. शक्ति देना, साहसी बनाना, आपत्ति झेलने के लिये तैयार होना; **Has iron nerves** (one who is not easily frightened.) दृढ़, निर्भय; **To lose one's nerve** (to become timid.) डरना, डरपोक होना।

Nerveless- नर्व्' - लॅस् *-adj.* destitute of strength, weak. शक्तिहीन, निर्बल; **Nervelessly** (-लि) *-adv.* without vigour. निर्बलता से; **Nervelessness** (-नस्)*-n.* want of strength. निर्बलता।

Nervine - नर्वाइन् *-n. & adj.* a medicine that relieves the disorders of the nerves, pertaining to such a medicine. नाड़ी-मण्डल को चैतन्य करनेवाली औषधि, ऐसी औषधि का।

Nervous - नर्वस् - *adj.* vigorous, strong, muscular, excitable, working on the nerves, easily agitated. ओजस्वी, वीर्यवान्, बलिष्ठ, नाड़ी-मण्डल पर प्रभाव डालनेवाला, शीघ्र घबड़ा जानेवाला: **Nervous system** (nerves as a whole.) नाड़ी-मण्डल ; **Nervously** (-लि) *-adv.* with strength or vigour, with agitation. बल के साथ, शक्ति या धैर्य से; **Nervousness** (-नॅस्)*-n.* strength, force, weakness or nerves. शक्ति, तेज, नाड़ियों की दुर्बलता, कमजोरी।

Nescience - नॅश्यन्स् *-n.* absence of knowledge. ज्ञान का अभाव; **Nescient** (-न्ट्), **Nescious** (- नॅशस्) - *adjs.* ignorant. अज्ञ, ज्ञानहीन।

-ness (-नॅस्)*-suf.* used to express 'state or condition.' भाववाचक शब्द बनाने का प्रत्यय, यथा Goodness.

Nest-नॅस्ट्*-n.* a shelter made by a bird for laying eggs, an animal or insect's abode, bed, a snug retreat, a haunt of robbers, a collection of objects. नीड़, पक्षिगृह, घोंसला; आनन्द-गृह, लुटेरों का स्थान, समुदाय;*-v. t. & i.* to build a nest. घोंसला बनाना ; **To find a mare's nest** (to hanker after things impossible.) अप्राप्य वस्तु खोजना।

Nestful-नॅस्ट्'-फुल, **Nestlike** (-लाइक्)*-adjs.* full of nests, like a nest. घोंसला भर, नीड़वत्, घोंसले की तरह का।

Nestle-नॅसल्-*v. i.* to settle or be settled, to press affectionately, to take shelter. स्थिर होना या करना, प्रेम से दबाना, शरण लेना।

Nestling-नॅस्ट्'-लिङ्ग्-*n.* a bird just hatched. नवजात पक्षीशावक या पक्षी का बच्चा, गेदा।

Nestor-नॅस्टर्-*n.* the senior and wise man in an assembly. मण्डली का प्रमुख विद्वान् मनुष्य।

Net-नॅट्-*n.* a meshed fabric of thread or twine, snare, inextricable difficulty. फन्दा, जाल, कठिनता (धोखा);-*v. t.* (*p. t.* **Netted.**) to capture in a net. जाल में पकड़ना;-*adj.* free of all charges or deductions. खर्चा इत्यादि निकाल देने के बाद की बचत; **Net profit** (true profit, actual gain.) खालिस या शुद्ध नफ़ा; **Network** (anything resembling a net.) जाली का काम।

Nether-नॅदर्-*adj.* lower. नीचे का; **Nethermost** (-मोस्ट्)-*sup. deg.* lowest. सबसे नीचे का; **Nether world** (hell.) अधोलोक, पाताल।

Nett-नॅट्-*adj.* (also **Net.**) clear of all charges or deductions. सब खर्च इत्यादि निकाल कर, निरा, खालिस।

Nettle-न '-ट्ल्-*n.* a stinging plant. बिच्छू का पेड़;-*v. t.* to irritate, to trouble. डंक मारना, कष्ट देना, उद्विग्न करना; **Nettler** (- अर्) -*n.* one who provokes. उत्तेजित करनेवाला मनुष्य; **Nettle-rash**-*n.* (urticaria) जुलपित्ती नामक रोग।

Neural-न्यूरल्-*adj* pertaining to the nerves. नाड़ी-सम्बन्धी।

Neuralgia-न्यूर्-ॲल्'-जि-आ-*n.* nervous pain. वातशूल; **Neuralgic** (-जिक्)-*adj.* pertaining to neuralgia. वातशूल-सम्बन्धी।

Neurasthenia-न्यू-रीं -स्थीनिआ - *n.* nervous debility. नाड़ियों की दुर्बलता; **Neurasthenic** (-इक्)-*adj.* pertaining to neurasthenia. नाड़ी-दुर्बलता-सम्बन्धी।

Neuritis-न्यूराइटिस् - *n.* inflammation of a nerve. नाड़ी की सूजन।

Neurosis-न्यूरो-सिस्-*n.* derangement due to nervous disorders. एक प्रकार का उन्माद या पागलपन।

Neurotic-न्यू-रॅ-टिक्-*n. & adj.* affecting the nervous system, nervous. वात-विकार को दूर करने की औषधि, ओजस्वी, नाड़ी-सम्बन्धी।

Neuter-न्यू'-टर्-*adj.* of neither sex, neither male nor female, neutral. indifferent. नपुंसक, क्लीब, अनोखा, निराला; **Neuter gender.** नपुंसक लिंग।

Neutral-न्यूट्रल्-*adj.* taking neither side in a quarrel, indifferent, impartial. तटस्थ, उदासीन अपक्षपाती; **Neutrality** (-इ-टि)-*n.* state of being neutral. तटस्थता, उदासीनता; **Neutralization** (-आइजेशन्)-*n.* विशिष्ट गुण का नाश, अप्रभावीकरण; **Neutralize** (-आइज़्) -*v. t.* to render neutral. उदासीन करना, अपक्षपाती करना; **Neutrally** (-लि)-*adv.* समभाव से।

Never-नॅवर्-*adv.* not ever, on no occasion, surely not. कभी नहीं, अवश्य नहीं; **Never mind** (it does not matter.) कुछ चिन्ता नहीं।

Nevertheless-नॅवर्-द-लॅस्-*adv. & conj.* all the same, notwithstanding. तथापि, तो भी, तिस पर भी।

Neverthemore-नॅवर् - द-मोर्-*adv.* none the more. अधिक नहीं।

New-न्यू-*adj.* not existing before, fresh, different, changed, modern, recent. नवीन, नया, हाल का, अनभ्यस्त, अपरिचित; -*adv.* newly, recently. हाल में; **New-comer** (a guest.) आगन्तुक, पाहुन; **Newfangled**-*adj.* fond of novelties. नवीनता का प्रेमी; **Newfashioned** - *adj.* newly constructed. नवकल्पित, नया बना हुआ; **Newish** (-इश्) -*adj.* somewhat new. कुछ-कुछ नया; **Newly** (-लि) -*adv.* freshly. नूतन, हाल में, नये सिरे से; **New moon** (fresh moon.) दूज का चन्द्रमा; **Newness** (-नॅस्) - *n.* novelty. नवीनता, नयापन; **New-year's day** (the first day of the new year.) नये साल का पहिला दिन; **The new World** (America.) अमेरिका देश।

Newel-न्यू' - ऍल् -*n.* the pillar which supports the hand rails of a staircase. सीढ़ी का ऊपर या नीचे का खम्भा जिसमें रेलिंग जड़ी होती है।



Newel.

News-न्यूज़् - *n. pl.* tidings, fresh account. वार्ता, नया समाचार; **Good news** (favourable tidings.) शुभ समाचार; **News-agent** (a dealer in newspaper.) अखबार का ऐजेन्ट, समाचार पत्रों का व्यापारी।

Newsmonger-न्यूज़्'-मङ्गर्-*n.* one who circulates news. समाचार फैलानेवाला मनुष्य।

Newspaper-न्यूज़्-पे'-पर्-*n.* a printed paper containing news. समाचारपत्र।

News-sheet-न्यूज़्'शीट्-*n.* a printed sheet of news. छपे समाचार का पन्ना (कागज)।

Newt-न्यूट्-*n.* a kind of salamander. एक प्रकार की गोह।

Next-नेक्स्ट्-*adj.* (*sup.* of **Nigh.**) nearest in time or place, almost, immediately following. आगामी, प्रायः, समीप का ; **Her next** (her husband.) उसका पति; **Next of kin** (nearest relative.) सबसे नजदीकी रिश्तेदार, निकटतम सम्बन्धी ; **Next Sunday** (coming Sunday.) आगामी रविवार ; **Next to skin** (touching the skin.) त्वचा से संलग्न; **Next world** (world after death.) परलोक; **On the next day** (on the following day.) अगले दिन; **What next ?** (what is to follow ?) इसके आगे क्या होगा ?

Nexus-नेक्सस्-*n.* a bond, a connection. सम्बन्ध; बन्धन।

Nib-निब्-*n.* point of pen, point of a tool, the bill of a bird. क़लम की नोक, चिड़िया की चोंच; -*v. t.* (*p. t.* **Nibbed.**) to insert a nib, to prick, to nibble. कलम में निब लगाना, चुभोना, कुतरना।

Nibble-नि-ब्ल्-*v. t.* to bite in bits, to find fault or error, to criticise. कुतरना, दोष निकालना, आलोचना करना; -*n.* a bite. कुतरन, कटाव।

Nibbler-नि-ब्लर्-*n.* one who bites, one who finds faults. कुतरनेवाला, दोष निकालनेवाला।

Nice-नाइस्-*adj.* dainty, delicate, attractive, fine, fastidious, exacting. कोमल, ललित, मनोहर सूक्ष्म, सूक्ष्मदर्शी ; **Nice-looking** (beautiful, attractive.) ललित, मनोहर, सुन्दर।

Nicely-नाइस्'-लि-*adv.* in a nice manner. सुन्दरता से।

Niceness-नाइस्'-नेस्-*n.* the state of being nice. सुन्दरता, सूक्ष्म दृष्टि।

Niceties-नाइस्'-इ-टीज़्-*n. pl.* attractive things. सुन्दर पदार्थ।

Nicety-नाइ-सि-टि-*n.* minute accuracy, precision, delicacy. सूक्ष्मता, मनोहरता, यथार्थता, शुद्धता।

Niche-निच्-*n.* a recess in a wall. ताखा, आला; -*v. t.* to fix an idol in a niche. आले में मूर्ति बैठाना।

Nick-निक्-*n.* a cut, a notch serving as a guide, a score for keeping an account, an exact point of time, a critical moment or point, a prison, a police-office. कटाव, सहायता देनेवाला चिह्न, हिसाब रखने का चिह्न, ठीक समय, संकट का क्षण या विषय, जेलखाना, पुलिस का दफ्तर; -*v. t.* to make incision, to infer, to do at the right time, to cheat, to steal, to tally, to catch. दाँतेदार बनाना (काटना), अनुमान करना, ठीक समय पर करना, धोखा देना, चुराना, हिसाब मिलाना, पकड़ना; **In the nick of time** (at the proper time.) अनुकूल समय पर।

Nickel-निक्-ल्-*n.* a kind of white metal. निकल, गिलट; -*v. t.* (*p. t.* **Nickelled.**) to deposit nickel on metal. निकल चढ़ाना या मुलम्मा करना।

Nicknacks-निक्'-नैक्स्-*n. pl.* trifles, small wares. तुच्छ पदार्थ।

Nickname-निक्'-नेम्-*n.* an added name, a by-name. उपनाम, कल्पित नाम, चिढ़ाने का नाम।

Nicotian-निकोश्यन्-*adj.* & *n.* of tobacco, a smoker. तमाखू का, तमाखू पीनेवाला।

Nicotine-निकोटीन्-*n.* an extract of tobacco. तमाखू का सत्त्व।

Nictate, Nictitate-निक्'-टेट्, (-टि-टेट्)-*v. t.* to wink. पलक मारना, आँख झपाना।

Nictation-निक्-टे'-शन्-*n.* (also **Nictitation.**) the act of winking. निमेष, निमीलन, झपकी।

Niddle-noddle-नि'-ड्ल-नॉ'-ड्ल-*adj.* quivering, nodding. हिलता हुआ, काँपता हुआ।

Nidificate-निडिफ़िकेट्, **Nidify** (-इ-फ़ाइ)-*v. t.* to build nests. घोंसला बनाना।

Nidification-निडिफ़िकेशन्-*n.* building of a nest. घोंसला बनाने का कार्य।

Nid-nod-निड्'-नॉड्-*v. t.* to go on nodding. सिर हिलाते या कँपाते रहना।

Nidor-नाइ'-डॅ-र्-*n.* the odour of cooked food. पके हुए भोजन की सुगन्ध।

Nidorous-नाइ'-डॅ-र्-अस्-*adj.* resembling the odour of cooked food. पके हुए भोजन की सुगन्ध के समान।

Nidus-नाइ-डस्-*n.* (*pl.* **Nidi.**) the place to origin of a disease, a nest. जिस स्थान पर रोग के अंकुर जमते हैं, घोंसला।

Niece-नीस्-*n.* (*mas.* **Nephew**). daughter of a brother or sister. भतीजी, भानजी।

Nifty-निफ़्'-टि-*adj.* stylish. ठाटदार।

Niggard-निगर्ड्-*n.* & *adj.* a stingy person, a miser, meanly, covetous. कृपण मनुष्य, सूम, कंजूस।

Niggardliness-निगर्ड्' - लि-नेस् - stinginess, miserliness. कृपणता, सूमड़ापन।

Niggardly-निगर्ड् - लि-*adj.* & *adv.* meanly avaricious, in a miserly manner. लालची, कंजूसी से।

Nigger-निगर्-*n.* a negro. हबशी।

Niggle-नि-ग्ल्-*v. t.* to spend time in trifles. तुच्छ बातों में समय नष्ट करना।

Niggling-निग्' - लिङ्ग्-*adj.* trifling, petty. क्षुद्र, तुच्छ।

Nigh-नाइ-*adj.* & *adv.* (*comp.* **Nigher**, *sup.* **Nighest**) next, near, almost. समीपवर्ती, पास का, प्रायः, लगभग।

Nighness-नाइ'-नेस् - *n.* nearness. समीपता, निकटता।

Night-नाइट्-*n.* the time from sunset to sunrise. रात्रि, रात; **At night** (during the night.) रात्रि में; **Beginning of night** (time near sunset.) सन्ध्याकाल, गोधूलि वेला; **Had a good night** (had a sound sleep.) अच्छी निद्रा आई; **Day and night** (always, ever.) सर्वदा, रातदिन।

Night-bird-नाइट्'-बर्ड्-*n.* the owl. उल्लू।

Night-blindness-नाइट्'-ब्लाइन्ड्-नेस्-*n.* (nyctalopia.) रतौंधी।

Night-cap-नाइट्-कैप्-*n.* a cap worn in bed. सोते समय पहनने की टोप।

Night-fall-नाइट्'-फ़ॉल् - *n.* close of day. सन्ध्याकाल।

Night-hag-नाइट्'-हैग्-*n.* a female demon. राक्षसी, निशाचरी, चुड़ैल।

Night-hawk-नाइट्'हॉक्-*n.* a thief. चोर।

Nightingale-नाइटिङ्ग'ल्-*n.* a small migratory bird that sings melodiously at night, a flannel scarf with sleeves worn by sickmen sitting up in bed. बुलबुल, चारपाई पर बैठे रहनेवाले रोगियों की गलेबन्द या ऊनी पोशाक।

Nightlong-नाइट्'-लॉङ्ग्-*adv.* throughout the night. रातभर।

Nightman-नाइट्'-मैन्-*n.* one who empties closets. मल हटानेवाला भंगी।

Nightmare-नाइट्'-मेअ्र् - *n.* a bad horrible dream. दुःस्वप्न, बुरा सपना।

Nightshade-नाइट्'-शेड्-*n.* a kind of poisonous berry. धतूरा।

Nightsoil-नाइट्' - सॉएल् - *n.* contents of privies & cesspools carried at night. मल, विष्ठा।

Night-wanderer-नाइट्' - वॉन्डर् - अर् - *n.* a demon. निशाचर, राक्षस।

Night-watch-नाइट्'-वॉच् - *n.* a guard at night. रात का पहरा; **Sitting up at night** (vigil during the night.) रात का जागरण।

Nigrescence-नाइ -ग्रे'सेन्स्-*n.* blackishness. साँवरपन, कुछ कालापन।

Nigrescent-नाइ - ग्रे'स् - सेन्ट्-*adj.* growing black. काला होनेवाला।

Nihil-नाइ'-हिल्-*n.* nothing. शून्य, अभाव; **Nihilism** (-इज़्म्)-*n.* nothingness, negative doctrine. शून्यता, शून्यवाद; **Nihilist** (-इस्ट्) -*n.* an upholder of nihilism. शून्यवादी; **Nihilistic** (-इस्ट्'-इक्)-*adj.* शून्यवाद-सम्बन्धी; **Nihility** (-इट्'-इ)-*n.* nothingness. शून्यता।

Nil-निल्-*n.* nothing, having no number. कोई संख्या नहीं, नहीं, नदारद।

Nill-निल्-*v. i.* not to like. इच्छा न होना; **Willy-nilly** (whether he wills or not.) चाहे उसकी इच्छा हो या न हो।

Nimble-निम्'-ब्ल्-*adj.* agile, active, quick of movement, clever. चपल, क्षिप्र गति, फुर्तीला, चालाक; **Nimble-fingered** -*adj.* expert at stealing. चोरी करने में निपुण।

Nimbleness-निम् - ब्ल् - नेस् - *n.* fickleness, briskness. चपलता, फुर्तीलापन।

Nimbly-निम्-ब्लि-*adv.* with agility. चपलता से।

Nimbus-निम्'-बस्-*n.* (*pl.* **Nimbi.**) halo of bright light round the head of a saint, a bright cloud. प्रभामण्डल, प्रकाशपूर्ण या चमकदार बादल; **Nimbused** (-ड्)-*adj.* surrounded with a halo. प्रभामण्डल-युक्त।

Nimrod-निम्'-रॉड्-*n.* a sportsman, a hunter. शिकारी।

Nincompoop-निन्'-कॅम्-पूप्-*n.* a simpleton, a fool or blockhead. मूर्ख, लण्ठ, बुद्धिहीन मनुष्य।

Nine-नाइन्-*adj.* eight and one. नौ; **A nine day's wonder** (a novelty that attracts much attention.) चित्त को आकर्षित करनेवाला एक आश्चर्यजनक पदार्थ।

Ninefold-नाइन्'-फ़ोल्ड्-*adj.* nine times as much. नौगुना।

Nineteen-नाइन्'-टीन-*n.* nine and ten united. उन्नीस; **Nineteenth** (-टीन्थ्)-*adj.* the number after eighteenth. क्रम में उन्नीसवाँ।

Ninety-नाइन्-टि-*n.* nine times ten. नब्बे।

Ninny-नि-नि-*n.* a fool, a man of weak mind. मूर्ख मनुष्य, जड़बुद्धि।

Ninth-नाइन्थ्-*adj.* & *n.* next after eighth. नवाँ; **Ninthly** (-लि)-*adv.* in the ninth place. नवीं स्थिति में; **Ninth part** (one of nine equal parts.) नवाँ भाग।

Niobium-नाइ' -ओ' - बि - अम् -*n.* a metallic element. एक प्रकार की धातु।

Nip-निप्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Nipped.**) to pinch, to bite, to check the growth of, to vex. कतरना, काटना, वृद्धि रोकना;-*n.* a pinch with nails or teeth, a biting, a small quantity of wine. नाखून या दाँत का कटाव, थोड़ी-सी मदिरा; **Nipped** (-ड्)-*adj.* cut off. कतरा हुआ; **To nip in the bud** (to destroy in the undevel-

oped state. कली की अवस्था में काट लेना, अंकुरित होते ही नष्ट कर देना।

Nippers-निपर्ज़्-*n. pl.* pincers, pliers. सँड़सी, कतरनी।



Nippers.

Nipping-निपिङ्ग् - *adj.* that which nips. काटनेवाला; **Nippingly** (-पिङ्गि-लि)-*adv.* so as to nip. काटते हुए।

Nipple-निपूल्-*n.* the teat on a woman's breast, teat of a feeding bottle. स्तन का अगला भाग, चूचुक, दूध पिलाने की बोतल का अगला भाग।

Nisi-नाइ'-साइ-*conj.* unless before. अन्यथा, व्यर्थ का, पहिले का।

Nit-निट्-*n.* the egg of a louse or small insect. छोटे कीड़ों का अण्डा, लीख, ढील।

Nitrate-नाइट्रेट् - *n.* a compound made of nitric acid and alcohol. शोरे के अम्ल तथा मद्यसार का घोल;- *v. t.* to impregnate with nitric acid. इस प्रकार का घोल तैयार करना।

Nitre-नाइ'-टर्-*n.* saltpetre. शोरा।

Nitric-नाइट्रिक्-*adj.* impregnated with nitre. शोरे का

Nitrify-नाइट्रि-फाइ-*v. t.* to form into nitre. शोरा बनाना।

Nitro-नाइट्रो-*pref.* for combinations of nitric acid. उपसर्ग जिसका अर्थ "शोरे का अम्ल संबंधी" होता है।

Nitrogen-नाइट्रोजन्-*n.* a kind of gas. नाइट्रोजन नामक वायुरूप तत्त्व विशेष, नत्रजन; **Nitrogenous** (-जनस्)-*adj.* pertaining to nitrogen. नाइट्रोजन तत्त्व-सम्बन्धी।

Nix-निक्स्-*n.* a water-spirit. जल की परी।

No-नो-*adj.* not any. कोई भी नहीं;-*adv.* not at all. कुछ भी नहीं, अधिक नहीं;-*n.* (*pl.* Noes) a word of denial, a saying no. नहीं का शब्द, अस्वीकार; **He did it in no time** (he did it immediately.) उसने शीघ्र ही यह किया; **He is no more** (he died.) वह मृत्यु को प्राप्त हुआ; **Nobody** (-बॉडि)-*n.* no person, no one. कोई नहीं, तुच्छ व्यक्ति: **No doubt** (certainly.) निःसंदेह; **No less than** (almost the same.) उतना हीं; **No less than five men.** पाँच मनुष्य से कम नहीं; **No more** (nothing further.) अधिक नहीं; **No one** (none.) कोई भी नहीं; **No sooner than** (as soon as.) ज्योंही; **Tell me whether or no** (declare affirmation or denial.) हाँ या नहीं कहो; **Two noes make a yes** (two negatives make one affirmative.) दो नहीं मिलकर एक हाँ बनाते हैं।

Nob-नॉब्-*n.* the head. सिर, मस्तक।

Nobble-नॉबूल्-*v. t.* to obtain by dishonesty. बेईमानी से छीन लेना।

Nobility-नोबिलिटि-*n.* noblesness, dignity of mind, excellence, the person holding the rank of nobles. कुलीनता, महत्त्व, महिमा (प्रताप), कुलीन लोग।

Noble-नो'-बूल्-*adj.* of high title or birth, splendid, magnificent, excellent, admirable. कुलीन, महानुभाव, सुप्रतिष्ठित, उत्तम (श्रेष्ठ), तेजस्वी; **Noble man** (a peer.) कुलीन पुरुष, शिष्ट मनुष्य; **Noble-minded** -*adj.* of lofty ideas. उच्च विचार का; **Noble-mindedness** (magnanimity.) उच्च विचार (बड़ी शिष्टता); **Nobleness** (-नेस्)-*n.* greatness, stateliness. महत्त्व, श्रेष्ठता।

Nobly-नोब्लि - *adv.* in a noble manner. कुलीनता से।

Noblesse-नो'-ब्लेस्-*n.* persons of noble rank, the nobility. कुलीन लोग।

Nocent-नो'-सन्ट्-*adj.* hurtful, mischievous. कष्टकारक, पाजी।

Nock-नॉक्-*v.t.* to set an arrow on the string of a bow. धनुष पर तीर चढ़ाना;-*n.* the notch of an arrow, the forward upper corner of a sail. तीर के कोने का खण्ड, पाल का ऊपरी कोना।

Noctambulant-नॉक्ट्'-ऍम्-ब्यू'-लॅन्ट् -*n.* one who walks in sleep. निद्रा में चलने-फिरनेवाला।

Noctambulation-नॉक्ट्-ऍम्-ब्यु-ले'- शन् -*n.* walking in sleep. निद्रा में गमन (चलना)।

Noctiflorous-नॉक्टि-फ्लोर'-अस्-*adj.* flowering at night. रात को फूलनेवाला (पौधा आदि)।

Nocturnal-नॉक्टर्नल् -*adj.* pertaining to or done in the night. रात्रि सम्बन्धी, रात में किया हुआ।

Nocturne-नाक्टर्न् -*n.* a picture or song of the night scene. रात्रि का दृश्य या गीत।

Nod-नॉड्-*v. i. & t.* (*p. t.* Nodded.) to bend the head slightly and quickly, to be drowsy, to signify by a nod. सिर हिलाना, ऊँघना, सिर हिलाकर संकेत करना ; - *n.* a moving of a head, command, sign of absolute power. सिर की गति, आज्ञा, सर्व अधिकार का चिह्न; **Nodder** (-डर्)-*n.* one who nods. सिर हिलानेवाला ; **Nodding acquaintance** (slight knowledge of a person.) सामान्य परिचय, केवल साहब-सलामत।

Noddle-नॉ-ड्ल्-*n.* the head, back of head

मस्तक, मस्तक का पिछला भाग; -*v. t.* to move the head. सिर हिलाना ।

Noddy-नॉ-डि-*n.* a noodle, a simpleton, a tropical sea-bird. मूर्ख, गँवार, एक समुद्री चिड़िया ।

Node-नोड्-*n.* a knob or knot, a hard tumour. गाँठ, गिल्टी, गुल्म; **Nodical** (-इ-कल्) -*adj.* pertaining to node. ग्रन्थि-सम्बन्धी ।

Nodose-नोड्'-ओस्-*adj.* knotty. गाँठदार, ग्रन्थि-युक्त ; **Nodulated** (-यु-ले-टे्ड्)-*adj.* knotty. ग्रन्थियुक्त ।

Nodule-नो-ड्यूल्-*n.* a small knot. छोटी ग्रन्थि या गुल्म ।

Nodus-नोडस्-*n.* complication, a point of difficulty. पेचीदगी, आपत्ति ।

Nog-नॉग्-*n.* a block or picece of wood, stump of a tree. लकड़ी का कुन्दा, वृक्ष की थूनी ।

Noggin-नॉ-गिन्-*n.* a small mug or pot. छोटा घड़ा या पात्र ।

Noise-नॉइज़् -*n.* clamour, shouting, loud sound, din of voices. ध्वनि, शब्द, रव, शोर-गुल; -*v. t. & i.* to make a loud sound, to spread by rumour or report. शब्द करना, समाचार फैलाना; **Loud noise** (clamour.) कोलाहल; **To make a noise** (to shout.) कोलाहल करना ।

Noiseless-नॉइज़्'-लेस्-*adj.* having no noise. निःशब्द, मौन ; **Noiselessly** (-लि) -*adv.* without noise. चुपचाप; **Noiselessness** (-नेस्)-*n.* the state of being noiseless. निःशब्दता

Noisily-नॉ-इ-ज़ि-लि-*adv.* with noise. उच्च स्वर से, बड़े शब्द से ।

Noisiness-नॉ-इ-ज़ि-नेस् -*n.* clamour. कलरव, कोलाहल ।

Noisome-नॉइ'-सम्-*adj.* ill-smelling, hurtful, noxious to health, offensive, unwholesome. दुर्गन्धयुक्त, अपकारी, नीच, क्षयकर; **Noisomeness** (-नेस्) -*n.* the quality of being noisome. दुर्गन्ध, उग्रगन्धता ।

Noisy-नॉ-इ - ज़ि -*adj.* (*comp.* **Noisier**, *sup.* **Noisiest.**) full of noise, clamorous, loud, violent. कोलाहल करनेवाला, कोलाहलपूर्ण, उग्र ।

Nomad-नो'-मॅ-ड्-*adj.&n.* wandering, roaming from place to place. घूमनेवाला, बंजारा ।

Nomadic-नो'-मॅ-डि-क्-*adj.* wandering. अस्थिर, भ्रमणकारी; **Nomadically** (-अ-लि) -*adv.* in a nomadic manner. विचरते हुए ।

Nomadize-नो'-मॅ-डा-इज़् -*v. i.* to wander. इधर-उधर भ्रमण करना ।

Nom-de-plume-नॉम्'-डि-प्लूम्-*n.* a writer's borrowed name. लेखक का कृत्रिम (बनावटी) नाम ।

Nomenclative-नो'-म-न्-क्ले'-टिव्-*adj.* pertaining to nomenclature. परिभाषा सम्बन्धी ।

Nomenclature-नो-मन्-क्लेचर्-*n.* a vocabulary of names, system of names, terminology of a science. शब्दों की सूची, नामकरण, परिभाषा ।

Nominal-नॉमिनल्-*adj.* of a noun, existing in names only. नाम-सम्बन्धी, नाम मात्र का; **Nominal ruler** (a ruler in name only.) नाम मात्र का राजा; **Nominal verb** (a verb formed from nouns.) नाम धातु (संज्ञा से बनी हुई धातु) ।

Nominalism-नॉमिनलिज़्म् -*n.* the doctrine that general notions exist merely in names. यह सिद्धान्त कि गुण केवल नाम में ही रहते हैं ; **Nominalist** (-इस्ट्) -*n.* one who upholds nominalism. ऐसे सिद्धान्त को माननेवाला ।

Nominally-नॉमिनलि -*adv.* by name only. नाम मात्र से ।

Nominate-नॉमिनेट्-*v. t.* to call by the name of, to propose for office, to appoint. नाम लेना, किसी पद के लिये निर्दिष्ट करना, नियुक्त करना; **Nomination** (-शन्) -*n.* the act of nominating. नियोजन, प्रतिष्ठापन, नियुक्ति ।

Nominative (-टिव्)-*n. & adj.* the case of the subject of a finite verb, of this case. कर्त्ता कारक, इस कारक का ।

Nominator-नॉमिनेटर् -*n.* one who nominates. नियुक्त करनेवाला ।

Nominee-नॉमिनी -*n.* a person named or designated. नियुक्त पुरुष ।

Non-नॉन्-*pref.* added to nouns and adjectives in sense of "not". "अभाव" अर्थ का उपसर्ग; **Nonage**-नोनज् - *n.* early stage, minority. बाल्यावस्था, लड़कपन ।

Nonagenarian-नॉनॅ जि-नॅ-रिअन् -*n.* a person from 90 to 100 years of age. नब्बे से सौ वर्ष तक की वय का मनुष्य ।

Nonagon-नॅ-न'-अ-गन्-*n.* a nine-angled polygon (*geom.*) रेखागणित में नव कोण की आकृति ।

Nonary-नोनरि-*n.* a group of nine. नौ का समुदाय ।

Nonce-नॅन्स् -*n.* the present time. वर्तमान काल, यह अवसर ।

Nonchalance-नॅ-न्'-शलन्स् -*n.* indifference. उदासीनता, शान्ति ।

Nonchalant-नॅ-न्' - शलन्ट् -*adj.* indifferent unmoved. उदासीन, शान्त; **Nonchalantly**

(-लि)-*adv.* with indifference. उदासीनता से।
Non-commissioned-नॉ - न् - कमिशन्ड् - *adj.* not appointed for any special work. अनधिकारी, बिना किसी विशिष्ट अधिकार का।
Noncompos-नॅन्-नू'-कॅम्-पॅस् - *adj.* an idiot. मूर्ख, पागल, झक्की।
Nonconductor-नन-नू-कन्डक्टर्-*n.* a substance that obstructs the flow of heat or electricity. बिजली या उष्णता के प्रभाव को रोकनेवाला पदार्थ, अपरिचालक पदार्थ।
Nonconformist-नॅन्-नू-कन्फ़ॉर्मिस्ट् -*n.* one who does not conform to the doctrine of the established church. प्रचलित ईसाई मत को न माननेवाला।
Nonconformity-नॅन्-नू-कन्फ़ॉर्मिटि-*n.* failure to conform. विरोध, विरुद्धता।
Non-co-operation-नॅन्-नू-को-ऑपरेशन् -*n.* the act of not co-operating with the established government. असहयोग।
Non-co-operator-नॅन्-नू-को - ऑपरेटॅर् -*n.* one who non-co-operates. असहयोगी, सहयोग न करनेवाला मनुष्य।
Nondescript-नॅन्-नू'-डिस-क्रिप्ट् -*adj.* not able to be classified, strange. क्रम में न रखने योग्य, विलक्षण, अपूर्व।
None-नन्-*pron.,adj. & adv.* not any. कोई नहीं; **None-the-less** (nevertheless.) तथापि, तो भी।
Nonentity-नॅ - न न्टिटि -*n.* non-existence. अस्तित्वाभाव, अस्तित्वहीनता।
Non-existence-नॅन्-नू-ऍग्ज़िस्टन्स् -*n.* a thing having no existence. अस्तित्व-हीनता, सत्ता का न होना।
Nonpareil-नॅन्-नू'-प-रॅल् -*adj. & n.* unique, peerless, a kind of printing type. अद्वितीय, अनुपम, एक प्रकार के छापे के टाइप।
Non-plus-नॅन्-नू प्लस्-*v. t.*(*p. t.* Non-plussed) to confound, to reduce to perplexity. व्याकुल करना, निरुत्तर करना; -*n.* perplexity. व्याकुलता; **Non-plussed** (- इ) -*adj.* confounded, perplexed. व्याकुल, निरुत्तर।
Non-resident-नॅन्-नू-रॅ ज़ि-डॅन्ट्-*adj. & n.* not residing where his duties require him to reside. अपने स्थान पर न रहनेवाला; **Non-residence** (-डॅन्स्)-*n.* the state of being non-resident. अपने स्थान पर न रहने की स्थिति।
Nonsense-नॅन्-नू'-सेन्स्-*n.* absurd, foolish or meaningless words. अनर्थक (असम्बद्ध) वचन, प्रलाप, असंगत वार्ता।
Nonsensical-नन-नू-सॅ न्सिकल्-*adj.* unmeaning. अनर्थक; **Nonsensically** (-लि) -*adv.* in a nonsensical manner. असंगत रूप में।
Non-sequitur-नॉन्-सॅ क्विटर्-*n.* a conclusion that does not follow from the premises. निष्कर्ष या परिणाम जो अनुमान से नहीं निकलता है।
Nonsuch, Nonesuch-नॅन्'-सच्, (नन्'-सच्) -*ns.* an unrivalled or unique person. अद्वितीय अथवा अनुपम पुरुष।
Nonsuit-नॅन्-नू'-सूट्-*n.* the stoppage of a law suit. किसी मुक़दमे का ख़ारिजा;-*v. t.* to drop a suit. मुक़दमा ख़ारिज करना या उठा लेना; **Nonsuited** (-ऍड्)-*adj.* destroyed. नष्ट किया हुआ।
Noodle-नू - ड्ल् -*n.* a simpleton. मूर्ख, मूढ़; **Noodledom** (-डम्)-*n.* foolishness. मूर्खता, मूढ़ता।
Nook-नुक्-*n.* a corner, a secluded place. कोना, निर्जन स्थान।
Noon-नून्-*n.* midday, twelve o'clock in the day. मध्याह्न, मध्यकाल; -*adj.* pertaining to noon. मध्याह्न का; **Noon-day** (-ड)-*n.* midday. मध्याह्न काल।
Noose-नूज़्(-स्)-*n.*a loop with a running kont. सरकनेवाला फन्दा; -*v. t.* to ensnare, to catch in a noose. फन्दा लगाना, जाल में फँसाना।
Nor-नॉर्-*conj. & adv.* not either. न, न तो।
Norm-नॉर्म्-*n.* pattern, type, model. नमूना, आदेश (नियम), सिद्धान्त।
Normal-नॉर्मल्-*adj.* according to a standard, usual, perpendicular. यथाक्रम, प्राकृतिक, लम्बरूप;-*n.* natural condition. प्राकृतिक स्थिति; **Normal school** (a school for training teachers.) शिक्षकों को अध्यापन सिखलाने की पाठशाला।
Normalcy-नॉर्मल्सि -*n.* normal state. प्राकृतिक दशा।
Normality-नॉर्मलि-टि -*n.* perpendicular state. लम्बरूपता।
Normalization-नॉर्म - लाइज़ेशन्-*n.* standardization. सुव्यवस्थितिकरण।
Normalize-नॉर्मलाइज़्-*v. t.* to render normal. नियम बाँधना, नियमबद्ध करना।
Officious-ऑफ्-फ़िश्'-अस्-*adj.* offering service which is uncalled for, meddlesome, obliging, informal, overkind. बिना अधिकार के चर्चा करनेवाला, विघ्न डालनेवाला, धृष्ट, अति कृपालु; **Officiously** (-लि)-*adv.* unofficially. अनधिकारिक रूप से; **Officiousness** (-नेस्) -*n.* the quality of being officious. बिना अधिकार का हस्तक्षेप।

Offing-ऑफ्'-इङ्ग्-*n.* the part of the sea seen between the sea and the horizon from the shore. किनारे से देख पड़ता हुआ दूर का समुद्र का भाग।

Offish-ऑफ्' - इश्-*adj.* inclined to remain separate, distant or stiff in manner. अलग रहनेवाला, रूक्ष प्रकृति का; **Offishness** (-नेस्) -*n.* the quality of being offish. रूक्षता।

Offset-ऑफ्'-सेट् -*n.* shoots of plants, an offshoot, compensation, reversed copy of a printed sheet. अंकुर, अँखुआ, क्षति की पूर्ति, मुजरा, छपे हुए काग़ज़ की उलटी प्रतिलिपि।

Offshoot-ऑफ्'-शूट्-*n.* a side shoot or branch of a tree or plant. वृक्ष के बगल का अंकुर या शाखा।

Offside-ऑफ्'-साइड्-*n.* the farthest side. दूर की दिशा।

Offspring-ऑफ्' - स्प्रिङ्ग् - *n.* a descendant, progeny, result. सन्तान, सन्तति, परिणाम (फल); **Female offspring** (daughter.) कन्या; **Male offspring** (son.) पुत्र; **With no offspring** (without children.) सन्तानहीन।

Oft-ऑफ़्ट्-*adv.* often, frequently. बहुधा; **Many a time and oft** (repeatedly.) बारम्बार, बहुधा; **Oft-times** (often.) बहुधा, अक्सर।

Often-ऑफ्'-फ़्न्- *adv.* frequently, at short intervals. बहुधा (प्रायः), बारम्बार; **As often** (as many times.) जितनी बार; **So often** (so many times.) उतनी बार।

Ogee-ओ - जी' - *n. & adj.* S-shaped double continuous curves. इस आकार की जाली।


Ogee.

Ogive-ओ' - जाइव् -*n.* a pointed arch. नुकीली कमानी की मेहराब।

Ogle-ओ'-ग्ल्-*v. i. & t.* to cast amorous glances. कटाक्ष करना, तिरछी नजर से देखना; -*n.* an amorous glance. कटाक्ष; **Ogler** (-लर्) -*n.* one who ogles. कनखी मारनेवाला; **Ogling** (-इङ्ग्)-*n.* act of casting a side-glance. कनखी मारने का कार्य।

Ogre-ओ'-गर्-*n.* a man-eating giant. मनुष्य-भक्षी दैत्य या राक्षस; **Ogress** (-रेस्) *n. fem.* a female ogre. राक्षसी, चुड़ैल; **Ogreish** (-ईश्) -*adj.* like a giant. राक्षस के समान।

Ogygian-ॲ-जि-जि' - अन्-*adj.* of prehistoric times. अति प्राचीन समय का।

Oh-ओ-*interj.* an exclamation of surprise or anxiety. ओह! अरे! हाय!

Ohm-ओम्-*n.* the unit of electrical resistance बिजली की शक्ति की रुकावट की नाप।

Oho-ॲ - हो' - *interj.* expressing surprise. आश्चर्यसूचक अव्यय, ओहो! अरे!

-oid-ॲ-इड्-*suf.* in the sense of 'resembling' 'having the form of.' प्रत्यय जिसका अर्थ 'सदृश' अथवा 'आकारवाला' होता है, यथा **Dentoid.**

Oil-ॲ-इ-ल्-*n.* an unctuous liquid lighter than water. तेल, फुलेल; -*v. t.* to anoint with oil. तेल पोतना या लगाना; **Oilcake** (the residue after extracting oil from seeds.) खली; **Oil-can** (a can for keeping oil.) तेल रखने की कुप्पी; **Oilcloth**-*n.* (canvas covered with paint.) पानी न सोखनेवाला कपड़ा, मोमजामा; **Oil colour**-*n.* (colour prepared by grinding a colouring substance in oil.) तेल मिलाकर बना हुआ रंग; **Oil-Engine**-*n.* (an engine burning oil as fuel.) मिट्टी के तेल से चलने वाला इंजन; **Oiler** (-अर्) -*n.* an oiling can. यन्त्र में तेल देने की कुप्पी; **Oil-field** (a mine of paraffin oil.) मिट्टी के तेल को खान; **Oiliness** (-इ-नेस्)-*n.* quality of being oily. चिकनाहट, स्निग्धता; **Oil-man** (one who deals in oil.) तेली; **Oil-mill** (a mill for extracting oil) तेली का कोल्हू; **Oil painting**-*n.* the art of painting in oil-colours. तैलचित्र; **Oil-press** -*n.* दबाकर तेल निकालने का यन्त्र; **Oilstone** (whetstone.) तेल लगाकर औजार तेज़ करने की सिल्ली; **Oily** (-इ) -*adj.* greasy. तेल लिपटा हुआ; **To burn the midnight oil** (to work long in the night.) रात्रि में देर तक परिश्रम करना; **To pour oil on burning fire** (to increase fire by the help of oil.) आग में घी डालना; **To oil one's hands** (to bribe.) घूस देना; **To pour oil on the waters** (to smooth over things. उपद्रव शान्त करना;

To oil one's tongue (to speak flattering words.) चिकनी-चुपड़ी बातें करना ।

Ointment-ऑ-इन्ट्'-मेंन्ट् - *n.* an unctuous preparation used to beautify the skin, an unguent. उबटन, लेप, मलहम ।

Okapi-ॲ-के-पि-*n.* a giraffe-like animal of Central Africa. मध्य अफ्रीका का जिराफ़ के समान लम्बी गर्दनवाला चितकबरा पशु ।

Old-ओल्ड्-*adj.* (*comp.* **Older, Elder,** *sup.* **Oldest, Eldest.**) advanced in age, ancient, previous, worn out, long practised, decayed. वृद्ध, प्राचीन, जीर्ण, अनुभवी, सड़ा हुआ; **Eight years old** (eight years of age.) आठ वर्ष की अवस्था का; **Of the old school** (old-fashioned.) पुराने ढंग का; **Old boy** (an old companion.) पुराना साथी; **Old cloth** (ragged cloth.) जीर्ण वस्त्र; **Old fashioned**-*adj.* पुराने ढंग का; **Old hand** (an experienced worker.) अनुभवी कारीगर; **Old head on young shoulders** (wisdom beyond one's age.) अवस्था से अधिक विद्वान्; **Old Tom** (a kind of gin.) एक प्रकार की मदिरा; **The old** (people of advanced age.) वृद्ध लोग ।

Olden-ओल्ड्'-इन्-*adj.* old, ancient पुराने समय का;-*v. t.* to make feeble. दुर्बल करना ।

Oldish-ओल्ड्'-इश्-*adj.* somewhat old. कुछ पुराना ।

Oldness-ओल्ड्'-नेस्-*n.* old age. बुढ़ापा ।

Oldster-ओल्ड्'-स्टर्-*n.* one who is no longer a youngster. युवा अवस्था से अतीत ।

Oleaginous-ओलिॲजिनस्-*adj.* oily, greasy. तेल युक्त, चिकना; **Oleaginousness** (-नेस्)-*n.* oiliness. स्निग्धता, चिकनाहट ।

Oleander-ओ-लि-ॲन्'-डर्-*n.* a poisonous shrub. एक विषैली वनस्पति, करवीर ।

Oleic-ओ-लि-इक्-*adj.* pertaining or relating to oil. तेल-सम्बन्धी ।

Oleiferous-ओलिफ़रस्-*adj.* producing oil. तेल उत्पन्न करनेवाला ।

Olfactory-*adj.* see under **Olfactive.**

Olfaction-ऑल्-फ़ॅक्'-शन्-*n.* the sense of smell. घ्राणेन्द्रिय, नाक ।

Olfactive-ऑल्-फ़ॅक्'-टिव्, **Olfactory** (-टर्-इ) -*adjs.* pertaining to the organ of smell. घ्राणेन्द्रिय (नाक) सम्बन्धी ।

Olibanum-ऑलिबॅनम्-*n.* an aromatic resin. एक सुगन्धित गोंद, सिंहल ।

Olid-ऑल्'- इड् - *adj.* of bad smell, foul-smelling. दुर्गन्धवाला ।

Oligarch-ऑल्'-इग्-आर्क्-*n.* a member of an oligarchy. अल्पजन राज्य का सदस्य; **Oligarchal** (-अल्)-*adj.* pertaining to oligarchy. अल्पजन राज्य-सम्बन्धी ।

Oligarchically-ऑलिगार्किकलि - *adv.* in an oligarchic manner. अल्पजन राज्य क्रम की रीति से ।

Oligarchy-ऑल्-इ-गार्क्'-इ-*n.* government by the few. अल्पजन से शासित राज्य ।

Olivary-ऑलिवरि-*adj.* shaped like olives, oval. जतून के आकार का, अण्डाकार ।

Olive-ऑल्'-इव्-*n.* an evergreen tree with small white flowers, its fruit. जैतून का वृक्ष, जलपाई; **Olive crown** (a crown of victory.) विजय-मुकुट; **To hold out the olive branch** (to offer peace.) मेल का प्रस्ताव रखना ।

-ology-ऑल्'-ऑ-जि-*suf.* used for 'science.' विज्ञानसूचक प्रत्यय, यथा—**Biology, Theology.** इत्यादि ।

Olympian-ऑ-लिम्'-पि-अन् - *adj.* superior, magnificent. ऐश्वर्ययुक्त, विशिष्ट महत्त्व का ।

Omega-ओ'-मेँ-गा-*n.* the last letter of the Greek alphabet. ग्रीक वर्णमाला का अन्तिम अक्षर; **Alpha and Omega** (the first and the last.) आदि और अन्त ।

Omen-ओ'-मेँन्-*n.* the occurrence foreboding good or evil, presage. शुभ या अशुभ सूचक घटना, शकुन, चिन्ह, लक्षण; -*v. t.* to foretell. शकुन सूचित करना; **Good omen** (a sign of good fortune.) शुभ लक्षण या शकुन ।

Ominous-ऑमिनस्-*adj.* portentous, inauspicious. अशुभ लक्षण का, अपशकुन का; **Ominously** (-लि)-*adv.* in an ominous manner. अशुभ लक्षण से, अपशकुन से ।

Omissible-ॲ-मिस्'-सि-बल्-*adj.* capable of being omitted. त्याज्य, छोड़ने योग्य ।

Omission-ॲ-मिश्'-अन्-*n.* a leaving out, failure, neglect. त्याग, लोप, भूल ।

Omissive-ॲ-मिस्'-सिव् - *adj.* leaving out. छोड़नेवाला, भूलनेवाला ।

Omit-ॲ'-मिट् -*v. t.* (*p. t.* **Omitted.**) to leave out, to fail to do. त्यागना, छोड़ना, भूल जाना ।

Omni--ऑम्'-नि-*pref.* in sense of 'all', 'in all ways.' उपसर्ग जिसका अर्थ 'सबका', 'सब प्रकार से' होता हैं ।

Omnibus-ऑम्-नि-बस्-*n.* (*pl.* **Omnibuses.**) a four-wheeled public vehicle. किराये की मोटरगाड़ी ।

Omnifarious-ऑम्निफ़े रिअस्-*adj*. of all sorts. सब प्रकार का।

Omnific-ॲम्-निफ्' -इक् - *adj*. all-creating. सर्वोत्पादक।

Omniform-ॲम्-नि'-फ़ॉर्म्-*adj*. having every form. सब प्रकार के रूपवाला।

Omnigenous-ऑम्निजिनस्-*adj*. consisting of all kinds. सब प्रकार का, सब जाति का।

Omnipotence-ॲम्-निप्'-ॲ-टॅन्स् -*n*. infinite power. सर्व (अनन्त) शक्ति।

Omnipotent-ॲम्-निप्'-ॲ-टॅन्ट्-*adj*. almighty. सर्वशक्तिमान्।

Omnipresence-ॲम्-नि-प्रेज़्-ऍन्स्-*n*. presence everywhere. विश्वव्यापकता।

Omnipresent-ॲम्-नि-प्रेज़्'-ऍन्ट्-*adj*. present in all places and at all times. विश्वव्यापी, सर्वव्यापक।

Omniscience-ऑम्निश्येन्स्-*n*.unlimited knowledge. अनन्तज्ञान, सर्वज्ञान।

Omniscient-ऑम्निश्येण्ट्-*adj*. all-knowing. त्रिकालदर्शी।

Omnivorous-ऑम्निवॅरस् - *adj*. feeding on plants as well as on animals. सर्वभक्षी, वनस्पति तथा मांस खानेवाला।

Omoplate-ओ'-मॅ-प्लेट्-*n*. the shoulder-blade. कन्धे पर की हड्डी।

On-ऑन्-*prep*. in contact with the upper part of a thing, upon, at, near, in consequence of. किसी पदार्थ के ऊपर, ऊपर, पर, पास, परिणाम में; -*adv*. forward, onward. आगे से; used as *pref*. in sense of 'onward'. उपसर्ग की तरह प्रयोग होने पर 'आगे की ओर' अर्थ में आता है; **From that day on** (commencing from that day.) उस दिन से; **Goes on foot** (is a pedestrian.) पैदल चलता है; **Having clothes on** (wearing clothes.) कपड़ा पहिने हुए; **On account of** (for.) वास्ते, लिए; **On all sides** (on every side.) चारों तरफ़; **On one's knees** (submissive.) घुटने के बल; **On the instant** (immediately.) उसी क्षण; **On the morning** (in the morning time.) प्रातःकाल; **On the right** (towards the right side.) दाहिनी ओर; **On the wing** (flying.) उड़ता हुआ; **The city was on fire** (fire enveloped the city.) शहर में आग लगी हुई थी।

Onager-ॲनॅ-जर् - *n*. the wild ass. जंगली गदहा, गोरखर।

Once-वन्स्-*adv*. for one time only, a few times, formerly. एक बार, पहिले; **At once** (immediately.) तुरन्त; **Once for all** (for ever.) सर्वदा के लिए (निश्चित रूप से); **Once upon a time** (on a certain occasion.) एक बार, किसी समय।

Oncoming-ऑन्'-कम्-इङ्ग्-*n*. approach. पहुँच।

One-वन्-*adj*. single in number, some or any, undivided. एक, कोई, अविभक्त; -*n*. the number one, an individual. एक (संख्या), कोई व्यक्ति; *pron*. a single person. कोई मनुष्य; **All in one** (combined, unanimously.) एक साथ, एक मत से; **At one** (in agreement.) सहमत; **Many a one** (several.) बहुतेरे; **Never a one** (none.) कोई भी नहीं; **Of one's own** (belonging to oneself.) अपना निजी; **One another** (conjointly.) परस्पर; **One or the other**(either of the two.) दो में से एक; **Ten to one** (almost impossible.) प्रायः असम्भव; **To be at one** (to be equal.) समान होना; **Were made one** (were married.) विवाह किए गये।

One-eyed-वन्'-आइड्-*adj*. blind of one eye. काना।

Oneirocritic-ॲ-नाइ-रॅ-क्रिटिक्-*n*. one who interprets dreams. स्वप्न का अर्थ बतलानेवाला।

Oneiromancy-ॲ-नाइ-रॅमॅन्सि-*n*. the act of divining by dreams. स्वप्नों की सहायता से भविष्य बताने का कार्य।

Oneness-वन्'-नॅस्-*n*. singleness, wholeness, being one. एक भाव, अद्वैत भाव, एकता।

Onerous -ॲनॅरस् - *adj*. burdensome. दुःसह, कष्टसाध्य, भारी; **Onerously** (-लि)-*adv*. in an onerous manner. भारीपन से; **Onerousness** (-नॅस्) -*n*. the state of being onerous. दुःसह्यता, भारीपन, कष्टसाध्यता।

Oneself-वन्'-सॅल्फ्-*pron*. reflexive form of 'one.' आप ही, स्वयं।

One-sided -वन्'-साइड् - ऍड्-*adj*. partial, limited to one side, turned to one side. पक्षपाती, एक ही ओर सीमित, एक ही ओर मुड़ा हुआ; **One-sidedly** (-लि)-*adv*. partially. पक्षपात से; **One-sidedness** (-नॅस्) -*n*. having regard to one side only. एकपक्षता।

Onfall-ऑन्'-फ़ॉल्-*n*. an attack, approach of night. आक्रमण, रात्रि का आगमन।

Onflow-ऑन्-फ़्लो-*n*. a flow onward. आगे की ओर बहाव।

Onion-अन्-यन्-*n*. an edible bulb with pungent flavour. प्याज़; -*v. t*. to rub the eyes with onion. आँखों में प्याज़ रगड़ना।

Oniony-अन्-यन्-इ-*adj*. having the smell of onion. प्याज़ के गन्ध का।

Onlooker-ऑन्'-लुक्-अर्-*n*. a spectator. दर्शक, तमाशा देखनेवाला।

Only-ओन्'-लि-*adj.* sole, single, alone. प्रधान, केवल (अकेला, अद्वितीय); -*adv.* solely, exclusively. केवल, सिर्फ;-*conj.* but, except. सिवाय; **Not only but.** न केवल ।

Onomatopoeia-ऑ-नॅ-मॅटॅ-पीया-*n.* a word whose sound resembles the object associated with it. ऐसा शब्द जिसका उच्चारण उसके अर्थ का द्योतक हो; **Onomatopoetic** (-पॅ-ऍट्'-इक्)-*adj.* formed by onomatopoeia. उपर्युक्त शब्द से सम्बन्धित; **Onomatopoetically** (-अ-लि)-*adv.* in the manner of an onomatopoeia. उपर्युक्त शब्द का प्रयोग करते हुए ।

Onset-ऑन्'-सेॅट्-*n.* an attack, an assault. आक्रमण, चढ़ाई (धावा) ।

Onslaught-ऑन्'-स्लॉट्-*n.* a fierce attack, a murderous assault. मारकाट, भयंकर घातक आक्रमण ।

Ontological-आन्'-टॅ-लॅ'-ऑ-जिक्-अल्-*adj.* metaphysical. सत्त्व-विद्या-सम्बन्धी, दार्शनिक; **Ontologically** (-जि-कल्-लि)-*adv.* in a metaphysical manner. सत्त्व-विद्या के सिद्धान्त से ।

Ontologist-ऑन्-टॅ-लॅ'-ॲ-जिस्ट्-*n.* one who is versed in ontology. सत्त्व-विद्या का पण्डित ।

Ontology-ऑन्-टॅ-लॅ-ॲज्-इ-*n.* the philosophy concerned with the essence of being. दर्शन या सत्त्व विद्या ।

Onus-ओ'-नस्-*n.* (*no plural*) burden, obligation, responsibility. भार, उत्तरदायित्व, जवाबदेही ।

Onward-ऑन्-वर्ड्-*adj.* forward. अग्रगामी; **Onwards** (वर्ड्ज़्) -*adv.* further onward. आगे की ओर ।

Onymous-आन्'-इ-मस्-*adi.* not anonymous. गुमनाम नहीं, नाम दिया हुआ ।

Onyx-ऑन्-इक्स्-*n.* a kind of gem. गोमेदक रत्न ।

Oof-ऊफ़्-*n.* money. धन; **Oofy** (-इ)-*adj.* wealthy. धनिक ।

Oogenesis-ओ-ॲ-जॅनिसिस्-*n.* development of the ovum. भ्रूण (गर्भ) का बढ़ना ।

Oology-ओ-ॲ-लॅ'-ॲ-जि-*n.* the study of bird's eggs. पक्षी के अण्डों का अध्ययन ।

Ooze-ऊज़्-*n.* wet mud, sluggish flow. गीली मिट्टी, कीचड़, स्राव; -*v. t.* to pass gently through pores. रसकर बहना, टपकना ।

Oozily-ऊज़्'-इ-लि-*adv.* in an oozing manner. रसते हुए ।

Ooziness-ऊज़्'-इ-नॅस्-*n.* the state of being oozy. टपकन ।

Oozings-ऊज़्'-इङ्ग्ज़्-*n.* flow of a fluid in drops. द्रव का टपकन ।

Oozy-ऊज़्'-इ-*adj.* miry, slimy. टपकने या रसनेवाला ।

Opacity-ॲ-पॅ-सिटि-*n.* want of transparency, obscurity, opaqueness. अस्वच्छता, धुंधलापन, अपारदर्शकता ।

Opal-ओ'-पल्-*n.* a precious stone. पोलकी, दूधिया पत्थर ।

Opalescent-ओ'-पल्'-ऍस्-सॅन्ट्-*adj.* pertaining to an opal. पोलकी रत्न का ।

Opaline-ओ'-पला-इन् (-लिन्)-*adj.* resembling an opal. पोलकी की तरह का ।

Opalize-ओ-'पल्-आइज़्'-*v. t.* to make like opal. पोलकी के सदृश बनाना ।

Opaque-ॲ-पेक्'-*adj.* not transmitting light, obscure, dull. अपारदर्शक, अन्धकारयुक्त, गँदला; **Opaquely** (-लि)-*adv.* in an opaque manner. गँदलेपन से; **Opaqueness** (-नॅस्) -*n.* want of transparency. अस्वच्छता, अपारदर्शकता ।

Ope-ओप्-*v. t. & i.* (poetical form of 'Open'.) खुलना, खोलना ।

Open-ओप्'-पन्-*adj.* not closed, unsealed, bare, uncovered, unprotected, public, manifest, frank, liberal. उन्मुक्त, बिना मुहर का, नंगा, खुला हुआ, अरक्षित, प्रकाशित, प्रकट, स्पष्ट, सच्चा, उदार; **Open air** (air out of doors,) घर के बाहर की खुली वायु; **Open country** (an unenclosed piece of land.) खुला मदान; **Open-eyed**-*adj.* (watchful.) सचेत, सावधान, चौकसी रखनेवाला; **Open-handed** (generous.) उदार, दाता; **Open-hearted** (frank.) निष्कपट, सच्चे हृदय का; **Open-minded** (unprejudiced.) पक्षपातहीन; **Open-minded person** (a man of liberal views.) उदारचरित मनुष्य; **Openmouthed** (greedy, outspoken.) लालची, स्पष्टवक्ता; **Open to dispute** (debatable.) विवादनीय; **Open weather** (clear weather.) स्वच्छ ऋतु; **To keep doors open** (to receive every one.) सबका आतिथ्य करना; **To lay open** (to uncover.) खोलकर सामने रखना; **To receive with open arms** (to welcome or accept heartily.) सहृदय स्वीकार या स्वागत करना; **With open eyes** (without secrecy.) प्रत्यक्ष में, गुप्त न रखते हुए ।

Open-ओ'प्-पन्-*v. t. & i.* to begin, to bring into view, to unlock, to enlarge, to establish. आरम्भ करना, प्रकाशित करना, खोलना, विकसित होना, स्थापित करना; **To open bowels** (to loosen bowels.) आँतों को ढीका करना; **To open debate** (to begin a

discussion.) शास्त्रार्थ आरम्भ करना; To open fire (to begin firing.) गोली चलाना आरम्भ करना; To open ground (to prepare land by ploughing.) हल चलाकर मिट्टी तोड़ना; To open one's eyes (to show astonishment.) आश्चर्य दिखलाना; To open out (to increase, to expand.) खोलना, फैलाना; To open the door (to give opportunity.) अवसर देना; To open up (to publish.) प्रकाशित करना।

Openable-ओप्-प्-न्'-ऍ-ब्ल्-*adj.* able to be opened. प्रकाशित करने (खोलने) योग्य।

Opener-ओ-प्न्'-अर्-*n.* he who opens. खोलनेवाला।

Opening-ओप्-न्-इङ्ग्-*n.* commencement, opportunity, passage, an aperture. प्रारम्भ, अवसर, मार्ग, छिद्र।

Openly-ओप्-न्-लि-*adv.* in an open manner. स्पष्ट रूप में, बिना छिपाये हुए।

Openness-ओप्'-ऍन्-नॅस्-*n.* frankness. स्पष्टता, प्रकाशता।

Opera-ऑपॅरा-*n.* a dramatic performance accompanied by music. सङ्गीत नाटक; **Comic opera** (an opera of light character.) हास्यपूर्णनाटक; **Grand opera** (one without spoken language.) स्वांग।

Opera-glass-ऑपॅरा-ग्लास् *n.* a small binocular glass used at theatres. नाटक देखने की दूरबीन; **Opera-hat**-*n.* a kind of tall hat. मोड़ने के योग्य ऊँची दीवार की अंग्रेजी टोपी।

Opera-glass.

Operant-ऑप्'-अर्-अन्ट्-*adj.* & *n.* operative, active, an operator. कार्य करने की शक्ति रखनेवाला, फुर्तीला, वह व्यक्ति जो किसी यंत्र या कार्य का संचालन करता है।

Operate-ऑपॅरेट्-*v. i.* & *t.* to perform, to produce effect, to act, to perform surgical operations, to buy and sell, to manage. कार्य करना, फलीभूत होना, चेष्टा करना, प्रभाव डालना, जर्राही करना, बेचा-विक्री करना, प्रबन्ध करना; **Operating-room** (theatre) a room where surgical operations are performed. डाक्टर का चीर-फाड़ करने का कमरा।

Operatic-ऑपॅरेटिक-*adj.* like an opera. सङ्गीत नाटक के सदृश।

Operation-ऑपॅरेशन-*n.* action, scope, manipulation, influence, method of working, an active process, discharge of duty, surgical performance, movement of troops. क्रिया (कार्य), प्रवृत्ति, प्रभाव, उद्यम, व्यापार, कर्तव्यपालन, चीर-फाड़, सेना की गति।

Operative-ऑपॅरेटिव्-*adj.* & *n.* producing an effect, an artisan or mill-hand. प्रयोजक (प्रबल), गुणकारी, शिल्पकार; **Operatively** (-लि)-*adv.* in an operative manner. प्रबलता से, कार्य-दक्षता से।

Operator-ऑपॅरेटर्-*n.* one who operates. प्रवर्तक, कार्य करनेवाला।

Operetta-ऑपॅरॅटा-*n.* a short opera. छोटा संगीत नाटक।

Operose-ऑपरोस्-*adj.* taking great pains, industrious. श्रमसाध्य, अति परिश्रमी, बड़ा मेहनती।

Ophidian-ऑफ़िड्'-इ-अन्-*adj.* pertaining to snakes. सर्पसम्बन्धी।

Ophiolater-ऑ-फ़ि-ऑ-लॅटर्-*n.* a serpent worshipper. सर्पपूजक।

Ophiology-ऑ-फ़ि-ऑ'-लॅ-जि-*n.* the study of snakes. सर्पविद्या।

Ophiophagous-ऑ-फ़ि-ऑ'फ़-गस्-*adj.* feeding on snakes. सर्पभोजी।

Ophite-ऑ'-फ़ाइट्-*adj.* serpentine. सर्पाकार, साँप के आकार का।

Ophthalmia-ऑफ़्-थैल्'-मि-आ-*n.* inflammation of the eye. आँख आना, आँख फूलने का रोग; **Ophthalmic** (-मिक्)-*adj.* pertaining to the eye. नेत्र-सम्बन्धी, आँख का।

Ophthalmologist-ऑफ़्-थैल्-मॅल्-ऑ-ज्-इस्ट्-*n.* one skilled in the treatment of the eye. नेत्र-रोग का चिकित्सक।

Ophthalmology-ऑफ़्-थैल्-मॅ-लॅ-ज्-इ-*n.* the science which treats of the eye. नेत्र-विज्ञान।

Ophthalmy-ऑफ़्-थैल्'-मि-*n.* swelling of eyes. आँखों की सूजन।

Opiate-ओ'-पि-ऍट् -*n.* a drug containing opium used for inducing sleep or alleviating pain. निद्रा लानेवाली तथा पीड़ा हटानेवाली अफ़ीम मिली हुई औषधि; -*v. t.* to mix with opium. अफ़ीम मिलाना।

Opine-ऑ-पाइन्'-*v. t.* to hold an opinion, to think, to suppose. विचार करना(मनन करना), तर्क करना।

Opinion-ओ-पिन्'-यॅन्-*n.* a judgement without proof, belief, probable view, estimation, sentiment. अनुमान, विचार, आशय, बुद्धि अभिप्राय; **I am of opinion** (I think so.)

मैं ऐसा विचार करता हूँ ; **Difference of** opinion. मतभेद ।

Opinionated-ओपिन्यँनेटेड्-*adj*. obstinate in opinion. अपने विचार का पक्का, हठी; **Opinionatedness**(-नेस्)-*n*. obstinacy. हठ।

Opinionative-ओ - पिन्' - यँन्-एट्' - इव्-*adj*. unduly attached to one's notions. अपने मत का आग्रही ।

Opinionist-ओ-पिन्'-यँन्-इस्ट्-*n*. one who is attached to his personal opinions. अपने मत पर दृढ़ ।

Opip-अ-पिप्'-*n*. an advanced position from which the effects of the enemy fire can be watched. शत्रु की गोलियों का आक्रमण दूर से देखने का स्थान ।

Opisometer-ऑ-पि-सॉ - मि - टर्-*n*. a mathematical instrument for measuring curved lines. (नकशे पर की) घूमी-फिरी रेखाओं को नापने का यन्त्र ।

Opium-ओ-पि-अम्-*n*. a drug prepared from the juice of poppy. अहिफेन, अफ़ीम; **Opium-eater** (-ईट्'-अर्) - *n*. one who indulges in opium. अफ़ीमची ।

Opiumize-ओ' - पि - अम्-आइज़्-*v. t.* to mix opium. अफ़ीम मिलाना ।

Opossum-ॲ-पॉस्'-सम्-*n*.a kind of American mammal. अमेरिका देश का एक प्रकार का चौपाया ।

Oppilate-ऑप्' - पिल्-एट्-*v. t.* to block or obstruct. रुकावट डालना; **Oppilation** (-ए'-शन्)-*n*. अवरोध, रुकावट ।

Opponency-ऑप्-पो'- नेंन्-सि -*n*. antagonism, opposition. शत्रुता, विरोध

Opponent-ऑप्-पो'-नेंन्ट्-*n*. an adversary, an enemy. वैरी, शत्रु;-*adj*. opposite. विरुद्ध ।

Opportune-ऑप्-पर्'ट्यून्-*adj*. suitable, convenient, well-chosen. अनुकूल, सुगम, उचित समय का; **Opportunely** (-लि)-*adv*. seasonably. (सुगमता से) समय से; **Opportuneness** (-नेंस्) -*n*. seasonableness. समयोचितता ।

Opportunism-ऑ-पर्-ट्यून्'-इज़्म्-*n*. adopting oneself to circumstances, compromise. समयानुसार अपने को बनाना, सन्धि, सुलह ।

Opportunist-ऑ-पर्-ट्यून्'-इस्ट्-*n*. one who seizes opportunities. अपने को समयानुसार बनानेवाला, नीतिज्ञ, अवसरग्राही ।

Opportunity-ऑ-पर् - चुन्' - इट्- इ - *n*. (*pl*. **Opportunities.**) favourable or convenient time, good chance. अवकाश, समय (साधन), सुअवसर; **To wait an opportunity** (to wait for a favourable time.) अवसर की प्रतीक्षा करना ।

Opposability-ऑप्-पोज़ें-बिल्'-इ-टि-*n*.capability of being placed in opposition. विरोधभाव ।

Opposable-ऑप्-पोज़ें'-ब्ल्-*adj*. what may be opposed. विरोध के योग्य ।

Oppose-ऑप् - पोज़्-*v. t.* to antagonize, to resist, to place against, to make an objection to, to obstruct. विरोध करना, बाधा डालना, रोकना, प्रतिरोध करना, विघ्न डालना ।

Opposer-ऑप्-पोज़्'-अर्-*n*. one who opposes. विरोधक, सामना करनेवाला ।

Opposing-ऑप्-पोज़्'-इङ्ग्-*adj*. acting against. विरुद्ध काम करनेवाला ।

Opposite-ऑप्' - पो - ज़िट्-*adj*. contrary to, adverse, facing to, placed in front of. प्रतिकूल, सामने का, अभिमुख;-*n*. that which is opposed. विपरीत, भिन्न; **Of an opposite kind** (of a different kind.) भिन्न प्रकार का; **On the opposite bank** (on the other bank.) उस पार ; **The opposite sex** the female sex.) स्त्री जाति ।

Oppositely-ऑप्'-पो-ज़िट्-लि -*adv*. adversely. विपरीत या भिन्न भाव से; **Oppositeness** (-नेस्) -*n*. the-state of being opposite. भिन्नता ।

Opposition - ऑप् - पो- ज़ि-शन्-*n*. contrast, resistance, antagonism, contrariety, hostility. प्रतिकूलता, विरोध, बाधा, विमुखता, वैर ।

Oppositional-ऑप्-पो-ज़ि'-शन-ल् - *adj*. pertaining to opposition. द्वेष भाव का, विरोधी; **Oppositionally** (-अ-लि)-*adv*. in a hostile way. प्रतिकूलता से; **Oppositionist** (-इस्ट्)-*n*. obstructionist. विरोधक ।

Oppress-ऑप्-प्रेस्'-*v. t.* to weigh down, to govern with tyranny, to keep under subjection. दबाना, सताना, वश में करना (अपकार करना) ।

Oppression-ऑप्-प्रे-शन्-*n*. cruelty, hardship, calamity. निर्दयता, कठोरता, उत्पीड़न ।

Oppressive-ऑप्-प्रेस्'-सिव् - *adj*. tyrannical, overwhelming. क्रूर, अत्याचारी, उत्पीड़क, निर्दयी; **Oppressively** (- लि) -*adv*. in an oppressive manner. निर्दयता से; **Oppressiveness** (-नेस्)-*n*. the quality of being oppressive. कठोरता, निर्दयता, अत्याचार ।

Oppressor-ऑप्-प्रे-सर्-*n*. one who oppresses. अत्याचारी, क्रूर, निर्दयी ।

Opprobrious-ऑप्-प्रो'-ब्रि-अस्-*adj*. abusive, reproachful, deposed. निन्दनीय, कलंकी, घृणित; **Opprobriously**(-लि)-*adv*. in a reproachful manner. तिरस्कार-सहित; **Oppro-**

briousness (-न्स्)-*n.* reproachfulness, disgracefulness. निन्दनीयता ।

Opprobrium-ऑप्-प्रो' - ब्रि-अम्-*n.* infamy, disgrace. अपयश, तिरस्कार ।

Oppugn-ऑ-प्यून्'-*v.t.* to oppose or call into question. विरोध करना ।

Oppugnance-ऑ - पग्' - नॅन्स्-*n.* resistance, opposition. विरोध; **Oppugnancy** (-पग्'-नॅन्-सि)-*n.* state of opposition. विरोध-भाव ।

Oppugnant-ऑ-पग्'-नॅन्ट्-*adj.* resisting. विरोध करनेवाला ।

Oppugnation-ऑ-पग्-ने'-शन्-*n.* opposition. विरोध ।

Oppugner-ऑ-प्यून्'-अर्-*n.* one who opposes or resists. विरोध करनेवाला ।

Opsonic-ऑप्सॅनिक्-*adj.* having an effect on the bacteria in the body. शरीर के भीतर के कृमियों पर प्रभाव डालनेवाला ।

Opsonin-ऑप्-सॅ'-निन्-*n.* the injection of non-living bacteria for curing a disease. किसी रोग के कृमियों को मारकर शरीर में प्रवेश करने की विधि ।

Optative ऑ-प्टे'-टिव्-*adj.* expressing wish or desire. इच्छार्थक, इच्छा-सूचक ; **Optatively** (-लि)-*adv.* in an optative manner. इच्छार्थक रूप में ।

Optic-ऑप्'-टिक्-*adj.* pertaining to or relating to the eye or eyesight. नेत्र-सम्बन्धी, दृष्टि-सम्बन्धी ।

Optical-ऑप्'-टिक्-अल्-*adj.* pertaining to optics, visual. दृष्टि - सम्बन्धी, आँख का ; **Optically** (-लि) - *adv.* in an optical manner. दृष्टि से सम्बन्ध रखते हुए ।

Optician-ऑप्-टिश्'-शन्-*n.* one who is skilled in optics, one who sells optical instruments. चक्षुविद्या में निपुण, उपनेत्र (चश्मा) बेचनेवाला ।

Optics-ऑप्'-टिक्स् - *n.* the science of light or sight प्रकाश या दृष्टि-विज्ञान ।

Optimacy-ऑप्'-टिम्-ऑस्-सि-*n.* the nobility. कुलीन लोग, शिष्ट जन ।

Optimism-ऑप्-टिम्-इज़्म्-*n.* the doctrine that good ultimately prevails over evil, a hopeful view of things. उत्तमता का सिद्धान्त, आशावाद ।

Optimist-ऑप्'-टिम्-इस्ट्-*n.* one who thinks that all is for the best. उत्तमता के सिद्धान्त-वाला, आशावादी ।

Optimistic-ऑप्'-टिम्-इस्ट्-इक्-*adj.* pertaining to optimism. उत्तमता के सिद्धान्त का; **Optimistically** (-अ-लि)-*adv.* in an optimistic manner. 'ईश्वर सब अच्छे के लिए करते हैं', ऐसी धारणा रखते हुए ।

Option-ऑप्'-शन्-*n.* choice, choosing, liberty to choose. रुचि, इच्छा, अभिलाषा; **Left to your option** (according to your wishes.) आपके इच्छानुसार, जैसी आपकी इच्छा ।

Optional-ऑप्शनल् -*adj.* according to your choice. ऐच्छिक, वैकल्पिक; **Optionally** (-अ-लि) -*adv.* in an optional manner. विकल्प से, इच्छानुसार ।

Optophone-ऑप्'-टॅ-फ़ोन्- *n.* an instrument for helping the blind to see objects. अन्धों को पदार्थ दिखलाने में सहायता देने का यन्त्र ।

Opulence-ऑप्'-युल्-ऍन्स् -*n.* wealth, riches. धन, विभव, ऐश्वर्य ।

Opulent-ऑप्' - युल् - ऍन्ट् - *adj.* wealthy, abundant, rich. धनिक, सम्पन्न, बहुधनी ;**Opulently** (-लि) - *adv.* richly, abundantly. ऐश्वर्य से सम्पन्नता से ।

Or-ऑर्-*conj & prep.* used for uniting two alternatives, each of the two, before. अथवा दो में एक, अन्यथा, पहिले; **Or else** (otherwise.) नहीं तो ।

Oracle-ऑर्'-ऍ-कुल्-*n.* a divine revelation, prophecy, mysterious advice, prophetic judgment. आकाशवाणी, भविष्यवाणी, विचित्र उपदेश, दैवी उपदेश ।

Oracular-ऑरॅ'-क्-युल-अर्-*adj.* like an oracle. देववाणी तुल्य; **Oracularity** (-इट्-इ)-*n.* the state of being oracular. देववाणीत्व; **Oracularly** (-लि)-*adv.* in the manner of an oracle. आकाशवाणी की रीति से ।

Oral-ओरल् - *adj.* relating to the mouth, spoken, verbal. मुख-सम्बन्धी, बोला हुआ, मौखिक; **Orally** (- लि) -*adv.* by word of mouth. वचन द्वारा, मुख द्वारा ।

Orange-ऑरन्ज्-*n.* a juicy sweet fruit. नारङ्गी, सन्तरा ।

Orangery-ऑरॅन्जरि -*n.* a garden of orange trees. नारंगी का बगीचा ।

Orangeade-ऑरॅन्जेड्-*n.* a drink made of orange juice. नारंगी का (क्षारीय) शर्बत; **Orange colour** (the colour of oranges.) नारङ्गी रङ्ग ।

Orang-outang - ऑर्-ऑङ्ग्'-उ - टॅङ्ग् -*n.* (also **Orang-utan**) a kind of large ape. एक प्रकार का बड़ा बन्दर ।

Orang-outang.

Orant-ऑ' - रॅन्ट् - *n.* worshipper. पूजक, पूजा करनेवाला ।

Orate-ओ'-रेट् - *v. t.* to make a speech. व्याख्यान देना।

Oration-ओ'-रेशन्-*n.* a formal speech, way of speaking. वक्तृता, व्याख्यान देने की विधि।

Orator-ऑ-रेटर्-*n.* (*fem.* Oratress-ट्रेस्) an eloquent speaker, a public speaker. सुवक्ता, व्याख्यान देनेवाला।

Oratorial-ऑ-रे-टोरिअल् - *adj.* pertaining to oratory. व्याख्यान-सम्बन्धी।

Oratorical-ऑ-रे'टोरिकल्-*adj.* rhetorical. अलङ्कारयुक्त; Oratorically (-अ-लि) - *adv.* in an oratorical manner. आलंकारिक रूप में।

Oratory-ऑ-रेट-रि--*n.* the art of speaking. वक्तृत्व-शक्ति।

Orb-ऑर्ब् -*n.* a sphere, heavenly body, the eye, the eye-ball. गोला (चक्र), मण्डल, आँख, आँख का तारा; -*v. t.* to form into a circle. मण्डल बनाना; Orbed (-ड्) -*adj.* having an orb. मण्डलाकार।

Orbicular-ऑर्बिक्युलर्-*adj.* circular, in the form of an orb. गोल, (मण्डलाकार) गोलाकार; Orbicularity (-इ-टि)-*n.* sphericity. गोलाई; Orbicularly (-लि) - *adv.* in a spherical manner. गोलाई से, गोलाकार रूप में।

Orbit-ऑर्बिट्-*n.* the path in which the heavenly bodies move, the socket of the eye. (कक्षा) ग्रहपथ, आँख का गड्ढा; Orbital (-अल्)-*adj.* pertaining to an orbit. ग्रह-पथ सम्बन्धी।

Orchard-ऑर्'-चर्ड-*n.* a garden of fruit trees. फल-वाटिका, फलों का बाग; Orchard-house-*n.* a green-house for the cultivation of fruit trees. फल के वृक्षों को उगाने का आच्छादित गृह; Orchardman (one who lays out a fruit garden.) फल-वाटिका लगानेवाला व्यक्ति।

Orchestic-ऑर्-केस्ट्'-इक् - *adj.* pertaining to dancing. नृत्य-सम्बन्धी; Orchestics (-स्) -*n.* the art of dancing. नृत्य विद्या, नाचने की कला।

Orchestra-ऑर्'-केस्ट्रा-*n.* the part of a theatre where concert is performed. बजानेवालों का (नाटक में) समूह, वादकवृन्द, थियेटर में उनके बैठने की जगह; Orchestral (-केस्ट्'रल्)-*adj.* pertaining to an orchestra. वादक वृन्दीय; Orchestrate (-स्ट्रेट्')-*v. t.* to compose for an orchestra. नाटक के लिये गायन बनाना।

Orchid-ऑर्'-किड्-*n.* a beautiful herb with showy flowers of various colours. रङ्ग-बिरङ्गे फूलों वाले विचित्र आकार के पौधे।

Orchitis-ऑर्काइटिस्-*n.* inflammation of the testicles. अंडकोष का शोथ।

Orchotomy-ऑर्-कॉट्-ऑम् - इ-*n.* castration. बधिया करने का कार्य।

Ordain-ऑर्-डेन्-*v. t.* to appoint, to destine. निर्दिष्ट करना, नियुक्त करना (प्रबन्ध करना)।

Ordainer-ऑर्-डेन्-अर्-*n.* one who ordains. संस्थापक।

Ordainment-ऑर्-डेन्'-मेन्ट्-*n.* order. आज्ञा।

Ordeal-ऑर्'-डि-अल्-*n.* a trial by fire or water, a severe test. अग्नि अथवा जल द्वारा निर्दोष सिद्ध करने की परीक्षा, कठिन परीक्षा।

Order-ऑर्डर्-*n.* class, arrangement, regularity, mandate, social rank, kind, rule, grade. वर्ग व्यवस्था, क्रम, आज्ञा, सामाजिक स्थिति, प्रकार, भेद, नियम, पद; -*v. t.* to arrange, to regulate, to conduct, to command, to manage. क्रम में रखना, व्यवस्था करना, आज्ञा देना, प्रबन्ध करना; In order that (so that.) ताकि; In order to (for the sake of.) वास्ते, लिये; Lower orders (people of lower rank.) नीच जाति के लोग; Made to order (prepared according to directions.) आज्ञानुसार बनाई हुई (वस्तु); Order ! Order ! (to conduct, to regulate.) नियम-विरुद्ध करने से रोकना।

Order-book-ऑर्' - डर् - बुक्-*n.* a book for entering the orders of customers. माँग की बही; Order of battle (arrangement of an army.) सैन्य-रचना; Order of the day (arranged order of business.) कार्य का व्यवस्थित क्रम; Out of order (irregular, improper.) अव्यवस्थित, अनुचित; To order about (to send on an errand.) सन्देश पर भेजना; To take order with (to arrange.) क्रम में रखना।

Orderliness-ऑर्'-डर्-लि - नेस्-*n.* regularity सद्व्यवहार।

Orderless-ऑर्'-डर्-लेस्-*adj.* irregular. क्रमहीन।

Orderly-ऑर्'-डर्-लि-*adj. adv. & n.* methodical, obedient to discipline, regular, a servant. क्रम के अनुसार, आज्ञाकारी, क्रम से, नियमित, सेवक, अर्दली।

Ordinal-ऑर्'-डि-नल् - *adj.* pertaining to the position of a thing in series. क्रमवाचक, क्रमसूचक; Ordinal numbers (numbers denoting order.) क्रमवाचक संख्या।

Ordinance - ऑर्डिनेंन्स्-*n.* decree, law, direction, established religious rites. विधि, नियम, मर्यादा (व्यवहार), धार्मिक अनुष्ठान, अध्यादेश।

Ordinarily-ऑर्डिनरिलि-*adv.* usually, according to established rules, regularly. साधारण रूप से।

Ordinariness-ऑर्डिनरिनेस् - *n.* the state of being ordinary. सामान्यता, साधारण रूप ।

Ordinary-ऑर्डिनरि - *adj.* regular, usual, normal, common, customary or common-place. प्रचलित, साधारण, सामान्य, यथाव्यवहार; -*n.* general situation. सामान्य स्थान ।

Ordinate-ऑर्'-डिन्-एट्-*n.& adj.* the chord of a circle, orderly. वृत्त का चाप, कर्ण, यथाक्रम, क्रमानुसार ।

Ordination-आर्डिनेशन्-*n.* arrangement, classification, act of appointment of a clergyman. विधान, वर्गीकरण, पादरी की नियुक्ति ।

Ordinee-ऑर्डिनी - *n.* a newly ordained clergyman. नया नियुक्त पादरी ।

Ordnance-ऑर्ड्- नॅन्स्-*n.* mounted guns, military stores. तोपखाना, युद्ध-सामग्री, फ़ौजी सामान ।

Ordure-ऑर्ड्'-यर्-*n.* dung, excrement, foul language. विष्ठा, मल,गन्दी भाषा, गाली-गलौज ।

Ore-ओर्-*n.* native mineral from which precious metals are extracted. बिना संस्कार की हुई (कच्ची) धातु ।

Oread-ओरिअड्-*n.* a mountain nymph. पहाड़ की अप्सरा या परी ।

Orectic-ऑर्-ऍक्'-टिक् - *adj.* pertaining to appetite or desire. भूख या इच्छा-सम्बन्धी ।

Orfe-ऑर्फ्-*n.* a kind of golden fish. एक प्रकार की सुनहली मछली ।

Organ-आर्गन्-*n.* a kind of musical instrument, part of the body adapted for special functions. बाजा, इन्द्रिय, शरीर का अंग; **Mouth organ** (a musical instrument played by the mouth.) मुख से बजाने का बाजा ।

Organless-ऑर्गन्-लॅस्-*adj.* destitute of organs. बिना इन्द्रिय या अंग का ।

Organdie-ऑर्' - गन् - डि-*n.* a kind of fine muslin. एक प्रकार का पतला मलमल, अरगन्डी ।

Organic-ऑर्-गॅन्'-इक्-*adj.* pertaining to organs, vital, constitutional, systematic. इन्द्रिय-सम्बन्धी, मार्मिक, क्रमिक, चेतनायुक्त; **Organic Chemistry** (Chemistry of living organisms.) जीवित पदार्थों का रसायनशास्त्र ।

Organically-ऑर्-गॅन्'-इक्-अल्-लि-*adv.* in an organic manner, by means of organs. क्रमिक रूप से, इन्द्रियों द्वारा ।

Organism-ऑर्गनिज़्म्-*n.* organized structure with independent parts serving for the well-being of the entire life, a living animal or plant. जीवधारी रचना, जीवित प्राणी या पौधा ।

Organist-आर्गनिस्ट-*n.* a player on the organ. अर्गन या बाजा बजानेवाला मनुष्य ।

Organizable-ऑर्गनाइज़ेबॅल्-*adj.* able to be organized. संगठन करने योग्य ।

Organization-ऑर्गनाइज़ेशन्-*n.* act of organizing, organic structure. निर्माण, सृष्टि, बनावट, संगठन ।

Organize-ऑर्गनाइज़्-*v. t.* to make into a living being, to furnish with organs. इन्द्रिययुक्त करना, संगठन करना, बनाना; **Organizer** (-अर्) -*n.* one who organizes. व्यवस्था करनेवाला ।

Organon, Organum-ऑर्गनॅन् (-नम्) - *ns.* an intsrument of thought, a treatise on logic. विचारशैली, तर्कविधि ।

Orgasm-ऑर्गॅज़्म् - *n.* violent excitement. आवेग (तीव्र उत्साह), क्षोभ ।

Orgastic-ऑर्गॅस्टिक-*adj.* pertaining to orgasm. आवेग-सम्बन्धी ।

Orgy-ऑर्जि-*n.* (*pl.* **Orgies.**) licentious revelry by night. रात्रि-उत्सव, आमोद-प्रमोद ।

Oriel-ओरिअल्-*n.* a large projecting window. दीवार से बाहरी ओर बनी हुई बड़ी खिड़की ।

Orient-ओर्'-इ-ऍन्ट्-*n.* the eastern part of the sky. पूर्व दिशा;-*adj.* lustrous, precious. (उज्ज्वल) चमकता हुआ, बहुमूल्य ।

Oriental-ओरिऍण्टल्-*adj.* pertaining to the east or its people, old. पूर्वदेशीय, प्राचीन; **Orientalism** (-इज़्म्)-*n.* doctrines of the east. प्राचीनता, पूर्वदेशीयता; **Orientalist** (-इस्ट्)-*n.* one who is versed in the eastern languages. पूर्वदेशीय भाषाओं का जाननेवाला; **Orientalize** (- आइज़्)- *v. t.* to render oriental. पूर्वदेशीयत्व लाना ।

Orientally-ओरिऍण्टलि-*adv.* in an oriental manner. प्राचीनता से ।

Orientate-ओरिऍण्टेट्-*v.t.* to turn to the east. (गृह इत्यादि को) पूरब की ओर बनाना; **Orientation** (-ए'-शन्)-*n.* eastward position. (इस प्रकार की) पूर्वीय स्थिति ।

Orifice-ऑरिफ़िस्-*n.* an opening or mouth of a tube, an aperture, vent. नली का छिद्र, द्वार, मार्ग ।

Origanum-ऑरिगेनम्-*n.* a kind of flowering shrub. एक फूलवाला पौधा ।

Origin-ऑरिजिन् *n.* beginning, root, source, cause. आरम्भ, उद्गम (उत्पत्ति-स्थान), आदि कारण (हेतु), मूल ।

Original-ऑरिजिनल्-*adj.* primitive, first in

order, having power to originate, not copied, inventive. मौलिक, प्रथम, उत्पत्ति करने की शक्ति का, अनुकरण न किया हुआ, काल्पनिक; -*n* origin, that from which anything is copied. मूल, मूल-लेख ।

Originality-ऑरिजिनीलिटि - *n.* the state of being original. अपूर्व रचना-शक्ति, मौलिकता ।

Originally-ऑरिजिनलि - *adv.* in an original manner. पहिले से, मौलिक रूप से ।

Originate-ऍरिजिनेंट्-*v. t. & i.* to cause to begin, to bring into existence. उत्पन्न (निर्माण) करना, प्रारम्भ होना ।

Origination-ऍ-रिज्'-इन्-ए'-शन्-*n.* first production. प्रारम्भ, आदि रचना ।

Originative-ऍरिजिनें टिव् - *adj.* having the power to originate. उत्पन्न करनेवाला ।

Originator-ऍरिजिनेंटर् - *n.* one who originates. उत्पादक, उत्पन्न करनेवाला ।

Oriole-ओरिऑल् - *n.* a bird with black and yellow plumes. एक प्रकार का काले पीले परों वाला विलायती पक्षी ।

Orion-ऍरिॲन् - *n.* a constellation. मृगशिरा नक्षत्र ।

Orison-ऑरिज़न्-*n.* a prayer of supplication. प्रार्थना, स्तुति, उपासना ।

Orleans-ऑर्लिअंन्ज़्-*n.* a kind of plum. एक प्रकार का बेर ।

Orlop-ऑर्'-लॅप्-*n.* the lowest deck of a ship. जहाज़ की सबसे नीची छत ।

Ormolu-ऑर्-मॅ'-लू-*n.* a gold coloured alloy. ताँबा, जस्ता, राँगा इत्यादि के मेल से सुनहले रंग की बनी हुई धातु ।

Ornament-ऑर्न-मॅन्ट्-*n.* a thing used for decoration, embellishment. अलङ्कार, आभूषण, शृङ्गार;-*v. t.* to adorn, to beautify. अलंकृत करना, सुशोभित करना, सजाना ।

Ornamental- ऑर्नमॅन्टल् - *adj.* serving to adorn. विभूषक, शोभाकर ।

Ornamentalism-ऑर्नमॅन्टलिज़्म्-*n.* beautifying. अलंकरण, सुशोभन ।

Ornamentalist-ऑर्नमॅन्टलिस्ट् - *n.* one who beautifies. सुशोभित करनेवाला ।

Ornamentally-ऑर्नमॅन्टलि-*adv.* in a decorative manner. सजाते हुए ।

Ornamentation-ऑर्नमॅन्टेशन्-*n.* that which ornaments, decoration. शृङ्गार, सजावट ।

Ornate-ऑर्'नेट् - *adj.* elaborately adorned, beautified. अलंकारों से विभूषित, सुशोभित; **Ornately** (-लि) - *adv.* in an ornate style. शोभापूर्वक ; **Ornateness** (-नॅस्)-*n.* the state of being ornate. शृङ्गार, शोभा ।

Ornithologist-ऑर्निथॅलॅजिस्ट् - *n.* one who is skilled in ornithology. पक्षी-विद्या जाननेवाला, इस विद्या में निपुण ।

Ornithology-ऑर्नि-थॅ'-लॅ-जि -*n.* the science of birds. पक्षी विद्या ।

Orographical-see **Orography.**

Orography-ॲ-रॅ'-ग्रॅफ़ि, **Oreography** (ऍरिॲग्रॅफ़ि) - *ns.* physical geography which treats of mountains. प्राकृतिक भूगोल विद्या का वह भाग जिसमें पर्वतों का वर्णन होता है; **Orographical** (-इक्-अल्) -*adj.* pertaining to orography. पर्वतों के भूगोल से सम्बन्धित ।

Orotund-ओ'-रो-टण्ड् - *adj.* imposing, pompous. प्रभावशाली, रोबदार ।

Orphan-ऑर्फ़न्-*n.* (*common gender.*) a child bereft of father and mother. मातृ-पितृहीन बालक, अनाथ ।

Orphanage-ऑर्फ़नेज् - *n.* an asylum for orphans. अनाथालय ।

Orphanhood-ऑर्फ़न्-हुड्-*n.* orphanage. मातृ-पितृहीनता ।

Orphanize-ऑर्फ़नाइज़्-*v. t.* to make an orphan. अनाथ करना ।

Orphic-ऑर्'-फ़िक् - *adj.* melodious. सुरीला, मुग्ध करनेवाला ।

Orpiment-ऑर्'-पि-मॅन्ट्-*n.* a yellow mineral, trisulphide of arsenic. हरताल ।

Orrery-ऑररि-*n.* a working model of the planetary system. ग्रह-मण्डल की प्रत्यक्ष गति दिखलाने का पेंचदार यन्त्र ।

Orris-ऑर्'-रिस्-*n.* a kind of plant. एक प्रकार की वनस्पति; **Orris-root** शतपर्णी, बच ।

Ort-ऑर्ट् - *n.* refuse, fragment, leavings. उच्छिष्ट, जूठन, अंश, टुकड़ा ।

Ortho-ऑर्'-थॅ-*pref.* in sense of "straight", "right", "correct." 'सीधा', 'शुद्ध', 'सही' अर्थसूचक उपसर्ग ।

Orthochromatic-ऑर्थॅक्रॅमॅटिक् - *adj.* giving correct intensity to colours. (फ़ोटो में) भिन्न-भिन्न रंगों की यथार्थ छाया लानेवाला ।

Orthodox-ऑर्'-थॉ-डॉक्स्-*adj.* holding correct opinions on religious beliefs. शास्त्रानुसारी, सत्यधर्मावलम्बी; **Orthodoxly** (-लि) - *adv.* consistent with orthodoxy. सत्यधर्मानुसार; **Orthodoxy** (-इ) -*n.* accepted doctrines. धर्मपरायणता ।

Orthoepy-ऑर्-थो'-इप्'- इ - *n.* the science of correct pronunciation. शुद्ध उच्चारण सिखलाने की विद्या; **Orthoepist** (-इस्ट्)-*n.* one

skilled in orthoepy. शुद्ध उच्चारण करनेवाला।

Orthogonal-ऑ-र्-थॅ'-गॅ-नल्-*adj* right-angled. समकोणाकार।

Orthographical-ऑर्-थॅ-ग्रॅफ्-इक्-अल् - *adj.* pertaining to orthography. वर्ण-विन्यास-सम्बन्धी; **Orthographically** (-लि)-*adv.* in an orthographical manner. वर्ण-विन्यास सम्बन्ध के अनुसार।

Orthography-ऑर्-थॅ-ग्रॅफि - *n.* the part of grammar which treats of letters and the correct way of spelling. व्याकरण का वर्ण-विचार भाग।

Orthoptic-ऑर्-थॉप्'-टिक् - *adj.* of correct seeing. ठीक-ठीक देखने के सम्बन्ध का।

Ortolan-ऑर्-टॅ-लन्-*n.* a small garden bird. बगीचों में चरनेवाला एक छोटा पक्षी, बगेरी।

Oryx-ऑ-रिक्स-*n.* a straight-horned African antelope. अफ्रीका देश का सीधे सींग का हिरन।

Osborne-ऑज़्'-बोर्न्-*n.* a kind of sweet biscuit. एक प्रकार का मीठा बिस्कुट।

Oscillate-ऑसिलेट्-*v. i. & t.* to swing, to move to and fro, to vibrate. झूलना, इधर-उधर चलना, हिलना या काँपना।

Oscillation-ऑसिलेशन्-*n.* vibration. आन्दोलन, कम्पन (हलकोरा)।

Oscillating-ऑसिलेटिङ्ग्-*n.* moving to and fro. इधर-उधर हिलता हुआ।

Oscillator-ऑसिलेटर्-*n.* a machine that produces oscillation. स्फुरण उत्पन्न करनेवाला यन्त्र।

Oscillatory-ऑसिलेटॅरि-*adj.* vibrating. झकोरा करनेवाला, झूलता हुआ।

Oscitant-ऑसिटण्ट् *adj.* yawning, sleeping. जँभाई लेता हुआ, निद्रालु।

Oscitate-ऑ-सिट्-टेट्-*v. i.* to yawn. जँभाई लेना।

Oscitation-ऑ-सि-टे'-शन्-*n.* yawning. जँभाई, तन्द्रा, सुस्ती।

Oscular-ऑस्-क्युलर्'-*adj.* of the mouth, of kissing. मुख का, चुम्बन का।

Osculate-ऑस्'-क्युलेट् - *v. t. & i.* to salute with a kiss. चुम्बन से अभिवादन करना।

Osculation-ऑस-क्यु-लेशन्-*n.* a kiss. चुम्बन।

Osier-ओ'-जिअर्-*n.* a kind of water-willow whose twigs are used in basket-making. जलबेंत जो टोकरी बनाने के काम आती है।

osis-अ-सिस्-*suf.* used in names of disease &c. प्रत्यय जो रोगों के नाम में लगाया जाता है।

Osmic--*adj.* see **Osmium.**

Osmium-ऑस्-मि-अम्-*n.* a kind of metal. (प्लैटिनम जाति की) एक धातु; **Osmic** (-मिक्) -*adj.* pertaining to osmium. प्लैटिनम धातु-सम्बन्धी।

Osmose, Osmosis-ऑस्'-मोस् (-इस्)-*ns.* an intermixture of fluids separated by a porous wall. सछिद्र पट द्वारा पृथक् दो तरल पदार्थों का रसकर सम्मिश्रण, रसाकर्षण।

Osprey-ऑस्-प्रे-*n.* (*pl.* **Ospreys.**) the fishing eagle.कुररी, एक प्रकार का मछली खानेवाला पक्षी।

Osseous-ऑसिअस् **Ossiferous** (-सिफ़्' - अर्-अस्) -*adjs.* consisting of bones. अस्थिमय, हड्डी-सम्बन्धी।

Ossicle-ऑस्-सि-कल्-*n.* a small bone. अस्थिक, छोटी हड्डी।

Ossific-ऑ-सिफ्'-इक्-*adj.* having power to ossify. हड्डी बनाने की शक्तिवाला।

Ossification-ऑसिफ़िकेशन्-*n.* the process of being changed into bones. हड्डी बनने की क्रिया।

Ossify-ऑ-सि-फ़ाइ-*v. i. & t.* (*p. t.* **Ossified.**) to turn to bone, to make rigid. हड्डी बनाना या बन जाना, कड़ा हो जाना।

Ossuary-ऑस्'-यु-अ-रि-*n.* a place for keeping the bones of the dead. मुर्दे की हड्डी रखने का स्थान।

Ostensible-ऑस्-टेन्' - सि - बल - *adj.* showy, manifest, not concealed. प्रकट, प्रत्यक्ष, प्रसिद्ध, सुप्रकाशित; **Ostensibly** (-सिब्-लि)-*adv.* in a professed manner. प्रकट रूप से।

Ostensive-ऑस्-टेन्'-सिव्-*adj.* showy. स्पष्ट, दिखाऊ।

Ostentation-ऑस्-टेन्-टे-शन्-*n.* a pretentious show, display. आडम्बर, दिखाव।

Ostentatious-ऑस्-टेन्-टे-शस्-*adj.* fond of show. आडम्बरी; **Ostentatiously** (-लि)-*adv.* with vain display. व्यर्थ दिखावे के साथ, आडंबर से।

Osteography - ऑस्टिऑग्रॅफि - *n.* scientific description of the bones. हड्डियों का वैज्ञानिक वर्णन।

Osteology-ऑस्टिऑलॅ-जि -*n.* anatomy of the bones. हड्डियों की रचना इत्यादि का वर्णन।

Osteopathist-ऑस्टिऑपॅथिस्ट्-*n.* a bone-setter. हड्डी बैठानेवाला।

Osteotomy-ऑस्टिऑ-टॅ-मि-*n.* a disection of bones. हड्डियों की चीर-फाड़।

Ostitis-ऑस्-टाइ'-टिस्-*n.* inflammation of the bones. हड्डियों की सूजन।

Ostler-ऑस्लर्-*n.* a stableman. सईस।

Ostracism-ऑस्'-ट्र - सिज़्म् - *n.* banishment,

expulsion from society देशनिकाला, जाति-बहिष्कार।

Ostracize-ऑस्-ट्र-साइज़्-*v. t.* to expel from society, to banish by a popular vote. जाति से बाहर करना, बहिष्कृत करना।

Ostrich-ऑस्-ट्रिच्-*n.* a large swift-running bird whose tail and feathers are valued as ornaments. शुतुरमुर्ग; **Ostrich policy** (self-deluding method.) आत्मवञ्चना करनेवाली नीति।


Ostrich.

Otalgia-ऑ-टॅल्'- जि-ऑ *-n.* earache. कर्णशूल, कान का दर्द।

Other-अद्'-अर्-*adj. & pron.* not the same, distinct in kind, different from, opposite. अन्य, दूसरा, भिन्न, विपरीत; **Every other day** (on alternate days.) एक-एक दिन का अंतरा देकर; **On the other hand** (in addition to this.) इसके अतिरिक्त; **One or the other** (one of the two.) एक न एक; **Some one or other** (some individual.) कोई न कोई; **Some time or other** (some day.) कभी-कभी; **The other world** (the world after death.) परलोक।

Otherness-अद्'-अर्-नॅस्-*n.* the state of being other. परायापन।

Otherwise-अद्'- अर्- वाइज़्-*adv.* in another manner. दूसरे प्रकार से, अन्यथा, नहीं तो।

Otiose-ओ'-शि-ओस्-*adj.* impractical, lazy, futile. अव्यावहारिक, निरर्थक, सुस्त।

Otiosely-ओ'-शि-ओस्-लि-*adv.* lazily, in an idle manner. सुस्ती से।

Otitis-ऑ-टाइ-टिस् - *n.* inflammation of the ear. कान की सूजन।

Otology-ऑ-टॅ-लॅ'-जि *-n.* the science of the ear. कान (के रोगों) का शास्त्र।

Otoscope-ओ'-टॉ-स्कोप्-*n.* an instrument for examining the ear. कान के भीतरी भाग की परीक्षा करने का यन्त्र।

Otter-ऑ-टर् - *n.* a fish-eating mammal. जलमार्जार, ऊदबिलाव।

Otto-ऑ-टॅ-*n.* perfume. इत्र; **Otto of roses.** (rose-scent.) गुलाब का इत्र।

Ottoman-ऑ-टॅ-मन् *-adj.* pertaining to the Turkish Empire. तुर्की साम्राज्य से सम्बन्धित; *-n* a Turk of Turkey, a low cushioned bench without a back. टर्की का तुर्क, चौनी पट्टीदार बेंच जिसमें पीठ का सहारा देने का प्रबन्ध नहीं रहता।

Oubliette-ऊब्'-लि-ऍट्-*n.* a secret dungeon. गुप्त गुफा, गुप्त बन्दीगृह (जिसमें ऊपर से आने-जाने का मार्ग हो)।

Ouch-आउच्-*n.* a socket for the setting of gems. नगीने के जड़ाव का छिद्र।

Ought-ऑट्-*v.aux.* used in the force of expressing duty, to be morally necessary, should. चाहिये, योग्य है, उचित होना।

Ounce-आउन्स्-*n.* a weight 1/12th of a pound in Troy weight and 1/16th in Avoirdupois, a mountain panther. आधी छटाँक के लगभग की अंग्रेज़ी तौल, पहाड़ी तेंदुआ।

Our-अवर्-*adj.* belonging to us. हम लोगों का; **Ours** (अवर्ज़्)-*pron.* हम लोगों का; **Ourself** (-सॅल्फ़्)-*pron.*(*pl.* **Ourselves.**) हम लोग स्वयं।

-ous-अस् - a *suf.* for forming adjectives. विशेषण के रूप बनाने का प्रत्यय।

Ousel-ऊ'-ज़ल्-*n.* a black bird. भुजंगा।

Oust-आउस्ट्-*v. t.* to eject, to deprive of possession, to drive out. निकालना (हटाना), अधिकार छीन लेना, बाहर करना।

Ouster-आउस्ट्'-अर्-*n.* dispossession. बहिष्कार, बेदखली।

Out-आउट्-*adv. & prep.* without, away from, not at home, at a distance, not in fashion, in a state of disclosure, no longer in possession, to the end, loudly, in an error. बाहर, दूर, घर में नहीं, दूरी पर, अप्रचलित, प्रकट, अब अधिकार में नहीं, जोर से, अशुद्धि में; **Hear me out** (hear me up to the end.) अन्त तक मेरी बात सुनिये; **Murder will out** (murder will be exposed.) हत्या का पता चल जायगा; **Out and out** (completely, thoroughly.) पूर्णरूप से; **Out of breath** (panting.) हाँफता हुआ; **Out of curiosity** (with astonishment.) आश्चर्य से; **Out of doors** (in an open place.) खुले मैदान में; **Out of doubt** (certainly.) निःसन्देह; **Out of fashion** (against current usage.) लोकाचार के विरुद्ध; **Out of hand** (immediately.) तुरन्त; **Out of order** (against the rule.) विधि-विरुद्ध; **Out of hope** (hopeless. निराश; **Out of place** (improper.) अनुचित;) **Out of reach** (unattainable.) पहुँच के बाहर; **Out of the road** (leaving off the right path.) ठीक मार्ग त्यागते हुए; **Out of the way** *-adj.* uncommon, unusual. असामान्य; **Out of tune** (not in harmony.) बेसुरा; **Out upon the thief** (remove the thief.) चोर को दूर करो; **Out with** (not in terms of intimacy.) मित्र-

भाव न रखता हुआ ; **Out with him** (turn him out.) उसको निकाल दो; **The fire is out** (the fire is extinguished.) आग बुझ गई ; **The miners are out** (the miners are not doing their work.) खानवाले काम नहीं करते हैं ; **The secret is out** (the secret is exposed.) रहस्य खुल गया ; **To be out** (to be published.) प्रकाशित होना ; **To outnumber** (to exceed in number.) संख्या में अधिक होना ।

Outask-आउट्'-आस्क्'-*v. t.* to ask or to proclaim, to be married in church for the last time. गिरिजाघर में विवाह होने की आखिरी घोषणा करना ।

Outbalance-आउट्-बॅल्'ऑन्स्-*v. t.* to exceed in effect, to outweigh. प्रभाव में अधिक होना, तौल में चढ़ना ।

Outbargain-आउट्'-बार्'-गेन-*v.t.* to get better in bargain. बेचा-बिक्री (व्यवसाय) में लाभ उठाना ।

Outbid-आउट्-बिड्'-*v. t.* (*p. t.* **Outbid,** *p. p.* **Outbidden.**) to offer a higher price. अधिक मूल्य लगाना ।

Outbluster-आउट्-ब्लस्'-टर्-*v.t.* to exceed in blustering. अधिक श्लाघा करना, बड़ी शेखी करना ।

Outboard-आउट्'-बोर्ड्-*adj* beyond the side of a ship. जहाज़ के किनारे से दूर पर का ।

Outbound-आउट्'-बाउन्ड्-*adj.* proceeding to a distant port. विदेश जानेवाला ।

Outbrag-आउट्-ब्रॅग्'-*v.t.* (*p.t.* **Outbragged.**) to exceed in bragging, to surpass in beauty. अधिक श्लाघा (शेखी) करना, सुन्दरता में बढ़ना ।

Outbreak-आउट्-ब्रॅक्-*n.* an eruption, a disturbance of peace. उद्वेग, विस्फोट, हुल्लड़, बलवा ।

Outbreaker-आउट्' - ब्रॅक् - अर् - *n.* a wave dashing against the shore. किनारे पर टकरानेवाली लहर ।

Outbuilding-आउट्'-बिल्ड्-इङ्ग् -*n.* an outhouse. बाहरी घर या मकान।

Outburn-आउट्-बर्न्-*v. t.* to burn with excess. तीव्रता से जलना ।

Outburst-आउट्'-बर्स्ट्-*n.* a bursting forth, explosion. धड़ाका, विस्फोट ।

Outcast-आउट्'-कास्ट्-*adj.* exiled, rejected. निर्वासित, परित्यक्त; -*n.* a vagabond, an exile. बहेतुआ, निकलुआ, निर्वासित व्यक्ति ।

Outcaste-आउट्'-कास्ट् - *adj.* expelled from caste. जाति से बाहर निकाला हुआ, अजाती ।

Outclass-आउट्-क्लास्'-*v. t.* to excel. बढ़कर होना, बढ़ जाना ।

Outcome-आउट् -कम्-*n.* consequence, result. परिणाम, फल ।

Outcrop-आउट्'-क्रॉप्-*n.* the part of a layer which comes at the surface of the ground. भूमि की वह तह जो ऊपर की ओर से निकल आती है ।

Outcry-आउट्'-क्राइ-*n.* a cry of distress, a confused din. कोलाहल, पीड़ा का शब्द ।

Outdare-आउट्-डेॅअर्'-*v. t.* to surpass in daring, to defy. साहस में बढ़ जाना, ललकारना ।

Outdistance-आउट्-डिस्-टन्स्' - *v. t.* to get ahead of. आगे बढ़ जाना ।

Outdo-आउट्-डू' -*v. t.* (*p. t.* **Outdid,** *p. p.* **Outdone.**) excel, to surpass. अतिक्रम करना, बढ़ना ।

Outdoor-आउट्'-डोर्-*adj.* done in the open air, outside the house. घर के बाहर किया हुआ, खुले मैदान का ।

Outer-आउट्'-अर्-*adj.*(*comp.* of **Out.**)exterior. बाहरी ।

Outermost-आउट्' - अर् - मोस्ट्-*adj.* (*sup.* of **Out.**) farthest out. सबसे बाहरी ।

Outface-आउट्-फ़ेस्'-*v. i.* to stare down, to confront boldly. आँखें गड़ाकर नीचा दिखाना, साहस से मुकाबला करना ।

Outfall-आउट्-फ़ॉल्-*n.* the mouth of a river. नदी का मुहाना ।

Outfit-आउट्'फ़िट्-*n.* things required for a journey, equipment. यात्रा-सामग्री, (उपकरण) सामान; -*v. t.* (*p. t.* **Outfitted.**) to equip. तैयारी करना, सजाना ।

Outfitter-आउट्-फ़िट्' - अर्-*n.* one who provides outfits. सामग्री इकट्ठा करनेवाला मनुष्य ।

Outflow-आउट्-फ़्लो'-*v. i.* to flow out. बाहर को बहना;-*n.* a flowing out, outlet, efflux, issue. बाहर की ओर बहाव, परिणाम ।

Outfly-आउट्-फ़्लाइ'-*v. t.* (*p.t.* **Outflew,** *p.p.* **Outflown.**) to surpass in flying. उड़ने में बढ़ जाना ।

Outfool-आउट्-फ़ूल्'-*v. t.* to exceed in foolishness. मूर्खता में बढ़ना ।

Outgate-आउट्'-गेट्-*n.* a passage for going out. बाहर जाने का मार्ग ।

Outgaze-आउट्'-गेज़्-*v. t.* to gaze farther. अधिक दूर तक देखना ।

Outgeneral-आउट्-जेनरल्-*v. t.* to excel in generalship. सेनापति के कार्य में अधिक कुशल होना ।

Outgive-आउट्-गिव्'-*v.t.* (*p.t.* **Outgave,** *p. p* **Outgiven.**) to excel in liberality. उदारता में बढ़ जाना ।

Outgo-आउट्-गो'-*v. i. & n.* (*p. t.* **Outwent,** *p. p.* **Outgone.**) to advance before, to surpass. आगे को बढ़ना, उच्च होना, मात करना;-*n.* expenditure. व्यय।

Outgoing-आउट्-गो'-इङ्ग्-*n.* a going out, an expenditure, extreme limit. बाहर जाना, व्यय, अन्तिम सीमा।

Outgrow-आउट्-ग्रो'- *v. t.* (*p. t.* **Outgrew,** *p. p.* **Outgrown.**) to surpass in growing. अधिक बढ़ जाना, फूट पड़ना।

Outgrowth-आउट्'-ग्रोथ्-*n.* that which springs out of some other thing. अतिवृद्धि।

Outguard-आउट्'-गार्ड् - *n.* guarding at a distance. दूर से रक्षा कार्य।

Out-Herod-आउट्'-ह्-रड्-*v.t.* to excel (Herod) in cruelty. निर्दयता में (हेरड से) बढ़ जाना।

Outhouse-आउट्'-हाउस्-*n.* a building outside the main house. घर के बाहर का छोटा मकान।

Outing-आउट्'-इङ्ग्-*n.* an excursion. (वायु-सेवन के लिये) घर के बाहर सैर या पर्यटन।

Outland-आउट्'लैन्ड् - *n.* land beyond the limits of cultivation. खेती के बाहर की भूमि।

Outlander-आउट्-लैन्ड्' - अर् - *n.* an alien. परदेशी मनुष्य।

Outlandish-आउट्-लैन्ड् - इश् -*adj.* foreign, strange, rustic, rude, vulgar. विदेशी, देहाती, विलक्षण, अशिष्ट, असभ्य।

Outlast-आउट्-लास्ट्'-*v. t.* to last longer than. अधिक काल तक ठहरना या टिकना या चलना।

Outlaw-आउट्'-लॉ-*n.* a person deprived of the protection of law, a bandit. न्याय की रक्षा से बहिष्कृत या वंचित मनुष्य, दस्यु, डाकू; -*v. t.* to deprive of legal benefits. न्यायरक्षा से रहित करना; **Outlawry** (-रि)- *n.* the state of being an outlaw. न्यायविरुद्ध आचरण, कानून की रक्षा से बाहर रहने की स्थिति।

Outlay-आउट्'-ले-*n.* expenditure. व्यय, खर्च।

Outleap-आउट्'-लीप्'-*v. t.* (*p. t.* **Outleaped,** *p. p.* **Outleapt.**) to leap beyond. आगे को कूदना।

Outlet-आउट्' -लेट्-*n.* a passage outward, exit. द्वार, निर्गमस्थान, निकास।

Outlie-आउट्-लाइ'-*v. i.* (*p. t.* **Outlay,** *p. p.* **Outlain.**) to live in the open air. खुले मैदान में रहना।

Outline-आउट्'-लाइन्-*n.* the outer line of any figure, a draft, general sketch. बाहरी रूप-रेखा, आकारमात्र, (स्थूल वर्णन) रेखाचित्र, खाका; -*v. t.* to make a sketch. खाका या रेखाचित्र बनाना।

Outlive-आउट्-लिव्'-*v. t.* to survive, to live longer than. अधिक जीना या ठहरना; **Outliver** (-अर्)-*n.* a survivor. अधिक काल तक जीनेवाला।

Outlook-आउट्'-लुक्-*n.* a vigilant watch, a prospect, view-point. सावधानी के साथ निरीक्षण, विचार, दृष्टिकोण, चौकसी, रक्षा;-*v. t.* (-लुक्') to face down. वीरता से सामना करना।

Outlustre-आउट्-लस्'-टर्-*v. t.* to exceed in brightness. चमक में बढ़ना।

Outlying-आउट्'-ला - इङ्ग्- *adj.* lying at a distance, remote. सीमा के बाहर का, दूर का।

Outmen-आउट्-मॅन्'-*v. t.* to outnumber in men. मनुष्य-संख्या में बढ़ना।

Outmarch-आउट्-मार्च'-*v.t.* to march further. आगे बढ़ना।

Outmeasure-आउट्'-मॅझ़र्-*v. t.* to excel or exceed in extent. विस्तार (फैलावट) में बढ़ना।

Outmost-आउट्' - मोस्ट् -*adj.* utmost. सबसे बढ़कर।

Outmove-आउट्-मूव्' - *v. t.* to move faster than. अधिक तेजी से चलना।

Outname-आउट्-नेम्'-*v. t.* to surpass in reputation. यश में बढ़ जाना।

Outness-आउट्'-नॅस्-*n.* the state of being outside. बाहरीपन।

Outnumber-आउट्-नम्'-बर्-*v. t.* to exceed in number. संख्या में बढ़ना।

Outpace-आउट्-पेस्-*v. t.* to walk faster than. तेज़ दौड़ना।

Outpart-आउट्'-पार्ट्-*n.* a part remote from the centre. केन्द्र (मध्यभाग) से दूर पर का हिस्सा।

Out-patient-आउट्'-पे-शॅन्ट्-*n.* the patient of hospital who lives outside it. अस्पताल से बाहर रहनेवाला रोगी।

Outplay-आउट्-प्ले'-*v. t.* (*p. t.* **Outplayed**) to beat at a game. खेल में हराना।

Outpost-आउट्'-पोस्ट् *n.* a post away from the main body of an army. सेना से दूर पर की चौकी।

Outpour-आउट्-पोर्'-*v. t.* to pour in a stream. धारा में बहना, बरसना;- *n.* pouring out, a passionate or fluent utterance. उबाल, कामुकता-द्योतक या तीव्र बोली; **Outpourer** (-अर्)-*n.* one who outpours. बहानेवाला; **Outpouring** (-इङ्ग्)-*n.* an abundant effusion. गहरी वर्षा, अधिक बहाव।

Outpower-आउट्-पॉवर्-*v. t.* to excel in power. शक्ति में बढ़ना।

Output-आउट्'-पुट्-*n.* the quantity prepared

at a time, production जितना माल एक साथ तैयार हो, घानी।

Outrage-आउट्' - रेंज़्-*n.* excessive violence, waton, mischief, indignity, excessive abuse. बलात्कार, अत्याचार, उपद्रव, धिक्कार; -*v. t.* (आउट्-रेंज़्') to treat with violence, to rape. कलंकित करना, सतीत्व नष्ट करना।

Outrageous-आउट्- रेंज़्'- अस्-*adj.* furious, violent. निर्लज्ज, उपद्रवी; **Outrageously**(-लि) -*adv.* in an outrageous manner. अत्याचार-पूर्वक; **Outrageousness**(-नेंस्)-*n.* the quality of being outrageous. दारुणता, अत्याचार।

Outreach-आउट्-रीच्'-*v. t.* to reach beyond limit, to cheat. हद्द से बाहर जाना, छलना (धोखा देना)।

Outride-आउट्-राइड्'-*v. t.* to ride beyond. घुड़सवारी में आगे जाना; **Outrider** (-अर्)-*n.* a servant on horseback. आगे चलनेवाला घुड़सवार।

Outright-आउट्'-राइट्-*adv.* immediately, completely, at once. तत्क्षण, पूर्ण रूप से, सर्वथा, तुरंत।

Outrival-आउट्-राइ'-व़ल्-*v. t.* to surpass, to excel. श्रेष्ठ होना, बढ़ जाना।

Outroot-आउट्-रूट्'-*v. t.* to root out. जड़ से निकाल देना।

Outrun-आउट्-रन्'-*v. t.* (*p. t.* Outran.) to exceed in running, to escape by running. दौड़ने में बढ़ जाना, दौड़कर भाग जाना, निकल भागना।

Outsail-आउट्-सेल्-*v. t.* to leave behind in sailing. नाव चलाने में आगे बढ़ जाना।

Outscorn-आउट्-स्कॉर्न्'-*v. t.* to disregard, to despise. घृणा करना, तिरस्कार करना।

Outsell-आउट्-सेल्'- *v. t.* (*p. t.* Outsold.) to sell at a higher price, to exceed in the amount of sales. अधिक मूल्य पर बेचना, बिक्री में बढ़ जाना।

Outset-आउट्'-सेट्-*n.* the beginning. आरम्भ (उपक्रम)।

Outshine-आउट्-शाइन्'-*v. i.* to shine forth. चमकना; -*v. t.* to excel in shining. प्रकाश में बढ़ जाना।

Outside-आउट्-साइड्-*n.* the outer part. external part, the farthest limit. बाहरी भाग, बाह्य प्रदेश, सीमा; -*adj.* exterior. बाहरी सीमा पर का; -*adv* on the outside. बाहर की ओर।

Outsider-आउट्-साइड्'-अर् -*n.* an uninitiated person. परदेशी, किसी व्यवसाय या समाज में अप्रविष्ट मनुष्य।

Outsit-आउट्-सिट्'-*v. t.* to sit beyond time. समय के बाद ठहरना।

Outsize-आउट्'- साइज़् - *n.* beyond normal size. सामान्य नाप से बढ़कर।

Outskirt-आउट्'-स्कर्ट् - *n.* border, suburb. सीमाप्रान्त, सरहद।

Outspan-आउट्-स्पॅन्'-*v. t.* to unyoke oxen. बैलों को जुए से निकालना।

Outspeak-आउट्-स्पीक्'-*v. i.* (*p. t.* Outspoke, *p. p.* Outspoken.) to speak boldly, to say aloud, to speak more than. सही बात कहने का साहस रखना, ज़ोर से बोलना, अधिक बोलना।

Outspoken-आउट्-स्पोक्'-कन्-*adj.* frankly or boldly spoken, frank & bold in speech. स्पष्ट कहा हुआ, साहस के साथ स्पष्ट बोलनेवाला।

Outspent-आउट्'-स्पेन्ट्- *adj.* extremely tired. बहुत थका हुआ।

Outspread-आउट्-स्प्रेड्'-*v. t.* to spread out, to extend. छितराना, फैलाना।

Outstand-आउट्-स्टॅन्ड्'-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Outstood.) to withstand, to remain unpaid. प्रतिरोध करना, बाकी छोड़ रखना।

Outstanding-आउट्-स्टॅन्ड्'-इङ्ग्-*adj.* unpaid, prominent. न चुकाया हुआ, विशिष्ट।

Outstep-आउट्-स्टेप्'-*v. i.* (*p. t.* Outstepped. to step beyond. आगे को बढ़ना।

Outstretch-आउट्-स्ट्रेच्'-*v. t.* to spread out to extend. फैलाना, बढ़ाना (पसारना)।

Outstrike-आउट्-स्ट्राइक्'-*v. t.* (*p. t.* Outstruck.) to overpower by excessive beating. अधिक पीटकर अधीन करना।

Outstrip-आउट्-स्ट्रिप्'-*v. t.* (*p. t.* Outstripped.) to leave behind, to outrun. अतिक्रम करना (उल्लंघन करना), आगे बढ़ जाना।

Outswear-आउट्-स्वेअर्'-*v. t.*(*p. t.* Outswore. *p. p.* Outsworn.) to excel in swearing. शपथ लेने में बढ़ना।

Outtalk-आउट्-टॉक्'-*v. t.* to reduce to silence by talking. बातें करके चुप करा देना।

Outtop-आउट्-टॉप्'-*v. t.* (*p. t.* Outtopped.) to reach higher than, to excel. शिखर पर पहुँचना, श्रेष्ठता प्राप्त करना।

Outturn-आउट्' - टर्न् - *n.* output. (घानी) तैयार माल।

Outvalue-आउट्-व़ॅल्'यु - *v. t.* to exceed in value. मूल्य में बढ़ना।

Outvie-आउट्-व़ाइ'-*v. t.* to exceed, to surpass, बढ़ना, श्रेष्ठ होना।

Outvote-आउट्-व़ोट्'-*v. t.* to defeat by a great number of votes. अधिक वोट (राय) से हराना।

Outwalk-आउट्-वॉक्'-*v. t.* to walk faster than. अधिक तेज़ चलना।

Outwall-आउट्'-वॉल्-*n.* the exterior wall of a building. घर की बाहरी दीवार।

Outward-आउट्-वर्ड्-*adj.* external, exterior. बाहरी; *-adv.* towards the exterior, superficially. बाहरी ओर, अधिकतर; **Outwardly** (-लि)-*adv.* in appearance, externally. केवल आकृति में, बाहरी रूप में; **Outwardness** (-नेस्) -*n.* externality. बाहरीपन।

Outwatch-आउट्-वॉच्'-*v. t.* to watch longer than. अधिक पहरा देना।

Outwear-आउट्-वेअर्'-*v. t.* (*p. t.* **Outwore,** *p. p.* **Outworn.**) to last longer than, to spend tediously. अधिक समय तक पहिनना, कष्ट से व्यय करना।

Outweary-आउट्-वेअर्'-इ-*v. t.* to wear out completely. पूर्ण रूप से थका देना।

Outweigh-आउट् - वे' - *v. t.* to exceed in weight or importance. भार या महत्त्व में बढ़ना।

Outwind-आउट्-वाइन्ड्'-*v.t.*(*p.t.* **Outwond.** to unclose. बन्धन ढीला करना (लपेटना, हटाना)।

Outwit-आउट्-विट्'-*v. t.* (*p. t.* **Outwitted.**) to surpass in wit, to defeat by ingenuity. बुद्धि या चतुराई में बढ़ जाना, बुद्धि द्वारा पराजित करना।

Outwork-आउट्-वर्क्-*n.* work done out of doors. घर के बाहर किया हुआ कार्य;-*v. t.* to excel in doing work. काम करने में बढ़ जाना।

Ouzel-ऊज़्ल्-*n.* a kind of small bird. एक प्रकार की छोटी चिड़िया।

Ova-ओ'-व़ा-*n. pl.* of Ovum. eggs. अण्डे।

Oval-ओ'-व़ल्-*adj.* egg-shaped. अण्डाकार, अण्डे की आकृति का; **Ovally** (-लि)-*adv.* so as to be oval. अण्डाकार रूप में; **Ovalness** (-नेस्)-*n.* oval shape. अण्डाकार आकृति।

Ovarian-ओ-व़े-रिअन्-*adj.* belonging to ovary. अण्डाशय का या सम्बन्धी।

Ovarious-ओ-व़े-रि - अस् - *adj.* consisting of eggs. अण्डा धारण करनेवाला, अण्ड-धारी।

Ovary-ओ'-व़रि-*n.* (*pl.* **Ovaries.**) the reproductive organ in female bodies. अण्डाशय।

Ovate-ओ'-व़ेट्-*adj.*egg-shaped, oval. अण्डाकार।

Ovation-ओ'-व़े'-शन् - *n.* demonstration of popular applause. जयध्वनि, जयजयकार।

Oven-अव़न् - *n.* a receptacle for baking bread. चूल्हा, तन्दूर, भट्ठी।

Over-ओ -व़र्-*prep. & adv.* above, across, outward from brink, beyond, upside down, throughout, in excess, finished. ऊपर, आर-पार, किनारे से बाहर, आगे की ओर, उलटा हुआ, परिपूर्ण, अतिरिक्त, शेष, समाप्त; **All over India** (throughout India.) भारतवर्ष में सर्वत्र; **Over against** (in the opposite situation.) सम्मुख; **Over and above** (moreover, in addition to, besides.) अधिक, और भी, अतिरिक्त; **Over and over again** (repeatedly.) बारम्बार; **Over hand and ears** (completely.) पूर्ण रूप से; **Over our heads** (beyond our conception.) हम लोगों के विचार के बाहर; **The work is over** (the work is finished.) कार्य समाप्त हो गया।

Overact-ओ-व़र्-ऍक्ट्'-*v. t.* to act more than necessary. आवश्यकता से अधिक काम करना।

Overalls-ओ'-व़र्-ऑल्ज़्-*n. pl.* a protective garment worn over ordinary clothes. (कपड़े को मलिनता से बचानेवाला) ऊपरी ओढ़ना या वस्त्र।

Over-anxiety-see **Over-anxious.**

Over-anxious-ओ-व़र्-ऍङ्क्'-शस्-*adj.* anxious beyond limits. आवश्यकता से अधिक चिन्तित; **Over-anxiety**-ओ-व़र्-ऍङ्-ज़ी-ऍ-टि-*n.* anxiety beyond limits. असीम चिन्ता; **Over-anxiously** (- लि) - *adv.* very anxiously. बड़ी चिन्ता से।

Overarch-ओ-व़र्-आर्च्'-*v. t.* to arch over. ऊपर की ओर मेहराब बनाना (मेहराब से ढाँकना); -*v. i.* to hang over like an arch. मेहराब की तरह लटके रहना।

Overawe-ओ-व़र्-ऑ-*v. t. & i.* to terrify, to restrain by fear. डर दिखाना, डराना।

Overbalance-ओ-व़र्-बैल्'-ऑन्स्-*v. t.* to exceed in value, to weigh down. मूल्य में अधिक होना, अधिक भारी होना।

Overbear-ओ-व़र्-बेअर्'-*v. t.* (*p. t.* **Overbore,** *p. p.* **Overborne.**) to subdue, to overwhelm. वश में करना, दबाना।

Overbearing-ओ-व़र्-बेअर्-इङ्ग्-*adj.* haughty. अहंकारी, ढीठ; **Overbearingly** (-लि)-*adv.* in a haughty manner. धृष्टता से; **Overbearingness** (-नेस्)-*n.* the state of being haughty. उद्धतता, धृष्टता।

Overbid-ओ-व़र्-बिड्'-*v. t.* (*p. t.* **Overbade,** *p. p.* **Overbidden.**) to offer more than the value of. अधिक दाम लगाना।

Overblow-ओ-व़र्-ब्लो'-*v.t.* (*p. t.* **Overblew.**) to cover with flowers. फूलों से भरना;

Overblown (-न्)-*adj*. fading or withered. मुझाया हुआ।

Overboard-ओ'-व़र्-बोर्ड्-*adj*. out of a ship, over the board of a ship. जहाज़ के बाहर; जहाज की छत पर; Thrown overboard (separated.) बिछुड़ा हुआ।

Overbridge-ओ'-व़र्-ब्रिज्-*n*. a bridge over a road. सड़क के ऊपर का पुल।

Overbuild-ओ-व़र्-बिल्ड्'-*v.t*. to build beyond the demand. आवश्यकता से अधिक निर्माण करना।

Overburden-ओ-व़र्-बर्ड्न्-*v. t*. to burden to excess. अधिक लाद देना।

Overbusy-ओ'-व़र्-बि-ज़ि-*adj*. too officious. कार्य में अति लीन।

Over-capitalize-ओ-व़र्-कॅप्'-इट्-टल् - आइज़् -*v. t*. to increase the capital of company too much. किसी व्यावसायिक संघ का मूलधन बहुत अधिक बढ़ा देना।

Overcareful-ओ-व़र्-कॅअर्' - फ़ुल्-*adj*. exceedingly careful. आवश्यकता से अधिक सावधान।

Overcast-ओ-व़र्-कास्ट्'-*v. t. & i*. to cloud, to become dull. मेघ से आच्छादित करना, सुस्त होना; - *adj*. cloudy, dull. अन्धकारयुक्त, सुस्त।

Overcharge-ओ'-व़र्-चार्ज्-*v. t*. to load to excess, to charge a higher price. अधिक बोझ लादना, अधिक मूल्य लेना;-*n*. an excessive load, too great a charge. अधिक भार या महसूल।

Overcloud-ओ-व़र्-क्लाउड्'-*v. t*. to cause gloom or sorrow. अन्धकार या दुःख से आच्छादित करना।

Overcoat-ओ'-व़र्-कोट्-*n*. a coat worn on ordinary dress. वस्त्र के ऊपर पहिनने का बड़ा कोट या लबादा।

Overcold-ओ-व़र्-कोल्ड्-*adj*. cold to excess. बहुत ही ठण्ढा।

Overcome-ओ-व़र्-कम्'-*v.t. & i*.(*p. t*. Overcame, *p. p*. Overcome.) to be victorious. विजय प्राप्त करना जीतना।

Overcostly-ओ-व़र्-कॉस्ट्'-लि-*adj*. very costly. बहुत महँगा।

Overcover-ओ-व़र्-कव्'-अर्-*v. t*. to cover completely. भली भाँति ढाँकना।

Overcredulous-ओ-व़र्-क्रेड्'-यु-लस्-*adj*. too easily apt to believe. शीघ्र विश्वास करनेवाला।

Overcrowd-ओ-व़र्-क्राउड्'-*v. t*. to crowd to excess बड़ी भीड़ मचाना।

Overdate-ओ-व़र्-डेट्-*v. t*. to postdate. बाद की तारीख डालना।

Overdated-ओ-व़र्-डेट्-एड्-*adj*. postdated. बाद की मिति या तारीख डाला हुआ।

Overdo-ओ-व़र्-डू'-*v.t*. (*p. t*. Overdid, *p. p*. Overdone.) to overact, to do much, to carry too far, to harass, to fatigue, to excel. अधिक करना, अधिक दूर ले जाना, कष्ट देना, थका देना, बढ़ जाना।

Overdone-ओ-व़र्-डन्'-*adj*. cooked to excess, overcooked. आवश्यकता से अधिक पकाया हुआ।

Overdose-ओ'-व़र्-डोज़्-*n*. an excessive dose. (औषधि की) अधिक मात्रा;-*v. t*. to administer too big a dose. अधिक मात्रा में औषधि देना।

Overdraft-ओ'-व़र्-ड्राफ़्ट्-*n*. overdrawing a sum of money from the amount at a bank. बैंक में से जमा से अधिक रुपया निकालना।

Overdraw-ओ-व़र्-ड्रॉ'-*v. t*. (*p.t*. Overdrew, *p. p*. Overdrawn.) to draw beyond one's credit, to exaggerate. जमा से अधिक माँग करना, अतिशयोक्ति करना।

Overdrive-ओ-व़र्-ड्राइव्-*v.t*. (*p.t*. Overdrove, *p. p*. Overdriven) to drive too hard. बड़ी तेज़ी से हाँकना।

Overdue-ओ'-व़र्-ड्यू-*adj*. not paid at the right time. ठीक समय पर अदा न किया हुआ (मिति विताया हुआ)।

Overeat-ओ-व़र्-ईट्'-*v.t*. (*p. t*. Overate, *p. p*. Overeaten.) to eat too much. परिमाण से अधिक भोजन करना।

Overestimate-ओ-व़र्-एॅस्' - टि - मेट्-*v. t*. to estimate highly. अधिक आँकना।

Overestimation-ओ - व़र् - एॅस् - टि- मे'-शन्-*n*. higher estimation. अधिक मूल्य निरूपण।

Overfeed-ओ-व़र्-फ़ीड्'-*v. t*. (*p. t. & p. p*. Overfed.) to feed immoderately. परिमाण से अधिक खिलाना।

Overfill-ओ-व़र्-फ़िल्'-*v. t*. to fill to excess. परिमाण से अधिक भरना।

Overflow-ओ'-व़र्-फ़्लो-*v. i. & t*. (*p. t*. Overflew *p.p*. Overflown.) to flood, to flow over, उमड़ उठना, बह निकलना;-*n*. inundation. बाढ़; **Overflowing** (-इङ्ग्) -*adj*. excessive. अति अधिक।

Overfreight-ओ-व़र्-फ़्रेट्-*v. t*. to load too heavily. अधिक बोझ लादना।

Overglance-ओ'-व़र्-ग्लॉन्स्-*v. t*. to look hastily over. शीघ्रता से देखना।

Overgo-ओ-व़र्-गो'-*v. t*. (*p. t*. Overwent, *p. p*. Overgone.) to exceed, to cover. बढ़ना, ढाँकना।

Overground-ओ'-व़र् - ग्राउन्ड - *adj.* above ground. भूमि के ऊपर का।

Overgrow-ओ-व़र्-ग्रो-*v. t.* (*p. t.* **Overgrew**, *p. p.* **Overgrown.**) to rise above, to cover with growth. ऊपर को उठना (फैल जाना), अधिक बढ़ना।

Overgrown-ओ-व़र्-ग्रोन् - *adj.* grown over. अधिक बढ़ा हुआ।

Overgrowth-ओ- व़र् - ग्रोथ् - *n.* immoderate growth. अधिक उपज।

Overhand-ओ-व़र्-हैन्ड्-*adj.* with hand raised over the elbow. केहुनी के ऊपर हाथ उठा हुआ।

Overhang-ओ-व़र्-हैंङ्ग्'-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Overhung.**) to hang over, to project over. ऊपर लटकना (सिर पर झूलना), आगे निकल आना।

Overhappy-ओ'-व़र्-हैं-पि- *adj.* too happy. बहुत ही प्रसन्न।

Overhardy-ओ-व़र्-हार्डि-*adj.* unduly daring. अत्यधिक साहसी।

Overhasty-ओ-व़र्-हेस्ट्'-इ-*adj.* unduly hasty. अधिक शीघ्रता करनेवाला।

Overhaul-ओ-व़र्-हॉल-*v. t.* to draw over, to examine. जाँचना, परीक्षा करना; **Overhauling** (-इङ्ग्) -*n.* a cleaning or repairing of machines. यन्त्र इत्यादि की सफाई या मरम्मत।

Overhead-ओ-व़र्-हेड्'-*adv.* over the head. मस्तक के ऊपर, सिर पर।

Overhear-ओ-व़र् - हिअर्' - *v. t.* (*p. t.* **Overheard.**) to hear by accident or stealthily. अकस्मात्, चोरी से या छिपकर सुनना।

Overheat-ओ-व़र्-हीट्'-*v. t.* to heat to excess. अधिक गरम करना।

Overissue-ओ-व़र्'इश्'-श्यु - *v. t.* to issue in excess as bank notes or bills of exchange. चुकाने की शक्ति से अधिक हुण्डी जारी करना।

Overjoy-ओ-व़र्-जॉय्'-*v. t.* (*p.t.* **Overjoyed.**) to fill with great joy. अति आमोदित करना, अति प्रसन्न करना; **Overjoyed** (-ड्) - *adj.* extremely pleased. अति प्रसन्न।

Overkind-ओ'-व़र्-काइन्ड्-*adj.* kind to excess. अति दयालु।

Overlabour-ओ-व़र्-ले'-बर्-*v.t.* to over-work. आवश्यकता से अधिक काम करना।

Overlade-ओ-व़र्-लेड्'-*v. t.* to burden a ship too much. जहाज पर बहुत अधिक बोझ लादना।

Overland-ओ'-व़र्-लैन्ड्-*adj.* passing entirely by land. स्थल मार्ग से ही विशेषकर जानेवाला।

Overlap-ओ-व़र्-लैप्'-*v.t.* (*p.t.* **Overlapped.**) to lap over. एक के ऊपर दूसरे का किनारा रखना।

Overlavish-ओ-व़र्-लैव्'-इश् - *adj.* lavish to excess. बहुत ही अधिक उदार या व्ययशील।

Overlay-ओ'-व़र्-ले-*v. t.* (*p. t.* **Overlaid**, *p.p.* **Overlain.**) to cover completely. पूरी तरह से ढाँकना।

Overlaying-ओ-व़र्-ले'-इङ्ग्-*n.* an artificial covering. कृत्रिम ढक्कन।

Overleaf-ओ-व़र्-लीफ़्-*adv.* on the other side of the leaf. पृष्ठ की दूसरी ओर।

Overleap-ओ'-व़र्-लीप्-*v. t.* (*p. t.* **Overleapt.**) to leap over, to pass unnoticed. उल्लङ्घन करना (फाँदना), निकल भागना।

Overleather-ओ'-व़र्-लेंद् - अर् - *n.* the upper leather of shoes. जूते का ऊपरी चमड़ा।

Overlie-ओ-व़र्-लाइ'-*v.t.* (*p. t.* **Overlay**, *p.p.* **Overlain.**) to lie upon. ऊपर पड़ना।

Overlive-ओ-व़र्-लिव्' - *v. i.* to live longer than. अधिक समय तक जीवित रहना।

Overload-ओ-व़र्-लोड्'-*v. t.* to load to excess. अधिक भार रखना, बहुत लादना।

Overlong-ओ'-व़र्-लॉङ्ग्-*adj.* too long. बहुत अधिक लम्बा।

Overlook-ओ-व़र्-लुक्'-*v. t.* to look over, to fail to notice, to view carefully to pardon. उपेक्षा करना, देखने में चूक जाना, जाँचना, क्षमा करना।

Overlooker-ओ'-व़र्-लुक्'-अर् - *n.* a superintendent. चौकसी रखनेवाला, अधीक्षक।

Overlord-ओ-व़र्-लॉर्ड् - *n.* a lord over other lords. राजाधिराज।

Overmaster-ओ-व़र्-मास्टर्-*v. t.* to govern, to subdue, to overpower. शासन करना, अधीन करना।

Overmatch-ओ-व़र्-मैंच्' - *v. t.* to be more than a match, to subdue, to conquer. बराबरी से अधिक होना, अधीन करना, जीतना;-*n.* one who is superior in power, one who cannot be overcome. अधिक बलवान्, अजेय मनुष्य, जो मनुष्य जीता नहीं जा सकता।

Overmeasure-ओ'-व़र् - मेंझ़र् - *n.* excess of measure. अत्यधिक परिमाण;-*v. t.* to estimate too largely. अधिक (परिमाण या मूल्य) आँकना।

Overmodest-ओ'-व़र्-मॉड्'-एस्ट् - *adj.* excessively modest. अत्यधिक विनीत।

Overmuch-ओ'-व़र् - मच् - *adj. & adv.* too much. अत्यन्त, बहुत ज्यादा।

Overnice-ओ'-व़र्-नाइस्-*adj.* too fastidious. अधिक नकसुंघा, नकचढ़ा।

Overnight-ओ'-व़र्-नाइट्-*adj.* on the previous night. अतीत (बीती हुई) रात्रि में।

Overpass-ओ-व़र्-पास्'-*v. t.* to cross, to pass unnoticed. पार करना, आँख छिपाकर निकल जाना।

Overpay-ओ-व़र्-पे'-*v.t.* (*p. t.* **Overpaid.**) to pay too much. अधिक मूल्य देना, परिश्रम से अधिक देना।

Overpeople-ओ'-व़र्-पी'-पूल्-*v. t.* to fill with too many inhabitants. अधिक जनसंख्या से भरना।

Overpersuade-ओ'-व़र्-पर्-स्वेड्'-*v. t.* to persuade against inclination. इच्छा के विरुद्ध प्रेरित करना।

Overplus-ओ'-व़र्-प्लस्-*n.* surplus. आवश्यकता से अधिक, बेशी।

Overply-ओ-व़र्-प्लाइ' - *v. t.* to exert too much force. अत्यधिक शक्ति लगाना।

Overpoise-ओ'-व़र्-पॉ - इज़्-*n.* preponderant weight. समतोलन से अधिक भार।

Overpost-ओ-व़र्-पोस्ट्' - *v. t.* to hasent too much. अति शीघ्रता करना।

Overpower-ओ'-व़र्-पॉ-वर्-*v. t.* to subdue to defeat. पराजित करना, हराना; **Overpowering** (-इङ्ग्) -*adj.* excessive. अत्यधिक।

Overpraise-ओ'-व़र्-प्रेज़्-*v. t.* to praise too highly. अधिक प्रशंसा करना; -*n.* excessive praise. अतिप्रशंसा।

Overprize-ओ'-व़र्-प्राइज़् - *v. t.* to surpass in value. मूल्य में बढ़ जाना।

Overproduce-ओ' - व़र्-प्रॅ-ड्यूस्' - *v. t.* to produce more goods than necessary. आवश्यकता से अधिक माल तैयार करना।

Overproduction-ओ'-व़र्-प्रॅ-डक्' - शन् -*n.* a supply in excess of demand. सामग्री की माँग से अधिक पूर्ति।

Overproof-ओ'-व़र्-प्रूफ़्-*adj.* containing more than a certain amount of alcohol. (मदिरा का) नियमित परिमाण से अधिक तीव्र होना।

Overrate-ओ-व़र्-रेट्' - *v. t.* to value excessively. अधिक मूल्य लगाना।

Overreach-ओ-व़र्-रीच्'-*v. t.* to reach beyond limit, to cheat. सीमा से आगे बढ़ जाना, धोखा देना।

Overrent-ओ-व़र्-रेन्ट्'-*v. t.* to exact excessive rent. बहुत ज्यादा किराया लेना।

Override-ओ-व़र्-राइड्'-*v. t.* (*p. t.* **Overrode,** *p. p.* **Overridden.**) to ride over, to trample down. चढ़ जाना, कुचलना।

Overrule-ओ-व़र्-रूल्'-*v. t.* to rule over, to set aside by higher verdict. पराजित करना, (अधिकारी की आज्ञा को) रद्द करना।

Overrun-ओ-व़र्-रन्'-*v.t.* & *i.* (*p. t.* **Overran,** *p. p.* **Overrun.**) to run over, to spread over, to ravage, to extend beyond limit. आक्रमण करना, फैलना, लूट करना, सीमा से अधिक बढ़ना।

Oversea-ओ'-व़र्-सी - *adj.* beyond the sea. समुद्रपार।

Oversee-ओ-व़र्-सी-*v. t.* (*p. t.* **Oversaw.**) to look over, to superintend. निरीक्षण करना, चौकसी करना।

Overseer-ओ-व़र्-सिअर्'-*n.* a superintendent. अध्यक्ष, निरीक्षण करनेवाला।

Oversell-ओ-व़र्-सेॅल्'-*v. t.* (*p. t.* & *p. p.* **Oversold.**) to sell too dear. बहुत महँगा बेचना।

Overset-ओ-वर्-सेॅट्'-*v. t.* to turn over, to overthrow. उलटना, नीचे गिराना।

Overshade-ओ-व़र्-शेड्-*v. t.* to throw shade over. छाया डालना, ढाँकना।

Overshadow-ओ-व़र्-शॅड्'-ओ-*v. t.* to throw shadow over. छाया करना, ढाँकना।

Overshoe-ओ - व़र् - शू - *n.* a waterproof shoe worn over another. एक जूते के ऊपर पहिनने का (रबड़ इत्यादि का) दूसरा जूता।

Overshoot-ओ-व़र्-शूट्'-*v. t.* to shoot beyond a mark. लक्ष्य (निशाने) के बाहर मारना।

Oversight-ओ'-व़र्-साइट्-*n.* an error, a mistake, an omission. भ्रम, दृष्टिदोष।

Overskip-ओ'-व़र् - स्किप् - *v. t.* (*p. t.* **Over skipped.**) to leap over. लाँघना।

Oversleep-ओ - व़र् - स्लीप्' - *v. t.* (*p. t.* **Overslept.**) to sleep too long. अधिक काल तक सोना।

Overslip-ओ-व़र्-स्लिप्'-*v. t.* to pass without notice. बिना जताये हटा देना या चला जाना।

Oversow-ओ-व़र्-सो'-*v. t.* to sow too much. परिमाण से अधिक बोना।

Overspent-ओ'-व़र्-स्पेॅन्ट्-*adj.* much fatigued. बहुत थका हुआ।

Overspread-ओ-व़र्'-स्प्रेॅड्' - *v. t.* to spread over, to scatter over. अधिक फैलना या फैलाना, छितराना।

Overstate-ओ-व़र्-स्टेट्'-*v. t.* to exaggerate. बहुत बढ़ाकर कहना।

Overstay-ओ-व़र्-स्टे'-*v. t.* (*p. t.* **Overstayed**)

to stay too long. अधिक काल तक ठहरना।

Overstep-ओ-व़र्-स्टॆप्-*v. t.* to exceed. किसी कार्य में आगे बढ़ जाना।

Overstock-ओ'-व़र्-स्टॉक्-*v. t.* to stock over much. अति संग्रह करना;-*n.* superabundance. सामग्री की अधिकता।

Overstrain-ओ-व़र्-स्ट्रेन्'-*v. t.* to strain too much. अत्यन्त प्रयत्न करना, बहुत दबाव पड़ना, बहुत तानना, बहुत श्रम करना।

Overstream-ओ-व़र्-स्ट्रीम्'-*v. t.* to flow over. बह निकलना।

Oversupply-ओ'-व़र्-स-प्लाइ-*n.* an excessive supply. माँग से अधिक पूर्ति।

Overt-ओ'-व़र्ट्-*adj.* open to view, apparent, public. (अगूढ़) प्रत्यक्ष, प्रकट, सार्वजनिक।

Overtake-ओ-व़र्-टेक्'-*v. t.* (*p. t.* **Overtook.** *p. p.* **Overtaken.**) to come up, to catch up in pursuit, to discover, to take by surprise. पहुँच जाना, पीछे से दौड़कर पकड़ लेना, पता लगाना, अकस्मात् आ पहुँचना।

Overtask-ओ-व़र्-टास्क्'-*v. t.* to place a very heavy task upon. अधिक परिश्रम का काम सौंपना।

Overtax-ओ-व़र्-टैक्स्'-*v. t.* to tax too much. बहुत अधिक कर लगाना।

Overthrow-ओ-व़र्-थ्रो'-*v. t.*(*p. t.* **Overthrew,** *p. p.* **Overthrown.**) to throw down, to upset, to defeat completely. पटक देना (हराना), उलट देना, पूर्ण रूप से हरा देना;-*n.* a defeat, disaster, ruin. पराजय, क्षय, नाश; **Overthrower** (-अर्)-*n.* one who overthrows. हरानेवाला।

Overtime-ओ'-व़र्-टाइम्-*n.* time at work beyond the regular hours, work done in such time, pay for such work. निश्चित समय से अधिक कार्य करना, निश्चित समय के बाद का किया हुआ काम, ऐसे काम के लिये पारिश्रमिक।

Overtly-ओ'-व़र्ट-लि-*adv.* apparently. प्रत्यक्ष रूप से।

Overtone-ओ'-व़र्-टोन्'-*v. t.* to give a deep tone to a photographic print. फ़ोटो के चित्र में गहरा रङ्ग डालना।

Overtop-ओ-व़र्-टॉप्'-*v. t.*(*p.t.* **Overtopped.**) to rise over the top of, to surpass. शिखर के ऊपर चढ़ जाना, सीमा के ऊपर चला जाना।

Overtrade-ओ-व़र्-ट्रेड्'-*v. t.* to trade beyond capital. पूँजी से अधिक व्यापार करना।

Overture-ओ-व़र्-चर्-*n.* a proposal, an offer. प्रस्ताव, निवेदन।

Overturn-ओ-व़र्-टर्न्-*v. t.* to throw over, to conquer, to ruin. उलट देना, जीतना, नष्ट करना;-*n.* the state of being overturned, upsetting. पराजय, पराभव, परिवर्तन, उलट-फेर।

Overvaluation-ओ'-व़र्-व़ॅल्-यु-ए'-शन्-*n.* setting a higher price. अधिक मूल्याङ्कन।

Overvalue-ओ'-व़र्-व़ॅल्'-यू-*v. t.* to set too high a price. बहुत अधिक दाम लगाना।

Overwatch-ओ' - व़र् वॉच्' -*v. t.* to watch exceedingly. अधिक चौकसी करना।

Overween-ओ'-व़र्-वीन्-*v. t.* to think too highly of. बहुत बढ़कर सोचना; **Overweening** (-इङ्ग्)-*adj.* conceited, vain अति अहङ्कारी, घमण्डी।

Overweigh-ओ-व़र्-वे'-*v. t.* to be heavier than, to overbalance. भार में अधिक होना या बढ़ना।

Overweight-ओ'-व़र्-वेट्-*n.* an excess weight. अधिक भार।

Overwhelm-ओ'-व़र्-ह्वेल्म्'-*v. t.* to crush, to bear down, to overcome. कुचल डालना, व्याकुल करना, घबड़ाना; **Overwhelmed** (-ड्) -*adj.* agitated. व्यग्र, व्याकुल, घबड़ाया हुआ; **Overwhelming**-*adj.* overpowering. अति प्रबल।

Overwise-ओ'-व़र्-वाइज़्-*adj.* extremely wise अत्यधिक बुद्धिमान।

Overwork-ओ'-व़र्-वर्क्'-*v. t. & i.* to work beyond strength. शक्ति से बाहर काम करना, अत्यन्त परिश्रम करना।

Overworn-ओ'-व़र्-वोर्न्-*adj.* worn out. बहुत थका हुआ।

Overwrought-ओ'-व़र्-रॉट्-*adj.* too much laboured. अधिक परिश्रम किया हुआ।

Overzeal-ओ'-व़र्-ज़ील्-*n.* more ardour. बहुत अधिक जोश; **Overzealous** (-ज़ॅल्'-अस्)-*adj.* much ardent. बहुत अधिक उत्साही।

Ovicular-ओ - व़िक्' - यु-लर्-*adj.* pertaining to an egg. अण्डे का या अण्डे से सम्बन्धित।

Oviferous-ओ-व़िफ़्'-अर्-अस्-*adj.* bearing eggs. अंडा देनेवाला।

Oviform-ओ'-व़ि-फ़ॉर्म्'-*adj.* egg-shaped. अंडाकृति, अण्डे की आकृति या शकलवाला।

Ovine-ओ'-व़ाइन्-*adj.* of sheep, like sheep. भेड़ का, भेड़ के समान।

Oviparous-ओव़िपरस्-*adj.* producing young ones from eggs. अण्डों से बच्चे पैदा करनेवाला।

Oviposit-ओ-व़ि-पॉज़्'-इट्-*v. t.* to lay eggs. अंडा देना।

Ovoid-ओ-व़ॉइड्-*adj.* also **Ovoidal** (-अल) an egg-shaped solid tapering at one end. अण्डाकृति पदार्थ जो एक छोर पर नुकीला हो।

Ovum-ओ'-व्रम्-*n.* (*pl.* **Ova.**) female germ of animals, an egg. स्त्रियों का रज, अंडा।

Owe-ओ-*v. t. & i.* to be under obligation, to be in debt, to be indebted to. अनुगृहीत, ऋणवद्ध या ऋणी होना।

Owing-ओ'-इङ्ग्-*adj.* imputable to. दातव्य, जिसकी अदायगी बाकी हो; **Owing to** (on account of.) कारण से, वास्ते।

Owl - आउल् - *n.* a nocturnal bird of prey. उलूक, उल्लू।

Owler - आउल्' - अर्-*n.* one who conveys contraband goods. चोरीसेमाल ले जानेवाला।

Owlery-आउलरि-*n.* quality of an owl. उल्लू के गुण।

Owlet-आउल्'-एट्-*n.* a young owl. उल्लू का बच्चा।

Owlish-आउल्'-इश्-*adj.* foolish, like an owl. मूर्ख, उल्लू के समान; **Owlishly** (-लि)-*adv.* in the manner of an owl, foolishly. उल्लू की तरह से, मूर्खता से।

Owl-light-आउल्'-लाइट्-*n.* flickering light. हिलता हुआ प्रकाश।

Own-ओन्-*adj.* belonging to oneself. स्वकीय, निज, निजी, अपना;-*v. t.&i.* to acknowledge, to possess. अङ्गीकार करना, अपनाना, स्वीकार करना, स्वामी होना; **Of my own** (belonging to myself.) अपना, निज का; **Of one's own accord** (according to one's own sweet-will.) अपनी इच्छा से, अपने आप; **One's own brother** (born of the same father and mother.) सगा भाई; **To hold one's own** (to maintain one's position.) अपना अधिकार या सर्वस्व बनाये रखना; **To make one's own** (to bring under one's possession.) अपनाना।

Owned-ओ-न्ड्-*adj.* accepted. स्वीकृत।

Owner-ओन्'-अर्-*n.* possessor, proprietor. स्वामी, अधिकारी, प्रभु; **Ownership** (-शिप्)-*n.* proprietorship, right of possession. प्रभुत्व, अधिकार।

Ox-ऑक्स्-*n.* (*pl.* **Oxen.**) the male of bovine quadrupeds. वृषभ, वलीवर्द, बैल।

Oxford-आक्स्'फ़ॅड-*n.* the famous university town in England. इंग्लैंड के प्रसिद्ध विश्वविद्यालय का नगर।

Oxgate-ऑक्स्' - गेट् - *n.* a land measure averaging about 13 acres. प्रायः तेरह एकड़ भूमि।

Oxide-ऑक्स्'-आइड्-*n.* a compound of oxygen with other elements. वह द्रव्य जो उद्जन या प्राणवायु तथा अन्य तत्वों के योग से बनता है।

Oxidizable, Oxidization-see **Oxidize.**

Oxidize-ऑक्सिडाइज़्-*v. t. & i.* to cause to combine with oxygen, to rust. प्राणवायु से संयुक्त करना, मुर्चा उत्पन्न होना; **Oxidizable** (-ऍ-बुल्)-*adj.* capable of being converted into an oxide. प्राणवायु के साथ तत्वों का यौगिक बनने योग्य; **Oxidization** (-ए'-शन्)-*n.* the act of oxidizing. प्राणवायु के साथ तत्वों के यौगिक बनने की क्रिया, ऑक्सिकरण, जारण; **Oxidizer** (-अर्)-*n.* that which oxidizes. ऐसी क्रिया उत्पन्न करनेवाला, जारक।

Oxonian-ऑक्सोनिअन्-*n.* a student of the Oxford university. ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय का छात्र।

Oxygen-ऑक्सिजन् - *n.* a colourless and scentless gas which is essential for animal and plant life. प्राणवायु।

Oxygenate-ऑक्सिजनेट्-*v. t.* to oxygenize. प्राणवायु से पूर्ण करना।

Oxygenous-ऑक्स्-इज़्'एन्-अस्- *adj.* pertaining to oxygen. प्राणवायु-सम्बन्धी।

Oxygon-ऑक्स्'-इ-गॅन्-*n.* a triangle having two acute angles. दो न्यून-कोण का त्रिभुज।

Oxymel-ऑक्सिमॅल्-*n.* a syrup of honey and vinegar. सिरका और शहद का शर्बत।

Oxymoron-ऑक्स्-इ-मोर्'-ऑन्-*n.* a figure of speech with seeming contradiction. विपरीत लक्षणा अलङ्कार।

Oxyopia-ऑक्सि-ओ'-पि-आ-*n.* acute vision. तीक्ष्ण दृष्टि।

Oxyphonia-ऑक्स्-इ-फ़ोन्-इ-आ- *n.* harshness of voice. कर्कश उच्चारण।

Oxytone-ऑक्स्-इ-टोन्-*adj.* having an acute accent on the last syllable. अन्तिम अक्षर पर ज़ोर देनेवाला।

Oyster-ऑइस्टर्-*n.* a kind of shellfish. शुक्ति, सीप, घोंघा।

Ozena-ॲ-ज़ी' ना *n.* a kind of ulcer in the nostril. नाकड़ा।

Ozone-ओ'ज़ोन्-*n.* condensed form of oxygen with pungent smell artificially produced by the working of a dynamo. बिजली पैदा करनेवाले यन्त्र से उत्पन्न हुई ठोस प्राणवायु; **Ozonic** (-इक्)-*adj.* pertaining to ozone. ऐसी प्राणवायु-सम्बन्धी; **Ozonizer** (-आइज़्'-अर्)-*adj.* an appliance for ozonizing. ठोस प्राणवायु उत्पन्न करने का साधन।

P-पी-the sixteenth letter of the English alphabet, chemical symbol for phosphorus. अंग्रेज़ी वर्णमाला का सोलहवाँ अक्षर, फ़ासफ़ोरस (स्फुर्) नामक तत्त्व के लिये रासायनिक संकेत।

Pa-पा-*n. colloq.* for Papa. अब्बा, बाबा।

Pabular-पॅब्'-युलर्-*adj.* pertaining to food. भोजन-सम्बन्धी।

Pabulum-पॅब्'-युल-अम् -*n.* food. भोजन, आहार।

Paca-पॅका-*n.* an American rodent. अमेरिका देश का एक पशु।

Pace-पेस्-*n.* a single step, mode of walking, gait. पग, कदम, गतिक्रम, चाल, गति; -*v. i. & t.* to walk, to move slowly, to set steps. क्रम से चलना, धीरे-धीरे चलना, कदम रखना; **Pace-maker** (one employed to go forward.) आगे चलनेवाला; **To keep pace with** (to go with uniform speed.) एक चाल से चलना; **To pace up and down** (to go hither and thither.) इधर-उधर चलना।

Pacer-पेस्'-अर्-*n.* one who paces, a horse that paces. धीरे-धीरे चलनेवाला, कदम चलनेवाला घोड़ा।

Pacifiable-पॅसिफ़ाइ-ऍब्ल् - *adj.* able to be appeased or reconciled. सान्त्वना करने योग्य।

Pacific-पॅस्-इफ्-इक् -*adj.* peace-making, mild, calm. शान्ति लानेवाला, शान्त, स्थिर; **Pacifically** (-अलि) - *adj.* in a mild manner. शान्तिपूर्वक।

Pacification - पॅसिफ़िकेशन् - *n.* the act of pacifying. शान्ति (सन्धि) करण।

Pacificatory-पॅसिफ़िकेटरि -*adj.* tending to make peace. शान्तिकर; **Pacificism** (-ज़्म) -*n.* theory of peaceful settlements of disputes. यह सिद्धान्त कि संसार में बिना युद्ध के झगड़ा तय हो सकता है।

Pacifier-पॅसिफ़ायर् -*n.* one who pacifies. शान्त करनेवाला।

Pacify-पॅस्'-इ-फ़ाइ - (*v. t.* Pacified.) to appease, to tranquillize. शान्त करना, सन्तुष्ट करना; **Pacified** (-इ) - *adj.* appeased. शान्त।

Pack-पॅक्-*n.* a bundle, a bale, parcel, party, sep of playing cards, number of hounds kept together. गठरी, मोटरी, मण्डली, ताश की गड्डी, शिकारी कुत्तों का झुण्ड; -*v. t. & i.* to put and bind together, to load, to send in haste, to make into bundles, to crowd together. लपेटना, लादना, शीघ्रता में भेजना, गठरी बनाना, भीड़ लगाना।

Package-पॅक्'-एज् -*n.* a bundle or bale, a parcel. गठरी, मोटरी, पुलिन्दा, पार्सल।

Packer-पॅक्'-अर् -*n.* one who packs. माल-असबाब की गठरी बाँधनेवाला।

Packet-पॅक्'-एट्-*n.* a small bundle, a small package, mailboat. छोटी गठरी, पोटली, डाक की नाव।

Pack-horse-पॅक्'-हॉर्स्-*n.* a horse employed in carrying packs. लद्दू घोड़ा।

Packman-पॅक्'-मॅन्-*n.* a pedlar. बिसाती।

Pack-saddle-पॅक्'-सॅड्-इल् -*n.* a saddle on which packs are laid. बोझा लादने की काठी, खोगीर।

Packthread-पॅक्'-थ्रेड्-*n.* twine for packing goods. बाँधने का मोटा डोरा; **To pack off** (to start.) रवाना करना।

Packing-पॅक्'-इङ्ग्-*n.* something used for tying. बन्धन के लिये प्रयुक्त पदार्थ; **Packing-needle** (needle for sewing packages.) गठरी सीने का सूजा; **Packing-sheet** (coarse cloth for packing goods.) सामान बाँधने का मोटा कपड़ा।

Pact-पॅक्ट् -*n.* agreement, contract. एकरारनामा, ठीका।

Pad-पॅड् -*n.* a highwayman, an easy paced horse, cushion, sheets of blotting or writing paper tied together. पथिक, धीरे-धीरे चलनेवाला घोड़ा, गद्दी, कागज या सोखते की गड्डी; -*v. t. & i.* (*p. t.* Padded.) to travel slowly, to furnish with a pad, to fill out; मन्द गति से चलना, गद्दी लगाना, भर देना; **Padding** (-डिङ्ग्) -*n.* cushion. गद्दी।

Paddle-पॅड्' - इल -*v. t. & i.* to move on water, to toddle, to walk unsteadily with short steps, to propel a canoe. पानी में चलना या क्रीड़ा करना, छोटे-छोटे कदम डालते हुए लड़खड़ाकर चलना, नाव चलाना; -*n.* a short oar. छोटा डाँड़ा; **Paddler** (-अर्)-*n.* one who paddles. पैर से चलानेवाला; **Paddle-wheel** (a wheel with paddles used for propelling ships.) जहाज चलाने का पहिया; **Paddle your own canoe** (depend on your own strength.) अपनी ही शक्ति पर भरोसा करो।

Paddock-पॅ'-डक् -*n.* a small field, a frog. छोटा खेत, मेढक।

Paddy-पॅड्'-डि -*n.* rice in the husk. छिलका-सहित चावल, धान।

Padlock-पॅड्'-लॉक्-*n.* a detachable lock for a staple. कुलुफ़, ताला; -*v. t.* to fasten with a padlock. कुलुफ़ लगाना।

Padre-पा'-ड्रे-*n.* a clergyman or chaplain. पादरी ।

Paean-पी'-अन्-*n.* song of praise or triumph. जयध्वनि, विजय का गीत ।

Pagan-पे'-गन्-*n.* a heathen, an idolater. मूर्तिपूजक, प्रतिमापूजक; **Paganism** (-इज़्म्)-*n.* heathenism. मूर्तिपूजा, प्रतिमापूजन; **Paganize** (आइज़्) -*v. t.* to convert to paganism, to behave like pagans. मूर्तिपूजक बनाना, मूर्तिपूजकों के सदृश व्यवहार करना ।

Page-पेज्-*n.*a boy servant attending a lord, one side of the leaf of a book. सर्दारों की सेवा करनेवाला छोकरा, पृष्ठ, पुस्तक के पन्ने के एक ओर का भाग;-*v. t.* to number the pages of a book. पुस्तक इत्यादि के पन्नों में अंक डालना ।


Pageant-पे'जन्ट्-*n.*a brilliant spectacle, empty show. भव्य दृश्य, कौतुक, तमाशा (लीला), दिखाव; **Pageantry** (-रि)-*n.* empty show. आडम्बर, तड़क-भड़क, जलूस ।

Pagehood-पेज्'-हुड्-*n.* the state of being a page. छोकरे का पद ।

Paginal-पीज्'-इनल्-*adj.* pertaining to pages. पृष्ठ अथवा सेवक-सम्बन्धी ।

Paging-पे'जिङ्ग्-*n.* the marking of pages. पुस्तक आदि में पृष्ठ लगाना ।

Pagoda-पगोडा -*n.* a sacred building in pyramidal form. शिवालय, मन्दिर, धौरहरा ।



Pagoda.

Pah-पा-*interj.* expressing disgust. घृणा-सूचक अव्यय ।

Paid-पेड्-*p. t. & p. p.* of Pay.

Pail-पेल्-*n* a vessel for carrying liquids, a bucket. पात्र, घड़ा, बालटी; **Pailful** (-फुल्) -*n.* the quantity which a pail can hold. बालटी या घड़ा भर ।

Paillasse, Palliasse-पे'लीस', पॅल्यॅास्' -*ns.* a straw mattress. फूस की चटाई ।

Paillette-पॅल्'-येट्-*n.* bright metal used in enamelling. रँगने की चमकदार धातु ।

Pain-पेन्-*n.* bodily distress, suffering, penalty. शारीरिक पीड़ा, क्लेश, खेद (सन्ताप), दण्ड; -*pl.* punishment, the throes of childbirth. दण्ड, प्रसव-वेदना;-*v. t.* to cause uneasiness, to distress, to torment. पीड़ा देना, दुःख देना; यातना करना; **Bodily pain** (disease.) व्याधि; **Mental pain** (mental trouble.) मनोव्यथा; **Sharp pain** (acute pain.) तीव्र वेदना, शूल; **To take pains** (to suffer trouble.) कष्ट सहना ।

Painful-पेन्'-फुल्-*adj.* full of pain. दुःखदायी, दुःखी; **Painfully** (-फुलि) -*adv.* in a painful manner. पीड़ा से, दुःख से ।

Painless-पेन्'-लॅस्-*adj.* devoid of pain. दुःखहीन; **Painlessness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being pain-less. पीड़ा का अभाव ।

Painstaking-पेन्स्-टे किङ्ग्-*adj.* taking pains. परिश्रमी, सावधान ।

Paint-पेन्ट्-*n.* solid colouring matter. रङ्ग, लेप;-*v. t.* to portray in colours, to cover with colour. चित्रकारी करना, रँगना; **Painted** (-एँड्)-*adj.* covered with paint. रँगा हुआ; **Painted lady** (a butterfly.) तितली; **To paint out** (to cover with paint.) रंग से ढाँकना ।

Painter-पेन्टर्-*n.* (*fem.* **Paintress**-रॅस्) one whose occupation is painting. चित्रकार ।

Painting-पे'न्टिङ्ग्-*n.* the act of laying on colours, the art of representing objects or scenes in colours. चित्रविद्या (रंगसाज़ी), चित्र-लेखन ।

Painty-पे'न्टि-*adj.* concerning painting, smeared with paint. चित्रविद्या-सम्बन्धी, रंग से रँगा हुआ ।

Pair-पेअर्-*n.* set of two, couple, two of a kind. युगल, पति-पत्नी, जोड़ा;-*v. t. & i.* to unite in couples, to be joined in pairs. जोड़ा लगाना, जोड़ा मिलाना; **A married pair** (husband and wife.) पति और पत्नी; **To pair off** (to separate in pairs.) दो-दो करके अलगाना; **Well paired** (joined together suitably.) उचित या ठीक जोड़ मिलाया हुआ ।

Pal-पॅल्-*n.* a friend, a companion, a partner. मित्र, सहचर, साझीदार ।

Palace-पॅ-लॅस्-*n.* a stately building, the residence of a king. राजभवन, महल ।

Palaeo-पॅल्'-इ-ओ-*pref.* in sense of "ancient." "प्राचीन" अर्थ का उपसर्ग ।

Palaeographer-पॅल्-इ-ऑ-ग्राफ़र् -*n.* one who studies palaeography. प्राचीन शिलालेख का अध्ययन करनेवाला ।

Palaeographic-पॅल्-इ-ओ - ग्रैफ़िक - *adj.* pertaining to palaeography. प्राचीन शिलालेख-सम्बन्धी ।

Palaeography-पॅल्-इ-ऑ-ग्रैफ़ि -*n.* the study of the ancient inscriptions. प्राचीन शिलालेखों का अध्ययन ।

Palankeen, (Palanquin) पॅलन्कीन्-*n.* a cov-

ered litter carried by four men. शिविका, पालकी ।

Palatable-पॅलॅ टेबुल्-*adj.* pleasant to the taste, savoury. स्वादु, स्वादिष्ट; **Palatably** (-ऍबू-लि) -*adv.* in a palatable manner. स्वाद से, रुचि से।

Palatal-पॅलॅटॅल्-*adj.* & *n.* pertaining to palate, a letter pronounced by the palate. तालव्य, तालु-सम्बन्धी, तालव्य शब्द ।

Palate-पॅ-लॅ-ट्-*n.* the roof of the mouth, sense of taste, relish. तालु, स्वाद की इन्द्रिय, (रुचि) स्वाद ।

Palatial-पॅलॅशल् - *adj.* of or like a palace. महल का या महल के सदृश ।

Palatine-पॅलॅ टिन् (-टाइन्)-*adj.* & *n.* pertaining to the palate, one who is invested with royal privileges. तालु-सम्बन्धी, राज्याधिकार रखनेवाला ।

Palaver-पलाव़र् - *n.* idle talk, flattery. वृथा भाषण (बकवाद), मिथ्या- प्रशंसा, चापलूसी; -*v.i.* & *t.* to talk idly, to deceive by words, to flatter. बड़बड़ करना, चापलूसी करना।

Pale-पेल्-*n.* a boundary, a fence. सीमा, कटघरा;-*adj.* of whitish appearance, dim, wan. (फीका) धुँधला, मन्द कान्ति का, पीला;-*v. i.* & *t.* to turn pale, to make pale. पीला पड़ना, पीला करना; **Pale-faced** (with wan face.) *adj.* पीत मुखवाला; **Palehearted**-*adj.* dispirited. उत्साहहीन ।


Paleness-पेल्'-नॅस्-*n.* the quality of being pale. पीलापन, फीकापन ।

Paleous-पे'-लि-अस् - *adj.* like chaff. भूसे के समान ।

Palestra-पॅ-लॅस्ट्रा-*n.* a wrestling ground. मल्ल-भूमि, अखाड़ा ।

Paletot-पॅल्टो-*n.* a kind of loose cloak. एक प्रकार का ढीला अँगरखा या लबादा ।

Palette-पॅलॅट्-*n.* an artist's tablet for mixing colours. रंगसाज (चित्रकार) की रंग मिलाने की पटिया; **Paletteknife** (a steel blade for mixing painter's colours.) रंग मिलाने की लोहे की पटरी



Palette.

Palfrey-पॉल्'-फ्रि-*n.* (*pl.* **Palfreys.**) a small saddle-horse. टट्टू, सवारी का छोटा घोड़ा ।

Pali-पा'-ली-*n.* the language of ancient Buddhist scriptures. बौद्धों की धर्मपुस्तकों की भाषा, पाली भाषा ।

Palindrome-पॅलिन्'-ड्रोम्-*n.* a word or a verse that reads the same backwards and forwards. मुरजबन्ध, कविता का चरण जो उलटा तथा सीधा समान ही पढ़ा जाता है; **Palindromic** (-इक्)-*adj.* pertaining to palindrome मुरजबन्ध-सम्बन्धी ।

Paling-पे'-लिङ्ग्-*n.* an enclosure, a fence. हाता, कटघरा ।

Palingenesis-पॅ-लिन्-जॅ-नॅ'-सिस्-*n.* a new birth, regeneration. नवीन जन्म, पुनर्जन्म ।

Palisade-पॅलि'-सेड्-*n.* a fence of pales or railings. खम्भों की पंक्ति, कटघरा; - *v. t.* to fortify with stakes. नुकीले छड़ों से बन्द करना, कटघरा लगाना ।

Palish-पे'लिश्-*adj.* somewhat pale. कुछ पीले रंग का ।

Pall-पॉल्-*n.* cloth spread over a coffin, a cloak. शव के ऊपर ओढ़ाने का वस्त्र, लबादा; *v. t.* & *i.* to make spiritless or feeble, to become faint, to lose taste. निरुत्साहित या दुर्बल करना, निर्बल होना, स्वाद-रहित होना ।

Palladium-पलेडिअम्-*n.* safeguard, a rare metal in colour and ductility resembling platinum. रक्षा, प्लैटिनम के समान एक प्रकार की बहुमूल्य धातु ।

Pallet-पॅलॅट्-*n.* a bed of straw, a mattress a potter's wooden blade, a palette. फूस का बिछौना, चटाई, कुम्हार की पट्टी, रंगसाज की पटिया ।

Palliate-पॅलिएट्-*adj.* to alleviate disease, to extenuate, to lessen. रोग शमन करना, कम करना, घटाना ।

Palliation-पॅ'-लि-ए' - शन् - *n.* extenuation. उपशमन ।

Palliative-पॅ'-लि-ए'-टिव्-*adj.* alleviation. उपशमन करनेवाली (शांति देनेवाली) ।

Pallid-पॅ'-लिड्-*adj.* pale, dim. पीला, धुँधला; **Pallidly** (-लि)-*adv.* dimly. धुँधलेपन से; **Pallidness** (-नॅस्) - *n.* paleness, dimness. धुँधलापन, फीकापन ।

Pallmall-पॅल्-मॅल्, पॉल्-मॉल्-*n.* a game in which a ball is thrown through suspended iron rings. एक प्रकार का गेंद का खेल ।

Pallor-पॅलर्-*n.* paleness. पीलापन ।

Palm-पाम्-*n.* a tropical tree with fanshaped leaves, supreme excellence, part of hand between wrist and fingers, symbol of victory. ताड़ का पेड़, महत्त्व, करतल (हथेली), विजय-चिह्न-*v. t.* to conceal in palm. हाथ में छिपाना; **Palm of victory** (sound of victory.) जयध्वनि; **Palm-oil** (an oil obtained

from the pulp of the fruit of palms, *esp.* of the oil-palm allied to the cocoanut palm.) गरी का तेल; **To grease a person's palm** (to bribe.) घूस देना; **To join the palms** (to fold hands.) हाथ जोड़ना; **To palm off** (to cheat.) ठगना ।

Palma Christi-पामा - क्रिस्टि - *n.* castor-oil plant. रेंड़ी का पौधा ।

Palmar-पामर्-*adj.* of the palm of the hand. (हाथ की) हथेली का; **Palmary** (-इ)-*adj.* illustrious. प्रसिद्ध ।

Palmful-पाम्'-फुल्-*adj.* as much as a palm can contain. मुट्ठीभर ।

Palmate, Palmated-पॅल्'-मे-ट्, (-एँड्)-*adjs.* of the shape of palm. हथेली के आकार का ।

Palmetto-पॅल्-मे-टॅ-*n.* a kind of small palm. एक प्रकार का छोटा ताड़ ।

Palmiped-पॅल्'-मि-पॅड्-*n.* a kind of web-footed bird. एक प्रकार का बत्तख ।

Palmist-पामिस्ट्-*n.* one versed in palmistry. हस्तरेखा में निपुण, सामुद्रिक शास्त्र-वेत्ता ।

Palmistry-पामिस्ट्रि *n.* fortune-telling from the lines on the palm of the hand. सामुद्रिक विद्या, हस्तरेखाशास्त्र ।

Palmy-पाम्'-इ-*adj.* abounding in palms, triumphant. ताड़ के वृक्षों से परिपूर्ण, विजयी ।

Palmyra-पामाइरा-*n.* a kind of Indian palm. खजूर का वृक्ष ।

Palpability-पॅल्पॅबिलिटि - *n.* palpableness. स्पृश्यता, प्रत्यक्षता ।

Palpable-पॅल्'-पॅ-बुल्-*adj.* that can be felt or touched, perceived by the mind. स्पर्शगोचर, स्पर्शनीय, प्रत्यक्ष ।

Palpably-पॅल्-पॅब्'-लि-*adv.* in a palpable manner. प्रत्यक्ष रूप में ।

Palpate-पॅल्'-पेट्-*v. t.* to handle. मुट्ठी में पकड़ना ।

Palpebral-पॅल्-पि-ब्रल्-*adj.* pertaining to the eyelids. पलक-सम्बन्धी ।

Palpitant-पॅल्'-पि-टॅन्ट्-*adj.* throbbing. धड़कनेवाला ।

Palpitate-पॅल्-पि-टेट्'-*v. t.* to throb, to tremble. धड़कना, उछलना, काँपना ।

Palpitation-पॅल्-पि-टे'शन्-*n.* throbbing. कम्प, स्फुरण, धमक ।

Palsied-पॉल्जिड्-*adj.* affected with palsy. कम्पवायु से ग्रस्त ।

Palsy-पॉल्'-ज़ि-*n.* paralysis. पक्षाघात, लकवा, कम्पवायु ।

Palter-पॉल्'-टर्-*v. t.* to shuffle, to shift, to trifle. बदलना, हटाना, विघ्न डालना ।

Paltriness-पॉल्-ट्रि-नॅस् -*n.* the state of being paltry. तुच्छता, नीचता ।

Paltry-पॉल्-ट्रि-*adj.* worthless, mean, contemptible. तुच्छ, क्षुद्र, नीच ।

Paludal-पॅ-ल्यु'-डल् - *adj.* marshy. दलदल सम्बन्धी ।

Paly-पे'-लि-*adj.* pale पीला, फीके रंग का ।

Pam-पॅम्-*n.* knave of clubs in card game. चिड़ी का गुलाम ।

Pamper-पॅम्पर्-*v. t.* to gratify to the full, to glut, to over-indulge. पूर्ण संतुष्ट करना, अधिक भोजन करना, अधिक पेट भरना; **Pampered** (-ड्)-*adj.* stout. पुष्ट, मोटा-ताज़ा ।

Pamperer-पॅम्परर्-*adj.* overindulgent. अत्यन्त अधिक परिपोषक ।

Pampering-पॅम्परिङ्ग् - *adj.* feeding to the full. परिपोषक ।

Pamphlet-पॅम्-फ्लॅट्-*n.* a small unbound book treating of current topics. लघु पुस्तक, पुस्तिका, पत्रिका; **Pamphleteer** (-इअर्)-*n.* the writer of a pamphlet. पत्रिका लिखनेवाला. छोटी पुस्तक बनानेवाला ।

Pan-पॅन्-*pref.* denoting 'all', 'every'. 'सर्व', 'सब' अर्थ का उपसर्ग;-*n.* a shallow earthenware vessel. तसला, कड़ाही; **Frying pan** (a pot for frying.) कड़ाही; **Pancake** (a kind of thin cake fried in fire.) लिट्टी; **Salt pan** (a pot for keeping salt.) नमक रखने का बर्तन ।

Panacea-पॅनॅसीआ-*n.* universal remedy. सर्व रोगघ्न औषधि, त्रैलोक्य चिंतामणि ।

Panache-पॅ-नश्'-*n.* plume of feathers worn on a helmet. कलँगी, तुर्रा ।

Panada-पॅ-ना'-डा-*n.* bread boiled and sweetened. एक प्रकार की उबाली हुई मीठी रोटी ।

Panama-पनामा-*n.* a straw hat. सींक की बनी अंग्रेजी टोपी ।

Panary-पॅनरि-*adj.* pertaining to cake. रोटी-सम्बन्धी ।

Pancratic-पॅन्-क्रॅट्'-इक्-*adj.* athletic. कुश्ती-सम्बन्धी ।

Pancratist-पॅन्'-क्रॅ-टिस्ट्-*n.* one who excels in gymnastics. कसरत में निपुण, कसरती ।

Pancratium-पॅन्'-क्रे-शि-अम्-*n.* a wrestling contest. मल्लयुद्ध, कुश्ती ।

Pancreas-पॅन्-क्रि-अस्-*n.* a gland near the stomach which secretes a fluid. अग्न्याशय, पाचक ग्रन्थि; **Pancreatic** (-टिक्)-*adj.* pertaining to pancreas. अग्न्याशयी ।

Pandect-पॅन्'-डॅक्ट्-*n.* body of laws. स्मृतिसंग्रह ।

Pandemic-पैंन्'-डे-मिक् - *adj.* of a disease which permeates the whole world. विश्व-व्यापी रोग-सम्बन्धी ।

Pandemonium-पैंन्-डि-मो'-नि-अम्-*n.* a place of lawlessness, utter confusion. पिशाच सभा, विप्लव, बड़ा उपद्रव ।

Pander-पैंन्'-डर्-*n.* (*fem.* **Pandress.**) a procurer, one who helps in wicked designs. कुटना, नीच कार्य में सहायता देनेवाला; -*v. t.* to help in debauchery. लम्पटता में सहायता देना; **Pandering** (-इङ्ग्)-*n.* the act of procuring. कुटिलता, टालपन, कुटनपन ।

Pandora-पैंन्-डोरा -*n.* a stringed musical instrument. एक प्रकार की वीणा ।

Pane-पेन्-*n.* a sheet of glass.काँच की टट्टी;-*v.t.* to make garment from strips of different colours. रङ्ग-बिरंगे टुकड़ों का वस्त्र बनाना ।

Panegyric-पैंनिजिरिक्-*n.* an eulogy, an encomium. स्तुतिपाठ, गुणकीर्तन; **Panegyrical** (-रि-कल्)-*adj.*containing eulogy. प्रशंसात्मक।

Panegyrist-पैंनिजिरिस्ट्-*n.* an eulogist. स्तुति-पाठक, भाट ।

Panegyrize-पैंनि-जिर्'-आइज़्-*v. t.* to eulogize. प्रशंसा करना ।

Panel-पैंन्'-एल्-*n.* a kind of saddle, strip of parchment, list of jury or inspectors, compartment of a wainscot. एक प्रकार की काठी, चमड़े के बने हुये कागज़ का टुकड़ा, जूरी लोगों या निरीक्षकों की सूची, चौखटा;-*v. t.* (*p.t.* **Panelled.**) to form with panels. चौखटा लगाना; **Panelling**(-लिङ्ग्)-*n.*panels. चौखटा ।

Pang-पैंङ्ग्-*n.* sharp or extreme pain, agony. वेदना, व्यथा, पीड़ा ।

Panic-पैंनिक् -*n.* excessive terror, sudden alarm, fright without cause. त्रास, आतंक, एकाएकी भय; - *adj.* extreme or sudden, imaginary. अत्यधिक अथवा अचानक,काल्पनिक; **Panic-monger** (one who creates sudden fright.) आतंक फैलानेवाला ; **Panic-struck** (struck with fear) भय से त्रस्त ।

Panification-पैंन्'-इ-फ़ि-के'-शन्-*n.* the work of bread-making. रोटी बनाने का कार्य ।

Panivorous-पोनि-वॅ-रस्-*adj.* subsisting on bread. रोटी खाकर निर्वाह करनेवाला ।

Panjandrum-पैंन्-जॅन्-ड्रम्-*n.* mock title of great men. बड़े लोगों की झूठी उपाधि ।

Panner-पैं-नर्-*n.* general fault-finder. सबका दोष खोजनेवाला ।

Pannier-पैंन्'-इ-अर्-*n.* a wicker-work basket carried by beasts of burden. करण्डा, झाबा, टोकरी ।

Pannikin-पैंनि-किन् - *n.* a small drinking vessel. पानी पीने का छोटा गिलास ।

Panochia-पैं-नो-श्या - *n.* an abscess in the armpit. कखौरी ।

Panoplied-see **Panoply.**

Panoply-पैंनॉप्लि-*n.*complete suit of armour. सर्वाङ्गकवच;**Panoplied** (-आॅ-प्लिड्)-*adj.* completely armed. सर्वांग कवच धारण किये हुए ।

Panorama-पैंनें-रॅामें-*n.* a roll of picture, continuous view of a scene. एक साथ संलग्न चित्रों की लम्बी पंक्ति ।

Panoramic-पैंनें-रॅम्'-इक्-*adj.* pertaining to panorama. विश्वचित्र-सम्बन्धी ।

Pan-pipe-पैंन्-पाइप्-*n.* a kind of mouth organ. मुँह से बजाने का एक प्रकार का बाजा ।

Pansy-पैंन्'-ज़ि-*n.* (*pl.* **Pansies**)a wild garden plant. एक प्रकार का बनफ़शा, कासनी ।

Pant-पैंन्ट्'-*v.i.* to gasp, to throb excessively, to yearn. हाँफना, दीर्घ उच्छ्वास लेना, उत्कट इच्छा करना; **Panting** (-इङ्ग्)-*n.* gasping. कम्प, स्फुरण ।

Pantalets-पैंन्ट्-अ-लॅट्स् - *n. pl.* a woman's drawers. स्त्रियों का लहँगा ।

Pantaloon-पॅन्ट्-अ-लून्'-*n.pl.* a kind of trousers, a buffoon. एक प्रकार का पाजामा, भाँड़ ।

Panter-पैंन्टर्'-*n.* one who pants. हाँफनेवाला ।

Panter-पैंन्ट'-र् -*n.* officer of the family store. भण्डारी ।

Pantheism-पैंन्-थि'-इज़्म्-*n.* the doctrine that the universe is god, heathen worship of all gods. संसार के सब पदार्थों को देवता के समान मानने का सिद्धान्त, विश्वदेवतावाद ।

Pantheist-पैंन्-थि'-इस्ट्-*n.* a believer in pantheism. विश्वदेवतावादी सिद्धांत माननेवाला; **Pantheistic** (-इस्ट्-इक्) -*adj.* pertaining to pantheism. विश्वदेवतावाद सिद्धान्त-सम्बन्धी ।

Pantheon-पैंन्'-थि-ऑन्-*n.* temple dedicated to all gods. सब देवताओं का मंदिर ।


Panther-पैंन्'-थर्-*n.* a leopard. चीता, तेंदुआ; **Pantheress** (-ऍस्)-*n. fem.* a female panther. मादा चीता ।

Pantile-पैंन्'-टाइल्-*n.*a curved roof.घुमौवा छत ।

Pantisocracy-पैंन्टिसॉक्रसि-*n.* a community in which all should have equal power. वह समाज जिसमें सब व्यक्तियों को समान अधिकार मिलना चाहिए, समराजकता ।

Pantler-पैंन्ट्'-लर्-*n.* the officer who is in charge of bread and other provisions. भोजन सामग्री का भण्डारी ।

Pantograph-पैन्टॅ - ग्राफ् -*n.* an instrument for copying a drawing in any size. किसी भी नाप का नकशा इत्यादि खींचने का यन्त्र; **Pantographic** (-इक्)-*adj.* pertaining to or done by a pantograph. इस यन्त्र सम्बन्धी अथवा इससे खींचा हुआ।



Pantograph.

Pantography-पैन्टॅ-ग्रैफ़ि-*n.* art of making map-drawings by means of pantographs. किसी भी नाप का नकशा खींचनेवाले यन्त्र द्वारा नकशा खींचने की कला।

Pantological-*adj.* see **Pantology.**

Pantology-पैन्टॅ-लॅजि-*n.* universal knowledge. विश्वज्ञान।

Pantomime-पैन्टॅमाइम्-*n.* a performance in dumb show, a mimic actor. मूक नाटक (स्वाँग), मूक अभिनय।

Pantomimic-पैन्टॅमिमिक्-*adj.* pertaining to pantomime. मूक नाटक-सम्बन्धी।

Pantomimist-पैन्टॅमिमिस्ट्-*n.* one who acts in a pantomime. स्वाँग बनानेवाला मनुष्य।

Pantomorphic-पैन्टॅ-मॉर-फ़िक्-*adj.* that which takes all forms. सब रूप धारण करने वाला।

Pantophagist-पैन्टॅ-फ़ॅजिस्ट्-*n.* he who eats all kinds of food. सर्वभक्षी प्राणी।

Pantry-पैन्'-ट्रि-*n.* (*pl.* **Pantries.**) a room in which provisions are kept. भण्डारघर, मोदीखाना।

Pants-पैन्ट्स्-*n. pl.* pantaloon. पतलून।

Panurgy-पैनर्जि-*n.* skill in performing all kinds of work. सब प्रकार के काम करने में कुशलता।

Pap-पैप्-*n.* nipple of breast, soft food for infants. स्तन का अग्रभाग, चूचुक, बच्चों का मुलायम भोजन।

Papa-पापा-*n.* a name for father used by children. बाबा, अब्बा, बाबू।

Papacy-पेप-सि-*n.* the office or authority of Pope. पोप (रोम के सबसे बड़े पादरी) का पद या अधिकार।

papal-पे-प्ल्-*adj.* of the Pope. पोप-सम्बन्धी; **Papalist** (-इस्ट्) -*n.* one who favours Popery. पोप के मत का अनुसरण करनेवाला।

papaw-पे-पॉ-*n.* a tree like palm. ताड़ की तरह का एक वृक्ष।

Paper-पे'-पर्-*n.* a substance used for writing or printing, negotiable documents, newspaper, essay on a subject, bill, bond, deed, a set of examination questions, freepasses for theatres, paper-money, a wrapping of paper. पत्र, कागज़, दस्तावेज़, समाचारपत्र, किसी विषय पर लेख, हुण्डी, माल का पुर्जा, एकरारनामा, दानपत्र, प्रश्न-पत्र, अभिनय का निःशुल्क प्रवेश-पत्र, कागज़ की मुद्रा, कागज़ का ढकना; -*adj.* made of paper. कागज का बना हुआ; -*v.t.* to cover with paper. कागज़ से ढाँकना, कागज़ चढ़ाना।

Paper currency-पे'-पर्-क'-रॅन्-सि -*n.* currency notes. कागज़ी मुद्रा।

Paper hangings-पे'-पर्-हैं-क्षिग्ज़् - *n.* wall papers. दीवारों पर चिपकाने का कागज़।

Paper-knife-पे'पर्-नाइफ़् - *n.* a knife for cutting leaves of books &c. कागज काटने की छुरी।

Paper-money-पे'-पर्-मनि-*n.* bank notes &c. बैंक के नोट इत्यादि।

Paper-mill-पे'-पर्-मिल्-*n.* a mill in which paper is made. कागज़ बनाने का कारखाना।

Paper-weight-पे'-पर्-वेट्-*n.* a small weight for laying on loose papers. कागज़ दबाने का धातु इत्यादि का टुकड़ा।

Papery-पे'-परि-*adj.* resembling paper. कागज़ के समान; **To commit to paper** (to write down.) लिखना; **To put pen to paper** (to begin writing.) लिखना आरम्भ करना।

Papier-mache-पैपियेमार्शे-*n.* moulded paper pulp used for making boxes. साँचे में ढली कागज़ की लुग्दी जिसके बक्स बनते हैं।

Papilla-पैपिला-*n.* (*pl.* **Papillae**) a small protuberance in the body. मसा, इल्ला।

Papillary-पैपिलरि-*adj.* covered with papillae. महीन दानों या इल्लों से भरा हुआ।

Papist-पे'-पिस्ट्-*n.* an advocate of the church of Rome. पोप का समर्थक, पोप का अधिकार माननेवाला; **Papistic** (-पिस्टिक्)-*adj.* **Papistical.** पोप के अधिकार-सम्बन्धी।

Papoosh-पॅ-पूश़'-*n.* covering for the foot. चप्पल, जूती।

Pappus-पैं-पस-*n.* downy turf. कोमल रोवाँ।

Papula (**Papule**) पैप्युला (-ल्) -*ns.* (*pl.* **Papulae, Papules.**) a small projection on plants. पौधों पर छोटा उभाड़ या दाना; **Papular** (-र्)-*adj.* full of pimples. दानेदार।

Papulose-पैप'-यु-लोस्-*adj.* full of pimples छोटे-छोटे दानों से पूर्ण।

Papyro-पॅपाइ'-रॅ-*pref.* in sense of "paper." उपसर्ग जिसका अर्थ "कागज का" होता है।

Papyrograph-पॅपाइ'-रॅ-ग्राफ्-*n.* an apparatus for copying. किसी लिखावट की प्रतिलिपि करने का यन्त्र।

Par-पार्-*n.* equality, equal value. समता, तुल्यता, बराबरी; **Above par** (above the ordinary value.) सामान्य मूल्य से अधिक का; **At par** (of equal value.) बराबर मूल्य का; **Below par** (below the ordinary value.) घाटे से, कम भाव में।

Para-पॅर्-अ-*pref.* signifying beyond or beside. 'बाहर' या 'अतिरिक्त' अर्थ का उपसर्ग; (पारा)-*n.* a city of Brazil. ब्रैज़ील का एक नगर; (पॅ-रॅ) -*n.* short form of paragraph. अंग्रेजी शब्द 'paragraph.' या 'परिच्छेद' का छोटा रूप।

Parable-पॅर्'-अ-बूल्-*n.* an allegory, an enigma, a proverb. उपमा, दृष्टान्त, कहावत।

Parabola-पॅ-रॅबॅल्'-आ-*n.* a plane curve formed by the intersection of a cone with plane parallel to its side. अनुवृत्त, परवलय; **Paraboloid** (-ब-लॉ-इड्) -*n.* a solid parabolic form. ठोस अनुवृत्त।

Parabolic-पॅ-रॅ-बॅ-लिक्-*adj.* figurative. लाक्षणिक; **Parabolically** (-अलि)-*adv.* in a parabolic manner. दृष्टान्त या लाक्षणिक रूप में।

Parachronism-पॅ-रॅ-क्रॅ नि-ज़्म्-*n.* a mistake in chronological order. वंशक्रम की अशुद्धि।

Parachute-पॅ-र्'-अ-शूट्-*n.* an apparatus like an umbrella used for descending from a balloon or airship. हवाई जहाज़ या गुब्बारे पर से उतरने का छाता।

Parachutist-पॅ-र्-अ-शू-टिस्ट्-*n.* one who descends from a balloon or aeroplane by the help of a parachute. ऐसे छाते की सहायता से गुब्बारे पर से उतरनेवाला।


Parachute.

Paraclete-पॅ-र्-अ-क्लीट्-*n.* an advocate. दूसरे के लिये बहस करनेवाला।

Paracusis-पॅरॅक्यू'-सिस्-*n.* distorted hearing. श्रुति-दोष, कान की खराबी।

Parade-पॅ-रेड्'-*n.* display, show, muster of military troops for inspection, ground used for military display. आडम्बर, बाहरी शोभा, युद्धाभ्यास, शस्त्रशिक्षा का मैदान;-*v. t. & i.* to array in military order, to make a display of, to marshal in a military order. सैनिकों का व्यायाम या कवायद करना, आडम्बर-सहित दिखलाना, परेड करते हुए चलना;

Parade ground (ground where troops parade.) कवायद करने का मैदान।

Paradigm-पॅ'-रॅ-डाइम्-*n.* an example, a pattern or model. उदाहरण; रूपनिदर्शन, **Paradigmatic** (-डिग्-मॅट्'-इक्)-*adj.* in the form of a paradigm. उदाहरण का, रूपदर्शन का।

Paradisaical-पॅरॅडिसेइअकल् -*adj.* pertaining to Paradise. स्वर्गीय, स्वर्ग-सम्बन्धी।

Paradise-पॅ'-र-डाइस्-*n.* the realm of supreme bliss, heaven. सुखभवन, वैकुण्ठ, स्वर्ग।

Parados-पॅ'-र-डॉस्-*n.* the mound at the back of trench. खाई के पीछे का टीला।

Paradox-पॅ'-र-डॉक्स्-*n.* (*pl.* **Paradoxes.**) a seemingly absurd statement, self contradictory statement. असत्याभास (विरुद्ध मत), आत्मविरोध की उक्ति; **Paradoxer** (-अर्), **Paradoxist** (-इस्ट्)-*ns.* one who speaks in paradoxes. विरोधाभासी।

Paradoxical-पॅ-र-डॉक्स्'-इ-कल्-*adj.* of the nature of a paradox. असत्यवत्, लोक-विरुद्ध; **Paradoxically** (-कलि)-*adv.* in a paradoxical manner. लोक विरुद्धता से।

Paraffin-पॅ'-र-फ़िन्-*n.* a fatty substance used for making candles &c. मोमबत्ती इत्यादि बनाने का चर्बी के समान पदार्थ;-*v. t.* to make use of paraffin. इस प्रकार की चर्बी का उपयोग करना।

Paragoge-पॅ-रॅ-गो'-जि-*n.* addition of a letter to a word. किसी शब्द में एक अक्षर जोड़ देना; **Paragogic** (-जिक्)-*adj.* pertaining to paragog इस प्रकार के जोड़ का।

Paragon-पॅ-रॅ-गॅन्-*n.* model of excellence, supremely excellent model, a very valuable diamond. अत्युत्तम आदर्श, अनुपम पदार्थ, बहुमूल्य बड़ा हीरा;-*v. t.* to compare. तुलना करना।

Paragram-पॅ-रॅ-ग्रॅम्-*n.* a play upon words. काव्य में श्लेष; **Paragrammatist** (-आ-इस्ट्) -*n.* श्लेष लेखक।

Paragraph-पॅ-रॅ-ग्रॅफ्-*n.* a distinct passage in a book, a distinction, a reference mark. परिच्छेद, वाक्य-खण्ड, प्रकरण का चिह्न;-*v.t.* to mark with paragraphs. किसी मनुष्य के लिए परिच्छेद लिखना; **Paragrapher** (-अर्), **Paragraphist** -*ns.* one who writes into paragraphs. परिच्छेदों में लिखनेवाला; **Paragraphic** (-इक्)-*adj.* pertaining to paragraphs. प्रकरण-सम्बन्धी; **Paragraphically** (-इ-क-लि)-*adv.* in the form of paragraphs. प्रकरण रूप में।

Parakeet-पॅ-रॅ-कीट्-*n.* a kind of small parrot. एक प्रकार का छोटा सुग्गा, तोता।

Parakite-पॅ-रॅ-काइट्-*n.* a kind of kite for descending from a balloon. गुब्बारे पर से

उतरने के लिए छाते का काम करनेवाली गुडडी।

Parallax-पॅरॅलॅक्स्-*n.* an apparent change in the position of an object caused by the position of the observer. लम्बन,देखनेवाले का स्थान बदलने से दृष्ट पदार्थ के स्थान में अन्तर।

Parallel-पॅरॅलॅल् - *adj.* equidistant, similar, analogous. समानान्तर, सदृश, तुल्य (समरूप); -*v. t.* to place parallel or equal. समानान्तर करना, तुल्य करना; **Parallel bars** (-बार्स्)-*n.* a pair of horizontal bars fixed above the ground for exercise. व्यायाम करने का एक यन्त्र; **Parallel lines** (equidistant lines.) समानान्तर रेखा।

Parallelepiped-पॅरॅलॅ लॅ पिपॅड्-*n.*a solid figure bound by parallelograms. समानान्तर चतुर्भुजों से बनी हुई ठोस आकृति, समानान्तर खात।

Parallelism -पॅरॅलॅलिज़्म् -*n.* resemblance, comparison. समानता, सादृश्य; **Parallels of latitude** (each of the parallel circles marking degrees of latitude on the earth's surface in a map.) अक्षवृत्त।

Parallelogram-पॅरॅलॅ लॅग्राम् -*n.* a rectilineal figure of four sides which has its opposite sides parallel. समानान्तर (रेखाओं से बना हुआ) चतुर्भुज।

Parallel Ruler-पॅरॅलॅल्-रूलर्-*n.* a pair of footrules for drawing parallel lines. समानान्तर रेखा खींचने की दोहरी पटरी।



Parallel Ruler.

Paralogism-पॅरॅलॅजिज़्म् -*n.* an illogical reasoning. न्यायविरुद्ध तर्क।

Paralogize-पॅरॅलॅजाइज़्-*v. t.* to reason illogically. न्यायविरुद्ध तर्क करना।

Paralogy-पॅरॅ-लॅ-जि - *n.* false reasoning. अशुद्ध या न्यायविरुद्ध तर्क।

Paralyse, (Paralyze)-पॅ-र्'-अ-लाइज़् - *v.t.* to affect with palsy, to make powerless. लकवा मारना, शक्तिहीन करना।

Paralysis-परॅलिसिस्-*n.* inability to contract muscles. पक्षाघात, लकवा।

Paralytic-परॅलिटिक्-*adj.* affected with palsy. पक्षाघात से ग्रस्त, लकवा मारा हुआ; **Paralytically** (-लि) - *adv.* in a paralytic manner. लकवा मारे हुए।

Paramagnetic-पॅ-रॅ-मॅग्-नॅट्'-इक्-*adj.* able to be attracted by the poles of a magnet. चुम्बक के छोरों से आकर्षित किये जाने योग्य; **Parmagnetism** (-इज़्म्) -*n.* paramagnetic attraction. इस प्रकार का आकर्षण।

Paramatta-पॅर्-अ-मॅ-ट्'-आ - *n.* a fabric of soft wool and cotton or silk. सूत तथा ऊन मिला हुआ वस्त्र, परमटा।

Parameter-पॅरॅमिटर् -*n.* a constant quantity in mathematics. गणित में स्थिर राशि।

Paramnesia-पॅ - रॅम् - नी'-सि-आ - *n.* false memory. अशुद्ध स्मृति, ग़लत यादगार।

Paramount-पॅ-र्'-अ-माउन्ट्-*adj.* pre-eminent, supreme, superior to all others, of the highest order or importance. परम, विशिष्ट, सर्वश्रेष्ठ, सर्वोत्तम, प्रधान; **Paramountcy** (-सि) -*n.* pre-eminence or superiority. सर्वश्रेष्ठता; **Paramountly** (-लि) - *adv.* pre-eminently. सर्वश्रेष्ठता से; **Paramount lord** (supreme lord.) सार्वभौम; **Paramount sway** (supreme government.) साम्राज्य।

Paramour-पॅ - र्' - अ - मूर् - *n.* a lover or mistress. यार, उपपति या उपस्त्री।

Paranoia-पॅर्'-अ-नॅ-इआ-*n.* mental derangement. मानसिक उन्माद, पागलपन।

Parapet-पॅरॅपिट् -*n.* a wall at the edge of a roof or bridge, the wall at the side of a trench. दीवार, रोक, खाई के पास की दीवार।

Paraph-पॅ-रॅफ्-*n.* flourish after a signature. हस्ताक्षर के बाद का घुमौवा चिह्न;**Royal paraph** (royal sign) राजचिह्न; **Woman's paraph** (gift of a husband to his wife.) स्त्रीधन।

Paraphernalia-पॅ - रॅ' - फर्नें लिआ - *n. pl.* personal belonging, ornaments. अपनी निजी सामग्री, सामान, आभूषण।

Paraphrase-पॅ'-रॅ फ्रेज़् -*n.* free explanation of a passage. विस्तृत व्याख्या (अन्य शब्दों में विवरण);-*v. t.* to translate freely. सविस्तार व्याख्या करना।

Paraphrastic-पॅरॅफ्रॅस्टिक्-*adj.* of free explanation. विस्तृत रूप का ; **Paraphrastically** (-अ-लि) -*adv.* in a paraphrastic manner. व्याख्या रूप में।

Paraplegia-पॅर्-अ-प्ली'-जि-आ-*n.* paralysis of the lower limbs. नीचे के अङ्गों का पक्षाघात।

Paraquito-पॅ-रॅ'-की'-टो -*n.* a small parrot. छोटा सुग्गा, तोता।

Parasite-पॅ-र-साइट - *n.* a hanger-on, a toady, an animal or plant which gets its nourishment from another. परान्नभोजी, परजीवी, चापलूस, वह प्राणी (या पौधा) जो दूसरे प्राणी (या पौधे) से पोषण पाता है।

Parasitic-पॅ-र-सिट्'-इक्, **Parasitical** (-अल्) -*adjs.* living on another, like a parasite. पराश्रयी, दूसरे का आश्रय लेनेवाला, परजीवी।

Parasiticide-पॅ‍ॅ-र-सिट्‌'-इ-साइड्‌-*n.* destroying of parasites. परजीवी पौधों या प्राणियों के नाश करने की औषधि ।

Parasitize-पॅ-र-सि-टाइज़्'-*v. t.* to act as a parasite. पराश्रयी होकर लगना ।

Parasol-पॅ-र्'-अ-सॅ-ल्‌- *n.* a small umbrella. (स्त्रियों का) छोटा छाता ।

Parataxis-पॅ-रॅ-टॅक्स्'- इस्‌- *n.* a number of clauses put together without connecting words. संयोग रहित पदों का क्रम ।

Parboil-पार्'-बॉ-इल्‌-*v. t.* to boil partially. अधूरा पकाना या क्वाथ करना ।

Parcel-पार्सॅल्‌-*n.* a part, a package, bundle, lot. खण्ड, पोटली, गट्ठर (पुलिन्दा), ढेर;-*v. t.* (-सॅल्') (*p. t.* **Parcelled.**) to divide into portions. खण्ड करना, भाग करना;-*adv.* incomplete. थोड़ा, अधूरा; **Part and parcel** (essential part.) आवश्यक अङ्ग; **To parcel out** (to separate.) अलगाना ।

Parcenary-पार्सनरि-*n.* joint heirship. बराबर का अधिकार, वपौती का साझा ।

Parcener-पार्सनर्‌-*n.* a co-heir. समानाधिकारी, साझीदार, पट्टीदार ।

Parch-पार्च्'-*v. t. & i.* to roast slightly, to scorch, to become hot and dry. भुनना, झुलसाना, सूखना ।

Parched-पार्च्‌ड्‌ - *adj.* dried, roasted. सूखा हुआ, भुना हुआ; **Parchedness** (- नेस्‌)-*n.* the state of being scorched. झुलसन; **Parched rice.** लावा ।

Parchment-पार्च्'-मॅन्ट्‌-*n.* the skin of sheep or goat prepared for writing or painting. चर्मपत्र, लिखने या चित्र बनाने के लिये भेड़ी या बकरी का चमड़ा, चमड़े का कागज़ ।

Pard-पार्ड्‌-*n.* a leopard तेंदुआ, चीता ।

Pardon-पार्'-ड्न्‌-*n.* forgiveness, remission of punishment for a crime. क्षमा (दोषमुक्ति), अपराध-क्षमा; - *v. t.* to forgive, to excuse. क्षमा करना, माफ़ करना ।

Pardonable-पार्डनेबल्‌ - *adj.* excusable. क्षमा के योग्य; **Pardonableness** (-नेस्‌) -*n.* excusableness. क्षमायोग्यता; **Pardonably** (-एब्‌लि)-*adv.* क्षमापूर्वक; **Pardoner** (-अर्‌)-*n.* क्षमा करनेवाला ।

Pare-पॅअर्‌-*v. t.* to trim by cutting away small bits, to diminish. कतरना (छाँटना), कम करना (टुकड़ा करना) ।

Paregoric-पॅरिगॅरिक्‌-*adj. & n.* soothing, a medicine which mitigates pain. शान्तिप्रद, पीड़ा कम करनेवाली औषधि ।

Parenetic-पॅरॅनॅ-टिक्‌-*adj.* persuasive. प्रेरणा करनेवाला ।

Parent-पॅ-रॅन्ट्‌-*n.* (*common gender.*) fathet or mother, origin, source. माता-पिता (प्रभव), कारण, जन्महेतु ।

Patentage-पॅ-रॅन्टेज्‌-*n.* descent from parents, lineage. जाति, कुल, पिता का नाम ।

Parental-पॅ-रॅन्टल्‌-*adj.* pertaining to parents. पैतृक, माँ-बाप-सम्बन्धी; **Parental affection** (love of parents.) माता-पिता का स्नेह ।

Parenthesize-पॅरॅन्थिसाइज़्‌-*v. t. & i.* to put words in brackets. शब्दों को कोष्ठक में रखना।

Parenthetic-पॅरॅन्थिटिक्‌,**Parenthetical** (-कल्‌) -*adjs.* interposed. प्रासंगिक, अप्रधान; **Parenthetically** (-अ-लि) -*adv.* निक्षिप्त रूप में ।

Parenthood- पॅ - रॅन्ट्‌ - हुड्‌-*n.* the state of being a parent. पितृत्व ।

Parenticide-पॅ-रॅ-न्टिसाइड्‌-*n.* killing of parents. माता-पिता की हत्या ।

Parentless-पॅ-रॅन्ट-लॅस्‌-*adj.* without parents बिना माँ-बाप का ।

Parenthesis-पॅरॅन्थिसिस्‌-*n.* (*pl.* **Parentheses** -सीज़्‌) a sentence or a clause not grammatically essential, used in brackets, round brackets. निक्षेप वाक्य, अप्रधान' वचन, कोष्ठक का ( ) चिह्न ।

Parer-पॅअरर्‌-*n.* one who pares. कतरनेवाला ।

Paresis-पॅ'-रि-सिस्‌- *n.* paralysis affecting muscles only. केवल पेशियों का पक्षाघात ।

Paretic-पॅरिटिक्‌-*adj.* pertaining to paresis. पेशियों के पक्षाघात से संबंधित ।

Parget-पॅर्'-जॅट्‌-*n.* plaster. दीवारों पर का पलस्तर;-*v. t.* to plaster wall &c. दीवार इत्यादि पर पलस्तर करना ।

Pariah-पॅ-रिआ-*n.* a member of the lowest caste, a social outcast. सबसे नीच जाति का मनुष्य, समाज से बाहर निकाला गया व्यक्ति ।

Parietal-पॅराइ-इटल्‌-*adj.* pertaining to the walls of the body. शरीर के बाहरी भाग का ।

Pari-mutuel - पॅरीम्यूच्युऍल्‌ - *n.* a betting machine. जुवा खेलने का एक प्रकार का यन्त्र ।

Paring-पॅअर्‌-इङ्ग्‌-*n.* a portion cut off. कतरन ।

Parish-पॅ'-रिश्‌-*n.* an ecclesiastical division of a country. पादरी का प्रदेश, पल्ली, ग्राम ।

Parishioner-पॅ-रि-शन्‌-र्‌-*n.* a resident in a parish. ग्रामवासी; **Parish priest** (the priest of a parish.) देहात का पुरोहित ।

Parity-पॅ'-रि-टि-*n.* (*pl.* Parities.) equality, analogy. समानता, बराबरी।

Park-पार्क्-*n.* a piece of enclosed land in a town for public recreation, a space for artillery stores &c. प्रमोदवन (सर्वसामान्य के घूमने का बगीचा), फौजी सामग्री रखने का स्थान; -*v. t.* to enclose in a park, to arrange artillery, to stop a car in a reserved space. क्रीड़ावन में बन्द करना, फौजी सामग्री इकट्ठा करना, निश्चित स्थान पर गाड़ी खड़ा कर रखना; **Parker** (-अर्)-*n.* a park-keeper, a park rabbit. प्रमोद वनपालक, उद्यान का खरहा।

Parlance-पार्'-लॅन्स्-*n.* mode of speech, conversation. बोलने की रीति, सम्भाषण।

Parley-पार्लि-*n.* (*pl.* Parleys.) a conference for debate, talk, discussion. विवादार्थ सम्मेलन, वार्तालाप, शास्त्रार्थ; -*v. i.* & *t.* (*p. t.* Parleyed.) to discuss terms of peace with enemy. शत्रु से सन्धि की बातचीत करना।

Parliament-पार्'-ली-मॅन्ट् -*n.* the supreme legislative council of the United Kingdom. इँग्लैंड की सबसे बड़ी प्रतिनिधि सभा, संसद; **Parliamentarian** (-मॅन्टे'रिअन्)-*n.* संसद में वाद-विवाद करने में निपुण व्यक्ति; **Parliamentary** (-अ-रि)-*adj.* pertaining to parliament. संसद सम्बन्धी।

Parlour-पार्लर्-*n.* an ordinary sitting room in a house, a room for private conversation. बैठक, संलापगृह; **Parlourmaid** (a female cook.) रसोईदारिन।

Parlous-पार्लस्-*adj.* perilous. भयंकर, संकटपूर्ण।

Parmesan-पार्मिज़न्-*n.* a kind of cheese. एक प्रकार की पनीर।

Parochial-परोकिअल्-*adj.* pertaining to a parish. ग्राम्य, देहात का।

Parodist-पॅ'-रॅ-डिस्ट्-*n.* one who makes parodies. विनोद के लिये अनुकरण करनेवाला।

Parody-पॅ'-रॅ'-डि-*n.*(*pl.* Parodies.) a writing in which an author's characteristics are imitated and ridiculed. हास्यपूर्ण व्यंग काव्य; -*v.t.* (*p.t.* Parodied.) to imitate as a parody. ग्रन्थकर्ता के शब्दों को हास्य मय पदों में बदलना।

Parol-पॅ-रॅ-ल्-*adj.* oral. मौखिक, मुखसे कहा हुआ।

Parole-पॅ-रोल्'-*n.* a word of honour, a word of promise, a military password, a military prisoner's solemn promise. वचन, प्रतिज्ञा, सेना का सांकेतिक शब्द, युद्ध के बन्दी की दृढ़ प्रतिज्ञा; -*v. t.* to leave a prisoner on parole. कैदी को दृढ़ प्रतिज्ञा पर छोड़ना।

Paronomasia-पॅ-रॅ-नॅ-मे-ज़ि-आ - *n.* a play on words, pun. श्लेष, शब्दालंकार।

Paronym-पॅ'-रॅ-निम् - *n.* words alike in sound but different in spelling and meaning. ऐसे शब्द जिनकी ध्वनि एक पर उच्चारण और अर्थ भिन्न हों; **Paronymous** (-रॉ-नि-मस्) -*adj.* like a paronym. ऐसे शब्द से संबंधित।

Paroquet - पॅ-रॅ-कॅट्- *n.* a small parrot. छोटा सुग्गा।

Parotid-पॅरॉटिड्-*adj.* situated near the ear. कान के पास का।

Parotitis-पॅ-रॅ'-टाइ'-टिस्-*n.* mumps. कर्णमूल फूलने का रोग।

Paroxysm-पॅ-रॉक्स्'-इज़्म्-*n.* violent fit of a disease, a violent fit. रोग का आवेग, आक्रोश; **Paroxysmal** (-अल्)-*adj.* pertaining to paroxysm. आवेग-सम्बन्धी।

Parpen-पार्'-पॅन् -*n.* a smooth-faced stone passing through a wall. पत्थर का बन्द।

Parquet-पार्-के,- पार्' - कॅट्-*n.* wooden flooring. लकड़ी की छत; **Parquetry** (-रि)-*n.* inlaid woodwork in floors. रंगबिरंगी लकड़ी की छत।

Parricidal-पॅ-रि-साइड्ल् -*adj.* pertaining to parricide. पितृहत्या-सम्बन्धी।

Parricide-पॅ'-रि-साइड्-*n.* murderer of a parent or near relation. पितृघाती, समीप के सम्बन्धी की हत्या करनेवाला।

Parrot-पॅ-रट्-*n.* a bird of beautiful plumage taught to repeat words. सुग्गा, तोता; -*v. t.* to utter words without knowing their meaning. तोते की तरह बिना अर्थ समझे शब्द दुहराना।

Parry-पॅ'-रि-*v. t.* (*p.t.* Parried.) to ward off, to prevent, to avert. हटाना, रोकना, टालना।

Parse-पार्ज़्-*v. t.* to name the parts of speech of a word and to show its relation in a sentence to other words. पदच्छेद करना, पदभंजन करना।

Parsing-पार्ज़िङ्ग् - *n.* naming the parts of speech &c. of a word. पदभंजन, पदच्छेद।

Parsee-पार्सी-*n.* one who believes in Zoroastrianism. पारसी, अग्निपूजक; **Parseeism** (-इज़्म्)-*n.* Parsee religion. पारसी धर्म।

Parseval-पार्'-सॅ-वल्-*n.* a kind of German airship. एक प्रकार का जर्मनी का हवाई जहाज।

Parsimonious-पार्सि-मो'- नि- अस् -*adj.* niggardly. अल्पव्ययी, कृपण; **Parsimoniously** (-लि)-*adv.* in a parismonious manner. कृपणता से; **Parsimoniousness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being parsimonious. कृपणता, कंजूसी।

Parsimony-पार्सिमनि-*n.* stinginess, frugality, economy. मितव्यय, कंजूसी, कमखर्ची।

Parsley-पार्-स-लि-*n.* a plant with aromatic leaves. अजमोदा, खुरासानी अजवायन।

Parsnip-पार्'-स्निप्-*n.* a plant with edible root. चुकन्दर।

Parson-पार्सन्-*n.* a rector, a clergyman. पादरी।

Parsonage-पार्सनेंज्-*n.* residence of a parson. पादरी का घर।

Parsonic-पार्सनिक्-*adj.* pertaining to a clergy. पादरी का, पादरी संबंधी।

Part-पार्ट्'-*n.* a fragment, division, portion considered apart, share, side, the words of an actor on the stage. भाग, अंश, खण्ड, हिस्सा, ओर (अवयव), नाटक के पात्र का नियोग; **Parts**-(*n. pl.*) accomplishment, qualities. गुण, विशेषता;-*v. t. & i.* to distribute, to break asunder, to share, to be separated, विभाग करना (बाँटना), अलगाना, तोड़कर अलग करना, हिस्सा लगाना, विदा होना; **For my part** (as far as lies in my power.) जहाँ तक मेरा सम्बन्ध है; **For the most part** (almost.) प्रायः; **I have done my part** (I have done the part allotted to me.) मैंने अपना निर्धारित कार्य कर लिया; **In good part** (favourably.) अनुग्रह से; **In parts** (in portions.) थोड़े अंश में; **On the part of** (for the sake of.) वास्ते, लिये; **Part and parcel** (essential portion.) आवश्यक अङ्ग; **Part of speech** (class of words.) शब्दखण्ड; **Part-owner** (associate.) साथी; **Three parts** (3/4th portion.) रुपये में बारह आना; **To have a part in** (to be connected with.) सम्बन्ध रखना; **To part company** (to dissolve companionship.) साथ छोड़ना; **To part the hair** (to separate the hair of the head with a comb.) सिर के बालो को सँवारना; **To part with** (to surrender, to give up.) आत्म-समर्पण करना, बिदाई लेना, त्यागना; **To take part** (to help.) सहायता देना।

Partakable-पार्-टेकॅ-बल्-*adj.* able to be shared. बाँटने योग्य।

Partake-पार्टेक्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Partook**, *p. p.* **Partaken.**) to take share in. अंश बाँटना, हिस्सेदार होना।

Partaker-पार्टकर्-*n.* a sharer. भागी, हिस्सा लेनेवाला।

Parted-पार्टेड्-*adj.* severed, separated. पृथक् किया हुआ, अलगाया हुआ।

Parterre-पार्टेर्-*n.* space of flowerbeds in a garden, ground floor of a theatre. पुष्पवाटिका, नाटकघर की जमीन।

Partial-पार्'-शल्-*adj.* incomplete, unfair, of a part only, biased. अपूर्ण, पक्षपाती, एकदेशीय; **Partial eclipse** (eclipse of part only.) खण्डग्रास ग्रहण।

Partiality-पार्शिऑलिटि-*n.* bias, favouritism, special fondness for. असमदृष्टि, पक्षपात, अनुराग (स्नेह)।

Partially-पार्श्यलि-*adv.* in a partial manner, not entirely. आंशिक रूप में, थोड़ा-सा।

Partibility-पार्टिबिलिटि-*n.* separatability, divisibility. पृथक् करणीयता।

Partible-पार्टि-बल्-*adj.* separate, able to be separated. पृथक्, अलग, भाग करने योग्य।

Participant-पार्टि-सि-पॅन्ट्-*n.* one who partakes. भागी, हिस्सेदार।

Participate-पार्टि-सि-पेट्-*v. i. & i.* to have share in, to have something of, to join. अंश ग्रहण करना, भाग लेना, सम्मिलित होना।

Participation-पार्टिसिपेशन्-*n.* a sharing in common with others. हिस्सेदारी, बटवारा।

Participator-पार्टिसिपेटर्-*n.* a partaker. भाग लेनेवाला।

Participial-पार्टिसिपिअल्-*adj.* formed from a participle. कृदन्त का; **Participially** (-लि) -*adv.* in a participial manner. कृदन्त रूप में।

Participle-पार्टिसिपल्-*n.* a verbal adjective which qualifies a noun. कृदन्त, जिस शब्द में विशेषण तथा क्रिया के गुण हों।

Particle-पार्टि-कल्-*n.* a minute portion, the smallest amount, an atom. कण (लेश), परिमाण, छोटा अंश।

Parti-coloured-पार्टि-कलर्ड-*adj.* partly of one colour and partly of another, variegated. रङ्ग-बिरङ्गा।

Particular-पर्टि-क्युलर्-*adj.* relating to one single person or thing, careful, precise, special, peculiar. विशिष्ट, सावधान, स्थिर, विलक्षण, अपूर्व (असाधारण), अमुक, सूक्ष्म; **At a particular time** (on a special occasion.) किसी विशिष्ट समय पर; **Give the particulars** (give detailed description of.) विस्तृत विवरण दो, खुलासा तफसील बयान करो; **In particular** (particularly.) विशेषकर; **Particulars of a battle** (detailed description of a battle.) युद्ध का विस्तारपूर्वक वर्णन।

Particularity-पर्टिक्युलैरिटि-*n.* specification

Hat हाट्; Hot हॉट्; Measure मेझर

of particulars, minute details, minuteness in detail. विशेष कथन, विशिष्ट विवरण, ब्योरेवार विस्तार ।

Particularization - पर्टिक्युलराइजेशन्-*n.* the act of particularizing. विशेष वर्णन ।

Particularize-पर्टिक्युलराइज्-*v. t.* to mention in detail. वर्णन करना, ब्योरेवार कहना; **Particularized** (-आइज्ड्)-*adj.* detailed. निर्दिष्ट, ब्योरेवार ।

Particularly-पर्टिक्युलर्लि-*adv.* in a particular manner, in detail. विशेषरूप से, विस्तार से ।

Parting-पार्टिङ्ग्-*adj.* separating;-*n.* separation, a place of separation or division. अलग होने वाला, विदाई, वियोग, अलगाव या विभाजन का स्थान ।

Partisan, (Partizan)-पार्टिज़न्-*n.* an adherent of a party, a kind of spear. सपक्षी (साथी), एक प्रकार की बर्छी; **Partisanship** (-शिप्)-*n.* adherence to a party. पक्षपात, साझा ।

Partite-पार्टाइट्-*adj.* divided at the base. पेंदी पर विभक्त किया हुआ ।

Partition-पार्टिशन्-*n.* a division into parts, a dividing wall, separation. विभाग, अलगाने वाली दीवार, हिस्सा;-*v. t.* to divide into parts. अलग-अलग हिस्सों में बाँटना; To partition off (to separate.) अलग-अलग करना ।

Partitive-पार्टिटिव्-*adj.* & *n.* a word which denotes part of a whole. विभाग-दर्शक, ऐसा विभाग; **Partitively** (-लि)-*adv.* in a partitive manner. विभाग दिखाते हुए ढंग से ।

Partlet-पार्ट्'-लेट्-*n.* proper name for a hen. मुर्गी (व्यक्तिवाचक संज्ञा के रूप में) ।

Partly-पार्ट्'-लि-*adv.* in part. आंशिक रूप में ।

Partner-पार्ट्'-नर्-*n.* an associate, a sharer, wife or husband, companion. सहभोगी, सझिया, पति या पत्नी, साथी, संगी; **Partnerless** (-लेस्)-*adj.* without a partner. बिना साझीदार का; **Partnership** (-शिप्)-*n.* joint interest in something. सहकारिता ।

Partridge-पार्ट्रिज्-*n.* a kind of game-bird. तीतर (चकोर) ।

Parts-पार्टस्-*n. pl.* talents, abilities. बुद्धिमानी, योग्यता ।

Parturient-पार्ट्यूरिअन्ट्-*n.* about to bring forth young. आसन्नप्रसवा, तुरंत ब्यानेवाली ।

Parturition-पार्ट्युरिशन्-*n.* childbirth. प्रसव, उत्पत्ति ।

Party-पार्टि-*n.* (*pl.* Parties.) a company of persons joined for a cause, a faction, accessory, body of men travelling together detachment of soldiers, a social gathering, a litigant. जनसमूह, पक्ष, सहायक, सहयात्रियों का समूह, सैनिक का भाग, सामाजिक संघ, प्रतिवादी; Of one party (of one's company.) अपने पक्ष का; Of the opposite party (of the side of the enemy.) विपक्ष का ।

Party-spirit-पार्टि-स्पिरिट्-*n.* the spirit which animates a party. अपने पक्ष पर दृढ़ता, पक्षपात ।

Parvenu-पार्'-व्ने-न्यु-*n.* a man of low origin who has amassed wealth, an upstart. नीच जाति का मनुष्य जिसने बहुत धन कमाया हो, यकायक धनवान या शक्तिशाली बना हुआ ।

Parvis-पार्विस् - *n.* enclosed ground in front of a church. गिरजाघर के सामने का हाता ।

Pascuous-पास्क्'-यु - अस् - *adj.* growing in pastures. चरागाह में उगनेवाला ।

Pasha, Pacha-पाशा-*n.* a Turkish governor तुर्की अफ़सर; **Pashalic** (-लिक्)-*n.* the juris diction of a Pasha. तुर्क राज्य ।

Pasquinade-पॅस्'-क्वि-नेड्-*n.* a lampoon, a personal satire उपहास (निन्दात्मक) लेख, किसी व्यक्ति पर व्यंगोक्ति ।

Pass-पास्-*v. t.* & *i.* to spend, to circulate, to transfer, to be transported from place to place, to change, to omit, to enact, to get through, to go across, to happen, to proceed, to elapse. व्यय करना, फैलाना, स्थान बदलना, परिवर्तन करना, छोड़ना, लागू करना, उत्तीर्ण होना, पार होना, घटित होना, आगे बढ़ना, बीतना; Act was passed (act was enacted.) नियम लागू हुआ; Let it pass now (let it take place.) अब ऐसा होने दो; Read the paper and pass it on (give it to another person after reading.) कागज पढ़-पढ़कर आगे को बढ़ावें; This passes comprehension (it is beyond thinking.) यह विचार से बाहर है; To pass an examination (to be successful in an examination.) परीक्षा में उत्तीर्ण होना; To pass away (to be destroyed, to die.) नाश होना, मरना; To pass by (to abandon, to omit, to disregard. त्यागना, छोड़ना, तिरस्कार करना; To pass by the name of (to be known by the name of.) नाम से प्रसिद्ध होना; To pass into (to enter.) प्रवेश करना; To pass off (to run away.) भाग जाना, हटना; To pass on (to go forward.) आगे बढ़ना; To pass over (to leave off.) त्यागना; To pass through (to enter.) प्रवेश करना, घुसना; To pass time (to spend time.) समय बिताना; To pass water (to urinate.) लघुशङ्का

या पेशाब करना।

Pass-पास्-*n.* attainment of a standard in an examination, a free ticket, a narrow passage in a mountain, a trick, a thrust, condition. परीक्षा की उत्तीर्णता, निःशुल्क आज्ञा-पत्र, दर्रा, संकट, छल, धक्का, प्रहार, अवस्था; **Passable** (पार्से-ब्ल्)-*adj.* that may be passed, current, tolerable. स्वीकरणीय, प्रचलित, काम चलाऊ; **Pass-book**(पास्'-बुक्)-*n.* a banker's book in which the accounts of a client are kept. बैंक की किताब जिसमें रुपया जमा करनेवाले के लेन-देन का हिसाब लिखा होता है; **Pass-key**-पास्'-की-*n.* private key to a gate &c. for special purposes. घर के फाटक की गुप्त ताली; **To bring to pass** (to be successful.) सफल होना; **To come to pass** (to chance.) घटना होना; **Without a pass** (without a ticket.) बिना टिकट के।

Passable-पार्से-ब्ल्-*adj.* receivable, current, that may be travelled over or navigated. ग्रहण योग्य, प्रचलित, स्थल अथवा जल द्वारा यात्रा करने के योग्य।

Passably-पार्से-ब्लि-*adv.* tolerably. सहन करने योग्य ढंग से या रूप में, काम चलाऊ रूप में।

Passage-पॅ-सेज्-*n.* the act of passing, event, currency, voyage, way of passing, part of a book, moving of a rider sideways. गमन की क्रिया, घटना, प्रचलन, समुद्री यात्रा, निकास, पुस्तक का अंश, घुड़सवार का एक ओर चलना।

Passenger-पॅ-सेन्-जर्-*n.* a traveller in a public vehicle. सार्वजनिक या आम गाड़ी का पथिक, रेल का यात्री; **Passenger-pigeon** (a wild pigeon.) जङ्गली कबूतर।

Passer-पासर्-*n.* a passenger. पथिक, राहगीर।

Passer-by-पासर् - बाइ- *n.* (*pl.* **Passers-by.**) one who goes near. समीप से जानेवाला।

Passerine-पासराइन्-*n.* a kind of sparrow. एक प्रकार की गौरैया, चटक चिरैया।

Passing-पास् - इङ्ग् - *adj. & n.* going by, through or away, transient, fleeting, happening now, incidental, surpassing, exceeding, a passage, death, gold or silver thread with a silk-core. पास या बीच से या दूर जानेवाला, मध्यकालीन, क्षणिक, शीघ्र या तीव्रगामी, अभी घटित होनेवाला, आकस्मिक, सर्वोत्तम, सर्वाधिक, मार्ग, मृत्यु, सोने या चाँदी का तार जिसके भीतर रेशमी तागा रहता है।

assion-पॅशन्-*n.* a strong emotion, anger, love, strong enthusiasm, eager desire. उत्तेजना, क्रोध, प्रेम, लालसा, उत्कण्ठा, भाव; -*v.t.* to imbue with passion. उत्तेजित करना; **Passioned** (-ड्)-*adj.* inspired by passion. उत्तेजित, क्रुद्ध, कामातुर।

Passional-पॅशनल्-*adj.* pertaining to passion, अभिलाषा या वासना-सम्बन्धी।

Passionless-पॅशन्-लॅस्-*adj.* calm, not easily excited. शान्त, विरक्त; **Passionlessly** (-लि) *adv.* in a calm manner. शान्ति से; **Passionlessness** (-नॅस्)-*n.* the state of being passionless. अनुरागहीनता।

Passionate-पॅशनेट्-*adj.* easily excited, showing passion, intense. कामुक, तीव्र (तीक्ष्ण), क्रोधी, उत्कट; **Passionately** (-लि)-*adv.* with passion. कामातुर रूप में, क्रोध-सहित, अनुराग-पूर्वक; **Passionateness** (-नॅस्)-*n.* the state of being passionate. उग्र होने की अवस्था, कामुकता, कामातुरता।

Passive-पॅ-सिव्-*adj.* patient, suffering, not acting, offering no resistance, submissive unresisting. धैर्ययुक्त, सहनशील, निष्क्रिय; अप्रतिरोधी, दब्बू, अनिवारक; **Passive debt** (a debt on which no interest is paid.) बिना ब्याज का ऋण; **Passively** (-लि)-*adv.* in a passive way. सहिष्णुता से, बिना प्रतिरोध के; **Passiveness** (-नॅस्)-*n.* the state of being passive, capacity of suffering, inactivity. निश्चेष्टता, सहनशीलता, शिथिलता; **Passive resistance**(resistance to a law by going to prison.)सत्याग्रह; **Passive voice.** कर्मवाच्य।

Passless-पास्-लॅस्-*adj.* having no passage. मार्ग-रहित।

Passover-पास - ओ' - वर्-*n.* a Jewish feast. यहूदियों का एक त्योहार।

Passport-पास् - पोर्ट् - *n.* an authoritative document to travel in a foreign country, that which ensures admission. विदेश में यात्रा करने का आज्ञापत्र, अभयपत्र (प्रवेश की आज्ञा)।

Past-पास्ट्-*adj. & n.* just gone by, denoting past action, former, past time. व्यतीत, भूत-पूर्व, बीता हुआ (पूर्वकाल) ;- *prep. & adv.* beyond time. अनन्तर; **For sometime past** (sometime ago) कुछ दिन हुए ; **Half past-four** (at 4-30.) साढ़े चार बजे; **In the past** (in the past time.) प्राचीन काल में; **Ran past the garden** (ran forward towards the garden.) बगीचे की ओर दौड़ा।

Paste-पेस्ट्-*n.* flour moistened and kneaded, a paste of flour and water, a plastic mixture. आटे की लेई, गारा; -*v. t.* to stick with paste. चिपकाना, लेई लगाना।

Pasteboard-पेस्ट-बोर्ड -*n.* a stiff paper board,

wooden board on which dough is rolled for pastry. कागज की दफ्ती, रोटी बेलने का चकला।

Pastel-पैस्टॅल्-*n.* coloured chalk or drawing made by it. रंगीन खड़िया या इसका चित्र; **Pastelist** (-इस्ट्)-*n.* one who prepares drawings with pastels खड़िया या रङ्गीन पेन्सिल से चित्र बनानेवाला।

Pastern-पैस्टर्न्-*n.* the part of a horse's foot between the fetlock and hoof. अश्वखुर-सन्धि, गुमची।

Pasteurism-पैस्ट्युरिज़्म् - *n.* curing hydrophobia etc. by inoculation. सुई द्वारा पिचकारी देकर पागल कुत्ते के विष की चिकित्सा-विधि।

Pasteurization-पैस्-ट्युर्-आइज़्-ए'-शन्-*n.* the act of sterilizing. कृमियों को नाश करने की विधि।

Pasteurize-पैस्-ट्युर्'-आइज़्-*v. t.* to sterilize milk &c. दूध के कृमियों को मारकर इसको शुद्ध करना।

Pastil, Pastille-पैस्टिल्', पॅस्टील्-*ns.* a roll of aromatic paste. सुगन्धित द्रव्यों की बत्ती।

Pastime-पास्'-टाइम् - *n.* recreation, sport, amusement. क्रीड़ा, विनोद, विहार, खेल।

Pastor-पास्टर्-*n.* the minister of a church, a clergyman, a shepherd. गिरिजाघर का अध्यक्ष, पादरी, गड़ेरिया; **Pastorate or Pastorship** -*ns.* the office of a pastor. पादरी का पद।

Pastoral-पास्टॅरल्-*adj.* & *n.* pertaining to a shepherd, used for pasture, of a pastor, a poem of shepherds. गड़ेरिये का, चरवाही का, पादरी का, गड़ेरियों का गीत।

Pastorale-पास्टॅरॅ लें -*n.* (*pl.* **Pastorali.**) a simple song. गड़ेरियों का गीत (जो बाजे पर गाया जाय)।

Pastoralism-पास्टॅरलिज़्म् -*n.* rural fashion or cult. ग्रामीण रीति या संस्कृति।

Pastorality-पास्टरलिटि-*n.* the state of being a shepherd. चरवाहापन।

Pastorally-पास्टॅरलि-*adj.* in the way of a shepherd. गड़ेरिये की तरह से।

Pastry-पे'स्ट्रि-*n.* food made of flour paste. आटे के बने हुए खाने के पदार्थ ; **Pastry-cook** (a cook who bakes bread.) रोटी बनानेवाला।

Pasturable-पास्चरॅ-ब्ल्-*adj.* fit for pasture. चराने योग्य।

Pasturage-पास्चरॅज्-*n.* a grazing land for cattle. पशुओं के चरने की भूमि, चरागाह।

Pasture-पास्चर्-*n.* herbage for cattle, land for grazing on. तृणमय भूमि, चरागाह; -*v. t.* & *i.* to feed on grass, to graze. चारा खिलाना, चराना।

Pasty-पे'स्टि-*adj.* like paste, of pale complexion. लेई की तरह की, पीली आकृति का; -*n.* a pie of venison. मांस भरा हुआ समोसा या कचौड़ी।

Pat-पैट्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Patted.**) to strike gently, to flatten, to strike gently with the palm of the hand as a mark of sympathy. धीरे से मारना, चिपटा करना, हथेली से थपथपाना;-*n.* a light quick slap. थपकी (लघु-प्रहार); -*adj.* & *adv.* exactly fitting, fitly. उचित, उचित रीति से, ठीक से; **Pat on the back** (light slap on the back.) पीठ पर ठोकना, पीठ पर की थपकी।

Patch-पैच्-*n.* a piece of cloth or metal used for mending a hole or rent, a piece of plaster put over a wound, piece of ground, an irregular spot, scrap. चिप्पड़ (पेवन), मलहम की पट्टी, भूमि का टुकड़ा, धब्बा, टुकड़ा;-*v. t.* to mend by patches, to repair clumsily. पेवन लगाना, भद्दी तरह से मरम्मत करना; **To patch up** (to mend by patches.) पेवन लगाकर मरम्मत करना, ठीक करना।

Patched-पैच्ड्-*adj.* in parts. खंडमय, खंडरूप।

Patcher-पैच्-अर्-*n.* one who patches. पेवन लगानेवाला।

Patchery-पैचरि-*n.* botchery. गुथनी।

Patchily-पैचिलि-*adv.* in a patchy manner. पेवन लगाते हुए।

Patchiness-पैचि -नॅस् -*n.* the state of being patchy. टुकड़ापन, चकती लगी दशा।

Patchouli-पाचू - लि-*n.* a fragrant Indian plant. सुगन्धरा, मर्मरी।

Patchwork-पैच्'-वर्क-*n.* a work composed of pieces sewn together, a clumsy work. सिले हुए टुकड़ों या पेवन का काम, फूहड़ काम।

Patchy-पैचि-*adj.* of a patch. पेवन का।

Pate-पे'ट्-*n.* the head. मस्तक, खोपड़ी; **Pated** (-ऍड्)-*adj.* headed. खोपड़ीवाला।

Patella-पटला-*n.* the knee-cap. घुटने की चक्की।

Patellar-पटॅलर्-*adj.* pertaining to the knee cap. घुटने की चक्की-सम्बन्धी।

Paten-पैटॅन्-*n.* a shallow plate used for bread, a thin circular metallic plate. थाली, रकाबी, धातु का पतला गोल टुकड़ा।

Patent-प्रे'-टॅन्ट-*n.* a writ from a sovereign conferring a title or sole right (for a specified term) for an invention. विशिष्ट अधिकारपत्र, असामान्य अधिकार;-*v. t.* to obtain patent for. अधिकार को रजिस्ट्री कराना;-*adj.*

lying open, public, conspicuous, secured by patent. स्पष्ट, प्रत्यक्ष, प्रकट, रजिस्ट्री किया हुआ, सनद द्वारा अधिकृत या संरक्षित; Letters patent (government grant for exclusive privilege for the sale of an invented article.) किसी आविष्कार किये हुये पदार्थ को बेचने के लिये राजा का विशिष्ट आज्ञापत्र।

Patented-पे टेन्ट्-एड्-*adj.* for which a patent has been obtained. रजिस्ट्री किया हुआ, सर्व-सत्त्व संरक्षित।

Patentee-पे-टेन्ट्'-ई-*n.* the holder of a patent. सत्त्वसंरक्षण-अधिकारपत्र-धारी।

Pater-पे-टर्-*n.* father. पिता, बाप।

Paterfamilias-पे-टर्-फ़ॅ-मिल्'-इ-ॲस्-*n.* the head of a family. कुटुम्बपति।

Paternal-पॅटर्नल्-*adj.* of a father, fatherly, hereditary. पैतृक, पितृतुल्य, मौरूसी; Paternal aunt (sister of father.) फुआ; Paternally (-लि)-*adv.* in a paternal manner. पितृवत्, पिता-सदृश।

Paternity-पॅटर्निटि-*n.* fatherhood, source, origin. पितृत्व, उत्पत्ति, उद्गम।

Paternoster-पॅटर्नॉस्टर्-*n.* the Lord's Prayer. ईश्वर की प्रार्थना या भजन; Paternoster line (a large net for catching fish.) मछली पकड़ने का बड़ा जाल।

Path-पाथ्-*n.* a road, a footway. मार्ग, रास्ता, पगडण्डी; Path of a planet कक्षा; Paths (-दज़्) -*n. pl.* courses. रास्ते; Pathway (-वे) -*n* a way or path. संकुचित मार्ग या पगडण्डी; Wrong path (evil way.) कुपथ।

Pathetic-पॅ-थट्'-इक्-*adj.* exciting pity, affecting the feelings or the emotions. कारुणिक, चित्त पर प्रभाव डालनेवाला; Pathetic fallacy (a fallacy in which nature is credited with human emotions.) प्राकृतिक पदार्थों में मानुषी भावों का आरोपण।

Pathetical-पॅ-थ टिकल्-*adj.* pathetic. करुणाजनक; Pathetically (-अ-लि)-*adv.* in a pathetic manner. करुणापूर्वक।

Pathic-पॅथ्'-इक्-*adj.* pertaining to a disease. रोग-सम्बन्धी।

Pathless-पाथ्'-लॅस् -*adj.* having no beaten path. दुर्गम।

Patho-पॅथ्-ॲ-*pref.* in sense of "suffering or disease." "रोग" अर्थ-सूचक उपसर्ग।

Pathogeny-पॅ-थॅ-जॅ-नि-*n.* the science of the beginning and development of diseases. रोगों की उत्पत्ति का शास्त्र।

Pathognomonic-पॅ-थॅ-ग्-नॅ-मॅ-निक्-*adj.* characteristic of a disease. रोग की विशेषता-सम्बन्धी।

Pathognomy-पॅ-थॅ-ग्-नॅ-मि-*n.* expression of passions. भावों का प्रदर्शन।

Pathologist-पॅ-थॅ-लॅ-जिस्ट् -*n.* one who is versed in pathology. चिकित्सक।

Pathology-पॅ-थॅ-लॅ-जि-*n.* the study of diseases. रोग-निदान।

Pathophobia-पॅ-थॅ-फो'-बि-आ-*n.* fear of disease. रोग का भय।

Pathos-पे'थॉस्-*n.* the quality that raises pity. करुण रस, करुणाजनक उक्ति या लेख।

-pathy-पॅथ्'-थि- *suf.* in sense of "suffering." पीड़ा-सूचक प्रत्यय, यथा-Homeopathy, Hydropathy. इत्यादि।

Patience-पे-शॅन्स्-*n.* calm endurance, perseverance, forbearance, a game at cards. सहनशीलता, धीरता, धैर्य, सब्र, क्षमा, ताश का एक खेल; Out of patience with (not enduring.) न सहने योग्य; To have no patience with (to be unforbearing.) उत्तेजित होना, क्रुद्ध होना।

Patient-पे'श्'-एन्ट्-*adj.* having patience, enduring. धैर्यवान, सहनशील; -*n.* a person under medical treatment. रोगी।

Patiently-पे-शॅन्ट्' - लि -*adv.* with patience, calmly. धैर्य से, शान्तिपूर्वक।

Patina-पॅटिना-*n.* green colour on old bronze. पुराने कसकुट पर का हरा रंग; Patinated (-टेड्)-*adj.* colured by patina. इस प्रकार का हरा रंग किया हुआ; Patination (-नेशन्) -*n.* colouring in a patinated manner. इस प्रकार का हरा रंग।

Patois-पॅ-ट्'वा-*n.* the language of the uneducated. अशिक्षितों की भाषा, ग्रामीण भाषा।

Patriarch-पे'-ट्रि-आर्क्-*n.* the head of a family, a bishop, a respected old man. कुलपति, पादरी, आदरणीय वृद्ध पुरुष; Patriarchal (-अल्)-*adj.* pertaining to a patriarch. आदरणीय वृद्ध पुरुष (कुलपति) का।

Patriarchate-पे-ट्रिआर'-कॅ-ट्-*n.* the office of a patriarch. पादरी का पद।

Patriarchism-पे-ट्रि-आर्क्-इज़्म्-*n.* government by a patriarch. आदरणीय वृद्ध पुरुष द्वारा शासन।

Patriarchy-पे-ट्रि-आर्कि -*n.* jurisdiction of a patriarch. वृद्ध पुरुष का आधिपत्य।

Patrician-पॅट्रिशन्-*n.* a nobleman. कुलीन, शिष्ट पुरुष; Patricianship (-शिप्)-*n.* the office of a patrician. कुलीन का पद।

Patriciate-पैट्रिशिएट् - *n.* the position of a nobleman. शिष्ट पुरुष का पद ।

Patricidal-पैट्रिसिडल्-*adj.* pertaining to patricide. पितृहत्या-सम्बन्धी ।

Patricide-पैट्रि-साइड्-*n.* a murder of one's father. पितृहत्या, पिता का वध ।

Patrimonial-पैट्रिमोनिअल्-*adj.* pertaining to patrimony. मौरूसी, पैतृक ।

Patrimony-पैट्रिमनि-*n.* property inherited from one's father, ancestral inheritance. पैतृक धन (मीरास), बपौती सम्पत्ति ।

Patriot-पे'(-पै)-ट्रि-अट्-*n.* one who loves his country and is devoted to its interests. स्वदेशानुरागी, स्वदेशभक्त ।

Patriotic-पे(-पै)-ट्रि-ऑटिक्-*adj.* full of patriotism. स्वदेश-भक्तिपूर्ण; **Patriotically**(-अ-लि)-*adv.* in a patriotic manner. स्वदेश-भक्ति के रूप में ।

Patriotism-पे(-पै)-ट्रि-अट्'-इज़्म् -*n.* love of one's own country. स्वदेश-भक्ति, जन्मभूमि का अभिमान ।

Patrol-पॅ-ट्रोल्'-*n.* a going round a camp or garrison, a detachment of troops, perambulation by police or soldiers in uniform, a mounted policeman. रक्षा के निमित्त रात्रि में चक्कर लगाना, सैन्यदल, पहरुआ, घुड़सवार पुलिस का सिपाही; -*v. t.* (*p. t.* Patrolled) to go on rounds. पहरा देना ।

Patron पे-ट्रन्-*n.* (*fem.* **Patroness**-एस्) one who protects or gives influential support, a guardian, a supporter. आश्रयदाता, संरक्षक, सहायक ।

Patronage-पॅ-ट्रनेज्-*n.* guardianship. सहायता, अनुकूलता, संरक्षकता ।

Patronal-पॅ-ट्रनल् -*adj.* pertaining to patron. संरक्षक-सम्बन्धी ।

Patronize-पेट्रनाइज़्-*v. t.* to act as a patron, to encourage. संरक्षण या सहायता देना, उत्साह देना; **Patronizingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a patronizing manner. संरक्षण रूप में ।

Patronless-पे-ट्रन्' - लेस्-*adj.* destitute of a patron. अशरण, निराश्रय, संरक्षण-हीन ।

Patronymic-पैट्रॅनिमिक्-*adj.* & *n.* a name derived from father or ancestor. पितृनाम, गोत्रनाम ।

Patten-पैट्' - न् -*n.* an overshoe with a wooden sole. काष्ठपादुका, खड़ाऊँ ।

Patter-पै - टर्-*n.* the special vocabulary of a profession or class, a tapping noise. किसी जाति या व्यवसाय के विशिष्ट सांकेतिक शब्द, पटपटाहट; -*v. t.* & *i.* to repeat rapidly, to make a tapping noise. बड़बड़ाना, पटपटाना ।

Pattern-पै'-टर्न् -*n.* a perfect model, ideal model or sample, decorative design. आदर्श, प्रतिमा आकार, साँचा (नमूना); -*v. t.* to make an imitation. साँचा बनाना, नमूना बनाना; **Patternmaker** (a maker of wooden patterns.) लकड़ी का साँचा बनानेवाला ।

Patulous-पॅट्'-यु-लस्-*adj.* open, spreading. खुला हुआ, फैला हुआ; **Patulously** (-लि)-*adv.* in a spreading manner. फैले हुए ढंग से; **Patulousness** (-नेस्)-*n.* the state of being patulous. फैलावट ।

Paucity-पॉ-सि'-टि-*n.* smallness of number, scarcity. अल्पता (लघुता), कमी, न्यूनता ।

Paunch-पॉन्च् -*n.* the belly, stomach. उदर, पेट (तोंद)-*v. t.* to rap the belly of. पेट काटकर निकालना ।

Pauper-पॉ-पर्-*n.* a person who has no means of livelihood, a beggar. दरिद्र, भिक्षुक (कंगाल), गरीब ।

Pauperdom-पॉ-पर्'-डम्-*n.* a group of paupers. भिक्षुक मण्डली, गरीबों का गिरोह ।

Pauperism-पॉ-पर्-इज़्म्-*n.* the state of being a pauper. दरिद्रता की अवस्था, गरीबी ।

Pauperization-पॉ-प-राइज़े शन्-*n.* reducing to poverty. दरिद्री-करण ।

Pauperize-पा-पर्-आइज़्-*v. t.* to reduce to pauperism. दरिद्र करना, गरीब बना देना ।

Pause-पॉज़्-*n.* an interval, rest, suspense. विराम, विश्राम, रुकावट; -*v. i.* to stop, to hesitate. रुकना, ठमकना; **To pause upon** (to contemplate.) चिन्तन करना ।

Pavage, Paviage-पेव्-एज्, पेव्'-इ-एज् -*ns.* a tax for paving streets. सड़क पर गिट्टी पीटने का कर (टैक्स) ।

Pavan, Pavane-पैं-वन्', पैं-वेन् *ns.* a stately dance, एक शाही नाच ।

Pave-पेव्-*v. t.* to cover with stone or bricks, to prepare the way for, to make easy and smooth in any way. पत्थर या ईंट बैठाना (फ़र्श लगाना), राह बनाना, सुलभ करना ।

Pave-पेव्' - *n.* a setting of jewels. रत्न (नगीना) जड़ना ।

Pavement-पेव्'-मेन्ट्-*n.* a paved path by the side of a road. पत्थर या ईंट का फ़र्श; **Paver** (पेव्'-अर्), **Paviour** (-इ-अर्)-*ns.* one who paves. फ़र्श बैठानेवाला ।

Pavid-पैव्-इड्-*adj.* timid. भीरु, डरपोक ।

Pavilion-पैविल्यन्-*n.* a tent, a light building

for spectators, a covering like a tent. खेमा, मण्डप;-*v. t.* to furnish with tents. मण्डप बनाना।

Paving-पे'-विङ्ग्-*n.* the upper surface of a road. सड़क की ऊपरी तह।

Pavonine-पॅवॅ'-ॲ-नाइन् - *adj.* of or like a peacock. मोर का, मोर के सदृश।

Paw-पॉ-*n.* the foot of a beast, a person's handwriting. पंजा (चंगुल), हस्तलेख;-*v. t.* & *i.* to scrape with a paw, to handle roughly. पंजे से खुरचना, रूक्षता से पकड़ना।

Pawed-पॉड्-*adj.* having paws, broad-footed. पंजेवाला, चौड़े पंजे का।

Pawl-पॉल्-*n.* a lever used as a catch for the teeth of a wheel. पहिये के दाँतों को रोकने का साधन;-*v. t.* to secure with a pawl. इस प्रकार के साधन से रोकना।

Pawn-पॉन्-*n.* the smallest piece in chess, a person left in another's custody, a pledge. शतरंज का प्यादा, न्यास (निक्षेप), बन्धक (गिरवी) -*v. t.* to pledge, to deposit as security. गिरवी रखना, बन्धक रखना; **Pawnbroker** (one who lends money on pledges.) रेहन रखकर ऋण देनेवाला।

Pawnee-पॉन्-ई-*n.* one who takes anything in pawn. जिसके पास बन्धक रक्खा जाता है।

Pawner-पॉन्-अर्-*n.* one who pledges anything as security for his loan. ऋण के बदले कोई वस्तु बन्धक रखनेवाला।

Paxwax-पॅक्स्'-वॅक्स्-*n.* the strong tennon at the back. पीठ की रीढ़ के पास की मोटी बड़ी नस।

Pay-पे-*n.* (*pl.* Pays.) payment, salary, wages. वेतन, मूल्य, तनख्वाह; - *v. t.* (*p. t.* Paid) to discharge a debt, to give the dues, to fulfil. वेतन देना, ऋण चुकाना, बदला देना; **Paymaster** (one who regularly pays wages.) वेतन देनेवाला; **To pay for** (to give in exchange for.) बदले में देना; **To pay in** (to pay to one's account.) हिसाब में देना; **To pay in one's own coin** (to retaliate.) बदला चुकाना; **To pay off** (to make payment in full.) पूरा ऋण चुकाना; **To pay out** (to punish.) दण्ड देना; **To pay the pips** (to pay the cost.) दाम देना; **To pay up** (to pay in full.) पूरी रकम चुकाना।

Payable-पे'-ए-बल्-*adj.* due, that can be paid. देनी, जो देना बाकी हो (चुकाने योग्य)।

Payee-पई-*n.* one to whom money is paid. रुपया पानेवाला।

Payer-पे-अर्-*n.* one who pays. देने (अदा करने) वाला।

Payment-पे'-मॅन्ट्-*n.* the act of paying a reward. भुगतान, चुकौता, निस्तार; **Payment of debt.** ऋणमुक्ति।

Paynize-पे'-नाइज़् - *v. t.* to apply preservatives to wood. लकड़ी में न सड़ने या घुनने का मसाला लगाना।

Pea-पी-*n.* (*pl.* Peas individually; Pease collectively.) a plant whose seeds are used as food. मटर; **Pea-chick** (-चिक्)-*n.* a small hen. छोटी मुर्गी; **Peascod** (-स्कॉड्')-*n.* the pod containing seeds of pea. मटर की फली (छीमी)।

Peace-पीस्-*n.* freedom from war or civil disorder, tranquillity, harmony. संधि, शान्ति, विप्लव का अभाव या अवरोध, मत्री, मेल; **Peace-maker**(one who makes or produces peace.) शान्ति स्थापन करनेवाला; **Peace of mind** (tranquillity.) चित्त की शान्ति; **To hold one's peace** (to keep silence.) मौन होना, चुप रहना; **To make peace** (to establish peace.) शान्ति स्थापन करना, शान्ति स्थापक।

Peaceable-पीस्'-ऍ - बल् - *adj.* disposed to peace, free from war or disturbance, quiet, tranquil. शान्त स्वभाव का, युद्ध-विमुख, शान्ति प्रिय, प्रसन्न; **Peaceableness** (-नॅस्)-*n.* the state of being peaceable. शान्ति-प्रियता; **Peaceably** (-ऍब्-लि)- *adv.* in a tranquil manner. शान्ति से।

Peaceful-पीस्'-फ़ुल्-*adj.* calm, mild. शान्त, निष्कण्टक; **Peacefully** (-फ़ु-लि)-*adv.* in a peaceful manner. शान्ति से; **Peacefulness** (-नॅस्)-*n.* peaceful condition. शान्ति।

Peacemaker-पीस्-मेक्-अर्-*n.* one who makes or produces peace. उपद्रव शान्त करनेवाला, शान्ति-स्थापक।

Peach-पीच्-*n.*a sweet fruit with yellow skin, its tree. सतालू, आड़ू;-*v. i.* to make a display of. दिखावट (आडंबर) करना; **Peachiness** (-इ-नॅस्)-*n.* the state of being peachy. पीलापन; **Peachy** (-इ)-*adj.* resembling a peach. सतालू के रंग का।

Peacock-पी-कॉक्-*n.*(*fem.*Peahen.) a bird with beautiful plumage. मयूर, मोर; **Peacock blue** (glossy blue colour.) मोरकण्ठी रंग।

Peacockery-पी-कॉक्'-अर्-इ- *n.* ostentation. आडंबर; **Peacocklike** (-लाइक्)-*adj.* like a peacock. मोर के सदृश।

Peafowl-पी'-फ़ाउल् (*common gender.*) peacock or peahen. मोर या मोरनी।

Peahen-पी'-हेन्-*n.* the female of a peacock. मोरनी।

Pea-jacket-पी'-जॅ-केट्-*n.* a sailor's short overcoat. मल्लाह का छोटा कोट

Peak-पीक्-*n.* brim of cap, pointed summit of a mountain, point. टोपी का छज्जा, पर्वत का शिखर, नोक; -*v. t.* to waste away. क्षीण होना; **Peak and pine** (sharp-featured.) क्षीण तथा दुर्बल; **Peaked** (-ड्)-*adj.* pointed. with a peak. नुकीला, चोटीदार।

Peakish-पीक्-इश्-*adj.* looking sickly. रुग्ण, रोगी देख पड़नेवाला।

Peakload-पीक्-लोड् - *n.* maximum electric power. विद्युत्शक्ति का सबसे अधिक परिमाण।

Peaky-पीक्-इ-*adj.* pointed, sick. चोटीदार, रोगी (दुर्बल)।

Peal-पील्-*n.* loud ringing of bells, a loud sound, set of bells rung together. घंटियों की टुनटुनाहट, ध्वनि (शब्द), घंटियों की पंक्ति; -*v. i. & t.* to sound, to utter sonorously, to ring bells. शब्द करना, मधुर शब्द करना, घण्टी बजाना; **Peal of thunder** (the loud sound of thunder.) मेघों की गड़गड़ाहट।

Pear-पेअर्-*n.* a fleshy sweet fruit tapering towards the stock. नाशपाती।

Pearl-पर्ल्-*n.* a white globular concretion formed within the shell of an oyster. मुक्ताफल, मोती;-*v. t.* to make bright like pearls. मोती के सदृश चमकीला बनाना; **Mother of pearl** (pearl-shell.) मोती का सीप; **Pearl-eye** (cataract.) मोतियाबिन्द; **Pearled** (-ड्), **Pearly** (-इ)-*adjs.* full of pearls. मुक्तामय, मोती के सदृश; **To cast pearls before the swine** (to offer good things to one who does not appreciate these.) अयोग्य व्यक्ति को अच्छे पदार्थ देना।

Pearlies-पर्लिज़् - *n.* pearl buttons worn in dress. मोती के बटन।

Pearliness-पर्लि-नेस्-*n.* the state of being pearly. मोती के समान चमक।

Pearl-like-पर्ल्-लाइक्-*adj.* like pearls. मोती के समान।

Pearmain-पेअर्'-मेन्-*n.* a kind of apple. एक प्रकार का सेव।

Productive-प्रॅ-डक्टिव्-*adj.* generative, fertile. उत्पादक, उपजाऊ; **Productively** (-लि)-*adv.* in a productive manner. उपजाऊपन से; **Productiveness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being productive. उत्पत्ति, उपज; **Productivity** (-इटि) -*n.* productiveness. उत्पत्ति ।

Proem-प्रो'-ऍम्-*n.* beginning, preface, prelude. आरम्भ, प्रस्तावना, भूमिका ।

Proemial-प्रो-ई'-मिअ-ल् - *adj.* introductory. प्रस्तावना-सम्बन्धी ।

Proemptosis-प्रोऍम्प्टॉसिस् - *n.* the addition of a day for correcting error. पञ्चाङ्ग-शुद्धि में एक दिन की वृद्धि या बढ़ोतरी ।

Profanation-प्रॉफ़नेशन्-*n.* the act of profaning. अपवित्रीकरण, दूषण ।

Profane-प्रॅ-फ़ेन्'-*v. t.* to treat a sacred thing with disregard, to pollute. अपवित्र करना, दूषित करना;-*adj.* impure, unholy, not sacred. अपवित्र, अशुद्ध, कलुषित, भ्रष्ट ; **Profanely** (-लि) - *adv.* in a profane manner. भ्रष्टता से ; **Profaneness** (-नस्)-*n.* irreverence of sacred objects. धर्मभ्रष्टता ; **Profaner** (-अर्) -*n.* a polluter. भ्रष्ट करनेवाला ।

Profanity-प्रॅ-फ़ॅन्'-इट्-इ-*n.* profane conduct. अपवित्र या धर्मभ्रष्ट आचरण ।

Profess-प्रॅ-फ़ॅस्'-*v. t. & i.* to pretend to be, to lay claim to, to declare freely, to perform the duties of. बहाना करना, प्रतिज्ञा करना, प्रकाश करना, कार्य करना ।

Professed-प्रॅ - फ़ॅस् - ड् -*adj.* openly declared, acknowledged. स्वीकृत, प्रकाशित; **Professedly** (-लि)-*adv.* in a professed manner. प्रतिज्ञापूर्वक ।

Profession-प्रॅ-फ़ॅ-शन्-*n.* declaration, avowal, vocation, occupation, employment, a religious order. प्रतिज्ञा, स्वीकार, व्यापार, व्यवसाय, नियुक्ति, धार्मिक संस्था ।

Professional-प्रॅ-फ़ॅ-शनल् - *adj.* pertaining to a profession;-*n.* one who makes his living by an art. किसी कला द्वारा अपना जीवन-निर्वाह करनेवाला, किसी व्यवसाय का मनुष्य; **Professionalism** (-इज़्म्) - *n.* the quality of a profession. किसी व्यवसाय का गुण ।

Professionalize-प्रॅ-फ़ॅ-शनलाइज़् - *v. t.* to employ in a profession. किसी व्यवसाय में लगाना ।

Professionally-प्रॅ-फ़ॅ-शन-लि- *adv.* by means of a profession. व्यवसाय द्वारा ।

Professionless-प्रॅ-फ़ॅ-शन्-लॅस्-*adj.* vocationless. बिना व्यवसाय का ।

Professor-प्रॅ-फ़ॅसर् - *n.* one who makes a profession, a public teacher in a university. व्यवसाय करनेवाला, व्यवसायी, विश्वविद्यालय का प्राध्यापक ; **Professoress** (-ऍस्)-*n. fem.* the wife of a professor, a female professor. प्राध्यापक की स्त्री, प्राध्यापिका ।

Professorial-प्रॅ-फ़ॅ-सो-रिअल् - *adj.* pertaining to a professor. प्राध्यापक का; **Professorially** (-लि) - *adv.* in a professorial manner. व्यवसाय रूप में; **Professorship** (-शिप्) -*n.* the office of a professor. प्राध्यापक का पद ।

Proffer-प्रॉ-फ़र्-*v.t.* (*p. t.* **Proffered.**) to offer a gift. भेंट करना; -*n.* an offer, a gift. भेंट, उपहार ।

Proficience-प्रॉ-फ़ि- शॅन्स्., **Proficiency** (-इ) -*ns.* the state of being proficient. प्रवीणता, कुशलता ।

Proficient-प्रॉ- फ़ि - शॅन्ट् - *adj.* expert, well skilled. प्रवीण,कुशल ;**Proficiently** (-लि) -*adv.* in a proficient manner. प्रवीणता या चतुराईसे।

Profile-प्रो' - फ़ाइल् - *n.* the side-view of an objec . पार्श्व दृश्य, बगली नकशा या चित्र;-*v. t.* to draw in a profile, to represent in a profile. एक ओर का चित्र बनाना, एक ओर का नकशा खींचना ।

Profit-प्रॉ-फ़िट्-*n.* gain,benefit, advantage.लाभ, प्राप्ति, सुविधा;-*v. t. & i.* (*p. t.* **Profited.**) to gain, to improve. फल प्राप्त करना, लाभदायक होना, उन्नति करना; **Net profit** (the return of a business after deducting the expenses.) खर्च काटकर लाभ, निकासी; **Gross profit** (the difference between the buying and sale price.) खरीदने और बेचने के दाम का अन्तर ।

Profitable-प्रॉ-फ़ि-टॅ-ब्ल्-*adj.* useful, advantageous. लाभदायक, हितकर ।

Profitableness-प्रॉ-फ़ि-टॅ-ब्ल्'नॅस्-*n.* the quality of being profitable. लाभकारिता ।

Profitably-प्रॉ-फ़ि-टॅब्-लि -*adv.* usefully. सफलता से ।

Profiteer-प्रॉ-फ़िटि-अर्-*n.* the maker of great profits. (सरकारी ठीके में) अधिक लाभ उठानेवाला ; **Profiteering** (-इङ्ग्) - *n.* selling goods at an extravagant price. निर्धारित मूल्य से बहुत अधिक दाम पर बेचने का कार्य ।

Profitless-प्रॉ'-फ़िट्-लस्-*adj.* without profit. बिना लाभ का ।

Profligacy-प्रॉफ़्लिगेसि - *n.* licentiousness. व्यसनता, लम्पटता ।

Profligate-प्रॉ' फ़्- लिग् - एट् - *adj.* dissolute, extravagant, vicious, licentious. दुराचारी, भ्रष्टचरित्र, व्यसनी, भोगी ; **Profligately** (-लि) (in a dissolute manner.) दुराचरण से ।

Profluence-प्रोफ़्लूऍन्स्-*n.* onward progress आगे का बढ़ाव ।

Profluent-प्रोफ़्लूऍन्ट-*adj.* flowing forward. आगे को बहनेवाला ।

Profound-प्रॅ'-फ़ाउन्ड्-*adj.*having great knowledge, deep, intense, far-reaching. परम व्युत्पन्न, गहन, अत्यन्त (परम), अति गम्भीर; **Profound respect** (great respect.) परम आदर; **Profound sigh** (deep sigh.) गहरी आह; **Profound sleep** (sound sleep.) गहरी नींद; **Profoundly** (-लि) - *adv.* intensely. गम्भीरता से ; **Profoundness** (-नॅस्) -*n.* the state of being profound, depth. गंभीरता ।

Profundity-प्रॉ-फ़ण्डिटि-*n.* depth of learning. विद्या की गहनता या गम्भीरता ।

Profuse-प्रॅ-फ़्यूस् - *adj.* extravagant, lavish, excessively liberal, exuberant. अति (अधिक), विपुल, लुटाऊ, अतिव्ययी ;**Profusely** (-लि) -*adv.* in a profuse manner. अतिव्यय से ; **Profuseness** (-नॅस्)-*n.* lavishness. अतिव्यय ।

Profusion-प्रॅ-फ़्यू'-ज़ून्-*n.* profuseness, extravagance. अतिव्यय, उड़ाऊपन ।

Prog-प्रॉग्-*n.* eatables for journey, victuals. यात्रा के लिये भोजन-सामग्री ।

Progenerate-प्रॅ-जॅनरेट्-*v.-t.* to beget. उत्पन्न करना ।

Progenitor-प्रॅ-जॅ निटर्-*n.* ancestor. पूर्वपुरुष, पुरखा ।

Progenitorial-प्रॅ-जॅ निटोरिअल्-*adj.* ancestral. पूर्व पुरुष का ।

Progenitorship-प्रॅ-जॅ निटर्-शिप्-*n.* the office of an ancestor. पुरुषत्व ।

Progenitress-प्रॅजॅ निट्रॅस्-*n.fem.*a female progenitor. जनयित्री ।

Progeniture-प्रॅ-जॅ निचर्-*n.* offspring. सन्तति, सन्तान ।

Progeny-प्रॉ-जॅन'-नि-*n.* (*pl.* **Progenies.**) offspring, descendant. संतान, सन्तति, वंश ।

Prognosis-प्रॉग्'- नो-सिस्-*n.* *pl.* **Prognoses.** सीज़्) forecast of a disease. रोग का निदान या लक्षण ।

Prognostic-प्रॉग्नॉस्टिक्-*n.* a forecast, prediction, omen. निदान, शकुन, लक्षण;-*adj.* foreshowing. शकुन बतानेवाला।

Prognosticable-प्रॉग्नॉस्टिकेब्ल्-*adj.* what may be foreknown. भविष्य बतलाने योग्य।

Prognosticate-प्रॉग्नॉस्टिकेट्-*v. t.* to foretell. भविष्य बतलाना; **Prognostication** (-के-शन्) -*n.* the act of foretelling. शकुन; **Prognosticative** (-के-टिव्) -*adj.* predictive. शकुन-सूचक; **Prognosticator** (-केंटर्) - *n.* a foreteller of future events. भविष्यवक्ता।

Programme-प्रो'-ग्रैम्-*n.*a descriptive outline of a series of events, proceedings. सविस्तार वर्णन, कार्यक्रम; - *v. t.* to make a definite plan. कार्यक्रम निर्धारित करना।

Progress-प्रो-ग्रेस् - *n.* forward movement, advance, passage, increase, development. आगे की ओर बढ़ाव, वृद्धि, बढ़ती, उन्नति ; -*v. i.* to move forward, to develop, to proceed, to advance. उन्नति करना, बढ़ती करना, आगे बढ़ना, यात्रा करना; **Progress in learning** the advancement of learning.) विद्या का आगम, विद्या की उन्नति।

Progression-प्रॅ-ग्रेशन्-*n.* progress, advance, regular and proportional increase. बढ़ाव, प्रभाव, नियमपूर्वक बढ़ती, प्रगति, विकास; **Progressionist** (-शनिस्ट्)-*n.* an evolutionist. प्रगतिवादी, विकासवादी, क्रमिक उन्नति का समर्थक; **Progressive** (-सिव्) (moving forward, advancing, improving.) आगे की ओर बढ़नेवाला, उन्नति करनेवाला, प्रगति शील; **Progressively** (-लि)-*adv.*in a progressive manner. प्रगति करते हुए ; **Progressiveness** (-नेंस्)-*n.* the state of being progressive. वृद्धि, उन्नति, प्रगति।

Prohibit-प्रॅहिबिट्-*v. t.* (*p. t.* **Prohibited.**) to forbid, to debar, to interdict. निषेध करना, रोकना, मना करना; **Prohibiter** (- अर्), **Prohibitor** (-अ-र्)-*ns.* one who prohibits. निषेधक, मना करनेवाला।

Prohibition-प्रॅ-हि-बिशन्-*n.* the act of prohibiting. निषेध, मनाही (शराब पीने की) ; **Prohibitionist** (-इस्ट्) - *n.* one who is in favour of prohibiting intoxicating drinks. शराब पीने की मनाही करनेवाला; **Prohibitive** (-टिव्)-*adj.*(forbidding.) निषेधार्थक, मना करनेवाला;**Prohibitively** (-लि) (in a prohibitive manner.) निषेध करते हुए; **Prohibitiveness** (-नेंस्)-*n.* the state of being prohibitive. निषेध, मनाही।

Project-प्रॉ-जेक्ट् - *n.* plan, scheme, contrivance, उपाय, युक्ति, कल्पना, आशय; (प्रॉ-जेक्ट्') -*v. t. & i.* to throw forward, to impel, to take shape. आगे को निकालना, बाहर की ओर रखना, उपर की ओर लम्बा करना, अनुसन्धान करना;, योजना बनाना; **To project oneself** (to go into another's feeling.) दूसरे के प्रभाव में जा पड़ना।

Projectile-प्रॉ-जेक्टाइल्-*adj.* capable of being projected. प्रक्षेपान्तक, आगे को बढ़ानेवाला;-*n.* a body projected or impelled through the air. हवा में फेंका हुआ पदार्थ यथा तोप-बन्दूक की गोली।

Projecting-प्रॅ-जेक्टिङ्ग् -*adj.* extending. बढ़ता हुआ, उभड़ा हुआ।

Projection-प्रॅ-जेक्शन्-*n.* a shooting forward, prominence, protruding. प्रलम्बता, ऊँचाई, निकास; **Projection of a point** (a line which joins a point in an original figure to one of a derived figure.) किसी बिन्दु से रेखा खींचकर नई आकृति बनाना।

Projective-प्रॅ-जेक्टिव्-*adj.* pertaining to projection. विस्तार-सम्बन्धी ; **Projectively** (-लि) -*adv.* in a projecting manner. आगे की ओर निकले हुए ढंग से या रूप में।

Projectment-प्रॅ-जेक्ट्'-मेन्ट् -*n.* design. रचना, बनावट।

Projector-प्रॅ-जेक्टर् -*n.* one who forms a project, an instrument for projecting rays of light, a schemer. उपाय सोचनेवाला, प्रकाश की किरणों के फैलाने का यन्त्र, उपाय रचनेवाला।

Projecture-प्रॅ-जेक्चर् - *n.* a jutting out. आगे का उभाड़।

Prolebium-प्रॅ-लिबि-अम्-*n.* the red part of lips. ओंठ का लाल भाग।

Prolapse-प्रॅ-लैप्स्'-*v. i.* to slip onward. आगे को बढ़ जाना।

Prolapsus-प्र-लैप्सस्-*n.* the falling down of an organ of the body. शरीर के किसी अङ्ग का आगे को झुक जाना।

Prolate-प्रो-लेट्'-*adj.* lengthened, extending. लम्बा, फैला हुआ ; **Prolateness** (-नेंस्) -*n.* (delay.) विलम्ब; **Prolately** (-लि) - *adv.* in a lengthened manner. दीर्घ उच्चारण से; **Prolative** (-इव्) - *adj.* serving to complete the sense of a predicate. विधेय का अर्थ पूर्ण करनेवाला (शब्द)।

Prolegomenon-प्रो-लॅ-गॅ-म'-नॅ-न्-*n.*(*pl.*Prolegomena.) preliminary remarks. प्रस्तावना, भूमिका।

Prolegomenary-प्रो-लॅ-गॅ-मॅनरि - *adj.* introductory. प्रस्तावना का।

Prolegomenous-प्रो-लॅ-गॅ-मॅनस्-*adj.* pertaining to prolegomena. भूमिका-विषयक, प्रस्तावना-सम्बन्धी।

Prolepsis-प्रॅ-लॅप्'-सिस्-*n.* anticipation, anticipatory use of some words. पूर्वाभास, पूर्वकल्पना, पूर्व-ग्रहण, पूर्व-समाधान।

Proleptic-प्रॅ-लॅप्' - टिक् -*adj.* pertaining to anticipation. पूर्व-समाधान का; **Proleptically** (-अलि)-*adv.* by way of prolepsis. पूर्व समाधान के रूप में।

Proletarian-प्रोलिटॅरिअन्-*n.* a man of the labouring class, the lowest class of a community. श्रमजीवी व्यक्ति, समाज में निम्नतमवर्ग का व्यक्ति।

Proletariate-प्रोलिटॅरिएट् - *n.* the poorest labouring class. दरिद्रतम श्रमिक वर्ग।

Prolicidal-प्रॅलिसिडल् -*adj.* pertaining to prolicide. सन्तान-हत्या-सम्बन्धी।

Prolicide-प्रॅलिसाइड्-*n.* the killing of an offspring. सन्तान की हत्या।

Proliferate-प्रॅलिफरेट्-*v. i. & t.* to reproduce itself, to grow. उगना, बढ़ना, उत्पन्न होना या करना; **Proliferation** (-र-शन्)-*n.* growth. वृद्धि; **Proliferative** (-रॅ-टिव्)-*adj.* pertaining to growth. बढ़ाने का।

Prolific-प्रॅलिफ़िक्-*adj.*generative, abundantly productive of. फलवान्, अत्यधिक उपजाऊ।

Prolificacy - प्रॅलिफ़िकसि - *n.* fruitfulness. बहुप्रसवता, उपजाऊपन।

Prolificness-प्रॅलिफ़िक्नॅस् - *n.* the state of being prolific. बहुफलता, उपजाऊपन।

Proligerous - प्रॅलिजरस् - *adj.* bearing offspring. सन्तति उत्पन्न करनेवाली।

Prolix-प्रॅ'-लिक्स्-*adj.* lengthy, tedious, long and wordy. अति दीर्घ, विस्तृत, प्रपन्ची।

Prolixity-प्रॉलिक्सिटि-*n.* excessive detail. अति विस्तार, प्रपन्च।

Prolixly-प्रॅ-लिक्स्'-लि-*adv.* to a great length. अति विस्तार से, प्रपन्च से।

Prolocutor-प्रोलॅक्यूटर्-*n.* the chairman of a convocation or meeting of clergy. पादरियों की सभा का सभापति; **Prolocutorship** (-शिप्) the office of a prolocutor. पादरी सभा के सभापति का पद।

Prologise, Prologuise-प्रो'-लॅज्-आइज़्-*v. t.* to write or deliver a prologue. प्रस्तावना लिखना या बोलना।

Prologue-प्रो'-लॉग्-*n.* an introduction to a discourse or play. प्रस्तावना, नाटक का आरम्भ;-*v. t.* to make an introduction. प्रस्तावना करना।

Prolong-प्रो-लॉङ्ग्-*v. t.* to extend, to lengthen. बढ़ाना, विस्तार करना; **Prolongable** (-ऍ-बृल्) - *adj.* able to be prolonged. विस्तार करने योग्य।

Prolongate-प्रो-लॉङ्ग्'-एट्-*v. t.* to prolong. विस्तृत करना, बढ़ाना।

Prolongation-प्रो-लॉङ्ग्-ए'-शन्-*n.* extension. विस्तार, बढ़ाव।

Prolonger-प्रो-लॉङ्गर्-*n.* he who or that which lengthens. विस्तार करनेवाला, फैलाने या बढ़ानेवाला।

Prolusion-प्रॅ-ल्यू'-ज़न्-*n.* first attempt, preliminary article. पहिली प्रस्तावना।

Prolusory-प्रॅ-ल्यू'-सरि - *adj.* pertaining to prolusion. प्रस्तावना-सम्बन्धी।

Promenade-प्रॉमॅ-नेड् - *n.* a walk or ride taken for pleasure or exercise, a public walk. विहारार्थ भ्रमण या घुड़सवारी, टहलने का सार्वजनिक मार्ग;-*v. i.* to walk for exercise. व्यायाम के लिये टहलना; **Promenader** (-अर्) -*n.* one who walks. सैर करनेवाला।

Promerops-प्रॅ-मॅरॉप्स् - *n.* a kind of small bird with a curved bill. टेढ़ी चोंच की एक प्रकार की चिड़िया।

Prominence-प्रॉमिनॅन्स्, **Prominency** (-ऍन्सि)-*ns.* conspicuousness, distinction. श्रेष्ठता, उन्नति (ऊँचाई)।

Prominent-प्रॉमिनॅन्ट् - *adj.* principal, eminent, jutting out, conspicuous, distinguished. प्रधान, मुख्य, उन्नत, ऊँचा, प्रसिद्ध; **Prominently** (-लि)-*adv.* in a prominent manner. प्रधान रूप से, विशिष्टता से।

Promiscuity-प्रॉ-मिस्'-क्यू-इटि-*n.* promiscuousness. संकीर्णता, अभेद।

Promiscuous-प्रॉ-मिस्'-क्यु-अस्-*adj.* mingled, indiscriminate. मिश्रित, अनेक प्रकार का; **Promiscuously** (-लि)-*adv.* in an indiscriminate manner. मिश्रित रूप में; **Promiscuosness** (-नॅस्) - *n.* mingled condition. मिश्रता।

Promise-प्रॉ-मिस्-*n.* an assurance given to a person, declaration, expectation, pledge. प्रतिज्ञा, वचन, आशा, संकेत (स्वीकार);-*v. t. & i.* to assure by promise, to assure. प्रतिज्ञा करना, आशा देना; **A hollow promise.** झूठी (खाली) प्रतिज्ञा; **To break a promies.**

प्रतिज्ञा भंग करना; **To fulfil a promise.** प्रतिज्ञा पालन करना।

Promisee-प्रॉमिसी-*n.* one to whom a promise is made. जिसको वचन दिया जाय।

Promiser-प्रॉमिसर्-*n.* one who makes a promise. प्रतिज्ञा करनेवाला।

Promising-प्रॉमिसिङ्ग्-*adj.* full of promise, hopeful. आशाजनक, होनहार; **Promisingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a promising manner. आशाजनक ढंग से या रूप में।

Promissorily-प्रॉमिसरिलि-*adv.* in the form of a promise. प्रतिज्ञा रूप में।

Promissory-प्रॉमिसरि-*adj.* implying a promise, full of promise. प्रतिज्ञायुक्त; **Promissory-note** (an unconditional promise for payment of money.) रुक्का, तमस्सुक।

Promontoried-see **Promontory.**

Promontory-प्रॅ-मॉन्टरि-*n.* a headland, the point of land jutting out into the sea. भूनासिका, अन्तरीप; **Promontoried** (-इ)-*adj.* containing a headland. अन्तरीप-युक्त, भूनासिका-युक्त।

Promote-प्रॅ-मोट्'-*v. t.* to advance to a higher office, to encourage, to elevate, to found a company. ऊँचे पद पर नियुक्त करना, बढ़ाना, वृद्धि करना, संस्था स्थापित करना; **Promoter** (-अर्)-*n.* he who or that which promotes. उपकारी, प्रवर्तक; **Promoterism** (-इज़्म्)-*n.* the principle of encouragement. उन्नति का सिद्धान्त।

Promotion-प्रॅ-मो'-शन्-*n.* the act of promoting. उन्नति, श्रेष्ठ पद की प्राप्ति।

Promotive-प्रॅ-मो-टिव्-*adj.* tending to promote. उपकार करने की प्रवृत्तिवाला, साधक।

Prompt-प्रॉम्प्ट्-*adj.* ready in action, ready to act on the occasion, acting with alacrity, quick. उद्यत, उद्योगी, फुर्तीला;-*v. t.* to incite or move to action, to inspire, to instigate. उत्साह देना, उत्तेजित करना, उसकाना; **Prompt-book** (a book used by the prompter in a theatre.) वह पुस्तक जिसमें नाटक के पात्र को समय-समय पर स्मरण कराने के संकेत लिखे होते हैं; **Prompt-note** (written note to remind that payment is due on a certain date.) वह बही जिसमें यह लिखा होता है कि अमुक तिथि को ऋण चुकाने की अवधि है।

Prompter-प्रॉम्प्टर्-*n.* one who prompts, a person stationed out of sight of audience to assist actors in the performance of a play. प्रोत्साहक (उसकानेवाला), नाटक में पात्र को स्थान-स्थान पर स्मरण करानेवाला, अनुबोधक।

Prompting-प्रॉम्प्ट्-इङ्ग्-*n.* promptitude, act of telling the part of an actor. उत्साह, नाटक के पात्रों की बात दोहराने का काम।

Promptitude-प्रॉम्प्टियूड्-*n.* readiness. उत्साह, शीघ्रता।

Promptly-प्रॉम्प्ट्'-लि-*adv.* quickly, in a prompt manner. शीघ्रता से, फुर्ती से।

Promptness-प्रॉम्प्ट्'-नॅस्-*n.* the quality of being prompt, promptitude. उद्यम, प्रवृत्ति; **Prompture** (-चर्)-*n.* excitement, suggestion. प्रेरणा, उसकाव।

Promptuary-प्रॉम्'-ट्यु-अरि-*n.* a storehouse. गोदाम।

Promulgate-प्रॅमल्गेट्-*v. t.* to proclaim, to make known to the public. प्रकाशित (प्रसिद्ध) करना, घोषणा करना; **Promulgation** (-शन्)-*n.* publication. प्रकाशन, घोषणा; **Promulgator** (-टर्)-*n.* one who promulgates, a publisher. प्रकाशक, घोषणा करनेवाला।

Promulge-प्रॅ-मल्ज्'-*v. t.* to publish. प्रकाशित करना; **Promulger** (-अर्)-*n.* a promulgator. प्रकाशित करनेवाला, घोषणा करनेवाला मनुष्य।

Prone-प्रोन्-*adj.* bending downward, lying flat, inclined, prostrate. (उद्यत) उन्मुख, अधोमुख, झुका हुआ; **Pronely** (-लि)-*adv.* in a prone manner. औंधेरूप में; **Proneness** (-नॅस्)-*n.* the state of being prone. झुकान, औंधापन।

Prong-प्रॉङ्ग्-*n.* a forked instrument. काँटा; -*v. t.* to pierce. काँटा भोंकना; **Pronged** (-इ)-*adj.* forked. काँटेदार।

Pronominal-प्रॅ-नॉमिनल्-*adj.* belonging to a pronoun. सर्वनाम सम्बन्धी; **Pronominally** (-लि)-*adv.* as a pronoun. सर्वनाम के समान।

Pronoun-प्रो'-नाउन्-*n.* a word used in place of a noun. सर्वनाम; **Demonstrative Pronoun.** संकेतवाचक सर्वनाम; **Interrogative pronoun.** प्रश्नवाचक सर्वनाम; **Personal pronoun.** व्यक्तिवाचक सर्वनाम; **Possessive pronoun.** सम्बन्धसूचक सर्वनाम।

Pronounce-प्रॅ-नाउन्स्'-*v. t. & i.* to affirm or declare, to utter, to articulate, to pass judgment, to make a declaration. उच्चारण करना, बोलना, व्यवस्था देना, निर्णय सुनाना।

Pronounceable-प्रॅ-नाउन्स्-ऍ-ब्ल्-*adj.* ble to be pronounced. उच्चारण करने योग्य।

Pronounced-प्रॅ-नाउन्स्ड्'-*adj.* decided, settled. निश्चित, निर्णय किया हुआ; **Pro-**

nouncedly (-इ-लि) *-adv.* in a decided manner. उच्चारण रूप में, निर्णय करते हुए।

Pronouncement-प्रॅ - नाउन्स्' - मॅन्ट् - *n.* an official declaration, a statement. अधिकारी की घोषणा ; **Pronouncer** (one who pronounces.) घोषणा या उच्चारण करनेवाला।

Pronouncing-प्रॅ-नाउन्स्'-इङ्ग् *-adj.* pertaining to pronunciation. उच्चारण सम्बन्धी।

Pronuncial-प्रॅ - नन्शूल् - *adj.* pertaining to pronunciation. उच्चारण-सम्बन्धी।

Pronunciation-प्रॅ'-नन्सि-ए'-शन्-*n.* mode of pronouncing. उच्चारण की रीति ; **Easy of pronunciation** (easily pronounceable.) सहज में उच्चारण करने योग्य।

Pronunciative-प्रॅ-नन्सि-ए-टिव् *-adj.* pertaining to pronunciation. उच्चारण-सम्बन्धी।

Proof-प्रूफ् *-n.* (*pl.* **Proofs.**) evidence to establish some fact, test, trial, standard of strength, demonstration, hardness to resist, firmness of mind, impression from type to be corrected ,impenetrability. प्रमाण, परीक्षा, जाँच, दृढ़ता, (प्रूफ) पहिली छाप; - *v. t.* to render proof. शक्तिशाली बनाना;*-adj.* of tried strength. (अभेद्य) परीक्षित शक्ति का; **Burden of proof.** साधन धर्म ; **Proof-reader** (a person employed in correcting proof-sheets.) छपे कागज (प्रूफ) को शोधनेवाला; **To put to the proof** (to examine.) परीक्षा करना ; **Written proof** (written legal evidence.) लेख प्रमाण।

Proofless-प्रूफ्'-लॅस् *-adj.* not established as true. प्रमाण-रहित।

Prop-प्रॉप्-*n.* a strong support, a stay. आधार (अवलम्ब), खम्भा या थूनी ; *-v. t.* (*p. t.* **Propped.**) to support, to sustain. आश्रय देना, सहारा देना;*-v. t.* to come to a dead stop with rigid forelegs. घोड़ों का अगला पैर कड़ा करके स्थिर होना या रुक जाना।

Propagable-प्रॉपगेबूल् *-adj.* able to be propagated. विस्तार करने योग्य।

Propaganda-प्रापगॅन्डा - *n.* an organized scheme, principle, a committee for propagating a doctrine. सिद्धान्त, कल्पना, किसी सिद्धान्त का प्रचार करने की मण्डली।

Propagandist - प्रापगॅन्डिस्ट् - *n.* one who spreads some system. किसी सिद्धान्त का प्रचारक।

Propagandism-प्रोपगॅन्डिज़्म् *-n.* practice of propagating. प्रचार करने का अभ्यास।

Propagandize-प्रॉपगॅन्डाइज़्-*v. t.* to conduct a propaganda किसी सिद्धान्त का प्रचार करना।

Propagate-प्रॉ-प - गेट्'-*v. t.* to generate, to reproduce, to beget, to diffuse, to multiply, to transmit. विस्तृत करना, उत्पन्न करना, बढ़ाना, प्रचलित करना, परम्परा बढाना; **Propagation** (-गे-शन्)-*n.* the act of propagating. विस्तार (फैलाव), परम्परा, उन्नति; **Propagator** (-गे-टर्) - *n.* one who propagates. वृद्धि करनेवाला।

Propel-प्रॅ-पॅल्' - *v. t.* (*p. t.* **Propelled**) to drive forward, to urge onward. प्रेरित करना, ढकेलना, आगे को बढ़ाना।

Propellant-प्रॅ-पॅलण्ट, **Propellent** (-लॅन्ट्)*-adjs* that which propels. प्रेरित करनेवाला।

Propeller-प्रॅ-पॅलॅर् *-n.* the screw that drives a ship or an aeroplane. जहाज या हवाई जहाज को आगे बढ़ानेवाला पङ्खा।

Propend-प्रॅ-पॅन्ड्' *-v. t.* to incline or lean forward. आगे की ओर झुकना।

Propense-प्रॅ-पॅन्स्*-adj.* inclined, prone. झुका हुआ उद्यत; **Propensely** (-लि) *-adv.* in an inclined state. झुकी अवस्था में; **Propenseness** (-नॅस्) *-n.* inclination. झुकाव।

Propension-प्रॅ-पॅन्शन् *-n.* tendency to move in one direction. एक ओर का झुकाव।

Propensity-प्रॅ-पॅन्सिटि *-n.* inclination, tendency, bent of mind. प्रवृत्ति, रुझान; **Bad propensity** (bad habit.) दुर्व्यसन; **Good propensity** (good disposition.) सुशीलता।

Proper-प्रॉपर् - *adj.* belonging exclusively to, peculiar, one's own, correct, genuine, real, decent. आत्मीय, विशिष्ट, शुद्ध, निजी, योग्य, उचित, यथोचित, स्वच्छ; **Proper fraction** (fraction less than unit.) भिन्न का वह रूप जो इकाई से कम हो; **Proper noun** (a name used for individual person, place or thing.) व्यक्तिवाचक संज्ञा।

Properate-प्रॉपरेट् *-v. t.* to hasten. शीघ्रता करना, जल्दी करना।

Properly-प्रॉपर्लि - *adv.* in a proper manner. यथायोग्य, वस्तुतः, उचित रीति से ; **Properly speaking** (in a proper way.) यथार्थ दृष्टि से।

Property-प्रॉपर्टि *-n.* (*pl.* **Properties.**) thing owned, attribute, nature, ownership, quality, estate. सम्पत्ति, धन, गुण, लक्षण, स्वभाव, अधिकार; **Landed property** (immovable property.) स्थावर सम्पत्ति; **Public property.** सार्वजनिक सम्पत्ति।

Prophecy-प्रॅ - फ़िसि - *n.* (*pl.* **Prophecies.**)

foretelling, a forecast, prediction. भविष्य-वाणी, भविष्य-कथन, भविष्य-सूचना ।

Prophesier-प्रॅ-फि-साइअर्-*n.* one who predicts future events. भविष्यवक्ता ।

Prophesy-प्रॅ - फि - साइ -*v. t. & i.* (*p. t.* **Prophesied.**) to foretell future events, to predict, to foreshadow. भविष्य कहना, आगम बतलाना ।

Prophet-प्रॉ-फ़ॅट् -*n.* one who reveals God's will, a foreteller. सिद्ध, भविष्यवक्ता; **Prophetess** (-ऍस्)-*n. fem.* a female prophet. भविष्य कहनेवाली स्त्री; **Prophethood** (-हुड)-*n.* the office of a prophet. भविष्यवक्ता का पद; **Prophetic** (-इक्) -*adj.* pertaining to a prophet, predictive. भविष्यवक्ता सम्बन्धी, भविष्यवाणी का ; **Prophetical** (-अल्) -*adj.* containing prophecy. भविष्य-कथन-सम्बन्धी; **Prophetically** (-लि)-*adv.* in a prophetic manner. भविष्यवक्ता की रीति से ।

Prophylactic-प्रॉफ़िलॅक्टिक् -*adj.* tending to prevent a disease. रोगहर, रोग हटानेवाली; -*n.* a preventive medicine. रोग हटानेवाली औषधि ।

Propine-प्रॅ-पाइन्'-*v. t.* to offer in kindness. दया करके देना ।

Propinquate-प्रॅ-पिन्'-क्वेट्-*v. t.* to approach. समीप आना, पहुँचना ।

Propinquity-प्रॅ-पिन' - क्विटि -*n.* nearness in time, close kinship, neighbourhood. समय की समीपता, सगोत्रता, पड़ोस ।

Propitiable-प्र-पिशि-ऍ-ब्ल् -*adj.* able to be propitious. सन्तुष्ट करने योग्य ।

Propitiate-प्रॅ-पिशि'-एट् -*v. t.* to appease, to tranquillize. शमन करना, सन्तुष्ट करना; **Propitiation** (-शन्) -*n.* the act of propitiating. आराधना, शान्ति; **Propitiator** (-अर्) -*n.* one who propitiates. अनुरञ्जक, प्रसन्न करनेवाला; **Propitiatorily** (-इ-लि) -*adv.* in a propitiating manner. शमन करते हुए; **Propitiatory** (-इ)-*adj.* appeasing. शान्तिकारी, शमन करनेवाला ।

Propitious-प्रॉ - पिशस् - *adj.* well-disposed, favourable, kind, gracious. अनुकूल, अनुग्रही, कृपालु, कल्याणकर; **Propitiously** (-लि) -*adv.* in a propitious manner. अनुकूलता से, दया सहित; **Propitiousness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being propitious. अनुकूलता ।

Proplasm-प्रो'-प्लॅज़्म्-*n.* a mould or matrix. ढालने का साँचा ।

Proplastics-प्रो - प्लॅस्' - टिक्स -*n.* the art of making moulds for casting. ढालने के लिये साँचा बनाने की कला ।

Proponent-प्रॅ-पोन्' - ऍन्ट् -*n.* one who puts forward a theory or proposal. प्रस्ताव करनेवाला ।

Proportion-प्रॅपोर्शन् - *n.* comparative share or relation, symmetry, ratio, equality of ratios between two pairs of qualities. परिमाण (भाग, अंश), अनुरूप, अनुपात, परस्पर सम्बन्ध; -*v. t.* to make proportionate to, to make symmetrical. अनुरूप करना, तुल्य करना; **Harmonical proportion** (a relation of three or more quantities such that the first is to the last as the difference between the first two is to the difference between the last two.) हरात्मक अनुपात; **Inverse proportion** (a proportion where the ratio of first is to second as that of fourth to third.) विपरीत अनुपात; **In proportion to** (in comparison with.) अनुरूप, सदृश ।

Proportionable-प्रॅपोर्शनेब्ल् - *adj.* that may be proportioned. सदृश, तुल्य; **Proportionably** (-लि)-*adv.* according to proportion. अनुरूपता से ।

Proportional-प्रॅपोर्शनल्-*adj.* in due proportion. अनुरूप, तुल्य; **Proportionalist** (-इस्ट्) -*n.* one who plans proportions. समानता से कार्य करनेवाला; **Proportionality** (-इट्-इ) -*n.* proportionateness. अनुरूपता, समानता, **Proportionally** (-लि) -*adv.* in a proportionate manner. यथानुरूप, सादृश्य से; **Proportionate** (-शॅनेट्) -*adj.* adjusted according to certain rates. अनुरूप, सदृश; **Proportionately** (-लि) - *adv.* in a proportionate degree; **Proportionateness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being proportionate. अनुरूपता; **Proportionless** (- शॅन्-लॅस्) -*adj.* without symmetry. अननुरूप-विरुद्ध ; **Proportionment** (मॅन्ट्) -*n.* similarity. तुल्यता, बराबरी ।

Proposal-प्रॅपोजल् - *n.* a scheme or design, an offer of marriage, an offer. प्रस्ताव, विवाह का वचन ।

Propose-प्र-पोज़्' -*v. t. & i.* to put forward for consideration, to nominate as a member, to plan, to intend, to make an offer of marriage. प्रस्ताव करना, सदस्य चुनना, प्रतिज्ञा करना, विचार करना, इच्छा करना, विवाह के लिये प्रार्थना करना; **Proposer** (-अर्) -*n.* one who offers anything for consideration. प्रस्ताव करनेवाला ।

Proposition-प्रॉपॅजिशन् - *n.* an assertion, formal statement, a sentence in which something is affirmed or denied, a proposal, scheme. प्रतिज्ञा, कर्तव्यनिर्देश, प्रस्तावना, साध्य; **Propositional** (-अल्)-*adj.* pertaining to a proposition. निर्दिष्ट कर्तव्य सम्बन्धी।

Propound-प्रॅ - पाउन्ड्'- *v. t.* to offer for consideration, to propose. प्रतिपादन करना, निवेदन करना; **Propounder** (अर्) -*n.* one who propounds. प्रतिज्ञा करनेवाला।

Proprietary-प्रॅ-प्राइटरि-*adj.* of a proprietor. स्वामी के अधीन, स्वामी का; -*n.* an owner or proprietor. स्वामी, क्षेत्रपति, जमींदार ; **Proprietary medicines** (patented medicines.) ऐसी औषधियाँ जिनके बनाने और बेचने के अधिकार सुरक्षित हों ; **Proprietary rights** (rights of a proprietor.) स्वामी के अधिकार।

Proprietor-प्रो- प्राइ' - टर् - *n.* owner. स्वामी, अधिकारी; **Proprietorial** (-टोरिअल्)-*adj.* pertaining to a proprietor. स्वामी-सम्बन्धी; **Proprietorially** (-लि) -*adv.* in a proprietary manner. स्वामी के रूप से; **Proprietorship** (-शिप्)-*n.* the office of a proprietor. प्रभुत्व, अधिकार ।

Proprietress-प्रो-प्राइ'- ट्र स्- *n. fem.* a female proprietor. अधिकारिणी ।

Propriety प्रो -प्राइ'- टि-*n.* fitness, accuracy, rightness, justness, suitableness, correct behaviour. योग्यता, शुद्धता, सद्व्यवहार, सुचरित्र ;-(*pl.*) good character. (ब० व०) शुद्ध चरित्र ।

Proptosis-प्रॉप्-टो'-सिस्-*n.* protrusion of the eye. आँख की बिलनी ।

Propugn-प्रॅ-प्यून्'- *v. i.* to strive for. प्रयत्न करना ।

Propulsion-प्रॅपल्शन्-*n.* a pushing forward. आगे को धक्का देना या ढकेलना ।

Propulsive-प्रॅपल्सिव्-*adj*. propelling. आगे को ढकेलनेवाला ।

Prorogation-प्रो-रॅ-गे'-शन्-*n.* the act of adjourning. कुछ काल के लिये सभा को स्थगित करने का कार्य ।

Prorogue-प्रॅ-रोग्'-*v. t.* to postpone a meeting without dissolving it. सभा को बिना तोड़े कुछ काल के लिये स्थगित करना ।

Proruption-प्रो - रप्शन् - *n.* act of bursting forth. विस्फोट ।

Prosaic-प्रॅ - जे' - इक्-*adj.* like prose, dull, uninteresting, commonplace, lacking in beauty. गद्य रूप, नीरस, तत्त्वहीन, साधारण, शोभाहीन; **Prosaically** (-अलि)-*adv.* in a prosaic manner. नीरसता से; **Prosaism** (-इज्म्) -*n* prose writing. गद्यलेख; **Prosaist** (-इस्ट्)-*n.* an author of prose, a prosaic person. गद्यलेखक, नीरस मनुष्य ।

Proscenium-प्रॅ-सीन्'-इ-अम्-*n.* the space in a theatre between the drop-scene and orchestra. रंगभूमि का आगे का भाग ।

Proscribe-प्रो-स्क्राइब्-*v. t.* to banish, to exile, to reject. बहिष्कार करना, देश से निकालना, त्याग करना ; **Proscriber** (-अर्)-*n.* one who banishes. बहिष्कार करनेवाला ।

Proscription-प्रॉ-स्क्रिप्शन्-*n.* the act of proscribing. बहिष्कार ।

Proscriptive-प्रॉ-स्क्रिप्'-टिव्-*adj.* proscribing. देशनिकाले का ।

Prose-प्रोज़्-*n.* non-metrical form of language. गद्य; -*v. i.* to talk in prose. गद्य में वार्ता करना; **Proser** (-अर्)-*n.* a writer of prose. गद्य लिखनेवाला; **Prose-poem** (a prose work in poetical sytle.) गद्यकाव्य ।

Prosector-प्रोसेक्टर्-*n.* an anatomical dissector. मुर्दों की चीर-फाड़ करनेवाला ।

Prosecutable-प्रॅ-सि-क्यूटेबल्-*adj*. able to be prosecuted. अभियोग लगाने योग्य ।

Prosecute-प्रॅ-सि - क्यूट्-*v. t. & i.* to follow up, to carry on, to continue, to pursue, to institute legal proceedings against. पीछा करना, अनुसरण करना, लगे रहना, निर्वाह करना, अभियुक्त (गिरफ्तार) करना; **To prosecute studies** (to pursue studies.) अध्ययन करना; **Prosecution** (-शन्) -*n.* the act of prosecuting, instituting a criminal suit. अभियोग, गिरफ्तारी; **Prosecutor** (-अर्) -*n.* one who institutes a crimilnal suit. अभियोक्ता, मुद्दई; **Prosecutrix** (-ट्रिक्स्)-*n. fem.* female prosecutor. अभियोग चलानेवाली ।

Proselyte-प्रॅसिलाइट्-*v. t.* to convert from one creed to another. धर्म त्याग कराना, एक पंथ से दूसरे पंथ में ले जाना; -*n.* a convert to a religion. परधर्म अनुयायी ; **Proselytism** (-इज्म्)-*n.* conversion to a creed. धर्म-त्याग; **Proselytize** (-आइज़्)-*v. t.* to convert. धर्म त्याग या परिवर्तन कराना ; **Proselytizer** (-अर्)-*n.* one who makes converts. स्वधर्म त्याग करानेवाला ।

Prosify-प्रोज़्'-इ-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Prosified.**) to turn into prose. गद्य में लिखना, गद्य में बदलना ।

Prosily-प्रोज़्'-इ-लि-*adv*. in a prosy manner.

गद्य रूप में; **Prosiness** (-नेस्)-*n.* the quality of being prosy. गद्य रूप।

Prosodial-प्रॅ-सॅ'-डि-अल्, **Prosodical** (-कल्) -*adjs.* pertaining to the rules of prosody. छन्दःशास्त्र-सम्बन्धी।

Prosodist-प्रॅ-सॅडिस्ट्-*n.* one who is skilled in prosody. छन्दःशास्त्र जाननेवाला।

Prosody-प्रॅ-सॅडि-*n.* the part of grammar which treats of the rules of poetry, science of versification. छन्दःशास्त्र, छन्द-विद्या।

Prosopopoeia-प्रॅ-सो-पो-पी'-आ-*n.* personification of abstract things. साहित्य में गुण भावों को पुरुषवत् वर्णन करना, मानवी करण।

Prospect-प्रॉस्'-पॅक्ट्-*n.* wide view of a scene, outlook, a mental scene, expectation. आलोक, दृष्टि, मनोगत दृश्य, पूर्वेक्षण, आशा; -*v. i.* (-पॅक्ट्') to explore. अन्वेषण करना, खोजना।

Prospectless-प्रॉस्'-पॅक्ट्-लॅस्-*adj.* devoid of expectation. आशाहीन।

Prospective-प्रॉ-स्पॅक्ट्'-इव् - *adj.* concerned with the future, acting with foresight. उत्तरकाल की अपेक्षा करनेवाला, दूरदर्शी ; **Prospectively** (-लि)-*adv.* with reference to the future. उत्तरकाल की अपेक्षा में ; **Prospectiveness** (-नॅस्)-*n.* due regard for the future. दूरदर्शिता; **Prospector** (-अर्)-*n.* a searcher for minerals. सोने-चाँदी की खान खोजनेवाला।

Prospectus-प्रॉ-स्पॅक्'-टस्-*n.* (*pl.* **Prospectuses.**) a circular of the chief features of an enterprise, school-books &c. किसी अनुष्ठान या संस्थान के नियमों, पाठ्यक्रमों तथा पाठ्यपुस्तकों की विवरण पुस्तिका।

Prosper-प्रॉस्'-पर्-*v.i.* & *t.* (*p.t.* **Prospered.**) to be successful, to thrive. कृतार्थ होना, सफल होना (सम्मति प्राप्त करना)।

Prosperity-प्रॉस्'-परिटि-*n.* success, good fortune. सफलता, सौभाग्य।

Prosperous-प्रॉस्परस्-*adj.* successful. सौभाग्यशाली, सफल, धन्य; **Prosperously** (-लि)-*adv.* successfully. सफलता से ; **Prosperousness** (-नस्)-*n.* the state of being prosperous. सौभाग्य, समृद्धि।

Prospicience-प्रॉस्पिशयन्स्-*n.* act of looking forward. अग्र-दृष्टि।

Prostate-प्रॉस्'-टेट् - *n.* glands of the male generative organs. शिश्न की ग्रन्थियाँ।

Prostatic-प्रॉस्'-टैट्'-इक् - *adj.* pertaining to the prostate glands शिश्न की ग्रन्थियों से सम्बन्धित।

Prosthesis-प्रॉस्थे-सिस्-*n.* a branch of surgery which makes up the deficiencies of the body. शरीर के टूटे हुए भागों को पूर्ण करने की जर्राही विधि; **Prosthetic** (-स्थ टिक्)-*adj* इस विधि का।

Prostitute-प्रॉस्'-टि-ट्यूट्-*n.* a harlot. वेश्या, वाराङ्गना;-*v. t.* to sell one's honour for base gain. अपनी मान-मर्यादा का बुरा उपयोग करना; **Prostitution** (-शन्)-*n.* the act or practice of prostituting. वेश्या-जीवन, वेश्यागमन, वेश्यावृत्ति।

Prostrate-प्रॉस्'ट्रे ट्-*adj.* lying at length, lying in a horizontal position, overthrown. लम्बा पड़ा हुआ, साष्टाङ्ग दण्डवत् किये हुए, मुँह के बल पड़ा हुआ;-*v.t.* (-ट्रे ट्') to lay flat, to overthrow, to demolish. दण्डवत् करना, पाँव पड़ना, नष्ट करना; **Prostrated** (-एँड्)-*adj.* lying flat. लम्बा पड़ा हुआ।

Prostration-प्रॉस्-ट्रे'-शन्-*n.* the act of lying down, great depression. साष्टाङ्ग प्रणाम, उदासीनता, खिन्नता।

Prosily, Prosiness-see **Prosy**

Prosy-प्रोज़्'-इ-*adj.* (*comp.* **Prosier,** *sup.* **Prosiest.**) commonplace, dull, tedious, like prose. सामान्य, मन्द, फीका, गद्यवत्; **Prosily** (-इ-लि)-*adv.* in a commonplace style. सामान्य रूप से ; **Prosiness** (-नेस्)-*n.* dullness. मन्दता।

Protagonist-प्रॅ-टॅ-गॅनिस्ट्-*n.* a champion in a contest, the chief person in a story. पहलवान, कथा या नाटक का प्रधान पुरुष।

Protasis-प्रॅट-सिस्-*n.* a maxim. कहावत।

Protatic-प्रॅटैटिक्-*adj* introductory. आदि का, आरम्भ का।

Protean-प्रो-टिअन्-*adj.* assuming different forms. variable. अनेक रूप धारण करनेवाला, बहुरूपिया।

Protect-प्रॅ-टॅक्ट्'-*v. t.* to keep safe, to guard, to defend, to patronize. सुरक्षित करना, रक्षा करना, बचाना, शरण (सहायता) देना ; **Protection** (-शन्)-*n.* the act of protecting, defence. (पालन-पोषण) रक्षा; **Protectionism** (-इज़्म्)-*n.* the doctrine of protecting home commodities against foreign competition. देश में बने माल की इस प्रकार से रक्षा करना जिसमें परदेश से आये माल से सस्ता पड़े; **Protectionist** (-स्ट्)-*n.* इस प्रकार के सिद्धान्त का अनुयायी।

Protective-प्रॅ-टॅक्'-टिव्-*adj.* defending, affording protection. रक्षक, शरण देनेवाला; **Pro-**

tectively (-लि)-*adv.* by way of protection. रक्षा रूप में; **Protectiveness** (-नेस्)-*n.* protection. रक्षण ।

Protector-प्रॅ-टॅक्टर् - *n.* one who protects, a defender, a guardian. रक्षक, आश्रयदाता, शरण देनेवाला, संरक्षक ।

Protectorate-प्रॅ-टॅक्टरेट् - *n.* government by a protector. संरक्षक का शासन ।

Protectorial-प्रॅ-टॅक्टोरिअल्-*adj.* pertaining to a protector. संरक्षक-सम्बन्धधी ।

Protectorship-प्रॅ-टॅक्टर्-शिप्-*n.* the office of a protector. संरक्षक का पद ।

Protectory-प्रॅ-टॅक्टरि-*n.* institution for the care of vicious children. दुष्ट बालकों को रक्षापूर्वक रखने का स्थान ।

Protectress-प्रॅ-टॅक्ट्रॅस्-*n. fem.* a female protector. शरण या रक्षा देनेवाली, संरक्षिका ।

Protege-प्रॅ'-टॅ-झे-*n.* (*fem.* **Protegee.**) a person who is under the protection of another. उपजीवी, दूसरे की रक्षा में रहनेवाला मनुष्य ।

Proteid-प्रो'-टीड्-*n.* essential part of food. भोजन के मुख्य अंश ।

Proteiform-प्रो-टि'-इ-फ़ॉर्म्-*adj.* changeable in form. रूप बदलनेवाला ।

Protein-प्रो'-टीन् -*n.* albuminoid. एक रासायनिक सत्त्व, प्रोभूजिन ।

Protempore-प्रॅ-टॅम्'-पोर्-*adv.* for the time being. कुछ काल के लिये ।

Protend-प्रॅ-टॅन्ड्'-*v. t.* to stretch, to hold out. फैलाना, आगे करना ।

Protensive-प्रॅ-टॅन्सिव्-*adj.* continuous. निरन्तर, लगातार ।

Protervity-प्रॅ-टर्विटि-*n.* pertness. धृष्टता ।

Protest-प्रो'-टॅस्ट्-*n.* a solemn declaration, a statement of approval or disapproval, declaration against. दृढ़ उक्ति, अस्वीकार, विरुद्ध-वाक्य; (प्रॅ-टॅस्ट्)-*v. t. & i.* to aver, to affirm solemnly. विरोध करना, दृढ़ वाक्य बोलना ।

Protestant-प्रॅ-टॅस्टन्ट् - *n.* a member of the Christian community who protests against the Church of Rome. ईसाइयों के उस पंथ का अनुयायी जो पोप के सर्वस्व अधिकार को स्वीकार नहीं करता; **Protestantism** (-इज़्म्)-*n.* the Protestant religion. इस मत का सिद्धान्त; **Protestantize** (-आइज़्) -*v. t.* to convert to Protestanism. इस पंथ का अनुयायी बनाना ।

Protestation-प्रॅटेस्टेशन् - *n.* solemn declaration. दृढ़ वचन ।

Protestater-प्रॅटस्टॅटर्, **Protestor** (-अर्)-*ns.* one who utters a solemn declaration. दृढ़ वाक्य बोलनेवाला ।

Prothalamion-प्रोथलेमिअन्-*n.* a nuptial song. विवाह-गीत ।

Proto-प्रो'-टॅ-*pref.* in sense of "original", "primitive." "प्रथम, आदि" अर्थ का उपसर्ग ।

Protocol-प्रोटॅ-कॉल्-*n.* an original document. मूल लिपि, आदिलेख;-*v. t. & i.* to record in protocol. मसविदा बनाना; **Protocolist** (-इस्ट्)-*n.* a clerk or scribe. मसविदा लिखनेवाला मुन्शी ।

Protogenic-प्रो'-टॅ-जॅन्'-इक्-*adj.* first formed. पहिले बना हुआ ।

Proton-प्रो'-टॉन्-*n.* the smallest quantity of positive electricity which exists in a free state. स्वतंत्र बिजलीकी अल्पतम (सबसे कम) मात्रा ।

Protonotary-प्रॉ'-टॅ-नोटरि-*n.* the chief clerk in some law-courts. कचहरी का मुख्य लेखक ।

Protoplasm-प्रो'-टॅ-प्लैज़्म्-*n.* a colourless semi-fluid substance, which forms the essence of life in plants and animals. वनस्पति तथा प्राणियों के जीवन का आधार तत्व, पुरस ।

Protoplasmic-प्रोटॅ-प्लैज़्म्'-इ-क्-*adj.* pertaining to protoplasm. पुरस सम्बन्धी ।

Protoplast-प्रो'-टॅ-प्लैस्ट्-*n.* an original model. आदर्श, मूलतत्त्व; **Protoplastic** (-टिक्) -*adj.* pertaining to protoplasm. मूलतत्त्व-सम्बन्धी ।

Prototypal-see **Prototype.**

Prototype-प्रो-टॅ-टाइप्-*n.* the original of a copy, imitation, pattern, an ancestral form. आदर्श, मूल, प्रतिमा, मूलरूप; **Prototypal** (-अल्)-*adj.* मूल रूप का ।

Prototypical-प्रो-टॅ-टि-पिकल् - *adj.* pertaining to original pattern. मूल प्रतिमा-सम्बन्धी ।

Protract-प्रॅ-ट्रॅक्ट्'-*v. t.* to prolong, to lengthen, to delay. बढ़ाना, फैलाना, विलम्ब करना ।


Protracted-प्रॅ-ट्रॅक्ट्'-ऍड् - *adj.* prolonged. फैला हुआ; **Protractedly** (-लि)-*adv.* in a protracted manner. फैलाते हुए ।

Protractile-प्रॅ-ट्रॅक्ट्'-आइल् - *adj.* that which can be extended. फलानेवाला (किसी जन्तु का अंग) बढ़ाने योग्य ।

Protraction-प्रॅ-ट्रॅक्शन् - *n.* the act of protracting. विस्तार, फैलाव ।

Protractive-प्रॅ-ट्रॅक्टिव्-*adj.* delaying. विलम्ब करनेवाला ।

Protractor-प्रॅ-ट्रैक्टर्-*n.* an instrument for measuring and constructing angles. कोण नापने या बनाने का यन्त्र, चाँदा।


Protractor.

Protrude-प्रॅ-ट्रूड्'-*v.t. & i.* to thrust forward, to project, to obtrude. फैलाना, बढ़ाना, उभाड़ना।

Protrusile-प्रॅ-ट्रू'-साइल्-*adj.* capable of being protruded. फैलाने योग्य।

Protrusion-प्रॅ-ट्रू'-ज़न्-*n.* the act of protruding. प्रलम्बन, फलाव।

Protrudent-प्रॅ-ट्रूड्' - ऍन्ट् - *adj.* protruding. फैलता हुआ।

Protrusible-प्रॅ-ट्रू'-सि-ब्ल्-*adj.* able to protrude. फैलनेवाला, फैलने योग्य।

Protrusive-प्रॅ-ट्रू'-सिव्-*adj.* thrusting forward. आगे फैलनेवाला, फैलने योग्य।

Protuberance-प्रॅ-ट्यूबरन्स्-*n.* a swelling. शोथ, सूजन।

Protuberant-प्रॅ-ट्यूबरन्ट्-*adj.* swelling out, prominent. फूला हुआ, उन्नत (ऊँचा)।

Protuberate - प्रॅ-ट्यूबरेट्-*v. i.* to swell, to bulge out. उभड़ना, फूल उठना; **Protuberation** (-रे-शन्)-*n.* a swelling. सूजन।

Proud-प्राउड् - *adj.* haughty, ostentatious, arrogant, imposing, splendid. अभिमानी, गर्वित, उन्नत, विशाल; **Proud flesh** (the fleshy growth of a wound.) घाव या फोड़े का फूला हुआ भाग; **Proudly** (-लि)-*adv.* arrogantly. गर्व से, घमण्ड से; **Proudness** (-नॅस्) -*n.* pride. गर्व, अभिमान।

Provable-प्रू-व़ॅ-ब्ल्-*adj.* that may be proved. प्रमाणित करने योग्य; **Provableness** (-नॅस्)-*n.* the state of being provable. प्रामाणिकता; **Provably** (- ऍब् - लि)-*adv.* in a provable manner. प्रमाणित करते हुए।

Prove-प्रूव्-*v. t. & i.* to test the accuracy of, to verify, to try, to make certain, to demonstrate, to turn out to be true, to establish. सिद्ध करना, निश्चित करना, परीक्षा करना, प्रकाशित करना।

Proveditor, Provedore-प्रॅ-व़ॅडिटर, (-डोर्)-*ns.* a caterer, a purveyor. रसद पहुँचानेवाला।

Proven-प्रूव़्'न्-*adj.* proved. प्रमाणित किया हुआ।

Provenance-प्रॅ-व़ॅनन्स्-*n.* the place of origin, source. उत्पत्तिस्थान।

Provender-प्रॉ-व़ॅन्डर्-*n.* fodder, provision. पशु का भोजन (चारा), खाद्य पदार्थ।

Proverb-प्रॉ-व़र्ब्-*n.* a short pithy saying, a maxim, saying. लोकोक्ति, जनप्रवाद, कहावत।

Proverbial-प्रॉ - व़र्बिअल् - *adj.* pertaining to proverbs, accepted generally. लौकिक, लोकप्रसिद्ध।

Proverbiality-प्रॉव़र्बिअलिटि-*n.* the state of being proverbial. लोक-प्रसिद्धि।

Proverbially - प्रॉव़र्बिअलि - *adv.* commonly. लोक-प्रसिद्धि से; **Proverbialism** (-इज़्म्) -*n.* a proverbial phrase. कहावत का वाक्य; **Proverbialist** (-इस्ट्)-*n.* one who uses proverbs, one who collects proverbs. कहावतों का प्रयोग करनेवाला, कहावतों का संग्रह करनेवाला।

Proviant-प्रॅ'-व़ि-अन्ट्'-*n.* supply of food to an army. सेना के भोजन इत्यादि का प्रबन्ध।

Provide-प्रॅ'-व़ाइड्'-*v. t. & i.* to furnish, to make due preparation, to procure beforehand, to take precautionary measures, to equip with necessities, to appoint. सामग्री उपस्थित करना, पहिले से तैयारी करना, नियुक्त करना; **To provide against** (to obstruct.) निवारण करना; **To provide for** (to make provision beforehand.) पहिले से प्रबन्ध कर लेना।

Provided-प्रॅ-व़ाइड्'-ऍड्-*conj.* on condition that. युक्ति-सहित, पूर्वनिर्दिष्ट; **Provided that** (on condition that, on this term.) इस प्रतिज्ञा या शर्त पर, ऐसा होने पर।

Providence-प्रॉ-व़िडॅन्स्-*n.* foresight, thrift, divine superintendence, God. दूरदर्शिता, मितव्ययिता, विधि, परमेश्वर।

Provident-प्रॉ-व़िडॅन्ट्-*adj.* showing foresight, prudent, economical. दूरदर्शी, बुद्धिमान्, किफ़ायती; **Provident fund** (fund for future retired life.) जीवन आरक्षानिधि।

Providential-प्रॉव़िन्डॅन्शल् -*adj.* effected by divine foresight, lucky. दैवी, भाग्यशाली; **Providentially** (-लि)-*adv.* in a providential manner. दैववश, ईश्वर की इच्छा से; **Providently** (-लि)-*adv.* with foresight. दूरदर्शिता से।

Provider-प्रॅ-व़ाइडर्-*n.* one who furnishes or supplies. पूर्ति या प्रदान करनेवाला।

Province-प्रॉव़्'-इन्स्-*n.* territory, portion of an empire, sphere of action, business. देश, सूबा, कर्तव्य।

Provincial-प्रॉ-व़िन्शल्-*adj.* pertaining to a province. प्रान्तीय; **Provincialism** (-इज़्म)

-*n*. mode of thought, manner &c. peculiar to a province. देहाती व्यवहार तथा बोलने-चालने की रीति; **Provincialist** (-इस्ट्) -*n*. the resident of a province. देशवासी; **Provinciality**(-इट्-इ)-*n*. the state of being provincial. प्रान्तीयता; **Provincialize** (-आइज़्)-*v.t.* to make provincial. प्रदेश में बसाना, प्रान्तीय बनाना।

Provincially-प्रॉ-विन्श-लि -*adv*. in a provincial manner. प्रान्तीय रूप में।

Provision-प्रॉविझन् - *n*. food, fare, act of providing, condition, making previous preparation, a rule for guidance, things provided. भोजन, विधान, संकेत, पूर्व कल्पना, तैयारी, नियम; - *v. t.* to supply with food. भोजन सामग्री जुटाना; - (*pl.*) supply of food, drinkables &c., provender. (ब० व०) भोजन-सामग्री, भोजन के सामान।

Provisional-प्रॉविझनल्-*adj*. temporary. सामयिक, कुछ काल के लिए; **Provisionally** (-लि) -*adv*. in a provisional way. समयानुरूप, थोड़े काल के लिए; **Provisionary** (-रि) -*adj*. temporary.) कुछ काल का; **Provisionless** (-लेस्) -*adj*. (without provision.) बिना भोजन सामग्री का।

Proviso-प्रॅ-व़ाइ-ज़ॅ-*n*. (*pl.* **Provisoes.**) conditional stipulation. नियम, बन्धेज।

Provisor-प्रॅ-व़ाइज़र् - *n*. the steward of a religious house. मठ आदि का भण्डारी।

Provisorily-प्रॅ-व़ाइज़रि-लि-*adv*. in a provisory manner. समय के अनुसार।

Provisory-प्रॅ-व़ाइज़रि -*adj*. temporary, conditional. समयानुरूप, कुछ काल का।

Provocation-प्रॅ-व़ॅकेशन्-*n*. the act of provoking, incitement. प्रेरणा, उत्तेजना।

Provocative-प्रॅ-व़ॅ-के टिव़् - *adj*. tending to provoke. उत्तेजक, उसकानेवाला; **Provocativeness** (-नेस्) -the quality of being provocative. प्रेरकता, उत्तेजकता।

Provoke-प्रॅव़ोक्'-*v. t.* to excite, to irritate, to instigate, to offend, to allure. उत्तेजित करना, क्रोध दिलाना, उसकाना, चिढ़ाना, ललचाना; **Provoker** (-अर्)-*n*. he who provokes. उत्तेजित करनेवाला; **Provoking** (-इङ्ग्)-*adj*. exciting. उत्तेजक; **Provokingly** (-लि) -*adv*. in a provoking manner. उत्तेजित करते हुए।

Provost-प्रॉव़स्ट् -*n*. the head of a college, the chief magistrate of a burgh. महाविद्यालय का अध्यक्ष, मजिस्ट्रेट; **Provost marshal**-*n*. an officer appointed to preserve order and discipline in the army. सेना में क्रम तथा शान्ति स्थापित करनेवाला अधिकारी; **Provostship** (-शिप्)-*n*. the office of a provost. ऐसे अधिकारी का पद।

Prow-प्राउ-*n*. the fore-part of a ship. जहाज़ का अगला भाग; -*adj*. gallant, worthy. वीर, योग्य।

Prowess-प्राउ'-ऍस्-*n*. bravery, valour. वीरता, पराक्रम।

Prowl-प्राउल्-*v. t.* to go about in search of plunder or prey. लूटने या शिकार करने के निमित्त भ्रमणकरना;-*n*. prowling. परिभ्रमण।

Prowler-प्राउल्'-अर्-*n*. one who roves for prey. शिकार की खोज में घूमनेवाला।

Prowling-प्राउल्'-इङ्ग् - *adj*. wandering in search of prey. शिकार खोजता हुआ; **Prowlingly** (-लि) - *adv*. in a prowling manner. शिकार खोजते हुए।

Proximal-प्रॉक्सिमल् -*adj*. situated towards the centre. केन्द्र (मध्य) की ओर स्थित; **Proximally** (-लि)-*adv*. by way of axis. केन्द्रीभूत।

Proximate-प्राक्सि-मेट् -*adj*. nearest, immediate, approximate. समीप, निकट, आसन्न; **Proximately** (-लि)-*adv*. in a proximate manner. निकट में, समीप में।

Proximity-प्रॉक्सिमिटि - *n*. nearness in space or time. निकटता, समीपता; **Proximity of blood** (kinship.) समीप का सम्बन्ध।

Proximo-प्रॉक्सि-मॅ - *adv*. of the coming month. आगामी मास का।

Proxy-प्राक्सि-*n*. (*pl.* **Proxies.**) agency or substitute, one who is authorized to act for another, vote given in such a manner. प्रतिनिधि, दूसरे के लिये कार्य करने का अधिकारी, प्रतिनिधि रूप में वोट।

Prude-प्रूड्-*n*. a woman of extremely affected modesty. अति पाखण्डपूर्ण विनीत स्त्री, कपटी;

Prudery-प्रूडरि-*n*. affectedness. मिथ्या विनय।

Prudence-प्रूडॅन्स् - *n*. discretion, practical wisdom, sagacity. दूरदर्शिता, चालाकी।

Prudent-प्रूडॅन्ट् -*adj*. sagacious, judicious, worldly-wise, cautious, frugal. चतुर, विवेकी, नीतिज्ञ, दुनियादार, मितव्ययी।

Prudential-प्रू-डॅन्शल - *adj*. involving prud-

ence, proceeding from prudence. विवेकयुक्त बुद्धिमानी का; **Prudentialism** (-इज़्म्) *-n.* involving prudence. बुद्धिमानी; **Prudentiality** (-इट्-इ)*-n.* the quality of being prudential. विवेक, बुद्धिमानी; **Prudentially** (-लि) *adv.* in a prudential manner. चतुराई से।

Prudentials-प्रू-डेन्शल्ज़्-*n. pl.* practical wisdom. कार्यात्मक या क्रियाशील बुद्धि या विवेक।

Prudently-प्रू-डेन्ट्'-लि - *adv.* in a prudent manner. दूरदर्शिता से, विवेक-सहित।

Prudish-प्रूडिश् - *adj.* affectedly modest. पाखण्डी, आडम्बरी; **Prudishly** (-लि) *-adv.* in a prudish manner. पाखण्ड से; **Prudishness** (-नेस्)*-n.* the quality of being prudish. पाखण्ड।

Prune-प्रून्-*n.* dried plum. सूखी हुई बेर (या जामुन);*-v. t.* to trim, to lop off superfluous parts. छाँटना (काटना), अनावश्यक भाग हटाना; **Pruner** (-अर्)*-n.* one who prunes. छाँटनेवाला।

Prunella-प्रू-नेलॉ-*n.* a strong silk stuff used for gowns &c., a kind of herb. ओढ़ना बनाने का पुष्ट रेशमी वस्त्र, एक प्रकार की बूटी।

Pruning-प्रून्'-इङ्ग्-*n.* a lopping. काट छाँट; **Pruning-knife** (a knife for pruning.) पौधों को छाँटने की छुरी।

Prurience-प्रू-रि-एँन्स्-*n.* lewdness, ardent desire for anything. कामुकता, तीव्र अभिलाषा।

Prurient-प्रू-रि-एॅन्ट्-*adj.* lewd, with morbid desires. कामी, नीच अभिलाषा का; **Pruriently** (-लि)*-adv.* in a prurient manner. कामुकता से।

Prurigo, Pruritus-प्र-राइ-गॉ, (-रिटस्) *-ns.* a disease marked by excessive itching. एक प्रकार की खुजली।

Pry-प्राइ-*v. t.* (*p. t.* **Pried.**) to look inquisitively, to inspect impertinently. भेद लेना, निहारना;*-n.* narrow inspection. सूक्ष्म परीक्षा।

Prying-प्रा-इङ्ग्-*n.* a narrow inspection. सूक्ष्म निरूपण; **Pryingly** (-लि) *-adv.* in a prying manner. भेद लेते हुए, निहारते हुए।

Psalm-साम्-*n.* a sacred song, a hymn. स्तोत्र, धर्मगीत, भजन।

Psalmist-सामिस्ट्-*n.* a writer of psalms. स्तोत्र या भजन बनानेवाला।

Psalmodic-सा-मॅडिक् - *adj.* pertaining to psalmody. भजन-सम्बन्धी।

Psalmodist-सा-मॅडिस्ट्-*n.* a singer of psalms. भजन गानेवाला।

Psalmody-सार्मॅडि-*n.* the art of singing sacred songs. भजन या स्तोत्र गाने की कला।

Psalmographer-सामॅग्रॅफ़र् *-n.* the writer of sacred songs. भजन बनानेवाला।

Psalter-सॉल्टर्-*n.* the book of psalms. स्तोत्र-संग्रह, भजनमाला।

Pseudechis-स्यू-डें'-किस्-*n.* a genus of venomous snakes. विषैले सर्पों की एक जाति।

Pseudo-स्यू'-डॅ-*pref.* in the sense of 'falsely', 'seemingly.' उपसर्ग जिसका अर्थ 'मिथ्या, कपट, छल' इत्यादि होता है।

Pseudoblepsis-स्यू'-डॅ-ब्लॅप्'-सिस् *-n.* misleading vision. भ्रामक दृष्टि।

Pseudograph-स्यू-डॅ-ग्रॉफ़् *-n.* a false writing. मिथ्या साहित्य।

Pseudologer-स्यू-डॅ-लॉजर्-*n.* one who speaks a systematic lie. क्रमपूर्वक असत्य बोलनेवाला।

Pseudological-स्यू-डॅ-लॉजिकल् *-adj.* pertaining to pseudology. असत्य वाक्य सम्बन्धी।

Pseudologist-स्यू-डॅ-लॅ-जिस्ट्-*n.* a false speaker. असत्यवक्ता।

Pseudonym-स्यू'-डॅ- निम् - *n.* a fictitious name of an author. लेखक का बनावटी नाम।

Pseudonymity-स्यू-डॅ-निमिटि - *n.* writing under a false name. कृत्रिम नाम पर लेख।

Pseudonymous-स्यू-डॅ-निमस्-*adj.* having a fictitious name. असत्य नाम पर लिखी हुई (रचना)।

Pseudoscope-स्य' -यू -स्कोप् *-n.* a kind of optical instrument. एक प्रकार की दूरबीन।

Pshaw-शॉ-*interj.* expressing impatience or contempt. अधैर्य अथवा तिरस्कार-सूचक अव्यय, धिक्कार;*-v. i.& t.* to speak words of contempt. धिक्कारना।

Psilosis-साइ'-लो-सिस् *-n.* stripping off of hair or flesh. रोवाँ या माँस हटाने की क्रिया।

Psittacine-सि-ट - साइन् - *adj.* like a parrot, pertaining to a parrot. तोते की तरह का, शुक-सम्बन्धी।

Psoriasis-सॅ-राइ-अ-सिस् *-n.* a kind of skin disease with red patches. चर्मरोग जिसमें लाल चकत्ते पड़ जाते हैं।

Psychal-साइ'-कल् *-adj.* pertaining to soul. आत्मा-सम्बन्धी।

Psyche-साइ-कि-*n.* soul, mind. आत्मा, ब्रह्म।

Psychiater-साइ-काइ'-अ-टर्-*n.* one who treats mental diseases. मानसिक रोगों की चिकित्सा

करनेवाला; **Psychiatrical** (- ट्रिकल) - *adj.* pertaining to psychiatry. मानसिक रोग-सम्बन्धी।

Psychiatry-साइ-काइ-अ - ट्रि - *n.* treatment of diseases of the mind. मानसिक रोगों की चिकित्सा।

Psychic-साइ'-किक्-*adj.* pertaining to soul or mind, spiritual. ब्रह्म-सम्बन्धी, आत्मा विषयक; **Psychical** (-अल्) - *adj.* pertaining to the mind. आत्मा (या मन)-सम्बन्धी; **Psychically** (-अलि)- *adv.* in a psychical manner. ब्रह्म-सम्बन्ध से।

Psycho-साइ'-कॅ-*pref.* in sense of "soul or mind." "आत्मा या मन" अर्थ का उपसर्ग।

Psychodynamics-साइ-कॅ-डाइ'-नॅम्'-इक्स् - *n.* the science of mental powers. मानसगति-शास्त्र।

Psychogony-साइकॅ-गॅ - नि - *n.* the development of the mind. मानसिक शक्ति की उन्नति या वृद्धि या विकास।

Psychologic-साइ-कॅ-लॉजिक्', **Psychological** (- अल्) - *adjs.* pertaining to psychology. मानसशास्त्र - सम्बन्धी ; **Psychologically** (-अ-लि)-*adv.* in a psychological manner. मानसशास्त्र की रीति से; **Psychologist**(-जिस्ट्) -*n.* one who is versed in psychology. मानसशास्त्र जाननेवाला; **Psychology** (-लॅ-जि) -*n.* the science of the nature and functions of human mind. आत्म-विद्या, मानस-शास्त्र।

Psychomachy-साइ-कॅ - मॅकि - *n.* conflict of the body with the soul. आत्मा का शरीर से संघर्ष।

Psychomancy-साइ' - कॅ - मॅन्सि - *n.* necromancy, spiritualism. प्रेतविद्या।

Psychometry-साइ-कॅ-मॅट्रि-*n.* measurement of mental processes. मानसिक शक्ति की नाप।

Psychopathology-साइ'-कॅ-पॅथॅ-लॅ - जि-*n.* the science of mental diseases. मस्तिष्क के रोगों का विज्ञान।

Psychopathy-साइ - कॅपॅ-थि - *n.* mental disorder. मस्तिष्क का रोग।

Psychosis-साइ-को'-सिस्-*n.* mental derangement. मनोविकार, पागलपन।

Psychotherapeutics-साइ-कॅ-थॅरा-प्यूटिक्स् - *n.* the cure of diseases by mental treatment. रोगों की मानसिक चिकित्सा।

Ptarmigan-टार्मिगन्-*n.* a kind of bird. एक प्रकार का पक्षी।

Ptero-टॅर्' - अॅ - *pref.* in sense of 'winged' उपसर्ग जिसका अर्थ "परवाला" होता है।

Pteropus-टॅ-रॅ-पस्-*n.* (*pl.* **Pteropi.**) a kind of flying fox. एक प्रकार का चमगादड़।

Ptomaine-टो'-मे - न्' - *n.* poisonous matter produced by the putrefaction of animal tissues. मांस के सड़ने से उत्पन्न विष।

Puberal-प्यूबरल्-*adj.* pertaining to puberty. यौवन-सम्बन्धी।

Puberty-प्यूबर्टि -*n.* functional capability of procreation, maturity. यौवन, तरुण अवस्था ; A girl attaining puberty. (a girl having menses.) कन्या जो रजस्वला हो गई हो।

Pubescence-प्यूबॅ-सॅन्स्-*n.* the time of attaining puberty. यौवन प्राप्त करने का समय या अवस्था।

Pubescent-प्यू-बॅ-सॅन्ट्-*adj.* arriving at puberty. जवान होनेवाला या वाली।

Public-पब्लिक्-*adj.* pertaining to the people as a whole, shared by the people, common, open to general observation, known to the people at large. लोक-सम्बन्धी, जनता द्वारा बाँट लिया गया, सामान्य, सार्वजनिक, प्रचलित (प्रसिद्ध); -*n.* community in general. सामान्य जन, लोक; **In public** (openly.) सबके सामने, प्रत्यक्ष रूप से; **Public good** (good of the people.) लोकहित; **Public-house** (a tavern.) कलवरिया, शराबखाना; **Public-life** सार्वजनिक जीवन; **Public odium** (public hatred.) जनद्वेष ; **Public road** (a road used by the public.) राजमार्ग, आम सड़क; **Public service** (government service.) सरकारी नौकरी; **Public spirit** (patriotism.) देशभक्ति; **Public works** (permanent works or improvements made for public use or benefit.) सार्वजनिक निर्माण कार्य; **Public-spirited** (patriotic.) परोपकारी, जनसेवक।

Publican-पब्लिकन् - *n.* a tax-collector, a keeper of public-houses. टैक्स या कर वसूल करनेवाला, शराबखाने का मालिक (भठियारा)।

Publication-पब्लिकेशन् - *n.* the act of publishing, making known publicly, a work printed and published. प्रकाशन, प्रकाशित ग्रन्थ, मुद्रित ग्रन्थ।

Publicist-पब्लिसिस्ट् - *n.* a writer on current topics. प्रचलित विषय पर लेख लिखनेवाला;

Publicistic (-स्टिक्) *adj.* pertaining to a publicist. ऐसे लेखक से सम्बन्धित।

Publicity-पब्लिसिटि - *n.* the state of being public, notoriety, advertising. लोक-प्रसिद्धि, प्रकाशन, विज्ञापन।

Publicly-पब्लिक्-लि-*adv.* in a public manner. सार्वजनिक ढंग से।

Publish-पब्लिश्-*v. t.* to announce publicly, to make generally known, to promulgate. प्रकाशित करना, प्रसिद्ध करना, विस्तार करना; **Publishable** (- ऍ - बूल्) - *adj.* able to be published. प्रकाशित करने योग्य; **Publisher** (-अर्) - *n.* one who publishes. प्रकाशक, प्रचार करनेवाला।

Puccoon-पकून् - *n.* an American plant yielding a red dye. अमेरिका देश की एक बनस्पति जिसमें से लाल रङ्ग निकलता है।

Puce-प्यूस् - *adj.* of purple-brown colour. बैंगनी, जामुन के रङ्ग का।

Pucelage-प्यूसि- लेंज् - *n.* state of virginity. कुमारी अवस्था।

Puck-पक्-*n.* a mischievous child or spirit. दुष्ट बालक, दुष्ट प्रेत ; **Puckish** (- इश्) -*adj.* mischievous. दुष्ट, चंचल; **Pucklike** (-लाइक्)-*adj.* like a puck. दुष्ट प्रेत के सदृश।

Pucka, Pukka-*adjs.* solidly built. पक्का।

Pucker-पकर्-*v. t.&i.* to contract, to gather into wrinkles. सिकोड़ना, झुर्री पड़ना; - *n.* bulging. सिकुड़न, झुर्री; **Puckered** (-अर्ड्) - *adj.* contracted संकुचित, सिकुड़ा हुआ; **Puckering** (-इङ्ग्) -*n.* contraction. संकोच, बलि; **Puckery** (- अरि) - *adj.* having wrinkles. झुर्रीदार।

Pud-पड्-*n.* a child's hand. बच्चे का हाथ।

Pudder-प'-डर् - *n.* uproar, tumult. उपद्रव, कोलाहल;-*v. t. & i.* to perplex, to make a bustle. व्यग्र करना, घबड़ा देना, कोलाहल करना।

Pudding-पुड्'-डिङ्ग्-*n.* a mixture of animal or vegetable ingredients made into food. एक प्रकार का मांस या अन्न इत्यादि का पकवान या हलुआ; **More praise than pudding** (material reward.) वास्तविक उपहार; **Pudding-face** (a full round face.) गोल भरा हुआ मुखड़ा; **Pudding-heart** (a coward.) डरपोक मनुष्य।

Puddle-प-ड् - ल् - *n.* small muddy pool on the side of a road. पोखरी, गड़ही; - *v. t. & i.* to make a dirty stir, to dabble in mud. गन्दा करना, कीचड़ घँघोलना।

Puddly-पड्'-लि-*adj.* muddy. गँदला।

Pudency-प्यू'-डें-न्सि-*n.* modesty, bashfulness. लज्जा।

Pudendal-प्यू-डेन्डल्-*adj.* pertaining to pudendum. गुप्त जननाङ्ग सम्बन्धी।

Pudendum-प्यू-डेॅन्-डम्-*n.* (*pl.* **Pudenda.**) private parts. गुप्त भाग, (योनि, भग, लिंग)।

Pudge-पज्-*n.* a short fat person. नाटा मोटा मनुष्य।

Pudgy-पजि - *adj.* stout and short. मोटा-नाटा।

Pudicity-प्यू-डि-सिटि - *n.* modesty, chastity. लज्जा, पातिव्रत धर्म।

Puerile-प्यू' - अराइल् - *adj.* childish, trivial, trifling. बालक योग्य, तुच्छ, ओछा; **Puerilely** (-लि) -*adv.* in a puerile manner. लड़कपन के ढंग से।

Puerility-प्यू' - अ - रिलिटि - *n.* childishness. शिशुत्व, बालकत्व।

Puerperal-प्यू- अपॅरल् - *adj.* of child-birth. प्रसव-सम्बन्धी।

Puerperous-प्यू-अर्परस्-*adj.* bearing children. बाल-प्रसविनी।

Puff-पफ्-*n.* short blast of breath or wind, a whiff, a small quantity of vapour, smoke &c., protuberant mass of hair &c. फूत्कार, हवा का झकोरा, थोड़ी भाप या धुवाँ, जूड़ा, गुच्छा; -*v. t. & i.* to drive a quick blast from the mouth, to blow, to inflate. मुँह से फुलाना; **To puff and blow** (to breathe hard.) हाँफना; **To puff out** (to utter pantingly.) हाँफकर बोलना; **To puff up** (to inflate, to make proud.) फुलाना, घमण्ड करना।

Puffer-पफ़र्-*n.* one who puffs, one hired to bid at sales for raising prices. फुलानेवाला, नीलाम में दाम बढ़ाने के लिए नियुक्त पुरुष।

Puffery-पफ़रि - *n.* advertisement, inflation. प्रकाशन, (विस्तार) फुलाव।

Puffiness-पफ़िनेॅस्-*n.* the state of being puffy. स्थूलता, मोटापन।

Puffing-पफ़िङ्ग् - *n.* extravagant or great praise. अति प्रशंसा।

Puffy-पफ़ि-*adj.* fat, bombastic. फूला, मोटा।

Pug-पग्-*n.* a monkey, a kind of dog, prepared clay for brick-making. बन्दर, एक प्रकार का छोटा कुत्ता, ईंट बनाने की तैयार की गई मिट्टी; **Pugfaced** (-फ़ेस्ड्)-*adj.* monkey-faced. कपिमुख, बन्दर के सदृश मुखवाला।

Puggish-पगिश्-*adj.* like a monkey. बन्दर के सदृश ; **Pug-nosed** (having a small flat nose.) छोटी चिपटी नाकवाला ।

Pugh-पू-*interj.* used in contempt. तिरस्कार-सूचक अव्यय ।

Pugil-प्यू'-जिल्-*n.* the quantity that can be taken up between the thumb and first two fingers. चुटकी भर ।

Pugilism-प्यू-जिलिज़्म्-*n.* practice of boxing. मुक्केबाज़ी ।

Pugilist-प्यू-जिलिस्ट्-*n.* a boxer, a vigorous controversialist. मुक्की लड़नेवाला, हुज्जत करनेवाला ।

Pugilistic-प्यू-जिलिस्टिक् - *adj.* pertaining to boxing. मुक्केबाज़ी सम्बन्धी, हुज्जती ; **Pugilistically** (-अलि)-*adv.* in a pugilistic manner. मल्लयुद्ध से ।

Pugmill-पग्'-मिल् - *n.* a mill for grinding clay. मिट्टी पीसने की चक्की ।

Pugnacious - पग्ने'-शस् - *adj.* disposed to fight, quarrelsome. (कलहप्रिय) लड़ाका, झगड़ालू ; **Pugnaciously** (- लि) - *adv.* in a pugnacious manner. कलह-प्रियता या झगड़ालूपन से ।

Pugnacity- पग्नी - सिटि - *n.* inclination to quarrel. कलह की इच्छा ।

Puisne-प्यू'-नि-*adj. & n.* inferior or junior in rank. छोटा, पद में कम ; **Puisne judge** (a junior judge in superior courts.) हाई-कोर्ट का छोटा जज ।

Puissance-प्यू-इ-सन्स्-*n.* the quality of being mighty, strength. प्रबलता, शक्ति, पराक्रम ।

Puissant-प्यू-इ-सन्ट्-*adj.* having great influence, mighty, forcible. अधिक प्रभाववाला, प्रबल ; **Puissantly** (-लि)-*adv.* in a mighty manner. अधिक प्रभाव से, बलपूर्वक ।

Puke- प्यूक्'-*v. t.* to vomit. वमन करना, उलटी करना ; -*n.* a medicine exciting vomiting. वान्तिकर औषध, उल्टी करानेवाली दवा ; **Puker** (-अर्) - *n.* that which induces vomiting. उल्टी लानेवाली वस्तु ।

Puking-प्यूक्'-इङ्ग्-*n.* the act of vomiting. वमन ।

Pule-प्यूल् - *v. i.* to cry in a low tone, to whine. धीरे से चिल्लाना, कराहना ।

Puling-प्यूल्'-इङ्ग् - *n.* crying like a child, whining. बच्चों की तरह चिल्लाना, या कराहना ;

Pulingly (-लि)-*adv.* in a puling manner. कराहते हुए ।

Pull-पुल्-*v. t. & i.* to draw towards oneself, to exert force, to haul, to pluck, to strain, to move by pulling. अपनी ओर खींचना, शक्ति लगाना, उठाना, तोड़ना, दबाना, ढकेलना ; -*n.* the act of pulling, influence, struggle or contest. आकर्षण, प्रभाव, खिंचाव या प्रयत्न ; **He is pulled** (he is reduced in health.) उसका स्वास्थ्य गिरा है ; **To have the pull** (to have advantage.) सुविधा पाना ; **To pull about** (to pull from side to side.) इधर - उधर हिलाना ; **To pull a thing to pieces** (to separate a thing in parts.) किसी वस्तु को टुकड़े-टुकड़े करना ; **To pull back** (to obstruct.) रोकना ; **To pull caps** (to quarrel.) झगड़ा करना ; **To pull down** (to demolish) तोड़कर नष्ट करना ; **To pull off** (to win a prize or contest.) जीतना ; **To pull off one's hat** (to salute by taking off the hat.) टोपी उतारकर अभिवादन करना ; **To pull out of the fire** (to save from hopelessness.) निराशा से बचाना ; **To pull through** (to get safely out of danger.) आपत्ति से सुरक्षित निकल आना ; **To pull together** (to work in harmony.) साथ मिलकर काम करना ।

Puller-पुलर् - *n.* that which pulls. खींचने का यन्त्र ।

Pullet-पुलेट्-*n.* a young fowl. छोटा मुर्गा या मुर्गी ।

Pulley-पुलि - *n.* (*pl.* **Pulleys.**) a grooved wheel turning on a pin in a block. घिरनी, चरखी ; -*v. t.* to furnish with pulleys. घिरनी लगाना ।


Pulleys.

Pullicate-पु-लि - केट् - *n.* a kind of coloured handkerchief. एक प्रकार का रंगीन रूमाल ।

Pullman-पुल्' -मैन्-*n.* a railway saloon with sleeping accommodation. रेल का डब्बा जिसमें सोने का प्रबन्ध रहता है ।

Pullover-पुल्' - ओव़र् - *n.* a kind of jersey which is worn by being pulled over the head. सिर पर से पहनने का एक प्रकार का वस्त्र, स्वेटर ।

Pullulant-see **Pullulate.**

Pullulate-प'-ल्यु-लेट्-*v. t. & i.* to sprout. उगना, उमड़ आना, फूलना ; **Pullulant** (-लन्ट्) -*adj.* budding. फूलनेवाला ।

Pullulation-प-ल्यु - ले' - शन् - *n.* the act of sprouting. फुलाव, उभाड़।

Pulmo-पल्-मॅ-*pref.* in sense of 'lung'. उपसर्ग जो 'फेफड़ा-सम्बन्धी' अर्थ में प्रयुक्त होता है।

Pulmometer-पल्'-मॅ-मि-टर्-*n.* an instrument for measuring the capacity of lungs. फेफड़े की समाई या ताकत नापने का यन्त्र।

Pulmonary-पल्-मॅनरि-*adj.* pertaining to the lungs. फुफ्फुस (फेफड़ा) सम्बन्धी; **Pulmonary artery** (an artery which brings blood from the heart to the lungs.) फुफ्फुसीय धमनी जो हृदय से फेफड़ों में रक्त लाती है।

Pulp-पल्प् -*n.* the fleshy part of food or of animal body, a shapeless form, marrow. गुद्दा, मज्जा, वसा; - *v. t. & i.* to pulp, to become pulpy. गूदा निकालना, मुलायम करना या होना।

Pulmonate - पल्-मॅनेट् - *adj.* having lungs. फेफड़ेवाला।

Pulmonic-पल्-मॅनिक्-*adj.*affecting the lungs. फ़ेफड़े पर प्रभाव डालनेवाला।

Pulpify-पल्पि'-फ़ाइ- *v. t.* (*p. t.* **Pulpified.**) to make pulpy. नरम गूदेदार बनाना।

Pulpiness-पल्पि-नॅस् - *n.* the state of being pulpy. गूदापन।

Pulpless-पल्प्'-लॅस् - *adj.* without pulp. बिना गूदे का।

Pulpit-पुल्पिट् - *n.* a raised platform in a church from which a preacher delivers a sermon, profession of preaching. धर्मोपदेश करने का आसन, पुरोहित या उपदेशक का व्यवसाय।

Pulpitarian-पुल्पिटे रिअन्-*n.* one who preaches. उपदेश देनेवाला।

Pulpiteer-पुल्पिटिअर्'-*n.* a fanatical preacher. झक्की उपदेशक ; **Pulpiteering** (-इङ्ग्)-*n.* the act of preaching. उपदेश।

Pulpous- पल्पस् - *adj.* consisting of pulp. गुद्देदार।

Pulsate-पल्सेट्-*v. t. & i.* to beat, to throb, to vibrate or quiver. स्फुरण करना, फड़कना, काँपना, धड़कना।

Pulsatile-पल्सटाइल् - *adj.* having throbbing qualities. फड़कने या काँपने के गुणवाला।

Pulsatilla - पल्सटिला - *n.* a kind of flower whose extract is used in medicines. एक प्रकार का फूल जिसका रस औषध में प्रयुक्त होता है।

Pulsation-पल्सेशन्-*n.* the act of throbbing. धड़कन।

Pulsative - पल्से टिव्-*adj.* throbbing,pertaining to pulsation. फड़कता हुआ, स्फुरण सम्बन्धी ; **Pulsator** (-टर्)-*n.* a machine for separating diamond. हीरा अलगाने का यन्त्र; **Pulsatory** (-इ) -*adj.* pulsative. धड़कने या काँपनेवाला।

Pulse - पल्स् - *n.* rhythmical throbbing of arteries, an edible seed of someplants. नाड़ी (नाड़ी-स्फुरण), दाल; - *v. t.* to beat as a pulse. नाड़ी की तरह फड़कना या धड़कना; **To feel the pulse** (to examine the throbbing of the pulse.) नाड़ी-परीक्षा करना; **Pulseless** (- लॅस्) - *adj.* without pulse, having no pulsation. जिसमें नाड़ी की गति न हो; **Pulselessness** (-लॅस्-नॅस्)-*n.* having no pulsation. नाड़ी की गति का अभाव; **Pulsific** (-इफ़् - इक्) - *adj.* exciting the pulse. नाड़ी की गति बढ़ानेवाला; **Pulsimeter** (-इ-मिटर्)-*n.* an instrument for recording the force of a pulse. नाड़ी की गतिसूचक या मापक यन्त्र।

Pultaceous-पल्टे'-शस्-*adj.* pulpy, soft. गूदेदार, मुलायम।

Pulverable-पल्व-रॅ - बल् - *adj.* that may be pulverized. बुकनी करने योग्य।

Pulverate-पल्व़रॅट् - *v. t.* to pulverize. बुकनी बनाना।

Pulverizable-पल्व़राइज़े'बल् - *adj.* able to be pulverized. बुकनी करने योग्य; **Pulverization** (-ज़े'शन्)-*n.* the act of pulverizing. पिसाई या बुकनी करने की विधि; **Pulverizator** (ज़े'-टर्) - *n.* a machine for pulverizing. बुकनी करने का यन्त्र।

Pulverize-पल्व़राइज़् -*v. t.* to reduce to dust or fine powder. बुकमा, महीन बुकनी करना; **Pulverizer** (-अर्)-*n.* one who or that which pulverizes. बुकनी करनेवाला।

Pulverous-पल्व़रस् -*adj.* similar to powder. बुकनी के समान।

Pulverulence-पल्व़रयु लॅन्स्-*n.* abundance of dust. धूलिपूर्णता ; **Pulverulent** (-लॅन्ट्) -*adj.* powdery, covered with powder. बुकनीदार, बुकनी से भरा हुआ।

Pulvil - पल्विल् - *n.* sweet-scented powder. सुगन्धित बुकनी ;-*v. t.* to sprinkle with perfumed powder. सुगन्धित बुकनी छिड़कना।

Pulvinate-पल्विनेट्, **Pulvinated** (-ऍड्)-*adjs.* swelling up, cushion-like. फूला हुआ, उभरा हुआ, गद्दी के समान।

Pumicate-प्यू'-मि-केट्-*v. t.* to make smooth with pumice. कुरुन रगड़कर चिकना करना।

Pumice-प्यू'-मिस् या पम्-'इस्-*n* a kind of hard stone used for polishing कुरुन पत्थर, झावाँ; **Pumiceous** (-शस्) *adj.* like pumice. कुरुन के समान, झावेंदार।

Pummel-पम्'-मल्-*v. t.* to strike with fist. मुक्की से पीटना या मारना।

Pump-पम्प्-*n.* a machine for raising water or other fluid, contrivance for filling in or extracting air, a kind of light shoe. पानी खींचने का यन्त्र, हवा भरने या निकालने की पिचकारी, एक प्रकार का बिना फीते का जूता; -*v. i. & t.* to work a pump, to raise with a pump. पम्प चलाना, पिचकारी से पानी या हवा निकालना या भरना; To pump out (to suck up air or water.) हवा या पानी निकालना; To pump up (to inflate.) हवा या पानी भरना।

Pumpage-पम्पेज्-*n.* the amount of water which is lifted up by a pump. जितना पानी पम्प से उठाया जाता है।

Pumper-पम्पर्-*n.* one who works on a pump. पम्प चलानेवाला।

Pumpkin-पम्प्-किन्-*n.* a plant bearing large globular edible fruit. कोंहड़ा, कद्दू, लौकी।

Pun-पन्-*n.* humorous use of words having several meanings, a play on words. श्लेष, अनेक अर्थों के शब्दों का प्रयोग; -*v. t.* (*p. t.* Punned.) to make use of puns. श्लेष का प्रयोग करना।

Punningly-प-निङ्ग्-लि-*adj.* making use of a pun. श्लेष का प्रयोग करते हुए।

Punch-पन्च्-*n.* an instrument for cutting holes, a kind of beverage, a grotesque figure. छेद काटने की छेनी, सुंभी, एक प्रकार की मदिरा, हँसानेवाली मूर्ति (भाँड़); -*v. t.* to strike with fist, to perforate. मुक्का मारना, छेद करना; **Puncher** (-अर्) - *n.* one who or that which punches. छेद करनेवाला, छेदने का शस्त्र।

Punch-पन्च् - *n.* the chief character of a puppet show, an English comic journal. कठपुतली के खेल का प्रधान पात्र, हास्यरस की एक प्रसिद्ध अंग्रेजी पत्रिका।

Puncheon-पन्शन्-*n.* a short post for supporting a roof, a large cask. छत सँभालने की थूनी, बड़ा पीपा।

Punchinello-पन्शिनें-लॅ - *n.* a short stout person, a buffoon, स्थूल छोटा मनुष्य, भाँड़ (मसखरा)।

Punchy-पंच्-इ-*adj.* short and thick. नाटा और मोटा।

Punctate (d)-पङ्क्'-टेट् (-ऍड्)-*adjs.* marked with dots. बिन्दुओं से चिह्नित।

Punctation-पङ्क्'-टे-शन्-*n.* the act of marking with dots. बिन्दुओं से चिह्नित करने का कार्य।

Punctilio-पङ्क्-टि-लि-ॲ-*n.* a nice point in a ceremony, formality. बारीकी, शिष्टाचार।

Punctilious-पङ्क्'- टि- लिअस्- *adj.* extremely exact. सूक्ष्म नियमवाला; **Punctiliously** (-लि) -*adv.* in a punctilious manner. सूक्ष्म व्यवहार से; **Punctiliousness** (-नेस्) - *n.* the state of being punctilious. नियम की सूक्ष्मता।

Punctual-पङ्क्चुअल्-*adj.* observant of appointed time, exact, not late. समय पर कार्य करनेवाला, सामयिक, देर न करनेवाला; **Punctuality** (-इट्-इ) - *n.* extreme exactness. समय का पालन; **Punctually** (-लि) - *adv.* in a punctual manner. ठीक समय पर, यथासमय; **Punctualness** (-नेस्)- *n.* the quality of being punctual. समय का पालन।

Punctuate-पङ्क्चुएट्-*v.t.* to mark with stops. विराम-चिह्न लगाना; **Punctuation** (-एं-शन्) -*n.* the act of dividing sentences by points. विराम-चिह्न का प्रयोग; **Punctuative** (-एं-टिव्) -*adj.* pertaining to punctuation. विराम- चिह्नवाला; **Punctuator** (-अर्) - *n.* one who punctuates. विराम-चिह्न का प्रयोग करनेवाला।

Punctulate-पङ्क्चु-लेट्'-*v. t.* to mark with specks. धब्बा लगाना, बिन्दु बनाना; **Punctulation** (-लें'-शन्) -*n.* the act of punctulating. धब्बा, या बिन्दु लगाने का कार्य।

Punctum-पङ्कटम्-*n.* (*pl.* Puncta.) a speck, dot, point. धब्बा, दाग, बिन्दु।

Puncture-पङ्क्चर्-*n.* pricking, a small hole made by something pointed. वेध, छोटा छिद्र; -*v. t.* to pierce with something sharp. छेद करना, चुभाना।

Pungency-पन्जें-न्सि-*n.* sharpness, acidness. तीखापन, कड़ुवापन।

Pungent-पन्जें-न्ट्-*adj.* biting, caustic, sharp, stimulating. तीखा, कड़ुआ, कोंचनेवाला, उत्तेजक, मर्मवेधी; **Pungently** (-लि)-*adv.* in a pungent manner. तीखेपन से, उग्रता से।

Punic-प्यू'-निक्-*adj.* Carthaginian, faithless. कार्थेज् देश (अथवा वहाँ के निवासी) सम्बन्धी, अविश्वासी।

Puniness-प्यू'-नि-नॅस्-*n.* littleness, smallness, the state of being puny. क्षुद्रता, दुर्बलता, छोटापन ।

Punish-पनिश्-*v. t.* to inflict penalty for an offence, to chastise. दण्ड देना, ताड़ना करना ।

Punishability-पनिशॅबिलिटि *-n.* punishableness. दण्डयोग्यता ।

Punishable-पनिशॅबल्-*adj.* liable to punishment. दण्ड देने योग्य; **Punishably** (-इ) *-adv.* in a punishable manner. दण्ड देते हुए; **Punisher** (-निशर्)-*n.* one who punishes. दण्ड देनेवाला ; **Punishment** (-निश्-मॅन्ट्) *-n.* pain inflicted by authority on a person for crime. दंड, शासन, सजा ।

Punitive-प्यूनिटिव्-*adj.* inflicting punishment. दण्ड देनेवाली ।

Punitory-प्यूनिटरि-*adj.* tending to punishment. दण्ड देने की प्रवृत्तिवाला ।

Punk-पङ्क्-*n.* a prostitute. वेश्या ।

Punner-प-नर्-*n.* a tool for beating earth. धुरमुस, मिट्टी दबाने का औजार ।

Punnet-प-नॅ-ट्-*n.* a small basket. छोटी टोकरी, डलिया ।

Punster-पन्'-स्टर्-*n.* a maker of puns, a quibbler. दुहरे अर्थ के शब्दों का सर्वदा प्रयोग करनेवाली, श्लेष बोलनेवाला ।

Punt-पन्ट्-*n.* a flat-bottomed shallow boat. पिटी पेंदी की छिछली नाव; *-v.i.* to propel a boat. ऐसी नाव को लग्गी से चलाना; *-v. t.* to kick a ball. गेंद को लात से मारना ।

Punter-पन्टर्-*n.* one who punts a boat. लग्गी से नाव चलानेवाला ।

Punty-पन्टि-*n.* a glass-blower's iron rod. काँच के पात्र बनानेवाले का लोहे का डंडा ।

Puny-प्यू' - नि - *adj.* (*com.* **Punier**, *sup.* **Puniest**,) small-sized, weak, tiny, feeble, petty. छोटे आकार का, दुर्बल, शक्तिहीन, नन्हा; *-n.* a young inexperienced person. अनुभवहीन युवा मनुष्य ।

Pup-पप्-*n.* a young dog. कुत्ते का छोटा बच्चा, पिल्ला ;*-v. t.* (*p. t.* **Pupped**) to bring forth whelps. बच्चा देना, बियाना; **A bitch in pup** (a pregnant bitch.) गाभिन कुतिया ।

Pupa-प्यू'-प्-औं-*n.* (*pl.* **Pupae.**) a chrysalis. कीड़े के जन्म के बाद की तृतीय अवस्था; **Pupal** (-पल्) *-adj.* pertaining to pupa. इस अवस्था का; **Pupate** (-पेट्) *-v. i.* to turn into a pupa. यह अवस्था धारण करना; **Pupation** (-प'-शन्) *-n.* the act of pupating. यह अवस्था पाने की क्रिया ।

Pupil-प्यू'-पिल्-*n.* one who is taught by another, a disciple, a scholar, the circular opening in the centre of the eye. शिष्य, विद्यार्थी, छात्र, आँख की पुतली ।

Pupilage-प्यू'-पि-लॅज्-*n.* the state or time of being a pupil. विद्यार्थी की अवस्था या इसका समय ।

Pupilate-प्यू'-पि-लॅट् - *adj.* marked with a central point. मध्य में छिद्र किया हुआ ।

Pupilar-प्यू'-पिलर्-*adj.* pertaining to a pupil. विद्यार्थी-सम्बन्धी ।

Pupillary-प्यू'-पिलरि- *adj.* pertaining to a pupil. छात्र-सम्बन्धी ।

Pupilize-प्यू-पिलाइज्-*v. i.* to teach pupils. विद्यार्थियों को पढ़ाना ।

Pupilship-प्यू'-पिल्-शिप्-*n.* the office of a pupil. विद्यार्थी का पद ।

Pupil-teacher-प्यू'-पिल्-टीचर् *-n.* a student who is trained to teach. अध्यापक जो अपने गुरु से बालकों को पढ़ाने की विधि सीखता है ।

Puppet-प-पॅ-ट्-*n.* a small figure of a human being, a doll, one who is under the control of another. कठपुतली, गुड़िया, पराधीन मनुष्य; **Puppet-play** (a marionette.) कठपुतली का तमाशा; **Puppetry** (-रि)-*n.* puppet-show. गुड़िया का खेल ।

Puppy-प- पि-*n.* (*pl.* **Puppies.**) a whelp, a conceited fellow, a coxcomb. पिल्ला, घमण्डी ओछा मनुष्य, मूर्ख, छैला; **Puppydom**(-डम्)-*n.* government of conceited men. अभिमानियों का राज्य ; **Puppyhood** (- हुड्) - *n.* the state of being a puppy. बचपन; **Puppyish** (-इश्) *adj.* conceited. अहंकारी , घमण्डी ; **Puppyism**(-इज़्म्)-*n.* empty conceit. वृथा अभिमान ।

Purbeck-पर्'-बॅक्--*n.* a kind of hard limestone. एक प्रकार का कड़ा चूने का पत्थर ।

Purblind-पर्'-ब्लाइन्ड्-*adj.* partly blind, dull, dim-sighted. कुछ-कुछ अन्धा, धुँधला, चौंधर; **Purblindness** (-नॅस्) *-n.* dimsightedness. चौंधरपन ।

Purchasable-पर्-चॅ-सॅ - बल्-*adj.* able to be purchased. खरीदने के लायक ।

Purchase-पर्'-चॅस्-*n.* buying, a thing bought

property acquired by purchasing. क्रय या मोल लिया हुआ पदार्थ, सौदा (खरीद);(-चें'स्)-*v. t.* to obtain by buying. मोल लेना, खरीदना।

Purchaser-पर्-चेंसर् -*n.* one who makes a purchase. खरीददार, ग्राहक।

Pure-प्योर्-*adj.* chaste, unmixed, unadulterated, clear, genuine, mere. शुद्ध, स्वच्छ, अमिश्रित, पवित्र, निर्मल, केवल; **Purely** (-लि) -*adv.* clearly, innocently. शुद्धता से, निर्मलता से; **Pureness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being pure. विमलता, शुद्धता।

Purfle-पर्'-फ़ूल्-*n.* the embroidered border of garment. पोशाक का कामदार किनारा;-*v. t.* to adorn with purfle. वस्त्र में कामदार गोट लगाना।

Purfling-पर्'-फ़्लिङ्ग्-*n.* a border of embroidered work. जरी के काम का झालर, बेलबूटे या कशीदे का काम।

Purgation-पर्-गेंशन् -*n.* purification, act of cleansing. शोधन, शुद्धि।

Purgative-पर्'-गें-टिव्-*adj.* aperient, cathartic. रेचक (दस्त लानेवाली), पेट साफ करनेवाली (औषधि)।

Purgatorial-पर्-गें-टोरिअल्-*adj.* pertaining to purging. शोधन-सम्बन्धी।

Purgatory-पर्'गें-टरि - *adj. & n.* purifying, tending to cleanse a place, of spiritual purging, a place of temporary suffering. शोधक, पाप नाश करने का स्थान, पापमोचन-स्थान।

Purge-पर्ज्-*v. t. & i.* to make clean, to wipe out offence, to clean the bowels by evacuation, to become pure. शुद्ध करना, पाप हटाना, पेट का मल निकालना, शुद्ध होना; **Purger** (-अर्)-*n.* he who or that which purges. शुद्ध करनेवाला; **Purging** (-इङ्ग्)-*n.* looseness of bowels, diarrhoea or dysentery. अतिसार रोग।

Purification-प्योरिफ़िकेशन्-*n.* act of purifying. शुद्धि, शोधन; **Purificative** (-केंट्-इव्) -*adj.* tending to purify or cleanse. परिशोधक, शुद्ध करनेवाला; **Purificatory** (-केंट्-अरि)-*adj.* tending to purify. परिशोधक।

Purifier-प्योरिफ़ायर्-*n.* one who purifies. निर्मल या शुद्ध करनेवाला।

Purify-प्योरि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Purified.**) to make pure, to clean.शुद्ध करना, निर्मल करना।

Purism-प्योरिज़्म्-*n.* choice of pure language. भाषा-शुद्धता।

Purist-प्योरिस्ट्-*adj.* one who is particular about the purity of language. भाषा की शुद्धता पर अधिक ध्यान रखनेवाला।

Puritan-प्यूरिटन्-*n.* a member of the party of English Protestants, one who is extremely rigid in religious matters. अँग्रेजी ईसाई धर्म का एक पन्थ, धर्म का कट्टर अनुयायी; **Puritanic** (-इक्) -*adj.* pertaining to a Puritan. इस पन्थ का; **Puritanically** (-इक्-अलि) -*adv.* in a Puritanic manner. इस धर्म के अनुसार।

Purity-प्योरिटि-*n.* cleanness,chastity,freedom from pollution. पवित्रता, निर्मलता, शुद्धता।

Purl-पर्ल्-*n.* a cord of gold or silver used for embroidering, a gentle murmur. कलाबत्तू, जल का मन्द शब्द;-*v. t.* to work in gold-thread. कलाबत्तू का काम करना;-*v. i.* to flow with a murmuring sound. जल का शब्द करते हुए बहना।

Purlieu-पर्ल्यू-*n.* limit, boundary, enclosure. सीमा, किनारा, सरहद;-*pl.* outskirts. (ब०व०) सीमा-प्रदेश।

Purlin-पर्लिन्-*n.*the horizontal beam of roof. छत में की धरन (शहतीर)।

Purloin-पर्ल्-ऑ-इन् -*v. t.* to steal, to pilfer. चुराना, मूसना; **Purloiner** (-अर्)-*n.* a thief. चोर, ठग।

Purple-पर्प्ल्-*n.& adj.* a mixture of red and blue colour in various proportions. नील लोहित रंग, बैंगनी, लाल और नीले रंग का मेल; -*v. t.* to adorn with purple. बैंगनी रंग से रँगना; **Purple-robe** (royal dress.) शाही पोशाक।

Purplish-पर्प्लिश् -*adj.* somewhat purple. थोड़ा बैंगनी।

Purply-पर्प्-लि-*adj.* of purple colour. बैंगनी रंग का।

Purport-पर्पर्ट्-*n.* meaning, sense. अभिप्राय, तात्पर्य;-*v. i.* to signify. अर्थ लगाना, तात्पर्य बतलाना।

Purpose-पर्'-पस्-*n.* thing intended, object, aim, design. अभिप्राय, उद्देश्य, आकांक्षा, लक्ष्य, प्रयोजन; -*v. t. & i.* to have an intention, to resolve. इरादा करना, संकल्प करना; **Fixed purpose** (settled aim.) दृढ़ संकल्प; **For the purpose of** (for the sake of.) वास्ते, निमित्त; **On purpose** (with design.) उद्देश्य से, **To no purpose** (useless.) निरर्थक।

Purposeful-पर्प-स-फ़ुल-*adj.* full of intention,

आशयपूर्ण; **Purposefully** (-लि)-*adv.* intentionally. उद्देश्य से; **Purposeless** (-लेॅस्)-*adj.* useless. निरर्थक; **Purposelessly** (-लेॅस्-लि) -*adv.* without intention. निरर्थक रूप से; **Purposelessness** (-लेॅस्-नेॅस्)-*n.* uselessness. निरर्थकता; **Purposely** (-लि)-*adv.* intentionally. जान-बूझकर; **Purposive** (-इव्) -*adj.* having purpose or resolution. संकल्प या निश्चय वाला।

Purpura-पर्'प्यूरा-*n.* a kind of skin disease. एक प्रकार का चर्मरोग ; **Purpuric** (पर्प्यूरिक्) -*adj.* pertaining to purpura. चर्मरोग-संबंधी।

Purr-पर्-*v. t.* to make a low continuous sound like a cat when pleased. ऐसा शब्द करना जैसा बिल्ली प्रसन्न होने पर करती है (घुरघुराना); - *n.* the murmuring sound of a cat. बिल्ली की घुरघुराहट का शब्द।

Purse-पर्स्-*n.* a small pouch to carry money, a sum of money, a treasury. रुपया रखने की थैली (बटुआ), धन, कोष;-*v. t. & i.* to contract lips and brows. ओठ या भौंह सिकोड़ना;**Light purse** (poverty.) निर्धनता, गरीबी; **Public purse** (national treasury.) सार्वजनिक सम्पत्ति; **Purse-proud** (proud of wealth.) धन का अभिमानी; **To hold the purse** (to have control over expenses.) व्यय पर अधिकार रखना।

Purser-पर्सर्-*n.* an officer on a ship who has charge of accounts. जहाज पर का खजानची या भण्डारी।

Purseful-पर्स्-फ़ुल् -*adj.* as much as a purse can hold. थैली भर।

Purseless-पर्स्-लेॅस्-*adj.* poor. निर्धन।

Purslane-पर्स्-लेॅन्-*n.* a herb used in salads. कुलफा का शाक।

Pursuable-पर्स्यू-एँ-ब्ल्-*adj.* able to be pursued. अनुसरण करने योग्य।

Pursuance-पर्स्यू-अन्स्-*n.*the act of pursuing, consequence. अनुसरण, परिणाम।

Pursuant-पर्स्यू-अन्ट्-*adj.* agreeable, pursuing. अनुसारी, अनुरूप; **Pursuantly** (-लि) -*adv.* agreeably. अनुसार से।

Pursue-पर्स्यू'-*v. t. & i.* to chase, to seek after, to aim at, to continue. अनुसरण करना, पीछा करना, शिकार करना, जारी रखना।

Pursuer-पर्स्यू'-अर्-*n.*one who pursues.अनुसरण करनेवाला।

Pursuit-पर्स्यूट्-*n.* the act of pursuing, employment, business. अनुसरण, प्रवृत्ति (खोज), उद्यम (व्यवसाय); **Literary pursuit** (literary occupation.) साहित्य पढ़ने का कार्य।

Pursuivant-पर्स्विवन्ट् - *n.* royal messenger. राजदूत, चोबदार।

Pursy-पर्सि-*adj.* puffy, short-winded. स्थूल (मोटा), कठिनता से साँस लेनेवाला।

Purtenans-पर्टि-नॉन्स्-*n. pl.* the pluck of an animal. पशु का कलेजा।

Purulence-प्यू'रू-लेॅन्स्-*n.* generation of pus. पीब या मवाद की उत्पत्ति।

Purulent-प्यू'-रू-लेॅन्ट्-*adj.* full of pus. पीब से भरा हुआ ; **Purulently** (-लि)-*adv.* in a purulent manner. पीब भरे हुये।

Purvey-पर्वे-*v. t. & i.* (*p. t.* **Purveyed.**) to provide with, to make provision प्रबन्ध करना, खाने की सामग्री जुटाना।

Purveyance-पर्वे-अन्स्-*n.* provisions, victuals provided. भोजन-सामग्री, रसद।

Purveyor-पर्'-वेॅअर्-*n.*one who provides provisions. भोजन-सामग्री जुटानेवाला।

Purview-पर्व्यू'-*n.*enacting clauses of a statute, scope, range, extent. नियम के लेख, विस्तार, फैलाव।

Pus-पस्-*n.* viscid matter produced in an abscess. पीब, मवाद।

Push-पुश्-*v. t. & i.* to exert force on a body, to impel by pressure, to move, to press, to make one's way forcibly, to surpass others. हटाना, दबाना, ढकेलना, किसी पर बल प्रयोग करना, दबाव डालकर प्रवृत्ति करना, दूसरों से बढ़ जाना;-*n.* the act of pushing, a thrust, an assault or attack, an impulse. धक्का, आघात (चोट), आक्रमण (हमला), प्रेरणा; **To push afar** (to move away.) दूर हटाना; **To push aside** (to remove.) हटाना; **To push forward** (to press forward.) आगे को ढकेलना; **To push off** (to get boat in a stream by pushing.)नाव ढकेलकर धारा में करना; **To push on** (to hasten.) जल्दी करना।

Pusher-पुशर्-*n.* one who pushes or drives forward. आगे को बढ़ानेवाला।

Pushing-पुशिङ्ग्-*adj.* enterprising. उत्साही, उद्योगी; **Pushingly** (-लि)-*adv.* in a pushing manner. धक्का देते हुए ढंग से।

Push-pin-पुश्-पिन्-*n.* a child's game. एक प्रकार का लड़कों का खेल।

Pusillanimity-प्यू'-सिलीनिमिटि-[illegible] faint-heartedness, timidity, cowardice. भीरुता, कायरपन।

Pusillanimous-प्यू - सिलीनिमस् - *adj*. faint-hearted, mean-spirited, timid. कमज़ोर दिलवाला, नीच प्रकृतिवाला, कायर; **Pusillanimously** (-लि) - *adv*. in a timid manner. कमज़ोरी या नीचता या कायरता के साथ।

Puss-पुस्-*n*. a cat, a hare, a tiger बिल्ली, खरहा, बाघ (पुकारने का नाम)।

Pussy-पुसि-*n*. a kitten. बिल्ली का बच्चा।

Pustular-परस्च्यूलर् - *adj*. covered with pustules. फफोले से पूर्ण।

Pustulate-परस्च्यूलेट्-*v. t. & i.* to form into pustules. फफोला या छाला डालना या पड़ना; **Pustulation** (-लेशन्) - *n*. forming into pustules. फफोला।

Pustule-पस्'-स्यूल्-*n*. a pimple. फुन्सी, छाला, छोटा फोड़ा।

Pustulous-परस्च्यूलस्-*adj*. full of pimples. फुन्सियों से पूर्ण।

Put-पुट्-*v. t. & i.* (*p. t.&p.p.* Put.) to set, to cause, to place, to bring into some relation, to apply, to urge, to express, to produce, to cause to rise, to hinder, to offer, to propose. स्थापित करना, रखना, सम्बन्ध बैठाना, लगाना, प्रेरित करना, प्रकाशित करना, उत्पन्न करना, उठाना, रोकना, देना, प्रस्ताव करना; **Put to it** (obliged to.) बाध्य किया गया; **To put a bullet through** (to shoot.) गोली मारना; **To put about** (to change the course of.) क्रम पलटना; **To put aside** (to separate.) अलग करना; **To put back** (to check.) रोकना; **To put blame on** (to censure.) कलङ्कित करना; **To put by** (to thrust aside.) टालना; **To put down** (to repress, to write down.) दबाना, लिख देना; **To put forth** (to propose, to publish.) प्रस्ताव करना, प्रकाशित करना; **To put him on oath** (to make him take an oath.) कसम खिलाना; **To put in** (to fill, to write down.) भरना, लिखना; **To put in mind**(to remember.) स्मरण करना; **To put into one's hands** (to entrust) सौंपना; **To put in order** (to put serially.) क्रम से रखना; **To put off** (to postpone.) टालना; **To put on** (to clothe oneself with.) वस्त्र पहिनना ; **To put out** (to extinguish, to make public.) बुझाना, प्रकाशित करना; **To put sword into** (to thrust a sword into.) [illegible]; **To put to a stand** (to stop.) रोक देना; **To put to death** (to murder.) हत्या करना; **To put to good use** (to make good use of.) उपयोग करना ; **To put to flight** (to drive away.) भगा देना; **To put together** (to assemble.) इकट्ठा करना; **To put to hammer** (to auction.) नीलाम करना; **To put to school** (to admit in a school.) पाठशाला में नाम लिखाना; **To put to sea** (to cast into the sea.) समुद्र में (नाव) छोड़ना; **Well Put** (well described.) अच्छी तरह वर्णन किया हुआ।

Putative-प्यूटे टिव् - *adj*. renowned. प्रसिद्ध ; **Putatively** (-लि) - *adv*. with reputation. प्रसिद्धि से।

Puteal-प्यू'-टि-अल्-*n*. an enclosure round the mouth of a well. कुएँ की जगत।

Putid-प्यू'-टिड्-*adj*. mean, worthless. नीच, भ्रष्ट।

Putidness-प्यू'-टिड्-नेस् - *n*. vileness, meanness. नीचता।

Putrefaction-प्यू'-ट्रि-फ़ैक्शन् -*n*. decomposition. दुर्गन्ध, सड़ाहट; **Putrefactive** (-टिव्) -*adj*. causing putrefaction. दुर्गन्ध उत्पन्न करनेवाला।

Putrefy-प्यू' - ट्रि-फ़ाइ-*v. t. & i.* (*p. t.* Putrefied.) to become putrid, to corrupt. सड़ाना, दुर्गन्धयुक्त होना।

Putrescence-प्यू-ट्रे-सें-न्स्-*n*. putrid condition. दुर्गन्ध, सड़ाहट।

Putrescent-प्यू-ट्रे-सेन्ट्-*adj*. of the process of rotting. सड़ने की अवस्था का, दुर्गन्धित।

Putrescible-प्यू'-ट्रे-सि-ब्ल् - *adj*. able to be putrefied. सड़ने योग्य।

Putrid-प्यू-ट्रिड् - *adj*. noxious, decomposed, rotten. उग्र गन्ध का, सड़ा हुआ, दुर्गन्धित।

Putridinous-प्यूट्रिडिनस्-*adj*. stinking, rotten. सड़ा हुआ, दुर्गन्धित।

Putridity-प्यू'-ट्रि-डिटि-*n*. putridness. दुर्गन्ध।

Putridness-प्यू'-ट्रिड्-नेस्-*n*. the state of being putrid. दुर्गन्ध।

Putridly-प्यू'-ट्रिड्-लि-*adv*. in a putrid manner. दुर्गन्ध से।

Puttock-प-टक्-*n*. a kite. चील।

Putty-पटि-*n*. (*pl*. Putties.) a kind of powder used for polishing metal &c., mixture of lime and water, cement. चमकाने की बुकनी, जोड़ने का मसाला, सिल्मिट्, पोटीन;

-*v. t.* (*p. t.* **Puttied.**) to cement with putty. पोटीन या सिरिमट् से जोड़ना।

Puzzle-प'-ज़ूल - *n.* perplexity, enigma, perplexing question, a problem the solving of which requires great intelligence. भ्रान्ति (व्याकुलता), पहेली, कठिन प्रश्न जिसका उत्तर निकालने में बड़ी बुद्धिमानी की आवश्यकता होती है;-*v. t.* to perplex, to embarrass. व्याकुल करना, भ्रम में डालना।

Puzzle-headed-प-ज़ूल्-हॅ'डॅड्-*adj.* with head full of confused notions. भ्रमयुक्तचित्तवाला।

Puzzlement-प-ज़ूल्-मेन्ट्-*n.* puzzled condition, perplexity. भ्रान्ति या व्याकुलता की अवस्था।

Puzzler-प-ज़्लर्-*n.* one who puzzles. व्याकुल करनेवाला।

Puzzling-पज़्'-लिङ्ग्-*adj.* embarrassing. भ्रमकारी; **Puzzlingly** (-लि) -*adv.* in an embarrassing manner. व्याकुलता उत्पन्न करते हुए।

Pyaemia-पाइ-ई' - मि-आ -*n.* blood poisoning. रुधिर का विषैला होना।

Pyaemic-पाइ-ई - मिक् - *adj.* pertaining to pyaemia, विषैले रुधिर से सम्बन्धित।

Pycno-पिक्' - नॅ - *pref.* in the sense of "thick or dense." "गाढ़ा या घना" अर्थ का उपसर्ग।

Pygmean-पिग्-मी'-अन् - *adj.* dwarfish. वामन मूर्ति, छोटे क़द का।

Pygmy, Pigmy-पिग्'-मि -*ns.* (*pl.* **Pygmies.**) a dwarf, an elf, anything very small. छोटा, नाटा, (वामन) बौना।

Pylon-पाइ'-लॅ-न्-*n.* the gateway of a temple. मन्दिर का बाहरी द्वार, गोपुर।

Pyloric-see **Pylorus.**

Pylorus-पाइ-लोरस् - *n.* the opening from stomach into duodenum. उदर से आँतों में जाने का मार्ग; **Pyloric** (-लोरिक्) - *adj.* pertaining to pylorus. इस मार्ग से सम्बन्धित।


Pyogenic-पाइ-ॲ-जॅ-निक् - *adj*, pertaining to the formation of pus. पीव बनने के सम्बन्ध का।

Pyoid-पाइ-ऑ-इड्-*adj.* like pus. पीव के प्रकार का।

Pyorrhoea-पाइ-ॲ-री'-आ--*n.* a disease of the gum. मसूढ़े में पीव पड़ने का रोग।

Pyracanth-पाइर - कॅन्थ् - *n.* an evergreen thorny shrub. एक प्रकार की काँटेदार बारहमासी बनस्पति।

Pyramid-पिर्रि मिड्-*n.* a solid monumental structure of stone with square base and tapering sides, a solid of this shape with base of three or more-sides. सूच्याकार पत्थर का खम्भा, शुण्डाकार स्तम्भ; **Pyramidal** (-अल्) - *adj.* relating to pyramids. ऐसे स्तम्भ का; **Pyramidically** (-इक्-अलि) - *adv.* in the form of a pyramid. ऐसे खम्भे की तरह का; **Pyramidwise** (-वाइज़्)-*adv.* in the form of a pyramid. ऐसे स्तम्भ के आकार में।



Pyramid.

Pyramidist-पिरॅमिडिस्ट् - *n.* a student of the structure and history of Egyptian pyramids. मिस्र देश के प्रसिद्ध सूच्याकार खम्भों का अध्ययन करनेवाला।

Pyre-पायर् - *n.* a heap of wood used for burning a corpse. चिता, मुर्दा जलाने के लिये लकड़ी का ढेर।

Pyretic-पाइ-रॅ टिक्-*adj.* pertaining to fever or for fever, a medicine for curing fever. ज्वर-सम्बन्धी, ज्वर के निमित्त (औषध), ज्वर हटाने की औषध।

Pyrexia-पायरॅ क्सिआ-*n.* fever. ज्वर, बुखार।

Pyrexial-पाइरॅ क्सिअल, **Pyrexical** (-इ-कल) -*adjs.* feverish, pertaining to pyrexia. ज्वर सम्बन्धी।

Pyrheliometer-पिर्-हीलि-ॲ-मिटर्-*n.* an instrument for measuring the heat produced by the sun. सूर्य की उष्णता (गरमी नापने) का यन्त्र।

Pyridine-पाइरि-डाइन्-*n.* a liquid perparation obtained from bone-oil used for asthma. हड्डी से निकाला हुआ एक तरल पदार्थ जो श्वास रोग में प्रयुक्त होता है।

Pyriform-पि-रि-फ़ॉर्म् - *adj.* having the shape of a pear. नाशपाती के आकार का।

Pyrites-पाइ - राइटीज़् - *n.* a combination of sulphur with other metals. सुवर्णमाक्षिक, सोनामक्खी; **Pyritic** (-रिटिक्) -*adj.* pertaining to pyrites. इस धातु से सम्बन्धित।

Pyro-पाइ - रॅ - *pref.* in sense of 'fire'. 'अग्नि' अर्थ का उपसर्ग।

Pyrogenic-पाइरॅ-जॅ निक्-*adj.* producing heat. उष्णता उत्पन्न करनेवाला।

Pyrogenous-पाइ-रॅ-जॅनस् -*adj.* produced by fire. अग्नि से उत्पन्न।

Pyrogram-पाइ'-रॅ - ग्राम् - *n.* a kind of firework. एक प्रकार की आतिशबाजी।

Pyrography-पाइ - रॅ - ग्रॅफि -*n.* the art of drawing on wood with red-hot point. तपी हुई सूई से लकड़ी पर चित्र बनाने की कला।

Pyrolatry-पाइ-रॅ'-लट्रि - *n.* worship of fire. अग्निपूजा।

Pyrologist-पाइरॅ'-लॅजिस्ट्-*n.* one who is versed in the science of heat. अग्नि विद्या में निपुण।

Pyrology-पाइरॅ-लॅ-जि-*n.* the science of heat. उष्णता की विद्या।

Pyromancy-पाइरॅ-मॅन्सि - *n.* divination by fire. अग्नि द्वारा शकुन बतलाने की रीति।

Pyrometer-पाइ-रॅ-मिटर्-*n.* an instrument for measuring the expansion of bodies by heat. उष्णता के कारण वस्तुओं का प्रसार नापने का यन्त्र।

Pyrometry-पाइ-रॅ-मॅ ट्रि-*n.* measurement of heat by expansion. किसी वस्तु के फैलने से उष्णता की नाप।

Pyronomics-पाइरॅ - नॉमिक्स् - *n.* the science of heat. उष्णता की विद्या।

Pyrophanous-पाइरॅ-फॅनस्-*adj.* made transparent by heat. उष्णता से पारदर्शक बनाया हुआ।

Pyrophorous-पाइ-रॅ - फ - रस् - *n.* substance which takes fire by exposure to air. हवा लगने से जल उठनेवाला पदार्थ।

Pyrosis-पाइ-रो'-सिस् - *n.* indigestion accompanied by a burning sensation and diarrhoea. पेट में जलन और अधिक दस्त युक्त बदहज़मी।

Pyrotechnic-पाइ-रॅ-टॅ क्निक्-*adj.* of the nature of fireworks. आतिशबाजी के ढंग का; **Pyrotechnics** (-स्)-*n.* the act of making fireworks. आतिशबाजी बनाने की विद्या; **Pyrotechnical** (-अल्)-*adj.* pertaining to pyrotechnics. इस विद्या का; **Pyrotechnically** (-अलि)-*adv.* in the way of pyrotechnics. आतिशबाजी की विद्या के ढंग से।

Pyrotechnist-पाइ-रॅ'-टॅक्'-निस्ट् - *n.* a maker of fireworks. आतिशबाजी बनानेवाला।

Pyrotic-पाइ-रॅ-ट्'-इक्-*n.* a caustic medicine. जलानेवाली एक औषधि।

Pyroxylin-पाइरॅ - क्सिलिन् - *n.* a kind of explosive. एक प्रकार की बारूद।

Pyrrhic-पिरिक् - *n.* a metrical foot of two short syllables. छन्द में दो लघु वर्णों का गण।

Pyrrhonic-पि-रॅ - निक् - *adj.* pertaining to pyrrhonism. नास्तिक मत से सम्बन्धित।

Pyrrhonism-पिरॅ - निज़्म् - *n.* sceptic philosophy. नास्तिक मत; **Pyrrhonist** (-निस्ट्)-*n.* a sceptic. नास्तिक।

Pyrus-पाइरस् - *n.* a kind of tree. एक प्रकार का वृक्ष।

Pythian-पिथिअन् - *adj.* of Apollo's oracle. डेल्फ़ाई की भविष्यवाणी का।

Python-पाइथॅन्-*n.* a very huge snake, a spirit, one possessed by a spirit, an utterer of oracles. बहुत बड़ा सर्प (अजगर), प्रेत, भूत, प्रेत के वश में पड़ा हुआ व्यक्ति, भविष्यवक्ता।

Pythoness-पाइथॅनॅस् - *n. fem.* a priestess, witch. अपोलो देवता की पुजारिन, जादूगरनी।

Pythonic-पाइ-थॅ - निक् - *adj.* pertaining to prophecy or a huge snake or a spirit. भविष्यवाणी या अजगर या प्रेत से सम्बन्धित।

Pythonist-पाइ-थॅ-न् - इस्ट् - *n.* a magician, a foreteller. जादूगर, भविष्यवक्ता।

Pyx-पिक्स् - *n*, a box in which specimen coins are kept. सिक्कों के नमूने रखने का बक्स।

Pyxis-पिक्स्'-इस् - *n.* a small box. छोटी पेटी (बक्स)।

Q-क्यू-the seventeenth letter of the English alphabet, this letter was absent in the Anglo-Saxon alphabet, it is always followed by 'u' in English words, Roman numeral for 500. अंग्रेजी वर्णमाला का सत्रहवाँ अक्षर, अंग्रेजी की प्राचीन लिपि में इसका प्रयोग न था. *kw* से इस अक्षर का उच्चारण प्रकट होता था, अंग्रेजी के शब्दों में Q के बाद सर्वदा 'u' आता है, रोमन संख्या में ५०० के लिये संकेत।

Q-boat-क्यू'-बोट्-*n*. a warship distinguished as a merchant ship. व्यवसायी पोत (तिजारती जहाज) का रूप धारण किये हुए लड़ाई का जहाज।

Qua-क्वे-*conj*. in the capacity of. योग्यता से या योग्यता के रूप में।

Quack-क्वैक्-*v. t.* to make a harsh sound like a duck, to boast. बत्तक की तरह टर्राना, शेखी मारना; -*n*. the cry of a duck, an empty pretender of skill in medicine, a charlatan. बत्तख का शब्द, कुवैद्य, मिथ्या चिकित्सक, ठग-विद्या करनेवाला।

Quackery-क्वैकरि-*n*. the pretensions or practices of a quack in medicine. चिकित्सा का ढोंग या झूठा या धोखे का इलाज करने का बहाना या अभ्यास।

Quackish-क्वैक्'-इश्-*adj*. like a quack. झूठे या बुरे वैद्य के समान; **Quackism** (-इज़्म्)-*n*. quack pretence. शेखी का बहाना।

Quacksalver-क्वैक्'-सैल्-व़र्-*n*. a quack doctor. कूटवैद्य, ढोंगी चिकित्सक।

Quadra-क्वॉड्रा-*n*. a square border or frame. चौकोर किनारा या ढाँचा।


Quadragenarian-क्वॉड्रजिने-रिअन्-*adj.* & *n*. a forty-year old person. चालीस वर्ष की आयु का मनुष्य।

Quadragesimal-क्वॉड्रजे सिमल-*adj*. lasting forty days. चालीस दिन का (उपवास, व्रत इत्यादि)।

Quadrangle-क्वॉड्-रैंग्ग्'-ल-*n*. a four sided figure, an enclosed courtyard in a building. चतुर्भुज क्षेत्र, भवन का चौकोर आँगन।

Quadrangular-क्वॉड्रैङ्गुलर्-*adj.* & *n*. having four angles and sides. चतुष्कोण; **Quadrangularly** (-लि)-*adv*. in a quadrangular manner. चतुष्कोण रूप में।

Quadrant-क्वॉड्रन्ट्-*n*. one-fourth of a circle's circumference, an instrument shaped like this for taking angular measurements. वृत्त का चतुर्थ भाग, इस आकार का यन्त्र जो कोण नापने में प्रयुक्त होता है; **Quadrantal** (-अल)-*adj*. pertaining to a quadrant, वृत्त पाद का।



Quadrant.

Quadrate-क्वॉ-ड्रेट्-*adj*. square, rectangular, सम चतुर्भुज के आकार का, चतुर्भुज; -*n*. a rectangular block or plate. चौकोर टुकड़ा या चद्दर;-*v. t.* & *i.* to square. चौकोर करना या बनाना।

Quadratic-क्वॉड्रैटिक्-*adj*. of a square, involving only a second power of an unknown quantity. चतुर्वर्गीय, वर्गात्मक; **Quadratic equation** (-ई-क्वे'-शन्)-*n*. an equation in which the unknown quantity is no higher than square. वर्ग समीकरण।

Quadrature-क्वॉ-ड्रे-च (ट्य) र्-*n*. the finding of sqaure, the point at which the moon is exactly at 90^0 from the sun. वर्ग निकालना, (आकाश में का) वह स्थान जहाँ चन्द्रमा सूर्य ठीक समकोण पर हो।

Quadrel-क्वॉड्रेल-*n*. a square tile. चौकोर पत्थर (चौका)।

Quadrennial-क्वॉ-ड्रे-निअल-*adj*. occurring every four years. प्रत्येक चौथे वर्ष होनेवाला।

Quadri-क्वॉड्रि-*pref*. in the sense of "four". उपसर्ग जिसका अर्थ "चार" होता है; **Quadricorn** (-कॉर्न्)-*n*. an animal with four horns. चार सींगवाला पशु; **Quadricostate** (-कॅस्'-टेट्)-*adj*. having four ribs. चार पसलीवाला; **Quadridentate** (-डेन्ट्'-एट्)-*adj*. having four teeth. चार दाँतवाला; **Quadrifoliate** (-फ़ोल्'-इ-एट्)-*adj*. having four leaves. चार पत्तीवाला; **Quadrigenarious** (-जे ने रिअस)-*adj*. consisting of four hundred. चार सौ का।

Quadriga-क्वॉड्राई'-गी-*n*. (*pl*. **Quadrigae.**) a chariot with four horses abreast. रथ जिसमें एक पंक्ति में चार घोड़े जुते होते हैं।

Quadrilateral-क्वॉड्रिलैटरल्-*adj.* & *n*. having four sides, a foursided figure. चार भुज का, चतुर्भुज क्षेत्र।

Quadrilingual-क्वॉड्रिलिंग्वल -*adj.* of four languages. चार भाषा का।

Quadriliteral-क्वॉड्रिलिटरल् - *adj.* consisting of four letters. चार अक्षरों का।

Quadrille-क्वॉ-ड्रिल्-*n.* a game of card played by four persons, a kind of dance. चार मनुष्यों के खेलने का एक ताश का खेल, एक प्रकार का नाच।

Quadrinomial-क्वॉड्रिनोमिअल् - *adj.* consisting of four terms. (बीजगणित में) चार अंक का।

Quadripartite-क्वॉड्रिपार्टाइट् - *adj.* divided ino four parts. चार भाग किया हुआ; **Quadripartition** (-पार्टिशन्)-*n.* a division into four equal parts. चार बराबर अंशों का विभाग।

Quadripennate-क्वॉड्रिपें नेट-*adj.* having four wings. चार पंखवाला।

Quadrisyllable-क्वॉड्रिसिलेंबूल् - *adj.* consisting of four syllables. चार अक्षर या स्वर का।

Quadrumanous-क्वॉड्रु-मेनस् - *adj.* four-handed. चतुर्भुजी, चार हाथ का; **Quadruped** (क्वॉड्'-रु-पेड्) -*n.* a four-footed animal. चतुष्पद, चौपाया; **Quadrupedal** (-अल्) -*adj.* relating to a quadruped. चौपाया सम्बन्धी।

Quadruple-क्वॉड्रुपल् -*adj.* & *n.* fourfold. चतुर्गुण, चौगुनी संख्या; -*v. t.* to make four times. चौगुना करना; **Quadruply** (-प्लि) -*adv.* in a fourfold manner. चतुर्गुण रीति से।

Quadruplet-क्वॉड्रुप्लेट्-*n. pl.* four children born together, four things working together. चार बच्चों का एक साथ जन्म लेना, चार मनुष्यों या वस्तुओं का एक साथ काम करना।

Quadruplicate-क्वॉड्-रु-प्लि - केट् -*v. t.* to multiply by four. चतुर्गुण करना।

Quadruplication-क्वॉड्रुप्लिकेशन्-*n.* the act of making fourfold. चतुर्गुण करने का कार्य।

Quadruplicity-क्वॉड्रुप्लिसिटि- *n.* fourfoldness. चौगुनापन।

Quaere-क्वी'रि-*v. t.* to enquire. अन्वेषण करना, पता लगाना; -*n.* a question. प्रश्न।

Quaff-क्वॉफ् -*v. i.* & *t.* to drink copiously or in long draughts. बड़े-बड़े घूँट करके पीना, खूब पीना; **Quaffer** (-अर्) -*n.* one who quaffs. बड़े-बड़े घूँट पीनेवाला।

Quag-क्वॉग् -*n.* a marshy spot, a bog. दलदल; **Quaggy** (-इ)-*adj.* boggy. दलदली।

Quagga-क्वॉग् -गा -*n.* quadruped of Africa like the zebra. गोरखर के सदृश अफ्रीका का एक चौपाया।

Quagmire-क्वॉग'-मायर् -*n.* a fen, a marshy ground. धँसाव, दलदल।

Quail-क्वेल्-*n.* a bird allied to the partridge. लवा, बटेर; -*v. i.* & *t.* to lose heart. साहस छोड़ना।

Quaint-क्वेन्ट् -*adj.* old fashioned, peculiar, nicely odd. पुराने ढंग का, विलक्षण, विचित्र; **Quaintly** (-लि)-*adv.* in a quaint manner. विलक्षणता से; **Quaintness** (-नेस्) -*n.* the quality of being quaint. विलक्षणता, अनोखापन।

Quake-क्वेक्-*v. t.* to shake, to shudder, to tremble. काँपना, हिलना, थर्राना;-*n.* a shudder, trembling. कँपकँपी, थरथराहट।

Quaker-क्वेकर् - *n.* (*fem.* **Quakeress.** a member of the Society of Friends who advocated peace. शान्ति-प्रचारक मण्डली का (एक प्राचीन) सभासद; **Quakerdom** (-डम्) -*n.* the office of a quaker. उक्त सभासद का पद; **Quakeress** (-एस्) -*n. fem.* a female quaker. महिला सभासद या उक्त सभासद की पत्नी; **Quakerish** (-इश्) -*adj.* like a quaker. उक्त सभासद के समान।

Quaking-क्वेकिङ्ग्'- *n.* a shudder. कम्प; **Quakingly** (-लि) - *adv.* in a quaking manner. काँपते हुए; **Quaky** (क्वे कि) -*adj.* pertaining to quaking. कम्प सम्बन्धी।

Qualifiable-क्वॉलि-फ़ाइ-एँ - बूल् - *adj.* able to be qualified or modified. अनुकूल करने योग्य।

Qualification-क्वॉलिफ़िकेशन् - *n.* modification, legal ability or power, quality fitting a person for a post, attribution of a quality. योग्यता, नैतिक शक्ति, गुण, विशिष्टता, मर्यादा; **Qualificative** (-केटिव्) - *adj.* serving to qualify. निरूपण करने योग्य; **Qualificatory** (केटरि) - *adj.* relating to qualification. योग्यता का।

Qualified-क्वॉलिफ़ाइड् - *adj.* competent, modified. योग्य, गुणसम्पन्न, मर्यादायुक्त।

Qualifier-क्वॉलि'-फ़ाइ-अर्-*n.* one who qualifies. योग्य बनने या बनानेवाला।

Qualify-क्वालि-फ़ाइ -*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Qualified.**) to attribute a quality to, to make legally competent, to fulfil a condition, to modify, to make less. योग्य करना, नियम, के अनुकूल बनाना, प्रतिबन्ध पूरा करना, कम करना

Qualitative-क्वॉलिटे टिव् -*adj.* relating to quality. जातिस्वभाव या गुण-सम्बन्धी।

Quality-क्वॉलिटि -*n.* a distinguishing attribute, character, degree of excellence, faculty, skill, high rank, accomplishment. विशिष्ट लक्षण या गुण, आचरण, उत्तमता, शक्ति, हुनर, ऊँचा पद, गुणपूर्णता; **Bad quality** (bad character.) दुर्गुण; **Good quality** (good disposition.) सद्गुण; **Man of quality** (a man of superior rank.) कुलीन पुरुष।

Qualm-क्वॉम्,-क्वाम् -*n.* momentary feeling of sickness, feeling of nausea, scruple of conscience. बीमारी की क्षणिक भावना, वमन इच्छा, ओकाई, मन का ताप, पछतावा, आंतरिक ज्ञान का सिद्धान्त।

Qualmish-क्वामिश् -*adj.* affected with nausea. ओकाई के रोग से पीड़ित।

Quandary-क्वॉण्डरि -*n.* a state of perplexity, a difficult situation. व्याकुलता, आशङ्का (घबड़ाहट)।

Quantitative-क्वॉन्टिटे टिव् -*adj.* concerned with quantity. परिमाण सम्बन्धी; **Quantitatively** (-लि) -*adv.* in a quantitative manner. परिमाण रूप में।

Quantity-क्वॉन्टिटि -*n.* (*pl.* **Quantities.**) amount, extent, bulk, measure. परिमाण, मात्रा, अंश, राशि; **A great quantity** (a great sum.) बहुत अधिक धन; **Known quantity** (a fixed sum.) निश्चित धन; **Negative quantity** (a minus quantity) ऋण राशि; **Positive quantity** (a plus quantity.) धन राशि; **Small quantity** (a small amount.) अल्पभाग; **Unknown quantity** (a quantity which is not known.) अव्यक्त राशि।

Quantum-क्वॉन्टम्-*n.* the amount or portion required. परिमाण, मात्रा।

Quaquaversal-क्वेक्वव़र्सल् -*adj.* pointing in every direction. प्रत्येक दिशा में दिखानेवाला।

Quarantine-क्वॅरन्टीन् -*n.* a prohibition imposed on persons infected with contagious diseases for mixing with other people. संक्रामक रोग से ग्रस्त लोगों के लिये दूसरों से मिलने की रुकावट।

Rencounter - रॅन्काउन्टर् , **Rencontre**-रान्-कॉन्टर्-*ns.*encounter sudden conflict, casual meeting. द्वन्द्व युद्ध, झगड़ा, आकस्मिक भेंट ।

Rend-रॅन्ड्-*v.t. & i.* (*p.t. & p. p.* **Rent.**) to tear, to split into two, to divide, खण्ड करना, फाड़ना (चीरना), टुकड़े-टुकड़े करना ।

Rendezvous-रॅण्ड वू (Fr.-रान्दिवू)- *n.* (*pl.* **Rendezvous.**) a meeting-place, a place appointed for the assembling of troops &c. समागम का स्थान, सेना, जहाज़ इत्यादि का अड्डा;-*v. i.* to assemble at a fixed place. संकेत किये हुए स्थल पर जुटना ।

Rending - रेन्डिङ्ग् - *n.* tearing, dividing. भङ्ग, भेद ।

Rendition-रॅन्डिशन्-*n.*the act of surrendering, translation. सौंपने का कार्य, अनुवाद ।

Renegade-रॅनिगेड्-*n.* one who deserts his party or faith, a turncoat. स्वधर्मत्यागी, पाखंडी ।

Renegation-रॅनिगेशन् -*n.* the act of deserting one's faith. स्वधर्मत्याग, पाखण्ड ।

Renew-रि-न्यू'-*v. t. & i.* to bring to original state, to make new, to regenerate, to replace. पहले की अवस्था में लाना, नया करना या होना, नया कराना, पूर्व अवस्था में लाना ।

Renewable-रि-न्यू'-ऍ-बल्-*adj.* that may be renewed. नवीन करने योग्य ।

Renewal-रि-न्यू'-अल्-*n.* the act of renewing, revival. नवीनीकरण, उद्धार ।

Renewed-रि-न्यू-ड्'-*adj.* made new again. नया किया हुआ ।

Renewer-रि-न्यू'-अर्-*n.* one who renews. नया करनेवाला ।

Renidification-रीनिडिफ़िकेशन् - *n.* the act of building a new nest. नया घोंसला बनाने की क्रिया ।

Renidify-रीनिडिफ़ाइ-*v. i.* (*p. t.* **Renidified.**) to build a new nest. नया घोंसला बनाना ।

Reniform-रें निफ़ॉर्म् - *adj.* kidney-shaped. वृक्क (गुर्दे के आकार का) ।

Renigation-रें निगेशन्-*n.* treachery. विश्वास घात ।

Rennet-रें-नेट्-*n.* curdled milk, any thing used to curdle milk, a kind of sweet apple. जमा हुआ दूध, दूध जमाने के लिये प्रयुक्त पदार्थ, एक प्रकार का मीठा सेब ।

Renominate-रीनॉमिनेट् - *v. t.* to nominate again. दुबारा निर्धारण करना; **Renomination** (-शन्) - *n.* a nominating again. दुबारा निर्धारण ।

Renounce-रि-नाउन्स्-*v. t. & i.* to abandon, to give up, to decline. त्यागना, छोड़ना, अस्वीकार करना; **To renounce the world** (to follow the life of a hermit.) संसार छोड़कर संन्यास ग्रहण करना; **Renouncement** (-मेन्ट्)-*n.* renunciation. त्याग ।

Renouncer-रिनाउन्सर्-*n.* one who renounces. त्यागनेवाला ।

Renovate-रें नॅव्वेट्'-*v. t.* to make new again, to restore to a good condition. नया करना, अच्छी अवस्था में लाना; **Renovation** (-शन्)-*n.* the act of renewing. नूतन अवस्था, उद्धार ; **Renovator** (-अर्)-*n.* one who renovates. नया करनेवाला ।

Renown-रि-नाउन् - *n.* reputation, celebrity, fame. यश, कीर्ति ; **Renowned** (-ड्) - *adj.* famous, eminent, celebrated. प्रसिद्ध, नामी ।

Rent-रेन्ट्-*p. t.* of **Rend.**

Rent-रेन्ट्-*n.* tear, cleft, gorge, a tenant's periodical payment to landlord, payment for hire. फटन, दर्रा, फाँक, मालगुजारी, भाड़ा (मासूल);-*v. t. & i.* to lease or let on rent. किराये पर या पट्टे पर देना ।

Rentable-रेन्ट्'-ऍ-ब्ल्-*adj.* able to be rented. किराये पर देने योग्य ।

Rental-रेन्टल्-*n.* amount of rent. मालगुजारी, किराये से मिला हुआ धन ।

Rented-रेन्टेड् - *adj.* given on rent. किराये पर दिया हुआ ।

Renter-रेन्टर् - *n.* a tenant, one who holds a lease by paying rent for. असामी, किरायेदार ।

Renter-रेन्टर्-*v. t.* to sew together the edges of cloth without folding. बिना मोड़े टक्करी सियन सीना ।

Rent-free-रेन्ट्-फ्री-*adj.* without rent. माफी, बिना देन या लगान की ।

Renumber-री - नम्बर्-*v. t.* to number or count again. फिर से गणना करना (गिनना) ।

Renunciant-रिनन् - श्यन्ट् - *adj.* relating to renunciation. त्याग-सम्बन्धी; **Renunciation** (-शन्)-*n.* the act of renouncing, self-denial, rejection. त्याग, आत्मत्याग, अस्वीकार ; **Renunciative** (-शिएँ-टिव्), **Renunciatory** (-शिएँ-टरि)-*adjs.* pertaining to renunciation. त्याग-सम्बन्धी ।

Reobtain-री-ॲब्-टेन्-*v. t.* to get again. पुन: प्राप्त करना ।

Reoccupy-री-अक्'-यु-पाइ-*v. t.* (*p. t.* **Reoccupied**) to occupy again. फिर से ग्रहण करना ।

Reopen-री' ओ-प्न्-*v. t. & i.* to open again. फिर से खोलना या खुलना ।

Reordain-री'-ऑर्-डेन्-*v. t.* to ordain again. फिर से नियुक्त करना ।

Reorder-री-ऑर्डर्-*v.t.* to repeat a command. फिर से आज्ञा देना ।

Reordination-री'-ऑर्डिनेशन्-*n.* ordaining a second time. दुबारा नियुक्ति ।

Reorganization-री'-ऑर्गनाइजेशन्-*n.* the act of organizing a second time. नवीन क्रम ।

Reorganize, Reorganise-री - ऑर्गनाइज़्-*v. t.* to rearrange. फिर से क्रम में रखना ।

Rep, Repp - रॅप्- *ns.* a kind of fine cloth. एक प्रकार का महीन वस्त्र ।

Repacify-री-पॅ-सि-फ़ाइ- *v. t.* (*p. t.* **Repacified**) to pacify again. पुन : शान्त करना या सान्त्वना देना ।

Repack-री - पॅक्' - *v. t.* to pack again. फिर से गठरी बाँधना ।

Repair-रि-पॅअर्'-*v. t. & i.* to go, to resort, to make amends for, to build, to mend. जाना, शरण प्राप्त करना, बदला देना, बनाना, मरम्मत करना ; - *n.* a haunt, restoring to sound health, good condition. स्थान, स्वास्थ्य, मरम्मत; **Repairable** (-ऍब्ल्) -*adj.* able to be mended. मरम्मत करने योग्य; **Repairer** (-अर्) - *n.* one who repairs or mends. मरम्मत करनेवाला ।

Repand-रि-पॅन्ड्'-*adj.* with wavy margin. लहरियादार किनारेवाला ।

Reparable-रॅप्-रॅ-ब्ल्-*adj.* that may be made

good, satisfactory. पूर्ण करने या सुधारने योग्य, सन्तोष जनक ।

Reparation-रॅ-परेशन्-*n.* repairing, compensation. हानि की पूर्ति (संशोधन), बदला ।

Reparative-रॅ-परॅटिव् - *adj.* restoring to a sound health. स्वस्थ करनेवाला ।

Repartee-रॅ - पार्टी-*n.* a quick witty reply or retort. क्षणिक उत्तर, व्यंग उक्ति;-*v. i.* to make a retort. व्यंग बोलना, तुरन्त उत्तर देना ।

Repartition-री - पार्टिशन्-*n.* a division into smaller parts. छोटे अंशों में विभाजन; -*v. t.* to make divisions again. ऐसा विभाजन करना ।

Repast-रि-पास्ट्'-*n.* food supplied for being eaten, meal. भोजन, आहार ।

Repatriate- री-पेट्रि-एट्'-*v. t. & i.* to return to one's own country. अपने देश को वापस जाना: **Repatriation** (-शन्)-*n.* the act of returning to one's own country. स्वदेशागमन ।

Repay-रि-पे'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Repaid.**) to pay back, to return, to retaliate. चुका देना, वापस करना, बदला देना; **Repayment** (-मेंन्ट्) -*n.* the act of paying back. वापसी ।

Repeal-रिपील्-*v. t.* to revoke, to annul, to abrogate. खण्डन करना, तोड़ना:-*n.* abrogation, revocation. प्रचारभंग, खंडन; **Repealable** (-ऍबूल्) - *adj.* revocable, capable of being repealed. खंडन करने योग्य; **Repealer** (-अर्) - *n.* one who seeks a repeal, an advocate of repeal. खंडन करनेवाला, कानून को तोड़ने या सुधारनेवाला वकील; **Repealment** (-मेंन्ट्) -*n.* act of repealing. खण्डन करने का कार्य ।

Repeat-रि-पीट्'-*v. t. & i.* to do or say again, to recite, to renew, to recur, to appear again. फिर से कहना या करना, दुहराना (पढ़ना), नया करना, आवृत्ति करना, फिर से उपस्थित होना ; **Repeatable** (-ऍबूल्) -*adj.* able to be repeated. दुहराने योग्य ; **Repeated** (-ऍड्) -*adj.* done a second time. दुबारा किया हुआ; **Repeatedly** (-लि) -*adv.* again and again, frequently. बारम्बार, अनेक बार ; **Repeater** (-अर्) -*n.* one who repeats. बार-बार होनेवाला, दुहरानेवाला ; **Repeating** (-इङ्ग्)-*n.* saying or doing something again. दुहराना ।

Repel-रि-पॅल्' -*v. t.* (*p. t.* **Repelled.**) to drive back, to ward off, to refuse acceptance to, to oppose. पीछे को हटाना, टालना, अस्वीकार करना, विरोध करना ।

Repellent-रि-पॅ-लॅन्ट्-*adj.* opposing. प्रतिकारक, पीछे हटनेवाला; **Repellently** (-लि)-*adv.* in a repellent manner. प्रतिकार या रुकावट से ।

Repent-रि-पॅन्ट्' - *adj.* creeping along the ground. भूमि पर रेंगता हुआ; -*v. t. & i.* to feel regret for something, to be regretful about. पश्चात्ताप करना, पछताना ।

Repentance-रि-पॅन्टॅन्स्-*n.* sorrow, grief. खेद, पश्चात्ताप ।

Repentant-रि-पॅन्टन्ट्-*adj.* repenting, sorrowful. पछतावा करनेवाला, दुःखी; **Repentantly** (-लि)-*adv.* in a penitent manner. पछतावे से।

Repeople-री - पी' - पल्-*v. t.* to fill up with men again. फिर से बसाना ।

Repercussion-री-पर्कशन्-*n.* the act of driving behind. पीछे की ओर हटाव, प्रतिघात ।

Repertory-रॅपर्टरि-*n.* place for finding something, a store-house, treasury. कोष, भण्डार ।

Reperusal-रीपॅरूजल्-*n.* act of thinking or reading over again. पुनरावलोकन, पुनर्विचार, पुनर्पठन ।

Reperuse-रीपॅरूज़'-*v. t.* to think or read over again. पुनर्विचार करना, दुबारा पढ़ना ।

Repetend-रॅ-पि-टॅन्ड्'-*n.* a recurring word, refrain. पुनरावृत्ति का शब्द, टेक ।

Repetition-रॅ-पि-टिशन्'-*n.* the act of doing or uttering a second time. पुनरुक्ति, दुहराव, आवृत्ति; **Repetitional** (-अल्)-*adj.* repeating. पुनरुक्ति-सम्बन्धी; **Repetitionary** (-अरि)-*adj.* containing repetitions. आवृत्तियों से युक्त ।

Repine-रि-पाइन्'-*v. i.* to be discontented, to complain, to fret. असन्तुष्ट होना, सन्ताप करना, खिन्न होना; **Repining** (-इङ्ग्)-*n.* discontentment. असन्तोष, शोक; **Repiningly**(-इङ्ग्-लि)-*adv.* with repining. शोक से ।

Replace-रि-प्लेस्'-*v. t.* to put in place again, to substitute for, to fill up a place. पुन: स्थापित करना, बदले में रखना, भर्ती करना; **Replaceable** (-ऍ-बूल्) -*adj.* capable of replacement, स्थापित करने योग्य; **Replacement** (-मेंन्ट्)-*n.* act of replacing. बदला, भरती; **Replacing-switch**-*n.* an appliance to set upon rails, a derailed locomotive. रेल लाइन से उतर गये हुए इञ्जन को फिर से चढ़ाने का यंत्र ।

Replait-री-प्लेट्'-*v. t.* to plait or fold again. दुबारा तह करना ।

Replant-री-प्लॉन्ट्-*v. t.* to plant again. पौधे को एक स्थान से उठाकर दूसरे स्थान में लगाना ।

Replenish-रि-प्लें-निश्-*v. t.* to fill up again, फिर से भरना; **Replenished** (-ड्)-*adj.* filled up again. फिर से भरा हुआ; **Replenishment** (-मेन्ट्) -*n.* the act of filling up again. दुबारा पूर्ति ।

Replete-रि-प्लीट्'-*adj.* fully filled, well stocked. परिपूर्ण, भरपूर, भरा हुआ ।

Repletion-रि-प्ली'-शन्-*n.* fullness. पूर्णता ।

Repletive-रि-प्लीटिव्-*adj.* filling. परिपूरक ।

Replevin-रि-प्लें विन्-*n.* recovery of distrained goods on security submitted. जमानत देने पर कुर्क किये हुए माल की प्राप्ति; **Replevy** (-इ) -*n.* taking back what has been distrained. कुर्क किए माल को पुनः प्राप्त करना ।

Replica-रीप्लिकॉ -*n.* duplicate of an original painting made by the artist himself (who made the original.) किसी चित्रकार के बनाये हुए चित्र का प्रतिरूप (नकल) जिसको स्वयं उस चित्रकार ने बनाया हो।

Replicate-रें प्लिकेंट्-*adj.* folded back on itself. अपने ही ऊपर मुड़ा हुआ; -*v. t.* to repeat, to fold back. दुहराना, मोड़ना; **Replication** (-शन्) -*n.* fold, plaintiff's reply, echo. मोड़, वादी का प्रतिवादी को उत्तर, प्रतिध्वनि ।

Replier-रि-प्लाइ'-अर्-*n.* one who replies. उत्तर देनेवाला ।

Reply-रि-प्लाइ'-*v. t.* & *i.* (*p. t.* **Replied.**) to answer, to respond. उत्तर देना, जवाब देना; *n.* (*pl.* **Replies.**) answer, response. उत्तर (प्रतिवाद), जवाब; **Reply paid (telegram)** a telegram for the reply of which payment has been made before. तार जिसके उत्तर के लिये रुपया जमा कर दिया गया हो।

Repoint-री-पॉइन्ट्'-*v. t.* to point again. फिर सूचित करना ।

Repopulate-री - पॉप्युलेंट् -*v. t.* to populate afresh. नयी बस्ती बसाना, नये ढंग से जनपूर्ण बनाना ।

Report-रिपोर्ट्-*v. t.* & *i.* to submit an account of, to relate an ascertained fact, to narrate, to make official statement, to announce. वृत्तान्त उपस्थित करना, निश्चित की हुई बात का विवरण देना, वर्णन करना, सरकारी विज्ञप्ति जताना या बताना, घोषणा करना; -*n.* an account, a rumour, a loud noise. विज्ञापन, समाचार (जनश्रुति), चर्चा, तेज शब्द; **Bad report** (false rumour.) झूठी जनश्रुति या सूचना; **The report goes** (such is the rumour.) ऐसा सुना जाता है; **Written report** (written description.) लिखित विवरण, आवेदन-पत्र ।

Reportable-रिपोर्ट्-टेंबल्-*adj.* able to be published. प्रकाशित करने योग्य; **Reporter** (-अर्) -*n.* one who makes a report. वृत्तान्त निवेदन करनेवाला; **Reporting** (-इङ्ग्) -*n.* act of making a report. सूचना देने का कार्य ।

Reposal-रि-पो'-ज़ल्-*n.* rest. विश्राम ।

Repose-रि-पोज़्-*v. t.* & *i.* to deposit, to rest, to lie, to place trust in, to lay at rest. जमा करना, रखना, धरना, विश्वास दिलाना;-*n.* a rest or pause, tranquillity. विराम, उपशमन, शान्ति; **Reposeful** (-फुल्) -*adj.* inducing repose. विश्रामपूर्ण; **Reposefully** (-फुलि) -*adv.* in a reposing manner. विश्रामपूर्वक ।

Reposit-रिपॉजिट् -*v. t.* (*p. t.* **Reposited.**) to lay in safety. सुरक्षित रखना ।

Repository-रिपॉजिटरि -*n.* a place where things are stored up for safety. सुरक्षा कोष, भण्डार ।

Repossess-री-प-ज़ेंस्-*v. t.* to possess again. फिर से अधिकार प्राप्त करना ।

Reposure-रिपोज़र्-*n.* peace, rest. शान्ति ।

Reprehend-रें-प्रिहेंन्ड् -*v. t.* to rebuke, to censure, to find fault with. निन्दा करना, झिड़कना, कलंक लगाना; **Reprehender** (-अर्) -*n.* one who blames. निन्दक ।

Reprehensible-रें प्रिहें-न्सिबल्-*adj.* blamable. निन्दनीय ; **Reprehensibly** (-इ) - *adv.* blamably. निन्दा से; **Reprehension** (-शन्) -*n.* reproof, blame, censure. निन्दा, कलंक ।

Represent-रें-प्रिज़ेंन्ट् -*v. t.* to call up before the mind, to describe or depict, to play the part of, to act or stand for, to fill the place of, to act as a substitute for. चित्त में लाना, वर्णन करना, चित्र बनाना, किसी व्यक्ति का अभिनय या नकल करना, प्रतिनिधि होना, स्थान पूर्ण करना; **To represent in writing** (to put in black and white.) लेखरूप में रखना ।

Representable-रें-प्रिज़ेंण्टें-बल्-*adj.* that may be represented. वर्णन करने योग्य; **Representation** (-शन्) -*n.* the act of representing, likeness. वर्णन (प्रदर्शन), प्रतिरूप (मूर्ति); **Representational** (-शनल्) -*adj.* pertaining to representation. प्रदर्शन सम्बन्धी, प्रतिरूप का; **Representative** (-टिव्) - *adj.* & *n.* exhibiting a symbol of, typical, of a class, consisting of elected members. प्रतिनिधि, प्रतिरूप, प्रतिपुरुष; **Representatively** (-टिव्-लि)-*adv.* in a representative manner. प्रतिनिधिरूप में; **Representativeness**

(-टिव्-नेस्) -*n.* the quality of being representative. प्रतिरूपता ।

Repress-रि-प्रेस्-*v. t.* to suppress, to subdue, to restrain, to put under control. शमन करना, दबाना, रोकना, नियंत्रण में रखना; **Represser** (-अर्) -*n.* one who checks. रोकनेवाला; **Repression** (-शन्) -*n.* check, restraint. निरोध, दबाव; **Repressive** (-इव्) -*adj.* tending to restrain. निरोधी, दबानेवाला ।

Reprieve-रि-प्रीव्'-*v. t.* to stop or delay a sentence of death. प्राणदण्ड को कुछ समय के लिये रोकना या स्थगित करना; -*n.* a temporary suspension of death sentence. प्राणदण्ड की अस्थायी रुकावट ।

Reprimand-रें-प्रिमैन्ड् -*v. t.* to rebuke for a fault. निन्दा करना, झिड़कना; -*n.* a severe reproof. झिड़की, घुड़की ।

Reprint-री-प्रिन्ट्'-*v. t.* to print or publish a second time. दुबारा छापना या प्रकाशित करना; -*n.* a new unaltered impression of a book. नया प्रकाशन या संस्करण ।

Reprisal-रिप्राइज़ल्-*n.* the act of retaliation. बदला लेने का कार्य ।

Reprise-रि-प्राइज़्'-*n.* yearly payment of rent, retaliation. वार्षिक देन, बदला ।

Reproach-रि-प्रोच्'-*v. t.* to scold, to rebuke, to censure. गाली देना, तिरस्कार करना, धिक्कारना; -*n.* a censure, disgrace. धिक्कार, तिरस्कार, गाली; **Reproachable** (-ऐबल्) -*adj.* deserving censure. निन्दा के योग्य; **Reproachably** (-ऐब्लि) -*adv.* with reproaches. निन्दासहित; **Reproachful** (-फुल्) -*adv.* base, full of rebuke, shameful. नीच, निन्दनीय, लज्जापूर्ण; **Reproachfully** (-फुलि) -*adv.* shamefully. निन्दापूर्ण ढंग से; **Reproachfulness** (-नेस्) -*n.* the quality of being reproachful. लज्जापूर्णता, निन्दनीयता, नीचता; **Reproachingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a reproaching manner. झिड़कते हुए ।

Reprobate-रें-प्रॅ-बेट्-*v. t.* to reject, to express disapproval for. अस्वीकार करना, धिक्कार प्रकट करना; -*adj.* & *n.* depraved, one who is cast off by God. दुष्ट, दुराचारी, पापी; **Reprobation** (-शन्) -*n.* the act of reprobating. अति दुष्टता, लम्पटता ।

Reproduce-री-प्रॅ-ड्यूस् -*v. t.* to generate again, to renew the production of, to produce again. पुन: उत्पन्न करना, नई उत्पत्ति करना, नया करना ।

Reproduction-री-प्रॅडक्शन् -*n.* the act of reproducing, propagation. पुनर्जन्म, दुबारा वंश या सन्तान की उत्पत्ति ।

Reproductive-री-प्रॅडक्टिव्-*adj.* having power to produce. उत्पन्न करने की शक्तिवाला ।

Reproof-रि-प्रूफ़्'-*n.* blame, reproach, expression of blame. निन्दा, भर्त्सना, झिड़की ।

Reprovable - रिप्रूवेबल् - *adj.* blamable. निन्दनीय, भर्त्सना के योग्य ।

Reproval-रिप्रूवल्-*n.* reproof. भर्त्सना, झिड़की ।

Reprove-रि-प्रूव् -*v. t.* to rebuke, to chide. झिड़की देना, डाँटना ।

Reprovingly-रि-प्रू-विङ्ग्-लि -*adv.* in a rebuking manner. दोष लगाते हुए, झिड़कते हुए ।

Reptant-रेंप्टन्ट् -*adj.* creeping. रेंगनेवाला ।

Reptile-रेंप्टाइल् - *n.* a crawling animal. रेंगनेवाला जन्तु; -*adj.* creeping. रेंगनेवाला ।

Reptilian-रें प्टिल्यन् - *adj.* pertaining to reptiles. रेंगनेवाले जन्तु का ।

Republic-रिपब्लिक् -*n.* a state in which the government is carried on by elected representatives, a commonwealth. प्रजातन्त्र राज्य, ऐसा राज्य जिसमें चुने हुए सदस्य सब प्रबन्ध करते हैं; **Republican** (-अन्) -*adj.* & *n.* pertaining to a republic, one who favours republicanism. लोक-प्रभुत्व-सम्बन्धी, लोकतंत्रवादी; **Republicanism** (-इज़्म्) -*n.* theory of the republican form of government. प्रजातन्त्र राज्य का सिद्धान्त ।

Republicanize-रि-पब्लिकनाइज़्-*v. t.* to convert into a republican form of government. प्रजातन्त्र राज्यक्रम स्थापित करना ।

Republication-री-पब्लिकेशन् -*n.* the publication of a work a second time. पुनरावृत्ति, पुनःप्रकाशन ।

Republish-री-पब्लिश्-*v. t.* to publish again. फिर से प्रकाशित करना ।

Repudiate-रि-प्यू'-डि-एट्-*v.t.* to divorce one's wife, to disown or to reject, to refuse to obey. स्त्री का परित्याग करना, अस्वीकार करना, आज्ञा पालन न करना; **Repudiation** (-शन्)-*n.* divorce. पत्नी-परित्याग, तलाक; **Repudiator** (-अर्) -*n.* one who repudiates or divorces. पत्नी-परित्याग करनेवाला ।

Repugn-रि-प्यून्'-*v. i.* & *t.* to offer opposition, to strive against. विरोध करना, सामना करना ।

Repugnance-रिपग्नन्स् - *n.* inconsistency, aversion, dislike. विरोध, अनिच्छा, घृणा; Re-

pugnancy-(-सि) -*n.* inconsistence. विरोध; **Repugnant** (-नन्ट) - *adj.* contradictory. विरुद्ध, प्रतिकूल ।

Repullulate-रि-पुल्यु-लेट्'-*v. i.* to shoot out again. फिर से उभड़ आना; **Repullulation** (-लें-शन्)-*n.* the act of budding afresh नया उभाड़ ।

Repulse-रि-पल्स' - *v. t.* to drive back, to refuse, to rebuff. हटा देना, अस्वीकार करना, भगा देना; - *n.* refusal, denial. निषेध, अस्वीकार ।

Repulsion-रिपल्शन्-*n.* the act of repulsing, aversion. हटा देने या हट जाने की क्रिया, पराजय, अस्वीकार, प्रतिनिवृत्ति, वितृष्णा ।

Repulsive-रिपल्सिव् - *adj.* forbidding, offering resistance, unsympathetic. निषेधक, प्रतिघाती, सहानुभूति न रखने वाला; **Repulsively** (-लि)-*adv.* in a repulsive manner. अप्रियता से, घृणा से; **Repulsiveness** (-नेस्) -*n.* hatred. घृणा ।

Repurchase-री-पर्-चेज़् -*v. t.* to buy again. दुबारा मोल लेना; -*n.* the act of buying again. दुबारा खरीद ।

Repurify-री'-प्यूरि-फ़ाइ'-*v. t.* (*p. t.* **Repurified.**) to purify again. फिर से (दुबारा) शुद्ध करना ।

Reputable-रेप्युटेब्ल्-*adj.* honourable, esteemed. प्रतिष्ठित, कीर्तियुक्त, सम्मान किया हुआ ।

Reputation- रेप्युटेशन् - *n.* good name, esteem, respectability कीर्ति, यश, मान, प्रसिद्धि; **Bad reputation** (discredit) दुर्नाम; **Good reputation** (good name) सुयश ।

Repute-रि-प्यूट्'-*v. t.* to consider, to reckon. विचारना, गणना करना; -*n.* reputation, fame. कीर्ति, यश; **Reputed** (-ऍड्) - *adj.* generally regarded. माना हुआ; **Reputedly** (-लि)-*adv.* with reputation. प्रसिद्धि से; **Reputeless** (-लॅस्)-*adj.* disgraceful. निन्द्य, अप्रतिष्ठित ।

Request - रि - क्वेस्ट्' - *n.* prayer, petition, demand, entreaty, desire, suit. प्रार्थना, आकांक्षा, इच्छा, निवेदन; - *v. t.* to petition, to demand for, to express desire for. प्रार्थना करना, (विनय सहित) माँगना ।

Requicken-री-क्विकन्'-*v. t.* to make quick again. फिर से तीव्र करना ।

Requiem-रे क्वि-एम्-*n.* a prayer for the dead. मरे हुए लोगों के लिये ईश्वर से प्रार्थना ।

Require-रि-क्वायर्'-*v. t. & i.* to demand as of right, to call for, to need, to stand in want of. प्रार्थना करना, आकांक्षा करना, माँगना, चाहना; **Requirement** (-मेन्ट्)-*n.* demand, that which is required. आकांक्षा, माँग ।

Requisite रे क्विज़िट् -*adj. & n.* required, necessary, thing needed for some purpose. आवश्यक, प्रयोजनीय, आवश्यक वस्तु; **Requisiteness** (-नेस्)-*n.* necessity. आवश्यकता ।

Requisition - रे क्विज़िशन् - *n.* application, demand. प्रार्थना, माँग;-*v. t.* to request, to demand. प्रार्थना करना, माँगना; **Requisitive** (टिव्) *adj.* expressing demand. प्रार्थना-सूचक ।

Requital-रि-क्वाइटल्-*n.* recompense. प्रतिकार, पूर्ति ।

Requite-रि-क्वाइट्'-*v. t.* to make return to, to repay, to avenge. प्रतिफल देना, बदला देना, प्रतिकार करना; **Requitedly** (-ऍड्-लि) -*adv.* avengingly, in recompense. प्रतिकार में, बदले में ।

Re-read-री-रीड्'-*v. t.* to read a second time. फिर से पढ़ना ।

Res-रीज़्-*n.* a thing, property. वस्तु (पदार्थ), सम्पत्ति ।

Resale-री'-सेल्-*n.* a second sale. दुबारा की बिक्री ।

Resalute-री'-सॅ-ल्यूट्'-*v. t.* to salute anew or in return. फिर से या बदले में नमस्कार करना ।

Rescind-रि - सिन्ड्' -*v. t.* to annul, to cut off, to abrogate. खण्डन करना, लोप करना, काटना ।

Rescission-रि-सिज़न् - *n.* act of cancelling. खण्डन, कटाव ।

Rescribe-री-स्क्राइब्' - *v. t.* to write again. फिर से लिखना ।

Rescript-री'-स्क्रिप्ट् -*n.* a ruler's edict, what is rewritten. राजा का आज्ञापत्र, दुबारा लिखा हुआ लेख; **Rescription** (-शन्) -*n.* a writing back. पुनर्लेख ।

Rescue-रॅस्'-क्यू-*v.t.* to set free from custody, harm &c., to take back, to liberate. मुक्त करना, फेर लेना, छुटकारा देना; -*n.* deliverance, liberation. निस्तार, उद्धार; **Rescuer** (-अर्)-*n.* he who rescues. छुटकारा देनेवाला ।

Research-रि-सर्च्' - *n.* a careful inquiry, a critical investigation. अन्वेषण, अनुसन्धान; -*v. t.* to examine minutely, to search again. खोज करना, जिज्ञासा करना; **Researcher** (-अर्) -*n* one who examines diligently. परिश्रम से अन्वेषण करनेवाला; **Researchful** (-फुल)-*adj.* having capacity for research. अन्वेषण करने योग्य ।

Reseat-रीसीट्'-*v. t.* to seat again. फिर से बैठाना।

Resect-रि-सेक्ट्'-*v. t.* to cut down, to pare off. काटना, छाँटना; **Resection** (-शन्)-*n.* part of a bone cut off. हड्डी का कटाव।

Reseek-री- सीक् -*v. t.* to search again. फिर से खोजना।

Reseize-री-सीज़्'-*v. t.* to seize again. फिर से पकड़ना।

Reseizure-री - सीजर् - *n.* a second seizure. दुबारा पकड़ या गिरफ्तारी।

Resell-री-सेल्'-*v. t.* to sell again. फिर से बेचना।

Resemblance-रिज़ेम्ब्लेन्स्-*n.* similarity, what may be compared. सादृश्य, समानता, उपमा।

Resemble-रि-ज़ेम्' - ब्ल्-*v. t.* to be like, to have similarity with. अनुकरण करना, सदृश होना।

Resembling-रिज़ेम्-ब्लि - ङ्ग् - *adj.* similar. अनुरूप, तुल्य।

Resent-रि-ज़ेन्ट्'-*v. i.* to feel indignation for, to be angry at. बुरा मानना, क्रोध करना; **Resentful** (- फुल्) - *adj.* full of resentment, irritable. क्रोधी, रोष करनेवाला; **Resentfully** (-फुलि) - *adv.* irritably. क्रोध से; **Resentment** (-मेन्ट्)-*n.* anger, indignation. क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष।

Reservation-रिज़र्-वेशन् -*n.* limitation, reserve, anything reserved. निग्रह, रुकावट, अपवाद।

Reserve-रि-ज़र्व्'-*v. t.* to keep in store for later occasion, to retain possession of. (एकट्ठा करना) बचा रखना, सुरक्षित रखना, अलग करना; - *n.* extra stock, place reserved, limitation, restriction, self-restraint. संचय, निग्रह, पराङ्मुखता, शान्ति, आत्मसंयम; **Reserve fund** (fund reserved for future use.) भविष्य के लिये सुरक्षित कोष; **Without reserve** (compleiely.) पूर्ण रूप से; **Reserved** (-ड्) - *adj.* not free, protected. रक्षित, गुप्त; **Reservedly** (- ड-लि) - *adv.* in a reserved manner. गूढ़ भाव से, गम्भीरता से; **Reservedness** (- ड्-नेस्) - *n.* the quality of being reserved. गम्भीरता।

Reservoir - रेज़र्वायर् - *n.* a receptacle for storing water. जलाशय, कुंड, बावली;-*v. t.* to fill in a reservoir. जलाशय में भरना; **Reservoir pen** (a fountain-pen.) कलम जिसमें रोशनाई भरी जाती है।

Reset-री-सेट्'-*v. t.* & *i.* to receive stolen goods, to set again. चोरी का माल लेना, फिर से जोड़ना या बैठाना।

Resetter-री-से - टर् - *n.* one who receives stolen goods. चोरी का माल लेने वाला।

Resettle-री-से-ट्ल्-*v. t.* to settle again. फिर से स्थिर करना या ठहराना; **Resettlement** (-मेन्ट्)-*n.* act of resettling. दुबारा स्थिर करने का कार्य, पुनर्स्थिरीकरण।

Reshape-रीशेप्'-*v. t.* to shape again. फिर से गढ़कर बनाना।

Reship-री-शिप्'-*v. t.* to put again on board a ship. फिर से जहाज़ पर लादना।

Reshuffle-री-श-फ्ल्-*v. t.* to mix up again. फिर से फेटना।

Reside-रि-ज़ाइड्'-*v. i.* to dwell permanently, to be inherent in, to rest, to sink or settle down as a deposit. बसना, सर्वदा रहना, विश्राम करना, संचयन या जमाव के रूप में नीचे बैठ या जम जाना।

Residence-रे-ज़िडेन्स्-*n.*place where one lives or resides. निवासस्थान, घर; **Place of residence** (place of living.) वासस्थान; **Residency** (-इ)-*n.* an official residence of the representative of the British government. राजकीय अधिकारी के रहने का स्थान; **Resident** (-डेन्ट्) - *adj.* residing, having quarters in a place, inherent. निवासी, रहनेवाला, आन्तरिक;-*n.* a political agent of the Indian government. देशी राज्यों में रहनेवाला भारत-सरकार का प्रतिनिधि।

Residential-रे-ज़िडेन्शल्-*adj.* connected with residence. निवास-सम्बन्धी।

Residentiary-रेज़िडेन्श्यरि-*n.* an official residence. सरकारी निवासस्थान; **Residentship** (-डेन्ट्-शिप्) - *n.* the office of a resident. सरकारी अधिकारी का पद।

Resider-रिज़ाइडर्-*n.* a person who resides in a particular place. किसी विशेष स्थान का निवासी।

Residual-रि-ज़िड्युअल् - *adj.* & *n.* remaining after a part has been separated. बाकी बचा हुआ, शेष भाग।

Residuary-रि-ज़िड्युअरि - *adj.* pertaining to the remaining part. शेष भाग का।

Residue-रेज़िड्यु-*n.* what remains, the remainder. अवशेष, बचत, छाँछ।

Residuous-रिज़िड्युअस् - *adj.* same as 'Residual.'

Residuum-रि-ज़िड्यु-अम्-*n.* remainder, dregs. बचा हुआ भाग, खूद ।

Resign-रि-ज़ाइन्'-*v. t. & i.* to surrender, to hand over, to reconcile oneself. पद त्याग करना, छोड़ना, अधीन होना; To resign one's claims (to give up one's claims.) अपना अधिकार छोड़ देना ; To resign to fate (to surrender to luck.) भाग्य के अधीन होना ।

Re-sign-री'-साइन्-*v. t.* to sign again. दुबारा हस्ताक्षर करना ।

Resignation-रें ज़िग्नेंशन्-*n.* the act of resigning, submission, will of Providence. परित्याग, समर्पण, ईश्वरीय इच्छा ।

Resigned-रि-ज़ाइन्ड्'-*adj.* submissive. समर्पित, छोड़ा हुआ; **Resignedly** (-लि) - *adv.* with resignation. परित्याग से; **Resignee** (-इनी) -*n.* the person to whom a thing is resigned. जिसके लिए कोई सम्पत्ति छोड़ी जाती है ।

Resile-रि-ज़ाइल्'-*v. t.* to rebound, to recoil, to resume former shape. उछलना, पीछे को हटना, पूर्व अवस्था धारण करना ।

Resiliency-रिज़िलिअन्सि-*n.* the act of rebounding. लौटाना, लचक; **Resilient** (-अन्ट्) -*adj.* rebounding. उछलनेवाला ।

Resin-रें-ज़िन्-*n.* a kind of gum secreted by certain trees. राल, धूना;-*v. t.* to paint with resin. राल रगड़ना या लगाना ।

Resinaceous-रें ज़िनेंशस्-*adj.* resinous. रालदार ।

Resiniferous-रें ज़िनिफ़रस्-*adj.* yielding resin. धूना या राल निकालनेवाला ।

Resiniform-रें ज़िनिफ़ॉर्म्-*adj.* of the form of resin. राल के आकार का ।

Resinify-रें-ज़िनि-फ़ाइ'-*v. t.*(*p. t.* **Resinified.**) to make resinous. राल बनाना, धूने में बदलना ।

Resinous-रें - ज़िनस् - *adj.* mixed with resin. राल मिला हुआ ।

Resipiscence(y)-रें सिपिसेंन्स्, (-इ)-*ns.* acceptance of error. अशुद्धि या भूल की स्वीकृति ।

Resipiscent-र सिपिसेंन्ट्-*adj.* one who accepts an error. भूल स्वीकार करनेवाला ।

Resist-रि-ज़िस्ट्-*v. t. & i.* to oppose, to repel, to stand against, to abstain from, to withstand. अवरोध करना, प्रतिकार करना, बाधा डालना, रोकना; **Resistance** (-अन्स्)-*n.* refusal, opposition, hindrance. अवरोध, प्रतिबन्ध, रुकावट; **Resistant** (-अन्ट्)-*adj. & n.* making resistance, he who or that which resists. रोकवाला, बाधक, रोकनेवाली वस्तु ; **Resister** (-अर्)-*n.* one who resists. प्रतिबन्धक; **Resistibility**(-इबिलिटि)-*n.* resistibleness. अवरोध-शक्ति; **Resistible** (-इ-ब्ल्)-*adj.* that may be resisted. बाधा डालने योग्य ।

Resistive-रि-ज़िस्टिव्- *adj.* having the power to resist. रोकने की शक्तिवाला ; **Resistless** (-लेंस्)-*adj.* irresistible. अटल, बिना रुकावट का; **Resistlessly** (-लेंस-लि)-*adv.* irresistibly. बिना अवरोध के ।

Resmooth-री-स्मूथ'- *v. t.* to smooth anew. फिर से चिकना करना ।

Resolder-री-सोल्डर्-*v. t.* to solder again. फिर से जोड़ना या टाका लगाना ।

Resoluble-रें ज़ॅल्युब्ल् -*adj.* that can be dissolved. फिर से घोलने योग्य ।

Resolute-रेंज़ॉल्यूट्-*adj.* determined, firm, unshrinking. दृढ़, स्थिर, प्रौढ़; **Resolutely** (-लि)-*adv.* in a resolute manner. दृढ़ता से, स्थिरता से ।

Resolution-रेंज़ॉल्यूशन् - *n.* analysis, decomposition, formal expression of opinion, problem, resolve, firmness of temper. विश्लेषण, पृथक्करण, नियमानुसार मत या प्रस्ताव प्रकाशन, प्रतिज्ञा, समस्या, चित्त की दृढ़ता ।

Resolutive-रेंज़ल्यूटिव्-*adj.* having the power of dissolving. घोलने की शक्तिवाला ।

Resolvable- रिज़ॉल्वेंब्ल् - *adj.* that may be resolved. निर्णय योग्य ।

Resolve-रि-ज़ॉल्व् - *v. t. & i.* to analyse, to break up into component parts, to explain, to determine, to settle, to make up one's mind. विश्लेषण करना, मौलिक भागों में अलगाना, व्याख्या करना, स्थिर करना, निश्चय करना, ठानना;-*n.* determination, resolution. स्थिरता, दृढ़ता ; **Resolved** (-ड्) - *adj.* determined, निश्चित, स्थिर; **Resolvedly** (-ड्-लि)-*adv.* in a resolved manner. स्थिरता से; **Resolvedness** (-ड्-नेंस्)-*n.* fixedness of purpose. दृढ़ता, स्थिरता ।

Resolvent-रिज़ॉल्वेंन्ट्-*adj.* having the power of resolving. किसी पदार्थ (यथा फोड़ा इत्यादि) को गलानेवाली ।

Resolver-रिज़ॉल्वर्-*n.* one who makes a resolve. संकल्प करनेवाला ।

Resonance-रें ज़ॅनन्स-*n.* an echo. प्रतिध्वनि ।

Resonant-रेंज़ॅनन्ट्-*adj.* resounding, echoing.

प्रतिध्वनित, गूँजनेवाला ; Resonantly (-लि) -adv. in an echoing manner. प्रतिध्वनित होते हुए ।

Resonate-रॅ'ज़ॅनेट्-v. t. to produce resonance. लय उत्पन्न करनेवाला ; **Resonator** (-अर्)-n. an instrument for giving resonance to sounds. प्रतिध्वनि उत्पन्न करने का यन्त्र

Resorb-रि-सॉर्ब्-v. t. to absorb again. फिर से सोखना या चूस लेना ।

Resorbence- रि - सॉर्बेन्स् - n. absorption. सोखन, चुसान; **Resorbent** (-बेन्ट्)-adj. absorbing again. फिर से सोखने या चूसनेवाला ।

Resorption-रिसॉर्प्शन्-n. resorbing or being resorbed. सोखन, चुसान ।

Re-sort-री-सॉर्ट्-v. i. to sort again. फिर से छाँटना ।

Resort-रिज़ॉर्ट्-v. t. to have recourse, to turn for help to, to go. सहायता के लिए आश्रय देना, गमन करना, जाना;-n. recourse, frequented place. आश्रय (उपाय), (अखाड़ा) अड्डा ।

Re-sorted-री-सॉर्टेड्-adj. sorted again. दुबारा छाँटा हुआ ।

Resound-रि-ज़ाउन्ड्-v. i. & t. to produce an echo, to repeat loudly, to fill with sound. प्रतिध्वनि उत्पन्न करना, तीव्र स्वर में दुहराना, शब्द से पूर्ण करना; **Resounding** (-इङ्ग्)-adj. reverberating. प्रतिध्वनि करनेवाला ।

Resource-रिसोर्स्-n means of support, an expedient, quick intelligence, possibility of help. उपाय, कल्पना, युक्ति, साधन (सहारा); **Resources**-n. pl. means of raising money, a country's collective means for support and defence. (ब० व०) द्रव्यसाधन, देश की रक्षा का साधन; **Resourceful** (-फ़ुल्) -adj. expedient. साधनपूर्ण; **Resourcefulness** (-फ़ुल-नस्)-n. the state of being resourceful. साधनपूर्णता; **Resourcefully** (-फ़ुलि) -adj. in a resourceful manner. साधनपूर्णता से ; **Resourceless** (-लॅस्)-adj. without resources. साधन-रहित; **Resourcelessness** (-लॅस्-नॅस्) -n. state of being without resource. साधन का अभाव ।

Respect-रिस्'-पॅक्ट् - n. honour, estimation, due attention, partiality, particular, detail, aspect, relation. प्रतिष्ठा, मूल्य, उचित ध्यान, पक्षपात, सम्मान, विषय, प्रकरण, सम्बन्ध, अपेक्षा; -v. t. to regard, to honour, to esteem. पूजा करना, प्रतिष्ठा करना, सत्कार करना; **In all respects** (completely.) सर्वथा; **In respect of** (in regard to.) विषय में ; **Self-respect** (respect for one's self.) आत्मसम्मान, आत्मगौरव; **To pay one's respects to** (to salute.) प्रणाम करना ।

Respectability-रिस्पॅक्टॅबिलिटि-n. respectableness. प्रतिष्ठा, कुलीनता ; **Respectable** (-ऍ-बल्) -adj. deserving respect, holding a fair social status. पूज्य, माननीय, कुलीन ; **Respectably** (-ऍब्लि) -adv. in a respectable manner. प्रतिष्ठापूर्वक ; **Respectful** (-फ़ुल) -adj. having respect. आदर-सहित, सम्मानपूर्वक; **Respectfully** (- फ़ुलि) - adv. with respect, in a respectable manner. प्रतिष्ठासहित ; **Respectfulness** (-फ़ुल्-नॅस्)-n. the quality of being respectful. आदर, सम्मान ; **Respective** (-इव्)-adj. individual, several, particular, relating to. अपना, अलग-अलग, अन्योन्य, परस्पर-सम्बन्धी; **Respectively** (-इव्-लि)-adv. individually, relatively. क्रमानुसार प्रत्येक, हर एक ; **Respectless** (-लॅस्) - adj. without respect. प्रतिष्ठाहीन ।

Respell-री-स्पॅल्'-v. t. (p. t. Respelt) to spell again. फिर से हिज्जे करना ।

Resperse-रॅ-स्पर्स्-v. t. to sprinkle. छिड़कना ।

Respersion-रॅस्पर्शन्-n. the act of sprinkling छिड़काव ।

Respirability-रिस्पाय-रॅ-बिलिटि- n. respirableness. साँस लेने की योग्यता : **Respirable** (- बूल्) - adj. fit to be breathed. साँस लेने योग्य ।

Respiration-रॅस्पिरेशन्-n. the act of breathing. श्वासोछ्वास, साँस लेने की क्रिया ।

Respirator-रॅस्पि-रॅ-टर्-n. an apparatus for filtering inhaled air. साँस लेने की वायु को शुद्ध करने का यन्त्र ; **Respiratory** (रिस्पाइरॅटॅरि) -adj. pertaining to respiration. श्वाससम्बन्धी ; **Respiratory organ** (the organ of breathing.) श्वासेन्द्रिय ।

Respire-रिस्पायर् - v. i. & t. to breathe or inhale air. श्वास लेना ।

Respite-रॅस्पाइट् - n. delay, postponement, interval of rest. विराम, देर, विलम्ब, अवकाश: -v. t. to suspend the execution of, to postpone. दण्ड में विलम्ब करना, कुछ काल के लिए टालना ।

Resplendence-रिस्प्लेन्डेन्स् , **Resplendency** (-डेन्सि)-ns.brilliance, lustre. तेज, ज्योति,चमक;

Resplendent (-डेन्ट्) - *adj.* brilliant, extremely bright. देदीप्यमान, बड़ा चमकीला;- **Resplendently** (-लि)-*adv.* in a resplendent manner. चमकते हुए रूप में या ढंग से ।

Re-split-री - स्प्लिट्' - *v. t.* to split again. दुबारा फाड़ना या चीरना ।

Respond-रिस्पॉन्ड्-*v.i.* to make answer to, to reply, to correspond. उत्तर देना, प्रतिवादन करना, अनुकूल होना ।

Respondence - रिस्पॉन्डेन्स् , **Respondency** (- इ) -*ns.* an answering. प्रतिवादन, उत्तर; **Respondent**(- डेन्ट्) - *adj. & n.* one who makes answer, a defendant. प्रतिवादी, उत्तर देनेवाला, मुद्दालेह ।

Responsal - रिस्पॉन्सल् - *adj.* answerable. उत्तरदायी ।

Response-रिस्-पॉन्स्'-*n.* an answer given, a reply or retort, feeling. उत्तर, प्रतिवचन, जवाब, अनुभव ।

Responsibility-रिस्पॉन्सिबिलिटि-*n.* (*pl.* **Responsibilities.**) a charge for which one is responsible. उत्तरदायित्व, जवाबदेही; **Responsible** (-ब्ल्)-*adj.* answerable, trustworthy, famous. उत्तरदाता, जवाबदेह (विश्वस्त), प्रसिद्ध; **Responsibleness** (- बल्-नेस्) - *n.* the quality of being responsible. उत्तरदायित्व, जवाबदेही; **Responsibly** (-ब्लि)-*adv.* in a responsible manner. जिम्मेदारी से ।

Responsion - रिस्पॉन्शन् - *n.* a reply, an answer. उत्तर ।

Responsions-रिस्पॉन्शन्ज़् - *n. pl.* the first of the three examinations for the B. A. degree at Oxford. ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की बी. ए. की उपाधि परीक्षा का प्रथम खण्ड ।

Responsive-रिस्पॉन्सिव्-*adj.* answering, sympathetic. उत्तरदायी, सहानुभूति का; **Responsively** (-लि)-*adv.* in a responsive manner. जवाबदेही से;**Responsiveness** (-नेस्) -*n.* the quality of being responsive. उत्तरदायित्व ।

Responsory - रिस्पॉन्सरि - *adj.* containing answer, relating to answering. उत्तर-युक्त, उत्तर देने की क्रिया से सम्बन्धित ।

Rest-रेस्ट्-*v. i. & t.* to be still, to lie in sleep, to die, to cease temporarily, to give relief to, to depend, to be satisfied, to rely, to repose. स्थिर होना, सोना, मरना, ठहरना शान्ति देना, आश्रय लेना, सन्तुष्ट होना, भरोसा करना, विश्राम करना; - *n.* repose, faith, a short pause, ease, remainder. विश्राम विश्वास, स्थिरता, शांति, अवशेष ।

Restagnate-री - स्टैग्नेट् - *v. t.* to remain stagnant. निश्चल रहना ।

Restamp-री-स्टैम्प्' - *v. t.* to stamp again. दुबारा मुहर लगाना ।

Restart-री'-स्टार्ट् - *v. t.* to start again. पुन: आरम्भ (जारी) करना ।

Restate-री-स्टेट्-*v. t.* to state a second time. दुबारा वर्णन करना; **Restatement** (- मेन्ट्) -*n.* restating a thing. दुबारा वर्णन ।

Restaurant-रेस्' - टरान् (Fr. रेस्तराँ) - *n.* a place where refreshments are sold, an eating-house. होटल, भोजनालय ।

Restful-रेस्ट्-फुल्-*adj.* free from disturbance उपद्रव-रहित; **Restfully** (-लि)- *adv.* quietly. शान्ति से; **Restfulness** (-नेस)-*n.* quietness. विश्राम, शान्ति ।

Restiform-रेस्-टि'-फ़ॉर्म् - *adj.* formed like a rope. रस्से की बनावट का ।

Resting-रेस्ट्'-इङ्ग्-*adj.* relying. आश्रित, स्थिर; **Resting-place** (a place of rest.) विश्राम-स्थान ।

Restitute- रे स्टि - ट्यूट्' - *v. t. & i.* to make restiution for. बदला देना ; **Restitution** -शन्) - *n.* restoring a thing to its real owner. असली मालिक की वस्तु दे देना ।

Restive, Restiff-रे स्टिव्, (-फ्)-*adjs.* refusing to go forward, refractory, obstinate. अड़ियल, उद्धत, हठी; **Restively** (-लि)-*adv.* in a restive manner. हठ से; **Restiveness** (-नेस्) -*n.* the quality of being restive. अड़ियलपन, हठ ।

Restless-रेस्ट्' - लेस्- *adj.* sleepless, uneasy, turbulent, unsettled. अशान्त, व्यग्र, चंचल, अस्थिर; **Restlessness** (-नेस्) -*n.* the quality of being restless. व्यग्रता ।

Restock-री-स्टॉक्' - *v. t.* to store up again, भण्डारघर में फिर से रखना या भरना ।

Restorable-रिस्टोरेबल्-*adj.* that may be restored. पूर्व अवस्था में लाने (सुधारने) योग्य ।

Restoration-रेस्टो-रेशन्-*n.* recovery, renewal. पूर्वावस्था की प्राप्ति, आरोग्य; **Restorationism** (-इज़्म्) - *n.* the principle that animate beings finally attain happiness. यह सिद्धान्त कि प्राणिमात्र अन्त में आनन्द प्राप्त करते हैं; **Restorationist** (-इस्ट्) - *n.* a follower of restorationism. इस सिद्धान्त का अनुयायी ।

Restorative रिस्टोरे टिव् - *adj. & n.* having power of renewing strength. पौष्टिक शक्ति

बढ़ाने की औषधि; **Restoratively** (-लि) -*adv.* in a restorative manner. बल बढ़ाते हुए ।

Restore-रिस्टोर्-*v. t.* to bring back to original condition, to renew, to return, to re-establish, to cure, to revive, to replace. पूर्व अवस्था में पहुँचाना, नया करना, फेर देना, पुनः स्थापित करना, चंगा करना, पुनर्जीवित करना, स्थान पूर्ण करना ।

Re-store-री'-स्टोर्-*v. t.* to store again. फिर से संग्रह करना ; **Restorer** (-अर्') -*n.* one who restores. सुधारनेवाला, दुबारा संग्रह करनेवाला ।

Restrain-रिस्ट्रेन्' - *v. t.* to keep in check, to put under control, to press, to confine, to limit. रोकना, अधीन करना, दबाना, प्रतिबन्ध करना, सीमा बाँधना ।

Restrainable-रिस्ट्रेनेबल् - *adj.* capable of being restrained. रोकने योग्य ।

Restrainedly-रिस्ट्रेन्ड्-लि-*adv.* with restraint. प्रतिबन्ध से ; **Restrainer** (-अर्) -*n.* one who restrains. रोकनेवाला ।

Restraint-रिस्ट्रेन्ट्- *n.* prohibition, stoppage, check. प्रतिरोध, (बाधा) रुकावट, बन्धेज ; **Restraint of speech** (control over speech.) वाक्संयम ; **Self-restraint** (self-control.) आत्मसंयम ; **Without restraint** (freely.) स्वतंत्र रूप से ।

Restrict-रिस्ट्रिक्ट्-*v. t.* to confine, to limit, to restrain within bounds. संयम करना, सीमाबद्ध करना, बन्धेज करना ।

Restriction-रिस्ट्रिक्शन् - *n.* limitation, restraint. निरोध, मर्यादा (बन्धेज) ।

Restrictive-रिस्ट्रिक्टिव् - *adj.* imposing restraint. रोकनेवाला; **Restrictively** (-लि) -*adv.* in a restrictive manner. रुकावट से ।

Restuff-री-स्टफ्' - *v. t.* to fill up again. फिर से भरना ।

Resty-रे'-स्टि-*adj.* indolent, restive. आलसी, अड़ियल ।

Result-रि-ज़ल्ट्'-*v. i.* to come out, to follow. परिणाम होना, निकल आना; - *n.* issue, effect, consequence, decision. परिणाम, नतीजा, फल, सिद्धि; **Resultant** (- टन्ट्) - *adj. & n.* following a result. परिणाम का, सिद्धान्त ; **Resultful** (-फ़ुल्) - *adj.* full of result. परिणामपूर्ण; **Resultless** (-लेस्)-*adj.* effectless. निष्फल, व्यर्थ ।

Resume-रि-ज़्यूम्' - *v. t. & i.* to recover, to reoccupy, to begin again. पुनः प्राप्त करना, फिर से लेना, दुबारा आरम्भ करना;-*n.*(-रेज़्यू-मे-) summary. संग्रह, सार, संक्षेप ।

Resummon- री- समन् - *v. t.* to call again दुबारा बुलाना ।

Resumption-रिज़म्प्शन्-*n.* resuming. पुनर्ग्रहण ।

Resumptive-रिज़म्प्टिव् - *adj.* taking back. पुनर्ग्रहण करनेवाला; **Resumptively** (-लि) -*adv.* resumably. पुनर्ग्रहण करते हुए ।

Resurge-रि-सर्ज्' - *v. i.* to rise again from death, to revive. मृत्यु से फिर जी उठना, स्वस्थ होना ।

Resurgence-रिसर्जेन्स्-*n.* the act of resurging. फिर से उद्गम; **Resurgent** (-एन्ट्) - *adj.* rising from death. मृत्यु से उठनेवाला ।

Resurrect-रेज़रेक्ट् - *v. t.* to take out from grave. क़ब्र से निकालना; **Resurrection** (-शन्) -*n.* rising up again, revival from the grave. फिर से उठना, मृत्यु से उत्थान; **Resurrectional** (-शनल्)-*adj.* पुनर्जीवन-सम्बन्धी; **Resurrectionist** (-शनिस्ट्)-*n.* an exhumer and stealer of corpses, a dealer in dead bodies, one who revives after death or believes in the theory of rebirth. मुर्दा खोदकर चुरा ले जानेवाला, मुर्दों का व्यापारी, पुनर्जन्म लेनेवाला या पुनर्जन्म के सिद्धान्त को माननेवाला ।

Resurvey-री-सर्-वे-*v. t.* (*p. t.* **Resurveyed.**) to make a survey again. फिर से निरीक्षण (पैमाइश) करना ।

Resuscitate-रिससिटेट्-*v. t. & i.* to revive, to restore to life. पुनर्जीवित करना, फिरसे जिलाना; **Resuscitation**(-शन्)-*n.* the act of reviving. पुनर्जीवन; **Resuscitative** (-टिव्)-*adj.* revivifying. पुनर्जीवन-सम्बन्धी; **Resuscitator** (-टर्)-*n.* one who resuscitates. फिर से जिलानेवाला ।

Ret-रेट्, **Rait, Rate**-रेट् - *v. t. & i.* to soften hemp or flax. पटुआ या सन का मुलायम करना ।

Retable-री-टे'बल्-*n.* the frame at the back of an altar. वेदी के पीछे का चौखटा ।

Retail-रि-टेल्' - *n.* sale of goods in small quantities. अल्पविक्रय, फुटकर बिक्री;-*v. t. & i.* to sell in small quantities, to relate details of. फुटकर बिक्री करना, ब्योरेवार वर्णन करना; **Retailer** (-अर्)-*n.* one who retails. खुदरा बेचनेवाला; **Retailment** (-मेन्ट्) - *n.* act of retailing. फुटकर बेचने का कार्य ।

Retain-रि-टेन्'-*v. t.* to keep in possession, to reserve, to allow to remain, to keep in mind. अधिकार में रखना, स्थापित करना, धारण करना, चित्त में रखना; **Retainable** (-एं-बल्)-*adj.* capable of being retained. स्थापित करने योग्य;

Retainer (-अर्)-*n.* fee paid to a counsel, dependant, a follower. वकील की फीस, सेवक, अनुगामी; **Retaining** (-इङ्ग्) -*adj.* keeping in possession. अधिकार में रखनेवाला।

Retake-री-टेक्'-*v. t.* (*p. t.* **Retook**, *p. p.* **Retaken**) to take back. फिर से ले लेना।

Retaliate-रिटैलिएट्-*v. t.* & *i.* to repay, to retort, to revenge. चुकाना, प्रतिकार करना, पलटा देना, बदला लेना; **Retaliation** (-शन्)-*n.* return of like for like. प्रतिक्रिया, बदला; **Retaliative** (-टिव्)-*adj.* returning like for like. प्रतिकार-सम्बन्धी; **Retaliator**(-टर्)-*n.* one who retaliates. बदला लेनेवाला; **Retaliatory** (-टरि)-*adj.* pertaining to retaliation. बदला-सम्बन्धी।

Retard-रिटार्ड्-*v. t.* & *i.* to make slow, to delay progress, to put off, to happen behind time. विलम्ब करना, देर करना, टालना, समय के बाद होना;-*n.* hindrance. रुकावट; **Retardation**(-ए-शन्)-*n.* hindrance, act of retarding. प्रतिबन्ध, रुकावट; **Retardative** (-ए-टिव्)-*adj.* delaying. विलम्ब करनेवाला; **Retarder** (-अर्)-*n.* one who delays. टालने या देर करनेवाला; **Retardment** (-मेन्ट्)-*n.* obstruction. अटकाव, रुकावट।

Retaste-री-टेस्ट्'-*v. t.* to taste again. फिर से स्वाद लेना।

Retch-रेच्-*v. i.* to make effort for vomiting, to strain. वमन करना, ओकाना; -*n.* the act of vomiting or sound of it. वमन, ओकाई।

Retecious-रे-टे'-शस्-*adj.* resembling a network. जाल के आकार का।

Retell-री-टेल्'-*v. t.* (*p. t.* **Retold.**) to tell again. फिर से कहना।

Retention-रिटेन्शन्-*n.* power of retaining, failure to secrete. धारणा-शक्ति (स्मृति), मल-मूत्र की रुकावट।

Retentive-रिटेन्टिव्-*adj.* having power of retaining. धारणा शक्तिवाला; **Retentively** (-लि)-*adv.* with retentiveness. धारणा-शक्ति से; **Retentiveness** (-नेस्)-*n.* the quality of being retentive. धारणा-शक्ति।

Retiary-रीशिअरि-*n.* a net-making spider. जाल बनानेवाला मकड़ा।

Reticence(y)-रेटिसेन्स् (इ)-*ns.* reserve in speech, taciturnity. मूकभाव (मौन), चुप्पी; **Reticent** (-सेन्ट्)-*adj.* taciturn. मौनव्रती, कम बोलनेवाला; **Reticently** (-सेन्ट्-लि)-*adv.* in a taciturn manner. मौनव्रत से।

Reticle-रेटिकल्-*n.* a network. जाल।

Reticular-रिटिक्युलर्-*adj.* of the form of a network. जाल के आकार का।

Reticulate-रेटिक्युलेट्-*v. t.* & *i.* to divide into a network. जालियों में विभक्त करना; **Reticulated** (-एड्)-*adj.* netted. जालीदार बना हुआ; **Reticulately** (-लि)-*adv.* in a reticular manner. जाल की तरह; **Reticulation** (-शन्)-*n.* network. जाली का काम।

Reticule-रेटिक्यूल्-*n.* a lady's netted bag. स्त्रियों का जालीदार बटुआ।

Reticulum-रेटिक्युलम्-*n.* (*pl.* **Reticula.**) a netlike structure. जाली की बनावट।

Retiform-रेटि-फ़ॉर्म्-*adj.* of the form of a net. जाल के समान (तरह)।

Retina-रेटिना-*n.* (*pl.* **Retinae.**) the layer at the back of the eyeball consisting of a fine network of optic nerves. आँख के पिछले भाग का चित्रपट; **Retinal** (-नल्)-*adj.* pertaining to the retina. चक्षु-चित्रपट सम्बन्धी।

Retinue-रेटिन्यू-*n.* a train of attendants upon some one. परिजन (भृत्यवर्ग), नौकर-चाकर।

Retire-रि-टायर्'-*v. i.* & *t.* to withdraw, to retreat, to go to bed, to seek shelter, to recede. अलग होना, पीछे को हटना, सोना, अधिकार इत्यादि त्यागना; **To retire from the world** (to withdraw from worldly affairs.) संसारी कार्यों से अलग होना, संन्यास लेना; **Retired** (-ड्)-*adj.* secluded from society, withdrawn from business, private. एकान्त, निर्जन, कर्म से अवकाश-प्राप्त, गुप्त, अलग; **Retiredness** (-नेस्)-*n.* the state of being retired. एकान्तता; **Retirement** (-मेन्ट्)-*n.* privacy, seclusion. एकान्त स्थान, एकान्तता; **Retiring** (-इङ्ग्)-*adj.* reserved, removing oneself from a public office or service. एकान्तप्रिय, उदासीन, सेवा कार्य से अलग होनेवाला; **Retiringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* reservedly. उदासीनता से; **Retiringness** (-नेस्)-*n.* seclusion. एकान्तता।

Retort-रिटॉर्ट्-*v. i.* & *t.* to turn, to throw back, to tell against. प्रत्युत्तर देना, उलटना, पीछे क फेंकना, कड़ा उत्तर देना; -*n.* a ready reply. प्रत्युत्तर, कड़ा उत्तर।

Retort-रेटॉर्ट्-*n.* an apparatus for distillation. बकयन्त्र, अर्क खींचने का भबका, करमडेग;-*v. t.* to purify mercury. पारा शुद्ध करना।

Retort.

Retorter-रिटॉर्टर्-*n.* one who retorts. प्रत्युत्तर देनेवाला ; **Retortion** (- शन्) -*n.* act of retorting. प्रत्युत्तर ; **Retortive** (-टिव्)-*adj.* containing a retort. प्रत्युत्तर-युक्त ।

Retouch-रीटच्'(-श्')-*v. t.* to touch again, to improve by fine touches. फिर से छूना, महीन-महीन रेखाओं द्वारा चित्र इत्यादि को सुधारना ।

Retrace-रि-ट्रेस्'-*v. t.* to trace back, to look over again, to renew the outline of a drawing. खोजना, याद करना, फिर से नकशा उतारना; **Retraceable** (- ऍ-ब्ल) -*adj.* able to be retraced. खोजने योग्य ।

Retract-रि-ट्रैक्ट्'-*v. t. & i.* to draw back, to shrink back, to withdraw. पीछे को हटना, ठमकना, हटाना ; **Retractable** (- ऍ-ब्ल), **Retractible** (-इ-ब्ल)-*adjs.* what may be retracted. फेरने योग्य; **Retraction** (-शन्) -*n.* the act of driving back. त्याग, खिंचाव; **Retractive**(-इव्)-*adj.* retracting. लौटानेवाला; **Retractor** (-अर्) - *n.* one who retracts, a muscle for retracting. वापस लेनेवाला, खींचनेवाली पेशी ।

Retral-रि-ट्रल-*adj.* hinder. पिछला, पीछे का ।

Retransfer-री'-ट्रॅन्स्-फ़र्'-*v.t.* (*p. t.* Retransferred.) to transfer again. फिर से बदलना ।

Retransform-री-ट्रॅन्स्'-फ़ॉर्म्-*v. t.* to transform again. फिर से रूप बदलना ।

Retranslate-री-ट्रॅन्स् - लेट्'-*v. t.* to translate again. दुबारा अनुवाद करना ।

Retransmission-री-ट्रॅन्स्-मिशन् - *n.* a transmission again. दुबारा सौंपना ।

Retraverse-री-ट्रॅव़र्स्-*v. i.* to traverse again. फिर से यात्रा करना ।

Retread-री-ट्रेड्'-*v. t.* to tread again. फिर से कुचलना या चलना ।

Retreat - रि - ट्रीट्' - *v. i.* to go back, to recede, to relinquish a position. पीछे हटना, चले आना, स्थान छोड़ना;-*n.* a shelter, refuge, signal to withdraw, retirement, a place of privacy. शरण, आश्रय, हटने का संकेत, सेना का पीछे हटना, निर्जन स्थान ।

Retrench-रि-ट्रेन्श्'-*v. t. & i.* to cut off, to deduct, to reduce the amount of, to lessen, to shorten, to economize, to furnish with inner line of defence usually consisting of trench and parapet. काटना, कम करना (खण्डन करना), छोटा करना, अल्प व्यय करना, मोर्चाबन्दी करना ; **Retrenchment** (-मेन्ट्) -*n.* curtailment, a work constructed within another to prolong the defence. कमी, व्यय का घटाव, सेना की मोर्चाबन्दी ।

Retrial-री-ट्रायल-*n.* a fresh trial. नये सिरे से अन्वेषण या मुकदमे का विचार ।

Retribute-रिट्रिब्यूट्-*v. t.* to pay back. फेर देना, पलट देना; **Retributer** (-अर्) - *n.* one who retributes. बदला देनेवाला; **Retribution**-*n.* recompense, vengeance. प्रतिकार, बदला; **Retributive** (-इव्)-*adj.* pertaining to retribution. प्रतिकार-सम्बन्धी; **Retributively**(-लि) -*adv.* in a retributive manner. प्रतिकार के ढंग-से या रूप में ।

Retrievable - रिट्रीव़ेब्ल - *adj.* recoverable. सुधारने योग्य ।

Retrieve-रि-ट्रीव्'-*v. t. & i.* to gain back, to recover by investigation, to restore, to regain possession of, to revive. पुनः प्राप्त होना, अन्वेषण से प्राप्त करना, चंगा करना, फिर से प्राप्त करना, मरम्मत करना ।

Retriever-रि- ट्रीव्'-र् - *n.* a dog trained to fetch game. शिकार पकड़कर लानेवाला कुत्ता ।

Retrim-री-ट्रिम्-*v. t.* (*p. t.* Retrimmed.) to trim up again. काट-छाँट करके फिर से सुधारना ।

Retro-रेट्रॅ, रीट्रॅ- *pref.* in the sense of "backwards", "behind". उपसर्ग जिसका अर्थ "पीछे को", "पिछली ओर" होता है; **Retroact** (-ऍक्ट्') -*v. i.* to act in opposition. विपरीत रूप में कार्य करना;**Retroaction**(-ऍक्शन्)-*n.* operation of the past. ऐसा कार्य, **Retroactive** (-ऍक्टिव्) -*adj.* retrospective. बीती हुई घटना पर कार्य करने वाला; **Retroactively** (-ऍक्टिव्-लि) -*adv.* ऐसा कार्य करते हुए; **Retroactivity** (-ऍक्टिविटि)-*n.* retrospection. इस प्रकार का कार्य; **Retrocede** (-सीड्)-*v. i.* to go back, to recede, to retire. पीछे हटना, अलग होना, स्थान त्यागना; **Retrocedence** (-सीडॅन्स्)-*n.* a going back, receding. प्रत्यागमन, पीछे को हटाव; **Retrocedent** (-सीडॅन्ट्)-*adj.* retiring, receding. पीछे हटनेवाला; **Retrocession** (-सॅशन्)-*n.* a going back. पीछे को हटाव; **Retrocessive** (-इव्)-*adj.* receding. पीछे को हटानेवाला ।

Retroduct-रॅट्रॅ-डक्ट्-*v. t.* to withdraw. पीछे को हटाना ; **Retroduction** (-शन्) -*n.* act of receding. पीछे को हटाव ; **Retroflected** (फ़्लॅक्ट्'-ऍड्,) **Retroflexed** (-फ़्लॅक्स्ड्)-*adjs.* turned backwards. पीछे की ओर मुड़ा हुआ; **Retroflexion** (-फ़्लॅक्श्'-अन्)-*n.* a bringing back. पीछे को मुड़ान ।

Retrogradation-रें-ट्रू-ग्रे-डेशन्-*n.* backward motion of a heavenly body. किसी नक्षत्र की पिछली ओर की (उलटी) गति।

Rope-रोप्-*n.* a stout cordage, a string रस्सा, डोरी, रस्सी; On the high ropes (those engaged in prize fighting.) इनाम के लिये लड़नेवाले; Rope-dancer *-n.* (a performer of feats on a rope.) रस्से पर नाचनेवाला, नट; Rope-ladder (a ladder made of ropes.) रस्से की बनी हुई सीढ़ी : Rope-maker. रस्सी बनानेवाला; Rope of sand (delusive security.) माया, इन्द्रजाल) Rope-strand (strings which make up a rope.) रस्से का उकेला ।

Rope-way-रोप्'-वे *-n.* an aerial rope used for transport. माल ले जाने के लिये लगाया हुआ रस्सा ।

Ropiness-रो-पि-नेस्-*n.*stringiness. लसलसाहट ।

Ropy-रो-पि *-adj.* adhesive, viscous. रसदार, लसदार ।

Roquefort-रॅक्'-फ़ॅर्-*n.* a kind of cheese prepared from goat's milk. बकरी के दूध से बना हुआ पनीर ।

Roquelaure-रॉक्-ए-लोर्-*n.* an old fashioned cloak. पुराने ढंग का लबादा या अंगरखा ।

Roquet-रो'के *-v. t. & i.* to strike another's ball with one's own. गेंद से गेंद मारना ।

Roral-रो-रल् *-adj.* pertaining to dew. ओस का, ओस-सम्बन्धी ।

Roric-रो'-रिक्-*adj.* dewy. ओसपूर्ण ।

Rorid-रो'-रिड्-*adj.* dewy ओसपूर्ण ।

Rosaniline-रोजैनिलाइन्-*n.* a kind of red dye. एक प्रकार का लाल रंग ।

Rosary-रोज़रि-*n.* (*pl.* Rosaries.) rose-bed, a rose-garden, a string of beads used for counting. गुलाब की क्यारी, गुलाब का बगीचा, जप करने की माला ।

Rose-रोज़्-*n.* prickly bush bearing beautiful fragrant flowers, a delicate crimson colour.

knot of ribbon like rose. गुलाब का फूल, इसका पौधा, गुलाबी रंग, फीते का गुच्छा; Life's roses (delights of life.) जीवन के आनन्द; Otto of roses (scent of roses.) गुलाब का अतर; Roseal (-इअल्)-*adj*. rose-like. गुलाब के समान; Roseate (-इअट्)-*adj*. rosy. गुलाबी।

Rosemary-रोज़्-म-रि -*n*. (*pl*. Rosemaries) an evergreen fragrant shrub. एक प्रकार की सुगन्धित मेंहदी, दौना।

Roseola-रो-ज़ी'-अॅला -*n*. rosy rash on the skin in measles. शीतला रोग में शरीर पर के लाल चकत्ते; Roseolar (-लर्) -*adj*. having a roseola. इस प्रकार के चकत्तेदार।

Rosette-रॅज़ॅट्-*n*. imitation of rose made of ribbons. फ़ीते का बना हुआ गुच्छा या झब्बा।

Rosin-रॉज़िन् -*n*. solid residue or resin left after distilling oil from turpentine. धूना या राल, बिरोजा-*v. t*. to rub the bow of a violin with rosin. सारङ्गी इत्यादि की बजानेवाली ताँत में राल लगाना।

Rosiness-रोज़ि-नॅस् - *n*. the state of being rosy. गुलाबीपन।

Ross-रॉस् -*n*. the external bark of a tree, rubbish, refuse. वृक्ष की बाहरी छाल, कूड़ा-कर्कट, कतवार।

Roster-रोस्टर्-*n*. a list showing persons who perform their duties in turn. पारी-पारी से कार्य करनेवालों की सूची।

Rostral-रॉस्ट्रल् -*adj*. adorned with beaks. चोंचदार।

Rostrate-रॉस्ट्रेट्-*adj*. having the form of a beak. चोंच के आकार का।

Rostriform-रॉस्ट्रिफ़ॉर्म्-*adj*. having the form of a beak. चोंच के आकार का।

Rostrum-रॉस्ट्रम्-*n*. (*pl*. Rostra, Rostrums.) a pulpit or platform for public speaking, a beak. व्याख्यान देने का चबूतरा, पक्षी की चोंच।

Rosulate-रॉड्युलेट् - *adj*. packed like the petals of a rose. गुलाब की पँखड़ी की तरह जड़ा हुआ।

Rosy-रोज़ि-*adj*. (*comp*. Rosier, *sup*. Rosiest.) of the colour of a rose, smelling like rose. गुलाबी रंग का, गुलाब की सुगन्ध का।

Rot-रॉट् - *n*. decay, rottenness, nonsense. दुर्गन्ध, सड़ाहट, निरर्थक वार्ता; -*v. i. & t*.(*p. t*. Rotted, *p. p*. Rotten) to undergo decay, to putrefy, to perish gradually. सड़ना, गलना, नाश होना।

Rota-रो'-टॅा-*n*. a list of persons who work in rotation, rotation of persons, a round of duties. पारी-पारी से काम करनेवालों का सूचीपत्र, लोगों का चक्कर, काम का चक्कर।

Rotarian-रॅ-टे-रिअन् - *adj*. rotating. चक्कर खानेवाला।

Rotary-रोटरि-*adj*. acting by rotation, revolving. घूमनेवाला, चक्कर मारनेवाला; Rotary Club (a society of all kinds of traders.) हर प्रकार के व्यापारियों की मण्डली।

Rotate-रॅ-टेट्'-*v. i. & t*. to revolve, to move round a centre or axis. चक्कर खाना, चूल पर घूमना; Rotation (-शन्) -*n*. the act of turning. चक्र के समान गति, चक्कर; Rotational (-शनल्) - *adj*. pertaining to rotation. भ्रमण का, चक्कर का; Rotative (-टिव्), Rotatory(-टरि)-*adjs*. turning on its axis like a wheel. पहिये की तरह धुरी पर घूमनेवाला, चक्कर खानेवाला।

Rotator-रॅ टेटर् - *n*. a muscle which gives a rotatory motion. अङ्ग को घुमानेवाली पेशी।

Rote-रोट्-*n*. a frequent repetition as a means of fixing some fact, speech &c. on memory. किसी बात या वक्तृता को याद रखने के लिये उसे बार-बार दोहराने का क्रम; To learn by rote (to commit to memory.) कण्ठस्थ करना।

Rotograph-रोटॅ-ग्राफ़् - *n*. an apparatus for taking copies of a written page. हस्तलिखित पत्र की प्रतिलिपि लेने का यन्त्र।

Rotor-रो-टॅर्-*n*. the revolving part of a machine. किसी यन्त्र का चक्कर लगाने वाला भाग।

Rotten-रॉट्'-न् -*adj*. decayed, putrid, decomposed, worthless. सड़ा हुआ, दुर्गन्धयुक्त, दूषित, निःसत्त्व; Rottenly (-लि) -*adv*. in a rotten manner. दुर्गन्ध से; Rottenness (-नॅस्) -*n*. the state of being rotten. दुर्गन्ध, सड़ाहट।

Rotund-रॅ-टन्ड्' -*adj*. circular, round. गोलाकार, गोल; Rotunda (-आ) -*n*. a round building. गोल घर; Rotundity (-इटि) -*n*. roundness. गोलाई; Rotundly (-लि)-*adv*. in a spherical manner. गोलाई में।

Rouble-रू -बल् -*n*. a Russian silver coin worth 2s. 1½ d. दो शिलिङ्ग डेढ़ पेंस के मूल्य का रूस देश का चाँदी का सिक्का।

Rouge-रूज़् -*n*. a red powder used for colouring lips and cheeks, oxide of iron used for polishing metal. गाल और ओठों पर लगाने का लाल रङ्ग, धातु पर चमक लाने के लिये कौसीस की महीन बुकनी; -*v. t. & i*. to paint with rouge. गाल या ओठों को लाल रँगना।

Rough-रफ़्-*adj*. of uneven or irregular surface, not smooth, shaggy, rugged, dis-

orderly, rude, harsh, incomplete. ऊबड़-खाबड़, रूक्ष, विषम, असम, खुरखुरा, बेढङ्गा, अव्यवस्थित, असभ्य, कठोर, अपूर्ण;-*n.* rough ground, rowdy hooligans. ऊँची-नीची भूमि, अशिष्टजनता, गुंडों का दल; -*v. t.* to irritate, to break in horse. उत्तेजित करना (भड़काना), घोड़ा फेरना ।

Rough-cast-रफ्'-कास्ट्-*v. t.* to plaster in a rough manner. असम पलस्तर करना ।

Rough-coat-रफ्'-कोट्-*n.* first coat of plaster. दीवार इत्यादि पर का पहिला पलस्तर ।

Rough-draft-रफ्'-ड्राफ़्ट्-*n.* an imperfect draft. खाका, मसविदा ।

Roughen-रफ़ेन्-*v. t.* to make rough. खुरखुरा बनाना ।

Rough-hew-रफ्'-ह्यू-*v. t.* to give rough form to. लकड़ी इत्यादि को मोटा या भद्दा काटना ।

Rough-hewn-रफ्'- ह्यून् - *adj.* unpolished. बिना चिकना किया हुआ ।

Rough-rice-रफ्'-राइस्-*n.* unhusked paddy. बिना छिलका उतारा धान ।

Rough-rider-रफ्'-राइडर्-*n.* a man who can ride an unbroken horse. बिना निकाले (फेरे) हुए घोड़े पर सवारी करनेवाला ।

Roughshod-रफ्'-शॉड्-*adj.* shoes of a horse with projecting nail-heads. घोड़े की उभड़े हुए काँटे की नाल ।

Rough-tongue-रफ्'-टङ्ग्-*n.* rudeness. रूक्षता, रुखाई ।

Roulade-रू'-लाँ-ड्-*n.* a quick succession of several notes. अनेक रागों का बहुत जल्दी बजना (जो एक ही जान पड़े) ।

Rouleau-रू-लो'-*n.* (*pls.* **Rouleaux**, **Rouleaus**, **Rouleauz.**) a small roll of coins in paper. सिक्कों की कागज में लपेटी हुई बीड़ी या गड्डी ।

Roulette-रू-लेट्'-*n.* a kind of gambling game, a device for keeping hair curly, a toothed wheel used by engravers. एक प्रकार का जुवा, बालों को घुँघराला रखने की विधि, नकाशी करनेवालों का दाँतेदार पहिया ।

Rouncival-राउ-न्'-सि-वल्-*n.* a kind of large pea. एक प्रकार की बड़ी मटर ।

Round-राउन्ड्-*adj.* spherical, circular or cylindrical, smooth, plain, entire, altogether, whole. मण्डलाकार, चक्रवत्, गोल, चिकना, स्पष्ट, पूर्ण, बिलकुल, पूरा; **Round numbers** (nearest multiple of tens or hundreds.) ऐसी संख्या जिसमें इकाई (या बड़ी संख्या में दहाई) का विचार नहीं होता; **Round sum** (a large sum of money, great wealth.) बहुत धन ।

Round-राउन्ड्-*adv.* circularly, on all sides. चक्रवत्, चारों ओर;-*prep.* on every side of, about. चारों तरफ़, चौफेर; **A turn round** (wandering.) परिभ्रमण; **All round** (on all sides.) सर्वत्र, चारों तरफ़, चौफेर; **All the year round** (throughout the year.) वर्षभर; **Right round** (exactly on all sides.) ठीक चारों ओर ।

Round-राउन्ड्-*n.* a round object, circumference, extent, circular motion, regular course, series, stage. गोल वस्तु (मण्डल), चक्र, परिधि, विस्तार, गोलाई में घुमान, चक्रमार्ग, क्रम, स्थिति;-*v. t. & i.* to make circular, to form a spherical shape. गोल करना, गोल आकृति धारण करना; **Merry-go-round** (a circularly moving wheel.) चक्कर खानेवाला पहिया, फिरहीं; **Rounds of ladder** (the rungs of a ladder.) सीढ़ी के डण्डे; **The daily round** (ordinary work of the day.) प्रतिदिन का सामान्य कार्य; **To round off** (to make round by cutting off, to finish off neatly.) काटकर गोल करना, सफाई से पूरा करना ।

Roundel-राउ-न्डेॅ-ल्-*n.* a circle, a small round disk. वृत्त, छोटा गोल धातु का टुकड़ा ।

Roundelay-राउन्डि - लेॅ-*n.* a bird's song, a country song. पक्षी की मधुर बोली, देहाती गान ।

Roundly-राउन्ड्' - लि-*adv.* plainly, boldly. स्पष्ट रूप से, साहस से; **Roundness** (-नेॅस्) -*n.* the quality of being round. गोलाई ।

Roup-राउप्-*v. t.* to sell by auction. नीलाम करके बेंचना;-*n.* an auction. नीलाम ।

Rouse-राउज़्-*n.* a revel, toast. मदिरापान का उत्सव;-*v. t. & i.* to wake from sleep, to stir up, to provoke temper of, to start. जगाना, उठाना, उत्तेजित करना, चौकन्ना करना; **Rouser** (-अर्)-*n.* he who or that which rouses. उत्तेजित करने (जगाने) वाला; **Rousing** (-इङ्ग्)-*adj.* stimulating. उत्तेजक ।

Roust-राउस्ट्-*v. t.* to drive away. हँका देना, हटाना ।

Rout-राउट्-*n.* an assembly of rioters or, revellers, uproar, disturbance, tumult, riot, disorderly retreat of defeated army or troops. शराबियों या बलवाइयों की मण्डली, उपद्रव, कोलाहल, बलवा, सिपाहियों की भगदड़;-*v. t. & i.* to put to disorderly flight, to shout, to roar, to dig up with the snout, to rummage, to assemble, to herd together.

भगदड़ करना, छितराना, चिल्लाना, गरजना, थूथुन से खोदकर बाहर निकलना, रत्ती-रत्ती ढूँढ़ना, जमा होना, पशुओं को झुण्ड में जमा करना; **Routed** (-ऍड्) *-adj.* rooted up. भग्न।

Route-रूट्-*n.* a way or road, passage taken to reach a destination. मार्ग, सड़क, रास्ता; *-v. t.* to settle course of travelling. यात्रा का मार्ग स्थिर करना।

Routine-रु - टीन्'-*n.* a regular course of action, custom. नियमित कार्य-क्रम (अभ्यास), नियम; **Daily routine** (regular work of the day.) दैनिक कार्य की परिपाटी; **Routine work** (daily work.) नित्यकर्म; **Routinism** (-इज़्म्) *-n.* course of each day's work. नित्यकार्य करने की रीति; **Routinist** (-इस्ट्) *-n.* one who goes by routine. नियम से कार्य करनेवाला।

Rove-रोव्-*v. i.* to wander aimlessly, to roam. भ्रमण करना, भटकते फिरना, घूमना;-*n.* wandering. परिभ्रमण; **Rover** (-अर्)-*n.* a wanderer, a sea-robber or pirate, a free-booter, a pirate-ship. घूमनेवाला, समुद्री लुटेरा, समुद्री डाकू का जहाज।

Roving-रोविङ्ग्-*n.* rambling, practice of shooting at random. घुमान, इधर-उधर निशाना लगाने का अभ्यास; **Rovingly** (-लि) *-adv.* in a roving manner. घूमते हुए; **Rovingness** (-नॅस्) *-n.* घुमान।

Row-रो-*n.* number of persons or things in a line, a line of seats, boat excursion, disturbance, noise. पंक्ति, पाँति, नाव की सैर, कोलाहल, कलह;-*v. i. & t.* to propel a boat by an oar, to convey passengers in a boat. डाँड़े से नाव खेना, खेकर यात्रियों को नदी पार उतारना; **Rowing** (-इङ्ग्)-*n.* the act of moving boats. नाव चलाना ; **To kick up a row** (to make an uproar.) कोलाहल मचाना।

Rowdily-राउ'-डि-लि-*adv.* in a noisy manner. कोलाहल करते हुए; **Rowdiness** (-नॅस्)-*n.* an uproar, riotousness. उपद्रव, कोलाहल; **Rowdy** (-डि)-*adj.* (*comp.* **Rowdier,** *sup.* **Rowdiest.**) noisy, turbulent. कोलाहली, उपद्रवी; *-n.* noisy disorderly person. उपद्रवी पुरुष, बखेड़िया; **Rowdyism** (-डि-इज़्म्)-*n.* riotous conduct. उपद्रवी चरित्र।

Rowel-र-वल्-*n* a revolving toothed wheel at the end of a spur. घुड़सवार की ऍड़ के किनारे पर लगा हुआ दाँतेदार पहिया;-*v. t.*(*p. t.* **Rowelled.**) to insert a rowel in. ऍड़ से इस पहिये को दबाना।

Rowlock-र'-लाक्-*n.* an appliance for fixing rowers. डाँड़ा लगाने का काँटा।

Roxburghe-रॉक्स्'-बर्'-अ-*n.* a kind of book-binding. एक विशेष प्रकार की जिल्दबन्दी।

Royal-रॉयल्-*adj.* kingly, worth of a king, noble, majestic, stately, splendid. राजकीय, नृपयोग्य, शिष्ट, महत्त्वपूर्ण, अति प्रतापी ; **Royal blue** (deep blue colour.) गहरा तेज़ नीला रंग ; **Royalism** (-इज़्म्)-*n.* an attachment to kingly government. राजपक्ष का सिद्धान्त।

Royal paper-रॉयल्-पे'-पर्-*n.* size of paper 25 × 20 inches. २५ × २० इञ्च नाप का छापने का कागज़।

Royalty-रॉयल्टि - *n.* sovereignty, royal domains, members of the Royal family, the power of a king or queen, tax paid to the Crown, money paid to the owner of a patent for the sole use of it, a payment to the author proportional to the sale of the book. राजत्व, राजकुल, राज्याधिकार, किसी पदार्थ को सुरक्षित रखने के लिये प्रदत्त राज्यकर, ग्रन्थकर्ता की पुस्तक की बिक्री के अनुपात के अनुसार दिया गया शुल्क।

Rub-रब्-*v. t.* (*p. t.* **Rubbed.**) to subject a thing to friction, to clean or to polish or to smooth by friction, to erase, to grind, to sharpen, to chafe, to irritate, to fret, to meet a difficulty, to come in contact, to scour, to wipe. घिसना, रगड़कर साफ़ करना, चमकाना या चिकना बनाना, मिटाना, पीसना, सान देना, रगड़ना, नाराज़ होना या करना, नाक-भौं चढ़ाना, कठिनाई का सामना करना, भिड़ना, बूकना, पोंछना;-*n.* the act of rubbing, an impediment, a difficulty, inequality, uneven place, a hitch, an irritating remark, act of meeting an impediment or difficulty. रगड़, बाधा, कठिनाई, असमता, उबड़-खाबड़ जगह, हिचक, चिढ़ानेवाली बात, बाधा या कठिनाई का सामना।

Rub-a-dub-रब्'-अ-डब्'-*n.* the sound of a drum. ढोल पीटने का शब्द;-*v. i.* to make a rolling sound. ऐसा शब्द करना।

Rubbish-र-बिश्-*n.* waste material, a worthless thing, refuse, nonsense. तुच्छ पदार्थ, निःसार द्रव्य, मल, कूड़ा-करकट।

Rubble-र-बल्-*n.* pieces of undressed stone, fragments of bricks or stone. बिना गढ़े हुए पत्थर के टुकड़े, ईंट या पत्थर के टुकड़े।

Rubefacient-रूबिफ़ेशन्ट् - *adj.* turning or making red. लाल रंग होने या करनेवाला।

Rubefaction-रूबिफ़ैक्शन् - *n.* the work of rubefying. रगड़कर लाल करने की विधि ।

Rubefy-रू-बि-फ़ाइ' - *v. t.* (*p. t.* **Rubefied.**) to make red by rubbing. रगड़कर लाल करना।

Rubeola-रु-बी'-ऑ-ला - *n.* the measles. छोटी शीतला नामक रोग।

Rubescent-रु-बे'-सेन्ट्-*adj.*growing or becoming red. लाल होनेवाला।

Rubicelle-रू'-बिसेल् - *n.* kind of ruby. एक प्रकार का माणिक रत्न।

Rubicund-रू'-बिकन्ड् - *adj.* ruddy. (लाल) गुलाबी रंग का (चेहरा); **Rubicundity** (-इटि) -*n.* inclining to redness. लाली, सुर्खी।

Rubidium-रु-बिडि-अम्-*n.* a kind of metal. एक विशिष्ट प्रकार की धातु।

Rubification-रू'-बि-फ़िकेशन् - *n.* the act of making red. लाल करने का कार्य।

Rubiform-रू'-बि-फ़ार्म्-*adj.*of red appearance. लाल रंग का।

Rubify-रू-बि-फ़ाइ'-*v. t.* (*p. t.* **Rubified.**) to make red. लाल करना।

Rubiginous-रु-बि-जिनस् - *adj.* of the colour of rust. मुर्चे के रंग का।

Rubric-रू'-ब्रिक्-*n.* the heading of a chapter or special passages printed in red or in conspicuous types. अध्याय के विषय-सूचक शब्द अथवा विशेष वाक्य जो लाल रोशनाई में छपे हों।

Rubrical-रू'-ब्रिकल् - *adj.* marked with red letters, pertaining to red colour. लाल अक्षरों द्वारा अङ्कित, लाल-रंग-सम्बन्धी।

Rubricate-रू'-ब्रिकेट्' - *v. t.* to write in red ink. लाल रोशनाई से विशेष वाक्यों को लिखना; **Rubrication** (-शन्) - *n.* writing in red. लाल स्याही से लिखाई।

Ruby-रू'-बि-*n.* (*pl.* **Rubies.**) a precious stone of red colour, a kind of small type. लाल मणि, माणिक, एक प्रकार का छापे का महीन टाइप;-*v. t.* (*p. t.* **Rubies.**) to colour red. लाल रँगना।

Ruche-रूश् - *n.* a plaited frill. पट्टीदार झालर:-*v. t.* to trim with ruche. ऐसे झालर से सजाना।

Ruck-रक्-*n.* a heap, a ruffle. ढेर, झालर;-*v. t.* to crease. झालर बनाना।

Ruckle-रक्'-ल - *v. i.* to rattle, to gurgle. गड़गड़ाना; - *n.* the rattling or gurgling sound by a dying person. मरते हुए मनुष्य के गले का गड़गड़ शब्द।

Rucksack-रक्'-सैक् - *n.* a bag hung by straps for carrying necessary articles. सामान रखने के लिये कन्धे पर से तस्मों से लटकता हुआ बेग।

Ructation-रक्टेशन् - *n.* act of belching wind from stomach. पेट से वायु निकालना, डकार।

Ruction-रक्शन् - *n.* an uproar, disturbance. कोलाहल, उपद्रव।

Rudd-रड् - *n.* a kind of fresh-water fish. मीठे पानी की एक प्रकार की मछली।

Rudder-र-डर्-*n.* a wooden or metallic appliance for steering a ship or boat. नाव या जहाज की पतवार; **Rudderless** (-लेस्) - *adj.* having no rudder. बिना पतवार का

Ruddied-र-डि-ड् - *adj.* made red. लाल किया हुआ।

Ruddily-र - डि - लि - *adv.* in a healthy manner. आरोग्य से।

Ruddiness-र-डि-नेस् - *n.* the state of being ruddy. गुलाबीपन।

Ruddle-र-ड्ल्-*n.* red chalk, red ochre. लाल खड़िया, हिरौंजी मिट्टी।

Ruddock-र-ड-क्-*n.* the red-breasted robin. लाल छाती की एक चिड़िया।

Ruddy-र-डि - *adj.* (*comp.* **Ruddier,** *sup.* **Ruddiest.**) rosy, red, healthy. गुलाबी, लाल, आरोग्य।

Rude-रूड्-*adj.* (*comp.* **Ruder,** *sup.* **Rudest.**) rough, rugged, uncivilized, coarse, artless, savage, violent. अविनीत, उद्धत, असभ्य, अशिक्षित, रूक्ष, कठोर, धृष्ट।

Rudely-रूड्' - लि - *adv.* in a rude manner. असभ्यता से, धृष्टता से; **Rudeness** (-नेस्)-*n.* coarseness of manners, ignorance. धृष्टता (अशिक्षितता), गँवारपन।

Rudiment-रू'-डि-मेन्ट्-*n.* the first principles of a subject, imperfect beginning of something. मूल तत्त्व, प्रारम्भ।

Rudimental-रूडिमेन्टल् - *adj.* pertaining to first principles. मूल या मूल सिद्धान्त या प्रारम्भ-सम्बन्धी।

Rue-रू-*v. i.* to repent, to regret, to lament. अनुताप करना, शोक करना, पछताना;-*n.* repentance, regret, sorrow, pity, a kind of evergreen shrub used in medicine. पछतावा, पश्चात्ताप, दुःख, दया, औषध (दवा) के रूप में प्रयुक्त एक प्रकार का सुगन्धित पौधा; **Rueful** (-फ़ुल)-*adj.* mournful. शोकार्त, उदास; **Ruefully** (-फ़ुलि) -*adv.* mournfully उदासी-

नना से, पछताने से; **Ruefulness** (-फुल्-नेस्)-*n.* the state of being mournful. पछतावा ।

Ruff-रफ्-*n.* (*fem.* **Reeve.**) a frill of linen worn round the neck, a bird allied to the sandpiper, a kind of fish, a kind of card game. एक प्रकार का गुलूबन्द, कठफोड़वे की तरह की एक चिड़िया, एक प्रकार की मछली, ताश का एक प्रकार का खेल; -*v. t. & i.* to applaud by ruffling. पर पटककर आनन्द दिखलाना ।

Ruffian-र-फ़िअन्-*n.* a lawless brutal person, a robber, a murderer. आततायी, लुटेरा (डाकू), हत्यारा; **Ruffianism** (-इज़्म्)-*n.* lawless conduct. हत्यारापन; **Ruffianly** (-लि)-*adj.* violent. हत्यारा ।

Ruffle-र-फ़ल्-*v. t. & i.* to disturb the tranquillity of, to agitat , to lose calmness, to behave in an arrogant manner, to throw into disorder, to become rough. शान्ति में विघ्न डालना, व्याकुल करना, उद्विग्न करना, शान्ति खोना, रुखाई से व्यवहार करना, अव्यवस्थित कर देना, क्रोधित होना;-*n.* a frill of lace, disturbance, agitation, dispute, low beat of drum. झालर, अशान्ति, उद्वेग, ढोल का धीमा शब्द; **Ruffled** (-ड्)-*adj.* disturbed, agitated. व्याकुल ।

Ruffler-र-फ़लर्-*n.* a swaggerer, a beggar posing as a maimed soldier. उद्विग्न करनेवाला, लँगड़े या लूले सैनिक का बहाना करनेवाला भिखारी ।

Ruffling-र-फ़्लिङ्ग्-*n.* mental disturbance, low sound of a drum. उद्विग्नता, ढोल का मन्द शब्द ।

Rufous-रू-फ़स्-*adj.* of reddish brown colour. लाल भूरे रङ्ग का ।

Rug-रग्-*n.* a coverlet of thick wool. कम्बल, लोई, धुस्सा ।

Rugate-रू'-गेट्-*adj.* wrinkled, with ridges. झुर्री पड़ा हुआ, किनारदार ।

Rugged-र-गेड्-*adj.* rough, of uneven surface, harsh, shaggy. रूक्ष, ऊँचा-नीचा, कर्कश, विषम; **Ruggedly** (-लि)-*adv.* in a rugged manner. रुखाई से; **Ruggedness** (-नेस्)-*n.* coarseness, roughness. रूक्षता, कर्कशता ।

Rugose-रू'-गो-स्-*adj.* wrinkled. झुर्रीदार; **Rugosely** (-लि)-*adv.* in a wrinkled form. झुर्रीदार रूप में से ।

Rugosity-रु-गा-सिटि-*n.* the state of being wrinkled. झुर्रीपन ।

Ruin-रू-इन्-*n.* downfall, ruined state, destruction, overthrow; **Ruins**-*n. pl.* the remains of a building, structure &c. नाश (क्षय, विध्वंस), विनाश, बर्बादी, (ब० व०) घर इत्यादि का टूटा-फूटा अंश;-*v. t. & i.* to destroy, to impoverish, to demolish, to fall into ruins. नाश करना, निर्धन बनाना, बिगाड़ना, नष्ट होना; **Ruined** (-ड्)-*adj.* destroyed. नष्ट किया हुआ, क्षीण, जर्जर ।

Ruinate-रू'-इनेट्-*v. t.* to destroy, to demolish. नष्ट करना, विध्वंस करना; **Ruination** (-नेशन्)-*n.* demolition, overthrow. विध्वंस, नाश ।

Ruinous-रू'-इनस्-*adj.* bringing to ruin, decayed. घातक, नाश करनेवाला; **Ruinously** (-लि)-*adv.* in a ruinous manner. क्षय अथवा नाश-सहित; **Ruinousness** (-नेस्)-*n.* the state of being ruinous. नाश, क्षय ।

Rule-रूल्-*n.* sway, government, established form, standard, order, regulation, test, maxim, canon, a thin slip of metal. अधिकार, शासन, व्यवस्थित रूप, प्रमाण, क्रम, नियम, परीक्षा, सिद्धान्त, धार्मिक विधि, धातु की पट्टी-*v. t. & i.* to keep under control, to manage, to govern, to draw lines by the help of a ruler. अधीन या नियंत्रित रखना, व्यवस्था करना, राज्य करना, पटरी की मदद से लकीर खींचना; **According to rule** (according to established principle. निश्चित सिद्धान्त के अनुसार; **General rules** (established principles.) सामान्य विधि; **Golden rule** (good maxim.) सुन्दर नियम; **Moral rules** (rules of morality.) नैतिक या चरित्र सम्बन्धी नियम; **Rule of action** (system of work.) क्रिया विधान; **Rule of three** (the method of finding out a fourth proportional number when the other three are given. (गणित में) त्रैराशिक नियम; **Rule of thumb** (principles based on personal experience.) अनुभव-सिद्ध सिद्धान्त ।

Ruler-रूलर्-*n.* one who rules, a sovereign, an instrument for drawing straight lines. राज्य करनेवाला, राजा, सीधी लकीर खींचने की पट्टी; **Rulership** (-शिप्)-*n.* the office of a ruler. राज्यपद ।

Ruling-रूलिङ्ग्-*n.* government, authoritative decision. शासन, फ़ैसला; -*adj.* governing, reigning. शासन करनेवाला, राज्य करनेवाला ।

Rulley-रलि-*n.* (*pl.* **Rulleys.**) a four-wheeled lorry. बोझा ढोनेवाली चौपहिया गाड़ी ।

Rum-रम्-*n.* spirit distilled from sugarcane. ऊख का मदिरा; -*adj.* strange, peculiar.

विलक्षण, अद्भुत; Rumminess (-इ-नेस्), Rumness (-नेस्)-*ns.* queerness. विलक्षणता।

Rumble-रम्बुल्-*v. t. & i.* to make a sound like thunder. गड़गड़ाहट का शब्द करना; -*n.* a rumbling sound, the hind part of a carriage. गड़गड़ाहट का शब्द, गाड़ी का पिछला भाग (जिस पर असबाब रक्खा जाता है)।

Rumbler-रम्'-ब्लर्-*n.* one who rumbles. गड़गड़ाहट का शब्द करनेवाला।

Rumbling-रम्'-ब्लिङ्ग्-*n.* a low, heavy continuous sound. गड़गड़ाहट का शब्द; **Rumblingly** (-लि)-*adv.* with a rumbling sound. गड़गड़ाहट का शब्द करते हुए।

Ruminant-रू'-मिन्-ॲन्ट्-*n. & adj.* an animal that chews the cud, contemplative. पागुर करनेवाला चौपाया, विचार करनेवाला।

Ruminate-रू'-मिनेट्-*v. i. & t.* to chew the cud, to contemplate, to muse or ponder. पागुर करना, बारम्बार विचार करना; **Rumination** (-शन्)-*n.* the act of ruminating, musing on a subject. पागुर, विचार, बारम्बार ध्यान; **Ruminative** (-टिव्)-*adj.* pertaining to ruminants. पागुर करनेवालों का; **Ruminatively** (-टिव्-लि)-*adv.* by chewing the cud. पागुर करते हुए; **Ruminator** (-अर्)-*n.* one who ruminates, one who muses deliberately on any subject. पागुर करनेवाला, किसी विषय पर अधिक विचार करनेवाला।

Rummage-रमेज्-*v. t. & i.* to make a thorough search, to ransack. सूक्ष्म अन्वेषण करना, खोज करना (ढूँढ़ना); -*n.* a careful searching, things got by rummaging, miscellaneous accumulation. खोज-खाज, खोजकर प्राप्त की हुई अनेक प्रकार की वस्तु।

Rummer-र-मर्-*n.* a large drinking cup. बड़ा गिलास या कटोरा।

Rummy-र-मि-*adj.* wonderful, queer. विलक्षण, विचित्र।

Rumness-रम्'-नेस्-*n.* queerness. विलक्षणता, विचित्रता।

Rumour-रू'-मर्-*n.* current talk, hearsay, unverified statement. जनप्रवाद, लोकवार्ता, अफवाह, बाजारू चर्चा; -*v. t.* to circulate a rumour. जनश्रुति फैलाना, गप्प उड़ाना; **Rumourer** (-अर्)-*n.* one who spreads news. समाचार फैलानेवाला मनुष्य।

Rump-रम्प्-*n.* the tail-end of a bird or beast, the buttock. पूँछ का भाग, चूतड़, पिछला भाग।

Rumple-रम्पल्-*v. t.* to crease, to wrinkle. तह लगाना, झुर्री डालना; -*n.* a fold or plait. झालर, तह, शिकन।

Rumpus-रम्पस्-*n.* an uproar, disturbance. उपद्रव, कोलाहल।

Rumpy-रम्पि-*n.* a kind of tailless cat. एक प्रकार की बिना पूँछ की बिल्ली।

Run-रन्'-*v. i. & t.* (*p. t.* **Ran**, *p. p.* **Run.**) to move swiftly, to gallop, to flee, to rush violently, to slide, to turn as a wheel, to move as a fluid, to pursue, to discharge, to thrust, to cause to be driven, to have a course, to discharge matter, to spread, to be allowed to grow, to advance, to follow, to extend, to make way, to wander about. दौड़ना, तेजी से चलना, सरपट दौड़ना, भागना, तेजी से झपटना, सरकना, पहिये पर घूमना, तरल पदार्थ की तरह बहना, पीछा करना, बहना, छूटना, भोंकना, हटाया जाना, फैलना, बढ़ना, अनुसरण करना, फैलाना, छोड़ना, घूमना; -*n.* a course, a flow, a ride, a journey. क्रम, प्रवाह, दौड़ान, यात्रा; **A run on** (rapid demand for a thing, carrying the sense on beyond end of the line of a verse.) किसी वस्तु की बड़ी माँग, कविता की एक पंक्ति के आगे उसका मतलब लिखना; **At a run** (running.) दौड़ता हुआ; **Common run of men** (ordinary people.) सामान्य मनुष्य; **His blood ran cold** (he was horrified.) वह बहुत डर गया; **His tongue runs** (he talks incessantly.) वह बकवाद करता है; **In the long run** (finally, in the end.) अन्त में; **News ran** (news spread wide.) समाचार फैल गया; **On the run** (fleeting.) भागता हुआ; **The run of mankind** (people in general.) सर्वसामान्य लोग; **To run about** (to hurry from place to place.) भटकना; **To run across** (to fall in with, to come in contact with.) टकराना; **To run after** (to pursue, to follow.) पीछा करना; **To run at** (to attack.) आक्रमण करना; **To run away** (to abscond.) भाग जाना; **To run away with** (to carry off stolen property.) माल लेकर भागना; **To run down** (to become enfeebled.) दुर्बल होना; **To run hard** (to press with sarcasm.) ताना मारना; **To run in** (to rush in.) झपटना; **To run in debt** (to incur a debt.) ऋणग्रस्त होना; **To run off** (to flee.) भाग जाना; **To run out** (to come to an end.) खतम या समाप्त हो जाना; **To run over** (to overflow.) उमड़ उठना; **To run over** (to review, to repeat quickly, to tell over again, to per-

form quickly, to sing a song rapidly, to pass over or knock down a person in riding or driving.) अन्वेषण करना, जाँचना, जल्दी से दोहराना, किसी बात को फिर से कहना, जल्दी से कोई काम करना, जल्दी से गीत दोहराना, घुड़सवारी या गाड़ी चलाने में किसी आदमी को गिरा देना और उसे पार कर जाना; **To run riot** (to go to the utmost excess.) मर्यादा भंग करना; **To run sword into** (to pierce a sword in.) तलवार भोंकना; **To run through** (to peruse.) पढ़ना, मनन करना; **To run to** (to reach.) पहुँचना; **To run up** (to shoot up or grow rapidly.) तेज़ी से उगना या बढ़ना; **To run upon** (to be perplexed.) व्याकुल होना।

Runabout-रन्'-अ-बाउट्-*n.* a small open wagon or motor-car, a vagabond. छोटी खुली गाड़ी या मोटर गाड़ी, घुमक्कड़, आवारा।

Runagate-रन्-अ-गेट् - *n.* a vagabond. इधर उधर भटकनेवाला।

Runaway-रन्'-अ-वे-*n.* a deserter, a fugitive. भगेड़ू, भागनेवाला।

Runcinate-रन्सिनेट् - *adj.* having saw-like teeth. आरी के समान दाँतोंवाला।

Rundle-रन्डल् - *n.* the rung of a ladder. लकड़ी की सीढ़ी का डण्डा।

Rung-रङ्ग्-*n.* the short stick attached at each end of a railing, spoke &c., a step or round of a ladder. कटघरे या आरे के किनारों पर लगाई हुई छोटी लकड़ी, सीढ़ी का डण्डा।

Rung-रङ्ग्-*p. p.* of **Ring.** 'रिङ्ग्' धातु का भूतकाल का रूप, बजाया गया।

Runlet-रन्'-लेट्-*n.* a small stream, a cask of wine. छोटी नदी, मदिरा का पीपा।

Runnel-र-नेल्-*n.* a small brook. छोटा नाला।

Runner-र-नर्-*n.* one who runs, a messenger, a creeping stem that issues from a main stem. दौड़नेवाला, हरकारा, लता की पकड़नेवाली नोक।

Runner-up-र-नर्-अप् - *n.* the second in a race or competition. घुड़दौड़ या प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पाने या दूसरा आनेवाला।

Runnet-र-नेट्-*n.* a fluid used for preparing curd from milk. जाँवन, जोरन।

Running-रनिङ्ग् - *n.* the act of moving swiftly, discharge from a sore. दौड़ान, घाव या फोड़े का स्राव;-*adj.* succession. क्रमिक; **Running account** (current account.) चलता हिसाब; **Running commentary** (notes on stray points only.) स्थान-स्थान पर की टिप्पणी; **Running fire** (successive shots.) गोलियों की लगातार बौछार; **Running hand** (mode of writing in which the pen is not lifted after each letter.) ऐसी लिखावट जिसमें कलम कागज़ पर से बहुत कम उठती है।

Runt-रन्ट्-*n.* an ox or cow of a very small breed. छोटी जाति का बैल या गाय।

Rupee-रु-पी'-*n.* the silver coin of India. भारतवर्ष का चाँदी का सिक्का, रुपया।

Rupestral-रूपेस्ट्रल्-*adj.* growing on rocks. चट्टानों पर उगनेवाला।

Ruption-रप्शन्-*n.* a bursting out. विस्फोट, फटन।

Rupture-रप्चर्-*n.* breach of relation, breaking, fracture, hernia. सम्बन्ध विच्छेद, बिगाड़, कलह (टूटन), आँत उतरना, भेद;-*v. t. & i.* to burst. तोड़ना, टूटना।

Rural-रूरल्-*adj.* pertaining to the country. ग्रामीण, देहाती, गँवार।

Ruralist-रूरलिस्ट्-*n.* one who leads a rural life. ग्रामीण जीवन बितानेवाला।

Rurality-रूरलिटि-*n.* ruralness. ग्रामीणता।

Ruralization-रूरलाइज़ेशन् - *n.* the act of making rural. ग्रामीण बनाने का काम।

Ruralize-रूरलाइज़्-*v. t.* to make rural. देहाती बनाना।

Rurally-रूरलि -*adv.* in a rural manner. गँवारूपन से।

Ruse-रूज़्-*n.* a trick, stratagem, fraud. छल, कपट, बहाना;-*adj.* crafty, artful. धूर्त, चालाक।

Rush-रश्-*n.* a marshy plant, a thing of no value, a swift movement, violent advance, charge, attack. सरहरी (पतली), क्षुद्र वस्तु, अति वेग, आक्रमण, झपट;-*v. t.* to scatter rushes on floor. छत पर घास फैलाना;-*v. t. & i.* to drag along, to make a sudden assault, to press forward, to charge exorbitant price. झपटना टूट पड़ना, दौड़ना, आक्रमण करना, ग्राहक से अधिक मूल्य लेना; **To rush a bill through** (to get a bill passed hurriedly.) जल्दी से नियम स्थिर करना; **To rush at** (to make an attack.) आक्रमण करना; **To rush into print** (to publish quickly.) जल्दी से छाप देना।

Rusk-रस्क्-*n.* a piece of bread cut from loaf and rebaked. रोटी का टुकड़ा जो दुबारा पकाया गया हो।

Russ-रस्-*n.* the Russian language. रूस देश की भाषा।

Russell-र-सॅल्-*n.* a ribbed fabric used for gowns &c. गाउन इत्यादि बनाने का धारीदार कपड़ा।

Russet-र-सट्-*adj.* & *n.* of reddish-brown colour, a home-spun cloth. भूरे रङ्ग का एक प्रकार का मोटा कपड़ा।

Russety-रसॅ-टि-*adj.* of russet colour. धूमिल रङ्ग वाला।

Russian-रशन्-*adj.* pertaining to Russia. रूस देश का;-*n.* the language or native of Russia. रूस देश का निवासी, रूस देश की भाषा।

Russophobia-र-सॅ-फ़ो'-बि-आ-*n.* dread of Russia. रूस का भय

Rust-रस्ट्-*n.* reddish crust formed on iron by oxidation, similar crust on other metals, impaired condition. मण्डूर, बुरी अवस्था, मुर्चा; - *v. t.* & *i.* to undergo oxidation. मुर्चा लगाना या लगना।

Rustic-रस्टिक्-*adj.* unpolished, unrefined, clownish, of the appearance or manners of the country folk. असभ्य, अशिष्ट, देहाती, गँवारू; **Rustically** (-अलि)-*adv.* in a rustic manner. ग्रामीण मनुष्य के ढंग से।

Rusticate-रस्टिकेट्-*v. i.* & *t.* to dwell in a country, to lead a rural life, to turn out from a school or college. देहात में बसना, ग्रामीण जीवन बिताना, कालिज या पाठशाला से निकाल देना; **Rustication** (-शन्)-*n.* residence in the country, temporary banishment from school or college. ग्राम-निवास, पाठशाला से बहिष्कार (कुछ काल के लिये)।

Rusticity - रस्टिसिटि - *n.* rustic manners. ग्राम्यता, गँवारपन।

Rustle-र-सल्-*v. i.* & *t.* to make a low sound as of dry leaves. खड़खड़ाना, खड़खड़ाहट का शब्द करना।

Rustling-रस्लिङ्ग्-*adj.* making a low sound as of leaves. खड़खड़ाता हुआ; **Rustlingly** (-लि) -*adv.* in a rustling manner. खड़खड़ाते हुए।

Rusty-रस्टि - *adj.* (*comp.* **Rustier**, *sup.* **Rustiest.**) affected with rust, impaired, unfit with disuse. मुर्चा लगा हुआ, पुराना, अनुपयोग से भ्रष्ट।

Rut-रट्-*n.* the track made by a wheel, groove, periodical sexual excitement in some animals. चक्रमार्ग, पहिया चलने की लकीर, कुछ पशुओं में मैथुन की सामयिक उत्तेजना।

Ruth-रूथ्-*n.* pity, compassion, mercy, sorrow for the misery of others. दया, दूसरों के कष्ट पर तरस; **Ruthful** (-फ़ुल्)-*adj.* compassionate. दयालु, कृपालु; **Ruthless** (-लॅस्)-*adj.* cruel, pitiless. निर्दय (निर्मोही), क्रूर; **Ruthlessly** (-लॅस्-लि) -*adv.* cruelly. निर्दयता से; **Ruthlessness** (-लॅस्-नॅस्) -*n.* the state of being ruthless. निर्दयता।

Rutilant-रू' - टिलन्ट्-*adj.* shining, brilliant. चमकीला, देदीप्यमान।

Rutty-रटि-*adj.* filled with sexual desires. मैथुन की इच्छा से पूर्ण।

Rye-राइ-*n.* a cereal for bread in some parts of Europe. एक प्रकार का अन्न जिसकी रोटी योरोप में खाई जाती है।

Rye-grass-राइ'-ग्रास्-*n.* a kind of grass used for fodder. एक प्रकार की चरी जो पशुओं को खिलाई जाती है।

Rymer-राइमर्-*n.* one of the posts used in paddle. पात्रदान में लगाने का काँटा।

Ryot-राइ'-अट्-*n.* an Indian peasant. रैयत (किसान), भारतवर्ष का खेतिहर।

S-एस्-the nineteenth letter of the English alphabet, any object shaped like S. Roman numeral for 70 or 70,000. अंग्रेजी वर्णमाला का उन्नीसवाँ अक्षर, इस अक्षर के आकार का कोई पदार्थ, रोमन संख्या में ७० अथवा ७०,००० के लिये संकेत; Collar of S (a collar composed of links in the form of S.) जंजीर या पट्टा जिसमें S अक्षर के आकार की कड़ियाँ गुथी होती हैं।

Sabaism-से-बे-इज़्म्-*n.* star worship. तारों का पूजन।

Sabaoth-सबे'-ऑथ्-*n.* *pl.* armies. सेनायें।

Sabbatarian-सैब्'-अ-टे-रिअन्-*n.* & *adj.* the Christian who observes Sunday as the Sabbath. क्रिस्तान जो रविवार को विश्राम-दिवस मनाता है; Sabbatarianism (-इज़्म्) -*n.* the principle of observing Sunday as the Sabbath. रविवार को विश्राम-दिवस मनाने का सिद्धान्त।

Sabbath-सैबथ् -*n.* the seventh day of the week as day for religious rest, period of rest. सप्ताह का सातवाँ दिन जिसमें धार्मिक विश्राम लिया जाता है, विश्राम का समय; Sabbathless (-लेस्) -*adj.* having no sabbath, without intermission of daily labour. बिना विश्राम का दैनिक कार्य।

Sabbatic, Sabbatical-सैबैटिक् (-अल)-*adjs.* pertaining to sabbath. विश्राम-दिवस-सम्बन्धी; Sabbatically (-लि) - *adv.* in a sabbatic manner. विश्राम-दिवस मनाते हुए; Sabbatize (-आइज़्)-*v. t.* to make a day as a sabbath. किसी दिन को विश्राम-दिवस बनाना।

Sable-से - बूल्-*n.* a small carnivorous quadruped, its fur. नेवले की तरह का एक मांसभक्षी पशु, उसका रोआँ; - *adj.* & *n.* black, mourning garments. काले रङ्ग का मातमी वस्त्र; Sabled (-ड्) -*adj.* wearing sable dress. काला वस्त्र पहिने हुए।

Sabot-सैबॅ-*n.* a kind of wooden shoe. एक प्रकार की खड़ाऊँ; Saboted (-टेड्) - *adj.* wearing wooden shoes. खड़ाऊँ पहिने हुए।

Sabotage-सैबॅ'-टाझ्-*n.* wilful destruction of machinery, tools &c. by workmen. हड़तालियों का जान-बूझकर यन्त्र इत्यादि तोड़ना।

Sabre-से'-बर् -*n.* a sword with a curved blade. कृपाण, तलवार; -*v. i.* to strike with sabre. तलवार से घायल करना।

Sabulous-सै-ब्यु - लस्-*adj.* of sand, sandy. बालू का, पथरीला।

Saburra-सैबरा-*n.* foul matter deposited in stomach, sordes. पेट में जमी हुई पथरी।

Sac-सैक्-*n.* a bag-like membrane in living organism. सजीव जन्तु के शरीर में थैलानुमा झिल्ली।

Saccate-सैं-केट्-*adj.* filled in a sac. झिल्ली की थैली में भरी हुई।

Sacciform-सैक्सि-फॉर्म्-*adj.* of the form of a sac. थैली के आकार का।

Saccular-सैं-क्यु-लर्, Sacculated (-ले-टेड्) -*adjs.* of the form of a sac. थैली के आकार का।

Sacculation-सैक्युलेशन्-*n.* forming a membrane. झिल्ली की थैली बनाना।

Saccule-सैं'-क्यूल्-*n.* (*pl.* Sacculi.) a small sac.) छोटी थैली।

Sacerdotal-सैं-सर्डोटल्-*adj.* of priests, priestly. याजकीय, पुरोहित-सम्बन्धी; Sacerdotalism (-इज़्म्)-*n.* priestly system. पुरोहिती विधि; Sacerdotalist (-इस्ट्)-*n.* a supporter of priesthood. पुरोहिती विधि का समर्थक।

Sacerdotalize-सैसर्डोटलाइज़्-*v. t.* to work as a priest. पुरोहित का कार्य करना।

Sacerdotally - सैसर्डोटलि-*adv.* in a priestly manner. पौरोहित्य कर्म से।

Sachem-से-चेम्-*n.* a chief of some American Indian tribes. अमेरिका देश के आदिवासियों का सरदार।

Sachet-साशे-*n.* a small perfumed bag for keeping in clothes. वस्त्रों में रखने का सुगन्धित छोटा झोला।

Sack-सैक्-*n.* a large oblong bag of hemp or flax used for storing goods, a kind of loose garment, plunder, a kind of white wine. बोरा, थला, लबादा, लूट-पाट, एक प्रकार की सफ़ेद मदिरा; -*v. t.* to fill in a sack, to plunder, to defeat in match or fight. बोरे में भरना, लूटना, लड़ाई में हराना।

Sackage-सैक्'-एज्-*n.* the act of pillaging. लूटने का कार्य।

Sackbut-सैक्'-बट्-*n.* a kind of trumpet. एक प्रकार का अलगोजा।

Sackcloth-सैक्'-क्लॉथ्-*n.* coarse cloth. मोटा कपड़ा, टाट।

Sacker-सैकर्-*n.* one who sacks a town. नगर को लूटनेवाला।

Sackful-सैक्'-फुल्-*n.* as much as a sack can hold. बोराभर पदार्थ।

Sacking-सैकिङ्ग्-*n.* material for making sacks. बोरा बनाने का टाट।

Sackless-सैक्'-लेस्-*adj.* harmless, guiltless. निर्दोष, निरपराध।

Sackrace-सैक्'-रेस्-*n.* a kind of race in which the body upto the neck is covered in a sack. गर्दन तक बोरे में बन्द होकर दौड़ना।

Sacrament-सैक्रमेंन्ट् - *n.* a religious ceremony, a thing of mysterious significance. धर्मविधि (संस्कार रूप), विलक्षण वस्तु या बात; -*v. t.* to bind by oath. शपथ द्वारा बाँधना; **Sacramental** (-अल्) -*adj.* pertaining to sacrament. संस्कार-सम्बन्धी ; **Sacramentalism** (-अल्-इज़्म्)-*n.* appreciation of sacrament. धर्मविधि; **Sacramentalist** (-अल्-इस्ट्) -*n.* sacramentary. धर्मविधि करनेवाला ; **Sacramentality** (-अल्-इट्-इ)-*n.* sacramental rites. संस्कार; **Sacramentally** (-अलि) -*adv.* in a sacramental manner. धर्मविधि से।

Sacrarium-सैक्र रिअम्-*n.* (*pl.* Sacraria.) a shrine, a temple. देवमन्दिर।

Sacred-से'-क्रेड्-*adj.* consecrated to a deity, holy, divine, pertaining to the worship of God. पवित्र, अलौकिक, सुप्रतिष्ठित, ईश्वर-पूजा-सम्बन्धी ; **Sacred grove** (a place for a hermit's meditation (specially a wood). तपोवन ; **Sacred knowledge** (knowledge of scriptures.) वेदज्ञान; **Sacred spot** (holy place.) पुण्यस्थान, तीर्थ ; **Sacredly** (-लि) -*adv.* in a holy manner. पवित्रता से; **Sacredness** (-नेस्)-*n.* the state of being holy. पवित्रता।

Sacrificant-सैक्रि-फ़िकन्ट्-*n.* one who offers a sacrifice. यज्ञ करनेवाला मनुष्य।

Sacrifice-सैक्रि-फ़ाइस्-*n.* the slaughter of an animal for offering to a deity, victim, offering, abandonment, surrender, ruin. यज्ञ या होम के लिये बलिदान, बलि-पशु, अर्पण, त्याग, समर्पण, विनाश; -*v. t.* to offer to a god on an altar, to destroy, to kill. बलिदान करना (अर्पण करना), नष्ट करना, हत्या करना; **Sacrificer** (-अर्) -*n.* one who makes a sacrifice. यजमान, यज्ञ करनेवाला।

Sacrificial-सैक्रि-फ़िश्'-ल्-*adj.* pertaining to sacrifice. यज्ञ (बलिदान) सम्बन्धी; **Sacrificially** (-लि) -*adv.* in a sacrificial manner. बलि कर्म से, बलिदान करते हुए।

Sacrilege-सैक्रिलेज्-*n.* profanation of sacred things, robbery of sacred things. पवित्र वस्तु को दूषित करने या देवस्व को लूटने का काम।

Sacrilegious-सैक्रिलिजस्-*adj.* profane. देवस्व का अपहारी; **Sacrilegiously** (-लि) -*adv.* in a profane manner. ऐसा अपहरण करते हुए।

Sacrist-से'-क्रिस्ट्-*n.* one who keeps the property of a church sacred. गिरजाघर के सामान को पवित्र रखनेवाला।

Sacristy-सैक्रिस्टि-*n.* the place in a church for keeping sacred utensils. गिरजाघर में पवित्र पात्रों को रखने का स्थान।

Sacrosanct-सैं - क्रॅ - सैङ्क्ट्-*adj.* sacred, inviolable. पवित्र, पुण्यमय।

Sacrum-से'-क्रम्-*n.* the triangular bone at the back of pelvis. कमर के पीछे की तिकोनी हड्डी; **Sacral** (-क्रल्) -*adj.* pertaining to sacrum. इस हड्डी से सम्बन्धित।

Sad-सैड्-*adj.* (*comp.* Sadder, *sup.* Saddest.) sorrowful, mournful, showing sorrow. शोलाकुल, उदासीन, खिन्न, दुःखी; -*v. t.* to make solid, firm or stiff, to compress, to make sorrowful. ठोस, पुष्ट (मजबूत) या कड़ा बनाना, दबाना, दुःखी बनाना।

Sadden-सैड्'-न्-*v. t.* to make sorrowful. दुःखी करना।

Saddle-सैड्'-ल्-*n.* a rider's seat to be placed on a horse's back, the seat of a bicycle, anything shaped like it. घोड़े की जीन या काठी, पैरगाड़ी की बैठकी, खोगीर ;-*v. t.* to put a saddle on, to lead. घोड़े की पीठ पर जीन कसना, किसी मनुष्य पर कार्य का भार देना ; **Saddlebag** (the support of a saddle.) खुरजी; **Saddlecloth** (a cloth put under a saddle.) काठी के नीचे की गद्दी या नमदा ; **Saddled** (-ड्)-*adj.* with a saddle fitted. काठी कसा हुआ; **Saddle-horse** (-हॉर्स्)-*n.* a horse for riding. घुड़सवारी का घोड़ा; **Saddleless** (-लेस्)-*adj.* without a saddle. बिना काठी का; **Saddler** (-अर्) -*n.* one who makes saddles, a soldier-in-charge of cavalry saddles. काठी या साज बनानेवाला मोची, फौजी घोड़ों की काठी का प्रबन्धक सैनिक ; **Saddlery** (-रि)-*n.* the material for making saddles, trade of a saddler. साज या जीन बनाने का सामान, जीनसाज़ी।

Sadiron-सैड्‌ - आयरन्-*n.* an iron for ironing. इस्तिरी करने का लोहा।

Sadism-स (सा) -डिज़्म् - *n.* love of cruelty arising from sexual perversion. विकृत सम्भोग में क्रूर व्यवहार करने की लालसा।

Safe-सेफ़्-*n.* (*pl.* Safes.) a ventilated box for provisions, a fire-proof and burglar-proof chest for keeping valuables. भोजन रखने की जालीदार अलमारी, मूल्यवान् पदार्थ रखने की लोहे की सन्दूक; -*v. t.* to guard. रक्षा करना; -*adj.* secure, uninjured, out of danger. सुरक्षित, निःशंक, भय-रहित; Safe and sound (free from danger.) कुशल, स्वस्थ; Safe-guard (-गार्ड्)-*n.* defence, protection. रक्षा, बचाव; Safely (-लि)-*adv.* in a safe manner. निर्भयता से; Safeness (-नेंस्)-*n.* the quality of being safe. सुरक्षित अवस्था; Safety (-टि)-*n.* (*pl.* Safeties.) freedom from danger, security. रक्षा, (भय-मुक्ति) बचाव; Safety-lamp (a lamp covered with gauze to give light in mines.) खान में ले जाने का लम्प; Safety-match (a match that ignites only by being rubbed on a box.) केवल विशिष्ट प्रकार के मसाले पर रगड़ने से जलनेवाली दियासलाई; Safety-pin (a pin with a guarded point.) कोना न चुभनेवाली आलपीन; Safety-razor (a razor with guard so that it may not pierce skin when shaving.) ऐसा उस्तरा जिससे हजामत बनाने में दाढ़ी न कटे; Safety-valve (a valve which opens automatically to relieve excessive pressure in an engine.) इञ्जन में का ऐसा हट्टा जो भाफ़ का दवाव अधिक बढ़ जाने पर स्वयं खुल जाता है।

Saffian-सैफ़िअन्-*n.* tanned and dyed leather of goatskin or sheepskin. बकरी या भेंड़ का कमाया और रँगा हुआ चमड़ा।

Safflower-सैफ़्लावर्-*n.* a plant which yields a red dye. कुसुम।

Saffron-सैफ़्रन्-*n.* the stigma of a plant of crocus family used for colouring. केशर, कुमकुम; -*v. t.* to colour with saffron. केशर से रँगना; Saffrony (-इ)-*adj.* of the colour of saffron. केसरिया।

Safranin-सैफ़्रनिन्-*n.* the yellow colouring matter of saffron, coal-tar dye giving yellowish-red colour. केशर में पीला रँगनेवाला तत्व, अलकतरे का पीला-लाल रंग।

Sag-सैग्-*v. i.* (*p. t.* Sagged.) to sink under pressure, to decline in price, to bulge in a downward direction. दबाव से धँसना, दाम में कम होना, नीचे की ओर फूलना; -*n.* a drip, a droop. झुकाव, दबाव।

Sagacious-स-गे-शस्-*adj.* gifted with acute discernment, acute-minded, practically wise. कुशाग्रबुद्धि (चतुर), मेधावी, तीक्ष्ण बुद्धि का; Sagaciously (-लि)-*adv.* in a sagacious manner. सूक्ष्म बुद्धि से, चतुराई से।

Sagacity-स-गै-सिटि-*n.* quickness of discernment. सूक्ष्मबुद्धि से, चतुराई।

Sage-सेज्-*n.* a kind of aromatic herb. एक प्रकार की सुगन्धित वनस्पति; -*adj.* & *n.* wise, judicious, wise-looking, a wise man. पण्डित, ज्ञानी, महात्मा, मुनि, सिद्धजन; Sagely (-लि)-*adv.* in a wise manner. पण्डिताई से, बुद्धिमानी से; Sageness (-नेंस्)-*n.* wisdom, sagacity. पाण्डित्य, बुद्धिमानी।

Sagital-सजिटल्-*adj.* resembling an arrow, arrow-shaped. बाण के समान।

Sagittarius-सै-जिटे रिअस्-*n.* the Archer, the ninth sign of the zodiac. धनुर्धारी, धनुराशि।

Sagittate, Sagittated-सैजिटेट्, (-एड्)-*adjs.* shaped like an arrow-head. तीर की नोक की शकल के समान।

Sago-से-'-गो-*n.* a kind of palm which yields a dry granulated starch. साबूदाना का वृक्ष, सागू।

Said-सैड्-*p.* & *p. p.* of Say. told. कहा।

Saiga-सै (-स) गा-*n* a kind of antelope. एक प्रकार का बारहसिंगा।

Sail-सेल्-*n.* a piece of stout cloth or canvas extended in a vessel to catch wind. वातवस्त्र, पाल; -(*pl.*) ships, a contrivance to catch wind. (व० व०) जहाज़, हवा के रोकने का कोई साधन;-*v. t.* & *i.* to travel in water, to navigate, to glide in air. जल पर यात्रा करना, जहाज़ पर चलना, आकाश में चलना; Sail-cloth (canvas for making sails.) टाट या किरमिच जिसका पाल बनता है; Sailed (-ड) -*adj.* fitted with sails. पाल लगा हुआ।

Sailable-सेलें - बल्-*adj.* navigable. जहाज चलने योग्य।

Sailer-सेलर्-*n.* kind of vessel. एक विशेष प्रकार का जहाज़।

Sailing-सेलिङ्ग्-*n.* a sea-voyage. समुद्र-यात्रा।

Sailless-सेल्'-लेंस्-*adj.* without sails. बिना पाल का।

Sail-loft-सेल्-लॉफ्ट्-*n.* house in which sails are made. पाल बनाने का घर ।

Sailor-सेलर्-*n.* a seaman, a mariner. नाविक, मल्लाह; **Sailoring** (-इङ्ग)-*n.* seamanship. जहाजी कार्य; **Sailorless** (-लेस्)-*adj.* devoid of sailors. बिना मल्लाह का; **Sailorly** (-लि) -*adv.* like a sailor. नाविक की तरह से ।

Sail-plane-सेल्'-प्लेन्-*n.* an aeroplane without an engine. बिना इंजन का हवाई जहाज ।

Sain-सेन्-*v. t.* to protect by divine power. दैवी शक्ति द्वारा रक्षा करना ।

Saint-सेन्ट्-*adj.* (*abbr.* St.) holy. पुण्य, पवित्र, सिद्ध; -*n.* one of the blessed, canonized person, one of God's chosen people, a person of great holiness. सिद्धजन, ऋषि, मुनि, सन्त;-*v. t.* to make a saint of. सिद्ध बनाना; **Sainthood** (-हुड्), **Saintship** (-शिप्)-*ns.* the qualities of a saint. ऋषि का पद; **Saintlike** (-लाइक्)-*adj.* similar to a saint. ऋषि-तुल्य; **Saintliness** (-लि-नेस्)-*n.* the quality of being saintly. सिद्धजनत्व; **Saintly** (-लि)-*adj.* befitting a saint. पुण्यात्मा, पवित्र ।

Saith-सेथ्-*third per. sing.* of Say. कहता है ।

Sake-सेक्-*n.* cause, reason. कारण (हेतु), प्रयोजन; **For the sake of** (with the purpose of.) वास्ते, लिये ।

Sake-सीकें-*n.* Japanese liquor prepared from rice. चावल की बनी हुई जापानी मदिरा ।

Sal-सॅल्-*n.* salt. (*in chem.*) नमक (क्षार) ।

Sal-साल्-*n.* a valuable timber tree of India. साखू का वृक्ष ।

Salability-सेलेबिलिटि-*n.* state of being salable. बिक्री के योग्य स्थिति ।

Salable-सेलेबल्-*adj.* fit for sale. बेचने योग्य ।

Salacious-सेले' - शस् - *adj.* lustful. कामातुर; **Salaciously** (-लि)-*adv.* lustfully कामातुर ढंग से या रूप में: **Salaciousness** (-नेस्)-*n.* the state of being salacious. कामातुरता ।

Salad-सॅलड्-*n.* a dish of uncooked vegetables. कच्चे साग का अचार, रायता, सलाद; **Salad-days** (inexperienced time of youth.) युवावस्था का अनुभवहीन काल ; **Salad-oil** (pure olive oil.) शुद्ध जैतून का तेल ।

Salamander - सॅल'- अ - मन्डर्-*n.* a lizardlike reptile supposed to live in fire, one who can endure great heat. छिपकली के प्रकार का एक जन्तु जो अग्नि में रहनेवाला माना जाता है, बड़ी गरमी सहनेवाला मनुष्य ।

Sal-ammoniac-सॅलि-अमोनिॲक्-*n.* ammonium chloride. नौसादर ।

Salangane-सॅलङ्गन्-*n.* a kind of swallow एक प्रकार की छोटी चिड़िया ।

Salaried-सॅल-रि-इ-*adj.* paid by salary. वेतन पानेवाला ।

Salary-सॅलरि-*n.* (*pl.* **Salaries.**) periodical payment for service, pay. वेतन (वृत्ति), तनख्वाह;-*v. t.* (*p. t.* **Salaried.**) to pay for service. नौकरी की तनख्वाह देना ।

Sale-सेल्-*n.* exchange of commodity for money, act of selling, market, amount sold. धन के लिये वस्तुओं का विनिमय, बिक्री, बेंची, बिका हुआ पदार्थ, बाजार ।

Saleable-सेलेबल्-*adj.* able to be sold. बेचे जाने योग्य ।

Salebros-सॅलि-ब्रस्-*adj.* rugged, rough. ऊँचा-नीचा, असमतल ।

Salep-सॅलें-प्-*n.* dried orchis tubers, a kind of nutritive drug made from them. भूमिगत गाँठदार पौधे की सुखाई हुई गाँठ, उनसे बनाई गई एक प्रकार की पुष्टिकारक दवा ।

Saleratus-सॅलरेटस्-*n.* bicarbonate of soda used in baking. कलमी शोरा ।

Salesman-सेल्ज़्'-मॅन्-*n.* one who sells merchandise. बिक्री करनेवाला; **Salesmanship** (-शिप्)-*n.* the work of a salesman. बेचने का कार्य ।

Saleswoman-सेल्स्'-वु-मन्-*n.* a woman who sells goods. बेचनेवाली स्त्री; **Saleswork** (-वर्क्) -*n.* things made just good enough to be sold. चालू बिक्री के माला ।

Salicin-सॅलि'-सिन्-*n.* a kind of bitter medicine. एक प्रकार की कड़वी औषधि, चिरायता ।

Salience-सें लिअन्स्-*n.* the state of being salient. उभाड़; **Saliency** (-सि)*n.* prominence. विशिष्टता; **Salient** (-ऍन्ट्)-*adj.* jetting forth, projecting, prominent, conspicuous. उभड़ा हुआ, निकला हुआ, प्रबल, प्रधान, मुख्य; **Saliently** (-ऍन्ट्-लि)-*adv.* in a salient manner. प्रधान ढंग से या रूप में ।

Saliferous-सॅलिफ़रस्-*adj.* of strata containing a large quantity of salt. भूमि के भीतर की तह जिसमें नमक का अंश अधिक हो ।

Salification-सॅलिफ़िकेशन्-*n.* changing into salt. नमक में परिणत हो जाना ।

Salify-सॅलि-फ़ाइ'-*v. t.* (*p. t.* **Salified.**) to convert into salt. नमक में परिणत करना ।

Salimeter-सॅलि-मि-टर्-*n.* an instrument for

measuring the density of sea water. समुद्र के जल का घनत्व नापने का यन्त्र।

Salina-स-लाइ-ना-*n.* a salt lake or spring, salt works. नमक की झील या सोता, नमक बनाने का कार्यालय।

Saline-सॅ-(सॉ) लाइन्-*adj.* & *n.* filled with salt, containing salt, of the nature of salt. नमक से भरा हुआ, नमकीन, क्षारीय (खारा);-*n.* a salt lake, a factory for preparing salt. खारी झील, नमक बनाने का कारखाना; **Saline soil** (desert land.) ऊसर भूमि; **Salineness**(-नॅस्) -*n.* the state of being saline. खारापन।

Saliniferous-सॅलिनिफ़रस्-*adj.* producing salt. नमक पैदा करनेवाला।

Saliva-सलाइवा-*n.* a colourless liquid secreted by certain glands in the mouth. लार, थूक; **Salival** (-वल्), **Salivary** (-वरि)-*adjs.* pertaining to saliva. लार-सम्बन्धी; **Salivant** (-वन्ट्)-*adj.* that which produces salivation. अधिक थूक निकालनेवाला।

Salivate-सॅलि-वेट्-*v. t.* & *i.* to produce unusual quantity of saliva. अधिक लार बहाना, मुख में बारम्बार थूक आना; **Salivation** (-शन्) -*n.* act of producing excessive quantity of saliva. अधिक परिमाण में लार बहाने की क्रिया।

Sallenders-सॅलें-न्डर्ज्-*n. pl.* eruption inside the hock of the hind leg of a horse. घोड़े की गुमटी में सूजन या फोड़ा।

Sallow-सॅ'-लो-*n.* the willow tree. एक प्रकार के बेंत का पौधा;-*adj.* of pale-brown colour. भूरे रंग का; **Sallowish** (-इश्)-*adj.* somewhat brown. कुछ भूरा; **Sallowness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being sallow. भूरापन; **Sallowy** (-इ) *adj.* full of willows. बेंतदार।

Sally-सॅ'-लि-*n.* (*pl.* **Sallies.**) a leap, a sudden rush, sudden start into activity, excursion, outburst, witty remark, flight of fancy. छलाँग, झपट्टा (आक्रमण) शत्रु का एकाएक टूट पड़ना, विप्लव, भ्रमण, विहार, बुद्धि-विलास, कल्पना-शक्ति की दौड़;-*v. i.* (*p. t.* **Sallied.**) to make an excursion, to rush out suddenly. यात्रा करना, घूमना, (क़िले से निकलकर) टूट पड़ना।

Sally-port-सॅ-लि-पोर्ट्-*n.* a postern gate for troops. निर्गम-स्थान (द्वार)।

Salmagundi-सॅल्मगन्डि-*n.* a dish of meat mixed with various ingredients, a miscellaneous collection. अनेक पदार्थों का मिश्रित भोजन, मिश्रित समुदाय।

Salmon-सॅमन्-*n.* a fresh water fish of silvery skin and orange flesh much prized for food. चाँदी के समान खाल और नारंगी रंग के मांसवाली नदी की मछली जो बड़े चाव से खाई जाती है; **Salmon-colour** (orange colour.) नारंगी रंग।

Saloon-सॅलून्-*n.* a spacious hall or large room, a large cabin, a railway carriage without compartments, a public-room for hairdressing or dancing. बड़ा कमरा या दालान, जहाज़ में यात्रियों का बड़ा कमरा, रेल-गाड़ी का लम्बा डब्बा, बाल बनाने या नाचने का अभ्यास करने का सार्वजनिक कमरा; **Saloon pistol** (a kind of pistol.) थोड़ी दूर तक गोली फेंकनेवाली पिस्तौल।

Seed-cake (-केक्)-*n*. a sweet cake containing caraway seeds. अजवाइन मिली मीठी टिकिया; **Seed coat** (-कोट्)-*n*. the outer coat of a seed. बीज का आवरण, बीज का छिलका; **Seedcorn** (-कॉर्न्) -*n*. corn reserved for seed. बीज बोने के लिए सुरक्षित अन्न; **Seeded** (-ऍड्)-*adj*. full of seeds. बीजों से पूर्ण; **Seeder** (-अर्)-*n*. a seed-drill बीज बोने का यन्त्र।

Seedily-सीड्'-इ-लि-*adv*. shabbily. बीज-पूर्णता से।

Seediness-सीड्'-इ-नॅस्-*n*. the state of being seedy. बीज-पूर्णता; **Seed-leaf** (-लीफ़्)-*n*. the first leaf of a seed. बोये हुए बीज की पहली पत्ती; **Seedless** (-लॅस्)-*adj*. without seeds. निर्बीज, बिना बीये का; **Seedling** (-लिङ्ग्)-*n*. the plant raised from a seed, a young plant. बीज से उत्पन्न किया हुआ पौधा, छोटा कोमल पौधा; **Seedsman** (-ज़्'-मॅन्) -*n*. a seed-seller. बीज-विक्रेता; **Seed-pearl** (-पर्ल्) -*n*. a small pearl. छोटा मोती; **Seed-plot** (-प्लॉट्) -*n*. nursery ground. बेहन डालने की भूमि।

Seed-time-सीड्'-टाइम् -*n*. sowing season. बोने का समय; **Seed-vessel** (-वॅस्-सल्')-*n*. the pericarp. बीज का कोष; **Seed-wool** (-वूल्)-*n*. raw cotton. कपास, बिनौले समेत रुई।

Seedy-सी-डि -*adj*. full of seeds, having the taste of seeds, worn out, out of sorts, shabby. बीजपूर्ण, बीज भरा हुआ, बीज के स्वाद-वाला, फटा पुराना, थका हुआ, अस्वस्थ, गंदा।

Seek-सीक् - *v. t. & i.* (*p. t.* **Sought** सॉट्) to make an inquiry for, to endeavour to do, to ask for, to pursue, to aim at. खोजना, प्रयत्न करना, अनुसरण करना, प्रार्थना करना, इच्छा करना; **To seek out** (to single out.) अलगाना; **To seek through** (to make inquiry.) खोज निकालना।

Seeker-सीकर् - *n*. one who investigates. खोजनेवाला।

Seel-सील् - *v. t.* to shut or close the eyes, to hoodwink. आँख बन्द करना, कनखी से सैन मारना।

Seem-सीम् -*v. t.* to have the appearance of, to appear to be true. मालूम होना, जान पड़ना; **It seems to me** (it appears to me.) मैं समझता हूँ; **Seemer** (-अर्)-*n*. one who has a semblance. आकृतिवान्; **Seeming** (-इङ्ग्) -*adj*. having the appearance of. दिखावटी;

Seemingly (-इङ्ग्-लि)-*adv*. in appearance कृत्रिम रूप से, दिखाव में; **Seemingness** (-इङ्ग्-नॅस्)-*n*. plausibility. सुन्दर आकृति; **Seemliness** (-लि-नॅस्)-*n*. grace, fitness, propriety. सुन्दरता, योग्यता; **Seemly** (-लि)-*adj*. decent, becoming. विनीत, उचित, उपपन्न।

Seen-सीन् -*p. p.* of see. देखा हुआ।

Seer-सीअर् -*n*. a person who sees visions, a prophet. भविष्यद्‌र्शी, सिद्ध पुरुष; **Seership** (-शिप्) -*n*. the rank of a seer. सिद्ध पुरुष का पद।

Seesaw-सी'-सॉ - *n*. a game in which two children at each end of a board fixed on a pivot alternately move up and down. लड़कों का झूला, ढेंकुल



Seesaw.

-*v. t.* (*p. t.* **Seesawed.**) to move with a reciprocating motion. ऊपर-नीचे होना, ढेंकुल पर खेलना;-*adv*. up and down. ऊपर-नीचे।

Seethe-सीद्'-*v. t. & i.* (*p. t.* **Seethed, Sod.** *p. p.* **Seethed, Sodden.**) to cook by boiling, to be agitated. क्वाथ बनाना (उबालना), उत्तेजित होना।

Seether-सीद्' - अर् - *n*. a pot for boiling. किसी वस्तु को उबालने का पात्र।

Segment - सॅग्मॅन्ट् - *n*. a part cut off from something, a part cut off from a figure by a line. भाग (खण्ड), वृत्तखण्ड; -*v. t.* to divide into segments. खण्ड या टुकड़ा करना; **Segmental** (-अल्) - *adj*. pertaining to a segment. वृत्त-खण्ड से संबंधित; **Segmentally** (-अलि)-*adv*. in the form of a segment. वृत्त-खण्ड के आकार में; **Segmentary** (-अरि) -*adj*. segmental. वृत्त-खण्ड का।

Segmentation-सॅग्-मॅन्'-टे'-शन्-*n*. a dividing into segments. खण्डकरण।

Segregate-सॅग्रि-गेट् - *v. t.* to isolate, to separate from others. पृथक् करना, अलगाना; -*adj*. separate. पृथक्, अलग।

Segregation-सॅग्रि-गे-शन् - *n*. a separation. वियोग, अलगाव।

Segregative-सॅग्रि-गे'टिव् -*adj*. separating. अलग करनेवाला।

Seidlitz-powder-सॅड्'-लिट्ज़्-पाउ-डर् - *n*. an effervescing laxative powder. उफननेवाली एक रेचक औषधि।

Seigneur-सेन्यर्,**Seignior**-सें'निअॉर्-*n.* lord, a title of respect. स्वामी, महाशय, आदर की पदवी ।

Seigniorial-सें-निअॉ-रिअल्-*adj.* pertaining to seignior. प्रभु या स्वामी का ।

Seigniorage-सें-निअॉरेज्-*n.* royal prerogative. प्रभुत्व, बड़ा अधिकार ।

Seigniory-सें-'निअॉरि - *n.* lordship. राजकीय सत्ता, प्रभुत्व ।

Seine-सेन्-*n.* a kind of fishing net. एक प्रकार का मछली पकड़ने का जाल;-*v. t. & i.* to fish with a seine. ऐसे जाल से मछली पकड़ना ।

Seismal, Seismic-साइज़् - मल, (-मिक्) *-adjs.* pertaining to earthquake. भूकम्प-सम्बन्धी ।

Seismo-साइज़्मॅ'-*pref.* in the sense of "earthquake" "भूकम्प" अर्थ का उपसर्ग ।

Seismograph-साइज़्मॅ'-ग्राफ्-*n.* an apparatus for registering earthquakes. भूकम्प-सूचक यन्त्र; **Seismography** (-इ)-*n.* an account of earthquakes. भूकम्प का वर्णन ।

Seismologist-साइज़्मॅ-लॅजिस्ट्-*n.* one who is versed in seismology. भूकम्प-विज्ञान में निपुण ।

Seismology-साइज़्मॅ-लॅजि-*n.*the science of earthquakes. भूकम्प-विषयक शास्त्र, भूकम्प-विज्ञान ।

Seismometer-साइज़्मॅ'-मिटर्-*n.* an instrument for measuring the intensity of earth quakes. भूकम्प की प्रबलता को अङ्कित करने का यन्त्र ।

Seizable-सीज़ॅब्ल्-*adj.* able to be seized. पकड़ने योग्य, जब्त करने योग्य ।

Seize-सीज़्-*v. t. & i.* to take possession of by force, to catch, to confiscate, to attach. पकड़ना, धरना, छीन लेना, जब्त करना ।

Seizer-सीज़र्-*n.* one who seizes. पकड़नेवाला ।

Seizin, Seisin-सीज़िन्-*n.* legal possession of a land. जमींदारी पर कानूनी अधिकार करण ।

Seizing-सीज़िङ्ग्-*n.* act of catching. पकड़, अधिकार ।

Seizor-सीज़र्-*n.* one who takes possession. हरण करनेवाला ।

Seizure-सीज़र्-*n.* the act of seizing, sudden attack. पकड़, अचानक आक्रमण (रोग), धावा ।

Sejugous-सी-जु-गस्-*adj.* with six pairs of leaves. छः जोड़ा पत्तियोंवाला ।

Sejunction-सीजंक्शन् - *n.* separation. वियोग, अलगाव ।

Selah-सी'-ला-*n.* a pause in the recitation of Psalms. बाइबिल के भजन गाने में विश्राम ।

Seldom-सें'ल्डम्-*adv.* rarely, not often. कदाचित् , विरले ही ।

Select-सिलॅक्ट'-*v. t.* to choose as the best. कराना (छाँटना), चुनना;-*adj.* preferable. उत्कृष्ट, चुना हुआ ।

Selected-सिलॅक्टेड्- *adj.* chosen. चुना हुआ; **Selectedly** (-लि)-*adv.* with care in selection. चुनते हुए ।

Selection-सिलॅक्शन्-*n.* the act of selecting. सङ्कलन, चुनाव ।

Selective-सें-लॅ क्टिव़-*adj.* capable of selection. चुनने योग्य; **Selectively** (-लि) *-adv.* in a selective manner. चुनते हुए ।

Selector-सिलॅक्टर् - *n.* one who makes a selection from a number of things. बहुत-सी वस्तुओं में से चुननेवाला ।

Selenite-सें लिनाइट्-*n.* sulphate of lime in crystal form. (चन्द्रकान्त मणि में) दानेदार चूने का सल्फेट ।

Selenite-सिलीनाइट्-*n.* a supposed inhabitant of the Moon. कल्पित चन्द्रलोकवासी ।

Selenium-सि-ली'-नि - अम्-*n.* a non-metallic element similar to sulphur. गन्धक के प्रकार का एक अधातु द्रव्य ।

Seleno-सि-ली-नें-*pref.* in sense of 'moon. 'चन्द्रमा' अर्थ का उपसर्ग; **Selenographer** (-ग्रॅफ़र्)-*n.* one who photographs the moon. चन्द्रमा का आलोकचित्र खींचनेवाला; **Selenography** (-ग्रॅफ़ि)-*n.* description of the moon. चन्द्रमा के वर्णन की विद्या; **Selenotropic** (-ट्रॉपिक्)-*adj* turning towards the moon. चन्द्रमा की ओर झुकने या मुड़ने वाला ।

Self-सेंल्फ़्-*n.* (*pl.* Selves) a person's identity or individuality, one's own interest, sameness. निजी व्यक्तित्व, स्वयम्, अपनी निजी रुचि, अपना स्वार्थ,एकता;-*adj.* same, own.अपना,निजी, वही; **Self-abandonment** (-अ-बन्'डन्-मॅन्ट) -*n.* disregard for one's self. आत्म-परित्याग; **Self-abasement** (-अॅ-बॅस् - मॅन्ट्)-*n.* abasement of one's self. अपना अपमान; **Self-absorbed** (-अॅब् - सॉर्ब्ड्) *-adj.* deep in thought. ध्यान में लीन ; **Self-abuse** (-अॅ ब्यूस्)-*n.* abuse of one's powers, masturbation. स्वयं अपनी शक्ति का नाश करना, हस्त-मैथुन ; **Self-accomplished** (-अॅ - कम्' - प्लिश्ड्)--*adj.* acquired by oneself. आत्म उपार्जित ; **Self-acting** (-अॅक्ट्-इङ्ग्)-*adj.* acting of itself. स्वयं कार्य करनेवाला; **Self-admiration** (-अॅड्-मि-रे'-शन्) -*n.* praise

of one's self. आत्मश्लाघा ; **Self-applause** (-ऑप्-प्लॉज़्)-*n*. self praise. आत्म-प्रशंसा; **Self-assertion** (-ऑस्-सर्'-शन्)-*n*. assertion of one's self in a presumptuous manner. अपने अधिकार के विषय में श्लाघा; **Self-coloured** (-कलर्ड्)-*adj*. of the natural colour. स्वाभाविक रङ्ग का; **Self-command** (-क-मान्ड्') -*n*. self control. आत्मसंयम ; **Self-complacent** (-कम्-प्ले'-सेन्ट्)-*adj*. possessing an attribute of satisfaction with one's self. आत्म-सन्तोष ; **Self-conceit** (-कन्-सीट्)-*n*. pride, arrogance. स्वाभिमान, अहङ्कार; **Self-conscious** (-कॉन्'-शस्)-*adj*. conscious of one's self. अपने अस्तित्व को जाननेवाला; **Self-consciousness** (-कॉन्-शस्-नेस्)-*adj*. self-conscious state. आत्म-ज्ञान; **Self-contained** (-कन्-टेन्ड्)-*adj*. complete in itself. स्वयं परिपूर्ण;**Self-control**(-कन्-ट्रोल्)-*n*. restraint over self. आत्मसंयम; **Self-defence** (-डि-फेन्स्)-*n*. defence of one's self. आत्मरक्षा; **Self-denial** (-डि-नाइ'-अल्)-*n*. forbearing to gratify one's desires. आत्म-परित्याग ; **Self-destruction** (-डि-स्ट्रक्'-शन्)-*n*. suicide. आत्म-हत्या; **Self-evident** (-ऍव्-इड्-ऍन्ट्)-*adj*. evident without proof. स्वत: (बिना प्रमाण के) सिद्ध; **Self-existence** (-ऍग्-जिस्ट्'-ऍन्स्)-*n*. existing by itself. स्वयंभू ; **Self-government** (-गव्'-अर्न्-मेन्ट्)-*n*. government of the people by themselves, self-control. स्वराज्य, आत्म-संयम; **Self-help** (-हेल्प्)-*n*. unaided effort. आत्म-साहाय्य, अपनी सहायता स्वयं करना; **Self-improvement** (-इम्-प्रूव्'-मेन्ट्)-*n*. improvement of one's self. आत्मोन्नति; **Self-interest** (-इन्-टर्-ऍस्ट्) -*n*. one's own interest. स्वार्थ; **Selfish** (-इश्)-*adj*. devoted to personal profit, appealing to self interest. स्वार्थपर, स्वार्थी, खुदगरज; **Selfishly** (-इश्-लि) -*adv*. in a selfish manner. स्वार्थ से ; **Selfishness** (-इश्-नेस्)-*n*. the quality of being selfish. स्वार्थपरता, अपने लाभ की इच्छा; **Selfless** (-लेस्)-*adj*. not selfish. बिना स्वार्थ का, स्वार्थ हीन, बेगरज; **Selflessness** (-लेस्-नेस्) -*n*. the quality of being selfless. स्वार्थहीनता; **Self-love** (-लव्)-*n*. regard for one's well-being. ममता, अहङ्कार; **Self-made** (-मेड्)-*adj*. risen to eminence by one's own exertions. अपने परिश्रम से उन्नति प्राप्त; **Self-opinionated** (-ओपिनियनेटेड्)-*adj*. obstinacy in one's opinion अपने विचार पर हठ करनेवाला; **Self-possessed**(-प-जेस्ड्)-*adj*.composed in mind. स्वस्थचित्त; **Self-possession** (-प-ज़ेशन्)-*n*. composure of mind. चित्त की सावधानी; **Self-praise** (-प्रेज़्)-*n*. praise of one's self. आत्माभिमान, **Self-registering**(-रे जिस्टरिङ्ग्) -*adj*. automatically registering. आपसे आप अंकित करनेवाला; **Self-sacrifice** (-सीक्रिफ़ाइस) -*n*. sacrificing of self for the sake of others. दूसरों के लिये आत्मसमर्पण, आत्म बलिदान; **Self-same** (-सेम्)-*adj*. the very same. वही; **Self-seeking** (-सीकिङ्ग्)-*adj*. seeking one's own benefit regardless of the advantage of others. दूसरों की सुविधा का विचार न करते हुए अपना ही हित खोजना; **Self-sufficiency** (-सफ़िश्यन्सि)-*n*. the quality of being self sufficient. अपनी योग्यता पर पूर्ण विश्वास होना; **Self-sufficient** (-सफ़िश्यन्ट्)-*adj*. having full confidence in one's abilities. अपनी योग्यता पर पूर्ण विश्वास करनेवाला; **Self-will** (-विल्)-*n*. obstinacy. हठ ।

Sell-सेल् - *v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* Sold) to transfer to another in exchange for money, to part with for a price, to deliver for the sake of some reward. बेचना, बिक्री करना, बिकना, धन के लोभ से देना; **To sell off** (to dispose off everything.) सब सामान बेच डालना ।

Sellable-सेॅ-लेॅ-बल्-*adj*. capable of being sold. बिक्री करने योग्य ।

Seller-सेॅ-लर्-*n*. one who sells. बेचनेवाला ।

Selling-सेॅ-लिङ्ग् -*n*. act of being sold. बिक्री, बेंची ।

Seltzer (**-Water**)-सेल्ट्'-ज़र् (-वॉटर्) -*n*. a mineral water of Germany, soda water. जर्मनी का रासायनिक जल, सोडा वाटर ।

Selvage-सेॅ-ल्वेज़् - *n*. the edge of a cloth. गोंट, गोंटा, संजाफ़; **Selveged** (-इ)-*adj*. having selvage. गोंटदार ।

Selves-सेॅल्व्ज़्-*pl*. of self.

Semaphore-सेम्'-अ-फ़ोर्-*n*. a signalling apparatus. संकेत द्वारा समाचार भेजने का यन्त्र-*v. i.* to send messages by this apparatus. इस प्रकार के यन्त्र द्वारा समाचार भेजना; **Semaphoric** (-इक्)-*adj*. pertaining to semaphores. संकेत भेजने के यन्त्र का; **Semaphorically** (-लि)-*adv*. by means of this instrument. इस यन्त्र की विधि से ।

Semasiology-सिमॅसि-ऑलॉजि-*n.* a branch of philology which treats of the meaning of words. भाषाविज्ञान शास्त्र का वह विभाग जिसमें शब्दों के अर्थ का वर्णन रहता है।

Sematic-सिमॅटिक् - *adj.* of colour which serves protection from enemy. शत्रु से रक्षा करनेवाले रंग का।

Semblance-सॅम्ब्लन्स् - *n.* likeness, appearance. सादृश्य, आकार (स्वरूप); **Semblant** (सॅम्-ब्लॅन्ट्)-*adj.* only seeming. केवल आकार मात्र का।

Semeiography-सीमाइ'-ऑग्रॅफ़ि-*n.* a description of the symptoms of diseases. रोग-निदान-विवरण; **Semeilogy** (-लॅजि)-*n.* knowledge or study of symptoms of diseases. रोग-निदान-ज्ञान या अध्ययन।

Semen-सी'-मॅन्-*n.* male generative fluid of animals. शुक्र, वीर्य ; **Seminal** (सॅम्'-इ-नल) -*adj.* of semen. वीर्य-सम्बन्धी।

Semester-सि-मॅस्-टर्-*n.* a half year course in some European universities. यूरोप के कई विश्वविद्यालयों में छः महीने का अध्ययन-क्रम।

Semi-सॅमि -*pref.* in sense of "half". उपसर्ग जिसका अर्थ "आधा" होता है; **Semi-annual** (-ऑन्-यु-अल)-*adj.* recurring twice a year. अर्धवार्षिक, छमाही, छः महीने पर होनेवाला ; **Semi-annular** (-ऑन्यु-लर्)-*adj.* semi-circular. अर्धवृत्ताकार; **Semi-articulate** (-आर्-टिक्-यु-लेट्)-*adj.* joined loosely. ढीला बँधा हुआ; **Semi-barbarian** (-बार्-बॅर्'-इ-अन्)-*n.* a half civilized person. अर्ध-सभ्य मनुष्य ; **Semi-barbarous** (-बार्-ब-रस)-*adj.* half-civilized. अर्ध-सभ्य; **Semi-circle** (-सर्'-कल)-*n.* half of a circle.अर्धवृत्त;**Semi-circular** (-सर्'-क्यु-लर्) -*adj.* of the form of a half circle. अर्धवृत्ताकार; **Semi-circumference** (-सर्-कम्'-फ़र्-ऍन्स्)-*n.* half of a circumference. वृत्त की अर्ध-परिधि; **Semicolon** (-को-लन्)-*n.* the mark used in punctuation. अर्ध विराम का (;) चिह्न; **Semi-conscious** (-कॉन्'-शस)-*adj.* half conscious. आधा सचेत; **Semi-crystalline** (-क्रिस्'-टल-आइ-न्)-*adj.* partially crystalline. आंशिक रवेदार ; **Semi-cylindrical** (-सिल-इन्'-ड्रि-कल) -*adj.* of the shape of a half cylinder. खड़े बल में आधे बेलन के आकार का; **Semi-detached** (-डी-टॅच्ड्) -*adj.* detached on one side. एक ओर अलगाया हुआ; **Semi-diameter** (-डाइ-अ-मटर्)-*n.* half of the diameter of a circle, radius. वृत्त का अर्धव्यास; **Semi-diurnal** (-डाइ-अर्न्-अल) -*adj.* lasting half a day. आधे दिन का ; **Semi-dome** (-डोम्) -*n.* half of a dome. आधा गुम्बज; **Semi-final** (-फ़ाइ-नल्)-*adj.* before completion. अन्त के पहिले का; **Semi-form** (-फ़ॉर्म्) -*n* half of the appearance. अर्ध आकृति; **Semi-fluid** (-फ़्लु'-इड्) -*adj.* imperfectly fluid. अर्धतरल, गाढ़ा; **Semi-lunar** (-ल्यू-नर्) -*adj.* of the shape of half moon. अर्ध-चन्द्राकार; **Semi-independent** (-इन्-डि-पॅन्ड्'-ऍन्ट्)-*adj* partially independent. अर्ध-स्वतन्त्र, जो पूरी तरह स्वतन्त्र न हो; **Semi-menstrual** (-मॅन्'-स्ट्रु-अल)-*adj.* half monthly. अर्धमासिक; **Semi-metal** (-मॅटल) -*n.* a non-malleable metal. ऐसी धातु जो पीटने से नहीं बढ़ती, यथा—स्रोतोञ्जन, सुरमा।

Seminal-सॅमिनल-*adj.* pertaining to seed, propagative, rudimentary. शुक्र-सम्बन्धी, बीज-सम्बन्धी, प्राथमिक।

Seminally-सॅमिनलि -*adv.* primarily. आदि अवस्था में।

Seminary-सॅमिनरि -*n.* (*pl.* **Seminaries.**) a place of education, academy. शिक्षालय, पाठशाला।

Seminate-सॅमिनेट्-*v. t.* to propagate, to sow. बढ़ाना, बीज बोना; **Semination** (-ने-शन्)-*n.* the act of sowing. बीज बोने की क्रिया; **Seminiferous** (-निफ़्रस)-*adj.* seed-growing. बीज उत्पन्न करनेवाला; **Seminific** (-निफ़िक्) -*adj.* producing seed. बीज उत्पन्न करनेवाला।

Seminude-सॅमि-न्यूड् -*adj.* half-naked. आधा नंगा।

Semiology, Semiotics-सॅमि-ऑ-लॅ-जि,.(-ऑ-टिक्स)-*ns.* the branch of medical science which deals with the symptoms of diseases. चिकित्सा शास्त्र का निदान खण्ड।

Semiopaque-सॅमि - ओ - पॅक् - *adj.* partially transparent. अर्ध-पारदर्शक; **Semi-osseous** (-ऑस्'-यस)-*adj.* partially bony. जिसमें हड्डी के कुछ अंश हो, आंशिक-अस्थिमय; **Semi-pellucid** (-पॅल-ल्यु'-सिड)-*adj.* nearly transparent. प्रायः पारदर्शक; **Semi-savage** (-सॅव्'-ऍज) -*adj.* partially wild. अर्ध जंगली ; **Semi-transparent** (-ट्रॅन्-स्पॅअर्-ऍन्ट्)-*adj.* partially transparent. अर्ध-पारदर्शक ; **Semi-vitreous**

(-ग्लिट्-अस्) - *adj.* partially glossy. कुछ चमकीला ।

Semi-vowels-सेॅमि-वॉ-वेॅल्स् *-n.* letters which are half vowels. अन्तःस्थ वर्ण ।

Semi-weekly-सेॅमि-वीक्-लि-*adj.* half-weekly. अर्ध-साप्ताहिक ।

Semolina-सेॅम्'-अ-ली'-ना-*n.* Hard grains used in puddings, soups &c. दलिया, सूजी ।

Sempervirent-सेॅम्-पर्-व्राइ'-रेॅन्ट् *-adj.* evergreen, always fresh. सर्वदा हरा रहनेवाला, सदाबहार ।

Sempitern (al)-सेॅम्पिटर्न् (-अल्)-*adjs.* everlasting, eternal. अनन्त (नित्य), सर्वदा रहनेवाला ।

Sempster-सेॅम्-स्टर् *-n.* (*fem.* Sempstress) one who sews. सीनेवाला, दर्जी ।

Sen-सेॅन्-*n.* Japanese copper coin. जापान का ताँबे का सिक्का ।

Senary-सेॅनरि-*adj.* on the basis of six, containing six. छः के क्रम का, जिसमें छः हो ।

Senate-सेॅ-नेॅट्-*n.* a state council, the governing body of a university, a legislative body. मंत्रिसभा, विश्वविद्यालय की प्रवन्धकारिणी समिति, प्रवन्धकर्ता लोग ।

Senator-सेॅ-नेॅटर्-*n.* the member of a senate. मंत्रिसभा के सभासद् ।

Senatorial-सेॅ-नेॅ-टोरिअल् *-adj.* pertaining to senate. शिष्ट समाज-सम्बन्धी; **Senatorially** (-लि) *-adv.* in a senatorial manner. शिष्ट समाज-के रूप में ।

Senatorship-सेॅ-नेॅ-टर्-शिप्-*n.* the dignity of a senator. मंत्रि-सभा के सभासद का पद ।

Send-सेॅन्ड्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* Sent) to cause to go, to dispatch, to cast or impel. फेंकना, भेजना, पठवाना; To send away (to dispatch.) प्रस्थान करना, रवाना करना; To send bullet (to shoot.) गोली चलाना; To send for (to cause to come.) बुलवाना; To send forth (to dispatch.) भेजना; To send word (to dispatch a meassge.) सन्देश भेजना ।

Sendal-सेॅन्डल् *-n.* a kind of silken fabric. एक प्रकार का रेशमी वस्त्र ।

Sender-सेॅन्डर *-n.* one who or that which sends. भेजनेवाला ।

Send-off-सेॅन्ड्-ऑफ़्-*n.* a start on a journey. बिदाई ।

Senescence-सिनेॅ-सेॅन्स्-*n.* the state of growing old, decay. वृद्धावस्था, नाश ।

Senescent-सिनेॅ-सेॅन्ट् *-adj.* growing old. वृद्ध होनेवाला ।

Seneschal-सेॅनिशल् *-n.* a steward. सरदार, कारिन्दा, अमीर का अनुचर ।

Senile-सी-नाइल्-*adj.* pertaining to old age. वृद्धावस्था-सम्बन्धी ।

Senility-सीनिलिटि-*n.* old age. वृद्धत्व, बुढ़ापा ।

Senior-सीनिअर्-*adj.* more advanced or superior in age, elder of a higher degree or rank. वयोवृद्ध, आयुष्य (उम्र) में बड़ा, बड़े पद का; *-n.* one older than another. जेठा, वृद्ध पुरुष; Senior in office (an officer who is superior in rank.) अधिकार में बड़ा अफ़सर ।

Seniority-सीनि-ऑ-रिटि-*n.* priority in age or office. पद या वय का बड़ापन ।

Senna-सेॅनॉ-*n.* dried leaves of a plant used as a laxative. सनाय की पत्ती, एक रेचक औषधि ।

Sennet-सेॅनेॅट् *-n.* signal call or trumpet, तुरही बजाकर संकेत ।

Sennight-सेॅनाइट् *-n.* seven nights, a week, सप्ताह, सात दिन ।

Sennit-सेॅनिट्-*n.* a braided round or flat cord. चिपटा या गोल रस्सा ।

Senocular-सिनॉक्युलर् *-adj.* having six eyes. छः आँखोंवाला ।

Sensation-सेॅन्सेशन्-*n.* perception of the external objects by the senses, consciousness of perceiving, a feeing, a matter of excitement for the public. इन्द्रियजनित ज्ञान, चेतना (बोध), प्रत्यक्ष अनुभव, सर्वसाधारण के लिये उत्तेजक या सनसनीदार बात ।

Sensational-सेॅन्सेॅशनल्-*adj.* pertaining to the sense of perception. चेतना-सम्बन्धी; **Sensationally** (-लि)-*adv.* in a sensational manner. प्रत्यक्ष रूप में; **Sensationalism** (-इज़्म्)-*n.* the theory that ideas come through sense of impressions. यह सिद्धान्त कि सब ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा ही प्राप्त होते हैं; **Sensationalist** (-इस्ट) *-n.* a follower of sensationalism. इन्द्रियजनित ज्ञान के सिद्धान्त का अनुयायी ।

Sense-सेॅन्स्-*n.* the faculty by which sensation is aroused, discernment, ability to perceive or feel, consciousness of understanding, meaning, prevailing sentiment, sensibility. इन्द्रिय-ज्ञान, चेतना, बुद्धि, अभिप्राय (अर्थ), तात्पर्य; A man of sense (a wise person.) बुद्धिमान् मनुष्य ; Commonsense (practical wisdom.) विवेक-बुद्धि ; Literate sense (meaning.)शब्दार्थ; Out of senses (mad.) बुद्धिभ्रष्ट, पागल ; Pleasures of senses

(pleasures depending on sensation.) विषय-सुख, इन्द्रिय-सुख; Sense of action (organ or limb of the body that functions.) कर्मेन्द्रिय; Sense of obligation (appreciation of obligation.) कृतज्ञता; Sense of perception (faculty of perceiving through the senses.) ज्ञानेन्द्रिय की शक्ति; Sense of pleasure (consciousness of pleasure.) सुख का अनुभव; To bring to senses (to bring to consciousness.) चैतन्य करना, होश में लाना।

Senseless-सॅन्स्-लॅस्-*adj.* unreasonable, foolish. ज्ञानहीन, निर्बुद्धि; **Senselessly** (-लि)-*adv.* in a senseless manner. निर्बुद्धिता से; **Senselessness** (-नॅस्)-*n.* stupidity, absurdity. मूर्खता, ज्ञानशून्यता।

Sensibility-सॅन्सिबिलिटि-*n.* delicacy of feeling. सूक्ष्म बोध, चेतनता।

Sensible-सॅन्सि-ब्ल्-*adj.* perceptible by the senses, appreciable, reasonable, practical, of good sense, intelligent, judicious. इन्द्रियग्राह्य (इन्द्रियों से जानने योग्य), युक्त, उचित, लौकिक, विचारवान्, सज्जन, बुद्धिमान, न्याय्य।

Sensibleness-सॅन्सि-बल्-नॅस्-*n.* the state of being sensible, ज्ञान, चेतनता।

Sensibly-सॅन्सिब्लि-*adv.* in a sensible manner. सद्बुद्धि से।

Sensific-सॅन्सिफ़िक् - *adj.* producing sensation. इन्द्रियजनित ज्ञान उत्पन्न करनेवाला।

Sensitive-सॅन्सि-टिव् - *adj.* having feeling, delicate, quick to the touch. सचेतन, कोमल-हृदय, सूक्ष्मग्राही; **Sensitively** (-लि) -*adv.* in a sensitive manner. सूक्ष्म चेतना से; **Sensitive market** (a market which is liable to quick changes.) जल्दी-जल्दी भाव बदलने का बाजार; **Sensitiveness** (-नॅस्)-*n.* the state of being sensitive. शीघ्र-बोध; **Sensitive paper** (a paper which receives impressions from light.) प्रकाश का प्रभाव पड़नेवाला फ़ोटो का काग़ज़; **Sensitive plant** (a kind of shrinking mimosa.) लज्जावती, छुईमुई, ऐसा पौधा जिसकी पत्तियाँ छूने पर लटक जाती हैं; **Sensitivity** (-इ-टि)-*n.* sensitiveness. सूक्ष्मग्राही गुण, सूक्ष्म-ग्राहिता।

Sensitize-सॅन्सि-टाइज़्'-*v. t.* to render sensitive. फ़ोटो का काग़ज प्रकाश-ग्राही बनाना; **Sensitizer** (-अर्) -*n.* one who sensitizes. ऐसा काग़ज इत्यादि बनानेवाला।

Sensorial, Sensory-सॅन्सोरिअल्, (-रि)-*adjs.* pertaining to sensorium. मस्तिष्क-सम्बन्धी।

Sensorium-सॅन्-सोरि-अम्-*n.* (*pl.* **Sensoria.**) seat of sensation, the brain with its appendages. ज्ञान-स्थान, मस्तिष्क।

Sensual-सॅन्स्यु (शु) अल्-*adj.* of the senses, pleasing to the senses, voluptuous, licentious. इन्द्रियवश, शारीरिक सुख लेनेवाला, विषयासक्त, कामी; **Sensualism** (सॅन्स्यु (शु)-अलिज़्म्)-*n.* subjection to sensual feelings. विषय या इन्द्रिय सुख की आसक्ति; **Sensualist** (-इस्ट्)-*n.* a voluptuary. विषय-सुख की लालसा करनेवाला; **Sensuality** (-इटि) -*n.* gratification of appetites. इन्द्रिय-सुख; **Sensualization** (-आइ-जे-शन्)-*n.* voluptuousness. विषय-सुख; **Sensualize** (-आइज़्)-*v. t.* to debase by carnal gratifications. विषयासक्त करना; **Sensually** (-लि) -*adv.* in a sensual manner. विषय-सुख में लीन होकर; **Sensualness** (-नॅस्) - *n.* the state of being sensual. विषय-सुख परायणता।

Sensuous-सॅन्सु (शु) अस्-*adj.* derived from the senses. इन्द्रिय (विषय) जनित; **Sensuously** (-लि)-*adv.* in a sensuous manner. इन्द्रिय-सुख लेते हुए; **Sensuousness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being sensuous. विषय-सुख परायणता।

Sent-सॅन्ट्'-*p. t.* & *p. p.* of Send.

Sentence-सॅन्टॅन्स्-*n.* a man's opinion on something, maxim, proverb, verdict of a judge, a set of words with a complete meaning. विचार-सूत्र, कहावत, दण्ड की आज्ञा, पद-समूह, वाक्य;-*v. t.* to pass judgment on. दण्ड की आज्ञा देना; **Compound sentence** (a sentence containing more than one subject and predicate.) एक से अधिक उद्देश्य और विधेय का वाक्य, संयुक्त वाक्य; **Complex sentence** (a sentence containing several dependent clauses.) प्रधान तथा अप्रधान उपवाक्यों से बना हुआ वाक्य, मिश्रित वाक्य; **Simple sentence** (a sentence containing only one subject and one predicate.) साधारण या सरल वाक्य जिसमें एक ही उद्देश्य और एक ही विधेय हो; **To sentence to death** (to order to be hanged.) प्राणदण्ड की आज्ञा देना।

Sentential-सॅन्टॅन्शल् - *adj.* pertaining to a sentence. वाक्य-सम्बन्धी।

Sententious-सॅन्टॅन्शस्-*adj.* abounding with axioms or clauses. सूत्रमय, छोटे वाक्यों से पूर्ण, **Sententiously** (-लि) -*adv.* in a sententious

manner. सूत्र रूप में; **Sententiousness** (-नेंस्)-*n.* the quality of being sententious. सूत्रपूर्णता।

Sentience-सेंन्श्यन्स्-*n.* consciousness. चेतना।

Sentient-सेंन्श्यन्ट्-*adj.* having the power of perception by the senses. (चेतना) इन्द्रियों द्वारा ज्ञान प्राप्त करने की शक्ति रखनेवाला; **Sentiently** (-लि) -*adv.* in a conscious manner. चेतन रूप में।

Sentiment-सॅन्टि-मेंन्ट्-*n.* thought which is prompted by emotion, sensibility, tendency to be led by feeling, emotion. मत, कल्पना, बुद्धि, भाव, रस; **Sentimental** (-अल्) -*adj.* abounding in sentiments. रसिक, हृदय में भावों को उत्पन्न करनेवाला; **Sentimentalism** (-अल्-इज़्म्)-*n.* sentimentality. भावुकता, रसिकता; **Sentimentalist** (-अल्-इस्ट्)-*n.* one who effects sentiment. भावों का प्रदर्शन करनेवाला; **Sentimentality**-सेंन्टिमेंन्टॅलिटि-*n.* sensibility. भावना।

Sentimentalize-सेंन्टिमेंन्टलाइज़्-*v. t.* to affect sensibility. रसिकता या भाव उत्पन्न करना।

Sentimentally-सेंन्टिमेंन्टलि-*adv.* in a sentimental manner. रसिकता से।

Sentinel-सेंन्टिनल् - *n.* a soldier to keep guard, a watch; रक्षापुरुष, चौकीदार, सन्तरी; -*v. t.* to guard. पहरा देना।

Sentry-सेंन्ट्रि-*n.* (*pl.* **Sentries.**) a soldier on guard. सन्तरी, पहरेदार, चौकीदार; **Sentry box** (a box to shelter a sentry.) सन्तरी के खड़े रहने का कटघरा।

Sepal-सेंप्'-अल्-*n.* a division of calyx. फूल की पँखड़ी का भाग।

Separability - सेंपरेंबिलिटि - *n.* separableness. पृथकत्व।

Separable-सेंप्-रें-बल्-*adj.* that can be separated. अलगाने योग्य।

Separableness-same as **Separability.**

Separably-सेंप-रें ब्लि - *adv.* in a separable manner. अलगाने योग्य ढंग से।

Separate-सेंप-रेंट्'-*v. i. & t.* to disunite, to divide into parts, to sever, to withdraw. अलग होना, पृथक् होना, अलगाना, विभाग करना; -*adj.* disconnected, distinct. पृथक्, अलग; **Separate estate** (a married woman's personal property.) स्त्रीधन; **Separately** (-लि) -*adv.* in a separate manner. भिन्न, पृथक्, अलग-अलग; **Separateness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being separate. पृथकत्व, भिन्नता।

Separation-सेंपरेंशन् - *n.* disjunction, disunion. वियोग, विरह, पृथक्करण।

Separative-सेंप'-रें-टिव्-*adj.* pertaining to separation. अलगाव या पृथक्करण-सम्बन्धी।

Separator-सेंपरेंटर्-*n.* one who or that which separates. पृथक् करनेवाला, अलगानेवाला।

Separatum-सेंप'-रें'-टम्-*n.* (*pl.* **Separata.**) a reprint from the proceedings of a society. किसी सभा की कार्यवाही का उपलेख।

Sepia-सी'-पि-अ-*n.* a kind of fish, a black-brown pigment used in painting. एक प्रकार की मछली, रंगसाज़ या चित्रकार का कालाभूरा रंग।

Sepoy-सी'-पॉय्-*n.* (*pl.* **Sepoys.**) a native Indian soldier. देशी या भारतीय सिपाही।

Seps-सेंप्स्-*n.* a kind of lizard. एक प्रकार की छिपकली।

Sepsis - सेंप्सिस् - *n.* putrefaction, blood-poisoning. रुधिर दूषित होना, घाव इत्यादि का सड़ना।

Sept-सेंप्ट्-*n.* a clan. घराना, वंश।

Sept, Septem, Septi-सेंप्ट्, सेंप्टम्, सेंप्टि-*pref.* in the sense of "seven". 'सप्तम' या 'सात' अर्थ के उपसर्ग।

Septal-सेंप्टल्-*adj.* of a thing partitioned into many parts. कई भागों में विभक्त पदार्थ का।

Septan-सेंप्टन्-*n.* occurring every seventh day. प्रति सातवें दिन आनेवाला (ज्वर)।

Septangle-सेंप्टेंङ्गल्-*n.* a figure having seven angles. सात कोण की कोई आकृति।

Septate-सेंप्टेट्-*adj.* partitioned. दो भागों में किया हुआ।

Septation-सेंप्टेशन्-*n.* division into two parts. दो अंशों में विभाग।

September-सेंप्टेंम्बर्-*n.* the ninth month of the English year. अंग्रेजी वर्ष का नवाँ महीना।

Septempartite-सेंप्टेंम्पार्टाइट्-*adj.* divided into seven parts. सात भागों में विभक्त।

Septemvir-सेंप्टेंम्वर्-*n.* one of the seven men forming a government. शासन करनेवाले सात मनुष्यों में से एक।

Septenary-सेंप्टिनरि-*adj.* consisting of seven. सप्तक, सात का।

Septennate-सेंप्टिनेंट्-*n.* a period of seven years. सात वर्ष का काल।

Septennial-सेंप्टेंनिअल्-*adj.* occurring every seventh year. सात-सात वर्ष पर होनेवाला,

Septennially (-लि)-*adv.* once in seven years. सात वर्ष में एक बार।

Septentrion-सें प्टें न्ट्रिअन्-*adj.* northern. उत्तर दिशा-सम्बन्धी।

Septet-सेंप्टेट्-*n.* a party of seven. सात का समुदाय।

Septfoil-सेंप्ट्'-फ़ॉयॅल्-*n.* having seven leaves. सतपतिया।

Septic-सें प्टिक्-*adj.* & *n.* involving putrefaction or poisoning of blood. रक्त को विषैला करनेवाला पदार्थ।

Septicaemia-सें प्टि-सी' - मि-आ-*n.* poisoning of the blood. रुधिर का विषैला होना; **Septicaemic** (-मिक्) -*adj.* producing blood poisoning. रक्त को विषैला करनेवाला।

Septicidal-सें प्टि-साइडल्-*adj.* splitting through partitions. दरार या फाँक पर से फटनेवाला।

Septicity-सें प्टिसिटि-*n.* putrefaction. सड़ाहट।

Septifarious-सें प्टिफ़े रिअस् - *adj.* turned in seven different ways. सात भिन्न ओर मुड़ा हुआ।

Septifluous-सें प्टि'-फ़्लु - अस्-*adj.* flowing in seven streams. सात धाराओं में बहता हुआ।

Septiform-सें प्टि - फ़ॉर्म्-*adj.* having seven parts. सात भाग या अंश का।

Septilateral-सें प्टिलॅटरल्-*adj.* having seven sides. सात भुजाओं का।

Septimal-सें प्टिमल् - *adj.* of the number seven. सात अंकवाला।

Septinsular-सें प्टिन्सुलर् - *adj.* of seven islands. सात टापुओं का।

Septon-सेंप्टन् - *n.* that which promotes putrefaction. मलिनता उत्पन्न करनेवाला।

Septuagenarian - सेंप्ट्युअजिने रिअन् - *n.* a person who is seventy years of age. सत्तर वर्ष की अवस्था का मनुष्य।

Septuagenary-सेंप्ट्युअजिनरि-*adj.* consisting of seventy. सत्तर अंक का।

Septuagesima -सेंप्ट्युअजें सिमॅ - *n.* Sunday before Lent. लेंन्ट् नामक ईसाइयों के त्योहार के पहिले का रविवार।

Septuagint-सेंप्ट्युअजिन्ट् - *n.* Greek version of the Old Testament. यूनानी भाषा में इञ्जील के उत्तरार्ध का उल्था।

Septum-सेंप्टम् - *n.* (*pl.* **Septa.**) partition between the chambers of some fruits. फलों के भीतर का विभाग करनेवाला पर्दा।

Septuple-सेंप्ट्यु-पूल्-*adj.* sevenfold. सतगुना।

Sepulchral-सिपल्क्र् -क्रल् - *adj.* pertaining to tomb, dismal, gloomy. समाधि या श्मशान का, अन्धकारमय, भयंकर।

Sepulchre-सेंपल्कर् - *n.* a tomb, a grave, burial cave. समाधि, शवस्थान, कब्र; -*v. t.* to place in a tomb. समाधि में रखना. कब्र में गाड़ना।

Sepulture-सेंपल्चर् -*n.* burial, putting in the tomb. प्रेत-क्रिया, समाधि में रखना।

Sequacious - सिक्वे शस् - *adj.* inclined to follow, servile. अनुसरण करनेवाला, अनुयायी; **Sequaciously** (- लि) -*adv.* in a servile manner. अनुसरण करते हुए।

Sequacity-सिक्वॅसिटि - *n.* disposition to follow. अनुसरण करने की प्रवृत्ति।

Sequel-सी'-क्वॅल्-*n.* what follows, a consequence, after-effects. उत्तर भाग, परिणाम, अन्त-फल।

Sequela-सि-क्वी'-लॅ-*n.* (*pl.* **Sequelae.**) morbid symptoms following certain diseases. एक रोग के कारण दूसरा रोग उत्पन्न होने के लक्षण।

Sequence-सी' - क्वॅन्स्-*n.* succession, consequence, order or series without gaps. अनुक्रम, परम्परा, श्रेणी।

Sequential-सि-क्वॅन्शल् - *adj.* pertaining to sequence. परम्परा - सम्बन्धी; **Sequentiality**-(-इटि)-*n.* sequence. अनुक्रमत्व; **Sequentially** (-लि)-*adv.* in succession. क्रम से।

Sequester-सिक्वॅस्टर्-*v. t.* & *i.* to separate, to set apart, to retire, to take possession of a debtor's property till the payment of claim. पृथक् करना, अलगाना, एकान्त में रहना, ऋण चुक जाने तक सम्पत्ति पर अधिकार रखना।

Sequestrable-सिक्वॅस्ट्रॅबल् - *adj.* able to be separated. अलगाने योग्य।

Sequestrate-सिक्वॅस्ट्रेट्-*v. t.* & *i.* to separate, to sequester. अलगाना, प्रतिभू (जमानत) की तरह सम्पत्ति पर अधिकार रखना; **Sequestration** (-शन्)-*n.* the act of sequestering. ऋणी की सम्पत्ति पर अधिकार; **Sequestrator** (-टर्) -*n.* one who sequesters property. ऋणी की सम्पत्ति पर अधिकार रखनेवाला व्यक्ति।

Sequestrum-सी-क्वॅस्ट्रम्-*n.* (*pl.* **Sequestra.**) a piece of dead bone separated from living bone but allowed to remain in its place. जीवित अस्थि में से सड़ी या निर्जीव हड्डी के भाग को हटाकर वहीं रहने देने का काम।

Serafile-सॅरा-फ़ाइल्-*n.* the last soldier in a file. सेना की पंक्ति का अन्तिम सिपाही।

Seraglio-सरॉल्यो-*n.* the palace of the Sultan of Turkey, a harem. तुर्किस्तान के सुल्तान का महल, अन्तःपुर, रनिवास ।

Serai-सराइ-*n.* an inn. सराय ।

Seraph-सॅरफ्-*n.* (*pl.* **Seraphim, Seraphs**) a celestial being, an angel of the highest order. दैवी पुरुष, उच्च कोटि का देवदूत ।

Seraphic-सॅरफ़िक्-*adj.* angelic, pure. देवदूत-सम्बन्धी, पवित्र; **Seraphically** (-अलि) *-adv.* in a seraphic manner. देवदूत की तरह ।

Seraphim-सॅर-फ़िम्-*n. pl.* of Seraph.

Seraphina, Seraphine - सॅरफ़िना (-फ़िन्)-*ns.* a kind of wind instrument. भाथी से बजाया जानेवाला एक प्रकार का बाजा ।

Serb-सर्ब्-*n.* native or language of Serbia. सर्बिया देश का निवासी या इनकी भाषा ।

Sere, Sear-सिअर्-*ns.* the catch of the hammer of a gun. बन्दूक के कुत्ते का रोक; - *adj.* dry, withered. सूखा, मुर्झाया हुआ ।

Serein-सॅ-रीन्'-*n.* fine shower of rain. महीन वर्षा, झींसी ।

Serenade-सॅ-रि-नॅड्'-*n.* an evening song of a lover. प्रेमी का सन्ध्या का गीत; *-v. t.* to entertain with such a music. प्रेम का सान्ध्य गीत गाना; **Serenader** (-अर्) *-n.* one who entertains thus. प्रेम का सान्ध्य गीत गानेवाला ।

Serene-सि-रीन्'-*adj.* calm, clear, undisturbed, tranquil, a title of certain princes. शान्त, स्वच्छ, स्थिर, निर्मल, एक उपाधि; *-n.* expanse of sea or sky, unwholesome night-dew. समुद्र या आकाश का फैलाव, कष्टकर रात का ओस ।

Serenely-सि-रीन्'-लि-*adv.* in a serene manner. शान्त चित्त से ।

Serenity-सिरॅ निटि - *n.* calmness, stillness. शान्ति, निस्तब्धता, स्थिरता ।

Serf-सर्फ़्-*n.* (*pl.* **Serfs.**) a slave employed to work in the field, a slave. कृषक दास, खेत जोतनेवाला दास ।

Serfage-सर्-फ़ॅज् - *n.* condition of a serf. दासत्व ।

Serfdom-सर्फ़् - डम् - *n.* serfage. दासवृत्ति; **Serfhood** (-हुड्)-*n.* the office of a serf. दासत्व, दास का पद ।

Serge-सर्ज्-*n.* a kind of durable woollen fabric. एक प्रकार का पुष्ट ऊनी वस्त्र, सर्ज ।

Sergeant-सार्जन्ट्-*n.* a lawyer of high rank, a non-commissioned officer in the army, a grade in the police next above a constable. उच्च श्रेणी का वकील, सेना का एक बेपदवीवाला अध्यक्ष, सार्जन्ट; **Lance sergeant** (a mounted police officer.) पुलिस का घुड़सवार सिपाही; **Sergeantmajor** (the highest non-commissioned army officer.) बिना पदवीवाला सबसे बड़ा सेनाध्यक्ष; **Sergeantship** (-शिप्)-*n.* the post of a sergeant. सार्जन्ट नामक अध्यक्ष का पद ।

Sergette-सर्जॅट्-*n.* a thin kind of serge. पतली सर्ज ।

Serial-सीरिअल् - *adj.* pertaining to or forming a series. क्रमानुसारी, क्रमिक; **Serialist** (-इस्ट्)-*n.* one following series. क्रम पर चलनेवाला; **Seriality** (-टि)-*n.* series. क्रम; **Serially** (-लि) *-adv.* in series. क्रमानुसार ।

Seriate, Seriated-सीरिएट् (-टॅड्)-*adjs.* in the form of series. क्रमिक रूप में, क्रमबद्ध; *-v. t.* to arrange in the form of series. क्रम में रखना ।

Seriatim-सीरिएटिम्-*adv.* one after another, in continuous order. एक के बाद दूसरा, क्रमानुसार ।

Seriation-सीरिएशन्-*n.* arrangement in series. क्रमरूप व्यवस्था ।

Sericeous-सिरिशिअस्-*adj.* soft and silky, pertaining to silk. रेशमी तथा कोमल, चिकना, रोवेंदार ।

Sericultural-सॅरिकल्चरल् - *adj.* pertaining to silk-worm breeding. रेशम के कीड़ों को पालने के व्यवसाय से सम्बन्धित ।

Sericulture, Sericiculture-सॅरि-(सि) कल्'-चर्-*ns.* breeding of silk worms. रेशम के कीड़ों का पालन ।

Sericulturist-सॅरिकल्चरिस्ट्-*n.* one who is occupied in sericulture. रेशम के कीड़ों को पालनेवाला व्यक्ति ।

Series-सीरीज़्, सीरि' - इज़्-*n.* (*sing. & pl.*) number of similar things connected together, order, succession, set of books under a common title or edited by one person. शृङ्खला, क्रम, श्रेणी, परिपाटी, अनुक्रम, ग्रन्थ-माला; **Arithmetical series** (a series which changes by regular addition or subtraction.) जोड़ने या घटाने से बनी हुई नियमित श्रेणी; **Geometrical series** (a series which changes by regular multiplication or division.) गुणा या भाग करने से बनी हुई श्रेणी ।

Serif-सॅरिफ्-*n.* the short line at the top or bottom of a printing type. छापे के टाइप के ऊपर या नीचे की छोटी लकीर ।

Serin-सेॅ-रिन्-*n.* small singing bird. एक प्रकार की छोटी गानेवाली चिड़िया; **Serinette** (-नेॅट्) -*n.* an instrument for training song-birds. पक्षियों को गाना सिखाने का यन्त्र ।

Seringa-(स-)स-रिङ्गा-*n.* a kind of rubber-tree. एक प्रकार का रबड़ का वृक्ष ।

Serio-comic-सीरिऑ-कॉमिक् -*adj.* having a mixture of gravity and humour. गंभीरता तथा हास्यरस के मिश्रण का ।

Serious-सीरिअस्-*adj.* earnest, grave, sober, solemn, sincere, religious minded. गंभीर वृत्ति का, धीर, विनोद या परिहास न करनेवाला, सच्चा, धार्मिक वृत्ति का; **Seriously** (-लि)-*adv.* in a serious manner. गम्भीरता से; **Seriousness** (-नेॅस्)-*n.* gravity of mind. गम्भीरता ।

Serjeant-सार्जन्ट्. see Sergeant.

Sermon-सर्मन्-*n.* a discourse delivered by a religious instructor, a moral reflection. धर्मोपदेश, धर्मविषयक व्याख्यान; **To lay a sermon** (to discourse on a religious subject.)- धर्म-विषय पर उपदेश देना ।

Sermoneer-सर्मनिअर् - *n.* (also **Sermoner.**) a sermonizer. धर्म-विषयक व्याख्यान देनेवाला; **Sermonette**-सर्मनेॅट्-*n.* a small sermon. धर्म विषय का छोटा व्याख्यान ।

Sermonize-सर्मनाइज़्-*v. t.* to preach. धर्मविषय को व्याख्यान रूप में कहना; **Sermonizer** (-अर्) *n.* one who sermonizes. धार्मिक विषय पर व्याख्यान देने या लिखनेवाला ।

Seroon-सि-रून्'-*n.* a package used for dried fruits. सुखाये हुए फलों को रखने का झावा ।

Serotine-सेॅरॅ-टाइन्-*n.* a brown European bat. यूरोप देश का भूरा चमगादड़ ।

Serotinous-सि-रॅ-टिनस्-*adj.* appearing late in a season. ऋतु में देर करके फलने-फूलनेवाला ।

Serous-सी'-रस्-*adj.* like serum, of the consistency of whey, watery. तरल, मठे के समान, जल-सदृश ।

Serpent-सर्-'पेॅन्ट्-*n.* snake. सर्प, साँप; **Pharaoh's serpent** (a kind of chemical toy which when ignited assumes a serpentine form.) एक प्रकार की बत्ती जो जलाने पर सर्प के आकार की हो जाती है; **Serpent charmer** (a person who charms a serpent.) मदारी; **The old serpent** (the devil) दैत्य ।

Serpentine-सर'-पेॅन्टाइन्-*adj.&v.i.* resembling a snake, spiral, crooked, to move circuitously, to meander. सर्पवत्, चक्करदार, पेंचदार, सर्प की तरह चक्कर खाना ।

Serpigo-सर्पिगो-*n.* a dry eruption on the skin. सूखी खुजली ।

Serpula-सर्प्युला-*n.* (*pl.* **Serpulae.**) a kind of sea worm. एक प्रकार का समुद्री कीड़ा ।

Serra-सेॅरा-*n.* (*pl.* **Serrae.**) a serrated structure. दाँतेदार बनावट ।

Serrate-सेॅ-रॅ-ट्-*adj.* notched on the edge like a saw. किनारे पर दाँतेदार;-*v. t.* to provide with an edge like saw. दाँतेदार बनाना ।

Serrated-सेॅ-रॅ-टेड्-*adj.* notched like a saw. आरी की तरह दाँतेदार बना हुआ ।

Serration-सेॅ-रे-शन्-*n.* formation in the shape of a saw-like notch in the edge. किनारे पर आरी के दाँते के समान रचना ।

Serried-सेॅ-रिड्-*adj.* without gaps, side by side. बिना गड्ढे का, पास-पास, सटा-सटा ।

Serromotor-सेॅ-रॅ-मोटर्-*n.* a gear for reversing the motion of an engine. इञ्जिन की गति पलटने का दाँतेदार पहिया ।

Serrulate-सेॅ-रु-लेॅट्-*adj.* with fine notches. महीन दाँते का; **Serrulated** (-ऍड्)-*adj.* finely serrated. महीन दाँता कटा हुआ ।

Serrulation-सेॅ-रु-लें-शन्-*n.* the act of serrating. महीन दाँतेदार बनाने का काम ।

Serum-सीरम्-*n.* thin transparent portion of the blood, watery fluid in animal organism. रुधिर का पतला पारदर्शक अंश, मेदा ।

Serval-सर्वल्-*n.* a kind of African wild cat. एक प्रकार की अफ्रीका देश की जंगली बिल्ली ।

Servant-सर्'वॅन्ट्-*n.* one who is employed to carry out the orders of some one, a labourer, employee, a devoted follower. भृत्य, नौकर, सेवक, अनुचर (दास), उपासक; **Female servant** (maid servant.) चेरी, दास ।

Serve-सर्व्-*n.* the act of serving the first stroke in tennis. सेवा, शुश्रूषा, टेनिस के खेल में गेंद को पहिली बार मारने की क्रिया; -*v. i. & t.* to be useful to, to be employed, to wait upon at the table, to labour, to obey, to accomplish an end, to meet the needs of, to perform. उपयोगी होना, काम में लगा रहना, सेवा करना, परोसना, श्रम करना, आज्ञा मानना, उद्देश्य पूर्ण करना, आवश्यकता की पूर्ति करना, कार्य करना; **It will serve** (it will suffice.) यह पर्याप्त होगा; **To serve a sentence** (to undergo sentence for full time.) पूरी अवधि तक दण्ड भोगना; **To serve one's time** (to hold office for normal

period.) उचित समयानुसार पद पर काम करना; **To serve out** (to distribute.) बाँटना; **To serve the devil** (to turn cruel.) निर्दयी बनना या बनाना; **To serve the purpose of** (to be useful.) उपयोग का होना; **To serve two masters** (to be divided between two diversified principles.) द्विधा भाव में रहना; **To serve with the same sauce** (to retaliate.) बदला लेना या देना।

Server-सर्वर्-*n.* one who serves. चाकरी या नौकरी करनेवाला, परोसनेवाला।

Service-सर्विस्-*n.* the act of serving, servant's status, employment, use, assistance, meeting, congregation for worship, dishes required for serving meal. सेवा, उपयोग, दासवृत्ति, व्यवसाय (कार्य), सहायता, भेंट, उपासना (पूजा), परोसने का पात्र; **At his service** (ready to his orders.) उसके अधीन; **To take service with** (to be employed in service.) नौकरी करना; **Service book** *-n.* a prayer book for public worship. स्तोत्रसमुच्चय।

Serviceable-सर्विसेब्ल्-*adj.* useful, beneficial. उपयोगी, काम में आनेवाला; **Serviceably** (-लि) *-adv.* in a serviceable manner. उपयोगिता से; **Serviceableness** (-नेस्)-*n.* usefulness for a work. उपयोगिता।

Serviette-सर्विएट्-*n.* a table napkin. अँगौछा, तौलिया, रूमाल।

Servile-सर्वाइल-*adj.* of a slave, slavish, mean-spirited, completely dependent, cringing. दास का, दास के उचित, नीच, अति अनुरोधी, चापलूस; **Servilely** (-लि) *-adv.* in a servile manner. दासवत्।

Servility-सर्विलिटि; **Servileness** (-नेस्)-*ns.* slavishness, flattery. भृत्यभाव, चापलूसी।

Servitor-सर्विटर्-*n.* a servant, an attendant. सेवक, भृत्य, नौकर; **Servitorship** (-शिप्) *-n.* the office of a servitor. सेवक का पद।

Servitude-सर्विच्यूड् *-n.* slavery, bondage, भृत्यभाव, दासत्व।

Sesame-सेसमि-*n.* an annual herbaceous tropical plant with oily seeds. तिल।

Sesamoid-सेस-मॅ-इड्-*adj.* of the form of sesame seeds. तिल के आकार का।

Seseli-से-सॅ-लि-*n.* a perennial white flowered plant. एक बारहमासी सफेद फूल का पौधा।

Sesqui-सेस्'-क्वि-*pref.* in sense of "one and a half." "ड्योढ़ा" अर्थ का उपसर्ग।

Sesquipedalian- सेस्'-क्वि-पि-डे'-लि-अन्-*adj.* & *n.* of many syllables. कई पद-खण्डों वाला; a person or thing a foot & a half high or long. डेढ़ फुट लम्बा व्यक्ति या वस्तु।

Sessile-सॅ-साइल्, से'-सिल-*adj.* without stalk बिना डण्ठल का, डण्ठल-रहित।

Session-सेशन्-*n.* the sitting of an assembly or court for transaction of business, period of such a meeting, university term. अदालत का सेशन, कार्य-काल, विश्वविद्यालय का नियम काल या सत्र।

Sessional-सेशनल् - *adj.* pertaining to a session. सेशन-सम्बन्धी।

Sesspool-सेस्'-पूल्-*n.* a cavity in the earth. चहबच्चा।

Sestet-सॅ-स्टेट्-*n.* the last six lines of a sonnet. गीत की अन्तिम छः पंक्तियाँ।

Sestina-सॅ-स्टि-ना-*n.* a poem of six lines. छः पंक्तियों की कविता।

Set-सेट्-*v. t.* & *i.* (*p.t.* & *p.p.* Set) to lay, to seat, to assign, to adjust, to join, to display, to fix, to determine, to settle, to perplex, to establish, to harden. रखना, बैठाना, निर्देश करना, ठीक करना, जोड़ना, दरसाना, जमाना, संकल्प करना, निर्धारित करना, घबड़ाना, स्थापित करना, कड़ा होना; **Set speech** (a speech prepared beforehand.) पहिले से तैयार किया हुआ व्याख्यान; **To set about** (to begin, to take in hand, to attack, to circulate a report.) आरम्भ करना, हाथ में लेना, हमला करना, समाचार फैलाना; **To set abroad** (to spread.) फैलाना; **To set against** (to assail.) हमला करना; **To set agoing** (to cause to move.) चलाना; **To set apart** (to separate from the rest.) अलगाना; **To set aside** (to reject). हटाना, अस्वीकार करना; **To set at defiance** (to challenge.) ललकारना; **To set at ease** (to tranquillize.) शान्त करना; **To set at liberty** (to release from bondage.) स्वतंत्र करना; **To set at naught** (to undervalue.) तिरस्कार करना; **To set at work** (to engage in a work.) काम में लगाना; **To set back** (to retreat, to check the progress of, to put a clock to an earlier time, to flow in the reverse direction.) पीछे हटना, उन्नति में बाधा डालना, घड़ी पीछे करना, उल्टी दिशा में बहना; **To set before** (to exhibit.) दरसाना; **To set by** (to set apart.) बचा रखना; **To set down** (to register.) लिख लेना; **To set forth** (to show, to declare, to praise, to publish, to start on a journey.) दिखाना, प्रकट करना, घोषणा करना, प्रशंसा करना, प्रका-

शित करना, यात्रा प्रारम्भ करना; To set forward (to advance.) उन्नति करना, आगे बढ़ना; To set foot on (to tread on.) पैर रखना; To set fire to (to ignite.) आग लगाना; To set free from (to release from bondage.) बन्धन से निर्मुक्त करना; To set gems (to fix gems.) नगीना बैठाना; To set in order (to put in order.) क्रम में रखना ; To set heart on (to aspire to.) मन लगाना; To set in (to begin.) आरम्भ करना; To set in motion (to start.) चालू करना; To set off (to mark, send or start off, to show in relief.) अंकित करना, भेज देना, यात्रा पर जाना, सुन्दर रूप में दिखाना; To set on (to incite, to move on, to set agoing, to start.) उसकाना, आगे बढ़ना, चलाना, रवाना होना; To set one's hand (to begin work.) कार्य आरम्भ करना; To set on fire (to ignite.) आग लगाना; To set out (to begin a journey, to fit out a ship for voyage, to equip for an expedition, to send out forces, to display wares for sale, to adorn, to arrange things or meal on a table, to begin a caree.) प्रस्थान करना, समुद्री यात्रा के लिये जहाज को तैयार करना, साहसिक यात्रा की तैयारी करना, सेनायें बाहर भेजना, बिक्री का माल सजाकर दिखाना, सजाना, मेज पर चीजें या खाना सजाना, जीविका या व्यवसाय प्रारम्भ करना;To set razor (to give a keen edge to a razor.) उस्तरा तेज करना; To set right (to put in order.) क्रम में रखना; To set sail (to start on a sea voyage.) जहाज की यात्रा आरम्भ करना; To set table (to make preparations for dinner.) भोजन के लिये तैयारी करना; To set the watch (to put the hands to right time.) घड़ी मिलाना; To set up (to erect, to hoist a flag or sail, to raise a cry, to display for sale or auction, to post up a notice-paper, to advertise, to raise to power, to put on throne.) खड़ा करना, झंडा या पाल खड़ा करना, चिल्लाना, बिक्री या नीलाम के लिये प्रदर्शित करना, इश्तिहार चपकाना, विज्ञापन निकालना, शक्तिशाली बनाना, गद्दी पर बिठाना; To set upon (to incite.) उत्तेजित करना ; To set up type (to compose.) टाइप बैठाना ।

Set-सेट् - *n.* group, collection, accessories, setting of sun or day, last coat of plaster deflection of saw teeth. दल, समूह, संग्रह, आवश्यक सामग्रियाँ, सूर्य का अस्त होना, पलस्तर की अंतिम परत, आरी के दाँतों का घुमाव ; **Set-down** (- डाउन्) - *n.* a humiliating rebuke. अपमानपूर्वक भर्त्सना; **Set-off** (-ऑफ़) -*n.* the sum deducted, decoration. मोजरा, छूट, सजावट; **Set-out** (-आउट्)-*n.* commencement. प्रारम्भ; **Set-up** (-अप्)-*n.* erectness. खड़ापन ।


Setaceous-सि-टे'-शस् - *adj.* having bristle-like hair on the body. सुअर के कड़े बाल के समान बालवाला ।

Setiferous-से-टिफ़'-अर्-अस् - *adj.* producing bristles. सुअर के कड़े बाल के समान बाल पैदा करनेवाला ।

Seton-सी' - टन् - *n.* a skein of thread on a wound to keep it open. घाव खुला रखने की बत्ती ।

Set-speech-सेट्-स्पीच्-*n.* a speech prepared beforehand. पहिले से रचा हुआ व्याख्यान ।

Set-squares-सेट्'-स्क्वेअर्स् - *n, pl.* triangular pieces of wood or other material having one of its angles a right angle, used in mechanical drawing. लकड़ी या कचकड़े के त्रिकोण टुकड़े जिनमें एक समकोण रहता है, जो नक़्शा इत्यादि बनाने में उपयोग किये जाते हैं ।


Set-squares

Sett-सेट्-*n.* same as Set.

Settee-से-टी - *n.* a long seat with a back, double arm-chair, a kind of ship. तकियादार बेंच, दोहरी आराम कुरसी, एक प्रकार का छोटा जहाज ।

Setter-से'-टर् - *n.* a kind of hunting dog, one who sets. एक प्रकार का शिकारी कुत्ता, बैठानेवाला ।

Setting-से-टिङ्ग् - *n.* the metal in which a gem is set, the act of setting, environment, accessories. जड़ाव, योजना, आरोपण, सामग्री; **Setting-rule** (a rule for setting types.) टाइप बैठाने की पटरी; **Setting-stick** (a stick used in setting types.) टाइप बैठाने की छड़ ।

Settle-से'-ट्ल्-*n.* a seat with a high back. ऊँची पिछवई की बेंच या कुरसी ।

Settle-से-ट्ल् - *v. t. & i.* to establish, to cease from wandering, to fix, to decide to colonize, to fix one's habitation, to appoint, to agree upon, to get clear

स्थापित करना, स्थिर करना, व्यवस्था करना, निर्णय करना, ठहराना, बैठना, बसना, नियुक्त करना, चुकाना; To settle a quarrel (to subside a dispute.) झगड़ा निबटाना; To settle up (to settle accounts.) हिसाब तय करना ।

Settlement-सॆ'-ट्ल्-मॆन्ट्-*n.* the act of settling, a colony, adjustment, jointure. निर्णय (व्यवस्था), आबादी, निबटारा, स्त्रीधन; Marriage settlement (marriage jointure.) वह सम्पत्ति जो विवाह के समय पति द्वारा पत्नी के लिये सुरक्षित कर दी जाती है जिसका उपयोग वह पति के न रहने पर कर सके ।

Settler-सॆ' - ट्लर् - *n.* one who settles, a colonist. स्थिर करनेवाला, नया बसनेवाला ।

Seven-सॆव्'-न् - *n.* one more than six. सात; Sevenfold (-फ़ोल्ड) - *adj.* repeated seven times. सातगुना ।

Seventeen-सॆव्न्-टीन् - *adj.* & *n.* seven and ten. सत्रह ।

Seventeenth-सॆव्न् - टीन्थ् - *adj.* next after sixteenth. सत्रहवाँ ।

Seventh-सॆव्न्थ् - *adj.* next after sixth. सातवाँ; In the seventh heaven (in the greatest happiness.) परम सन्तोष और आनन्द से; Seventh day (Saturday.) शनिवार ; Seventhly (-लि)-*adv.* in the seventh place. सातवें स्थान में ।

Seventieth-सॆव्न्टि-अथ् - *adj.* the ordinal of seventy. सत्तरवाँ ।

Seventy-सॆव्न्टि-*adj.* & *n.* ten times seven. सत्तर ।

Sever-सॆव़र् - *v. t.* & *i.* to part or divide, to disunite, to be disjoined. काटकर अलग करना, अलगाना, पृथक् होना ।

Severable-सॆव़रॆ-ब्ल - *adj.* separable. अलगाने योग्य ।

Severance-सॆव़-अर्-ऑन्स्-*n.* separation. वियोग, अलगाव ।

Several-सॆव़र्ल्-*adj.* separate, distinct, various, consisting of a number. पृथक्, भिन्न, अनेक, कई एक;-*n.* each, particular. प्रत्येक; Severally (-लि)-*adv.* separately apart from others. अलग-अलग, प्रत्येक (स्वयं); Severalty (-टि)-*n.* the state of separation. भिन्नता ।

Severe-सि-व़ीअर्' - *adj.* strict, harsh, austere, extreme, violent, terse. तीक्ष्ण, कठोर, घोर, कष्टदायक, अत्यन्त ।

Severity-सिव - रिटि, Severeness (-नॆस्) *ns.* harshness, rigour. कठोरता, तीव्रता ।

Severely-सि-व़ीअर्'-लि-*adv.* sharply, painfully, rigorously. प्रचण्डता से, कठोरता से, निर्दयता से ।

Severy-सॆ-व़रि - *n.* a partition in vaulted ceiling. मेहराबदार छत का भाग ।

Sew-सो-*v.t.* & *i.* (*p. t.* Sewed, *p.p.* Sewn.) to fasten by thread with the help of a needle or awl. सीना ।

Sew-स्यू-*v. t.* & *i.* to drain off, to ooze out. पानी बहाना या बहना, पानी का धीरे-धीरे निकलना ।

Sienna-सि-ऍनी-*n.* earth of brownish-yellow colour used as pigment. रंग बनाने के काम में आनेवाली भूरे-पीले रंग की मिट्टी।

Siesta-सिऍस्टी-*n.* a short sleep at mid-day in hot countries. गरम देशों में दोपहर की अल्प निद्रा।

Sieve-सीव्-*n.* a vessel with holes at the bottom for separating finer from coarser parts of anything. झरनी, चलनी;-*v. t.* to place in a sieve. चलनी में रखना।

Sift-सिफ़्ट्-*v. t. & i.* to separate into finer and coarser parts with a sieve, to examine in detail. चलनी से झारना या अलगाना, सूक्ष्म परीक्षा करना।

Sifter-सिफ़्टर्-*n.* one who or that which sifts. चालने या सूक्ष्म परीक्षा करनेवाला।

Sigh-साइ-*v. t. & i.* to draw a deep audible breath, to lament, to express grief by sighs, दीर्घ श्वास तथा निःश्वास लेना, आह भरना, विलाप करना, आह लेकर दुःख प्रकट करना;-*n.* a deep respiration. गहरी साँस, आह; **Sighing** (-इङ्ग्)-*n.* the act of respiring. निःश्वास; **Sighingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a sighing manner. निःश्वास में।

Sight-साइट्-*n.* the act of seeing, view, spectacle, the faculty of vision, thing seen, show, the range within which one can see. दृष्टि, दर्शन, चमत्कार (कौतुक), दृष्टिविषय, नेत्रदृश्य, लीला, दृष्टिपथ;-*n. pl.* noteworthy features. (ब० व०) दर्शनीय दृश्य;-*v.t.* to adjust sight on fire-arms, to get sight of. निशाने पर निगाह लगाना, दृष्टिपथ में लाना; **At first sight** (prima facie.) देखते ही; **In sight of** (visibly.) प्रत्यक्ष, दृष्टिगोचर, निगाह में; **Out of sight.** परोक्ष में, ओझल, निगाह से बाहर; **Out**

of sight, out of mind (forgetting the absent.) अनुपस्थित को भूल जाना; Payment at sight. दर्शनी हुण्डी; To know by sight. देखते ही पहिचान लेना; To put out of sight (to hide.) छिपा देना; Within sight (visible.) दृष्टिगोचर; Sight-bill (a bill to be paid at a sight.) दर्शनी हुण्डी।

Sighted-साइटेड्-*adj*. aimed. निशाना लगाया हुआ।

Sightless-साइट्'-लॅस् - *adj*. wanting sight, blind. दृष्टि हीन, अन्धा।

Sightliness-साइट्-लि'-नॅस्-*n*. beauty. सुन्दरता, मनोहरता।

Sightly-साइट्'-लि-*adj*. pleasing to the eye, comely. देखने योग्य, सुन्दर (मनोहर)।

Sight-reading-साइट्-रीड् - इङ्ग् - *n*. reading shorthand &c. at first sight. सांकेतिक अक्षरों इ० का देखते ही पढ़ लेना; Sight-seer (-सी-अर्) -*n*. a view-hunter. दृश्यों का अवलोकन करनेवाला।

Sigil-सिजिल्-*n*. a seal. ठप्पा।

Sigillate-सिजि - लेट् - *adj*. with a stamped impression. ठप्पेदार।

Sigmate-सिग्मेट्-*adj*. of the shape of S. ऍस् अक्षर की आकृति का।

Sigmatic-सिग्मैटिक्-*adj*. of the form of S. एस् की आकृति का।

Sign-साइन्-*n*. a thing used as the representation of something, symbol, token, gesture, an omen. चिह्न, संकेत, लक्षण, सन, इशारा, शकुन; - *v. t. & i.* to mark with a sign, to signify, to affix one's signtature to. अपने नाम के अक्षरों से अङ्कित करना, चिह्न करना, संकेत करना, हस्ताक्षर करना।

Signable-साइनेॅब्ल्-*adj*. able to be signed. हस्ताक्षर योग्य; Negative sign (—) sign of subtraction (called *minus*.) ऋण चिह्न; Positive sign (+) sign of addition (called *plus*.) धन का चिह्न।

Signal-सिग्नल्-*n*. a sign conveying information or direction, a message made by such signs. संकेत, चिह्न; -*adj*. remarkable, conspicuous, noteworthy. विशेष, अपूर्व, असाधारण, स्मरण करने योग्य;-*v. t. & i.* (*p. t.* Signalled.) to announce by signals. संकेत करना, सांकेतिक चिह्न द्वारा तार देना; Signal-gun-*n*. a gun fired as a signal. संकेत के लिये छोड़ी गई तोप।

Signalize-सिग्नलाइज़्-*v. t.* to make remarkable. प्रसिद्ध करना, यश प्राप्त करना।

Signaller-सिग्न-ल-र्-*n*. one who works at railway signals. संकेत करनेवाला, तार का समाचार भेजनेवाला।

Signally-सि-ग्न-लि-*adv*. in a conspicuous manner. असाधारण रूप से।

Signatory-सिग्नेॅटरि-*n*. the party who has signed a contract or treaty. सन्धिपत्र इत्यादि पर हस्ताक्षर करनेवाला मनुष्य।

Signature-सिग्नेॅ-चर्-*n*. a person's name written by himself. स्वनाम-लेखन, हस्ताक्षर।

Signboard-साइन्'-बोर्ड्-*n*. a board on which the name of a trader is put up. तख्ता जिस पर व्यापारी अपना नाम इत्यादि लिखकर अपने कार्यालय के बाहर टाँगता है, विज्ञापन-पट।

Signer-साइनर्-*n*. one who signs. हस्ताक्षर करनेवाला।

Signet-सि-ग्नेट्-*n*. a private seal. मुद्रा, मुहर; The signet (The Royal Seal.) राजकीय मुद्रा; Signet-ring (a finger-ring with a seal on it.) अँगूठी जिस पर मुहर खुदी हो।

Significance - सिग्निफिकन्स् - *n*. importance, impressiveness, import, meaning, force. गौरव, प्रतिष्ठा, अभिप्राय, अर्थ, शक्ति; Significant (-कॅन्ट्)-*adj*. expressive, suggestive, important, with a meaning. अर्थ-पूर्ण, चरितार्थ, आवश्यक, अभिप्रायपूर्ण; Significantly (-लि) -*adv*. in an expressive manner. अर्थपूर्णता से।

Signification-सिग्निफ़िकेशन्-*n*. act of signifying, exact sense, import. अर्थ, अभिप्राय, शब्दशक्ति।

Significative - सिग्निफ़िकेटिव् - *adj*. having signification or meaning. अर्थसूचक, अभिप्रायपूर्ण; Signify (सिग्नि-फ़ाइ)-*v. t. & i.* (*p. t.* Signified.) to declare, to have meaning, to intimate. सूचित करना, अर्थ बतलाना, प्रकट करना।

Sign-manual-साइन् - मॅन्युअल् - *n*. signature made by a person's own hand, royal signature. स्वहस्ताक्षर, राजा का हस्ताक्षर।

Signor-सीन्'-यॅ-र्-*n*. (also Signore-सिन्योरे) an Italian title equal to Mr. महाशय।

Signpost-साइन्'-पोस्ट्-*n*. a post on which a sign is hung, a direction post. पताका का स्तम्भ, मार्ग-सूचक स्तम्भ।

Signora-सि-न्योरा-*n*. Mrs. महोदया।

Silence-साइ'-लॅन्स्-*n*. being silent, stillness, taciturnity, oblivion, secrecy. मौन (भाषण

न करना), शान्ति, चुप्पी, सन्नाटा, गुप्त भाव;-*v. t.* to make silent. चुप करना, मुख बन्द करना; *interj.* be silent ! चुप रहो ! Silence (order for being silent.) चुप रहने की आज्ञा ।

Silencer-साइ′-लेंन्सर् - *n.* an appliance for reducing sounds. यन्त्र में शब्द कम करने का साधन ।

Silent-साइ′-लेंन्ट्-*adj.* not uttering a sound, mute, taciturn. निःशब्द (मूक), निरुत्तर, चुप; **Silently** (-लि) -*adv.* in a silent manner. मौन रहकर, चुपचाप ।

Silenus-साइ-ली′-नस्-*n.* a drunken old man. मदिरा पिया हुआ वृद्ध पुरुष ।

Silesia-साइलीश्या-*n.* a kind of thin cloth. अस्तर देने का महीन कपड़ा ।

Silhouette-सिलुएंट्-*n.* the portrait of a person in outline only. केवल बाह्य रेखा दिखलानेवाला चित्र; -*v. t.* to represent in silhouette. इस प्रकार का चित्र बनाना ।


Silhouette

Silica -सिलिका - *n.* a hard white mineral, a kind of quartz. एक प्रकार का कड़ा सफेद पत्थर, अग्नि-प्रस्तर ।

Silicate-सिलिकेंट् - *n.* the combination of silica with a base. अग्नि-प्रस्तर का मिश्रण; **Silicated** (-टेंड्)-*adj.* combined with silica. अग्नि प्रस्तर से मिला हुआ ।

Siliceous-सि-लिशस्-*adj.* containing silica. अग्नि-प्रस्तर से युक्त ।

Silicify-सि-लि-सि-फाइ-*v. i. & t.* (*p. t.* **Silicified.**) to convert into silica. सफ़ेद पत्थर (अग्नि प्रस्तर) बन जाना या बनाना ।

Silicon-सिलिकन्-*n.* a non-metallic element. एक अधातु विशेष तत्त्व ।

Silk-सिल्क्-*n.* a fine soft thread produced in the cocoon by a silkworm, cloth made of this. रेशम, रेशमी कपड़ा;-*n. pl.* garments made of silk. (ब०व०) रेशमी पोशाक; **Silk-cotton** (-कॉटन्) - *n.* a silky fibre of various kinds produced by tropical trees of the genus Bombax and others. सेमल, शाल्मली ।

Silken-सिल्क्′-न्-*adj.* made of silk, soft, delicate. रेशमी, कोमल, चमकदार ।

Silkiness-सिल्किनेंस्-*n.* the qualities of silk, softness. कोमलता, चिकनाहट ।

Silk-winder-सिल्क्′-वाइन्डर्-*n.* an appliance for unwinding silk from cocoons. रेशम उधेड़ने का चरखा ।

Silkworm-सिल्क्′-वर्म-*n.* a caterpillar which produces silk. रेशम का कीड़ा ।

Silky-सिल्कि-*adj.* soft as silk, made of silk. रेशम के समान कोमल, रेशमी ।

Sill-सिल्-*n.* a slab of stone or wood at the foot of a door or window. देहली, दासा ।

Sillery-सि-लरि-*n.* a kind of sparkling wine. एक प्रकार की चमकदार मदिरा ।

Sillily-सि-लि-लि - *adv.* in a silly manner. भोलेपन से ।

Silliness-सि-लि-नेंस्-*n.* the quality of being silly. भोलापन ।

Silly-सि-लि-*adj.* (*comp.* **Sillier,** *sup.* **Silliest.**) innocent, unwise, foolish, weak-minded. भोला, मतिहीन, निर्बुद्धि, अल्पमति ।

Silo-साइ-लॅ-*n.* a pit for storing green crops हरी फसल इकट्ठा करने का गड्ढा ।

Silt-सिल्ट्-*n.* sediment deposited by running water. पानी की धारा से इकट्ठा की हुई मिट्टी या रेत;-*v. t. & i.* to obstruct with silt. मिट्टी या रेत से रास्ता बन्द करना ।

Silvan, Sylvan-सिल्वन्-*adjs.* of the woods rural. जङ्गल का, जङ्गली; **Silvan goddess** (the goddess of woods.) वनदेवी; **Silvan scenery** (scenes of jungles.) वनशोभा ।

Silver-सिल्वर्-*n.* a white soft lustrous metal, a coin of silver. चाँदी (रूपा), चाँदी का सिक्का; -*v. t. & i.* to cover with silver, to provide a mirror-glass with backing of tin foil, mercury &c. चाँदी चढ़ाना, दर्पण बनाने के लिये शीशे पर पारा इत्यादि चढ़ाना; **Fulminating silver** (a kind of gunpowder.) एक प्रकार की बारूद; **Of silver tongue** (eloquent.) वाचाल, बातूनी ।

Silver-bath-सिल्वर् - बाथ् - *n.* a solution of silver nitrate. फ़ोटोग्राफ़ी का एक प्रकार का घोल ।

Silveriness-सिल्वरि-नेंस्-*n.* the state of being silvery. सफ़ेदी, शुभ्रता ।

Silvering-सिल्वरिङ्ग्-*n.* a silver coating. चाँदी (या पारा) चढ़ाना ।

Silver-leaf-सिल्वर्-लीफ़्- *n.* a thin leaf of silver. चाँदी का तबक़ ।

Silver-paper-सिल्वर् - पें-पर्′ - *n.* a kind of photographic paper. फ़ोटो का चित्र छापने का एक प्रकार का कागज़ ।

Silver-plate-सिल्′-वर्-प्लेंट्-*n.* vessels made of silver. चाँदी के बर्तन ।

Silver-print-सिल्व़र्-प्रिन्ट् -*n.* a process of photographic printing. फ़ोटो छापने की एक विधि ; **Silversmith** (-स्मिथ्)-*n.* a worker in silver. सुनार, चाँदी का काम करनेवाला ।

Silver-solder-सिल्व़र्-सोल्डर्-*n.* a solder for joining silver. चाँदी जोड़ने का टाँका ।

Silvery-सिल्व़रि-*adj.* white like silver, white, clear. चाँदी के सदृश, श्वेत, स्वच्छ ।

Simian-सिमिअन्-*adj.* like an ape. लंगूर के समान;-*n.* a kind of monkey. एक प्रकार का बन्दर ।

Similar-सिमिलर् -*adj.* resembling, alike, of the same kind, having a similar shape. समान, तुल्य (अनुरूप), सदृश, समान आकृतिका ।

Similarity - सिमिलॅरिटि - *n.* resemblance, likeness. सादृश्य, तुल्यता ।

Similarly-सिमिलर्लि-*adv.* in a similar manner. उसी प्रकार से ।

Simile-सिमि-लि-*n.* (*pl.* **Similies.**) poetical similitude, a comparison for the sake of illustrating something. निदर्शन, उपमा ।

Similitude-सि-मिलि-ट्यूड् - *n.* comparison, simile,outward appearance,likeness. सादृश्य, समानता, आकार, रूप ।

Similize-सिमि-लाइज़्'-*v. t.* to illustrate by similes. उपमा द्वारा उदाहरण देना ।

Simmer-सि-मर्-*v. t. & i.* to boil, to keep boiling, to be in a state of suppressed anger or indignation. उबालना, धीरे-धीरे पकना, तिरस्कार या क्रोध की अवस्था में बने रहना; -*n.* a slow heating. उबाल ।

Simnel-cake- सिम्नल् - केक् - *n.* Christmas cake. बड़े दिन की रोटी ।

Simoniacally-see **Simoniacal.**

Simoniacal - सिमनिअकल् - *adj.* guilty of simony. धर्मपद के बेचने या खरीदने के अपराध से सम्बन्धित; **Simoniacally** (-लि)-*adv.* with the guilt of simony. धर्मपद क्रय-विक्रय का अपराध करते हुए ।

Simony-सिमॅनि, साइमॅनि-*n.* the crime of buying or selling church preferment. धर्मपद बेचने या मोल लेने का अपराध ।

Simoom-सि-मूम्'-*n.* a dust-laden wind of the Arabian deserts. अरब के मरुस्थल की धूलि से भरी हुई आँधी ।

Simper - सिम्पर् - *v. t. & i.* to smile in an affected manner. बनावटी रूप में मुसकराना; **Simperer** (-अर्)-*n.* one who simpers. बनावटी हँसी हँसनेवाला; **Simpering** (-इङ्ग्)-*adj.* smiling in an affected manner. बनावटी हँसीवाला; **Simperingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a simpering manner. बनावटी हँसी हँसते हुए ।

Simple- सिम्प्ल्-*adj.* plain, not analysable, artless, innocent, mere, absolute, honest. स्पष्ट, अमिश्र, निष्कपट, सीधा-सादा, अकेला, सरल, ईमानदार; -*n.* a common herb used medically. एक सामान्य वनस्पति जो औषधि की तरह प्रयोग की जाती है; **Simple beauty** (unadorned natural beauty.) प्राकृतिक सुन्दरता; **Simple diet** (ordinary food.) सादा भोजन; **Simple fracture** (breaking of bone only.) केवल हड्डी का टूटना; **Simple-hearted** (-हार्ट्-ऍड्) -*adj.* (artless, simple.) सरल हृदय का ; **Simpleness** (-नॅस्)-*n.* (artlessness, weakness of intellect.) सरलता, भोलापन ।

Simpleton-सिम्प्ल्टन्-*n.* a silly or half-witted person, a fool. मूर्ख, अनाड़ी, क्षुद्रमति ।

Simplicity-सिम्प्लिसिटि-*n.* plainness, innocence, silliness. सरलता, भोलापन, मूर्खता ।

Simplification-सिम्प्लि-फ़ि-के-शन् -*n.* the act of simplifying. सुगमकरण, स्पष्टीकरण ।

Simplify-सिम्'-प्लि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Simplified.**) to make simple, to make plain, to make easy, to reduce to simplicity. सुगम करना, स्पष्ट करना, सरल करना, छोटा करना ।

Simplism-सिम्'-प्लिज़्म् - *n.* pretended simplicity. बनावटी सरलता या भोलापन ।

Simply-सिम्'-प्लि-*adv.* in a simple manner, solely, merely. सरलता से, निष्कपट, केवल, मात्र ।

Simulacrum-सि-म्युले-क्रम्-*n.*(*pl.* **Simulacra.**) an image, deceptive likeness, pretence. प्रतिरूप (मूर्ति), कपटरूप, बहाना ।

Simulant-सिम्युलन्ट्-*adj.* of the appearance of. आकृति का ।

Simulate-सि-म्यु-लेट् -*v. i.* to pretend to be, to assume an altered form, to feign. अनुकरण करना, भेष बदलना, बहाना करना ; **Simulation** (-शन्) -*n.* the act of feigning. स्वाँग (बहाना, पाखण्ड) ।

Simultaneity-सिमल्टनीइटि, **Simultaneousness** (-अस्-नॅस्) -*ns.* the state of being simultaneous. एक ही समय में होने की स्थिति ।

Simultaneous-सिमल्टे-निअस्-*adj.* happening or operating at the same time. समकालीन, एक ही समय में होनेवाला ; **Simultaneously**

(-लि)-*adv.* at the same time. समकाल में, एक ही साथ ।

Simurg (-h)-सीमर्ग्-*n.* a huge bird of Persian mythology. फ़ारस देश की पौराणिक कथा की एक विशाल चिड़िया ।

Sin-सिन् -*n.* disobedience of moral laws of the divine command, offence against rules of propriety. नीतिविरुद्ध,पाप दोष, अपराध ;-*v. t.* (*p. t.* Sinned.) to commit sin, to offend against. पाप करना, दोष या अपराध करना; **Heinous sin** (a detested crime or sin.) घोर पातक; **Sin-offering** (sacrifice for expiating sin.) पापमुक्ति के प्रायश्चित के लिये त्याग या बलिदान ।

Sinapism-सिन्'-अ-पिज़्म् -*n.* mustard poultice or plaster. राई की पुलटिस ।

Since-सिन्स् -*conj.* because that. क्योंकि; -*adv.* before this, ago. इसके पहिले, पूर्वकाल से; -*prep.* after, from that time. बाद में, उस समय से; **Ever since** (from that time.) तब से; **Not long since** (a short time before.) थोड़े दिन हुए ।

Sincere-सिन्सिअर् -*adj.* honest, true, pure, genuine, not assumed, free from pretence. ईमानदार, सच्चा, शुद्ध, यथार्थ, वास्तविक, निष्कपट; **Sincerely** (-लि) -*adv.* in a sincere manner. शुद्ध हृदय से ।

Sincerity-सिन्सिअरिटि - *n.* freedom from falsity, genuineness. निष्कपटता (खरापन), यथार्थता ।

Sine-साइन्-*n.* the line drawn from one end of an arc perpendicular to the radius at the other end. ज्या, द्विज्या ।

Sinecure-सि(साइ)निक्योर् -*n.* an office with salary but without employment. ऐसा पद जिसमें वेतन मिले परन्तु कुछ काम न करना पड़े; **Sinecurism** (-इज़्म्) -*n.* the possession of a sinecure. सेवा-शून्य वैतनिक पद की व्यवस्था; **Sinecurist** (-इस्ट्) -*n.* one who holds a sinecure. सेवा-शून्य वतनिक पदाधिकारी ।

Sinew-सिन्यु -*n.* a fibrous tissue which unites muscles to bone, framework; -(*pl.*) bodily strength, muscles. स्नायु, ढाँचा (ब० व०) शारीरिक बल, पेशी; -*v. t.* to knit by sinews, to strengthen. पुष्ट करने के लिये स्नायु से जोड़ना ।

Sinewiness-सिन्यु-इ-नेस् -*n.* strength. पुष्टता, बल ।

Sinewless-सिन्यु-लेस् - *adj.* vigourless. शक्तिहीन ।

Sinewy-सिन्यु-इ-*adj.* strong, vigorous. पुष्ट, बलवान् ।

Sinful-सिन्'-फ़ुल्-*adj.* involving sin, wicked. पापी (अधर्मी), दुष्ट; **Sinfully** (-लि) -*adv.* in a sinful manner. पाप से; **Sinfulness** (-नेस्) -*n.* wickedness. पापपूर्णता, दुष्टता ।

Sing-सिङ्ग्-*v. i. & t.* (*p. t.* Sang, *p.p.* Sung.) to utter words in a tune, to produce melodious sound, to celebrate in verse, to compose poetry. गाना, कूजना, कविता में प्रशंसा करना, कविता रचना; **To sing out** (to call loudly.) चिल्लाकर पुकारना; **To sing to sleep** (to put to sleep with singing.) गाकर सुलाना ।

Singable-सिङ्ग्'- ऍ - बल् -*adj.* suitable for singing. गाने योग्य ।

Singe-सिन्ज् -*v. t. & i.* to burn slightly, to scorch. थोड़ा जलाना या जलना, झुलसाना या झुलसना; - *n.* a slight burning of the surface. थोड़ा दाह, झुलसन ।

Singer-सिङ्ग्'-अर् -*n.* one who sings, one whose occupation is to sing. गायक, गानेवाला ।

Singing-सिङ्ग्-इङ्ग् -*n.* vocal music. गीत, राग, **Singingly** (-लि) - *adv.* in a singing manner. गाते हुए ।

Single-सिङ्ग्'-ग्ल्-*adj.* separate, consisting of one only, unmarried, uncompounded, undivided, pure. पृथक्, अकेला (एक), अविवाहित, अमिश्रित, अविभक्त, शुद्ध; -*v. t.* to separate. अलगाना, पृथक् करना; **Single bed** (a bed for one man to sleep in.) एक मनुष्य के सोने का बिछौना ; **Single-breasted** (a coat with one set of buttons on the breast.) छाती पर एकहरे बदन का (कोट); **Single-eyed** (blind of one eye.) काना; **Single-eye-glass** (a spectacle for one eye.) एक आँख का चश्मा; **Single-fight** (a man-to-man fight.) द्वन्द्वयुद्ध, बाहुयुद्ध; **Single-handed** (alone.) अकेला, असहाय; **Single-hearted** (without duplicity.) एकचित्त, सरल; **Singleness** (-नेस्) -*n.* the state of being single, simplicity. अकेलापन, सचाई, सिधाई; **Singlet** (-लेट्) -*n.* a garment worn below a shirt. कमीज के नीचे पहिनने का कपड़ा; **Singly** (-लि) -*adv.* individually, alone. अकेले, अलग-अलग, प्रत्येक ।

Singsong-सिङ्ग्'-सॉङ्ग् -*n.* a monotonous

rhythm. एक ही सुर में अलाप; -*v. t.* to speak in a singsong manner. एक ही सुर में गाना।

Singular-सिंग्युलर् - *adj.* single, individual, unique, unusual, extraordinary. एक, अकेला, अद्भुत, अपूर्व (अनोखा), विलक्षण; **Singular number** (expressing one individual.) एकवचन।

Singularity-सिंग्युलरिटि-*n.* peculiarity. अपूर्वता, निरालापन, विशेषता।

Singularize-सिंग्युलराइज़्-*v. t.* to make singular. बहुवचन के प्रत्यय हटाना, एकवचन बनाना।

Singularly-सिंग्युलर्लि - *adv.* in a singular manner. अपूर्व रूप से, विशेष प्रकार से।

Sinister-सिनिस्टर्-*adj.* on the left hand side of a shield, unlucky, ill-looking, of evil omen, dishonest. ढाल के बाईं ओर का, अभागा, कुरूप, बेईमान; **Sinisterly** (-लि) -*adv.* in a sinister manner. बाईं ओर, कुटिलता से, अभाग्य से।

Sinistral-सिनिस्ट्रल्-*adj.* on the left, of the left. बाईं ओर, बायाँ; **Sinistrally** - *adv.* towards the left. बाईं ओर।

Sinistro-सिनिस्ट्रो-*pref.* in the sense of "left." "बायें" अर्थ का उपसर्ग।

Sinistrous-सिनिस्ट्रस्-*adj.* being on the left side, wrong, absurd. बाईं ओर का, भूला हुआ।

Sink-सिङ्क-*v. i. & t.* (*p. t.* **Sank**, *p. p.* **Sunk.**) to fall towards the bottom, to immerse, to fall down slowly, to diminish, to subside, to become lower, to decline. डुबाना, गिराना, धीरे-धीरे गिरना, कम करना, नीचे को बैठना, झुकना (घटना); - *n.* a place in which filthy liquid collects. परनाला, मोरी।

Sinkable-सिङ्कें-बृल् -*adj.* able to be sunk. डूबने योग्य।

Sinker-सि-ङ्क-र्-*n.* a weight attached to a fishing-net. मछली पकड़ने के जाल में लगाने का भार।

Sinking-सिङ्किङ्ग् - *adj.* falling, subsiding. गिरने (डूबने) वाला, कम होनेवाला।

Sinless-सिन्'-लॅस्-*adj.* free from sin, pure. पापमुक्त, पवित्र; **Sinlessly** (-लि) -*adv.* in a sinless manner. पवित्रता से; **Sinlessness** (-नॅस्)-*n.* freedom from sin. पाप से निवृत्ति।

Sinner-सिनर्-*n.* one who sins. पातकी, पाप करनेवाला।

Sinologist-सिन्-अल्-अ-जिस्ट् - *n.* one who is versed in sinology. चीनी भाषा के ज्ञानवाला; **Sinologue** (-लॉग्) -*n.* a sinologist. चीनी भाषा का पण्डित; **Sinology** (-लॅ-जि) - *n.* knowledge of the Chinese language. चीनी भाषा का ज्ञान।

Sinter-सिन्टर् - *n.* a deposit of silica by springs. जलधारा से जमा की हुई मिट्टी।

Sinuate-सिन्यु-एट्-*adj.* of wavy border. लहरिया किनारे का; **Sinuately** (-लि) - *adv.* with a wavy border. लहरिया किनारे से।

Sinuation-सिन्यु-ए'-शन् - *n.* bending in and out. लहरिया (पन)।

Sinuosity-सिन्यु-ऑसि- टि- *n.* a bend in a road or river. नदी या सड़क का मोड़।

Sinuous-सिन्युअस् - *adj.* serpentine, wavy. ऐंठा हुआ, लहरदार; **Sinuously** (-लि) -*adv.* in a wavy manner. ऐंठन से, लहराते हुए।

Sinus-साइ'-नस्-*n.* (*pl.* **Sinuses.**) a fold, a cavity of bone or fissure, a hollow. तह, नाड़ी, नासूर।

-sion-शन्-*suf.* forming abstract nouns of fictions. भाववाचक संज्ञा बनाने का प्रत्यय।

Sip-सिप्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Sipped.**) to drink in small quantities. थोड़ा-थोड़ा करके पीना (चूसना);-*n.* a small draught taken with lips. अल्पपान, आचमन।

Siphon-साइ'-फ़न्-*n.* a bent tube with one leg larger than the other used in drawing off liquids. तरल पदार्थ निकालने के लिये मुड़ी हुई नली;-*v. t.* to draw liquor by a siphon. मुड़ी नली द्वारा जल इत्यादि निकालना;**Siphonal** (-अल्) or **Siphonic** (-इक्) - *adjs.* pertaining to a siphon. मुड़ी हुई नली से सम्बन्धित।

Sippet-सि-पॅट्-*n.* a small piece of bread soaked in a liquid. किसी तरल पदार्थ में भिगाया हुआ रोटी का टुकड़ा।

Sir-सर्-*n.* (*fem.* **Madam.**) word used in addressing a master or superior, a title of address prefixed to the name of a knight or baronet. श्रीमान्, महाशय, हुज़ूर, जनाब; -*v. t. & i.* to address as 'sir.' 'सर्' कहकर पुकारना।

Sircar-सर्कार्-*n.* the Government of India. भारत-सरकार।

Sirdar-सर्दार्-*n.* an Indian chief, a leader. सर्दार, नेता।

Sire-सायर्-*n.* father, the male parent, a word

of respect for a king or prince. पिता, जनक, महाशय (महाराज, राजा साहब) ।

Siren-साइ'-रन्-*n.* a mermaid, a sweet singer, a temptress, an alluring woman. मत्स्यस्त्री, सुन्दर गानेवाली स्त्री, कुटनी, मोहिनी (वाराङ्गना); -*n.* an instrument for producing a loud sound. तीव्र शब्द उत्पन्न करने का यन्त्र ।

Sirgang-सर्'-गॅङ्ग्-*n.* the green jackdaw. नीलकण्ठ ।

Siriasis-सि-राइ'-अ-सिस्-*n.* exposure to the sun's rays as a means of prevention of certain diseases, sunstroke. रोग-निवृत्ति के लिये आतप (सूर्य की किरणों) का सेवन, लू ।

Sirius-सिरि-अस् - *n.* Dog Star. एक नक्षत्र (लुब्धक) ।


Sirrah-सिरॅ-*n.* Sir, used in a contemptuous sense. अरे, अबे, रे ।

Sirup-सि-रप्-*n.* a syrup. शर्बत ।

Siskin-सिस्किन्-*n.* a yellowish green song-bird. एक पीली हरी गानेवाली चिड़िया ।

Sister-सिस्टर्-*n.* (*mas.* **Brother.**) a daughter born of the same parents, a hospital-nurse, a woman of a religious community. भगिनी, बहिन, अस्पताल की दाई, धर्मभगिनी; **Sisterhood** (-हुड्)-*adj.* of one origin or model, एक ही बुनियाद या नमूने का; **Sister-in-law** (*pl.* **Sisters-in-law.**) a husband's or wife's sister, or a brother's wife. ननद, साली, भौजाई; **Sister's daughter** (niece.) भांजी; **Sister's husband** (brother-in-law.) बहनोई; **Sister's son** (nephew.) भांजा ।

Sister-hook-सिस्टर्-हुक् -*n.* double hook of the shape of figure 8 इस आकार की दुहरी कड़ी ।



Sister-hook.

Sisterless-सिस्टर्-लॅस्-*adj.* without a sister. बिना बहिन का ।

Sisterliness-सिस्टर्लि-नॅस्-*n.* the state of being sisterly. भगिनीत्व ।

Sisterly-सिस्टर्लि-*adj.* like a sister. भगिनी के तुल्य ।

Sister-ships-सिस्टर्-शिप्स् - *n. pl.* ships of similar form. समान आकृति के जहाज ।

Sistrum-सिस्ट्रम्-*n.* (*pl.* **Sistra.**) a kind of rattling instrument. एक प्रकार की झाँझ ।

Sit-सिट्-*v. t. & i.* (*p. t.* Sat.) to take a position in which the body rests on the ground, to remain firmly in a position, to rest, to perch, to incubate, to hold a session, बैठना, स्थिर होना, आराम करना, अड्डे पर बैठना, अण्डा सेना, सभा करना; **Sit down** (take your seat.) (खड़े न रहकर) बैठ जाओ; **Sits the wind there ?** (is that the position.) ? क्या वही स्थिति है ? **Sits well** (fits well.) ठीक बैठता है; **To sit at home** (to remain idle.) बेकार पड़े रहना; **To sit out** (to sit apart from others, to take no part in a game or matter, to sit in the open air.) दूसरों से अलग बैठना, खेल या मामले में भाग न लेना, खुली हवा में बैठना; **To sit up** (to remain awake at night till late, to keep the body in an upright position while sitting, to watch through the night.) रात में देर तक जागते रहना, सीधे बैठना, रात को जागकर पहरा देना ।

Site-साइट् -*n.* a place on which a building &c. stands, position, locality. स्थिति, स्थान भूमि, जगह ।

Sith-सिथ्-*conj.* since. चूँकि ।

Sitology-साइ-टॅल्'-ॲ-जि-*n.* the science of regulation of the diet. पथ्य विधान ।

Sitter-सि-टर्-*n.* one who sits. बैठनेवाला ।

Sitting-सि-टिङ्ग्-*n.* holding a court. बैठक, इजलास ।

Situate, Situated-सिट्'-यु-ऍट् (- ऍड्) -*adjs.* having a specified situation, stationed. स्थित, स्थापित ।

Situation-सिट्-यु-ऍ-शन् - *n.* place, position, circumstance, condition, office. स्थान, स्थिति, दशा, पद, अधिकार ।

Siva-सिव-*n.* the supreme god of destruction in Hindu mythology. शिव, महादेव; **Sivaite** (-आइट्) -*n.* a votary of Saivism. शिव-भक्त, शिवजी का उपासक ।

Six-*adj. & n.* three times two. छः; **At sixes and sevens** (in great perplexity.) बड़ी व्यग्रता में; **Sixfold** (-फ़ोल्ड) -*adj.* six times as much. छःगुना; **Six-footer** (- फुट्-अर्)-*n.* a revolver carrying six cartridges. छः कारतूस की पिस्तौल; **Sixteen** (-टीन्) -*n.* ten and six. सोलह; **Sixteenth** (-टीन्थ्) -*adj. & -n.* ordinal of sixteen, of sixteen equal parts. सोलहवाँ, सोलहवाँ अंश ।

Sixth-सिक्स्थ् - *adj.* ordinal of six. छठवां; **Sixthly** (-लि) -*adv.* in the sixth place. छठे स्थान में ।

Sixtieth-सिक्स्'-टि-अथ् - *adj. & n.* ordinal of sixty, one of sixty equal parts. साठवाँ, साठवाँ भाग।

Sixty-सिक्स्-टि - *n.* one more than fiftynine. साठ।

Sizable - साइ - ज़ें-ब्ल् - *adj.* of considerable size. बड़े आकार का।

Sizar-साइज़र्-*n.* a student at Cambridge who gets an allowance or scholarship to study. कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय का विद्यार्थी जो पढ़ने के लिए छात्रवृत्ति पाता है।

Size-साइज़्-*n.* dimension, bulk, magnitude, a gelatinous solution. परिमाण, आकृति, आकार, सरेस (लासा); -*v. t. & i.* to group according to size, to glaze with size, to measure. नाप के अनुसार वर्गीकरण करना, सरेस लगाना, नापना।

Sized-साइज़्ड्-*adj.* of a particular size. नाप किया हुआ, सरेस लगा हुआ।

Sizer - साइज़र् - *n.* one who sizes. सरेस लगानेवाला।

Sizing-साइज़िङ्ग्-*n.* the act of applying size, a kind of weak glue used in varnish. सरेस लगाने की क्रिया, एक प्रकार का वार्निश बनाने की सरेस।

Sizy-साइज़ि-*adj.* glutinous. चिपचिपा, लसदार।

Sizzle-सि-ज़ल्-*v. i.* to make a sputtering sound. छन्-छन् शब्द करना;-*n.* a sputtering sound. इस प्रकार का शब्द।

Skate-स्केट्-*n.* a kind of fish, a sliding shoe for moving on ice, an implement with rollers attached beneath boots enabling the wearer to glide on floor एक प्रकार की मछली, बरफ पर या छत पर चलने या सरकनेवाला या पहियों पर चलनेवाला जूता ;-*v. i. & t.* to slide on skates ऐसा जूता पहनकर चलना; **Skating-rink** (a place for skating.) इस प्रकार का जूता पहनकर चलने का स्थान।


Skate

Skean, Skene-स्कीन्-*ns.* a kind of dagger. एक प्रकार का कुठार या गँड़ासा।

Skedaddle-स्कि-डॅ-ड्ल्'-*v. i.* to run away in fight. लड़ाई में भाग जाना।

Skein-स्केन् *n.* a bundle of yarn, thread or silk, a flock of wild geese. तागे का लच्छा (अण्टा), जङ्गली बतख का झुण्ड।

Skeletal-स्कॅ लिटल्-*adj.* pertaining to skeleton. कंकाल सम्बन्धी।

Skeleton-स्कॅ-लिटन् -*n.* the bony framework of the body, a general outline, the framework or essential part of anything, abstract. कंकाल, अस्थिपञ्जर, ठठरी, ढाँचा, सारांश।

Skeletonize-स्कॅ लिटॅनाइज़्-*v. t.* to make a skeleton of. कंकाल के रूप में लाना।

Skeleton-key-स्कॅ लिटॅन्-की-*n.* a master key. अनेक तालों में लगनेवाली एक ताली।

Skep-स्कॅप्-*n.* a kind of wicker-work basket, artificial beehive. खँचिया, मधुमक्खी का बनावटी छत्ता।

Skerry-स्कॅ रि-*n.* a rock. चट्टान।

Sketch-स्कॅच्-*n.* an outline, a rough plan or general outline, a rough draft. स्थूल या संक्षिप्त वर्णन, खाका,ढाँचा, मसविदा;-*v. t.&i.* to draw outline or general view of, to make a plan of, to give the principal points of, to describe. नकशा खींचना, खाका बनाना, ढाँचा बनाना, स्थूल वर्णन करना; **Sketch-book** (-बुक्) -*n.* a book on which sketches are drawn. खाका बनाने की कापी; **Sketcher** (-अर्) -*n.* one who makes sketches. खाका बनानेवाला; **Sketch-map** (-मॅप्)-*n.* a map in the form of a sketch. खाके का नक़शा ; **Sketch of a painting** (a painting in outline only.) चित्र का खाका ; **Sketchy** (-इ) - *adj.* containing an outline. खाके के रूप का।

Skew-स्क्यू-*adj.* oblique, slanting. टेढ़ा, तिर्छा; -*n.* the oblique end of a buttress. मुँडेरे का तिर्छा किनारा ; **Skew-bridge** (-ब्रिज्) -*n.* a bridge that crosses obliquely. तिर्छी मेहराब का पुल; **Skew-chisel** (-चिज़ॅल्)-*n.* a chisel with an oblique blade. तिर्छी धार की रुखानी; **Skew-eyed** (-आइड्) -*adj.* squint-eyed. ऐंचा; **Skew-wheel** (-व्हील्) - *n.* a wheel with oblique teeth. तिर्छे दाँते का पहिया।

Skewer-स्क्यू'-अर् -*n.* a pin for holding meat while cooking. कबाब बनाने का सीकचा ; -*v. t.* to fasten with skewers. सीकचे में मांस पिरोना।

Ski-स्की - *n.* (*pl.* Skis.) runners of wood fastened under the feet for travelling over snow. बरफ़ पर चलने के लिए पैर में बाँधने का लकड़ी का तिर्छा पटरा।

Skid-स्किड् - *n.* a frame used as support, a contrivance for locking the revolution of a wheel. लकड़ी या तल्ला या बोटा, चलते हुए

पहिये को रोकने का साधन; -v. t. (p. t. Skidded.) to check with a skid. रुकावट डालना, रोकना।

Skiff-स्किफ्-*n.* a kind of small light boat. एक प्रकार की छोटी हलकी नाव।

Skilful-स्किल्'-फुल-*adj.* having skill, expert, ingenious, dexterous. प्रवीण, कुशल, निपुण; **Skilfully** (-लि)-*adv.* in a skilful manner. चतुराई से, कुशलता से; **Skilfulness** (-नेंस्) -*n.* the quality of being skilful. प्रवीणता, चतुराई।

Skill-स्किल् - *n.* dexterity, expertness, tact, practised ability. कौशल, प्रवीणता, चातुरी, युक्ति (उपाय)।

Skilled-स्किल्ड् - *adj.* familiarly acquainted with. चतुर, अभ्यस्त।

Skilless-स्किल्'-लेंस्-*adj.* wanting in skill. युक्तिहीन।

Skillet-स्कि-लेंट्-*n.* a small metal pot for cooking with handles or rings. कड़ेदार डेगची या बटुआ।

Skilly-स्कि-लि-*n.* a soup or gruel given to prisoners. कैदियों को खिलाने की दलिया।

Skim-स्किम्-*v. t. & i.* (*p. t.* Skimmed.) to take off cream or scum, to take the best part of anything, to glide along in the air, to look superficially. फेन, झाग या मलाई हटाना, किसी पदार्थ का उत्तम तत्त्व ले लेना, हवा में घूमना, स्थूल दृष्टि से देखना; **Skimmed** (-ड्)-*adj.* with cream removed. मलाई उतारा हुआ; **Skimmer** (-अर्)-*n.* a scoop used for skimming. मलाई उतारने की करछी या झरनी।

Skimp-स्किम्प्-*v. t.* to give poor quantity of food. कम भोजन देना।

Skimping - स्किम्पिङ्ग् - *adj.* miserly. कृपण, मक्खीचूस।

Skimpy-स्किम्पि-*adj.* meagre. दरिद्र, भ्रष्ट।

Skin-स्किन्-*n.* the outer covering of animal body, the outer coating of plant, rind, hide, a vessel made of hide. चमड़ा, खाल, छिलका, झिल्ली, चमड़े का पात्र या बर्तन; -*v. t.* (Skinned.) to strip off the skin, to cover with skin. खाल खींचना, चमड़ा मढ़ना; **Only skin and bone** (only skeleton.) कंकाल-मात्र; **To change one's skin** (to undergo impossible change.) असंभव परिवर्तन होना; **To save one's skin** (to get off safe.) सुरक्षित रहना; **Skin-deep** (-डीप्)-*adj.* superficial. बाहरी भाग का; **Skinflint** (-फ्लिन्ट्)-*n.* a niggardly person. कंजूस, कृपण; **Skin-grafting** (-ग्रॉफ्ट्-इङ्ग्)-*n.* surgical substitution of skin cut from a sound part of the body for a damaged part. शरीर के अच्छे भाग की खाल निकालकर घाव पर चिपकाना; **Skinless** (-लेंस्) -*adj.* having no skin. बिना चमड़े का; **Skinned** (-ड्) -*adj.* covered with skin. चमड़ा लगा हुआ; **Skinner** (-अर्)-*n.* one who deals in skins. चमड़ा बेचनेवाला; **Skinniness** (-नेंस्)-*n.* the state of being skinny. खालपन; **Skinny** (-नि) -*adj.* consisting of skin only. चमड़ेदार।

Skink-स्किङ्क् - *n.* a kind of small lizard. एक प्रकार की छोटी छिपकली।

Skip-स्किप्-*v. i. & t.* (*p. t.* Skipped.) to leap, to jump, to move lightly from one foot to the other, to omit, to disappear, to shift from one subject to another. कूदना, पारी-पारी से एक पर पर भार देकर चलना, त्यागना, लुप्त होना; एक विषय को छोड़कर दूसरा पकड़ना; -*n.* spring or bound, a college servant, a bucket in which men or materials are lowered and raised in mines, the omission of a part. कुदान की चाल, पाठशाला का सेवक, खान में असबाब या मनुष्यों को उतारने-चढ़ाने का झूला, छूट।

Skip-jack-स्किप्' - जैक् - *n.* a horse-dealer's boy, a jockey, a leaping fish, a springing beetle, hopping, a kind of skipping toy. घोड़े के व्यापारी का नौकर, घुड़दौड़ का सवार, उछलनेवाली मछली या कीड़ा या गुबरैला, उछाल, एक प्रकार का कूदनेवाला खिलौना।

Skipper-स्किप'-पर्-*n.* the master of a small trading vessel. छोटे व्यापारी जहाज का अधिकारी।

Skippet-स्किप्'-पेंट्-*n.* a wooden box used to protect seals of documents. सरकारी बन्धक या कागज-पत्रों की मुहर को सुरक्षित रखने का लकड़ी का बक्स।

Skipping-स्किप्' - इङ्ग्-*n.* leaping. कुदान; **Skipping-rope** (a small rope used in skipping.) एक टुकड़ा रस्सा जिसके दोनों छोर हाथों में पकड़कर शरीर के चारों ओर घुमाते और कूदते हैं।

Skippingly-स्किपिङ्ग्-लि-*adv.* in a skipping manner. कुदान लगाते हुए।

Skirl-स्कर्ल्-*v. t.* to make a chirping sound, चींचीं शब्द करना; -*n.* a shrill sound. ककेश शब्द ।

Skirmish-स्कर्मिश्-*n.* an irregular fighting, a contest, a witty argument. अव्यवस्थित-युद्ध, हलकी लड़ाई, भिड़न्त, शास्त्रार्थ;-*v. i.* to fight slightly. छोटी लड़ाई लड़ना; **Skirmisher** (-अर्) -*n.* one who skirmishes. छोटी लड़ाई लड़नेवाला ।

Skirret-स्किरिट् - *n.* a kind of parsnip. एक प्रकार का शाक (अजमोदा) !

Skirt-स्कर्ट्-*n.* the hanging part of a garment, edge, border, a woman's outer garment. वस्त्र का लटकता हुआ भाग, किनारा, अंचल, स्त्रियों का घाघरा; -*v. t. & i.* to go along the edge, to border, to surround. किनारे-किनारे चलना, किनारा लगाना, घेरना ।

Skirted-स्कर्टेड्-*adj.* having skirts. किनारदार; **Skirtless** (-लॅस्)-*adj.* without a skirt, बिना किनारे का ।

Skit-स्किट्-*n.* a lampoon, a burlesque. हँसी, व्यङ्ग ।

Skitter-स्कि-टर् - *v. i.* to go splashing in water. पानी छपछपाते चलना ।

Skittish-स्कि-टिश्-*adj.* playful, shy, excitable, capricious. खिलाड़ी, भड़कनेवाला, चंचल, चपल; **Skittishly** (-लि) - *adv.* wantonly. चंचलता से; **Skittishness** (-नॅस)-*n.* wantonness. चपलता चंचलता ।

Skittle-स्कि'-ट्ल्-*n.* the game of nine pins. एक प्रकार का खेल ।

Skive-स्काइव्-*v. t.* to split leather or rubber in slices or strips, to grind the surface of a gem. चमड़ा या रबड़ को पतले टुकड़ों या पत्तरों में फाड़ना, रत्न का पहल रगड़ना ।

Skiver-स्कि'-वर्-*n.* a knife for paring leather. चमड़ा फाड़ने का चाकू ।

Skulk-स्कल्क्-*v. i.* to keep oneself concealed, to stay away. छिपना, दबक रहना; **Skulker** (-अर्) - *n.* one who skulks. छिपनेवाला; **Skulkingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a skulking manner. छिपते हुए ।

Skull-स्कल्-*n.* the bony case of the brain, cranium. कपाल, खोपड़ी ।

Skullcap-स्कल्'-कॅप्-*n.* a cap fitting closely on the head. सिर पर चपककर बैठनेवाली टोपी; **Skulled** (-ड्)-*adj.* having a skull. माथे में चिपकी हुई टोपी पहिने हुए ।

Skunk-स्कङ्क् - *n.* a small American carnvorus animal, a contemptible fellow. अमेरिका देश का एक मांसभक्षी पशु, नीच मनुष्य ।

Skurry-स्करि -*n.* haste. शीघ्रता, जल्दी ।

Sky-स्काइ-*n.* (*pl.*Skies.) the vault or arch of heaven, climate. (गगन, नभ), आकाश, ऋतु; -*v. t.* (*p. t.* **Skied.**) to throw high up in the air. गेंद इत्यादि को आकाश में फेंकना; **Sky-blue** (ब्लू)-*adj.* of the colour of the sky. नीलवर्ण का; **Sky-born** (-बॉर्न्) -*adj.* heaven-born. दैवी उत्पत्ति का ; **Sky-clad** (-क्लॅड्) -*adj.* naked. नंगा ; **Skyey** (- इ) -*adj.* pertaining to the sky. आकाश सम्बन्धी ; **Skylark** (- लार्क्) - *n.* a singing lark. चकवा, अबाबील ; **Skyless** (-लॅस्) -*adj.* without sky. आकाशहीन; **Skylight** (-लाइट्) -*n.* the window placed near the roof of a room. कमरे में छत के पास की खिड़की, झरोखा, रोशनदान;**Skyline**(-लाइन्)-*n.* horizon.क्षितिज; **Sky-rocket** (-रॉक्'-ऍट्)-*n.* a kind of fire-work. आकाश-बान; **Sky-scraper** (-स्क्रे'-पर्) -*n.* a very high building. अनेक खण्ड की बड़ी ऊँची इमारत; **Sky-touching** (-टच्-इङ्ग्)-*adj.* reaching the sky. गगनचुम्बी; **Skyward** (-वर्ड्), **Skywards** (-वर्ड्स्)-*advs.* towards the sky. आकाश की ओर ।

Slab-स्लॅब्-*n.* a thin flat rectangular or square piece of stone or other hard material, outer cut or plank of a log. शिला-फलक, पत्थर की पटिया, तख्ता, कोरन; -*v. t.* (*p. t.* **Slabbed.**) to cut into slabs. परत अलगाना, तख्ते काटना; -*adj.* viscous, sticky. चिपचिपा, लसदार ।

Slabber-स्लॅ-बर्-*n.* slaver, excessive saliva. थूक, अधिक लार; -*v. t.* to sup hastily. जल्दी-जल्दी भोजन करना ।

Slabberer-स्लॅ-बरर्-*n.* one who slabbers जल्दी-जल्दी भोजन करनेवाला ।

Slabby-स्लॅ'-बि-*adj.* muddy, watery, viscous dirty. कीचड़ या जलपूर्ण, चिपचिपा, मलिन ।

Slab-stone-स्लॅब्-स्टोन्-*n.* a flagstone. परत-परत होनेवाला पत्थर ।

Slack-स्लॅक्-*adj.* relaxed, loose, slow, sluggish, negligent. शिथिल, मन्द, ढीला, निर्बल, लापरवाह; -*n.* the loose part of a rope, coal-dust, a cleft between hills, a boggy place. रस्से का ढीला भाग, पत्थर के कोयले की धूर, पहाड़ियों

के बीच की दरार, दलदली जगह;-*n. pl.* trousers. (ब० व०) पायजामा; -*v. t. & i.* to make loose. ढीला करना;-*adv.* partially, insufficiently. आंशिकरूप में, अपर्याप्त रूप में; slack-baked (imperfectly baked.) भली भाँति न पका हुआ; To slack off (to abate strength.) शक्ति कम करना; To slack up (to reduce speed.) गति कम करना।

Slacken-स्लैक्'-न्-*v. t. & i.* to make slower, to abate, to mitigate. शिथिल करना, मन्द करना, कम करना।

Slacker-स्लै-कर्-*n.* one who slackens. ढीला करनेवाला।

Slackness-स्लैक्नेस् -*n.* weakness, looseness, slowness. शिथिलता, ढीलापन।

Slacky-स्लैकि-*adj.* relaxed. शिथिल, मंद, ढीला।

Slade-स्लेड् -*n.* a small valley, a strip of boggy land. छोटी घाटी।

Slag-स्लैग्-*n.* dross separated from a metal, volcanic scoria. धातु का मल, ज्वालामुखी पहाड़ से निकला हुआ कीट।

Slaggy-स्लै-गि -*adj.* pertaining to slag. धातु की मैल का।

Slag-wool-स्लैग्-वूल् -*n.* mineral wool. धातु के रेशे।

Slain-स्लेन्-*p. p.* of Slay. मार डाला गया।

Slake-स्लेक्-*v. t. & i.* to extinguish (fire), to appease (desire, thirst, hunger), to cool with water, to diminish one's efforts, to relax, to become less painful, to burn less strongly, to disintegrate lime by moistening. (आग) बुझाना, (इच्छा, प्यास, भूख) शान्त करना, जल द्वारा शीतल करना, अपनी कोशिश कम करना, ढीला पड़ जाना या कर देना, कम कष्टकर होना, कम तेजी से जलना, चूना के ढोंके को पानी छिड़क-कर या तर करके भड़काना।

Slam-स्लैम् -*v. t. & i.* (*p. t.* Slammed.) to shut with a loud noise, to hit, to hang. तेज आवाज के साथ बन्द करना, मारना, लटकना; -*n.* a violent sound, sound as of shutting a door. धड़ाके का शब्द।

Slander-स्लैन्डर्-*v. t.* to defame falsely, to injure by a false report. कलंक लगाना (अपयश फैलाना), दुर्नाम करना;-*n.* defamation, calumny. अपवाद, अपयश; Slanderer (-अर्) -*n.* one who defames. अपयश फैलानेवाला; Slanderous (-अस्)-*adj.* defamatory. मिथ्यानिन्दक, कलंकी; Slanderously (-अस्-लि)-*adv.* in a slanderous manner. कलंकित या बदनाम करते हुए; Slanderousness (-अस्-नेस्) -*n.* the quality of being slanderous. अपयश, अपवाद।

Slang-स्लैङ्ग्-*n.* words and phrases current in colloquial use but not used in literary language. अश्लील भाषण, गँवारू बोलचाल;-*v.t.* to abuse, to scold. अश्लील भाषण करना, गाली देना; Slangily (-लि) -*adv.* in a slangy manner. गँवारू भाषा में; Slanginess(-इ-नेस्) -*n.* slangy language. भाषा का गँवारपन; Slangy (-इ) -*adj.* of the nature of a slang. गँवारू।

Slant-स्लैन्ट् -*v. i. & t.* to slope, to turn obliquely. तिरछा (ढाल में) होना, तिरछा करना;-*adj.* sloping, inclined. ढालुआँ, तिरछा;-*n.* a slope, oblique position, ढार, तिरछी स्थिति; Slantingly (-इङ्ग्-लि)-*adv.* with a slope. तिरछेपन से; Slantwise (-वाइज़्) -*adv.* obliquely. तिरछी ओर में।

Slap-स्लैप् -*n.* a blow with the palm of he hand. थप्पड़, तमाचा;-*v. t.* (*p. t.* Slapped.) to give a slap to. थप्पड़ मारना; ;-*adv.* suddenly, effectively. तीव्रता से, वेग से;-*adj.* hasty, careless. जल्दीबाज, लापरवाह।

Slap-dash-स्लैप्-डैश् -*adv.* boldly, rashly. साहस से, हड़बड़ाहट से।

Slash-स्लैश्-*v. i. & t.* to make sweeping cuts, to cut in long strips. to lash with a whip. लम्बी फाँक करना, लम्बे टुकड़े काटना, चाबुक से मारना; -*n.* a long cut. लम्बी फाँक; Slashing (-इङ्ग्) -*adj.* severe. तीक्ष्ण, मर्मभेदी।

Slat-स्लैट्-*n.* a thin narrow piece of metal or wood, a roofing slate, a thin stone slab for roofing. धातु या लकड़ी की पतली पट्टी, छत पाटने की स्लेट, छत पाटने की पतली पत्थर की पटिया; -*v. i. & t.* (*p. t.* Slatted.) to cover with slates, to furnish with slabs, to flap with wind. स्लेट से ढाँकना, पटियों से युक्त करना या पटिया लगाना, हवा के झोंके से फड़फड़ाना।

Slate-स्लेट् -*n.* a kind of grey rock which easily splits into thin smooth plates, such a slice used for writing. स्लेट पत्थर, सिलेट पट्टी; -*v. t.* to cover with slates, to abuse. सिलेट पत्थर बैठाना, गाली देना; To clean the slate (to renounce obligations.) एहसान छुड़ाना।

Slater-स्लेटर् *n.* one who prepares or fixes slates. सिलेट बनाने या बैठानेवाला।

Slattern-स्लैटर्न् -*n.* a woman who is careless of her dress. मैला-कुचैला वस्त्र पहिननेवाली स्त्री; Slatternliness (-लि-नेस्)-*n.* slovenliness.

फूहड़पन; Slatternly (-लि) *adv.* untidily. फूहड़पन से ।

Slaty-स्लेटि-*adj.* of the colour of slate. सिलेट के रङ्ग का ।

Slaughter-स्लॉ-टर् -*n.* a massacre, slaying several persons or animals at once. संहार, हत्या (वध);-*v. t.* to kill. हत्या करना; **Slaughterer** (-अर्) -*n.* one who is engaged in slaughtering. हत्या करनेवाला; **Slaughter-house** (-हाउस्)-*n.* place for slaughtering beasts. वधस्थान, कसाई खाना; **Slaughterous** (अस्)-*adj.* murderous. हत्यारा; **Slaughterously** (-अस्-लि)-*adj.* in a slaughterous manner. हत्या करते हुए ।

Slav-स्लाव् -*n.* a member of a race inhabiting Eastern Europe comprising the Russians, Bulgarians, Poles, Czechs & Slovenes. पूर्वी यूरोप में बसनेवाली एक जाति का सदस्य ।

Slave-स्लेव्-*n.* a person in bondage, a serf, a helpless victim. दास, चाकर, अधीन व्यक्ति; **Slave-bangle** (a bangle worn above the elbow.) अनन्त; **Slave-born** (-बॉर्न्)-*n.* born in slavery. गर्भदास ; **Slaver** (-अर्)-*n.* a ship employed in slave-trade. दास का व्यापार करनेवाला जहाज़; **Slave-hunter** (-हन्-टर्)-*n.* one who hunts for slaves, दास बेचनेवाला; **Slave-trade** (-ट्रेड्)-*n.* the trade of buying and selling slaves. दास खरीदने तथा बेचने का व्यवसाय ।

Slaver-स्लैवर्-*v. i. & t.* to let spittle flow from the mouth. मुँह से थूक या लार गिराना; -*n.* dribbling of saliva from the mouth. लार की टपक ।

Slaverer-स्लैवरर् -*n.* one who slavers, a servile flatterer. लार बहानेवाला, नीच चापलूस ।

Slavery-स्लेवरि-*n.* the condition of a slave bondage. किंकरता, दासत्व, गुलामी ।

Slavey - स्ले-वि - *n.* a maid-servant. दासी, मजदूरनी ।

Slavish-स्ले-विश्-*adj.* servile, mean, base. दास-सम्बन्धी, तुच्छ, नीच ; **Slavishly** (-लि) -*adv.* in a slavish manner. दासत्व से, नीचता से; **Slavishness** (-नेस्)-*n.* the state of being slavish. दासत्व ।

Slay-स्ले- *v. t.* (*p. t.* **Slew**, *p. p.* **Slain.**) to put to death, to kill. हत्या (वध) करना, मार डालना ।

Slayer-स्लेअर् -*n.* one who slays, a murderer. वध करनेवाला, हत्यारा ।

Sleave-स्लीव्-*v. t.* to separate into threads. धागे को अलगाना ।

Sleazy-स्लीज़ि-*adj.* flimsy. असार, निर्बल ।

Sled-स्लेड्, **Sledge**-स्लेज्-*ns.* a vehicle with runners for conveyance on snow. बरफ़ पर सरकनेवाली बिना पहिये की गाड़ी;-*v. t.* to travel on a sledge. बिना पहिये की गाड़ी पर चढ़कर चलना ।

Sledge-hammer-स्लेज्'-हॅ-मर् - *n.* a heavy hammer of the blacksmith. लुहार का भारी हथौड़ा, घन ।

Sleek-स्लीक्-*adj.* smooth, glossy. चिकना, चमकीला;-*v. t.* to make smooth by pressing or rubbing. दबाकर या रगड़कर चिकनाना; **Sleekly** (-लि) -*adv.* in a sleek manner. चिकनाहट से; **Sleekness** (-नेस्)-*n.* smoothness. चिकनाहट; **Sleeky** (-इ) -*adj.* smooth. चिकना ।

Sleep-स्लीप्-*n.* slumber, repose (rest), quiet, death. निद्रा, विश्राम, शान्ति, मृत्यु;-*v. i. & t.* (*p. t. & p. p.* **Slept.**) to rest, to slumber, to be dead. विश्राम करना, सोना, मृत्यु को प्राप्त करना; **Broken sleep** (an unsound sleep.) उखड़ी नींद; **Death sleep** (death.) कालनिद्रा ।

Sleeper-स्लीपर् -*n.* one who sleeps, a lazy person, one of the timbers to which a line of rail is fixed. सोनेवाला, आलसी मनुष्य, लकड़ी की धरन जिस पर रेल की पटरी जड़ी होती है ।

Sleepiness-स्लीपिनेस्-*n.* inclination to sleep. निद्रा लेने की इच्छा ।

Sleeping-स्लीप्'-इङ्ग्-*adj.* reposing in sleep. निद्रा लेता हुआ; **Sleepless** (-लेस्)-*adj.* having no sleep, wakeful. निद्रा न लेता हुआ, जाग्रत; **Sleeplessly** (-लि) - *adv.* in a sleepless manner. जागते हुए ; **Sleeplessness** (-नेस्) -*n.* want of sleep. निद्रा का अभाव ; **Sleep-walker** (-वा-कर्)-*n.* a somnambulist. निद्रा की अवस्था में घूमने-फिरनेवाला रोगी ।

Sleeping-car-स्लीपिङ्ग-कार्-*n.* a compartment in a railway carriage in which there is accommodation of sleeping. रेल का डब्बा जिसमें यात्री के सोने का प्रबन्ध रहता है ।

Sleepy-स्लीपि-*adj.* inclined to sleep, drowsy. निद्रालु, निद्राग्रस्त ।

Sleet-स्लीट्-*n.* hail or snow falling with

rain. तुषार-वर्षा, ओले के साथ वर्षा; To sleet rain with sleet. ओले के साथ वर्षा होना।

Sleetiness-स्ली-टि-नेस्-*n.* the state of being sleety. तुषार-वर्षा की अवस्था।

Sleetly-स्लीट्'-लि-*adv.* in a sleety manner. तुषार-वर्षा के रूप में या ढंग से।

Sleeve-स्लीव्-*n.* the part of a garment which covers the arm. बहोली, आस्तीन; To laugh in one's sleeve (to laugh secretly.) छिपे हुए हँसना; To roll up one's sleeves (to prepare for a fight.) झगड़ा करने के लिए तैयार होना; Sleeved (-ड्) -*adj.* having sleeves. आस्तीनदार; Sleeveless (-लस्)-*adj.* without sleeves. बिना आस्तीन का; Sleeve-link (-लिङ्क्) *n.* a stud used as a cuff-holder. आस्तीन का बटन।

Sleigh-स्ले-*n.* a sled. बरफ पर चलनेवाली बिना पहिये की गाड़ी।

Sleight-स्लाइट्-*n.* cunning, dexterity, artful trick. धूर्तता, छल (माया), नज़रबन्दी; Sleight of hand (dexterity of the hand in juggling.) इन्द्रजाल, हाथ की सफाई।

Slender-स्लेन्डर्-*adj.* long and thin, not stout, scanty, feeble. दुबला-पतला, दुर्बल, क्षीण, कृश; Slenderly (-लि)-*adv.* in a slender manner. दुर्बलता से; Slenderness (-नेस्) -*n.* thinness, weakness. कृशता, दुर्बलता।

Slept-स्लेप्ट् -*p. t.* & *p. p.* of Sleep. सोया।

Slew-स्लू-*p. t.* of Slay. बध या हत्या किया।

Slew, Slue-स्लू-*v. i.* & *t.* to turn or swing round. घूमना, झूलना, घुमाना, झुलाना; -*n.* a turn, a swing. घुमान, मोड़, लटकन।

Sley-स्ले-*n.* a weaver's comb. जुलाहे की कंघी।

Slice-स्लाइस्-*n.* a thin broad piece cut off from meat bread &c., share, an instrument with a broad blade. मांस या रोटी का पतला, चौड़ा खण्ड (फाँक, टुकड़ा), भाग, हिस्सा, चौड़ी धार का हथियार; -*v. t.* & *i.* to cut into thin pieces. फाँक काटना, टुकड़ा करना।

Slick-स्लिक्-*adj.* simple, dexterous. सामान्य, चतुर; -*adv.* at once, effectually. तुरन्त, पूर्ण रूप से।

Slidable-स्लाइड-ब्ल्-*adj.* arranged for sliding. घिसकने योग्य बना हुआ।

Slide-स्लाइड्-*v. i.* & *t.* (*p. t.* Slid.) to move along a smooth surface, to slip in, to glide over ice, to pass quietly & gradually, to lapse morally, to go wrong, to cause to slip. फिसलना, सरकना, बरफ़ पर घिसकना, धीरे-धीरे चुपचाप चलना, आचरण या चरित्र में चूक जाना, भूल कर बैठना, खिसकाना या फिसलाना; -*n.* the act of sliding, the part of a machine which slides, a polished slippery track, a glass strip for mounting microscopic objects, a picture for projection on a screen, a slipping lid, a gliding seat. सरकन, यन्त्र में सरकनेवाला भाग, चिकना मार्ग, खुर्दबीन से देखे जाने योग्य पदार्थों के रखने के लिये शीशे का पत्तर, पर्दे पर फेंककर दिखाया जानेवाला चित्र, खिसकनेवाला ढकना, खिसकनेवाली कुर्सी या चौकी; To let things slide (to be negligent.) जो हो सो होने देना।

Sliding-स्लाइड्'-इङ्ग्-*adj.* & *n.* slipping the act of slipping. सरकनेवाला, सरकन।

Slight-स्लाइट्-*adj.* slender, weak, inadequate, not thorough. कृश, दुर्बल, थोड़ा, अपूर्ण; -*v. t.* to treat with neglect, to disregard, उपेक्षा करना, तिरस्कार करना; -*n.* moderate contempt. उपेक्षा, अनादर; Slight blow (a weak blow.) हल्की मार; To a slight degree (in a weak manner) अल्पमात्र।

Slightingly-स्लाइ-टिङ्ग्लि-*adv.* with neglect. उपेक्षा से।

Slightly-स्लाइट्' लि-*adv.* in a slighting manner, only a small quantity. अनादर से, अल्पमात्र।

Slightess-स्लाइट्'-नेस्-*n.* disregard, slenderness, weekness. तिरस्कार, उपेक्षा, दुर्बलता।

Slim-स्लिम्-*adj.* of slender, shape. weak, crafty. दुबला-पतला, दुर्बल, धूर्त।

Slime-स्लाइम्-*n.* a glutinous substance, oozy mud, mucus, semen, finely crushed metallic ore in the form of mud. लिसलिसी मिट्टी, कीचड़, करेली मिट्टी, इन्द्रिय-मल या श्लेष्मा, वीर्य, कीचड़ के रूप पिसी हुई कच्ची धातु; -*v. t.* to cover with slime. चिपकनेवाली मिट्टी से ढाँपना।

Slimily-स्लाइमि-लि-*adv.* in a slimy manner. लसलसेपन से; Sliminess (-मि-नेस्)-*n.* the state of being slimy. चिपचिपाहट, लसलसाहट।

Slimly-स्लिम्' - लि - *adv.* with craftiness धूर्तता से।

Slimmish-स्लि'-मिश्-*adj.* somewhat slim. कुछ पतला।

Slimness-स्लिम्'-नेस्-*n.* the quality of being slim. दुर्बलता।

Slimy-स्लाइमि-*adj.* full of slime, slippery. लिसलिसी मिट्टी भरी हुई, सरकनेवाली।

Sling-स्लिङ्ग्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Slung.) to throw, to hurl. फेंकना, झटकारना, लोकाना, ढेलवाँस चलाना; -*n.* a rope used in throwing

stones, a looped support. ढेलवाँस, छिक्का, झलुआ।

Slink-स्लिङ्क्-*v. i. & t.* (*p. t.* Slunk.) to go in an ashamed manner, to miscarry. लज्जित होकर जाना, गर्भ गिराना; -*n.* a bastard child. अविवाहित माता-पिता से जन्मी सन्तान।

Slip-स्लिप्-*v. i. & t.* (*p. t.* Slipped.) to slide unintentionally, to go with a sliding motion, to run away unobserved, to overlook, to make a careless mistake, to insert stealthily. बिना इच्छा के फिसल जाना, सरकना, अप्रत्यक्ष रूप में भाग जाना, ध्यान न देना, भूल करना, चोरी से रखना या दर्ज करना; -*n.* the act of slipping, a blunder, a kind of loose garment, a thin piece of wood. सरकन, दोष, अपराध (भ्रम), ढीला वस्त्र, लकड़ी की पतली पट्टी ;-*adj.* slipping. सरकनेवाली।

Slipper-स्लिपर्-*n.* a loose light indoor shoe, घर में पहिनने का ढीला जूता या चप्पल, स्लीपर, चट्टी; **Slippered** (-ड्)-*adj.* wearing slippers, retarded by a brake. चट्टी पहिने हुए; ब्रेक लगाकर रोका गया; **Slipperiness** (-इ-नेंस्) -*n.* the state of being slippery. फिसलन, चंचलता ; **Slipperingly** -*adv.* in a slippery manner. फिसलते हुए, अस्थिरता से; **Slippery** (-इ) -*adj.* smooth, unreliable, uncertain, shifty. चिकना, अस्थिर, अनिश्चित, चंचल।

Slippy-स्लि-पि-*adj.* slippery, nimble, sharp, quick. फिसलनेवाला, फुर्तीला, तेज, शीघ्र।

Slipshod-स्लिप्'-शॉड्-*adj.* wearing slippers, careless. चप्पल पहिने हुए, असावधान।

Slit-स्लिट्-*v. t.&i.* (*p. t.* Slitted.) to cut lengthwise, to cut into thin strips. लम्बे बल काटना, पतली पट्टी काटना ; -*n.*a long cut, a narrow opening. लम्बी फटन, लम्बी दरार या छेद।

Sliver-स्लि'(स्लाइ')-व़र्-*n.* a slice of wood cut from a timber, a splinter. लम्बा टुकड़ा, चैली, -*v. i. & t.* to cut into long thin pieces, to slice. लम्बे टुकड़े काटना, चैली निकालना।

Slobber-स्लॅबर्-*v. i. & t.* to run saliva from the mouth, to do a task badly. मुँह से फेचकुर या लार बहाना, गंदा काम करना; -*n.* running saliva. फेचकुर का बहाव।

Slobberiness-स्लॅ - बरि-नेंस् -*n.* the state of being slobbery. लार बहाने की दशा।

Slobbery-स्लॅबरि-*n.* worthless work. निकृष्ट कार्य।

Sloe-स्लो-*n.* a kind of wild plum. एक प्रकार का जङ्गली बेर, झरबेर का फल।

Slog-स्लॉग-*v. i. & t.* (*p. t.* Slogged.) to strike a hard blow, to walk doggedly. बड़े वेग से मारना, झपटकर चलना।

Some-सम्-*adj., pron.* & *adv.* a certain quantity or number, a little, about, a particular person or thing, to a certain extent, not quite. कुछ, थोड़ा, प्रायः, अमुक, कोई, अल्प; **Somebody** (-बॉडि)-*n.* an unknown person. कोई एक व्यक्ति; **Somehow** (-हाउ) - *adv.* one way or the other. किसी न किसी प्रकार से; **Somehow or other** (in some form.) किसी न किसी रीति से।

Somersault-समर्'-सॉल्ट्-*n.* a leap in which a person turns heels over head in the air. कुदान, कलया; -*v. i.* to turn somersault. हवा में कलैया खाना; **Somerset** (-सॅट्)-*v. t.* to cause to somersault. हवा में कलैया खिलाना।

Something-सम्'-थिङ्ग्-*n.* an unknown event, an unknown substance, a portion. अज्ञात घटना, अज्ञात वस्तु, अंश;-*adv.* in some degree. कुछ, थोड़ा-सा; **Thinks himself something** (thinks highly of himself.) आत्माभिमान रखता है।

Sometime-सम्'-टाइम् -*adv.* once, for sometime formerly. एक बार, पूर्वकाल में, पहिले, किसी समय; **Sometimes** (-स्) -*adv.* now and then, at intervals. कभी-कभी, कदाचित्; **Somewhat** (-व्हाट्)-*adj.* & *n.* more or less, something. किञ्चित्, थोड़ा, किसी अंश में, कुछ; **Somewhere** (-व्हेअर्)-*adv.* in some unknown place. कहीं पर।

Somite-सो' - माइट् - *n.* segment of animal body. जंतु के शरीर का अंश या भाग।

Somnambulate-सॉम् - नीम्' - ब्यु-लेट्-*v. i.* to walk in sleep. नींद में चलना-फिरना; **Somnambulation** (-लें-शन्) -*n.* walking during sleep. निद्रा-भ्रमण, नींद में चलना-फिरना; **Somnambulator** (-लें-टर्)-*n.* a sleep-walker. निद्रा में घूमने-फिरनेवाला; **Somnambulism** (-लिज़्म्)-*n.* habit of walking during sleep निद्रा-भ्रमण की आदत, नींद में चलने-फिरने लगना; **Somnambulist** (-लिस्ट्)-*n.* one who has the habit of walking in sleep. नींद में चलने-फिरने की आदतवाला, स्वप्नचारी।

Somni - सॉम्'-नि - *pref.* in sense of 'sleep'. 'निद्रा' अर्थ का उपसर्ग; **Somniferous** (-फ़रस्) -*adj.* causing sleep. निद्राजनक, नींद लानेवाला; **Somnific** (-फ़िक्)-*adj.* tending to induce sleep. नींद लानेवाला; **Somniloquism** (-लॅक्विज़्म्) -*n.* habit of talking in sleep. नींद में बातें करने की आदत; **Somniloquist** (-लॅक्विस्ट्)-*n.* one who talks in sleep. निद्रा में बातें करनेवाला; **Somniloquy** (-लॅ-कि)-*n.* habit of talking in sleep. निद्रा में बातें करने की आदत; **Somnipathy** (-पॅ-थि)-*n.* hypnotic sleep. मनःप्रेरित निद्रा।

Somnolence-सॉम्' - नॅ - लॅन्स्-*n.* drowsiness. नींद, तन्द्रा; **Somnolent** (-लॅन्ट्)-*adj.* inducing sleep. निद्रा लानेवाला; **Somnolently** (-लॅन्ट्-लि)-*adv.* drowsily. झपकी या नींद में।

Son-सन्-*n.* (*fem.* **Daughter.**) male descendant. पुत्र, बेटा; **Son-in-law** (daughter's husband.) जामाता, दामाद; **Son of the soil** (inhabitant of a country.) देशनिवासी।

Sonancy-सोन् - औंन् - सि-*n.* the quality of being sonant. उच्चारणत्व ।

Sonant-सो-नींन्ट्-*adj.* & *n.* able to be continuously sounded, a sonant letter. उच्चारण करने योग्य, ऐसा अक्षर ।

Song-सॉङ्ग्-*n.* vocal music, singing, the musical cry of certain birds, a short rhymed poem. गायन, गीत (राग), पक्षियों का मधुर शब्द, अनुप्रासयुक्त कविता; **Song-craft** (-क्राफ़्ट्) -*n.* the art of song making. गाना बनाने की कला; **Songless** (-लॅस्)-*adj.* without song. बिना राग का; **Songster** (-स्टर्) -*n.* a singer, a poet. गानेवाला (गवैया), कवि; **Songstress** (-स्ट्रॅस्)-*n. fem.* a female singer. गानेवाली स्त्री ।

Soniferous-सॅ-नि-फ़रस्-*adj.* producing sound. शब्द उत्पन्न करनेवाला ।

Sonless-सन्'-लॅस्-*adj.* devoid of sons. पुत्र-हीन, बिना सन्तान का ।

Sonnet-सॉनॅट्-*n.* a poem of fourteen lines, a short lyric. चौदह पंक्तियों का गीत (लघुकाव्य), गीत (गाथा): **Sonneteer** (-इ-अर्) -*n.* the composer of sonnets. चौदह पंक्तियों की कविता बनानेवाला ।

Sonny-स-नि-*n.* a familiar term for a boy. लड़के को पुकारने का शब्द, बेटा ।

Sonometer-सॅ-नॅ-मिटर् - *n.* an instrument for testing the hearing power of a deaf person. बहरे मनुष्य की श्रवण-शक्ति नापने का यन्त्र ।

Sonorific-सॅ-नो' - रिफ़िक्-*adj.* producing sound. शब्द उत्पन्न करनेवाला ।

Sonority-सॅ-नो'-रिटि-*n.* melodious quality. सुरीलापन ।

Sonorous-सॅ-नो'-रस्-*adj.* resonant, producing sound when struck by something imposing. शब्द या ध्वनि करनेवाला, शब्द निकालनेवाला, स्पष्ट (मधुर); **Sonorously** (-लि) -*adv.* in a sonorous manner. ऊँचे स्वर से, स्पष्टता से; **Sonorousness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being sonorous. स्पष्टता, मधुरता ।

Soon-सून्-*adv.* (*comp.* Sooner, *sup.* Soonest.) in a short time, not long after, quickly, easily. थोड़े समय में, झटपट, अभी, शीघ्र, तुरत, आसानी से; **No sooner than** (as soon as.) ज्योंही; **Soon as** (shortly, immediately after.) ज्यों ही, शीघ्र ही; **Sooner or later** (early or late.) देर-सबेर, किसी न किसी समय; **Too soon** (very soon.) अति शीघ्र ।

Soot-सूट्-*n.* the black substance rising in the smoke of wood, coal &c. in the process of combustion. काजल, कज्जली, कालिख;-*v. t.* to cover with soot. काजल से ढाँकना, काजल लगाना ।

Sooth-सूथ्-*n.* truth, fact. सत्य, यथार्थता; **In sooth** (truly.) वास्तव में, सचमुच ।

Soothe-सूद्-*v. t.* to calm, to mitigate, to please with soft words, to flatter. शान्त करना, (पीड़ा) कम करना, प्रसन्न करना, चापलूसी करना; **Soother** (-अर्)-*n.* one who pacifies, a rubber teat for soothing babies. शान्त करनेवाला, बच्चों के चूसने का रबड़; **Soothfast** (-फ़ास्ट्)-*adj.* steadfast, truthful. स्थिर, सच्चा; **Soothing** (-इङ्ग्) -*adj.* pacifying. शान्त करनेवाला; **Soothingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a soothing manner. शान्त करते हुए; **Soothsay** (-सें) -*v. t.* to foretell. भविष्य कहना ; **Soothsayer** (-सेंअर्)-*n.* one who foretells the future. दैवज्ञ, भविष्यवक्ता; **Soothsaying** (-सें-इङ्ग्)-*n.* foretelling. भविष्य-कथन ।

Sootily-सूट्-इ - लि-*adv.* in a sooty manner. कालिख से; **Sootiness** (-नॅस्)-*n.* the state of being sooty. कालिख; **Sootless** (-लॅस्) -*adj.* devoid of soot. बिना कालिख का; **Sooty** (-इ) -*adj.* full of soot. कालिख से भरा हुआ ।

Sop-सॉप्-*n.* anything dipped in liquor, something given to pacify. भिगाई हुई वस्तु, शान्त करने के लिये दी हुई वस्तु; -*v. t.* & *i.* (*p. t.* Sopped.) to steep in a liquid. गीला करना, भिगोना, तर होना ।

Soppy-सॉ-पि-*adj.* wet. गीला ।

Sophism-सॅ - फ़िज़्म्-*n.* a false argument or statement with a view to deceive. मिथ्या-वाद, वाक्छल, हेत्वाभास; **Sophist** (-इस्ट्)-*n.* a fallacious reasoner. मिथ्या हेतुवादी, वाक्छल करनेवाला ।

Sophister-सॉफ़िस्टर्-*n.* a senior student of some universities. कुछ विश्वविद्यालयों की उच्च कक्षा का विद्यार्थी ।

Sophistic-सॅ - फ़िस्टिक् - *adj.* pertaining to sophism. मिथ्यावाद-सम्बन्धी ।

Sophisticate-सॅ-फ़िस् - टि - केट्'-*v. t.* & *i.* to mislead, to corrupt, to adulterate, to tamper. छलना, बिगड़ना, भ्रष्ट करना, मिलावट करना; **Sophistication** (-केशन्) -*n.* the act of debasing purity of something. कपट, छल, मिलावट ।

Sophistry--सॅ-फ़िस्ट्रि-*n.* fallacious reasoning. हेत्वाभास, मिथ्या वादानुवाद, सत्य का आभास।

Soporiferous-सोपॅरिफ़रस - *adj.* tending to produce sleep. निद्राकारी।

Soporific-सोपॅरिफ़िक्-*adj.* sleep producing. निद्राजनक, नींद लानेवाली।

Sopranist-सॅ-प्रानिस्ट् -*n.* a soprano-singer. तीव्र स्वर का गायक।

Soprano-सॅ-प्रानो-*n.* (*pl.* Sopranos, Soprani.) the highest singing voice in women & boys, a music in highest voice. औरतों और लड़कों का गाने का सबसे ऊँचा गला या स्वर, सबसे ऊँचे सुर का गीत।

Sora-सो'-रा-*n.* a short-billed marshy bird. दलदल पर विचरनेवाली छोटी चोंच की चिड़िया।

Sorb-सॉर्ब्-*n.* an apple-like tree. सेब के समान एक वृक्ष।

Sorbefacient-सॉर्बिफ़ेशन्ट्-*adj.* & *n.* a medicine which tends to absorb. सोखनेवाली औषधि।

Sorcerer-सो'-सॅरर्-*n.* an enchanter, a wizard, a magician. ऐन्द्रजालिक, मायावी, जादूगर।

Sorceress-सो'-सॅरॅस्-*n. fem.* a female sorcerer. जादूगरनी, टोना करनेवाली स्त्री।

Sorcery-सो'-सॅरि-*n.* witchcraft. इन्द्रजाल, जादू, टोना।

Sordes-सॉ-र्डीज़्-*n.* foul matter, dregs. मलिन पदार्थ, गन्दगी।

Sordid-सॉर्-डिड् - *adj.* base, mean, dirty, impure, niggardly, squalid. नीच, अधम, मलिन, मैला, लालची, कंजूस; **Sordidly** (-लि)-*adv.* meanly, niggardly. मलिनता से, नीचता से; **Sordidness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being sordid, meanness, filthiness. नीचता, कंजूसी, मलिनता।

Sore-सोर्- *adj.* severe, distressing, painful. पीड़ायुक्त, क्लेशप्रद, दुःखदायी, कष्ट देनेवाला;-*n.* an ulcer, a boil. घाव, फोड़ा; -*adv.* severely, grievously. अत्यन्त कष्ट से, दुःख से; **Sorely** (-लि)- *adv.* severely. अत्यन्त (नितान्त), बहुत; **Soreness** (-नॅस्) -*n.* painfulness. पीड़ा, व्यथा, कष्ट।

Sorghum-सॉर्'-गम्-*n.* a kind of plant used as fodder. चारा, चरी।

Sorites-सॅ-राइ-टीज़् -*n.* a syllogism in the form of a chain leading to absurdity. मालाकार तर्क जो अशुद्ध बात स्थिर करता है।

Soritical-सॅ-राइ-टिकल् -*adj.* pertaining to sorites. मालाकार तर्क-सम्बन्धी।

Sorosis-सॅ-रो'-सिस्-*n.* fleshy soft fruit. मुलायम गुद्देदार फल।

Sorrel-सॉ-रॅ-ल्-*n.* a kind of shrub. एक प्रकार की वनस्पति, चुक्, अम्लबेत; -*adj.* of a reddish brown colour. भूरे लाल रंग का।

Sorrily-सॉ-रि-लि-*adv.* in a sorry manner. उदासीनता से; **Sorriness** (-नॅस्) -*n.* the state of being sorry. उदासीनता।

Sorrow-सॉ-रॅ-*n.* grief or sadness caused by some loss, regret, trouble, misfortune. शोक, खेद, व्यथा, सन्ताप; -*v. i.* to feel sorrow, to grieve. शोक करना, खेद करना।

Sorrower-सॉ-रॅ-अर्-*n.* one who grieves. दुःख करनेवाला।

Sorrowful-सॉ-रॅ-फ़ुल - *adj.* full of sorrow. दुःखी (उद्विग्न), उदास; **Sorrowfully** (-लि) -*adv.* in a sorrowful manner. उद्वेग या दुःख से; **Sorrowfulness** (-नॅस्)-*n.* the state of being sorrowful. उदासीनता।

Sorrowing-सॉ-रॅ-इङ्ग् -*adj.* grieving. दुःख करनेवाला।

Sorry -सॉ-रि-*adj.* regretful, melancholy, wretched, worthless, of poor quality. शोकाकुल, खिन्न, दुःखी, उदास, दीन; **In a sorry plight** (in a miserable condition.) शोचनीय अवस्था में।

Sort-सॉर्ट्-*n.* kind, species, manner. प्रकार (भेद, जाति), ढंग (रीति);-*v. t.* & *i.* to separate into classes, to select. क्रम में अलगाना, चुनना (मेल मिलाना); **A sort of animal** (an unknown species of creature.) प्राणी विशेष; **Out of sorts** (out of order, unwell.) अस्वस्थ, बीमार।

Sortie-सॉर्टि-*n.* a sally of troops. धावा, आक्रमण।

Sortition-सॉर्टिशन्-*n.* casting of lots. चिट्ठी डालकर स्थिर करना।

Sorus-सो-र-स-*n.* (*pl.* Sori.) a cluster or heap. गुच्छा।

Sot-सॉट्-*n.* a fool, one stupefied by drinking, a habitual drunkard. मूर्ख व्यक्ति, शराब पीकर अचेत पड़ा हुआ व्यक्ति, मदोन्मत्त (मतवाला), पियक्कड़; **Sottish** (-इश्)-*adj.* given to drinking. मदिरा पीने की आदत या व्यसनवाला; **Sottishly** (-लि) -*adv.* in a sottish manner. मदोन्मत्तता से; **Sottishness** (-इश्-नॅस्) -*n.* stupidity from intoxication. मद्य पीकर मूढ़ता या मूर्खता।

Sou-सू (*pl.* Sous.) -*n.* a French coin. एक फ़ांसीसी सिक्का।

Souffle-सू-फ़ल्-*n.* a low sound heard in some parts of the body. शरीर के कुछ अंशों में का मन्द शब्द ।

Sough-साउ, सफ़्-*n.* a whistling sound made by wind. वायु की सनसनाहट;-*v. i.* to sigh as wind. सन्-सन् शब्द करना ।

Sought-सॉट्-*p. t. & p. p.* of Seek. *adj.* searched for, desired. ढूँढ़ा गया, इच्छित ।

Soul-सोल्-*n.* the immaterial part of man, intellect, vital principle, essential part, a person, a pattern. शरीरात्मा (प्राण, जीव),बुद्धि, तेज, बल, सार, व्यक्ति, आदर्श; **Animating soul** (immaterial part of man.) जीवात्मा; **Departed soul** (soul of the dead.) प्रेत ; **Heart and soul** (all and all, completely, with one's entire energy.) सर्वस्व, पूर्ण रूप से, अपनी पूरी शक्ति या ताकत से; **Souled** (-ड्)-*adj.* furnished with a soul. आत्मा-युक्त;**Supreme soul** (Immortal Soul.) परमात्मा, ब्रह्म ।

Soulful-सोल्-फ़ुल् - *adj.* appealing to higher emotions. भावपूर्ण; **Soulfully** (-लि)-*adv.* in a soulful manner. भावपूर्णता से; **Soulfulness** (-नॅस्) - *n.* the quality of being soulful. भावपूर्णता ; **Soulless** (-लॅस्) - *adj.* devoid of soul. उत्साहहीन; **Soullessly** (-लॅस्-लि) - *a.* spiritlessly. तेजहीनता से; **Soullessness** (-लॅस्-नॅस्)-*n.* spiritlessness. सारहीनता ।

Sound-साउन्ड्-*adj.* whole, entire, perfect, healthy, solid, right, stout, not deranged. पूर्ण, अखण्ड (समूचा), ठीक, स्वस्थ, ठोस, सत्य, भला-चङ्गा ; **Confused sound** (tumult.) कोलाहल ; **Sound argument** (valid argument.) दृढ़ तर्क ; **Sound flogging** (stout flogging.) गहरी मार; **Sound sleep** (unbroken sleep.) गाढ़ (गहरी) निद्रा; **Sound views** (right opinions.) सच्चे सिद्धान्त ।

Sound-साउन्ड्-*n.* the sensation perceived by the ear, noise, articulate utterance. शब्द, ध्वनि, कोलाहल, सार्थक शब्द; - *v. t. & i.* to cause to make a noise, to utter audibly, to play on, to make sign by a sound, to publish. कोलाहल करना, बोलना, बजाना, शब्दों से संकेत करना, प्रकाशित करना ।

Sound-साउन्ड्-*n.* a shallow sea. छिछला समुद्र; -*v. t. & i.* to test the depth of the sea, to test, to examine the depth of wound. समुद्र की गहराई नापना, परीक्षा करना, घाव की गहराई नापना ।

Sounder-साउन्डर्-*n.* a young wild boar, telegraphic receiving instrument, a sounding apparatus. जङ्गली सूअर का बच्चा, तारबर्की का यन्त्र ।

Sounding-साउन्डिङ्ग्-*adj.* making a noise. शोर करनेवाला;-*n.* ascertaining the depth of the sea. समुद्र की गहराई नापना; **Sounding-line** (a line for sounding seas.) समुद्र की गहराई नापने का रस्सा ।

Soundings-साउन्ड्'-इङ्ग्ज़् - *n. pl.* the place in the sea which can be sounded. समुद्र का वह भाग जहाँ की थाह लग सके ।

Soundless-साउन्ड्'-लॅस् - *adj.* incapable of being sounded, unfathomable. थाह न लगाने योग्य; **Soundly** (-लि) -*adv.* heartily, truly. सुख से, सचाई से, दृढ़ता से; **Soundness** (-नॅस्) -*n.* the state of being healthy. आरोग्य, स्वास्थ्य ।

Soup-सूप् -*n.* a liquid food prepared from flesh, fish or vegetables. जूस, झोल; **Soup-house or kitchen** (an establishment for supplying soup to the poor.) गरीबों को बिना मूल्य भोजन देने का कार्यालय; **Soupy** (-इ)-*adj.* like soup. जूसदार ।

Sour-सा-व-र् - *adj.* of acid taste, pungent, peevish, harsh. खट्टा, चटपटा, चिड़चिड़ा, रूक्ष; -*v. i. & t.* to make acid, to make harsh, to turn peevish. खट्टा करना, कर्कश करना, खट्टा होना, चिड़चिड़ा होना ।

Source-सोर्स्-*n.* a spring or fountain-head, a place from which something is got, origin, first cause. सोता, उद्गमस्थान, मूल कारण, आदि कारण ।

Sourdine-सू-र्डीन्-*n.* the stop of a harmonium. हारमोनियम बाजे का शब्द धीमा करने की कुञ्जी ।

Sourish-सा-व-रिश् - *adj.* somewhat sour. कुछ खट्टा; **Sourly** (-लि)- *adv.* acidly, discontentedly. खट्टेपन से, रुखाई से ।

Sourness-सावर् - नॅस् -*n.* tartness. खट्टापन, रुखाई ।

Souse-साउस्-*n.*a pickle prepared with salt, a dip or plunge. नमकीन अँचार, पानी की डुबकी; -*v. t. & i.* to steep in pickle. अँचार में डालना, डुबकी लगाना;-*adv.* headlong. आगे की ओर ।

Soutache-सु-टैश्-*n.* a braid used for sewing tenon fabrics. कपड़े में सीने की झालर ।

South- साउथ्-*n.* one of the cardinal points opposite to the north. दक्षिण, दक्खिन;-*adj.* situated or looking towards the south. दक्खिन की ओर, दक्षिण दिशा में; **South-east** (the direction between South and East.)

पूर्व दक्षिण का कोण, आग्नेय दिशा; South-west (the direction equally distant from the south and west.) दक्षिण-पश्चिम का कोण, नैऋत्य दिशा Southern (सदर्न्), Southernly (-लि)-*adj* belonging to the south. दक्षिण दिशा का; Southernmost (-मोस्ट्)-*adj.* farthest south. सुदूर दक्षिण भाग में।

Southward (s)-साउथ्-वर्ड् (स्) towards the south. दक्षिण दिशा में।

Souvenir-सूवनीर्-*n.* a thing given or kept as a memento, keepsake. स्मारक पदार्थ, यादगार के लिए दी हुई या रक्खी हुई वस्तु।

Sovereign-सॅव्'-रेन्-*adj.* possessing supreme power, lofty, chief, predominant. विशिष्ट गुण का, प्रधान, श्रेष्ठ, मुख्य;-*n.* a supreme ruler, a monarch, an English gold coin worth one pound. राजा, सम्राट्, महाराज, इँगलैंड की सुवर्णमुद्रा, पाउण्ड; Sovereign authority (supreme domain.) श्रेष्ठ अधिकार; Sovereign medicine (the most effectual medicine.) परम प्रभावकारी औषधि।

Sovereignly-सॅव्-रेन्-लि-*adv.* supremely. विशिष्ट रूप से, श्रेष्ठता से।

Sovereignty-सव्-रें-न्टि-*n.* supreme power, dominion. प्रभुत्व (श्रेष्ठत्व), साम्राज्य।

Soviet-सोव्विएट्-*n.* one of the party of revolutionaries in Russia. रूस देश के क्रान्तिकारी दल का एक सदस्य।

Sow-सो-*v. t.* (*p. t.* Sowed, *p. p.* Sown.) to scatter seeds on earth for growing, to plant by sowing, to spread. बीज बोना या जमाना, फैलाना।

Sow-सो-*n.* a female hog (*mas.* Boar.) शूकरी, सुअरी।

Sowback-सो'-बॅक्-*n.* low sandy bank. बालू का नीचा किनारा।

Sower-सो'-अर्-*n.* one who scatters seeds for sowing. बीज बोनेवाला।

Sowing-सो'-इङ्ग्-*n.* the act of sowing seeds. बीजों की बुआई।

Soy-सॉय्-*n.* (also Soya.) a kind of sauce made from soya-bean. सोये से बना हुआ झोल।

Spa-स्पा-*n.* place of mineral spring. खनिज जल की धारा (स्रोत) निकलने का स्थान।

Space-स्पेस्-*n.* distance, interval between points, blank between types or words, interval in time. दूरी, स्थान (अन्तर), टाइप या शब्दों के बीच का स्थान, अवकाश; -*v. t.* & *i.* to arrange intervals between, to put spaces between. अन्तर लगाना, बीच-बीच में खाली स्थान रखना; Infinite space (infinite sky,) अनन्त आकाश; Intervening space (middle space.) बीच का स्थान; Pervading all space (filling all around.) सब दिशाओं में व्यापक; Space of time (interval of time.) कालान्तर, अवधि; To space out (to expand space.) अधिक स्थान फैलाना।

Spacer-स्पेसर्-*n.* a device for spacing words in printing, a piece of metal for making a space, one who spaces. छपाई में शब्दों के बीच स्थान या दूरी छोड़ने का साधन या धातु का टुकड़ा, इस प्रकार दूरी छोड़नेवाला।

Spaceless-स्पेस्-लेस्-*adj.* without space. बिना अन्तर का।

Spacial-स्पे'शल्-*adj.* pertaining to space. स्थान-सम्बन्धी।

Spacious-स्पे'-शस्-*adj.* extensive, enclosing a large space. विस्तीर्ण (विशाल); Spaciously (-लि) -*adv.* extensively. विस्तीर्ण रूप में, फैलावट से; Spaciousness (-नेस्)-*n.* the quality of being spacious. विस्तार, फैलावट।

Spaddle-स्पॅ-ड्ल्-*n.* a small spade. छोटा फरसा।

Spade-स्पेड्-*n.* a shovel, a tool for digging ground, a suit of cards shaped like a heart with a small handle. फावड़ा, कुदाली, ताश में हुकुम का रंग; -*v. t.* to dig with a shovel. कुदाली से खोदना; To call a spade a spade (to speak very plainly.) स्पष्ट बोलना।

Spadeful-स्पेड्-फुल्-*adj.* as much as a spade can hold. कुदाली भरकर।

Spadework-स्पेड्-वर्क्-*n.* hard labour. कठिन परिश्रम।

Spadille-स्पॅ'-डिल्-*n.* the ace of spades. हुकुम की एक्की।

Spadix-स्पे'-डिक्स्-*n.* (*pl.* Spadices.) a fleshy spike of flowers. कँटीले गुच्छों में जमे हुए फूल।

Spado-स्पे-डो-*n.* a eunuch. क्लीव, हिजड़ा।

Spake-स्पेक्-*p. t.* (*arch.*) of Speak. बोला।

Spalder-स्पॅल्डर्-*n.* one who clips. चिप्पड़ उखाड़नेवाला।

Spall-स्पॉल्-*v. t.* & *i.* to clip. चिप्पड़ निकालना; -*n.* clippings. चिप्पड़।

Span-स्पॅन्-*v. t.* & *i.* (*p. t.* Spanned.) to stretch from one side to the other, to ex-

tend across, to bridge. बित्ते से नापना, फैलाना, मेहराब लगाना, पुल बाँधना ; -*n.* full extent, short distance, measure of nine inches, space from end of thumb to the end of little finger when extended, the spread of an arch. विस्तार, फैलाव, नौ इञ्च की लम्बाई, बित्ता, मेहराब की चौड़ाई; Span of life (the full extent of life.) जीवन की अवधि ।

Span-स्पॅन्-*p. t. & p. p.* of Spin, काता ।

Spanless-स्पॅन् - लॅस् - *adj.* without extent. संकुचित, बिना विस्तार का ।

Spangle-स्पॅङ्ग्'-ल् -*n.* a small piece of anything sparkling. चमकती हुई वस्तु का टुकड़ा; -*v. t.* to adorn with spangles. चमकीली वस्तु से आभूषित करना ; Spangly (- लि) - *adj.* bright. चमकीला ।

Spaniard-स्पॅन्यर्ड्-*n.* a native of Spain. स्पेन देश का निवासी ।


Spaniel-स्पॅन्यल्-*n.* a kind of dog with long hairs and ears. एक प्रकार का झबरा कुत्ता ।

Spanish-स्पॅ-निश्-*adj. & n.* of Spain, language of Spain. स्पेन देश का, इस देश की भाषा ।

Spank-स्पॅङ्क्-*v. t. & i.* to strike with open hand on buttocks. चूतड़ पर थप्पड़ मारना; -*n.* a blow. थप्पड़ ।

Spanker-स्पॅङ्कर् - *n.* a fast-going horse. तेज दौड़नेवाला घोड़ा ; Spanking (-इङ्ग्) -*adj.* dashing. पीट-पाटकर आगे बढ़ता हुआ ।

Spanner - स्पॅ - नर् - *n.* one who spans, an instrument for turning nuts on screws. नापनेवाला, हथकल, ढिबरी कसने या खोलने का औजार या यंत्र ।


Spanners.

Spar-स्पार्-*n.* a crystalline of mineral, a rafter, a stout pole, a boxing match, cockfight. स्फटिक के सदृश एक खनिज पदार्थ, जहाज का मस्तूल, धरन, बल्ला, मुक्केबाजी, मुरगे की लड़ाई; -*v. t.* (*p. t.* Sparred.) to fit with spars, to box, to dispute. मस्तूल लगाना, मुक्की लड़ना, झगड़ा करना ; Spar-deck (-डॅक्)-*n.* upper deck of a ship. जहाज की ऊपरी छत; Sparring (-रिङ्ग्)-*n.* preliminary strokes in boxing. मुक्केबाजी, मुठभेड़; Sparry (- रि) -*adj.* abounding in spar. स्फटिक के सदृश खनिज पदार्थ से पूर्ण ।

Sparable-स्पॅरब्ल्-*n.* (also Sparrow-bill.) a headless nail used in the soles and heels of shoes and boots. जूते के तल्ले में जड़ने की बिना माथे की कील ।

Spare-स्पॅ-अर्-*adj. & n.* scanty, frugal, lean. अल्प (थोड़ा), अल्पव्ययी, दुर्बल; -*n.* a small part, a slit at the top of a skirt. अल्प भाग, घाघरे के ऊपरी भाग की दरार ।

Spare-स्पॅअर् - *v. t. & i.* to be frugal, to abstain from hurting or killing, to save, to forgive, to forbear. अल्प व्यय करना, रक्षा करना, बचाना, क्षमा करना, सहन करना ।

Sparely-स्पॅअर्-लि-*adv.* sparingly. अल्प व्यय से ।

Spareness-स्पॅअर्-नॅस् - *n.* leanness. अल्पता, दुर्बलता ।

Sparger-स्पार्जर्-*n.* an apparatus for sprinkling. छिड़कने का यन्त्र ।

Sparing-स्पॅअरिङ्ग्-*adj.* not plentiful, scanty. अल्पव्ययी, परिमित व्यय करनेवाला; Sparingness (-नॅस्)-*n.* the quality of being sparing. क्षीणता, कृशता ।

Spark-स्पार्क्-*n.* a particle of fire thrown off from a burning substance, a small bright object. अग्निकण, चिनगारी, चमकीला छोटा पदार्थ ; -*v. t.* to emit sparks. चिनगारी निकालना ।

Spark-स्पार्क्-*n.* a gay fellow, a lover, a woman of great beauty. बाँका छैला, प्रेमी, बहुत सुन्दर स्त्री; -*v. i.* to play the gallant or lover. प्रेमी की तरह व्यवहार करना ।

Sparkful-स्पार्क्-फुल्-*adj.* lively, brisk, gay. तीव्र, फुर्तीला, आनन्दपूर्ण ।

Sparking-स्पार्किङ्ग्-*adj.* generating sparks. चिनगारी निकलनेवाला; Sparking plug (an appliance for generating electric sparks.) बिजली की चिनगारी निकालने का यन्त्र ; Sparking wit (keen intelligence.) स्फूर्तिमान् बुद्धि ।

Sparkish-स्पा-र्कि-श्-*adj.* showy, gay. दिखावा, भड़कीला ।

Sparkle - स्पार्क्ल् - *v. i.* to emit sparks, to glitter. चिनगारी फेंकना, चमकना; - *n.* a spark. प्रभा, चमक ।

Sparkless-स्पार्क्-लॅस्-*adj.* without sparks. बिना चिनगारी का ।

Sparkler-स्पार्क-लर्-*n.* a luminous particle. चमकनेवाला कण ।

Sparklet-स्पार्क्' - लेट्-*n.* a small sparkle, a charge of carbonic acid. छोटी चिनगारी, कार्बोनिक एसिड भरी हुई गोली।

Sparkling-स्पार्क्लिङ्ग्-*adj.* shining, glittering with sparks. चमकता या जगमगाता हुआ; **Sparklingly** (-लि) *-adv.* in a sparkling manner. चमकते हुए ढंग से।

Sparks-स्पार्क्-स्-*n.* a wireless operator. बेतार के तारबर्की के यन्त्र को चलानेवाला; **Fairy sparks** (phosphorescent light.) हड्डी इत्यादि से निकलनेवाला प्रकाश-कण।

Sparrow -स्पॅ- रॅ - *n.* a kind of small bird. चटक गौरैया; **House sparrow** (domestic sparrow.) घरेलू गौरया; **Sparrow-hawk** (a kind of small hawk.) गौरैया का शिकार करनेवाला बाज पक्षी।

Sparse-स्पार्स्-*adj.* thin, scattered, not dense. पतला, विरल, दूर-दूर पर का; **Sparsely** (-लि) *-adv.* in a scattered manner. विरलता से; **Sparseness, sparsity** (-नेॅस्, - इ -टि)*-ns.* thinness. विरलता, छरहरापन।

Spartan-स्पार्टन् - *adj.* pertaining to Sparta, brave and hardy. स्पार्टा नगर-सम्बन्धी, वीर, साहसी।

Spasm-स्पॅज़्म्-*n.* strain, a sudden fit, excessive muscular contraction. सङ्कोच, मरोड़, ऐंठन; **Functional spasm** (nervous disorder caused by occupation.) किसी व्यवसाय के कारण नाड़ियों में ऐंठन आ जाना।

Spasmodical-स्पॅज़्मॅडिकल्-*adj.* relating to spasm, convulsive. मरोड़ या ऐंठन-सम्बन्धी, अङ्ग-सङ्कोच करनेवाला, ऐंठने (अकड़ने) वाला; **Spasmodically** (-लि) *-adv.* in a spasmodic manner. सङ्कोच से, ऐंठन से।

Spasmology - स्पॅज़्मॅलॅजि - *n.* a treatise on convulsions. ऐंठन के रोग का शास्त्र।

Spat-स्पॅट्-*n.* the egg of fish or oyster. मछली या घोंघे का अण्डा।

Spat-स्पॅट्-*p. t. & p. p.* of Spit. थूका।

Spatchcock-स्पॅच्-कॉक्-*v. t. & n.* to insert words in a telegram hastily, fowl killed and cooked hastily. जल्दी से तार की खबर में शब्द भरना, जल्दी से मारकर पकाया हुआ मुर्गा।

Spate-स्पेट्-*n.* a flood in a river. नदी का बाढ़।

Spatial-स्पे-शल्-*adj.* pertaining to space. स्थान-सम्बन्धी।

Spatiality-स्पेशलिटि-*n.* spaciousness. विस्तार, फैलाव।

Spatially-स्पेशलि-*adv.* in a spacious manner. विस्तृत ढंग से।

Spatter-स्पॅ'-टर्-*v. t. & i.* to splash, to scatter in small drops. छितराना, छिड़कना; *-n.* splashing. छितराव, छिड़कन।

Spatula-स्पॅ-चु-लॅ-*n.* an instrument with broad blade for spreading pigments, plaster &c., an instrument for pressing tongue. रङ्ग, मलहम इत्यादि फैलाने का औजार, जीभ दबाने का यन्त्र।

Spatular-स्पॅचुलर्-*adj.* of the shape of a spatula. चम्मच के आकार का।

Spatulate-स्पॅचुलेट्-*adj.* shaped like a spatula. चम्मच के आकार का।

Spatule-स्पॅट्' - यूल्-*n.* broad spoon-shaped formation. चम्मच की तरह का चौड़ा आकार।

Spavin-स्पॅ-विन्-*n.* a disease in horses. घोड़ों का एक रोग, हड्डा।

Spawn-स्पॉन्-*n.* eggs of fish or frog, (in contempt.) human offspring. मछली या मेढक का अण्डा, (तिरस्कार में) मनुष्य का बच्चा; *-v. t. & i.* to produce eggs, to generate. अण्डा देना, बच्चा जनना; **Spawner** (-अर्)*-n.* a female fish or frog. मादा मछली या मेढक।

Spay-स्पे - *v. t.* to castrate, to remove the ovaries. बधिया करना (आख्ता करना), स्त्रियों का डिम्बकोष या पुरुषों का अण्डकोष हटाना।

Speak-स्पीक्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Spoke, Spake;** *p.p.* **Spoken.**) to utter words, to hold conversation (with a person about something), to deliver speech, to pronounce, to make known. बोलना (कहना), वार्तालाप करना, व्याख्यान देना, उच्चारण करना, जताना; **So to speak** (to speak in the way as.) यदि ऐसा प्रयोग किया जा सके; **To speak fair** (to speak in a fair language.) शिष्ट भाषा का प्रयोग करना; **To speak for** (to speak for another.) किसी के लिये बोलना; **To speak 11 of** (to abuse.) निन्दा करना; **To speak one's mind** (to express one's thoughts.) अपना विचार प्रकट करना; **To speak out** (to proclaim.) घोषित करना, स्पष्ट रूप से करना; **To speak up** (to speak loudly.) जोर से बोलना।

Speaker-स्पीकर्-*n.* one who makes discourse, the president of a deliberative assembly. बोलनेवाला (व्याख्यान देनेवाला), सभापति; **Speakership** (-शिप्) *-n.* the office of a speaker वक्ता का पद।

Speaking-स्पीकिङ्ग्-*n. & adj.* act of expressing ideas in words, discourse, seeming

to speak. भाषण (उक्ति), बातचीत, बोलती हुई; Speaking trumpet (a magaphone.) दूर तक शब्द फेंकनेवाली तुरही ; Speaking tube (a pipe for speaking through.) बोलने की नली जिससे एक स्थान से दूसरे स्थान तक शब्द पहुँच सकता है ।

Spear-स्पिअर् - *n.* a long pointed hurling weapon, a lance. बरछी, भाला ; **Spear-man** (-मॅन्)-*n.* one armed with a spear. भाला धारण करनेवाला सिपाही; -*v. i. & t.* to kill with a spear. भाला या बरछी से मारना ।

Spec-स्पॅक्-*n.* speculation, enterprise. कल्पना, विचार, युक्ति ।

Special-स्पॅ'-शल्-*adj.* particular, not general, peculiar, extraordinary, chief in excellence, uncommon. विशेष, असाधारण, विचित्र, असामान्य, प्रधान, अनोखा; -*n.* something specialiy appointed. असाधारण या विशिष्ट वस्तु; **Special characteristics** (distinctive quality.) विशिष्ट धर्म ।

Specialism-स्पॅश'-लिज़्म् - *n.* devotion to a special branch of study. विशेष-विषय के अध्ययन में प्रवृत्ति ।

Specialist-स्पॅश'- लिस्ट्-*n.* one who devotes himself to a special branch of knowledge. किसी व्यवसाय या शास्त्र के मुख्य अङ्ग में प्रवीण व्यक्ति; **Specialistic** (-इक्) -*adj.* pertaining to specialism. विशेष विषय के अध्ययन में प्रवृत्ति से सम्बन्धित ।

Speciality-स्पॅश'-लि-टि- *n.* particular talent, a special contract, a special pursuit. विशेष धर्म, विशिष्टता, विशेष या साधारण शर्त, विशिष्ट नियम-पत्र ।

Specialization-स्पॅशलाइज़ेशन्-*n.* the act of specializing. विशिष्टीकरण ।

Specialize-स्पॅश'-लाइज़् - *v. t. & i.* to make specific, to limit, to differentiate, to be a specialist. सीमा बाँधना, अलगाना, विशिष्ट करना, विशेषज्ञ बनना ।

Specially-स्पॅश-लि-*adv.* in a special manner. विशेष रूपसे ।

Specie-स्पी-शी-*n.* money in form of coins. नगद रुपया, सिक्का ।

Species-स्पी'-शीज़्-*n.* (*sing. & pl.*) kind, sort, class. जाति, प्रकार, भेद, वर्ग; **A species of animal** (a class of animal.) प्राणि-विशेष; **Of the same species** (of similar class.) एक जाति का ।

Specifiable-स्पॅसिफ़ाइ- अबल्-*adj.* able to be specified. विशिष्ट वर्णन करने योग्य ।

Specific - स्पॅसिफ़िक् - *adj.* definite, distinct, possessing the qualities which characterize a species, peculiar. विशिष्ट, असामान्य, विशेष जाति का, विलक्षण; **Specific character** (distinct character.) विशेष लक्षण ; **Specific gravity** (specific weight.) विशिष्ट गुरुत्व ; **Specific medicine** (medicine having distinct effect in curing a particular disease.) किसी रोग के हटाने की विशिष्ट औषधि ।

Specifically-स्पॅ - सि - फ़िक्-लि-*adv.* in a specific manner. विशेष रूप से ।

Specification-स्पॅ-सि-फ़ि-के-शन् -*n.* the act of specifying, detailed description of anything. विशेष वर्णन, किसी पदार्थ की विस्तारपूर्वक व्याख्या ।

Specificness-स्पॅ-सि-फ़िक्-नॅस्-*n.* distinctness. विशेषता ।

Specified-स्पॅसिफ़ाइड् - *adj.* specially designated. निर्दिष्ट किया हुआ ।

Specify-स्पॅ-सि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.*Specified.) to mention definitely, to name particularly. विशेष रूप से कहना, एक-एक करके वर्णन करना ।

Specimen-स्पॅसिमॅन् - *n.* sample, pattern. आदर्श, प्रतिरूप, नमूना, बानगी ।

Speciological-स्पी'-शिऑ-लॅजिकल्-*adj.* pertaining to speciology. जाति मूल शास्त्र सम्बन्धी ।

Speciology-स्पी'शिऑ-लॅजि - *n.* the science of species. जाति के मूल का शास्त्र ।

Speciosity-स्पी'शिऑसिटि-*n.* good appearance. सुन्दर आकृति ।

Specious-स्पी' - शस् - *adj.* obvious, showy, plausible, of good appearance, fair on the surface. स्पष्ट, दिखौवा, सदृश, देखाव में सुन्दर, अच्छी आकृति का; **Speciously** (-लि) -*adv.* in a specious manner. सुन्दर आकृति से । **Speciousness** (-नॅस्)-*n.* plausible appearance. दिखावटी सुन्दरता ।

Speck-स्पॅक्-*n.* a small spot, stain, dot, mark of rottenness. सूक्ष्म बिन्दु, चिह्न, कलंक, बिन्दु, (फल में) सड़ाहट का चिह्न ।

Speckle-स्पॅकल् - *n.* a small spot or speck. बिन्दु, चित्ती, धब्बा;-*v. t.* to cover with specks. धब्बा डालना ।

Speckled-स्पॅकल्'-ड्-*adj.* spotted, variegated. चितकबरा चित्तीदार।

Speckless-स्पॅक्-लॅस् -*adj.* spotless. बिना धब्बे का, स्वच्छ ।

Specs-स्पॅक्स्-*n. pl.* pair of spectacles. उपनेत्र, चश्मा ।

Spectacle-स्पॅ-क्ट्-क्ल् -*n.* public show or exhibition. प्रदर्शनी, कौतुक (चमत्कार), तमाशा।

Spectacled-स्पॅ - क्ट् - कुल् - ड् - *adj.* wearing spectacles. चश्मा पहिने हुए ।

Spectacles-स्पॅ-क्ट्-कुल्-स्-*n. pl.* pair of lenses set in a frame used for defective vision. उपनेत्र, चश्मा, ऐनक।

Spectacular-स्पॅक्टॅक्युलर् -*adj.* pertaining to shows. प्रदर्शनी या कौतुक सम्बन्धी; **Spectacularly** (-लि) -*adv.* in a spectacular manner. चमत्कार से, प्रदर्शन करते हुए ।

Spectator-स्पॅक्टेटर्-*n.* (*fem.* **Spectatress**-ट्रॅस्) a looker-on, a beholder. प्रेक्षक, देखनेवाला, तमाशबीन।

Spectral-स्पॅ-क्ट्र-ल्-*adj.* like a ghost, of ghost, resembling a spectre. प्रेत-तुल्य, भूत-प्रेत से सम्बन्ध रखनेवाला, भूत-प्रेत के समान; **Spectrally** (-लि)-*adv.* in a spectral manner. प्रेतवत् ।

Spectre-स्पॅक्ट्-अर्-*n.* an apparition, a ghost भूत, पिशाच (बेताल) ।

Spectro-स्पॅक्ट्रॅ-*pref.* in sense of "spectrum". उपसर्ग जिसका अर्थ "दृश्य-सम्बन्धी" होता है; **Spectrograph** (-ग्रॅफ्)-*n.* an apparatus for photographing the spectrum. दृश्य रूप का छायाचित्र खींचने का यन्त्र; **Spectroscope** (-स्कोप्) -*n.* an instrument for analysing the rays reflected by a spectrum. किरण के दृश्य-रूप को पृथक्-पृथक् देखने का यन्त्र; **Spectroscopic** (-स्कॉप्-इक्), **Spectroscopical** (-स्कॉप्-इकुल्) -*adjs.* pertaining to spectroscope. स्पेक्ट्रोस्कोप यन्त्र सम्बन्धी; **Spectroscopically** (-स्कॉप्-इकलि) -*adv.* by means of spectroscope. स्पेक्ट्रोस्कोप यन्त्र द्वारा विवरण करते हुए ; **Spectroscopist** (-स्कॉ-पिस्ट्) -*n.* one who works with a spectroscope. स्पेक्ट्रोस्कोप यन्त्र का व्यवहार करनेवाला ।

Spectrum-स्पॅक्ट्रम् -*n.* (*pl.* **Spectra.**) an image of something presented to the eyes when the eyes are closed or turned away, an image formed by the rays of light, the seven coloured band formed by passing a light through a glass prism. आँख बन्द करने या फेर लेने पर जो रूप किसी पदार्थ का आँख में अंकित रह जाता है, प्रकाश की किरणों से बना हुआ आकार जो प्रकाश के न्यूनाधिक होने से गहरा या हलका देख पड़ता है, शीशे की त्रिभुजाकृति के बीच से सूर्य-किरण के जाने पर उसकी सतरंगी विश्लेषित पट्टी ।

Specular-स्पॅक्युलर्-*adj.* having the qualities of a mirror. दर्पण के गुणवाला ।

Speculate-स्पॅ-क्यु-लेट्-*v. i.* to make an enquiry, to meditate, to form an opinion, to make investment, to make a purchase in expectation of a rise in value. विचार करना, सोचना, कल्पना करना, लाभ की आशा से व्यवसाय में धन लगाना या बेंचा-बिक्री करना ।

Speculation-स्पॅ-क्यु-लें-शन्-*n.* contemplation, mental view, theory. विचार, कल्पना, सिद्धान्त।

Speculative-स्पॅक्युलें टिव्-*adj.* contemplative. काल्पनिक, विचारवान्, विचार योग्य; **Speculatively** (-लि)-*adv.* theoretically. काल्पनिक रूप से; **Speculativeness** (-नॅस्) -*n.* the state of being speculative. कल्पना, विचार; **Speculator** (-अर्)-*n.* one who speculates. कल्पना करनेवाला, विचार करनेवाला ।

Speculum-स्पॅ-क्यु-लम् -*n.* (*pl.* **Specula.**) a surgical mirror. शरीर के भीतर का भाग देखने का दर्पण ।

Sped-स्पॅड् -*p. t. & p. p.* of **Speed.** went quickly. शीघ्रता से गया ।

Speech-स्पीच् -*n.* the faculty of speaking, anything said, a particular language, public address, an oration. वाणी, वचन, भाषा, बोल-चाल, व्याख्यान; **Eloquence of speech** (beautiful language.) पदलालित्य; **Figure of speech** (rhetorical abnormal expression.) अलंकार; **Maiden speech** (the first speech of an orator.) व्याख्यानदाता का पहिला भाषण; **Part of speech** (grammatical division of words.) शब्द-भेद; **Set speech** (speech prepared beforehand.) पहिले से तैयार किया हुआ व्याख्यान ।

Speechifier-स्पी-चि-फ़ाइ' - अर् -*n.* one who speechifies. व्याख्यान देनेवाला ।

Speechify-स्पी-चि-फ़ाइ-*v. t.* to make a speech. व्याख्यान देना ।

Speechless-स्पीच्' - लॅस् -*adj.* deprived of speech, dumb. अवाक्, गूँगा; **Speechlessly** (-लि)-*adv.* mutely. मूकता से, बिना बोले हुए; **Speechlessness** (-नॅस्) - *n.* muteness, dumbness. मूकता, गूँगापन ।

Speed-स्पीड् -*n.* rapidity or quickness of movement, success. वेग, शीघ्रता, गति, ऐश्वर्य, सफलता; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Sped.**) to go fast, to hasten, to make success, to aid. तेज चलना, जल्दी करना, सफल होना, सहायता देना; **God speed** (may God give prosperity) ईश्वर मार्ग में कल्याण करे ।

Speeder-स्पी-डर् - *n.* that which speeds motion. यन्त्र की गति बढ़ाने का साधन; **Speedily** (-इ-लि)-*adv.* with speed. झट, बिना विलम्ब के; **Speedometer** (स्पीड'-मिटर्) -*n.* speed indicator. किसी यन्त्र की गति बतलानेवाला यन्त्र या साधन।

Speedy-स्पी-डि-*adj.* rapid, prompt. शीघ्र गति का, वेगवान्।

Spelaean-स्पि-ली-अन्-*adj.* pertaining to caves, dwelling in caves. गुफ़ा-सम्बन्धी, गुफ़ा में रहनेवाला।

Spell-स्पॅल्-*n.* words used as a charm, fascination, attraction. यन्त्र (टोना, जादू), मोहन, आकर्षण; -*v. t.* to charm. मन्त्र द्वारा वशीभूत करना।

Spell-स्पॅल्-*v. t.* (*p. t. & p.p.* **Spelled, Spelt.**) to write or name the letters that form a word, to take the place of. किसी शब्द के अक्षरों को यथास्थान बतलाना, शब्द-विन्यास करना, पारी से काम करना; **To spell backwards** (to change meaning.) अर्थ बदलना; **To spell out** (to make out words letter by letter.) हिज्जे करना, शब्द-विन्यास बताना।

Spell-bound-स्पॅल्'-बाउन्ड् -*adj.* fascinated. अभिमन्त्रित, मन्त्र द्वारा रोका हुआ।

Speller-स्पॅलर् -*n.* one who is skilled in spellng. शब्द में अक्षरों को यथास्थान वतलानेवाला।

Spelling-स्पॅ लिङ्ग्-*n.* the act of naming the letters of a word. शब्द-विन्यास, हिज्जे; **Double spelling** (two forms of a word.) शब्द का दो रूप; **Spelling book** (a book for teaching children to spell and read.) बच्चों को शब्दों का हिज्जे करना तथा पढ़ना सिखलाने की पुस्तक; **Variation in spelling** (different spellings.) शब्द-विन्यास का अन्तर।

Spelt-स्पॅल्ट्-*p. p.* of **Spell.** हिज्जे बताया गया।

Spelt-स्पॅल्ट्--*n.* German wheat. जर्मनी का गेहूँ।

Spelter-स्पॅल्टर्-*n.* zinc. जस्ता।

Spencer-स्पॅन्सर्-*n.* a short overcoat for men or women. पुरुष या स्त्री का छोटा ऊपरी कोट।

Spend-स्पॅन्ड्-*v. t. & i.* (*p. t. & p.p.* **Spent.**) to pay for a purchase, to lay out, to consume, to wear out, to waste. व्यय करना, लगाना, उपयोग करना (उड़ाना), लुटाना, क्षय करना; **Spent with toil** (exhausted owing to labour.) परिश्रम से थका हुआ।

Spendable-स्पॅन्डॅ-बल्-*adj.* able to be spent. व्यय करने योग्य।

Spender-स्पॅन्डर् -*n.* one who spends. व्यय करनेवाला।

Spending-स्पॅ न्डिङ्ग्-*n.* expense, waste. व्यय, त्याग।

Spendthrift-स्पॅन्ड्'-थ्रिफ़्ट्-*n.* one who spends lavishly. अतिव्ययी, मुक्तहस्त धन उड़ानेवाला।

Spent-स्पॅन्ट्-*p. t. & p. p.* of **Spend.** व्यय किया।

Sperm-स्पर्म् -*n.* the male generative cell, spermaceti. शुक्राणु, वीर्य, मछली के सिर में से निकाली हुई चर्बी।

Spermaceti-स्पर्-मी-सॅ टि-*n.* a white fatty substance obtained from the head of sperm, whale &c. शुक्राणु या ह्वेल मछली के सिर का तेल।

Spermary-स्पर्मरि -*n.* the gland which contains sperm. शुक्राशय।

Spermatic-स्पर्-मॅ-टिक् - *adj.* pertaining to sperm. शुक्राणु या शुक्र सम्बन्धी।

Spermato-स्पर्मॅ-टॅ-*pref.* in sense of 'sperm' 'शुक्र' अर्थ का उपसर्ग; **Spermatology** (-लॅ-जि) -*n.* the study of sperm. शुक्र के अध्ययन का शास्त्र; **Spermatorrhoea** (-रि-आ) -*n.* involuntary emission of semen. अज्ञात में शुक्रपात; **Spermatozoa** (-ज़ो-आ) -*n. pl.* (*sing.* **Spermatozoon.**) sperm-cells. शुक्राणु।

Spermo-स्पर्-मॅ-*pref.* in sense of 'seed'. 'बीज' अर्थ का उपसर्ग।

Spew, Spu-स्प्यू-*v. t. & i.* to vomit, to droop very quickly. वमन करना, जल्दी से गिरना।

Sphagnum-स्फॅग्नम्-*n.* (*pl.* **Sphagna.**) a kind of moss which grows in marshes. दलदल में उगनेवाली एक प्रकार की सेवार।

Sphenoid-स्फी-नॉ-इड्-*adj.* of the shape of a wedge. फन्नी के आकार की।

Sphenoidal-स्फी-नॉ-इ-ड्-अल् -*adj.* of a form of a sphenoid. फन्नी की आकृति का।

Sphere-स्फ़ि-अर् -*n.* ball, globe, the heavens, a heavenly body, province, one's field of action. गेंद, पोलक, आकाश, ग्रह, अधिकार (पद), कार्य, स्थिति; -*v. t.* to form into roundness. मण्डल के आकार का बनाना, चक्र में लपेटना; **Celestial sphere** (heavenly body.) ग्रह मण्डल।

Spheric-स्फॅ-रिक्-*adj.* celestial, of the heavens. आकाश-सम्बन्धी, दवी; **Spherical** (-अल्) -*adj.* globular, shaped like a sphere. वर्तुल, गोल, गोलाकार; **Spherically** (-लि) -*adv.* in a spherical manner. गोलाकार रूप में।

Sphericity-स्फॅ रिसिटि-*n.* rotundity. गोलाई।

Spherograph-स्फि-रॅ-ग्राफ्-*n.* an instrument for projecting the relative positions of the earth on a disk. किसी गोल वस्तु पर पृथ्वी का छायाचित्र बनाना।

Spheroid-स्फि-रॉ-इड्-*n.* a sphere-like solid. उपगोल, अण्डाकार आकृति; **Spheroidical** (-इ-कल्)-*adj.* in the form of a spheroid. अण्डाकार आकृति के रूप में।

Spherometer-स्फि (-स्फें)-रॅ-मिटर्-*n.* an instrument for finding out the radius of a sphere. गोलक का अर्धव्यास ठीक-ठीक नापने का यन्त्र।

Spherular-स्फ रयुलर् -*adj.* pertaining to a spherule. छोटे गोलक का।

Spherule-स्फेरॅ-युल्-*n.* a small sphere. छोटा गोलक।

Sphery-स्फ़ी-अ-रि-*adj.* spherical. गोलाकार।

Sphinx - स्फ़िङ्क्स् - *n.* (*pl.* **Sphinxes.**) a fabulous monster with a woman's head and a lion's body. एक कल्पित दैत्य जिसका कपाल स्त्रीका तथा शरीर सिंहका माना जाता था।


Sphinx.

Sphygmograph-स्फ़िग्'-मॅ-ग्रॉफ्-*n.* an instrument for recording the beatings of pulse. नाड़ी की गति अङ्कित करने का यन्त्र।

Spice-स्पाइस्-*n.* an aromatic vegetable substance used for flavouring food. सुगन्धित द्रव्य, मसाला; -*v. t.* to season with spice मसालेदार बनाना।

Spicery-स्पाइसरि-*n.* spices in general, a room for keeping spices. गरम मसाले, मसाला रखने की कोठरी।

Spicily-स्पाइस्-इलि-*adv.* in a fragrant form. सुगन्धयुक्त; **Spiciness** (-इ-नॅस्)-*n.* the state of being spicy. मसालापन।

Spick-स्पिक्'-*adj.* quite new. बिलकुल नवीन।

Spicular-स्पिक्युलर्, **Spiculate**-स्पिक्यु-लेट्-*adjs.* having sharp points. काँटेदार, नोकदार।

Spicule-स्पि-क्यू-ल्-*n.* a small spike, a sharp-pointed body. नोकदार वस्तु।

Spider-स्पाइ-डर्-*n.* an eight-legged insect of many varieties which spin webs. मर्कटक, मकड़ा; **Spiderlike** (-लाइक्)-*adj.* like a spider. मकड़े की तरह का; **Spiderline** (the thread of a spider's web.) मकड़े के जाले का सूत्र।

Spidery-स्पाइ-डर्-इ-*adj.* full of spiders. मकड़ों से पूर्ण।

Spigot-स्पिगॅट्-*n.* a plug for inserting into the hole of a cask or pipe. नली या पीपे के छेद में लगाने का डट्टा।

Spike-स्पाइक्-*n.* a pointed nail, a large railway nail, ear of corn. नुकीला काँटा, बड़ी काँटी, अन्न की बाल;-*v. t.* to fasten with spikes. खूँटा ठोंकना।

Spikelet-स्पाइक्'-लॅट्-*n.* a small spike. छोटी खूँटी।

Spikenard-स्पाइक्-नर्ड-*n.* a perennial highly aromatic plant, an aromatic ointment made from this herb. जटामासी, बालछड़, इससे बना हुआ सुगंधित मलहम।

Spikewise-स्पाइक्-वाइज़्-*adj.* like a spike. खूँटे या कील की तरह।

Spiky-स्पाइकि-*adj.* having a sharp point. काँटेदार।

Spile-स्पाइल्-*n.* a wooden peg. लकड़ी का खूँटा; -*v. t.* to pierce hole in a barrel. पीपे में छेद करना।

Spiling-स्पाइलिङ्ग्-*n.* a row of spiles. खूँटियों की पंक्ति।

Spill-स्पिल्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Spilled, Spilt.**) to allow a liquid &c., to fall or run out of a vessel, to shed, to waste, to throw away. गिराना, बहाना, छिड़कना, नष्ट करना, फेंकना;-*n.* a fall or a throw, a thin strip of wood for lighting candles. गिरान, बहाव, मोमबत्ती जलाने का टुकड़ा; **To spill blood** (to shed blood, to murder.) रुधिर बहाना, हत्या करना।

Spilt-स्पिल्ट्-*p. t.* of **Spill.**

Spin-स्पिन्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Span**, *p. p.* **Spun**) to draw out and twist into threads, to twist, to prolong. सूत कातना, चक्कर देना या चक्कर खाना, बढ़ाना; -*n.* a whirl, a revolving motion. चक्कर, घुमाव; **Spun gold** (gold-thread.) कलाबत्तू; **To spin out** (to spend.) व्यय करना।

Spinach, Spinage - स्पिनींक्, - स्पिनॅज् - *ns.* a garden vegetable. पालक साग।

Spinaceous-स्पि-न-शस्-*adj.* pertaining to spinach. पालक शाक-सम्बन्धी।

Spinal-स्पाइनल्-*adj.* of the spine or backbone. पीठ की रीढ़-सम्बन्धी; **Spinal column** (the backbone.) पृष्ठवंश, पीठ की रीढ़; **Spinal cord** (cerebro-spinal axis.) पृष्ठवंश के भीतर की नाड़ी; सुषुम्ना।

Spindle-स्पिन्ड्ल्-*n.* the pin in the spinning wheel used for twisting thread and winding it, a pin on which something revolves, a slender thing. टेकुई, धुरा, दुर्बल पदार्थ; **Spindle-shanked**-*adj.* (with long thin legs.) पतली टाँगवाला।

Spindly-स्पिन्डलि-*adj.* thin and long. पतला और लम्बा।

Spindrift-स्पिन्'-ड्रिफ़्ट्-*n.* the spray of the sea waves. समुद्र की लहरों की बौछार।

Spine-स्पाइन्-*n.* the backbone, the series of vertebrae forming the backbone, a sharp projection. पृष्ठवंश, पीठ की रीढ़, बड़ा काँटा।

Spined-स्पाइन्ड्-*adj.* having a backbone. रीढ़दार।

Spinel-स्पि-नेल्'-*n.* a kind of mineral. एक खनिज पदार्थ।

Spineless-स्पाइन्'-लेस्-*n.* devoid of spine, very weak. बिना पीठ की रीढ़ का, अति दुर्बल।

Spinet-स्पिनेट्-*n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का बीन।

Spiniferous-स्पि-निफ़रस्-*adj.* bearing spines. पृष्ठवंशवाला।

Spinnaker-स्पिन्-अ-कर्-*n.* the large sail of a racing ship. दौड़ लगानेवाले जहाज का बड़ा पाल।

Spinner-स्पिनर्-*n.* one who spins, a thread-spinning machine. सूत कातनेवाला, सूत कातने की मशीन।

Spinneret-स्पिन्'-अ-रेट्-*n.* the spinning organ in spider or silkworm. मकड़ा या रेशम के कीड़े का कातनेवाला अंग।

Spinning-स्पिनिङ्ग्-*n.* the act of twisting thread. कताई का काम; **Spinning-jenny** (a machine in which several threads can be spun at a time.) अनेक तागों को एक साथ कातने की मशीन; **Spinning-wheel** (a wheel for spinning wool, cotton &c.) सूत या ऊन कातने का चरखा।

Spinney-स्पिन्-नि-*n.* a small thicket. छोटी झाड़ी।

Spinous-स्पाइनस्-*adj.* thorny. काँटेदार।

Spinster-स्पिन्-स्टर्-*n.* an unmarried elderly woman. अधिक वय की कुँवारी स्त्री; **Spinsterhood** (-हुड्)-*n.* the office of a spinster. ऐसी स्त्री का पद।

Spinthariscope-स्पिन्थरिस्कोप् - *n.* an instrument which shows the perpetual sparks emitted by radium. रेडियम धातु में से निरन्तर निकलनेवाली चिनगारियों को दिखलाने का यन्त्र।

Spinule-स्पि-न्यूल्-*n.* a small spine. पतली छोटी रीढ़।


Spinuliferous-स्पिन्-यूलिफ़रस् - *adj.* having spines. रीढ़दार।

Spiny-स्पाइनि-*adj.* (*comp.* **Spinier**, *sup.* **Spiniest.**) full of spines, prickly. रीढ़दार, नोंकदार।

Spiracle-स्पाइ-रीं-कुल्-*n.* a breathing hole. साँस लेने का छिद्र, वायुमार्ग।

Spiracular-स्पि-रैक्युलर्-*adj.* pertaining to spiracle. वायुमार्गवाला।

Spiral-स्पाइरल्-*adj.* coiled, winding like a screw. चक्राकार, पेंचदार, घुमौआ; - *n.* spiral curve. चक्कर; **Spirality** (-इ-टि)-*n.* the stage of being windy. वर्तुलता; **Spirally** (-लि) -*adv.* in a spiral form. चक्राकार ढंग से; **Spiral-balance** (-बैल्-अन्स्) -*n.* a handy instrument with spiral spring used for weighing. कमानी का तराजू।


Spiral balance.

Spirant-स्पाइरन्ट्-*n.* the pronunciation of a consonant. व्यञ्जन का उच्चारण।

Spire-स्पायर्-*n.* a tapering structure, coil, spiral, a steeple. आवर्त, लपेट, मीनार, शिखर।

Spired-स्पायर्ड्-*adj.* having a spire. कलशदार, शिखर वाला; **Spiry**-रि -*adj.* like a spire, tapering. कलशवत्, सूच्याकार, नोकदार।

Spirit-स्पिरिट्-*n.* the soul, mental disposition, rational being, a person of exceptional intelligence, energy, courage, liveliness, mood, real meaning, animating principle, essence, strong liquor. आत्मा, प्रवृत्ति, मनुष्य, अपूर्व बुद्धि का मनुष्य, तेज, प्रभाव, उत्साह, प्रसन्नता, स्वभाव, शुद्ध अर्थ, जीवन-सत्त्व, तीव्र मदिरा; **Spirits** (-स्)-*n. pl.* alcoholic liquors. मदिरा, शराब; -*v. t.* to cheer, to animate, to excite, to convey away secretly. प्रसन्न करना, साहस देना, उत्तेजित करना, गुप्त रीति से शीघ्र ले जाना; **Departed-spirit** (spirit of the dead.) प्रेतात्मा; **Evil-spirit** (a devil, one without enthusiasm.) राक्षस, उत्साहहीन मनुष्य; **Gentle spirit** (gentility.) स्वभाव की सुजनता; **In good spirits** (in happy mood.) प्रसन्नता पूर्ण; **In high spirits** (with enthusiasm.) उत्साह-सहित; **Spirit-lamp** (a lamp in which spirit is burnt for heating.) स्पिरिट से जलनेवाला लम्प; **Spirit-level** (an instrument for deter-

mining exact horizontal line.) समतल नापने का यन्त्र; Supreme Spirit (God.) परमात्मा; **The Spirit of the age (or times.)** mental or moral tendency of the times. समय की प्रचलित मानसिक अथवा नैतिक गति।

Spirited-स्पिरिटेड्-*adj.* full of spirit, animated, brisk, lively. तेजस्वी, वीर्यवान्, तीव्र, उत्कट; **Spiritedly** (-लि)-*adv.* in a spirited manner. उत्साह-सहित; **Spiritedness** (-नेस्)-*n.* the state of being spirited. साहस, उत्साह; **Spiritless** (-लेस्)-*adj.* without spirit. निस्तेज, नीरस; **Spiritlessly** (-लि)-*adv.* in a spiritless manner. नीरसता या उत्साहहीनता से।

Spiritual-स्पिरिचुअल् - *adj.* not material, divine, religious, relating to the mind, holy, concerned with religious things. निराकार, पारलौकिक, धार्मिक, मानसिक, पवित्र, आध्यात्मिक; **Spiritualism**(-इज़्म्)-*n.*the belief that departed spirits communicate with men, the doctrine that all which exists is spirit or soul. यह सिद्धान्त कि मृतकों की आत्मा मनुष्य को देख पड़ती है और इनसे बात करती है, ब्रह्मवाद; **Spiritualist** (-इस्ट्)-*n.* an adherent of spiritualism. ब्रह्मवादी; **Spirituality** (-इ - टि) -*n.* immateriality. सांसारिकता का अभाव;**Spiritualization** (-आइज़्-ए-शन्)-*n.* the act of a spiritualizing. धार्मिकता, परमार्थता; **Spiritualize** (-आइज़्)-*v. t.* to make spiritual, to refine. पारलौकिक बनाना, पवित्र करना; **Spiritually** (-लि)-*adv.* in a spiritual manner. परमार्थता से ; **Spiritualness** (-नेस्)-*n.* spirituality. परमार्थनिष्ठा; **Spirituous** (-अस्) - *adj.* distilled, containing a greater percentage of alcohol. अर्क उतारा हुआ, मद्यसार के अधिक भागवाला; **Spirituousness** (-नेस्) - *n.* the quality of being spirituous. मद्यसारता।

Spirivalve-स्पिरि-वॉल्व्-*adj.* of spiral shape. घिरा हुआ, घुमौआ।

Spiro-स्पाइ-रॅ-*pref.* in the sense of "breath". "श्वास" अर्थ का उपसर्ग; **Spirograph** (-ग्रॅफ़्) *n.* an instrument for recording breathing movement. श्वास की गति अंकित करने का यन्त्र।

Spirt, Spurt-स्पर्ट्-*v. i. & t.* to gush out in a stream, to cause to flow or jet out. धारा के रूप में बहना, धार निकलना;-*n.* a jet. धारा।

Spiry-स्पाइ'-रि-*adj.* of a spiral form. घुमौवा, वर्तुलाकार।

Spit-स्पिट्-*n.* a slender bar on which meat is roasted, a small point of land running into the sea, spitting, spade depth. मांस भूनने का सींकचा, पृथ्वी का नुकीला भाग जो समुद्र में घुसा हो, थूक, पुरसा भर गहराई; -*v. t.* (*p.t.*Spitted.) to thrust a spit through. मांस में सींकचा घुसाना;-*v. i.* (*p. t.* Spat.) to eject saliva from the mouth, to make noise as of spitting, to emit sparks. थूकना, खखारना, चिनगारी फेंकना; **To spit at** (to treat with ignominy.) तिरस्कार दिखलाना, घृणा करना।

Spite-स्पाइट्-*n.* malice, hatred, ill-will, grudge. द्रोह, ईर्ष्या, विरोध, डाह;-*v. t.* to treat maliciously, to vex. द्रोह (बैर) करना, ईर्ष्या करना; **Spiteful** (-फ़ुल्)-*adj.* malignant, annoying. विद्वेषी, डाह करनेवाला; **Spitefully** (-लि)-*adv.* in a spiteful manner. द्रोह-बुद्धि से, दुष्टभाव से; **Spitefulness** (-नेस्) -*n.* the quality of being spiteful. विद्वेष, बर, डाह।

Spitfire-स्पिट्' - फ़ायर्-*n.* a person of fiery nature, a kind of aeroplane. अति क्रोधी मनुष्य, एक प्रकार का बम फेंकनेवाला हवाई जहाज।

Spitter-स्पिट्-टर्-*n.* one who spits. थूकनेवाला; **Spitting**-स्पि-टिङ्ग् - *n.* the act of ejecting saliva. थूकना, लार बहाना।

Spittoon - स्पिट्-टून्' -*n.* a receptacle for spitting into. पीकदान, उगालदान।

Splanchnic-स्प्लैंङ्क्'-निक्-*adj.* of the intestines. आँत-सम्बन्धी।

Splash-स्प्लैश्-*v.t. & i.* to spatter with water, mud &c., to be scattered in drops, to ornament. पानी या कीचड़ का छींटा देना, बूँदों में बिखेरा जाना, अलंकृत करना, गहनों से सजाना; -*n.* water or dirt thrown up, the sound of something falling into water. छींटा, बौछार, जल में कोई वस्तु गिरने का शब्द; **Splasher** (-अर्) -*n.* a mud-guard over wheels. पहिये के ऊपर कीचड़ या पानी का छींटा बचाने का साधन (पङ्खा); **Splashing** (-इङ्ग्)-*adj.* spattering. छींटा उड़ानेवाला ; **Splashy** (-इ)-*adj.* full of dirty water. गन्दे जल से पूर्ण।

Splatter-स्प्लैं-टर्-*v. i. & t.* to make a continuous sound of splashing, to speak unintelligibly. निरन्तर छींटे का शब्द करना, अस्पष्ट बोलना।

Splay-स्प्ले-*v. t. & i.* to construct with one side wider than the other. गावदुम बनाना,

एक ओर की अपेक्षा दूसरी ओर सँकरा करना;-*n.* an embrasure. गावदुम रचना ;- *adj.* turned outward. बाहरी ओर फैला हुआ ; **Splay-foot** -*n.* (flat-soled foot.) जिसका चिपटा पर बाहर को घूमा हो; **Splay-mouth**-*n.* a wide mouth. चौड़ा मुख।

(-कोर्-रॅज्)-*n.* a carriage for state occasions. राजकीय (शाही) सवारी; **State-craft** (-क्रॉफ़्ट्) -*n.* the art of managing state affairs, statesmanship. राज-कार्य पद्धति, राजनीति; **State criminal** (-क्रिम्'-इ-नल्) -*n.* one imprisoned for political reasons. राजनीतिक कैदी; **State-monger** (-मॉङ्ग्-ग्र्)-*n.* one who is versed in politics. राजनीति में प्रवीण; **State-servant** (-सर्-वॅन्ट्) -*n.* a servant of the state. राजसेवक; **State of life** (condition of life.) जीवन-वृत्ति ।

Stated-स्टे - टॅड् - *adj.* established, regular. निर्दिष्ट, नियमित ।

Stateliness-स्टेट्'-लि-नॅस् -*n.* dignity. गौरव, महत्त्व ।

Stately-स्टेट्-लि -*adj.* grand, majestic. वैभव-युक्त, महत्त्व का, उज्ज्वल ।

Statement-स्टेट्'-मॅन्ट् -*n.* the act of stating, announcement. वर्णन (निवेदन), कथन (उक्ति), विज्ञापन ।

Statesman-स्टेट्स्-मन्-*n.* one who is skilled in the management of state affairs, a politician. राजकार्य में कुशल, राजनीतिज्ञ; **Statesmanlike** (-लाइक्)-*adj.* having the qualities of a statesman. राजनीतिज्ञ के सदृश; **Statesmanly** (-लि) -*adj.* pertaining to statesmanship. राजनीति-सम्बन्धी; **Statesmanship** (-शिप्)-*n.* the quality of being a statesman. राजनीतिज्ञता ।

Statical-स्टैटिकल् -*adj* . pertaining to bodies in rest. स्थिर पदार्थ-सम्बन्धी; **Statically** (-लि) -*adv.* in a statical manner. स्थिरता से ।

Statics-स्टैटिक्स् -*n. pl.* the science of bodies at rest. पदार्थ के भार-परिमाण का शास्त्र, जिस शास्त्र में पदार्थ की गुरुता का विचार रहता है ।

Station-स्टे'-शन् -*n.* the place where a thing rests or stands for a particular purpose, position, rank, a stopping place for railway trains, status in life. स्थान, स्थिति, दशा (ठिकाना, पद, अवस्था), रेलगाड़ी के ठहरने का स्थान, अधिकार, पदवी; -*v. t.* to fix in a certain place, assign station to. स्थापित करना (टिकाना, बैठाना), ठहराना; **High station** (high rank.) उत्तम पद; **Naval station** (a port.) जहाजी बन्दरगाह; **Police-station** (a police office.) थाना, चौकी; **Station calendar** (a railway time-table.) रेल का टाइमटेबुल; **Station-master** (one in charge of a railway station.) रेलवे स्टेशन का प्रधान अधिकारी ।

Stationary-स्टे - शन्-अरि -*adj.* not moving, remaining. स्थिर, निश्चल, अचल, स्थायी, एक ही स्थान में ठहरा हुआ; **Stationary air** (air which is not moving.) स्थिर वायु ।

Stationer-स्टेशनर् -*n.* a merchant who sells writing materials. लेखन-सामग्री (यथा कागज, कलम, रोशनाई, पेन्सिल इत्यादि) बेचनेवाला; **Stationer's Hall** (-सं-हॉल्) -*n.* the hall of the Stationer's Company in London, at which books are registered for purposes of copyright. लन्दन में पुस्तक की रजिस्ट्री का कार्यालय; **Stationery** (-रि) -*n.* writing articles sold by stationers. लिखने की सामग्री ।

Statism-स्टे टिज्म् -*n.* the art of government. राज्य-शासन-कला ।

Statist-स्टैटिस्ट् -*n.* one dealing with statistics. क्रमबद्ध संख्यापत्रों का व्यवहार करनेवाला ।

Statistical-स्टी-टिस्टिकल् -*adj.* pertaining to statistics. परिगणन विद्या-सम्बन्धी; **Statistically** (-लि) -*adv.* by means of statistics. ऐसी गणना द्वारा ।

Statistician-स्टैटिस्टिश्यन् -*n.* a person versed in statistics. क्रमबद्ध गणना करने में निपुण व्यक्ति ।

Statistics-स्टी - टिस्टिक्स् -*n. pl.* the collection of facts and figures regarding the condition of a people, the science which treats of such facts. किसी देश के निवासियों की सब प्रकार की अवस्थाओं की क्रमबद्ध गणना, वह विद्या जिसमें इनका परिगणन होता है ।

Statoscope-स्टैटॅस्-कोप् -*n.* a barometer for showing the minute variations of pressure. वायु के दबाव का सूक्ष्म अन्तर बतलानेवाला यन्त्र ।

Statuary-स्टैट् - यु - अरि - *adj.* pertaining to statues. मूर्ति-सम्बन्धी; -*n.* a sculptor. मूर्ति बनानेवाला, मूर्तिकार ।

Statue-स्टैट् - यू - *n.* a sculptured or cast image of a person or an animal. ढालकर या खोदकर बनी हुई मूर्ति, प्रतिमा ।

Statued-स्टैट्'-य्यूड् - *adj.* furnished with statues. मूर्तियुक्त, प्रतिमामय ।

Statuesque-स्टैट्-यु-ऍस्क्-*adj.* in the style of a statue. मूर्तिवत्, मूर्ति के समान; **Statuesquely** (-लि) -*adj.* like a statue. मूर्ति की तरह; **Statuesqueness** (-नॅस्) -*n.* मूर्तिवत् रचना ।

Statuette-स्टैट्-यु-ऍट् -*n.* a small statue. छोटी मूर्ति ।

Stature-स्टॅचर् -*n.* the natural height of the body. शरीर की ऊँचाई, डीलडौल; **Of dwarfish**

stature (of the height of a dwarf.) बौने की आकृतिवाला; Of low stature (of low height.) नाटा; Of short stature (of small height.) नाटे कद का ।

Statured-स्टेचर्ड् -*adj.* arrived at full stature. पूरी ऊँचाई का ।

Status-स्टे-टस् - *n.* social position, rank, relative importance. सामाजिक स्थिति, अवस्था, वस्तुस्थिति ।

Statutable-स्टैट्'-युटेबल्-*adj.* conformable to statute. अवस्था (कानून) के अनुसार; **Statutably** (-इ) - *adj.* according to statute. व्यवस्थानुसार ।

Statute-स्टैट्'-यूट् -*n.* a written law of the legislature, a law. नियम, व्यवस्था, कानून; **Statute-book** (-बुक्)-*n.* a book containing statute law. कानून की पुस्तक ।

Statutory-स्टैट् - यु - टरि -*adj.* enacted by statute. व्यवस्था से स्थापित, क़ानून से स्थिर किया हुआ ।

Staunch-स्टॉन्श्, **Stanch**-स्टान्श् - *adjs.* trustworthy, watertight or airtight. विश्वासी, जल या वायु का अप्रवेश्य ।

Staunchly-स्टॉन्श्-लि -*adv.* in a trustworthy manner. विश्वास से; **Staunchness** (-नेस्)-*n.* the state of being staunch. विश्वस्तता ।

Stave-स्टेव्-*n.* one of the curved pieces of wood which forms a cask, rung of a ladder, a stanza of a verse. पीपे की पटरी, लकड़ी की सीढ़ी का डण्डा, कविता का चरण;-*v. t.* (*p. t.* Staved *or* Stove.) to break a hole in, to furnish with staves, to crush out. छेद करना, पट्टी लगाना, कुचलना; To stave in (to crush out of shape.) कुचलकर टेढ़ा-मेढ़ा करना; To stave off (to ward off.) हटा देना ।

Stay-स्टे -*v. t. & i.* (*p. t.* Stayed.) to stop, to restrain, to remain, to postpone, to prop, to dwell, to wait. रोकना, थामना, टालना (विलम्ब करना), सहारा देना, ठहरना, टिकना, राह देखना; -*n.* remaining in a place, stand, stop, prop, support. ठहराव, रुकाव, प्रतिबन्ध, सहारा, आधार; **Stayless** (-लेस्) -*adj.* without support. बिना सहारे का; **Stay order** (ऑर्डर्) -*n.* suspension of judgment for a time. न्याय-निर्णय का कुछ काल के लिये निलम्बन; **Stays** (-ज़्')-*n. pl.* a corset. (ब० व०) अँगिया, चोली; To stay progress (to stop advance.) उन्नति रोक देना ।

Stead-स्टेड् -*n.* place. स्थान, भूमि; Instead of (in place of.) वास्ते, लिये, बदले में; To stand in good stead (to be serviceable.) लाभदायक होना, सुविधा का होना ।

Steadfast-स्टेड्' - फ़ास्ट् - *adj.* constant, firm, resolute. निश्चल, स्थिर (अचल), अटल; **Steadfastly** (-लि) -*adv.* in a firm manner. स्थिरता से, दृढ़ता से; **Steadfastness** (-नेस्) -*n.* firmness. स्थिरता, दृढ़ता ।

Steadily-स्टे-डि-लि-*adv.* firmly, fixedly. स्थिरता या दृढ़ता से; **Steadiness** (-नेस्)-*n.* firmness, constancy. स्थिरता, नित्यता ।

Steading-स्टे-डिङ्ग्-*n.* a farmyard. खलिहान ।

Steady-स्टे-डि-*adj.* (*comp.* Steadier, *sup.* Steadiest.) firmly fixed, constant, not changing, regular, uniform, sober, industrious. दृढ़, सतत, स्थिर, अचल, नियमित, बराबर, शान्त, उद्यमी; -*v. t.* to make steady. स्थिर करना (सँभालना) ।

Steak-स्टेक्-*n.* a slice of meat cut for broiling. भूनने के लिये काटी हुई मांस की बोटी ।

Steal-स्टील - *v. t. & i.* (*p. t.* Stole, *p. p.* Stolen.) to take away secretly without permission, to move secretly or silently, to slip away, to win. चोरी करना (चुराना), खिसक जाना, हृदय लुभाना; **Stealer** (-अर्) -*n.* one who steals, a thief. तस्कर, चोर, हरण करनेवाला; **Stealing** (-इङ्ग्) -*n.* the act of thieving. चौर कर्म ।

Stealth-स्टेल्थ्-*n.* the act of stealing, secrecy. (अपहरण) चोरी, गुप्त कार्य ; **Stealthily** (-इ-लि)-*adv.* by way of theft. चोरी से, गुप्त रीति से; **Stealthiness** (-इ-नेस्) -*n.* act of stealing. चोरी का कार्य; **Stealthy** (-इ)-*adj.* done by stealth. गूढ़, गुप्त, अप्रकाशित ।

Steam-स्टीम्-*n.* the vapour of boiling water, energy, vigour. वाष्प (भाफ़), शक्ति, उत्साह; -*v. t. & i.* to cook by steam, to emit steam, to move by steam. भाफ़ से पकाना, भाफ़ उठाना या निकालना, भाफ़ से चलना ; **Steam-boat** (-बोट्) -*n.* a vessel propelled through water by steam. भाफ़ से चलनेवाली नाव; **Steam-boiler** (- बॉय्'-लर्) - *n.* a vessel in which water is converted into steam. पानी से भाफ़ बनाने का पात्र; **Steam-engine** (-ऍन्-जिन्)-*n.* an engine propelled by steam. भाफ़ से चलनेवाला इञ्जन ।

Steamer-स्टी' - मर् - *n.* a vessel moved by steam. भाफ़ से चलनेवाला जहाज़ ।

Steamy-स्टी-मि-*adj.* full of vapour. वाष्पपूर्ण।

Stearin-स्टी-अरिन्-*n.* the chief ingredient of tallow used in the manufacture of candles. चर्बी जिसकी मोमबत्ती बनाई जाती है; **Stearinery** (-अरि) -*n.* a factory in which candles are made. मोमबत्ती बनाने का कारखाना।

Steed-स्टीड्-*n.* a horse, a warhorse. (अश्व) घोड़ा, लड़ाई का घोड़ा; **Steedless** (-लस्) -*adj.* without a steed. बिना अश्व का।

Steel-स्टील्-*n.* an alloy of iron and carbon used for making tools, a rod or sword. लौहसार (फ़ौलाद, इस्पात), पक्के लोहे का छड़, तलवार; -*v. t.* to harden. पक्का करना, दृढ़ करना; **Cold-steel** (sword &c. as opposed to firearms.) बारूद के हथियार से भिन्न अस्त्र (यथा—तलवार, बर्छा इत्यादि); **Steel-cap** (a helmet.) लोहे का टोप, कवच, **Steel-clad** (clad in armour.) कवच पहिने हुए; **Steel-hearted** (hard-hearted.) कठोरहृदय।

Steeliness-स्टी-लि-नॅस् - *n.* the quality of being steely. कठोरता।

Steely-स्टीलि'-*adj.* made of steel, hard, firm, steel-like. फ़ौलाद का बना हुआ, पुष्ट, दृढ़, कठोर, फ़ौलाद के समान।

Steelyard-स्टील्'-यार्ड् -*n.* a kind of balance for weighing things. तुलादण्ड, एक प्रकार का (भूसा, लकड़ी इत्यादि) तौलने का यन्त्र।

Steening-स्टीन्-इङ्ग्-*n.* the stone lining of a wall. दीवार में पत्थर लगाना।

Steep-स्टीप् - *adj.* precipitous, exaggerated, not reasonable. बहुत ढालुआँ (खड़ा), बढ़ा कर कहा हुआ, अनुचित, तर्कहीन; -*n.* a slope, a precipitous place or ascent, a precipice, process of steeping. ढार, टीला, करारा, तर करने की विधि;-*v. t.* to soak in liquid. जल इत्यादि में तर करना या भिगाना।

Steepen-स्टीप्'न् - *v. i. & t.* to make or become steep. ढालुआँ होना या बनाना।

Steeper-स्टीपर्-*n.* a vessel in which things are steeped. पदार्थों को भिगाने का पात्र।

Steeple-स्टी'-पल्-*n.* the tower rising above the roof of a church, a spire. गिरजाघर की छत पर की मीनार, धरहरा; **Steeplechase** (-चेस्)-*n.* a horse race in which ditches &c. are jumped over. खाँई इत्यादि डकाने की घुड़दौड़; **Steepled**(-ड्)-*adj.* with a spire. मीनारदार; **Steeple-jack** (-जॅक्)-*n.* a man who works on steeples. मीनार पर चढ़कर मरम्मत करनेवाला।

Steeply-स्टीप्-लि-*adv.* in a steepy manner. ढालुआँ तरह से।

Steepness-स्टीप-नॅस्-*n.* the state of being steep. ढालुआँपन।

Steepy-स्टीप-इ-*adj.* having declivity. ढालुआँ।

Steer-स्टि-अर् -*n.*(*fem.* **Heifer.**) a young ox. जवान साँड़;-*v.t. & i.* to guide a vessel, motor-car, airship, bicycle &c., to pursue a course of action, to direct one's course in a specified direction. जहाज, नाव, हवाई जहाज, मोटर बाइसिकिल इत्यादि चलाना, मार्ग दिखलाना, मार्ग निश्चित करना; **To steer one's course** (to be engaged in one's work.) अपने कार्य में लग जाना; **Steerable** (-एबल्) - *adj.* able to be steered. चलाने योग्य; **Steerage** (- एज्) -*n.* the act of steering, the part of a ship allotted to inferior passengers. जहाज का खेना, जहाज के आगे का कमरा जिसमें सामान्य यात्री रहते है; **Steerer** (-अर्) -*n.* one who steers a ship. जहाज चलानेवाला।

Steersman-स्टिअर्ज़्'-मॅन्-*n.* (*pl.* **Steersmen.**) a helmsman.जहाज चलानेवाला माझी, मल्लाह; **Steersmanship** (-शिप्)-*n.* skill in steering a ship. जहाज चलाने की विद्या।

Steganography-स्टॅग्-अॉ-नॅग्'- रॅ-फ़ि -*n.* the art of writing secret characters. सांकेतिक अक्षरों में लिखने की कला।

Steinbock-स्टाइन्'-बॉक्-*n.* a kind of wild goat. एक प्रकार का जंगली बकरा।

Stele-स्टी-लि-*n.* an upright slab put on a grave. कब्र के ऊपर लगाने का खड़े बल का पत्थर।

Stellar-स्टॅ-लर्-*adj.* pertaining to stars. तारा-सम्बन्धी।

Stellate-स्टॅ-लॅट्-*adj.* resembling a star. तारा की आकृति का।

Stelliform-स्टॅ लिफ़ॉर्म्-*adj.* in the form of a star. तारा के आकृति का।

Stellular-स्टॅल्'-यूलर्-*adj.* shaped like small stars. छोटे तारों की आकृति का।

Stem-स्टॅम्-*n.* the stalk of a plant or tree, the branch of a family, the prow of a ship, the back part of a tobacco-pipe, origin, the root of word. पेड़ का तना (डंठल), सन्तान (वंश), जहाज (या नाव)

का अगला भाग, गुड़गुड़ी की नली का भाग, उत्पत्ति-स्थान, शब्द का आदि रूप; *-v. t.* (*p. t.* Stemmed.) to check, to stop. रोकना, प्रतिबन्ध करना; **From stem to stern** (from one side of a ship to the other, completely, throughout.) एक ओर से दूसरी ओर तक, पूर्ण रूप से।

Stemma-स्टेॅमीं-*n.* (*pl.* Stemmata.) family descent. वंशवृक्ष, कुरसीनामा।

Stench-स्टेॅन्च्-*n.* an offensive smell. दुर्गन्ध, बदबू; **Stench-trap** (-ट्रॅप्)-*n.* a contrivance to stop offensive smell. परनाली का दुर्गन्ध रोकने का साधन।

Stencil-स्टेॅन्सिल्-*n.* a thin plate of metal or a piece of waxed paper in which patterns are cut out to be transferred by brush and ink to some other material. पतली धातु की चद्दर या मोमी कागज जिस पर का कटा हुआ अक्षर, चित्र इत्यादि बुरुस तथा रोशनाई से दूसरे पदार्थ पर उतारा जाता है; *-v. t.* (*p. t.* Stencilled.) to decorate with stencils. इस प्रकार की चद्दर द्वारा चित्र बनाना; **Stenciller** (-लर्)-*n.* one who prepares stencils. ऐसी आकृति बनानेवाला।

Steno-स्टेॅनें-*pref.* in the sense of "narrow" "सिकुड़ा" अर्थ का उपसर्ग; **Stenochromy** (-क्रॉमि)-*n.* the art of printing several colours. अनेक रंग में छापने की विधि।

Stenograph-स्टेॅन्-ॲ-ग्राफ्-*n.* writing in short hand, a machine for such writing. सांकेतिक चिन्ह में लिखने की विधि, ऐसा लिखने का यन्त्र; **Stenographer** (-अर्)-*n.* a shorthand writer. सांकेतिक चिह्न में लिखनेवाला; **Stenographic** (-इक्)-*adj.* pertaining to stenography. सांकेतिक चिह्न से सम्बन्धित; **Stenographically** (-इकलि)-*adv.* in stenographical manner. सांकेतिक चिह्न की विधि से।

Stentor-स्टेॅन्-टर्-*n.* a person with a loud voice. तेज बोलनेवाला मनुष्य; **Stentorian** (-इ-अन्)-*adj.* speaking very loudly. उच्च स्वर से बोलनेवाला।

Step-स्टेॅप्-*v. i.* & *t.* (*p. t.* Stepped.) to move with alternate feet, to walk slowly, to advance, to proceed, to fix a mast in its place. डग बढ़ाना, धीरे-धीरे चलना, आगे बढ़ना, आगे कदम बढ़ाना, मस्तूल लगाना; **To step aside** (to remove, oneself.) अलग होना; **To step back** (to retreat.) पीछे को हटना; **To step forward** (to advance.) आगे को बढ़ना; **To step in** (to enter a house, to intervene, to hinder.) घर में प्रवेश करना, बीच में आ जाना, विघ्न डालना; **To step up** (to ascend.) ऊपर चढ़ना।

Step-स्टेॅप्-*n.* a mark left by foot on the ground, pace, manner of walking, degree, the rung of a ladder, advance from one stage to the other. पद, डग, क्रम, चाल, सीढ़ी का डंडा, उद्योग, परिपाटी; **By steps** (by degrees.) क्रम-क्रम से; **Flight of steps** (tread of staircase.) सीढ़ी के डण्डे; **Step by step** (gradually.) क्रम से, धीरे-धीरे, पद पद पर; **The first step** (beginning.) आरम्भ।

Step-स्टेॅप्-*n.* a prefix to express nominal relationship. नाम मात्र का सम्बन्ध सूचक उपसर्ग; **Step-brother** (born of different mothers but same father.) सौतेला भाई; **Step-child, Step-daughter, Step-father, Step-mother, Step-son** &c. सौतेला बालक, कन्या, माता, पिता इत्यादि।

Stepney-स्टेॅप्'-नि-*n.* a substitute wheel for a motor-car. मोटर गाड़ी का फालतू पहिया।

Steppe-स्टेॅप्-*n.* a level uncultivated grass-land. बिना जोता-बोया हुआ घास का मैदान।

Stepping-stone-स्टेॅपिङ्ग्'-स्टोन्-*n.* a stone to raise the feet above water in walking, a means of progress. जल के ऊपर पैर रखने का पत्थर, उन्नति का मार्ग।

-ster-स्टर्-*suf.* forming agent. "वाला" अर्थ का प्रत्यय।

Stereo-स्टिअर्-इ-ॲ-*n.*(*pl.* Stereos.) stereotype. ढले हुए टाइप की तख्ती; *-pref.* in sense of 'solid.' 'ठोस' अर्थ का उपसर्ग; **Stereobate** (-बेट्)-*n.* the solid platform on which a building is constructed. ठोस चबूतरा जिस पर मकान आदि बनाया जाता है; **Stereography** (-ग्रॅफि)-*n.* the delineation of solid bodies on a plane surface. ठोस आकृति का चित्र कागज पर बनाने की विधि; **Stereometer** (-मि-टर्)-*n.* an instrument for determining specfic gravity of solid bodies. ठोस पदार्थों का आपेक्षिक घनत्व जानने का यन्त्र; **Stereoscope** (-स्कोप्)-*n.* an instrument for com-

bining two views into a single solid one. एक प्रकार के दुहरे ताल द्वारा चित्रों के देखने की दूरबीन; Stereotype (-टाइप्)-*n.* a block of fixed solid type used in printing. छापने का ठोस सीसे का तख्ता जिसमें उभड़े हुए टाइप ढालकर बनाये जाते हैं; -*v. t.* to cast in stereotype. इस प्रकार के टाइप के प्लेट्ट से छापना; Stereotyped (-टाइप्ड्) -*adj.* unchanging, monotonous. दृढ़, बिना परिवर्तन का; Stereotyper (-टाइपर्) -*n.* one who prepares stereotype plates. छापे का प्लेट बनानेवाला; Stereotypist (-टाइपिस्ट्) -*n.* one who stereotypes. छापे का प्लेट ढालनेवाला।

Sterile-स्टॅराइल्-*adj.* unproductive, barren, unfruitful. बाँझ, ऊसर, निष्फल।

Sterility-स्टॅरिलिटि-*n.* barrenness, unfruitfulness. बन्ध्यता, बाँझपन, ऊसरपन।

Sterlization-स्टॅरिलाइजेशन्-*n.* the act of sterilizing. कीटाणु हनन, बन्ध्या करण।

Sterilize-स्टॅरिलाइज़्-*v. t.* to destroy bacteria, to wash with an anticeptic. कीटाणु को मार डालना तथा इस प्रकार से पदार्थ को शुद्ध करना; Sterilizer (-अर्) -*n.* that which sterilizes. कीटाणु को मारकर शुद्ध करने का साधन।

Sterling-स्टर्लिङ्ग् -*adj.* genuine, pure, of standard value, not showy. वास्तविक, शुद्ध, खरा (सच्चा), अकृत्रिम; -*n.* the standard gold coin of England worth twenty shillings. अंग्रेजी सोने का सिक्का जो बीस शिलिंग का होता है।

Stern-स्टर्न्-*adj.* severe, rigid, strict, harsh, cruel. निष्ठुर, दृढ़, कठोर, कर्कश, निर्दय।

Stern-स्टर्न्-*n.* the hind part of a ship or boat, the buttocks. जहाज़ या नाव का पीछे का भाग, चूतड़; From stem to stern (from one end of a ship to the other.) जहाज़ के एक कोने से दूसरे कोने तक; Stern-foremost (-फ़ोर्-मोस्ट्) -*adj.* moving backwards. पीछे की ओर जानेवाला; Stern-post (-पोस्ट्)-*n.* the central timber bearing the rudder. पतवार लगाने का बीच का बल्ला; Sternward (-वर्ड्) -*adv.* towards the stern. जहाज़ के पीछे की ओर; Sternway (-वे)-*adj.* backwards. पीछे की ओर का।

Sternal-स्टर्नल्-*adj.* pertaining to sternum उरास्थि (सीने की हड्डी) से सम्बन्धित।

Sternly-स्टर्न्-लि-*adv.* in a stern manner, strictly, severely. रूक्षता से, कठोरता से।

Sternness-स्टर्न्-नॅस्-*n.* strictness, rigidness. कठोरता, निर्दयता।

Sternum-स्टर्नम्-*n.* (*pl.* Sterna.) the bone running from neck to stomach, breastbone. गर्दन से पेट तक की हड्डी, उरास्थि।

Sternutation - स्टर्न्यूटेशन् -*n.* the act of sneezing. छींक; Sternutative (-टे-टिव्), Sternutatory (-टरि) -*adjs.* provocating, sneezing. उत्तेजक, छींक सम्बन्धी, छींक लानेवाली।

Stertorous-स्टर्टरस् -*adj.* snoring. घरघराहट का शब्द करनेवाला; Stertorously (-लि)-*adv.* snoringly. घर्राटा लेते हुए; Stertorousness (-नॅस्) -*n.* a snoring sound. घर्राटे का शब्द।

Stet-स्टॅट्-*n.* a proof-correcting direction. प्रूफ शुद्ध करने का एक संकेत; -*v. t.* to cancel correction of. काटी अशुद्धि रद्द करना।

Stethoscope-स्टॅथस्कोप्-*n.* an instrument used for the auscultation of the heart or lungs. यन्त्र जिससे डाक्टर लोग हृदय अथवा फेफड़े की अवस्था शब्द सुनकर जान लेते हैं, हृद्वीक्षण यंत्र; -*v. t.* to examine lungs by a stethoscope. इस यन्त्र से फेफड़े या हृदय की परीक्षा करना; Stethoscopic (-इक्) -*adj.* pertaining to stethoscope. इस यन्त्र से संबंधित; Stethoscopically (-इकलि) *adv.* by means of a stethoscope. इस यन्त्र से परीक्षा करते हुए; Stethoscopist (-इस्ट्)-*n.* one who examines lungs by a stethoscope. हृद्वीक्षण यंत्र से परीक्षा करनेवाला मनुष्य।


Stethoscope.

Stevedore-स्टीव़िडोर्-*n.* a man who loads and unloads the cargo of a ship. जहाज़ पर का माल उतारने-चढ़ानेवाला।

Stew-स्ट्यू-*n.* a house of ill-fame, meat or fruit stewed, mental agitation, worry, pond for keeping fish. व्यभिचार का स्थान, मन्द आँच में पकी हुई तरकारी या मांस, मानसिक अव्यवस्था, कष्ट मछली पालने का कुण्ड; -*v. t. & i.* to cook by continued simmering in a closed vessel, to be oppressed by heat.

धीमी अग्नि में पकाना या उबालना, गरमी से पीड़ित होना; To stew in one's own juice (to look after one's own interests.) अपना स्वार्थ देखना, सहायता न करना।

Steward-स्ट्यू-अर्ड्-*n.* (*fem.* Stewardess.) a person employed to manage another's property or estate, a passenger's attendant on board in a ship. (परिचारक) कारिन्दा, जहाज पर यात्रियों का सेवक; Stewardess (-ऍस्) -*n.* a female steward. भण्डारिन; Stewardless (-लॅस्)-*adj.* without a steward. बिना सेवक का; Stewardship (-शिप्)-*n.* the office of a steward. परिचारक का पद।

Stew-pan-स्ट्यू - पॅन्-*n.* a pan for stewing. छिछली कड़ाही।

Sthenic-स्थॅनिक्-*adj.* of diseased vitality of the heart or arteries. धमनी या हृदय की असामान्य अस्वस्थ गति सम्बन्धी।

Stibium-स्टिबि - अम्-*n.* antimony. स्रोतोंजन, सुरमा।

Sticcado - स्टिका-डॅ-*n.* a kind of musical instrument. एक प्रकार का तार का बाजा।

Stichomyth, Stichomythia - स्टिकॅ - मिथ्, (-इ-आ)-*ns.* a dialogue in alternate lines of poetry. कविता के प्रत्येक चरण में प्रश्नोत्तर।

Stick-स्टिक्-*n.* the shoot of a tree, a walking-cane, a staff, a twig, a slender piece of anything, a frame for composing types. डंडा, टहनी, छड़ी, अंकुर, लकड़ी, टाइप कम्पोज करने की तख्ती।

Stick-स्टिक्-*v. t. & i.* (*p. t.* Stuck.) to pierce a pointed thing into, to fix, to stab, to thrust, to fasten,to protrude, भोंकना, बैठाना, चुभाना, खोंसना, चपकाना, साटना, आगे निकला रहना; Stick in the mud (unable to improve.) उन्नति न करनेवाला; Stuck up (conceited.) धृष्ट; To stick in (to adhere to.) चपकाना; To stick in the throat (to be thrust into the throat.) गले में फँसना, निगलने में कष्ट होना; To stick out (to expand.) फलाना; To stick to a point (to be firm on one's principle.) अपने सिद्धान्त पर दृढ़ रहना; To stick pen behind one's ear (to place pen on the ear.) कान पर कलम खोंसना; To stick up (to erect, to perplex.) खड़ा करना, घबड़ाना।

Sticker-स्टिकर्-*n.* one who sticks or stabs, one who kills swine, a stabbing weapon or a long knife, a fishing spear, one who remains constant in his purpose. डण्डे से या छुरे से मारनेवाला, सूअर को मारनेवाला, लंबा छुरा, मछली मारने का भाला, अपने इरादे पर अटल रहनेवाला व्यक्ति।

Stickful-स्टिक्'फ़ुल्-*n.*composing stick which is full. टाइप कम्पोज करके भरी हुई तख्ती।

Stickiness-स्टिक्-इ-नॅस्-*n.* adhesiveness. चिपचिपाहट, लसलसाहट।

Sticking-plaster-स्टिक्'-इङ्ग्-प्लॅस्-टर्-*n.* an adhesive plaster for wounds. फोड़े पर चपकाने की पट्टी।

Stickleback-स्टिक्'-कुल्-बॅक्-*n.* a small fish with a sharp backbone. एक प्रकार की छोटी मछली।

Stickler-स्टिक्'-लर्-*n.* an insisting contender. हठी, झगड़ालू।

Sticky-स्टिकि-*adj.* (*comp.* Stickier, *sup.* Stickiest.) tending to stick, glutinous. चिपचिपा, लसलसा।

Stiff-स्टिफ्-*adj.* rigid, unbending, strong. obstinate. कठोर, न मुड़नेवाला, दृढ़, रूखा, हठी।

Stiffen-स्टिफ्'-न्-*v. t.* to make stiff, to tighten. कठोर करना, ठोस करना; Stiffener (-अर्)-*n.* one who stiffens. कड़ा करनेवाला; Stiff-hearted (-हार्ट्-ऍड्)-*adj.* stubborn. हठी।

Stiff-market-स्टिफ्-मार्कॅट्-*n.* when prices remain firm. स्थिर भाव; Stiff-neck (-नॅक्) -*n.* a rheumatic affection of the neck. गर्दन की गठिया; Stiff-necked (-ऍड्)-*adj.* obstinate. हठी; Stiffness (-नॅस्)-*n.* the state of being stiff. कठोरता; Stiff-price (-प्राइस्)-*adj.* high price. ऊँचा दाम; Stiffy (-इ) -*adj.* hard. कड़ा, कठोर।

Stifle-स्टि'-फ़्ल्-*v. t.* to suppress, to choke, to smother. दबाना, गला घोंटना, गला घोंटकर मारना; -*n.* a horse's joint between hock and hip, a disease of horse's knee-pan. घोड़े के पैर की गुमची, इस स्थान का रोग।

Stifled-स्टिफ़्ल्-ड्-*adj.* with stiffled joint. गुमची के रोगवाला।

Stifling-स्टिफ़्लिङ्ग्-*adj.* choking. गला घोंटनेवाला; Stiflingly (-लि)-*adv.* in a choking manner. गला घोंटता हुआ।

Stigma-स्टिग्मा-*n.* (*pl.* **Stigmas, Stigmata.**) a mark branded on a criminal, a mark of infamy, a stain on one's reputation, a spot, a mark on skin, characteristics of a disease, the top of pistil. बन्दी या दास के शरीर पर छापा हुआ कलंक का चिह्न, लांछन, धब्बा, चिह्न, किसी रोग का विशेष चिह्न, पुष्प के जायाङ्ग का अग्रभाग, योनि-छत्र, कुक्षि; **Stigmatic** (-टिक्) *-adj.* pertaining to stigma. छाप या चिह्न-सम्बन्धी; **Stigmatist** (-टिस्ट्) *-n.* one who brands with a stigma. चिह्न लगानेवाला।

Stigmatization-स्टिग्म-टाइ-ज़ेशन् - *n.* use of abusive terms. निन्दा, गाली।

Stigmatize-स्टिग्म-टाइज़् *-v. t.* to use abusive language, to mark with a stigma. गाली देना, निन्दित करना, शरीर पर छाप लगाना।

Stile-स्टाइल्-*n.* provision made for enabling passenger (excluding cattle) to get over or through a fence, vertical piece in a frame. बाड़े या टट्टी के बीच से यात्रियों के जाने का मार्ग, दरवाजे के फ्रेम का लम्बा टुकड़ा।

Stiletto-स्टिलॅटो-*n.* (*pl.* **Stilettos, Stilettoes.**) a small dagger, an instrument for making eyelets. छोटा कटार या खंजर, छेद करने का यन्त्र।

Still-स्टिल्-*adj.* motionless, without sound, silent, peaceful. निश्चल, मौन, चुपचाप, शान्त; *-n.* deep silence. गहरी शान्ति; *- v. t. & i.* to quiet, to silence, to appease, to fish on boat lying at anchor. शान्त करना या होना, निःशब्द (चुपचाप) करना, स्थिर करना, लङ्गर पर खड़ी हुई नाव पर से मछली फँसाना; *- adv.* habitually, always, for all that, now and then, nevertheless. सर्वदा, सदा, अब भी, कभी-कभी, तो भी।

Still-birth-स्टिल - बर्थ् - *n.* birth of a lifeless child. मरे बच्चे का जन्म।

Still-lake-स्टिल-लेक्-*n.* a lake in which water is motionless. बिना लहर की झील।

Still-life-स्टिल्'-लाइफ़्-*n.* a picture of a lifeless object. निर्जीव वस्तु का चित्र।

Stillness-स्टिल्'- नॅस् - *n.* absence of movement. शान्ति, मौनता।

Still-स्टिल्-*n.* a distilling apparatus. बकयन्त्र, भभका, अर्क खींचने का डेग; *- v. t.* to distil. अर्क उतारना; **Still - room** (a room for distilling liquors.) शराब बनाने या अर्क खींचने का घर।

Still.

Stillage-स्टिल्'-ऍज्-*n.* a bench or frame for storing articles. सामग्री रखने की चौकी।

Stilling-स्टि-लिङ्ग्, **Stillion** - स्टिल्' - यन्-*ns.* a support for casks. पीपा रखने का आधार।

Stilly-स्टि-लि - *adj.* quiet, still. स्थिर, शान्त, अचल; quietly, calmly. शान्तिपूर्वक, स्थिरता से, चुपचाप।

Stilt-स्टिल्ट्-*n.* one of a pair of poles with foot-rest used to walk on. चढ़कर चलने योग्य पावदान लगा हुआ डण्ड।

Stiltpetrel-स्टिल्ट्-पिट्रल *-n.* a bird with long legs. लम्बे पैर की एक प्रकार की चिड़िया।

Stilt.

Stilted-स्टिल्-टॅड्-*adj.* magnificent, splendid, bombastic. लम्बा-चौड़ा, ऐश्वर्ययुक्त, असार; **Stiltedly** (-लि)*-adv.* splendidly. महत्त्व से; **Stiltedness** (-नॅस्)*-n.* magnificence. महत्त्व।

Stilton-स्टिल्'-टन्-*n.* a kind of cheese. एक प्रकार का पनीर।

Stimulant-स्टिम्युलन्ट्-*adj.* producing increase of vitality, inciting, provocative. शक्ति बढ़ानेवाला, उत्तेजक, प्रोत्साहक;*-n.* a stimulating drug. शक्ति बढ़ानेवाली दवा (विशेषकर मदिरा) ; **He never takes stimulants** (he never takes alcoholic drinks.) वह मदिरा-पान कभी नहीं करता।

Stimulate-स्टिम्'-यु-लेट्*-v. t.* to apply stimulus to, to excite, to animate, to instigate, to spur on. उत्तेजित करना, उसकाना, प्रोत्साहित करना, ऍड़ लगाना; **Stimulation** (-शन्) *- n.* the act of exciting. प्रोत्साहन, उत्तेजना, उसकाव; **Stimulating** (-इङ्ग्)*-adj.* exciting. उत्तेजक, उभाड़नेवाला; **Stimulative** (-इव्)*-adj.* tending to excite. उत्तेजनापूर्ण प्रवृत्तिवाला;

Stimulator (-अर्)-*n.* he who excites. प्रवृत्त करने (उभाड़ने) वाला।

Stimulus-स्टिम्-यु-लस्-*n.* (*pl.* **Stimuli.**) that which excites or rouses energy, effect of exciting. उत्तेजना, उभाड़ (उसकाव)।

Sting-स्टिङ्ग्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Stung.**) to pierce with a point darted out, to affect with acute pain. डंक मारना, अत्यन्त पीड़ा देना (मर्म छेदना); -*n.* a sharp-pointed weapon in insects and some animals &c. for defence, poisonous fang of a snake, infliction of wound, keenness. डंक, सर्प का जहर का दाँत, घाव, कंटक, मर्म।

Stinger-स्टिङ्गर्-*n.* a painful blow. गहरी मार।

Stingily-स्टिन्'-जि-लि-*adv.* miserly, greedily. कृपणता से, लोभ से।

Stinginess-स्टिन्- जि - नेस् - *n.* miserliness, greed. कृपणता, लोभ।

Stinging-स्टिङ्ग' - इङ्ग् - *adj.* piercing with sting. डँसनेवाला, मर्मभेदी; **Stingingly** (-लि) -*adv.* in a stinging manner. डंक मारते हुए, कष्ट देते हुए।

Stingless-स्टिङ्ग्'-लेस्-*adj.* devoid of stings. बिना डंक का।

Stingo-स्टिङ्गो - *n.* a kind of beer. एक प्रकार की मदिरा।

Stingy-स्टिन्'-जि-*adj.* (*comp.* **Stingier,** *sup.* **Stingiest.**) meanly, miserly, greedy. नीच, कृपण (लोभी)।

Stink-स्टिङ्क्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Stank.** *p. p.* **Stunk.**) to emit an offensive smell. दुर्गन्ध निकलना; -*n.* a disagreeable smell. दुर्गन्ध, बदबू।

Stinkard-स्टिंकर्ड् - *n.* a stinking person or animal. दुर्गन्ध-युक्त मनुष्य या पशु।

Stinking-स्टिङ्किङ्ग्-*adj.* emitting an offensive smell. दुर्गन्ध-युक्त; **Stinkingly** (- लि) - *adv.* disgustingly. दुर्गन्धता से।

Stink-trap-स्टिङ्क्'-ट्रैप् - *n.* a trap to stop offensive smell. दुर्गन्ध रोकने का ढकना।

Stint-स्टिन्ट्-*v. t.* to restrain, to keep on short allowance, to supply in a grudging manner. बाँधना (रोकना), परिमित भोजन देना, अनिच्छा से देना ; - *n.* restraint, limitation. नियम, मर्यादा, अटकाव, रोक।

Stintingly-स्टिन्टिङ्ग्-लि-*adv.* with restraint, unwillingly. नियम से, अनिच्छा से।

Stintless-स्टिन्ट्'-लेस्-*adj.* without stint. बिना रुकाव का, बिना मर्यादा का।

Stipate-स्टि-पेट् - *adj.* closely set. सटा हुआ, सटकर बना हुआ।

Stipe-स्टाइप् - *n.* the stem of a plant. किसी पौधे की डण्ठी, डण्ठल।

Stipel-स्टि'-पल्-*n.* a secondary leaflet. पौधे की नीचे की पत्ती।

Stipellate-स्टिप्'-लेट्- *adj.* having secondary leaves. नीचे की पत्ती से युक्त।

Stipend-स्टाइ-पेन्ड्-*n.* a fixed pay for service, salary or allowance. वेतन, वृत्ति, मजदूरी।

Stipendiary-स्टाइपेन्डिअरि-*n. & adj.* one who receives a stipend, receiving salary in return for services. वृत्ति पानेवाला, वैतनिक।

Stipple-स्टि-पल्-*v. t. & i.* to engrave in dots instead of lines. विन्दु रीति से धातु इत्यादि पर खोदना ; - *n.* dotted engraving. इस प्रकार की खुदाई।

Stippler-स्टिप्-लर्-*n.* one who stipples. विन्दु रीति से खोदनेवाला।

Stipular-स्टिप्युलर्-*adj.* pertaining to a stipule. पौधे के डंठल के नीचे की पत्ती से सम्बन्धित।

Stipulate-स्टिप्' -यु-लेट्-*v. i. & t.* to make a demand, to demand as part of an agreement, to make a contract. किसी वस्तु की माँग करना, प्रतिज्ञा करना, बन्धेज करना।

Stipulated-स्टिप्-यु-लेट्'-एड् - *adj.* agreed or settled. नियत (निर्दिष्ट), प्रतिज्ञा किया हुआ।

Stipulation- स्टिप् - यु- ले-शन्-*n.* a contract. प्रतिज्ञा (नियम, होड़)।

Stipulator-स्टिप्-यु-ले-टर्-*n.* one who makes a contract. प्रतिज्ञा करनेवाला।

Stipule-स्टिप्'-यूल्-*n.* a small leaf at the base of the stem of a plant. पौधे के डंठल के नीचे की पत्ती, अनुपत्र, निपत्र।

Stir-स्टर्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Stirred.**) to set in motion, to incite, to move, to move spoon &c. for mixing, to excite, to be busy. हिलाना, उसकाना, चलाना, मंथन करना, उत्तेजित करना, व्यस्त या मशगूल होना; -*n.* agitation, excitement, disturbance, commotion. विप्लव, संक्षोभ, उपद्रव (हलचल), हड़बड़ी; **To stir abroad** (to go out of the house.) घर के बाहर जाना; **To stir one's blood** (to increase excitement.) उत्साह बढ़ाना ; To

stir the fire (to use a poker in burning fire.) आग सुलगाने के लिये सींखचे का प्रयोग करना; To stir up (to excite.) उत्तेजित करना, मिलाना।

Stirless-स्टर्'-लॅस् - *adj.* motionless. निश्चल, गतिहीन।

Stirpiculture-स्टर्पि- कल्चर् - *n.* the breeding of a special stock. किसी विशेष जाति के पशु इत्यादि की नस्ल की उत्पत्ति या वृद्धि का कार्य।

Stirps-स्टर्-प्स्-*n.* a generation or race, progenitor. जाति (वंश), किसी जाति का आदिपुरुष।

Stirrer-स्ट-रर्-*n.* he who or that which stirs. उत्तेजित करनेवाला, हिलानेवाला।

Stirring-स्ट-रिङ्ग् - *adj.* animating, rousing. उद्दीपक (उत्तेजक), क्रोध दिखलानेवाला; **Stirringly** (-लि) -*adv.* by way of stirring. उत्तेजित करते हुए।

Stirrup-स्टरप्-*n.* an iron ring suspended by a rope or strap from the saddle for resting a horseman's foot. पादधारिणी, रेकाब; **Stirrup-leather** (a piece of leather in which a stirrup is hung.) रेकाब लटकाने का चमड़ा; **Stirrup-piece** (a hanging support.) लटकाने का आधार।

Stich-स्टिच्-*n.* acute pain in the side, a single pass of needle in sewing. पसली की पीड़ा, सियन, टाँका ;-*v. t. & i.* to unite by stitching, to sew. सीना, टाँका लगाना ; **A stitch in time saves nine** (even a small attempt in due time saves various difficulties.) समय पर किया हुआ थोड़ा-सा यत्न भी बड़े लाभ का होता है ; **Stitching** (-इङ्ग्)-*n.* सियन, टाँका; **Stitching-horse** (the clamp of a barnecss-mker.) साज बनानेवाले मोची की बाँक; **To drop a stitch** (to let a loop fall off in stitching.) सियन की बनावट काटकर रोक देना ; **To put stitch** (to sew up a wound.) घाव में टाँका लगाना।

Stithy-स्टि - दि - *n.* a smith's shop, anvil, forge. लुहार की दूकान, निहाई, भाथी।

Stiver-स्टाइ-व़र्-*n.* even the smallest coin. छोटे से छोटा सिक्का भी।

Stoat-स्टोट्-*n.* an animal of the weasel tribe. एक प्रकार का रोवेंदार चौपाया ;-*v. t.* to sew. कपड़ा सीना।

Stock-स्टॉक्-*n.* the main trunk or stem of a plant or tree, body-piece of a machine, lineage, raw material, store, capital, a kind of flower, cattle, object of ridicule. वृक्षस्तंभ, तना, यन्त्र का आधार, कुटुम्ब, सामग्री, संचय, मूलधन, एक प्रकार का फूल, पशु, निन्दा का पात्र; - *v. t. & i.* to fit with stock, to confine in stocks, to provide with goods. इकट्ठा करना, काठ में बन्द करना, ढेर लगाना, बटोरना; **Dead-stock** (inanimate objects.) निर्जीव पदार्थ ; **Laughing-stock** (an object of ridicule.) तिरस्कार का पात्र; **Live-stock** (a herd of cattle.) पशुसमुदाय; **On the stocks** (public funds.) सार्वजनिक कोष; **Stock-argument** (a fixed argument.) स्थिर तर्क; **Stock of anvil** (a base on which an anvil rests.) निहाई की चौकी ; **Stocks of bit** (a brace.) बरमी की डाँस ; **Stocks** (स्टॉ-क्स) - *n.* (a frame of wood in which criminals were formerly confined, public funds.) अपराधी के हाथ-पैर बाँधने की धरन, सरकारी नोट; **Stock and stones** (lifeless objects, lethargic persons.) निर्जीव पदार्थ, उत्साहहीन मनुष्य; **To have in stock** (to have in store.) भंडार में होना।

Stockade-स्टॉ-केड्' -*n.* a kind of fortification, an enclosure of upright staves. खम्भों की पंक्ति, कटघरा, बाड़ा ;-*v. t.* to fortify with stockade. बाड़े से मजबूत घेरा बनाना।

Stock-book-स्टॉक् -बुक्-*n.* a book showing account of goods. सामग्री के हिसाब-किताब की बही।

Stock-broker-स्टॉक्'-ब्रोक्-अर् -*n.* broker of the stock exchange. हुंडी इत्यादि का दलाल, सरकारी कागज बेचने या खरीदने में सहायता देनेवाला दलाल।

Stock-exchange-स्टॉक्' - ऍक्स् - चेन्ज्-*n.* the place where stocks and shares are bought and sold. सरकारी हुन्डी बेचने या खरीदने का स्थान।

Stock-farmer-स्टॉक्'-फ़ार्मर्-*n.* he who breeds live-stock. पशुओं की सन्तति बढ़ानेवाला किसान।

Stockily-स्टॉक्-इ-लि-*adv.* in a thick manner. गठीलेपन से।

Stockiness-स्टॉकि-नॅस्-*n.* the quality of being stocky. गठीलापन।

Stockinet-स्टॉ-किनॅट्'-*n.* a kind of material for underclothing. भीतरी वस्त्र बनाने का एक प्रकार का कपड़ा।

Stocking-स्टॉक्-इङ्ग्-*n.* a close-fitting knit-

ted covering for the legs or feet. पैर का मोजा ; Stocking-loom, Stocking-machine (a knitting machine.) मोजा बुनने का यन्त्र ।

Stock-jobber-स्टॉक्'-जॉबर्-*n.*one who deals in stocks and shares. लाभ के निमित्त सरकारी हुंडी खरीदने या वेचनेवाला ।

Stockless-स्टॉक्'-लेस्-*adj.* without stock. बिना पशु या वृक्ष-स्तम्भ या कुटुम्ब या सामग्री का ।

Stock-pot-स्टॉक्'-पॉट् - *n.* a pot in which soup is prepared. झोल या तरकारी बनाने का बड़ा पात्र ।

Stocks & dies-स्टॉक्स्'-ऑन्ड्-डाइज़्-*n.* instruments for making threads on bolts and in nuts. छड़ तथा ढिबरी में पेंच बनाने का यन्त्र ।



Stocks & dies.

Stock-still-स्टॉक्'-स्टिल्-*adj.*motionless. स्थिर, निश्चल, अचल ।

Stock-yard-स्टॉक्'-यार्ड्-*n.* a pen for cattle. पशुओं को बन्द करने का बाड़ा ।

Stocky-स्टॉकि-*adj.* strongly built. नाटा, गठीले शरीर का ।

Stodge-स्टॉज्-*n.* a heavy food, one who eats greedily. भारी भोजन, भुक्खड़ मनुष्य:-*v. t.* to eat greedily, to stuff. भुक्खड़ की तरह खाना, भकोसना ।

Stodginess-स्टॉजि-नेस्-*n.* the state of being stodgy. फुलाहट, परिपूर्णता ।

Stodgy-स्टॉजि-*adj.* indigestible, bulging out. न पचनेवाला, फूला हुआ, परिपूर्ण ।

Stoic-स्टो'-इक्-*n.*a disciple of the philosopher Zeno of Athens, one who has control over his passions and to whom pleasure and pain are indifferent. तत्ववेत्ता जीनो का शिष्य, जितेन्द्रिय, सुख-दुःख को समान समझने वाला (निःस्पृह, उदासी), वैरागी ।

Stoical-स्टो'- इकल् - *adj.* pertaining to the doctrine of Stoics. उदासीन (निःस्पृह), समबुद्धि; Stoically (-लि) - *adv.* in a stoical manner. उदासीनता या वैराग्य से ।

Stoicism-स्टो' - इ -सिज़्म् - *n.* indifference to pleasure or pain. आत्मसंयम, सुख-दुःख की समता ।

Stoke-स्टोक्-*v. t. & i.* to feed the fire of an engine. इंजन में कोयला झोंकना ।

Stoke-hole-स्टोक्' - होल् -*n* the part of a ship's hold containing the boilers. जहाज़ का वह स्थान जहाँ वाष्प-यन्त्र रहते हैं ।

Stoker-स्टोकर्-*n.* one who manages a furnace. इञ्जन की भट्ठी में कोयला झोंकनेवाला ।

Stole-स्टोल् - *n.* a hanging garment. ओढ़नी, उपरना; Stoled (-ड्) -*adj.* wearing a stole. ओढ़नी ओढ़े हुए ।

Stole-स्टोल्, **Stolen**-स्टोलन्-*p. t. & p. p.* of Steal. चुराया, चुराया गया।

Stolid-स्टॉलिड् -*adj.* phlegmatic, obstinate, not easily agitated, foolish. कफ निकलने वाला, हठी, शीघ्र उत्तेजित न होनेवाला, मूर्ख ।

Stolidity-स्टॉ-लि-डि-टि-*n.* dullness. मूर्खता ।

Stolidly-स्टॉ-लिड्'-लि-*adv.* in a dull manner. हठ से, मूर्खता से।

Stolon-स्टो'-लॅन्, **Stole**- स्टोल् - *ns.* prostrate branch of some trees that strikes root and develops into a new plant. विरोह ।

Stoloniferous-स्टोलॅनिफ़रस्-*adj.* putting forth stolons. विरोह उत्पन्न करने वाले ।

Stoma-स्टोमॉ-*n.* (*pl.* Stomata.) a minute hole on the epidermis of a leaf. पत्ररंध्र ।

Stomach-स्टमक् -*n.* the internal cavity of an animal trunk in which there are the chief organs of digestion, belly, abdomen, appetite for a thing. पक्वाशय, जठर, पेट (आमाशय), इच्छा (कामना); -*v. t.* to eat with relish, to put up with resentment. स्वाद से भोजन करना, क्रोध से सहन करना; **High stomach** (haughtiness.) दृढ़ता, हठ, दर्प; Stomachache (-एक्') -*n.* pain in the stomach. पेट का दर्द, उदरशूल; Stomachal (-अल्)-*adj.* pertaining to the stomach. उदर-सम्बन्धी; Stomacher (-अर्)-*n.* a kind of female dress covering stomach and breast. अँगिया, चोली; Stomachful (-फुल)-*n.* the stomach being full, angry, haughty, spirited, bold. पेटभर, क्रोधी, घमंडी, उत्साही, साहसी; Stomachless (-लेस्) -*adj.* having no appetite. बिना क्षुधा का; Stomach-tooth(-टूथ्)-*n.* a lower canine milk tooth in infants. बच्चों के नीचे का सुआ दाँत ।

Stomachic-स्टोमक्- इक्-*adj.* of the stomach, increasing appetite. उदर-सम्बन्धी, अग्निवर्धक, भूख बढ़ानेवाला;-*n.*a medicine that stimulates appetite. अग्निवर्धक औषधि ।

Stomato-स्टॅ-मॉ-टॅ-*pref*. meaning "mouth." "मुख" अर्थ का उपसर्ग ; **Stomato-gastric** (-गॅस्'-ट्रिक्)-*adj*. pertaining to the mouth and stomach. मुख तथा उदर-सम्बन्धी ।

Stone-स्टोन्-*n*. a piece of rock, a gem, anything hard and brittle, calculus in the bladder of kidney, a hard seed of fruits, a weight of 14 lbs. (शिला) पत्थर, रत्न, ढेला (ढोंका), अश्मरी (पथरी जो मूत्राशय में पड़ जाती है), फलों की गुठली, सात सेर की तौल; -*v. t.* to face with stones, to obstruct, to pelt with stones. पत्थर बैठाना, रोकना, पत्थर के टुकड़े से मारना; **A heart of stone** (extremely cruel.) कठोरहृदय, वज्रहृदय; **The stone age** (the period of stone implements.) पाषाण काल या वह युग जिसमें मनुष्य पत्थर के शस्त्रों का व्यवहार करते थे; **Grind-stone** (a revolving circular stone for grinding tools.) सान; **Stones will cry out** (a wrong so great as to move even inanimate objects.) ऐसी निर्दयता जो प्राणहीन को भी हिला देती है; **To free from stones** (to remove stones from fruits.) फलों में से गुठली अलगाना ; **To give a stone for bread** (to offer mocking help.) दिखावटी सहायता करना; **To kill two birds with one stone** (to try every possible means.) एक पन्थ दो काज; **To leave no stone unturned** (to spare no pains.) सब प्रकार के उपाय करना; **To stone to death** (to pelt by stone to death.) ढेलों से मार डालना ।

Stone-blind - स्टोन्' - ब्लाइन्ड् - *adj*. blind as a stone. पूरी तरह से अन्धा; **Stone-butter** (-बट्र्)-*n*. a kind of alum. एक प्रकार की फिटकिरी ; **Stone-cutter** (-कटर्) -*n*. one who hews stone by profession. पत्थर गढ़नेवाला, संगतराश; **Stone-deaf** (-डॅफ्) -*adj*. perfectly deaf. बिलकुल बहिरा ; **Stoned** (-ड्) -*adj*. made of stone. पत्थर लगा हुआ; **Stone-fruit** (-फ्रूट्)-*n*. a fruit with a hard stone. गुठलीदार फल; **Stone-hearted** (-हार्ट्-ऍड्)-*adj*. cruel. निर्दयी; **Stoneless** (-लॅस्)-*adj*. devoid of stone. बिना पत्थर का; **Stonemason** (-मे'-सन्) -*n*. a worker in stone. संगतराश; **Stone-mill** (-मिल्) -*n*. a machinef or breaking stone. जाँता, पत्थर तोड़ने की चक्की ; **Stone-pit** (-पिट्) -*n*. a stone mine. पत्थर की खान; **Stoneware** (-वेॲर्)-*n*. articles made of stone. पत्थर के पात्र ।

Stonily-स्टोनिलि-*adv*. in a stony manner. कठोरता से; **Stoniness** (-नेॅस्) -*n*. hardness of heart. कठोरता, निर्दयता; **Stony** (-इ)-*adj*. (*comp*. **Stonier**, *sup*. **Stoniest**.) full of stones, hard, rigid. शिलामय, पथरीला, पत्थरों से भरा हुआ ।

Stood-स्टुड्-*p. t. & p. p.* of Stand. खड़ा हुआ ।

Stook-स्टूक्-*n*. a stock of bundles of stalks. अनाज की डंठलों के गाँठों का ढेर ।

Stool-स्टूल्-*n*. a seat without back, windowsill, place for evacuation of bowels, faeces. तिपाई, मचिया, खिड़की की देहली, मल-मूत्र त्यागने का स्थान, विष्ठा;-*v. i. & t.* to evacuate bowels, to throw up shoots from a root. विष्ठा करना, जड़ में अँखुआ फूटना; **To go to stool**. पायखाना फिरने जाना ।


Stoop-स्टूप्-*v. t. & i.* to bend down so as to bring the head near the ground, to submit, to condescend, to incline, to swoop. शरीर आगे को झुकाना, नवना, निहुरना, अधीन होना, झपटना; -*n*. a swoop of the body. शरीर का झुकाव ।

Stooping-स्टूपिङ्ग्-*n*. bending. नमन; **Stoopingly** (-लि)-*adv*. in a stooping manner. मस्तक झुकाकर ।

Stop-स्टॉप्-*v. t. & i.* (*p. t.* **Stopped**.) to put a stop to, to prevent passage through, to obstruct, to close, to suspend, to put an end to, to decline permission, to cease from motion. डट्टा लगाना, अवरोध करना, रोकना, बन्द करना, रुकावट डालना, समाप्त करना, बाधा डालना (ठहराना, रुकना) गति बन्द करना; **To stop a bullet** (to be shot.) गोली खाना; **To stop down** (to decrease the apperture of a photographic camera.) फ़ोटो के कैमरा के ताल का छिद्र कम करना; **To stop one's ears** (to refuse to listen.) कान बन्द करना, बातें न सुनना; **To stop one's mouth** (to induce by bribery, to remain silent.) घूस देना, मुख बन्द करना; **To stop out** (to cover up.) ढाँक रखना; **To stop short** (to stop all of a sudden.) एकाएक रुक जाना; **To stop up** (to remain awake.) जागते रहना ।

Stop-स्टॉप्-*n.* cessation of motion, check, punctuation mark. प्रतिबन्ध, रुकावट, विश्राम, विराम के चिह्न; **Full-stop** (the punctuation mark (.) पूर्ण विराम का चिह्न (.); **Stopcylinder** (a kind of printing-press.) एक प्रकार की छापे की कल; **To put a full-stop to** (to finish speaking.) वाक्य समाप्त करना।

Stop-cock-स्टॉप्'-कॉक्-*n.* the tap of a pipe for letting liquids flow. पानी निकलने की टोंटी।



Stop-cock.

Stopless-स्टॉप्-लेस् - *adj.* devoid of any check. बिना रुकावट का।

Stop-motion-स्टॉप्'-मो-शन्-*n.* an appliance for stopping motion. गति रोकने का साधन।

Stoppage-स्टॉपेज् - *n.* obstruction. अवरोध, रुकावट।

Stopper-स्टॉ-पर्-*n.* anything that stops a piece of rope for fastening anchor. रोकनेवाला डट्टा, लंगर इत्यादि बाँधने का रस्सा।

Stopping-स्टॉ-पिङ्ग्-*n.* something that stops. बन्द करने का साधन।

Stopple-स्टॉ-पल्-*n.* the stopper of a bottle, a plug. बोतल का डट्टा;-*v. t.* to close with a stopper. डट्टा लगाना।

Stop-press-स्टॉप्'-प्रेस्-*n.* news inserted in a paper after the printing has begun. समाचारपत्र के छपते-छपते समय का समाचार।

Stop-valve-स्टॉप्-व्हॉल्व्-*n.* a plug closing the passage of a pipe. तरल पदार्थ के रोकने का डट्टा।

Storable-स्टोरब्ल्-*adj.* able to be stored. इकट्ठा या जमा करने योग्य।

Storage-स्टोरेज्-*n.* the safe storing of goods, charges paid for this. सामग्री का भण्डार में संग्रह या संचय, भराई का भाड़ा या कर; **Cold-storage** (storing in ice.) बरफ़ में सुरक्षण।

Storax-स्टोरॅक्स्-*n.* a resinous balsam used in medicine. शिलाजीत।

Store-स्टोर्-*n.* a great quantity or number, abundance, plenty, a place where things are kept, warehouse, commercial establishment. सञ्चय, सामग्री, अधिकता, भण्डार, कोठी, कारखाना;-*v. t.* to furnish with some thing, to lay up in store. संग्रह (इकट्ठा) करना, भण्डार में रखना (बटोरना), ढेर लगाना; **In store** (ready.) प्रस्तुत, तैयार।

Store-clothes - स्टोर्' - क्लोद्स् - *n.* prepared clothes. तैयार (बने हुए) कपड़े।

Stored-स्टोर्ड्-*adj.* laid in store. इकट्ठा किया हुआ, सञ्चय किया हुआ।

Store-house - स्टोर्' - हाउस् - *n.* a house in which stores are kept. भण्डारघर, कोष।

Store-keeper-स्टोर्'-कीपर्-*n.* one who is in charge of stores. भण्डार का अध्यक्ष, भण्डारी।

Store-room-स्टोर्'-रूम्-*n.* a room in which articles are stored. घर में भण्डार का कमरा।

Stores-स्टोर्स - *n. pl.* a shop with many departments, articles of a particular sort. कारखाना, विशेष प्रकार की सामग्री।

Storey, story-स्टोरि-*n.* (*pl.* **Storeys, Stories.**) the horizontal divisions of a building, the rooms &c. in one floor. मकान का खण्ड, मंज़िल।

Storeyed, Storied-स्टोरीड्-*adj.* having several storeys. अनेक खण्डों या मंजिलोंवाला।

Storge-स्टॉर्ज्-*adj.* love for one's progeny, parental affection. पैतृक स्नेह, माता-पिता का बच्चों पर प्यार।

Storiated - स्टोरिएटेड् - *adj.* with elaborate embellishments. चित्र इत्यादि से सुशोभित किया हुआ।

Storied-स्टोरीड्-*adj.* celebrated in stories, told in legends. कथा में वर्णन किया हुआ, ऐतिहासिक कथाओं का।

Storiologist-स्टोरिॲलॅजिस्ट्-*n.* a student of folklore. ग्रामीण गाथा का अध्ययन करनेवाला।

Stork-स्टॉर्क्-*n.* a tall wading bird similar to a heron. क्रौञ्च पक्षी, सारस।

Storm-स्टॉर्म्-*n.* a violent tempest, great excitement, tumult, commotion, agitation, violent attack, a shower of missiles. प्रचण्ड वायु, आँधी या तूफान, संक्षोम, बलवा, झगड़ा, भयङ्कर आक्रमण (धावा), शस्त्रों की बौछार; -*v. i. & t.* to be violent, to talk furiously, to scold, to bluster. झकोरा होना, क्रोध से बोलना, गाली देना, क्रोध करना; **Storm-belt** (-बेल्ट्) -*n.* the track in which storms are frequent. भूमण्डल पर के वे स्थान जहाँ प्रचण्ड वायु चला करती हैं; **Storm-bound** (-बाउन्ड्) -*adj.* prevented from leaving

port. आँधी के कारण रुका हुआ जहाज; **Storm-cloud** (- क्लाउड्) *-n.* disturbing affairs. विप्लव करनेवाली घटना; **Storm-door** (- डोर्) *-n.* additional outer door for protection from bad weather. आँधी से बचाव के लिये खिड़की का दुहरा पल्ला ; **Stormer** (- अर्) *-n.* one who assaults. आक्रमण करनेवाला ; **Stormful** (- फ़ुल्) *-adj.* full of storms. आँधी से पूर्ण ; **Stormfulness** (-फ़ुल्-नॅस्) *-n.* the state of being stormful. आँधी से पूर्णता ; **Stormily** (- इ-लि) *- adv.* angrily. तीव्रता से, क्रोध से; **Storminess** (- इ-नॅस्) *n.* tumultuousness. प्रचण्डता ; **Storming party** (-इङ्ग्-पार्टि) *- n.* the party which leads an assault on a fortified place. किले पर आक्रमण करनेवाली सेना; **Stormless** (-लॅस्) *-adj.* devoid of storm. बिना आँधी का ; **Storm-proof** (-प्रूफ्) *- n.* protecting from storm. आँधी से बचाव करनेवाला साधन; **Stormy** (-इ) *-adj.* tempestuous, vehement, violent, boisterous. प्रचण्ड वायु का, क्रोधी, तीव्र, उद्दण्ड ।

Story-स्टोरि *-n.* (*pl.* **Stories.**) a place between two floors, the history of one's life, the account of an incident, a short narrative, tale, the loft of a house, the plot of a drama. मकान का खंड; जीवनी, कथा, वृत्तान्त, कहानी, घर का ऊपरी भाग कथानक, नाटक की कथा का आधार या ढाँचा; **Historical story.** ऐतिहासिक कथा; **Quite another story** (quite a different narrative.) दूसरा ही वृत्तान्त; **Story-book** (- बुक्) *- n.* a book containing short tales or stories. कथा-कहानी की पुस्तक; **The story goes** (it is said.) ऐसा कहा जाता है ; **Story-teller** (-टॅलर्)*-n.* a historian, one who narrates stories. कथा कहनेवाला ।

Stoup-स्टूप्*-n.* a vessel for holy waters, a kind of drinking pot. पवित्र जल का पात्र, पानी पीने का बर्तन ।

Stout-स्टाउट् *-adj.* strong, resolute, brave, sturdy, strongly built.स्थूल शरीर का, पुष्ट, दृढ़, वीर, प्रबल ; **Stout-hearted** (-हार्टॅड्) *- adj.* brave. वीर हृदय का; **Stout-heartedly** (-लि) *-adv.* bravely. वीर हृदयता से; **Stout-heartedness** (-हार्टॅड्-नॅस) *n.* the state of being brave. वीरहृदयता ; **Stoutish** (-इश्) *-adj.* somewhat stout. थोड़ा पुष्ट; **Stoutly** (-लि *-adv.* boldly. साहस से; **Stoutness** (-नॅस) *-n.* fortitude, boldness. प्रबलता, वीरता, साहस ।

Stove-स्टोव्*-n.* an apparatus for heating, a hot-house, a cooking apparatus. अँगीठी, पौधों को गरम रखने का कमरा, चूल्हा, भट्ठी; **Stove-pipe** (- पाइप्) *- n.* a pipe that conducts smoke from a stove. अँगीठी से धुवाँकश तक धुवाँ ले जानेवाली नली ।

Stover-स्टोव़र्*-n.* fodder for cattle. पशुओं का चारा ।

Stow-स्टो*-v. t.* to pack goods in a compact form, to fill things in a well-arranged manner. कसकर माल बाँधना, ठिकाने से सामग्री रखना ; **To stow things away** (to place things where they may not intrude.) ऐसे प्रकार से सामग्री रखना जिसमें किसी प्रकार का विघ्न न हो ।

Stowage-स्टो-ऍज् *- n.* a room for stowing things. सामग्री रखने का स्थान ।

Stowaway-स्टो'-अ-वे*-n.* one who hides himself in a ship for the sake of securing a free passage. वह जो बिना महसूल दिये यात्रा करने के लिये जहाज पर अपने को छिपा लेता है ।

Strabismic-स्ट्रॅ-बिज़्मिक्*-adj.* squinting. ऐंचा ।

Strabismus-स्ट्रॅ-बिज़मस्*-n.* a squinting person. ऐंची आँख का मनुष्य ।

Strabotomy-स्ट्रॅ-बॅटॅमि *- n.* the operation of the eyes for removing squinting. आँख की ऐंचन हटाने के लिये इसकी जर्राही ।

Straddle-स्ट्रॅ'-ड्ल्*-v. i. & t.* to stand or sit with legs wide apart, to part one's legs widely. पैर फैलाकर बैठना या खड़े होना, पैर दूर-दूर करना; *-n.* पैर का फैलाव ।

Stradivarius-स्ट्रॅडिवॅरिअस् *- n.* a kind of stringed instrument. एक प्रकार की वीणा या सारङ्गी ।

Srafe-स्ट्रा'-फ्*-v. t.* to thrash, to abuse, to attack, to punish. पीटना, गाली देना, हमला करना, दण्ड देना ; *- n.* abusive language. गाली-गलौज ।

Straggle-स्ट्रॅ-ग्ल् *- v. i.* to be scattered, to get dispersed. छितराना, अलग होना ।

Straggler-स्ट्रॅ-ग्लर्*-n.* one who straggles, a rover or wanderer, a vagabond. भ्रमण-

शील, घुमक्कड़, छितरानेवाला ; **Straggling** (-ग्लिङ्ग्) - *adj.* wandering. घूमनेवाला ; **Stragglingly** (-ग्लिङ्ग्'-लि)-*adv.* in a straggling manner. घूमते हुए, छितराते हुए।

Straight - स्ट्रेट् - *adj.* without bend, not crooked, extending in one direction, without curves, honest, candid. बिना मोड़ का, अकुटिल, सीधा (खड़ा), सादा, सरल, ईमानदार।

Straightaway-स्ट्रेट् -अ - वे -*adj.* straight-for ward. स्पष्टवक्ता।

Straight-cut-स्ट्रेट्'-कट्-*adv.* cut lengthwise. खड़े बल में काटा हुआ।

Straighten-स्ट्रेट्'-न्-*v. t.* to make straight. सीधा करना; **Straightener** (-नर्) - *n.* he who or that which straightens. फैलाने या सीधा करनेवाला।

Submuscular-सब् - मस्' - क्यु-लर्-*adj.* under the muscle. पेशी (पुट्ठे) के नीचे का ।

Subnasal-सब्-ने-ज़ल्-*adj.* under the nose. नाक के नीचे का ।

Subnascent- सब् - नीं - सेन्ट् - *adj.* growing under. नीचे की ओर उगनेवाला ।

Subneural-सब्-न्यू'-रल्-*adj.* under a nerve. नाड़ी के नीचे के भाग का ।

Subnivean-सब्-नि-व्नि'-अन्-*adj.* under snow. बरफ़ के नीचे का ।

Subnormal-सब्' - नॉर्मल्-*adj.* below normal. सामान्य या साधारण से कम ।

Subnude-सब्-न्यूड्-*adj.* almost naked. अर्ध-नग्न, प्रायः नंगा ।

Suboctuple-सब्-ऑक्-ट्यू-पल्-*adj.* containing one part in eight. अष्टमांश या आठ भाग में से एक अंश वाला ।

Subocular-सब्-ऑक्युलर्'-*adj.* under the eye. आँख के नीचे का ।

Suborbicular-सब्' - ऑर्बिक्युलर् - *adj.* almost circular. प्रायः वर्तुल या गोलाकार ।

Subordinate-सबॉर्डिनेट्-*adj.* inferior rank, inferior, secondary, unimportant. अधीन, अप्रधान, छोटे पद का, अमुख्य ; -*n.* a person who works under another. किसी की अधीनता में काम करनेवाला व्यक्ति:-*v. t.* (-नेट्') to place in a lower rank, to make subject. अधीन करना, वश में करना; **Subordinately** (-लि) -*adv.* in a subordinate manner. अप्रधान रूप से; **Subordination** (-शन्)-*n.* inferiority of rank, subjection, अधीनता (परतन्त्रता), परवशता; **Subordinative** (-इव्)-*adj.* under subjection. अधीन ।

Suborn-सबॉर्न-*v. t.* to commit perjury, to cause to take a false oath, to procure secretly. ठगना, झूठी शपथ दिलाना, गुप्त रीति से प्राप्त करना; **Subornation** (-ए-शन्)-*n.*perjury कूट साक्षी, धोखा; **Suborner** (-अर्)-*n.* one who commits perjury. धोखा देने का अपराध करनेवाला ।

Subovate-सब्'-ओ-व्हेट्-*adj.* nearly in the form of an egg. प्रायः अण्डे के आकार का ।

Subpoena-सब्-पीना, सपीना-*n.*a writ commanding the presence of a person in a court as a witness under a penalty. अदालत में गवाही के लिए आज्ञापत्र ; -*v. t.* to serve this writ upon a person. सफ़ीना निकालना ।

Subpolar-सब्-पोलर्-*adv.* near the pole. ध्रुव के समीप का ।

Subquadrate-सब्-क्वॉड्रेट् *-adj.*nearly square. प्रायः समकोण चतुर्भुज के आकार का ।

Subquadruple-सब्-क्वॉ-ड्रु-पल्-*adj.* containing one part in four. चतुर्थांश, चार भाग में से एक भाग रखनेवाला ।

Subquintuple-सब्-क्विन्' - ट्यू - पल्-*adj.* containing one part in five. पंचमांश, पाँच भाग में से एक भाग रखनेवाला ।

Subramous-सब्-रे'-मस्-*adj.* having a few branches. बहुत कम शाखावाला ।

Subreption-सब्-रेप्शन्-*n.* the act of obtaining favour by surprise. अचानक अनुग्रह प्राप्त करने का काम ।

Subrigid-सब्-रिजिड् - *adj.* moderately rigid or stiff. थोड़ा कड़ा ।

Subrogation-सब्'-रॅ-गे - शन्-*n.* substituting of one person for another. एक मनुष्य के स्थान पर दूसरे को नियुक्त करने का काम ।

Subrotund-सब्-रो-टन्ड्'-*adj.* almost round. प्रायः वर्तुल या गोलाकार ।

Subsaline-सब्-सॅ-लाइन्-*adj.* moderately salt. थोड़ा नमकीन ।

Subscribable-सब्-स्क्राइबे'-ब्-ल्-*adj.* able to be subscribed. चन्दा दिये जाने योग्य ।

Subscribe-सब्-स्काइब्'-*v. t. & i.* to write one's name at the foot of a document, to sign, to express one's assent, to contribute to a fund. नाम लिखना, हस्ताक्षर करना, स्वीकार करना, अंशदान (चन्दा) देने की प्रतिज्ञा करना; **Subscriber** (-अर्)-*n.* one who subscribes. ग्राहक, चन्दा देनेवाला ।

Subscript-सब्'-स्क्रिप्ट्-*n.* something written below. नीचे का लेख, नीचे की लिखावट ।

Subscription-सब् - स्क्रिप्शन् -*n*. the act of subscribing, a sum subscribed. हस्ताक्षर, नाम-लेखन, चन्दा ।

Subsection-सब्' - सेक्शन् - *n*. division of a section. अंश का भाग ।

Subseptuple-सब्-सेप्-ट्यू-पुल्-*adj*. containing one out of seven parts. सप्तमांश, सात भाग में से एक भाग रखनेवाला ।

Subsequence-सब्सि - क्वेन्स् -*n*. the state of succeeding. अनुगमन, परिमाण; **Subsequent** (-क्वेन्ट्)-*adj*. following. उत्तरगामी, आगामी, बाद का; **Subsequently** (-लि)-*adv*. after something else. तदनन्तर, इसके बाद, पश्चात् ।

Subserve-सब्-सर्व्'-*v. t.* & *i*. to promote, to serve, to answer the purpose. आगे बढ़ाना, तरक्की देना, सहायक होना, उपयोगी होना ।

Subservience-सब्सर्विअन्स्-*n*. operation that promotes some end. किसी उद्देश्य को आगे बढ़ाने का कार्य ; **Subserviency** (-इ) -*n*. subservience. अधीनत्व, परवशता; **Subservient** (-न्ट्) *adj*. serving as a means, obsequious, subordinate. अधीन, सहायक, उपकारी; **Subserviently** (-न्ट्-लि)-*adv*. in a subordinate manner. सहायक रूप में ।

Subside-सब्-साइड्'-*v. i.* to sink to the bottom, to disappear, to become tranquil. पेंदी में बैठना, लुप्त होना, शान्त होना ।

Subsidence-सब्सिडन्स्-*n*. the act of subsiding. विलोप ।

Subsidiarily-see **Subsidiary**.

Subsidiary-सब्सिडिअरि-*adj*. serving to help, supplementary, auxiliary. सहायता देनेवाला, अतिरिक्त;-*n*. an accessory. सहायक ; **Subsidiarily** (-लि)-*adv*. in a subsidiary manner. सहायक रूप में ।

Subsidize-सब्सि-डाइज़्-*v.t*. to furnish assistance by paying subsidy. धन रूप में सहायता देना ।

Subsidy-सब्सि-डि-*n*. (*pl*. **Subsidies**.) pecuniary help in aid of private enterprise. व्यक्तिगत साहसिक कार्य के लिये आर्थिक सहायता, रुपये-पैसे की मदद ।

Subsist-सब्-सिस्ट्'-*v. i.* & *t*. to continue to exist, to contrive, to find sustenance, to feed, to inhere. रहना, होना (जीना), प्राणरक्षा करना (जिलाना),रोटी-कपड़ा देना, निर्वाह करना ।

Subsistence-सब्सिस्टेन्स्-*n*. means of support, livelihood .वृत्ति (जीविका), जीवन उपाय;

Subsistent (-न्ट्)-*adj*. having real existence जीवित अवस्था में रहनेवाला ।

Subsoil-सब्'-सॉइल्-*n*. the soil which lies just beneath the surface soil. भूमि के नीचे का मिट्टी का भाग ।

Subsolar-सब्-सो'-लर्-*adj*. under the sun. सूर्य के अधोभाग में या नीचे की ओर ।

Substance-सब्स्टन्स्-*n*. the essential part, being, purport, matter, real meaning, material, reality. सार, सत्व, सारांश, विषय, तात्पर्य, वस्तु (द्रव्य), अस्तित्व; **Man of substance** (a rich man.) सम्पत्तिवान् (धनी) मनुष्य; **Sum and substance** (essence.) निष्कर्ष, सार, तत्त्व ।

Substantial-सब्स्टॅन्शल्-*adj*. actually existing, real, solid, of real value, stout, well-to-do, virtual. वास्तविक, सारपूर्ण, ठोस, असली, पुष्ट समृद्ध, धर्मी; **Substantiality** (-इटि) -*n*. corporeity, materiality. पदार्थता, सत्त्वता ।

Substantial-सब' - स्टॅन् - शल्- *adj*. serving as a substantive. विशेष्य की तरह प्रयुक्त होनेवाला ।

Substantialize-सब्स्टॅन्शलाइज़् -*v. t.* & *i*. to acquire actual existence. वास्तविक सत्ता प्राप्त करना ।

Substantially-सब्स्टॅन्शलि - *adv*. in a real manner. वस्तुतः, वास्तव में ।

Substantials-सब्स्टॅन्शल्स् *n. p*. essential parts. (ब० व०) तत्त्व ।

Substantiate-सब्-स्टॅन्शि-एट्-*v. t*. to establish or prove the truth of. प्रमाणित करना (सत्य बतलाना), सिद्ध करना; **Substantiation** (-शन्) -*n*. the act of establishing the truth. साधन, सिद्धि ।

Substantive-सब्'स्टॅन्- टिव्-*adj*. having separate existence, independent, belonging to, substance, essential, having a firm basis. पृथक् सत्ता का, स्वतन्त्र, वस्तु सम्बन्धी, आवश्यक, पुष्ट आधारवाला; -*n*. a noun. विशेष्य, (व्याकरण में) संज्ञा; **Substantively** (-लि) - *adv*. in a substantive manner. स्वतन्त्र या आवश्यक या पुष्ट या विशेष्य के रूप में ।

Substitute-सब्-स्टि-ट्यूट्-*n*. a person or thing put in place of another. प्रतिनिधि, प्रतिपुरुष, स्थानापन्न, एवजी;-*v. t*.(-ट्यूट्') to put a person or thing in place of another. किसी के स्थान पर रखना या नियुक्त करना; **Substitution** (-शन्)-*n*. the act of substituting. स्थानापन्नता; **Substitutional** (-शनल)-*adj*. pertaining to substitution. स्थानापन्नता सम्बन्धी; **Substitu-**

tionally (-शनलि)-*adv*. by way of substitution. स्थानापन्न रूप में; **Substitutionary** (-शनरि)-*adj*. supplying the place of another. दूसरे के बदले में काम करनेवाला।

Substratum-सब्-स्ट्रे'-टम्-*n*. (*pl.* **Substrata.**) the underlying basis, that which is spread under. आधार (आश्रय), नीचे का तल।

Substruction-सब्' - स्ट्रक् - शन् - *n*. an underbuilding. नीचे की इमारत।

Subsultory-सब्-सल्टरि-*adj*. bounding, leaping. कूदनेवाला, उछलनेवाला।

Subsultus-सब्-सल्टस्-*n*.a convulsive motion. ऐंठन।

Subsume-सब्-स्यूम्' -*v. t.* to include under a rule. किसी नियम के अन्तर्गत करना।

Subsumption-सब्-सम्प्शन्-*n*. that which is subsumed. अन्तर्गत पदार्थ।

Subtangent-सब्-टैंन्'-जेन्ट्-*n*. the part of the axis which is contained between the tangent and ordinate drawn to the same point in a curve. अवान्तर कोटिस्पर्श रेखा।

Subtemperate-सब्-टेम्परेट्-*adj*. almost temperate. प्राय: समशीतोष्ण।

Subtenant-सब्'-टेनन्ट्-*n*. a tenant holding under a tenant. काश्तकार का शिकमी, दर-काश्तकार।

Subtend-सब्-टेन्ड्'-*v. t.* to extend under, to be opposite to. नीचे फैलना, सामने होना।

Subtense-सब्'-टेन्स्-*n*. a line running across. आर-पार की रेखा।

Subtepid-सब्'-टे-पिड्-*adj*. lukewarm, moderately warm. गुनगुना।

Subter-सब्-टर्-*pref*. in sense of 'under' or 'less than.' 'नीचे' अथवा 'कम' अर्थ का उपसर्ग।

Subterfluent-सब्-टर्' - फ्लु - ऍन्ट् - *adj*. (also **Subterfluous.**) running beneath. नीचे की ओर बहनेवाला।

Subterfuge-सब्'-टर्-फ्यूज्-*n*. an attempt to escape censure by evasion, elusion. छल, कपट या धोखा देकर दोषारोपण से भागने का प्रयत्न।

Subterranean-सब्-टर्-र-नि-अन्, **Subterrene** (-रीन्) -*adjs*. under ground. भूमि के भीतर का।

Subtile-सटिल्-*adj*. thin, nice, subtle,delicate. पतला, सुन्दर, कोमल, सूक्ष्म; **Subtilely** (-लि)-*adv*. finely, artfully. सूक्ष्म रीति से, चतुराई से।

Subtilization-सटिलाइ-जेशन्-*n*.act of making thin or fine. महीन या पतला करने का कार्य।

Subtilize-स-टिल्-आइज़्'-*v. t.* to make thin or fine to refine. पतला या सुन्दर करना शुद्ध करना।

Subtilty-स-टिल्'-टि-*n*. fineness, acuteness. सूक्ष्मता, तीव्रता।

Subtle-स-ट्ल्-*adj*. pervasive, artful, cunning, mysterious, ingenious, clever. धूर्त, चतुर, सूक्ष्मबुद्धि, विलक्षण, अति सूक्ष्म, मर्मज्ञ; **Subtleness** (-नेस्)-*n*. the quality of being subtle. सूक्ष्मता, चातुरी; **Subtlety** (-टि)-*n*. extreme acuteness, refinement, fineness. अति सूक्ष्मता; **Subtly** (-इ) -*adv*. nicely, artfully. सूक्ष्मता से, चतुराई से।

Subtract-सब्'-ट्रैक्ट्' -*v. t.* to deduct. शेष निकालना, घटाना; **Subtractor** (-अर्)-*n*. one who subtracts. घटाने की क्रिया करनेवाला; **Subtraction** (-शन्)-*n*. deduction. घटाव, शेष; **Subtractive** (-इव्)-*adj*. having power to subtract. घटाने की शक्ति का।

Subtrahend-सब्'-ट्रॉ-हेन्ड्-*n*. what is to be subtracted. ऋण, घटाई जानेवाली संख्या।

Subulate-स्यू-ब्यु-लेट्, **Subuliform** (-लि-फ़ॉर्म्) -*adjs*. of the shape of an awl. टेकुए के आकार का।

Suburb-सबब-*n*. the outskirts of a city, the confines. नगर के बाहर की भूमि (शाखानगर), नगर का बाहरी भाग; **Suburban** (-अन्)-*adj*. pertaining to suburbs. उपनगरीय।

Suburbs-सबर्ब्ज़्-*n. pl.* the environs. नगर के आसपास के भाग, उपान्त क्षेत्र, उपनगर।

Subursine-सबर्साइन्-*adj*. almost like a bear. प्राय: भालू के समान।

Subvene-सब्-वीन्'-*v. t.* to occur effectively. प्रभावपूर्ण रूप में घटित होना।

Subvention-सब्-वेन्शन्-*n*. support, pecuniary grant from government. सहारा, सरकार से आर्थिक सहायता।

Subversion-सब्-वर्शन्-*n*. destruction, utter ruin. क्षय (भंग), पूर्ण नाश; **Subversive** (-वर्सिव्)-*adj*. tending to subvert, having power to overthrow. विनाशी, ध्वंस करनेवाला।

Subvert-सब्-वर्ट्-*v. t.* to upset, to overthrow, to ruin. पलटना, ढहाना, नाश करना; **Subverter** (-अर्)-*n*. one who overthrows. ढहाने या नाश करनेवाला।

Subvertible-सब्वर्टिब्ल्-*adj.* able to be subverted. पलटने या नाश करने योग्य।

Subvertical-सब्-वर्टिकल्-*adj.* nearly vertical. प्रायः लम्ब रूप का।

Subway-सब्-वे-*n.* an underground footway. भूमि के नीचे की आने की पगडंडी।

Suc-सक्-*pref.* in the sense of 'sub'. अधीन अर्थ का उपसर्ग।

Succade-स-केड्-*n.* a sweetmeat. मिठाई, मुरब्बा।

Succedaneous-सक्सिडे निअस्-*adj.* acting as a substitute. बदले में काम करनेवाला।

Succedaneum-सक्सिडे निअम्-*n.* a substitute. दूसरे के लिये प्रयुक्त होनेवाला पदार्थ।

Succeed-सक्-सीड्'-*v. t. & i.* to follow in order, to come next to, to take the place of, to accomplish one's purposes, to prosper, to be successful. क्रम में आना, बाद में होना, साधन करना, कार्य सम्पादन करना, विजय प्राप्त करना, सफल होना।

Succeeder-सक्-सीडर्-*n.* a successor. उत्तराधिकारी।

Success-सक्सेस्-*n.* the prosperous termination of anything, good fortune. सिद्धि, सफलता, विजय, सौभाग्य (सम्पत्ति); **Successful** (-फुल्)-*adj.* happy, prosperous. सफल (विजयी), सम्पन्न; **Successfully** (-फुलि) -*adv.* in a successful manner. सफलता से।

Succession-सक्सेशन्-*n.* a series of things following one another, order of descendants, race, rotation, lineage, right of coming in place of another. अनुक्रम, परम्परा, जाति, आवर्तन, वंश, उत्तराधिकार; **In succession** (in rotation.) यथाक्रम, क्रम से; **Law of succession** (laws relating to succession.) उत्तराधिकार के नियम; **Successional** (-अल्)-*adj.* in regular order of succession. परम्परा-सम्बन्धी; **Successive** (-इव्)-*adj.* following in order, consecutive. क्रमबद्ध (क्रमानुसार), परम्परागत; **Successively** (-इव्-लि) -*adv.* in successive order. यथाक्रम से।

uccessless-सक्-सेस्-लेस्-*adj.* without success, unfortunate. असफल, हतभाग्य।

Successor-सक्-सेसर्-*n.* one who succeeds another. उत्तराधिकारी, वारिस।

Succiduous-सक्-सिड्'-यु-अस्-*adj.* ready to fall. पतनशील, गिरने लायक।

Succinct-सक्-सिङ्क्ट्'-*adj.* terse, brief, expressed briefly. संक्षिप्त, लघु, थोड़े शब्दों में वर्णन किया हुआ; **Succinctness** (-नेस्) -*n.* conciseness, brevity. लघुता, संक्षिप्तता।

Succory-सकरि-*n.* a kind of plant. कासनी नामक पौधा।

Succour-स-कर्-*n.* help given at the time of need. आवश्यकता के समय दी हुई सहायता;-*v. t.* to give aid to, to come to assistance. आपत्ति में सहायता देना, मदद देना; **Succourer** (-अर्) -*n.* a helper, one who gives relief. सहायता देनेवाला, सहायक; **Succourless** (-लेस्) -*adj.* without help. निःसहाय, बिना मदद का।

Succulence-स-क्यु-लेन्स्-*n.* juiciness. रसीलापन; **Succulent** (-लेन्ट्)-*adj.* juicy, thick and fleshy. रसभरा, रसमय, रसीला; **Succulently** (-लि)-*adv.* in a succulent manner. रसीलेपन से।

Succumb-सक्-कम्-*v. i.* to yield, to submit, to be overcome, to die. वशीभूत होना, मान जाना, अधीन होना, मृत्यु को प्राप्त होना।

Such-सच्-*adj.* of the same kind, the same, that, similar, as referred to. ऐसा, वैसा, उसी प्रकार का, सदृश, पहिले कहा हुआ; **As such** (as has been mentioned.) जैसा कहा जा चुका है, ऐसा होने पर, इस स्थिति का; **Such and such** (some, indefinitely.) अमुक, इस नाम का, फ़लाँ; **Such as** (like.) जैसा कि।

Suck-सक्-*v. t. & i.* to draw a liquid into the mouth, to imbibe, to draw milk. चूसना, खींचना, सोखना, स्तनपान करना; -*n.* the act of sucking. चूषण, स्तनपान; **A child that sucks the breast** (a sucking baby.) स्तनपान करनेवाला बच्चा; **To suck one's brains** (to imbibe another's ideas.) दूसरे के विचार को ग्रहण करना; **To suck out** (to empty by sucking.) चूसकर खाली करना; **To suck up** (to absorb.) चूसना, सोखना।

Sucker-सकर्-*n.* a person or thing that sucks, the piston of a pump, a pipe through which liquid is sucked, the shoot of a plant from the roots of stem, a kind of fish. चूसनेवाला पदार्थ या मनुष्य, पंप का डट्टा, पिचकारी की नली, पौधे की महीन जड़, एक प्रकार की मछली।

Sucket-स-क-ट्-*n.* a sweetmeat which dissolves in the mouth. मिठाई जो मुँह में गल जाती है।

Sucking-सकिङ्ग्-*adj.* at the breast. दूध पीता हुआ, स्तनपान करता हुआ; **Sucking-bottle** (a bottle which is filled with milk for infants to suck.) बच्चों को दूध पिलाने की शीशी।

Suckle-स-कुल्-*v. t.* to give sucking to. स्तनपान कराना, दूध पिलाना।

Suckling-सक्लिङ्ग् - *n.* a young child or animal nursed at the breast. दूध पीनेवाला बच्चा, गोद का बच्चा।

Sucrose-स्यू'-क्रॉ-स् - *n.* cane-sugar. ऊख की चीनी।

Suction-सक्शन्-*n.* the act of sucking. चूषण, चुसाव; **Suction-pump** (an ordinary pump for drawing or forcing water up.) पानी निकालने (उठाने) का पम्प।

Suctorial-सक्टोरिअल्-*adj.* capable of sucking. चूसने योग्य।

Sudation-सु-डे'-शन्-*n.* excessive sweating. अधिक पसीना निकलना।

Sudatorium-सूडेटॅ-रिअम्--*n.* (*pl.* **Sudatoria**) hot air or sweating bath. स्वेदस्नान।

Sudatory-सूर्डेटरि-*adj.* stimulating perspiration. पसीना बढ़ानेवाली।

Sudd-सड्-*n.* floating mass of plants. तैरते हुए पौंधे।

Sudden-स-डन्-*adj.* happening unexpectedly, hurried, rapid. आकस्मिक, यकायक, चंचल, शीघ्र; **Suddenly** (-लि)-*adv.* in a sudden manner. एकाएक, शीघ्रता से।

Sudoriferous-सू-डॅ -रिफ़रस् -*adj.* producing perspiration. स्वेद-जनक, पसीना लानेवाला।

Sudorific-सू-डॅ-रिफ़िक्-*adj.* & *n.* sweat-producing medicine. पसीना लानेवाली औषधि।

Suds-सड्ज़्-*n. pl.* water made frothy being impregnated with soap. साबुन का झाग मिला हुआ जल, साबुन का झाग।

Sue-स्-*v. t.* & *i.* to prosecute a person in a law-court, to apply in a court for redress, to make entreaty for a woman's hand in marriage. अभियोग या मुकद्दमा चलाना, नालिश करना, विवाह के लिये प्रार्थना करना।

Suet-स्'-ऍट्-*n.* the hard fat of an animal. पशु की गाढ़ी ठोस चर्बी; **Suety** (-इ)-*adj.* consisting of suet. वसा (चर्बी) से परिपूर्ण।

Suffer-सफ़र-*v. t.* & *i.* to allow, to undergo, to tolerate, to be subject to, to endure, to sustain loss, to undergo punishment. आज्ञा देना, भोगना, प्राप्त करना, सहना उपभोग करना, अनुमोदन करना, कष्ट या हानि सहना, दण्ड सहना; **Sufferable** (-ऍ-बूल्) -*adj.* that may be tolerated, allowable. सहने योग्य, अनुमोदन के योग्य; **Sufferably** (-ऍब्लि)-*adv.* in a tolerable manner. अनुमोदन रूप में; **Sufferance** (- ऑन्स्) -*n.* toleration, endurance, moderation. अनुमति, सहनशीलता, क्षमा; **Sufferer** (-अर्) -*n.* one who suffers. कष्ट सहनेवाला; **Suffering** (-इङ्ग्) -*n.* distress, pain endured. क्लेश, पीड़ा, दुःख।

Suffice-स-फ़ाइस्'-*v. i.* & *t.* to be enough, to content, to satisfy. पर्याप्त होना, सन्तुष्ट करना; **Suffice it to say** (I shall be satisfied by saying this.) मैं इतना कहकर सन्तुष्ट हूँगा।

Sufficiency- सफ़िशॅन्सि-*n.* adequate power, self-confidence. यथेष्टता, पर्याप्ति, आत्मविश्वास।

Sufficient-स-फ़िशॅन्ट्-*adj.* enough, qualified, adequate, competent. पर्याप्त, उचित, यथेष्ट, योग्य; -*n.* enough. पर्याप्त; **Sufficiently** (-लि) -*adv.* in a sufficient degree. पर्याप्त रूप में।

Sufficingly-स- फ़ाइ-सिङ्ग् -लि-*adv.* in a contented manner. यथेष्ट, प्रर्याप्त रूप से।

Suffix-स-फ़िक्स्-*v. t.* to append a letter or syllable in the formation of a word. शब्द के अन्त में प्रत्यय जोड़ना;-*n.* a letter or syllable appended to a word. प्रत्यय।

Suffocate-सफ़-क-ट्-*v. t.* & *i.* to choke or kill by stopping respiration, to stifle, to impede breath, to extinguish. श्वास रोकना, गला घोटना, गला घोंटकर मारना, बुझाना; **Suffocated** (-ऍड्) -*adj.* choked. गला घोंटा हुआ; **Suffocating** (-इङ्ग्)-*adj.* tending to suffocate. गला घोंटनेवाला; **Suffocatingly** (-लि)-*adv.* in a suffocating manner. गला घोंटते हुए; **Suffocation** (-शन्)-*n.* the act of suffocating. श्वास का अवरोध; **Suffocative** (-इव्) - *adj.* having power to suffocate. श्वास रोकने की शक्तिवाला।

Suffragan-सफ़्रगन्-*n.* a bishop who assists an archbishop. प्रधान पादरी का सहायक; **Suffraganship** (-शिप्)-*n.* the post of a suffragan ऐसे पादरी का पद।

Suffrage-सफ़्रॅ-ज् -*n.* a vote for deciding a question, right to vote. किसी प्रश्न के निर्णय के लिये मतदान, वोट देने का अधिकार।

Suffragist-सफ़्रॅजिस्ट् -*n.* one who urges extension of the right of voting to wo-

men. स्त्रियों को वोट का अधिकार देने का प्रचार करनेवाला।

Suffuse-स-फ्यूज़्'-*v. t.* to overspread with a fluid or colour. फैलाना, रङ्ग भरना; **Suffused** (-ड्)-*adj.* overspread. व्याप्त, फैला हुआ; **Suffusion** (-ज़न्) - *n.* the act of suffusing. व्यापकता, फैलाव, भराव।

Sugar-शुगर्-*n.* a sweet substance prepared from various plants, *esp.*the sugar-cane. शर्करा, शक्कर, चीनी ;-*v. t.* & *i.* to sweeten with sugar, to compliment. चीनी में पागना, मीठी बातें करना; **Raw sugar** (रॉ-शुगर्)-*n.* sugar in crude form. गुड़; **Sugar-candy** (-कैन्'-डि)-*n.* crystallized sugar. मिश्री, कन्द; **Sugar-cane** (-केन्)-*n.* a grass from which sugar is made. ईख, गन्ना, पौंढ़ा; **Sugarer** (-अर्)-*n.* one who prepares sugar. शक्कर बनानेवाला ; **Sugariness** (-इ-नेस्)-*n.* sweetness. मधुरता, मीठापन; **Sugarless** (-लेस्)-*adj.* without sugar. बिना चीनी का, बिना मिठास का; **Sugar-mill** (-मिल्)-*n.* a sugar factory. चीनी बनाने का कारखाना ; **Sugar-tongs** (-टॉङ्ग्ज़्)-*n.* tongs for lifting sugar. मिश्री उठाने की चिमटी;**Sugary** (-इ)-*adj.* sweetened with sugar. चीनी से मीठा किया हुआ।

Suggest-स-जेस्ट्-*v. t.* to propose, to cause to present, to hint, to indicate. प्रस्ताव करना, सूचना देना, संकेत करना, बतलाना (अनुमति देना); **Suggestible** (- इ-बल्) - *adj.* able to be suggested. संकेत करने योग्य।

Suggestion-सजेशन्-*n.* the act of suggesting, presentation of an idea to the mind, intimation, proposal. प्रस्ताव, अनुमति, सूचना, उपदेश।

Suggestive-सजेस्टिव्-*adj.*full of suggestions. सूचक, बतलाने योग्य; **Suggestively** (-लि) -*adv.* in a suggestive manner. सूचित करते हुए ; **Suggestiveness** (- नेस्) -*n.* suggestive condition. प्रस्ताव के योग्य अवस्था ; **Suggestor** (-अर्) - *n.* one who suggests. सूचना या संकेत देनेवाला।

Suicidal - सूइसाइडल् - *adj.* pertaining to suicide. आत्महत्या-सम्बन्धी; **Suicidally** (-लि) -*adv.* in a suicidal manner. आत्मनाश या आत्महत्या के ढंग से।

Suicide-सूइ-साइड्-*n.* intentional slaughter of oneself, action destructive to one's interest. आत्महत्या या आत्मघात; **To commit suicide** (to destroy one's own life wilfully.) आत्महत्या करना।

Suilline-सूइ-लाइन- *adj.* belonging to the swine family. शूकर जाति का।

Suit-सूट्-*n.* set of things of the same kind, suing, petition, action in a law court, any of the four sets into which a pack of playing-cards is divided, a set of man's clothes, courtship. एक तरह के पदार्थ, प्रार्थना, व्यवहार, अभियोग, नालिश, ताश के रंग, पहिनने के वस्त्र, विवाह के निमित्त स्त्री को प्रसन्न करने का व्यवहार; -*v. t.* & *i.* to adopt or accommodate, to agree, to dress, to please, to content. योग्य होना या करना, मिलाना, वस्त्र पहिनना, प्रसन्न करना, सन्तुष्ट करना ; **Civil suit** (a suit pertaining to a civil law.) दीवानी का मुकदमा; **Criminal suit** (a suit pertaining to a crime.) फ़ौजदारी का मुकदमा; **Suitcase** (a leather box for clothes.) वस्त्र रखने का चमड़े का बकस; **Suited** (-एड्)-*adj.* adapted to. उचित, योग्य।

Suitability-सू-टे-बिलिटि - *n.* suitableness. योग्यता।

Suitable-सू-टेबल्-*adj.* appropriate to, fitted for, competent. अनुरूप (उचित,) योग्य, ठीक; **Suitableness** (-नेस्) -*n.* the state of being suitable. अनुरूपता; **Suitably** (-लि)-*adv.* in a suitable manner. यथायोग्य, अनुसार।

Suiting-सूटिङ्ग्-*n.* cloth for suits. पहिनने के वस्त्र बनाने का कपड़ा।

Suite-स्वीट्-*n.* retinue, train of attendants परिजन (अनुगामी), नौकर-चाकर।

Suitor-सूटर्-*n.* (*fem.* **Suitress.**) a petitioner, a wooer, lover. प्रार्थी, विवाह की इच्छा करनेवाला (निवेदक), प्रेमी।

Sulcate-सल्केट्-*adj.*furrowed, grooved. धारीदार, झुर्रीदार, पनारीदार।

Sulk-सल्क्-*v. i.* to be sullen. उदासीन (उद्विग्न) होना; **In the sulks** (in a sullen mood.) उदासीनता में।

Sulkily-सल्कि-लि-*adv.* in a sullen manner. उदासीनता से; **Sulkiness** (-नेस्) - *n.* the state of being sulky. अन्तःकोप, उद्विग्नता; **Sulky**-सल्-कि - *adj.* (*comp.* **Sulkier,** *sup.* **Sulkiest.**) sullen, sour,morose. अन्तःकुपित, उद्विग्न, उदास।

Sullage-सलेज्-*n.* filth, refuse. सड़क पर का बटोरा हुआ कूड़ा-करकट।

Sullen-सलेन् - *adj.* obstinate, gloomy, morose, unforgiving, unsociable. हठी, उद्विग्न, उदास, क्षमा न करनेवाला, चिड़चिड़ा; **Sullenly** (-लि) -*adv.* in a sullen manner. हठ से, उदासीनता से; **Sullenness** (-नेस्) - *n.* moroseness. चिड़चिड़ापन; **Sullens** (-लेन्स्) -*n. pl.* morose temper. चिड़चिड़ा स्वभाव।

Sully-स-लि-*v. t.* (*p. t.* **Sullied.**) to tarnish, to spoil, to diminish the purity of. दूषित करना, अशुद्ध करना, मैला करना।

Sulphate-सल्फेट्-*n.* a salt of sulphuric acid. गन्धक के तेजाब की सहायता से बना हुआ क्षार; **Sulphate of copper** (blue vitriol.) तुत्थ, तूतिया; **Sulphate of iron** (green vitriol.) कसीस ; **Sulphate of zinc** (zinc oxide.) सफेदा।

Sulphide-सल्फ़ाइड्-*n.* a metallic compound of sulphur. किसी धातु और गन्धक का यौगिक।

Sulpho-सल्फ़ो-*pref.* used with compounds of sulphuric acid. उपसर्ग जो गन्धक के तेजाब से बने हुए योगों के लिये प्रयुक्त होता है।

Sulphur-सल्फ़र्-*n.* a non-metallic element of pale yellow colour. गन्धक; **Sulphur-spring** (a spring whose water is impregnated with sulphur.) जल की ऐसी धारा जिसमें गन्धक का अंश रहता है।

Sulphurate-सल्फ्यू-रेट्-*v. t.* to combine with sulphur. गन्धक से मिलाना; **Sulphuration** (-रे-शन्) -*n.* bleaching by exposure of the fumes of sulphur. गन्धक के धुवें में रखकर शुद्ध करने की क्रिया।

Sulphureous-सल्फ्यूरिअस् - *adj.* impregnated with sulphur, having the properties of sulphur. गन्धक के गुणवाला, गन्धक मिला हुआ।

Sulphuretted-सल्'-फ्यू-रे-टेड् - *adj.* having sulphur in combination. गन्धक के योग का।

Sulphuric-सल्-फ्यू'-रिक्-*adj.* obtained from sulphur. गन्धक से निकला हुआ, गन्धक का।

Sulphurize-सल्फ़ुराइज़्-*v. t.* to combine with sulphur. गन्धक से मिलाना।

Sulphurous-सल्फ़्यूरस् - *adj.* like sulphur. गन्धक की तरह का।

Sulphury-सल्फ़रि-*adj.* having the qualities of sulphur. गन्धक के गुण का।

Sultan-सल्टॅन्-*n.* the title of the king of Turkey. टर्की के शाह की उपाधि।

Sultana-सल्टानी-*n.* mother, wife or daughter of Sultan. सुल्तान की माता, पत्नी या पुत्री की उपाधि।

Sultrily-सल्ट्रि-लि-*adv.* in a sultry manner. अति उष्णता से; **Sultriness** (-नेस्)-*n.* the state of being sultry. अति उष्णता; **Sultry** (-ट्रि)-*adj.* (*comp.* **Sultrier,** *sup.* **Sultriest.**) very hot oppressive, burning. अति उष्ण, कष्टकारक, जाज्वल्यमान।

Sum-सम्-*n.* magnitude, arithmetical calculation, quantity of money, substance, amount, summary. परिमाण, योग, जोड़, धन-संग्रह, तत्त्व, राशि, तात्पर्य;-*v. t. & i.* (*p. t.* **Summed.**) to add to one whole, to collect, to count. संयुक्त करना, जोड़ना (मिलाना), सञ्चय करना, गिनना; **Large sum of money** (a good sum.) अधिक धन; **Lump sum** (a large sum.) थोक रक़म; **Sum and substance** (a brief and comprehensive expression.) संक्षिप्त तथा ग्राह्य तात्पर्य या सार; **Sum total** (the total amount.) पूरा जोड़; **To sum up** (to gather up.) संग्रह करना (सार निकालना)।

Summarily-सम-रि-लि-*adv.* concisely, in a quick manner. संक्षिप्त रूप में, शीघ्रता से।

Summarize- सम-राइज़्-*v. t.* to set forth the chief point of a matter. संक्षेप करना।

Summary-सम-रि-*n.* (*pl.* **Summaries.**) an abridged account, an abstract. संक्षेप, सार, संग्रह, सारांश; -*adj.* concise, brief, compendious. संक्षिप्त, अल्प, अविलम्बित।

Summation-समेशन्-*n.* addition, an aggregate. समुदाय, योग, जोड़।

Summer-स-मर्-*n.* the hot season of the year. ग्रीष्म ऋतु, गरमी का मौसम; - *v. i. & t.* to pass summer at. गरमी के दिन बिताना; **Summer-house** (-हाउस्)-*n.* a house for summer residence गरमी में रहने का बँगला; **Summer-tree** (-ट्री) - *n.* main horizontal beam supporting the joists of a roof. छत की धरनों को टेकनेवाली मुख्य पड़ी धरन।

Summit-स-मिट्-*n.* the highest point, top, utmost elevation, highest degree. शिखर (अग्रभाग), चोटी, ऊँचाई, पराकाष्ठा; **Summitless** (-लेस्) - *adj.* having no summit. बिना शिखर का।

Summon-सम-न्-*v. t.* to call upon, to invite to give notice to a person to appear,

in court, to excite into action, to call upon to surrender fort. पुकारना, बुलाना, अदालत में आने के लिये सम्मन भेजना, उत्तेजित करना, किला छोड़ देने का सन्देश भेजना ।

Summoner-समनर्-*n.* one who summons. सम्मन निकलवानेवाला ।

Summons-समन्स् *n. sing.* (*pl.* **Summonses.**) an authoritative call to appear in a court. बुलावा, इत्तला, सम्मन ; -*v. t.* to serve with summons. सम्मन जारी करना ।

Sump-सम्प्-*n.* a cesspool, a pit for receiving metal on its first fusion. नाबदान, पहिली बार धातु गलाने पर छाछ रखने का गड्ढा ।

Sumpter-सम् (प्)टर्-*n.* a pack-horse. लद्दू घोड़ा ।

Sumptuary-सम् (प्) च्यु-अरि-*adj.* relating to or limiting expenses. व्यय-विषयक, व्यय निर्धारित करने का ।

Sumptuous-सम् (प्) - च्यु -अस्-*adj.* costly, magnificent. बहुमूल्य (विशिष्ट), अत्युत्तम (महत्त्व का); **Sumptuously** (-लि) - *adv.* in a costly manner. बहुमूल्यता से; **Sumptuousness** (-नेॅस्)-*n.* expensiveness, costliness. बहुमूल्यता, विशिष्टता ।

Sun-सन्-*n.* the centre of the planetary system, the luminary round which the earth revolves and gets light and warmth, a sunny place. रवि, सूर्य, दिनकर, धूप;- *v. t. & i.* (*p. t.* **Sunned.**) to expose to the rays of the sun, to sun oneself. धूप खाना, धूप में सुखाना ।

Sun-bath-सन्'-बाथ्-*n.* exposure of the body to the rays of the sun. नंगे बदन धूप खाने की क्रिया ; **Sunbeam** (-बीम्)-*n.* a ray of the sun. सूर्य की किरण; **Sun-blind** (-ब्लाइन्ड्) -*n.* a window-shade. धूप रोकने की खिड़की का परदा ; **Sun-bonnet** (-बॉन्'-नेॅट्) - *n.* a hat to protect the face from the sun. धूप से चेहरा बचाने का टोप ।

Sunburn-सन्'-बर्न्-*n.* discolour of face by exposure to the rays of the sun. सूर्य की किरणों से मुख काला पड़ जाना ; **Sunburnt** (-बर्न्ट्)-*adj.* dried in the sun, discoloured, scorched. धूप में सुखाया हुआ, मुख काला पड़ा हुआ, झुलसा हुआ ।

Sun-dial-सन्'-डायल्-*n.* an instrument to show time of day by the shadow of the sun. धूपघड़ी ।

Sundown-सन्'-डाउन्-*n.* sunset. सूर्यास्त का समय ।

Sun-flower-सन्'-फ्लावर्-*n.* helianthus. सूरजमुखी का फूल ।

Sunless-सन्'-लेॅस्-*adj.* without the sun, shaded. छायादार ; **Sunlessness** (-नेॅस्) -*n.* the state of being sunless. बिना सूर्य (धूप) की स्थिति ।

Sunlike-सन्'-लाइक् -*adj.* like the sun. सूर्य की तरह का ।

Sun-picture-सन्'-पिक्चर् - *n.* picture drawn by the help of the sun's rays. सूर्य की किरणों द्वारा उतारा हुआ चित्र ।

Sun-proof-सन्'-प्रूफ्-*adj.* impervious to the sun's rays. सूर्य-किरण प्रवेश न करने योग्य ।

Sunset-सन्'-सेॅट्-*n.* the setting of the sun. सूर्यास्त ।

Sunshade-सन्'-शेड्-*n.* a parasol, an awning. छोटी छतरी, चँदवा, सायबान ।

Sunshine-सन्'-शाइन्-*n.* the light of the sun. सूर्य का प्रकाश ।

Sunstroke-सन्'-स्ट्रोक्-*n.* prostration caused by exposure to excessive heat of the sun लू लगना, लू की लपट ।

Sunward-सन्'-वर्ड्-*adv.* towards the sun. सूर्य की ओर; **The sun is set** (the time of prosperity is at a close.) ऐश्वर्य के दिनों का अन्त हो गया; **To rise with the sun** (to be out of bed at sunrise.) सूर्योदय होते ही सोकर उठना; **To see the sun** (to be alive.) जीवित रहना; **To take the sun** (to expose the body to the sun's rays.) धूप खाना; **Under the sun** (in the world.) संसार में ।

Sunday-सन्'-डे-*n.* the first day of the week observed as the day of worship and rest from work. रविवार, एतवार ; **Sunday-school** (-स्कूल्) - *n.* school for religious instructions. धार्मिक शिक्षा देने की पाठशाला ।

Sunder-सन्डर्-*v. t. & i.* to divide, to separate. पृथक् करना, अलगाना, अलग होना; -*n.* separation into two. विभाजन, विभाग ।

Sunderance-सन्'-डर्-ऑन्स् - *n.* separation विभाजन, विभाग ।

Sundry-सन्'-ड्रि-*adj.* several, various. अनेक, नाना प्रकार का; **Sundries** (-ड्रीज़्)-*n. pl.* miscellaneous articles. पृथक् पदार्थ, विविध वस्तुएँ, फुटकर चीजें ।

Sung-सङ्ग्-*p. p.* of Sing. गाया गया।
Sunk-सङ्क्-*p. p.* of Sink. डुबाया गया।
Sunken-सङ्क्'न्-*adj.* lying at the bottom of a river. नदी के तल में पड़ा हुआ।
Sunnily-स-नि-लि-*adv.* brightly. चमकते हुए।
Sunniness-सन्'-नि-नेंस्-*n.* brightness. चमक, उष्णता; **Sunny** (सन्'-नि)-*adj.* (*comp.* Sunnier, *sup.* Sunniest.) like the sun, bright. सूर्य के सदृश (गरम), आतपयुक्त, चमकीली।
Sup-सप्-*n.* a sip, mouthful of a liquid. घूँट, चुसान; -*v. t.* & *i.* (*p. t.* Supped.) to sip, to take the evening meal. चूसना, सन्ध्या का भोजन करना।
Super-सु-पर्-*pref.* in the sense of "above, beyond." "ऊपर, बढ़कर" अर्थ का उपसर्ग;-*n.* & *adj.* super numerary. अतिरिक्त, अधिक; **Superable** (- ऍ - बूल्) - *adj.* that may be overcome or conquered. विजय करने (जीतने) योग्य; **Superableness** (-नेंस्) - *n.* the quality of being superable. जीतने की योग्यता।
Superabound-सुपर् - अ - बाउन्ड् - *v. i.* to be abundant, to be more than enough. अधिक होना, बहुतायत से होना।
Superabundance-सुपर्-अबन्डन्स्-*n.* excessive abundance. अधिकता, बहुतायत ; **Superabundant** (-अबन्डॅन्ट्) -*adj.* being more than sufficient. बहुत अधिक, हद से ज्यादा; **Superabundantly** (-अबन्डन्ट्-लि)-*adv.* in a superabundant manner. बहुत अधिकता से।
Superadd-सुपर्-ऑड् -*v. t.* to add over and above. अधिक करना, अधिक जोड़ना।
Superaddition-सुपर्-ऑडिशन् - *n.* the act of superadding. अधिक जोड़ने की क्रिया।
Superadvenient-सुपर्-ऑड् -व्नि - निअन्ट् - *adj.* coming to increase or help. बढ़ाने या सहायता देनेवाला।
Superannuate-सु-पर्-आन्यु-ऍट् -*v. t.* to disqualify on account of old age, to allow pension owing to old age. वृद्धावस्था के कारण अयोग्य करना, बुढ़ापे के कारण पेंशन देना; **Superannuation** (-ए'-शन्)-*n.* the state of being superannuated. वृद्धावस्था के कारण कार्य की अयोग्यता।
Superb-सु-पर्ब्-*adj.* pompous, grand, magnificent, rich. ऐश्वर्ययुक्त, कान्तिमान्, उत्तम, धनी; **Superbly** (-लि) -*adv.* in a superb manner. ऐश्वर्य से; **Superbness** (-नेंस) -*n.* the quality of being superb. अति शोभा, ऐश्वर्य
Supercargo-सु-पर्-कार्गो *n* an officer in merchantship who manages the sales. व्यापारी जहाज़ का अधिकारी
Supercelestial-सु-पर्-सि-लॅस्ट्'-यल्-*adj.* situated above the sky. आकाश के ऊपर स्थित।
Superciliary-सु-पर् - सिलिअरि - *adj.* situated above the eyebrow. भौंह के ऊपर स्थित।
Supercilious-सुपर्-सिलिअस् - *adj.* haughty, arrogant, overbearing. अति उद्धत, बड़ा घमंडी, असहनशील; **Superciliously** (-लि) - *adv.* arrogantly. बड़े घमण्ड से; **Superciliousness** (-नेंस्)-*n.* haughtiness, the ability of being arrogant. अति गर्व, उद्धत अवस्था।
Supercilium-सु-पर्-सिलिअम्-*n.* the eyebrow. भ्रू, भौंह।
Supercrescence-सु-पर्-क्रॅ-सॅ-न्स्-*n.* that which grows upon another growing thing. उगनेवाली वस्तु पर उगनेवाला पदार्थ; **Supercrescent** (-ऍन्ट्)-*adj.* growing on something which is growing. उगनेवाली वस्तु पर उगनेवाला।
Supereminence-सु-पर्-ऍमिनॅन्स् - *adj.* distinguished eminence. अत्युत्तमता, अति श्रेष्ठता; **Supereminent** (- नॅन्ट्)-*adj.* eminent or excellent in a surpassing degree. अति उत्तम; **Supereminently** (-नॅन्ट्-लि) -*adv.* in an excellent manner. अत्युत्तमता से।
Supererogant-सु-पर्-ऍ-रॅ-गन्ट्-*adj.* supererogatory. कर्तव्य से अधिक करनेवाला।
Supererogate-सु-पर्-ऍ-रॅ-गेट् -*v. t.* to perform more than what duty requires. कर्तव्य अथवा आवश्यकता से अधिक कार्य करना; **Supererogation** (-शन्) -*n.* performing more than what duty requires. कर्तव्य से अधिक क्रिया; **Supererogatory** (-टरि) - *adj.* doing beyond duty. कर्तव्य से अधिक करने वाला।
Superessential-सुपर्-ऍसॅन्शल् -*adj.* essential above others. औरों से बढ़कर आवश्यक।
Superexalt-सु-पर्-ऍग्-ज़ॉल्ट्'-*v. t.* to exalt to a superior degree. अति प्रशंसा करना; **Superexalted** (-ऍड्) -*adj.* greatly exalted. अति प्रशंसा किया हुआ; **Superexaltation** (-टॅ-शन्) -*n.* superior elevation. अति उन्नति।
Superexcellence - सुपर् - ऍक्सलॅन्स् - *n.* the quality of being superexcellent अति उत्तमता; **Superexcellent** (-लॅन्ट्)-*adj.* excellent in an extraordinary degree. अति उत्तम।

Superficial-सुपर्फ़िश्ल्ल् *-adj.* pertaining to the surface, shallow, not profound. बाह्य, बाहरी, ऊपरी, छिछला, अगाढ़; **Superficial contents.** बाह्य वस्तुएँ; **Superficial scholar** (one who has a little knowledge.) अल्पज्ञ; **Superficial view.** बाह्यलोक, बाह्यदृष्टि।

Superficialist-सुपर्फ़िशलिस्ट् *- n.* one whose knowledge is superficial. अल्प ज्ञानवाला।

Superficiality-सुपर्फ़िशलिटि, **Superficialness** (-अल्-नेंस्)*-ns.* the quality of being superficial, shallowness, slight knowledge. वाह्यता, छिछलापन, अल्पज्ञता।

Superficially-सुपर्-फ़िशलि *-adv.* in a superficial manner. अल्पज्ञता से, वाह्य दृष्टि से।

Superficies-सुपर्-फ़िशिज़्*-n.* the exterior part of a thing, the surface. तल, पृष्ठभाग, वाहरी भाग।

Superfine-सुपर्-फ़ाइन्*-adj.* overfine, extremely fine. अति सूक्ष्म, सर्वोत्कृष्ट, सबसे उत्तम; **Superfineness** (-नेंस्) extreme fineness. सर्वोत्कृष्टता।

Superfluity-सु-पर्-फ्ल्यु'-इ-टि*-n.*(*pl.*superfluities.) something beyond what is wanted superabundance. बहुलता, अधिकता।

Superfluous-सु-पर्-फ्ल्यु-अस्*-adj.* unnecessary, useless, more than what is wanted. व्यर्थ (पुनरुक्त), अधिक, आवश्यकता से अधिक; **Superfluously** (-लि)*-adv.* in a superfluous manner. अधिकता से; **Superfluousness** (-नेंस्)*-n.* the quality of being superfluous. पुनरुक्ति, अधिकता।

Superfetate-सु-पर्-फ़ी-टेट् *- v. t.* to conceive after a first conception. एक गर्भ रहते हुए दुबारा गर्भ धारण करना; **Superfetation** (-शन्)*-n.* a second conception before the birth of the first. एक बार बच्चा पेट में रहते हुए दुबारा गर्भ धारण करना।

Superheat-सु-पर्-हीट्*-v. t.* to heat up to a very high temperature. अत्यधिक गरम करना।

Superhuman-सु-पर्-ह्यू' - मन् *- adj.* beyond what is human, divine. मनुष्य की शक्ति से बाहर, दैवी, अलौकिक।

Superimpose-सु-पर्-इम्पोज़् *- v. t.* to lay on something else. किसी पदार्थ के ऊपर रखना; **Superimposition** (-प-जिशन्)*-n.* the act of being placed over something else. किसी पदार्थ के ऊपर रखने की क्रिया, अध्यारोपण।

Superincumbent-सु-पर्-इन्-कम्' -बेन्ट् *- adj.* lying or resting on something else. उपरिवर्ती, किसी पदार्थ पर रखा हुआ, किसी पर निर्भर।

Superinduce-सु-पर्-इन्-ड्यूस्'*-v. t.* to bring upon as an addition to something. अधिक करना, जोड़ना, बढ़ाना।

Superinduction-सुपर्-इन्डक्शन्*-n.* the act of superinducing. बढ़ती, बढ़ाव।

Superinjection-सु-पर्-इन्-जेक्शन्*-n.* an injection succeeding another. एक के वाद दूसरी सूई लगाने की क्रिया।

Superinspect-सु-पर्-इन्-स्पेक्ट् *-v. t.* to superintend. जाँचना, देखभाल करना।

Superintellectual - सुपर् - इन्ट्लेक्चुअल *- adj.* being above the intellect. बुद्धि से परे, बुद्धि से बाहर।

Superintend-सुपरिन्टेंन्ड्*-v. t.* to exercise the charge of, to supervise. रखवाली करना, जाँचना, देख-भाल करना।

Superintendence-सुपरिन्टेंन्डेन्स् *- n.* management. प्रबन्ध, जाँच।

Superintendent-सुपरिन्टेंन्डेन्ट्*-n.* one who superintends work, an overseer. अध्यक्ष, निरीक्षक, प्रबन्धकर्ता।

Superior-सुपीरिअर् *- adj.* higher in place, dignity or excellence surpassing others. श्रेष्ठ, विशिष्ट, अधिक, बढ़कर; *-n.* one who is superior to others, the chief of a monastery. श्रेष्ठ, अध्यक्ष, मठाधीश; **Superior persons** (better educated men.) अधिक विद्वान् लोग; **Superioress** (-एॅस्)*-n. fem.* a female head of a nunnery. मठ की महिला अध्यक्षा।

Superiority-सुपीरि-ऑ-रिटि *- n.* pre-eminence. श्रेष्ठता, विशिष्टता, प्रधानता।

Superlative-सुपर्लें टिव् *- adj.* supreme, most eminent. सर्वोत्तम, अत्युत्तम; **Superlatively** (-लि)*-adv.* to a superlative degree. सर्वोत्तम रूप में; **Superlativeness** (-नेंस्)*-n.* the state of being superlative. अत्युत्तमता।

Superlunar-सुपर्ल्यूनर्, **Superlunary** (-इ) *-adjs.* being above the moon. चन्द्रमा से ऊपर का।

Superman-सु-पर-मॅन्*-n.* a type of man who is above ordinary humanity. साधारण मनुष्य से विशिष्ट मनुष्य।

Supermedial-सुपर्-मी-डिअल्*-adj.* lying above the middle. मध्य से ऊपर का।

Supermundane-सुपर्मन्डेन् *- adj.* above the world. भूमण्डल के ऊपर का।

Supernacular-सुपर्-नॉं - क्युलर् - *adj.* most excellent. सबसे उत्कृष्ट, सर्वोत्तम ।

Supernal-सुपर्नल् - *adj.* heavenly, divine. स्वर्गीय, दैवी ।

Supernatant-सुपर्'-नेटन्ट् -*adj.* floating on the surface. सतह पर तैरनेवाला ।

Supernatation-सुपर्'नें टेशन् -*n.* the act of floating on the surface. सतह पर तैरने की क्रिया ।

Supernational-सु-पर्-नॉशनल्-*adj.* more than national. राष्ट्रीयता से अधिक ।

Supernatural-सु-पर्-नॉचुरल्-*adj.* beyond the power or laws of nature, miraculous. प्रकृति-विरुद्ध (अमानुषी), अलौकिक, अद्‌भुत ।

Supernaturalism-सुपरनॉचुरलिज़्म् -*n.* a belief in divine revelation. दैवी शक्ति में विश्वास; **Supernaturalist** (-लिस्ट्) -*n.* अलौकिक शक्ति में विश्वास करनेवाला; **Supernaturality** (-लिटि) -*n.* supernaturalness. विलक्षणता, अलौकिकता ।

Supernaturalize-सुपर् - नॉ- चुरलाइज़्-*v. t.* to raise to the supernatural. अलौकिक बनाना ।

Supernaturally-सुपर्नॉचुरलि-*adv.* in a supernatural manner. अलौकिक या अद्‌भुत रीति से; **Supernaturalness** (-नेंस्)-*n.* the quality of being supernatural. विलक्षणता, आश्चर्य ।

Supernumerary - सुपर्न्यूमररि-*adj.* exceeding usual numbers. सामान्य से अधिक संख्या का; -*n.* a person or thing beyond the required number. स्थिर संख्या के अतिरिक्त मनुष्य या पदार्थ ।

Supernutrition-सुपर्न्यूट्रिशन्-*n.* overfeeding. आवश्यकता से अधिक भोजन करने का कार्य ।

Superordinary-सुपर्ऑर्डिनरि-*adj.* above the ordinary. सामान्य से अधिक ।

Superorganic-सुपर्ऑर्गनिक् - *adj.* spiritual. दैवी, अमानुषी ।

Superphysical-सुपर्फ़िज़िकल् - *adj.* psychical. आत्मा-सम्बन्धी ।

Superpose-सु-पर्-पोज़्'-*v. t.* to lay on. एक के ऊपर दूसरा रखना ।

Superposition-सुपर्-पॅ-जिशन्-*n.*a laying upon anything else. एक के ऊपर दूसरे पदार्थ के बिठाने की क्रिया ।

Superpraise-सु-पर् - प्रेज़् - *v. t.* to praise to excess. अति प्रशंसा करना ।

Super-reflection - सुपर् - रिफ़्लेक्शन् - *n.* the reflection of a reflected image. किसी वस्तु के प्रतिबिम्ब का प्रतिबिम्ब ।

Super-reward-सु-पर् - रॅवार्ड्-*v. t.* to reward to excess. अति अधिक पारितोषिक देना ।

Super-royal-सु-पर् - रॉयल् - *adj.* denoting a size of paper measuring $27\frac{1}{2} \times 20\frac{1}{2}$ inches. २७॥ इञ्च लम्बा और २०॥ इञ्च चौड़ा (कागज) ।

Supersaturate-सुपर्सॅच्युरेट्-*v. t.* to saturate to excess. अधिक सुखाना; **Supersaturation** (-शन्) -*n.* the state of being supersaturated. अधिक सुखाने की स्थिति ।

Superscribe-सु-पर् - स्काइब्' -*v. t.* to engrave or write on the top or outside a surface. ऊपर या बाहर की ओर लिखना या खोदना ।

Superscription-सु-पर्-स्क्रिप्शन्-*n.* the act of writing on top, address. बाहरी भाग के ऊपर का लेख, सिरनामा, पता, ठिकाना ।

Supersede-सु-पर्-सीड्'-*v. t.* to come in place of, to render unnecessary, to suspend. उल्लङ्घन करना, (अलग करना) वृथा करना, उठा देना ।

Supersedure-सुपर्सीड्योर्-*n.* act of superseding. उल्लङ्घन करने की क्रिया ।

Supersensible-सु-पर्-सें न्सि-ब्ल्-*adj.* beyond the reach of the senses. इन्द्रियों द्वारा न जानने योग्य ।

Supersensitive-सुपर्सें न्सिटिव्-*adj.* exceedingly sensitive. अति सूक्ष्मग्राही, अति शीघ्र चेतना प्राप्त करनेवाला ; **Supersensitiveness** (-नेंस्) -*n.* excessive sensitiveness. अति शीघ्र बोध ।

Superstition-सुपर्स्टिशन्-*n.* belief based on ignorance, false religion, faith in charms and omens. मूढ़विश्वास, भ्रमात्मक विश्वास मिथ्याधम, मंत्रों तथा अपशकुनों में विश्वास ।

Superstitious - सुपर्स्टिशस् - *adj.* addicted to superstition, full of idle fancies about religion. असत्यधर्मी, मूढ विश्वास मूलक; **Superstitiously** (-लि)-*adv.* in a superstitious manner. मिथ्या विश्वास से ; **Superstitiousness** (-नेंस्)-*n.* the quality of being superstitious. मिथ्या विश्वास ।

Superstratum-सुपर्स्ट्रेटम् - *n.* a layer above another. एक के ऊपर दूसरी तह ।

Superstruct-सु'-पर्-स्ट्रक्ट्'-*v. t.* to erect, to build upon. ऊपर निर्माण करना या इमारत बनाना; **Superstruction** (-शन्) -*n.* a superstructure. ऊपरी रचना या बनावट; **Superstructive** (-टिव्)-*adj.* built on something else. किसी के ऊपर बनाई हुई ।

Supertax-सु' - पर् - टॅक्स् - *n.* an additional income-tax on large incomes. अधिक आमदनी पर अतिरिक्त टैक्स (कर) ।

Superterrestrial-सुपर्टें रें स्ट्रिअल् -*adj.* being above the earth. पृथ्वी के ऊपर का।

Supertragical-सुपर्ट्रैजिकल् - *adj.* excessively tragical. अत्यन्त शोकजनक या दुःखान्त।

Supervene-सुपर्वीन्-*v.i.* to come extraneously, to follow closely. अकस्मात् आ जाना, टूट पड़ना; **Supervenient** (-नि-ऍन्ट्)-*adj.* coming as something extra-ordinary. टूट पड़नेवाला।

Supervention-सुपर्वेन्शन् - *n.* the act of supervening. अकस्मात् आगमन।

Supervise-सुपर्वाइज़्-*v. t.* to manage, to inspect. निरीक्षण करना, प्रबन्ध करना।

Supervision-सुपर्विज़न् - *n.* inspection. प्रबंध, देखभाल, निरीक्षण।

Supervisor-सुपर्वाइज़र् - *n.* an inspector, an overseer. निरीक्षक, प्रबन्धकर्त्ता; **Supervisory** (-इ) -*adj.* pertaining to supervision. प्रबन्ध-सम्बन्धी।

Supination-सू'-पि-नें-शन्-*n.* act of turning the palm of hand upwards. हथेली ऊपर करने का कार्य।

Supine-सू - पाइन्-*adj.* sloping or leaning backward, headless, thoughtless, lying on back with face upwards. ऊर्ध्वमुख, ढालुआँ, लापरवाह, उदासीन, उतान पड़ा हुआ; **Supinely** (-लि) -*adv.* in a supine manner. उतानेपन से, उदासीनता से; **Supineness** (-नेंस्) -*n.* indolence, heedlessness. उदासीनता, आलस्य।

Supper-स'-पर्-*n.* the last meal of the day. दिन का अन्तिम भोजन ; **Supperless** (-लेंस्) -*adj.* being without supper. बिना रात के भोजन का।

Supplant-सप्लॅन्ट्-*v. t.* to displace, to undermine, to displace and take possession of. हटाना, कपट से हटाना, हटाकर अपना अधिकार करना; **Supplantation** (-टेंशन्) -*n.* the act of supplanting. निकालने की क्रिया ; **Supplanter** (-अर्) -*n.* one who supplants. हटाने या निकालनेवाला।

Supple-सप्ल् - *adj.* pliant, flexible, easily bent, submissive. fawning. कोमल, लचीला, सहज में झुकनेवाला, अधीन, अदृढ़ ;-*v. t. & i.* to make soft or pliant. लचीला या मुलायम बनाना।

Supple-jack-सप्ल्-जॅक्-*n.* a kind of walking stick. एक प्रकार की टहलने की छड़ी।

Suppleness-स - प्ल् - नेंस् - *n.* pliancy, the quality of being supple. लचीलापन, अदृढ़ता।

Supplement-सप्लि-मॅन्ट्-*n.* an appendix, an addition to something by which its defects are removed. परिशिष्ट, शेषपूर्ति, न्यूनता-पूर्ति ; -*v. t.* to make addition to. न्यूनता पूर्ण करना, जोड़ना; **Supplemental** (-अल्), **Supplementary** (-अरि) - *adjs.* additional. न्यूनतापूरक, परिशिष्ट।

Supplementation-सप्लिमॅन्टेशन्-*n.* addition. न्यूनतापूर्ति।

Suppliance-सप्लायन्स्-*n.* supplication. निवेदन ; **Suppliant** (-यन्ट्)-*adj.* asking submissively, entreating. प्रार्थी, निवेदन करनेवाला; **Suppliantly** (-यन्ट्-लि)-*adv.* in a suppliant manner. प्रार्थना-सहित।

Supplicant-सप्लिकन्ट्-*adj.* entreating. प्रार्थना करता हुआ।

Supplicate-स' - प्लि - केंट्-*v. t.* to seek by prayer, to entreat for, to implore. प्रार्थना करना, बिनती (याचना) करना; **Supplicatingly** (-इङ्ग् - लि) -*adv.* imploringly. बिनती या प्रार्थना करते हुए।

Supplication-सप्लिकेशन्-*n.* entreaty, petition. सविनय प्रार्थना, विनती।

Supplicatory-सप्लिकेंटरि - *adj.* humble, submissive. विनीत, प्रार्थना-सम्बन्धी, प्रार्थी।

Supplier-सप्लायर्-*n.* one who supplies कमी की पूर्ति करनेवाला।

Supply-स-प्लाइ-*n.* (*pl.* **Supplies.**) providing of what is required, necessary stores and provisions. सञ्चय, सामग्री, आवश्यक पदार्थ, रसद;-*v. t.* (*p. t.* **Supplied.**) to fill up any deficiency, to furnish what is wanted. परिपूर्ण या पूर्ति करना, भरना।

Support-सपोर्ट्-*v. t.* to uphold, to sustain, to nourish, to endure, to maintain, to vindicate. सहारा देना, सँभालना, पोषण करना, दया करना, पालना, किसी के पक्ष में बोलना ; -*n.* maintenance, subsistence, assistance. अवलम्ब, आश्रय, (उपजीविका) सहारा; **To support resolution** (to uphold a resolution.) प्रस्ताव का अनुमोदन करना; **To support oneself** (to maintain one's life.) अपना पेट भरना; **Supportable** (-अब्ल्)-*adj.* that may be upheld, tolerable. आश्रय के योग्य; **Supportableness** (-अब्ल्-नेंस्) -*n.* the state of being supportable. अवलम्ब, सहारा; **Supportably** (-ब्लि) - *adv.* in a supportable manner. आश्रय देते हुए; **Supported** (-ऍड्) -*adj.* vindicated, maintained. प्रमाणित, आश्रित; **Supporter** (-अर्)-*n.* he who or that which

supports. आश्रय देनेवाला, सँभालनेवाला; **Supportless** (-लॆस्) - *adj.* having no support. बिना आश्रय का; **Supportment** (-मॆन्ट्) -*n.* a support. आश्रय ।

Supposable-सपोज़ेब्ल् - *adj.* that may be supposed to exist. अनुमान करने के योग्य।

Suppose-स-पोज़्' - *v. i.* & *t.* to assume as true, to think, to conceive, to presume, to imagine. अनुमान करना, सोचना, तर्क करना, मान लेना, कल्पना करना; **Supposedly** (-इ-लि)-*adv.* with assumption. अनुमान करते हुए; **Supposer** (-अर्) -*n.* one who makes an assumption. कल्पना करनेवाला।

Supposition-स-पॅ - ज़िसन् - *n.* imagination, conjecture, hypothesis. अनुमान, तर्क, कल्पना; **Suppositional** (- अल्)-*adj.* hypothetical. तर्क-सम्बन्धी, अनुमान-विषयक;**Suppositionally** (-अलि)-*adv.* by way of supposition. तर्क के अनुसार या तर्क या अनुमान द्वारा ।

Supposititious-स-पॅ-ज़िटिशस्-*adj.* imaginary, substituted for real, spurious. काल्पनिक, कृत्रिम, कल्पित; **Supposititiously** (-लि)-*adv.* in an imaginary manner. कल्पित रूप में ; **Supposititiousness** (-नॆस्)-*n.* the quality of being imaginary. कृत्रिमता, कल्पना ।

Suppositive-स-पॅ-ज़िटिव्-*adj.* tending to suppose. कल्पना-सूचक; **Suppositively** (-लि) -*adv.* according to supposition. अनुमान के अनुसार ।

Suppository-स-पॅ-ज़िटरि-*n.* a cone or medical susbstance introduced into the rectum for producing evacuation. दवा की वर्त्ती जो दस्त लाने के लिए गुदा में चढ़ाई जाती है ।

Suppress-सप्रॆस्' - *v. t.* to put down, to overpower and crush, to restrain, to stop, to put an end to, to withhold. दबाना, शमन करना, अवरोध करना, रोकना, अन्त करना, पराजित करना ; **Suppresser, Suppressor** (-अर्)-*ns.* one who suppresses. शमन करनेवाला, दबानेवाला ।

Suppressible-सप्रॆसिब्ल् - *adj.* that can be suppressed. दबाने योग्य ।

Suppression-सप्रॆशन्-*n.* the act of suppressing, stoppage, concealment. स्तम्भन, रुकावट (दबाव, अवरोध), छिपाव ।

Suppressive-सप्रॆसिव् - *adj.* subduing. शमन करनेवाला, दबानेवाला ।

Suppurate-स-प्यु-रेट्'- *v. i.* to form or generate pus. पकना, पीब पड़ना ; **Suppuration** (-रे-शन्)-*n.* the production of pus. पीब आ जाना; **Suppurative** (-रे-टिव्)-*adj.* tending to suppurate. पीब निकालनेवाला ।

Supputation-सप्यूटेशन्-*n.* reckoning, account. गणना, हिसाब-किताब ।

Suppute-स-प्यूट्'-*v.t.* to reckon. गणना करना।

Supra-सू - प्रॉ - *pref.* in sense of "above, beyond." 'ऊपर या अधिक' अर्थ का उपसर्ग ; **Supraciliary** (- सिल्'-यर्-इ)-*adj.* situated above the eyebrow. भौंह के ऊपर का ; **Supracostal** (-कॉस्ट्'-अल्)-*adj.* above the ribs. पसलियों के ऊपर का ; **Supramaxillary** (-मॅक्स्-इलरि)-*adj.* pertaining to the upper jaw. ऊपर के दाढ़ का; **Supralateral** (-लॅट्'-अर्-अल्)-*adj.* at the top of the side. पार्श्व के शिखर पर; **Supramundane** (-मन्'-डन्)-*adj.* above the world. संसार के ऊपर का।

Suprarenal-सू-प्रॉ-री-नल्-*adj.* situated above the kidneys. गुर्दो के ऊपर स्थित, अधिवृक्कीय ।

Supremacy-सुप्रॆ-मॅ-सि-*n.* highest authority of power, the quality of being supreme. मुख्यता, श्रेष्ठता, प्रभुत्व, प्रधानता ।

Supreme-सुप्रीम् - *adj.* highest in power or authority, most excellent. परम, अति, श्रेष्ठ महान्; **Supreme Being** (God.) परमेश्वर; **Supremely** (-लि) - *adv.* to a supreme degree. अति श्रेष्ठता से, महत्त्व से ।

Sur-सर्-*pref.* in the sense of "over." "अधिक" अर्थ का उपसर्ग ।

Surah-सूरा-*n.* a kind of twilled silk. एक प्रकार का बटा हुआ रेशमी वस्त्र ।

Sural-सू'-रल्-*adj.* pertaining to the calf of the leg. पैर की नली का ।

Surbate-सर्बेट्-*v. t.* to harass, to fatigue. कष्ट देना, थकाना ।

Surcease-सर्-सीस्-*v. i.* & *t.* to cease, to put a stop to. रुकना, रोकना, ठहराना ।

Surcharge-सर्-चार्ज्-*n.* an excesssive load or burden, overcharge. परिमाण से अधिक भार या इसका भाड़ा;-*v. t.* to overload, to overstock. अधिक बोझा लादना, अधिक माल रखना ; **Surcharger** (-अर्) -*n.* one who surcharges. अधिक बोझा लादनेवाला ।

Surcingle-सर्सिङ्ग्-ल्-*n.* the band or girdle over a saddle to fasten it. काठी बाँधने का पट्टा, बालातङ्ग ।

Surcoat-सर्-कोट्-*n.* the coat worn over an armour. कवच के ऊपर पहिनने का कोट ।

Tabularly-टॅ-ब्यु-लर्लि-*adv.*in a tabular form. सूची या तालिका के रूप में ।

Tabulate-टॅ-ब्युलेट्-*adj.* shaped like a table. टेबुल के आकार का;-*v. t.* to reduce to tables or synopses. सूचीपत्र बनाना ।

Tache-टॅच् (-श्)-*n.* (also **Tach**) a catch, a loop or button. खटका, बटन ।

Tachometer-टॅकॅ-मि-टर्-*n.* an instrument for measuring the velocity of currents. धाराओं की गति नापने का यन्त्र ।

Tachycardia-टॅकिकार्डिआ - *n.* the abnormal rapid beating of the heart. हृदय की असाधारण तीव्र गति ।

Tachygraphy-टॅ-किग्'-रॅफ़ि-*n.* stenography, shorthand writing. सांकेतिक चिह्नों में शीघ्र लिखने की कला ।

Tachygrapher-टॅकिग्रॅफ़र्-*n* a stenographer. सांकेतिक चिह्नों में शीघ्र लिखनेवाला ।

Tachygraphic-टॅकिग्रॅफ़िक्-*adj.* written in shorthand. सांकेतिक चिह्नों में लिखा हुआ ।

Tachymeter-टॅकि-मि-टर्-*n.*a surveying instrument. सर्वे (नाप) करने का एक यन्त्र ।

Tacit-टॅसिट्-*adj.* understood, implied, not expressed. चुपचाप, मौन, प्रकट न किया हुआ; **Tacit consent** (consent by silence.) मौन स्वीकृति; **Tacitly** (-लि) - *adv.* by implication. मूक भाव से, निर्विकल्प रूप से।

Taciturn-टॅसिटर्न् - *adj.* not talkative, reserved, silent. अल्पभाषी, भाषणविरक्त, कम बोलनेवाला; **Taciturnity** (-इटि) - *n.* reserve in speaking. मूकभाव, कम बोलने का गुण ।

Taciturnly-टॅसि-टर्न्-लि-*adv.* in a reserved manner. मूकभाव से ।

Tack-टॅक्-*n.*a small nail with a broad head, term of a lease, a rope for fastening sails. चौड़े माथे की छोटी काँटी, पट्टे की शर्त, पाल बाँधने का रस्सा;-*v. t.* to fasten, to append to divert a ship's course. काँटे से बाँधना, जोड़ना, जहाज़ का मार्ग बदलना; - (*pl.*) long stitches. (ब० व०) लम्बी सियन; **Tack-driver** (a machine for driving nails.) काँटी ठोकने का यन्त्र; **Tacker** (-अर्)-*n.* one who tacks. जोड़नेवाला, काँटी ठोंकनेवाला ।

Tacket-टॅकेट् - *n.* a small nail with large head. बड़े माथे की छोटी काँटी ।

Tackle-टॅ'-कल्-*n.* a mechanism for lifting or lowering heavy weights. भारी वस्तुओं के चढ़ाने-उतारने का यन्त्र;-*v. t. & i.* to seize or lay hold of, to fall to work. पकड़ना, काम में लग जाना ।

Tackling-टॅक्-लिङ्ग्-*n.* furniture of the

masts and yards of a ship, harness. जहाज के मस्तूल इत्यादि की सामग्री, घोड़े का साज।

Tacky-टैकि-*adj*. sticky, slightly adhesive. थोड़ा चपकनेवाला, चिपचिपा।

Tact-टैक्ट्-*n*.peculiar skill or adroitness, nice perception, skill in doing the right thing at the right time in the right way. कुशलता (निपुणता, चातुरी), सूक्ष्म विचार, उचित समय पर उचित ढंग से उचित कार्य करने की युक्ति; **Tactful** (-फुल)-*adj*. gifted with tact. उक्त युक्ति में निपुण; **Tactfully** (-फुलि) -*adv*. skilfully. चतुराई से; **Tactical** (टैक्टिकल्) -*adj*. skilfully planning. निपुणता या युक्ति से योजना बनानेवाला।

Tactician-टैक्टिशन्-*n*. one skilled in tactics. युद्धविद्या में चतुर।

Tactics-टैक्-टिक्स्-*n*. (*sing. & pl.*) the art and science of disposing forces for battle;-(*pl.*) skilful device. व्यूहरचना, युद्धविद्या, (ब० व०) युक्ति, कुशलता।

Tactile-टैक्टाइल-*adj*. tangible, pertaining to the sense of touch.छूने योग्य,स्पर्शज्ञान-सम्बन्धी।

Tactility-टैक्टिलिटि-*n*. tangibleness. स्पर्श-योग्यता, स्पर्शनीयता।

Taction-टैक्शन्-*n*. the act of touching. स्पर्श-क्रिया।

Tactless-टैक्ट्'-लेस्-*adj*.destitute of tact. बिना कुशलता (युक्ति) का; **Tactlessness** (-नेस्) -*n*. the quality of being tactless. अकुशलता।

Tactual-टैक्ट्'-यु-अल-*adj*. pertaining to touch. स्पर्श-सम्बन्धी; **Tactually** -*adv*. in a tactual manner. स्पर्श करते हुए।

Tadpole-टैड्'-पोल्-*n*. the frog in its first stage after leaving the egg. अंडे से निकला हुआ मेढक का बच्चा।

Ta'en-टन्-contraction of 'taken'. 'टेकन्' शब्द का छोटा रूप।

Taenia-टीनिआ-*n*. a tapeworm, a band-like form. चिपटा केंचुआ, फ़ीते के आकार का पदार्थ।

Taffeta-टै'-फ़े-टा-*n*. a fine smooth stuff of silk &c. ताफ़्ता, चेलिसिल्क।

Taffrail-टै-फ़्-रेल्-*n*. the rail round the stern of a ship. जहाज़ के पिछले भाग में लगा हुआ कटघरा।

Tag-टैग्-*n*. a flap of garment, a small thread with pointed metal pieces for binding pieces of paper, the metal point at the end of a lace or string, something mean, an appendage. कपड़े का लटकनेवाला ढीला सिरा, कागज के टुकड़ों को बाँधने के लिये धात की पतली नोक लगे सिरोंवाला तागा, रस्सी या फ़ीते के किनारे पर की धातु की नोंक, तुच्छ वस्तु, पुछल्ला;-*v. t.* (*p. t.* **Tagged.**) to fit with a tag, to join. जोड़ना, पुछल्ला लगाना।

Taglia-टैग्लिया-*n*. a combination of pulleys for hoisting. घिरनियों की पंक्ति।

Tag-rag-टैग्'रैग-*n*. the lowest class of people. नीच जाति के लोग।

Tag-tail-टैग्-टेल्-*n*. a worm the tail of which is different in colour from the colour of the body. कीड़ा जिसकी पूँछ का रङ्ग शरीर के रंग से भिन्न होता है।

Taigle-टे'-ग्ल्-*v. t. & i.* to entangle, to hinder, to delay, to loiter, to trudge. फँसाना, रोकना, देर करना, इधर-उधर घूमना, पैर घसीट कर चलना।

Tail-टेल्-*n*. the hindmost part of an animal, the back part of anything, the end. पूँछ, किसी वस्तु का पिछला भाग, अन्त; -*v. t.* to fasten something to the back part of a thing. किसी पदार्थ के पिछले भाग में कुछ बाँधना; **To tail after** (to follow closely.) पीछे-पीछे चलना, अनुसरण करना; **To tail in** (to tie by the end.) पूँछ बाँधना; **To turn tail** (to turn one's back.) भाग जाना, पीछे फिरना।

Tailboard-टेल्-बोर्ड्-*n*. the board at the hinder part of a car. गाड़ी के पीछे का पाव-दान; **Tail-coat** (-कोट)-*n*. a coat with a long back part. कोट जिसका निचला भाग लम्बा होता है।

Tailed-टेल्'-ड्-*adj*. having a tail. दुमदार, पूँछवाला।

Tail-end-टेल्-एन्ड-*n*. the extreme end. अन्तिम छोर।

Tailing-टे लिङ्-*n*. the part of a projecting stone inserted in a wall. दीवार में लगाये हुए पत्थर का उभड़ा हुआ भाग।

Tailless-टेल्'-लेस-*adj*. without a tail. बिना पूँछ का।

Taillight-टेल्'-लाइट्-*n*. the light at the back of a train or motor car. रेल तथा मोटर गाड़ी के पीछे की रोशनी।

Tailor-टेलर्-*n*. (*pl.* **Tailors.**) a maker of garments. दर्जी;-*v. t.* to make outer garments. पोशाक बनाना, कपड़ा सीना।

Tailor-bird-टेलर्-बर्ड-*n*.a kind of small bird which makes its nests by sewing up leaves &c. बया पक्षी।

Tailoress-टलरेस्-*n*.fem. a female tailor. दरजिन ।

Tailoring-टेलरिङ्ग्-*n* the occupation of a tailor. दर्जी का काम ।

Tailpiece-टेल्-पीस्-*n*. an ornamental engraving or block printed at the end of a book or chapter. पुस्तक के अन्त में अथवा अध्याय के नीचे छपा हुआ चित्र ।

Tailrace-टेल्-रेस्-*n*. the stream of water which runs from a mill after turning its wheel. पनचक्की की जल की धारा जो इसके पहिये को घुमाने पर बहती है ।

Tailrope-टेल्'-रोप्-*n*. a rope which is attached behind. पीछे की ओर लगा हुआ रस्सा ।

Tain-टेन् -*n*. the thin plate of tin. राँगे का पतला पत्तर ।

Taint-टेन्ट् -*n*. stain, corruption, blemish on reputation. धब्बा, दोष, कलंक; -*v. t. & i.* to stain, to corrupt, to poison. धब्बा डालना, कलंकित करना, विषैला बनाना ।

Taintless-टेन्ट्-लेस् -*adj*. free from taint or tarnish. कलंक या दोष-रहित; **Taintlessly** (-लि) -*adv*. in a taintless manner. बिना कलंक के ।

Take-टेक् -*v. t. & i.* (*p. t.* **Took**, *p. p.* **Taken**.) to get hold of, to grasp, to seize, to receive, to captivate, to choose, to swallow, to agree to, to copy, to please, to understand, to rent or hire. पकड़ना, थामना, ग्रहण करना, अङ्गीकार करना, मुग्ध करना, पसन्द करना, निगलना, लेना, सहमत होना, अनुकरण करना, समझना, किराये पर लेना; **Take your time** (do not hurry.) शीघ्रता मत करो; **To take a course** (to resort to.) अनुसरण करना; **To take a photograph** (to photograph.) फ़ोटो उतारना; **To take after** (to follow in resemblance.) अनुसरण करना; **To take away** (to deprive of.) अलग करना; **To take breath** (to rest.) विश्राम करना; **To take care of** (to be careful.) सावधान होना; **To take down** (to write down, to pull down, to lower.) लिख लेना, गिराना नीचा करना; **To take effect** (to be successful.) सफल होना; **To take fire** (to catch fire.) आग लग जाना; **To take for** (to mistake.) अशुद्धि करना; **To take for granted** (to accept as true.) सच्चा मान लेना; **To take heed** (to be careful.) सावधान होना; **To take hold of** (to grasp.) पकड़ना; **To take in** (to inclose, to receive.) बन्द करना, प्राप्त करना; **To take in hand** (to undertake.) कार्य में लग जाना; **To take in with** (to assemble.) एकत्रित होना; **To take leave** (to bid adieu.) बिदाई लेना; **To take off** (to remove.) उतारना, हटाना; **To take one's way** (to depart.) प्रस्थान करना; **To take out** (to remove.) हटाना; **To take over** (to succeed.) सफल होना; **To take place** (to come to pass.) होना; **To take the field** (to be engaged in battle.) युद्ध में लग जाना; **To take to** (to begin.) आरम्भ करना ; **To take to task** (to call to account, to reprove.) जवाब तलब करना, धुड़कना, डपटना; **To take up** (to raise, to engross, to arrest, to pick up in a carriage or on horseback, to accept, to resume.) उठाना, लग जाना, पकड़ना, गाड़ी या घोड़े पर चढ़ा लेना, स्वीकार करना, पुनः चालू करना ।

Taken-टेकन् *p. p.* of **Take**; *adj*. accepted. स्वीकृत ।

Taker-टेकर्-*n*. one who takes. ग्रहण करनेवाला ।

Taking-टेकिङ्ग्-*adj*. attracting, captivating, alluring, infectious. मनोहारी, मोहनी, रम्य, रोग उत्पन्न करनेवाला; **Takingly** (-लि) -*adv*. in a captivating manner. आकर्षक रूप से ।

Talbot-टॉल्बट्-*n*. a kind of hound. एक प्रकार का शिकारी कुत्ता ।

Talc-टॉल्क् -*n*. a very soft, pliable, silvery white transparent mineral, magnesium silicate. बहुत नरम, लचीला, रुपहला, पारदर्शक खनिज, अबरक, सेतखड़ी ।

Talcose-टॉल्'-कॉस् -*adj*. abounding in talc. सेतखड़ी या अबरक से पूर्ण ।

Tale-टेल्-*n*. a narrative, a fictitious story or legend, information, malicious report reckoning. कथा, कहानी, समाचार (सूचना), बुरी खबर, गणना ।

Tale-bearer-टेल्'-बेअरर्-*n*.one who tells tales or gives information. कथा कहनेवाला, सूचना-वाहक ।

Tale-bearing-टेल्-बेअर्-इङ्ग् - *n*. telling of tales with mischievous intention. बुरे इरादे से कहानी कहने का काम ।

Taleful-टेल्-फ़ुल् -*adj*. full of stories. कथाओं से परिपूर्ण ।

Talent-टॅलन्ट्-*n*. a standard weight, superior genius, skill, disposition, faculty. प्रामाणिक

परिमाण, बुद्धि, चातुरी, गुण; **Talented** (-ऍड्) *adj.* possessing skill. गुणी, बुद्धिमान्; **Talentless** (-लेस्) - *adj.* without talent. बुद्धिहीन, गुणहीन ।

Tales-टे'-लीज़्-*n. pl.* a writ for summoning jurors. जूरियों को बुलाने का सम्मन ।

Talesman-टेल्ज़्-मैन्-*n.* a person summoned to act as a juror. जूरी का काम करने के लिये बुलाया हुआ मनुष्य ।

Tale-teller-टेल् - टेलर् - *n.* one who tells stories. कहानी कहनेवाला व्यक्ति ।

Talion-टैलि-अ-न -*n.* the law of retaliation. बदला लेने का नियम ।

Taliped-टैलि-पेड् -*adj.* club-footed. जुड़ी हुई अँगुलियों का ।

Talipes-टैलिपीज़् -*n.* a club-footed creature. जुड़े हुए पंजेवाला प्राणी ।

Talisman-टैलिज़्-मन्-*n.* (*pl.* **Talismans.**) an amulet or charm, something that produces wonders. कवच, यन्त्र, ताबीज; **Talismanic** (-इक्)-*adj.* magical. जादू का ।

Talk-टॉक् -*v. i.* to converse, to prate, to speak, to discuss in words. बोलना, बकवाद करना, बातचीत करना, बहस करना;-*n.* a mutual discourse, a rumour, report. परस्पर भाषण (बोलचाल), जनप्रवाद, समाचार; **Idle talk** (useless gossip.) प्रलाप, बकवाद; **Popular talk** (rumour.) जनप्रवाद; **To talk about** (to discuss.) शास्त्रार्थ करना; **To talk at** (to address on a subject critically.) किसी विषय में कटु आक्षेप करना; **To talk away** (to while away time in talking.) बकवाद में समय नष्ट करना; **To talk down** (to silence.) चुप कर देना; **To talk of** (to converse on a subject.) किसी विषय पर बातचीत करना; **To talk over** (to discuss at length.) विस्तारपूर्वक शास्त्रार्थ करना; **To talk round** (to discuss without reaching any conclusion.) बिना लक्ष्य के बकबक करना; **To talk to** (to speak to, to rebuke, to scold.) बात करना, झिड़कना, बिगड़ना, बुरा-भला कहना ।

Talkative-टॉकेटिव्-*adj.* given to much talking, loquacious. बहुभाषी, बकवादी; **Talkatively** (-लि) -*adv.* in a talkative manner. बकवाद करते हुए; **Talkativeness** (-नेस्) -*n.* the quality of being talkative. बकवाद ।

Talker-टॉकर् -*n.* a loquacious person. बकवादी मनुष्य ।

Talkies-टॉकीज़् -*n. pl.* talking cinematographic pictures. बोलती-चालती तसवीरें ।

Talking-टॉकिङ्ग्-*n.* conversation, speaking. वार्तालाप, बातचीत ।

Tall-टॉल्-*adj.* long in height, of more than average height, big. उन्नत, ऊँचा, लम्बा ।

Tallboy-टॉल्-बॉय्-*n.* a high chest of drawers. दराजदार ऊँचा बक्स; **Tall of stature** (of tall built.) लम्बे शरीरवाला, दीर्घकाय; **To talk tall** (to boast, to brag.) शेखी मारना ।

Tallish-टॉलिश्-*adj.* rather tall. प्रायः ऊँचा ।

Tallness-टॉल्-नेस् -*n.* the state of being tall. ऊँचापन, लम्बाई ।

Tallow-टै-लो -*n.* animal fat melted down. वसा, चर्बी; -*v. t.* to grease with tallow, to fatten. चर्बी से चिकनाना, मोटा करना, **Tallow-chandler** (-शॅन्ड्-लर्)-*n.* one who makes and sells tallow candles. चर्बी की बत्ती (मोमबत्ती) बनाने तथा बेचनेवाला; **Tallow-faced** (-फेस्ड्) -*adj.* having a pale complexion. पीत मुखवाला; **Tallowing** (-इङ्ग्)-*n.* the art of increasing fat in cattle. पशुओं के शरीर में चर्बी बढ़ाने की कला; **Tallowish** (-इश्)-*adj.* greasy. चर्बीदार; **Tallowy** (-इ)-*adj.* like tallow. चर्बी के सदृश

Tally-टै-लि -*n.* (*pl.* **Tallies.**) one of two pieces of wood marked with notches before it is cut into halves, reckoning, label. लकड़ी का टुकड़ा जिसपर काटने के पहिले चिह्न बनाये गये हों, गणना, चिह्न करने के टिकट; -*v. t. & i.* (*p. t.* **Tallied.**) to record, to reckon to fit, to correspond, to identify & compare, to deal on credit. (लकीर इत्यादि से) अंकित करना, गणना करना, समान होना या करना, अनुकूल होना, पहिचानकर मिलान करना, उधार का व्यवहार करना ।

Tally-ho-टै-लि-हो -*n.* a huntsman's cry to hounds. कुत्तों को पुकारने की शिकारी की बोली, - *v. t. & i.* to utter sound like this. 'लूहा' 'लूहा', 'लूहा', 'लूहा' का शब्द बोलना ।

Tallyman-टै-लिमैन्-*n.* (*pl.* **Tallymen.**) a pedlar who carries his goods on a stick बहँगी पर सामग्री रखकर बेचनेवाला ।

Tallyshop-टै-लि-शाप् -*n.* a shop at which goods are sold to be paid for by instalments. दूकान जिसमें वस्तु किस्तों में दाम चुकाने की शर्त पर बेची जाती है ।

Talma-टैल्माँ -*n.* a long robe. लम्बा अँगरखा या लबादा ।

Talmi-gold-टैल्-मि'-गोल्ड् -*n.* an article of brass with a thin coating of gold on it. सोने की मुलम्मा किया हुआ पीतल का पात्र ।

Talmud-टॅल्‌द-मड्-*n*. the code of Jewish law. यहूदियों के धर्मशास्त्र की पुस्तक ; **Talmudist** (-इस्ट्)-*n*. one versed in the Talmud. यहूदी धर्म पुस्तक का ज्ञाता।

Talon-टॅलन्-*n*. the claw of a bird of prey, the heel of a sword blade. शिकारी पक्षियों का नख, चंगुल. तलवार की धार का पिछला भाग।

Taloned-टॅलन्ड्-*adj*. furnished with claws. चंगुलदार।

Talpa-टॅल्पॅ-*n*. the genus which includes the mole. छछूँदर जाति के पशु।

Talus-टे-लस्-*n*. the bone of the foot which is articulated to the leg, a rampart. पैर की हड्डी, धुस।

Tamability-टेमबिलिटि -*n*. (also **Tameability**) tamableness. पलुआपन।

Tamable-टेमेब्ल्-*adj*. (also **Tameable.**) that may be tamed or subdued. पालने या अधीन करने योग्य; **Tamableness** (-नॅस्)-*n*. the quality of being tamable. पलुआपन।

Tamandua-टमॅ-न्डुआ-*n*. a kind of ant-eating animal. एक प्रकार का चींटी खानेवाला पशु।

Tamarin-टॅमरिन्-*n*. a kind of South African sqirrel-monkey. दक्षिण अफ्रिका का एक प्रकार का गिलहरी की शकल का बन्दर।


Tamarind-टॅमरिन्ड्-*n*. a tropical leguminous tree. इमली का पेड़।

Tamarisk-टॅम-रिस्क्-*n*. an evergreen shrub. झाऊ का पेड़।

Tambac-टॅम्बक्-*n*. an alloy of copper and zinc. ताँबे और जस्ते के मेल से बनी हुई धातु।

Tambour-टॅम् - बूर् - *n*. a small sieve-like drum, a circular frame in which cloth &c. is stretched to be embroidered. चलनी के आकार की छोटी खँजड़ी; कसीदा काढ़ने के लिये कपड़ा तानने का गोल फ्रेम (ढाँचा); -*v. t.* to decorate or embroider. कसीदा काढ़ना।

Tambourine-टाम्बू(-म्बु)रीन् -*n*. a small shallow drum with loose jingling metal disks. झाँझ लगा हुआ डफ़, खँजड़ी, चङ्ग।


Tambourine.

Tame-टेम् -*adj*. domesticated, not wild, spiritless पलुआ, पालतू, निःसत्त्व (निस्तेज, मन्द) ;-*v. t.* to subdue, to domesticate, to humble. वश में करना, पलुआ बनाना, विनीत करना; **Tameless** (-लॅस्) - *adj*. untamable, wild. जंगली, पलुआ न बनाया हुआ,; **Tamely** (-लि) *adv*. in a tame manner. पलुएपन से, निःसत्त्व से; **Tameness** (-नॅस्) -*n*. want of spirit. तेजहीनता, पलुआपन; **Tamer** (-अर्)-*n*. one who tames. पालनेवाला।

Tamin(e-) टॅमिन्-*n*. a fine thin glazed mixed woollen & silken stuff. बढ़िया पतला चमकदार ऊन और रेशम की मिलावट का कपड़ा।

Tamkin-टॅम्'-किन्-*n*. a cannon stopper. तोप का डट्टा।

Tam-o'shanter-टॅम्- -शॅन्टर्-*n*. a broad cap of knitted wool. बिने हुए ऊन की चौड़ी टोपी।

Tampan-टॅम्-पॅन्-*n*. a kind of venomous snake. एक प्रकार का विषैला सर्प।

Tamper-टॅम्पर्-*v.t.* & *i*. to meddle, to make unauthorized changes in a document, to practise secretly. दूषित करना, लिखित पत्र में चोरी से अदल-बदल करना, गुप्त व्यवहार करना; **Tamperer** (-अर्)-*n*. one who tampers. दूषित करनेवाला, लेख में चोरी से हेर-फेर करनेवाला

Tampion-टॅम्पिअन्-*n*. a plug for the muzzle of a cannon. तोप का डट्टा।

Tampon-टॅम्पॅन्-*n*. a plug used to stop the flow of blood. रुधिर के प्रवाह को रोकने का गद्दा;-*v. t.* to check the flow of blood by a tampon. इस प्रकार के गद्दे से रुधिर का प्रवाह रोकना।

Tamponade-टॅम्पॅनेड्-*n*.the use of a tampon for a wound. घाव के लिये रुधिर रोकने के गद्दे का प्रयोग।

Tan-टॅन्-*v.t.*&*i*. (*p. t.* **Tanned.**) to convert raw hide into leather, to make or become brown. चमड़े को कमाना, धूप से भूरा होना या करना;-*n*. the bark used in the process of tanning. चमड़ा कमाने की (बबूल इत्यादि की) छाल -*adj*. brown. भूरा; **Tan-bed** (-बॅड्)-*n*. a bed made of tan-bark. चमड़ा कमाने की छाल की बनी हुई चटाई।


Tandem-टॅन्'-डॅम्-*adj.*&*n*. with two horses one behind the other, a two-wheeled carriage with a pair of horses harnessed one behind the other. टमटम गाड़ी जिसमें दो घोड़े एक के पीछे दूसरे जुते होते हैं।

Tang-टॅङ्ग्-*n*. a point or projection, tapering part of a tool which fits into a handle, a strong taste, flavour, a twanging sound, नोक, हथियार की डाँस, तीव्र स्वाद या गन्ध, झन-झनाहट का शब्द; -*v.t.* to furnish with a tang, to twang. डाँस बैठाना, झनकार का शब्द करना।

Tangency-टॅन्जॅन्सि-*n*. the state of being a

tangent. सम्पर्क, स्पर्श रेखिता।

Tangent-टैन्जेन्ट्-*n.* a straight line which touches a circle but being produced does not cut it. स्पर्श-रेखा, सम्पाति रेखा।



Tangent.

Tangential-टैन्जेन्शल् -*adj.* pertaining to tangent. स्पर्श-रेखा-सम्बन्धी **Tangentially** (-लि)-*adv.* in the direction of a tangent. स्पर्श रेखा की दिशा में।

Tangibility-see **Tangible.**

Tangible-टैन्'-जि- बल्-*adj.* perceptible by touch that may be realized, clearly intelligible, corporal. स्पर्शनीय, स्पष्ट, प्रकट (व्यक्त), शारीरिक; **Tangibility** (-बिलिटि),**Tangibleness** (-नेस्)-*ns.* the quality of being tangible. स्पर्शनीयता; **Tangibly** (-ब्लि)-*adv.* in a tangible manner. स्पष्ट रूप से।

Tangle-टैङ्गल्-*v. t. & i.* to knit together confusedly, to interweave, to be entangled. उलझन के साथ बुनना या फँसाना, उलझना;-*n.* a knot of things united confusedly. उलझन, फट।

Tangled-टैङ्ग्-ल्ड्-*adj.* knitted. उलझा हुआ।

Tanglingly-टैङ्ग्-लिङ्ग्-लि-*adv.* in a tangling manner. उलझा हुआ, फँसा हुआ।

Tangly-टैङ्ग्-लि-*adj.* tangled. उलझनदार।

Tango-टैङ्गो-*n.* a kind of dance. एक प्रकार का नाच।

Tangram-टैङ्ग्-ग्रैम्-*n.* a square cut into seven pieces which may be combined to form various shapes. एक चतुर्भुज जिसको सात टुकड़ों में काटने पर इनसे अनेक आकृतियाँ बनती हैं।

Tan-house-टैन्'-हाउस्-*n.* a building in which tanner's bark is stored. मकान जिसमें चमड़ा कमानेवाले की छाल रक्खी हो।

Tank-टैङ्क्-*n.* a large wooden or metal basin, a reservoir, a locomotive boiler, an armoured car. लकड़ी या धातु का बड़ा पात्र, जलाशय, बावली, तालाब, इन्जन की टंकी, सब सामग्री-युक्त फौजी मोटर गाड़ी।

Tankage-टैङ्केज्-*n.* storing in tanks, charge for this storage, the capacity of a tank, residue from tanks. तालाब में पानी जमा करने का काम, इस जमाव के लिये कर या शुल्क, तालाब की जलशक्ति, तालाबों की छाँछ।

Tankard-टैङ्कर्ड्-*n.* a large drinking vessel. चषक, जल पीने का बड़ा बर्तन।

Tanker-टैङ्कर्-*n.* a ship with a tank for carrying petroleum. मिट्टी का तेल ले जाने का जहाज़।

Tannable-टैन्'-ऐब्-ल्-*adj.* able to be tanned. चमड़ा कमाने योग्य।

Tannage-टैन् - ऐज् - *n.* materials used in tanning. चमड़ा कमाने का सामान।

Tanner-टैनर्-*n.* one whose occupation is to tan hides. चमड़ा कमानेवाला।

Tannery-टैनरि-*n.* a tanning manufactory. चमड़ा कमाने का कारखाना।

Tannic-टै-निक्-*adj.* pertaining to tannin चमड़ा कमानेवाले वानस्पतिक पदार्थ से सम्बन्धित **Tannic acid** (tannin.) उक्त पदार्थ का तेज़ाब।

Tanning-टै-निङ्ग् -*n.* the art of converting raw hide into leather. कच्चे चमड़े को कमाने की कला।

Tansy-टैन्'-ज़ि-*n.* a kind of bitter aromatic plant. एक प्रकार का पौधा।

Tantalism-टैन्'-टै-लिज़्म्-*n.* punishment of Tantalus, son of Zeus, teasing, act of tantalizing. ज़ीअस के पुत्र टैन्टलस का दण्ड, तरसाने या चिढ़ाने या तंग करने का काम।

Tantalization-टैन्टलाइज़ेशन् - *n.* the act of tantalizing. तरसाव, ललचाव, चिढ़ाव।

Tantalize-टैन्ट-लाइज़् -*v. t.* to torment, to tease with vain hopes. सताना, चिढ़ाना, तरसाना (ललचाना), आशा बढ़ाकर पूर्ण न करना।

Tantalizer-टैन्ट - लाइज़र्-*n.* one who tantalizes. तरसानेवाला; **Tantalizing** (-इङ्ग्) -*adj.& n.* teasing, act of tormenting. कष्ट-कर, दिक करने का काम।

Tantalum-टैन्टै - लम्-*n.* a precious metal. एक बहुमूल्य धातु।

Tantamount-टैन्ट-अ-माउन्ट्-*adj.* equivalent. समान, तुल्य।

Tantivy-टैन्टिवि-*n.* a hunting cry, a swift movement. शिकारियों का शब्द, तीव्र गति; -*v. i.* to hurry. तेजी करना;-*adv.* with great speed. तीव्र गति से।

Tantrum-टैन्'-ट्रम्-*n.* a fit of ill-temper. आवेश, क्रोध।

Tanyard-टैन्'-यार्ड्-*n.* an enclosure where hides are tanned. चमड़ा कमाने का बाड़ा।

Tap-टैप्-*n.* a gentle or slight blow with a thing, a tool for cutting screws, a short pipe. थपथपाहट, पेंच बनाने का हथियार, छोटी नली, टोंटी;-*v. t. &i.* (*p.t.* **Tapped.**) to touch

gently, to strike with something small, to pierce a cask, to bore into. थपथपाना, छोटी वस्तु से मारना, पीपे में छेद करना।

Tap-borer-टॅप्-बोर्-अर्-*n.* a gimlet. गिलमिट्, छेद करने का यन्त्र।

Tape-टेप्-*n.* a narrow band of woven cloth. फ़ीता, पट्टी;-*v. t.* to bind with a tape. फीते से बाँधना; **Tape measure** (a tape used in measuring.) नापने का फ़ीता; **To breast the tape** (to win in racing.) दौड़ में जीतना।

Taper-टेपर्-*n.* a thin wax candle, a small light. छोटी पतली मोमबत्ती, छोटा प्रकाश;-*adj.* conical, thinner at one end. शुण्डाकृति, गावदुम (किनारे पर नुकीला);-*v. i. & t.* to become thinner at one end. एक किनारे पर नुकीला या गावदुम होना ; **Tapering** (-इङ्ग्) -*adj.* gradually diminishing at one end. गावदुम आकार का;**Taperingly**(-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a tapering manner. गावदुम आकार में; **Taperness** (-नेस्) -*n.* the state of being tapering. नुकीलापन, शुण्डाकृति।

Tapestried-टॅपिस्ट्रीड्-*adj.*fitted with tapestry. पिछवई लगी हुई।

Tapestry-टॅ-प-स्ट्रि-*n.* a hand woven pictorial fabric used for covering walls, furniture &c. तसवीर बना हुआ पिछवई का कपड़ा।

Tape-worm-टेप्'-वर्म्-*n.* a parasite worm of the form of a tape. चिपटे आकार का केंचुआ।

Tapir-टे'-प-र्-*n.* a hoofed mammal like a rhinoceros. गैंडे के प्रकार का एक खुरवाला स्तनीय पशु।

Tapis-टॅपिस्, (also-टॅपि)-*n.* a carpet, tapestry, a cover for a table. गलीचा, पिछवई, मेज़पोश।

Tappet-टॅपिट्-*n.* a small lever on a moving shaft. यन्त्र में चलते हुये डण्डे का छोटा जोड़।

Tapping-टॅपिङ्ग्-*n.* the operation of drawing fluid matter accumulated in the body. शरीर में का संचित तरल पदार्थ निकालने की जर्राही क्रिया।

Tap-room-टॅप्'-रूम्-*n.* a room in which liquor is sold or drunk. मदिरा पीने या बेचने का घर।

Tap-rate-टॅप्'-रेट्'-*n.* the current rate. चालू दर।

Tap-root-टॅप्'-रूट्-*n.* the main root of a plant which sinks deep into the ground. पौधे की प्रधान जड़ जो पृथ्वी में गहरी धँसी होती है, मूसला जड़।

Tapster-टॅप्'-स्टर्-*n.* one whose business is to draw ale. मदिरा निकालनेवाला।

Tar-टार्-*n.* a black viscous substance got by distillation of wood, coal &c., a sailor. तारकोल, अलकतरा, बिरोजा, मल्लाह, केवट:-*v. t.* (*p. t.* **Tarred.**) to cover with tar. तारकोल या अलकतरा पोतना या लगाना; **Tarry** (-रि) -*adj.* smeared with tar. तारकोल या अलकतरा पोता हुआ।

Tarantism-टॅरन्टिज़्म्-*n.* a dancing mania. नाचने की धुन।

Tarantula-टरॅन्ट्युलॅ-*n.* a kind of large poisonous spider. एक प्रकार का बड़ा विषैला मकड़ी।

Taraxacum-टॅरॅक्स्-अ-कम्-*n.* a kind of flowering plant from the roots of which a tonic laxative drug is prepared. एक प्रकार का फूलनेवाला पौधा जिसकी जड़ों से ताकतवर जुलाब की या दस्तावर दवा बनाई जाती है।

Tarboosh-टॅबू्शू-*n.* the inner part of a turban, a cap like fez. पगड़ी का भीतरी भाग, एक प्रकार की मुसलमानी टोपी।

Tardigrade-टार्डि-ग्रेड् - *adj.* moving slowly. धीरे-धीरे चलनेवाला।

Tardily-टार्डिलि -*adv.* in a tardy manner. मन्दता से; **Tardiness** (-नस्)-*n.* the state of being tardy, sluggishness. मन्दता, धीमापन।

Tardy-टार्डि-*adj.* (*comp.* **Tardier,** *sup.* **Tardiest.**) slow-moving, sluggish, reluctant. दीर्घसूत्री, मन्द, धीमा, विलम्बी।

Tare-टेअर्-*n.* a weed that grows amongst corn, an allowance made from the gross weight of goods. अन्न के बीच में उगनेवाली एक प्रकार की घास, किसी पदार्थ के भार से घटाया जानेवाला पात्र का भार; **Average tare** (the weight of a vehicle without any load.) बिना बोझ लदी गाड़ी का वज़न।

Target-टार्'-गट्-*n.* a small round shield, a mark to fire at. छोटी गोल ढाल, गोली चलाने का निशाना या लक्ष्य; **Targeted** (-एंड्) - *adj.* furnished with a target. ढाल लगाये हुए।

Tariff-टॅ-रिफ़्-*n.* a list of table of duties or customs to be paid on exportation and importation, a list of charges. शुल्क-सूची, चुङ्गी की दर की सूची, निर्खनामा, भाव की दर; -*v. t.* to put a valuation on. चुङ्गी निर्धारित करना; **Preferential tariff** (reduced duties or allowance of duties on goods imported from a favoured country.) किसी विशिष्ट देश से आई हुई वस्तु पर कम चुङ्गी या चुङ्गी की छूट।

Tarlatan-टार्लेटन्-*n*. a kind of very thin muslin. एक प्रकार का बहुत वारीक मलमल या आबेरवाँ।

Tarn-टार्न्-*n*. a small mountain lake, a marsh. पहाड़ी झील, दलदल।

Tarnation-टार्-ने-शन्-*n*. damnation. सत्यानाश।

Tarnish-टार्निश्-*v. t.* & *i.* to destroy lustre, to become dull. चमक हटाना, मलिन करना या होना, धुँधला होना; **Tarnishable** (-एँ-ब्ल्) -*adj*. able to be tarnished. धुँधला या मलिन होने योग्य।

Tarot-टॅरॅ-*n*. a kind of card game. एक प्रकार का ताश का खेल।

Tarpan-टॅर्-पॅन्-*n*. the wild horse of Central Asia. मध्य एशिया का जङ्गली घोड़ा।

Tarpaulin-टार्-पॉ-लिन्-*n*. tar-covered water proof canvas, a sailor. अलकतरा पोता हुआ किर्मिच, मल्लाह।

Tarpon-टार्'-पॅन्-*n*. the jew-fish. एक प्रकार की मछली।

Tarrace-टॅरॅस्-*n*. a volcanic earth used as cement. ज्वालामुखी पर्वत से निकली हुई मिट्टी जो जोड़ने के काम में आती है।

Tarragon-टॅ-र'-अ-गन्-*n*. a savoury herb. एक स्वादिष्ट शाक।

Tarrier-टॅ-रि-अर्-*n*. one who tarries. विलम्ब करनेवाला।

Tarry-टॅ-रि-*v. t.* (*p. t.* **Tarried.**) to stay, to remain behind, to wait for, to delay. रुकना, ठहरना, देर करना, विलम्ब करना।

Tarsal-टार्सल्-*adj*. pertaining to tarsus. पैर की नली के निचले भाग से सम्बन्धित।

Tarsia-टार्-सि-ऑ-*n*. a beautiful kind of mosaic wood-work. लकड़ी में सुन्दर खुदाई का काम।

Tarsus-टार्सस्-*n*. the part of the foot to which the leg is articulated. एँड़ी और नली के बीच का पैर का भाग।

Tarsalgia-टॅर्सैल्जिआ-*n*. pain in the tarsus. पैर की नली की पीड़ा।

Tart-टार्ट्-*adj*. of sharp taste, acid, severe. तीखा, खट्टा, चरपरा;-*n*. a flat, crustless sweet fruit pie. मीठे फल की बिना पपड़ी की कचौड़ी।

Tartan-टार्टन्-*n*. a checkered or striped woollen fabric of various patterns. ऊनी चारखाना या पट्टीदार वस्त्र;-*n*. a kind of small coasting vessel. एक प्रकार का छोटा जहाज।

Tartar-टार्टर्-*n*. a native of Tartary, an acid salt deposit from fermented wine, concretion which incrusts the teeth. टार्टरी देश वासी, मदिरा की क्षारीय तलछट जो नीचे जम जाती है, दाँत की मैल; **To catch a Tartar** (to quarrel with a very strong enemy.) अति प्रबल शत्रु से झगड़ा करना।

Tartarean-टार्'-टे-रिअन्-*adj*. pertaining to the infernal regions. नरक सम्बन्धी।

Tartaric-टार्-टॅ-रिक्, **Tartareous**(-रस्)-*adj*. obtained from tartar. क्षारीय।

Tartarin-टार्टरिन्-*n*. potash. पोटास।

Tartarization-टार्टराइजेशन्-*n*. the act of reducing to tartar. क्षार बन जाने का कार्य।

Tartarize-टार्टराइज़्-*v. t.* to impregnate with tartar, to convert into a Tartar. क्षारपूर्ण करना, तातारी बनाना।

Tartarous-टार्टरस्-*adj*. containing tartar. क्षार युक्त।

Tartarus-टार्टरस् -*n*. the infernal regions of ancient Greek & Roman mythology. प्राचीन यूनानी तथा रूमी धर्मग्रन्थों का पाताल लोक।

Tartish-टार्टिश्-*adj*. somewhat tart. कुछ तीखा या चरपरा।

Tartly-टार्ट्लि-*adv*. smartly or abruptly. तीक्ष्णता से, तीखेपन से; **Tartness** (-नेस्)-*n*. sharpness to the taste. स्वाद में तीखापन या चरपरापन

Tartuffe-टार्ट्यूफ़्-*n*. a religious hypocrite. धर्मद्वेषी, पाखण्डी; **Tartuffish** (- इश्) - *adj*. hypocritical. पाखण्डी।

Tasimeter-टासिमिटर्-*n*. an electrical instrument for determining variations in temperature. तापमान का अन्तर जानने का बिजली का एक यन्त्र

Task-टास्क्-*n*. a business imposed by another a lesson to be learnt at school, specific work, voluntary work. कार्य (काम, कर्तव्य), पाठ, परिश्रम, धन्धा;-*v.t.* to exact labour from, to impose a task on. कार्य में नियुक्त करना, मेहनत लेना, काम करना।

Tasker-टास्कर्-*n*. one who imposes a task. काम सौंपनेवाला; **Taskmaster** (-मास्टर्)-*n*. a man who assigns work to be done. काम लेनेवाला, काम में लगानेवाला; **Taskwork** (-वर्क) -*n*. a piece of work given as a task, forced labour, oppressive work. दिया गया कार्य, धन्धा, जबर्दस्ती लिया गया श्रम, कष्टकारक कार्य।

Tass-टॅस्-*n*. a drinking-cup. प्याला, कटोरी।

Tassel-टॅस्-ल्-*n*. a pendent ornament, a ribbon sewn in a book serving as a book-mark. झब्बा (फुँदना, लटकन), किताब में सिला

हुआ फीता; **Tasselled** (-ड्)-*adj.* adorned with tassels. फुँदनों या झब्बों से अलंकृत ।

Tastable-टेस्टे-ब्ल्-*adj.* (also Tasteable) able to be tasted, savoury. स्वाद लेने योग्य ।

Taste-टेस्ट्-*n.* the sense by which we taste, relish, judgment, style, manner, choice, flavour, liking. रसनेन्द्रिय, स्वाद, रस, निर्णय, प्रचलित ढंग या तरीका, रुचि, प्रवृत्ति, चाट ; *v. t. & i.* to perceive by the tongue and palate, to try the relish of, to eat a little, to experience, to enjoy. स्वाद लेना, चखना, थोड़ा खाना, अनुभव करना, आनन्द लेना; **A man of taste** (one possessing a good taste.) रसिक; **Devoid of taste** (destitue of good taste.) अरसिक ; **Tasteful** (-.फुल्) *-adj.* savoury, done in good taste. रुचिकर, स्वादिष्ट, जायकेदार, मनोहर (हृदयग्राही); **Tastefully** (-लि)-*adv.* in a tasteful manner. रुचि से, स्वाद से; **Tastefulness** (-फुल्-नेस्)-*n.* the quality of being tasteful. स्वादिष्टता ; **Tasteless** (-लेस्)-*adj.* having no taste, insipid. रसहीन (बेस्वाद), नीरस (फ़ीका); **Tastelessly** (-लस्-लि)-*adv.* in a tasteless manner. रसहीनता से; **Tastelessness** (-लेस्-नेस)-*n.* the quality of being tasteless. रसहीनता; **Taster** (-अर्)-*n.* a person employed to taste food. (आस्वादक) भोजन का स्वाद लेनेवाला मनुष्य; **Tastilly** (-इ-लि)-*adv.* with good taste. स्वाद से; **Tasty** (-इ)-*adj.* of good taste, savoury. सुरस, स्वादिष्ट, स्वादपूर्ण ।

Ta-ta-टा-टा-*interj.* good-bye. विदाई के समय का नमस्कार ।

Tatter-टैं-टर्-*n.* a rag or part torn. चीर, चिथड़ा, फटन

Tattered-टैं-टर्ड्-*adj.* ragged. फटा हुआ ।

Tattery-टैंटरि-*adj.* tattered. फटन का, फटा हुआ ।

Tatting-टैं-टिङ्ग्-*n.* trimmings for woven work. किनारी, झालर ।

Tattle-टैं-ट्ल्-*n.* idle talk, trifling talk. बड़बड़, बकवाद;-*v. i.* to talk idly, to prattle, to tell secrets. बड़बड़ करना (गप करना), बकवाद करना, भेद बताना ।

Tattler-टैंट्-लर्-*n.* an idle talker. बड़बड़िया, बकवादी; **Tattlery** (-इ)-*n.* an idle talk. गप्प, बकवाद; **Tattling** (-इङ्ग्)-*n.* tattle. बकवाद ।

Tattoo-टैटू-*n.* (*pl.* **Tattooes.**) a beat of drum for recalling soldiers to the head-quarters, a mark or figure made on the body by punctures and stains. सैनिकों को डेरे पर बुलाने के लिये नगाड़ा बजना, गोदना;-*v. t. & i.* to beat the drum, to puncture the skin with indelible patterns. नगाड़ा बजाना, गोदना गोदना ।

Taube-टाउब्-*n.* a type of German aeroplane. एक प्रकार का जर्मनी का हवाई जहाज़ ।

Taught-टॉट्-*p. t. & p. p.* of Teach. सिखाया ।

Taunt-टॉन्ट्-*n.* sarcastic reproach, upbraid, insulting words. निन्दा, आक्षेप, तिरस्कार;-*adj.* tall. लम्बा, ऊँचा; -*v. t.* to reproach, to revile. निन्दा करना, तिरस्कार करना, ताना मारना; **Taunter** (-अर्)-*n.* one who taunts. निन्दक, निन्दा करनेवाला; **Taunting** (-इङ्ग्) -*adj.* sarcastic. आक्षेपयुक्त, ताने का; **Tauntingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a sarcastic manner आक्षेप से, निन्दा से ।

Taurian-टॉ-रि-अन्-*adj.* of a bull. साँड़ का ।

Taurine-ट-राइ-न्-*adj.* relating to a bull. साँड़-सम्बन्धी ।

Tauromachy-टॅ-रॅ-म-कि-*n.* a bullfight. साँड़ की लड़ाई ।

Taurus-टॉ-रस्-*n.* the second sign of the zodiac. वृष राशि ।

Taut-टॉट्-*adj.* tight, secure. कसा या तना हुआ, दृढ़ ।

Tauten-टॉट्-न्-*v.t.* to make tight कसा बनाना ।

Tautological-टॉटलॅजिकल्-*adj.* of repetition of the same thing. पुनरुक्ति-सम्बन्धी ; **Tautologically** (-लि)-*adv.* in a tautological manner. पुनरुक्ति की रीति से ।

Tautologist-टॉटॅलॅजिस्ट्-*n.* one who uses tautology. पुनरुक्ति का व्यवहार करनेवाला ।

Tautologize-टॉटॅलॅजाइज़्-*v. i.* to repeat the same thing in different words. भिन्न-भिन्न शब्दों में एक ही बात को दुहराना ।

Tautologous-टॉटलॅगस्-*adj.* repeating the same thing. पुनरुक्ति करनेवाला ।

Tautology-टॉटॅलॅजि-*n.* a repetition of the same meaning in different words. पुनरुक्ति, एक ही बात को भिन्न-भिन्न शब्दों में कथन ।

Tautophony-टॉटोफॅनि-*n.* repetition of the same sound. एक ही शब्द की पुनरुक्ति ।

Tavern-टैवर्न्-*n.* a public house where liquors are sold, an inn. शराबखाना, पथिकाश्रम, सराय; **Taverner** (-अर्)-*n.* one who keeps a tavern. भठियारा; **Taverning** (-इङ्ग्) -*n.* a feasting at taverns. सराय में भोजन करना

Taw-टॉ-*n.* a play at marbles. अण्टा या गोली का एक खेल;-*v. t.* to dresss skin into white leather. चमड़े को कमाकर सफेद करना ।

Tawdrily-टॉ-ड्रि-लि-*adv*. in a gaudy manner. आडम्बर से, दिखाव से; **Tawdriness** (-नस्)-*n*. gaudiness, showiness. बाह्य शोभा, दिखावट।

Tawdry-टॉ-ड्रि-*adj*. gaudy, showy, falsely showy. आडम्बरी, दिखाऊ, मिथ्या शोभा का।

Tawer-टॉ-अर्-*n*. one who dresses white leather. सफेद चमड़ा कमानेवाला।

Tawniness-टॉ-नि-नस्-*n*. the quality of being tawny. भूरापन।

Tawny-टॉ-नि-*adj*. (*comp*. **Tawnier**, *sup*. **Tawniest**.) brownish, yellow.

Tawse-टॉज़्-*n*. a thick leather strap. मोटे चमड़े की चमोटी।

Tax-टैक्स्-*n*. a rate or sum of money levied on persons or property for the benefit of the state. राज्य-शुल्क, कर, टैक्स, महसूल;-*v. t*. to impose tax, to charge, to censure. कर लगाना, अत्यन्त पीड़ा देना, निन्दा करना (दोष लगाना); **Direct tax** (a tax levied directly.) प्रत्यक्ष कर; **Income tax** (a tax imposed on incomes.) आयकर; **Indirect tax** (a tax levied in an indirect manner.) अप्रत्यक्ष कर; **Tax-free** (free from taxes.) निःशुल्क।

Taxability-टैक्सें बिलिटि-*n*.the state of being taxable. कर लगाये जाने योग्य स्थिति।

Taxable-टैक्सें-बल्-*adj*. liable to assessment of taxes. कर लगने योग्य; **Taxably** (-इ)-*adv*. in a taxable manner. कर लगने की योग्यता से।

Taxation-टैक्सेशन्-*n*. the act of taxing, sum imposed, charge. कर-निर्धारण, कर-स्थापन।

Taxer-टैक्सर्-*n*. one who taxes. कष्ट देनेवाला।

Tax-gatherer-टैक्स्'-गैदरर्-*n*. collector of taxes. कर वसूल करनेवाला।

Taxi-टैक्सि-*n*. a motor-cab plying on hire. भाड़े पर चलनेवाली मोटर गाड़ी; **Taxi-man** (a taxi-cab driver.) भाड़े की मोटर हाँकनेवाला।

Taxidermal-टैक्स्'-इ-डर्-मल् - *adj*. pertaining to taxidermy. पशुओं की खाल में मसाला भरने की कला सम्बन्धी; **Taxidermist** (-मिस्ट्) -*n*. one who is skilled in taxidermy. पशुओं की खाल में मसाला भरकर वास्तविक रूप में तैयार करने की कला में निपुण; **Taxidermy** (-मि)-*n*. the art of preseving and preparing the skins of animals so as to represent their natural appearance. पशुओं की खाल में मसाला लगाकर वास्तविक रूप में तैयार करने की कला।

Taximeter-टैक्सि-मि-टर्-*n*. an automatic device fitted in a taxi-cab for measuring distance and recording fare. मोटर गाड़ी में लगा हुआ यन्त्र जिसमें दूरी तथा भाड़ा अंकित रहता है।

Taxis-टैक्सिस्-*n*. a surgical operation for restoring parts of the body to their places. अङ्गों के भाग को यथास्थान बैठाने की जर्राही विधि।

Taxonomy - टाक्सॅनॉमि-*n*. the principle of classifying plants and animals. वनस्पतियों तथा पशुओं को वर्गों में विभक्त करने का सिद्धान्त।

Tazza-टीर्ज़ा - *n*. a saucer-shaped vessel mounted on a foot. एक प्रकार का गोड़ीदार प्याला।

T-bandage-टी-बैन्ड्'-एॅज्-*n*. a bandage in the form of T. टी अक्षर के आकार की बाँधने की पट्टी।

Tea-टी-*n*. the dry leaves of a plant of the camellia family, decoction of dried tea-leaves. चाय;-*v. i*. to drink tea. चाय पीना; **A storm in a tea-cup** (an agitation about trivial matters.) छोटी-छोटी बातों पर बड़ा झमेला; **Tea-cup** (a small cup used for drinking tea.) चाय पीने का प्याला; **Tea-spoon** (-स्पून्)-*n*. a spoon of one dram of liquid used for drinking tea. चाय पीने का एक ड्राम का चम्मच।

Teach-टीच्-*v. t*. (*p. t. & p. p.* **Taught**.) to instruct, to inform, to give lessons at school, to admonish, to make familiar, to counsel. उपदेश देना, सूचना देना, स्कूल में पाठ पढ़ाना, सचेत करना, कान खोलना, परिचित कराना, सलाह देना; **Teachability** (-ऍबिलिटि) -*n*. ability to be instructed. पढ़ाने या सिखलाये जाने की योग्यता; **Teachable** (-ऍबल्)-*adj* capable of being taught, docile. पढ़ाने या सिखलाने योग्य; **Teachableness** (-नॅस्) पढ़ाने की योग्यता।

Teacher-टीचर्-*n*. an instructor, a preceptor. अध्यापक, शिक्षक, गुरु; **Teachership** (-शिप्)-*n*. the office of a teacher. अध्यापक का पद; **Teaching** (-इङ्ग्)-*n*. instruction. अध्यापन, शिक्षा, उपदेश; **Teachless** (-लॅस्)-*adj*. unteachable. शिक्षा न देने योग्य।

Teague-टीग्-*n*. an Irishman (in contempt.) आयरलैंड-निवासी (तिरस्कार का शब्द)।

Teak-टीक्-*n*. a tropical tree producing hard wood, timber of this tree. सागौन का वृक्ष, सागवान की लकड़ी।

Teal-टील्-*n*. (*pl*. **Teal**.) a kind of small duck. एक प्रकार का छोटा बत्तक।

Team-टीम्-*n*. two or more horses, oxen &c. harnessed together, a company, a set of

players on one side of a game, e.g. football, cricket &c. एक साथ जोते हुए दो या अधिक घोड़े, बैल इत्यादि, समुदाय, खिलाड़ियों का एक ओर का दल; -v. t. to harness together. एक साथ जोतना ; Teamster (-स्टर्) -n. one who drives team. घोड़े, बैल इत्यादि की जोड़ी हाँकनेवाला; Team work (-वर्क्)-n. work done by a team. घोड़े, बैल इत्यादि की जोड़ी या आदमियों की टोली से किया हुआ काम ।

Tea-pot-टी'-पॉट्-n. a vessel in which tea is prepared. चाय बनाने का पात्र ।

Teapoy-टी'-पॉय्-n. a small three or four-legged table for a tea tray. तिपाई, चाय पीने की छोटी चौकी ।

Tear-टिअर्-n. a drop of liquid secreted by the lachrymal glands. अश्रु, नयनवारि, आँसू; Flood of tears (flow of tears.) अश्रुधारा; Tearful (-फुल्)-adj. weeping, shedding tears. अश्रुपूर्ण, रोता हुआ; Tearfully (-फुलि) -adv. in a weeping manner. रोते हुए; Tearless (-लेस्)-adj.shedding no tears, without tears. आँसू न गिराता हुआ, अश्रु-हीन ।

Tear-टेअर् v. t. & i. (p. t. Tore, p. p. Torn) to separate by violence or pulling, to rend, to make hole. विदीर्ण करना, चीरना, फाड़ना; -n. a rent. फटन, फटाव; To tear away (to pull violently.) वेग से झटका देना; To tear from (to take away by force, to snatch.) वेग से हटाना, छीनना; To tear off (to pull off violently.) झटके से खींचना; To tear to pieces (to separate in fragments.) टुकड़े-टुकड़े करना; To tear up (to root out, to destroy.) जड़ से उखाड़ना, नष्ट करना; Tearer (-अर्)-n. one who rents anything. फाड़नेवाला; Tearing (-इङ्ग्)-adj. violent. तीव्र ।

Tease-टीज़्-v. t. to comb wool or flax, to vex with jests, to scratch, to importune. ऊन या सन को सँवारना, कंघी करना या सुलझाना, पीड़ा देना, दिक करना, खरोचना, चिढ़ाना ।

Teasel, Teazel-टीज़ल्-n. a kind of plant with large prickly heads used in raising a nap cloth. काँटेदार सिरेवाला पौधा जो सूती कपड़े पर ऊनी रोएँ के समान सतह बनाने में प्रयुक्त होता है ।

Teaser-टीज़र्-n. a teasing person. चिढ़ानेवाला मनुष्य ।

Teat-टीट्-n. the projecting part of the nipple of the breast. स्तन का अग्रभाग, चूचुक; Teatlike (like a nipple.) चूची के समान ।

Teathe-टीद्-v. t. to manure land by live stock. पशुओं को बैठाकर खेत जोरदार करना ।

Techily-टे-चि-लि-adv. fretfully. चिड़चिड़ाहट से; Techiness (-चि-नेस्) -n. peevishness, fretfulness. चिड़चिड़ाहट, झुँझलाहट ।

Technic-टेक्-निक्-n. a technical art or skill, विशिष्ट कला या विद्या; Technical (-अल्)-adj. pertaining to science, art or handicraft, of terms used in a particular signification. विशेष कला या शास्त्र सम्बन्धी, पारिभाषिक (सांकेतिक); Technicality (-ऑल्-इ-टि)-n. anything peculiar to an art or science किसी कला या विद्या की विशिष्टता, परिभाषा; Technically (-अलि) -adv. in a technical manner. परिभाषानुसार ।

Technics-टेक्-निक्स्-n. the doctrine of arts in general. कलाओं का सामान्य सिद्धान्त, कलाओं की विद्या ।

Technique-टेक्-नीक्' -n. mechanical art or skill. यन्त्र-कला ।

Technological-टेक्-नॅ-लॅजिकल्-adj. pertaining to technology. कला-विवरण सम्बन्धी; Technologist (-जिस्ट्)-n. one skilled in technology. शिल्प कला विज्ञान में निपुण; Technology (-जि)-n. the science of the industrial arts. शिल्प कला विज्ञान ।

Techy-टेच्-इ - adj. (comp. Techier, sup. Techiest.) peevish, irritable. चिड़चिड़ा, क्रोधी ।

Tectonic-टेक् - टॅनिक् - adj. pertaining to building. इमारत सम्बन्धी ।

Ted-टेड्-v. t. (p. t. Tedded) to spread grass for drying. सुखाने के लिये घास फैलाना; Tedder (-डर्)-n. one who teds, a machine for spreading grass. सुखाने के लिये घास फैलानेवाला आदमी, घास फैलाने का यन्त्र; Te-Deum (टी-डी'-अम्)-n. a hymn sung on happy occasions as thanks-giving. आनन्द के अवसर पर धन्यवाद के लिये गाया गया भजन।

Tedious-टी-डि-अस्-adj. wearisome, tiresome irksome, slow. श्रम करनेवाला, थकानेवाला, मन्द (दीर्घसूत्री), धीमा; Tediously (-लि), -adv. in a way so as to weary. थकाते हुए; Tediousness (-नेस्) -n. the quality of being tedious. श्रमकारिता, क्लान्तिकारिता ।

Tedium-टी-डि-अम्-n. irksomeness, wearisomeness. थकावट, उतावलापन ।

Tee-टी-adj. shaped like the letter T. 'टी' अक्षर के आकार का ।

Hat हॅट् : Hot हॉट् : Measure मेंज़र

Teem-टीम्-*v. i. & t.* to bring forth young, to be pregnant, to bear offspring, to abound, to pour out, to empty. बच्चा जनना, गर्भ धारण करना, गर्भिणी होना, बहुतायत से उत्पन्न करना, उँड़ेलना, खाली करना।

Teemer-टीमर्-*n.* one who brings forth young. बच्चा पैदा करनेवाली स्त्री।

Teemful-टीम्'-फुल्-*adj.* pregnant. गर्भवती।

Teeming-टीमिङ्ग्-*adj.* producing young one, fruitful. बच्चा पैदा करनेवाली, गर्भपूर्ण, परिपूर्ण।

Teemless-टीम्'-लेस्-*adj.* barren. ऊसर, बाँझ, फल-रहित।

Teen-टीन्-*n.* affliction, injury, damage, irritation, anger, anxiety, ill-will. पीड़ा, चोट, क्षति, सन्ताप, आवेग, क्रोध, चिन्ता, बुराई, जलन।

Teens-टीन्ज़्-*n. pl.* the years of one's age from thirteen to nineteen. तेरह वर्ष से उन्नीस वर्ष तक की अवस्था; **In one's teens** (from thirteen to nineteen years of age.) तरुण अवस्था में (१३ से १९ वर्ष के बीच की अवस्था में)।

Teeth-टीथ्-*n.* (*pl.* of **Tooth**) दाँत; **In the teeth of** (in direct opposition to.) प्रत्यक्ष रूप से विरोध करते हुए।

Teethe-टीद्-*v. i.* to grow or cut teeth. दाँत निकलना।

Teething-टी-दिङ्ग्-*n.* dentition. दाँतों का निकलना।

Teetotal-टी-टो'-टल्-*adj.* pertaining to abstinence from all intoxicating drinks. सब मादक पदार्थों के बहिष्कार से संबंधित; **Teetotalism** (-इज़्म्)-*n.* total abstinence from intoxicating liquors. मादक पदार्थों का पूर्ण बहिष्कार; **Teetotaller** (-अर्)-*n.* one pledged to total abstinence. कभी किसी प्रकार के मादक द्रव्य का व्यवहार न करनेवाला मनुष्य।

Teetotum-टी-टो-टम्-*n.* a kind of children's small toy with numbered sides. लट्टू, फिरकी, चकई।

Teg-टेग्-*n.* a young sheep in the second year. भेड़ का दूसरे वर्ष का छोटा बच्चा

Tegular-टेग्युलर्-*adj.* pertaining to or resembling a tile. खपरैल के आकार या तरह का; **Tegularly** (-लि)-*adv.* in the manner of tiles. खपरैल के आकार में।

Tegument-टेग्युमेन्ट्-*n.* a natural covering. प्राकृतिक आवरण, खाल या कवच; **Tegumental** (-अल्), **Tegumentary**(-अरि)-*adjs.* pertaining to tegument. प्राकृतिक आवरण सम्बन्धी।

Tehee-टीही-*n.* the sound made in laughing. हँसने का शब्द, ही ही; -*v. t.* to laugh with a noise. ही ही करना।

Teil-टील्-*n.* the lime tree. नीबू का वृक्ष।

Teint-टीन्ट्-*n.* colour, tint. रङ्ग।

Teknonymy-टेक्नॉ-नॅ-निमि-*n.* naming of parent from the child. लड़के के नाम से माँ-बाप को पुकारना।

Telary-टेल्-अरि-*adj.* pertaining to a web. जाला सम्बन्धी।

Telegram-टेलिग्रैम्-*n.* a telegraphic message. तार द्वारा समाचार; **Telegrammatic** (-ऐटिक्) or **Telegrammic** (-इक्)-*adjs.* pertaining to telegrams. तार समाचार सम्बन्धी।

Telegraph-टे-लि-ग्राफ़्-*n.* an apparatus for communicating between distant points by electricity. तार; -*v. t. & i.* to send message by telegraph. तार द्वारा समाचार भेजना; **Telegrapher** (-अर्), **Telegraphist** (-इस्ट्) -*ns.* a telegraph operator. तार बाबू; **Telegraphic** (-इक्)-*adj.* pertaining to or communicated by telegraph. तार सम्बन्धी, तार द्वारा भेजा हुआ; **Telegraphically** (-अलि) -*adv.* by telegraph. तार द्वारा।

Telegraphy-टेलिग्रैफ़ि-*n.* the art of working telegraphs. तार द्वारा समाचार भेजने इत्यादि की कला।


Telemeter-टिलॅमिटर्-*n.* an instrument for determining distance. दूरी नापने का यन्त्र; **Telemetry** (-मिट्रि)-*n.* range-finding. दूरी नापने का कार्य।

Teleological-टेलि-ॲलॉजिकल्-*adj.* pertaining to teleology. हेतुविद्या सम्बन्धी; **Teleologist** (-जिस्ट्)-*n.* one who advocates teleology. हेतुविद्या का अनुयायी।

Teleology-टे-लि-ऑ-लॅ-जि-*n.* the doctrine of the final cause of things. हेतुविद्या, मीमांसा।

Telepathy-टेलि'-पथि-*n.* thought transference. मानसिक संक्रमण, दूरस्थित एक मन का दूसरे पर प्रभाव।

Telephone-टेलि-फ़ोन्-*n.* an apparatus for transmitting sound to a distance by means of electricity. बिजली द्वारा शब्द को दूर भेजने का यन्त्र, टेलिफ़ोन; **Telephonic** (-फ़ॅन्-इक्) -*adj.* relating to the telephone. टेलिफ़ोन यन्त्र सम्बन्धी; Tele-


Telephone.

phonically (-अलि)-*adv.* by means of a telephone. टेलिफ़ोन यन्त्र द्वारा; **Telephonist**-(-फ़न्-इस्ट्)-*n.* one who works the telephone. टेलिफ़ोन पर काम करनेवाला; **Telephony** (-फ़ॅन्-इ)-*n.* the business of operating a telephone. टेलिफ़ोन पर काम करने का व्यवसाय ; **Telephonograph** (-फ़ोन्-ऑ-ग्राफ़्) -*n.* an instrument for recording a telephonic message. टेलिफ़ोन के समाचार को अङ्कित करने का यन्त्र।

Telephotograph-टॅ लिफ़ॉटॅ-ग्रैफ़ -*n.* a picture received by means of a telephone. टेलिफ़ोन द्वारा उतारा गया छायाचित्र; **Telephotography** (- इ) -*n.* photographing of distant objects. दूर के पदार्थों की फ़ोटो उतारने का यन्त्र।

Telescope-टॅलि-स्कोप्-*n.*an optical instrument for viewing distant objects. दूर दर्शक यन्त्र, दूरबीन; **Telescopic** (-इक्)-*adj.* pertaining to or like a telescope. दूरबीन-संबंधी, दूरबीन के सदृश, दूरबीन के आकार का; **Telescopically** (- इ - कलि) - *adv.* by means of the telescope. दूरबीन द्वारा।

Teleseme-टॅल्-इ-सीम्-*n* a kind of electric signal. बिजली द्वारा संकेत करने का एक प्रकार का यन्त्र।

Telesia-टॅ-लि-ज़ि'-आ -*n.* sapphire. नीलम।

Telesm-टॅ-लॅज़्म्-*n.*a kind of magical charm, a talisman. यन्त्र, जन्तर।

Telestich-टॅ लॅ-स्टिक्-*n.*a poem in which the final letters of the lines make a name or a word. छन्द जिसके अन्तिम अक्षरों से कोई नाम या शब्द बनता है।

Television-टॅ लिविज़न् -*n.* the vision of a distant object on a screen by means of an electrical apparatus. बिजली के यन्त्र द्वारा दूर के पदार्थों के चित्र का पर्दे पर दृश्य या प्रदर्शन।

Telic-टॅ लिक्-*adj.* denoting a purpose. लक्ष्य-सूचक।

Tell-टॅल्-*v. t. & i.* (*p. t. & p.p.* **Told.**) to relate in words, to make known, to count, to produce effect, to determine, to distinguish. कहना, बतलाना, वर्णन करना, समाचार देना, प्रकट करना, गिनना, सूचित करना, निश्चय करना, भेद बताना।

Teller-टॅ-लर्-*n.* one who counts or communicates. गणना करनेवाला, बातचीत करनेवाला।

Telling-टॅ लिङ्ग् - *adj.* having great effect. अधिक प्रभाववाला ; **Tellingly** (-लि)-*adv.* effectively. प्रभाव से।

Telltale-टॅल्'-टेल्-*n.* one who informs about the private affairs of men. मनुष्यों के गुप्त या घरेलू मामलों की सूचना फैलानेवाला, चुगलखोर।

Tellural-टॅल्युरल्-*adj.* pertaining to the earth. पृथ्वी सम्बन्धी।

Tellurion-टॅल्यूरिअॅन् -*n.* an instrument for showing the causes which produce change of seasons, day and night &c. ऋतु-परिवर्तन, दिन-रात का होना इत्यादि सूचित करने का यन्त्र।

Tellurium-टॅ-ल्यु-रि-अम्-*n.* a rare metal like sulphur. गन्धक के प्रकार की एक अलभ्य धातु।

Telotype-टॅ-लॅ-टाइप् - *n.* printing electric telegraph. तार के समाचार को छापने का यन्त्र।

Temerarious-टॅमरॅ रिअस् -*adj.* rash, headstrong. धृष्ट, हठी; **Temerariously**(-लि)-*adv.* rashly, boldly. धृष्टता से, साहस से।

Temerity-टिमॅ रिटि - *n.* boldness, rashness. धृष्टता, साहस।

Tempean-टॅम्पिअन्-*adj.* delightful. प्रसन्न।

Temper-टॅम्पर्-*n.* disposition of mind, temperament, moderation, passion, condition of metal as to its hardness, irritation. शील स्वभाव, प्रकृति, मन की स्थिरता या शान्ति, उत्तेजना, हथियारों पर का पानी, क्रोध;-*v. t. & i.* to modify by mixture, to bring to proper hardness, to mitigate, to moderate. मिलाना, मृदु करना, पानी रखना, कम करना, मन को स्थिर या शान्त करना ; **Good temper** (good mood.) सुजनता; **Out of temper** (angry.) क्रुद्ध; **To lose temper** (to be (angry.) क्रुद्ध होना।

Temperament-टॅम्परॅमॅन्ट् - *n.* constitution, disposition. प्रकृति, स्वभाव; **Temperamental** (-अल्)-*adj.* constitutional. स्वभाव-सम्बन्धी।

Temperance-टॅम्परॅन्स्-*n.* self-restraint, moderation, sobriety, calmness, abstinence. संयम, परिमितता, अल्प आहार, शराब-बन्दी, मद्य-निषेध, नशा से परहेज।

Temperate-टॅम्परॅट्-*adj.*moderate, self restrained, calm, free from ardent passion. परिमित, संयमी, शान्त, उत्तेजना-रहित; **Temperate zone** (the part of the earth between the tropics and the poles.) सम शीतोष्ण कटिबन्ध (स्थान); **Temperately** (-लि) -*adv.* moderately. संयम से; **Temperateness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being moderate. समता।

Temperature-टॅम्परॅचर्-*n.* heat of air, condition of a body with regard to heat and cold. उष्णता का परिमाण (तापक्रम), गर्मी-सर्दी की स्थिति।

Tempest-टेॅम्पेस्ट्-*n.* a violent storm of wind, violent tumult, perturbation. आँधी (तूफ़ान), विप्लव, उपद्रव (हलचल); **Tempestuous** (-युअस्)-*adj.* stormy, turbulent. प्रचण्ड (आँधी का), विप्लवी; **Tempestuously** (-लि)-*adv.* with great violence. विप्लव से; **Tempestuousness** (-नेॅस्)-*n.* storminess. वायु की प्रचण्डता।

Templar-टेॅम्प्लर्-*n.* a student of law. क़ानून पढ़नेवाला विद्यार्थी।

Template-टेॅम्-प्लेट्-see Templet.

Temple-टेॅम्पल्-*n.* an edifice erected for religious worship, the space between the ear and forehead. देवालय, मन्दिर, मठ, विहार, कनपटी; **Templed** (-ड्) -*adj.* enclosed in a temple. देवालय के भीतर स्थित या बन्द।

Templet, Template-टेॅम्-प्लेॅट् (-प्लेट्)-*ns.* a support under a girder, a pattern used as guide in cutting or drilling. धरन के नीचे की थूनी काटने या छेद करने का साँचा।

Temporal-टेॅम्पॅरल्-*adj.* pertaining to time, pertaining to the time in this life or this world, secular, pertaining to the temples of the head. समय-सम्बन्धी, ऐहिक, इस जीवन या इस संसार में समय से सम्बन्धित, धार्मिक, कनपटी सम्बन्धी; **Temporality** (-इटि) -*n.* (*pl.* **Temporalities.**) secular possession. सांसारिक सम्पत्ति या अधिकार; **Temporally** (-लि)-*adv.* with respect to this life. सांसारिक रूप में।

Temporarily - टेॅम्पॅररिलि -*adv.* for a time only. थोड़े समय के लिये; **Temporariness** (-नेॅस्)-*n.* the state of being temporary. अचिरत्व, अनित्यता; **Temporary** (-इ) -*adj.* lasting for a time only. अल्पकालिक, अनित्य, अस्थायी, क्षणिक।

Temporization-टेॅम्पॅराइज़ेशन्-*n.* the act of temporizing. समयानुकूल व्यवहार।

Temporize - टेॅम्पॅराइज़्-*v. i.* to adopt some course for the time or occasion, to adopt one-self to time or circumstances, to postpone, to delay, to wait for more favourable moment, to discuss terms or to negotiate, to comply with requirements temporarily, to hesitate in deciding. समय या अवसर के अनुसार उपाय करना या रास्ता अपनाना, अपने को समय या परिस्थितियों के अनुसार रहने के योग्य बनाना, भविष्य के लिए टालना, देर करना, अधिक अनुकूल क्षण की प्रतीक्षा करना, किसी मामले की बात पर तर्क-वितर्क करना, यथाकाल व्यवहार करना, समयानुकूल करना, टालना, निर्णय देने में आगा-पीछा करना; **Temporizer** (-अर्) -*n.* one who temporizes. उक्त क्रियाओं के कार्यों को करनेवाला व्यक्ति; **Temporizingly** (-इङ्ग् - लि) -*adv.* in a temporizing manner. यथाकाल व्यवहार करते हुए।

Tempt-टेॅम्(-प्)ट् -*v. t.* to entice, to try the resolution of, to make an attempt. प्रलोभन देना, ललचाना, प्रयत्न करना; **Temptable** (-एॅब्ल्)-*adj.* liable to be tempted. ललचाने योग्य; **Temptation** (-एॅ-शन्) enticement, inducement. प्रलोभन, लालच; **Tempter** (-अर्)-*n.* one who entices to evil. लुभानेवाला, मोहक; **Tempting** (-इङ्ग्)-*adj.* enticing. प्रलोभी, ललचानेवाला; **Temptingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* enticingly. ललचाते हुए; **Temptress** (-रेॅस्) - *n. fem.* a woman who tempts. प्रलोभन देनेवाली स्त्री।

Temulence-टेॅम्युलेॅन्स्-*n.* intoxication. मदिरापान, शराब पीने की क्रिया; **Temulent** (-लेॅन्ट्) -*adj.* intoxicated. मदिरापान किये हुए।

Ten-टेॅन्-*n.* two times five. दस।

Tenability-टेॅनॅबिलिटि, **Tenableness** (-बल नेॅस्) -*ns.* the capability of being tenable. टिकाऊ होने की योग्यता, टिकाऊपन।

Tenable-टेॅनॅब्ल्-*adj.* that may be maintained or defended against. रक्षणीय, ठहराऊ, टिकाउ।

Tenacious-टि-ने'-शस्-*adj.* holding fast or keeping firm hold of, adhesive, retentive. दृढ़ संकल्प का, चिपचिपा, संग्रही; **Tenaciously** (-लि)-*adv.* in a tenacious manner. चिपचिपे ढंग से या रूप में; **Tenaciousness** (-नेॅस्)-*n.* the quality of being adhesive. चिपचिपापन।

Tenacity-टिनॅसिटि-*n.* stickness, adhesiveness. लसलसाहट, चिपकाव।

Tenaculum-टेॅ-नॅक्यु-लम्-*n.* a surgical hook. जर्राही अकुसी।

Tenaille-टि-नेॅल्-*n.* a rampart raised in the main ditch. प्रधान खाईं में उठाई गई किले की रक्षाभीत (दीवाल)।

Tenancy-टेॅनन्सि-*n.* the holding of a tenant. काश्तकारी।

Tenant-टेॅनन्ट्-*n.* one who holds land under a landlord, an occupant of a place. असामी, किरायेदार; **Tenant-farmer** (a farmer who is a tenant.) काश्तकार; **Tenant right** (right of tenancy.) काश्तकारी अधिकार।

Tenantable-टॅनन्टॅबॅल्-*adj.* fit to be tenanted. किराये पर देने योग्य; **Tenanted** (-एँड) - *adj.* held by a tenant. काश्तकार द्वारा अधिकृत; **Tenantless** (-लॅस्) -*adj.* without a tenant. बिना असामी का; **Tenantry** (-रि)- *n.* body of tenants. असामियों का समुदाय।

Tench-टॅन्च्-*n.* a kind of fresh-water fish. एक प्रकार की नदी की मछली।

Tend-टॅन्ड्-*v. i. & t.* to move in a certain direction, to be inclined, to watch, to guard, to look after, to take care of. किसी दिशा में चलना, झुकना, रक्षा करना, चौकसी करना ; **Tendance** (- डॅन्स्)-*n.* the act of tending. पालन, रक्षा।

Tendency-टॅन्डॅन्सि-*n.* (*pl.* **Tendencies.**) inclination, drift, direction or course. प्रवृत्ति (स्वभाव), झुकाव, अभिप्राय।

Tendentious-टॅन्डॅन्शस्- *n.* with inclination. प्रवृत्ति के साथ।

Tender-टॅन्डर्-*n.* one who takes care of, a vessel attending on a larger one to supply her with stores, a truck attached to a locomotive, an officer to execute work at a fixed price, thing offered, an estimate for a piece of work. पालने-पोसनेवाला, यतन या रखवाली करनेवाला, जहाज इत्यादि के साथ की रसद देनेवाली छोटी नाव, इन्जन के साथ की कोयले-पानी की गाड़ी, निश्चित दर पर कोई काम करनेवाला अधिकारी, दी गई वस्तु, किसी काम के लिये अनुमित व्यय का ब्योरा, निविदा;-*v.t.* to offer in words, to present for acceptance. भेंट करना, निविदा देना, स्वीकार करने के लिये रखना;-*adj.* soft, gentle, mild, sensible to impression, compassionate, easily excited by pity. सुकुमार, कोमल, दयालु, करुणाद्र ; **Of tender age** (immature.) बाल्य अवस्था का; **Tender-hearted** (-हार्टॅ'-एँड) -*adj.* having great sensibility. कोमल हृदय का; **Tender-heartedness** (-हार्ट्-एँड्-नॅस्)-*n.* the quality of being tender-hearted. कोमल हृदयता।

Tenderling-टॅन्डलिंङ्ग्-*n.* a fondling. लाडला।

Tenderloin-टॅन्डर्-लॉ-इ-न्-*n.* the tender part of flesh. मांस का कोमल भाग।

Tenderly-टॅन्डर्'-लि-*adv.*in a tender manner. कोमलता से ; **Tenderness** (-नॅस्) -*n.* kind attention, softness. कोमलता, दयालुता।

Tending-टॅन्ड'-इङ्ग्-*n.* the act of attending, a swing. परिचर्या, सेवा, पालन, रक्षा, झुकाव ; **Tending to fall** (liable to fall down.) पतनशील।

Tendinous-टॅन्डिनस्-*adj.* full of tendons, sinewy. स्नायुमय, पुष्ट।

Tendon-टॅन्डन्-*n.* a bundle of fibres by which a muscle is attached to a bone. स्नायु, पुट्ठा।

Tendril-टॅन्ड्रिल्-*n.* a slender leafless shoot of a plant that winds round another body for support. तन्तु, लता।

Tendsome-टॅन्ड्'-सम् - *adj.* requiring much attendance. अधिक परिचर्या की आवश्यकतावाला।

Tenebrific-टॅनिब्रिफ़िक्-*adj.* causing darkness. अन्धकार उत्पन्न करनेवाला।

Tenebrose-टॅनिब्रोस-*adj.* dark and gloomy. अन्धकारमय।

Tenebrosity-टॅनिब्रॉसिटि-*n.* darkness.अन्धकार।

Tenebrous-टॅनि - ब्रस् - *adj.* dark, gloomy. अन्धकारपूर्ण, काला, अँधेरा ; **Tenebrousness** (-नॅस्) - *n.* the quality of being gloomy. अन्धकारपूर्णता।

Tenement-टॅनिमॅन्ट्-*n.* a building for habitation, a kind of permanent property. भवन (गृह, घर), अचल (स्थावर) सम्पत्ति; **Tenemental** (-मॅल), **Tenementary** (-अरि) -*adjs.* that may be held by tenants. असामियों के अधिकार में रहने योग्य।

Tenesmus-टिनॅस्म-स्-*n.* straining effort in relieving the bowels. मलोत्सर्ग करने में ऐंठन होने की क्रिया।

Tenet-टॅनॅट्, - टिनॅट्-*n.* principle, doctrine, dogma. मत, अभिप्राय, सिद्धान्त।

Tenfold-टॅन्'-फ़ोल्ड - *adj.* ten times more. दसगुना।

Tennis-टॅनिस्-*n.* a game played by striking a rubber ball with a racket over a net. गेंद का एक प्रकार का खेल, टेनिस ; **Tennis court** (a court for playing tennis.) टेनिस खेलने की भूमि।

Tenon-टॅनन्-*n.* the end piece of wood which is inserted in a mortise. लकड़ी की चूल जो छेद में बैठाई जाती है ; **Tenonsaw** (-सॉ)-*n.* a steel or brassbacked saw for cutting tenons. चूल काटने की आरी।

Tenor-टॅनर् -*n.* a prevailing course, stamp, purport or drift, true intention, exact copy, highest male voice. प्रचलित रीति, भाव, अभिप्राय, तात्पर्य, क्रम, प्रतिलिपि, पुरुष का सबसे ऊँचा सुर।

Tenotomy-टॅ-नॅ-टॅ-मि-*n.* operation of dividing a tendon. स्नायु को चीरने की क्रिया।

Tense-टॅन्स्-*adj.* stretched, rigid. खींचा हुआ, कसा हुआ ;-*n.* a modification in verbs, to distinguish time of action. काल, समय ; **Tensely** (-लि) -*adv.* in a tense manner. खिंचाव से, तनाव से ; **Tenseness** (-नॅस्) -*n.* rigidity. खिंचाव, तनाव।

Tensibility-टॅन्सिबिलिटि-*n.* elasticity. लचीलापन।

Tensible-टॅन्सिबल्-*adj.* tensile. लचीला।

Tensile-टॅन्साइल् -*adj.* capable of being extended. फैलाने या तानने योग्य।

Tension-टॅन्शन् -*n.* the act of straining, intense effort, tenseness. खिंचाव, कसाव, तनाव

Tensity-टॅन्सिटि-*n.* tension. तनाव।

Tensive-टॅन्सिव् - *adj.* pertaining to contraction or stiffness. कड़ाहट का।

Tensor-टॅन्सर्-*n.* the muscle that tightens a part. किसी भाग को कसनेवाला पुट्ठा।

Tent-टॅन्ट्-*n.* a portable pavilion or habitation of canvas, a roll of linen cloth &c. inserted in wound. तम्बू (डेरा), घाव में भरने की कपड़े की पट्टी; -*v. t.* & *i.* to pitch a tent, to live in a tent. तम्बू गाड़ना, तम्बू में रहना।

Tentacle-टॅन्टकल्-*n.* the organ of feeling in insects. कीड़े-फतिङ्गों में स्पर्श का ज्ञान करानेवाला अङ्ग; **Tentacular** (क्यू-लर्)-*adj.* pertaining to tentacle. कीड़ों के स्पर्श-ज्ञानाङ्ग सम्बन्धी।

Tentation-टॅन्टेशन् - *n.* temptation, trial. लालच, परीक्षा।

Tentative-टॅन्टेटिव्-*adj.* making trial, experimental. परीक्षा की रीति का, प्रयोग सम्बन्धी; **Tentatively** (- लि) -*adv.* experimentally. प्रयोग रीति से।

Tented-टॅन्ट्'-ऍड्-*adj* covered with tent. खेमों से ढँका हुआ।

Tenter-टॅन्'-टर् -*n.* a machine for stretching cloth. कपड़ा तानने का यन्त्र; -*v. t.* to hang on tenters. हुक पर तानना; **On the tenters** (in distress.) आपत्ति में।

Tenth-टॅन्थ्' -*adj.* ordinal of ten. दसवाँ ; **Tenthly**-टॅन्थ्'-लि -*adv.* in the tenth place. दसवीं बार।

Tentorium-टॅन्टोरिअम् -*n.* the membrane which separates the two portions of the brain. मस्तिष्क के दोनों विभागों को अलगानेवाली झिल्ली।

Tentory-टॅन्टरि-*n.* the awning of a tent. खेमे का सायबान।

Tenuity-टॅन्यू'-इ-टि-*n.* slenderness, thinness, simplicity. दुर्बलता, पतलापन, सरलता।

Tenuous-टॅन्यु-अस् -*adj.* not dense, thin, slender. दुर्बल, पतला, अविरल।

Tenure-टॅन्योर्-*n.* right of holding an estate, the manner of holding a tenancy. भूमि पर अधिकार का नियम, पट्टा।

Tepefaction - टॅपिफॅक्शन् -*n.* the act of making tepid. गुनगुना करने की क्रिया।

Tepefy-टॅ-पि-फ़ाइ-*v. t.* & *i.* (*p.t.* **Tepefied.**) to make moderately warm. गुनगुना (कुछ गरम) करना या होना।

Tephromancy-टॅफ्रॅमॅन्सि -*n.* divination from the ashes of burnt offerings. आहुति के भस्म से शकुन बतलाने का कार्य।

Tepid-टॅपिड्-*adj.* slightly warm, luke-warm. मन्दोष्ण, गुनगुना ; **Tepidity** (-इ - टि), **Tepidness** (- नॅस्) -*ns.* the quality of being tepid. मन्दोष्णता, गुनगुनापन।

Tepor-टॅ-पॅर्-*n.* moderate warmth. गुनगुनापन।

Teramorphous-टॅर्'-अ-मॉर्-फ़स्-*adj.* monstrous. आसुरी।

Teraphim-टॅर्'-अफ़ी-म्-*n. pl.* (*sing.* **Teraph.**) the household gods of the Hebrews. हिब्रू लोगों के गृह-देवता।

Terato-टॅरॅ-टॅ-*pref.* in sense of 'monster'. 'दैत्य' अर्थ का उपसर्ग।

Teratogeny-टॅरॅटॅजनि-*n.* the formation of monster. दैत्य की आकृति की रचना।

Teratology-टॅरॅटॅलॅजि -*n.* the science which treats of malformation of body. विलक्षण अङ्ग-रचना की विद्या।

Terce-टर्स् - *n.* a weight of about forty two gallons. प्रायः बयालीस गैलन की तौल।

Tercel-टर्-सल्-*n.* a male falcon. नर बाज़ पक्षी।

Terebene-टॅ-रॅ-बीन् - *n.* oil of turpentinn. ताड़पीन का तेल।

Terebinth-टॅ-रॅ-बिन्थ्-*n.* a kind of turpentine एक प्रकार का ताड़पीन।

Terebinthine-टॅरि-बिन्थिन् -*adj.* pertaining to terebene. ताड़पीन सम्बन्धी।

Terebrate-टॅरि-ब्रे-ट्-*v. t.* to bore. छेदना; **Terebration** (-शन्)-*n.* the act of boring छेदने की क्रिया।

Tergal-टर्गल्-*adj.* pertaining to the back. पीठ का।

Tergiferous-टर्जिफ़ेरस्-*adj.* carrying on the back. अपनी पीठ पर रखकर ले जानेवाला।

Tergiversate-टर्जिव्रर्सेट्-*v. i.* to apostatize, to evade. वाक्छल करना, कपट करना; **Tergiversation** (-शन्)-*n.* a shifting. टालना, बहाना।

Term-टर्म-*n.* a limit, boundary, period, limited time, an expression with determinate meaning, appointed day or period. सीमा, मर्यादा, अवधि, पद, शब्द, व्यवहार, नियत दिन;-*v. t.* to call, to name, to bring to an end or to conclude. कहना, नाम लेना, समाप्त करना, **On friendly terms** (in mutual friendship.) मित्र भाव से; **To come to terms** (to yield.) मान लेना, स्वीकार कर लेना।

Terms-टर्म्स - *n. pl.* relation, condition. सम्बन्ध, शर्त।

Termagancy-टर्मगन्सि - *n.* tumultuousness. झगड़ालूपन; **Termagant** (-गन्ट्) -*n. & adj.* a brawling woman, boisterous, quarrelsome. कर्कशा या झगड़ालू स्त्री, बखेड़िया, कलहप्रिय; **Termagantly** (-गन्ट्-लि) -*adv.* like a termagant. कर्कशावत्, झगड़ते हुए।

Terminable-टर्मिनेबल् -*adj.* that may be terminated, limitable. अन्त होने योग्य, सीमा योग्य; **Terminableness** (- नेस्) - *n.* the quality of being terminable. समाप्त होने की योग्यता।

Terminal-टर्मिनल्-*adj.* relating to the end. अन्त का, अन्त सम्बन्धी; **Terminally** (-लि) -*adv.* in the end. अन्त में।

Terminate-टर्मिनेट्-*v. t. & i.* to complete, to limit, to put an end to. समाप्त करना, सीमा बाँधना, अन्त करना; **Termination** (-शन्) -*n.* the act of ending, limit, conclusion. परिणाम, अन्त, समाप्ति, फल; **Terminational** (-शनल्)-*adj.* pertaining to end. अन्त-सम्बन्धी; **Terminative** (-टिव्)-*adj.* serving to end. अन्त करनेवाला; **Terminator** (-टर्)-*n.* a person or thing that terminates. अन्त करनेवाला पुरुष या पदार्थ।

Terminer-टर्मिनर्-*n.* one who determines. स्थिर करनेवाला।

Terminist-टर्मिनिस्ट् - *n.* one who holds that God has assigned to each person a time of repentance. वह व्यक्ति जिसका सिद्धान्त यह है कि ईश्वर ने प्रत्येक मनुष्य को पश्चात्ताप करने का समय नियत कर दिया है।

Terminological-टर्मिनॅलॅजिकल्-*adj.* pertaining to terminology. परिभाषा सम्बन्धी।

Terminology(-लॅजि) -*n.* terms peculiar to a particular science, technical terms. परिभाषा, पारिभाषिक शब्द।

Terminthus-टर्मिन्थस्-*n.* a kind of carbuncle. एक प्रकार का ज़हरबाद।

Terminus-टर्मिनस् - *n.* (*pl.* **Termini.**) a boundary mark, the station at the end of a railway line. सीमा, रेलवे लाइन के अन्त का स्टेशन।

Termitary-टर्मिटरि-*n.* (also **termitarium**) the mound of white ants. दीमक का घर।

Termite-टर्माइट्-*n.* white ant. दीमक।

Termly-टर्म्-लि-*adj. & adv.* occurring every term, term by term. क्रमिक, क्रम-क्रम से।

Tern-टर्न् - *n.* a fork-tailed sea-bird. लम्बी फटी पूँछ की समुद्री चिड़िया; - *adj.* of three. तीन का।

Ternary-टर्नरि - *adj.* composed of three. तिहरा, तिगुना।

Ternate-टर्नेट्-*adj.* having three leaflets. तिनपतिया।

Terra-टॅ-रॉ-*n.* the earth. पृथ्वी; **Terra-alba** (-ऑल्-बॉ) -*n.* pipe-clay. चिलम बनाने की मिट्टी; **Terra-firma** (-फ़र्-मॉ)-*n.* dry soil. सूखी मिट्टी।

Terrace-टॅरॅस्-*n.* a raised level space of earth, a balcony, raised beach, a flat roof. चबूतरा, बरामदा, चौरस छत।

Terra-cotta-टॅरॉ-कॅटॉ-*n.* a model or cast of baked earth. पकी हुई मिट्टी की मूर्ति।

Terrain-टॅ'-रेन्-*n.* a tract of land. भूमि-प्रदेश।

Terranean-टॅरॅनिअन्-*adj.* pertaining to land. भूमि सम्बन्धी।

Terraneous-टॅरॅनिअस्-*adj.* growing on land. भूमि पर उगनेवाला।

Terrapin-टॅ-रॉ-पिन्-*n.* a kind of tortoise. एक प्रकार का कछुआ।

Terraqueous-टेर्-ए'-क्विअस्-*adj.* comprising of land and water. जल थल का।

Terrene-टॅ-रीन्' - *adj.* terrestrial, earthly. पार्थिव, भूमि सम्बन्धी।

Terreplein-टॅर्'-अ-प्लेन्-*n.* the platform of a rampart on which guns are placed. बुर्ज का ऊँचा भाग जिस पर तोप लगाई जाती है।

Terrestrial-टॅ- रॅस्ट्रिअल्-*adj.* pertaining to the earth or the world. लौकिक, सांसारिक, पृथ्वी-सम्बन्धी; **Terrestrially** (-लि) -*adv.* in an earthly manner. सांसारिक रीति से।

Terret-टॅरॅट्-*n.* (also **Territ** इट्-) the ring in the harness through which rein passes. घोड़े के साज में की कड़ी जिसमें से रास जाती है।

Terrible-टरि-बुल्-*adj.* awe-inspiring, frightful, formidable. कराल (विकट), भयंकर, डरावना; **Terribleness** (-नॅस्) -*n.* dreadfulness. करालता; **Terribly** (-ब्लि) -*adv.* in a frightful manner. भयंकर रूप से।

Terricolous-टॅरिकॅलस् -*adj.* living on the earth. भूमि पर रहनेवाला।

Terrier-टॅ'-रि-अर्-*n.* a small hunting dog. छोटा शिकारी कुत्ता।

Terrific-टॅरिफ़िक् -*adj.* dreadful, causing terror. भयंकर, भय उत्पन्न करनेवाला; **Terrifically** (-अलि) -*adv.* in a dreadful manner. भयंकर रूप से।

Terrified-टॅरि'-फ़ाइड्-*adj.* alarmed. डराया हुआ।

Terrify-टॅ-रि-फ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* **Terrified.**) to alarm, to frighten. त्रास देना, डराना भय दिखलाना; **Terrifying** (-इइग्) -*adj.* frightening. डरानेवाला।

Terrigenous-टॅरिजिनस् -*adj.* produced by the earth. भूमि-जनित, पृथ्वी से उत्पन्न।

Terrine-टॅरीन्-*n.* earthenware untensil used in cookery. पकाने के मिट्टी के पात्र।

Territorial-टॅरिटोरिअल्-*adj.* pertaining to a territory. राष्ट्र सम्बन्धी, देशिक; **Territorially** (-लि) -*adv.* as regards territory. राष्ट्र के सम्बन्ध में।

Territory-टॅ-रि-टॅरि -*n.* (*pl.* **Territories.**) extent of land under a sovereign, large tract of land, dominion. राष्ट्र, प्रदेश, राज्य (भूमि अधिकार)।

Terror-टॅरर् -*n.* extreme fear, that which excites dread. त्रास (भयस्थान), डर; **Terror-struck, Terror-stricken** (terrified.) भयत्रस्त, डरा हुआ।

Terrorism-टॅररिज़्म्-*n.* government by terror, state of fear. त्रास-द्वारा शासन, भय की अवस्था; **Terrorist** (-रिस्ट्)-*n.* one who uses terror inspiring methods in governing. त्रास देकर राज्य करनेवाला।

Terrorize-टॅरराइज़्-*v. t.* to coerce by terror, भय उत्पन्न करना, डराना।

Terrorless-टॅररलॅस्-*adj.* free from terror. निर्भय।

Terse-टर्स्-*adj.* concise, free from superfluity, neat, संक्षिप्त, सुन्दर, सुथरा; **Tersely** (-लि) -*adv.* in a terse manner. संक्षिप्त रूप में; **Terseness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being terse. लाघव, संक्षेप।

Tertian-टर्-शन् -*adj.* & *n.* occurring every other day, fever whose paroxysms occur every other day. तृतीयक या अँतरिया बुखार।

Tertiary-टर्शरि - *adj.* of third rank. तृतीय श्रेणी का, तीसरा ;-*n.* a member of the third order of monks, a stratum of the third system, third stage of syphilitic system. संन्यासियों के तीसरे वर्ग का सदस्य, तीसरी प्रणाली की तहदार चट्टान, गरमी के रोग की तीसरी अवस्था।

Tertiate-टर्शिएट्-*v. t.* to do something for the third time. तीसरी बार कोई कार्य करना।


Tertius-टर्शस्-*adj.* the third of the name. किसी नाम का तीसरा।

Tessellar-टॅ-सॅ-ल'-र्-*adj.* formed in squaes. चतुर्भुजों से बना हुआ।

Tessellated-टॅ-सॅ-ले'-टॅड्-*adj.* formed in little squares. छोटे-छोटे चतुर्भुजों से निर्मित।

Tessera-टॅसॅ-री-*n.* (*pl.* **Tesserae**-री) a small cubical tablet of wood, bone or ivory used as a token, ticket or label etc.; लकड़ी, हड्डी या हाथी दाँत का घनाकार टुकड़ा या पासा; **Tesseral** (-स-रल्) -*adj.* घनाकार।

Test-टॅस्ट्-*n.* a critical trial, a standard distinction, judgment, a vessel in which metals are melted for trial. परीक्षा, प्रमाण कसौटी, जाँच, धातु शोधने का पात्र ;-*v. t.* to make a trial of, to try. परीक्षा करना, शोधना, जाँच करना; **Test-tube** (-ट्यूब्) -*n.* a glass tube used for testing purposes. रसायनशाला में परीक्षा करने की काँच की नली, परखनली।


Test-tube.

Testable-टॅस्टॅ-बुल्-*adj.* that may by given by will. मृत्यु-लेख (वसीयतनामा) द्वारा दिये जाने योग्य।

Testacea-टॅस्टॅशिआ-*n. pl.* animals like shells. घोंघे के समान जन्तु ; **Testacean** (-शन्) -*adj.* having a shell. सीपदार।

Testacel-टॅस्टसिल्-*n.* a little shell. छोटा सीप या घोंघा।

Testaceous-ट-स्टे-शस - *adj.* pertaining to shell. सीप-सम्बन्धी।

Testament-टॅस्-टॅमॅन्ट्-*n.* a will. मृत्युलेख (इच्छा-पत्र, वसीयतनामा); **Testamentary** (-अरि)

adj. bequeathed by will. मृत्यु-लेख (वसीयतनामा) सम्बन्धी; **Testamentation** (-शन्) *-n.* the act of giving by will. मृत्युलेख द्वारा देने का काम।

Testate-टेस्टेट्-*adj. & n.* having made a will. वसीयतनामा (मृत्युलेख) किया हुआ; **Testation** (-शन्) *-n.* attestation, testimony, disposal of property by will. प्रमाणित करने का कार्य, साक्षी, गवाही, वसीयतनामे द्वारा सम्पत्ति का प्रबन्ध।

Testator-टेस्-टे'-टर्-*n.* a man who makes a will. मृत्युलेख करनेवाला पुरुष।

Testatrix-टेस्-टे'- ट्रिक्स् *-n. fem.* a woman who makes a will. मृत्युलेख करनेवाली स्त्री।

Tester-टेस्टर्-*n.* a canopy over a bed, one who tests, a device for testing. पलङ्ग के ऊपर की छतरी, परीक्षा करनेवाला, जाँच करने का साधन या यंत्र या तरीका।

Testes-टेस्टीज़्-*n.* (sing. **Testis.**) testicles. वृषण, अण्डकोष।

Testicle-टे स्टिक्ल् *-n.* one of the glands which secretes male seminal fluid. अण्डकोष।

Testiculate-टे स्टिक्युलेट्-*adj.* of the shape of a testicle. अण्डकोष के आकार का।

Testification-टे स्टिफ़िकेशन् *-n.* the act of giving testimony. साक्षीकर्म, गवाही।

Testificator-टे स्टिफ़िकेटर् *-n.* one who testifies. गवाही देनेवाला व्यक्ति।

Testifier-टे स्टि-फ़ाइ-अर् *-n.* one who gives testimony. साक्षी (गवाही) देनेवाला।

Testify-टे स्टि-फ़ाइ-*v. i. & t.* (*p. t.* **Testified.**) to affirm, to bear witness to, to give testimony. साक्षी देना, प्रमाणित करना।

Testily-टे स्टि-लि-*adv.* peevishly. चिड़चिड़ाते हुए।

Testimonial-टे स्टिमोनिअल् *-adj.* relating to testimony. प्रमाण सम्बन्धी।

Testimonialize-टे स्टिमॅनिअलाइज़् *- v. t.* to certify. प्रमाणपत्र देना।

Testimony-टे स्टिमनि-*n.* (*pl.* **Testimonies.**) evidence, solemn declaration, affirmation, a certificate of character, qualifications &c. साक्षी, प्रमाण (गवाही), प्रमाणपत्र, प्रशंसापत्र।

Testiness-टे स्टि-नेस् *-n.* peevishness. चिड़चिड़ापन।

Testing-टे स्टिङ्ग् *-n.* the act of trying for proof. प्रमाण के लिये परीक्षा।

Testudinal-टे स्ट्यू-डि-नल् *-adj.* resembling tortoise. कछुवे के सदृश।

Testudinate-टेस्ट्यू-डि-नेट् *-adj.* arched like the back of a tortoise. कछुए की पीठ के सदृश घूमा हुआ।

Testudo-टेस्ट्यू-डो-*n.* a genus of tortoise. कछुए की एक जाति।

Tetanic-टिटैनिक् - *adj. & n.* a medicine which acts on the muscles through nerves. नाड़ियों द्वारा पेशियों पर प्रभाव डालनेवाली औषधि।

Tetanus-टे टॅनस्-*n.* a spasm of the muscles of the jaw, lockjaw. दाढ़ का चपक जाना और न खुलना, धनुष्टङ्कार का रोग।

Tetchily-टे चिलि *-adv.* fretfully. चिड़चिड़ाहट से; **Tetchiness** (-नेस्)-*n.* fretfulness. चिड़चिड़ाहट; **Tetchy, Techy** (-इ) *-adj.* testy, peevish. चिड़चिड़ा।

Tete-a-tete-टेट्'-आँ-टे-ट्'*adv., adj. & n.* together, in private, confidential, a private interview. एक साथ, गुप्त रूप में, रहस्यमय, गुप्त वार्तालाप।

Tether-टेदर्-*n.* a rope or chain by which an animal is tied while grazing. बन्धन-सूत्र, पगहा; *-v. t.* to tie with such a rope. पगहे से बाँधना।

Tetra-टे ट्रॅ-*pref.* in sense of "four". "चार" अर्थ का उपसर्ग; **Tetrad** (-ड्) *-n.* a group of four. चार का समुदाय; **Tetradactyl** (-डैक्'-टिल्) *-adj.* having four fingers and toes. हाथ या पैर की चार अँगुलियोंवाला;

Tetradactylous (-डैक्-टिलस्) *-adj.* having four fingers or toes. हाथ या पैर में चार अँगुलियोंवाला; **Tetradelphous** (-डेल्'-फ़स्) *-adj.* in four bundles. चार गट्ठरों में।

Tetradecapod-टेट्र-री-डेक्-ओ-पॉड्-*adj.* having fourteen feet. चौदह पैरोंवाला; **Tetragon** (-गॅन्)-*n.* a plane figure having four angles. चतुष्कोण समतलक्षेत्र; **Tetragram** (-ग्रैम्) *-n.* a word of four letters. चार अक्षरों का शब्द; **Tetrahedral** (-हीड्'-रल्) *-adj.* bounded by four equal and equilateral triangles. चार समान तथा समकोण त्रिभुजों से घिरा हुआ; **Tetrahedron** (-ही'ड्रन्) *-n.* a solid figure enclosed by four equilateral triangles. चार समकोण त्रिभुजों से बनी हुई ठोस आकृति; **Tetrameter** (-मिटर्) *-n.* a verse of four feet. चार पंक्तियों की कविता, चौपाई; **Tetrapod**

(-पॉड्) *-n.* an insect having only four perfect feet. केवल चार पूरे परोंवाला कीड़ा; **Tetrapteran** (-प्टर् - ऑन्) **Tetrapterous** (-प्टे-रस्) *-adjs.* having four wings. चार पंखवाला; **Tetraspermous** (-स्पर्-मस्) *-adj.* having four seeds. चार बीजवाला।

Tetragonal-टेट्रॅगॅन - अल् *-adj.* having four angles. चार कोणों वाला।

Tetrastich-टॅट्रॉ-स्टिक् *-n.* a stanza of four verses. चार पदों की कविता; **Tetrastyle** (-स्टाइल) *- n.* a building with four columns in front. वह मकान जिसके सामने चार खंभे लगे हों।

Tetter-टॅ'-टर् *- n.* a kind of cutaneous disease. एक प्रकार का चर्मरोग, दाद, खुजली; *-v. t.* to affect with this disease. यह रोग लगाना।

Teuton-ट्यू-टॅन् *- n.* the Teutonic race (comprising Germans, Scandinavians and the Dutch.) ट्यूटोनिक जाति; **Teutonic** (-इक्)*-adj.* इस जाति का।

Teutonism-ट्यू-टॅनिज़म् *-n.* German idiom. जर्मन वाक्-पद्धति।

Tewel-ट्यू-ऍल्*-n.* a pipe or funnel. धुवाँकस की नली।

Text-टॅक्स्ट् *-n.* the original, the original words of an author, passage of Scripture quoted as authority, subject of discourse, theme. मूल ग्रन्थ, किसी लेखक के मूल शब्द, मूल सूत्र, बातचीत का विषय, प्रकरण, निर्धारित विषय; **Text-book** (-बुक्)*-n.* a book containing the leading points of a science, a manual of instruction. सिद्धान्तों की पुस्तक, विद्यार्थियों की पाठ्य पुस्तक।

Textile-टॅक्स्-टाइल*-adj.* of weaving, capable of being woven. बुनाई का, बुनने योग्य।

Textorial-टॅक्स्टोरिअल्; **Textrine** (टॅ क्स्ट्रिन्) *-adjs.* pertaining to weaving. बुनाई-सम्बन्धी।

Textual-टॅक्स्ट्'-यु-अल् *- adj.* pertaining to the text, contained in the text, based on the text, well acquainted with texts or authors. पाठ्य पुस्तक सम्बन्धी, पाठ्य पुस्तक में वर्णित, पाठ्य पुस्तक पर आधारित, पाठ्य पुस्तकों या उनके लेखकों से परिचित; **Textually** (-लि) *-adv.* in accordance with the text. मूलग्रन्थ के अनुसार।

Textuarist-टॅक्स्ट्-यु-अ-रिस्ट् *-n.* one who is well versed in scriptures. श्रुति में पूर्ण पंडित, श्रौत।

Texture-टॅक्स्चर *-n.* a web, that which is woven, tissue, structure. जाल, बिनावट, रचना; **Textureless** (-लॅस्)*-adj.* structureless. बिना रचना का।

Thalamus-थॅा-ल-मस् *-n.* an inner room, a woman's apartment. भीतरी कमरा, अन्तःपुर, जनानखाना।

Thalassic-थॅा-लॅा-सिक्*-adj.* pertaining to sea. समुद्र-विषयक।

Thalassography-थॅा-लॅा-सॅ-ग्रॅफ़ि *-n.* the science of the sea. समुद्र-विज्ञान।

Thaler-था'-लर्*-n.* a German (silver) coin worth about 3 s. जर्मनी का (चाँदी का) एक सिक्का जो प्रायः तीन शिलिङ्ग के बराबर होता है।

Thallium-थॅाल्'-इ-अम्*-n.* a soft white metallic lead like element. सीसे के समान एक सफ़ेद मुलायम धातु।

Thallus-थॅा-लस्*-n.* vegetation in which there is no difference in leaf, stem or root. ऐसी वनस्पति जिसकी पत्ती, डंठल तथा जड़ में कोई अन्तर नहीं रहता।

Than-दॅान् *-conj.* denoting comparison. अपेक्षा, से, अधिक।

Thanatoid-थॅानॅा-टॉ-इड्*-adj.* like death. मृतक के समान, मरण-तुल्य।

Thanatology-थॅानॅाटॅलॅजि *- n.* the study of death. मृत्यु के विषय में अध्ययन।

Thane-थेन् *- n.* an old English title of dignity. अँगरेजों की एक प्राचीन पदवी।

Thanage-थेन् - एॅज्, **Thanedom** (- डम्), **Thanehood** (-हुड्) *-ns.* the office of a Thane. नवाब की प्राचीन पदवी।

Thank-थॅाङ्क्*-v. t.* to express gratitude for a thing, to make acknowledgments for kindness, gift or service. कृतज्ञता दिखलाना, धन्यवाद देना; **Thanks**-*n. pl.* expression of gratitude. (ब० व०) धन्यवाद ; **Thankful** (-फ़ुल) *-adj.* grateful. कृतज्ञ, उपकारी; **Thankfully** (-फ़ुलि)*-adv.* gratefully. कृतज्ञतापूर्वक; **Thankfulness** (-फ़ल-नॅस्) *- n.* the state of being thankful. कृतज्ञता; **Thankless** (-लस्) *-adj.* ungrateful. कृतघ्न; **Thanklessly** (-लस्-लि)*-adv.* in a thankless manner. कृतघ्नता से; **Thanklessness** (-लॅस्-नॅस) *-n.* the state of being thankless. कृतघ्नता; **Thanks** (-स्) *-n.* thank you. आपको धन्यवाद; **Thanksgiving** (-गिव्'-इङ्ग्)*-n.* the act of expressing favour. कृतज्ञता, धन्यवाद; **Thankworthy** (-वर्-दि) *- adj.* deserving thanks. धन्यवाद देने योग्य।

Tharm-थार्म्-*n.* twisted gut. ताँत ।

That-दैट्-*adj.* not this but the other. वह, दूसरा; -*pron.* who, which. वह, जो; -*conj.* because. इस कारण से, कि, क्योंकि; **All that** (everything.) सब कुछ; **Like that** (similar to that.) उस प्रकार से; **That much.** उतना; **That is.** अर्थात् ।

Thatch-थैच्-*n.* a roof covering of straw, reeds, &c. छप्पर, फूस; -*v. t.* to cover with straw &c. छजना, छाना; **Thatcher** (-अर्) -*n.* one who covers with straw. छप्पर छानेवाला; **Thatching** (-इङ्ग्) -*n.* act of covering with straw, materials for covering a roof. छप्पर छाने की क्रिया, छप्पर छाने का सामान।

Thaumaturge-थॉमटर्ज्-*n.* a worker of miracles. जादूगर; **Thaumaturgical** (-इ-कल्) -*adj.* exciting wonder. आश्चर्य दिखलानेवाला; **Thaumaturgist** (-इस्ट्) -*n.* one who deals in wonders. जादू की खेल दिखलानेवाला; **Thaumaturgy** (-इ) -*n.* the act of wonderful performance. किसी प्रकार का अद्भुत कार्य करना ।

Thaw-थॉ-*v. t. & i* to pass into a liquid state, to melt or dissolve. द्रव होना, गलना, पिघलना, घुलना, पिघलाना; -*n.* the warmth of weather, the melting of ice or snow. ऋतु की गरमी, बरफ का पिघलाव (गलन)।

Thawy-थॉ'-इ-*adj.* liable to melt. गलने योग्य।

The-दी-(किसी दूसरे शब्द के साथ प्रयुक्त होने पर इसका उच्चारण 'द' हो जाता है) -*definite article or demonstrative pronoun,* denoting a certain person or thing. यह, वह, (यह शब्द पूर्व-कथित अथवा परिचित व्यक्ति के लिये प्रयुक्त होता है); -*adv.* in whatever degree, on that account, by so much, in that much. जिस हद तक भी, उस सबब से या के लिये, उतने से, उतने में; **The more he earns.** जितना ही अधिक वह कमाता है; **The sooner the better.** जितना ही शीघ्र हो उतना ही अच्छा।

Theandric-थिऐन्ड्रिक्-*adj.* combining the divine and human nature. दैवी तथा मानुषी प्रकृति की मिलावट का।

Theanthropic-थि-ऐन्-थ्रॉ-पिक्-*adj.* both divine and human. मानुषी तथा दैवी; **Theanthropism** (-पिज़्म्)-*n.* the state of being god and man, manifestation of God in man. देवता तथा मनुष्य के गुणों की मिली हुई अवस्था, मनुष्य में ईश्वर के गुणों का प्रकाशन।

Thearchy-थी'-आर्कि-*n.* (*pl.* **Thearchies.**) the rule of gods. देवताओं का शासन।

Theatre-थी-ऍ-टर्-*n.* a building for dramatic performance, a play-house, a hall for lectures, field of operation. नाट्यशाला (नाटक-गृह), नाचघर, व्याख्यान मंदिर, प्रयोगशाला।

Theatrical-थीऍट्रिकल्-*adj.* pertaining to the theatre, suitable for the stage. नाटक-गृह-सम्बन्धी, नाट्य-सम्बन्धी; **Theatrically** (-लि) -*adv.* in a manner suitable for the stage. नाटकीय रीति से; **Theatricals** (-स्) -*n. pl.* dramatic performances. नाटक के खेल या प्रदर्शन।

Theban-थी'-बन्-*adj.* belonging to Thebes. थीब्ज़् देश सम्बन्धी।

Thee-दी-*pron.-adj.* case *sing.* of 'Thou'. तुझको, तुझे।

Theft-थेफ़्ट्-*n.* stealing, thing stolen. चोरी, चोरी का माल।

Theic-थी'-इक्-*n.* one who drinks tea to excess. अधिक चाय पीनेवाला।

Theiform-थी'-इ-फ़ॉर्म्-*adj.* having the form of tea. चाय के प्रकार का।

Their-दैअर्-*pron.* possessive case of 'They'. उनका, उन लोगों का, अपना।

Theirs-दैअर्ज़्-*pron.* possessive of 'They'. उनका।

Theism-थी-इज़्म्-*n.* a belief in the existence of the Supreme Being (God). ईश्वरवाद, आस्तिकता; **Theist** (-इस्ट्)-*n.* a believer in the existence of the Supreme Being (God). ईश्वरवादी, आस्तिक; **Theistical** (-इ-कल्)-*adj.* pertaining to theism. आस्तिकता सम्बन्धी।

Them-दैम्-*pron.* objective case of 'They'. उन्हें, उन लोगों को, उनको।

Thematic-थि-मीटिक्-*adj.* belonging to a theme. प्रकरण सम्बन्धी।

Theme-थीम्-*n.* a subject on which one writes, speaks or thinks, an essay or composition. विषय, प्रकरण, प्रसङ्ग।

Themselves-दैम्'-सेल्व्ज़्-*pron.* emphatic and reciprocal form of *they* and *them.* वे आप, वे स्वयं, आपही।

Then-दैन्-*adv., conj. & adj.* at that time, afterwards, soon afterwards, in that case. तब, उस समय, अनन्तर, तो; **Now and then** (at one time or another.) कदाचित्, कभी-कभी; **So then.** तब तो; **What then?** तब क्या?

Thenal-थी'-नल्-*adj.* pertaining to the palm

of the hand or the sole of the foot. हाथ या पैर के तलुवे का।

Thenar-थी'-नर्-*n.* the palm of the hand. हाथ का तलवा।

Thence-दॅन्स्-*adv.* from that place or time, for that reason. उस स्थान या समय से, उस कारण से ; **Thenceforth** (-फ़ोर्थ्) -*adv.* from that time. उस समय से; **Thenceforward** (-फ़ॉर्-वर्ड्)-*adv.* from that time onward. उस समय से आगे।

Theo-थि-ॲ-*pref.* having the meaning of God. "ईश्वर" अर्थ का उपसर्ग ; **Theocracy** (-क्रॉ-सि)-*n.* a constitution which is governed by God. ईश-तंत्र, धर्मराज्य; **Theocrasy** (-क्रॉ-सि) -*n.* the union of soul with God. आत्मा का ईश्वर से संयोग।

Theodolite-थि-ॲ-डॅ-लाइट्-*n.* an instrument for measuring horizontal and vertical angles. ऊँचाई तथा कोण नापने का यन्त्र।



Theodolite.

Theogonic-थि-ॲगॉनिक्-*adj.* pertaining to theogony. देवताओं की वंशावली सम्बन्धी; **Theogonist** (-निस्ट्) - *n.* one who is versed in the mythology of gods. देवताओं की वंशावली जाननेवाला।

Theogony-थि-ॲ-गॅ-नि-*n.* the genesis of the gods. देवताओं की वंशावली।

Theologian-थि-ॲ-लॅ-जि-अन्-*n.* one who is versed in theology. वेदान्ती, अध्यात्मवादी, ब्रह्मज्ञानी।

Theological-थि-ॲ-लॅ-जि-कल्-*adj.* pertaining to theology. अध्यात्मविद्या सम्बन्धी; **Theologically** (-लि)-*adv.* according to the principles of theology. ब्रह्मज्ञान के सिद्धान्त के अनुसार ; **Theologist** (-जिस्ट्) - *n.* a theologian. अध्यात्मवादी, वेदान्ती।

Theologize-थि-ॲ - लॅजाइज़्-*v. t.* to render theological. अध्यात्म-सम्बन्धी बनाना; **Theologizer** (-अर्) -*n.* one who theologizes. वेदान्ती, अध्यात्मवादी; **Theology** (-जि)-*n.* the science of religion. ईश्वरज्ञान, पदार्थविद्या, अध्यात्मविद्या।

Theomachist-थी-ॲमकिस्ट्-*n.* one who fights against the gods. देवताओं के विपरीत युद्ध करनेवाला; **Theomachy** (-कि)-*n.* a fighting against the gods. देवताओं से विरोध।

Theomancy-थी'-ॲ-मॅन्सि-*n.* divination by oracles. भविष्यवाणी से शकुन ज्ञान।

Theopathy-थि-ॲ-पॅ-थि-*n.* the feeling which arises from divine meditation. दैवी बल, अध्यात्म-बल।

Theophany-थीॲफ़नि - *n.* manifestation of God to man by His actual appearance. देवता का मनुष्य के सम्मुख प्रत्यक्ष होने की क्रिया।

Theorbo-थॅ-ऑर्' - बॅ-*n.* a kind of lute. एक प्रकार की बीन।

Theorem-थीॲ रॅ-म्-*n.* a proposition which is to be proved by reasoning. प्रमेय, उपपत्तिसूत्र ; **Theorematic** (-ऑ-टिक्)-*adj.* pertaining to theorem. प्रमेय या सूत्र-सम्बन्धी।

Theoretical-थीॲ - रॅ - टिकल्-*adj.* depending on theory or speculation. कल्पना-सम्बन्धी, मानसिक ; **Theoretically** (- लि) -*adv.* speculatively. कल्पनापूर्वक।

Theorist-थी'-ॲ - रिस्ट्-*n.* one who forms theories. सिद्धान्त बनाने (कल्पना करने) वाला।

Theorization-थी'-ॲराइज़ेशन् - *n.* the act of speculating. कल्पना करने की क्रिया।

Theorize-थी'-अराइज़्-*v. i.* to form a theory, to speculate. कल्पना करना, मत बनाना।

Theory-थी'- ॲरि-*n.* (*pl.* **Theories.**) an exposition of the general principles, abstract principles of a science, speculation. सिद्धान्त, कल्पना, उपपत्ति।

Theosophic-थीॲ-सॅ-फ़िक्- *adj.* pertaining to theosophy. ब्रह्मवाद-सम्बन्धी; **Theosophist** (-इस्ट्) -*n.* an adherent of theosophy. ब्रह्मवाद का अनुयायी; **Theosophy** (-फि) -*n.* a system of philosophy professing to attain intimate knowledge of God by spiritual ecstasy. ईश्वरज्ञान, ब्रह्मवाद।

Therapeutic-थॅ-रॅ-प्यू'-टिक्-*adj.* of the healing art, curative. रोगहर, चिकित्सा-सम्बन्धी; **Therapeutics** (-स्)-*n.* the branch of the medical science which treats of medicines and their action in diseases. भेषजशास्त्र, औषध विज्ञान; **Therapeutist**(-टिस्ट्)-*n.* one versed in therapeutics. औषधिशास्त्रवेत्ता, दवाओं का जानकार।

There-दॅअर्-*adv.* in that place, at that place, at that point. वहाँ, उस स्थान में, उस विषय में; -*n.* that place. वह स्थान; used merely as introductory. आरम्भिक अर्थ में प्रयुक्त होता है, यथा; There was a king. एक राजा था; Here and there (in one place or the other.) एक या दूसरे स्थान में।

Thereabout-दॅअर्' -अ-बाउट् -*adv.* near that place. उस स्थान के पास, वहीं पर; **Thereabouts** (-स्)-*adv.* near that place, near that number or degree. उस स्थान के पास, उसी संख्या में; **Thereafter** (-आफ़्टर्)-*adv.* after that, accordingly. उसके बाद, तदनन्तर, तदनुसार; **Thereat** (-ऑट्)-*adv.* on that account. उसी कारण से; **Thereby** (-बाइ)-*adv.* by that means. उसके द्वारा, उस उपाय से; **Therefor** (-फ़ॉर्)-*adv.* for that purpose. उस निमित्त; **Therefore** (-फ़ॅर्)-*adv.* for that reason, consequently. इस कारण से, इस हेतु से; **Therefrom** (-फ़्रॉम्) -*adv.* from that place. उस स्थान से; **Therein** (-इन्)-*adv.* in that place or time. उस स्थान या समय में; **Thereinto** (-इन्टू)-*adv.* into that. उसमें; **Thereof** (-ऑव्)-*adv.* on that. उस पर; **Thereto** (-टू)-*adv.* up to that. उस तक; **Theretofore** (-टु-फ़ोर्)-*adv.* previously. पहिले से; **Thereupon** (-अ-प-न्)-*adv.* in consequence of that, immediately. उस पर, तुरत; **Therewith** (-विद्) -*adv.* with that. उसमें; **Therewithal** (-वि-दॉल्) -*adv.* over and above. सर्वोपरि, उस पर।

Theriac-थीरिॲक्-*n.* an antidote against poison. एक विषघ्न औषध; जहर दूर करनेवाली दवा।

Theriotomy-थीरिॲटॅमि-*n.* dissection of animals. पशुओं की चीरफाड़।

Therm-थर्म्-*n.* the unit of heat necessary to raise one pound of water to one degree Fahrenheit. अंग्रेजी तापमान की इकाई; **Thermal** (-अल्), **Thermic** (-इक्)-*adjs.* pertaining to heat, warm. उष्णता-सम्बन्धी, गरम।

Thermantidote-थर्मॅन्टि-डोट्-*n.* an apparatus for driving current of cooled air into a room. चरखे का पंखा।

Therematology-थर्मॅटॅलॅजि-*n.* medical treatment by means of hot springs. जल की गरम धारा से चिकित्सा।

Thermionic-थर्मिॲनिक्-*adj.* giving electric current by means of heat. उष्णता द्वारा बिजली की धारा उत्पन्न करनेवाला।

Thermo-थर्'-मॅ-*pref.* in the sense of 'warm, 'उष्ण' अर्थ का उपसर्ग; **Thermo-current** -करेन्ट्)-*n.* an electric current developed by heat. गरमी से उत्पन्न हुई बिजली की धारा; **Thermo-dynamics** (-डाइनॉमिक्स्)-*n.* the science of relations between heat and mechanical work. उष्णता तथा यन्त्र-क्रिया के सम्बन्ध का शास्त्र; **Thermo-motive** (-मोटिव्) -*adj.* of motion produced by heat. उष्णता से उत्पन्न गति के विषय का; **Thermometer** (-मिटर्)-*n.* an instrument for measuring temperature. ताप-मापक यन्त्र, गरमी-सरदी नापने का यन्त्र; **Thermometric** (-मॅ-ट्रिक्)-*adj.* pertaining to a thermometer. ताप-मापक यन्त्र-सम्बन्धी; **Thermometrically** (-म ट्रिकलि)-*adv* by means of a thermometer. ताप-मापक यन्त्र द्वारा; **Thermopile** (-पाइल्)-*n.* an electrical measure for heat. बिजली द्वारा गरमी की नाप।

Thermos- थर्मस्, (**Thermo-flask.**) - *ns.* a kind of vacuum flask. किसी पदार्थ को अधिक समय तक ठंडा या गरम रखनेवाली एक प्रकार की बोतल।

Theroid-थीरा -इ -इ - *adj.* beast-like. पशु के समान; **Therology** (-थी-रॅ-लॅजि) -*n.* the science of mammals. पशुशास्त्र।

Thesaurus-थिसॉरस्-*n.* a treasury, a lexicon or cyclopaedia. खजाना, विश्वकोश।

These-दीज़्-*pron. pl.* of **This.** ये, इन।

Thesis-थी'-सिस्-*n.*(*pl.* **Theses**-सीज़्) a proposition which is to be maintained, a theme, an indpendent essay on a definite subject presented for a doctorate degree. पूर्वपक्ष (प्रतिज्ञा), शास्त्रार्थ का विषय, डॉक्टरी की उपाधि के लिये उपस्थित किया गया किसी निश्चित विषय पर स्वतंत्र निबन्ध।

Thesmothete-थॅज़'-मॅ -थीट् -*n.* a law-giver. कानून बनानेवाला।

Thespian-थॅस्पि-अन्-*adj.*pertaining to dramatic acting. नाट्यशाला या नाटक-सम्बन्धी।

Theurgy-थी'-अर्जि-*n.* miraculously effective art, the art of magic. अलौकिक शक्ति, जादू।

Thewless-थ्यू - लॅस् - *adj.* lacking vigour. शक्तिहीन।

Thews-थ्यूज़्-*n. pl.* sinews, vigour. पुट्ठा, बल।

They-द-*pron.* (*pl.* of **He, She or It**) persons or things. वे, वे लोग।

Thick-थिक्-*adj.* dense, compact, broad, not fine, crowded together, cloudy. घना, गाढ़ा, (स्थूल), चौड़ा, अस्पष्ट, मन्द, गदला;-*adv.* closely, deeply. निरन्तर, अविरल;-*n.* the thick part of anything. किसी वस्तुका घना या स्थूल भाग; **Through thick and thin** (under all circumstances.) सब स्थिति में।

Thicken-थिक्'-न्-*v. t. & i.* to make or become thick. घना होना या करना; **Thickening** (-इङ्ग्)-*n.* something which thickens. गाढ़ा करनेवाला।

Thicket-थिकेट्-*n.* a number of trees or bushes growing together. झाड़ी, जंगल, वन।

Thick-headed-थिक्'-हेडेड्-*adj.* dull, stupid. मन्दबुद्धि, मतिहीन, मूर्ख; **Thickish** (-इश्)-*adj.* somewhat thick. कुछ घना; **Thickly** (-लि) -*adv.* closely, deeply. गाढ़ेपन से, समीप से; **Thickness** (-नेस्)-*n.* the state of being thick. घनत्व, घनापन; **Thickset** (-सेट्)-*adj.* closely planted. घना जमाया हुआ; **Thick-skin** (-स्किन्)-*n.* blockhead. मूर्ख मनुष्य, लंठ; **Thick-skull** (-स्कल)-*n.* a blockhead. मूर्ख मनुष्य।

Thief-थीफ्-*n.* (*pl.* **Thieves.**) who steals, one who is guilty of theft. चोर, तस्कर, चोट्टा।

Thieve-थीव्-*v. i. & t.* to practise theft. चुराना, मूसना; **Thievery** (-अरि)-*n.* the practice of stealing. चोरी; **Thievish**(-इश्)-*adj.* given to stealing, acting by stealth. चोरी की आदत वाला, चोरी से काम करनेवाला; **Thievishly** (-लि)-*adv.* in a thievish manner. चोरी से; **Thievishness** (-नेस्)-*n.* the quality of being thievish. ठगी।

Thig-थिग्-*v. i.* to beg, to live on alms. भीख माँगना, भीख पर जीवन बिताना; **Thigger** (-अर्)-*n.* one who obtains alms by means of threats. डरा-धमकाकर भिक्षा प्राप्त करनेवाला; **Thigging** (-गिङ्ग्)-*adj. & n.* begging. भीख माँगनेवाला या ऐसा करने का काम; **Thigging & sorning** (extortionate begging & sponging.) डरा-धमकाकर या सताकर भीख माँगने का काम।

Thigh-थाइ-*n.* the muscular portion of the leg between the hip and the knee. ऊरु, जंघा; **Thigh-bone** (-बोन्) (femur.) जाँघ की हड्डी; **Thighboot** (-बूट) (a boot whose upper part reaches upto the thigh.) जाँघ तक का बूट जूता; **Thigh-piece** (-पीस) (an armour for the thigh.) जाँघ का कवच।

Thigmotropic-थिग्'-मॅ-ट्रपिक्-*adj.* pertaining to response to stimulus of touch. स्पर्शजनित उत्तेजना की प्रतिक्रिया से सम्बन्धित; **Thigmotropism** (-इज़्म्)-*n.* response to stimulus of touch. स्पर्शजनित उत्तेजना की प्रतिक्रिया।

Thilk-द्दिल्क्-*adj. & pron.* the very or same (thing or person), this, that. वही (वस्तु या व्यक्ति), यह, वह।

Thill-थिल्-*n.* the floor or bed of a coal-seam, the shaft of a cart or carriage. कोयले की परत की तह, गाड़ी का बम।

Thiller-थिलर्-*n.* a horse which goes between thills. बम में जोतने का घोड़ा।

Thimble-थिम्'-ब्ल्-*n.* a metal cap worn on a finger for protection in sewing. दरजी की अँगुली में पहिनने की टोपी, अंगुलित्राण, अंगुस्ताना।

Thimble-berry-थिम्बल्-बॅरि-*n.* the black-raspberry of America. अमरीकी काली रसभरी, बेर या जामुन।

Thimble-case-थिम्बल्-केस्-*n.* a very little amount. बहुत थोड़ी मात्रा।

Thimble-eye-थिम्बल्-आइ-*n.* a kind of fish. एक प्रकार की मछली।

Thimbleful-थिम्'-ब्ल्-फुल्'-*adj.* very little. बहुत थोड़ा-सा।

Thimble-rig-थिम्बल्-रिग्-*n.* a swindling game played with three thimbles & a pea. तीन अंगुस्तानों और एक मटर के दाने से खेला-जानेवाला धोखे का खेल; **Thimble-rigger** (-अर्)-*n.* a professional sharper. व्यावसायिक ठग।

Thin-थिन्-*adj.* (*comp.* **Thinner,** *sup.* **Thinnest.**) not dense or crowded, fine, slender, shallow, meagre. अविरल, सूक्ष्म, कृश (पतला), छिछला, दुबला (बारीक); -*v. t. & i.* to make less thick, to rarefy, to grow thin. पतला करना, विरल होना, पतला होना।

Thine-द्दाइन्-*pron.* belonging to thee. तेरा।

Thing-थिङ्ग्-*n.* a substance, an object of thought, an animal, an act, a particular article. वस्तु (द्रव्य), विषय (बात), पशु, काम, पदार्थ; **Things** (-स्)-*n. pl.* clothes. (ब० व०) वस्त्र।

Think-थिङ्क्-*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Thought.**) to consider, to fancy, to intend, to judge, to suppose, to be of opinion, to propose, to imagine. विचारना, सोचना, चिन्तन करना, अनुमान या कल्पना करना; **I think so** (I consider in this way.) मैं ऐसा विचार है; **To think aloud** (to utter one's thoughts.) बोल उठना; **To think much of** (to hold in esteem.) आदर करना; **To think nothing of** (to consider insignificant.) तुच्छ विचारना; **To think of** (to consider.) विचार करना; **To think on** (to meditate.) ध्यान करना, विचारना; **To think out** (to devise a plan.) ढंग निकालना; **To think over** (to reflect.) विचार करना।

Thinkable-थिङ्क्'-ऍ- बूल् - *adj.* that can be thought. विचारणीय।

Thinker-थिङ्क्' - अर्-*n.* one who thinks. विचार करनेवाला।

Thinking-थिङ्क्' -इङ्ग्-*n.* imagination, thought, act of judging in mind. विचार करने की क्रिया; **Thinkingly** (-लि)-*adv.* with thought. विचारपूर्वक; **Thinking-part** (-पार्ट्) a dramatic part in which the actor has no word to speak & to think alone. नाटक का वह अभिनय जिसमें अभिनेता को कुछ न बोलकर केवल सोचने का अभिनय करना पड़ता है; **Think-so** (-सो) - *n.* a mere opinion. केवल राय मात्र, सिर्फ राय या मत।

Thinly-थिन्'-लि-*adv.* in a thin manner. पतलेपन से; **Thinned** (-न्ड्) made thin. पतला बनाया गया; **Thinner** (-अर्)-*n.* (one who makes thin.) पतला बनानेवाला ; **Thinner** (-अर्) -*adj. comp.* more thin. अधिकतर पतला ; **Thinness**- (-नेस्)-*n.* the quality of being thin. पतलापन; **Thinnish** (-निश्)-*adj.* somewhat thin. कुछ पतला।

Thin-skinned-थिन्'-स्किन्ड्-*adj.* having a thin skin. पतले चमड़ेवाला ; **Thin-skinnedness** (-नेस्) -thin-skinned condition. पतले चमड़े की अवस्था ; **Thin-sown** (-सोन्) sparsely sown. विरल रूप से या दूर-दूर या बीड़र बोया गया; **Thin-spun** (-स्पन्) drawn out fine. पतला (तागा) काता गया ; **Thin-walled** (-वाल्ड्) having a thin wall. पतली दीवालवाला।

Thio-थाइ-ओ- a prefix meaning 'sulphur'. 'गन्धक' के अर्थवाला उपसर्ग; **Thio-acid** (-ऍसिड्) an acid in which sulphur takes the place of oxygen. वह अम्ल (तेजाब) जिसमें गन्धक ऑक्सिजन का स्थान ग्रहण कर लेता है ; **Thio-camph** (-कैम्फ्) a compound of sulphur dioxide & camphor. गन्धक के भस्म और कपूर का यौगिक ; **Thio-carbonate** (-कार्'-बें-नेट्) a salt containing sulphur with a carbonate. गन्धकयुक्त कार्बनेट नमक ; **Thio-cynate** (-साइ-नेट्) a salt of thiocynic acid—HSCN. गन्धकयुक्त साइनिक अम्ल का लवण (नमक); **Thionaphthene** (-नैफ्थीन्) a colourless crystalline compound—C_8 H_6 S. रंगहीन दानेदार यौगिक ; **Thionine** (-नी-न्) a brownish black dye. भूरा काला रंग ; **Thiophene** (-फ़ीन्) a colourless liquid—C_4 H_4 S with benzene-like odour. बेंजीन के समान गंधवाला रंगहीन द्रव।

Third-थर्ड्'-*adj.* next after second. तीसरा; **Thirdly** (-लि)-*adv.* in the third place. तीसरे स्थान में।

Third-rate-थर्ड्-रेट्-*adj.* inferior. घटिया, तुच्छ।

Thirst-थर्स्ट्-*n.* a desire for drink, intense desire, dryness. तृष्णा, प्यास, उत्कट इच्छा, सूखापन;-*v. t. & i.* to feel thirst for or after a thing. प्यासा होना, तरसना; **Thirstily** (-इ-लि) -*adv.* in a thirsty manner. प्यास से, उत्सुकता से, सूखापन से; **Thirsty** (-इ)-*adj.* suffering from thirst, parched, having an ardent desire. पिपासित, प्यासा, उत्सुक।

Thirteen-थर्'-टीन्-*adj. & n.* one more than twelve. तेरह; **Thirteenth** (-थ्)-*adj.* ordinal of thirteen. तेरहवाँ ; **Thirtieth** (-टि-यथ्) -*adj.* ordinal of thirty. तीसवाँ; **Thirty** (-टि) -*adj. & n.* three times ten. तीस।

This-दिस्-*adj. & pron.* (*pl.* **These.**) the person or thing which is close at hand. यह; **By this time** (up to this time.) अब तक; **This day** (today.) आज ; **This much** (this amount.) इतना।

Thistle-थिस्'-सल्-*n.* a kind of prickly plant. गोखरू।

Thither-दिद्'-अर् - *adv.* to that place. उस स्थान पर, वहाँ।

Tho'-दो-*adv.* contraction of "Though." यद्यपि।

Thole-थोल्-*v. t.* to endure or suffer. सहन करना;-*n.* the fulcrum for the oars of a boat. नाव के डाँड़े की कील।

Thong-थॉङ्ग्-*n.* a narrow strip of leather for fastening anything. चमड़े की रस्सी, तस्मा;-*v.t.* to provide with or strike with a thong. तस्मा लगाना, चमड़े की रस्सी से पीटना।

Thoracic-थॅ-रॅस्-इक्-*adj.* pertaining to the thorax. वक्षःस्थल-सम्बन्धी।

Thoral-थोर् - अल् - *adj.* pertaining to bed. बिस्तर सम्बन्धी।

Thorax-थोरॅक्स् - *n.* the part of the body between the head and the abdomen. वक्षःस्थल, छाती।

Thorium-थोरिअम् - *n.* a kind of metallic element. एक प्रकार की धातु।

Thorn-थॉर्न्-*n.* a prickly shrub, the skin of a plant, impediment. कँटेदार वृक्ष, काँटा, अवरोध; **A thorn in one's flesh** (constant source of trouble.) निरन्तर आपत्ति का कारण; **Thorn-apple** (a kind of poisonons fruit.) धतूरा; **Thornless** (-लस्)-*adj* desti-

tute of thorns. निष्कण्टक, बिना काँटे का; **Thorny** (-इ)-*adj.* full of thorns, sharp, troublesome. तीखा, काँटेदार, दुःखदायी।

Thorough-थॅरॅ-*adj.* passing to the end, complete, not superficial, perfect. संपूर्ण, पर्याप्त, पूर्ण, पूरा; **Thoroughbred** (-ब्रॅ ड्)-*adj.* bred from the best blood. अति कुलीन; **Thorough-going** (-गो - इङ्ग्) -*adj.* not compromising. मेल न करनेवाला; **Thoroughly** (-लि)-*adv.* entirely. पूर्ण रूप से; **Thoroughness** (-नॅस्)-*n.* completeness. पूर्णता।

Thoroughfare-थॅरॅ - फ़ॅअर् *n.* road, street. राजमार्ग, सड़क, सामान्य मार्ग, आम रास्ता।

Thorp-थॉर्प्-*n.* a village, a hamlet. गाँव, बस्ती, पुरवा।

Those-दोज़्-*pron. pl.* of 'That'. वे, उन।

Thou-दाउ-*pron.* second person singular. तू;-*v. t.* to address a person as 'thou.' तू-तू करना।

Though-दो-*conj.*(also **Although** *abbr.* (tho') granting, notwithstanding, admitting, even if. यद्यपि, हालाँकि; **As though** (as if.) followed by 'yet'. मानो कि, इसके बाद 'yet' शब्द का प्रयोग होता है।

Thought-थॉट्-*p. t. & p.p.* of **Think.** सोचा।

Thought-थॉट्-*n.* the act of thinking, idea, fancy, meditation, conception. विचार, ध्यान, चिन्ता, बुद्धि, विचारशक्ति; **Quick as thought** (very quick.) अति शीघ्र; **To take thought** (to consider.) विचार करना।

Thoughtful (-फ़ुल्)-*adj.* attentive, meditative. विचारशील, ध्यानपूर्ण, सावधान; **Thoughtfully** (-फ़ुलि)-*adv.* with considerations. ध्यानपूर्वक, विचार करके; **Thoughtfulness** (-फ़ुल्-नॅस्) -*n.* serious concern. विवेकता; **Thoughtless**(-लॅस्)-*adj.* careless, heedless, stupid. असावधान,प्रमत्त, मूढ़; **Thoughtlessly** (-लॅस्-लि)-*adv.* without thought. बिना विचारे; **Thoughtlessness** (-लॅस्-नॅस्)-*n.* heedlessness. असावधानी, अविवेक।

Thought-reading (-थॉट्-रीडिङ्)-*n.* divining another's thought. दूसरे के चित्त के भाव को जान लेने की कला।

Thousand-थाउ'-ज़न्ड्-*n.* the number of ten hundred. (1000) दस शत, सहस्र, हजार; **Hundreds of thousands.** लाख; **Ten Thousand.** दस हजार; **Thousand and one** (numberless.) अनन्त; **Thousandfold** (-फ़ोल्ड्)-*adj.* multiplied by a thousand. हजार गुना; **Thousandth** (-थ्)-*adj.* the ordinal of thousand. हज़ारवाँ।

Thraldom-थ्रॉल्डम् - *n.* slavery, bondage. दासत्व, गुलामी, बँधुआपन।

Thrall-थ्रॉल्-*v. t.* to enslave. बँधुआ या दास बनाना।

Thrash-थ्रॅश्-*v. t.* to beat out grain from corn &c., to beat soundly with a stick. पीटकर भूसे से अन्न अलगाना (धुनना), पीटना; **Thrasher** (-अर्) -*n.* one who thrashes. पीटनेवाला; **Thrashing** (-इङ्ग्) - *n.* the operation of beating out grain from husk. भूसे से अन्न अलगाने की क्रिया।

Thrasonical-थ्र-सॅ - निकल् - *adj.* bragging, boasting. दम्भी (गर्वी), श्लाघा करनेवाला, घमंडी; **Thrasonically** (-लि) - *adv.* in a bragging manner. गर्व से, अभिमान से, घमंड से।

Thread-थ्रॅड्-*n.* twisted filament of cotton, flax, wool &c., something contrived in a long course. सूत्र (तन्तु), तागा (डोरा), लम्बी योजना;-*v. t.* to pass thread through the eye of a needle. सूई में तागा पिरोना; **Gold-thread** (gold wire wound rough thread.) कलाबत्तू; **Thread of a story** (the line in which a story turns.) कथा-प्रबन्ध।

Threadbare-थ्रॅड्' - बेअर् - *adj.* worn out, hackneyed, worn to the naked thread, trite. जीर्ण-शीर्ण, दरिद्र, जर्जर, साधारण।

Threader-थ्रॅडर्-*n.* a contrivance for threading. तागा पिरोने का साधन।

Thread-worm-थ्रॅड्' - वर्म्-*n.* a kind of intestinal worm. आँतों में होनेवाला केंचुआ।

Thready-थ्रॅ डि-*adj.* like thread. तागे के समान।

Threat-थ्रॅट् - *n.* menace, intimidation, denunciation, indication of coming harm. भर्त्सना, घुड़की, धमकी, आनेवाली आपत्ति की सूचना।

Threaten-थ्रॅट्'-न्-*v.t.* to attempt to menace. घुड़कना, डाँटना; **Threatener** (-अर्) - *n.* one who threatens. डराने या धमकानेवाला; **Threateningly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a threatening manner. धमकाते हुए ढंग से।

Threatful-थ्रॅट्' - फ़ुल् - *adj.* full of threats. भर्त्सनापूर्ण।

Torment-टॉर्-मॅन्ट्-*n.*extreme bodily or mental pain. सन्ताप, पीड़ा, यातना, बड़ा दुःख; -*v. t.* (-मॅन्ट्') to put to severe pain. अत्यन्त दुःख या पीड़ा देना, सताना; **Tormenting** (-इङ्ग्) -*adj.* causing annoyance. सन्ताप देनेवाला; **Tormentingly** (-लि)-*adv.* in a tormenting manner. पीड़ा या कष्ट देता हुआ; **Tormentor** (-अर्)-*n.*one who or that which torments. सन्तापक, अधिक दुःख देनेवाला; **Tormentress** (-रॅस्)-*n. fem.* a female tormentor. सन्ताप देनेवाली स्त्री ।

Tormina-टोर्मिना-*n.*colic pain in the bowels. उदर का शूल, पेट का दर्द ।

Torminous-टोर्मिनस् - *adj.* of colic pain. उदरशूल-सम्बन्धी ।

Torn-टोर्न्-*p. p.* of Tear. फटा हुआ ।

Tornado-टॅर्'-ने- डॅ -*n.* (*pl.* Tornadoes) a violent storm, a hurricane, tempest. उग्र या तीव्र आँधी, चक्रवात, तेज़ आँधी ।

Torose, Torous-टॅरोस्,टो'-रस्-*adjs.* swelling in knobs. गाँठों से उभड़ा हुआ ।

Torpedo-टॉर्-पी'डो-*n.* (*pl.* Torpedoes.) the cramp fish, a submarine weapon in the form of a cigar designed for blowing up a ship. एक प्रकार की मछली, जहाज़ों की पेंदी तोड़नेवाला सिगार की शकल का पनडुब्बी जहाज़ी अस्त्र; -*v. t.* to destroy with torpedoes इसके द्वारा जहाजों को नष्ट करना;**Torpedo-boat** (a ship for discharging torpedoes.) पेंदी तोड़ने या गोला फेंकनेवाला जहाज़ ।

Torpent-टॉर्-पॅन्ट् - *adj.* having no activity, benumbed. गतिशून्य, मन्द (जड़) ।

Torpescence - टॉर्' - पॅ सॅन्स्-*n.* torpidness, insensibility. जड़ता, मन्दता, चेतना-हीनता ।

Torpid-टॉर्पिड्-*adj.* sluggish, dull, inactive. चेतनाशून्य, मन्द, जड़; -*n.* an eight-oared boat. आठ डाँड़े की नाव; **Torpidity** (-इटि)-*n.* inactivity, stupidity. मन्दता (जड़ता), मूर्खता, चेतनता का अभाव; **Torpidly** (-लि)-*adv.* in a torpid manner. मन्दता से;**Torpidness**(-नॅस्) -*n.* the state of being torpid, sluggishness. मन्दता; **Torpify** (-फ़ाइ)-*v. t.* (*p. t.* Torpified.) to make torpid. मन्द करना ।

Torpor-टॉर्पर्-*n.* dullness, laziness, inactivity. मन्दता, जड़ता, सुस्ती; **Torporific** (-इफ़्'-इक्) -*adj.* producing torpor. मन्दता लानेवाली ।

Torquated-टॉर्क्वे - टॅड् - *adj.* having a ring round the neck. गर्दन पर वलि (चक्र) वाला ।

Torque-टॉर्क्-*n.* a necklace of twisted gold wires. सोने के ऐंठे तारों का बना हुआ कण्ठा ।

Torrefaction - टॅरिफ़ॅक्शन् - *n.* a process of drying. सुखाने की एक क्रिया ।

Torrefy-टॅरिफ़ाइ-*v. t.* (*p. t.* Torrefied.) to dry by fire, to parch. आग से सुखाना, भूनना ।

Torrent-टॅ-रॅन्ट्-*n.* a violent rushing stream, a violent flow of anything. जल-प्रवाह, स्रोत, वेग, धारा; **Torrential** (-शल्)-*adj.* caused by torrents. जल-प्रवाह सम्बन्धी ;**Torrentially** (-लि)-*adv.* in a torrent. धारा-प्रवाह में; **Torrents** (-स)-*n.* a heavy pouring of rain. मूसलधार वृष्टि, धारासार वृष्टि ।

Torrid-टॉ-रिड्-*adj.* parched by the heat of the sun, very hot. सूर्य की किरणों से सूखा हुआ, अति उष्ण; **Torridness** (-नॅस्) -*n.* the state of being very hot. अति उष्ण होने की स्थिति;

Torrid zone (-ज़ोन्) -*n.* the zone of the earth between the tropics. भूमध्य रेखा के पास का अत्युष्ण प्रदेश का पट्टा, उष्ण कटिबन्ध ।

Torsel-टॉर्-सॅल्-*n.* anything twisted, a scroll. घूमी या ऐंठी हुई कोई वस्तु ।

Torsion-टॉर्शन्-*n.* act of twisting. ऐंठन या बटन ; **Torsion balance** (an instrument for estimating very minute force.) अति अल्प शक्ति जानने का यन्त्र; **Torsional** (-अल्) -*adj.* pertaining to torsion. ऐंठन-सम्बन्धी ; **Torsionless** (-लॅस्) -*adj.* without a twist. बिना ऐंठन का ।

Torsive-टॉर्सिव् - *adj.* twisted in a spiral manner. घुमौवा, ऐंठन का ।

Torso-टार्'-सो-*n.* the trunk of a statue. मूर्ति का धड़ ।

Tort-टॉर्ट्-*n.* a wrong done to a person or private property. किसी व्यक्ति के शरीर या संपत्ति को हानि पहुँचाना ।

Torticollis-टॉर्टिकॉलिस् - *n.* wry or stiffneck. गरदन पर की गँठिया ।

Tortile-टॉर्टाइल्-*adj.* twisted, coiled. ऐंठा हुआ, मोड़ा हुआ ।

Tortious-टॉर्शस-*adj.* injurious. हानिकर, कष्ट देनेवाला ।

Tortoise-टॉर्टिज़्, टॉर्टस-*n.* a kind of turtle. कूर्म, कच्छप, कछुआ; **Tortoise-shell** (-शॅल्) -*n.* the horny plate of a turtle. कछुवे की पीठ की हड्डी ।

Tortive-टॉर्टिव्-*adj.* twisted. ऐंठा हुआ, मोड़ा हुआ ।

Tortulous-टॉर्च्यु'लस-*adj.* bulged at intervals. स्थान-स्थान पर फूला हुआ ।

Tortuous-टॉर्च्यु'अस्-*adj.* winding, twisted. कुटिल, टेढ़ा, ऐंठा हुआ; **Tortuousity** (-इटि)-*n.* wreathing. ऐंठन; **Tortuously** (-लि)-*adv.* in a twisted manner. टेढ़ेपन से; **Tortuousness** (-नॅस्)-*n.*the state of being tortuous. कुटिलता, ऐंठन ।

Torture-टॉर्चर्-*n.* extreme bodily pain, torment, mental or bodily anguish. दारुण वेदना, यातना, यन्त्रणा, बड़ा दुःख, कड़ा दर्द;-*v.t.* to put to torture, to vex, to inflict severe pain. अत्यन्त पीड़ा देना, यातना देना, सताना; **Torturer** (-अर्)-*n.* one who torments. यातना देनेवाला; **Torturingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a torturous manner. अत्यन्त पीड़ा देते हुए; **Torturous** (-अस्) -*adj.* causing torture. यातना-कारक, सतानेवाला ।

Torus-टॉरस्-*n.* the base of a floral receptacle. खंभे के नीचे की कँगनी, फूल का गर्भ ।

Tory-टोरि-*n.* one of the conservative party. राजहितैषी दल का सदस्य, राजभक्त ; **Toryism** (-इज़्म्)-*n.* the principles of Tories. राजभक्तों का सिद्धान्त ।

Toss-टॅस्-*v. t.* & *i.* (*p. p.* Tossed.) to throw with the hand, to throw up, to agitate, to cause to rise and fall, to settle a dispute. फेंकना, उछालना, हिलना, डावाँडोल करना, झगड़ा तय करना;-*n.* throwing upward. ऊपर की ओर उछाल; **To toss off** (to do a work rapidly.) जल्दी से कोई कार्य करना ।

Tot-टॉट्-*n.* anything very small, a small child. छोटा पदार्थ, छोटा बच्चा ।

Total-टो'-टल् -*adj.* complete, entire, comprising the whole. संपूर्ण, सकल, पूरा, सब;-*n.* the total number or amount. संपूर्ण परिमाण; -*v. t.* (*p. t.* Totalled.) to find the total of. जोड़ निकालना; **Totality** (-इटि) -*n.* the whole amount. समष्टि, पूर्णता ; **Totalize** (-आइज़्)-*v. t.* to add up. जोड़ करना; **Totally** (-लि)-*adv.* completely. पूर्ण रूप से, पूरी तरह से; **Totalness** (-नॅस्)-*n.* entireness. परिपूर्णता

Tote-टोट् -*v. t.* to carry. ले जाना ; - *n.* the handle of a carpenter's plane. बढ़ई के रन्दे की मुठिया ।

Totem-टोटम्-*n.* a figure used as a symbol of relationship. सम्बन्ध-सूचक चिह्न ।

Totter-टॉटर-*v.i.* to shake, to reel, to stagger. हिलना, विचलित होना, डगमगाना; **Totteringly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a tottering manner. डगमगाते हुए; **Tottery** (-इ) - *adj.* unsteady. अस्थिर, चंचल, डगमगाता हुआ ।

Toucan-टूकॉन्-*n.* a kind of American bird. अमेरिका देश की एक प्रकार की चिड़िया ।

Touch-टच्-*v. t.* & *i.* to come into contact with, to apply a slight force, to reach, to impress, to mark lightly, to treat lightly, to move, to strike, to interfere. स्पर्श करना, छूना, हलकी शक्ति लगाना, पहुँचना, अंकित करना, तुच्छ मानना, हृदय पर प्रभाव डालना, मारना, विघ्न डालना;-*n.* the act of touching, contact, sense of feeling, light pencil or brush mark, a stroke, a test, an emotion. स्पर्श, संसर्ग, स्पर्श-ज्ञान, हृदय की भावना, पेंसिल या ब्रश से लगाया गया हलका चिह्न, थपकी, जाँच, परीक्षा, भावना; **To touch on** (to treat in a brief manner.) किसी विषय की

किंचित् व्याख्या करना; **To touch to the heart** (to affect deeply.) हृदय पर गहरा प्रभाव डालना; **To touch up** (to correct.) शुद्ध करना।

Touchable-टचेबुल्-*adj.* tangible. स्पर्श करने योग्य; **Touchableness** (-नेस्) *-n.* the state of being touchable. स्पर्शयोग्यता, मर्मभेदी होना।

Touch-and-go-टच्-ऑन्ड्-गो-*n. & adj.* act of touching for an instant & leaving at once, something done instantly, a risky state of things, a narrow escape, casual, risky, instantaneous. क्षण भर के लिए छूकर छोड़ देने की क्रिया, तुरन्त तीव्र गति से किया गया काम, खतरनाक दशा, बाल-बाल बचाव, आकस्मिक, खतरनाक, शीघ्र किया जानेवाला; **Toucher** (-अर्) *-n.* one who touches. छूनेवाला व्यक्ति; **Touchhole** (-होल्) *-n.* the hole of a cannon by which powder is ignited. तोप का पलीता लगाने का छिद्र; **Touchiness** (-इ-नेस्) *-n.* peevishness. चिड़चिड़ापन; **Touching** (-इङ्ग्) *-adj. & prep.* pathetic, affecting, concerning. हृदयस्पर्शी (करुणात्मक), विषय में, उद्देश्य से; **Touchingly** (-इङ्ग्-लि) *-adj.* in a touching manner. हृदय-वेधक रूप से; **Touch-paper** (-पेपर्) *- n.* a paper steeped in saltpetre. शोरा में भिगोया हुआ कागज (जो बहुत धीरे-धीरे जलता है); **Touchstone** (-स्टोन्) *-n.* a stone by means of which the quality of gold is tested. कसौटी; **Touchwood** (वुड्) *-n.* decayed wood which catches fire from a spark. सड़ी लकड़ी जो चिनगारी से आग पकड़ लेती है; **Touchy** (-इ) *-adj.* peevish, oversensitive. चिड़चिड़ा, शीघ्र क्रुद्ध होनेवाला।

Tough-टफ्-*adj.* hard to break, flexible, strong, firm, stiff, unyielding, hardy. तोड़ने में कड़ा, चिमड़ा, पुष्ट, दृढ़, कठिन, अभेद्य, सहनशील; **Toughen** (-ऐन्) *-v. t. & i.* to make or become firm. कड़ा करना, चिमड़ा होना; **Toughish** (-इश्) *- adj.* somewhat tough. कुछ चिमड़ा; **Toughly** (-लि) *-adv.* in a tough manner. चिमड़ी तरह से; **Toughness** (-नेस्) *-n.* the quality of being tough, stiffness. चिमड़ापन।

Toupee-टू′-पी-*n.* a false lock of hair. बाबरी, बनावटी बालों का गुच्छा।

Toupet-टू-पे-*n.* the front part of false hair, the fore-lock of a horse. बाबरी का अगला भाग, घोड़े के सर के बाल का सामने का गुच्छा।

Tour-टू(-अ-)र्-*n.* a journey from place to place, a rambling excursion. पर्यटन (परिभ्रमण), विहार (दौरा); *-v. t.* to make a tour. भ्रमण करना, दौरा करना।

Tourbillion-टुर्बिल्यन्-*n.* a kind of firework. एक प्रकार की आतिशबाजी।

Tourelle-टू′-रेल् *-n.* a slender tower. पतली मीनार।

Tourist-टूरिस्ट्-*n.* one who makes a tour, an excursionist. स्थानों के देखने के लिए यात्रा करनेवाला।

Tournament-टुर्-नी-मेन्ट्-*n.* a contest of skill, a military sport. क्रीड़ायुद्ध, जंगी खेल, दंगल।

Tourney-टूर्नि-*n.* (*pl.* **Tourneys.**) a tournament. प्रतियोगिता, दंगल।

Tourniquet-टुर्निकेट्-*n.* a surgical instrument for stopping flow of blood. रुधिर बन्द करने का एक जर्राही यन्त्र।

Touse-टाउज़्-*v. t.* to pull, to haul. खींचना, तानना।

Tousle-टाउ′ज़ुल्-*v. t.* to pull about, to put into disorder. खींचना, क्रम बिगाड़कर रखना।

Tousy-टाउ′-ज़ि *-adj.* rough, tousled. रूक्ष, रूखा, गड़बड़ किया हुआ।

Tout-टाउट्-*v.* to solicit customers, to inspect movement of horses while training. ग्राहक खोजना (दलाली करना), घोड़ों की देखभाल करना; *-n.* one who goes about in search of customers. दलाल; **Touter** (-अर्) *-n.* one who touts. दलाली करनेवाला।

Tow-टो-*v. t.* to pull a boat by a rope along the coast, to drag over the surface of water. पानी के तल पर नाव इत्यादि को रस्सा बाँधकर खींचना; *-n.* a towing, the coarse part of hemp or flax. इस प्रकार से नाव खींचना, पटुआ या सन का मोटा भाग; **Towage** (-एज्) *-n.* the price paid for towing. नाव खींचने का किराया।

Toward-टु-वर्ड्-*adj.* docile, apt, approaching, near, favourable. योग्य, पलुआ, निकटवर्ती, निकट, अनुकूल।

Towards-टुवर्ड्ज़्-*prep.* in the direction of, as regards, in relation to. ओर, दिशा में, विषय में, सम्बन्ध में; *-adv.* near at hand, nearly. पास में, समीप, प्रायः।

Towel-टॉवेल्-*n.* a cloth used for wiping the body. मार्जन वस्त्र, अँगौछा, तौलिया; *-v. t.* to wipe with a towel. तौलिया से पोंछना; **Towel-horse** (-हॉर्स्) *-n.* a frame for hanging to-

wels. तोलिया लटकाने की अरगनी; **Towelling** (-लिङ्ग्) -*n.* cloth for towels. तौलिया बनाने का कपड़ा।

Tower-टावर्-*n.* a lofty tall structure, a place of defence, citadel, elevation. अटारी (बुर्जी, मीनार), दुर्ग, ऊँचाई;-*v. i.* to soar, to reach high. ऊँचाई पर पहुँचना; **Towered** (-ड्) -*adj.* adorned by towers. मीनारों से आभूषित; **Towering** (-इङ्ग्) -*adj.* very high. बहुत ऊँचा, उन्नत।

Towline-टो'-लाइन् -*n.* a rope for dragging boat in water. नाव खींचने का रस्सा, गोन।

Town-टाउन्-*n.* a collection of houses larger than a village. पुरी,नगर, कस्बा; **Town-clerk** (-क्लर्क्)-*n.* one who keeps the records of a town. नगर का लेखा रखनेवाला; **Town-council** (-काउन्-सिल्) -*n.* the governing body of a town. नगर की प्रवन्धकारिणी सभा; **Town-crier**(-क्राइअर्)-*n.*the public crier of a town. नगर का ढिंढोरा पीटनेवाला; **Townhall** (-हॉल्) -*n.* the public building of a town. नगर का सर्वसामान्य भवन ; **Town-house** (-हाउस्)-*n.* a house in a town. नगर का घर; **Townless** (-लेॅस्)-*adj.* having no town. बिना नगर का; **Townsfolk** (-स्-फोक्)-*n.* the inhabitants of a town. नगरवासी लोग; **Township** (-शिप्) -*n.* a district with the privileges of a town. नागरिक अधिकार का जिला; **Town-talk** (-टॉक्)-*n.* the talk prevalent in a town. नगरवार्ता; **Townwards** (-वर्ड्स्)-*adv.* towards the town.नगर की ओर।

Toxic-टॉक्सिक् -*adj.* pertaining to poison, poisonous. विष-सम्बन्धी, विषला; **Toxical** (-अल्) -*adj.* like poison. विष के सदृश; **Toxicologically** (-ॲ-लॅज्-इक्-अलि) -*adv.* (in a toxicological manner.) विष-विद्या के रूप में ; **Toxicologist** (-ॲ-लॅज्-इस्ट्)-*n.* one who is versed in toxicology. विष-विद्या में निपुण; **Toxicology** (-लॅ-जि)-*n.* the science of poisons. विषों की विद्या।

Toxin-टॉक्सिन् -*n.* an organic poisonous substance. एक प्रकार का विष।

Toxophilite-टॅ-क्सॅफ़िलाइट् -*n.* a lover of archery. धनुर्विद्या का प्रेमी।

Toy-टॉय्-*n.* (*pl.* **Toys.**) a plaything, a thing for amusement, a trifle, a silly tale. खिलौना, क्रीड़ा-वस्तु, तुच्छ पदार्थ, मूर्खता की कहानी;-*v. i.* to amuse oneself, to trifle. क्रीड़ा करना (खेलना), तुच्छ समझना; **Toyer** (-अर्) -*n.* one who toys. खिलाड़ी, खेल करनेवाला; **Toyful** (-फुल्)-*adj.* full of trifles. खिलाड़ी; **Toyishly** (-इश्-लि)-*adv.* playfully. खिलवाड़ में; **Toyishness** (-इश्-नेॅस्)-*n.* trifling. खिलवाड़; **Toyman** (-मॅन्) -*n.* one who deals in toys. खिलौने बेचनेवाला; **Toyshop** (-शॉप्)-*n.* a shop where toys are sold. खिलौने की दूकान।

T-plate-टी-प्लेट्-*n.* a plate in the form of T. 'टी' अक्षर के आकार की पट्टी या पटरी।

Trabecula-ट्रबेॅक्युलॅ-*n.* a little beam. छोटी धरन; **Trabecular** (-लर्)-*adj.* of the form of a beam. धरन के आकार का।

Trace-ट्रेस्-*n.* a strap or chain by which a horse pulls a vestige, mark left, a small quantity, footprint, track, remains. जोत, बचा हुआ अंश, चिन्ह, छोटी मात्रा, पैर का चिह्न, पता, निशान, अवशेष भाग;-*v. t.* to mark out, to copy through transparent paper, to sketch, to follow by the footsteps. खोजना, आभा की सहायता से रेखा खींचना, अक्स खींचना, पदचिन्ह से अनुसरण करना (पता लगाना); **To trace over** (to copy.) चित्र की नकल उतारना।

Traceable-ट्रेसेॅब्ल् -*adj.* that may be traced. अनुसरण (पता लगाने) योग्य; **Traceably** (-इ) -*adv.* in a traceable manner. पता लगाते हुए।

Tracer-ट्रेसर्-*n.* one who traces, an instrument for tracing, a trace-horse, a boy attending a trace-horse. अन्वेषण करनेवाला, अक्स उतारने का यंत्र, जोत का घोड़ा, जोत के घोड़े को हाँकनेवाला लड़का; **Tracer bullet** (-बुल्-ऍट्)-*n.* a bullet that leaves a line of smoke. बन्दूक की गोली जिसके छूटने पर धुवें की एक लकीर पड़ जाती है; **Tracery**(-इ)-*n.* decorative pattern in stonework. पत्थर पर बेल-बूटे की नक़ाशी।

Trachea-ट्रे'-किआ-*n.* (*pl.* **Tracheae.**) the windpipe. वायु-मार्ग,कण्ठ, श्वासपथ; **Tracheal** (-अल्)-*adj.* relating to the trachea. वायु-मार्ग-सम्बन्धी।

Tracheitis-ट्रे कि-आइ-टिस्-*n.* inflammation of the windpipe. श्वास नली का शोथ।

Trachoma-ट्रॅ-को-मॅ-*n.* a disease of the eye, with hard pustules on the inner surface of the eyelids. आँख का एक रोग जिसमें पलकों के भीतरी हिस्से में दाने पड़ जाते हैं, रोहुआ।

Tracing-paper-ट्रे सिङ्ग् - पेपर् - *n.* a paper made transparent with oil of turpentine and used for tracing. अक्स खींचने का कागज।

Track-ट्रैक्-*n.* a footstep, an impression left

by the foot, a beaten path, a road. पदचिह्न, मार्ग, पगडण्डी ; -*v. t. & i.* to follow the footsteps. पदचिह्न का अनुसरण करना ; **The beaten track** (the beaten path.) सामान्य जीवन; **To make tracks** (to hurry along.) भागना ; **Trackless** (-लेस्)-*adj.* without track. बिना चिह्न का; **Tracklessly** (-लेस्-लि) -*adv.* without leaving a track. बिना पैर का चिह्न छोड़े हुए ।

Tract-ट्रैक्ट्-*n.* extent, region, a short treatise on a religious subject. प्रदेश, विस्तार (भूमि-भाग), ग्रन्थ, गुटका ।

Tractable-ट्रैक्टेब्ल् -*adj.* that may be easily managed, docile, pliant. सहज में प्रबन्ध करने योग्य, विनीत, वश्य (सरल, सीधा) ; **Tractableness** (- नेस्) - *n.* the quality of being tractable. वश्यता, सरलता ; **Tractably** (-लि) - *adv.* in a tractable manner. सरलता से ।

Tractile-ट्रैक्टाइल् - *adj.* capable of being drawn into wires. तार खींचने योग्य ।

Tractility-ट्रैक्टिलिटि -*n.* ductility. लचीलापन ।

Tractate-ट्रैक्'-टेट्-*n.* a treatise. ग्रन्थ ।

Traction-ट्रैक्शन् -*n.* the drawing of something along a surface, contraction. खिंचाव, तनाव, सिकुड़न ; **Traction-engine** (a steam-engine to run on ordinary roads.) सड़क पर चलनेवाला भाप का इञ्जन; **Traction-wheel** (the driving wheel of an engine.) इञ्जन को चलानेवाला पहिया ।

Tractive-ट्रैक्टिव् - *adj.* having power to drag a thing. किसी वस्तु को खींचने की शक्ति रखनेवाला ।

Tractor-ट्रैक्टर् - *n.* an engine for drawing heavy loads, a motor-plough. भार खींचने का इञ्जन, इञ्जन से चलनेवाला हल ।

Tractrix-ट्रैक्'-ट्रिक्स् - *n.* (*pl.* **Tractrices.**) a curve whose tangent is always equal to a given line. तुल्यस्पर्शी वक्र ।

Trade-ट्रेड्-*n.* the business of buying and selling, commerce, occupation, custom, person engaged in a trade. वाणिज्य-कर्म, व्यापार, व्यवसाय, (लेन-देन) व्यवहार, व्यापार करनेवाला मनुष्य;-*v. i. & t.* to buy or sell, to carry on commerce, to traffic. व्यापार करना, लेन-देन का काम करना, बदलना; **Home trade** (the trade carried on within a country.) देश का धन्धा ; **Jack of all trades** (one engaged in several occupations.) बहुधन्धी ।

Trade-mark (-मार्क्) -*n.* a distinguishing device or word used by a manufacturer. व्यापार का विशिष्ट चिह्न; **Trade-name** (-नेम्) -*n.* a name used for purposes of trade. व्यावसायिक नाम या सङ्केत ; **Trade-price** (-प्राइस्)-*n.* the price of an article charged by a retail merchant. जिस दाम पर फुटकर व्यापारी कोई वस्तु बेचता है ; **Trader** (-अर्) -*n.* one engaged in commerce. व्यापारी, सौदागर; **Trade sale** (-सेल्)-*n.* an auction for a special trade. किसी व्यापार के निमित्त नीलाम ; **Tradesfolk** (-फ़ोक्) - *n.* people engaged in trade. व्यवसाय में लगे हुए लोग ; **Tradesman** (-स्'-मैन्)-*n.* a shop-keeper. व्यापारी, दूकानदार ; **Tradeswoman** (-स्'-वूमन्) -*n.* a woman shopkeeper. दूकानदारिन ; **Trade-union** (- यूनियन्) - *n.* a union of workmen in a trade. व्यावसायिक मजदूरों या कर्मचारियों का संगठन, श्रमिक संघ ।

Trade-wind-ट्रेड्'-विन्ड्-*n.* the wind blowing continually from the tropics towards the equator. अयन वृत्तों से भूमध्य रेखा की ओर निरन्तर बहनेवाली वायु, व्यापारिक पवन ।

Trading-ट्रेडिङ्ग्-*n.* carrying on business. व्यापार, व्यवसाय ।

Tradition-ट्रेडिशन्-*n.*an oral account handed down from ancestors to posterity. परम्परागत कथा, इतिहास, पुराण ; **Traditiona** (-अल्) - *adj.* communicated from father to son. परम्पराप्राप्त, साम्प्रदायिक;**Traditionally**(-अलि) -*adv.* in a traditional manner. परम्परा के ढंग से; **Traditionist**(-इस्ट्)-*n.* one who adheres to tradition. परम्परा का अनुयायी ।

Traditor-ट्रैडिटर् -*n.* a deliverer, a traitor. छुटकारा पानेवाला, विश्वासघाती ।

Traduce-ट्रैं-ड्यूस्' - *v. t.* to caluminate, to misrepresent, to defame. निन्दा करना, कलङ्क लगाना (दूषित करना), अपयश देना ; **Traducer** (-अर्) - *n.* one who defames. कलङ्कित करनेवाला ; **Traducible** (-इ-ब्ल्)-*adj.* able to be traduced. दूषित करने योग्य ; **Traducingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a slanderous manner. कलङ्कित करते हुए ढंग से ।

Traduction-ट्रैडक्शन्-*n.* act of transferring. एकस्थान से दूसरे स्थान में ले जाने की क्रिया ; **Traductive** (-टिव़्)-*adj.* able to be traduced. परिवर्तन करने योग्य ।

Traffic-ट्रै'-फ़िक्-*n.* commerce, trade, transportation of goods from one place to another. व्यापार, व्यवसाय, एक स्थान से दूसरे स्थान को माल भेजना या लाना;- *v. i. & t.* to

trade, to commerce, to exchange. व्यापार करना, अदल-बदल करना ; **Trafficker** (-अर्) -*n*. a trader. व्यापारी, व्यवसाय करनेवाला; **Trafficless** (-लेस्)-*adj*. devoid of trade. व्यवसाय-रहित ।

Tragacanth-ट्रैग्-अ-कॅन्थ् - *n*. a kind of gum used as medicine. एक प्रकार का गोंद जो औषधि की तरह प्रयुक्त होता है ।

Tragedian-ट्रैजीडिअन्-*n*. a writer or actor of tragedy. शोकान्त (दुःखान्त) नाटक लिखने या खेलनेवाला ।

Tragedy-ट्रैजिडि - *n*. (*pl*. **Tragedies.**) a drama in prose or verse with a melancholy end, sad event, serious accident. शोकान्त या दुःखान्त नाटक, दुर्घटना ।

Tragic, Tragical-ट्रैजिक्, (-अल्)-*adjs*. relating to tragedy, fatal, mournful, in the style of a tragedy. दुःखान्त नाटक-सम्बन्धी, प्राणान्तक, शोकजनक, करुणरसपूर्ण ; **Tragically** (-लि) -*adv*. in a tragic manner. शोकजनक रूप से ।

Tragi-comedy-ट्रैजि-कॅ-मि-डि-*n*. a drama in which tragic and comic elements are mixed. हर्ष तथा दुःखपूर्ण नाटक; **Tragicomic** (-कॉम्-इक्)-*adj*. having a mixture of grave and comic scenes. गम्भीर तथा हास्यरसपूर्ण दृश्यों से पूर्ण ।

Traguline-ट्रैग्यु-लिन्-*adj*. goatlike. बकरे की तरह का ।

Tragus-ट्रे-गस्-*n*. (*pl*. **Tragil.**) the projected part of the entrance of external ear. कान की लर ।

Trail-ट्रेल् - *n*. anything drawn to length, long appendage, track left by anything moving, scent, beaten path. खिंचाव, पुछल्ला, पैर का चिह्न, गन्ध, शिकार की गन्ध, सामान्य पथ; *v. t. & i.* to draw along, to drag along the ground, to hunt by the track, to carry in a horizontal position. घसीटना, पृथ्वी पर खींचना, गन्ध के सहारे शिकार करना, बेड़े बल ले जाना ; **Trailer** (-अर्)-*n*. vehicle drawn by another. एक गाड़ी (मोटरकार इत्यादि) से खींची जानेवाली दूसरी गाड़ी ।

Train-ट्रेन्-*v. t. & i.* to bring to a certain standard by teaching and practice, to discipline, to cause to grow in a required form, to allure or entice, to draw along, to practise, to go by train. शिक्षा देना, पढ़ाना, सिखलाना, साधना, ललचाना, खींचना, अभ्यास करना, रेलयात्रा करना;-*n*. something drawn along from behind, enticement, ong tail of bird, retinue, body of followers, succession of things, trailing end of dress, series of railway carriages drawn by an engine, series of wheels. ताँता, लालच, पक्षी की लम्बी पूँछ, सेवकगण, (परिपाटी) परम्परा, श्रेणी, वस्त्र का अन्त, रेलगाड़ी, पहियों का क्रम ; **Trainable** (-ए-बल्) -*adj*. that may be trained. सिखलाने योग्य ।

Train-band-ट्रेन्'-बॅन्ड् -*n*. band or company of militia. नियमबद्ध सेना ; **Train-bearer** (-बे-अरर्)-*n*. a person who is employed to hold up train of robes. वस्त्र का छोर पकड़नेवाला मनुष्य ।

Trained-ट्रेन्ड्-*adj*. instructed. प्रशिक्षित, सिखलाया हुआ ।

Training-ट्रे निङ्ग् - *n*. the act of educating. प्रशिक्षण; **Military training**. सैनिक प्रशिक्षण; **Training school** (a school where teachers are taught the principles and practice of teaching.) अध्यापकों को पढ़ाने के सिद्धान्त इत्यादि बतलाने की पाठशाला, प्रशिक्षण विद्यालय ।

Traipse-ट्रेप्स् -*v. i.* to walk about. टहलना, घूमना ।

Trait-ट्रेट्-*n*. a stroke, touch, distinguishing feature. चिह्न, रेखा, स्पर्श, लक्षण ।

Traitor-ट्रे-टर्-*n*. one who is guilty of treason, a disloyal person. विश्वासघाती, शत्रुसेवी; **Traitor to the king** (*i.e.* disloyal.) राजद्रोही; **Traitor to one's motherland** (treasonous to one's country.) स्वदेश-घातक ; **Traitorism** (-इज्म्)-*n*. treason, deceit. देश-द्रोह, छल, विश्वासघात ।

Traitorous-ट्रे टरस्- *adj*. perfidious, guilty of treason. कपटी, विश्वासघाती ; **Traitorously** (-लि) -*adv*. in a traitorous manner. कपट से, विश्वासघात से ; **Traitorousness** (-नेस्) -*n*. the quality of being traitorous. कपटता ।

Traitoress-ट्रे टरेस् -*n*. *fem*. female traitor. विश्वासघातिनी ।

Traject-ट्रैज्'-ऍक्ट्-*n*. a ferry.घाट:-*v.t*. (-ऍक्ट्') to throw or cast through. फेंकना, ढकेलना, आर-पार करना ; **Trajection** (- शन्) -*n*. a crossing. पार करने की क्रिया ।

Trajectory-ट्रैजेक्टरि -*n*. the path described by a projectile. धूमकेतु का चक्राकार मार्ग ।

Tralation-ट्रैलेशन् -*n*. a change in the use of a word. किसी शब्द के प्रयोग का भेद ।

Tram-ट्रैम् - (**Tram car**)-*n*. a passenger-car running on rails, a car used on a tram-

way, a four wheeled car used in mines. सवारी ट्राम गाड़ी, कोयला ढोने की गाड़ी; **Tramway** (-वे)-*n*. a track for trams. ट्राम गाड़ी का पथ।

Trammel-ट्रॅमॅ-ल्-*n*. a drag-net, a long net for catching birds, shackle hook for hanging vessels on fire, a beam-compass. मछली फँसाने का जाल, चिड़ियों के पकड़ने का बड़ा जाल, आड़, रोक, एक प्रकार का परकाल, छोड़ा हुआ जाल; -*v*. *i*. (*p*. *t*. Trammelled.) to catch, to confine, to hamper, to impede. पकड़ना, फँसाना, रोकना; **Trammel-net** (-नॅट्)-*n*. an anchored net. लंगर बाँधकर छोड़ा हुआ जाल।

Tramontana-ट्रॉ-मॅ-न्टॅानॉ-*n*. the north wind. उत्तरी वायु जो भूमध्य सागर में बहती है।

Tramontane-ट्रॉ-मॅन्'-टॅन्-*adj*. foreign, barbarous. परदेशी, जङ्गली।

Tramp-ट्रॅम्प्-*v*. *i*. & *t*. to walk on foot, to tread with heavy steps, to roll. पैदल चलना, पैर पटककर चलना, टहलना; -*n*. the sound of steps, a journey on foot, a vagrant. (चरणविक्षेप) पैर का शब्द, पैदल यात्रा, आवारा, भिखमङ्गा; **Tramper** (-अर्)-*n*. a stroller. भटकता फिरनेवाला; **Tram-pick** (a kind of lever.) एक प्रकार का रम्भा।

Trample-ट्रॅम्प्ल्-*v*. *i*. & *t*. to tread in contempt, to tread under foot with rapidity and force. तिरस्कार से पैर पटकना, कुचलना; -*n*. the act of treading. पर की पटकान; **To trample on** (to treat with contempt.) तिरस्कारपूर्वक व्यवहार करना; **Trampler** (-प्लर्) -*n*. one who tramples. कुचलनेवाला; **Trampling** (-इङ्ग्)-*n*. the act of treading. पर पटकने का कार्य।

Trance-ट्रॉन्स्-*n*. a state of insensibility, morbid sleep, extreme exaltation, catalepsy. समाधि, अचेत अवस्था, विकृत निद्रा, हर्षातिरेक, बेहद खुशी, मूर्छा; -*v*. *t*. to place in a state of trance. अचेत करना, मूर्छित करना; **Tranced** (-ड्) -*adj*. lying in trance. समाधिस्थ।

Tranquil-ट्रॅन्'-क्विल्-*adj*. undisturbed, calm, serene, not agitated, peaceful. क्षोभरहित, शान्त, निश्चल, शान्तियुक्त, स्वस्थ; **Tranquility** (-लिटि) -*n*. freedom from disturbance, calmness. शान्ति, धैर्य, स्थिरता, अक्षोभ; **Tranquillization** (-लि-ज़े'-शन्) -*n*. the act of tranquillizing. शान्ति, स्वस्थता, निश्चलता; **Tranquillize** (-लाइज़्)-*v*. *t*. to compose, to quiet. आश्वासन देना, धीरज देना, **Tranquillizer** (-लाइज़्-अर्) -*n*. one who tranquillizes. शान्त करनेवाला; **Tranquillizingly** (-लाइज़्-इङ्ग्-लि) -*adv*. in a way so as to quiet. शान्त करते हुए; **Tranquilly** (-लि) -*adv*. in a calm manner. शान्तिपूर्वक; **Tranquilness** (- नॅस्) -*n*. the state of being tranquil. शान्तिपूर्ण अवस्था।

Trans-ट्रॅन्स्(-न्ज़्)-*pref*. signifying "across, beyond." "पार, दूसरी ओर या परे" अर्थ का उपसर्ग।

Transact-ट्रॅन्-ज़ॅक्ट्-*v*. *t*. & *i*. to perform, to do, to carry out, to conduct matters. साधन करना, कार्य करना, निबाहना, प्रबन्ध करना; **Transaction** (-शन्)-*n*. performance of a business, commercial business, an affair. कार्य, व्यापार, आचरण (चेष्टा), प्रबन्ध; **Transactor** (-अर्) -*n*. one who performs a business. किसी व्यापार का करनेवाला।

Transcalent-ट्रॅन्स्-कॅ'-लॅन्ट् - *adj*. allowing heat to pass. उष्णता-प्रवाहक।

Transcend-ट्रान्सन्ड्'-*v*. *t*. & *i*. to be beyond the range of, to surpass, to excel. अतिक्रमण करना (ऊँचा होना), बढ़ना, श्रेष्ठ होना; **Transcendence** (-ऍन्स्)-*n*. superior excellence. श्रेष्ठता, महत्त्व; **Transcendency** (-ऍन्सि) -*n*. transcendence. महत्त्व; **Transcendent** (-ऍन्ट्) -*adj*. excellent. अति श्रेष्ठ; **Transcendental** (-ऍन्ट्-अल्)-*adj*. pertaining to *a priori* knowledge, vague, obscure, surpassing others. सर्वातिरिक्त, अस्पष्ट, गुप्त, अत्युत्तम, श्रेष्ठ; **Transcendentalism**(-ऍन्ट्-अल्-इज़्म्)-*n*. transcendental philosophy. सर्वातिशायी सिद्धान्त; **Transcendentally**(-ऍन्ट-लि)-*adv*. in a transcendental manner. सर्वातिशायी सिद्धान्त के अनुसार।

Transcolate-ट्रान्स् - कॅ - लेंट्-*v*. *t*. to cause to pass through a sieve. चलनी से छानना।

Transcontinental-ट्रान्ज़्कॉन्टिनेन्टल्-*adj*. crossing a continent. महाद्वीप के आर पार का।

Transcribe-ट्रॅन्स्क्राइब्-*v*. *t*. to write over again, to copy out in writing. प्रतिलिपि लिखना, उतारना; **Transcriber** (-अर्) -*n*. a copyist. प्रतिलिपि करनेवाला; **Transcript** (-क्रिप्ट्)-*n*. a written copy. प्रतिलिपि, प्रतिलेख; **Transcription** (-क्रिप्शन्)-*n*. the act of copying, a copy. प्रतिलिपि करने का कार्य, नकल, प्रतिलेखन; **Transcriptional** (-क्रिप्शनल्)-*adj*. pertaining to transcription. प्रतिलिपि-सम्बन्धी।

Transcurrent - ट्रॅन्सकरन्ट् - *adj.* running crosswise. बेंड़ी ओर बहता (या चलता) हुआ।

Transept - ट्रॅन्सॅप्ट् - *n.* the transverse part of a church in the form of a cross. गिरजाघर का बेंड़े बल का भाग।

Transfer-ट्रॅन्स्फ़र्-*v. t.* (*p. t.* Transferred.) to remove from one place to another, to make over possession to property, to convey drawings &c. from one surface to another. एक स्थान से दूसरे स्थान में ले जाना, स्थान बदलना, अपना अधिकार दूसरे को देना, छापना; *-n.* that which is transferred, removal from one place to another. स्थान-परिवर्तन, स्थानान्तरण, तबादला, सञ्चार; **Transferable** (-ऍ-बल्) *-adj.* negotiable. स्थानान्तर या स्थान-परिवर्तन करने योग्य; **Transferee** (-इ)*-n.* the person to whom a transfer is made. जिसके प्रति संचार (स्थान-परिवर्तन) होता है ; **Transference** (-ऍन्स्)*-n.* the act of transferring. परिवर्तन; **Transferer** (-अर्)*-n.* one who makes a transfer. बदली करनेवाला; **Transfer-paper** (-पेपर्) *-n.* a prepared paper used for transferring impressions with copying press &c. चित्र इत्यादि को एक पत्र से दूसरे पर उतारने का कागज।

Transfiguration-ट्रॅन्सफ़िगरेशन्-*n.* a change of form. आकार का परिवर्तन।

Transfigure-ट्रॅन्सफ़िगर्-*v. t.* to change the outward form. बाहरी आकृति बदलना।

Transfix-ट्रॅन्स्-फ़िक्स्'-*v. t.* to pierce through with a pointed weapon. शस्त्र से आरपार करना, छेदना ; **Transfixion** (- शन्) *-n.* piercing through. प्रवेश, धँसाव।

Transfluent-ट्रॅन्स्' - फ्लु - ऍन्ट्-*adj.* flowing through. किसी पदार्थ में से बहता हुआ।

Transflux-ट्रॅन्स्-फ्लक्स्-*n.* a flowing through. प्रवाह।

Transform-ट्रॅन्स्'-फ़ॉर्म्'-*v. t.* to make change in outward appearance, character &c. आकार बदलना, बाहरी रूप में परिवर्तन करना; **Transformable** (-ऍब्ल्)*-adj.* that may be transformed. बदलने योग्य ; **Transformation** (-ए-शन्)*-n.* the act of transforming, metamorphosis, change from one figure to another. रूपान्तर, परिवर्तन, विकृति; **Transformative** (-एटिव्)*-adj.* having power to transform. परिवर्तन होने की शक्तिवाला ; **Transformer** (- अर्)*-n.* an electrical instrument which changes one form of current into another. एक प्रकार की बिजली को दूसरे प्रकार में बदलने का यन्त्र।

Transfuse-ट्रॅन्स्-फ़्यूज़्'-*v. t.* to pass from one vessel to another, to transfer blood of one animal to another. एक पात्र से दूसरे में रखना, एक प्राणी का रुधिर दूसरे प्राणी में भरना; **Transfuser** (-अर्)*-n.* one who transfuses. एक प्राणी का रक्त दूसरे प्राणी में भरनेवाला ; **Transfusion** (-ज़न्) *-n.* the act of transferring. एक पात्र से दूसरे में भरने का कार्य।

Transgress-ट्रॅन्स्-ग्रॅस्-*v. t.* to pass beyond limit, to infringe, to violate. उल्लंघन करना, लाँघना, नियम भंग करना; **Transgression** (-शन्)*-n.* offence, crime, violation of a law. अपराध, पाप, दोष, उल्लंघन, अत्याचार ; **Transgressional** (-अल्), **Transgressive** (-इव्) *-adjs.* concerning transgression. उल्लंघन-सम्बन्धी; **Transgressively** (-इव्-लि) *-adv.* in a transgressive manner. अत्याचार के ढंग से; **Transgressor** (-अर्)*-n.* a sinner. अत्याचारी, पापी, अपराधी।

Tranship-ट्रॅन्-शिप्-*v. t.* (*p. t.* Transhipped) to transfer from one ship to another. एक जहाज से दूसरे पर रखना ; **Transhipment** (-मॅन्ट्)*-n.* transhipping. एक जहाज पर से दूसरे जहाज पर रखने की क्रिया।

Transhuman-ट्रॅन्स्-ह्यू'-मन्-*adj.* more than human, super-human. मानव से परे या ऊँचा।

Transience-ट्रॅन्'-सि-ऍन्स् , **Transientness** (-ऍन्ट्-नॅस्) *-ns.* quality of being transient. अनित्यता, चंचलता।

Transient-ट्रॅन्'-सि-ऍन्ट्-*adj.* not permanent, of short duration, not lasting, momentary passing. अस्थिर, नश्वर, अनित्य, थोड़े काल का, चंचल; **Transiently** (-लि)*-adv.* in a transient manner. अनित्यता से।

Transilience-ट्रॅन्सिलि-ऍन्स्-*n.* leaping from one thing to another. एक पदार्थ से दूसरे पर कुदान ; **Transiliency** (-इ)*-n.* a leaping across. एक आधार से दूसरे पर कूदने का काम।

Transire-ट्रॅन्-साइ'-रि-*n.* a customs warrant for clearing. चुङ्गी देने का आदेश-पत्र।

Transit-ट्रान्जिट्-*n.* a going through, conveyance, passage, apparent motion of heavenly bodies. संक्रमण, गमन, गति, क्रान्ति;

Transit-instrument (a kind of telescope.) एक प्रकार की नक्षत्रों को देखने की दूरबीन।

Transition-ट्रॅन्जिशन् -*n.* passage, change from one place to another. परिवर्तन, अवस्थान, स्थिति का अन्तर; **Transitional** (-अल्) -*adj.* denoting transition. परिवर्तन का; **Transitionally** (-अलि) -*adv.* in a transitional manner. परिवर्तन के रूप में।

Transitive-ट्रॅन्सिटिव्-*adj.* having the power of passing, expressive of action which passes from subject to object. अनित्य, सकर्मक; **Transitively** (-लि)-*adv.* in a transitive manner. सकर्मक रूप में; **Transitiveness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being transitive. सकर्मकत्व।

Transitorily-ट्रॅन्जिटरिलि - *adv.* for a short time. थोड़े समय के लिये ; **Transitoriness** (-इ-नॅस्)-*n.* the state of being transitory. अनित्यता; **Transitory** (-इ)-*adj.* continuing only for a short time, not permanent. क्षणिक, (अनित्य) क्षणभङ्गुर।

Translatable-ट्रॅन्स्-ले टॅ-ब्ल्-*adj.*that may be translated. अनुवाद या तर्जुमा करने योग्य।

Translate-ट्रॅन्स्-लेट्' -*v. t.* to express into another language, to convey to heaven without death, to transform, to cause to move from one part of the body to another. भाषान्तर करना, अनुवाद या तर्जुमा करना, बिना मृत्यु के स्वर्ग प्राप्त करना, बदलना, शरीर के एक भाग से दूसरे भाग में ले जाना ; **Translation** (-शन्)-*n.* version, interpretation, that which is translated. भाषान्तर, अनुवाद, उल्था; **Translator** (-टर्)-*n.* one who translates. अनुवाद या भाषान्तर करनेवाला; **Translatress** (-ट्रॅस्)-*n.* (also **Translatrix.**) *fem.* a female translator. भाषान्तर करनेवाली।

Transliterate-ट्रॅन्स्लिट-रॅट्-*v. t.* to represent the words of one language in the characters of another. एक भाषा के लेख को दूसरी भाषा के अक्षरों में लिखना ; **Transliteration** (-ऍ-शन्)-*n.* the act of transliterating. इस प्रकार की लिखावट, लिप्यन्तरण।

Translocate-ट्रॅन्स्-लॅकेट्-*v. t.* to substitute one thing for another. एक पदार्थ के स्थान में दूसरा रखना; **Translocation** (-शन्) -*n.* substitution. परिवर्तन, अदल-बदल।

Translucence-ट्रॅन्स्लूसॅन्स्-*n.* semi-transparency. अर्द्ध-पारदर्शकता ; **Translucent** (-सॅन्ट) -*adj.* transmitting rays of light dimly, almost transparent. अर्धपारदर्शक, स्वच्छ

Translucid-ट्रॅन्स्-ल्'-सिड् - *adj.* translucent. अर्ध-पारदर्शक।

Translunary-ट्रॅन्स्-लूनरि-*adj.* lying beyond the moon. चन्द्रमा के पार का।

Transmarine-ट्रॅन्स्मरीन्-*adj.* lying beyond the sea. समुद्र पार का।

Transmeable-ट्रॅन्स्-मि-ऍ-ब्ल् - *adj.* capable of being crossed. पार करने योग्य।

Transmigrant-ट्रॅन्स्-मि-ग्रॅन्ट् - *adj.* migrating. देशान्तर वास करनेवाला।

Transmigrate-ट्रॅन्स्-माइ-ग्रेट् - *v. i.* to pass from one country to another, to pass in a different body. दूसरे देश में जाना, (पुनर्जन्म प्राप्त करना) दूसरे शरीर में प्रविष्ट होना; **Transmigration** (-शन्)-*n.* the passing of the soul into another body. पुनर्जन्म ; **Transmigrator** (-टर्)-*n.* that which passes from one body to another. पुनर्जन्म ग्रहण करनेवाला।

Transmissibility - ट्रॅन्स् - मि सिबिलिटि - *n.* quality of being transmissible. भेजे जाने योग्य गुण।

Transmission - ट्रॅन्स्मिशन् - *n.* the act of transmitting. पहुँचाने या भेजने का कार्य;

Transmissive (-सिव्) - *adj.* transmitted. भेजा हुआ।

Transmit-ट्रॅन्स्-मिट्' -*v. t.* (*p. t.* **Transmitted.**) to pass through, to send from one person to another, to transfer. भेजना, पहुँचाना, एक से दूसरे को देना; **Transmittal** (-अल्)-*n.* transmission. प्रेषण, भेजना, प्रेरणा; **Transmitter** (-अर्)-*n.* one who transmits. भेजनेवाला।

Transmogrification - ट्रॅन्स्मॉग्रिफिकेशन् -*n.* change. परिवर्तन।

Transmogrify-ट्रॅन्स्मॉग्रिफ़ाइ - *v. t.* (*p. t.* **Transmogrified.**) to transform in a surprising manner. विलक्षण रूप में बदलना।

Transmontane-ट्रॅन्स्मॉ-न्टेन्-*adj.* lying across the mountains. पहाड़ों के पार का।

Transmutation-ट्रॅन्स्-म्यू-टॅ-शन्-*n.* a change into another form, an act of transmuting, a change of baser metals into gold. बदलकर दूसरा आकार धारण करना, परिवर्तन की क्रिया, कीमिया; **Transmutationist** (-इस्ट्) -*n.* one who believes in transmutation कीमिया में विश्वास करनेवाला।

Transmutability-ट्रॅन्स्म्यूटॅ बिलिटि-*n.* susceptibility of being transmuted. रूप बदलने की

शक्ति; **Transmutable** (-ऍबूल्) - *adj.* capable of being changed into a different substance. भिन्न पदार्थ में बदले जाने योग्य; **Transmutably** (-ऍब्लि) *-adv.* with capacity of being transmuted. रूपान्तरणीय ढंग से।

Transmute-ट्रॅान्स्-म्यूट्-*v. t.* to change from one form or nature to another. एक आकृति या प्रकृति से दूसरे में परिवर्तित करना, रूपान्तर करना।

Transnormal-ट्रॅान्सनॉर्मल् - *adj.* beyond the normal condition. सामान्य स्थिति से आगे।

Transoceanic-ट्रॅान्स्-ओ-शि-ऑनिक्-*adj.* lying across the ocean. महासागर के पार का।

Transom-ट्रॅान्सम्-*n.* . a piece of wood or stone fixed horizontally across a window or door. बेंड़े बल लगा हुआ खिड़की या दरवाजे का डण्डा; **Transom-window** (a window divided by a transom.) सुहावटी से अलगाई हुई खिड़की।

Transparence-(y) -ट्रॅान्स्पॅ रॅन्स् (इ) *-n.* the quality of being transparent. स्वच्छता, पारदर्शकता, किरणभेद्यता; **Transparent** (-रॅन्ट्) *-adj.* transmitting rays of light so as not to hide the view of anything which is at the back, frank, clear. पारदर्शक, किरणभेद्य, स्वच्छ, विमल।

Transpicuous-ट्रॅान्स् - पिक्युअस् - *adj.* transparent. पारदर्शक।

Transpierce-ट्रॅान्स्-पी-अर्स्' - *v. t.* to pierce through. वेधना, छेदना।

Transpirable-ट्रॅान्स्-पाय - रॅबूल्-*adj.* capable of passing through pores. छिद्रों के मार्ग से निकलने योग्य।

Transpiration-ट्रॅान्स्-पि-रेशन् - *n.* the act of transpiring. रसने की क्रिया।

Transpire-ट्रॅान्स्-पायर् - *v. t. & i.* to emit through the excretory organs of the skin of lungs, to pass off in vapour, to exhale, to ooze out, to come to be known. त्वचा या फेफड़े से निकलना, भाफ़ उठना, हवा फेंकना, रसना, प्रसिद्ध होना, प्रचलित होना।

Transplant-ट्रॅान्स्-प्लॅान्ट्'-*v. t.* to remove and plant in another place. पौधे को एक स्थान से उखाड़कर दूसरे स्थान में जमाना; **Transplantation** (-टे' - शन्) - *n.* an act of transplanting. पौधे को एक स्थान से उखाड़कर दूसरे स्थान में जमाने की क्रिया, पौधे की रोपाई; **Transplanter** (-अर्)-*n.* one who transplants. पौधे को एक स्थान से उठाकर दूसरे स्थान में जमानेवाला।

Transplendent - ट्रॅा-स्लॅ न्डॅन्ट् - *adj.* highly shining. बहुत चमकीला; **Transplendently** (-लि)-*adv.* with great splendour. बड़े चमकीलेपन से।

Transpontine-ट्रॅान्स्-पॅन्टाइन्-*adj.* across the bridge. पुल पार।

Transport-ट्रान्स्पोर्ट् - *v. t.* to carry from one place to another, to ravish with pleasure. एक देश से दूसरे देश में ले जाना, आनन्द मचाना; *-n.* conveyance, vehement emotion, rapture, ecstasy. असबाब का एक स्थान से दूसरे स्थान को वहन या चालान, ढुलाई, हर्षोन्माद, आनन्द; **Transportable** (-ऍब्ल्)-*adj.* able to be transported. ढोकर ले जाने योग्य; **Transportation** (-ऍ-शन्) *-n.* conveyance to another place, banishment for some offence. ढुलाई, देश निकाला, निर्वासन; **Transportedly** (-ऍड्-लि)-*adv.* in a transportable manner, rapturously. आनन्द से, प्रसन्नता से; **Transportedness** (-ऍड्-नॅस्) *-n.* the state of rapture. आनन्द ; **Transporter** (-अर्) *-n.* one who transports, a travelling crane. भेजनेवाला, बोझा उठानेवाला यन्त्र; **Transporting**(-इङ्ग्)-*adj.* ravishing with delight. आनन्द में मग्न; **Transportingly** (-लि)- *adv.* ravishly. अति आनन्द से।

Transposal-ट्रॅान्स्पोज़ल्-*n.* the act of changing places. स्थान-परिवर्तन की क्रिया।

Transpose-ट्रॅान्स्-पोज़् *-v. t.* to change of order or place of things, to put out the place, to change the natural order of things. स्थान-परिवर्तन करना, एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना, प्राकृतिक अवस्था बदलना; **Transposer** (-अर्)-*n.*one who changes the order of things. स्थान या क्रम परिवर्तन करने वाला; **Transposition** (-इ-शन्)-*n.* change of order. क्रम परिवर्तन, उलट - फेर; **Transpositive** (-इ-टिव्)-*adj.* that which changes order. क्रम परिवर्तनकारी।

Trans-ship-ट्रान्स्-शिप्'-*v. t.* (*p. t.* **Transshipped.**) to transfer from one ship to another. एक जहाज से दूसरे जहाज पर ले जाना।

Transubstantiate-ट्रान्-सब्-स्टॅान्'-शि-ऍट्-*v. t.* to change from one substance to another द्रव्यान्तर करना, एक पदार्थ को दूसरे में बदलना; **Transubstantiation** (-ऍ'-शन्)-*n.* a change of substance. पदार्थ-परिवर्तन।

Transudation–ट्रान्-स्यू-डे' -शन्-the act of passing through pores. पसेव, छेदों से होकर रस की क्रिया; **Transudatory** (-टरि)-*adj.*

passing by transudation. रसकर बहनेवाला।

Transude-ट्रॅन्सू-यूड्'-*v. i.* to pass through pores. पसेवना, रसना, छेदों से होकर निकलना।

Transumpt-ट्रॅन्सम्प्ट्-*n.* the copy of a record. किसी लेख की प्रतिलिपि ; **Transumption** (-शन्)-*n.* transcription, transference. प्रतिलिपीकरण, स्थानान्तरण ; **Transumptive** (-टिव्)-*adj.* transcribable, transferable. अनुलेखनीय, स्थानान्तरणीय।

Transversal-ट्रॅन्ज़्वर्सल्-*adj.* running across. तिरछा, आड़ा, बेंड़ा; **Transversality** (-इटि)-*n.* the state of being transversal. तिरछापन, बेंड़ापन; **Transversally** (-लि) -*adv.* in a crosswise direction. तिरछेपन से, बेंड़ेपन से; **Transverse** (-व़र्स्)-*adj.* lying or situated in a cross direction. व्यत्यस्त, तिरछा, बेंड़ा; **Transversely** (-लि) - *adv.* in a cross direction. बेंड़ी या तिर्छी दिशा में।

Tranter-ट्रॅन्टर्-*n.* a pedlar. फेरीवाला, घूमकर सौदा बेचनेवाला।

Trap- ट्रॅप् - *n.* a contrivance to catch animals, an ambush, a trick, a stratagem. फन्दा, पिंजड़ा, कूट यन्त्र, छल-कपट;-*v. t.* (*p. t.* **Trapped.**) to catch animals in a trap, to ornament. फन्दे में फँसाना, सजाना ; **Trap-door**(-डोर्)-*n.* a door in the floor of a roof. कूट द्वार; **Trapan** (-पॅन्)-*n.* a snare, stratagem. जाल, छल-कपट;-*v. t.* to ensnare. जाल में फँसाना, छल से पकड़ना; **Trapanner** (-पान्-नर्) -*n.* one who ensnares. फन्दे में फँसानेवाला।

Trapes-ट्रेप्स्-*n.* an idle sluttish woman. मन्द फूहड़ स्त्री;-*v. i.* to tramp noisily. पैर पटकना।

Trapeze-ट्रॅ-पीज़्'-*n.* a swinging horizontal bar used for gymnastic exercises. कसरत करने का झूलता हुआ डण्डा।

Trapeziform-ट्रपीजिफ़ॉर्म्-*adj.* of the form of a trapezium. समलम्ब चतुर्भुज के आकार का।

Trapezium-ट्रपीज़ियम्-*n.* a plane quadrilateral of which only two sides are parallel. समलम्ब चतुर्भुज, विषम कोण का चतुर्भुज जिसकी केवल दो भुजाएँ समानान्तर होती हैं।

Trapezoid-ट्रपीज़ॉइड् -*n.* a plane quadrilateral of which no two sides are parallel. समतल चतुर्भुज क्षेत्र जिसकी कोई दो भुजाएँ समानान्तर नहीं होतीं ; **Trapezoidal** (-अल) -*adj.* having the form of a trapezoid. उक्त चतुर्भुज क्षेत्र की आकृति का।

Trap-flower-ट्रॅप्- फ्लावर् - *n.* a flower in which insects are shut up. फूल जिसमें कीड़े बन्द हो जाते हैं।

Trappean-ट्रॅ-पि-अन्-*adj.* of the nature of a rock. चट्टान के सदृश।

Trapper-ट्रॅ-पर्-*n.* one who ensnares animals. पशु पकड़नेवाला।

Trappiness-ट्रॅ-पि-नॅस्-*n.* the state of being tricky. छल-कपट की अवस्था।

Trappings-ट्रॅ-पिङ्ग्ज़् -*n. pl.* ornamental harness for horses. घोड़े का सजावटी साज-शृङ्गार।

Trappous-ट्रॅ-पस्- *adj.* resembling a trap फन्दे के आकार का।

Trappy-ट्रॅपि - *adj.* resembling a trap. treacherous. फन्दे के सदृश, छल-युक्त।

Traps-ट्रॅप्स्-*n. pl.* luggage. गठरी-मोटरी।

Trash-ट्रॅश् - *n.* worthless stuff, rubbish, nonsense, a worthless person. असार पदार्थ, कूड़ा-करकट, निरर्थक वार्ता, व्यर्थ पुरुष;-*v. t.* to crush, to strip off leaves, to humble. कूचना, पत्ती तोड़ना, विनीत करना; **Trashery** (-अरि) -*n.* rubbish. निरर्थक पदार्थ, कूड़ा - करकट; **Trashily** (-इ-लि)-*adv.* in a trashy manner. व्यर्थ, निरर्थक रूप में; **Trashiness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being trashy. निःसारता, निरर्थकता; **Trashy** (-इ) -*adj.* worthless. असार, व्यर्थ।

Trashling-ट्रॅ-श्लिङ्ग् -*n.* a kind of fresh water fish. एक प्रकार की मीठे जल की मछली।

Trass-ट्रॅस्-*n.* volcanic earth used as cement. ज्वालामुखी पर्वत की मिट्टी जो सिमेन्ट की तरह प्रयोग की जाती है।

Trauma-ट्रॉ-मॉ-*n.* an injury of body produced by wound or violence. शरीर का घाव।

Traumatic - ट्रॉमॅटिक् - *adj.* pertaining to wounds. घाव-सम्बन्धी।

Travail-ट्रॅ - व्रेल - *n.* pangs of child-birth, severe toil. प्रसव-वेदना, बड़ा परिश्रम ;-*v. i.* to labour, to suffer pangs of child-birth. परिश्रम करना, प्रसव की पीड़ा होना।

Trave-ट्रे-व्-*n.* a wooden frame for confining a horse while shoeing. नाल बाँधते समय घोड़े को बाँधने का लकड़ी का ढाँचा।

Travel-ट्रॅव्'-ल्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Travelled.**) to make a journey, to move from one place to another, to journey over, to wander. यात्रा करना, विचरना, देशाटन करना, घूमना;-*n.* travelling in foreign countries, range of motion. पर्यटन, यात्रा; **Travelled**

(-लड्)-*adj.* having made journeys, experienced. यात्रा किया हुआ, अनुभवी; **Traveller** (-लर्)-*n.* one who travels. पथिक, यात्री, बटोही; **Travelling** (- लिङ्ग्) -*n.* journey. प्रवास, यात्रा।

Travelogue-ट्रॅवॅलॅग्-*n.* an illustrated narrative of travels. यात्रा-विषयक सचित्र व्याख्यान।

Travels-ट्रॅव्ल्स्-*n. pl.* account of journey. यात्रा का वर्णन।

Traversable-ट्रॅवर्सेब्ल् - *adj.* able to be crossed. पार करने योग्य।

Traverse-ट्रॅवर्स्-*adv.* crosswise. बेंड़े बल;-*adj.* lying across. आड़ा, तिरछा;-*n.* anything that crosses, the gallery of a church, a platform for shifting engine from one line to another. आड़ा, गिरजाघर का गलियारा, इञ्जन को एक लाइन पर से दूसरे लाइन पर ले जाने का चबूतरा ;-*v. t. & i.* to thwart, to obstruct, to travel across, to wander over, to discuss. व्यग्र करना, रोकना, आरपार यात्रा करना, घूमना, शास्त्रार्थ करना।

Traverser-ट्रॅ-वर्स्'-अर्-*n.* an appliance for turning a railway engine. रेल का इञ्जन घुमाने का यन्त्र।

Travesty-ट्रॅवॅस्टि-*n.* ridiculous dress. हास्य-जनक वस्त्र;-*v. t.* (*p. t.* **Travestied.**) to make ridiculous, to represent in a burlesque style. उपहास का विषय बनाना, हास्य-लेख में दरसाना।

Travis-ट्रॅ-विस् -*n.* a partition in the stalls of a stable. अस्तबल में घोड़ों के अलगाने की टट्टी।

Trawl-ट्रॉल्-*n.* a drag-net for fishing at the bottom. जल में से मछली फँसाने का जाल;-*v. i.* to fish by dragging net along the bottom. बड़े जाल द्वारा मछली फँसाना; **Trawler** (-अर्) -*n.* a fishing ship. मछली फँसाने का जहाज;**Trawling** (-इङ्ग्)-*n.* fishing with a trawlet. बड़े जाल से मछली फँसाना।

Tray-ट्रे-*n.* a flat domestic vessel of wood or metal. छोटी छिछली थाली, तश्तरी; **Trayful** (-फुल्)-*n.* as much as a tray can hold. थाली भर।

Treacherous-ट्रॅच्-अर्- अस् - *adj.* deceptive, perfidious, violating faith. कपटी, अधर्मी (दुष्ट), विश्वासघाती; **Treacherously** (-लि) -*adv.* faithlessly. विश्वासघात से; **Treacherousness** (-नॅस्)-*n.* the quality of being treacherous. दुष्टता, विश्वासघात; **Treachery** (-अरि)-*n.* a breach of trust, deception. प्रतिशाभङ्ग, विश्वासघात।

Treacle-ट्री'- कल् -*n.* syrup got in refining sugar, molasses. गुड़, खाँड़, जूसी।

Tread-ट्रॅड्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Trod**, *p. p.* **Trodden.**) to walk on, to set one's foot on, to trample, to follow the example. चलना, पग रखना, पैर से कुचलना, अनुकरण करना;-*n.* the manner of walking, gait. चलने का ढंग, टाप; **To tread away** (to trample.) पैर से कुचलना ; **To tread out** (to press out.) निचोड़ना; **To tread to death** (to kill by trampling.) पैर से कुचलकर मार डालना; **To tread under foot** (to treat with contempt.) तिरस्कार दिखलाना; **Treader** (-अर्)- *n.* one who treads. कुचलनेवाला।

Treadle-ट्रॅ-इल्-*n.* the lever of a machine which is moved by foot. यन्त्र का पैर से चलाने का भाग, पावदान; **Treadle machine** (a printing press worked by foot.) छापे इत्यादि की कल जो हाथ या इंजन से न चलाकर पैर से चलाई जाती है; **Treadler** (-अर्)-*n.* one who treadles. पैर से यन्त्र चलानेवाला।

Treason-ट्री'-ज़न्-*n.* the offence of violating allegiance to sovereign, disloyalty. राजद्रोह राजविरोध ; **High treason** (treason to sovereign personally.) स्वयं राजा के प्रति विश्वासघात; **Misprison of treason** (concealment of treason.) राजद्रोह छिपाना; **Treasonable** (- ऍ- ब्ल्) -*adj.* involving treason. राजद्रोहात्मक; **Treasonableness** (-ऍब्ल्-नॅस्)-*n.* the quality of being treasonable.राजद्रोहात्मकता;**Treasonably**(-एब्लि) -*adv.* in a treasonable manner. राजद्रोह से।

Treasure-ट्रॅ-ज़र्-*n.*accumulated wealth,valued object, great abundance, anything much valued. कोष (निधि, धन-संचय), दौलत, बहुमूल्य पदार्थ, बहुतायत, अति प्रिय वस्तु;-*v. t.* to hoard up, to regard as valuable. इकट्ठा करना, बटोरना, बहुमूल्य समझना; **Treasure house** (-हाउस्)-*n.* a place where treasures are kept. कोशगृह, खज़ाना; **Treasurer** (-अर्) -*n.* the person in charge of treasury or funds कोषाध्यक्ष; **Treasurership** (-अर्-शिप्)-*n.* the office of a treasurer. कोषाध्यक्ष का पद;

Treasuress (-अर्-ऍस्) *-n. fem.* a woman in charge of treasure. कोषगृह की स्वामिनी; **Treasure-trove** (-ट्रोव्) *-n.* treasure found in the earth. पृथ्वी में का गड़ा हुआ धन; **Treasury** (-इ) *-n.* a place where treasure is deposited, a repository. कोषगृह, खजाना।

Treat-ट्रीट्-*v. i. & t.* to behave towards, to manage, to discourse on, to negotiate, to entertain with food or drink. व्यवहार करना, प्रबन्ध करना, शास्त्रार्थ करना, वर्णन करना, न्योता देना, खिलाना पिलाना;-*n.* a rich entertainment, feast. भोजन विशेष, न्योता; **To treat at length** (to consider in detail.) विस्तारपूर्वक विचार करना; **Treatable** (-ऍब्ल्) *-adj.* moderate. सामान्य, साधारण; **Treater** (-अर्)-*n.* one who discourses on a subject. किसी विषय पर विचार करनेवाला।

Treatise-ट्रीटिस्(-ज़्)-*n.* a literary composition on a definite subject. निबंध, लेख (पुस्तक)।

Treatment-ट्रीट-मॅन्ट्-*n.* behaviour, management, manner of applying remedies. आचरण (व्यवहार), प्रबन्ध, चिकित्सा; **Hospitable treatment** (entertainment of guests.) अतिथि-सत्कार; **Ill treatment** (bad behaviour.) दुर्व्यवहार, बदसलूक।

Treaty-ट्रीटि-*n.* (*pl.* **Treaties.**) a formal agreement between nations, a compact. संधि (नियम) पत्र, मेल।

Treble-ट्रॅ-बल्-*adj.* threefold, multiplied by three, three times. त्रिगुण, त्रिगुणित, तिगुना-*v. t. & i.* to make or be threefold. तिगुना करना या होना; **Trebleness** (-नॅस्)-*n.* the state of being treble. त्रिगुणत्व; **Trebly** (-ब्लि) *-adv.* in a three fold manner. त्रिगुण रूप में।

Trebuchet-ट्रॅब्युशॅट् *-n.* an appliance for throwing large stones, a small balance. बड़े-बड़े पत्थर फेंकने का यन्त्र, छोटी तराजू।

Tred-wheel (-ट्रॅड्-ह्वील) *-n.* a vertical wheel which is worked by men or animals walking within its circumference. पशु या मनुष्य से चलाया जानेवाला यन्त्र का पहिया।

Tree-ट्री'-*n.* a perennial plant with a trunk and branches, a piece of wood, anything like a tree. वृक्ष (पादप), पेड़, लकड़ी का ढाँचा; **Treeless** (-लॅस्)- *adj.* without trees. वृक्षरहित; **Treenail** (-नॅल)-*n.* a wooden nail. लकड़ी की कील।

Willow-विल्' - लो - *n*. a plant with pliant branches. सरपत, सरई; **Willowed** (-लोड्) -*adj*. full of willows. सरपत से परिपूर्ण; **Willowish** (इ-इश्) -*adj*. of the colour of the willow. सरपत के रङ्ग का; **Willowy** (-इ) -*adj*. full of willows. सरपत से भरा हुआ।

Willy-विल्-लि -*n*. an apparatus for cleaning wool. ऊन साफ़ करने का यन्त्र।

Willy-nilly-विल्-लि-निल्-लि-*adv*. willingly or unwillingly. इच्छा अथवा अनिच्छापूर्वक।

Wilsome-विल्'-सम्-*adj*. obstinate. हठी।

Wilt-विल्ट् - *second pers. sing*. of the verb "**Will**".गा; -*v. i. & t*. to wither, to droop. मुरझाना, झुकाना।

Hat हॅट् ; Hot हॉट् ; Measure मॆझर

Wily-वाइ' - लि - *adj.* (*comp.* **Wilier,** *sup.* **Wiliest.**) sly, cunning, using stratagem. धूर्त, कपटी, छली ।

Wimble-विम्बल् - *n.* a gimlet. छेद करने का बरमा; -*v. t.* to bore holes. छेद करना; -*adj.* nimble. चंचल ।

Wimple-विम्पल्-*n.* a covering for the face. परदा, घूँघट ।

Win-विन् -*v. t. & i.* (*p. t. & p. p.* **Won**) to gain by success, to allure by kindness, to gain victory. जीतना, मोहित करना, विजय प्राप्त करना; **To win through** (to succeed.) सफल होना; **To win upon** (to gain favour from.) कृपा प्राप्त करना; **Winner** (-नर्) -*n.* one who wins. जीतनेवाला; **Winning** (-निङ्ग्)-*adj.* charming. लुभानेवाला ।

Wince-विन्स् -*v. i.* to show uneasiness, to start in pain. चौंकना (हिचकना), पीड़ा से सिकुड़ना; **Wincer** (-अर्)-*n.* a horse which kicks. दुलत्ती फटकारनेवाला घोड़ा ।

Wincey-विन्-सि -*n.* a kind of durable cloth with cotton warp and woollen weft. सूती ताना तथा ऊनी बाने का एक प्रकार का टिकाऊ वस्त्र ।

Winch-विन्श् - *n.* the handle of a wheel, a reel, an instrument for straining. पहिया चलाने की मूठ, चरखी (घिरनी), चाँपने का डण्डा ।

Wind-विन्ड् -*n.* (कविता में "वाइण्ड्" उच्चारण होता है) the current of air, air in motion, breath, flatulence. वायु (पवन), हवा, साँस, वायुरोग; -*v. t.* (*p. t.* **Wound.**) to expose to the wind, to blow, to drive hard. बहाना, फूँकना, तेज हाँकना ; **Down the wind** (declining.) नाश होते हुए; **How the wind blows** (how matters stand.) कैसी स्थिति या अवस्था है; **To get wind** (to become public.) प्रकाशित होना ।

Wind-वाइन्ड्-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Wound.**) to turn, to change, to entwist, to unfold. फेरना, बदलना, ऐंठना, मोडना; **To wind off** (to unwind.) खोलना, उधेड़ना; **To wind up** (to bring to a conclusion.) परिणाम निकालना ।

Windbag-विन्ड्-बैग् -*n.* a man who uses empty words. निरर्थक शब्द बोलनेवाला मनुष्य;

Windbound (-बाउन्ड्) -*adj.* obstructed in sailing owing to a contrary wind. विपरीत वायु के कारण आगे बढ़ने में रुका हुआ (जहाज़), **Windfall** (-फ़ॉल्)-*n.* a fruit blown from a tree by wind, an unexpected fortune. वायु से गिरा हुआ फल, अलभ्य लाभ; **Wind-furnace** (-फ़र्-नेंस्) -*n.* a furnace supplied by artificial currents of air. भाथी की अँगीठी; **Wind-gall** (-गॉल्) -*n.* a tumour on the fetlock joint of a horse. घोड़े की गुमची पर की हड्डी; **Wind-gun** (-गन्)-*n.* an air-gun. हवाई बन्दूक ।


Winder-विन्डर् -*v. t.* to remove chaff from grain. ओसाना ।

Windiness-विन्डि-नेस्-*n.* a tendency to generate wind, flatulence. वायु उत्पन्न करने की स्थिति, वायु से पेट फूलने की अवस्था ।

Winding-वाइन्ड'-इङ्ग् -*adj.* bending, twisting. कुटिल, घुमौवा; -*n.* a bend. झुकाव, मुड़ान; **Windingly**(-लि)-*adv.* in a winding manner. वक्र रूप से ।

Winding-sheet-वाइन्ड्'-इङ्ग्-शीट् -*n.* a sheet in which a corps is wrapped. मुर्दा लपेटने की चादर, कफ़न ।


Windlass-विन्ड्' - लॅस्- *n.* a machine for raising heavy weights or weighing anchor or pulling a water bucket from a well. भारी बोझ उठाने या जहाज़ का लंगर उठाने या कुएँ से पानी की बाल्टी खींचने का गड़ारीदार यन्त्र ।



Windlass.

Windle-विन्ड्ल्-*n.* a kind of bird, a spindler, a kind of reel. एक प्रकार का पक्षी, धुरा, चरखी, तकली ।

Windless-विन्ड्-लॅस्-*adj.* wanting in wind. बिना वायु का; **Windmill** (-मिल्)-*n.* a mill turned by the wind. पवन से चलनेवाली चक्की ।



Windmill.

Window-विन्'-डो-*n.* an opening in a wall for admitting light and air. वातायन, खिड़की, झरोखा; **Windowed** (-ड्)-*adj.* furnished with windows. खिड़की लगा हुआ

Windpipe-विन्ड्-पाइप्-*n.* the trachea, the passage for the inlet and outlet of air in the lungs. वायुप्रणाली, टेंटुआ ; **Wind-pump** (-पम्प्)-*n.* a pump worked by the wind. वायु से चलनेवाली पिचकारी ।

Windrow-विन्ड्-रो-*n.* a row in which mown grass is laid to be dried by the wind before being made up into heaps. वह पंक्ति (कतार) जिसमें गाँठ बाँधने के पहले हवा से सूखने के लिये काटी हुई घास फैलाई जाती है ।

Windscreen-विन्ड्-स्क्रीन्-*n.* a screen or wall which forms a shelter from the wind. वायु रोकने का पर्दा या भीत या दीवाल ।

Wind-up-वाइन्ड्-अप्-*n.* conclusion. परिणाम, अन्त ।

Windward-विन्ड्-वर्ड्-*n.* the direction in which the wind blows. वह दिशा जिस ओर वायु बहती है;-*adj.* being on the side of the wind. वायु की दिशा की ओर रहनेवाला; **Windy** (-डि) -*adj.* consisting of wind, tempestuous, empty, flatulent. वातमय, हवादार, छूछा, वायुपूर्ण ।

Wine-वाइन्-*n.* the fermented juice of grapes. अंगूर की मदिरा, सुरा; **Spirits of wine** (alcohol.) मद्यसार ; **Wine-bag** (-बैग्) -*n.* a liquor-bottle. मदिरा रखने की बोतल; **Wine-bibber** (-बिब्-बर्)-*n.* a great drinker. बहुत मदिरा पीनेवाला; **Wine-glass** (-ग्लास्)-*n.* a glass to drink wine from. मदिरा पीने का गिलास; **Wineless** (-लेस्)-*adj.* destitute of wine. बिना मदिरा का ।

Wing-विङ्ग्-*n.* the forelimb of a bird by which it flies, care and protection, a plane, flight, side of a stage. पक्ष, पंख, पर, डैना, यत्न तथा रक्षा, हवाई जहाज का तख्ता, उड़ान, नाटकगृह का पार्श्वभाग;-*v. t.* & *i.* to furnish, with wings, to fly. पर लगाना, उड़ना; **On the wing** (flying.) उड़ते हुए; **Under the wing of** (under the protection of.) आश्रित, रक्षित; **Winged** (- ड्)-*adj.* having wings, swift. परदार, तीव्र; **Wingless** (-लेस्)-*adj.* having no wings. बिना डैने का; **Winglet** (-लेट्) -*n.* a small wing. छोटा डैना; **Wingy** (-इ)-*adj.* rapid. तीव्र, तेज ।

Wink-विङ्क्-*v. t.* to open and shut the eyes quickly, to shut one eye, to give a hint by the motion of eyelids. जल्दी-जल्दी आँख खोलना बन्द करना, एक आँख बन्द करना, पलक मारना (सैन करना), आँखों से संकेत करना;-*n.* the act of closing and opening the eyelids, a hint given by the eyes. पलक मारना, सैन; **To wink at** (to connive at.) उपेक्षा करना; **Winker** (-अर्)-*n.* one who winks. सैन मारनेवाला; **Winking** (-इङ्ग्)-*n.* conniving at. चक्षुसंकोचन, उपेक्षा; **Winkingly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* like one winking. उपेक्षा करते हुए

Winnow-विन्'-नो-*v. t.* to separate chaff from grain by the help of wind, to beat with wings, to sift, to examine. फटकना, पछोरना, ओसाना, डैना फड़फड़ाना, चालना, परीक्षा करना; **Winnower** (-अर्)-*n.* one who winnows, पछोरनेवाला; **Winnowing** (-इङ्ग्) -*n.* the act of separating chaff from grain. फटकन; **Winnowing basket** (basket for winnowing.) सूप ।

Winsome-विन्'-सम्-*adj.* charming, attractive, merry. ललित, मनोहर, प्रसन्न; **Winsomely** (-लि) -*adv.* in a charming manner. मनोहरता से; **Winsomeness** (-नेस्)-*n.* the quality of being winsome. मनोहरता ।

Winter-विन्ट्'-अर्-*n.* the cold season of the year. हेमन्त, शिशिरकाल, जाड़े की ऋतु;-*adj.* belonging to winter. शरद-सम्बन्धी;-*v. i.* & *t.* to pass the winter, to provide with food & shelter in winter, to chill, to freeze. जाड़ा बिताना, जाड़े में भोजन और आश्रय देना, ठंढा करना, जमाना ; **Winter-killed** (killed by winter.) जाड़े से मरा हुआ; **Winterly** (-लि)-*adj.* occuring in winter, of winter, having the character of winter, suitable to winter. जाड़े में होनेवाला, जाड़े का, जाड़े के लक्षणवाला, शिशिर-काल के योग्य; **Wintry** (-ट्रि) -*adj.* pertaining to winter, cold. शरद्-ऋतु सम्बन्धी, ठण्ढा ।

Winy-वाइन्'-इ-*adj.* having the taste of wine. मदिरा के स्वाद का ।

Wipe-वाइप्-*v. t.* to clean by rubbing, to rub with a soft thing, to cheat. पोछना (रगड़कर निर्मल करना), मिटाना, (झाड़ना) धोखा देना; **To wipe away** (to wipe by rubbing off.) रगड़कर साफ करना; **To wipe off** (to erase,

to utterly destroy or annihilate.) रगड़कर मिटाना, पूर्ण रूप से नष्ट करना; **Wiper** (-अर्)-*n.* one who or that which wipes, an instrument for wiping. रगड़नेवाला, रगड़ने (मिटाने) का यन्त्र।

Wire-वायर्-*n.* a thread of metal, a telegram. धातु-सूत्र, तार, तार का समाचार;-*v. t.* to apply wire to, to send a telegraphic message. तार से बाँधना, तार लगाना, तार द्वारा समाचार भेजना।

Wiredraw-वायर्'-ड्रॉ-*n.* a plate of steel with holes for drawing in wire. तार खींचने की जन्ती; -*v. t.* to draw wire, to cause steam or water to pass through a small hole, to spin out, to extract. तार खींचना, भाप या पानी को बहुत छोटे छेद से निकालना, कातना, निचोड़ना; **Wiredraw.**



Wiredrawer (-अर्) -*n.* one who draws metal wire. तार खींचनेवाला; **Wiregauze** (-गॉज़्)-*n.* a fine texture resembling gauze. महीन जाली; **Wireless** (-लॅस्)-*n.* the communication through electro-magnetic waves without wires. बिना तार के विद्युत्-चुम्बकीय तरङ्गों द्वारा समाचार भेजने का यन्त्र; **Wirenetting** (-नॅट्'-टिङ्ग्)-*n.* a network of wires. तार की जाली; **Wirepuller** (-पुल-लर्)-*n.* one who makes an intrigue. षड्यन्त्र रचनेवाला; **Wiriness** (-इ-नॅस्) -*n.* the state of being wiry, state of being strong or endurable. तारपन, पुष्टता, सहनशीलता; **Wiring** (-इङ्ग्)-*n.* an arrangement of wires. तारों का प्रबन्ध; **Wiry** (-इ)-*adj.* made of wire, like wire, strong. तार का बना हुआ, तार के समान, पुष्ट।

Wisdom-विज़्'-डम्-*n.* the quality of being wise, natural instinct, sagacity, prudence, wise conduct. बुद्धि, विवेक, पांडित्य, धीरता (गम्भीरता), चतुराई; **Wisdom tooth** (the third molar tooth in the human jaw.) चव, तृतीय पेषक दाँत, बुद्धि या अक्ल का दाँत।

Wise-वाइज़्-*adj.* learned, skilful, discerning, sagacious. पण्डित, चतुर, विवेकी, बुद्धिमान्; -*n.* the way or manner of acting. प्रकार, रीति, ढंग; **In no wise** (in no way.) किसी प्रकार से नहीं; **On this wise** (in this way.) इस प्रकार से; **Wiseacre** (-ए-कर्)-*n.* one who pretends to be wise, a simpleton, a dunce. अपने को बुद्धिमान् समझनेवाला, बुद्धू, लंठ, मूर्ख; **Wise-hearted** (-हार्ट्-ऍड्) - *adj.* skilful. विवेकी, चतुर; **Wiseling** (-लिङ्ग्)-*n.* one who pretends to be wise, a wiseacre. अपने को बुद्धिमान् समझनेवाला मनुष्य; **Wisely** (-लि) -*adv.* in a wise manner. बुद्धिमानी से।

Wish-विश्-*n.* an eager desire, desire expressed, longing, request. इच्छा (मनोरथ), अभिलाषा (वांछा), आकांक्षा, प्रार्थना;-*v. t.* to desire, to long for, to request, to be inclined. अभिलाषा करना, इच्छा करना, प्रार्थी होना, लीन होना; **Wisher** (-अर्)-*n.* one who desires. अभिलाषा करनेवाला; **Wishful** (-फुल्)-*adj.* desirous. उत्सुक, इच्छुक; **Wishfully** (-फुलि) -*adv.* with ardent desires. उत्कट इच्छा से; **Wishfulness** (-फुल-नॅस्) -*n.* the state of being wishful. तीव्र अभिलाषा; **Wish-wash** (-वॉश्)-*n.* a kind of watery drink. जल के सदृश एक पेय; **Wishywashy** (-इ-वॉश्-इ)-*adj.* watery, weak. जलीय, दुर्बल।

Wisket-वि-स्केट्-*n.* a basket. टोकरी।

Wisp-विस्प्-*n.* a small bundle of straw. फूस का छोटा गट्ठा; **Wispy** (-इ)-*adj.* consisting of a wisp. फूस के गट्ठे से युक्त।

Wist-विस्ट्-*v.t.* to wit (know). जानना; **Wistful** (-फुल्)-*adj.* attentive, thoughtful, earnest, wishful, hushed. ध्यान-परायण, विचारवान्, उत्सुक, इच्छुक, चुपचाप; **Wistfully** (-फुलि) -*adv.* in a wistful manner. ध्यान-परायणता या उत्सुकता या इच्छुक ढंग से; **Wistfulness** (फुल-नॅस्) -*n.* the state of being wistful. उत्सुकता, चिन्ता; **Wistly** (-लि)-*adv.* attentively, thoughtfully. ध्यानपूर्वक।

Wit-विट्-*v. t. & i.* to know, to be aware of. जानना, अवगत होना *n.* intellect, talent, intelligence, mental quickness. बुद्धि, चातुरी, बुद्धिमानी, बुद्धि-विकास या बुद्धि की तीव्रता; **To wit** (that is, to say, namely.) अर्थात्, नामक; **Witless** (-लॅस्)-*adj.* wanting thought, indiscreet. बुद्धिहीन, निर्बुद्धि; **Witlessly** (-लॅस्-लि)-*adv.* without the exercise of wit.

बुद्धिहीनता से; **Witlessness** (-लॅस्-नॅस्) -*n.* the state of being witless. बुद्धिहीनता; **Witted** (-टॅड्)-*adj.* having understanding. विवेकयुक्त, बुद्धिमान् ।

Witch-विच्-*n.* (*mas.* **Wizard.**) a sorceress, an ugly old woman, a hag, a crone. जादूगरनी, डाइन, कुरूपा वृद्धा स्त्री; -*v. t.* to enchant, to fascinate. जादू-टोना करना, मोहना; **Witchcraft** (-क्रॉफ़्ट्)-*n.* sorcery, enchantment. जादू, इन्द्रजाल, माया; **Witchery** (-अर्-इ) -*n.* enchantment. जादू-टोना; **Witching** (-इङ्ग्) -*adj.* pertaining to witchcraft, casting a spell. जादू सम्बन्धी, जादू-टोना करनेवाला ।

Wite-वाइट्-*n.* blame. दोष, कलङ्क ।

With-विद् -*prep.* in opposition to, by, in company with, on the side of. साथ, से, ओर, तरफ ।

Withal-विदॉल् -*adv.* besides, with the rest. साथ-साथ, और भी ।

Withdraw-विद्-ड्रॉ -*v. i. & t.* (*p. t.* **Withdrew,** *p.p.* **Withdrawn.**) to draw back, to recall, to retire, to go away, हट जाना, अलग होना, लौटाना, वापस लेना या करना, फेरना, चले जाना; **Withdrawal** (-ल्)-*n.* the act of withdrawing. अपक्रम, संहार, वापसी; **Withdrawer** (-अर्)-*n.* one who withdraws. वापस लेनेवाला; **Withdraw-ment** (-मॅन्ट्) -*n.* the act of withdrawing. वापस लेने का काम; **Withdrawn** (-ड्रॉन्) -*p. p.* of **Withdraw.** वापस लिया गया ।

Withe-वाइद् -*n.* a band of twisted twigs. बटी हुई टहनियाँ ।

Wither-विदर्-*v. i. & t.* to fade, to pine away (to lose moisture), to cause to dry. मुर्झाना, सूखना, सुखा देना; **Withered** (-अॅड्)-*adj.* faded, dried. मुर्झाया हुआ, सूखा हुआ; **Witheredness** (-नॅस्) -*n.* the state of being withered. सूखापन; **Witheringly** (-इङ्ग्-लि) -*adv.* in a shrinking manner. सूखते हुए ।

Witherlock-विदर्-लॉक् - *n.* the lock of a horse's mane which a man grasps while riding. घोड़े का अयाल ।

Withhold-विद्-होल्ड्'-*v. t.* (*p. t. & p. p.* **Withhold.**) to hold back, to keep back, to restrain. रोकना, प्रतिबन्ध करना, थामना; **Withholder** (-अर्)-*n.* one who withholds. रोकनेवाला, थामनेवाला ।

Within-विद्-इन्-*prep. & adv.* in the inner part, inside, not beyond, not exceeding, inwardly, internally. भीतरी ओर, अन्तर में, बीच में, भीतर; **Withinside** (-साइड्)-*adv.* in the inner parts. भीतरी भाग में ।

Without-विद्' - आउट् -*prep. adv. & conj.* beyond, not within, independent of, unless, except. बाहर, बिना, छोड़कर, रहित, सिवाय; **Without delay** (soon.) बिना विलम्ब के, शीघ्र ही; **Without doubt** (certainly.) अवश्य, निःसन्देह ।

Withstand-विद्-स्टॅन्ड्' - *v. t.* (*p. t. & p. p.* **Withstood.**) to oppose, to resist. विरोध करना, रोकना (अड़ाना); **Withstander** (-अर्) -*n.* an opponent. प्रतिकार करनेवाला, विपक्षी; **Withstood** (-स्टुड्) -*p. t. & p. p.* of **Withstand;** -*adj.* hindered, opposed. रोका गया, विरोध किया गया ।

Withy-विदि -*n.* a kind of willow. एक प्रकार की नरकट ।

Witling-विट्-लिङ्ग् -*n.* a man of little understanding. अल्प बुद्धि का मनुष्य ।

Witness-विट्-नॅस् -*n.* attestation of an event, testimony, one who gives testimony in a court. प्रमाण, साक्षी, अदालत में गवाही देनेवाला; *v. t. & i.* to attest or testify, to give testimony to, to bear testimony. प्रत्यक्ष करना, गवाही से प्रमाणित करना, गवाही देना ।

Witticism-विट्-टि-सिज़्म् -*n.* a witty remark. रसिकोक्ति, हँसी, विनोद-वाक्य; **Wittily** (-लि) -*adv.* artfully. हँसी में, परिहास से; **Wittiness** (-नॅस्) -*n.* the quality of being witty. रसिकता, हँसी, दिल्लगी; **Wittingly** (-इङ्ग्-लि)-*adv.* knowingly, intentionally. जान-बूझकर ।

Wittol-विट्ल्-*n.* a man who knows his wife's infidelity and submits to it. वह पुरुष जो अपनी स्त्री की दुश्चरित्रता को जानकर भी उसके वश में रहता है ।

Witty-विट्-टि-*adj.* (*comp.* **Wittier,** *sup.* **Wittiest.**) possessing wit or humour, sarcastic, amusing, judicious, ingenuous. परिहासजनक, व्यङ्गपूर्ण, रसिक, तीक्ष्णबुद्धि, निपुण, ठिठोलिया ।

Wive-वाइव्-*v. t. & i.* to wed, to marry विवाह

करना; Wivehood (-हुड्)-*n.* the behaviour befitting a wife. पत्नी के लिये उचित व्यवहार; Wiveless (-लेस्)-*adj.* having no wife. बिना पत्नी का; Wively (-लि)-*adj.* pertaining to a wife. पत्नी-सम्बधी; Wives (-व्ज़्) *pl.* of Wife.

Wizard-विज़्-अर्ड् -*n.* (*fem.* Witch.) one who is skilled in magic, an enchanter. ओझा, जादूगर; Wizardly (-लि)-*adj.* like a wizard. जादूगर के सदृश; Wizardry (-रि)-*n.* the art of witchcraft. जादूगरी।

Wizen-विज़्'-न्-*v. t.* to dry, to wither. मुर्झाना, सुखाना; -*adj.* withered, dried up. मुरझाया हुआ, सूखा हुआ।

Wo-वो-*interj.* stop ! ठहरो !

Woad-वोड्-*n.* a kind of plant like indigo. एक प्रकार का नील के पौधे के समान पौधा।

Wobble-वॉब्-ब्ल् -*v. i.* to move to and fro. इधर-उधर घूमना, चक्कर देना; Wobbler (-अर्) -*n.* one who wobbles. चक्कर देनेवाला।

Woe-वो -*n.* grief, curse, sorrow, misery. दुःख (शोक), शाप, विलाप, सन्ताप; Woe-be-gone (-बी-गॉन्) -*adj.* overwhelmed with grief, दुःख से सन्तप्त, शोकार्त; Woeful (-फुल्) -*adj.* sorrowful, mournful, distressed. शोकान्वित, विलापी, दुःखी; Woefully (-फुलि) -*adv.* sorrowfully. दुःख से; Woefulness (फुल्-नेस्) -*n.* the state of being woeful. सन्ताप की अवस्था।

Wold-वोल्ड्-*n.* a wood, an open country, a forest. खुला मैदान, समतल भूमि, जङ्गल।

Wolf-वुल्फ् -*n.* (*pl.* Wolves.) a fierce carnivorous animal. वृक, भेड़िया, हुँड़ार; Wolf-dog (-डॉग्)-*n.* a shepherd's dog. गड़ेरिये का बड़ा कुत्ता; Wolfish (-इश्) -*adj.* like a wolf. भेड़िये के सदृश; Wolfishly (-इश्-लि)-*adv.* in a wolfish manner. भेड़िये की तरह से; Wolf-hound (-हाउन्ड्)-*n.* a hound for hunting wolves. भेड़िये का शिकार करनेवाला कुत्ता।

Woman-वुमन्-*n.* (*pl.* Women वि'-मेन्, *mas.* Man.) female of man, the female sex, a female servant. स्त्री, नारी, औरत, दासी (चेरी); Womaned (-न्ड्) -*adj.* accompanied by a woman. स्त्री-सहित; Womanhood (-हुड्) -*n.* the state of being a woman. स्त्रीत्व; Womanish(इश्)-*adj.* feminine, having the qualities of a woman. स्त्रीवत्, स्त्री के समान; Womanishly (-इश्-लि)-*adv.* in a womanish manner. स्त्री के समान ढंग से; Womankind (-काइन्ड्)-*n.* the female sex. स्त्री जाति; Womanlike (-लाइक्)-*adj.* like a woman. स्त्री की तरह; Womanliness (-लि-नेस्)-*n.* the state of being womanly. स्त्री के समान अवस्था; Womanly (-लि)-*adj.* befitting a woman. स्त्रियोचित, स्त्री के योग्य।

Womb-वूम्'-*n.* the part of the body where the young of an animal is conceived, any deep cavity. गर्भस्थान (गर्भाशय, गर्भ), कन्दरा; Womby (-इ) -*adj.* hollow, capacious. खोखला, विस्तृत।

Won-वन्-*p. t.* & *p. p.* of Win. जीत लिया।

Wonder-वन्'-डर्-*n.* that which excites surprise, a miracle, a strange thing, astonishment. अद्भुत वस्तु, आश्चर्य, विस्मय, अचम्भा; -*v. i.* & *t.* to be struck with wonder, to be surprised. विस्मित होना, आश्चर्ययुक्त करना (सन्देह करना); Wonderer (-अर्)-*n.* one who wonders. आश्चर्य करनेवाला; Wonderful (-फुल्)-*adj.* exciting surprise, strange. विलक्षण, अद्भुत; Wonderfully (-फुलि)-*adv.* astonishingly. आश्चर्य से; Wonderfulness (-फुल्-नेस्)-*n.* the quality of being wonderful. आश्चर्य, चमत्कार; Wondering (-इङ्ग्) -*adj.* showing wonder. आश्चर्य दिखलानेवाला; Wonderingly (-इङ्ग्-लि)-*adv.* in a wonderful manner. आश्चर्य करते हुए; Wonderland (-लैंन्ड्) -*n.* the land full of wonders. विस्मयपूर्ण प्रदेश; Wonderment (-मेन्ट्)-*n.* astonishment, surprise. आश्चर्य, कौतुक; Wonderstruck (-स्ट्रक्) -*adj.* struck with wonder. विस्मय से व्याकुल; Wonder-worker (-वर्क्-अर्)-*n.* a worker of wonders. आश्चर्य का काम करनेवाला।

Wondrous-वन्'-ड्रस्-*adj.* admirable, marvellous. आश्चर्यजनक, अद्भुत; Wondrously (-लि) -*adv.* in a strange manner. विलक्षण रूप से, विचित्रता से; Wondrousness (-नेस्) -*n.* strangeness. विलक्षणता, अचम्भा।

Won't-वोन्ट्-*contraction* of 'Will not'. 'विल नॉट्', का छोटा रूप।

Wont-वोन्ट् -*n.* habit, custom. अभ्यास, आदत,

रीति (सम्प्रदाय), चाल-ढाल;-*adj.* accustomed, habituated. परिचित, अभ्यस्त; **Wonted** (-ऍड्) -*adj.* made familiar. परिचित बनाया गया ; **Wontedness** (-ऍड्-नॅस्)-*n.* the state of being familiar or accustomed. परिचित या अभ्यस्त अवस्था ; **Wontless** (-लॅस्)-*adj.* not accustomed. अनभ्यस्त ।

Woo-वू-*v. t.* to ask in marriage, to importune, to court, to make love to. विवाह के लिये प्रार्थना या आराधना करना, प्रेम दिखलाना; **Wooer** (-अर्)-*n.* one who wooes, a lover. विवाहार्थी, विवाह की इच्छा करनेवाला, प्रेमी; **Wooing** (-इङ्ग्)-*n. & adj.* courtship, love-making. विवाह के लिए प्रार्थना करनेवाला, प्रेम करनेवाला या प्रेम का प्रस्ताव रखनेवाला ।

Wood-वुड् - *n.* a small forest, the solid part under the bark of a tree, timber. जङ्गल, वन, काठ, लकड़ी; - *adj.* consisting of wood. लकड़ी का; **Wood-apple** (-ऍॉ-पुल्)-*n.* a kind of fruit having a hard shell. कपित्थ, कैथ; **Wood-ashes** (-ऍॉशॅज़्)-*n. pl.* ashes obtained by burning wood or plants. लकड़ी की राख ; **Woodbine** (-बाइन्)-*n.* the wild honeysuckle. एक प्रकार का सुगन्धित पुष्प ; **Wood-block** (-ब्लॉक्)-*n.* a block of engraved wood to print from. लकड़ी का ठप्पा; **Woodcarving** (-कार्व्-इङ्ग्)-*n.* engraving in wood. लकड़ी में खुदाई करने का काम ; **Wood-coal** (-कोल्) -*n.* charcoal. लकड़ी का कोयला ; **Wood-cock** (-कॉक्)-*n.* a bird similar to a snipe, a kind of apple, a simpleton. कुक्कुट, जङ्गली मुर्गा, एक प्रकार का सेब, बुद्धू या मूर्ख आदमी ; **Woodcraft** (-क्रॉफ़्ट्)-*n.* forestry, art of woodwork. जंगल की देख-रेख की विद्या, काष्ठकला ; **Woodcut** (-कट्)-*n.* an engraving on wood. लकड़ी का छापने का ठप्पा; **Wooded** (ऍड्) - *adj.* covered with wood. जङ्गल से भरा हुआ ; **Wooden** (-न्) -*adj.* made or consisting of wood. काष्ठमय, लकड़ी का बना हुआ; **Wood-engraving** (-ऍन्-ग्रेव्-इङ्ग्) - *n.* the art of engraving on wood. लकड़ी पर खोदने की कला ; **Wooden-head** (- न्-हॅड्)-*n.* a block-head. मूर्ख ; **Wooden-headed** (stupid.) बुद्धिहीन, निर्बुद्धि; **Woodenness** (-न्-नॅस्)-*n.* stupidity. मूर्खता, बुद्धिहीनता; **Wood-house** (-हाउस्)-*n.* a shed for keeping timber. लकड़ी रखने का घर; **Woodiness** (-इ-नॅस्)-*n.* the quality of being woody. जंगली या लकड़ी से युक्त या पूर्ण होने का गुण ; **Woodland** (-लॅन्ड्)-*n.* a land covered with woods. जंगलों से परिपूर्ण भूमि; **Woodless** (-लॅस्)-*adj.* destitute of wood. जंगल से रहित; **Woodman** (-मॅन्) -*n.* one who looks after trees in a forest, one who fells and cuts trees for timber & fuel, one who supplies wood, one who makes articles of wood, a huntsman, a mad man, a forest officer. जंगल के पेड़ों का रखवाला, इमारती लकड़ी या जलावन की लकड़ी के लिए पेड़ गिराने और काटनेवाला, लकड़ी देनेवाला, लकड़ी का सामान बनानेवाला, शिकारी, जंगल का अधिकारी; **Wood-monger** (-मॉङ्गर्) -*n.* a timber merchant. लकड़ी का व्यापारी, लकड़हारा; **Woodnote** (-नोट्)-*n.* the note of a forest bird. जंगली पक्षी का शब्द; **Woodpecker** (-पॅकर्)-*n.* a bird with long pointed bill which has the habit of tapping trees to discover insects. काष्ठकूट, कठफोड़वा; **Wood-pigeon** (-पिजन्)-*n.* the ringdove. हारिल पक्षी ; **Wood-pulp** (-पल्प्)-*n.* the pulp of wood from which paper is made. वृक्ष का गुद्दा जिससे कागज बनता है ; **Woodsman** (-मॅन्)-*n.* (*pl.* **Woodsmen.**) woodcutter. लकड़हारा; **Woodwork** (-वर्क्)-*n.* a structure made of wood. लकड़ी का काम ; **Woody** (-इ)-*adj.* abounding with or consisting of wood, belonging or pertaining to or growing or living in woods, resembling wood, having a dull sound like that of wood when struck. लकड़ी से पूर्ण या लकड़ी का, जंगल का या जंगल-संबन्धी या जंगल में उगने या रहनेवाला, लकड़ी के समान, लकड़ी की खटखटाहट के समान स्वरवाला ।

Woof-वूफ़्-*n.* the weft, texture, cloth. बाना, कपड़ा, वस्त्र की रचना ; **Woofy** (-इ) -*adj.* dense. घना ।

Woof-वुफ़्-*n.* imitation of an abrupt bark of a dog. कुत्ते के यकायक भूँकने की नकल ।

Wool-वुल्-*n.* the fleecy coat of sheep, short thick hair. भेड़ का बाल, ऊन, घना बाल ;

Wool-carder (काड्'- अर्) - *n.* one who combs wool. ऊन सँवारनेवाला; **Wooldriver** (-ड्राइव्-अर्)-*n.* one who buys wool. ऊन खरीदनेवाला ; **Woolfell** (-फ़ेल्) - *n.* skin not stripped off wool. चमड़ा जिस पर का ऊन न काटा गया हो; **Wool-gathering** (-गैद्-अर्-इङ्ग्) - *n.* the act of gathering wool, an idle exercise. ऊन इकट्ठा करना, व्यर्थ का कार्य; **Wool-grower** (-ग्रो-अर्)-*n.* one who raises sheep for production of wool. ऊन निकालने के लिये भेड़ पालनेवाला मनुष्य ; **Woollen** (-लेन्)-*adj.* made of or consisting of wool. pertaining to wool, clad in woollen clothing, covered with wool as a mark of penance. ऊन का बना हुआ, ऊनी, ऊन-सम्बन्धी, ऊनी वस्त्र (कपड़े) पहने हुए, तपस्या या प्रायश्चित के लिये ऊन से ढँका हुआ; **Woolliness** (-इ-नेस्) - *n.* the state of being wooly. ऊनी अवस्था ; **Woolly** (-लि) - *adj.* consisting of wool. ऊन से परिपूर्ण; **Woolly-head** (-लि-हेड्) -*n.* a negro. हबशी; **Woolman** (-मैन्)-*n.* one who sells wool. ऊन बेचनेवाला मनुष्य ।

Woor-वू-अर्-*n.* a lover. प्रेमीजन।

Word-वर्ड्-*n.* a letter or combination of letters which represents an articulate sound, a short discourse, oral expression, promise motto, a short sentence. शब्द, पद, वचन, वार्ता, प्रतिज्ञा, सन्देश, कहावत, छोटा वाक्य; -*v. t.* to express in words. शब्दों में वर्णन करना; **A good word** (commendation.) सिफ़ारिश, संस्तुति; **To send word.** सन्देश भेजना ; **War of words** (verbal quarrel.) वाक्कलह; **Word-book** (-बुक्)-*n.* vocabulary. शब्दकोश; **Worded** (-एड्)-*adj.* expressed in words. शब्दों में वर्णित ; **Word for word** (literally.) अक्षरशः, अविकल ; **Wordily** (-इ-लि)-*adv.* in a wordy manner. अनेक शब्दों का प्रयोग करते हुए ; **Wordiness** (-इ-नेस्)-*n.* verbosity. वाग्जाल, अनेक शब्दों का निरर्थक प्रयोग; **Wording** (-इङ्ग्)-*n.* the act of expressing in words. वर्णन करने का कार्य; **Wordish** (-इश्)-*adj.* wordy, verbose. अनेक शब्दोंवाला ; **Wordless** (-लेस्)-*adj.* not using words. शब्दों का प्रयोग न करनेवाला; **Word-painting** (-पेन्ट्-इङ्ग्)-*n.* a description in words. शब्दों में वर्णन; **Wordy** (-इ) -*adj.* full of words. शब्दों से परिपूर्ण ।

Wore-वोर्-*p. t.* of Wear. पहना ।

Work-वर्क्-*v. i. & t.* (*p. t.* **Worked** or **Wrought.**) to act, to labour, to carry on business, to operate, to set in motion, to stir, to mould, to lead, to embroider, to ferment. काम करना, परिश्रम करना, कारबार (व्यापार) करना, बनाना, चलाना, हिलाना, उफान पैदा करना ;-*n.* exertion or effort, labour, employment, occupation, duty, undertaking, exploit, embroidery, effect, performance. अध्यवसाय या उद्योग, श्रम, कार्य, व्यवसाय, पेशा, कर्त्तव्य, जिम्मेदारी, दायित्व, वीरता का कार्य, बेलबूटे का कार्य, प्रभाव, परिणाम, अभिनय;-*pl.* walls (ब० व०) दीवारें ; **To work into** (to insinuate.) उत्तेजित करना, उसकाना; **To work out** (to solve.) हिसाब लगाना ; **To work up** (to raise.) उठाना ; **To set to work** (to engage in some business.) किसी काम में लग जाना; **Workable** (-एॅ-बल्)-*adj.* capable of being woked. काम करने योग्य; **Work-bag** (-बैग्) -*n.* a bag for holding needles &c. सूई इत्यादि रखने का झोला; **Worker** (-अर्)-*n.* one who works, one who makes, produces or plans, God or creator, an author, a wage labourer, a wealth-producer or maker, a horse or dog that works well, a female insect or bee doing work for its community, a political agent, a part of a machinery. काम करनेवाला; बनाने या पैदा करने या योजना बनानेवाला, ईश्वर या रचयिता; लेखक, मजदूर, धन पैदा करने या कमानेवाला, अच्छी तरह काम करनेवाला घोड़ा या कुत्ता, काम करनेवाला मादा कीड़ा या मक्खी, राजनैतिक प्रतिनिधि, मशीन का भाग या पुर्जा; **Work-fellow** (-फ़ेल्-लो)-*n.* a fellow-worker. साथ का काम करनेवाला; **Workfolk** (-फ़ोक्) -*n.* people who work. काम करनेवाले लोग; **Workhouse** (-हाउस्)-*n.* a poor house, a house for keeping the idle engaged. दरिद्रों की कर्मशाला, काहिलों या आलसियों को काम में लगाने का घर; **Working** (-इङ्ग्)-*adj. & n.*

engaged in activity, operation, movement. कार्यशील, काम करनेवाला, कार्यशीलता, क्रिया, गति; **Working day** (a day or time for work.) काम करने का दिन या समय; **Working-man** (one who lives by manual labour.) शारीरिक परिश्रम से निर्वाह करनेवाला; **Work-man** (-मीन्) *-n.* (*pl.* **Workmen.**) a man employed in labour, a skilled craftsman. काम करनेवाला, कुशल या चतुर कारीगर; **Work-manlike** (-मीन्-लाइक्) *-adj.* like a skilful workman, skilfully performed. चतुर कारीगर के समान, कारीगरी से किया हुआ; **Workman-ship** (-मीन्-शिप्) *-n.* skill of a workman or a manufacturer. कारीगरी, कर्म-कौशल; **Work-shop** (-शॉप्) *-n.* a place where anything is done or manufactured. उद्योगशाला, कर्मशाला (कारखाना); **Workwoman** (-वुन्-अन्) *-n.* (*pl.* **Workwomen.**) a woman who performs some work. स्त्री कर्मचारिणी।

World-वर्ल्ड् *-n.* the earth, the globe, the state of human existence, public life or society, people in general, mankind, the human race, customs of men. पृथ्वी, गोलक, संसार, लोक (जगत्), जीवनयात्रा, सार्वजनिक जीवन या समाज, जनसाधारण, मानव समाज, मनुष्य जाति, जनरीति, व्यवहार; **All the world** (everything, the entire earth, every existing person, the universal people.) सर्वस्व, सारी पृथ्वी, सारे जीवित व्यक्ति, संसार का जनसमूह; **A world** (a great deal.) बहुत ज्यादा, अमित; **For all the world** (exactly, completely.) पूर्ण रूप से; **The next world** (the spiritual world, the heaven.) परलोक; **Snares of the world** (the difficulties of worldly life.) मायाजाल; **Worldliness** (-लि-नेस्) *-n.* addictedness to gain, temporal enjoyments, covetousness. विषयों में आसक्ति, संसारी सुख या प्रपंच, सांसारिक लोभ; **Worldling** (-लिङ्ग्) one who thinks of this life only. सांसारिक, प्रपंची, दुनियादार; **Worldly** (-लि) *-adj.* pertaining to the world, temporal, secular. लौकिक, संसारी, दुनियावी; **Worldy-minded** (devoted to temporal; enjoyments.) संसारनिष्ठ, प्रपंचों में लीन; **Worldly-wise** (wise in regard to worldly matters.) संसारज्ञानी, दुनियादार; **World-wide** (-वाइड्) *-adj.* (spread all over the world.) संसार में व्याप्त।

Worm-वर्म् *-n.* a small creeping animal, anything that destroys, that which torments, a spiral tube, a snake, an earth-worm, a grub, a mean person of loose character, an intestinal disease or toothache caused by a worm, a tick or mite in the hand. रेंगनेवाला (-कृमि) कीड़ा, नष्ट करने वाली वस्तु, कष्ट देनेवाला पदार्थ, पेंचदार नली, सर्प, केंचुआ, घुन, नीच आचरण-हीन व्यक्ति, कृमि द्वारा उत्पन्न अँतड़ियों का रोग या दाँत की पीड़ा (दर्द), हाथ में लगनेवाला घुन या कीट; *-v. i. & t.* to work slowly, to undermine by secret means, to wind a rope, to hunt for worms, to cause to be eaten by worms, to rid of worms or grubs. धीरे-धीरे अथवा छिपकर काम करना, रस्सा लपेटना, कीड़ों का शिकार करना, कीड़ों से नष्ट कराना, कीड़ों से मुक्त करना; **Worm-disease** (-डिज़्-इज़्) *-n.* a disease in which small insects are found in intestine. कृमि रोग; **Worm-eaten** (-ईट्-न्) *-adj.* eaten by insects. कीड़ों से खाया हुआ; **Worm-hole** (-होल्) *-n.* a hole made by worms. कीड़ों का बनाया हुआ छिद्र; **Wormlike** (-लाइक्) *-adj.* like a worm. कोड़े की तरह का; **Worm-powder** (-पाउ-डर्) *-n.* powder for killing worms. कीड़ा मारने की बुकनी; **Worm-wheel** (-ह्वील्) *-n.* a wheel working in a spiral screw. पेंचदार गड़ारी में चलनेवाला पहिया; **Wormwood** (-वुड्) *-n.* a kind of bitter plant. एक प्रकार का कड़ुआ पौधा, चिरायता; **Wormy** (-इ) *-adj.* abounding with worms. कृमिपूर्ण।

Worn-वोर्न् *-p. p.* of wear. *adj.* impaired by use or exposure, exhausted by toil, enfeebled, (of time) past or spent. प्रयोग या धूप, हवा, पानी से घिसा या नष्ट हुआ, श्रम से थका हुआ, दुर्बल बना हुआ, बीता हुआ (समय); **Worn-out** (-आउट्) *-adj.* wearied, consumed. थका हुआ, नष्ट किया हुआ।

Worried-वर्-रिड् *-adj.* harassed. कष्ट दिया हुआ; **Worrier** (-रि-अर्) *-n.* one who worries कष्ट देनेवाला; **Worriment** (-मेन्ट्) *-n.* anxiety. चिन्ता, क्लेश।

Worry-वर्-रि-*n.* trouble, perplexity, harass-ment. क्लेश, बाधा, पीड़ा, चिन्ता; -*v. t.* (*p. t.* **Worried.**) to vex, to trouble, to tease, to harass, to fatigue. क्लेश देना, पीड़ा देना, दिक करना, थकाना; **Worryingly** (-इइग्-लि)-*adv.* teasingly. कष्ट देते हुए।

Worse-वर्स्-*adj.* (*comp.* of **Bad, Ill** or **Evil.**) bad or evil in a greater degree, more unwell, more bad. अधिकतर बुरा, नीचतर, बदतर, अधिकतर अस्वस्थ, अधिक बुरा; **Worsen** (-न्)-*v. t.* & *i.* to defeat, to make worse. हराना, बुरा बनाना, बुरा होना।

Worship-वर्शिप्-*n.* worthiness, adoration, a title of honour used for magistrates, respect, homage paid to idols. पूजा, आराधना, सम्मान-सूचक पदवी, महिमा, मूर्ति-पूजन; -*v. t.* & *i.*(*p. t.* **worshipped.**) to adore, to respect, to reverence, to perform divine service. पूजा करना, आराधना करना, आदर करना, उपासना करना; **Worshipable** (-एँ-ब्ल्)-*adj.* worthy of worship. पूजा करने योग्य; **Worshipful** (-फुल्)-*adj.* worthy of respect, claiming respect. पूजनीय, आदरणीय; **Worshipfully** (-फुलि) -*adv.* respectfully. प्रतिष्ठा से, आदर से; **Worshipper** (-पर्) -*n.* one who worships. पूजक, उपासक, आराधक।

Worst-वर्स्ट्-*adj.* (*sup. degree* of **Bad, Evil** or **ill.**) most bad, most evil, pernicious. दुष्टतम, नीचतम, सबसे बुरा;-*n.* most severe state. सबसे अधिक कष्टकर अवस्था; -*v. t.* to defeat. हराना।

Worsted-वर्स्ट्-ऍड्-*n.* wool combed straight. सुलझाया हुआ ऊन; -*adj.* made of worsted yarn. बटे ऊन का बुना हुआ।

Wort-वर्ट-*n.* a kind of herb. एक प्रकार की वनस्पति।

Worth-वर्थ्-*n.* value, price, virtue, merit, importance. मूल्य, दाम, गुण, योग्यता, महत्त्व; **Worth considering** (able to be thought over.) विचारणीय, विचार करने योग्य; **Worth much** (invaluable.) बहुमूल्य; **Worth while** (suitable.) उचित; **Worthily** (-इ-लि) - *adv.* deservedly. योग्यता से; **Worthiness** (-इ-नॅस्) -*n.* the quality of being worthy, excellence, merit. पात्रता, उत्तमता, योग्यता; **Worthless** (-लॅस्)-*adj.* of no value, useless. निर्गुण (असार); निकम्मा, बेकार; **Worthlessly** (-लॅस्-लि) - *adv.* in a worthless manner. अयोग्यता से; **Worthlessness** (-नॅस्) -*n.* want of excellence. अयोग्यता; **Worthy** (-दि) -*adj.* (*comp.* **Worthier,** *sup.* **Worthiest.**) deserving, virtuous, valuable, suitable, estimable, having suitable value. योग्य, धार्मिक, अनुरूप, बहुमूल्य, उचित, उचित मूल्य का।

Wot-वॉट्-*v. i.* to know. जानना।

Would-वुड्-*v. i.* (*p. t.* of **Will.**) used as an auxiliary, wish or prayer. गा; **Would-be** (pretending to be.) होनेवाला;।

Wouldst-वुडस्ट्-*v. i. second pers. sing.* of **Will.**

Wound-वून्ड्-*n.* a cut, a bruise, bodily hurt or injury, damage. व्रण, आघात, घाव, चोट, जख्म, हानि; **Wounder** (-अर्) -*n.* one who or that which wounds. घाव करनेवाला पदार्थ या मनुष्य; **Wounding** (-इङ्ग)-*n.* injury. घाव; **Wounded** (-ऍड्) - *adj* injured. घायल; **Woundless** (-लॅस्) -*adj.* free from hurt. बिना घाव का।

Wound-वाउन्ड् -*p. t.* & *p. p.* of **Wind.** लपेटा, लपेटा हुआ।

Wove-वोव्-*p. t.* of **Weave.** बुना।

Wove-paper-वोव्-पे'-पर्-*n.* a writing paper of smooth surface. लिखने का चिकना कागज।

Woven-वोव्-न् - *adj.* formed by weaving. बुना हुआ।

Wow-वाऊ-*interj.* an exclamation of wonder. आश्चर्य-सूचक अव्यय।

Wrack-रॅक्-*n.* a flying cloud. उड़ता हुआ बादल।

Wrackful-रॅक्'-फुल् - *adj.* destructive. नाश करनेवाला।

Wraith-रेथ्-*n.* an apparition of a person about to die or just after death. भूत, प्रेत।

Wrang-रॅङ्ग्-*p. t.* of **Wring.** ऐंठा, निचोड़ा।

Wrangle-रॅङ्ग्'-गल्-*n.* a noisy quarrel. लड़ाई, झगड़ा;-*v. i.* to quarrel noisliy, to dispute publicly. झगड़ा करना, शास्त्रार्थ करना; **Wrangler** (-अर्) -*n.* one who disputes vehemently, one who attains the highest class in public examination for honours in mathematics. शास्त्रार्थ करनेवाला, गणित विद्या

मे सर्वश्रेष्ठ उपाधिप्राप्त विद्यार्थी ; **Wranglership** (-अर्-शिप्)-*n.* the position of a wrangler. गणितज्ञ की पदवी; **Wrangling**(-इङ्ग्)-*n.* the act of angrily disputing. क्रोध से झगड़ा करने का कार्य।

Wrap-रॅप्-*v. t. p. t.* (**Wrapped.**) to fold together, to cover by winding something. लपेटना, ढाँकना;-*n.* a wrapper. ओढ़ना, ढँकना; **Wrappage** (-अज्)-*n.* the act of wrapping, wrapping material, something wrapped. ढाँकने या लपेटने का कार्य, लपेटने या ढाँकने का सामान, लपेटी हुई वस्तु; **Wrapper** (-पर्) -*n.* one who wraps, a loose outer garment of a woman, a loose paper book-cover, a paper cover on a newspaper for the post. लपेटने वाला (आच्छादन), स्त्रियों की ओढ़नी, किताब पर कागज की जिल्द या ढँकना, डाक से भेजे जानेवाले समाचार-पत्र पर की कागज की पट्टी या पट्टा; **Wrapping** (-पिङ्ग्)-*n.* the material used for covering. ढक्कन, ओढ़ना; **Wrap-rascal** (-रॅस्-कल्)-*n.* a coarse uppercoat. मोटा रूखा ऊपरी कोट।

Wrath-रॅथ्-*n.* violent anger, fury, rage, indignation. रोष, क्रोध, कोप, गुस्सा; **Wrathful** (-फ़ुल्)-*adj.* very angry. अति क्रुद्ध; **Wrathfully** (-फ़ुलि) -*adv.* with great anger. बड़े क्रोध से; **Wrathfulness** (-फ़ुल्-नॅस्)-*n.* vehement anger. बड़ा क्रोध; **Wrathily** (-इ-लि) -*adj.* with anger. बड़े क्रोध से; **Wrathless** (-लॅस्)-*adj.* free from anger. क्रोध-रहित।

Wrawl-रॉल्-*v. t.* to cry like a cat. बिल्ली की तरह चिल्लाना।

Wreak-रीक्-*n.* revenge, vengeance. बदला, पलटा;-*v. t.* to punish out of revenge. बदला लेने के लिए दण्ड देना; **Wreakful** (-फ़ुल्) -*adj.* angry. क्रुद्ध; **Wreakless** (-लॅस्) *adj.* unrevengeful, unpunished. बदला न लेनेवाला, दण्ड-रहित, दण्डमुक्त।

Wreath-रीथ्-*n.* a garland, something twisted or curled. माला, हार, गजरा; **Wreathen** (-अन्)-*adj.* wreathed. माला या गजरादार; **Wreathless** (-लॅस्) -*adj.* without wreath. बिना माला का; **Wreathy** (-इ)-*adj.* adorned with a wreath. माला से सजाया हुआ।

Weathe-रीद्-*v. t. & i.* to twist, to entwine, to be interwoven. लपेटना, ऐंठना, गुथना।

Wreck-रॅक्-*v. t.&i.* to dash against a shore, break, to destroy or ruin. सागर तट पर टकराना, टूटना, नाश करना या होना; -*n.* the destruction of a vessel dashing against a rock or by foundering. पोतभंग, जहाज का नाश (भंग); **Wreckage**(-ऍज्)-*n.* remains of a wrecked ship. टूटे हुए जहाज का शेष भाग; **Wrecker**(-अर्)-*n.* one who causes a wreck, a person or ship engaged in saving a ship from wreck. जहाज का नाश करनेवाला, जहाज को नष्ट होने से बचानेवाला आदमी या जहाज; **Wreckful** (-फ़ुल्)-*adj.* causing wreck. जहाज नाश करनेवाला; **Wreckmaster** (-मास्ट्'-अर्)-*n.* one who takes charge of a wreckage. टूटे जहाज के असबाब को अपनी निगरानी में रखनेवाला अधिकारी।

Wren-रॅन्-*n.* a small perching bird. एक प्रकार की छोटी फुदकनेवाली चिड़िया।

Wrench-रॅन्श्-*n.* a violent twist, a sprain, a tool for screwing. ऐंठन, मरोड़, पेंच खोलने का औज़ार;-*v. t.* to pull with a twist. ऐंठकर खींचना।

Wrest-रॅस्ट्-*n.* a violent pulling, a distortion. ऐंठन, मरोड़;-*v. t.* to twist by violence, to distort. ऐंठना, खींचना, मरोड़ना; **Wrester** (-अर्)-*n.* one who wrests. ऐंठनेवाला मनुष्य।

Wrestle-रॅस्-सल्-*v. t.* to strive by grappling, to contend. कुश्ती लड़ना, मल्लयुद्ध करना ; **Wrestler** (-लर्)-*n.* one who is skilled in wrestling. बाहु-योद्धा, कुश्तीबाज; **Wrestling** (-लिङ्ग्)-*n.* struggle, the act of contending लड़ाई, कुश्ती।

Wretch-रॅच्-*n.* a miserable person, one sunk in vice, a base person. हतभाग्य (दीन),दुरात्मा (पापी), नराधम (दुष्ट); **Wretched** (-ऍड्) -*adj.* very miserable, calamitous, worthless, poor and mean. हतभाग्य, अतिदुःखी, दीन; नीच; **Wretchedly** (-ऍड्-लि)-*adv.* most miserably. अत्यन्त दीनता से या दीन दशा में; **Wretchedness**(-ऍड्-नॅस्)-*n.* extreme misery or sorrow. अधमता, दीनता, विपत्ति।

Wrick-रिक्-*v. t.* to strain. ऐंठना, मरोड़ना।

Wriggle-रिग्'-गल्-*v. i. & t.* to twist the body to and fro, to put into a wriggling motion. शरीर ऐंठना, छटपटाना, तड़फड़ाना; **Wriggler** (-अर्)-*n.* that which wriggles. तड़फड़ानेवाला; **Wriggling** (-इङ्ग्) · *adj.* twisting. छटपटानेवाला।

Wright-राइट्-*n.* an artificer, a worker in wood. कारीगर, बढ़ई ।

Wring-रिङ्ग्-*v. t.* (*p. t.* **Wrung.**) to twist, to squeeze, writhe, to distort, to distress. ऐंठना, सिकोड़ना, मरोड़ना, निचोड़ना, कष्ट देना;-*n.* action of anguish. दुख का कार्य; **To wring off** (to separate by wringing) निचोड़कर अलगाना; **Wringer** (-अर्) -*n.* one who wrings. ऐंठनेवाला, मोड़नेवाला ।

Wrinkle-रिङ्क्-अल्-*n.* a small ridge, a crease, unevenness, a fold. चर्म-रेखा, झुर्री, सिकुड़न, तह;-*v. t.* to contract into furrows, to shrink into ridge. झुर्री या सिकुड़न डालना, सिकोड़ना; **Wrinkly** (-लि)- *adj.* full of wrinkles, shrunk झुर्रीदार, सिकुड़ा हुआ ।

Wrist-रिस्ट्-*n.* the joint by which the hand is united to the arm. मणिबन्ध, कलाई; **Wrist-band** (-बैन्ड्) -*n.* the band on the sleeve of a shirt. कमीज के आस्तीन पर की पट्टी; **Wristlet** (-लेट्)-*n.* an elastic band around the wrist. कलाई पर बाँधने की पट्टी ।

Writ-रिट्- (*p. p.* of **Write.**)-*n.* that which is written, a legal document. लेख, कानूनी आज्ञापत्र ।

Write-राइट्-*v. t. &i.*(*p. t.* **Wrote,** *p. p.* **Written, Writ.**) to set down on paper or to express in black & white, to compose, to transcribe, to work as an author. लिखना, लिखकर प्रकट करना, रचना करना, ग्रन्थ बनाना, निबन्ध लिखना; **Writer** (-अर्)-*n.* one who writes, an author. लेखक, ग्रन्थकार, निर्माण-कर्ता; **Writership** (-शिप्)-*n.* the office of a writer. लेखक की पदवी; **Writing** (-इङ्ग्)-*n.* anything written, a manuscript, a book, the act of writing, a legal instrument. लेख, लिखित पत्र, लिखावट, ग्रन्थ, दस्तावेज़; **Writing-book** (-बुक्) -*n.* a copy book. लिपि-पुस्तक; **Writing-master** (-मास्टर्) - *n.* a teacher who teaches penmanship. लिखना सिखलानेवाला शिक्षक ।

Writhe-राइद्-*v. t. & i.* to twist the body in pain. पीड़ा से शरीर को ऐंटना या मोड़ना ।

Written - रिट्' - न् -*adj.* (*p. p.* of **Write.**) expressed in writing. लिखा हुआ या लिखकर प्रकट किया हुआ ।

Wrong-रॉङ्ग्-*adj.* incorrect, not legal, not right, unjust, unfit. अशुद्ध, न्याय-विरुद्ध, अधर्मपूर्ण, अनुचित, अयोग्य ; -*n.* injury, injustice error. हानि, अधर्म, भ्रम, अपराध; - *v. t.* to injure, to deprive of some right, to do injustice. अन्याय करना, क्षति करना, चोट पहुँचाना, अधिकार से वंचित करना; **Wrong-doer** (-डूअर्) -*n.* one who does wrongful act. अपराध करनेवाला मनुष्य; **Wrongdoing** (डू-इङ्ग्)-*n.* injustice, harm. अपराध, हानि; **Wronger** (- अर्) - *n.* one who injures another. किसी की हानि करनेवाला, अपकारक: **Wrongful** (-फुल्)-*adj.* injurious, unjust. दुष्ट, अन्यायी; **Wrongfully** (-फुलि) -*adv.* unjustly. अन्यायपूर्वक; **Wrongfulness** (-फुल्-नेस्)-*n.* injustice. अन्याय; **Wrongly**(-लि)-*adv.* unjustly. अन्याय से; **Wrong-road** (-रोड्)-*n.* unjust path. कुमार्ग, बुरा मार्ग ।

Wrote-रोट्-*p. t.* of **Write.** लिखा ।

Wroth-रॉथ्-*adj.* wrathful, angry. अति क्रुद्ध ।

Wrought-रॉट्-*adj.* worked. काम किया हुआ, बनाया हुआ; **Wrought iron** (puddled iron.) काम्टी लोहा ; **Wrought on** (influenced.) प्रभाव डाला हुआ ।

Wrung-रङ्ग्-*p.t. &p. p.* of **Wring.** ऐंठा हुआ ।

Wry-राइ-*adj.* twisted, distorted. मोड़ा हुआ, ऐंठा हुआ; **Wryly** (-लि)-*adv.* in a wry manner. वक्रता से; **Wry-neck** (-नेक्) -*n.* a kind of woodpecker, distorted neck. एक प्रकार का कठफोड़वा, गर्दन की ऐंठन; **Wryness** (-नेस्) -*n.* crooked-ness. वक्रता, ऐंठन ।

Wye-वाइ-*n.* a crutch. बैशाखी ।

Wynd-वाइन्ड्-*n.* a narrow lane. पतली गली ।

Wyvern-वाइ'-वर्न् -*n.* an imaginary winged & two-legged monster. एक प्रकार का परों तथा दो टाँगोंवाला कल्पित दैत्य ।

Age एज् ; Edge एज् ; Pen पेन् ; Pain पेन्

X-ऐक्स्-the twenty-fourth letter of the English alphabet pronounced like 'z' at the beginning of a word and *ks.* elsewhere; as a Roman numeral it stands for 10, the first unknown quantity (x) in algebra. अंग्रेजी वर्णमाला का चौबीसवाँ अक्षर, शब्द के आदि में इस अक्षर का उच्चारण "ज़्" तथा अन्य स्थान में "क्स्" होता है, रोमन संख्या में यह १० के लिए प्रयुक्त होता है, बीजगणित में (x) पहिली अज्ञात संख्या के लिये यह प्रयुक्त होता है।

Xangti-ज़्रॉङ्ग्'-टि-*n.* the Supreme Being of the Chinese mythology. चीन देश के पुराणों में परमेश्वर का नाम।

Xanthein, Xantheine-ज़ैन्-थि-इन् (-ईन्)-*ns.* the water-soluble yellow colouring matter of flowers. जल में घुल जानेवाला फूलों में का पीला रङ्ग।

Xanthian-ज़ैन्'-थि-अन्-*adj.* pertaining to Xanthus, the capital of Lycia in Asia. एशिया में लिशिया की राजधानी ज़ैन्थस्-सम्बन्धी।

Xanthic-ज़ैन्-थिक्-*adj.* pertaining to the yellow colour. बसन्ती या केसरिया रङ्ग का या उस रङ्ग से सम्बन्धित।

Xanthium-ज़ैन्'-थि-अम्-*n.* a flowering plant like aster. गेंदे के समान एक फूल।

Xanthochroia-ज़ैन-थॅ-क्रो'-इ-आ-*n.* yellow discolouration of skin. चमड़े के रङ्ग के पीला पड़ जाने की क्रिया।

Xanthochroic-ज़ैन् -थॅ-क्रो'-इक्-*adj.* pertaining to men with smooth light-coloured hair and pale complexion. चिकने हल्के रंग के बालों और पीले रङ्ग के शरीर के मनुष्यों से सम्बन्धित।

Xanthoma-ज़ैन्-थॅ-मा-*n.* a disease of the skin in which yellow patches appear. एक प्रकार का चर्मरोग जिसमें शरीर में पीले चकत्ते पड़ जाते हैं; **Xanthomatous** (-टस्) -*adj.* pertaining to xanthoma. शरीर में पीले चकत्ते पड़ने के रोग से सम्बन्धित।

Xanthomelanous-ज़ैन्'-थॅ-मॅल् -ऑन्-अस्-*adj.* applied to a type of man having yellow skin and black hair. ऐसे मनुष्यों का जिनके चमड़े का रङ्ग पीला तथा बाल का रङ्ग काला होता है।

Xanthophyll-ज़ैन्-थॅ-फ़िल्-*n.* certain yellow pigments found in autumn leaves. पतझड़ की पत्तियों में पाया जानेवाला पीलापन।

Xanthopsia, Xanthopsy-ज़ैन्' - थॅप् - शिया (-शि)-*ns.* a kind of colour-blindness in which everything looks yellow. आँख का एक रोग जिसमें सब पदार्थ पीले देख पड़ते हैं, कामला रोग।

Xanthosia-ज़ैन्'-थॅ-शि-आ-*n.* a kind of plant which is covered with yellow down. एक प्रकार का पौधा जिस पर पीले रोवें होते हैं।

Xanthosis-ज़ैन्-थॅ' - सिस् - *n.* formation of yellow pigment. पीले रङ्ग की रचना।

Xanthous-ज़ैन्-थस्-*adj.* yellowish. पीत, पीले रङ्ग का।

Xanthoura-ज़ैन्-थूरा, **Xanthura** (-थुरा)-*ns.* a kind of small American bird with yellow tail. एक प्रकार की पीली दुमवाली अमरीकी चिड़िया।

Xantippe-ज़ैन्-टिप्'-पि-*n.* a shrew, a quarrelsome woman. कर्कशा, लड़ाकी स्त्री।

Xebec-ज़ी'-बॅक्-*n.* a small three-masted square-rigged vessel. तीन मस्तूल का चौकोर पालों का छोटा जहाज़।



Xebec.

Xema-ज़ी' - मॅ -*n.* a genus of forktailed bird. एक प्रकार की चिड़ियों का वर्ग जिनकी पूँछ दो भागों में फटी होती है;

Xeme-ज़ीम्-*n.* a bird of the genus Xema. उक्त वर्ग का एक पक्षी।

Xenarthral-ज़ॅन्'-ऑर्थ्-रॅल्-*adj.* joined like a vertebrae. पीठ की रीढ़ के सदृश जुटा हुआ।

Xenial-ज़ी'-नि-अल्-*adj.* pertaining to hospitality. आतिथेय-सम्बन्धी।

Xenium-ज़ी'-नि-अम्-*n.* (*pl.* **Xenia.**) a present made to a guest, a picture of still life. अतिथि को दिया हुआ उपहार, शान्त जीवन या निश्चल प्राणी का चित्र।

Xenodochium-ज़ॅ-नॅ-इ-डॅ-कि-अम्-*n.* a room for guests. अतिथि के स्वागत करने का कमरा।

Xenodochy-ज़ॅ-नॅ-डॅ - कि - *n.* reception of guests. अतिथि का स्वागत।

Xenogamy-ज़ॅ-नॅग् - ऑ - मि-*n.* cross fertilization. दो विभिन्न वृक्षों में गर्भाधान क्रिया।

Xenogenesis-ज़ॅन्-नॅ-जॅन्-ऍ-सिस्-*n.* production of heterogeneous generation. माता पिता से भिन्न सन्तति की उत्पत्ति।

Xenomania-ज़ो-नॅ-मॅन्-इ-आ - *n.* undue attachment to foreign things. परदेशी वस्तुओं पर उत्कट प्रेम।

Xenomenia-ज़ॅन्-नॅ-मी-नि-आ-*n.* supplemen

tary menstruation. दो मासिक धर्मों के बीच में रजस्वला होना।

Xenomorphic-जें′ - नें - मॉर्फ़्′ - इक्-*adj.* of abnormal and irregular shape. असाधारण तथा अनियमित आकृति (शकल) का।

Xenon-जें′-नॅन्-*n.* a chemical element. एक धातु विशेष।

Xenops-जें′-नॅप्स्-*n.* a kind of American creeper. अमेरिका देश की बुर्ज पर चढ़नेवाली एक प्रकार की लता।

Xerantic-ज़ि-रॅन्′-टिक्-*adj.* drying. सूखनेवाला।

Xerasia-ज़ि-रॅ-सि-आ-*n.* a disease of the hair in which it becomes dry and does not grow. बालों का एक रोग जिससे यह सूख जाता है और बढ़ता नहीं है

Xerochastic-ज़ी′-रॅ-कॅस′-टिक् - *adj.* opening when dried. सूखकर खुलनेवाला।

Xerocollyrium-ज़ी′-रॅ - कॉल्-लिर्′-रि -अम्-*n.* dry collyrium. आँख में लगाने का सूखा अंजन।

Xeroderma-ज़ी′-रॅ-डर्′-मा-*n.* morbid dryness of skin. चमड़े के सूख जाने का एक रोग।

Xeromyrum- ज़ि-रॅ-मि-रम् - *n.* a dry ointment. सूखा मलहम।

Xerophagy-ज़ि-रॅफ़्′-अ-जि-*n.* the habit of living on dry and meagre diet. रूखा-सूखा तथा कम अन्न खाकर निर्वाह करने का अभ्यास।

Xerophilous-ज़ि-रॅफ़्′ - इ - लस् -*adj.* loving dryness. सूखा चाहनेवाला।

Xerophthalmia-ज़ि-रॅफ़्′-थॅल्′-मि-आ- *n.* dry red itching of the eyes. आँखों का सूखकर लाल होने तथा खुजलाने का रोग।

Xerophyte-ज़ी -रॅ-फ़ाइट् - *n.* a plant suitable for dry soil. सूखी भूमि का पौधा।

Xerophytic-ज़ी-रॅ-फ़िट्-इक्-*adj.* suitable for dry conditions. सूखी स्थिति के योग्य।

Xerosis-ज़ोरो′ - सिस् - *n.* dryness of skin. चमड़े का सूखापन।

Xerostomia-ज़ि-रॅ-स्टो′ - मि-अॅ - *n.* dryness of the mouth. मुख सूखने का रोग।

Xerotes-ज़ी-रो′-टीज़्-*n.* the dry disposition of body. शरीर का सूखापन।

Xerotribia-ज़ी-रॅ-ट्रिब्-इ-आ - *n.* dry friction. रगड़।

Xiphias-ज़िफ़्-इ-अस्-*n.* the common sword-fish genus. तलवार की शकलवाली मछलियों का वर्ग।

Xiphioid-ज़िफ़्′-इ-ऑइड्-*adj.* pertaining to the sword fish. तलवार के आकार की मछली-सम्बन्धी।

Xiphoid-ज़िफ़्-ऑइड्-*adj.* pertaining to the cartilage under the breast bone. छाती की हड्डी के नीचे की कोमलास्थि-सम्बन्धी।

X-rays-ऍक्स्′-रेज़्-*n. pl.* the invisible rays (discovered by the German scientist Rontgen Wurzburg in 1895.) emitted by an electric current by which the interior of solids can be photographed. (सन् १८९५ ई० में जर्मन वैज्ञानिक रन्टजन वर्जबर्ग द्वारा आविष्कृत बिजली की धारा की वे अदृश्य रश्मियाँ (किरणें) जिनकी सहायता से किसी ठोस पदार्थ के भीतर का चित्र खींचा जा सकता है, एक्स्-किरणें।

Xylanthrax-ज़ाइ-लॅन् - थ्रक्स् - *n.* wood coal. लकड़ी का कोयला।

Xylem-ज़ाइ-लॅ-ऍम्-*n.* woody tissue. वनस्पति की लकड़ी का भाग

Xylocarp-ज़ाइ-लॅ-कार्प्-*n.* a hard and woody fruit. कड़ी लकड़ी के समान फल।

Xylograph-ज़ाइ-लॅ-ग्राफ़्-*n.* wood engraving. लकड़ी पर खुदाई का काम।

Xylographer-ज़ाइ-लॅ-ग्रॅफ़्′-अर्-*n.* one who engraves on wood. लकड़ी पर नक्काशी करने-वाला।

Xylographic-ज़ाइ-लॅ-ग्रॅफ़्′-इक्-*adj.* pertaining to wood-engraving. लकड़ी की नक्काशी से सम्बन्धित।

Xylography-ज़ाइ-लॅ-ऑ-ग्र-फि - *n.* the art of engraving on wood. लकड़ी पर खोदने या लकड़ी की मूर्ति बनाने की कला।

Xyloid-ज़ाइ-लॉ-इड्-*adj.* like wood. लकड़ी के सदृश।

Xyloidine-ज़ाइ-लॉ-इड्′-इन्-*n.* an explosive similar to gun-cotton. एक प्रकार का तेज पलीता।

Xylol-ज़ाइ-लॅ-ल्-*n.* wood-oil. लकड़ी से निकाला हुआ तेल।

Xylonite-ज़ाइ′-लॅ-न्-आइट् - *n.* a kind of celluloid. एक प्रकार का कचकड़ा।

Xylophagan-ज़ाइ-लॅ-फ़्′-अ-गन्-*n.* one of the xylophaga or wood-eating insects. दीमक वर्ग का एक कीड़ा।

Xylophagus-ज़ाइ-लॅ-फ़्′-अ-गस् - *adj.* feed ng on or eating wood. लकड़ी खानेवाला।

Xylophilous-ज़ाइ-लॅ-फ़्-इ-लस्-*adj.* feeding on wood. लकड़ी खाकर जीनेवाला (कृमि)।

Xylophone-ज़ाइ-लॅ-फ़ोन्-*n.* a musical instrument like harmonica in which glass slips are replaced by graduated hard bars of wood. एक प्रकार का जलतरंग जिसमें काँच की पट्टी के स्थान में कड़ी लकड़ी की पट्टियाँ लगी होती हैं।



Xylophone.

Xylopia-ज़ाइ-लॅ-पि-आ-*n.* a kind of American plant. एक प्रकार का अमेरिका देश का पौधा।

कलमतराश–Pen-knife.
कलम लोहे की–Steel-pen.
कागज–Paper.
कागज-तराश–Paper-cutter.
कागजदाब–Paper-weight.
काग–Cork.
कार्ड–Card.
काली स्याही–Black ink.
कोश–Dictionary.
खड़िया पेंसिल–Crayon.
खाता–Register.
गड्डी–File.
गोंद–Gum.
चापप्रेस-Copying Press.
चिट्ठी का कागज–Letter paper.

चिमटी–Clip.
चोंच–Beak.
चौकी–Bench.
जीमी–Nib.
जेबी पोथी-Pocket Book.
टिकट (स्टाम्प)–Postage stamp.
टिकट (रसीदी)–Revenue stamp.
टेबुल–Table.
डोरी कीलदार–Tag.
ड्राइंग पिन–Drawing Pin.
तार–Wire.
तार की डोलची–Office Tray.
तिपाई–Stool.
दावात–Inkpot.
दावातदान–Ink-pot-stand.
दैनिक पत्र–DailyPaper.
नकल करने का कागज–Carbon Paper.
नकल करने की पेंसिल–Copying pencil.
नकल करने की स्याही Copying Ink.
नकशा–Map.
निब–Nib.
निमन्त्रणपत्र–Invitation card.
नीली काली स्याही–Blue-black ink.
नीली स्याही–Blue ink.
परकाल–Dividers.
पर की कलम–Quill Pen.
पुकारने की घंटी–Call-bell.
पेंसिल–Pencil.
पेंसिल पकड़–Pencil-holder.
पोस्टकार्ड–Post-card.
फ़ाइल–File.
फ़ीता–Tape.

बँधना–Fastener.
भेंट करने का कार्ड–Visiting Card.
महीन निब–Mapping-pen.
मासिक पत्रिका–Magazine.
मोहर–Seal.
मोमी कपड़ा–Tracing-cloth.
रबड़–Eraser.
रबड़ की मोहर–Rubber-stamp.
रद्दी की टोकरी–Waste-paper-basket.

रसीद बही–Receipt-Book.
रूलर–Ruler.
रोशनाई–Ink.
रोशनाई का गद्दा–Ink-pad.
लपेटने का कागज–Packing paper.
लाल रोशनाई–Red ink.
लाह मुहर करने की–Sealing wax.
लिखने की पट्टी–Writing Pad.

लिफ़ाफा–Envelope.
लेखाबही–Ledger.
सरेस–Glue.
सादा कागज–Blank-paper.
साप्ताहिक पत्र–Weekly paper.
सुर्ख रोशनाई–Carmine-ink.
सोखता–Blotting-paper.
सँड़सी छेदने की–Punch.
होल्डर–Holder.

A few English Proverbs with their Hindustani Equivalents.

अँग्रेजी तथा हिन्दी की कहावतें

A bad man is better than a bad name.—बद अच्छा बदनाम बुरा।
A bad workman quarrels with his tools.—नाचै ना आवे अँगनवै टेढ़।
A bird in hand is worth two in the bush.—नव नगद न तेरह उधार।
A burnt child dreads the fire.—दूध का जला छाँछ या मट्ठा फूंककर पीता है।
A drop in the ocean.—ऊँट के मुँह में जीरा।
A figure among cyphers.—अन्धन में कनवाँ राजा।
A fog cannot be dispelled by a fan.—ओस चाटे प्यास नहीं बुझती।
A honey tongue, a heart of gall.—मुख में राम बगल में छुरी।
A little knowledge is a dangerous thing.—नीम हकीम खतरे जान।
All's well that ends well.—अन्त भले का भला।
An empty vessel sounds much.—थोथा चना बाजै घना।
A nine day's wonder.—चार दिन की चाँदनी फिर अँधेरा पाख।
A rotten apple injures its companions.—एक सड़ी मछली सारे तालाब को गन्दा कर देती है।
As the king so are the subjects.—जैसा राजा वैसी प्रजा।
As you sow, so you reap.—जैसी करनी वैसी भरनी।
Avarice is the root of all evils.—लालच बुरी बला है।
A wolf in lamb's clothing.—मुख में राम बगल में छुरी, इन्सान की शकल में शैतान।
Barking dogs seldom bite.—जो गरजते हैं सो बरसते नहीं।
Beggars and borrowers could not be choosers.—दान की बछिया का दांत नहीं देखा जाता।
Beneath the rose lies the serpent.—विष-रस भरा कनक-घट जैसे।
Better wear your shoes than your bed clothes.—बैठे से बेगार भला।
Between two stools we come to the ground.—दुविधा में दोनों गये, माया मिली न राम।
Birds of a feather flock together.—चोर का साथी गिरहकट, चोर-चोर मौसेरे भाई।
Black will take no other hue.—सूरदास की काली कमरिया चढ़े न दूजो रंग।
Cattle do not die from crow's cursing.—बिल्ली के सरापे छीका नहीं टूटता।
Coming events cast their shadows before.—होनहार बिरवान के होत चीकने पात।
Contentment is happiness.—संतोषं परमं सुखम्।
Crows are never the whiter for washing.—नीम न मीठी होय सींचो गुड़ घी से।
Crying in wilderness.—भैंस के आगे बीन बजाना।
Cut your coat according to your cloth.—तेते पाँव पसारिये जेती लाँबी सौर।

Deep rivers move with silent majesty shallow brooks are noisy,
अधजल गगरी छलकत जाय। भरी गगरिया चुप्पे जाय।

Diamonds cut diamonds.—लोहे से लोहा कटता है।

Do evil and look for like.—कर बुरा तो हो बुरा।

Do good and cast it into the river.—नेकी कर दरिया में डाल।

Drowning man catches at straw.—डूबते को तिनके का सहारा।

Errors like straws upon the surface flow.
One who is in search of truth must dive below.
जिन खोजा तिन पाइयाँ गहरे पानी पैठ।
मैं बपुरी ढूंढ़न गई रही किनारे बैठ॥

Even death cannot be had for the asking.—माँगे मुंह मौत भी नहीं मिलती।

Every potter praises his pot.—अपना पूत सबही को प्यारा, अपने दही को सभी मीठा कहते हैं।

Everything looks yellow to a jaundiced eye.—सावन के अन्धे को हरा ही हरा देख पड़ता है।

Evil gotten, evil spent.—जैसे आया वैसे गया।

Example is better than precept.—उपदेश करने से स्वयं करना भला।

Fool to others, to himself a sage.—अपने मुंह मियाँमिट्ठू।

Forced labour is better than idleness.—बेकार से बेगार भला।

Fortune favours the brave.—पुरुषसिंह जे उद्यमी लक्ष्मी ताकी चेरि।

Gather thistles and expect pickles.—बोवे पेड़ बबूल का आम कहाँ से खाय।

God's will be done.—ईश्वरेच्छा बलीयसी।

Good health is above wealth.—तन्दुरुस्ती हजार नियामत, शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्।

Good marksman may miss.—घोड़े का सवार भी गिरता है, बड़े-बड़े भी चूक जाते हैं।

Good mind, good find.—आप भला तो जग भला।

Great cry little wool.—ऊँची दूकान फीका पकवान।

Guilty conscience is always suspicious.—पापी का मन सदा शंकित रहता है, चोर की दाढ़ी में तिनका।

Half a loaf is better than no bread.—कुछ नहीं से थोड़ा भला, नाहीं मामा से काना मामा अच्छा।

Hard nut to crack.—लोहे का चना चबाना।

He breaks his wife's head and then buys a plaster for it.—चूहा मारकर गोबर सुंघाना।

He jests at scars who never felt a wound.—जाके पैर न फटी बेवाई, सो क्या जाने पीर पराई।

He, that is warm, thinks all are so.—आप सुखी तो जग सुखी।

He who would catch fish must not mind getting wet.—नाचने उठे तो घूँघट कैसा।

He who would sow well, must reap well.—अच्छा करो अच्छा पाओ, कर भला तो हो भला।

High winds blow on high hills.—बड़ों की बड़ी बात।
His wits are gone a wool-gathering.—उसकी अक्ल चरने गई है।
If you want a thing well done, do it yourself.—बिना अपने मरे स्वर्ग नहीं देख पड़ता।
Ill got, ill spent.—पाप का धन प्रायश्चित में जाता है, सूम का धन शैतान खाता है।
Ill gotten goods seldom prosper.—चोरी का धन मोरी में जाता है।
Innocent have nothing to fear.—साँच को आँच नहीं।
It is hard to live in Rome and to fight with the Pope.—जल में रहकर मगर से बैर करना उचित नहीं।
It is no use crying over spilt milk.—बीती ताहि बिसार दे, आगे की सुधि लेय।
It is too late to lock the stable-door when the steed is stolen.—आग लगने पर कुँआ खोदना उचित नहीं, अब पछताये का क्या होत है जब चिड़िया चुग गयी खेत।
It is work that makes a workman.—काम को काम सिखलाता है।
It takes two to make a quarrel. —एक हाथ से ताली नहीं बजती।
Killing two birds with one stone.—एक पंथ दो काज, एक तीर से दो शिकार।
Let bygones be bygones.—बीती सो बीती, बीती ताहि बिसार दे, आगे की सुधि लेय।
Let the past bury the dead.—बीती को गाड़ो, या भूल जाओ।
Like cures like.—विषस्य विषमौषधम्।
Like draws like.—चोर चोर मौसेरे भाई।
Like father, like son.—जस बाप, तस बेटा।
Living from hand to mouth.—रोज कुँआ खोदना रोज पानी पीना।
Make hay while the sun shines.—बहती गंगा में हाथ धोना।
Man proposes, God disposes.—मेरे मन कुछ और है, कर्ता के कुछ और।
Many a little makes a mickle.—बूंद-बूंद करके घड़ा भरता है।
Many a slip between the cup and the lip.—कानी के ब्याह को नौ सौ जोखिम।
Many men, many minds.—जितने नर उतनी बुद्धि, नाना मुनि नाना मति।
Measure for measure.—हत्या के बदले फाँसी, जैसे को तैसा।
Might is right.—जिसकी लाठी उसकी भैंस।
Misfortunes never come singly.—मुफलिसी में आटा गीला, मुसीबत अकेले नहीं आती।
Money begets money.—धन से धन कमाया जाता है।
Much cry and little wool.—ऊँची दूकान का फीका पकवान।
No one knows the weight of another's burden.—जाके पाँव न फटी बेवाई सो का जाने पीर पराई।
No pains, no gains.—बिना सेवा मेवा मिलता नहीं, बिना कष्ट किये कृष्ण नहीं मिलते।
One flower makes no garland.—एक फूल से माला नहीं बनती।
One nail drives out another.—काँटे से काँटा निकलता है।
One to-day is better than two to-morrow.—नौ नगद न तेरह उधार।
Out of the frying-pan into the fire.—भाड़ से निकला मेंढ़ में पड़ा, आम से टपका, बबूल में अँटका।

Pennywise pound foolish.—मोहर लुटा जाय कोयले पर छाप।

Poverty breeds strife.—दरिद्रता कलह की जड़ है, गरीबी झगड़े की जड़ है।
Pure gold does not fear the flame.—साँच को आँच नहीं।
Quit not certainty for hope.—आधी छोड़ सारी को धावै, आधी रहै न सारी पावै।

Respect yourself and you will be respected.—अपनी मर्यादा अपने हाथ।
Riches have wings.—लक्ष्मी चञ्चला होती है।
Rome was not built in a day.—हथेली पर दही नहीं जमता।
Self praise is no recommendation.—अपने मुंह मियाँ मिट्ठू बनने से काम नहीं चलता।

Something is better than nothing.—नहीं से कुछ भला, नाहीं मामा से काना मामा अच्छा।

Steal a goose and give giblets in alms.–निहाई की चोरी और सूई का दान।
Strike the iron while it is hot.—अवसर को कभी न गँवाओ, समय का उचित उपयोग करो।

The innocent have nothing to fear.—साँच को आँच नहीं।
The wearer best knows where the shoe pinches.—जिसका दुःख वही जानता है, जाके तन ना फटी बिवाई, सो क्या जाने पीर पराई।
Tit for tat.—जैसे को तैसा, शठे शाठ्यम्।
To cast pearls before swine.—बन्दर आदी का स्वाद क्या जाने।
To count one's chickens before they are hatched.—घर घोड़ा नकास मोल।
To kill two birds with one stone.—एक पंथ दो काज।
To lock the stable-door when the steed is stolen.—का वर्षा जब कृषि सुखानी, समय चूकि पुनि का पछतानी।
To make a mountain of a mole hill.—राई का पर्वत बनाना, तिल से ताड़ बनाना।
To make castles in the air.—हवा में पुल बांधना, हवाई किले बनाना।
Too many cooks spoil the broth.—बहुत से जोगी मठ उजाड़।
Too much courtesy, too much craft.—मधुरी बानी, दगाबाज की निशानी।
To rob Peter to pay Paul.—गाय मारकर जूता दान।
Union is strength.—एकता ही बल है।
Vows made in storm are forgotten in calm.—दुःख में सुमिरन सब करै, सुख में करै न कोय।
Whistling maid and crowing hen are neither fit for gods nor men.—धोबी का कुत्ता न घर का न घाट का।

Words and phrases from Greek, Latin and Modern European Languages which are more or less current.

A

Ab absurdo (*L.*) from absurdity. मूर्खता से ।

Ab aeterno (*L.*), from eternity. अनादि काल से ।

Ab ante (*L.*), from before. पूर्व काल से ।

Ab antiquo (*L.*), from olden time. प्राचीन काल से ।

A' bas (*Fr.*), down, down with ! नीचे गिरा दो, चूर-चूर कर दो ।

A' batons rompus (*Fr.*), by fits and starts. झक में, सनक में, आकस्मिक प्रयत्न से ।

Ab extra (*L.*), from without. बाहर से ।

Ab imo pectore (*L.*), from the heart's bottom. अन्तःकरण से, तहे दिल से ।

Ab incunabulis (*L.*), from the cradle. बाल्यावस्था से ।

Ab initio (*L.*), from the beginning. आरम्भ से ।

Ab intra (*L.*), from within. भीतर से ।

Ab irato (*L.*), in a fit of passion. उद्वेग से, क्रोध से ।

A' bon chat, bon rat (*Fr.*), for a good cat, a good rat; tit for tat; set a thief to catch a thief. अच्छी बिल्ली के लिए अच्छा चूहा; अदला बदला; जैसे को तैसा; चोर पकड़ने के लिए चोर लगाया गया ।

A' bon droit (*Fr.*), justly, with justice. न्याय से, उचित रीति से ।

A' bon marche (*Fr.*) at a bargain, cheap. लाभ से, मुनाफा से, अच्छी दर में, सस्ता ।

Abonnement (*Fr.*), subscription. शुल्क, चन्दा ।

Ab origine (*L.*), from the beginning. आरम्भ से, आदि से ।

Abort (*Ger.*), a privy. पायखाना, पेशाबखाना ।

Ab ovo (*L.*), from the egg, from the beginning. अण्डे से, आरम्भ-काल से ।

A' bras ouverts (*Fr.*), with open arms. खुले बाहु से, मित्र-भाव से ।

Abrege (*Fr.*), abridgment. संक्षेप, सार, काट-छाँट ।

Absens heres non erit (*L.*), out of sight, out of mind, the absent will not be the heir. अदृश्य होकर सफलता नहीं हो सकती, अनुपस्थित व्यक्ति उत्तराधिकारी नहीं होगा ।

Absente reo(*L.*), the accused being absent. प्रतिवादी (मुद्दालह) या अपराधी की अनुपस्थिति या गैरहाजिरी में ।

Absit (*L.*), let him be absent. उसको अनुपस्थित होने दो ।

Absit invidia (*L.*), may there be no offence. ईश्वर करे अपराध न होवे ।

Absit omen (*L.*), may there be no ill omen. ईश्वर करे बुरे शकुन न होवें ।

Ab uno disce om nes (*L.*), from one offence you may know all the race. एक अपराध से कुल जाति का परिचय पा सकते हो ।

A' capite ad calcem (*L.*), cap-a-pie, from head to heel. नख से शिख तक, सिर से पैर तक ।

Accabl'e (*Fr.*), depressed, overwhelmed. खिन्नचित्त, दुखी, घबड़ाया हुआ ।

Accueil (*Fr.*), welcome. स्वागत ।

Acharne (*Fr.*), agitated, furious,

desperate. उद्विग्न, क्रुद्ध, जी तोड़कर।

A' Cheval (*Fr.*), on horseback. घोड़सवारी किये हुए।

A' compte (*Fr.*), in part payment. देन का कुछ अंश चुकाते हुए, आंशिक भुगतान के रूप में।

A couvert (*Fr.*), under cover, protected. परदे में, रक्षित रूप से।

Acroama, acroasis (*Gr.*), oral instruction. मौखिक शिक्षा या निर्देश।

Actionnaire (*Fr.*), shareholder. हिस्सेदार।

Actum ne agas (*L.*), never do again what you have done. एक बार किए हुए को दुबारा मत करो।

Ad aperturam (*L.*), wherever a book may be opened. जहाँ कहीं पुस्तक खोली जावे।

Ad arbitrium (*L.*), at pleasure. इच्छानुसार।

A dato (*L.*), from date. तिथि (तारीख) से।

Ad captandum vulgus (*L.*), to attract the multitude. सर्वसामान्य के चित्त को आर्कषित करना।

Ad clerum (*L.*), to the clergy. पुरोहित के प्रति।

Addio (*It.*), farewell. विदाई।

A' demi (*Fr.*), half, by halves. आधा, आधा-आधा करके।

A' Deo et rege (*L.*), from God and the king. ईश्वर तथा राजा से।

A' deux (*Fr.*), of two, between two, two-handed. दो का, दो के बीच में, दो हाथोंवाला।

Ad extra (*L.*), outward. बाहरी ओर।

Ad extremum (*L.*), to the last. अन्त तक।

Ad finem (*L.*), to the end. अन्त तक।

Ad gustum (*L.*), according to one's taste. अपनी रुचि के अनुसार।

Adhoc (*L.*), for that special aim. उस विशेष उद्देश्य के लिये।

Ad hominem (*L.*), personal व्यक्तिगत।

Ad hunc locum (*L.*), on this passage. इस मार्ग पर।

A die (*L.*), from that day. उस दिन से।

Ad infinitum (*L.*), up to infinity. अनन्त तक, अन्तिम सीमा तक।

Ad interim (*L.*), for the meantime बीच के समय के लिए, अन्तरिम।

A' discretion (*Fr.*), without restriction. बिना किसी रुकावट के, अबाध।

Ad libitum (*L.*), at pleasure. इच्छानुसार।

Ad litem (*L.*), for a suit. मुकदमे के लिए।

Ad literam (*L.*), to the letter. अक्षरशः, अक्षर-अक्षर।

Ad manum (*L.*), ready. प्रस्तुत, तैयार।

Ad modum (*L.*), After the method of. रीति से, रीति के अनुसार।

Ad nauseam (*L.*), till it produces disgust. घृणा उत्पन्न करने तक।

Ad patres (*L.*), gathered to his fathers, dead. पितरों में जा मिला हुआ, मृतक।

Ad referendum (*L.*), for further consideration. आगे विचार किये जाने के लिए।

Ad rem (*L.*), to the point, to the purpose. सही सही, उचित, लक्ष्य पर उद्देश्य से।

A' droite (*Fr.*), to the right. दाहिनी ओर।

Ad sum' (*L.*), I am here! मैं यहाँ विद्यमान या उपस्थित हूँ।

Ad summum (*L.*), to the highest point. उच्चतम अवस्था या बिन्दु पर।

Ad unguem (*L.*), to a nicety. सूक्ष्मदर्शिता से, अच्छाई से।

Ad unum omnes (*L.*), all to a man. सब कुछ एक ही पुरुष को।

Ad usum (*L.*), according to custom. रीति के अनुसार।

Ad valorem (*L.*), according to value. मूल्य के अनुसार।

Ad verbum (*L.*), word for word. शाब्दिक रूप में, अविकल।

Ad vienne que pourra (*Fr.*), at all cost. चाहे जो कुछ हो।

Ad vitam aut culpam (*L.*), for life till some misconduct is proved. जब तक दुराचरण प्रमाणित न हो तब तक के जीवन के लिये।

Advivum (*L.*), to the life. जीवन पर्यन्त या तक।

Aegresitque madendo (*L.*), disease increases by the remedy. औषधि से रोग बढ़ता है।

Aegri somnia (*L.*), dreams of a sick man. रोगी पुरुष के स्वप्न।

Aequanimiter(*L.*),calmly. शान्तिपूर्वक।

Aequo animo (*L.*), with an equable mind. समान चित्त से।

Aes triplex (*L.*), a strong defence. अतिपुष्ट रक्षा या बचाव।

Aestus (*L.*), efflux of passion. उद्वेग की लालिमा।

Affaire d'amour (*Fr.*),a love affair. प्रेम का विषय।

Affair de coeur (*Fr.*), an affair of the heart. हृदय का विषय।

Affaire d' honneur (*Fr.*), an affair of honour. सम्मान का विषय।

Affair de rien(*Fr.*), a trifle.तुच्छ विषय।

Affiche (*Fr.*),publication, an advertisement, a notice. प्रकाशन, विज्ञापन, सूचना।

Afin de (*Fr.*), in order to, for the sake of. वास्ते, निमित्त, लिये।

A'fond (*Fr.*), throughly. पूर्ण रूप से।

A fortiori (*L.*), with stronger reason. अधिकतर पुष्ट तर्क बुद्धिवाला।

Aga cant (*Fr.*), provoking man. उत्तेजना पैदा करनेवाला मनुष्य।

A' gauche (*Fr.*), to the left. बाईं ओर।

A' genoux (*Fr.*), on the knees. घुटने के बल।

Age quod agis (*L.*), do with all your power what you do. जो कुछ करो अपनी पूरी शक्ति लगाकर करो।

Agger (*L.*), a rampart. बाँध।

A' giornao (*It.*), like daylight. दिन के प्रकाश के सदृश।

A' grands frais (*Fr.*), at a great expense. वहुत व्यय करके।

A' haute voix (*Fr.*), with a loud voice. तीव्र स्वर से, जोर से।

A' huis clos (*Fr.*), with closed doors. दर्वाजा बन्द किये हुए।

ide (*Fr.*), an assistant or helper. सहायक।

Aide-memoire (*Fr.*), an aid to memory, a memorandum. स्मरण का सहायक, स्मारक पुस्तक, याददाश्त की किताब।

Aide-toi, le ciel t' aidera (*Fr.*), help yourself and God will help you. स्वयं परिश्रम करो, ईश्वर तुम्हारी सहायता करेगा।

Aidos (Gr.), shame, modesty. लज्जा, नम्रता, विनय।

Aine (*Fr.*), elder man. ज्येष्ठ पुरुष।

Air noble (*Fr.*), an air of distinction. महत्त्व की आकृति।

A' jamais (*Fr.*), for ever. सर्वदा के लिए।

A' l' abandon (*Fr.*), abandoned. परित्यक्त, छोड़ा हुआ।

A' la belle etoile (*Fr.*), in the open air. खुले मैदान में।

A' la bonne aventure (*Fr.*), by chance. दैवयोग से, अकस्मात्।

A' la bonne heure (*Fr.*), in favourable time. अनुकूल समय पर।

A' l' abri (*Fr.*), under shelter. शरण या आश्रय में।

A' la campagne (*Fr.*), in the country. देश में।

A' la carte (*Fr.*) according to the bill of fare.किराये के बीजक (बिल्टी) के अनुसार।

A' la dérobée (*Fr.*), by stealth. चोरी से।

A' la lettere (*Fr.*), to the letter. अक्षरशः।

A' la main (*Fr.*), ready, in hand. प्रस्तुत, तैयार।

A' la militaire (*Fr.*), in a military style. फौजी रीति (ढंग) से।

A' la mode (*Fr.*), according to the fashion. प्रचलित रीति के अनुसार।

A' la mort (*Fr.*), to the death. मृत्यु तक।

A' la Anglaise (*Fr.*), according to the English style. अंग्रेजी ढंग के अनुसार।

A' la parisienne (*Fr.*), according to the Paris style. पेरिस की प्रचलित रीति के अनुसार।

A' la volée (*Fr.*), on the flight. उड़ता या भागता हुआ।

Alcarraza (*Sp.*), a porous clay vessel for cooling water. पानी ठंडा करने का बलुई मिट्टी का बर्तन।

Aldea (*Sp.*), a village. गाँव।

Alea jacta est (*L.*), the die has been cast. ठप्पा बन गया, कार्य का आरम्भ हो गया।

Alectryon (*Gr.*), a cock. मुर्गा।

A' l'énivi (*Fr.*), emulously. प्रतिद्वन्द्विता या ईर्ष्या से।

Alere flammam (*L.*), to feed the flame. अग्नि में आहुति देने के लिये।

A' l'extrémité (*Fr.*), to the end of one's resources. अपनी पूरी शक्ति से।

A' l'improviste (*Fr.*), all on a sudden, unawares. एकाएक, अनजाने में।

A' l'interieur (*Fr.*), in the house. घर के भीतर।

Alinude (*L.*), from another place. दूसरे स्थान से।

Alla France (*It.*), in the French style. फ्रांसीसी ढंग से।

Allée (*Fr.*), an avenue. वृक्षों से ढँका हुआ मार्ग।

Allera ichn-caha (*Fr.*), to limp on one's way. रास्ते में मचक कर चलना।

Allons ! (*Fr.*), come along, let us go ! आओ हम लोग चलें।

Alpeen (*It.*), cudgel. छोटा डंडा, छड़ी।

Alter ego (*L.*), one's second self, intimate friend. द्वितीय आत्मा, परम मित्र।

Alter idem (*L.*), another exactly, similar. तत्सम, दूसरा ठीक ठीक, सदृश।

Alter ipse amicus (*L.*), a friend is another self. मित्र दूसरी आत्मा है।

Alterum tantum (*L.*), as much more. जितना ही अधिक।

Altum silentium (*L.*), perfect silence. पूर्ण शान्ति।

A' main armée (*Fr.*), by force of arms. हथियारों के बल से।

A' maximis ad minima (*L.*), from the greatest to the smallest. सबसे बड़े से सबसे छोटे तक।

Amant (fem. *amante*) (*Fr.*), a lover. प्रेमी।

Amari aliquid (*L.*), somewhat bitter. कुछ कुछ कड़ुवा।

Amazone (*Fr.*), lady's riding habit. स्त्री की घुड़सवारी की पोशाक।

Ame de boue (*Fr.*), a lowminded person. नीच मनुष्य, नीच विचारों का व्यक्ति।

Ame perdue (*Fr.*), desperate person. निराशायुक्त पुरुष, जान पर खेलने वाला व्यक्ति।

A' merveille (*Fr.*), in a wonderful way. विचित्र रूप या ढंग से।

Amicus curiae (*L.*), a friend of the law-court. अदालत का मित्र या समर्थक।

Amicus humani generis (*L.*), a friend of humanity. मनुष्य जाति का मित्र।

Ami de cour (*Fr.*), a court friend. दरबारी मित्र।

Amie (*Fr.*), mistress, female friend. सहेली, महिला मित्र।

A' moitié (*Fr.*), half, by halves. आधा, आधा आधा करके।

A' mon avis (*Fr.*), in my opinion. मेरी बुद्धि के अनुसार, मेरी राय में।

Amor patriae (*L.*), love of country. स्वदेश-प्रेम, देशभक्ति।

Amor vincit ommnia (*L.*), love conquers all. प्रेम सबको जीत लेता है।

Amour propre (*Fr.*), vanity, love of self. अहंकार, आत्माभिमान।

Ananke (*Gr.*), necessity. आवश्यकता।

Ancien régime (*Fr.*), the old order of things. पुरानी रीति।

Anglice (*L.*), in English. अंग्रेजी में।

Anguis in herba (*L.*), snake in the grass. घास में सर्प।

Animal bipes (*L.*), two-footed animal, man. दो पैर का प्राणी, मनुष्य।

Anima mundi (*L.*), the soul of the world. संसार की आत्मा।

Animo et Jide (*L.*), by courage and faith. साहस और विश्वास से।

Animo non astutia (*L.*), by courage, not by cunning. साहस से, घूर्तता से नहीं।

Anno Domini (*L.*), in or after the year of our Lord's death. ईस्वी सन् में, ईसामसीह की मृत्यु के बाद।

Anno mundi (*L.*), in the year of the world. सृष्टि के आरम्भ के वर्ष में।

Annus mirabilis (*L.*), year of wonders. अद्भुत घटनाओं का वर्ष।

Ante bellum (*L.*), before the war. युद्ध के पहले।

Ante mer idiem (*L.*), before noon. मध्याह्न (दोपहर) से पहिले।

Antiquarium (*L.*), collection of antiquities. प्राचीन पदार्थों का संग्रह।

A' outrance (*Fr.*), upto the death. मृत्यु पर्यन्त या तक।

A' paribus (*L.*), from equals. बराबर वालों से।

A' parte ante (*L.*), from past to eternity. अतीत से अनन्त तक।

A' parte de vue (*Fr.*), beyond one's view. दृष्टि-पथ के बाहर।

A' peu prés (*Fr.*) nearly. प्राय:, करीब-करीब।

A' pied (*Fr.*), on foot. पैदल।

A' point (*Fr.*), to the point, to a nicety, exactly. ठीक तरह से, उत्तम ढंग से।

Apologia (*Gr.*), an apologetic writing. क्षमा-प्रार्थना का लेख।

A posteriori (*L.*), from the effect to the cause. परिणाम से कारण तक।

Appui (*Fr.*), support. आश्रय।

A' priori (*L.*), from cause to effect. कारण से परिणाम तक।

A' propos (*Fr.*), to the point. आशय तक।

A' prima vista (*It.*), at first sight. पहिली दृष्टि में।

Aqua (*L.*), water. जल, पानी।

Aqua bulliens (*L.*), boiling water. खौलता हुआ पानी।

A' quatre (*Fr.*), four together. चार-चार एक साथ।

Aqua vitoe (*L.*), water of life. अमृत।

A' quoi bon ? (*Fr.*), what is the good of it ? इससे क्या लाभ, इसमें क्या भलाई है ?

Arbitrium (*L.*), power of decision. निर्णय का अधिकार।

Arcana aelestia (*L.*), celestical wonders. दैवी विचित्रतायें।

Arcana imperii (*L.*), state secrets. राज्य के गुप्त भेद।

Arc-en-ciel (*Fr.*), rainbow. इन्द्र-धनुष।

Ardentia verba (*L.*), glowing words. उत्तेजित करनेवाले शब्द।

Argent comptant (*Fr.*), ready money. नगद रुपया, प्रस्तुत धन।

Argumenti causa (L.), for the sake of argument. शास्त्रार्थ या बहस के लिए।

Argumentum ad hominem (L.), argument drawn from opponent's own principles. प्रतिवादी के निजी सिद्धान्तों के अनुसार शास्त्रार्थ या तर्क।

Argumentum ad ignorantiam (L.), argument founded on the adversary's ignorance. प्रतिवादी की मूर्खता पर निर्धारित किया हुआ शास्त्रार्थ।

Argumentum ad invidiam (L.), an argument which appeals to low passions. नीच वृत्तियों को प्रमाणित करनेवाला शास्त्रार्थ।

Argumentum ad judicium (L.), an argument appealing to common sense. सामान्य बुद्धि का सहारा लेते हुए शास्त्रार्थ।

Argumentum ad populum (L.), an argument appealing to popular prejudice. सार्वजनिक पक्षपात का सहारा लेकर शास्त्रार्थ।

Argumentum ad rem (L.), an argument to the purpose. लक्ष्य के अनुसार शास्त्रार्थ।

Argumentum baculinum (L.), most forceful argument. सबसे पुष्ट या ज़ोरदार शास्त्रार्थ या बहस।

Ariston men hydor (Gr.), water is the best matter. जल सबसे उत्तम पदार्थ है?

Ariston metron (Gr.), the middle course is the best. बीच का पथ ही सबसे उत्तम है।

Ars est celare artem (L.), true art is to conceal art. कला को छिपाना ही सच्ची कला है।

Ars longa, vita brevis (L.), art is long, life is short. कला और विद्या अनेक हैं, जीवन थोड़ा है।

Artium Baccalaureus (L.), Bachelor of Arts. बी० ए० की उपाधि।

Artium Magister, Master of Arts. एम० ए० की उपाधि।

Asbestos gelos (Gr.), unsuppressable laughter. न रुकने योग्य हँसी।

Asinus ad lyram (L.), an ass at the lyre, one ignorant of musical art. बीन बजानेवाला गदहा, संगीत-शास्त्र न जाननेवाला।

Assez bien (Fr.), pretty well. बहुत ठीक, बहुत अच्छा।

Assumpsit (L.), action on verbal promise. ज़बानी प्रतिज्ञा पर दावा या कार्रवाई।

Athetesis (Gr.), rejection of redundant words. निरर्थक शब्दों की अस्वीकृति।

A' tort et a travers (Fr.), without consideration, at random. बिना विचार किये हुए, अटकलपच्चू।

A' toute force (Fr.), by all means. सब प्रकार से, हर साधन द्वारा।

A' tout prix (Fr.), at any price. किसी भी दाम पर।

A' travers (Fr.), across. आर-पार।

At spes non fracta (L.), hope is not yet crushed. आशा अभी नहीं टूटी है।

Attirail (Fr.), apparatus. यन्त्र।

Au contraire (Fr.), on the contrary. इसके विपरीत।

Audace (Fr.), daring. साहसी।

Audaces fortuna juvat (L.), fortune favours the bold. लक्ष्मी वीरों पर कृपा करती है।

Au desespoir (Fr.), in despair. निराशा (नाउम्मेदी) में।

Audi alteram partem (L.), hear the other side. दूसरे पक्ष की भी बात सुनो।

Audita querela (L.), the suit having been heard. मुकदमा सुने जाने के बाद।

Au fait (Fr.), well acquainted with the matter, expert. विषय या मामले से भलीभाँति परिचित या अवगत, होशियार, कुशल।

Au fond (*Fr.*), at the bottom. सबसे नीचे, तले पर।

Auf wiederschen (*Ger.*), goodbye till we meet again. जब तक फिर न मिलें तब तक के लिये नमस्कार।

Au jour le jour (*Fr.*), from day to day, from hand to mouth. दिन प्रति दिन, किसी प्रकार कमाते-खाते।

Au levant (*Fr.*), towards the east. पूर्व की ओर।

Aura popularis (*L.*), the breeze of popular favour. सार्वजनिक कृपा की हलकी तरङ्ग।

Aurea mediocritas (*L.*), the golden mean. सुन्दर अवसर।

Au reste (*Fr.*), as for the rest, besides. बाकी लोगों के लियें, इसके अतिरिक्त (अलावे)।

Auriga (*L.*), charioteer, a northern constellation. सारथी, उत्तरी तारक पुंज।

Au royaume des aveugles les borgnes sont rois (*Fr.*), in the kingdom of blind men, one-eyed are kings. अन्धों में काना राजा।

Aut Caesar aut nullus (*L.*), either Caesar or nobody, all or nothing. या तो सीजर अन्यथा कोई नहीं, सब कुछ या कुछ नहीं।

Autrefois convict. (*Fr.*), previously convicted. पहिले दोषी ठहराया गया अपराधी।

Au troisieme (*Fr.*), on the third floor. तीसरे खंड (मंजिल) में।

Aut vincere out mori (*L.*), to conquer or to die. विजय पाना या मर जाना।

Aux armes ! (*Fr.*), to arms ! शस्त्र धारण करो।

Auxilium ab alto (*L.*), help from above. ऊपर से सहायता।

Avant-gout (*Fr.*), a foretaste. स्वाद का पूर्व अनुभव।

Avant propos (*Fr.*), preface. प्रस्तावना, भूमिका।

Avenir (*Fr.*), future. भविष्य।

A' verbis ad verbera (*L.*), from words to blows. बात ही बात में झगड़ा या मारपीट।

Avernus (*L.*), the infernal region. नरक।

Avise la fin(*Fr.*), weigh well the end. अन्त के परिणाम को भलीभांति समझ लो।

A' votre sante (*Fr.*), to your health. आपके आरोग्य या स्वास्थ्य के लिये।

B

Badaud (*Fr.*), a simpleton. मूर्ख, मोंदू, बुद्धू।

Bagasse (*Fr.*), refuse of sugar manufacture. चीनी के शिल्प का गंदापदार्थ या जूसी।

Bahut (*Fr.*), a trunk or chest. पेटी, बक्स।

Ballon d'essai(*Fr.*), an experimental balloon sent up. परीक्षा के लिये ऊपर उड़ाया गया गुब्बारा।

Banalite (*Fr.*), trifles. तुच्छ विषय।

Bandolero (*Sp.*), a robber. लुटेरा, डाकू।

Barcelona (*Sp.*), a coloured neckcloth. रंगीन गुलूबन्द।

Bas-bleu (*Fr.*), a literary woman. विदुषी, पण्डिताइन, पढ़ी-लिखी स्त्री।

Basso profondo (*It.*), a deep male voice. पुरुष का गम्भीर स्वर।

Battant (*Fr.*), leaf of a door. किवाड़ का पल्ला।

Bavardage (*Fr.*), idle talk. निरर्थक बकवाद।

Beati pacifici (*L.*), the peace-makers are blessed. शान्ति स्थापन करने-वाले धन्य या सुखी हैं।

Beau garcon (*Fr.*), handsome person. सुन्दर मनुष्य।

Beau jour (*Fr.*), a fine day. सुदिवस, अच्छा दिन।

Beaux esprits (*Fr.*), men of wit. बुद्धिमान् मनुष्य।

Beaux yeux (*Fr.*), fine eyes, a beautiful woman. सुन्दर नेत्र, सुन्दरी, सुन्दर-स्त्री ।

Bel air (*Fr.*), fine deportment. अच्छा आचरण या व्यवहार ।

Bel esprit (*Fr.*), a man of genius. अपूर्व बुद्धि का मनुष्य ।

Bella, horrida bella (*L.*), wars, horrible wars. युद्ध, भयंकर युद्ध ।

Belle amie (*Fr.*), a female friend. सखी, सहेली, महिला मित्र ।

Belle-mere (*Fr.*), mother-in-law. सास ।

Bellum lethale (*L.*), deadly war. भयंकर युद्ध, भीषण संग्राम ।

Bel sangue (*It.*), gentle blood. शान्त स्वभाव या प्रकृति ।

Bene vobis (*L.*), health to you. आपका आरोग्य बना रहे, आप स्वस्थ (तन्दुरुस्त) रहें ।

Ben trovato (*It.*), cleverly invented. चालाकी से आविष्कृत ।

Berceau (*Fr.*), a cradle. पालना ।

Besoin (*Fr.*), need, desire. आकांक्षा, अभिलाषा ।

Bete noir (*Fr.*), a bugbear. भयंकर पदार्थ ।

Bevue (*Fr.*), a blunder. अशुद्धि, बड़ी भूल, दोष ।

Bibere venenum in auro (*L.*), to drink poison from a cup of gold. सोने के प्याले में विष पीना ।

Bibliotheca (*L.*), a series of books, a library. पुस्तकों की श्रेणी, पुस्तकालय ।

Biennium (*L.*), period of two years. दो वर्ष का काल या समय ।

Bijouterie (*Fr.*), jewellery. जवाहिरात ।

Billet d'amour (*Fr.*), love-letter. प्रेमपत्र ।

Bis (*L.*), twice. दोहराया हुआ, दोबारा ।

Bis dat qui cito dat (*L.*), he gives twice who gives promptly. तुरन्त देना दूना देने के बराबर होता है ।

Bis in dies (*L.*), twice a day. दिन में दो बार ।

Blandae mendacia linguae (*L.*), falsehoods of a smooth tongue. कोमल जिह्वा के झूठ ।

Bona fides (*L.*), good faith. सच्चा हृदय या विश्वास ।

Bona mobilia (*L.*), movable goods. चल सम्पत्ति ।

Bon avocat mauvais voisin (*Fr.*), a good lawyer is a bad neighbour. अच्छा वकील बुरा पड़ोसी होता है ।

Bonhomie (*Fr.*), good nature. अच्छी प्रकृति ।

Bon marche (*Fr.*), good bargain, cheap. अच्छा सौदा, सस्ता ।

Bonne compagnie (*Fr.*), good society. सुसमाज, सुसङ्गति ।

Bonne foi (*Fr.*), good faith. अच्छी श्रद्धा या विश्वास ।

Bonne fortune (*Fr.*), good fortune. सौभाग्य ।

Bonne mine (*Fr.*), handsome appearance. सुन्दर आकृति ।

Bonsoir (*Fr.*), good evening. सन्ध्या का नमस्कार ।

Bon ton (*Fr.*), the height of fashion. सजधज की पराकाष्ठा ।

Bon vivant (*Fr.*), a jovial friend. हँसमुख या आनन्द-पूर्ण मित्र ।

Bordereau (*Fr.*), a memorandum. यादगार, स्मारक ।

Borné (*Fr.*), narrow-minded. संकुचित मन का ।

Boule (*Fr.*), something round like a ball. गेंद के सदृश गोल ।

Bourgeois (*Fr.*), a trader. व्यवसायी, व्यापारी ।

Boutique (*Fr.*), a shop, a tradesman's stock. दूकान, व्यापारी का माल या उसकी पूँजी ।

Boutonniere (*Fr.*), flower made for the button-hole. बटन के काज के लिये बनाया गया फूल।

Brava (*It.*), well done ! शाबाश, खूब।

Brevete (*Fr.*), patented. पेटेन्ट या एकाधिकारिक किया हुआ।

Brioche (*Fr.*), a blunder or mistake. अशुद्धि, भूल, गलती।

Burler la chandelle par les deux bouts (*Fr.*), to burn the candle at both ends. मोमबत्ती को दोनों ओर जलाना, अपव्यय (फ़ज़ूल खर्च) करना।

Brune (*Fr.*), a dark girl or woman. काली लड़की या स्त्री।

Brutum fulmen (*L.*), a harmless thunderbolt. हानिरहित वज्रपात।

Burgo (*It.*), a market - town. व्यापारी नगर।

Burschenschaft (*Ger.*), an association of students. विद्यार्थियों की मण्डली, छात्रसंघ।

C

Cachinnus (*L.*), a loud laugh. ठहाके की हँसी।

Cachot (*Fr.*), dungeon. कालकोठरी।

Cacoethes loquendi (*L.*), mania for speaking. बोलने की धुन या सनक या झक।

Cadeau (*Fr.*), a present, a gift. उपहार, इनाम।

Cadit quaestio (*L.*), the question drops. प्रश्न समाप्त होता है।

Cadre (*Fr.*), a Scheme, list of officers. कल्पना, प्रबंध, अधिकारियों की सूची।

Caeca est invidia (*L.*), envy is blind. ईर्ष्या अन्धी होती है।

Caldarium (*L.*), a hot bath. उष्ण स्नान।

Caldera (*Sp.*), crater of a volcano. ज्वालामुखी पर्वत का मुख।

Callida juncture (*L.*), skilful connection. चालाकी से स्थापित सम्बन्ध।

Campo santo (*It.*), a burying ground. समाधि, कब्रिस्तान।

Canaille (*Fr.*), a pack of hounds. the rabble. कुत्तों का झुण्ड, सर्वसामान्य मनुष्य।

Cantabile (*It.*), fit for singing. गाने योग्य।

Cantabit vacuus coram latrone viator (*L.*), empty- handed traveller will sing before a robber. धनहीन यात्री लुटेरे के सामने गावेगा।

Canthus (*L.*), corner of the eye. आँख का कोना।

Caput (*L.*), head. मस्तक।

Caput mortuum (*L.*), worthless residue. निकम्मा अवशेष।

Carpe diem (*L.*), enjoy the present day. आज के दिन का आनन्द लो।

Casus belli (*L.*), whatever involves a war. युद्ध का (आदि) कारण, जो कुछ भी युद्ध से सम्बन्धित हो।

Catalogue raisonne (*Fr.*), descriptive catalogue of books. पुस्तकों की विषयानुसार सूची।

Causa sine qua non (*L.*), an indispensable cause. अनिवार्य कारण।

Caveat actor (*L.*), let the doer beware. करनेवाला सचेत या होशियार रहे।

Cave canem (*L.*), beware of the dog. कुत्ते से सावधान या होशियार रहो।

Cave quid dicis, quando, et cul (*L.*), beware what you say- when and to whom. सावधान

रहो कि तुम कब किससे क्या कहते हो।

Cedant arma togae (*L.*), let the military yield to the civil power. फौजदारी दीवानी के अधीन रहे।

Cela va sans die (*Fr.*), it is an agreed fact. यह मान ली गई बात है।

Cela viendra (*Fr.*), that will come. वह अवसर आवेगा।

Celui qui veut peut (*Fr.*), one who has the will, has the skill. जिसमें संकल्प है उसी में कार्य-कुशलता है।

Cen' est que le premier pas qui coute (*Fr.*), only the first step is difficult. आरंभ ही कठिन होता है।

Centum (*L.*), a hundred, शत, सौ।

C'est-a-dire (*Fr.*), that is to say. अर्थात्।

C'est' egal (*Fr.*), it is all one to me. मेरे लिये ये सब बराबर हैं।

C'est selon (*Fr.*), that is according to circumstances. वह घटनानुसार है।

Cetera desunt (*L.*), the rest is a wanting. बाकी की कमी है।

Ceteris paribus (*L.*), other things being equal. और विषय बराबर होते हुए।

Chambre a coucher (*Fr.*), a bed-room. शयनागार, सोने का घर।

Chapeaux bas! (*Fr.*), hats off. टोपी उतारो।

Charmante (*Fr.*), a charming woman. सुन्दर स्त्री।

Chef de cuisine (*Fr.*), a head-cook. प्रधान रसोईदार।

Chief d' aeuvre (*Fr.*), a master-piece. अत्युत्तम रचना।

Chemdein fer (*Fr.*), railway. रेलगाड़ी की लाइन।

Cher ami (*Fr.*), a dear male friend. प्यारा पुरुष मित्र।

Che sara' sara' (*It.*), what will be will be. जो होने को है सो होगा ही।

Cheval de bataille (*Fr.*), war-horse. फौजी घोड़ा।

Ci-devant (*Fr.*), formerly, before this. पूर्वकाल में, इसके पहले।

Ci-git (*Fr.*), here lies. यहाँ पर है।

Circuitus verborum (*L.*), circumlocution. वक्रोक्ति, अतिशयोक्ति, घुमौवा या पेंचदार बातचीत।

Circulus in probando (*L.*), arguing in a circle. चक्ररूप में शास्त्रार्थ करना।

Cito (*L.*), quickly. शीघ्रता से।

Clarum et venerabile nomen (*L.*), an illustrious and honoured name. प्रसिद्ध तथा प्रतिष्ठित नाम।

Cochleare (*L.*), a spoonful. चम्मच भर कर।

Cogito, ergo sum (*L.*), I think, therefore I exist. मैं विचार करता हूँ इसलिये मेरा अस्तित्व है।

Coiffeur (*Fr.*), a hairdresser. बाल सँवारनेवाला।

Collectanea (*L.*), passages collected from authors. ग्रन्थों में से संग्रह किये हुए अंश।

Comme il faut (*Fr.*), as it should be, Correct. जैसा होना उचित है, शुद्ध।

Commune bonum (*L.*), common good. सर्वसामान्य का कल्याण।

Communibus annis (*L.*), on the annual average. सालाना औसत पर।

Communi consensu (*L.*), by common consent. सर्वसामान्य की स्वीकृति से।

Compagnon de voyage (*Fr.*), travelling companion. यात्रा का साथी।

Compos mentis (*L.*), of sound mind, sane. स्थिर चित्तवाला, दुरुस्त होश-हवासवाला।

Compte rendu (*Fr.*), an account

submitted, report. पेश किया गया लेखा या हिसाब-किताब, विवरण।

Comptoir (Fr.), counting-room. गिनने का कमरा।

Con amore (It.), with love, very earnestly. प्रेम से, बहुत सच्ची लगन से।

Concours (Fr.), contest. प्रतियोगिता।

Con diligenza (It.), with diligence. परिश्रम से।

Conditio sine qua non (L.), necessary or indispensable condition. आवश्यक या अनिवार्य अवस्था।

Con dolore (It.), with grief. दुःख से।

Confer (L.), compare. मिलान करो।

Conjunctis viribus (L.), with united powers. संयुक्त शक्ति से।

Conseil d'etat (Fr.), a Council of state. राजसभा।

Consensus facit legem (L.), consent makes rule. स्वीकृति से नियम बनता है।

Consilio et animis (L.), by wisdom and courage. बुद्धि तथा साहस द्वारा।

Con spirito (It.), with spirit. उत्साह से।

Contra bonos mores (L.), against good manners or morals. सदाचार या नैतिकता के विरुद्ध।

Copia verborum (L.), plenty of words. शब्दों की अधिकता।

Coram nobis (L.), in our presence. हम लोगों की उपस्थिति या मौजूदगी में।

Coram populo (L.), in the presence of the public जनता की उपस्थिति में या सामने।

Corpus delicti (L.), the substance of the crime. अपराध का तत्त्व।

Corpus juris canonici (L.), body of the canon law. धर्मशास्त्र का अंग।

Coup de bonheur (Fr.), stroke of good luck. सौभाग्य।

Coup de hasard (Fr.), a lucky chance. सौभाग्य।

Coup de vent (Fr.), a gust of wind, a gale. वायु का झोंका।

Coupe-jarret (Fr.), a cut-throat. हत्यारा।

Creme de la cr'eme (Fr.), cream of the cream, the very best. सारतत्त्व, सर्वोत्तम।

Creve-coeur (Fr.), deep sorrow, heart-break. परम-दुःख, हृदयविदारक घटना।

Crimen falsi (L.), crime of perjury. विश्वासघात।

Cui bono ? (L.), for whose benefit is it ? यह किसके लाभ के लिये है ?

Culpa levis (L.), a slight fault. छोटा सा अपराध।

Cum grano salis (L.), with a grain of salt *i.e.* with a small allowance. एक चुटकी नमक देकर, थोड़ी वृत्ति से।

Cum multis aliis (L.), with many other things. बहुत-सी दूसरी वस्तुओं के साथ।

Cum privilegio (L.), with privilege. विशेष सुविधा के साथ।

Currente calamo (L.), with a running pen. घसीट लिखावट में।

Custos rotulorum (L.), keeper of the rolls. हाजिरी का रजिस्टर रखनेवाला।

D

D' accord (Fr.) in tune, agreed. सुर में, सम्मत, स्वीकृत, मान लिया गया।

Da capo (It.), from the beginning. आरम्भ से।

Da locum melioribus (L.), give place to your betters. अपने से बड़ों को स्थान दो।

Dames de la halle (*Fr.*), market-woman. बाजारू स्त्री।

Danke schon (*Ger.*), many thanks, अनेक धन्यवाद।

Data et accepta (*L.*), expenses and receipts. आय-व्यय।

Debito justitiae (*L.*), by debt of justice. न्याय के ऋण से।

De bon augure (*Fr.*), of good omen. अच्छे शकुन का।

De bonne grace (*Fr.*), willingly, with good grace. इच्छापूर्वक, अच्छे आचरण से।

Decheance (*Fr.*), forfeiture. जब्ती।

De die in diem (*L.*), from day to day. दिन-दिन, प्रतिदिन।

De facto (*L.*), really, in fact, actual. वस्तुतः, सचमुच, यथार्थ में।

Degout (*Fr.*), distaste. अरुचि।

De haut en bas (*Fr.*), contemptuously, with an air of superiority. तिरस्कार से, उत्तमता का भाव दिखाते हुए।

Dei gratia (*L.*), by the grace of God. ईश्वर की दया से।

De integro (*L.*), afresh, anew. नया, ताजा।

De jure (*L.*), by right, in law. अधिकार से, कानूनन।

De mal en pis (*Fr.*), from bad to worse. बुरे से और बुरा।

Demeure (*Fr.*), dwelling. निवास, रहने का घर।

Demi-jour (*Fr.*), half light, subdued light, twilight. अर्द्ध प्रकाश, दबी हुई रोशनी, गोधूली का प्रकाश।

De minimis non curat lex (*L.*), law does not concern itself with trifles. न्याय छोटी-छोटी बातों से संबंध नहीं रखता।

De mortuis nil nisi bonum (*L.*), say nothing but good of the dead. मरे हुओं के विषय में भली बात या प्रशंसा के सिवाय और कुछ मत कहो।

Denovo (*L.*), afresh. नया, ताजा।

Deo favente (*L.*), with God's favour. ईश्वर की कृपा से।

Deo gratias (*L.*), thanks to God. ईश्वर को धन्यवाद।

Deo volente (*L.*), God willing. यदि ईश्वर की इच्छा हुई तो।

Depeche (*Fr.*), message. सन्देश।

De retour (*Fr.*) returned. वापस।

De rigueur (*Fr.*), indispensable, compulsory. अनिवार्य, आवश्यक।

Desagrement (*Fr.*), a disagreeable thing. अरुचिकर वस्तु।

Desipere in loco (*L.*), to jest at the proper time. उचित समय पर हँसी करना।

Desoriente (*Fr.*), having lost one's bearings, confused. अपनी स्थिरता खोकर, घबड़ाया हुआ।

De te fabula narratur (*L.*), the fable is told about yourself. तुम्हारे ही विषय में कहानी कही जाती है।

Detenu (*Fr.*), a prisoner. कैदी।

De trop (*Fr.*), too much, superfluous. अत्यन्त अधिक, आवश्यकता से अधिक।

Detur digniori (*L.*), let it be given to those who are more worthy. अधिक योग्य पुरुष को यह दिया जावे।

Deus avertat ! (*L.*), God forbid ! ईश्वर न करे !

Deus det (*L.*), God grant ! ईश्वर करे।

Deus vobiscum ! (*L.*), God be with you ! ईश्वर तुम्हारे साथ हो !

Dextro tempore (*L.*), at the lucky moment. सौभाग्य के मुहूर्त्त या शुभ मुहूर्त्त में।

Dictum de dicto (*L.*), hearsay, report. जनश्रुति, अफवाह।

Dictum sapienti sat est (*L.*), a word to the wise is enough. बुद्धिमान् के लिये एक संकेत पर्याप्त है, अक्लमन्दे इशारा काफी।

Dies faustus (L.), a lucky day. सौभाग्य का दिन।

Dies festi (L.), a day of festival. त्योहार का दिन।

Dies irae (L.), a day of wrath. प्रलय का दिन, क़यामत का दिन।

Dies non (L.), a day on which judges do not hold court. जिस दिन जज लोग कचहरी नहीं करते।

Dieu avec nous (Fr.), God with us. ईश्वर हमारा साथ दे।

Dieu defend le droit (Fr.), God defends the right. ईश्वर शुद्ध या सही राह पर चलनेवाले की रक्षा करता है।

Dieu et mon droit (Fr.), God and my right. ईश्वर और मेरा अधिकार।

Dieu vous grade (Fr.), May God guard you ! ईश्वर तुम्हारी रक्षा करे।

Di grado in grado (It.), by degrees. क्रम से, धीरे-धीरे।

Di penates (L.), household gods. कुलदेवता।

Disjecta membra (L.), the scattered limbs. छितरे हुए हाथ-पैर।

Distingue (Fr.), distinguished. प्रसिद्ध।

Distrait (Fr.), absent-minded. अस्थिर चित्त का, गैरहाज़िर दिमाग़-वाला।

Divertissement (Fr.), amusement, sport. आनन्द, उत्सव, मन-बहलाव।

Divide et impera (L.), divide and rule. भेदभाव उत्पन्न करके राज्य शासन करो।

Divisim (L.), separately. अलग-अलग।

Docendo discimus (L.), a man learns by teaching. पढ़ाने से विद्या आती है।

Doli capax (L.), capable of doing a wrong. अपराध करने योग्य।

Domine, dirige nos ! (L.), God, direct us ! ईश्वर हमें मार्ग दिखलावे।

Donna e mobile (It.), women are changeable. स्त्रियाँ चञ्चल होती हैं।

Double entente (Fr.), double meaning. दोहरा अर्थ।

Droit au travail (Fr.), right to work. काम करने का अधिकार।

Drole (Fr.), a rogue. दुष्ट, बदमाश।

Dulce est desipere in loco (L.), to play the fool on some occasions is pleasant. समय-समय पर मसखरी करना सुखदायक होता है।

Dulce et decorum est propatria mori (L.), to die for one's country is glorious. अपने देश के लिये मरना गौरव की बात है।

Dum spiro, spero (L.), while I breathe, I hope. जब तक मैं जीवित हूँ मुझे आशा है, जब तक साँसा तब तक आशा।

Dum vivimus vivamus (L.), let us live, while we live. जब तक हम जीते हैं हमें जीने दो।

Durante vita (L.), during life. जीवन-काल में।

E

Eau benite (Fr.), holy water, पवित्र जल।

Eau sucre'e (Fr.), sugared water. चीनी मिला हुआ पानी।

Eauche (Fr.), a drawing in outline. चित्र (तस्वीर) का खाका।

Ecce signum ! (L.), behold the sign or proof ! चिह्न या प्रमाण देखो।

Eclaircissement (Fr.) explanation. व्याख्या।

Ecole de droit (Fr.), law school. कानून की पाठशाला।

E' contra (L.), conversely. विपरीत प्रकार से।

E' cru (Fr.), not bleached. रंग न छुड़ाया गया।

Edaxrerum (L.), devourer of all

things. सब पदार्थों का भक्षण करनेवाला ।

E'dition de luxe (*Fr.*), an expensive and splendid edition of a book. किसी पुस्तक की अति सुन्दर और बहुमूल्य आवृत्ति ।

Editio princeps (*L.*), original edition (of a book). किसी पुस्तक की मूल प्रतिलिपि ।

Egarement (*Fr.*), confusion, perplexity. घबड़ाहट ।

Ego et rex meus (*L.*), I and my King. मैं और मेरा राजा ।

Eile mit Weile (*Ger.*), make speed with leisure. आराम के साथ शीघ्रता करो ।

Ein mal kein mal (*Ger.*), only once, counts nothing. केवल एक बार की कोई गिनती नहीं ।

Ejusdem generis (*L.*), of the same kind. एक ही प्रकार का ।

Elegant (*Fr.*), a man of fashion. ठाटवाला मनुष्य; *em. elegante.* ठाटवाली स्त्री ।

Ele've (*Fr.*), pupil. शिष्य, चेला ।

Elite (*Fr.*), the choice part. उत्तम अंश ।

Emeritus (*L.*), retired after long service. लम्बी नौकरी के बाद अवकाशप्राप्त ।

Emeute (*Fr.*), a riot. बलवा ।

Emigre' (*Fr.*), an emigrant. देश से हटा हुआ, देश छोड़े हुए ।

Empresse' (*Fr.*), eager for showing courtesy. नम्रता या विनय दिखाने के लिये उत्सुक ।

En ami (*Fr.*), as a friend. मित्र के सदृश ।

En arriere (*Fr.*), behind. पीछे की ओर ।

En avant ! (*Fr.*), forward ! आगे की ओर ।

En badinant (*Fr.*), in a roguish manner. दुष्टता से, शठता से ।

En beau (*Fr.*), as handsome. जैसा सुन्दर ।

En cuerpo (*Sp.*), in a close-fitting dress. चिपका (चुस्त) कपड़ा पहिन हुए ।

Enfamille (*Fr.*), amongst the family. परिवार में ।

Enfant gate (*Fr.*), spoilt male-child. नष्ट किया हुआ बालक ।

Enfete (*Fr.*), in festivity, keeping holiday. उत्सव में, छुट्टी मनाते हुए ।

En garcon (*Fr.*), like a bachelor. कुँआरे की तरह ।

En masse (*Fr.*), in a body. समुदाय में, सामूहिक रूप में ।

En plein jour (*Fr.*), in broad daylight. दिन के तीव्र प्रकाश में ।

En prince (*Fr.*), in the style of a prince. राजकुमार के ठाट में या ढंग से ।

En rapport (*Fr.*), in sympathy with. सहानुभूति सहित ।

En regle (*Fr.*), in due order, according to rules. नियमानुसार ।

En revanche (*Fr.*), in return. बदले में ।

En route (*Fr.*) on the way. मार्ग में, राह में ।

En suite (*Fr.*), in connected series. सम्बद्ध क्रम में ।

Entente (*Fr.*), understanding. बुद्धि ।

En tout (*Fr.*) wholly. पूर्ण रूप से, बिलकुल ।

En tout cas (*Fr.*), in any case. किसी भी अवस्था में ।

En train (*Fr.*), in progress, agoing. आगे बढ़ता हुआ ।

Entrepreneur (*Fr.*), contractor. ठीकेदार ।

En ville (*Fr.*), in town, not at home. नगर में, घर पर नहीं ।

Eo nomine (*L.*), by that name. इस नाम का ।

Epea pteroenta (*Gr.*), winged words. परदार शब्द ।

Eperdu (*Fr.*), distracted man. घबड़ाया हुआ (पुरुष)।

Epicier (*Fr.*) a grocer. मोदी।

Epluribus unum (*L.*), one out of many. बहुतेरों में एक।

Epouse (*Fr.*), wife. स्त्री, पत्नी।

Erenata (*L.*), according to the exigencies of the case. मामले की आवश्यकता के अनुसार।

Ergon (*Gr.*), business, work. व्यवसाय, कार्य।

Errare est humanum (*L.*), to err is human. भूल करना मनुष्य का काम है।

Escroc (*Fr.*), a swindler. ठग, चोट्टा।

Espada (*Sp.*), a sword. तलवार।

Estanicia (*Sp.*), a mansion. महल।

Est modus in rebus (*L.*), there is a proper mean in every thing. सब पदार्थ में उचित मध्य होता है।

Estro (*It.*), enthusiasm. उत्साह।

Etang (*Fr.*), a pond, a lake. तालाब, झील।

Etat (*Fr.*), rank, position. पद, स्थिति, दर्जा।

Et hoc genus omne, et id grnus ome (*L.*), and everything of this or that sort. और इस या उस प्रकार का प्रत्येक पदार्थ।

Etohs (*Gr.*) permanent character of a thing. किसी पदार्थ का स्थायी रूप।

Etourderie (*Fr.*), heedlessness, stupid mistake. लापरवाही, मूर्खता की भूल।

Etourdi (*Fr.*), foolish. मूर्ख।

Etranger (*Fr.*), a foreigner. परदेशी।

Et sequentes (*L.*), and those that follow. और वे जो अनुगमन करते हैं।

Et sic de ceteris (*L.*), and so about the rest. इसी प्रकार शेष के सम्बन्ध में।

Et, tu, Brute (*L.*), and you too Brutus. और ब्रूटस् तुम भी।

Euge ! (*Gr.*), well done ! शाबाश।

Eureka (*Gr.*), I have found it. मैंने पा लिया, मुझे मिल गया।

Ex abundantia (*L.*), out of abundance. बहुतायत से बाहर।

Ex accidenti (*L.*), accidentally. अनायास, इत्तिफाक से।

Examen (*L.*), examination. परीक्षा।

Excelsior (*L.*), higher. उत्कृष्ट, उत्तम।

Exceptio confirmat regulam (*L.*), exception proves the rule. अपवाद से नियम सिद्ध होता है।

Ex consequenti (*L.*), by way of consequence. परिणाम के द्वारा।

Ex curia (*L.*), out of court. अदालत से बाहर।

Ex delicto (*L.*), owing to crime. अपराध के कारण।

Ex dono (*L.*) as a gift. उपहार के रूप में।

Exempli gratia (*L.*), for instance, by way of example. उदाहरण के रूप में, यथा।

Exeunt omnes (*L.*), all go out. सब बाहर चले जाते हैं।

Exitus acta probat (*L.*), the result proves the acts. परिणाम कार्यों को प्रमाणित करता है।

Ex nihilo nihil fit (*L.*), nothing comes out of nothing. शून्य से शून्य ही उत्पन्न होता है।

Ex officio (*L.*), by virtue of his office. पदाधिकारेण।

Ex parté (*L.*), on one side only. एक ओर से, एकतरफा।

Experientia docet stultos (*L.*), experience teaches fools. अनुभव मूर्खों को सिखलाता है।

Experto crede (*L.*), the experienced should be trusted. अनुभवी व्यक्ति का विश्वास करना चाहिये।

Expressis verbis (*L.*), in express terms. स्पष्ट शब्दों में।

Ex proprio mobi (*L.*), of one's own

accord. इच्छानुसार, अपने आप।

Ex tacito (*L.*), silently. चुपचाप।

Extra modum (*L.*), extravagant, beyond measure. अत्यधिक व्यय करनेवाला, सीमा से अधिक।

Ex uno disce omnes (*L.*), from one example learn the nature of all. एक उदाहरण से सबकी प्रकृति को समझ लो।

Ex utraque parte (*L.*), on either side. दोनों ओर।

Ex voto (*L.*), according to one's prayer. प्रार्थना के अनुसार।

F

Faber est quisque fortunae suae (*L.*), every one fashions his own fortune. हर मनुष्य अपना भाग्य स्वयं बनाता है।

Facile est inventis addere (*L.*), it is easy to add to things which are already invented. आविष्कार की हुई वस्तु में और कुछ जोड़ देना सहज है।

Facile princeps (*L.*), the admitted chief, an easy first. स्वीकृत प्रधान या सरदार, आसानी से प्रथम मान लिया जानेवाला।

Facilis descensus Averno (*L.*), the road to evil is easy. पाप करने का मार्ग सहज है।

Facon de parler (*Fr.*), mode of expression. बोलने का ढंग।

Facta non verba (*L.*), deeds not words. काम होना चाहिए, केवल शब्द नहीं।

Factum est (*L.*), it is done. कार्य हो गया।

Fadaise (*Fr.*), a silly talk. मूर्खता की बात।

Faire l'homme d'importance (*Fr.*), to assume an expression of importance. महत्त्व की आकृति धारण करना।

Faire mon devoir (*Fr.*), to do my duty. अपना कर्त्तव्य करने के लिये।

Fait accompli (*Fr.*), a thing already done. पहले से किया हुआ काम।

Falsi crimen (*L.*), crime of falsity or forgery. झूठ बोलने या जाल करने का अपराध।

Fama clamosa (*L.*), a current scandal. प्रचलित दुर्नाम।

Fama nihil est celerius (*L.*), nothing is swifter than rumour. जनश्रुति से तीव्र दूसरा पदार्थ नहीं है।

Fantoccini (*It.*), a puppet show. कठपुतली का तमाशा।

Farceur (*Fr.*), a joker. ठिठोलिया।

Fas est et ab hoste doceri (*L.*), it is right to learn even from an enemy. शत्रु से भी शिक्षा प्राप्त करना उचित होता है।

Fata obstant (*L.*), the Fate opposes it. भाग्य इसके विरुद्ध है।

Faute de mieux (*Fr.*), for the want of better. अच्छे के अभाव में।

Fax mentis incendium gloriae (*L.*), the passion for glory is a torch to the mind. यश की लालसा चित्त को प्रज्वलित करती है।

